॥ श्री ॥

व्याख्याता का वक्तव्य

यह परम प्रसन्नता की बात है कि आजकल दिन प्रतिदिन प्राकृत-भाषा के अध्ययन-अध्यापन की वृत्ति उत्तरोत्तर बढ़ रही है। किसी भी भाषा के अध्ययन में व्याकरण का पठन करना सर्व प्रथम आवश्यक होता है।

आचार्य हेमचन्द्र प्रणीत प्राकृत-व्याकरण प्राकृत भाषा के लिये सर्वाधिक प्रामाणिक और परिपूर्ण मानी जाती है। इसका पूरा नाम "सिद्ध हेम शब्दानुशासन" है। यह आठ अध्यायों में विभक्त हैं, जिनमें से सात अध्यायों में तो सस्कृत-व्याकरण की संयोजना है और आठवें अध्याय में प्राकृत-व्याकरण की विवेचना है। आचार्य हेमचन्द्र ने प्राकृत-व्याकरण को चार पादों में विभाजित किया है, जिनमें से प्रथम और द्वितीय पाद में तो वर्ण-विकार तथा स्वर-व्यञ्जन से सम्बंधित नियम प्रदान किये हैं तथा अव्ययों का भी वर्णन किया है। तृतीय पाद में व्याकरण सम्बधी शेष सभी विषय संगुंफित कर दिये हैं। चतुर्थ-पाद मे सर्व प्रथम धातुओं का बयान करके तत्पश्चात् निम्नोक्त भाषाओं का व्याकरण समझाया गया है.-(१) शौरसेनी (२) मागधी (३) पैशाची (४) चूलिका पैशाची और (५) अपभ्रंश।

ग्रन्थकर्त्ता ने पाठकों एवं अध्येताओं की सुगमता के लिये सर्व प्रथम संक्षिप्त रूप से सार गर्भित सूत्रों की रचना की है, एवं तत्पश्चात् इन्हीं सूत्रों पर "प्रकाशिका" नामक स्वोपज्ञ वृत्ति अर्थात् सस्कृत-टीका की रचना की है। आचार्य हेमचन्द्र कृत यह प्राकृत व्याकरण भाषा विज्ञान के अध्ययन के लिये तथा आधुनिक अनेक भारतीय भाषाओं का मूल स्थान ढूंढने के लिये अत्यन्त उपयोगी है; इसीलिये आजकल भारत की अनेक युनीवरसीटीज यानें सरकारी विश्व विद्यालयों के पाठ्यक्रम में इस प्राकृत-व्याकरण को स्थान दिया गया है। ऐसी उत्तम और उपादेय कृति की विस्तृत किन्तु सरल हिन्दी व्याख्या की अति आवश्यकता चिरकाल से अनुभव की जाती रही है, मेरे समीप रहने वाले श्री मेघराजजी म०, श्री गणेशमुनिजी, श्री उदयमुनिजी आदि सन्तों ने जब इस प्राकृत-व्याकरण का अध्ययन करना प्रारम्भ किया था तब इन्होंने ने भी आग्रह किया था कि ऐसे उच्च कोटि के ग्रन्थ की सरल हिन्दी व्याख्या होना नितान्त आवश्यक है, जिससे कि अनेक व्यक्तियों को और भाषा प्रेमियों को प्राकृत-व्याकरण के अध्ययन का मार्ग सुलभ तथा सरल हो जाय।

संयोजक का प्राक्-कथन

मेरे गुरुदेव परम पूज्य पं रत्न उपाध्याय मुनि श्री १००८ श्री प्यारचंदजी म० सा० का मेरे ऊपर अनन्त उपकार है, मोक्ष-मार्ग का सम्यक् पथिक बनाकर मुझे आप श्री ने जो रत्न त्रय याने सम्यक् ज्ञान, सम्यक्-दर्शन और सम्यक्-चारित्र प्रदान किया है, उसका प्रतिफल मैं अनेकानेक जन्मों में भी शायद ही पुनः प्रदान कर सकूं। हमारी विनीत प्रार्थना पर महती कृपा करके आपने इस प्राकृत व्याकरण की सरल तथा सरस हिन्दी व्याख्या रूप इस ग्रन्थ का निर्माण करके प्राकृत-भाषा-प्रेमियों के लिये एवं हमारे लिये परम प्रशस्त मार्ग को निर्माण कर दिया है।

विक्रम संवत् २०१६ के रायचूर-चातुर्मास काल मे आपने इस व्याख्या ग्रंथ को तैयार किया था; दैव-दुर्विपाक से उसी साल के पौष शुक्ला दशमी शुक्रवार को दिन के ६॥। बजे पूर्ण संथारे के साथ आपका स्वर्गवास हो गया। इस दारुण एवं असहनीय आघात को सहन करने के सिवाय अन्य उपाय ही क्या था? आपका पार्थिव-शरीर तो इस प्रकार नाम-शेष हो गया परन्तु आपका यश-शरीर चिरकाल तक देदीप्यमान रहेगा, इसके साथ ही साथ आपकी साहित्यिक-कृतियां भी भारतीय जनता के हृदय में दीर्घकाल तक ज्ञान का आलोक प्रकाशित करती रहेंगी। उन्हीं बहुमूल्य कृतियों में से एक कृति यह प्राकृत व्याकरण की व्याख्या रूप ग्रन्थ भी है, इसे अत्यन्त उपयोगी समझकर जनता क सामने प्रस्तुत किया जा रहा है।

इसकी मैं जैसी भी संयोजना कर सका हूँ; वह पाठकों के सामने है। आशा है कि इस व्याख्या ग्रन्थ का जनता अधिक से अधिक उपयोग करके स्वर्गीय गुरुदेव उपाध्यायजी महाराज सा० के परिश्रम को सार्थक करेंगे इसीमें मैं भी अपने द्वारा किये गये यत्किंचित् परिश्रम को सार्थक समझूंगा। इति शुभम्।

विजया दशमी
विक्रमाब्द २०१८
करमाला

उदयमुनि सिद्धांत शास्त्री

श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रमण संघ के प्रधान आचार्य श्री १००८ श्री आत्मारामजी महाराज, शास्त्रज्ञ पं० रत्न श्री कस्तूरचन्द्रजी महाराज पं० मुनि श्री प्रतापमलजी महा० श्री मन्नालालजी महा० एवं श्री पन्नालालजी महा० आदि सन्त-मुनिराजों की भी प्रेरणा सम्मति, उद्बोधन एवम् सहयोग प्राप्त हुआ कि प्राकृत व्याकरण सरीखे ग्रन्थ को राष्ट्रभाषा में समुपस्थित करना अत्यंत लाभदायक तथा हित वह प्रमाणित होगा। तदनुसार विक्रम संवत् २०१६ के रायचूर (कर्णाटक-प्रान्त) के चातुर्मास में इस हिन्दी व्याख्या ग्रन्थ को तैयार किया।

आशा है कि जनता के लिये यह उपयोगी सिद्ध होगा। इसमें मैंने ऐसा क्रम रखा है कि सर्व प्रथम मूल-सूत्र तत्पश्चात् मूल ग्रन्थकार की ही संस्कृत-वृत्ति प्रदान की है, तदनन्तर मूल-वृत्ति पर पूरा २ अर्थ बतलाने वाली विस्तृत हिन्दी व्याख्या लिखी है, इसके नीचे ही मूल वृत्ति में दिये गये सभी प्राकृत शब्दों का संस्कृत पर्यायवाची शब्द देकर तदनन्तर उस प्राकृत-शब्द की रचना में आने वाले सूत्रों का क्रम पाद-संख्या पूर्वक प्रदान करते हुए शब्द-साधनिका की रचना की गई है। यों ग्रन्थ में आये हुए हजारों की संख्या वाले सभी प्राकृत शब्दों की अथवा पदों का प्रामाणिक रूप से सूत्रों का उल्लेख करते हुए विस्तृत एवं उपादेय साधनिका की संरचना की गई है। इससे प्राकृत-शब्दों की रचना-पद्धति एवम् इनकी विशेषता सरलता के साथ समझ में आ सकेगी। पुस्तक को अधिक से अधिक उपयोगी बनाने का भरसक प्रयत्न किया है, इसीलिये अन्त में प्राकृत-रूपावलि तथा शब्द-कोष की भी संयोजना करदी गई है, इससे शब्द के अनुसंधान में अत्यन्त सरलता का अनुभव होगा।

श्री पी. एल. वैद्य द्वारा सम्पादित और श्री भांडारकर ओरियन्टल रीसर्च इंस्टीट्यूट, पूना नं. ४ द्वारा प्रकाशित प्राकृत-व्याकरण के मूल संस्कृत-भाग के आधार से मैंने "प्रियोदय हिन्दी-व्याख्या" रूप कृति का इस प्रकार निर्माण किया है; एतदर्थ उक्त महानुभाव का तथा उक्त संस्था का मैं विशेष रूप से [illegible] करता हूँ।

आशा है कि सहृदय सज्जन इस कृति का सदुपयोग करेंगे। विशेषु किम् बहुना ?

दीप मालिका
विक्रमाब्द २०१६
रायचूर (कर्णाटक)

प्रस्तुतकर्ता
उपाध्याय मुनि प्यारचन्द

सहायता-दाता-सूची

इस ग्रन्थ के सम्पादन में और प्रकाशन में होने वाले व्यय के लिये निम्नोक्त दानी-मानी सज्जनों ने उदारता पूर्वक जो सहायता प्रदान की है; एतदर्थ उन्हें धन्यवाद है तथा प्रदत्त सहायता रकम की एवं दानी सज्जनों की शुभ नामावली निम्न प्रकार से है:—

४०१) श्रीमान् सेठ चौथमलजी सा. बोहरा, रायचूर (कर्णाटक)
१०१) ,, ,, नेमिचन्दजी हीरालालजी, रायचूर (कर्णाटक)
१०१) ,, ,, चतरभुजजी तेजकरणजी मूथा, रायचूर (कर्णाटक)
१०१) ,, ,, लालचन्दजी कोमलचन्दजी बागमार, रायचूर (कर्णाटक)
१०१) ,, ,, चुन्नीलालजी पीरचन्दजी बोहरा रायचूर (कर्णाटक)
१०१) ,, ,, मुकनचन्दजी कुशलदासजी भंडारी, रायचूर (कर्णाटक)
१०१) ,, ,, जसराजजी शान्तिलालजी बोहरा, रायचूर (कर्णाटक)
१००) ,, ,, नगराजजी बलवन्तराजजी मूथा, राजेन्द्रगंज (रायचूर)
१००) ,, ,, केवलचन्दजी मोहनलालजी बोहरा, रायचूर (कर्णाटक)
१०१) ,, ,, हजारीमलजी मुल्तानमलजी मरलेचा, शूलेबाजार, बेंगलोर
१०१) ,, ,, दुलराजजी मोहनलालजी बोहरा, अलसुर बाजार, बेंगलोर
१०१) ,, ,, गुलाबचन्दजी भवरलालजी सकलेचा, मलेश्वरं, बेंगलोर
१०१) ,, ,, शम्भुमलजी माणकचन्दजी वैद, मैलापुर (मद्रास)
१०१) ,, ,, जेठमलजी मोतीलालजी तांतेड़, वालटेक्सरोड़, (मद्रास)
१०१) ,, ,, गाड़मलजी तेजराजजी सुराना, मैलापुर, (मद्रास)
१०१) ,, ,, हीराचन्दजी सीयाल की धर्मपत्नी श्रीमती कंचनबाई, गोविंद अप्पा नायक स्ट्रीट, मद्रास।

(नोट—उपरोक्त ४०४) मद्रास से के जी. कोठारी हस्ते प्राप्त हुए है)

१०१) श्रीमान सेठ एच. चन्दनमलजी एण्ड कंपनी, ६७ नया नापास्ट्रीट मद्रास ३
१०१) ,, ,, माणकचन्दजी मोतीलालजी गांधी (के. एम. गांधी) बंबई नं. २

प्रकाशक के दो शब्द

स्वर्गीय उपाध्याय पं० रत्न मुनि श्री १००८ श्री प्यारचंदजी महाराज सा० की इस संस्था पर अपार कृपा थी। आपकी प्रेरणा से तथा सद्‌बोध से हमें प्रतिपल संस्था के विकास-प्रयत्न में चेतना और स्फूर्ति का आभास प्राप्त होता रहता था। यह विधि की विडम्बना ही समझी जायगी कि अचानक ही आप पार्थिव-शरीर का परित्याग करके अन्तर्धान हो गये। हम किंकर्त्तव्य-विमूढ़ बनकर अवाक् से रह गये। परन्तु काल के आगे किसका वश चल सकता है। अस्तु।

आपकी यह कृति "प्राकृत व्याकरण पर प्रियोदय हिन्दी व्याख्या" का प्रकाशन करके भी उपाध्यायश्री महाराज सा० के प्रति हम अपने कर्त्तव्य को निभाने का प्रयत्न कर रहे हैं, इसी में हमें परम संतोष है।

इस ग्रन्थ की संयोजना में पं० श्री उदयमुनिजी महाराज सा० सिद्धांत शास्त्री ने बहुत ही परिश्रम किया है, एतदर्थ हम आपका आभार मानते हैं।

ग्रन्थ का सम्पूर्ण-रीत्या संपादन करने में तथा सांगोपांग रूप से प्रेस कॉपी करने में शब्द-कोष के निर्माण करने में पं० श्री रतनलालजी संघवी न्यायतीर्थ विशारद छोटी सादड़ी (राजस्थान) ने अत्यन्त निष्ठा के साथ जो पूरा पूरा प्रयत्न किया है तथा ग्रन्थ को सर्वाङ्गरूप से सुन्दर एवं परिपूर्ण करने का जो परिश्रम किया है इसके लिए हम उन्हें धन्यवाद देते हैं।

ग्रन्थ के प्रूफ संशोधन में आदरणीय पं० श्री बसंतीलालजी सा० नलवाया न्यायतीर्थ रतलाम ने जो श्रम उठाया है, एतदर्थ आप भी धन्यवाद के पात्र हैं।

ग्रन्थ के प्रकाशन में और सम्पादन आदि में होने वाले व्यय के लिये श्री चौथमलजी सा० बोहरा आदि अनेक दानीमाना सज्जनों ने उदारता पूर्वक जो आर्थिक सहायता प्रदान की है, इसके लिए आप सभी सज्जन धन्यवाद के पात्र हैं। सहायता दाताओं की सूची अन्यत्र इसी ग्रन्थ में दी जारही है; तदनुसार उन सभी सज्जनों को संस्था की ओर से अनेकानेक धन्यवाद है।

आशा है कि प्राकृत-भाषा प्रेमी इस ग्रन्थ का उपयोग करेंगे और इसी में हम अपना परिश्रम सार्थक समझेंगे। इति

भवदीय

दरयाव सुराणा
अध्यक्ष

अभयराज नाहर
मंत्री

श्री जैन दिवाकर दिव्य ज्योति कार्यालय, ब्यावर (राज.)

सहायता-दाता-सूची

इस ग्रन्थ के सम्पादन में और प्रकाशन में होने वाले व्यय के लिये निम्नोक्त दानी-मानी सज्जनों ने उदारता पूर्वक जो सहायता प्रदान की है; एतदर्थ उन्हें धन्यवाद है तथा प्रदत्त सहायता रकम की एवं दानी सज्जनों की शुभ नामावली निम्न प्रकार से है:—

४०१) श्रीमान् सेठ चौथमलजी सा. बोहरा, रायचूर (कर्णाटक)
१०१) ,, ,, नेमिचन्दजी हीरालालजी, रायचूर (कर्णाटक)
१०१) ,, ,, चतरभुजजी तेजकरणजी मूथा, रायचूर (कर्णाटक)
१०१) ,, ,, लालचन्दजी कोमलचन्दजी बागमार, रायचूर (कर्णाटक)
१०१) ,, ,, चुन्नीलालजी पीरचन्दजी बोहरा रायचूर (कर्णाटक)
१०१) ,, ,, मुकनचन्दजी कुशलदासजी भंडारी, रायचूर (कर्णाटक)
१०१) ,, ,, जसराजजी शान्तिलालजी बोहरा, रायचूर (कर्णाटक)
१००) ,, ,, नगराजजी बलवन्तराजजी मूथा, राजेन्द्रगंज (रायचूर)
१००) ,, ,, केवलचन्दजी मोहनलालजी बोहरा, रायचूर (कर्णाटक)
१०१) ,, ,, हजारीमलजी मुल्तानमलजी मरलेचा, शूलेबाजार, बेंगलोर
१०१) ,, ,, दुलराजजी मोहनलालजी बोहरा, अलसुर बाजार, बेंगलोर
१०१) ,, ,, गुलाबचन्दजी भंवरलालजी सकलेचा, मलेश्वरं, बेंगलोर
१०१) ,, ,, शम्भुमलजी माणकचन्दजी वैद, मैलापुर (मद्रास)
१०१) ,, ,, जेठमलजी मोतीलालजी तांतेड, वालटेक्सरोड़, (मद्रास)
१०१) ,, ,, गाड़मलजी तेजराजजी सुराना, मैलापुर, (मद्रास)
१०१) ,, ,, हीराचन्दजी सीयाल की धर्मपत्नी श्रीमती कंचनबाई, गोविंद अप्पा नायक स्ट्रीट, मद्रास।

(नोट –उपरोक्त ४०४) मद्रास से के जी. कोठारी हस्ते प्राप्त हुए है)

१०१) श्रीमान सेठ एच चन्दनमलजी एण्ड कपनी, ६७ नया नापास्ट्रीट मद्रास ३
१०१) ,, ,, माणकचन्दजी मोतीलालजी गाधी (के. एम. गांधी) बंबई न २

१०१) श्रीमान् सेठ वंकटलालजी मन्यरामजी सोलापुर।
२००) ,, मोहनलालजी सा बोहरा, शोरापुर मेयडर,
१००) ,, धनराजजी कन्हैयालालजी लालेड, शोरापुर वेयडर,
१०१) ,, ,, हीरालालजी लाभचन्दजी बोका, यादगिरि।
१०१) ,, ,, केवलचन्दजी वेजराजजी सैदापुर, (जिला गुलबर्गा)
१०१) ,, ,, इन्द्रचन्दजी बोका, अपौनी।
१३८ श्री वर्धमान स्थानक वासी जैन श्रावक संघ, सैदपुर।
१००) श्रीमान् सेठ मिट्ठालालजी जैन मुनीराबाद।
१००) श्री लक्ष्मी ट्रेडिंग कंपनी कोप्पल (जिला रायचूर)
१००) श्रीमान सेठ कमलचन्दजी नेमिचन्दजी मेहता, कोप्पल (रायचूर)
१०१) ,, सर्राफ गिरधारीलालजी उदयचन्दजी भंडारी इलकल बीजापुर
१०१) श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ मुद्गल हस्ते श्री मुल्तानमलजी मुलतालजी
१००) श्रीमान सेठ कन्हैयालालजी केशरीमलजी सुराणा बागलकोट।
१००) ,, प्रतापचन्दजी गुन्देचा की धर्म पत्नी सौभाग्यवती श्री नेमिबाई, गुलेदगढ (बीजापुर)
१००) श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ सिंधनूर (रायचूर)
२५०) श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, करमाला (जिला शोलापुर)
१०६) श्रीमान् सेठ धारसीभाई जीवनभाई देसाई; बार्शी।
१०१) ,, , मुलतानजी शिवलालजी कटिक कोरेगांव (करजत)
१११) ,, , स्वर्गीय मेरुलालजी बाफणा की धर्मपत्नी श्रीमती कसु बोधाई, भुसावल।
१००) श्रीमती मैनाबाई मार्फत श्री नेमिचन्दजी गेलडा, भुसावल।
१००) श्रीमान् सेठ सरूपचन्दजी पदराबाद।

४५२० कुल-योग

सम्पादकीय-निवेदन

स्वर्गीय उपाध्याय पं रत्न श्री १००८ श्री प्यारचन्दजी महाराज सा० के परम अनुग्रह से मुझे प्राकृत-व्याकरण का इस प्रकार से कार्य करने का जो सौभाग्य प्राप्त हुआ है; एतदर्थ में आप श्री का परम आभारी हू ।

पुस्तक के संपादन करने में, परिपूर्ण रीति से प्रेस कॉपी लिखने में एवं शब्द-कोषनिर्माण करने में तथा पुस्तकीय अन्य निर्मीति करने में मुझे जो प्रवृत्ति करनी पड़ी है उसका प्रतिफल प्रेमी पाठकों के हाथों में मूर्त्त रूप से उपस्थित है, आशा है कि प्राकृत्-भाषा के प्रेमी इससे लाभ उठाने की कृपा करेंगे ।

पुस्तक का स्वरूप वृहत् काय वाला हो जाने के कारण से तृतीय पाद और चतुर्थपाद की सामग्री इस प्रथम भाग से पृथक् ही रखनी पड़ी है; आशा है कि उसका उपयोग द्वितीय भाग के रूप में किया जा सकेगा ।

परिशिष्ट-भाग में प्राकृत शब्द रूपावलि तथा धातु रूपावलि भी इसी कारण से नहीं दी जा सकी है तथा "प्राकृत-साहित्य की समीक्षा" नामक अनुसंधान पूर्ण निबन्ध भी संयोजित करने में सकोच करना पडा है; आशा है कि उक्त सामग्री द्वितीय-भाग में दी जा सकेगी ।

शब्द-कोप भी प्रथम, द्वितीय पाद में आये हुए शब्दों का ही दिया जा सका है । तृतीय, चतुर्थ पाद के शब्दों का कोष द्वितीय-भाग में यथा स्थान पर दिया जायगा ।

रायचूर निवासी, भद्र प्रकृति वाले सेठ श्री चौथमलजी सा बोहरा आदि सज्जनों ने इस ग्रन्थ के प्रकाशन कार्य में अच्छी सहायता प्रदान करके इस कार्य को मूर्त्त रूप प्रदान किया है; एतदर्थ मैं अपना आभार प्रकट करता हूं ।

ग्रन्थ-प्रकाशन में श्री देवराजजी सा , श्री अभयराजजी सा. नहार आदि प्रमुख कार्य कर्त्ता श्री दिवाकर दिव्य ज्योति कर्यालय ब्यावर ने जो सुन्दर प्रयत्न किया है; इसके लिये उन्हे धन्यवाद है ।

अन्त में सहृदयी पाठकों से यही निवेदन है कि वे ग्रन्थ का अधिक से अधिक उपयोग करें ।

मेरे परम मित्र, सरल स्वभावी विद्वान्, पं श्री बसतीलालजी सा. नलवाया ने प्रूफ-संशोधन करके अपनी जो आत्मीयता प्रकट की है; इसके लिये आप विशेष धन्यवाद के पात्र हैं ।

प्रूफ-सबधी अशुद्धियों के लिये पुस्तकान्त में दिये जाने वाले शुद्धि-पत्र के प्रारभ में जो 'ज्ञातव्य' शीर्षक नोट दिया गया है, कृपया उस पर ध्यान देकर पुस्तक का अध्ययन करें । सुज्ञेषु किम् बहुना ?

दीप मालिका
विक्रमाब्द २०२०

विनीत
रतनलाल संघवी
छोटी सादड़ी, (राजस्थान) ।

हिन्दी–व्याख्याता

पं० रत्न उपाध्याय श्री प्यारचन्दजी महाराज साहब

आचार्य हेमचन्द्र रचित प्राकृत–व्याकरण के ऊपर सरल और प्रसाद गुण संपन्न हिन्दी टीका के प्रणेता उपाध्याय श्री प्यारचन्दजी महाराज म० हैं। आप श्वेताम्बर स्थानक वासी जैन संप्रदाय में प्रख्यात मुनिराज हो गये हैं। आपकी संगठन–शक्ति, व्यवस्था–कौशल समयज्ञता एवं विचक्षणता तो आदर्श ही थी; किन्तु आपके हृदय की विशालता, प्रकृति की मधुरता गुणों की ग्राहकता विद्याभिरुचि, साहित्य-प्रेम और साहित्य–रचना–शक्ति भी महान् थी। आप अपने गुरुदेव श्री १००८ श्री चौथमलजी महाराज सा० के प्रधान और योग्य सम्मति दाता शिष्य थे। आपने विक्रम संवत् १९६९ के फाल्गुन शुक्ला पंचमी तिथि पर जैन-मुनि–दीक्षा अंगीकार की थी। यह दीक्षा–समारोह भारतीय–इतिहास में सुप्रसिद्ध वीर–भूमि चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) में सुसंपन्न हुआ था। आपने अपने पूज्य गुरुदेव की जैसी सेवा की और जैसा उनका यश–सौरभ प्रसारित किया वह स्थानकवासी मुनियों के इतिहास में स्वर्ण–अक्षरों से लिखने योग्य घटना है।

आप बाल–ब्रह्मचारी थे, आपने सत्तरह वर्ष जैसी प्रथम यौवन–अवस्था में ही दीक्षा ग्रहण करली थी। आपका जन्म स्थान रतलाम (मध्य–प्रदेश) है और आपके माता–पिता का शुभ नाम क्रम से श्री मानकुवरबाई और श्री पूनमचन्दजी सा० बोथरा–(ओसवाल-ज्ञाति) है। आपका जन्म संवत् विक्रम १९५२ है। जिस दिन से आपने जैन मुनि की दीक्षा–ग्रहण की थी उसी दिन से आपने अपने गुरुदेव की अनन्य–भक्ति–भाव से सेवा–शुश्रूषा करना प्रारंभ कर दिया था। गुरुदेव की भावछवि के पीछे आपने अपने व्यक्तित्व को भी विस्मरण सा कर दिया था।

आप स्पष्ट वक्ता थे और निर्भीक उपदेशक थे। इसी प्रकृति–विशेषता के कारण से अपनी संप्रदाय में चले आ रहे दो दलों में से अपने सामने वाले दल से निकास में सफलता प्राप्त करना आपकी असाधारण बुद्धि का ही अनुपम फल है। तत्पश्चात् अखिल भारतीय स्थानकवासी समाज के सभी मुनियों को एक सूत्र में बांधने के शुभ प्रयत्न में उल्लेखनीय सहयोग प्रदान करके अपनी कुशाग्र–बुद्धि का जैसा प्रदर्शन किया वह जैन-मुनि-इतिहास का एक अत्यन्त उज्ज्वल अंश है।

स्थानकवासी समाज के विद्वान् मुनिवरों ने तथा सद्–गृहस्थ नेताओं ने आपकी विद्वत्ता और सचारित्र–योग्यता को देख करके ही "*गणी मंत्री और उपाध्याय जैसी प्रतिष्ठा–पूर्ण पदवियों* से आपको

विभूषित किया था। आप "हिन्दी, गुजराती, प्राकृत, संस्कृत, मराठी और कन्नड़" यों छह भाषाओं के ज्ञाता थे। आपने अनेक साहित्यिक पुस्तकों की रचना की है; जिनमें यह प्राकृत-व्याकरण, जैन-जगत के उज्ज्वल तारे और जैन जगत् की महिलाऐं आदि प्रमुख हैं।

आपके उपदेशो से प्रेरित होकर जैन-सद् गृहस्थों ने छोटी बड़ी अनेक संस्थाओं को जन्म दिया है। आपने अपने जीवन-काल में पैदल ही पैदल हजारों माइलों की पद-यात्रा की है तथा सैंकड़ों हजारों श्रोताओं को सन्मार्ग पर प्रेरित किया। "दिल्ली-यु. पी. राजस्थान, मेवाड़, मालवा, मध्य-प्रदेश, बरार, खानदेश, बम्बई, गुजरात, सौराष्ट्र, महाराष्ट्र प्रदेश और कर्णाटक प्रान्त आदि विविध भारतीय क्षेत्र आपके चरण-रज से गौरवान्वित हुए हैं।

नित नूतन पढ़ने में और सर्व ग्राह्य-भाग को सग्रह करने में तथा कल्याण मय पाठ्य-सामग्री को प्रकाशित करने में आपकी हार्दिक अभिरुचि थी। इस सबंध मे इतना ही पर्याप्त होगा कि चौंसठ वर्ष जैसी पूर्ण वृद्धावस्था में भी रायचूर के चातुर्मास में आप कन्नड़-भाषा का नियमित रूप से प्रतिदिन अध्ययन किया करते थे एवं कन्नड़-भाषा के वाक्यों को एक बाल विद्यार्थी के समान उच्च स्वर से कंठस्थ याद किया करते थे। आगन्तुक दर्शनार्थी और उपस्थित श्रोता-वृन्द आपके मधुर, कोमल कान्त पदावलि से आनन्द-विभोर हो जाया करते थे। आप जैन-दर्शन के अगाध विद्वान् थे और इसलिये जैन-दर्शन पर आपके अधिकार पूर्ण व्याख्यान होते थे। यह लिखना सर्व-साधरण जनता की दृष्टि से उचित ही समझा जायगा कि जैन-मुनि पाँच महाव्रतों के धारक होते हैं; तदनुसार आप "अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और निष्परिग्रह" व्रत के मन, वचन एवं काया से सूक्ष्म से सूक्ष्म रूप में भी प्रतिपालक थे।

हमारे चरित्र-नायक श्री उपाध्यायजी महाराज अखिल भारतीय स्थानकवासी समाज में अत्यंत श्रद्धा पात्र तथा प्रतिष्ठा-पात्र मुनिवर थे, यही कारण है कि स्थानकवासी समाज के सभी मुनिराजों ने आपके स्वर्गारोहण हो जाने पर हार्दिक श्रद्धाजलि प्रकट की थी; आपके यशो-पूत गुणों का अभिनंदन किया था और आपके अभाव में उत्पन्न समाज की क्षति को अपूरणीय बतलाई थी। इसी प्रकार से सैंकड़ों गाँवों, कस्बों तथा शहरों के जैन श्री संघों ने शोक-सभाऐं करके आपके गुणानुवाद गाये थे, और हार्दिक खिन्नता-सूचक शोक प्रस्ताव पारित किये थे। उन शोक-प्रस्तावों का सारांश "उपाध्याय श्री प्यारचन्दजी महाराज के जीवन-चरित्र" से नीचे उद्धृत किया जा रहा है—
"आप गभीर, शान्त स्वभावी, सरल प्रकृति के सन्त थे। सौजन्य, सादगी एवं भव्यता की आप प्रतिमूर्ति थे। आप की मंगल-वाणी हृदय में अमृत उडेल देती थी। आपके सजीव व्याख्यानों का श्रोताओं के हृदय पर तल-स्पर्शी प्रभाव पडता था। आप प्रभाव-शाली एवं महान उपकारी सन्त थे। वाणी, व्यवहार और विचार को समन्वयात्मक त्रिवेणी से उपाध्याय जी महाराज का व्यक्तित्व सदैव भरापूरा रहता था। उपाध्याय जी महाराज आगम-ज्ञाता थे, पण्डित थे, मिलनसार, शान्त, गम्भीर प्रतिज्ञा वान् और विचक्षण प्रतिभा-सपन्न थे। आप अनुभवी, निस्पृह, त्यागी, उदार और चारित्रवान् मुनिराज थे। वे एक महान् सत थे, उनका जीवन-आदर्श तथा उच्च था। यथा नाम तथा गुण के

अनुसार वे प्यार की मूर्ति थे। वे सरल स्वभावी और पर उपकारी थे। उपाध्याय श्री महाराज श्री अपने जीवन से समाज को स्नेह का सौरभ और विचारों का प्रकाश निरन्तर देते रहे थे आप जैन-समाज में एक चमकते हुए सितारे थे। आपका दिव्य जीवन प्रकाश-स्तम्भ समान था। आप बहुत ही मिलनसार तथा प्रेम-मूर्ति थे। समाज के आप महान् मूक सेवक थे। "स्वकृत सेवा के फल से प्राप्त होने वाले यश से दूर रहना' यह आपके सुन्दर जीवन की एक विशिष्ट कला थी। आपका जीवन त्यागिमय, विकसित और विश्व-प्रेम की सुवासना से सुवासित एक अनूठा जीवन था। आप समाज में एक आदर्श कार्य-कर्ता थे" इत्यादि इत्यादि रूप से उक्त शोक समाओं में आपके मौलिक एवं सहजात गुणों पर प्रकाश डाला गया था।

विक्रम संवत् २०१६ के पौष शुक्ला दशमी शुक्रवार को दिन के १२ बजे आपने भावना पूर्वक सहर्ष 'व्रत के रूप में आहार पानी ग्रहण करने का सर्वथा ही परित्याग कर दिया था, ऐसे व्रत को जैन-परिभाषा में 'संथारा-व्रत' कहा जाता है। ऐसे इस महान् व्रत को अंतिम समय आदर्श साधना के रूप में ग्रहण करके आप ईश-चिन्तन में संलग्न हो गये थे, धर्म-ध्यान और उत्कृष्ट आत्म चिन्तन में ही आप तल्लीन हो गये थे। यह स्थिति आधे घंटे तक रही एवं उसी दिन १२ बजे जैन समाज तथा अपने प्रिय शिष्यों से एवं मुनिवरों से सभी प्रकार का भौतिक संबंध परित्याग करके स्वर्ग के लिये अन्तर्धान हो गये।

आपकी अंतिम रथ-यात्रा में लग भग बीस हजार की मानव-मेदिनी उपस्थित थी, जो कि अनेक गाँवों से आ आकर एकत्र हुई थी। इस प्रकार इस प्राकृत-व्याकरण के हिन्दी-व्याख्याता अपने भौतिक-शरीर का परित्याग करके तथा अपनी अमर यशो-गाथा की 'चारित्र-साहित्य-सेवा-और त्याग" के क्षेत्र में परिस्थापना करके परलोकवासी हो गये।

आशा है कि प्राकृत-व्याकरण के प्रेमी पाठक आपकी शिक्षा-प्रद यशो-गाथा से कुछ न कुछ शिक्षा अवश्यमेव ग्रहण करेंगे। इति शुभम्—

उदय मुनि (सिद्धान्त शास्त्री)

आचार्य हेमचन्द्र

भारतीय साहित्य के प्रागण में समुत्थित श्रेष्ठतम विभूतियों मे से आचार्य हेमचन्द्र भी एक पवित्र एवं दिव्य विभूति हैं। सन १०८८ तदनुसार विक्रम सवत ११४५ को कार्तिक पूर्णिमा बुधवार ही इन लोकोत्तर प्रतिभा सपन्न महापुरुष का पवित्र जन्म दिन है। इनकी अगाध बुद्धि, गंभीर ज्ञान और अलौकिक प्रतिभा का अनुमान करना हमारे जैसे के लिये अत्यत कठिन है। आपकी प्रकर्ष प्रतिभा से उत्पन्न महान् मंगल-मय ग्रन्थ राशि गत साढे आठ सौ वर्षों से ससार के सहृदय विद्वानों को आनन्द-विभोर करती रही है; तथा असाधारण दीर्घ तपस्वी भगवान् महावीर स्वामी के गूढ और शान्तिप्रद आदर्श सिद्धान्तों का सुन्दर रीति से सम्यक् परिचय कराती रही है।

साहित्य का एक भी ऐसा अग अछूता नहीं छूटा है, जिस पर कि आपकी अमर और अलौकिक लेखनी नहीं चली हो, न्याय, व्याकरण, काव्य, कोष, छन्द, रस, अलकार, नीति, योग, मन्त्र, कथा, चरित्र, आदि लौकिक, अध्यात्मिक, और दार्शनिक सभी विषयों पर आपकी ज्ञान-परिपूर्ण कृतियाँ उपलब्ध हैं। सस्कृत और प्राकृत दोनों ही भाषाओं में आप द्वारा लिखित महत्वपूर्ण एव भावमय साहित्य अस्तित्व में है। कहा जाता है कि अपने बहुमूल्य जीवन में आपने साढे तीन करोड श्लोक प्रमाण जितने साहित्य की रचना की थी।

महान प्रतापी राजा विक्रमादित्य की राज-सभा में जो स्थान महाकवि कालिदास का था, एव गुणज्ञ राजा हर्ष के शासन-काल में जो स्थान गद्य-साहित्य के असाधारण लेखक पडित-प्रवर बाण-भट्ट का था, वही स्थान और वैसी ही प्रतिष्ठा आचार्य हेमचन्द्र को चौलुक्य वशी राजा सिद्धराज जयसिंह की राज्य-सभा में थी। अमारिपडह के प्रवर्तक परिमार्हत महाराज कुमारपाल के तो आचार्य हेमचन्द्र साक्षात् राजगुरु, धर्म-गुरु और साहित्य गुरु थे।

आपका जन्म स्थान गुजरात प्रदेश के अन्तर्गत अवस्थित "धधुका" नामक गाँव है। इनके माता पिता का नाम क्रमश "श्री पाहिनो देवी" और 'श्री चाचदेव" था। ये जाति के मोढ़ महाजन थे। आपका जन्म-नाम 'चगदेव" था। आश्चर्य की बात है कि जिस समय में आपकी आयु केवल पाँच वर्ष की ही थी, तभी श्री देवचन्द्र सूरि ने इन्हें "जैन-साधु" को दीक्षा प्रदान करके अपना शिष्य बना लिया था। यह शुभ प्रसग वि० सवत् ११५० के माघ शुक्ला चतुर्दशी शनिवार के दिन सपन्न हुआ था। उस समय में आपका नाम "चगदेव" के स्थान पर सोमचन्द्र निर्धारित किया गया था।

दीक्षा-ग्रहण करने के पश्चात् आपके जन्म-जात गुण तथा सहजात प्रतिभा और सर्वतोमुखी बुद्धि स्वयमेव दिन प्रतिदिन अधिकाधिक विकसित होती गई। जिस संयम में आपकी आयु केवल इक्कीस वर्ष की ही थी तभी आप एक परिपक्व प्रकांड पंडित के रूप में प्रख्यात हो गये थे। आपकी असाधारण विद्वत्ता एवं अनुपम प्रतिभा से आकर्षित होकर श्री देवचन्द्र सूरि ने वि० संवत् ११६६ के वैशाख शुक्ला तृतीया के दिन मध्याह्नकाल में खंभात शहर में चतुर्विध श्री संघ के समक्ष आपको आचार्य पदवी प्रदान की और आपका शुभ नाम उस समय में 'आचार्य हेमचन्द्र सूरि" ऐसा जाहिर किया।

गुजरात नरेश सिद्धराज जयसिंह के आग्रह से आपने संस्कृत प्राकृत भाषा का एक आदर्श और सरल किन्तु परिपूर्ण तथा सर्वाङ्ग संपन्न व्याकरण बनाया जो कि 'सिद्ध हेम शब्दानुशासन' के नाम से विख्यात है। आप ने उक्त व्याकरण के नियमों की सोदाहरण-सिद्धि हेतु "संस्कृत द्वयाश्रय' और 'प्राकृत-द्वयाश्रय नामक दो महाकाव्यों की रचना की है। जो कि काव्य और व्याकरण दोनों का ही प्रतिनिधित्व करते हैं। ये काव्य वर्णन विचित्रता और काव्य-चमत्कृति के सुन्दर उदाहरण हैं। बड़ी खूबी के साथ कथा-भाग का निर्वाह करते हुए व्याकरण-गत नियमों का क्रमश: समावेश इनमें कर दिया गया है। दोनों काव्यों का परिमाण क्रमश: २८२८ और १२ ० श्लोक संख्या प्रमाण है। संस्कृत काव्य पर अभय तिलक गणि की टीका और प्राकृत काव्य पर पूर्ण कलश गणि की टीका उपलब्ध है। दोनों ही काव्य सटीक रूप से बम्बई संस्कृत सीरीज (सरकारी प्रकाशन) द्वारा प्रकाशित हो चुके हैं।

'व्याकरण और काव्य रूप ज्ञान-मन्दिर के स्वर्ण कलश समान चार कोष ग्रन्थों का भी आचार्य हेमचन्द्र ने निर्माण किया है। जिनके क्रमश: नाम इस प्रकार हैं:-(१) अभिधान चिन्तामणि, (२) अनेकार्थ संग्रह; (३) देशी नाममाला और (४) शेष नाम माला। भाषा विज्ञान की दृष्टि से देशी नाम माला' कोष का विशेष महत्त्व है। यह कोष पूना से प्रकाशित हो चुका है।

रस और अलंकार जैसे विषयों का विवेचन करने के लिये आपने काव्यानुशासन नामक ग्रन्थ की रचना की है। इस पर दो टीका ग्रन्थ भी उपलब्ध हैं। जो कि क्रमश: 'अलंकार चूडामणि और अलंकार-वृत्ति-विवेक' के नाम से विख्यात हैं। छन्द शास्त्र में "छन्दानुशासन' नामक आपकी कृति पाई जाती हैं। इसमें संस्कृत और प्राकृत दोनों ही भाषाओं के छन्दों का अनेक सुन्दर उदाहरणों के साथ विवेचन किया गया है।

आध्यात्मिक विषय में आपकी रचना 'योग-शास्त्र' अपर नाम 'अध्यात्मोपनिषद्' है। यह ग्रन्थ मूल रूप से १२ ० श्लोक प्रमाण है। इस पर भी बारह हजार श्लोक प्रमाण स्वोपज्ञ टीका उपलब्ध है। स्तोत्र ग्रन्थों में वीतराग स्तोत्र" और 'महादेव-स्तोत्र नामक दो स्तुति ग्रन्थ आप द्वारा रचित पाये जाते हैं। अति-विस्तृत और अति गंभीर 'त्रिषष्टि शलाका पुरुष चरित्र तथा परिशिष्ट पर्व ग्रन्थ आपकी कथात्मक कृतियाँ हैं। इन ग्रन्थों की कथा-वस्तु की दृष्टि से उपयोगिता है। इतिहास के तत्त्व भी इनमें [illegible]

न्याय-विषय में "प्रमाण-मीमांसा" नामक अधूरा ग्रन्थ पाया जाता है। इनकी न्याय-विषयक बत्तीसियों मे से एक "अन्ययोग व्यवच्छेद" है और दूसरी "अयोग व्यवच्छेद" है। दोनों में प्रसाद गुण संपन्न ३२-३२ श्लोक हैं। उदयनाचार्य ने कुसुमांजलि में जिस प्रकार ईश्वर की स्तुति के रूप मे न्याय-शास्त्र का संग्रथन किया है; उसी तरह से इनमें भी भगवान् महावीर स्वामी की स्तुति के रूप में षट्-दर्शनों की मान्यताओ का विश्लेषण किया गया है। श्लोकों की रचना महाकवि कालिदास और स्वामी शकराचार्य की रचना-शैली का स्मरण कराती है। दार्शनिक श्लोकों में भी स्थान स्थान पर जो विनोद-मय अश देखा जाता है, उससे पता चलता है कि आचार्य हेमचन्द्र हसमुख और प्रसन्न प्रकृति वाले होंगे। "अन्य-योग-व्यवच्छेद" बत्तीसी पर मल्लिषेण सूरि कृत तीन हजार श्लोक प्रमाण "स्याद्वाद मञ्जरी" नामक प्रसाद गुण सपन्न भाषा में सरल, सरस और ज्ञान-वर्धक व्याख्या ग्रन्थ उपलब्ध है। इस व्याख्या ग्रन्थ से पता चलता है कि मूल कारिकाऐं कितनी गंभीर, विशद अर्थ वाली और उच्च कोटि की है।

इस प्रकार हमारे चरित्र-नायक की प्रत्येक शास्त्र में अव्याहत गति दूरदर्शिता, व्यवहारज्ञता, एव साहित्य-रचना-शक्ति को देख करके विद्वान्तों ने इन्हें "कलिकाल-सर्वज्ञ" जैसी उपाधि से विभूषित किया है। पीटर्सन आदि पाश्चिमात्य विद्वानों ने तो आचार्य श्री को Ocean of Knowledge अर्थात् ज्ञान के महा सागर नामक जो यथा तथ्य रूप वाली उपाधि दी है; वह पूर्ण रूपेण सत्य है।

कहा जाता है कि आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्रशंसनीय जीवन-काल में लगभग डेढ़ लाख मनुष्यों को अर्थात् तैंतीस हजार कुटुम्बों को जैन-धर्मावलम्बी बनाये थे।

अन्त में चौरासी वर्ष की आयु में आजन्म अखड ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करते हुए और साहित्य-ग्रन्थों की रचना करते हुए सवत् १२२६ में गुजरात प्रान्त के ही नही किन्तु सम्पूर्ण भारत के असाधारण तपोधन रूप इन महापुरुष का स्वर्गवास हुआ। आपके अनेक शिष्य थे; जिनमें श्री रामचन्द्र आदि सात शिष्य विशेष रूप से प्रख्यात हैं। अन्त में विशेष भावनाओं के साथ में यही लिखना है कि आचार्य हेमचन्द्र की श्रेष्ठ कृतियाँ, प्रशस्त जीवन और जिन-शासन-सेवा यही प्रमाणित करते हैं कि आप असाधारण विद्वान्, महान जिन-शासन-प्रभावक और भारत की दिव्य विभूति थे।

अनन्त चतुर्दशी
विक्रमाब्द २०१६

रतनलाल संघवी
छोटी सादड़ी, (राजस्थान)

मूल-सूत्राणि

प्राकृत व्याकरणस्य प्रथम पाद

अथ प्राकृतम्। १ १ ।बहुलम्। १ २ ।आर्षम्। १ ३ ।दीर्घ-ह्रस्वौ मिथो वृत्तौ। १-४ ।पदयोः संधिर्वा। १ ५ ।न युवर्णस्यास्वे। १ ६ ।एदोतोः स्वरे। १-७ ।स्वरस्योद्वृत्ते। १-८ ।त्यादेः। १ ९ ।लुक्। १ १० ।अन्त्यव्यञ्जनस्य। १ ११ ।न श्रदुदोः। १ १२ ।निर्दुरोर्वा। १ १३ ।स्वरेऽन्तरश्च। १ १४ ।स्त्रियामादविद्युतः। १ १५ ।रो रा। १ १६ क्षुधो हा। १ १७ ।शरदादेरत्। १ १८ ।दिक्-प्रावृषोः सः। १ १९ ।आयुरप्सरसोर्वा। १-२० ।ककुभो हः। १-२१ ।धनुषो वा। १-२२ ।मोऽनुस्वारः। १ २३ ।वा स्वरे मश्च। १ २४ ।ङ-ञ-ण-नो व्यञ्जने। १ २५ ।वक्रादावन्तः। १-२६ ।क्त्वा-स्यादेर्णस्वोर्वा। १ २७ ।विंशत्यादेर्लुक्। १-२८ ।मांसादेर्वा। १ २९ ।वर्गेऽन्त्यो वा। १ ३० ।प्रावृट्-शरत्तरणयः पुंसि। १३१ ।स्नमदाम शिरो-नभः। १ ३२ ।वाक्ष्यर्थ-वचनाद्याः। १ ३३ ।गुणाद्याः क्लीबे वा। १ ३४ ।वेमाञ्जल्याद्याः स्त्रियाम्। १ ३५ ।बाहोरात्। १ ३६ ।अतो डो विसर्गस्य। १ ३७ ।निष्प्रती ओत्परी माल्य-स्थोर्वा। १ ३८ ।आदेः। १ ३९ ।त्यदाद्यव्ययात् तत्स्वरस्य लुक्। १ ४०।पदादपेर्वा। १-४१ ।इतेः स्वरात् तश्च द्विः। १ ४२ ।लुप्त य-र-व श-ष-सां श-ष-सां दीर्घः। १-४३ ।अतः समृद्ध्यादौ वा। १ ४४ ।दक्षिणे हे। १ ४५ ।इः स्वप्नादौ। १ ४६ ।पक्वाङ्गार-ललाटे वा। १ ४७ ।मध्यम-कतमे द्वितीयस्य। १ ४८ ।सप्तपर्णे वा। १ ४९ ।मयट्यइर्वा। १ ५० ।ईर्हरे वा। १ ५१ ।ध्वनि-विष्वचोरुः। १ ५२ ।वन्द्र-खण्डिते णा वा। १ ५३ ।गवये वः। १ ५४।प्रथमे प-थोर्वा। १ ५५ ।ज्ञो णत्वेऽभिज्ञादौ। १ ५६ ।एच्छय्यादौ। १ ५७ ।वल्ल्युत्कर-पर्यन्ताश्चर्ये वा। १ ५८ ।ब्रह्मचर्ये चः। १ ५९ ।तोऽन्तरि। १ ६० ।ओत्पद्मे। १-६१ ।नमस्कार-परस्परे द्वितीयस्य। १ ६२ ।वार्पौ। १-६३ ।नात्पुनर्यादाई वा। १ ६५ ।वालाब्व्-रण्ये लुक्। १ ६६ ।वाव्ययोत्खातादावदातः। १ ६७ ।घञ् वृद्धेर्वा। १ ६८ ।महाराष्ट्रे। १ ६९ ।मांसादिष्वनुस्वारे। १-७० ।श्यामाके मः। १-७१ ।इः सदादौ वा। १ ७२ ।आचार्ये चोऽच्च। १-७३ ।ईः स्त्यान-खल्वाटे। १ ७४ ।उः सास्ना-स्तावके। १-७५ ।ऊद्वासारे। १-७६ ।आर्यायां र्यः श्वश्र्वाम्। १-७७ ।एद् ग्राह्ये। १-७८ ।द्वारे वा। १-७९ ।पारापते रो वा। १-८० ।मात्रटि वा। १-८१ ।उदोद्वार्द्रे। १-८२ ।ओदाल्यां पङ्क्तौ। १-८३ ।ह्रस्वः संयोगे। १ ८४ ।इत एद्वा। १-८५ ।किंशुके वा। १-८६ ।मिरायाम्। १-८७ ।पथि-पृथिवी-प्रतिश्रुन्मूषिक-हरिद्रा-बिभीतकेष्वत्। १-८८ ।शिथिलेङ्गुदे वा। १-८९ ।तित्तिरौ रः। १-९० ।इतौ तो वाक्यादौ। १-९१ ।ईर्जिह्वा-सिंह-त्रिंशद्विंशतौ त्या। १-९२ ।लुकि निरः। १-९३ ।द्विन्योरुत्। १ ९४ ।प्रवासीक्षौ। १-९५ ।युधिष्ठिरे वा। १-९६ ।ओच्च द्विधाकृगः। १ ९७ वा निर्झरे ना। १-९८ हरीतक्यामीतोऽत्। १-९९ ।आत्कश्मीरे। १ १०० ।पानीयादिष्वित्। १ १०१ ।उज्जीर्णे। १ १०२ ।ऊर्हीन विहीने वा। १ १०३ तीर्थे हे। १ १०४ ।एत्पीयूषापीड-बिभीतक-कीदृशेदृशे। १ १०५ ।नीड-पीठे वा। १ १०६ ।उतो मुकुलादिष्वत्। १ १०७ ।वोपरौ। १ १०८ ।गुरौ के वा। १ १०९ ।इर्भ्रुकुटौ। १ ११०

× स्वपावुच्च ॥६४॥

पुरुषे रोः। १-१११। ई. क्षुते। १-११२। ऊत्सुभग-मुसले वा। १-११३। अनुत्साहोत्सन्ने त्सच्छे। १-११४ ।लुकि दुरो वा। १-११५ ।ओत्संयोगे। १-११६ ।कुतूहले वा ह्रस्वश्च। १-११७ ।अदूतः सूक्ष्मे वा। १-११८ ।दुकूले वालश्चद्विः। १-११९ ।ईर्वोद्व्यूढे। १-१२० ।उर्भ्रू-हनुमत्कण्डूयवातूले। १-१२१ ।मधूके वा। १-१२२ ।इदेतौ नूपुरे वा। १-१२३ ।ओत्कूष्माण्डी-तूणीर-कूर्पर-स्थूल-ताम्बूल गुडूचीमूल्ये। १-१२४ ।स्थूणा-तूणे वा। १-१२५ ।ऋतोत्। १-१२६ ।आत्कृशा-मृदुक-मृदुत्वे वा। १-१२७ ।इत्कृपादौ। १-१२८ । पृष्ठेवानुत्तरपदे। १-१२९ ।मसृण-मृगाङ्क मृत्यु-शृङ्ग-धृष्टे वा। १-१३० ।उदृत्वादौ। १-१३१ ।निवृत्त वृन्दारके वा। १-१३२ ।वृषभे वा। १-१३३ ।गौणान्त्यस्य। १-१३४ ।मातुरिद्वा। १-१३५ ।उदूदोन्मृषि। १-३६ ।इदुतौ वृष्ट-वृष्टि-पृथङ्-मृदङ्ग-नप्तृके। १-१३७ ।वा बृहस्पतौ। १-१३८ ।इदेदोद्वृन्ते। १-१३९ ।रि: केवलस्य। १-१४० ।ऋणर्ज्वृषभत्वृषौ वा। १-१४१ ।दृशः क्विप्-टक्सक। १-१४२ ।आदृते ढि। १-१४३ ।अरिर्दृप्ते। १-१४४ ।लृत इलिः क्लृप्तक्लृन्ने। १-१४५। एत इद्वावेदना-चपेटा-देवर-केसरे। १-१४६ ।ऊः स्तेने वा। १-१४७ ।ऐत एत्। १-१४८ ।इत्सैन्धव-शनैश्चरे। १-१४९ ।सैन्ये वा। १-१५० ।अइर्दैत्यादौ च। १-१५१ ।वैरादौ वा। १-१५२ ।एच्च दैवे। १-१५३ ।उच्चैर्नीचस्यैअः। १-१५४ ।ईर्धैर्ये। १-१५५ ओतोद्वान्योन्य-प्रकोष्ठातोद्य शिरोवेदना-मनोहर-सरोरुहे क्तोश्च वः। १-१५६ ।ऊत्सोच्छ्वासे। १-१५७ ।गव्यउ-आअः। १-१५८ ।औत ओत्। १-१५९ ।उत्सौन्दर्यादौ। १-१६० ।कौक्षेयके वा। १-१६१ ।अउ पौरादौ च। १-१६२ ।आच्च गौरवे। १-१६३ ।नाव्याव। १-१६४ ।एत्त्रयोदशादौ स्वरस्य सस्वरव्यञ्जनेन। १-१६५ ।स्थविर-विचकिलायस्कारे। १-१६६ ।वा कदले। १-१६७ ।वेतः कर्णिकारे। १-१६८ अयौ वैत्। १-१६९ ।ओत्पूतर-बदर-नवमालिका-नवफलिका-पूगफले । १-१७० ।न वा मयूख-लवण-चतुर्गुण चतुर्थ-चतुर्दश-चतुर्वार-सुकुमार-कुतूहलोदूखलोलूखले। १-१७१ ।अवापोते। १-१७२ ।ऊच्चोपे। १-१७३ ।उमो निषण्णे। १-१७४ ।प्रावरणे अङ्गुवाऊ। १-१७५ ।स्वरादसंयुक्तस्यानादे। १-१७६ ।क-ग-च-ज त-द-प-य-वां प्रायो लुक्। १-१७७ ।यमुना-चामुण्डा-कामुकातिमुक्तके मोनुनासिकश्च। १-१७८ ।नावर्णात्पः। १-७९ ।अवर्णो यश्रुतिः। १-१८० ।कुब्ज-कर्पर-कीले क. खोपुष्पे। १-१८१ ।मरकत-मदकले गः कन्दुके त्वादे। १-१८२ ।किराते चः। १-१८३ ।शीकरे भ-हौ वा। १-१८४ ।चन्द्रिकायां म.। १-१८५ ।निकष-स्फटिक-चिकुरे ह.। १-१८६ । ख-घ-थ-ध-भाम् ।१-१८७। पृथकि धो वा ।१-१८८। शङ्खले ख.क ।१-१८९। पुन्नाग-भागिन्योर्गो मः ।१-१९०। छागे ल. ।१-१९१। ऊत्वे दुर्भग-सुभगेवः ।१-१९२। खचित-पिशाचयोश्चः स-ल्लौ वा ।१-१९३। जटिले जो झो वा ।१-१९४। टो ड ।१-१९५। सटा-शकट-कैटभे ढः ।१-१९६। स्फटिके ल ।१-१९७। चपेटा-पाटौ वा ।१-१९८। ठो ढ ।१-१९९। अङ्कोठ ल्लः ।१-२००। पिठरे हो वा रश्च ड ।१-२०१। डो ल ।१-२०२। वेणौ णो वा ।१-२०३। तुच्छेतश्च छौ वा ।१-२०४। तगर-त्रसर-तूवरे ट ।१-२०५। प्रत्यादौ ड ।१-२०६। इत्वे वेतसे ।१-२०७। गर्भितातिमुक्तके ण ।१-२०८। रुदिते दिना ण्णः ।१-२०९। सप्ततौ र ।१-२१०। अतसी-सातवाहने लः ।१-२११। पलिते वा ।१-२१२। पीते वो ले वा ।१-२१३। वितस्ति-वसति-भरत-कातर-मातुलिङ्गे ह. ।१-२१४। मेथि-शिथिर-शिथिल-प्रथमे थस्य ढ ।१-२१५। निशीथ-पृथिव्योर्वा ।१-२१६ दशन-दष्ट-दग्ध दोला-[illegible] दाह-दम्भ दर्भ-कदन दोहदे दो वा ड ।१-२१७। दश-दहो. ।१-२१८। सङ्ख्या-गद्गदे र ।१-२१९। [illegible]णे ।२-१८३। ।१-२२०। प्रदीपि-दोहदे ल ।१-२२१। कदम्बे वा ।१-२२२। दीपौ धो वा ।१-२२३। कदर्थिते हर [illegible] किलार्थे वा ककुदे ह. ।१-२२५। निषधे धो ढ. ।१-२२६। वौषधे ।१-२२७। नो णः ।१-२२८। वादौ ।१-२[illegible] । अण णाइं नञर्थे र च आमन्त्रणे

श्न-ष्ण-स्न-ह्न-ह्ण-क्ष्णां ण्हः ।२-७५। ह्लो ल्हः ।२-७६। क-ग-ट-ड-त-द-प-श-ष-स-ᳲ-क-ᳲ-पामूर्ध्वं लुक् ।२-७७। अधो म-न-याम् ।२-७८। सर्वत्र ल-ब-रामवन्द्रे ।२-७९। द्रे रो न वा ।२-८०। धात्र्याम् ।२-८१। तीक्ष्णे णः ।२-८२। ज्ञो ञः ।२-८३। मध्याह्ने हः ।२-८४। दशार्हे ।२-८५। आदे श्मश्रु-श्मशाने ।२-८६। श्चो हरिश्चन्द्रे ।२-८७। रात्रौ वा ।२-८८। अनादौ शेषादेशयोर्द्वित्वम् ।२-८९। द्वितीय-तुर्ययोरुपरि पूर्वः ।२-९०। दीर्घे वा ।२-९१। न दीर्घानुस्वारात् ।२-९२। र-होः ।२-९३। धृष्टद्युम्ने णः ।२-९४। कर्णिकारे वा ।२-९५। दृप्ते ।२-९६। समासे वा ।२-९७। तैलादौ ।२-९८। सेवादौ वा ।२-९९। शार्ङ्गे ङात्पूर्वोऽत् ।२-१००। क्ष्मा-श्लाघा-रत्नेऽन्त्यव्यञ्जनात् ।२-१०१। स्नेहाग्न्योर्वा ।२-१०२। प्लक्षे लात् ।२-१०३। र्ह-श्री-ह्री-कृत्स्न-क्रिया-दिष्ट्यास्वित् ।२-१०४। र्श-र्ष-तप्त-वज्रे वा ।२-१०५। लात् ।२-१०६। स्याद्-भव्य-चैत्य-चौर्यसमेषु यात् ।२-१०७। स्वप्नेनात् ।२-१०८। स्निग्धे वादितौ ।२-१०९। कृष्णे वर्णे वा ।२-११०। उच्चार्हति ।२-१११। पद्म-छद्म-मूर्ख-द्वारे वा ।२-११२। तन्वीतुल्येषु ।२-११३। एकस्वरे श्व-स्वे ।२-११४। ज्यायामीत् ।२-११५। करेणू-वाराणस्यो र-णोर्व्यत्ययः ।२-११६। आलाने लनोः ।२-११७। अचलपुरे च-लोः ।२-११८। महाराष्ट्रे ह-रोः ।२-११९। ह्रदे ह-दोः ।२-१२०। हरिताले र-लोर्न वा ।२-१२१। लघुके ल-होः ।२-१२२। ललाटे ल-डोः ।२-१२३। ह्ये ह्योः ।२-१२४।

ओरे वा ।२-१२० सौकुमार्ये ल्लः तु खकृषिण तीर्थे

थेवा ।२-१२५। दुहितृ-भगिन्योर्धूआ-बहिण्यौ ।२-१२६। वृक्ष-क्षिप्तयो रुक्ख-छूढौ ।२-१२७। -१२८। गौणस्येषत कूरः ।२-१२९। स्त्रिया इत्थी ।२-१३०। धृतेर्दिहिः ।२-१३१। मार्जारस्य ...र्यस्य वेरुलिअं ।२-१३३। एण्हि एत्ताहे इदानीमः ।२-१३४। पूर्वस्य पुरिमः ।२-१३६। बृहस्पतौ बहो भयः ।२-१३७। मलिनोभय-शुक्ति-छुप्तारब्ध-पदातेर्म-...त-पाइक्क ।२-१३८। दंष्ट्राया दाढा ।२-१३९। बहिसो बाहिं-बाहिरौ ।२-१४०। अधसो ...तृ-पितृ-स्वसुः सिआ-छौ ।२-१४२। तिर्यचस्तिरिच्छिः ।२-१४३। गृहस्य घरोऽपतौ ।२-१४४। शीलं ...त्वरः ।२-१४५। क्त्वस्तुमत्तूण-तुआणाः ।२-१४६। इदमर्थस्य केरः ।२-१४७। पर-राजभ्यां क्क-डिक्कौ च ।२-१४८। युष्मदस्मदोऽञ एच्चयः ।२-१४९। वतेर्व्वः ।२-१५०। सर्वाङ्गादीनस्येकः ।२-१५१। पथो णस्येकट् ।२-१५२। ईयस्यात्मनो णयः ।२-१५३। त्वस्य डिमा-त्तणौ वा ।२-१५४। अनङ्कोठात्तैलस्य डेल्लः ।२-१५५। यत्तदेतदोतोरित्तिअ एतल्लुक् च ।२-१५६। इदंकिमश्च डेत्तिअ-डेत्तिल-डेद्दहाः ।२-१५७। कृत्वसो हुत्तं ।२-१५८। आल्विल्लोल्लाल-वन्त-मन्तेत्तेर-मणा मतोः ।२-१५९। त्तो दो तसो वा ।२-१६०। त्रपो हि-ह-त्थाः ।२-१६१। वैकाद्दः सि सिअं इआ ।२-१६२। डिल्ल-डुल्लौ भवे ।२-१६३। स्वार्थे कश्च वा ।२-१६४। ल्लो नवैकाद्वा ।२-१६५। उपरेः संव्याने ।२-१६६। भ्रुवो मया डमया ।२-१६७। शनैसो डिअम् ।२-१६८। मनाको न वा डयं च ।२-१६९। मिश्राड्डालिअः ।२-१७०। रो दीर्घात् ।२-१७१। त्वादेः सः ।२-१७२। विद्युत्पत्र-पीतान्धाल्लः ।२-१७३। गोणादयः ।२-१७४। अव्ययम् ।२-१७५। तं वाक्योपन्यासे ।२-१७६। आम अभ्युपगमे ।२-१७७। णवि वैपरीत्ये ।२-१७८। पुणरुत्तं कृतकरणे ।२-१७९। हन्दि विषाद-विकल्प-पश्चात्ताप-निश्चय-सत्ये ।२-१८०। हन्द च गृहाणार्थे ।२-१८१। मिव पिव विव व्व व विअ इवार्थे वा ।२-१८२। जेण तेण लक्षणे ।२-१८३। णइ चेअ चिअ च्च अवधारणे ।२-१८४। बले निर्धारण-निश्चययोः ।२-१८५। किरेर हिर किलार्थे वा ।२-१८६। णवर केवले ।२-१८७। आनन्तर्ये णवरि ।२-१८८। अलाहि निवारणे ।२-१८९। अण णाइं नञर्थे ।२-१९०। माइं मार्थे ।२-१९१। हद्धी निर्वेदे ।२-१९२। वेव्वे भय-वारण-विषादे ।२-१९३। वेव्व च आमन्त्रणे

तुव तुह तुमं मिना ।३-९०। भे तुब्भे तुज्झ तुम्ह तुय्हे उय्हे-जसा ।३-९१। तं तुं तुमं तुवं तुह तुमे तुए अमा ।३-९२। वो तुज्झ तुब्भे तुय्हे उय्हे भे शसा ।३-९३। भे दि दे ते तइ तए तुम तुमइ तुमए तुमे तुमाइ टा ।३-९४। भे तुब्भेहिं उज्झेहि उम्हेहिं तुय्हेहिं उय्हेहि भिसा ।३-९५। तइ-तुव-तुम-तुह-तुब्भा ङसौ ।३-९६। तुय्ह तुब्भ तहिन्तो ङसिना ।३-९७। तुब्भ-तुय्होय्होम्हा भ्यसि ।३-९८। तइ-तु-ते-तुम्हं-तुह-तुहं-तुव-तुम-तुमे-तुमो-तुमाइ-दि-दे-इ-ए-तुब्भोब्भोय्हा ङसा ।३-९९। तु वो भे तुब्भ तुब्भ तुब्भाण तुवाण तुमाण तुहाण उम्हाण आमा ।३-१००। तुमे तुमए तुमाइ तइ तए ङिना ।३-१०१। तु-तुव-तुम-तुह-तुब्भा ङौ ।३-१०२। सुपि ।३-१०३। ब्भो म्ह-ज्झौ वा ।३-१०४ अस्मदो म्मि अम्मि अम्हि हं अहं अहयं सिना ।३-१०५। अम्ह अम्हे अम्हो मो वय भे जसा ।३-१०६। णे ण मि अम्मि अम्ह मम्ह म मम मिम अह अमा ।३-१०७। अम्हे अम्हो अम्ह णे शसा ।३-१०८। मि मे मम ममए ममाइ मइ मए मयाइ णे टा ।३-१०९। अम्हेहि अम्हाहि अम्ह अम्हे णे भिसा ।३-११०। मइ-मम-मह-मज्झा ङसौ ।३-१११। ममाम्हौ भ्यसि ।३-११२। मे मइ मम मह मह मज्झ मज्झ अम्ह अम्ह ङसा ।३-११३। णे णो मज्झ अम्ह अम्ह अम्हे-अम्हो अम्हाण ममाण महाण मज्झाण आमा ।३-११४। मि मइ ममाइ मए मे ङिना ।३-११५। अम्ह-मम-मह-मज्झा ङौ ।३-११६। सुपि ।३-११७। त्रेस्ती तृतीयादौ ।३-११८। द्वेर्दो वे ।३-११९। दुवे दोण्णि वेण्णि च जस्-शसा ।३-१२०। त्रेस्तिण्णि. ।३-१२१। चतुरश्चत्तारो चउरो चत्तारि ।३ १२२। सङ्ख्याया आमो ण्ह ण्हं ।३ १२३। शेषे दन्तवत् ।३-१२४। न दीर्घो णो ।३-१२५। ङसेर्लुक ।३-१२६। भ्यसश्च हि ।३-१२७। ङेर्डे. ।३-१२८। एत् ।३-१२९। द्विवचनस्य बहुवचनम् ।३ १३०। चतुर्थ्याः षष्ठी ।३-१३१। तादर्थ्यङेर्वा ।३-१३२। वधाड्डाइश्च वा ।३-१३३। क्वचिद् द्वितीयादेः ।३-१३४। द्वितीया-तृतीययोः सप्तमी ।३-१३५। पञ्चम्यास्तृतीया च ।३-१३६। सप्तम्या द्वितीया ।३-१३७। क्यङोर्यलुक् ।३-१३८। त्यादीनामाद्यत्रयस्याद्यस्येचेचौ ।३-१३९। द्वितीयस्य सि से ।३-१४०। तृतीयस्य मि. ।३-१४१। बहुष्वाद्यस्य न्ति न्ते इरे ।३-१४२। मध्यम-स्येत्था-हचौ ।३-१४३। तृतीयस्य मो-मु-मा. ।३-१४४। अत एवै च् से ।३-१४५। सिनास्ते सि ।३-१४६। मि-मो-मैर्म्हि-म्हो-म्हा वा ।३-१४७। अत्थिस्त्यादिना ।३-१४८। णेरदेदावावे ।३-१४९। गुर्वादेरविर्वा ।३-१५०। भ्रमेराडो वा ।३-१५१। लुगावी क्त-भाव-कर्मसु ।३-१५२। अदेल्लुक्यादेरत आः ।३-१५३। मौ वा । ३-१५४। इच्च मो-मु-मे वा ।३-१५५। क्ते ।३-१५६। एच्च क्त्वा-तुम्-तव्य-भविष्यत्सु ।३-१५७। वर्तमाना-पञ्चमी-शतृषु वा ।३-१५८। ज्जा-ज्जे ।३-१५९। ईअ-इज्जौक्यस्य ।३-१६०। दृशि-वचेर्डीस-डुच्च ।३-१६१। सी ही हीअ भूतार्थस्य ।३-१६२। व्यञ्जनादीअ ।३-१६३। तेनास्तेरास्यहेसी ।३-१६४। ज्जात्सप्तम्या इर्वा ।३-१६५। भविष्यति हिरादि. ।३-१६६। मि-मो-मु-मे स्सा हा न वा ।३-१६७। मो-मु-माना हिस्सा हित्था ।३-१६८। मे. स्सं ।३-१६९। कृ-दो हं ।३-१७०। श्रु-गमि-रुदि-विदि-दृशि-मुचि-वचि-छिदि-भिदि-भुजा सोच्छं गच्छं रोच्छं वेच्छं दच्छं मोच्छं वोच्छं छेच्छं भेच्छं भोच्छं ।३-१७१। सोच्छादय इजादिषु हिलुक् च वा ।३-१७२। दु सु मु विध्यादिष्वेकस्मिंस्त्रयाणाम् ।३-१७३। सोर्हिर्वा ।३-१७४। अत इज्जस्विज्जहीज्जे-लुको वा ।३-१७५। बहुषु न्तु ह मो ।३-१७६। वर्तमाना-भविष्यन्त्योश्च ज्ज ज्जा वा ।३-१७७। मध्ये च स्वरान्ताद्वा ।३-१७८। क्रियातिपत्तेः ।३-१७९। न्त माणौ ।३-१८०। शत्रानशः ।३-१८१। ई च स्त्रियाम ।३-१८२।

जुञ्ज जुज्ज-जुप्पा ।४-१०६। भुजो भुञ्ज-जिम-जेम-कम्माण्ह-चमढ-समाण-चड्डाः ।४-११०। वोपेन कम्मवः ।४-१११। घटेर्गढ. ।४-११२। समो गलः ।४-११३। हासेन स्फुटेर्मुरः ।४-११४। मण्डोश्चिञ्च-चिञ्चअ-चिञ्चिल्ल-रीड टिविडिक्काः ।४-११५। तुडेस्तोड तुट्ट-खुट्ट-खुडोक्खुडो-ल्लूक्क-णिलुक्क-लुक्कोल्लूराः ।४-११६। घूर्णो घुल-घोल-घुम्म-पहल्लाः ।४-११७। विवृते-र्ढंस ।४-११८। क्वथेरट्टः ।४-११९। ग्रन्थेर्गण्ठः ।४-१२०। मन्थेर्घुसल-विरोलौ ।४-१२१। ह्लादेरवअच्छ ।४-१२२। नेः सदो मज्जः ।४-१२३। छिदेर्दुहाव णिच्छल्ल-णिज्झोड-णिव्वर-णिल्लूर लूराः ।४-१२४। आङा ओअन्दोद्दालौ ।४-१२५। मृदो मल-मढ-परिहट्ट-खड्ड-चड्ड-मड्ड-पन्नाडाः ।४-१२६। स्प-देश्चुलुचुलः ।४-१२७। निर पदेर्वल. ।४-१२८ विसंवदेर्विअट्ट-विलोट्ट-फंसाः ।४-१२९। शदो झड-पक्खोडौ ।४ १३०। आक्रन्देर्णीहरः ।४-१३१। खिदेर्जूर-विसूरौ ।४-१३२। रुधेरुत्थङ्घ. ।४-१३३। निषेधेर्हक्कः ।४-१३४। क्रुधेर्जूरः ।४-१३५। जनो जा जम्मौ ।४-१३६। तनेस्तड-तड्ड-तड्डव-विरल्ला. ।४-१३७। तृपस्थिप्प ।४-१३८। उपसर्पेरल्लिअ. ।४-१३९। सतपेर्झङ्क. ।४-१४०। व्यापेरोअग्ग ।४-१४१। समापे. समाणः ।४-१४२। क्षिपेर्गलत्थाड्डक्ख-सोल्ल-पेल्ल-णोल्ल-छुह-हुल-परी घत्ताः ।४-१४३। उत्क्षिपेर्गुलगुञ्छोत्थघाल्लत्थोब्भुत्तोस्सिक्क-हक्खुवा ।४-१४४। माक्षिपेर्णीरवः ।४-१४५। स्वपेः कमवस-लिस-लोट्टाः ।४-१४६। वेपेरायम्बायज्झौ ।४-१४७। विलपेर्झङ्ख-वडवडौ ।४-१४८। लिपो लिम्पः ४-१४९। गुप्येर्विर-णडौ ।४-१५०। क्रपोवहोणि ।४-१५१। प्रदीपेस्तेअव-सन्दुम-सन्धुक्काब्भुत्ता ।४-१५२। लुभे सभाव ।४-१५३। क्षुभे खउर-पड्डुहौ ।४-१५४। आङो रभे रम्भ ढवौ ।४-१५५। उपालम्भेर्झङ्ख-पचार-वेलवा. ।४-१५६। अवेर्जृम्भो जम्भा ।४-१५७। भाराक्रान्ते नमेर्णिसुढ. ।४-१५८। विश्रमेर्णिव्वा ।४-१५९। आक्रमेरोहा-वोत्थारच्छुन्दाः ।४-१६०। भ्रमेष्टिरिटिल्ल-ढुण्ढुल्ल-ढण्ढल्ल-चक्कम्म-भम्मड-भमड-भमाड-तल-अण्ट-झण्ट-झम्प-भुम-गुम-फुम-फुस-ढुम-ढुस-परी-पराः ।४-१६१। गमेरई-अइच्छाणुवज्जावज्जसोक्कुसाक्कुस-पच्चड्ड पच्छन्द-णिम्मह-णी-णीण-णीलुक्क-पदअ-रम्भ-परिअल्ल-वोल-परिअल णिरिणास-णिवहावसेहावहराः ।४-१६२। आङा अहिपच्चुअ ।४-१६३। समा अब्भिडः ।४-१६४। अभ्याडोम्मत्थ ।४-१६५। प्रत्याडा पलोट्टः ।४-१६६। शमेः पडिसा-परिसामौ ।४-१६७। रमे संखुड्ड-खेड्डोब्भाव-किलिकिञ्च-कोट्टुम-मोट्टाय-णीसर-वेल्लाः ।४-१६८। पूरेरग्घाडाग्घवोद्धुमाङ्गुमाहिरेमाः ।४-१६९। त्वरस्तुवर-जअडौ ।४-१७०। त्यादिशत्रोस्तूरः ।४-१७१। तुरोत्यादौ ।४-१७२। क्षरः खिर झर-पज्झर-पच्चड्ड-णिच्चल-णिट्टुआ ।४-१७३। उच्छल उत्थल्ल ।४-१७४। विगलेस्थिप्प-णिट्टुहौ ।४-१७५। दलि-वल्योर्विसट्ट-वम्फौ ।४-१७६। भ्रंशे फिड-फिट्ट-फुड-फुट्ट-चुक्क-भुल्ला ।४-१७७। नशेर्णिरणास-णिवहावसेह-पडिसा-सेहावहरा. ।४-१७८। अवात्काशो वास ।४-१७९। सदिशेरप्पाह. ।४-१८०। दृशो निअच्छपेच्छा-वयच्छावयज्झ — वज्ज — सव्वव — देक्खो — अक्खावक्खावअक्ख — पुलोअ — पुलअ — निआवआस-पासाः ।४-१८१। स्पृश फास—फस—फरिस—छिव—छिहालुङ्खालिहा ।४-१८२। प्रविशे रिअ. ।४-१८३। प्रान्मृश-मुषोम्र्हुस ।४-१८४। पिषेर्णिवह-णिरिणास-णिरिणज्ज-रोञ्चचड्डाः ।४-१८५। भषेर्भुक्क ।४-१८६। कृषेः कड्ड-साअड्डाञ्चाणच्छायञ्छाइञ्छाः ।४-१८७। असावक्खोड ।४-१८८। गवेषेर्दुण्ढुल्ल-ढण्ढोल-गमेस-घत्ता ।४-१८९। श्लिषे सामग्गावयास-परिअन्ता. ।४-१९०। म्रक्षेश्चोप्पड ।४-१९१। काङ्क्षेराहाहिलङ्घाहिलङ्ख-वच्च वम्फ-मह-सिह-विलुम्पा ।४ १९२। प्रतीक्षे सामय-विहीर-विरमाला. ।४-१९३। तक्षेस्तच्छ-चच्छ-रम्प-रम्फाः ४-१९४। विकसे. कोआस-वोसट्टौ ।४-१९५। हसेर्गुञ्जः

।४-१९६। स्त सेर्व्हस-हिम्मी ४ १९७। ग्रसेर्वर-वोग्म-वम्मा ।४ १९८। न्यथो णिम-णुमौ ।४ १९९। पर्यस पल्लोट्ट
पल्लट्ट-पल्हत्था ।४ २० । निःश्वसेर्झङ्खः ।४ २०१। उल्लसेरूसलोसुम्भ-णिल्लस-पुलआअ-गुञ्जोल्लारोआ
।४-२०२। भासर्भिसः ।४ २०३। ग्रसर्घिसः ।४-२०४। अवाद्गाहेर्वाहः ।४ २०५। आरुहेश्चड-वलग्गौ ।४-२०६।
मुहेर्गुम्म-गुम्मडौ ।४ २०७। दहेरहिऊलालुङ्खौ ।४-२०८। ग्रहो वल-गेण्ह-हर पङ्ग-निरुवाराहिपच्चुआः ।४-२०९।
क्त्वा-तुम्-तव्येषु घेत् ४ २१०। वचो वोत् ।४-२११। रुद-भुज-मुचां तोन्त्यस्य ।४ २१२ दृशस्तेन ट्ठः ।४ २१३।
आ कृगो भूत-भविष्यतोश्च ।४ २१४ गमिष्यमासां छः ।४-२१५। छिदि-भिदो न्दः ।४ २१६। युध-बुध-गृध-क्रुध
सिध-मुहां ज्झः ।४-२१७। रुधो न्ध-म्भौ च ।४-२१८। सद-पतोर्डः ।४ २१९। क्वथ-वर्धां ढः ।४-२२०। वेष्टः
।४-२२१। समो ल्लः ।४-२२२। वोदः ।४ २२३। स्विदां ज्जः ।४ २२४। व्रज-नृत-मदां च्चः ।४ २२५। रुद-नमोर्वः
।४-२२६। उद्विज ४ २२७। खाद-धावोर्लुक् ।४-२२८। सृजो रः ।४ २२९। शकादीनां द्वित्वम् ।४ २३०। स्फुटि
चले ।४ २३१। प्रादेर्मीलेः ४-२३२। उवर्णस्यावः ।४-२३३। ऋवर्णस्यारः ।४-२३४। वृषादीनामरिः ।४ २३५।
रुषादीनां दीर्घः ४। २३६। युवर्णस्य गुणः ।४-२३७। स्वराणां स्वराः ।४ २३८। व्यञ्जनाददन्ते ।४ २३९।
स्वरादनतो वा ।४ २४०। चि जि-श्रु-हु-स्तु लू-पू धूगां णो ह्रस्वश्च ।४-२४१। नवा कर्म-भावे व्वः क्यस्य च
लुक् ।४-२४२। म्मश्चेः ।४ २४३। हन्खनोन्त्यस्य ।४-२४४। ब्भो दुह-लिह-वह-रुधामुच्चातः ।४-२४५। दहो ज्झः
।४ २४६। बन्धो न्धः ।४-२४७। समनूपाद्रुधेः ।४ २४८। गमादीनां द्वित्वम् ।४ २४९। ह-कृ-तॄ-ज्रामीरः ।४-२५०।
अर्जेर्विढप्पः ।४ २५१। ज्ञो णव्व-णज्जौ ।४-२५२। व्याहृगेर्वाहिप्पः ।४-२५३। आरभेराढप्पः ।४-२५४। स्निह-
सिचोः सिप्पः ।४ २५५। ग्रहेर्घेप्पः ।४-२५६। स्पृशेश्छिप्पः ।४ २५७। क्तेनाप्फुण्णादयः ।४ २५८। धातवोर्थान्तरेपि
।४ २५९। तो दोनादौ शौरसेन्यामयुक्तस्य ।४ २६०। अधः क्वचित् ।४ २६१। वादेस्तावति ।४ २६२। आ
आमन्त्र्ये सौ वेनो नः ।४-२६३। मो वा ।४-२६४। भवद्भगवतोः ।४ २६५। न वा र्यो य्यः ।४ २६६। थो धः
।४-२६७। इह-हचोर्हस्य ।४ २६८। भुवो भः ।४ २६९। पूर्वस्य पुरवः ।४ २७०। क्त्व इय-दूणौ ।४ २७१। कृ-गमो
डडुअः ।४-२७२। दिरिचेचोः ।४ २७३। अतो देश्च ।४ २७४। भविष्यति स्सिः ।४ २७५। अतो ङसेर्डादो-डादू
।४-२७६। इदानीमो दाणिं ।४ २७७। तस्मात्ताः ।४ २७८। मोन्त्याण्णो वेदेतोः ।४ २७९। एवार्थे य्येव ।४ २८०।
हञ्जे चेट्याह्वाने ।४ २८१। हीमाणहे विस्मय निर्वेदे ।४ २८२। णं नन्वर्थे ।४ २८३। अम्महे हर्षे ।४-२८४।
हीही विदूषकस्य ४ २८५। शेषं प्राकृतवत् ।४-२८६। अत एत्सौ पुंसि मागध्याम् ।४ २८७। र-सोर्ल-शौ
।४-२८८। स-षोः संयोगे सोग्रीष्मे ।४-२८९। ट्ट-ष्ठयोस्टः ।४-२९०। स्थ-र्थयोस्तः ।४ २९१। ज-द्य-यां यः ।४-२९२।
न्य-ण्य-ज्ञ-ञ्जां ञ्ञः ।४-२९३। व्रजो ञ्जः ।४-२९४। छस्य श्चोनादौ ।४ २९५। क्षस्य ॅकः ४ २९६। स्कः प्रेक्षा-
चक्षोः ।४-२९७। तिष्ठश्चिष्ठः ।४-२९८। अवर्णाद्वा ङसो डाहः ।४ २९९। आमो डाहँ वा ।४-३००। अहं वयमोर्हगे
४ ३०१। शेषं शौरसेनीवत् ।४-३०२। ज्ञो ञ्ञः पैशाच्याम् ।४ ३०३। राज्ञो वा चिञ् ।४-३०४ न्य-ण्योर्ञ्ञः
।४ ३०५। णो नः ।४ ३०६। तदोस्तः ।४ ३०७। लो ळः ।४ ३०८। श-षो सः ।४ ३०९। हृदये यस्य पः ।४-३१०।
टोस्तुर्वा ।४-३११। क्त्वस्तूनः ।४ ३१२। द्धून-त्थूनौ ष्ट्वः ।४-३१३। र्य-स्न-ष्टां रिय सिन सटाः क्वचित् ।४ ३१४।
क्यस्येय्यः ।४ ३१५। कृगो डीरः ।४ ३१६। यादृशादेर्दुस्तिः ।४ ३१७। इचेचः ।४ ३१८। आत्तेश्च ।४ ३१९।
भविष्यत्येय्य एव ।४ ३२०। अतो ङसेर्डातो-डातू ।४ ३२१। तदिदमोष्टा नेन स्त्रियां तु नाए ।४ ३२२। शेषं
शौरसेनीवत् ।४ ३२३। न क-ग-च-जादि-षट्शम्यन्त-सूत्रोक्तम् ।४ ३२४। चूलिका-पैशाचिके तृतीय-तुर्ययोराद्य

द्वितीयौ ।३-३२५। रस्य लो वा ।४-३२६। नादि-युज्योरन्येषाम् ।४-३२७। शेषं प्राग्वत् ।४-३२८। स्वराणां स्वराः प्रायोपभ्रंशे ।४-३२९। स्यादौ दीर्घ-ह्रस्वौ ।४-३३०। स्यमोरस्योत् ।४-३३१। सौ पुंस्योद्वा ।४-३३२। एट्टि ।४-३३३। ङिनेच्च ।४-३३४। भिस्येद्वा ।४-३३५। ङसेर्हे-हू ।४-३३६। भ्यसो हुं ।४-३३७। ङसः सु-हो-स्सवः ।४-३३८। आमो हं ।४-३३९। हुं चेदुद्भ्याम् ।४-३४०। ङसि-भ्यस्ङीनां हे-हुं-हयः ।४-३४१। आट्टो णानुस्वारौ ।४-३४२। एं चेदुतः ।४-३४३। स्यम्-जस्-शसां लुक् ।४-३४४। षष्ठ्याः ।४-३४५। आमन्त्र्ये जसो होः ।४-३४६। भिस्सुपोर्हिं ।४-३४७। स्त्रियां जस्-शसोरुदोत् ।४-३४८। ट ए ।४-३४९। ङस्-ङस्योर्हेः ।४-३५०। भ्यसामोर्हुः ।४-३५१। ङेर्हिं ।४-३५२। क्लीबे जस्-शसोरिं ।४ ३५३। कान्तस्यात उं स्यमोः ।४-३५४। सर्वादेर्ङसेर्हां ।४-३५५। किमो डिहे वा ।४-३५६। ङेर्हिं ।४-३५७। यत्तत्किंभ्यो ङसो डासुर्न वा ।४-३५८। स्त्रियां डहे ।४-३५९। यत्तदः स्यमोर्ध्रुं त्रं ।४-३६०। इदम इमुः क्लीबे ।४-३६१। एतदः स्त्री-पुं-क्लीबे एह एहो एहु ।४-३६२। एइर्जस्-शसोः ।४-३६३। अदस ओइ ।४-३६४। इदम आयः ।४-३६५। सर्वस्य साहो वा ।४-३६६। किमः काइं-कवणौ वा ।४-३६७। युष्मदः सौ तुहुं ।४-३६८। जस्-शसोस्तुम्हे तुम्हइं ।४-३६९। टा-ड्यमा पइं तइं ।४-३७०। भिसा तुम्हेहिं ।४-३७१। ङसि-ङस्भ्यां तउ तुज्झ तुध्र ।४-३७२। भ्यसाम्भ्यां तुम्हहं ।४-३७३। तुम्हासु सुपा ।४-३७४। सावस्मदो हउं ।४-३७५। जस्-शसोरम्हे अम्हइं ।४-३७६। टा-ड्यमा मइं ।४-३७७। अम्हेहिं भिसा ।४-३७८। महु मज्झु ङसि-ङस्भ्याम् ।४-३७९। अम्हहं भ्यसाम्भ्याम् ।४-३८०। सुपा अम्हासु ।४ ३८१। त्यादेराद्य-त्रयस्य सबन्धिनो हिं न वा ।४-३८२। मध्य-त्रयस्याद्यस्य हिः ।४-३८३। बहुत्वे हु. ।४-३८४। अन्त्य-त्रयस्याद्यस्य उं ।४-३८५। बहुत्वे हुं ।४-३८६। हि-स्वयोरिदुदेत् ।४-३८७। वर्त्स्यति-स्यस्य सः ।४-३८८। क्रियेः कीसु ।४-३८९। भुवः पर्याप्तौ हुच्चः ।४-३९०। ब्रूगो ब्रुवो वा ।४-३९१। व्रजेर्वुञः ।४-३९२। दृशेः प्रस्सः ।४-३९३। ग्रहेर्गृण्हः ।४-३९४। तक्ष्यादीनां छोल्लादयः ।४-३९५। अनादौ स्वरादसंयुक्तानां क-ख-त-थ-प-फां ग-घ-द-ध-ब-भाः ।४-३९६। मोनुनासिको वो वा ।४-३९७। वाधो रो लुक् ।४-३९८। अभूतोपि क्वचित् ।४-३९९। आपद्विपत्सपदां द इः ।४-४००। कथं-यथा-तथा-थादेरेमेहेधा डितः ।४ ४०१। यादृक्तादृक्कीदृगीदृशां दादेर्डेहः ।४-४०२। अतां डइसः ।४-४०३। यत्र तत्र-योस्त्रस्य डिदेत्थ्वत्तु ।४-४०४। एत्थुकुत्रात्रे ।४-४०५। यावत्तावतोर्वादेर्मउं महिं ।४-४०६। वा यत्तदोतोर्डेवडः ।४-४०७। वेदं-किमोर्यादेः ।४-४०८। परस्परस्यादिरः ।४-४०९। कादि-स्थैदोतो-रुच्चार-लाघवम् ।४-४१०। पदान्ते उं-हुं-हिं-हंकाराणाम् ।४-४११। म्हो म्भो वा ।४-४१२। अन्यादृशो-न्नाइसावराइसौ ।४-४१३। प्रायस प्राउ-प्राइव-प्राइम्व-पग्गिम्वाः ।४-४१४। वान्यथोनुः ।४-४१५। कुतसः कउ कहन्तिहु ।४-४१६। ततस्तदोस्तोः ।४ ४१७। एवं-पर-सम-ध्रुव-मा-मनाक-एम्व पर समाणु ध्रुवु मं मणाउं ।४-४१८। किलाथवा-दिवा सह नेह किराहवइ दिवे सहुं नाहिं ।४-४१९। पश्चादेवमेवैवेदानीं-प्रत्युतेतसः पच्छइ एम्वइ जि एम्वहिं पच्चलिउ एत्तहे ।४-४२०। विषण्णोक्त-वर्त्मनो वुन्न-वुत्त-विच्चं ।४-४२१। शीघ्रादीनां वहिल्लादयः ।४-४२२। हुहुरु-घुग्घादयः शब्द चेष्टानुकरणयोः ।४-४२३। घइमादयोनर्थकाः ।४-४२४। तादर्थ्ये केहिं-तेहिं-रेसि-रेसिं-तणेणाः ।४-४२५। पुनर्विनः स्वार्थे डुः ।४-४२६। अवश्यमोर्डे-डौ ।४-४२७। एकशसो डिः ।४ ४२८। अ-डड-डुल्लाः स्वार्थिक लुक् च ।४-४२९। योगजाश्चैषाम् ।४ ४३०। स्त्रियां तदन्ताड्डीः ।४-४३१। आन्तान्ताड्डाः ।४-४३२। अस्येदे ।४-४३३। युष्मदादेरीयस्य डारः ।४-४३४। अतोर्डेत्तुलः ।४ ४३५। त्रस्य

डेत्तहे ।४-४३६। त्व तलोः प्पणः ।४-४३७। तव्यस्य इएव्वउं एव्वउं एवा ।४-४३८। क्त्व इ इउ-इवि-अवय ।४-४३९। एप्प्येप्पिण्वेव्येविणव ।४-४४०। तुम एवमणाणहमणहिं च ।४-४४१। गमेरेप्पिण्वेप्प्योरेर्लुग् वा ।४-४४२। तृनोऽणअः ।४-४४३। इवार्थे नं-नउ-नाइ-नावइ जणि-जणवः ।४-४४४। लिङ्गमतन्त्रम् ।४-४४५। शौरसेनीवत् ।४-४४६। व्यत्ययश्च ।४-४४७। शेषं संस्कृतवत्सिद्धम् ४-४४८।

प्राकृत-व्याकरण
की
सूत्रानुसार--विषयानुक्रमणिका

प्रथम पादः

॥ ॐ श्री अर्हत्-सिद्धेभ्यो नम ॥

आचार्य हेमचन्द्र रचितम्

(प्रियोदय हिन्दी-व्याख्यया समलंकृतम्)

प्राकृत-व्याकरणम्

त्वामव्ययं विभुमचिन्त्यमसंख्यमाद्यं ।
ब्रम्हाणमीश्वरमनन्तमनङ्गकेतुम् ॥
योगीश्वरं विदितयोगमनेकमेक ।
ज्ञानस्वरूपममलं प्रवदन्ति सन्तः ॥ १ ॥

अथ प्राकृतम् ॥ १-१ ॥

अथ शब्द आनन्तर्यार्थोऽधिकारार्थश्च ॥ प्रकृतिः संस्कृतम् । तत्र भवं तत आगतं वा प्राकृतम् । संस्कृतानन्तरं प्राकृतमधिक्रियते ॥ संस्कृतानन्तरंच प्राकृतस्यानुशासनं सिद्धसाध्यमानभेदसंस्कृतयोनेरेव तस्य लक्षणं न देश्यस्य इति ज्ञापनार्थम् । संस्कृतसमं तु संस्कृत लक्षणेनैव गतार्थम् । प्राकृते च प्रकृति-प्रत्यय-लिंग कारक-समाससंज्ञादयः संस्कृत वद् वेदितव्याः । लोकाद् इति च वर्तते । तेन ऋ-ॠ-ऌ-ॡ ऐ-औ-ङ-ञ-श-ष-विसर्जनीयप्लुत-वर्ज्यो वर्ण-समाम्नायो लोकाद् अवगन्तव्यः । ङ-ञौ स्व-वर्ग्ये संयुक्तौ भवत एव । ऐदौतौ च केषांचित् । कैतवम् । कैअवं ॥ सौन्दर्यम् । सौंअरिअं ॥ कौरवाः ॥ कौरवा ॥ तथा अस्वरं व्यञ्जनं द्विवचनं चतुर्थी--बहु वचनं च न भवति ॥

अर्थ —"अथ" शब्द के दो अर्थ होते हैं -(१) पश्चात् वाचक और (२) "अधिकार" या "आरंभ" अथवा "मंगलाचरण" वाचक । यहां पर "प्रकृति" शब्द का तात्पर्य "संस्कृत" है, ऐसा मूल ग्रंथकार का मन्तव्य है । तदनुसार संस्कृत से आया हुआ अथवा संस्कृत से उत्पन्न

कोष है। परन्तु भाषा-विज्ञान की दृष्टि से ऐसा अर्थ ठीक नहीं है। किसी भी कोष में अथवा व्युत्पत्ति-शास्त्र में "प्रकृति" शब्द का अर्थ "संस्कृत" नहीं लिखा गया है। यहाँ 'प्रकृति" शब्द के मुख्य अर्थ "स्वभाव" अथवा "जन-साधारण" लेने में किसी तरह का विरोध नहीं है। *"प्रकृत्या स्वभावेन सिद्धं इति प्राकृतम्"* अथवा *"प्रकृतीनां-साधारण जनानामिदं प्राकृतम्"* यही व्युत्पत्ति वास्तविक और प्रामाणयुक्त मानी जा सकती है। तदनुसार यहाँ पर सुविधानुसार प्राकृत-शब्दों की साधनिका संस्कृत शब्दों के समानान्तर रूप का आधार लेकर की जायगी। क्योंकि बिना समानान्तर रूप के साधनिका की रचना नहीं की जा सकती है। जिस भाषा-प्रवाह का परिवर्तित रूप 'प्राकृत" में उपलब्ध है; वह *भाषा-प्रवाह* लुप्त हो गया है अतः समानान्तर आधार के लिये हमें संस्कृत-भाषा की ओर अभिमुख होना पड़ रहा है ऐसे तात्पर्य की अभिव्यक्ति "प्रकृतिः संस्कृतम्" शब्दों द्वारा जानना। प्रथम संस्कृत व्याकरण का निर्माण सात अध्यायों में करके इस आठवें अध्याय में प्राकृत-व्याकरण की रचना की जा रही है। संस्कृत व्याकरण के पश्चात् प्राकृत-व्याकरण का विधान करने का तात्पर्य यह है कि प्राकृत-भाषा के शब्द कुछ तो संस्कृत के समानान्तर ही होते हैं और कुछ की साधनिका करनी पड़ती है। अतः प्राकृत शब्द 'देशज-भाव' नहीं है यह बतलाने के लिये उपरोक्त सूत्र की रचना की गई है। प्राकृत-भाषा में संस्कृत-भाषा के जैसे ही जिन जिन समानान्तर शब्दों की उपलब्धि पाई जाती है उन शब्दों की साधना संस्कृत-व्याकरण के अनुसार ही जानना। जो कि सात अध्यायों में पहले ही संगुंफित कर दिये गये हैं।

संस्कृत शब्दों से भिन्न रूपों में पाये जाने वाले शब्दों की सिद्धि-क्रम इस व्याकरण की रचना की जा रही है। प्राकृत-भाषा में भी प्रकृति प्रत्यय लिंग कारक समास और संज्ञा इत्यादि सभी आवश्यकीय वैयाकरणीय व्यवस्थाएँ को संस्कृत-व्याकरण के समान ही जानना। इन का सामान्य परिचय इस प्रकार है:-नाम, धातु अव्यय उपसर्ग आदि "प्रकृति" के अन्तर्गत समझे जाते हैं। संज्ञाओं में जोड़े जाने वाले 'सि' आदि एवं धातुओं में जोड़े जाने वाले 'ति' आदि प्रत्यय कहे जाते हैं। पुल्लिंग, स्त्री लिंग तथा नपुंसक लिंग ये तीन लिंग होते हैं। कर्त्ता, कर्म करण संप्रदान अपादान संबंध अधिकरण और संबोधन कारक होते हैं।

समास छह प्रकार के होते हैं-अव्ययी भाव तत्पुरुष द्वंद्व कर्मधारय द्विगु और बहुव्रीहि। यह अनुवृत्ति हेमचन्द्राचार्य रचित सिद्ध हेम व्याकरण के अनुसार जानना। स्वर और व्यञ्जनों की परंपराएँ पूर्व काल से चली आ रही है इनमें से 'ऋ ॠ, लृ ॡ, ऐ, औ ङ ञ श, ष विसर्जनीय-विसर्ग और प्लुत को छोड़ करके शेष वर्ण-व्यवस्था लौकिक वर्ण-व्यवस्थानुसार समझ लेना चाहिये। 'ङ' और 'ञ' ये अपने अपने वर्ग के अक्षरों के साथ संयुक्त रूप से पाये हलन्त रूप से पाए जाते हैं। 'ऐ' और 'औ' भी कहीं कहीं पर देखे जाते हैं। जैसे-कैतवम्=कैअवं। सौन्दर्यम्=सौंअरिअं और कौरवाः=कौरवा। इन उदाहरणों में 'ऐ और औ' की उपलब्धि है। प्राकृत भाषा में स्वर रहित व्यञ्जन नहीं होता है। द्विवचन और चतुर्थी का बहुवचन भी नहीं होता है। द्विवचन की अभिव्यक्ति बहु वचन के रूप में होती है, एवं चतुर्थी-बहुवचन का उल्लेख षष्ठी बहुवचन के प्रत्यय संयोजित करके किया जाता है।

कैतवम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कैअवं होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १७७ से त् का लोप ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १ २३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर कैअवं रूप सिद्ध हो जाता है। सौन्दर्यम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सौंअरिअं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १ २५ से हलन्त न् के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति १-१७७ से 'द' का लोप और २-७८ से 'य' का लोप २-१०७ से शेष हलन्त 'र्' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का [illegible]

कौरवा होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-४ से प्रथमा विभक्ति के बहु वचन में अकारान्त पुल्लिग में प्राप्त 'जस्' प्रत्यय का लोप और ३-१२ से प्राप्त एवं लुप्त 'जस्' प्रत्यय के पूर्व में अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' को दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति होकर कौरवा रूप सिद्ध हो जाता है। १-१॥

बहुलम् ॥१-२॥

बहुलम् इत्यधिकृतं वेदितव्यम् आशास्त्रपरिसमाप्तेः॥ ततश्च। क्वचित् प्रवृत्तिः क्वचिदप्रवृत्तिः क्वचिद् विभाषा क्वचिद् अन्यदेव भवति। तच्च यथास्थानं दर्शयिष्यामः॥

अर्थ—प्राकृत-भाषा में अनेक ऐसे शब्द होते है, जिनके एकाधिक रूप पाये जाते हैं; इनका विधान इस सूत्र से किया गया है। तदनुसार इस व्याकरण के चारों पाद पूर्ण होवें, वहां तक इस सूत्र का अधिकार क्षेत्र जानना इस सूत्र की कहीं पर प्रवृत्ति होगी, कहीं पर अप्रवृत्ति होगी; कहीं पर वैकल्पिक प्रवृति होगी और कहीं पर कुछ नवीनता होगी। यह सब हम यथास्थान पर बतलावेंगे ॥१-२॥

आर्षम् ॥१-३॥

ऋषीणाम् इदम् आर्षम्। आर्षं प्राकृतं बहुलं भवति। तदपि यथास्थानं दर्शयिष्यामः। आर्षे हि सर्वे विधयो विकल्प्यन्ते॥

अर्थ—जो शब्द ऋषि-भाषा से सबंधित होता है, वह शब्द 'आर्ष' कहलाता है। ऐसे आर्ष शब्द प्राकृत भाषा में बहुतायत रूप से होते हैं। उन सभी का दिग्दर्शन हम यथा स्थान पर आगे ग्रंथ में बतलावेंगें। आर्ष-शब्दों में सूत्रों द्वारा साधनिका का विधान वैकल्पिक रूप से होता है। तदनुसार कभी कभी तो आर्ष-शब्दों की साधनिका सूत्रों द्वारा हो सकती है और कभी नहीं भी हुआ करती है। अत इस सम्बन्ध में वैकल्पिक-विधान जानना ॥१-३॥

दीर्घ-ह्रस्वौ मिथो वृत्तौ ॥१-४॥

वृत्तौ समासे स्वराणां दीर्घ ह्रस्वौ बहुलं भवतः। मिथः परस्परम्॥ तत्र ह्रस्वस्य दीर्घः॥ अन्तर्वेदिः। अन्तावेई॥ सप्तविंशतिः। सत्तावीसा॥ क्वचिन्न भवति। जुवई-अणो॥ क्वचिद् विकल्पः। वारी-मई वारि-मई॥ भुज-यन्त्रम्। भुआ-यन्तं भुअ-यन्तं॥ पतिगृहम्। पई हरं पइ हरं॥ वेलू-वणं वेलु-वणं॥ दीर्घस्य ह्रस्वः। निअम्ब सिल-खलिअ-वीइ-मालस्स॥ क्वचिद् विकल्पः। जउँण-यड जउंणा-यडं। नइ-सोत्तं नई-सोत्तं। गोरि-हरं गोरी-हरं। वहु-मुहं वहू-मुहं॥

अर्थ—समासगत शब्दों में रहे हुए स्वर परस्पर में ह्रस्व के स्थान पर दीर्घ और दीर्घ के स्थान पर ह्रस्व अक्सर हो जाया करते हैं। ह्रस्व स्वर के दीर्घ स्वर में परिणत होने के उदाहरण इस प्रकार हैं—

अन्तर्वेदि = अन्तावेई । सप्तविंशतिः = सत्तावीसा ॥ किसी किसी शब्द में ह्रस्व स्वर से दीर्घ-स्वर में परिणति नहीं भी होती है । जैसे-युवति-जन = जुवइ-अणो ॥ किसी किसी शब्द में ह्रस्व स्वर से दीर्घ-स्वर में परिणति वैकल्पिक रूप से भी होती है । जैसे-वारि-मति = वारी-मई वारिमई भुज-यन्त्रम = भुआ-यन्तं अथवा भुअ-यन्तं ॥ पति-गृहम् = पई-हरं अथवा पइ-हरं ॥ वेणु-वनम = वेलू-वणं अथवा वेलु-वणं ॥ दीर्घ स्वर से ह्रस्व स्वर में परिणत होने का उदाहरण इस प्रकार है:-नितम्ब-शिला-स्खलित-वीचि-मालस्य = निअम्ब सिल-क्खलिअ-वीइ-मालस्स । इस उदाहरण में 'शिला' के स्थान पर 'सिल' की प्राप्ति हुई है । किसी किसी शब्द में दीर्घ स्वर से ह्रस्व स्वर में परिणति वैकल्पिक रूप से भी होती है । उदाहरण इस प्रकार है:-

यमुना-तटम् = जउँण-यडं अथवा जउँणा-यडं ॥ नदी-स्रोतम = नइ-सोत्तं अथवा नई-सोत्तं ॥ गौरी गृहम = गोरि-हरं अथवा गोरी-हरं । वधू-मुखम् = वहु-मुहं अथवा वहू-मुहं ॥ इन उपरोक्त सभी उदाहरणों में दीर्घ स्वरों की और ह्रस्व स्वरों की परस्पर में व्यत्यय-स्थिति समझ लेनी चाहिये ।

अन्तर्वेदि संस्कृत रूप है । इसका प्राकृत रूप अन्तावेई होता है । इसमें सूत्र-संख्या १-४ से 'त' में स्थित ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति; २-७९ से 'र्' का लोप; १-१७७ से 'द्' का लोप और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में ह्रस्व इकारान्त स्त्री लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर अन्तावेई रूप सिद्ध हो जाता है ।

सप्तविंशति संस्कृत रूप है । इसका प्राकृत रूप सत्तावीसा होता है । इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से 'प्' का लोप; १-४ से 'त' में स्थित ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'ता' के पूर्व में 'त्' का लोप होने से द्वित्व 'त्ता' की प्राप्ति; १-२८ से 'विं' पर स्थित अनुस्वार का लोप; १-९२ से शेष 'वि' में स्थित ह्रस्व स्वर 'इ' के स्थान पर 'ति' का लोप करते हुए दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति; १-२६० से 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति; ३-४ से प्रथमा विभक्ति के बहु वचन में प्राप्त 'जस्' प्रत्यय का लोप और ३-१२ से प्राप्त एवं लुप्त 'जस्' प्रत्यय के कारण से अन्त्य 'स' में स्थित ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति होकर *सत्तावीसा* रूप सिद्ध हो जाता है ।

युवति-जन संस्कृत रूप है । इसका प्राकृत रूप जुवइ-अणो होता है । इसमें सूत्र-संख्या १-२४५ से 'य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति; १-१७७ से 'त्' का और (द्वितीय) 'ज्' का लोप; १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जुवइ-अणो* रूप सिद्ध हो जाता है । *वारि-मति* संस्कृत रूप है । इसके प्राकृत रूप वारीमई और वारि-मई होते हैं । इसमें सूत्र-संख्या १-४ से 'रि' में स्थित 'इ' को वैकल्पिक रूप से दीर्घ 'ई' की प्राप्ति; १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में ह्रस्व इकारान्त स्त्रीलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप वारी-मई और वारि-मई सिद्ध हो जाते हैं । *भुज-यन्त्रम्* संस्कृत रूप है । इसके प्राकृत रूप भुआ-यन्तं और भुअ-यन्तं होते हैं । इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से 'ज' का लोप; १-४ से शेष 'अ' को वैकल्पिक रूप से 'आ' की

प्राप्ति; २-७९ से 'त्र' में स्थित 'र्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति क एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से दोनों रूप *भुआ-यन्तं भुअ-यन्तं* सिद्ध हो जाते हैं।

पतिगृहम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप पई-हरं और पइ-हरं होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'त' का लोप, १-४ से शेष 'इ' को वैकल्पिक रूप से 'ई' की प्राप्ति, २-१४४ से 'गृह' के स्थान पर 'घर' आदेश; १-१८७ से आदेश प्राप्त 'घर' में स्थित 'घ' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से दोनों रूप *पई-हरं* और *पइ-हरं* सिद्ध हो जाते हैं। *वेणु-वनम्* संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप वेलू-वणं और वेलु-वणं होते है। इनमें सूत्र-संख्या १-२०३ से 'ण' के स्थान पर 'ल' की प्राप्ति; १-४ से 'उ' को वैकल्पिक रूप से 'ऊ' की प्राप्ति; १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से दोनों रूप *वेलू-वणं* और *वेलु-वणं* सिद्ध हो जाते हैं।

नितम्ब-शिला-स्खलित-वीचि-मालस्य संस्कृत वाक्यांश रूप है। इसका प्राकृत रूप निअम्ब-सिल खलिअ-वीइ-मालस्स होता है। इसमें सूत्र-संख्या-१-१७७ से दोनों 'त्' वर्णों का लोप; १-२६० से 'श्' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति; १-४ से 'ला' में स्थित दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति; २-७७ से हलन्त व्यञ्जन प्रथम 'स्' का लोप १-१७७ से 'च' का लोप, और ३-१० से षष्ठी-विभक्ति के एक वचन में 'ङस्' के स्थानीय प्रत्यय 'स्य' के स्थान पर प्राकृत में 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृत रूप *निअम्ब-सिल-खलिय-वीइ-मालस्स* सिद्ध हो जाता है।

यमुनातटम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप जउँण यड और जउँणा-यड होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या-१-२४५ से 'य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति, १-१७८ से प्रथम 'म्' का लोप होकर शेष स्वर 'उ' पर अनुनासिक की प्राप्ति, १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, १-४ से प्राप्त 'णा' में स्थित दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति, १-१७७ से 'त्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'त्' में से शेष रहे हुए 'अ' को 'य' की प्राप्ति, १-१९५ से 'ट' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक-लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से दोनों रूप जउँण-यड और जउँणा-यडं सिद्ध हो जाते हैं।

नदी-स्रोतम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप नइ-सोत्तं और नई-सोत्तं होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-१७७ से द्' का लोप, १-४ से शेष दीर्घ स्वर 'ई' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से ह्रस्व 'इ' की प्राप्ति; २-७९ से 'र्' का लोप, २-९८ से 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार

होकर क्रम से दोनों रूप गइ-सोत्तं और गई-सोत्तं सिद्ध हो जाते हैं। गौरीगृहम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप गोरि-हरं और गोरी-हरं होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-१५९ से 'औ' के स्थान पर 'ओ' की प्राप्ति; १-४ से दीर्घ स्वर 'ई' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से ह्रस्व 'इ' की प्राप्ति; २-१४४ से 'गृह' के स्थान पर 'घर' आदेश; १-१८७ से आदेश प्राप्त 'घर' में स्थित 'घ' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर दोनों रूप *गोरि हरं* और *गोरी हरं* सिद्ध हो जाते हैं।

वधू-मुखम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप वहु-मुहं और वहू-मुहं होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-१८७ से 'ध' और 'ख' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति; १-४ से प्राप्त 'हु' में स्थित ह्रस्व स्वर 'उ' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से दोनों रूप वहु-मुहं और वहू-मुहं सिद्ध हो जाते हैं १-४॥

पदयो संधिर्वा ॥१-५॥

संस्कृतोक्तः संधिः सर्वः प्राकृते पदयोर्व्यवस्थित-विभाषया भवति ॥ वासेसी वास-इसी। विसमायवो विसम-आयवो। दहि-ईसरो दहीसरो। साऊअयं साउ-उअयं॥ पदयो रिति किम्। पाओ। पई। वच्छाओ। मुद्धाइ। मुद्धाए। महइ। महए। बहुलाधिकारात् क्वचिद् एक-पदेपि। काहिइ काही। बिइओ बीओ॥

अर्थः-संस्कृत-भाषा में जिस प्रकार से दो पदों की संधि परस्पर होती है; वही सम्पूर्ण संधि प्राकृत-भाषा में भी दो पदों में व्यवस्थित रीति से किन्तु वैकल्पिक रूप से होती है। जैसे:-व्यास-ऋषिः=व्यासर्षिः=वासेसी अथवा वास-इसी। विषम+आतपः=विषमातपः=विसमायवो अथवा विसम-आयवो। दधि+ईश्वरः=दधीश्वरः=दहि-ईसरो अथवा दहीसरो। स्वादु-उदकम्=स्वादूदकम् साऊअयं अथवा साउ-उअयं॥

प्रश्नः-संधि दो पदों की होती है ऐसा क्यों कहा गया है?

उत्तरः-क्योंकि एक ही पद में संधि-योग्य स्थिति में रहे हुए स्वरों की परस्पर में संधि नहीं हुआ करती है; अतः दो पदों का विधान किया गया है। जैसे-पादः=पाओ। पतिः=पई। वृक्षात्=वच्छाओ। मुग्धया=मुद्धाइ अथवा मुद्धाए। कांक्षति=महइ अथवा महए। इन (उदाहरणों में) प्राकृत-रूपों में संधि-योग्य स्थिति में ही दो स्वर पास में आये हुए हैं; किन्तु ये संधि-योग्य स्वर एक ही पद में रहे हुए हैं; अतः इनकी परस्पर में

'बहुलम्' सूत्र के अधिकार से किसी किसी एक ही पद में भी दो स्वरों की संधि होती हुई देखी जाती है। जैसे-करिष्यति = काहिइ अथवा काही। द्वितीयः = विइओ अथवा बीओ। इन उदाहरणों में एक ही पद में दो की परस्पर में व्यवस्थित रूप से किन्तु वैकल्पिक रूप से संधि हुई है। यह 'बहुलम्' सूत्र का ही प्रताप है।

व्यास-ऋषिः-संस्कृत रूप वासेसी अथवा वास-इसी होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या-२-७८ से 'य्' का लोप; १-१२८ से 'ऋ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति, १-२६० से 'ष्' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति, ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति और १-५ से 'वास' में स्थित 'स' में रहे हुए 'अ' के साथ 'इसी' के 'इ' की वैकल्पिक रूप से संधि होकर दोनों रूप क्रम से *वास इसी* और *वासेसी* सिद्ध हो जाते हैं।

विषम + आतप = *विषमातपः* संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप विसमायवो अथवा विसम-आयवो होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या-१-२६० से 'ष' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति, १-१७७ से 'त्' का लोप; १-१८० से लोप हुए 'त्' में से शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, १-२३१ से 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति; १-५ से 'विसम' में स्थित 'म' में रहे हुए 'अ' के साथ 'आयव' के 'आ' की वैकल्पिक रूप से संधि और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *विसमायवो* और *विसम-आयवो* सिद्ध हो जाते हैं,

दधि + ईश्वर *दधीश्वरः* संस्कृत रूप है, इसके प्राकृत रूप दहि + ईसरो और दहीसरो होते हैं; इनमें सूत्र-संख्या-१-१८७ से 'ध्' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति, २-७९ से 'व' का लोप; १-२६० से शेष 'श' का 'स'; १-५ से 'दहि' मे स्थित 'इ' के साथ 'ईसर' के 'ई' की वैकल्पिक रूप से संधि और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *दहि-ईसरो* और *दहीसरो* सिद्ध हो जाते है।

स्वादु + उदकम् = *स्वादूदकम्* संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप साऊअयं और साउ-ऊअयं होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या-२-७९ से 'व' का लोप; १-१७७ से दोनों 'द्' का तथा 'क्' का लोप; १-१८० से लोप हुए 'क्' में से शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति; १-५ से 'साउ' में स्थित 'उ' के साथ 'उ अय' के 'उ' की वैकल्पिक रूप से संधि होने से दीर्घ 'ऊ' की प्राप्ति और ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म' प्रत्यय की प्राप्ति एवं १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से दोनों रूप *साउअयं* और *साउ-उअयं* सिद्ध हो जाते हैं।

पादः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पाओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से 'द्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पाओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

पति संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पई होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १७७ से 'त्' का लोप और ३ १९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में ह्रस्व इकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य 'इ' को दीर्घ 'ई' की प्राप्ति होकर पई रूप सिद्ध हो जाता है।

वृक्षात् संस्कृत पञ्चम्यन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप वच्छाओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १ १२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति; २ ३ से 'क्ष' के स्थान पर छ की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'छ' को द्वित्व 'छ छ' की प्राप्ति २ ९० से प्राप्त पूर्व 'छ्' के स्थान पर 'च' की प्राप्ति ३-८ से प्राकृत पंचमी प्रत्यय 'ङसि' के स्थानीय रूप 'त्' के स्थान पर प्राकृत में 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति और ३ १२ से प्राकृत में प्राप्त प्रत्यय 'ओ' के पूर्व में 'वच्छ' के अन्त्य 'अ' को दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति होकर *वच्छाओ* रूप सिद्ध होता है।

मुग्धया संस्कृत तृतीयान्त रूप है। इसके प्राकृत रूप मुद्धाए और मुद्धाइ होते हैं। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से 'ग्' का लोप २-८९ से शेष 'ध' को द्वित्व ध् ध की प्राप्ति २ ९० से प्राप्त पूर्व 'ध्' के स्थान पर 'द्' की प्राप्ति; ३ २९ से संस्कृत तृतीया-विभक्ति के एक वचन के प्रत्यय 'टा' के स्थानीय रूप 'या' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'ए' और 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति; और ३ २९ से ही प्राप्त प्रत्यय 'ए' और 'इ' के पूर्व में अन्त्य स्वर 'अ' को दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *मुद्धाए* एवं *मुद्धाइ* सिद्ध हो जाते हैं।

कांक्षति संस्कृत क्रियापद का रूप है। इसके प्राकृत रूप महइ और महए होते हैं। इसमें सूत्र-संख्या ४ १९२ से 'कांक्ष' धातु के स्थान पर 'मह्' का आदेश; ४ २३९ से प्राप्त 'मह्' में हलन्त 'ह्' को 'अ' की प्राप्ति; ३ १३९ से वर्तमान काल के एक वचन में प्रथम पुरुष में संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'इ' और 'ए' की प्राप्ति होकर दोनों रूप क्रम से *महइ* और *महए* सिद्ध हो जाते हैं।

करिष्यति -क्रिया पद का संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप काहिइ और काही होते हैं। इसमें सूत्र-संख्या ४-२१४ से मूल धातु 'कृ' के स्थान पर 'का' का आदेश, ३-१६६ से संस्कृत भविष्यत्-कालीन संस्कृत प्रत्ययान्त रूप के स्थान पर 'हि' की प्राप्ति; एवं ३ १३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में इ की प्राप्ति और १-५ से 'हि' में स्थित 'इ' के साथ आगे रही हुई 'इ' की संधि वैकल्पिक रूप से होकर दोनों रूप क्रम से *काहिइ* और *काही* सिद्ध हो जाते हैं।

द्वितीय: संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप बिइओ और बीओ होते हैं। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से 'द्' का लोप १-१७७ से 'त्' का और 'य्' का लोप; १-४ से द्वितीय दीर्घ 'ई' के स्थान पर ह्रस्व 'इ' की प्राप्ति १-५ से प्रथम इ के साथ द्वितीय 'इ' की वैकल्पिक रूप से संधि होकर दीर्घ 'ई' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *बिइओ* और *बीओ* सिद्ध हो जाते हैं। १-५॥

न युवर्णस्यास्वे ॥ १-६ ॥

इवर्णस्य उवर्णस्य च अस्वे वर्णे परे संधि र्न भवति। न वेरि-वग्गे वि अवयासो। वन्दामि अज्ज-वइरं ॥

दणु इन्द रुहिर-लित्तो सहइ उइन्दो नह-प्पहावलि-अरुणो ।
संझा-वहु-अवऊढो णव-वारिहरोव्व विज्जुला-पडिभिन्नो ॥ युवर्णस्येति किम् ।
गूढोअर-तामरसाणुसारिणी भमर-पन्तिव्व । अस्व इति किम् । पुहवीसो ॥

अर्थः—प्राकृत में 'इवर्ण' अथवा 'उवर्ण' के आगे विजातीय स्वर रहे हुए हों तो उनकी परस्पर में संधि नहीं हुआ करती है। जैसे —न वैरिवर्गेऽपि अवकाश = न वेरि-वग्गे वि अवयासो। इस उदाहरण में 'वि' में स्थित 'इ' के आगे 'अ' रहा हुआ है, किन्तु संस्कृत के समान होने योग्य संधि का भी यहां निषेध कर दिया गया है, अर्थात् संधि का विधान नहीं किया गया है। यह 'इ' और 'अ' विषयक संधि निषेध का उदाहरण हुआ। दूसरा उदाहरण इस प्रकार है—वन्दामि आर्य-वैर = वन्दामि अज्ज-वइर। इस उदाहरण में 'वन्दामि' में स्थित अन्त्य 'इ' के आगे 'अ' आया हुआ है, परन्तु इनमें संधि नहीं की गई है। इस प्रकार प्राकृत में 'इ' वर्ण के आगे विजातीय-स्वर की प्राप्ति होने पर संधि नहीं हुआ करती है। यह तात्पर्य है। उपरोक्त गाथा की संस्कृत छाया निम्न है।

दनुजेन्द्ररुधिरलिप्तः राजते उपेन्द्रो नखप्रभावल्यरुणः ।
सन्ध्या-वधूपगूढो नव वारिधर इव विद्युत्प्रतिभिन्नः ॥

इस गाथा में संधि-विषयक स्थिति को समझने के लिये निम्न शब्दों पर ध्यान दिया जाना चाहिये.—'दणु + इन्द,' 'उ + इन्दो,' 'प्पहावलि + अरुणो,' 'वहु + अवऊढो,' इन शब्दों में क्रम से 'उ' के पश्चात् 'इ,' 'इ' के पश्चात् 'अ,' एवं 'उ' के पश्चात् 'अ' आये हुए हैं, ये स्वर विजातीय स्वर हैं, अतः प्राकृत में इस सूत्र (१-६) में विधान किया गया है कि 'इ' वर्ण और 'उ' वर्ण के आगे विजातीय स्वर आने पर परस्पर में संधि नहीं होती है। जबकि संस्कृत भाषा में संधि हो जाती है। जैसा कि इन्हीं शब्दों के संबंध में उपरोक्त श्लोक में देखा जा सकता है।

प्रश्न—'इवर्ण' और 'उवर्ण' का ही उल्लेख क्यों किया गया है ? अन्य स्वरों का उल्लेख क्यों नहीं किया गया है ?

उत्तर—अन्य स्वर 'अ' अथवा 'आ' के आगे विजातीय स्वर आ जाय तो इनकी संधि हो जाया करती है; अतः 'अ' 'आ' की पृथक् संधि-व्यवस्था होने से केवल 'इ' वर्ण और 'उ' वर्ण का ही मूल-सूत्र में उल्लेख किया गया है। उदाहरण इस प्रकार है—(संस्कृत-छाया)-गूढोदर-तामरसानुसारिणी-भ्रमरपङ्क्तिरिव = गूढोअर-तामरसाणुसारिणी भमर-पन्ति व्व, इस वाक्यांश में 'गूढ + उअर' और 'रस + अणुसारिणी' शब्द संधि-योग्य-दृष्टि से ध्यान देने योग्य है। इनमें 'अ + उ' की संधि करके 'ओ' लिखा गया है, इसी प्रकार से 'अ + अ' की संधि करके 'आ' लिखा गया है। यों सिद्ध होता है कि 'अ' के पश्चात् विजातीय स्वर 'उ' के आ जाने पर भी संधि होकर 'ओ' की प्राप्ति हो गई। अतः यह प्रमाणित हो जाता है कि 'इ' अथवा 'उ' के आगे रहे हुए विजातीय स्वर के साथ इनकी संधि नहीं होती है, जबकि 'अ' अथवा 'आ' के आगे विजातीय स्वर रहा हुआ हो तो इनकी संधि हो जाया करती है।

उपेन्द्र: सस्कृत रूप है इसका प्राकृत रूप उ इन्दो होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-१७७ से 'प्' का लोप; १-८४ शेष 'ए' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति, २-७९ से 'र' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *उइन्दो* रूप सिद्ध हो जाता है।

नख-प्रभावलि-अरुण: सस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप नह-प्पहावलि-अरुणो होता है। होता है। इसमें सूत्र-सख्या-१-१८७ से 'ख' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, २-७९ से प्रथम 'र्' का लोप; २-८९ से शेष 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति, १-१८७ से 'भ' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *नह-प्पहा-वालि-अरुणो* रूप हो जाता है।

सन्ध्या-वधु + उपगूढो सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सझा-वहु-अवऊढो होता है। इसमें सूत्र-सख्या-१-२५ से हलन्त 'न्' को अनुस्वार की प्राप्ति, २-२६ से ध्य के स्थान पर 'झ' की प्राप्ति; १-१८७ से 'घ' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, १-१०७ से 'उप' के 'उ' को 'अ' की प्राप्ति, १-२३१ से 'प' के में स्थान 'व' की प्राप्ति; १-१७७ से 'ग्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग म 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *संझा-वहु-अवऊढो* रूप सिद्ध हो जाता है।

नव वारिधर: सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप णव-वारिहरो होता है। इसमें सूत्र सख्या १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, १-१८७ से 'ध' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रप्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *णव-वारिहरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

इव सस्कृत अव्यय है। इसका प्राकृत-रूप व्व होता है। इसमें सूत्र-सख्या २-१८२ से 'इव' के स्थान पर 'व्व' आदेश की प्राप्ति होकर *व्व* रूप सिद्ध हो जाता है।

विद्युत-प्रतिभिन्न: सस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप विज्जुला-पडिभिन्नो होता है। इसमें सूत्र-सख्या २-२४ से 'द्य्' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'ज्' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति; २-१७३ से प्राप्त रूप 'विज्जु' में 'ल' प्रत्यय की प्राप्ति; ३-३१ की वृत्ति में वर्णित (हे० २-४) के उल्लेख से स्त्रीलिंग रूप मे आ' की प्राप्ति से 'विज्जुला' की प्राप्ति; १-११ से हलन्त व्यञ्जन 'त्' का लोप; २-७९ से 'र्' का लोप; १-२०६ से 'ति' के 'त्' को 'ड्' की प्राप्ति; और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विज्जुला-पडिभिन्नो* रूप सिद्ध हो जाता है।

गूढोदर तामरसानुसारिणी सस्कृत रूप है इसका प्राकृत रूप गूढोअर-तामरसाणुसारिणी होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-१७७ से 'द्' का लोप; और १-२८८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति होकर गूढोअर ताम-रसाणुसारिणी रूप सिद्ध हो जाता है।

भ्रमर-पंक्तिः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप भमर-पन्ति होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र' का लोप; १-३ से अनुस्वार के स्थान पर आगे 'त्' होने से 'न' की प्राप्ति २-७७ से 'क' का लोप और १-११ से अन्त्य विसर्ग रूप व्यञ्जन का लोप होकर *भमर-पन्ति* सिद्ध हो जाता है।

एव अव्यय रूप कि सिद्धि इसी सूत्र में ऊपर करदी गई है। पृथिवी + ईश = पृथ्वीश) संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पुहवीसो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१३१ से 'ऋ' के स्थान पर 'उ' की प्राप्ति १-८८ से प्रथम 'इ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति; १-१८७ से 'थ' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति १-५ से द्वितीय ई की सजातीय स्वर होने से संधि; १-२६० से 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पुहवीसो* रूप सिद्ध हो जाता है। १-६॥

एदोतो स्वरे ॥ १-७ ॥

एकार-ओकारयोः स्वरे परे संधिर्न भवति ॥

> वहुआइ नहुल्लिहणे आबन्धन्तीए कञ्चुअं अङ्गे।
> मयरद्धय-सर धोरणि धारा-छेअ व्व दीसन्ति ॥ १ ॥
> उवमासु अपज्जत्तेभ-कलभ-दन्तावहासमूरुजुअं।
> तं चेव मलिअ बिस-दण्ड विरस मालक्खिमो एण्हिं ॥ २ ॥

अहो अच्छरिअं। एदोतोरिति किम्॥

> अत्थालोअण-तरला इअर कईणं भमन्ति बुद्धीओ।
> अत्थच्चेअ निरारम्भमेन्ति हिअयं कइन्दाण ॥३॥

अर्थः—प्राकृत-शब्दों में अन्त्य 'ए' अथवा 'ओ' के पश्चात् कोई स्वर आ जाय तो परस्पर में इन 'ए' अथवा 'ओ' के साथ आगे आये हुए स्वर की संधि नहीं होती है। जैसा कि उपरोक्त गाथाओं में कहा गया है—

'नहुल्लिहणे आबन्धन्तीए' में 'ए' के पश्चात् 'आ' आया हुआ है तथा 'मालक्खिमो एण्हिं' में 'ओ' के पश्चात् 'ए' आया हुआ है। परन्तु इनकी संधि नहीं की गई है। यों अन्यत्र भी जान लेना चाहिये। उपरोक्त गाथाओं की संस्कृत-छाया इस प्रकार है।

> वध्वाः (वधू कायाः) नखोल्लेखने आबध्नत्या कञ्चुकमङ्गे।
> मकरध्वज-शर-धोरणि धारा छेदा इव दृश्यन्ते ॥ १ ॥
> उपमासु अपर्याप्ते भदन्तावभासमूरुयुगम्।
> तन्चैव मृदित बिस दण्ड विरसमालक्षयामह इदानीम् ॥ २ ॥

'ओ' के पश्चात् 'अ' आने पर भी इनकी परस्पर में संधि नहीं हुआ करती है। जैसेः–अहो आश्चर्यम् = अहो अच्छरिअ।

प्रश्न–'ए' अथवा 'ओ' के पश्चात् आने वाले स्वरों की परस्पर में संधि नहीं होती है'– ऐसा क्यों कहा गया है ?

उत्तर.–अन्य सजातीय स्वरों की संधि हो जाती है एवं 'अ' अथवा 'आ' के पश्चात् आने वाले 'इ' अथवा 'उ' की संधि भी हो जाया करती है। जैसे–गाथा द्वितीय में आया है कि–'अवज्जत + इभ' = अवज्जतेभ, दन्त अवहास = दन्तावहास। गाथा तृतीय में आया है कि–अत्थ + आलोअग = अत्थालोअण, इत्यादि। यों अन्य स्वरों की संधि–स्थिति एव 'ए' अथवा 'ओ' की संधि-स्थिति का अभाव बतलाने के लिये 'ए' अथवा 'ओ' का मूल–सूत्र में उल्लेख किया गया है।

तृतीय गाथा की संस्कृत छाया इस प्रकार है –

अर्थालोचन-तरला इतरकवीनां भ्रमन्ति बुद्धयः ।
अर्थाएव निरारम्भं यन्ति हृदयं कवीन्द्राणाम् ॥ ३ ॥

वधूकाया –संस्कृत षष्ठ्यन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप वहुआइ होता है। इसमें सूत्र–संख्या–१-१८७ से 'ध' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति, १–४मे दीर्घ 'ऊ' के स्थान पर ह्रस्व 'उ' ३-२९ से षष्ठी विभक्ति के एक वचन में उकारान्त स्त्रीलिंग में 'या.' प्रत्यय के स्थान पर 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति, और १–१७७ से 'क्' का लोप होकर वहुआई रूप सिद्ध हो जाता है।

नखोल्लेखने संस्कृत सप्तम्यन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप नहुल्लिहणे होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१८७ से दोनों 'ख' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, १-८४ से 'ओ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' की प्राप्ति, १-१४६ से प्रथम 'ए' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति, १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति और ३-११ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में संस्कृत प्रत्यय 'ङि' के स्थानीय रूप 'इ' के स्थान पर प्राकृत में भी 'ए' की प्राप्ति होकर *नहुल्लिहणे* रूप सिद्ध हो जाता है।

आबध्नत्याः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप आवन्धन्तीए होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६ से 'व' व्यञ्जन पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति, १-३० से प्राप्त अनुस्वार के आगे 'ध' व्यञ्जन होने से अनुस्वार; के स्थान पर 'न्' की प्राप्ति; ३–१८१ से संस्कृत के समान ही प्राकृत में भी वर्तमान कृदन्त के अर्थ में 'न्त' प्रत्यय की प्राप्ति; ३-१८२ से प्राप्त 'न्त' प्रत्यय में स्त्रीलिंग होन से 'ई' प्रत्यय की प्राप्ति, तदनुसार 'न्ती' की प्राप्ति; और षष्ठी विभक्ति के एक वचन में ईकारान्त स्त्रीलिंग में ३-२९ से संस्कृत प्रत्यय 'ङस्' के स्थान पर प्राकृत में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *आवन्धन्तीए* रूप सिद्ध हो जाता है।

कञ्चुकम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कञ्चुअं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से द्वितीय 'क्' का लोप; ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *कञ्चुअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

अंगे संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप भी अंगे ही होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-११ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग अथवा नपुंसक लिंग में 'ङि' के स्थानीय रूप 'इ' के स्थान पर प्राकृत में 'ए' की प्राप्ति होकर *अंगे* रूप सिद्ध हो जाता है।

मकर-ध्वज-शर-धोरणि-धारा-छेदाः-संस्कृत वाक्यांश रूप है। इसका प्राकृत रूप मयर-द्धय-सर-धोरणि-धारा-छेआ होता है। इसमें सूत्र-संख्या-१-१७७ से 'क्' का लोप; १-१८ से शेष रहे 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति; २-७९ से 'व्' का लोप; २-८९ से शेष 'ध' को द्वित्व 'ध्ध' की प्राप्ति; २-९ से प्राप्त पूर्व 'ध्' के स्थान पर 'द्' की प्राप्ति; १-१७७ से 'ज्' का लोप; १-१८ से लोप हुए 'ज्' में से शेष रहे हुए 'अ' को 'य' की प्राप्ति; १-२६ से 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति; १-१७७ से 'द्' का लोप और १-४ से अन्त्य दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति होकर *मयर-द्धय-सर-धोरणी-धारा-छेअ* रूप सिद्ध हो जाता है। रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-९ में की गई है।

दृश्यन्ते-संस्कृत क्रिया पद रूप है। इसका प्राकृत रूप दीसन्ति होता है। इसमें सूत्र-संख्या-३-१६१ से 'दृश्य' के स्थान पर 'दीस्' आदेश; ४-२३९ से हलन्त प्राप्त 'दीस्' धातु में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति और ३-१४२ से वर्तमान काल के बहु वचन में प्रथम पुरुष में 'न्ति' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *दीसन्ति* रूप सिद्ध हो जाता है।

पवसासु संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पवमासु होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२३१ से 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति, और ४-४४८ से सप्तमी विभक्ति के बहु वचन में अकारान्त स्त्री लिंग में 'सुप्' प्रत्यय की प्राप्ति एवं १-११ से अन्त्य व्यञ्जन प्रत्ययस्थ 'प्' का लोप होकर *उपगासु* रूप सिद्ध हो जाता है।

अनवद्यम् (कुसुम) प्रसादहासम् संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप अवज्जसंम-कसुम-पसायहासं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-२४ से संयुक्त व्यञ्जन 'द्य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति; १-८४ से प्राप्त 'ज्जा' में स्थित दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति; २-७९ से 'र्' का लोप; २-८९ से शेष 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति; १-१८७ से तृतीय 'अ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' को अनुस्वार की प्राप्ति होकर *अवज्जसंम-कसुम-पसायहासं* रूप सिद्ध हो जाता है।

उडुयुगम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप उडुजुअं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२४५ से 'य्' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति; १-१७७ से 'ग्' का लोप; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक

लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *उरुजुअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

तदेव संस्कृत सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप त एव होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-११ से (संस्कृत मूल रूप तत् में स्थित) अन्त्य व्यञ्जन 'त्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार और 'एव' की स्थिति संस्कृत वत् ही होकर *त एव* रूप सिद्ध हो जाता है।

मृदित बिस दण्ड विरसम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मलिअ-विस-दण्ड-विरसं होता है। इसमें सूत्र-संख्या ४-१२६ से 'मृद्' धातु के स्थान पर 'मल्' आदेश, ३-१५६ से प्राप्त रूप 'मल' में विकरण प्रत्यय रूप 'इ' की प्राप्ति, १-१७७ से 'त्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर "म' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म् का अनुस्वार होकर *मलिअ-बिस-दण्ड-विरसं* रूप सिद्ध हो जाता है।

आलक्षयामहे सकर्मक क्रिया पद का रूप है। इसका प्राकृत रूप आलक्खिमो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-३ से 'क्ष' के स्थान पर 'ख' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ख' को द्वित्व 'ख्ख' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ख्' के स्थान पर 'क' की प्राप्ति, ४-२३९ से हलन्त 'धातु' अलक्ख में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति; ३-१५५ से 'ख' में प्राप्त 'अ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति, और ३-१४४ से उत्तम पुरुष यानि तृतीय पुरुष के बहु-वचन में वर्तमान काल में 'मह' के स्थान पर 'मो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *आलक्खिमो* रूप सिद्ध हो जाता है।

इदानीम् संस्कृत अव्यय है। इसका प्राकृत रूप एण्हि होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१३४ से संपूर्ण 'अव्यय रूप' 'इदानीम्' के स्थान पर प्राकृत में 'एण्हि' आदेश की प्राप्ति होकर *'एण्हि'* रूप सिद्ध हो जाता है।

अहो! संस्कृत अव्यय है। इसका प्राकृत रूप भी 'अहो' ही होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-२१७ की वृत्ति से 'अहो' रूप की यथा-स्थिति संस्कृत वत् ही होकर *'अहो'* अव्यय सिद्ध हो जाता है।

आश्चर्यम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप अच्छरिअं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-८४ से 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, २-२१ से 'श्च' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'छ' को द्वित्व 'छ्छ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'छ' के स्थान पर 'च्' की प्राप्ति, २-६७ से 'र्य' के स्थान पर 'रिअं' आदेश और १-२३ से हलन्त अन्त्य म्' को अनुस्वार की प्राप्ति होकर प्राकृत रूप *'अच्छरिअं'* सिद्ध हो जाता है।

अथालोचन-तरला संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप अत्थालोअण-तरला होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से रेफ रूप हलन्त 'र्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'थ्' को द्वित्व 'थ्थ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'थ्' के स्थान पर 'त' की प्राप्ति, १-५ से प्राप्त 'अत्थ के अन्त्य 'अ' की आगे रहे हुए 'आलोचन = आलोअण के आदि 'आ' के साथ संधि होकर 'अत्था' रूप की प्राप्ति, १-१७७ से

'य्' का लोप; १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति १-३१ से स्त्रीलिंग-भाव में मूल प्राकृत विशेषण रूप 'सरल' में 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-४ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'जस्' का प्राकृत में लोप होकर *'अत्पाखोभण-सरला'* रूप सिद्ध हो जाता है।

इमर-कमीनाम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप *इमर-कईणं* होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से 'न्' और 'व' का लोप १-१२ से मूल रूप कुवि में स्थित अन्त्य ह्रस्व 'इ' को दीर्घ 'ई' की प्राप्ति; ३-६ से संस्कृतीय षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'आम' के स्थानीय रूप 'नाम्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की आदेश-प्राप्ति और १-२७ से प्राप्त प्रत्यय 'ण' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति होकर *'इमर-कईणं'* रूप सिद्ध हो जाता है।

भ्रमन्ति संस्कृत सकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप भमन्ति होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप; ४-२३९ से हलन्त धातु 'भम' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति और ३-१४२ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के बहुवचन में संस्कृत के समान ही प्राकृत में भी 'न्ति' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *भमन्ति* रूप सिद्ध हो जाता है।

'कुड्यः' संस्कृत प्रथमान्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप कुडीओ होता है। इसमें सूत्र संख्या-३-२७ से मूल रूप 'कुडि' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर इ को दीर्घ 'ई' की प्राप्ति एवं ३-२७ से ही संस्कृतीय प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'जस्' अथ् के स्थान पर प्राकृत में 'ओ' और उ प्रत्यय की प्राप्ति होकर कुडिओ रूप सिद्ध हो जाता है।

अर्थाः संस्कृत प्रथमान्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप (यहाँ पर) अत्थ है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप; २-८९ से लोप हुए 'र्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'थ' को द्वित्व 'थ्थ' की प्राप्ति २-९० से प्राप्त पूर्व 'थ' के स्थान पर 'त' की प्राप्ति १-१२ से प्राप्त रूप 'अत्थ' के अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति, ३-४ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'जस' का प्राकृत में लोप; और १ ४ प्राकृत में प्राप्त बहुवचनान्त रूप 'अत्था' में स्थित अन्त्य दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति होकर 'अत्थ' रूप सिद्ध हो जाता है।

'एव' संस्कृत निश्चय वाचक अव्यय है। इसका प्राकृत रूप 'च्चेम' होता है। इसमें सूत्र-संख्या-२-१८४ से 'एव' के स्थान पर 'चेम' आदेश और २९९ से प्राप्त 'चेम' में स्थित 'च्' का द्वित्व 'च्च्' की प्राप्ति होकर 'च्चेम' रूप सिद्ध हो जाता है।

निरारम्भम् संस्कृत द्वितीयान्त एक वचन रूप है। इसका प्राकृत रूप भी निरारम्भम् ही होता है। इसमें एकरूपता होने के कारण से साधनिका की आवश्यकता न होकर अथवा ३-५ से 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृत में भी द्वितीया-विभक्ति के एक वचन में *निरारम्भम्* रूप ही सिद्ध करते हैं क्योंकि

इयन्ति संस्कृत अकर्मक क्रिया पद का रूप है। इसका प्राकृत रूप एन्ति होता है। इसमें सूत्र-संख्या-(हेम०) ४-२-६ से मूल धातु 'इण्' की प्राप्ति; संस्कृतीय विधानानुसार मूल धातु 'इण्' में स्थित अन्त्य हलन्त 'ण्' की इत्संज्ञा होकर लोप, ४-२३७ से प्राप्त धातु 'इ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति, और ३-१४२ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के बहु वचन में संस्कृत के समान ही प्राकृत में भी 'न्ति' प्रत्यय की प्राप्ति होकर एन्ति रूप सिद्ध हो जाता है।

हृदयम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप हिअयं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१२८ से 'ऋ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति १-१७७ से 'द्' का लोप; ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त प्रत्यय 'म्' का अनुस्वार होकर *हिअयं* रूप सिद्ध हो जाता है।

कवीन्द्राणाम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कइन्दाणं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १–१७७ से 'व्' का लोप; १–४ से दीर्घ स्वर 'ई' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति; २–७९ से 'र्' का लोप, ३–१२ से प्राप्त प्राकृत रूप 'कइन्द' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति, ३–६ से संस्कृतीय षष्ठी विभक्ति के बहु वचन में 'आम्' प्रत्यय के स्थानीय रूप 'णाम्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति, और १–२७ से प्राप्त प्रत्यय 'ण' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति होकर *कइन्दाणं* रूप सिद्ध हो जाता है। १–७ ॥

स्वरस्योद्वृत्ते ॥ १–८ ॥

व्यञ्जन-संपृक्तः स्वरो व्यञ्जने लुप्ते योवशिष्यते स उद्वृत्त इहोच्यते।
स्वरस्य उद्वृत्ते स्वरे परे संधिर्न भवति ॥
विससिज्जन्त महा-पसु-दंसण-संभम-परोप्परारूढा।
गयणे च्चिय गन्ध-उडिं कुणन्ति तुह कउल-णारीओ ॥
निसा-अरो। निसि-अरो। रयणी-अरो। मणुअत्तं ॥
बहुलाधिकारात् क्वचिद् विकल्पः। कुम्भ-आरो कुम्भारो। सु-उरिसो सूरिसो ॥
क्वचित् संधिरेव सालाहणो चक्काओ ॥
अतएव प्रतिषेधात् समासे पि स्वरस्य संधौ भिन्नपदत्वम् ॥

अर्थ—व्यञ्जन में मिला हुआ स्वर उस समय में 'उद्वृत्त-स्वर' कहलाता है, जबकि वह व्यञ्जन लुप्त हो जाता है और केवल 'स्वर' ही शेष रह जाता है। इस प्रकार अवशिष्ट 'स्वर' की सज्ञा 'उद्वृत्त स्वर' होती है। ऐसे उद्वृत्त स्वरों के साथ में पूर्वस्थ स्वरो की सधि नहीं हुआ करती है। इसका तात्पर्य यह है कि उद्वत्त स्वर अपनी स्थिति को ज्यों की त्यों बनाये रखते है और पूर्वस्थ रहे हुए स्वर के साथ सधि-योग नहीं करते है। जैसे कि मूल गाथा में ऊपर 'गन्ध-पुटीम्' के प्राकृत रूपान्तर में 'गन्ध-उडिं' होने पर 'ध' में स्थित 'अ' की 'पुटीम्' में स्थित 'प्' का

लोप होने पर उद्वृत्त स्वर रूप 'उ' के साथ संधि का अभाव प्रदर्शित किया गया है। यों 'उद्वृत्त-स्वर' की स्थिति को जानना चाहिये।

ऊपर सूत्र की वृत्ति में उद्धृत प्राकृत गाथा का संस्कृत-रूपान्तर इस प्रकार है:—

विशस्यमान-महा पशु-दर्शन-संभ्रम-परस्परारूढाः ॥
गगने एव गन्ध-पुटीम् कुर्वन्ति तव कौल-नार्यः ॥

अर्थः—कोई एक दर्शक अपने निकट के व्यक्ति को कह रहा है कि—तुम्हारी ये उच्च-संस्कारों वाली स्त्रियाँ इन बड़े बड़े पशुओं को मारे जाते हुए देख कर घबराई हुई एक दूसरे की ओट में याने परस्पर में छिपने के लिये प्रयत्न करती हुई (और अपने चित्त को इस घृणामय बीभत्स कार्य से हटाने के लिये) आकाश में ही (अर्थात् निराधार रूप से ही मानों) गन्ध-पात्र (की रचना करने जैसा प्रयत्न) करती है (अथवा कर रही है) काल्पनिक-चित्रों की रचना कर रही है।

उद्वृत्त-स्वरों की संधि-अभाव-प्रदर्शक कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं—निशाकरः = निसा-अरो; निशाचरः = निसि-अरो; रजनी-चरः = रयणी-अरो; मनुजत्वम् = मणुअत्तं। इन उदाहरणों में 'क्' और 'ज्' का लोप होकर 'अ' स्वर को उद्वृत्त स्वर की संज्ञा प्राप्त हुई है और इसी कारण से प्राप्त उद्वृत्त स्वर 'अ' की संधि पूर्वस्थ स्वर के साथ नहीं होकर उद्वृत्त-स्वर अपने स्वरूप में ही अवस्थित रहा है; यों सर्वत्र उद्वृत्त स्वर की स्थिति को समझ लेना चाहिए। 'बहुलं' सूत्र के अधिकार से कभी कभी किसी किसी शब्द में उद्वृत्त स्वर की पूर्वस्थ स्वर के साथ वैकल्पिक रूप से संधि होती हुई देखी जाती है। जैसे—कुम्भकारः = कुम्भ-आरो = अथवा कुम्भारो। सु-पुरुषः = सु-उरिसो = अथवा सूरिसो। इन उदाहरणों में उद्वृत्त स्वर की वैकल्पिक रूप से संधि प्रदर्शित की गई है। किन्हीं किन्हीं शब्दों में उद्वृत्त स्वर की संधि नित्य रूप से भी पाई जाती है। जैसे—शालवाहनः = साल + आहणो = सालाहणो और चक्रवाकः = चक्क + आओ = चक्काओ। इन उदाहरणों में उद्वृत्त स्वर की संधि हो गई है। परन्तु सर्व-सामान्य सिद्धान्त यह निश्चित किया गया है कि उद्वृत्त स्वर की संधि नहीं होती है; तदनुसार यदि अपवाद रूप से कहीं कहीं पर उस उद्वृत्त स्वर की संधि हो जाय तो ऐसी अवस्था में भी उस उद्वृत्त स्वर का पृथक्-अस्तित्व अवश्य समझा जाना चाहिये और इस अपेक्षा से उस उद्वृत्त स्वर को भिन्नत्व पद वाला ही समझा जाना चाहिये।

विशस्यमान संस्कृत विशेषण-रूप है। इसका प्राकृत रूप विससिज्जन्त होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति; ३-१६० से संस्कृत की भाव-कर्म-विधि में प्राप्तव्य प्रत्यय 'य' के स्थान पर प्राकृत में 'इज्ज' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-१८१ से संस्कृत में प्राप्तव्य वर्तमान-कृदन्त-विधि के प्रत्यय 'मान' के स्थान पर प्राकृत में 'न्त' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विससिज्जन्त* रूप सिद्ध हो जाता है।

महा-पशु-दर्शन संस्कृत वाक्यांश है। इसका प्राकृत रूप महा-पसु-दंसण होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से प्रथम 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति; १-२६ से 'द' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति; २-७९ से

रेफ रूप 'र्' का लोप, १-२६० से द्वितीय 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति और १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति होकर *'सद्दा-पसु-दंसण'* रूप सिद्ध हो जाता है।

संभ्रम-परस्परारूढा सस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप सभम-परोप्परारूढा होता है। इसमें सूत्र सख्या २-७९ से प्रथम 'र्' का लोप, १-६२ से द्वितीय 'र' में स्थित 'अ' के स्थान पर 'ओ' की प्राप्ति; २-७७ से हलन्त व्यञ्जन 'स्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'तू' के पश्चात् रहे हुए 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति; ३-१२ से अन्त्य शब्द 'रूढ' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति और ३-४ से प्रथमा विभति के बहुवचन में सस्कृत में प्राप्तव्य प्रत्यय 'जस् = अस्' का प्राकृत में लोप होकर-*संभव-परोप्परा रूढा* रूप सिद्ध हो जाता है।

गगने सस्कृत सप्तम्यन्त एक वचन रूप है। इसका प्राकृत रूप गयणे होता है। इसमें सूत्र-सख्या-१-१७७ से द्वितीय 'ग्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'ग्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति; १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति और ३-११ से सस्कृतीय सप्तमी विभक्ति के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि = इ' के स्थान पर प्राकृत में 'डे' प्रत्यय की प्राप्ति, तदनुसार प्राप्त प्रत्यय 'डे' में 'ड्' इत्संज्ञक होने से पूर्वस्थ पद 'गयण' में स्थित अन्त्य 'ण' के 'अ' की इत्संज्ञा होने से लोप एव तत्पश्चात् शेष हलन्त 'ण्' में पूर्वोक्त 'ए' प्रत्यय की सयोजना होकर *'गयणे'* रूप सिद्ध हो जाता है।

'एव' सस्कृत अव्यय है। इसका प्राकृत रूप 'च्चिअ' होता है। इसमें सूत्र-सख्या-२-१८४ से 'एव' के स्थान पर 'चिअ' आदेश और २-९९ से प्राप्त 'चिअ' में स्थित 'च्' को द्वित्व 'च्च्' की प्राप्ति होकर *च्चिअ* रूप सिद्ध हो जाता है।

गन्ध-पुटीम् सस्कृत द्वितीयान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप-'गध-उडिं' होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-१७७ से 'प्' का लोप; १-८ से पूर्वोक्त 'प्' का लोप होने से शेष 'उ' की उद्वृत्त स्वर के रूप में प्राप्ति और सधि का अभाव, १-१९५ से 'ट' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति; ३-३६ से दीर्घ स्वर 'ई' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति, ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त प्रत्यय 'म्' का अनुस्वार होकर *गन्ध-उडिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

कुर्वति सस्कृत सकर्मक क्रिया पद का रूप है। इसका प्राकृत रूप कुणन्ति होता है। इसमें सूत्र-सख्या-४-६५ से मूल सस्कृत धातु 'कृ' के स्थानापन्न रूप 'कुर्व' के स्थान पर प्राकृत में 'कुण' आदेश, और ३-१४२ से वर्तमान-काल के प्रथम पुरुष के बहु वचन में 'न्ति' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *कुणन्ति* रूप सिद्ध हो जाता है।

तव संस्कृत सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप तुह होता है। इसमें सूत्र-सख्या ३-९९ से संस्कृतीय सर्वनाम 'युष्मत्' के षष्ठी विभक्ति के एक वचन में प्राप्त रूप 'तव' के स्थान पर प्राकृत में तुह आदेश-प्राप्ति होकर 'तुह' रूप सिद्ध हो जाता है।

पौंस-भार्य: संस्कृत प्रथमान्त बहु वचन रूप है। इसका प्राकृत रूप कउस-भारीओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १ १६२ से 'औ' के स्थान पर 'अउ' की प्राप्ति; १ २२८ से 'न्' के स्थान पर 'ण्' की प्राप्ति और १ २७ से प्रथमा विभक्ति के बहु वचन में संस्कृत में प्राप्तव्य प्रत्यय 'जस्=अस्' के स्थान पर प्राकृत में 'ओ' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर कउस-*णारीओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

निशा-चरः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप निसा-अरो और निसि-अरो होते हैं। इसमें सूत्र-संख्या १ २६० से 'श्' के स्थान पर "स्" की प्राप्ति; १-७२ से द्वितीय रूप में "आ" के स्थान पर वैकल्पिक रूप से "इ" की प्राप्ति १ १७७ से 'च्' का लोप १-८ से लोप हुए "च्" के पश्चात् शेष रहे हुए "अ" को उद्वृत्त स्वर की संज्ञा प्राप्त होने से पूर्वस्थ स्वर के साथ संधि का अभाव; और १ २ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में संस्कृत में प्राप्तव्य "सि=स्' के स्थान पर प्राकृत में "डो=ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *निसा-अरो* और *निसि अरो* सिद्ध हो जाते हैं।

रजनी-चरः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप रयणी-अरो होता है। इसमें सूत्र-संख्या-१-१७७ से "ज् और 'च्' का लोप; १-१८ से लोप हुए "ज् के पश्चात् शेष रहे हुए "अ" के स्थान पर 'य' की प्राप्ति १-२२८ से 'न्' के स्थान पर "ण्" की प्राप्ति १-८ से लोप हुए "च्" के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ" को उद्वृत्त स्वर की संज्ञा प्राप्त होने से पूर्वस्थ स्वर के साथ संधि का अभाव और १-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में "सि" प्रत्यय के स्थान पर "ओ" प्रत्यय की प्राप्ति होकर *रयणी अरो* रूप सिद्ध हो जाता है। *मनुजत्वम्* संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मणुअत्तं होता है। इसमें सूत्र-संख्या-१-२२८ से "न्" के स्थान पर "ण्" की प्राप्ति; १-१७७ से 'ज्' का लोप २-७९ से 'व्' का लोप २-८९ से लोप हुए 'व्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति; १ २५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त प्रत्यय 'म' का अनुस्वार होकर *मणुअत्तं* रूप सिद्ध हो जाता है।

कुम्भकारः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप कुम्भ-आरो और कुम्भारो होते हैं। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से द्वितीय 'क' का लोप; १-८ की वृत्ति से लोप हुए 'क' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' को उद्वृत्त स्वर की संज्ञा प्राप्त होने से पूर्वस्थ स्वर के साथ वैकल्पिक रूप से संधि और १-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *कुम्भ-आरो* और *कुम्भारो* सिद्ध हो जाते हैं।

सु-पुरुषः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप सु-उरिसो और सूरिसो होते हैं। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से 'प्' का लोप; १-८ की वृत्ति से लोप हुए 'प्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'उ' को उद्वृत्त स्वर की संज्ञा प्राप्त होने से पूर्वस्थ स्वर 'उ' के साथ वैकल्पिक रूप से संधि; तदनुसार १-५ से द्वितीय रूप में दोनों 'उ' कारों के स्थान पर दीर्घ 'ऊ' कार की प्राप्ति १-१११ से 'रु' में स्थित 'उ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति; १-२६० से 'ष' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति और १-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग

में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप-*पु-उरिसो* और *सूरिसो* सिद्ध हो जाते हैं।

शात-वाहनः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप-(साल + आहणो =) सालाहणो होता है। इसमें सूत्र-संख्या-१-२६० से 'श्' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति, १-२११ से 'त' के स्थान पर 'ल' की प्राप्ति, १-१७७ से 'व्' का लोप, १-८ की वृत्ति से लोप हुए 'व्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' की उद्वृत्त स्वर की संज्ञा प्राप्त होने पर भी पूर्वस्थ 'ल' में स्थित 'अ' के साथ संधि, १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सालाहणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

चक्रवाकः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप चक्काओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'क' को द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति, १-१७७ से 'व्' और द्वितीय-(अन्त्य)-'क्' का लोप, १-८ की वृत्ति से लोप हुए 'व्' के पश्चात शेष रहे हुए 'आ' को उद्वृत्त स्वर की संज्ञा प्राप्त होने पर भी १-५ से पूर्वस्थ 'क्क' में स्थिति 'अ' के साथ उक्त 'आ' की सन्धि और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर चक्काओ रूप सिद्ध हो जाता है ॥ १-८ ॥

त्यादेः ॥ १-९ ॥

तिवादीनां स्वरस्य स्वरे परे संधि र्न भवति ॥ भवति इह । होइ इह ॥

अर्थः-धातुओं में अर्थात् क्रियाओं में संयोजित किये जाने वाले काल बोधक प्रत्यय 'तिव्' 'त' और 'अन्ति' आदि के प्राकृतीय रूप 'इ', 'ए' 'न्ति', 'न्ते' और 'इरे' आदि में स्थित अन्त्य 'स्वर' का आगे रहे हुए सजातीय स्वरों के साथ भी संधि नहीं होती है। जैसे —भवति इह। होइ इह। इस उदाहरण में प्रथम 'इ' तिवादि प्रत्यय सूचक है और आगे भी सजातीय स्वर इ' की प्राप्ति हुई, परन्तु फिर भी दोनों 'इकारों' की परस्पर में संधि नहीं हो सकती है। यों संधि-गत विशेषता को ध्यान में रखना चाहिये।

भवति संस्कृत अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप होइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या ४-६० से संस्कृत धातु 'भू' के स्थानीय रूप विकरण-प्रत्यय सहित 'भव' के स्थान पर प्राकृत में 'हो' आदेश और ३-१३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में 'ति' प्रत्यय के स्थान पर 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *होइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

इह संस्कृत अव्यय है। इसका प्राकृत रूप भी इह ही होता है। इसमें सूत्र-संख्या ४-४४८ से सावनिका की आवश्यकता नहीं होकर 'इह' रूप ही रहता है। १-९।

लुक् ॥ १-१० ॥

स्वरस्य स्वरे परे बहुलं लुग् भवति ॥ त्रिदशेशः । तिअसीसो ॥ निःश्वासोच्छ्वासौ । नीसासूसासा ॥

अर्थः-प्राकृत भाषा में (संधि-योग्य) स्वर के आगे स्वर रहा हुआ हो तो पूर्व के स्वर का अक्सर करके लोप हो जाया करता है। जैसे-त्रिदश + ईशः = त्रिदशेशः = तिअस + ईसो = तिअसीसो और निःश्वास + उच्छ्वासः निःश्वासोच्छ्वासौ=नीसासो + ऊसासो = नीसासूसासा। इन उदाहरणों में से प्रथम उदाहरण में 'अ + ई' में से 'अ' का लोप हुआ है और द्वितीय उदाहरण में 'ओ + ऊ' में से 'ओ' का लोप हुआ है। यों 'स्वर के बाद स्वर आने पर पूर्व स्वर के लोप' की व्यवस्था समझ लेनी चाहिये।

त्रिदश + ईशः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप तिअसीसो होता है इसमें सूत्र-संख्या-२-७९ से 'त्रि' में स्थित 'र्' का लोप; १-१७७ से द् का लोप; १-२६० से दोनों 'श' कारों के स्थान पर क्रम से दो 'स' कारों की प्राप्ति; १-१० से प्राप्त प्रथम 'स' में स्थित अन्त्य अ स्वर के आगे 'ई' स्वर की प्राप्ति होने से लोप; तत्पश्चात् प्राप्त हलन्त 'स्' में आगे रही हुई 'ई' स्वर की संधि और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *तिअसीसो* रूप सिद्ध हो जाता है।

निःश्वास + उत् + श्वासौ=निःश्वासोच्छ्वासौ संस्कृत द्विवचनान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप (द्विवचन का अभाव होने से) बहुवचनान्त रूप-नीसासो + ऊसासो = नीसासूसासा होता है। इसमें सूत्र-संख्या-१-१३ से 'निः' में स्थित विसर्ग के स्थानीय रूप 'र्' का लोप; १-९३ से लोप हुए 'र्' के पश्चात् शेष 'नि' में स्थित ह्रस्व स्वर 'इ' की दीर्घ प्राप्ति; १-२६० से श् के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति; २-७९ से 'व' का लोप; और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' के स्थान पर 'ओ' की प्राप्ति होने से प्रथम पद 'नीसासो' की प्राप्ति। द्वितीय पद में १-११ की वृत्ति से 'उत्' में स्थित हलन्त 'त्' का लोप; १-४ से लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेष ह्रस्व स्वर 'उ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति; १-२६० से 'श्' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति; २-७९ से 'व्' का लोप; ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होने से द्वितीय पद 'ऊसासो' की प्राप्ति; १-१० से प्रथम पद नीसासो के अन्त्य व्यञ्जन 'सो' में स्थित 'ओ' स्वर के आगे 'ऊसासो' का 'ऊ' स्वर रहने से लोप; तत्पश्चात् प्राप्त हलन्त व्यञ्जन 'स्' में 'ऊ' स्वर की संधि संयोजना; ३-१३० से द्विवचन के स्थान पर बहु वचन की प्राप्ति; तदनुसार ३-४ से प्राप्त रूप 'नीसासूसास' में प्रथमा विभक्ति के बहु वचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृत-प्रत्यय 'जस्' का प्राकृत में लोप और ३-१२ से प्राप्त एवं लुप्त प्रत्यय 'जस्' के कारण से अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति होकर नीसासूसासा रूप सिद्ध हो जाता है ॥ १-१० ॥

अन्त्यव्यञ्जनस्य ॥ १-११ ॥

शब्दानां यद् अन्त्यव्यञ्जनं तस्य लुग् भवति ॥ जाव । ताव । जसो । तमो । जम्मो ॥ समासे तु वाक्य-विभक्त्यपेक्षायाम् अन्त्यत्वम् अनन्त्यत्वं च । तेनोभयमपि भवति । सद्भिक्षुः । सभिक्खू ॥ सज्जनः । सज्जणो ॥ एतद्गुणाः । एअ-गुणा ॥ तद्गुणाः । तग्गुणा ॥

अर्थ.—संस्कृत-शब्दो में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन का प्राकृत-रूपान्तर में लोप हो जाता है। जैसे-यावत् = जाव, तावत् = ताव, यशस् = यश = जसो, तमस् = तम = तमो, और जन्मन् = जन्म = जम्मो, इत्यादि । समास-गत शब्दो में मध्यस्थ शब्दों के विभक्ति-बोधक प्रत्ययो का लोप हो जाता है; एव मध्यस्थ शब्द गौण हो जाते है तथा अन्त्य शब्द मुख्य हो जाता है, तब मुख्य शब्द में ही विभक्ति-बोधक प्रत्यय संयोजित किये जाते है; तदनुसार मध्यस्थ शब्दों में स्थित अन्तिम हलन्त व्यञ्जन को कभी कभी तो 'अन्त्य व्यञ्जन' की सज्ञा प्राप्त होती है और कभी कभी 'अन्त्य व्यञ्जन' की सज्ञा नहीं भी प्राप्त होती है, ऐसी व्यवस्था के कारण से समास गत मध्यस्थ शब्दों के अन्तिम हलन्त व्यञ्जन 'अन्त्य' और 'अनन्त्य' दोनो प्रकार से कहे जा सकते है। तदनुसार सूत्र-सख्या १-११ के अनुसार जब समास-गत मध्यस्थ शब्दो में स्थित अन्तिम हलन्त व्यञ्जन को 'अन्त्य-व्यञ्जन' की सज्ञा प्राप्त हो तो उस 'अन्त्य-व्यञ्जन' का लोप हो जाता है और यदि उस व्यञ्जन को 'अन्त्य व्यञ्जन' नहीं मानकर 'अनन्त्य व्यञ्जन' माना जायगा तो उस हलन्त व्यञ्जन का लोप नहीं होगा। जैसे—सद्-भिक्षु = सभिक्खू इस उदाहरण में 'सद्' शब्द में स्थित 'द' को 'अन्त्य हलन्त-व्यञ्जन' मानकर के इसका लोप कर दिया गया है। सत् + जन = सज्जन. = सज्जणो, इसमें 'सत्' के 'त्' को 'अनन्त्य' मान करके 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' के रूप में परिणत किया है। अन्य उदाहरण इस प्रकार है—एतद्गुणा = एअ-गुणा और तद्-गुणा = तग्गुणा, इन उदाहरणो में क्रम से अन्त्यत्व और अनन्त्यत्व माना गया है, तदनुसार क्रम से लोप-विधान और द्वित्व-विधान किया गया है। यो समास-गत मध्यस्थ शब्दो के अन्तिम हलन्त व्यञ्जन की 'अन्त्य-स्थिति' तथा 'अनन्त्य स्थिति' समझ लेनी चाहिये।

यावत् संस्कृत अव्यय है। इसका प्राकृत रूप जाव होता है इसमें सूत्र-सख्या १-२४५ से 'य्' के स्थान पर 'ज्' की प्राप्ति और १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'त' का लोप होकर *'जाव'* रूप सिद्ध हो जाता है।

तावत् संस्कृत अव्यय है। इसका प्राकृत रूप ताव होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'त्' का लोप होकर *'ताव'* रूप सिद्ध हो जाता है।

यशस् (= यश) संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप जसो होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-२४५ से 'य्' के स्थान पर 'ज्' की प्राप्ति १-२६० से 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति, १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'स्' का लोप १-३२ से प्राकृत में प्राप्त रूप 'जस' को पुंल्लिगत्व की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त (में प्राप्त) पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जसो* रूप सिद्ध हो जाता है।

तमस् (=तमः) संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप तमो होता है इसमें सूत्र-संख्या १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'स्' का लोप; १-३२ से प्राकृत में प्राप्त रूप 'तम' को पुल्लिंगत्व की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त (में प्राप्त) पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *तमो* रूप सिद्ध हो जाता है।

जन्मन् (=जन्म) संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप जम्मो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७८ से प्रथम हलन्त 'न्' का लोप; २-८९ से लोप हुए 'न्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'म' को द्वित्व 'म्म' की प्राप्ति; १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'न्' का लोप; १-३२ से प्राकृत में प्राप्त रूप 'जम्म' को पुल्लिंगत्व की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त (में प्राप्त) पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जम्मो* रूप सिद्ध हो जाता है।

सद्भिक्षु संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सभिक्खू होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-११ से 'द्' का लोप; २-३ से 'क्ष्' के स्थान पर 'ख्' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'ख्' को द्वित्व 'ख्ख्' की प्राप्ति; २-९० से प्राप्त पूर्व 'ख्' के स्थान पर 'क्' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में उकारान्त पुल्लिंग में प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर *सभिक्खू* रूप सिद्ध हो जाता है।

सज्जन संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सज्जणो होता है। इस में सूत्र-संख्या १-११ की वृत्ति से प्रथम हलन्त 'ज्' को अनन्त्यत्व की संज्ञा प्राप्त होने से इस प्रथम हलन्त 'ज्' की लोपाभाव की प्राप्ति; १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सज्जणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

एतद्गुणाः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप एअ-गुणा होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप; १-११ से हलन्त 'द्' को अन्त्य-व्यञ्जन की संज्ञा प्राप्त होने से 'द्' का लोप; ३-४ से प्राकृत में प्राप्त रूप 'एअ-गुण' में प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय-प्रत्यय 'जस्' की प्राप्ति होकर लोप और ३-१२ से प्राप्त तथा लुप्त 'जस्' प्रत्यय के कारण से अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' को दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति होकर *एअ-गुणा* रूप सिद्ध हो जाता है।

तद्गुणाः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत-रूप तग्गुणा होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-११ से नहीं किन्तु २-७७ से 'द्' का लोप; २-८९ से लोप हुए 'द्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ग' को द्वित्व 'ग्ग' की प्राप्ति और साधनिका उपरोक्त 'एअ-गुणा' के समान ही ३-४ तथा ३-१२ से होकर *तग्गुणा* रूप सिद्ध हो जाता है ॥१-११॥

•न श्रदुदोः ॥ १-१२ ॥

श्रद् उद् इत्येतयोरन्त्यस्य व्यञ्जनस्य लुग् न भवति ॥ सद्दहिअं । सद्धा । उग्गयं । उन्नयं ॥

अर्थः—'श्रद्' और 'उद्' में रहे हुए अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'द्' का लोप नहीं होता है। जैसेः–श्रद्+दधितम् = सद्दहिअं, श्रद्+धा = श्रद्धा = सद्धा; उद्+गतम् = उग्गयं और उद्+नतम् = उन्नयं। प्रथम दो उदाहरणों में 'श्रद्' में स्थित 'द्' यथावत् अवस्थित है; और अन्त के दो उदाहरणों में 'उद्' में स्थित 'द्' अक्षरान्तर होता हुआ अपनी स्थिति को प्रदर्शित कर रहा है, यों लोपाभाव की स्थिति 'श्रद्' और उद् में व्यक्त की गई है।

श्रद्धितम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप सद्दहिअं होता है। इसमें सूत्र–संख्या २–७९ से 'श' 'श्र' में स्थित 'र्' का लोप, १–२६० से श् के स्थान पर 'स' की प्राप्ति; १–१२ से प्रथम 'द्' का लोपाभाव, १–१८७ से 'ध्' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति, १-१७७ से 'त्' का लोप; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १–२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *सद्दहिअं* रूप सिद्ध हो जाता है। *श्रद्धा* संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सद्धा होता है। इसमें सूत्र–संख्या २-७९ से 'श्र' में स्थित 'र्' का लोप, १-२६० से लोप हुए 'र्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति और १-१२ से 'द्' का लोपाभाव होकर *सद्धा* रूप सिद्ध हो जाता है।

उद्+*गतम्* संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप उग्गयं होता है इसमें सूत्र–संख्या २-७७ से 'द्' का (प्रच्छन्न रूप से) लोप, २-८९ से (प्रच्छन्न रूप से) लुप्त 'द्' के पश्चात् आगे रहे हुए 'ग' को द्वित्व 'ग्ग' की प्राप्ति, १-१७७ से 'त्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में म् प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *उग्गयं* रूप सिद्ध हो जाता है।

उद्+*नतम्* संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप उन्नयं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २–७७ से 'द्' का (प्रच्छन्न रूप से) लोप, २–८९ से (प्रच्छन्न रूप से) लुप्त 'द्' के स्थान पर आगे रहे हुए 'न' को द्वित्व 'न्न' की प्राप्ति; १–१७७ से 'त्' का लोप, १–१८० से लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति; ३–२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १–२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *उन्नयं* रूप सिद्ध हो जाता है। १–१२॥

निर्दुरोर्वा ॥ १-१३ ॥

निर् दुर् इत्येतयोरन्त्यव्यञ्जनस्य वा लुग् भवति। निस्सहं नीसहं। दुस्सहो दूसहो। दुक्खिओ दुहिओ॥

अर्थः–'निर्' और 'दुर्' इन दोनों उपसर्गों में स्थित अन्त्य हलन्त–व्यञ्जन 'र्' का वैकल्पिक रूप से लोप होता है। जैसे–निर्+सह (नि सह) के प्राकृत रूपान्तर निस्सह और नीसह होते हैं। दुर्+सह (=दुस्सह.) के प्राकृत रूपान्तर दुस्सहो और दूसहो होते हैं। इन उदाहरणों से ज्ञात होता है कि 'निस्सह' और 'दुस्सहो' में 'र्'

का (प्रच्छन्न रूप से) सद्भाव है; जबकि 'नीसहं' और 'घूसहो' में 'र्' का लोप हो गया है। घुर्खित = घुरिखओ और घुहिओ। इन उदाहरणों में से प्रथम में 'विसर्ग' के पूर्व रूप 'र्' का प्रच्छन्न रूप से 'क' वर्ग में सद्भाव है और द्वितीय उदाहरण में उक्त 'र्' का लोप हो गया है। यों वैकल्पिक रूप से 'दुर्' और 'निर्' में स्थित 'र्' का लोप हुआ करता है।

नि:सहं (= निर् + सहं) संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप निस्सहं और नीसहं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-१३ से 'र्' के स्थान पर लोपाभाव होने से 'विसर्ग' की प्राप्ति; ४-४४८ से प्राप्त 'विसर्ग' के स्थान पर आगे 'स' होने से 'स्' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *निस्सहं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(निर् + सहं =) नीसहं में सूत्र-संख्या १-१३ से 'र्' का लोप; १-९३ से 'नि' में स्थित ह्रस्व स्वर 'इ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *नीसहं* भी सिद्ध हो जाता है।

दुर् + सहः (= दुःसहः) संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप दुस्सहो और दूसहो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-१३ से 'र्' का लोपाभाव; ४-४४८ से मलरूप 'र' के स्थानीय रूप 'विसर्ग' के स्थान पर आगे 'स' वर्ण होने से 'स्' की प्राप्ति; और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृत-प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *दुस्सहो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(दुर् + सहः =) दूसहो में सूत्र-संख्या १-१३ से 'र्' का लोप; १-११५ से ह्रस्व स्वर 'उ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय-रूप *दूसहो* भी सिद्ध हो जाता है।

दु:खित (= दुर् + खित) संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप दुक्खिओ और दुहिओ होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-१३ से 'र्' के स्थानीय रूप विसर्ग का लोपाभाव; ४-४४८ से प्राप्त 'विसर्ग' के स्थान पर जिह्वामूलीय रूप हलन्त 'क' की प्राप्ति १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *दुक्खिओ* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(दुःखितः =) दुहिओ में सूत्र-संख्या १-१३ से 'र्' के स्थानीय रूप विसर्ग का लोप; १-१८७ से 'ख्' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति; १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *दुहिओ* सिद्ध हो जाता है। १-१३॥

स्वरेन्तरश्च ॥ १-१४ ॥

अन्तरो निर्दुरोश्चान्त्य व्यञ्जनस्य स्वरे परे लुग् न भवति ॥ अन्तरप्पा । निरन्तरं । निरवसेसं ॥ दुरुत्तरं । दुरवगाहं ॥ क्वचिद् भवत्यपि । अन्तोवरि ॥

अर्थ-'अन्तर्', 'निर्' और 'दुर्' उपसर्गों में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'र्' का उस अवस्था में लोप नहीं होता है जब कि इस अन्त्य 'र्' के आगे 'स्वर' रहा हुआ हो। जैसे-अन्तर् + आत्मा = अन्तरप्पा । निर् + अन्तरं निरन्तर । निर् + अवशेषम् = निरवसेसं । 'दुर्' के उदाहरण -दुर् + उत्तर = दुरुत्तर और दुर् + अवगाह = दुरवगाह कभी कभी उक्त उपसर्गों में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'र्' के आगे स्वर रहने पर भी लोप हो जाया करता है। जैसें-अन्तर + उपरि = अन्तरोपरि = अन्तोवरि । अन्तर् + आत्मा अन्तरात्मा संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप अन्तरप्पा होता है। इसमें सूत्र-संख्या- १-१४ से हलन्त व्यञ्जन 'र्' का लोपाभाव; १-८४ से 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, १-५ से हलन्त 'र्' के साथ प्राप्त 'अ' की संधि; २-५१ से संयुक्त व्यञ्जन 'त्म' के स्थान पर 'प' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति, १-११ से मूल संस्कृत शब्द-आत्मन् के अन्त्य न्' का लोप, ३-४९ तथा ३-५६ की वृत्ति से मूल संस्कृत शब्द 'आत्मन्' में 'न्' के लोप हो जाने के पश्चात् शेष अकारान्त रूप में प्रथमा विभक्ति के एक वचन में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति होकर *अन्तरप्पा* रूप सिद्ध हो जाता है।

निरन्तरम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप निरन्तर होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१४ से 'निर' में स्थित अन्त्य 'र्' का लोपाभाव; १-५ से हलन्त 'र्' के साथ आगे रहे हुए 'अ' की संधि, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *निरन्तरं* रूप सिद्ध हो जाता है।

निर् + अवशेषम् = *निरवशेषम्* संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप निरवसेसं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१४ से हलन्त व्यञ्जन 'र्' का लोपाभाव; १-५ से हलन्त 'र्' के साथ आगे रहे हुए 'अ' की संधि १-२६० से 'श' और 'ष' के स्थान पर 'स' और 'स' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *निरवसेसं* रूप सिद्ध हो जाता है।

दुर् + उत्तरं = *दुरुत्तरम्* संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप दुरुत्तरं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१४ से 'र्' का लोपाभाव, १-५ से हलन्त 'र' के साथ 'उ' की संधि और शेष साधनिका ३-२५ और १-२३ से 'निरवसेसं' के समान ही होकर *दुरुत्तरं* रूप सिद्ध हो जाता है।

दुर् + अवगाहम् = *दुरवगाहम्* संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप भी दुरवगाहं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१४ से 'र्' का लोपाभाव; १-५ से हलन्त 'र्' के साथ 'अ' की संधि और शेष साधनिका ३-२५ तथा १-२३ से निरवसेस के समान ही होकर *दुरवगाहं* रूप सिद्ध हो जाता है।

अन्तरोपरि संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप अन्तोवरि होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१४ की वृत्ति से प्रथम 'र्' का लोप; १-१० से 'त' में स्थित 'अ' के आगे 'ओ' आ जाने से लोप; १-५ से हलन्त 'त्' के साथ आगे रहे हुए 'ओ' की संधि; और १-२३१ से 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति होकर *अन्तोवरि* रूप सिद्ध हो जाता है॥ १-१४ ॥

स्त्रियामादविद्युत. ॥ १-१५ ॥

स्त्रियां वर्तमानस्य शब्दस्यान्त्यव्यञ्जनस्य आत्वं भवति विद्युच्छब्दं वर्जयित्वा। लुगपवादः॥ सरित्। सरिआ॥ प्रतिपद्। पाडिवआ॥ संपद्। संपआ॥ बहुलाधिकाराद् ईषत्स्पृष्टतर य श्रुतिरपि। सरिया। पाडिवया। संपया॥ अविद्युत इति किम्॥ विज्जू॥

अर्थ—विद्युत शब्द को छोड़ करके शेष 'अन्त्य हलन्त-व्यञ्जन वाले संस्कृत स्त्री लिंग (वाचक) शब्दों के अन्त्य हलन्त व्यञ्जन के स्थान पर प्राकृत-रूपान्तर 'आत्व=आ' की प्राप्ति होती है। यों व्यञ्जनान्त स्त्री लिंग वाले संस्कृत शब्द प्राकृत में आकारान्त हो जाते हैं। यह सूत्र पूर्वोक्त (१-११ वाले) सूत्र का अपवाद रूप सूत्र है। उदाहरण इस प्रकार हैं—सरित्=सरिआ; प्रतिपद्=पाडिवआ; संपद्=संपआ इत्यादि। 'बहुलं' सूत्र के अधिकार से हलन्त व्यञ्जन के स्थान पर प्राप्त होने वाले 'आ' स्वर के स्थान पर 'सामान्य स्पष्ट रूप से सुनाई पड़ने वाले' ऐसे 'या' की प्राप्ति भी होती हुई पाई जाती है। जैसे—सरित्=सरिआ अथवा सरिया; प्रतिपद्=पाडिवआ अथवा पाडिवया और संपद्=संपआ अथवा संपया इत्यादि।

प्रश्न:—'विद्युत्' शब्द का परित्याग क्यों किया गया है?

उत्तर:—चूंकि प्राकृत-साहित्य में 'विद्युत्' का रूपान्तर 'विज्जू' पाया जाता है; अतः परम्परा का उल्लंघन कैसे किया जा सकता है? साहित्य की मर्यादा का पालन करना सभी वैयाकरणों के लिये अनिवार्य है; तदनुसार 'विद्युत्=विज्जू' को इस सूत्र-विधान से पृथक् ही रक्खा गया है इसकी साधनिका अन्य सूत्रों से की जायगी।

सरित् संस्कृत स्त्रीलिंग रूप है। इसके प्राकृत रूप सरिआ और सरिया होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-१५ से प्रथम रूप में हलन्त व्यञ्जन 'त्' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति और द्वितीय रूप में हलन्त व्यञ्जन 'त्' के स्थान पर 'या' की प्राप्ति होकर क्रम से *सरिआ* और *सरिया* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

प्रतिपद् संस्कृत स्त्रीलिंग रूप है। इसके प्राकृत रूप पाडिवआ और पाडिवया होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप; १-४४ से प्रथम 'प' में स्थित 'अ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति; १-२०६ से 'त' के स्थान पर 'ड' आदेश; १-२३१ से द्वितीय 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति और १-१५ से हलन्त अन्त्य व्यञ्जन 'द्' के स्थान पर क्रम से दोनों रूपों में 'आ' और 'या' की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप-*पाडिवआ* तथा *पाडिवया* सिद्ध हो जाते हैं।

संपद् संस्कृत स्त्रीलिंग रूप है। इसके प्राकृत रूप सपआ और सपया होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-१५ से हलन्त अन्त्य व्यञ्जन 'त्' के स्थान पर क्रम से दोनो रूप *संपआ* और *संपया* सिद्ध हो जाते हैं।

विद्युत् सस्कृत स्त्रीलिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप विज्जू होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-२४ से 'द्य' के स्थान पर 'ज्' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'ज्' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति, १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'त्' का लोप और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में उकारान्त स्त्रीलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर *विज्जू* रूप सिद्ध हो जाता है। १-१५ ॥

रो रा ॥ १-१६ ॥

स्त्रियां वर्तमानस्यान्त्यस्य रेफस्य रा इत्यादेशो भवति॥ आत्त्वापवादः॥ गिरा। धुरा। पुरा ॥

अर्थः-संस्कृत-भाषा में स्त्रीलिंग रूप से वर्तमान जिन शब्दों के अन्त में हलन्त रेफ 'र्' रहा हुआ है, उन शब्दों के प्राकृत रूपान्तर में उक्त हलन्त रेफ रूप 'र्' के स्थान पर 'रा' आदेश-प्राप्ति होती है। जैसे:-गिर्=गिरा, धुर्=धुरा और पुर्=पुरा। इस सूत्र को सूत्र-सख्या १-१५ का अपवाद रूप विधान समझना चाहिये। क्योंकि सूत्र-सख्या १-१५ में अन्त्य व्यञ्जन के स्थान पर 'आ' अथवा 'या' की प्राप्ति का विधान है; जबकि इसमें अन्त्य व्यञ्जन सुरक्षित रहता है और इस सुरक्षित रेफ रूप 'र' में 'आ' की संयोजना होती है; अत यह सूत्र १-१५ के लिये अपवाद रूप है।

गिर् सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप गिरा होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१६ से अन्त्य रेफ रूप 'र' के स्थान पर 'रा' आदेश होकर *गिरा* रूप सिद्ध हो जाता है।

धुर् सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप धुरा होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-१६ से अन्त्य रेफ रूप 'र्' के स्थान पर 'रा' की आदेश-प्राप्ति होकर *धुरा* रूप सिद्ध हो जाता है।

पुर् सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पुरा होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-१६ से अन्त्य रेफ रूप 'र्' के स्थान पर 'रा' आदेश होकर *पुरा* रूप सिद्ध हो जाता है ॥ १-१६ ॥

क्षुधो हा ॥ १-१७ ॥

क्षुध् शब्दस्यान्त्य व्यञ्जनस्य हादेशो भवति ॥ छुहा ॥

अर्थ-सस्कृत भाषा के 'क्षुध्' शब्द के अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'ध्' के स्थान पर प्राकृत रूपान्तर में 'हा' आदेश-प्राप्ति होती है। जैसे:-क्षुध्=छुहा ॥

स्नुष् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप ण्हुहा होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७५ से संयुक्त व्यञ्जन 'स्न' के स्थान पर 'ण्ह' की प्राप्ति और १-१७ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'ष्' के स्थान पर 'हा' आदेश होकर ण्हुहा रूप सिद्ध हो जाता है। १-१७॥

शरदादेरत् ॥ १-१८ ॥

शरदादेरन्त्य व्यञ्जनस्य अत् भवति ॥ शरद् । सरओ ॥ भिसक् । भिसओ ॥

अर्थ-संस्कृत भाषा के 'शरद्' 'भिषक्' आदि शब्दों के अन्त्यस्थ हलन्त व्यञ्जन के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति होती है जैसे-शरद् = सरओ और भिषक् = भिसओ इत्यादि ॥

शरद् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सरओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति; १-१८ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'द्' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में 'ओ' की प्राप्ति; 'ओ' के पूर्वस्थ 'अ' की इत्संज्ञा होकर लोप होकर सरओ रूप सिद्ध हो जाता है।

भिषक् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप भिसओ होता है इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'ष' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति; १-१८ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'क्' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर उपरोक्त 'सरओ' के समान ही 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर भिसओ रूप सिद्ध हो जाता है। १-१८ ॥

दिक्-प्रावृषो सः ॥ १-१९ ॥

एतयोरन्त्यव्यञ्जनस्य सो भवति ॥ दिसा । पाउसो ॥

अर्थ-संस्कृत शब्द 'दिक्' और 'प्रावृट्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन के स्थान पर 'स' का आदेश होता है जैसे-दिक् = दिसा और प्रावृट् = पाउसो।

दिक् संस्कृत रूप है इसका प्राकृत रूप दिसा होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१९ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'क' के स्थान पर प्राकृत में 'स' आदेश-प्राप्ति और १-३१ की वृत्ति से स्त्रीलिंग-अर्थक 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर दिसा रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रावृट् (=प्रावृष्) संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पाउसो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से र् का लोप; १-१७७ से व् का लोप; १-१३१ से लोप हुए 'व्' के पश्चात् शेष रही हुई 'ऋ' के स्थान पर 'उ' की प्राप्ति; १-१९ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'ट' (अथवा 'ष्' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति; १-३१ से प्राप्त

रूप 'पाउस' को प्राकृत में पुल्लिगत्व की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर पाउसो रूप सिद्ध हो जाता है। १-१९॥

आयुरप्सरसोर्वा ॥ १-२० ॥

एतयोरन्त्य व्यंजनस्य सो वा भवति ॥ दीहाउसो दीहाऊ। अच्छरसा अच्छरा ॥

अर्थ.-संस्कृत शब्द 'आयुष्' और 'अप्सरस्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'ष्' और 'स्' के स्थान पर प्राकृत रूपान्तर में वैकल्पिक रूप से 'स' की प्राप्ति होती है। जैसे-दीर्घायुष्=दीहाउसो अथवा दीहाऊ और अप्सरस्=अच्छरसा और अच्छरा।

दीर्घायुष् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप दीहाउसो और दीहाऊ होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप; १-१८७ से 'घ्' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति; १-१७७ से 'य्' का लोप; १-२० से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'ष्' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग रूप 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *दीहाउसो* सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप-(दीर्घायुष्) दीहाऊ में सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, १-१८७ से 'घ्' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति, १-१७७ से 'य्' का लोप, १-११ से अन्त्य व्यञ्जन 'ष्' का लोप और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में उकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप-*दीहाऊ* भी सिद्ध हो जाता है।

अप्सरस् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप अच्छरसा और अच्छरा होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-२१ से संयुक्त व्यञ्जन 'प्स' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'छ' को द्वित्व 'छ्छ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'छ्' के स्थान पर 'च्' की प्राप्ति, १-२० से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'स्' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति और ३-३१ की वृत्ति से प्राप्त रूप 'अच्छरस' में स्त्रीलिंग-अर्थक 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *अच्छरसा* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय-रूप-(अप्सरस्=) अच्छरा में 'अच्छरस्' तक की साधनिका उपरोक्त रूप के समान, १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'स्' का लोप और ३-३१ की वृत्ति से प्राप्त रूप 'अच्छर' में स्त्रीलिंग-अर्थक 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *अच्छरा* सिद्ध हो जाता है। १-२०॥

ककुभो हः ॥ १-२१ ॥

ककुभ् शब्दस्यान्त्य व्यञ्जनस्य हो भवति ॥ कउहा ॥

अर्थ-संस्कृत शब्द 'ककुभ्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'भ्' के स्थान पर प्राकृत-रूपान्तर में 'ह' की प्राप्ति होती है। जैसे-ककुभ्=कउहा।

ककुभ् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कउहा होता है। इसमें सूत्र-संख्या १ १७७ से द्वितीय 'क' का लोप १-२१ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'भ्' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति और ३-३१ की वृत्ति से प्राप्त रूप 'कउह' में स्त्रीलिंग-अर्थक 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर कउहा रूप सिद्ध हो जाता है। १-२१ ॥

धनुषो वा ॥ १-२२ ॥

धनुः शब्दस्यान्त्य व्यञ्जनस्य हो वा भवति ॥ धणुह । धणू ॥

अर्थ-संस्कृत शब्द 'धनुष्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'ष्' के स्थान पर प्राकृत-रूपान्तर में वैकल्पिक रूप से 'ह्' की प्राप्ति होती है। जैसे-धनुः = (धनुष =) धणुहं = और धणू ॥

धनुष् = (धनुः =) संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप धणुहं और धणू होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-२२८ से 'न्' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति; १-२२ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'ष्' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय और १-२३ से प्राप्त प्रत्यय 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप धणुहं सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(धनुष् =) धनू में सूत्र-संख्या १-२२८ से 'न्' के स्थान पर 'ण्' की प्राप्ति १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'ष्' का लोप १-३२ से प्राप्त रूप 'धणु' को पुंल्लिगत्व की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में उकारान्त पुंल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप धणू भी सिद्ध हो जाता है। १-२२ ॥

मोनुस्वार ॥ १-२३ ॥

अन्त्य मकारस्यानुस्वारो भवति । जलं फलं वच्छं गिरिं पेच्छ ॥ क्वचिद् अनन्त्यस्यापि । वणम्मि । वणंमि ॥

अर्थ-पद के अन्त में रहे हुए हलन्त 'म्' का अनुस्वार हो जाता है। जैसे -जलम् = जलं फलम् = फलं वृक्षम् = वच्छं और गिरिम् पश्य = गिरिं पेच्छ । किसी किसी पद में कभी कभी अनन्त्य-याने पद के अन्तर्गत में रहे हुए हलन्त 'म' का भी अनुस्वार हो जाता है। जैसे -वनम्=वणम्मि अथवा वणंमि । इस उदाहरण में अन्तर्गत में रहे हुए हलन्त 'म' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति प्रदर्शित की गई है। यों अन्यत्र भी समझ लेना चाहिये।

जलम् संस्कृत द्वितीयान्त एक वचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप जलं होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में 'म' प्रत्यय और १ २३ से 'म' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर जलं रूप सिद्ध हो जाता है।

फलम् संस्कृत द्वितीयान्त एक वचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप फलं होता है। इसमें उपरोक्त 'जलं' के समान ही सूत्र-संख्या ३-५ और १-२३ से साधनिका की प्राप्ति होकर फलं रूप सिद्ध हो जाता है।

वृश्चम् संस्कृत द्वितीयान्त एक वचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप वच्छं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति; २-३ से 'क्ष' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'छ' को द्वित्व 'छ्छ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'छ' के स्थान पर 'च्' की प्राप्ति; ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से 'म्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर *वच्छं* रूप सिद्ध हो जाता है।

गिरिम् संस्कृत द्वितीयान्त एक वचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप गिरिं होता है। इसमें उपरोक्त 'जल' के समान ही सूत्र-संख्या ३-५ और १-२३ से साधनिका की प्राप्ति होकर *गिरिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

पश्य संस्कृत आज्ञार्थक लकार के द्वितीय पुरुष के एक वचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप पेच्छ होता है। इसमें सूत्र-संख्या ४-१८१ से मूल संस्कृत धातु 'दृश्' के स्थानीय रूप 'पश्य्' के स्थान पर प्राकृत में 'पेच्छ्' आदेश की प्राप्ति; ४-२३९ से प्राप्त हलन्त धातु 'पेच्छ्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति और ३-१७५ से आज्ञार्थक लकार के द्वितीय पुरुष के एक वचन में प्राकृत में 'प्रत्यय-लोप' की प्राप्ति होकर *पेच्छ* क्रियापद-रूप सिद्ध हो जाता है।

वने संस्कृत सप्तम्यन्त एक वचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप वणम्मि और वणंमि होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, ३-११ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में 'ङि ई' प्रत्यय के स्थान पर संयुक्त 'म्मि' और १-२३ से 'म्मि' में स्थित हलन्त 'म्' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से अनुस्वार की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *'वणम्मि'* और *'वणंमि'* सिद्ध हो जाते हैं। १-२३ ॥

वास्वरे मश्च ॥ १--२४ ॥

अन्त्य मकारस्य स्वरे परेऽनुस्वारो वा भवति। पक्षे लुगपवादो मस्य मकारश्च भवति॥ वन्दे उसभं अजिअं। उसभमजिअं च वन्दे॥ बहुलाधिकाराद् अन्यस्यापि व्यञ्जनस्य मकारः॥ साक्षात्। सक्खं॥ यत्। जं॥ तत्। तं॥ विष्वक्। वीसुं॥ पृथक। पिहं॥ सम्यक्। सम्मं इहं। इहयं। आलेट्ठुअं। इत्यादि॥

अर्थ-यदि किसी पद के अन्त में रहे हुए हलन्त 'म्' के पश्चात् कोई स्वर रहा हुआ हो तो उस पदान्त हलन्त 'म्' का वैकल्पिक रूप से अनुस्वार होता है। वैकल्पिक पक्ष होने से यदि उस हलन्त 'म्' का अनुस्वार नहीं होता है तो ऐसी स्थिति में सूत्र-संख्या १-११ से 'म्' के लिये प्राप्तव्य लोप-अवस्था का भी अभाव ही रहेगा, इसमें कारण यह है कि आगे 'स्वर' रहा हुआ है, तदनुसार उक्त हलन्त 'म्' की स्थिति 'म्' रूप में ही कायम रहकर उस हलन्त 'म्' में आगे रहे हुए 'स्वर' की संधि हो जाती है। यों पदान्त हलन्त 'म्' के लिये प्राप्तव्य 'लोप-प्रक्रिया' के प्रति यह अपवाद-रूप स्थिति जानना। जैसे:-वन्दे ऋषभम् अजितम् = वन्दे उसभं

अजिअं अथवा उसभमजिअं च वन्दे । इस उदाहरण में यह व्यक्त किया गया है कि प्रथम अवस्था में 'उसभं' में पदान्त 'म' का अनुस्वार कर दिया गया है और द्वितीय अवस्था में 'उसभमजिअं' में पदान्त 'म' की स्थिति यथावत् कायम रखी जाकर उसमें आगे रहे हुए 'अ' स्वर की संधि-संयोजना कर दी गई है एवं सूत्र-संख्या १-११ से 'म' के लिए प्राप्तव्य लोप-स्थिति का अभाव भी प्रदर्शित कर दिया गया है; यों पदान्त 'म' की सम्पूर्ण स्थिति को ध्यान में रखना चाहिये ।

'बहुलम्' सूत्र के अधिकार से कभी कभी पदान्त में स्थित 'म' के अतिरिक्त अन्य हलन्त व्यञ्जन के स्थान पर भी अनुस्वार की प्राप्ति हो जाया करती है । जैसे:-साक्षात्=सक्खं; यत्=जं; तत्=तं; इन उदाहरणों में हलन्त 'त्' व्यञ्जन के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति प्रदर्शित की गई है । अन्य उदाहरण इस प्रकार हैं— विष्वक्=वीसुं; पृथक्=पिहं; सम्यक्=सम्मं; [illegible]=इहं । इन उदाहरणों में हलन्त 'क' व्यञ्जन के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति प्रदर्शित की गई है ।

संस्कृत शब्द 'इहक' के प्राकृत रूपान्तर 'इहयं' में किसी भी व्यञ्जन के स्थान पर 'अनुस्वार' की प्राप्ति नहीं हुई है; किन्तु सूत्र-संख्या १-२६ से अन्त्य तृतीय स्वर 'अ' में आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति हुई है । इसी प्रकार से संस्कृत रूप आश्लेष्टुम् के प्राकृत रूपान्तर 'आलेट्टुअं' में सूत्र-संख्या १-२४ से पदान्त 'म' के पूर्व स्वार्थिक-प्रत्यय 'क' की प्राप्ति होकर 'आलेट्टुअं' रूप का निर्माण हुआ है; तदनुसार इस हलन्त अन्त्य 'म' व्यञ्जन के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति हुई है; यों 'पदान्त 'म' और इससे संबंधित अनुस्वार संबंधी विशेषताओं को ध्यान में रखना चाहिये । ऐसा तात्पर्य वृत्ति में उल्लिखित 'इत्यादि' शब्द से समझना चाहिये ।

वन्दे संस्कृत क्रियापद का रूप है । इसका प्राकृत रूप भी वन्दे ही है । इसमें सूत्र-संख्या ४-२३९ से हलन्त धातु 'वन्द्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति; ४-४४८ से वर्तमान काल के तृतीय पुरुष के एक वचन में संस्कृत की आत्मने पद-क्रियाओं में प्राप्तव्य प्रत्यय 'ए' की प्राकृत में भी 'ए' की प्राप्ति और १-५ से पूर्वस्थ विकरण प्रत्यय 'अ' के साथ प्राप्त काल बोधक प्रत्यय 'ए' की संधि होकर वन्दे रूप सिद्ध हो जाता है ।

ऋषभम् संस्कृत रूप है । इसका प्राकृत रूप उसभं होता है । इसमें सूत्र-संख्या-१-१३१ से 'ऋ' के स्थान पर 'उ' की प्राप्ति; १-२६ से 'ष' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति; ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से 'म्' का अनुस्वार होकर *उसभं* रूप सिद्ध हो जाता है ।

अजितम् संस्कृत रूप है । इसका प्राकृत रूप अजिअं होता है । इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप; ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से 'म्' का अनुस्वार होकर *अजिअं* रूप सिद्ध हो जाता है ।

उसभमजिअं रूप में सूत्र-संख्या १-५ से हलन्त-'म्' में आगे रहे हुए 'अ' की संधि संयोजना होकर संधि वाक्य पद 'उसभमजिअं' सिद्ध हो जाता है ।

साक्षात् संस्कृत अव्यय रूप है । इसका प्राकृत रूप सक्ख होता है । इसमें सूत्र-संख्या १-८४ से 'सा' में स्थित 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति; २-३ से 'क्ष्' के स्थान पर 'ख्' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ख्' को द्वित्व 'ख्ख्' की प्राप्ति; २-९० से प्राप्त पूर्व 'ख्' के स्थान पर 'क्' की प्राप्ति; १-४ से अथवा १-८४ से पदस्थ द्वितीय 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति और १-२४ की वृत्ति से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'त्' के स्थान पर 'म्' की प्राप्ति एव १-२३ से प्राप्त 'म्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर *सक्खं* रूप सिद्ध हो जाता है ।

यत् संस्कृत अव्यय रूप है । इसका प्राकृत रूप जं होता है । इसमें सूत्र-संख्या १-२४५ से 'य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति और १-२४ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'त्' के स्थान पर हलन्त 'म्' की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त हलन्त 'म्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर *जं* रूप सिद्ध हो जाता है ।

तत् संस्कृत अव्यय रूप है । इसका प्राकृत रूप तं होता है । इसमें सूत्र-संख्या १-२४ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'त्' के स्थान पर हलन्त 'म्' की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त हलन्त 'म्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर *तं* रूप सिद्ध हो जाता है ।

विष्वक् संस्कृत अव्यय रूप है । इसका प्राकृत रूप वीसुं होता है । इसमें सूत्र-संख्या १-४३ से ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति; २-७९ से द्वितीय 'व्' का लोप, १-२६० से लोप हुए 'व्' के पश्चात शेष रहे हुए 'ष' को 'स' की प्राप्ति, १-५२ से प्राप्त व्यञ्जन 'स' में स्थित 'अ' के स्थान पर 'उ' की प्राप्ति, १-२४ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'क्' के स्थान पर हलन्त 'म्' की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त हलन्त 'म्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर *वीसुं* रूप सिद्ध हो जाता है ।

पृथक् संस्कृत अव्यय रूप है । इसका प्राकृत रूप पिहं होता है । इसमें सूत्र-संख्या १-१३७ से 'ऋ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति १-१८७ से 'थ' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, १-२४ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'क्' के स्थान पर हलन्त 'म्' की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त हलन्त 'म्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर *पिहं* रूप सिद्ध हो जाता है ।

सम्यक् संस्कृत अव्यय रूप है । इसका प्राकृत रूप सम्मं होता है । इसमें सूत्र-संख्या २-७८ से 'य्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'य्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'म' को द्वित्व 'म्म' की प्राप्ति, १-२४ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'क्' के स्थान पर हलन्त 'म्' की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त हलन्त 'म्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर *सम्मं* रूप सिद्ध हो जाता है ।

ऋधक् संस्कृत अव्यय रूप है । इसका प्राकृत रूप इहं होता है । इसमें सूत्र-संख्या १-१२८ से 'ऋ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति, १-१८७ से 'ध' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, १-२४ से अन्त्य 'क्' के स्थान पर 'म्' की प्राप्ति और १-२३ से म् के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर *इहं* रूप सिद्ध हो जाता है ।

इदृर्फ़ संस्कृत रूप है । इसका प्राकृत रूप इदृर्य होता है । इस में सूत्र-संख्या २-१६४ से स्व-अर्थ में संस्कृत के समान ही प्राकृत में भी 'क' प्रत्यय की प्राप्ति १-१७७ से प्राप्त प्रत्यय 'क' का लोप और १-१८ से लोप हुए 'क' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति और १-२६ से अन्त्य स्वर 'अ' पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर इदृर्यं रूप सिद्ध हो जाता है ।

आश्लेष्टुकम संस्कृत रूप है । इसका प्राकृत रूप आलिद्धुअं होता है । इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से 'ष्' का लोप; २-३४ से 'ष्ट्' के स्थान पर 'ठ्' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'ठ्' को द्वित्व 'ठ्ठ्' की प्राप्ति २-९० से प्राप्त पूर्व 'ठ्' के स्थान पर 'ट्' की प्राप्ति; २-१६४ से स्व-अर्थ में संस्कृत के समान ही प्राकृत में भी 'क' प्रत्यय की प्राप्ति १-१७७ से प्राप्त प्रत्यय 'क' का लोप और १-२३ से अन्त्य हलन्त 'म्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर आलिद्धुअं रूप सिद्ध हो जाता है ॥ १-२४ ॥

ङ-ञ-ण-नो व्यञ्जने ॥ १-२५ ॥

ङ्-ञ्-ण्-न् इत्येतेषां स्थाने व्यञ्जने परे अनुस्वारो भवति ॥ ङ । पङ्क्ति । पंती ॥ पराङ्मुख । परंमुहो ॥ ञ । कञ्चुक । कंचुओ ॥ लाञ्छनम् । लंछणं ॥ ण । षण्मुख । छंमुहो ॥ उत्कण्ठा । उक्कंठा ॥ न । सन्ध्या । संझा ॥ विन्ध्यः । विंझो ॥

अर्थ-संस्कृत शब्दों में यदि 'ङ्', 'ञ्', 'ण्' और 'न्' के पश्चात् व्यञ्जन रहा हुआ हो तो इन शब्दों के प्राकृत रूपान्तर में इन 'ङ्' 'ञ्', 'ण्' और 'न्' के स्थान पर (पूर्व व्यञ्जन पर) अनुस्वार की प्राप्ति हो जाती है । जैसे-'ङ्' के उदाहरण:-पङ्क्ति=पंती और पराङ्मुख=परंमुहो । 'ञ्' के उदाहरण: कञ्चुक=कंचुओ और लाञ्छनम्=लंछणं । 'ण्' के उदाहरण-षण्मुख=छंमुहो और उत्कण्ठा=उक्कंठा । 'न्' के उदाहरण-सन्ध्या=संझा और विन्ध्यः=विंझो; इत्यादि ।

पङ्क्ति-संस्कृत रूप है । इसका प्राकृत रूप पंती होता है । इसमें सूत्र-संख्या-१-२५ से हलन्त व्यञ्जन 'ङ्' के स्थान पर (पूर्व-व्यञ्जन पर) अनुस्वार की प्राप्ति; २-७७ से 'क्त' में स्थित हलन्त 'क्' का लोप और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त स्त्रीलिंग में संस्कृत-प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ 'ई' की प्राप्ति होकर पंती रूप सिद्ध हो जाता है ।

पराङ्मुख-संस्कृत रूप है । इसका प्राकृत रूप परंमुहो होता है इसमें सूत्र-संख्या-१-८४ से 'रा' में स्थित 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति; १-२५ से हलन्त व्यञ्जन 'ङ्' के स्थान पर (पूर्व व्यञ्जन पर) अनुस्वार की प्राप्ति १-१८७ से 'ख' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुंल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर परंमुहो रूप सिद्ध हो जाता है ।

कञ्चुक-संस्कृत रूप है । इसका प्राकृत रूप कंचुओ होता है । इसमें सूत्र-संख्या १-२५ से हलन्त व्यञ्जन 'ञ्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति १-१७७ से द्वितीय 'क्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक

वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *कंचुओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

लाञ्छनम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप लंछणं होता। इसमें सूत्र-संख्या १-८४ से 'ला' में स्थित 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, १-२५ से हलन्त व्यञ्जन 'ञ्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति, १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से 'म्' का अनुस्वार होकर *लंछणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

षण्मुखः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप छंमुहो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६५ से 'ष' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति; १-२५ से हलन्त व्यञ्जन 'ण्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति, १-१८७ से 'ख' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *छंमुहो* रूप सिद्ध हो जाता है।

उत्कण्ठा संस्कृत रूप है इसका प्राकृत रूप उक्कंठा होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से हलन्त व्यञ्जन 'त्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'क' को द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति और १-२५ से हलन्त व्यञ्जन 'ण्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर *उक्कंठा* रूप सिद्ध हो जाता है।

सन्ध्या संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप संझा होता है इसमें सूत्र-संख्या १-२५ से हलन्त व्यञ्जन 'न्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति और २-२६ से 'ध्य्' के स्थान पर 'झ्' की प्राप्ति होकर *संझा* रूप सिद्ध हो जाता है।

विन्ध्यः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप विंझो होता है इसमें सूत्र-संख्या १-२५ से हलन्त व्यञ्जन 'न्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति, २-२६ से 'ध्य' के स्थान पर 'झ' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विंझो* रूप सिद्ध हो जाता है ॥ १-२५ ॥

वक्रादावन्तः ॥ १-२६ ॥

वक्रादिषु यथा दर्शनं प्रथमादेः स्वरस्य अन्त आगम रूपोऽनुस्वारो भवति ॥ वंकं । तंसं । अंसुं । मंसू । पुंछं । गुंछं । मुंढा । पंसू । बुंधं । कंकोडो । कुंपलं । दंसणं । विंछिओ । गिंठी । मंजारो । एष्वाद्यस्य ॥ वयंसो । मणंसी । मणंसिणी । मणंसिला । पडंसुआ एषु द्वितीयस्य ॥ अवरिं । अणिउंतयं । अइमुंतयं । अनयोस्तृतीयस्य ॥ वक्र । त्र्यस्र । अश्रु । श्मश्रु । पुच्छ । गुच्छ । मूर्द्धन् । पर्शु । बुध्न । कर्कोट । कुड्मल । दर्शन ।

वृश्चिक । गृष्टि । मार्जार । वयस्य । मनस्विन् । मनस्विनी । मन शीला । प्रतिश्रु त् । उपरि । अतिमुक्तक । इत्यादि ॥ क्वचिच्छन्द पूरणेपि । देवं–नाग–सुवण्ण ॥ क्वचिन्न भवति । गिट्ठी । मज्जारो । मणसिला । मणासिला ॥ आर्ष ॥ मणोसिला । अइमुत्तयं ॥

अर्थ—संस्कृत भाषा के वक्र आदि कुछ शब्द ऐसे हैं; जिनका प्राकृत-रूपान्तर करने पर उनमें रहे हुए आदि-स्वर पर याने आदि-स्वर के अन्त में आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति होती है। जैसे—वक्रम् = वंकं, त्र्यस्रम् = तंसं अश्रु = अंसुं; श्मश्रु = मंसू; पुच्छम् = पुंछं गुच्छम् = गुंछं मूर्धा = मुंढा पर्शु = पंसू; बुध्नम् = बुंधं; कर्कोटः = कंकोडो; कुड्मलम् = कुंपलं दर्शनम् = दंसणं; वृश्चिकः = विंछिओ गृष्टि = गिंठी और मार्जारः = मंजारो इन प्राकृत-शब्दों के सर्व प्रथम अर्थात् आदि स्वर के अन्त में आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति प्रदर्शित की गई है। इसी प्रकार से संस्कृत भाषा के कुछ शब्द ऐसे हैं जिनका प्राकृत-रूपान्तर करने पर उनमें रहे हुए द्वितीय स्वर पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति होती है। जैसे—वयस्यः = वयंसो, मनस्वी = मणंसी; मनस्विनी = मणंसिणी; मनःशिला = मणंसिला और प्रतिश्रुत् = पडंसुआ इन प्राकृत-शब्दों के द्वितीय स्वर के अन्त में आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति प्रदर्शित की गई है। इसी प्रकार से संस्कृत भाषा के कुछ शब्द ऐसे भी हैं जिनका प्राकृत रूपान्तर करने पर उनमें रहे हुए तृतीय स्वर पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति होती है जैसे: उपरि = अवरिं; और अतिमुक्तकम् = अणिउंतयं अथवा अइमुंतयं इन प्राकृत-शब्दों के तृतीय-स्वर के अन्त में आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति प्रदर्शित की गई है। इस प्रकार से विदित होता है कि प्राकृत भाषा के किसी किसी शब्द के प्रथम स्वर पर किसी किसी शब्द के द्वितीय स्वर पर और किसी किसी शब्द के तृतीय स्वर पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति होती हुई पाई जाती है; ऐसा विधान इस सूत्रानुसार जानना चाहिये।

जब कभी प्राकृत-भाषा के गाथा रूप छन्द में पदानुसार वर्ण का अभाव प्रतीत होता हो तो वर्ण-पूर्ति के लिये भी आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति देखी जाती है। जैसे—देव-नाग–सुवण्ण' गाथा का एक चरण है किन्तु इसमें लय टूटती है अतः 'देव' पद पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति की जाकर यों लय–पूर्ति की जाती है कि—'देवं–नाग–सुवण्ण' इत्यादि। यों छन्द–पूर्ति के लिये भी 'आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति' का प्रयोग किया जाता है।

किन्हीं किन्हीं शब्दों में प्राप्तव्य आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति वैकल्पिक रूप से होती हुई भी देखी जाती है। जैसे–गृष्टिः = गिंठी अथवा गिट्ठी; मार्जारः = मंजारो अथवा मज्जारो मनःशिला = मणंसिला अथवा मणसिला अथवा मणासिला एवं आर्ष प्राकृत में इसका रूपान्तर मणोसिला भी पाया जाता है। इसी प्रकार से अति मुक्तकम् के उपरोक्त दो प्राकृत रूपान्तरों– (अणिउंतयं और अइमुंतयं) के अतिरिक्त आर्ष-प्राकृत में तृतीय रूप अइ-मुत्तयं' भी पाया जाता है।

वक्रम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप वंकं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २–७९ से 'र्' का लोप; १–२६ से 'व' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति ३–२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त–नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १–२३ से 'म्' का अनुस्वार होकर वंकं रूप सिद्ध हो जाता है।

त्र्यस्रम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप तंसं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'त्र्' और 'स्र' में स्थित दोनों 'र्' का लोप, २-७८ से 'य्' का लोप, १-२६ से 'त' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से 'म्' का अनुस्वार होकर तंसं रूप सिद्ध हो जाता है।

अश्रु-संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप अंसु होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६ से 'अ' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति, २-७९ से 'श्रु' में स्थित 'र्' का लोप, १-२६० से लोप हुए 'र्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'शु' के 'श्' को 'स्' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से 'म्' का अनुस्वार होकर अंसुं रूप सिद्ध हो जाता है।

श्मश्रु-संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मंसू होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-८६ से प्रथम हलन्त 'श्' का लोप; १-२६ से 'म' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति, २-७९ से श्र में स्थित 'र्' का लोप, १-२६० से लोप हुए 'र्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'शु' में स्थित 'श्' के स्थान पर स्' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में उकारान्त पुल्लिंग में संस्कृत-प्रत्यय 'सि' के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर मंसू रूप सिद्ध हो जाता है।

पुच्छम्-संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पुंछं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६ से 'पु' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति, १-१७७ की वृत्ति से हलन्त 'च्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से 'म्' का अनुस्वार होकर पुंछं रूप सिद्ध हो जाता है।

गुच्छम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप गुंछं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६ से 'गु' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति, १-१७७ की वृत्ति से हलन्त 'च' का लोप और शेष साधनिका उपरोक्त 'पुंछं' के समान ३-२५ तथा १-२३ से होकर गुंछं रूप सिद्ध हो जाता है।

मूर्द्धा संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मुंढा होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'ऊ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' की प्राप्ति, १-२६ से प्राप्त 'मु' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति, २-७९ से हलन्त 'र्' का लोप २-४१ से संयुक्त व्यञ्जन 'द्ध' के स्थान पर 'ढ' की प्राप्ति, १-११ से मूल संस्कृत रूप 'मूर्द्धन्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'न्' का लोप और ३-४९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में 'नकारान्त-शब्द' में अन्त्य 'न्' लोप होने के पश्चात् शेष अन्त्य 'अ' को 'आ' की प्राप्ति होकर मुंढा रूप सिद्ध हो जाता है।

पर्शुः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पंसू होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६ से 'प' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति, २-७९ से 'र्' का लोप, १-२६० से 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर पंसू रूप सिद्ध हो जाता है।

पुच्छम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पुंछं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२६ से 'पु' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति; २-७८ से 'म्' का लोप; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक-लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से 'म्' का अनुस्वार होकर *पुंछं* रूप सिद्ध हो जाता है।

कर्कोट संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कंकोडो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६ से प्रथम 'क' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति; २-७९ से हलन्त 'र्' का लोप; १-१९५ से 'ट्' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *कंकोडो* रूप सिद्ध हो जाता है।

कुड्मलम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कुंपलं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६ से 'कु' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति; २-५२ से 'ड्म' के स्थान पर 'प' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से 'म्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर *कुंपलं* रूप सिद्ध हो जाता है।

दर्शनम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप दंसणं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६ से 'द' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति; २-७९ से 'र्' का लोप; १-२६० से 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति; १-२२८ से 'न' को 'ण' की प्राप्ति और ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से 'म्' का अनुस्वार होकर *दंसणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

वृश्चिकः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप विंछिओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१२८ से 'ऋ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति; १-२६ से प्राप्त 'वि' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति; २-२१ से 'श्च' के स्थान पर 'छ्' की प्राप्ति; १-१७७ से 'क्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विंछिओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

गृष्टि संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप गिंठी और गिट्ठी होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-१२८ से 'ऋ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति; १-२६ से प्राप्त 'गि' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति; २-३४ से 'ष्ट्' के स्थान पर 'ठ्' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त स्त्रीलिंग में संस्कृत प्रत्यय 'सि' के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *गिंठी* रूप सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (गृष्टि =) गिट्ठी में सूत्र-संख्या १-१२८ से 'ऋ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति; २-३४ से 'ष्ट्' के स्थान पर 'ठ्' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'ठ्' को द्वित्व 'ठ्ठ्' की प्राप्ति; २-९० से प्राप्त पूर्व 'ठ्' के स्थान पर 'ट्' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त स्त्रीलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *गिट्ठी* भी सिद्ध हो जाता है।

मार्जार—सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप मंजारो और मज्जारो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र सख्या १–८४ से "मा" में स्थित "आ" के स्थान पर "अ" की प्राप्ति; १–२६ से "म" पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति, २–७९ से रेफ रूप हलन्त "र्" का लोप और ३–२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि" प्रत्यय के स्थान पर "ओ" प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *मंजारो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(मार्जारः=) मज्जारो में सूत्र-सख्या १–८४ से "मा" में स्थित "आ" के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, २–७९ से रेफ रूप हलन्त "र्" का लोप; २–८९ से लोप हुए 'र्' के पश्चात् शेष रहे हुए "ज्" को द्वित्व "ज्ज" की प्राप्ति और ३–२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में "सि" प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *मज्जारो* भी सिद्ध हो जाता है।

वयस्य—सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप वयसो होता है। इसमें सूत्र-सख्या १–२६ से प्रथम 'य' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति, २–७८ से द्वितीय 'य्' का लोप और ३–२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वयंसो* रूप सिद्ध हो जाता है।

मनस्वी—सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मणसी होता है। इसमें सूत्र-संख्या १–२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, १–२६ से प्राप्त 'ण' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति; २–७९ से 'व्' का लोप; १–११ से मूल सस्कृत शब्द 'मनस्विन्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'न्' का लोप और ३–१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में प्राप्त ह्रस्व इकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्र व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *मणंसी* रूप सिद्ध हो जाता है।

मनस्विनी—सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मणसिणी होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, १–२६ से प्राप्त 'ण' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति, २–७९ से 'व्' का लोप और १-२२८ से द्वितीय 'न्' के स्थान पर 'ण्' की प्राप्ति होकर *मणंसिणी* रूप सिद्ध हो जाता है।

मनः शिला सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप मणंसिला, मणसिला, मणासिला और (आर्ष-प्राकृत में) मणोसिला होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-सख्या १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, १–२६ से प्राप्त 'ण' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति, १-११ से 'मनस्=मन' शब्द के अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'स्' का लोप और १-२६० से 'श' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *मणंसिला* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप में सूत्र-सख्या १-२६ के अतिरिक्त शेष सूत्रो की 'प्रथम-रूप के समान ही' प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *'मण-सिला'* सिद्ध हो जाता है।

तृतीय रूप में सूत्र-संख्या १-४३ से प्राप्त द्वितीय रूप 'मण-सिला' मे स्थित 'ण' के 'अ' को दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति होकर तृतीय रूप *मणा-सिला* सिद्ध हो जात। है।

चतुर्थ रूप–में सूत्र-सख्या १-३ से प्राप्त द्वितीय रूप 'मण-सिला' में स्थित 'ण' के 'अ' को वैकल्पिक रूप से 'ओ' की प्राप्ति होकर चतुर्थ आर्ष रूप *'मणो-सिला'* भी सिद्ध हो जाता है।

प्रतिश्रुत् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पडंसुआ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र' में स्थित 'र्' का लोप; १-२६ से 'ति' में स्थित 'त्' के स्थान पर 'ड्' की प्राप्ति १-८८ से प्राप्त 'डि' में स्थित 'इ' के के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति; १-२६ से प्राप्त 'ड' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति २-७९ से 'श्र' में स्थित 'र्' का लोप; १-२६० से प्राप्त 'श्' में स्थित 'श्' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति और १-१५ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'त्' के स्थान पर स्त्री-लिंग-अर्थक 'आ' की प्राप्ति होकर *पडंसुआ* रूप सिद्ध हो जाता है।

उपरि संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप अवरिं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१०८ से 'उ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति; १-२३१ से 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति और १-२६ से अन्त्य 'रि' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति होकर *अवरिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

अतिमुक्तकम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप अणिउंतयं अइमुंतयं और अइमुत्तयं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-२०८ से 'ति' में स्थित 'त्' के स्थान पर 'ण्' की प्राप्ति; १-१७८ से 'म्' का लोप होकर शेष रहे हुए स्वर 'उ' पर अनुनासिक की प्राप्ति; २-७७ से 'क्त' में स्थित हलन्त 'क्' का लोप; १-१७७ से अंतिम 'क्' का लोप १-१८ से अंतिम 'क' के लोप होने के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *अणिउंतयं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(अतिमुक्तकम् =) अइमुंतयं में सूत्र-संख्या १-१७७ से 'ति' में स्थित 'त्' का लोप; १-२६ से 'मु' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति २-७७ से 'क्त' में स्थित 'क्' का लोप १-१७७ से अंतिम 'क' का लोप १-१८ से लोप हुए 'क' के पश्चात शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति और शेष साधनिका की प्राप्ति प्रथम रूप के समान ही ३-५ और १-२३ से होकर द्वितीय रूप *'अइमुंतयं'* सिद्ध हो जाता है।

तृतीय रूप-(अतिमुक्तकम् =) अइमुत्तयं में सूत्र-संख्या १-१७७ से 'ति' में स्थित 'त्' का लोप; २-७७ से 'क्त' में स्थित 'क्' का लोप २-८९ से लोप हुए 'क्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति १-१७७ से अंतिम 'क' का लोप; १-१८ से लोप हुए 'क' के पश्चात शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति और शेष साधनिका की प्राप्ति प्रथम रूप के समान ही ३-५ और १-२३ से होकर तृतीय रूप *अइमुत्तयं* सिद्ध हो जाता है।

देव-नाग-सुवर्ण संस्कृत वाक्यांश है। इसका प्राकृत रूप देवं-नाग-सुवण्ण होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६ से 'देव' में स्थित 'व' व्यञ्जन पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति; २-७९ से अंतिम संयुक्त व्यञ्जन 'र्ण' में स्थित रेफ रूप हलन्त 'र्' का लोप और २-८९ से लोप हुए 'र्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ण' को द्वित्व 'ण्ण' की प्राप्ति होकर प्राकृत-भाषा-अंश *'देवं-नाग-सुवण्ण'* सिद्ध हो जाता है। १-२६ ॥

क्त्वा-स्यादेर्ण-स्वोर्वा ॥ १-२७ ॥

क्त्वायाः स्यादीनां च यौ णसू तयोरनुस्वारोन्तो वा भवति ॥ क्त्वा ॥ काऊणं काउण काउआणं काउआण ॥ स्यादि । वच्छेणं वच्छेण । वच्छेसुं वच्छेसु ॥ णस्वोरितिकिम् । करिअ । अग्गिणो ॥

अर्थः—संस्कृत-भाषा में सबंध भूत कृदन्त के अर्थ मे क्रियाओं में 'क्त्वा' प्रत्यय की संयोजना होती है; इसी 'क्त्वा' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत-भाषा में सूत्र-संख्या–२-१४६ से 'तूण' और 'तुआण' अथवा 'ऊण' और 'उआण' प्रत्ययों की प्राप्ति का विधान है; तदनुसार इन प्राप्तव्य प्रत्ययों में स्थित अंतिम 'ण' व्यञ्जन पर वैकल्पिक रूप से अनुस्वार की प्राप्ति हुआ करती है। जैसे-कृत्वा=काऊणं अथवा काऊण, और काउआणं; अथवा काउआण इसी प्रकार से प्राकृत-भाषा में संज्ञाओं में तृतीया विभक्ति के एक वचन में, षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में तथा सप्तमी विभक्ति के बहुवचन में क्रम से 'ण' और 'सु' प्रत्यय की प्राप्ति का विधान है; तदनुसार इन प्राप्तव्य प्रत्ययों पर वैकल्पिक रूप से अनुस्वार की प्राप्ति होती है। जैसे-वृक्षेण = वच्छेणं अथवा वच्छेण; वृक्षाणाम् = वच्छाणं अथवा वच्छाण और वृक्षेषु=वच्छेसुं अथवा वच्छेसु; इत्यादि।

प्रश्न—प्राप्तव्य प्रत्यय 'ण' और 'सु' पर ही वैकल्पिक रूप से अनुस्वार की प्राप्ति होती है, ऐसा क्यों कहा गया है ?

उत्तर—प्राप्तव्य प्रत्यय ण' और 'सु' के अतिरिक्त यदि अन्य प्रत्यय रहे हुए हों उन पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति का कोई विधान नहीं है; तदनुसार अन्य प्रत्ययों के सम्बन्ध में आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति का अभाव ही समझना चाहिये। जैसे—कृत्वा = करिअ; यह उदाहरण सम्बन्ध भूत कृदन्त का होता हुआ भी इसमें 'ण' संयुक्त प्रत्यय का अभाव है; अतएव इसमें आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति का भी अभाव ही प्रदर्शित किया गया है। विभक्ति बोधक प्रत्यय का उदाहरण इस प्रकार है-अग्नयः =अथवा अग्नीन अग्गिणो, इस उदाहरण में प्रथमा अथवा द्वितीया के बहुवचन का प्रदर्शक प्रत्यय संयोजित है; परन्तु इस प्रत्यय में 'ण' अथवा 'सु' का अभाव है; तदनुसार इसमें आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति का भी अभाव ही प्रदर्शित किया गया है; यों 'ण' अथवा 'सु' के सद्भाव में ही इन पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति-वैकल्पिक रूप से हुआ करती है, यह तात्पर्य ही इस सूत्र का है।

कृत्वा संस्कृत कृदन्त रूप है, इसके प्राकृत रूप काऊणं काऊण, काउआणं, काउआण और करिअ होते है। इन में से प्रथम चार रूपों में सूत्र संख्या-४–२१४ से मूल संस्कृत धातु 'कृ' के स्थान पर प्राकृत में 'का' की प्राप्ति; २-१४६ से कृदन्त अर्थ में संस्कृत प्रत्यय 'त्वा' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'तूण' और 'तूआण' के क्रमिक स्थानीय रूप 'ऊण' और 'ऊआण' प्रत्ययो की प्राप्ति, १-२७ से प्राप्त प्रत्यय 'ऊण' और 'ऊआण' में स्थित अन्त्य व्यञ्जन 'ण' पर वैकल्पिक रूप से आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति होकर क्रम से चारो रूप-*काऊणं*, *काऊण*, *काऊआणं*, और *काऊआण* सिद्ध हो जाते है।

पांचवें रूप (कृत्वा =) करिअ में सूत्र-संख्या-४ २१४ से मूल संस्कृत धातु 'कृ' में स्थित 'ऋ' के स्थान पर 'अर' आदेश की प्राप्ति ४ २३९ से प्राप्त हलन्त धातु 'कर्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति; १ १५७ से प्राप्त विकरण प्रत्यय 'अ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति; २ १४६ से संबंध भूत कृदन्त सूचक प्रत्यय 'क्त्वा' के स्थान पर प्राकृत में 'अत्' प्रत्यय की प्राप्ति और १ ११ से प्राप्त प्रत्यय 'अत्' के अन्त में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'त्' का लोप होकर *करिअ* रूप सिद्ध हो जाता है ।

वृक्षेण संस्कृत रूप है । इसके प्राकृत रूप वच्छेणं और वच्छेण होते हैं । इसमें सूत्र-संख्या- १ १२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति २-३ से 'क्ष' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'छ' को द्वित्व 'छ्छ' की प्राप्ति; २ ९० से प्राप्त पूर्व 'छ्' के स्थान पर 'च्' की प्राप्ति ३-६ से तृतीया विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृत प्रत्यय 'टा = आ' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति ३-१४ से प्राप्त प्रत्यय 'ण' के पूर्वस्थ 'वच्छ' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति और १ २७ से प्राप्त प्रत्यय 'ण' पर वैकल्पिक रूप से अनुस्वार की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप वच्छेणं और वच्छेण सिद्ध हो जाते हैं ।

अव्ययेषु उत्खातादिषु च शब्देषु आदेराकारस्य अद् वा भवति ॥ अव्ययम् । जह जहा । तह तहा । अहव अहवा । व वा । ह हा । इत्यादि ॥ उत्खातादि । उक्खयं उक्खायं । चमरो चामरो । कलओ कालओ ठविओ ठाविओ । परिट्ठविओ परिट्ठाविओ । संठविओ संठाविओ । पययं पाययं । तलवेण्टं तालवेण्टं । तल वोण्ट ताल वोण्ट । हलिओ हालिओ । नराओ नाराओ । वलया वलाया । कुमरो कुमारो । खइरं खाइरं ॥ उत्खात । चामर । कालक । स्थापित । प्राकृत । ताल वृन्त । हालिका । नाराच । वलाका । कुमार । खादिर । इत्यादि ॥ केचिद् ब्राह्मण पूर्वाह्णयोर- पीच्छन्ति । बम्हणो बाम्हणो । पुव्वण्हो पुव्वाण्हो ॥ दवग्गी । दावग्गी ॥ चडू चाडू । इति शब्द-भेदात् सिद्धम् ॥

अर्थः-कुछ अव्ययों में और उत्खात आदि शब्दो में आदि में रहे हुए 'आ' का विकल्प से 'अ' हुआ करता है। अव्ययों के दृष्टान्त इस प्रकार है-यथा=जह और जहा। तथा=तह और तहा। अथवा=अहव और अहवा। वा=व और वा। हा=ह और हा ॥ इत्यादि।

उत्खात आदि के उदाहरण इस प्रकार है-

उत्खातम्=उक्खय और उक्खायं। चामर=चमरो और चामरो। कालक=कलओ और कालओ। स्थापित=ठविओ और ठाविओ। प्रति स्थापित=परिट्ठविओ और परिट्ठाविओ। सस्थापित=सठविओ और सठाविओ। प्राकृतम्=पयय और पायय।

तालवृन्तम्=तलवेण्टं और तालवेण्ट। तलवोण्ट, तालवोण्ट। हालिक=हलिओ और हालिओ। नाराच=नराओ और नाराओ। बलाका=वलया और वलाया। कुमार=कुमरो और कुमारो। खादिरम्=खइर और खाइर ॥ इत्यादि रूप से जानना। कोई २ ब्राह्मण और पूर्वाण्ह शब्दों के आदि 'आ' का विकल्प से 'अ' होना मानते हैं। जैसे-ब्राह्मण=बम्हणो और बाम्हणो। पूर्वाण्ह=पुव्वण्हो और पुव्वाण्हो ॥ दवाग्नि-दावाग्नि दवग्गी और दावग्गी। चटु और चाटु=चडू और चाडू। अंतिम चार रूपों में-(दवग्गी से चाडू तक में)-भिन्न भिन्न शब्दों के आधार से परिवर्तन होता है, अत. इनमें यह सूत्र १-६७ नहीं लगाया जाना चाहिये। अर्थात् इनकी सिद्धि शब्द-भेद से-याने अलग अलग शब्दों से होती है। ऐसा जानना।

यथा संस्कृत अव्यय है। इसके प्राकृत रूप जह और जहा होते है। इनमें सूत्र संख्या १-२४५ से 'य' का 'ज', १-१८७ से 'थ' का 'ह'; १-६७ से 'आ' का विकल्प से 'अ' होकर जह और *जहा* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

तथा संस्कृत अव्यय है। इसके प्राकृत रूप तह और तहा होते है। इनमें सूत्र संख्या १-१८७ से 'थ' का 'ह', और १-६७ से 'आ' का विकल्प से 'अ' होकर *तह* और *तहा* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

अथवा संस्कृत अव्यय है। इसके प्राकृत रूप अहव और अहवा होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १ १८७ से 'थ का 'ह' और १ ६७ से 'आ' का विकल्प से 'अ' होकर *अहव* और *अहवा* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

वा संस्कृत अव्यय है। इसके प्राकृत रूप व और वा होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १ ६७ से 'आ' का विकल्प से 'अ' होकर 'व' और 'वा' रूप सिद्ध हो जाते हैं।

हा संस्कृत अव्यय है। इसके प्राकृत रूप ह और हा होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १ ६७ से 'आ' का विकल्प से 'अ' होकर 'ह' और 'हा' रूप सिद्ध हो जाते हैं।

उत्खातम् संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप उक्खयं और उक्खायं होते हैं। इनमें सूत्र संख्या-२-७७ से आदि 'त्' का लोप २-८९ से 'ख' का द्वित्व 'ख्ख'; २ ९० से प्राप्त पूर्व 'ख्' का 'क'; १ ६७ से 'आ' का विकल्प से 'अ' १ १७७ से द्वितीय 'त्' का लोप; १ १८० से 'त्' के 'अ' का 'य'; ३ २५ से प्रथमा के एक वचन म नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति १ २३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से *उक्खयं* और *उक्खायं* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

चामरः संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप चमरो और चामरो होते हैं। इनमें सूत्र संख्या-१ ६७ से आदि 'आ' का विकल्प से 'अ'; और ३ २ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर क्रम से *चमरो* और *चामरो* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

कालकः संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप कलओ और कालओ होते हैं। इनमें सूत्र संख्या-१ ६७ से आदि 'आ' का विकल्प से 'अ'; १ १७७ से 'क्' का लोप; और ३ २ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर क्रम से *कलओ* और *कालओ* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

स्थापितः संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप ठविओ और ठाविओ होते हैं। इन में सूत्र संख्या-४ १६ से 'स्था' का 'ठा' १ ६७ से प्राप्त 'ठा' के 'आ' का विकल्प से "अ"; १ २३१ से 'प' का "व" १ १७७ से 'त्' का लोप; ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर क्रमसे *ठविओ* और *ठाविओ* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

प्रतिस्थापितः संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप परिट्ठविओ और परिट्ठाविओ होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या-१ ३८ से "प्रति" के स्थान पर "परि" ४ १६ से "स्था" का "ठा"; २-८९ से "प्राप्त ठ को द्वित्व 'ठ्ठ' २ ९० से प्राप्त पूर्व 'ठ्' का 'ट्' १ २३१ से "प" का "व"; १ ६७ से प्राप्त "ठा" के 'आ' का विकल्प से 'अ'; १ १७७ से 'त्' का लोप; ३ २ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में "सि" प्रत्यय के स्थान पर 'ओ" होकर *परिट्ठविओ* और *परिट्ठाविओ* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

संस्थापितः संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप संठविओ और संठाविओ होते हैं; इनमें सूत्र-संख्या ४ १६ से "स्था" का "ठा"; १ ६७ से प्राप्त 'ठा" के 'आ' का विकल्प से 'अ'; १ २३१ से "प" का "व"

१-१७७ से "त्" का लोप; और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में "सि" प्रत्यय के स्थान पर "ओ" होकर क्रम से *सठविओ* और *संठाविओ* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

प्राकृतम् संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप पययं और पाययं होते हैं। इनमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, १-६७ से 'पा' के 'आ' का विकल्प से 'अ', १-१२६ से 'ऋ' का 'अ', १-१७७ से 'क्' और 'त्' का लोप, १-१८० से 'क्' और 'त्' के शेष दोनों 'अ' को क्रम से 'य' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से *पययं* और *पाययं* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

तालवृन्तम् संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप तलवेण्टं, तालवेण्टं, तलवोण्टं और तालवोण्टं होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-६७ से आदि 'आ' का विकल्प से 'अ', १-१३९ से 'ऋ' का 'ए' और 'ओ' क्रम से, २-३१ से 'न्त' का 'ण्ट', ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म' प्रत्यय की प्राप्ति; और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से *तलवेण्टं, तालवेण्टं, तलवोण्टं* और *तालवोण्टं* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

हालिकः संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप हलिओ और हालिओ होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-६७ से आदि 'आ' का विकल्प से 'अ', १-१७७ से 'क्' का लोप, ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर क्रम से *हलिओ* और *हालिओ* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

नाराचः संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप नराओ और नाराओ होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-६७ से आदि 'आ' का विकल्प से 'अ', १-१७७ से 'च्' का लोप, और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर क्रम से *नराओ* और *नाराओ* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

बलाका संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप बलया और बलाया होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-६७ से आदि 'आ' का विकल्प से 'अ', १-१७७ से 'क्' का लोप, १-१८० से शेष-'अ' का 'य', और सिद्ध-हेम व्याकरण के २-४-१८ से आकारान्त स्त्रीलिंग में प्रथमा के एक वचन में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'आ' होकर क्रम से *बलया* और *बलाया* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

कुमारः संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप कुमरो और कुमारो होते हैं। इन में सूत्र-संख्या १-६७ से 'आ' का विकल्प से 'अ', और ३-२ से पुल्लिंग में प्रथमा के एक वचन में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से *कुमरो* और *कुमारो* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

खादिरम् संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप खइरं और खाइरं होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या-१-६७ से आदि 'आ' का विकल्प से 'अ', १-१७७ से 'द्' का लोप; ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से *खइरं* और *खाइरं* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

ब्राह्मण्य संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप बम्हणो और बाम्हणो होते है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप; २-७४ से 'ह्म' का 'म्ह'; १-६७ से आदि 'आ' का विकल्प से 'अ' और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से बम्हणो और बाम्हणो रूप सिद्ध हो जाते हैं।

पूर्वाह्ण संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप पुव्वण्हो और पुव्वाण्हो होते हैं। इसमें सूत्र-संख्या-२-७९ से 'र्' का लोप; २-८९ से 'व' का द्वित्व 'व्व'; १-८४ से दीर्घ 'ऊ' का ह्रस्व 'उ'; १-६७ से आदि 'आ' का विकल्प से 'अ'; २-७५ से 'ह्ण' का 'ण्ह'; और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से *पुव्वण्हो* और *पुव्वाण्हो* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

दवाग्नि संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप दवग्गी होता है। इसमें सूत्र संख्या-२-७८ से 'न्' का लोप; २-८९ से 'ग' का द्वित्व 'ग्ग'; १-८४ से 'वा' के 'आ' का 'अ'; ३-१९ से पुल्लिंग में प्रथमा के एक वचन में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' का दीर्घ स्वर 'ई' होकर *दवग्गी* रूप सिद्ध हो जाता है।

दावाग्नि संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप दावग्गी होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७८ से 'न्' का लोप; २-८९ से 'ग्' का द्वित्व 'ग्ग'; १-८४ से 'वा' के 'आ' का 'अ'; ३-१९ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ह्रस्व स्वर इ' का दीर्घ स्वर 'ई' होकर *दावग्गी* रूप सिद्ध हो जाता है।

चटु संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप चडू होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१९५ से 'ट' का 'ड'; और ३-१९ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' का दीर्घ स्वर 'ऊ' होकर चडू रूप सिद्ध हो जाता है।

चाटु संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप चाडू होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१९५ से 'ट' का 'ड' और ३-१९ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' का दीर्घ स्वर 'ऊ' होकर चाडू रूप सिद्ध हो जाता है।

घञ् वृद्धेर्वा ॥ १-६८ ॥

घञ् निमित्तो यो वृद्धि रूप आकारस्तस्यादिभूतस्य अद् वा भवति ॥ पवहो पवाहो । पहरो पहारो । पयरो पयारो । प्रकारः प्रचारो वा । पत्थवो पत्थावो ॥ क्वचिन्न भवति । राग: रागो ॥

अर्थ—घञ् प्रत्यय के कारण से वृद्धि प्राप्त आदि 'आ' का विकल्प से 'अ' होता है। जैसे—प्रवाह = पवहो और पवाहो ॥ प्रहारः=पहरो और पहारो ॥ प्रकारः अथवा प्रचारः=पयरो और पयारो ॥ प्रस्ताव = पत्थवो और पत्थावो ॥ कहीं कहीं पर 'आ' का 'अ' नहीं भी होता है। जैसे—राग = रागो

प्रवाहः संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप पवहो और पवाहो होते हैं। इनमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, १-६८ से 'आ' का विकल्प से 'अ', और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर क्रम से *पवहो* और *पवाहो* रूप सिद्ध हो जाते है।

प्रहारः संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप पहरो और पहारो होते हैं। इनमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप; १-६८ से 'आ' का विकल्प से 'अ', और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' होकर क्रम से *पहरो* और *पहारो* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

प्रकारः संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप पयरो और पयारो होते हैं। इन में सूत्र संख्या-२-७९ से 'र्' का लोप, १-१७७ से 'क्' का लोप, १-१८० से शेष 'अ' का 'य'; १-६८ से 'आ' का विकल्प से 'अ', ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर क्रम से *पयरो* और *पयारो* सिद्ध हो जाते हैं। *प्रचारः* के प्राकृत रूप पयरो और पयारो की सिद्धि ऊपर लिखित 'प्रकार' शब्द की सिद्धि के समान ही जानना।

प्रस्तावः संस्कृत शब्द हैं। इसके प्राकृत रूप पत्थवो और पत्थावो होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या-२-७९ से 'र्' का लोप, २-४५ से 'स्त' का 'थ', २-८९ से प्राप्त 'थ' का द्वित्व 'थ्थ', २-९० से प्राप्त पूर्व 'थ्' का 'त्'; १-६८ से 'आ' का 'अ', और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर क्रम से पत्थवो और *पत्थावो* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

रागः संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप राओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या- -१७७ से 'ग्' का लोप; और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर *'राओ'* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ ६८ ॥

महाराष्ट्रे ॥ १-६९ ॥

महाराष्ट्र शब्दे आदेराकारस्य अद् भवति ॥ मरहट्ठं । मरहट्ठो ॥

अर्थः महाराष्ट्र शब्द में आदि 'आ' का 'अ' होता है। जैसे–महाराष्ट्रम् = मरहट्ठं । महाराष्ट्र = मरहट्ठो ॥

महाराष्ट्रम् संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप मरहट्ठं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-६९ से आदि 'आ' का 'अ', १-८४ से 'रा' के 'आ' का 'अ', २-७९ से 'ट्र' के 'र्' का लोप, २-३४ से 'ष्ट' का 'ठ', २-८९ से प्राप्त 'ठ' का द्वित्व 'ठ्ठ', २-९० से प्राप्त पूर्व 'ठ्' का 'ट्', २-११९ से 'ह' और 'र' वर्णों का व्यत्यय ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *मरहट्ठं* रूप सिद्ध हो जाता है।

सांसिद्धिक: संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप संसिद्धिओ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-७० से आदि 'आ' का 'अ', १-१७७ से 'क्' का लोप, और ३-२ से प्रथमा के एकवचन में पुंल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर *संसिद्धिओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

सांयात्रिक: संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप संजत्तिओ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-७० से आदि 'आ' का 'अ', १-२४५ से 'य' का 'ज', १-८४ से द्वितीय 'आ' का 'अ', २-७९ से 'र्' का लोप; २-८९ से शेष 'त' का द्वित्व 'त्त', १-१७७ से 'क्' का लोप, और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुंल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर *संजत्तिओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

मास और पासू शब्दों की सिद्धि भी १-२९ में की गई है ।७०॥

श्यामाके मः ॥ १-७१

श्यामाके मस्य आतः अद् भवति ॥ सामओ ॥

अर्थ:—श्यामाक में 'मा' के 'आ' का 'अ' होता है। जैसे श्यामाक = सामओ ॥

श्यामाक: संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप सामओ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२६० से 'श्' का 'स'; २-७८ से 'य' का लोप, १-७१ से 'मा' के 'आ' का 'अ', १-१७७ से 'क्' का लोप, और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुंल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर *सामओ* रूप सिद्ध हो जाता है ॥ ७१ ॥

इः सदादौ वा ॥ १-७२ ॥

सदादिषु शब्देषु आत इत्वं वा भवति ॥ सइ सया। निसिअरो निसा-अरो। कुप्पिसो कुप्पासो ॥

अर्थ:—सदा आदि शब्दों में 'आ' की 'इ' विकल्प से होती है। जैसे—सदा = सइ और सया। निशाचर = निसिअरो और निसाअरो।। कूर्पास् = कुप्पिसो और कुप्पासो ॥

सदा संस्कृत अव्यय है। इसके प्राकृत रूप सइ और सया होते हैं। इनमें सूत्र संख्या—१-१७७ से 'द' का लोप, और १-७२ से शेष 'आ' की 'इ' विकल्प से होकर 'सइ' रूप सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में—१-१७७ से 'द' का लोप, और १-१८० शेष 'अ' अर्थात् आ का 'या' होकर *सया* रूप सिद्ध हो जाता है।

निसिअरो और निसाअरो शब्दों की सिद्धि १-८ में की गई है।

कूर्पास—संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप कुप्पिसो और कुप्पासो होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या—१-८४ से 'कू' के 'ऊ' का 'उ', २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से 'प' का द्वित्व 'प्प', १-७२ से 'आ' की विकल्प से 'इ', और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुंल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर कुप्पिसो *कुप्पासो* रूप सिद्ध हो जाते हैं ॥७२॥

आचार्ये चोच्च ॥ १ ७३ ॥

आचार्य शब्दे चस्य आत इत्वम् अत्वं च भवति ॥ आइरिओ, आयरिओ ॥

अर्थ—आचार्य शब्द में 'चा' के 'आ' की 'इ' और 'अ' होता है। जैसे आचार्य = आइरिओ और आयरिओ ॥

आचार्य—संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप आइरिओ और आयरिओ होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-७३ से 'चा' के 'आ' की 'इ' और 'अ', २ १०७ से 'य' के पूर्व में 'इ' का आगम होकर 'रिय' रूप १-१७७ से 'च' और 'य्' का लोप; द्वितीय रूप में १-१८० से प्राप्त 'च' के 'अ' का 'य्' और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थानपर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *आइरिओ* और *आयरिओ* रूप सिद्ध हो जाते हैं। ॥ ७३ ॥

ई स्त्यान-खल्वाटे ॥ १-७४ ॥

स्त्यान खल्वाटयोरादेरात ईर्भवति॥ ठीणं। थीणं। थिण्णं ॥ खल्लीडो ॥ संखायं इति तु सम स्त्य खा (४ १५) इति खादेशे सिद्धम् ॥

अर्थ—स्त्यान और खल्वाट शब्दों के आदि 'आ' की 'ई' होती है। जैसे-स्त्यानम् = ठीणं थीणं थिण्णं ॥ खल्वाटः = खल्लीडो ॥ संखायं-ऐसा प्रयोग तो सम् उपसर्ग के बाद में आने वाली स्त्यै धातु के स्थान पर (४-१५) से होने वाले 'खा' आदेश से सिद्ध होता है।

स्त्यानम् संस्कृत विशेषण है। इसके प्राकृत रूप ठीणं थीणं और थिण्णं होते हैं। इन में सूत्र-संख्या-२-७७ से 'स' का लोप' २ ३३ से 'स्त' का 'ठ' १-७४ से 'आ' की 'ई', १-२२८ से 'न' का 'ण', यों ठीण हुआ। द्वितीय रूप में 'स्त' का २ ४५ से 'थ' यों थीण हुआ। तृतीय रूप में २-९९ से प्राप्त 'ण' का द्वित्व 'ण्ण' और १-८४ से 'थी' के 'ई' की ह्रस्व 'इ' यों थिण्ण" हुआ। बाद में ३ २५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति' और १-२३ से 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से *ठीणं* *थीणं* और *थिण्णं* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

खल्वाट संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप खल्लीडो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १ १७७ से व् का लोप २-८९ से 'ल' का द्वित्व ल्ल १-७४ से 'आ' की ई १ १९५ से 'ट' का 'ड' और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' होकर *खल्लीडो* रूप सिद्ध हो जाता है।

संस्त्यानम् संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप संखायं होता है। इसमें सूत्र-संख्या ४ १५ से स्त्या के स्थान पर 'खा' का आदेश २-७८ से 'न्' का लोप' १ १८० से शेष 'अ' का 'य' ३-२५ से

प्रथमा के एक वचन मे नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त म्' का अनुस्वार होकर *संखायं* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ ७४ ॥

उः सास्ना-स्तावके ॥ १-७५ ॥

अनयोरादेरात उत्वं भवति ॥ सुण्हा । थुवओ ॥

अर्थः-सास्ना और स्तावक शब्दो में आदि 'आ' का 'उ' होता है। जैसे-सास्ना = सुण्हा। स्तावक = थुवओ।

सास्नाः सस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप सुण्हा होता है। इसमे सूत्र-संख्या-२-७५ से 'स्ना' का 'ण्हा', १-७५ से आदि आ' का 'उ', सिद्ध हेम व्याकरण के २-४-१८ से स्त्रीलिंग आकारान्त शब्दों में प्रथमा के एक वचन में 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सुण्हा* रूप सिद्ध हो जाता है।

स्तावकः सस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप थुवओ होता। इसमें सूत्र-सख्या-२-४५ से 'स्त' का 'थ', १-७५ से अदि 'आ' का 'उ', १-१७७ से 'क्' का लोप, और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *थुवओ* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ ७५ ॥

ऊद्वासारे ॥ १-७६ ॥

आसार शब्दे आदेरात ऊद् वा भवति। ऊसारो । आसारो ॥

अर्थः-आसार शब्द में आदि 'आ' का विकल्प से 'ऊ' होता है। जैसे-आसार = ऊसारो और आसारो ॥

आसारः संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप ऊसारो और आसारो होते है। इनमें सूत्र सख्या १ ७६ से आदि 'आ' का विकल्प से 'ऊ', और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' होकर क्रम से *ऊसारो* और *आसारो* रूप सिद्ध हो जाते है ॥ ७६ ॥

आर्यायां र्यः श्वश्र्वाम् ॥१-७७ ॥

आर्या शब्दे श्वश्र्वां वाच्यायां र्यस्यात ऊर्भवति ॥ अज्जू ॥ श्वश्र्वामिति किम् । अज्जा ॥

अर्थः-आर्या शब्द का अर्थ जब 'सासु' होवे तो आर्या के 'र्या' के 'आ' का 'ऊ' होता है। जैसे-आर्या = अज्जू-(सासु)। श्वश्रु-याने सासु ऐसा क्यों कहा गया है ? उत्तर-जब आर्या का अर्थ सासु नहीं होगा, तब 'र्या' के 'आ' का 'ऊ' नहीं होगा। जैसे-आर्या = अज्जा ॥ (साध्वी)।

द्वेरं रूप सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में-२-११२ से विकल्प से 'द्' मे उ' का 'आगम'; १-१७७ से 'व्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *दुआरं* सिद्ध हो जाता है। तृतीय रूप में-१-१७७ से 'व्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा के एक वचन मे नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *दारं* सिद्ध हो जाता है। चतुर्थ रूप मे-२-७७ से 'द्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा के एक वचन मे नपुंसक लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर '*वारं*' सिद्ध हो जाता है।

नैरयिकः संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप नेरइओ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१४८ से 'ऐ' का 'ए' १-१७७ से 'य्' और 'क' का लोप, ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग मे सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर *नेरइओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

नारकिकः संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप नारइओ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से दोनों 'क' का लोप, ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर *नारइओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

पश्चात कर्म संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप पच्छे कम्मं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-२१ से 'श्च' का 'छ', २-८९ से प्राप्त 'छ' का द्वित्व 'छ्छ', २-९० से प्राप्त पूर्व 'छ्' का 'च्' १-७९ की वृत्ति से 'आ' का 'ए', १-११ से 'त्' का लोप, २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से 'म' का द्वित्व 'म्म' ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *पच्छे कम्मं* रूप सिद्ध हो जाता है।

असहाय्य संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप असहेज्ज होता है। इसमें सूत्र संख्या—१-७९ की वृत्ति से 'आ' का 'ए', २-२४ से 'य्य' का 'ज' २-८९ से प्राप्त 'ज' का द्वित्व 'ज्ज', यों *असहेज्ज* रूप सिद्ध हो जाता है।

देवासुरी का संस्कृत और प्राकृत रूप सामान ही होता है॥ ७९॥

पारापते रो वा ॥ १-८० ॥

पारापत शब्दे रस्थस्यात एद् वा भवति ॥ पारेवओ पारावओ ॥

अर्थ—पारापत शब्द में 'र' में रहे हुए 'आ' का विकल्प से 'ए' होता है। जैसे-पारापत=पारेवओ और पारावओ॥ *पारापतः* संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप पारेवओ और पारावओ होते हैं। इनमें सूत्र संख्या-१-८० से 'रा' के 'आ' को विकल्प से 'ए', १-२३१ से 'प' का 'व', १-१७७ से 'त्' का

आर्या–संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप अज्जू होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-७७ से 'र्या' के 'आ' का 'ऊ', २-२४ से 'र्य' का 'ज', २-८६ से प्राप्त 'ज' का द्वित्व 'ज्ज', १-८४ से आदि 'आ' का 'अ', ३-१९ से स्त्रीलिंग में प्रथमा के एक वचन में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य स्वर की दीर्घता होकर अर्थात् 'ऊ' का 'ऊ' ही रहकर अज्जू रूप सिद्ध हो जाता है।

आर्या संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप अज्जा होता है। इसमें सूत्र संख्या २-२४ से 'र्य' का 'ज', २-८६ से प्राप्त 'ज' का द्वित्व 'ज्ज', १-८४ से आदि 'आ' का 'अ', सिद्ध हेम व्याकरण के २-४-१८ के अनुसार स्त्रीलिंग में प्रथमा के एक वचन में आकारान्त शब्द में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर अज्जा रूप सिद्ध हो जाता है॥ ७७॥

एद् ग्राह्ये ॥ १–७८ ॥

ग्राह्य शब्दे आदेरात् एद् भवति॥ गेज्झं।

अर्थ–ग्राह्य शब्द में आदि 'आ' का 'ए' होता है। जैसे–ग्राह्यम्=गेज्झं।
ग्राह्यम् संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप गेज्झं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप; १-७८ से आदि 'आ' का 'ए'; २-२६ से 'ह्य' का 'झ'; २-८९ से प्राप्त 'झ' का द्वित्व 'झ्झ'; २-९० से प्राप्त पूर्व 'झ्' का 'ज्'; ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर गेज्झं रूप सिद्ध हो जाता है॥ ७८॥

द्वारे वा ॥ १–७९ ॥

द्वार शब्दे आत एद् वा भवति॥ देरं। पक्षे। दुआरं दारं वारं॥ कथं नेरइओ नारइओ। नैरयिक नारयिक शब्दयो र्भविष्यति॥ आर्षे अन्यत्रापि। पच्छेकम्मं। असहेज्ज देवासुरी॥

अर्थ–द्वार शब्द में 'आ' का 'ए' विकल्प से होता है। जैसे–द्वारम्=देरं। पक्ष में–दुआरं दारं और वारं जानना। नेरइओ और नारइओ कैसे बने हैं? उत्तर 'नैरयिक' ऐसे मूल संस्कृत शब्द से नेरइओ बनता है और 'नारयिक' ऐसे मूल संस्कृत शब्द से 'नारइओ' बनता है। आर्ष प्राकृत में अन्य शब्दों में भी 'आ' का 'ए' देखा जाता है। जैसे—पश्चात् कर्म=पच्छेकम्मं। यहां पर 'चा' के 'आ' का 'ए' हुआ है। इसी प्रकार से असहाय्य देवासुरी=असहेज्ज देवासुरी। यहां पर 'हा' के 'आ' का 'ए' देखा जाता है।

द्वारम्–संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप देरं, दुआरं, दारं और वारं होते हैं। इन में सूत्र-संख्या १-१७७ से 'द्' का लोप; १-७९ से 'आ' का 'ए'; ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर

दैरं रूप सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप मे-२-११२ से विकल्प से 'द्' में उ' का 'आगम'; १-१७७ से 'व्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति; और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *दुआरं* सिद्ध हो जाता है। तृतीय रूप मे-१-१७७ से 'व्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा के एक वचन मे नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *दारं* सिद्ध हो जाता है। चतुर्थ रूप में-२-७७ से 'द्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंमक लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर '*वारं*' सिद्ध हो जाता है।

नैरयिकः सस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप नेरइओ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१४८ से 'ऐ' का 'ए' १-१७७ से 'य्' और 'क' का लोप, ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिग मे सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर *नेरइओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

नारकिकः सस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप नारइओ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से दोनों 'क' का लोप, ३-२५ से प्रथमा के एक वचन मे पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर *नारइओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

पश्चात कर्म सस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप पच्छे कम्मं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-२१ से 'श्च' का 'छ', २-८६ से प्राप्त 'छ' का द्वित्व 'छ्छ', २-९० से प्राप्त पूर्व 'छ्' का 'च्' १-७६ की वृत्ति से 'आ' का 'ए', १-११ से 'त्' का लोप, २-७६ से 'र्' का लोप, २-८६ से 'म' का द्वित्व 'म्म' ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपु सक लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *पच्छे कम्मं* रूप सिद्ध हो जाता है।

असहाय्य संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप असहेज्ज होता है। इसमें सूत्र सख्या—१-७६ की वृति से 'आ' का 'ए', २-२४ से 'य्य' का 'ज' २-८६ से प्राप्त ज' का द्वित्व 'ज्ज', यों *असहेज्ज* रूप सिद्ध हो जाता है।

देवासुरी का सस्कृत और प्राकृत रूप सामान ही होता है॥ ७६॥

पारापते रो वा ॥ १-८०॥

पारापत शब्दे रस्थस्यात एद् वा भवति ॥ पारेवओ पारावओ ॥

अर्थ—पारापत शब्द में 'र' में रहे हुए 'आ' का विकल्प से 'ए' होता है। जैसे-पारापत =पारेवओ और पारावओ॥ *पारापतः* संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप पारेवओ और पारावओ होते हैं। इनमें सूत्र सख्या-१-८० से 'रा' के 'आ' को विकल्प से 'ए', १-२३१ से 'प' का 'व', १-१७७ से 'त्' का

लोप; ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से *पारेवओ* और *पारावओ* रूप सिद्ध हो जाते हैं ॥ ८० ॥

मात्रटि वा ॥ १-८१ ॥

मात्रट्प्रत्यये आत एद् वा भवति ॥ एत्तिअमेत्तं । एत्तिअमत्तं ॥ बहुलाधिकारात् क्वचिन्मात्रशब्दे पि । भोअण-मेत्तं ॥

अर्थ—मात्रट् प्रत्यय के 'मा' में रहे हुए 'आ' का विकल्प से 'ए' होता है। जैसे-एतावन्-मात्रं =एत्तिअमेत्त और एत्तिअमत्त ॥ बहुलाधिकार से कभी कभी 'मात्र' शब्द में भी 'आ' का 'ए' देखा जाता है। जैसे-भोजन-मात्रम् भोअण-मेत्त ॥

एतावन्-मात्रम् संस्कृत विशेषण है। इसके प्राकृत रूप एत्तिअमेत्त और एत्तिअमत्त होते हैं। इनमें सूत्र संख्या-२ १५७ से एतावन् के स्थान पर 'एत्तिअ' आदेश २-७९ से 'र्' का लोप; २-८९ से शेष 'त' का द्वित्व 'त्त', १-८१ से 'मा' में रहे हुए 'आ' का विकल्प से 'ए'; द्वितीय रूप में-१-८४ से 'मा' के 'आ' का 'अ', ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' की प्राप्ति और १ २३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *एत्तिअमेत्तं* और *एत्तिअमत्तं* दोनों रूप सिद्ध हो जाते हैं।

भोजन-मात्रम् संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप भोअण-मेत्त होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १७७ से 'ज्' का लोप १-२२८ से 'न' का 'ण' १-८१ की वृत्ति से 'आ' का 'ए' २-७९ से 'र्' का लोप २-८९ से शेष 'त' का द्वित्व 'त्त', और ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *भोअण-मेत्तं* रूप सिद्ध हो जाता है ॥ ८१ ॥

उदोद्वार्द्रे ॥ १-८२ ॥

आर्द्र शब्दे आदेरात उद् ओच्च वा भवतः ॥ उल्लं । ओल्लं ॥ पक्षे । अल्लं । अद्दं ॥ बाह-सलिल-पवहेण उल्लेइ ॥

अर्थ—आर्द्र शब्द में रहे हुए 'आ' का 'उ' और 'ओ' विकल्प से होते हैं। जैसे-आर्द्रम्=उल्लं ओल्लं पक्ष में अल्लं और अद्दं ॥ बाष्प-सलिल-प्रवाहेण आर्द्रयति=बाह-सलिल-पवहेण उल्लेइ। अर्थात् अश्रुरूप जल के प्रवाह से गीला करता है।

आर्द्रम् संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप उल्लं ओल्लं, अल्लं और अद्द होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-८२ से आदि 'आ' का विकल्पसे 'उ' और 'ओ' २-७९ से प्रथम 'र्' का लोप २-७७ से 'द्' का लोप १ २५४ से शेष 'र' का 'ल' २-८९ से प्राप्त 'ल' का द्वित्व 'ल्ल', ३-२५ से प्रथमा के एक

वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थानपर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से उल्लं और ओल्लं रूप सिद्ध हो जाते हैं। तृतीय रूप में १-८४ से 'आ' का 'अ', और शेप साधनिका ऊपर के समान ही जानना। यो अल्लं रूप सिद्ध हो जाता है।

आर्द्रम्: संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप अद्दं होता है। इसमें सूत्र-संख्या-१-८४ से 'आ' का 'अ', २-७९ से दोनों 'र्' का लोप, २-८९ शेप 'द' का द्वित्व 'द्द'; ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' अनुस्वार होकर द्द रूप सिद्ध हो जाता है।

बाष्पः संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप 'बाह' होता है। इसमें सूत्र-संख्या-२-७० से 'ष्प' का 'ह' होकर *बाह* रूप सिद्ध हो जाता है।

सलिलः संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप *सलिल* ही होता है।

प्रवाहेन संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप पवहेण होता है। इसमें सूत्र-संख्या-२-७९ से 'र्' का लोप, १-६८ से 'आ' का 'अ'; ३-६ से तृतीया विभक्ति के पुल्लिंग में एक वचन के प्रत्यय 'टा' के स्थान पर 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति, और ३-१४ से 'ण' प्रत्यय के पूव में रहे हुए 'ह' के 'अ' का 'ए' होकर *पवहेण* रूप सिद्ध हो जाता है।

आर्द्रयति: संस्कृत अकर्मक क्रिया पद है, इसका प्राकृत रूप 'उल्लेइ' होता है। इसमें सूत्र-संख्या-१-८२ से 'आ' का 'उ'; २-७७ से 'द्' का लोप, १-२५४ से 'र' का 'ल', २-८९ से प्राप्त 'ल' का द्वित्व 'ल्ल', १-१७७ से 'य्' का लोप, ३-१५८ से शेष विकरण 'अ' का 'ए', ३-१३९ से वर्तमान काल में प्रथम पुरुष के एक वचन में 'ति' प्रत्यय के स्थान पर 'इ' प्रत्यय होकर उल्लेइ रूप सिद्ध हो जाता है ॥८२॥

ओदाल्यां पंक्तौ ॥ १-८३ ॥

आली शब्दे पङ्क्ति वाचिनि आत ओत्वं भवति ॥ ओली ॥ पङ्क्ताविति किम् । आली सखी ॥

अर्थः-'आली' शब्द का अर्थ जब पंक्ति हो, तो उस समय में आली के 'आ' का 'ओ' होता है। जैसे आली=(पक्ति-अर्थ में-) ओली। 'पङ्क्ति' ऐसा उल्लेख क्यों किया? उत्तर-जब 'आली' शब्द का अर्थ पक्तिवाचक नहीं होकर 'सखी' वाचक होता है, तब उसमें 'आ' का 'ओ' नहीं होता है। जैसे-आली=(सखी अर्थ में) आली ॥

आली संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप 'ओली' होता है। इसमें सूत्र-संख्या-१-८३ से 'आ' का 'ओ' होकर *ओली* रूप सिद्ध हो जाता है।

आली संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप आली ही होता है।

ह्रस्वः संयोगे ॥ १-८४ ॥

दीर्घस्य यथादर्शनं संयोगे परे ह्रस्वो भवति ॥ आत् । आम्रम् । अम्बं ॥ ताम्रम् । तम्बं ॥ विरहाग्निः । विरहग्गी ॥ आस्यम् । अस्सं ॥ ईत् । मुनीन्द्रः । मुणिन्दो ॥ तीर्थम् । तित्थं ॥ ऊत् । गुरूल्लापा गुरुल्लावा ॥ चूर्णः । चुण्णो ॥ एत् । नरेन्द्रः । नरिन्दो ॥ म्लेच्छः । मिलिच्छो ॥ दिट्ठिक्क- थण-वट्टं ॥ ओत् अधरोष्ठः । अहरुट्ठं ॥ नीलोत्पलम् । नीलुप्पलं ॥ संयोग इतिकिम् आयासं । ईसरो । ऊसवो ॥

अर्थ —दीर्घ स्वर के आगे यदि संयुक्त अक्षर हो तो उस दीर्घ स्वर का ह्रस्व स्वर हो जाया करता है। 'आ' स्वर के आगे संयुक्त अक्षर वाले शब्दों का उदाहरण जिनमें कि 'आ' का 'अ' हुआ है। उदाहरण इस प्रकार है— आम्रम्=अम्बं ॥ ताम्रम्=तम्बं ॥ विरहाग्निः=विरहग्गी ॥ आस्यम्=अस्सं ॥ इत्यादि ॥

'ई' स्वर के आगे संयुक्त अक्षर वाले शब्दों के उदाहरण जिनमें कि 'ई' की 'इ' हुई है। जैसे कि-मुनीन्द्र=मुणिन्दो ॥ तीर्थम्=तित्थं ॥ इत्यादि ॥ 'ऊ' स्वर के आगे संयुक्त अक्षर वाले शब्दों के उदाहरण जिनमें कि 'ऊ' का 'उ' हुआ है। जैसे कि-गुरूल्लापा=गुरुल्लावा ॥ चूर्ण=चुण्णो ॥ इत्यादि। 'ए' स्वर के आगे संयुक्त अक्षर वाले शब्दों के उदाहरण जिनमें कि 'ए' का 'इ' हुआ है। जैसे कि नरेन्द्र=नरिन्दो ॥ म्लेच्छ=मिलिच्छो ॥ दृष्टैक स्तन=द्रुकम् दिट्ठिक्क-थण-वट्ट ॥

'ओ' स्वर के आगे संयुक्त अक्षर वाले शब्दों के उदाहरण जिनमें कि 'ओ' का 'उ' हुआ है। जैसे कि—अधरोष्ठ=अहरुट्ठं ॥ नीलोत्पलम्=नीलुप्पलं ॥

संयोग अर्थात् 'संयुक्त अक्षर' ऐसा क्यों कहा गया है ? उत्तर—यदि दीर्घ स्वर के आगे संयुक्त अक्षर नहीं होगा तो उस दीर्घ स्वर का ह्रस्व स्वर नहीं होगा। जैसे-आकाशम्=आयासं। ईश्वर=ईसरो। और उत्सव=ऊसवो। वृत्ति में यथा दर्शनं शब्द लिखा हुआ है जिसका तात्पर्य यह है कि यदि शब्दों में दीर्घ का ह्रस्व किया हुआ देखा जावे तो ह्रस्व कर देना और यदि दीर्घ का ह्रस्व नहीं किया हुआ देखा जावे तो ह्रस्व नहीं करना जैसे-ईश्वरः=ईसरो और उत्सवः=ऊसवो। इनमें 'ई' और 'ऊ' दीर्घ है, किन्तु इन्हें ह्रस्व नहीं किया गया है।

आम्रम्-संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप अम्बं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-८४ से 'आ' का 'अ' २-५६ से 'र' का 'ब' ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर अम्बं रूप सिद्ध हो जाता है।

ताम्रम्:-संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप तम्ब्र होता है। इसमें सूत्र-संख्या-१-८४ से 'ता' के 'आ' का 'अ', २-५६ से 'म्र' का 'म्ब्र', ३-२५ से प्रथमा के एक वचन मे नपुंसकलिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *तम्ब्रं* रूप सिद्ध हो जाता है।

विरहाग्नि: संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप विरहग्गी होता है। इसमे सूत्र-संख्या-१-८४ से 'आ' का 'अ,' २-७८ से 'न' का लोप, २-८६ से 'ग' का द्वित्व 'ग्ग' और ३-१६ से प्रथमा के एक वचन में स्त्री लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर ह्रस्व स्वर दीर्घ होकर *विरहग्गी* रूप सिद्ध हो जाता है।

आस्यम्:-संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप अस्स होता है। इसमे सूत्र-संख्या-१-८४ से 'आ' का 'अ', २-७८ से 'य्' का लोप, २-८६ से 'स' का द्वित्व 'स्स', ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *अस्सं* रूप सिद्ध हो जाता है।

मुनीन्द्रः:-संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप मुणिन्दो होता है। इसमें सूत्र-संख्या-१-८४ से 'ई' की 'इ', १-२२८ से 'न' का 'ण', २-७९ से 'र्' का लोप, ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मुणिन्दो* रूप सिद्ध हो जाता है।

तीर्थम्:-संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप तित्थं होता है। इसमें सूत्र-संख्या-१-८४ से 'ई' की 'इ', २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से 'थ' का द्वित्व 'थ्थ', २-९० से प्राप्त 'थ्' का 'त्', ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *तित्थं* रूप सिद्ध हो जाता है।

गुरूल्लापाः:-संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप गुरुल्लावा होता है। इसमें सूत्र-संख्या-१-८४ से 'ऊ' का 'उ', १-२३१ से 'प' का 'व', ३-४ से प्रथमा के बहुवचन में पुल्लिग में 'जस्' प्रत्यय का लोप, ३-१२ से लुप्त 'जस्' के पूर्व में रहे हुए 'अ' का 'आ' होकर *गुरुल्लावा* रूप सिद्ध हो जाता है।

चूर्णः:-संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप चुण्णो होता है। इसमें सूत्र-संख्या-१-८४ से 'ऊ' का 'उ', २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से 'ण' का 'ण्ण', ३-२ से प्रथमा के एक वचन मे पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' होकर *चुण्णो* रूप सिद्ध हो जाता है।

नरेन्द्रः:-संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप नरिन्दो होता है। इसमें सूत्र-संख्या-१-८४ से 'ए' की 'इ', २-७९ से 'र्' का लोप, और ३-२ से प्रथमा के एक वचन मे पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *नरिन्दो* रूप सिद्ध हो जाता है।

म्लेच्छः:-संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप मिलिच्छो होता है। इस में सूत्र-संख्या-२-१०६ से 'ल' के पूर्व में याने 'म्' में 'इ' की प्राप्ति, १-८४ से 'ए' की 'इ', और ३-२ से प्रथमा के एक वचन

में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *निमिच्छो* रूप सिद्ध हो जाता है।

इष्टैक (इष्ट+एक) संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप दिट्ठिक्क होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१२८ से 'ऋ' की 'इ' २-३४ से 'ष्ट' का 'ठ' २-८९ से प्राप्त 'ठ' का द्वित्व 'ठ्ठ' २-९० से प्राप्त पूर्व 'ठ्' का 'ट्' १-८४ से 'ए' की 'इ' २-९९ से 'क' का द्वित्व 'क्क' १-१० से 'ठ' में रहे हुए 'अ' का लोप और 'ठ्' में 'इ' की संधि होकर *दिट्ठिक्क* रूप सिद्ध हो जाता है।

स्तन संस्कृत शब्द है, इसका प्राकृत रूप थण होता है। इसमें सूत्र संख्या-२-४५ से 'स्त' का 'थ' और १-२२८ से 'न' का 'ण' होकर 'थण' रूप सिद्ध हो जाता है।

वृत्तम् संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप वट्टं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१२६ से 'ऋ' का 'अ' २-२९ से 'त्त' का 'ट', २-८९ से शेष 'ट' का द्वित्व 'ट्ट' ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति; और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर वट्टं रूप सिद्ध हो जाता है।

अधरोष्ठ संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप अहरुट्ठं होता है। इसमें सूत्र संख्या-१-१८७ से 'ध' का 'ह' १-८४ से 'ओ' का 'उ' २-३४ 'ष्ठ' का 'ठ' २-८९ से प्राप्त 'ठ' का द्वित्व 'ठ्ठ' २-९० से प्राप्त पूर्व 'ठ्' का 'ट्' ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर 'अहरुट्ठं' रूप सिद्ध हो जाता है।

नीलोत्पलम् संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप नीलुप्पलं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-८४ से 'ओ' का 'उ' २-७७ से 'त्' का लोप; २-८९ से 'प' का द्वित्व 'प्प' ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *नीलुप्पलं* रूप सिद्ध हो जाता है।

आकाशम् संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप आयासं होता है। इसमें सूत्र संख्या-१ १७७ से 'क्' का लोप १ १८० से शेष 'अ' का 'य' १-२६० से 'श' का 'स' ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर '*आयासं*' रूप सिद्ध हो जाता है।

ईश्वर' संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप ईसरो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १ १७७ से 'व्' का लोप' १-२६० से 'श' का 'स' और ३ २ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर ईसरो रूप सिद्ध हो जाता है।

उत्सव' संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप ऊसवो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १ ११४ से 'उ' का 'ऊ' २-७७ से 'त्' का लोप और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर ऊसवो रूप सिद्ध होता है॥ ८४॥

इत एद्वा ॥ १-८५ ॥

संयोग इति वर्तते। आदेरिकारस्य संयोगे परे एकारो वा भवति ॥ पेण्डं पिण्डं। धम्मेल्लं धम्मिल्लं। सेन्दूरं सिन्दूरं। वेण्हू विण्हू। पेट्ठं पिट्ठं। बेल्लं बिल्लं ॥ क्वचिन्न भवति। चिन्ता ॥

अर्थः—'सयोग' शब्द ऊपर के १-८४ सूत्रसे ग्रहण कर लिया जाना चाहिये। संयोग का तात्पर्य 'सयुक्त अक्षर' से है। शब्द में रही हुई आदि ह्रस्व 'इ' के आगे यदि सयुक्त अक्षर आजाय, तो उस आदि 'इ' का 'ए' विकल्प से हुआ करता है। जैसे-पिण्डम्=पेण्ड और पिण्ड। धम्मिल्लम्=धम्मेल्ल और धम्मिल्ल। सिन्दूरम्=सेन्दूर और सिन्दूरं ॥ विष्णु=वेण्हू और विण्हू ॥ पिष्टम्=पेट्ठं और पिट्ठं ॥ बिल्वम्=वेल्ल और विल्लं ॥ कहीं कहीं पर ह्रस्व 'इ' के आगे संयुक्त अक्षर होने पर भी उस ह्रस्व 'इ' का 'ए' नहीं होता है। जैसे-चिन्ता=चिन्ता ॥ यहाँ पर 'इ' का 'ए' नहीं हुआ है।

पिण्डम् संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप पेण्ड और पिण्ड होते है। इन में सूत्र-संख्या-१-८५ से 'इ' का विकल्प से 'ए', ३-२५ से प्रथमा के एव वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थानपर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रमसे *पेण्डं* और *पिण्डं* रूप सिद्ध हो जाते है।

धम्मिल्लम् संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप धम्मेल्लं और धम्मिल्लं होते है। इन में सूत्र-सख्य-१-८५ से 'इ' का विकल्प से 'ए', ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति; १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से *धम्मेल्लं* और *धम्मिल्लम्* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

सिन्दूरम् संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप सेन्दूरं और सिन्दूरं होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या-१-८५ से 'इ' का विकल्प से 'ए'' ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रमसे सेन्दूरं और *सिन्दूरं* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

विष्णुः संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप वेण्हू और विण्हू होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-८५ से 'इ' का विकल्प से 'ए'; २-७५ से 'ष्ण' का 'ण्ह', और ३-१९ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य स्वर का दीर्घ स्वर याने ह्रस्व'उ'का 'दीर्घ ऊ' होकर क्रम से *वेण्हू* और *विण्हू* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

पिष्टम् सस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप पेट्ठ और पिट्ठं होते हैं इनमें सूत्र संख्या-१-८५ से 'इ' का विकल्प से 'ए', २-३४ से 'ष्ट' का 'ठ', २-८९ से प्राप्त 'ठ' का द्वित्व 'ठ्ठ', २-९० से प्राप्त पूर्व 'ठ्' का

'द्' ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से *पेट्ठं* और *पिट्ठं* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

बिल्वम् संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप बेल्लं और बिल्लं होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या-१-८५ से 'इ' का विकल्प से 'ए' १-१७७ से 'व' का लोप २-८९ से 'ल' का द्वित्व 'ल्ल', ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से *बेल्लं* और *बिल्लं* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

चिन्ता संस्कृत शब्द है और इसका प्राकृत रूप भी *चिन्ता* ही होता है ॥८५॥

किंशुके वा ॥ १-८६ ॥

किंशुक शब्दे आदेरित एकारो वा भवति ॥ केसुअं किंसुअं ॥

अर्थ -किंशुक शब्द में आदि 'इ' का विकल्प से 'ए' होता है। जैसे-किंशुकम् = केसुअं और किंसुअं ॥ केसुअं और किंसुअं की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२९ में की गई है।

मिरायाम् ॥ १-८७ ॥

मिरा शब्दे इत एकारो भवति ॥ मेरा ॥

अर्थ -मिरा शब्द में रही हुई 'इ' का 'ए' होता है। जैसे मिरा=मेरा ॥

मिरा देशज शब्द है। इसका प्राकृत रूप मेरा होता है। इसमें सूत्र संख्या १-८७ से 'इ' का 'ए' होकर *मेरा* रूप सिद्ध हो जाता है।

पथि-पृथिवी-प्रतिश्रुन्मूषिक-हरिद्रा-बिभीतकेष्वत् ॥ १-८८ ॥

एषु आदेरितोऽकारो भवति ॥ पहो । पुहई । पुढवी । पडंसुआ । मूसओ । हलद्दी । हलद्दा । बहेडओ ॥ पन्थं किर देसित्तेति तु पथि शब्द समानार्थस्य पन्थ शब्दस्य भविष्यति ॥ हरिद्रायां विकल्प इत्यन्ये । हलिद्दी हलिद्दा ॥

अर्थ —पथि-पृथिवी-प्रतिश्रुत-मूषिक-हरिद्रा और बिभीतक; इन शब्दों में रही हुई 'आदि इ' का 'अ' होता है। जैसे-पथिन् (पन्था) =पहो· पृथिवी=पुहई और पुढवी। प्रतिश्रुत=पडंसुआ ॥ मूषिक=मूसओ ॥ हरिद्रा=हलद्दी और हलद्दा ॥ बिभीतक=बहेडओ ॥ पन्थ शब्द का जो उल्लेख किया गया है, वह पथिन् शब्द का नहीं बना हुआ है। किन्तु 'मार्ग-वाचक' और यही अर्थ रखने वाले 'पन्थ' शब्द से बना हुआ है। ऐसा जानना। कोई २ आचार्य 'हरिद्रा' शब्द में रही हुई 'इ' का 'अ' विकल्प रूप से मानते हैं। जैसे-हरिद्रा=हलिद्दी और हलद्दा ये दो रूप उपरोक्त हलिद्दी और हलद्दा से

अधिक जानना। इन चारो रूपो में से दो रूपों मे तो 'इ' है और दो रूपो में 'अ' है। यो वैकल्पिक-व्यवस्था जानना।

पन्था संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप पहो होता है। इसका मूल शब्द पथिन् है। इसमे सूत्र संख्या–१-८८ से 'इ' का 'अ', १-१८७ से 'थ' का 'ह', १-११ से 'न्' का लोप, और ३-२ से प्रथमा के एक वचन मे पुल्लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' होकर *पहो* रूप सिद्ध हो जाता है।

पृथिवी संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप पुहई होता है। इसमें सूत्र संख्या–१-१३१ से 'ऋ' का 'उ', १-८८ से आदि 'इ' का 'अ', १-१८७ से 'थ' का 'ह'; १-१७७ से 'व्' का लोप, और ३-१६ से प्रथमा के एक वचन में स्त्रीलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य स्वर का दीर्घ याने 'ई' का 'ई' होकर पुहई रूप सिद्ध होता है।

पृथिवी संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप पुढवी होता है। इसमें सूत्र संख्या–१-१३१ से 'ऋ' का 'उ'; १-२१६ से 'थ' का 'ढ', १-८८ से आदि 'इ' का 'अ', और ३-१६ से प्रथमा के एक वचन में स्त्रीलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य स्वर का दीर्घ–याने 'ई' का 'ई' ही रह कर *पुढवी* रुप सिद्ध हो जाता है। *पडंसुआ* रूप की सिद्धि सूत्र सख्या १-२६ में की गई है।

मूषिकः संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप मूसओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या-१-८८ से 'इ' का 'अ', १-२६० से 'ष' का 'स';१-१७७ से 'क्' का लोप, और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मूसओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

हारिद्रा संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप हलद्दी और हलद्दा होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या-१-८८ से 'इ' का 'अ'; १-२५४ से असंयुक्त 'र' का 'ल' २-७६ से 'र्' का लोप, २-८६ से 'द' का द्वित्व 'द्द' ३-३४ से 'आ' की विकल्प से 'ई'; और ३-२८ से प्रथमा के एक वचन मे स्त्री लिंग में *हलद्दी* रुप सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में हे०२-४-१८ से प्रथमा के एक वचन में स्त्रीलिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'आ' होकर *हलद्दा* रूप सिद्ध हो जाता है।

बिभीतकः संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप बहेडओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या-१-८८ से आदि 'इ' का 'अ', १-१८७ से 'भ' का 'ह', १-१०५ से 'ई' का 'ए'; १-२०६ से 'त' का 'ड', १-१७७ से 'क्' का लोप, और ३–२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' होकर *बहेडओ* रुप सिद्ध हो जाता है।

हरिद्रा संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप हलिद्दी और हलिद्दा होते हैं। इनमे सूत्र-संख्या-१-२५४ से असंयुक्त 'र' का 'ल', २-७६ से द्र के 'र्' का लोप; २-८६ से 'द' का द्वित्व 'द्द'; और ३-३४ से 'आ' की विकल्प से 'इ' और ३-२८ से प्रथमा के एक वचन में स्त्रीलिंग में *हलिद्दी* रूप सिद्ध हो जाता

६। द्वितीय रूप में ३-०४ १८ से प्रथमा के एक वचन-में स्त्रीलिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर 'भा' होकर इसका रूप सिद्ध हो जाता है।

शिथिलेङ्गुदे वा ॥ १-८९ ॥

अनयोरादेरितोद् वा भवति ॥ सढिलं । पसढिलं । सिढिलं । पसिढिलं ॥ अङ्गुअं इङ्गुअं ॥ निर्मित शब्दे तु वा आत्वं न विधेयम् । निर्मात निर्मित शब्दाभ्यामेव सिद्धेः ॥

अर्थ —शिथिल और इंगुद शब्दों में आदि 'इ' का विकल्प से 'अ' होता है। जैसे-शिथिलम् =सढिलं और सिढिलं। प्रशिथिलम्=पसढिलं और पसिढिलं। इंगुदम्=अंगुअं और इंगुअं॥ निर्मित शब्द में तो विकल्प रूप से 'इ' का 'आ' करने की आवश्यकता नहीं है। निर्मात संस्कृत शब्द से निम्माओ होगा; और निर्मित शब्द से निम्मिओ होगा। अतः इसमें 'आदि 'इ' का 'अ' ऐसे सूत्र की आवश्यकता नहीं है।

शिथिलम् संस्कृत विशेषण है। इसके प्राकृत रूप सढिलं और सिढिलं होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-८९ से आदि 'इ' का विकल्प से 'अ' १-२६० से 'श' का 'स', १-२१५ से 'थ' का 'ढ' ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से *सढिलं* और *सिढिलं* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

प्रशिथिलम् संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप पसढिलं और पसिढिलं होते हैं। इनमें सूत्र संख्या-२-७९ से 'र्' का लोप' १-८९ से आदि 'इ' का विकल्प से 'अ' १-२६० से 'श' का 'स', १-२१५ से 'थ' का 'ढ', ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि प्रत्यय के स्थानपर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से *पसढिलं* और *पसिढिलं* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

इंगुदम् संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप अंगुअं और इंगुअं होते हैं। इसमें सूत्र संख्या-१-८९ से 'इ' का विकल्प से 'अ' १-१७७ से 'द्' का लोप ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति; और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से *अंगुअं* और *इंगुअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

तित्तिरौ रः ॥ १-९० ॥

तित्तिरिशब्दे रस्येतोद् भवति ॥ तित्तिरो ॥

अर्थ —तित्तिरि शब्द में 'र' में रही हुई 'इ' का 'अ' होता है। जैसे-तित्तिरिः=तित्तिरो ॥

तित्तिरिः संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप तित्तिरो होता है। इसमें सूत्र संख्या-१-९० से 'रि' में रही हुई 'इ' का 'अ', और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर *तित्तिरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

इतौ तो वाक्यादौ ॥ १-९१ ॥

वाक्यादिभूते इति शब्दे यस्तस्तत्संबन्धिन इकारस्य अकारो भवति ॥ इअ जम्पिआवसणे। इअ विअसिअ-कुसुमसरो ॥ वाक्यादाविति किम्। पिओत्ति। पुरिसो त्ति ॥

अर्थः—यदि वाक्य के आदि मे 'इति' शब्द हो तो, 'ति' में रही हुई 'इ' का 'अ' होता है। जैसे इति कथितावासाने=इअ जम्पिआवसाणे। इति विकसित-कुसुमशर=इअ विअसिअ-कुसुम-सरो ॥ मूल-सूत्र में 'वाक्य के आदि में' ऐसा क्यो लिखा गया है? उत्तर-यदि यह 'इति' अव्यय वाक्य की आदि में नहीं होकर वाक्य में अन्य स्थान पर हो तो, उस अवस्था में 'ति' की 'इ' का 'अ' नहीं होता है। जैसे-प्रिय इति=पिओत्ति। पुरुष इति=पुरिसोत्ति ॥ 'इअ' की सिद्धि सूत्र-संख्या-१-४२ में की गई है।

कथितावसाने संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप जम्पिआवसाणे होता है। इसमें सूत्र-संख्या ४-२ से 'कथ्' धातु के स्थान पर 'जम्प' का आदेश, १-१७७ से 'त्' का लोप, १-२२८ से 'न' का 'ण' ३-११ सप्तमी विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जम्पिआवसाणे* रूप सिद्ध हो जाता है।

विकसित-कुसुम-शरः संस्कृत शब्द है। इनको प्राकृत रूप विअसिअ-कुसुम-सरो होते हैं। इसमें सूत्र संख्या-१-१७७ 'विकसित' के 'क' और 'त्' का लोप, १-२६० से 'श' का 'स', और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' होकर *विअसिअ-कुसुम-सरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

पिओत्ति और पुरिसोत्ति की सिद्धि सूत्र संख्या १-४२ में की गई है।

ईर्जिह्वा-सिंह-त्रिंशद्विंशतौ त्या ॥ १-९२ ॥

जिह्वादिषु इकारस्य तिशब्देन सह ईर्भवति ॥ जीहा। सीहो। तीसा। वीसा ॥ बहुलाधिकारात् क्वचिन्न भवति। सिंह-दत्तो। सिंह-राओ ॥

अर्थः—जिह्वा सिंह और त्रिंशत् शब्द में रही हुई 'इ' की 'ई' होती है। तथा विंशति शब्द मे 'ति' के साथ याने 'ति' का लोप होकर के 'इ' की 'ई' होती है। जैसे-जिह्वा=जीहा। सिंह=सीहो। त्रिंशत्=तीसा। विंशतिः=वीसा ॥ बहुलाधिकार से कहीं कहीं पर 'सिंह' आदि शब्दों में 'इ' की 'ई' नहीं भी होती है। जैसे-सिंह-दत्त=सिंह-दत्तो। सिंह-राज=सिंह-राओ ॥ इत्यादि ॥

जिह्वा संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप *जीहा* होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-९२ से 'इ' की 'ई', १-१७७ से 'व्' का लोप; ३-४-१८ से स्त्रीलिंग आकारान्त में प्रथमा के एक वचन में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जीहा* रूप सिद्ध हो जाता है।

वीसा शब्द की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२८ में की गई है। तीसा और बीसा शब्दों की सिद्धि सूत्र संख्या १-२८ में की गई है।

सिंह-दत्त संस्कृत विशेषण है, इसका प्राकृत रूप सिंह-दत्तो होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय आकर *सिंह-दत्तो* रूप सिद्ध हो जाता है।

सिंह-राज संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप सिंह-राओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से 'ज्' का लोप और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर *सिंह-राओ* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ ९२ ॥

लुकि निरः ॥ १-९३ ॥

निर् उपसर्गस्य रेफलोपे सति इत ईकारो भवति ॥ नीसरइ । नीसासो ॥ लुकीति किम् । निण्णओ । निस्सहाइं अङ्गाइं ॥

अर्थ: जिस शब्द में 'निर्' उपसर्ग हो और उस 'निर्' के 'र्' का यानि 'रेफ' का लोप होने पर 'नि' में रही हुई 'इ' की दीर्घ 'ई' हो जाती है। जैसे-निस्सरति = नीसरइ। निश्वास = नीसासो ॥ लुक् ऐसा क्यों कहा गया है। उत्तर जिन शब्दों में इस सूत्र का उपयोग नहीं किया जायगा; वहां पर 'नि' में रही हुई 'इ' की दीर्घ 'ई' नहीं होकर 'नि' के पर-वर्ती व्यञ्जन का अन्य सूत्रानुसार द्वित्व हो जायगा। जैसे निर्णय = निण्णओ। निस्सहानि अङ्गानि = निस्सहाइं अङ्गाइं। इन उदाहरणों में व्यञ्जन का द्वित्व हो गया है।

निस्सरति संस्कृत क्रिया है। इसका प्राकृत रूप नीसरइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१३ से 'निर्' के 'र्' का लोप १-९३ से आदि 'इ' की दीर्घ 'ई' ३-१३९ से प्रथम पुरुष में वर्तमान काल में एक वचन 'ति' प्रत्यय के स्थान पर 'इ' होकर *नीसरइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

निश्वास संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप नीसासो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१३ से 'निर्' के 'र्' का लोप; १-९३ से 'इ' की दीर्घ 'ई'; १-१७७ से 'व' का लोप; १-२६० से 'श' का 'स'; और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर *नीसासो* रूप सिद्ध हो जाता है।

निर्णयः संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप 'निण्णओ' होता है। इसमें सूत्र-संख्या-२-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से 'ण' का द्वित्व 'ण्ण', १-१७७ से 'य्' का लोप, और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय लगकर *निण्णओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

निर्सहानि संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप निस्सहाइँ होता है। इसमें सूत्र-संख्या-२-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से 'स' का द्वित्व 'स्स', ३-२६ से प्रथमा और द्वितीया के बहुवचन में नपुंसकलिंग में 'जस्' और 'शस्' प्रत्ययों के स्थान पर 'इँ' प्रत्यय की प्राप्ति, और इसी सूत्र से प्रत्यय के पूर्व स्वर को दीर्घता होकर '*निस्सहाइँ*' रूप सिद्ध हो जाता है।

अंगाणि संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप अङ्गाइं होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-२६ से प्रथमा और द्वितीया के बहु वचन मे नपुंसक लिंग में 'जस्' और 'शस्' प्रत्ययो के स्थान पर 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति, और इसी सूत्र से प्रत्यय के पूर्व स्वर को दीर्घता होकर '*अंगाइ*' रूप सिद्ध हो जातो है।

द्विन्योरुत् ॥ १-९४ ॥

द्विशब्दे नावुपसर्गे च इत उद् भवति ॥ द्वि। दुमत्तो। दुआई। दुविहो। दुरेहो। दु-वयणं ॥ बहुलाधिकारात् क्वचित् विकल्पः ॥ दु-उणो। बि उणो ॥ दुइओ। बिइओ ॥ क्वचिन्न भवति। द्विजः। दिओ ॥ द्विरदः दिरओ ॥ क्वचिद् ओत्वमपि। दो वयणं ॥ नि। णुमज्जइ। णुमन्नो ॥ क्वचिन्न भवति। निवडइ ॥

अर्थः—'द्वि' शब्द मे और 'नि' उपसर्ग में रही हुई 'इ' का 'उ' होता है। जैसे-'द्वि' के उदाहरण-द्विमात्र =दुमत्तो। द्विजाति =दुआई। द्विविध =दुविहो। द्विरेफ =दुरेहो। द्विवचनम्=दु-वयण ॥ 'बहुलम्' के अधिकार से कहीं कहीं पर 'द्वि' शब्द की 'इ' का उ' विकल्प से भी होता है। जैसे कि-द्विगुण =दु-उणो और बि-उणो ॥ द्वितीय =दुइओ और बिइओ ॥ कहीं कहीं पर 'द्वि' शब्द में रही हुई 'इ' में किसी भी प्रकार का कोई रूपान्तर नहीं होता है, जैसे कि-द्विज =दिओ। द्विरद =दिरओ ॥ कहीं कहीं पर 'द्वि' शब्द में रही हुई 'इ' का 'ओ' भी होता है। जैसे कि-द्वि-वचनम्=दो वयण। 'नि' उपसर्ग में रही हुई 'इ' का 'उ' होता है। इसके उदाहरण इस प्रकार हैं -निमज्जति=णुमज्जइ। निमग्न = णुमन्नो। कहीं कहीं पर 'नि' उपसर्ग में रही हुई 'इ' का 'उ' नहीं होता है। जैसे-निपतति=निवडइ ॥

द्विमात्रः संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप दुमत्तो होता है। इसमे सूत्र संख्या-१-१७७ से 'व्' का लोप, १-९४ से 'इ' का 'उ', १-८४ से 'आ' का 'अ', २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से 'त' का द्वित्व 'त्त', और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर *दुमत्तो* रूप सिद्ध हो जाता है।

द्विजाति संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप दुआई होता है। इसमें सूत्र संख्या १-७७ से 'द्' और 'ज्' एवं 'त्' का लोप' १-८४ से 'इ' का 'उ' ३ १६ से प्रथमा के एक वचन में स्त्री लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' की दीर्घ 'ई' होकर *दुआई* रूप सिद्ध हो जाता है।

द्विविध संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप दुविहो होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १७७ से 'व्' का लोप' १-८४ से आदि 'इ' का 'उ' १ १८७ से 'ध' का 'ह' और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर *दुविहो* रूप सिद्ध हो जाता है।

द्विरेफ संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप दुरेहो होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १७७ से 'व्' का लोप' १ ८४ से 'इ' का 'उ' १ २३६ से 'फ' का 'ह' और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग म 'सि' प्रत्यय क स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर *दुरेहो* रूप सिद्ध हो जाता है।

द्विवचन संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप दुवयणं होता है, इसमें सूत्र संख्या १ १-७७ से आदि 'व्' और 'च्' का लोप' १-८४ से 'इ' का 'उ' १ १८० से 'च' के शेष 'अ' का 'य', १-२२८ से 'न' का 'ण' ३-२५ से प्रथमा क एक वचन में नपु सकलिंग में 'सि' प्रत्यय क स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *दुवयणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

द्विगुण संस्कृत विशेषण है। इसके प्राकृत रूप दु-उणो और बि-उणो होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १ १७७ से 'व्' का लोप' १-८४ से 'इ' का 'उ' १ १७७ से 'ग्' का लोप' और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय क स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर *दु-उणो* रूप सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में सूत्र संख्या १ १७७ से 'द्' और 'ग्' का लोप' 'व' का 'ब' समान श्रुति से' और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय क स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर *बि-उणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय संस्कृत विशेषण है। इसके प्राकृत रूप दुइओ और बिइओ होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १ १७७ से 'व्' 'त्' और 'य्' का लोप' १-८४ से आदि 'इ' का विकल्प से 'उ' १ १०१ से द्वितीय 'इ' की 'इ' और ३-२ से प्रथमा क वचन से पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय का 'ओ' होकर *दुइओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

'*बिइओ*' की सिद्धि सूत्र संख्या १-५ में करदी गई है।

द्विप संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप दिओ होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १७७ से 'व्' और 'प्' का लोप' और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर *दिओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

द्विरद संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप दिरओ' होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १७७ से 'व्' और द्वितीय 'द्' का लोप और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय क स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *दिरओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

द्विवचनम् संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप दो वयणं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'आदि व्' और 'च्' का लोप, १-९४ की वृत्ति से 'इ' का 'ओ', १-१८० से शेष 'अ' का 'य'; १-२२८ से 'न' का 'ण' ३-२५ से प्रथमा के एक वचन मे नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *'दो-वयणं'* रूप सिद्ध हो जाता है।

निमज्जति संस्कृत अकर्मक क्रियापद है। इसका प्राकृत रूप णुमज्जइ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२२८ से 'न्' का 'ण', १-९४ से आदि 'इ' का 'उ', और ३-१३९ से वर्त्तमान-काल में प्रथम पुरुष के एक वचन में 'ति' प्रत्यय के स्थान पर 'इ' प्रत्यय होकर *णुमज्जइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

निमग्नः संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप णुमन्नो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२२८ से न्' का 'ण्', १-९४ से 'इ' का 'उ', २-७७ से 'ग्' का लोप,२ ८९ से 'न्' का द्वित्व'न्न ,और ३-२ से प्रथमा के एक वचन मे पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *णुमन्नो* रूप सिद्ध हो जाता है।

निपतति संस्कृत अकर्मक क्रियापद है। इसका प्राकृत रूप निवडइ होता है। इसमें सूत्र-सख्या-१-२३१ से 'प' का 'व' ४-२१९ से पत् धातु के 'त' का 'ड्', और ३-१३९ से वर्तमान काल में प्रथम पुरुष के एक वचन में 'ति' के स्थान पर 'इ' प्रत्यय होकर *निवडइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रवासीक्षौ ॥ १-९५ ॥

अनयोरादेरित उत्वं भवति। पावासुओ। उच्छू॥

अर्थ:—प्रवासी और इक्षु शब्दो में आदि 'इ' का 'उ' होता है। जैसे-प्रवासिक =पावासुओ। इक्षु =उच्छू॥

प्रवासिक ' संस्कृत विशेषण शब्द है। इसका प्राकृत रूप पावासुओ होता है। इसमें सूत्र-सख्या-२-७९ से 'र् का लोप, १-४४ से 'प के 'अ' का 'आ'; १-९५ से 'इ' का 'उ'; १-१७७ से 'क' का लोप, और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर *पावासुओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

इक्षु' सस्कृत शब्द है इसका प्राकृत रूप उच्छू होता है। इसमें सूत्र संख्या १-९५ से 'इ' का 'उ', २-१७ से 'क्ष' का 'छ'; २-८९ से प्राप्त 'छ' का द्वित्व 'छछ'; २-९० से प्राप्त पूर्व 'छ का 'च्', और ३-१९ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' का दीर्घ स्वर 'ऊ' होकर उच्छू रूप सिद्ध हो जाता है।

सूत्र-संख्या-१-१२८ से 'ऋ' की 'इ', १-१७७ से 'क्' और 'त्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म् का अनुस्वार होकर *दोहा-इअं* और *दुहा-इअं* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

द्विधा-गतम् संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप दिहा-गयं होता है। इसमें सूत्र-संख्या-१-१७७ से 'व' और 'त्' का लोप, १-१८७ से 'ध' का 'ह', १-१८० से 'त्' के शेष 'अ' का 'य', ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसकलिंग मे 'सि' के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *दिहा-गयं*, रूप सिद्ध हो जाता है।

'दुहा' की सिद्धि इसी सूत्र मे ऊपर की गई है।
'वि' की सिद्धि सूत्र-सख्या १-६ में की गई है।

सः सस्कृत सर्वनाम है। इसका प्राकृत रूप सो होता है। इसमे सूत्र-संख्या ३-८६ से *'सो'* रूप सिद्ध हो जाता है।

सुर-वधू-सार्थः संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप सुर-वहू-सत्थो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१८७ से 'ध' का 'ह', १-८४ से 'सा' के 'आ' को 'अ', २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से 'थ' का द्वित्व 'थ्थ', २-९० से प्राप्त पूर्व 'थ्' का 'त्', ३-२ से प्रथमा के एक वचन मे पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सुर-वहू-सत्थो* रूप सिद्ध हो जाता हैं।

वा निर्झरे ना ॥ १-९८ ॥

निर्झर शब्दे नकारेण सह इत ओकारो वा भवति ॥ ओज्झरो निज्झरो ॥

अर्थः—निर्झर शब्द में रही हुई 'नि' याने 'न्' और 'इ' दोनों के स्थान पर 'ओ' का विकल्प से आदेश हुआ करता है। जैसे-निर्झर =ओज्झरो और निज्झरो। विकल्प से दोनों रूप जानना।

निर्झरः संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप ओज्झरो और निज्झरो होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-९८ से 'नि' का विकल्प से 'ओ', २-७९ से 'र्' का लोप २-८९ से 'झ' का द्वित्व 'झ्झ', २-९० से प्राप्त पूर्व 'झ्' का 'ज्', और ३-२ से प्रथमा के एक वचन मे पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से *ओज्झरो* और *निज्झरो* रूप सिद्ध हो जाते है। ॥ ९८ ॥

हरीतक्यामीतोत् ॥ १-९९ ॥

हरीतकीशब्दे आदेरीकारस्य अद् भवति ॥ हरडई ॥

अर्थः—'हरीतकी' शब्द में 'आदि' 'ई' का 'अ' होता है। जैसे-हरीतकी = हरडई ॥

हरीतकी संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप हरडई होता है। इसमें सूत्र संख्या १-९९ से आदि 'ई' का 'अ' १-२०६ से 'त' का 'ड' १-१७७ से 'क्' का लोप होकर हरडई रूप सिद्ध हो जाता है।

आत्कश्मीरे ॥ १-१०० ॥

कश्मीर शब्दे ईत आद् भवति ॥ कम्हारा ॥

अर्थ—कश्मीर शब्द में रही हुई 'ई' का 'आ' होता है। जैसे-कश्मीरा=कम्हारा ॥

कश्मीरा संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप कम्हारा होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७४ से श्म का 'म्ह' १-१०० से 'ई' का 'आ' ३-४ से प्रथमा के बहु वचन में पुल्लिंग में 'जस्' प्रत्यय की प्राप्ति एवं लोप ३-१२ से अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' का दीर्घ स्वर 'आ' होकर कम्हारा रूप सिद्ध हो जाता है।

पानीयादिष्वित् ॥ १-१०१ ॥

पानीयादिषु शब्देषु ईत इद् भवति ॥ पाणिअं। अलिअं। जिअइ। जिअउ। विलिअं। करिसो। सिरिसो। दुइअं। तइअं। गहिरं। उवणिअं। आणिअं। पलिविअं। ओसिअन्तं। पसिअ। गहिअं। वम्मिओ। तयाणिं॥ पानीय। अलीक॥ जीवति। जीवतु। व्रीडित। करीष। शिरीष। द्वितीय। तृतीय। गभीर। उपनीत। आनीत। प्रदीपित। अवसीदत्। प्रसीद। गृहीत। वल्मीक। तदानीम् इति पानीयादयः॥ बहुलाधिकारादेषु क्वचिन्नित्यं क्वचिद् विकल्पः। तेन। पाणीअं। अलीअं। जीअइ। करीसो। उवणीओ। इत्यादि। सिद्धम्॥

अर्थ—पानीय आदि शब्दों में रही हुई 'ई' की 'इ' होती है। जैसे-पानीयम्=पाणिअं। अलीकम्=अलिअं। जीवति=जिअइ। जीवतु=जिअउ। व्रीडितम्=विलिअं। करीष=करिसो। शिरीष=सिरिसो। द्वितीयम्=दुइअं। तृतीयम्=तइअं। गभीरम्=गहिरम्। उपनीतम्=उवणिअं। आनीतम्=आणिअं। प्रदीपितम्=पलिविअं। अवसीदतम्=ओसिअन्तं। प्रसीद=पसिअ। गृहीतम् गहिअं। वल्मीक=वम्मिओ। तदानीम्=तयाणिं। इस प्रकार ये सब पानीय आदि जानना। बहुल का अधिकार होने से इन शब्दों में कहीं कहीं पर तो 'ई' की 'इ' नित्य होती है, और कहीं कहीं पर 'ई' की 'इ' विकल्प से हुआ करती है। इस कारण से पानीयम्=पाणीअं और पाणिअं। अलीकम्=अलीअं और अलिअं जीवति=जीअइ और जीअइ; करीष=करीसो और करिसो उपनीत=उवणीओ और उवणिओ। इत्यादि स्वरूप ज्ञात होते हैं।

पानीयम संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप पाणिअं और पाणीअं होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-२२८ से न का ण १-१०१ से दीर्घ 'ई' का ह्रस्व 'इ' १-१७७ से 'य्' का लोप ३-२५ से प्रथमा

के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *पाणिअं* रूप सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में-१-२ के अधिकार से सूत्र संख्या १-१०१ का निषेध करके दीर्घ 'ई' ज्यो की त्यों ही रह कर *पाणीअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

अलीकम् संस्कृत विशेषण है। इसके प्राकृत रूप अलिअं और अलीअं होते हैं। इसमें सूत्र-संख्या-१-१७७ से 'क्' का लोप, १-१०१ से 'दीर्घ ई' का ह्रस्व 'इ'; ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *अलिअं* रूप सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में १-२ के अधिकार से सूत्र-संख्या १-१०१ का निषेध करके दीर्घ 'ई' ज्यो की त्यो ही रह कर *अलीअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

जीवति संस्कृत अकर्मक क्रिया है; इसके प्राकृत रूप जिअइ और जीअइ होते है। मूल धातु 'जीव्' है। इसमें सूत्र-संख्या ४-२३९ से 'व्' में 'अ' की प्राप्ति, १-१०१ से दीर्घ 'ई' की ह्रस्व 'इ' १-१७७ से 'व्' का लोप, ३-१३९ से वर्तमान काल में प्रथम पुरुष के एक वचन में 'ति' प्रत्यय के स्थान पर 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जिअइ* रूप सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में १-२ के अधिकार से सूत्र-संख्या १-१०१ का निषेध करके दीर्घ 'ई' ज्यो की त्यों ही रहकर *जीअइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

जीवतु संस्कृत अकर्मक क्रिया है। इसका प्राकृत रूप 'जिअउ' होता है। इसमें 'जिअ' तक सिद्धि ऊपर के अनुसार जानना और ३-१७३ से आज्ञार्थ मे प्रथम पुरुष के एक वचन में 'तु' प्रत्यय के स्थान पर 'उ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जिअउ* रूप सिद्ध हो जाता है।

व्रीडितम् संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप विलिअं होता है। इसमें सूत्र-संख्या-२ ७९ से 'र्' का लोप, १-१०१ से दीर्घ 'ई' की ह्रस्व 'इ', १-२०२ से 'ड' का 'ल' १-१७७ से 'त' का लोप, ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *विलिअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

करीषः संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप करिसो और करीसो होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या-१-१०१ से दीर्घ 'ई' की ह्रस्व 'इ', १-२६० से 'ष' का 'स', और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *करिसो* रूप सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप मे १-२ के अधिकार से सूत्र-संख्या-१-१०१ का निषेध करके दीर्घ 'ई' ज्यों की त्यो ही रह कर *करीसो* रूप सिद्ध हो जाता है।

शिरीषः संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप सिरिसो होता है। इसमें सूत्र-संख्या-१-१०१ से दीर्घ 'ई' की ह्रस्व 'इ', १-२६० से 'श' तथा 'ष' का 'स,' और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सिरिसो* रूप सिद्ध हो जाता है।

द्वितीयम् संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप दुइअं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से 'व', त् और 'य' का लोप १-९४ से आदि 'इ' का 'उ', १-१०१ से दीर्घ 'ई' की 'इ', ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *दुइअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

तृतीयम् संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप तइअं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१२६ से 'ऋ' का 'अ' १-१७७ से 'त्' और 'य' का लोप १-१०१ से दीर्घ 'ई' की ह्रस्व 'इ' ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *तइअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

गभीरम् संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप गहिरम् होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१८७ से 'भ' का 'ह' १-१०१ से दीर्घ 'ई' की ह्रस्व 'इ' ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *गहिरं* रूप सिद्ध हो जाता है।

उपनीतम् संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप उवणिअं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२३१ से 'प' का 'व्' १-२२८ से 'न' का 'ण' १-१०१ से दीर्घ 'ई' की ह्रस्व 'इ' १-१७७ से 'त्' का लोप ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *उवणिअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

आनीतम् संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप आणिअं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२२८ से 'न' का 'ण' १-१०१ से दीर्घ 'ई' को ह्रस्व 'इ' १-१७७ से 'त्' का लोप ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *आणिअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रदीपितम् संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप पलिविअं होता है। इस में सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप १-२२१ से 'द' का 'ल' १-१०१ से दीर्घ 'ई' की ह्रस्व 'इ' १-२३१ से 'प' का 'व' १-१७७ से 'त्' का लोप ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *पलिविअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

अवसीदतम् संस्कृत वर्तमान कृदन्त है। इसका प्राकृत रूप ओसिअन्तं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७२ से 'अव' का 'ओ' १-१०१ से दीर्घ 'ई' की ह्रस्व 'इ' १-१७७ से 'द्' का लोप ३-१८१ से 'शतृ' प्रत्यय के स्थान पर 'न्त' प्रत्यय का आदेश ३-२५ से प्रथमा एक वचन में नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *ओसिअन्तं* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रसीद संस्कृत अकर्मक क्रिया है। इसका प्राकृत रूप पसिअ होता है। इसमे सूत्र-संख्या-२-७६ से 'र' का लोप, १-१०१ से दीर्घ 'ई' की ह्रस्व 'इ', १-१७७ से 'द्' का लोप, होकर *पसिअ* रूप सिद्ध हो जाता है।

गृहीतम् संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप गहिअं होता है। इसमे सूत्र संख्या १-१२६ से 'ऋ' का 'अ'; १-१०१ से दीर्घ 'ई' की ह्रस्व 'इ', १-१७७ से 'त्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा के एक वचन मे नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *गहिअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

...है। इसका प्राकृत रूप वम्मिओ होता है। इसमें सूत्र सख्या २-७६ से ... द्वित्व 'म्म'; १-१०१ से दीर्घ 'ई' की ह्रस्व 'इ', १-१७७ से 'क' का लोप, ...न में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर ...।

...य है। इसका प्राकृत रूप तयाणिं होता है। इसमें सूत्र सख्या १-१७७ से ... 'आ' का 'या', १-२२८ से 'न' का 'ण', १-१०१ से दीर्घ 'ई' की ह्रस्व 'इ' ...र होकर '*तयाणिं*' रूप सिद्ध हो जाता है।

...अइ, करीसो शब्दों की सिद्धि ऊपर की जा चुकी है।

...षण है। इसके प्राकृत रूप उवणीओ और उवणिओ होते हैं। इनमें सूत्र-... , १-२२८ से न' का 'ण', १-१७७ से 'त्' का लोप, ३-२ से प्रथमा के एक ... के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर '*उवणीओ*' रूप सिद्ध हो जाता ... दीर्घ 'ई' की ह्रस्व इ' होकर *उवणिओ* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ १०१ ॥

उज्जीर्णे ॥ १-१०२ ॥

...द् भवति ॥ जुण्ण सुरा ॥ क्वचिन्न भवति । जिण्णे भोअणमत्ते ॥

...शब्द में रही हुई 'ई' का 'उ' होता है। जैसे–जीर्ण–सुरा = जुण्ण–सुरा। कहीं कहीं पर इस ... में रही हुई 'ई' का 'उ' नहीं होता है। किन्तु दीर्घ 'ई' की ह्रस्व 'इ' देखी जाती है। जैसे–जीर्णे भोजन–मात्रे = जिण्णे भोअणमत्ते ॥

जीर्ण संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप जुण्ण होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१०२ से 'ई' का 'उ', २-७६ से 'र्' का लोप, और २-८६ से 'ण' का द्वित्व 'ण्ण' होकर '*जुण्ण*' रूप सिद्ध हो जाता है।

सुरा संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप भी सुरा ही होता है।

शीर्णे संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप *झिण्णे* होता है। इसमें सूत्र संख्या १-८४ से 'ई' को इ; २-७५ से र् का लोप; २-८९ से 'ण' का द्वित्व 'ण्ण', और ३-११ से सप्तमी के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'ङि' प्रत्यय के स्थान पर 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *'झिण्णे'* रूप सिद्ध हो जाता है।

मोक्षण-मार्गे संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप मोक्खण-मग्गे होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'क्ष्' का लोप; १-२२८ से 'न' का 'ण'; १-८४ से 'आ' का 'अ'; २-७९ से 'र्' का लोप; २-८९ से 'ग' का द्वित्व 'ग्ग', और ३-११ से सप्तमी के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'ङि' प्रत्यय के स्थान पर 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मोक्खण-मग्गे* रूप सिद्ध हो जाता है।

ऊर्हीन विहीने वा ॥ १-१०३ ॥

अनयोरीत ऊत्वं वा भवति ॥ हूणो, हीणो। विहूणो विहीणो ॥ विहीन इतिकिम्। पहीण–जर–मरणा ॥

अर्थ—हीन और विहीन इन दोनों शब्दों में रही हुई 'ई' का विकल्प से 'ऊ' होता है। जैसे-हीन = हूणो और हीणो ॥ विहीन = विहूणो और विहीणो ॥ विहीन-इस शब्द का उल्लेख क्यों किया? उत्तर-यदि विहीन शब्द में 'वि' उपसर्ग नहीं होकर अन्य उपसर्ग होगा तो 'हीन' में रही हुई ई का 'ऊ' नहीं होगा। जैसे-प्रहीन-जर-मरणा = पहीण-जर-मरणा। यहाँ पर 'प्र' अथवा 'प' उपसर्ग है और 'वि' उपसर्ग नहीं है, अतः 'ई' का 'ऊ' नहीं हुआ है।

हीन संस्कृत विशेषण है इसके प्राकृत रूप हूणो और हीणो होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-१०३ से ई का विकल्प से 'ऊ', १-२२८ से न का 'ण' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर क्रम से *हूणो* और *हीणो* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

विहीन संस्कृत विशेषण है; इसके प्राकृत रूप विहूणो और विहीणो होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-१०३ से 'ई' का विकल्प से 'ऊ' १-२२८ से 'न' का 'ण' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर क्रम से *विहूणो* और *विहीणो* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

प्रहीन संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप पहीण होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप और १-२२८ से 'न' का 'ण' होकर *पहीण* रूप सिद्ध हो जाता है।

जरा-मरणा संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप जर-मरणा होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-४ से आदि 'आ' का 'अ'; ३-४ से प्रथमा के बहुवचन में पुल्लिंग में 'जस्' प्रत्यय की प्राप्ति एवं लोप; और ३-१२ से 'ण' के 'अ' का 'आ' होकर *जर-मरणा* रूप सिद्ध हो जाता है ॥ १०३ ॥

तीर्थे हे ॥ १-१०४ ॥

तीर्थ शब्दे हे सति ईत ऊत्वं भवति ॥ तूहं ॥ हइति किम् । तित्थं ॥

अर्थः—तीर्थ शब्द में 'र्थ' का 'ह' करने पर तीर्थ' में रही हुई 'ई' का 'ऊ' होता है। जैसे-तीर्थम् =तूहं। 'ह' ऐसा कथन क्यों किया गया है ? उत्तर-जहां पर तीर्थ मे रहे हुए 'र्थ' का 'ह' नहीं किया जायगा, वहां पर 'ई' का 'ऊ' नहीं होगा। जैसे-तीर्थम्=तित्थ।

तीर्थम् संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप तूहं होता है। इसमें सूत्र-संख्या-१-१०४ से 'ई' का 'ऊ', २-७२ से 'र्थ' का 'ह', ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर तूहं रूप सिद्ध हो जाता है।

'तित्थ' शब्द की सिद्धि सूत्र-संख्या १-८४ मे की गई है।

एत्पीयूषापीड-बिभीतक-कीदृशेदृशे ॥ १-१०५ ॥

एषु ईत एत्वं भवति ॥ पेऊसं । आमेलो । बहेडओ । केरिसो । एरिसो ॥

अर्थः—पीयूष, आपीड, बिभीतक, कीदृश, और ईदृश शब्दों में रही हुई 'ई' की 'ए' होती है। जैसे पीयूषम्=पेऊस; आपीड:=आमेलो, बिभीतक:=बहेडओ, कीदृश:=केरिसो, ईदृशः=एरिसो ॥

पीयूषम्=संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप पेऊसं होता है। इसमे सूत्र-संख्या १-१०५ से 'ई' की 'ए'; १-१७७ से 'य्' का लोप, १-२६० से 'ष' का 'स', ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर पेऊसं रूप सिद्ध हो जाता है।

आपीड संस्कृत शब्द है। इस का प्राकृत रूप आमेलो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२३४ से 'प' का 'म', १-१०५ से 'ई' की 'ए', १-२०२ से 'ड' का 'ल', और ३-२ से प्रथमा के एक वचन मे पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *आमेलो* रूप सिद्ध हो जाता है।

बहेडओ की सिद्धि सूत्र-संख्या १-८८ में की गई है।

कीदृश: संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप केरिसो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१०५ से 'ई' की 'ए', १-१४२ से 'दृ' की 'रि'; १-२६० से 'श' का 'स', और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर *केरिसो* रूप सिद्ध हो जाता है।

ईदृशः संस्कृत विशेषण है इसका प्राकृत रूप एरिसो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१०५ से

'इ' की 'ए', १ १४७ से 'ट' की 'रि' १ २६० से 'श' का 'स' और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर *परिसो* रूप सिद्ध हो जाता है।

नीड-पीठे वा ॥ १ १०६ ॥

अनयोरीत एत्वं वा भवति ॥ नेडं नीडं । पेढं पीढं ॥

अर्थ —नीड और पीठ इन दोनों शब्दों में रही हुई 'ई' की 'ए' विकल्प से होती है। जैसे-नीडम्=नेडं और नीडं। पीठम्=पेढं और पीढं।

नीडम् संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप नेडं और नीडं होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १ १०६ से 'ई' की विकल्प से 'ए' और ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपु सक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १ २३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से *नेडं* और *नीडं* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

पीठम् संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप पेढं और पीढं होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १ १०६ से 'ई' की विकल्प से 'ए', १ १९९ से 'ठ' का 'ढ' ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपु सक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से *पेढं* और *पीढं* रूप सिद्ध हो जाते हैं। ॥ १०६ ॥

उतो मुकुलादिष्वत् ॥ १ १०७ ॥

मुकुल इत्येवमादिषु शब्देषु आदेरुतोत्वं भवति ॥ मउलं । मउलो । मउरं मउडं । अगरु । गरुई । जहुट्ठिलो । जहिट्ठिलो । सोअमल्लं । गलोई ॥ मुकुल । मुकुर । मुकुट । अगुरु । गुर्वी । युधिष्ठिर । सौकुमार्य । गुडूची । इति मुकुलादयः । क्वचिदाकारो पि । विद्रुतः । विद्दाओ ॥

अर्थ —मुकुल इत्यादि इन शब्दों में रहे हुए आदि 'उ' का 'अ' होता है। जैसे-मुकुलम्=मउलं और मउलो। मुकुरम्=मउरं। मुकुटम्=मउडं। अगुरुम्=अगरु। गुर्वी=गरुई। युधिष्ठिर=जहुट्ठिलो और जहिट्ठिलो। सौकुमार्यम्=सोअमल्लं। गुडूची=गलोई। इस प्रकार इन शब्दों को मुकुल आदि में जानना। किन्हीं किन्हीं शब्दों में आदि 'उ' का 'आ' भी हो जाया करता है। जैसे-विद्रुतः=विद्दाओ। इस विद्दाओ शब्द में आदि 'उ' का 'आ' हुआ है। ऐसा ही अन्यत्र भी जानना।

मुकुलम् संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप मउलं और मउलो होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १ १०७ से आदि 'उ' का 'अ' १ १७७ से 'क' का लोप; ३ २५ से प्रथमा के एक वचन में नपु सक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर 'मउलं' रूप

सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप मे लिंग के भेद से पुल्लिग मान लेने पर ३-२ से प्रथमा के एक वचन मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मउलो* रूप सिद्ध हो जाता है।

मुकुरं संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप मउरं होता है। इसमे सूत्र सख्या १-१०७ से आदि 'उ' का 'अ', १-१७७ से 'क्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा के एक वचन मे नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *मउरं* रूप सिद्ध हो जाता है।

मुकुटं सस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप मउडं होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-१०७ से आदि 'उ' का 'अ', १-१७७ से 'क्' का लोप, १-१९५ से 'ट' का 'ड', ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *मउडं* रूप सिद्ध हो जाता है।

अगुरूं सस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप 'अगरु' होता है। इसमे सूत्र-सख्या १-१०७ से आदि 'उ' का 'अ', ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *अगरूं* रूप सिद्ध हो जाता है।

गुर्वी सस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप गरुई होता है। इसमे सूत्र-सख्या १-१०७ से 'उ' का 'अ', २-११३ से 'र्वी' का 'रुवी', १-१७७ से प्राप्त 'रुवी' में से 'व्' का लोप होकर *गरुई* रूप सिद्ध हो जाता है।

जहुट्ठिलो और जहिट्ठिलो शब्दों की सिद्धि सूत्र-सख्या १-९६ में की गई है।

सौकुमार्यं सस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप सोअमल्लं होता है। इसमे सूत्र-सख्या १-१०७ से 'उ' का 'अ', १-१७७ से 'क्' का लोप, १-१५९ से 'औ' का 'ओ'; १-८४ से 'आ' का 'अ', २-६८ से 'र्य' का द्वित्व 'ल्ल', ३-२५ से प्रथमा के एक वचन मे नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *सोअमल्लं* रूप सिद्ध हो जाता है।

गुडूची सस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप गलोई होता है। इसमे सूत्र-सख्या १-१०७ से आदि 'उ' का 'अ', १-१२४ से 'ऊ' का 'ओ', १-२०२ से 'ड' का 'ल', १-१७७ से 'च्' का लोप होकर *गलोई* रूप सिद्ध हो जाता है।

विद्रुतः सस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप विद्दाओ होता है। इसमें सूत्र-सख्या २-७९ से 'र्' का लोप, १-१०७ की वृत्ति से 'उ' का 'आ', २-८९ से 'द' का द्वित्व 'द्द', १-१७७ से 'त्' का लोप, और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विद्दाओ* रूप सिद्ध हो जाता है ॥१०७॥

वोपरौ ॥ १-१०८ ॥

उपरावुतोद् वा भवति ॥ अवरिं । उवरिं ॥

अर्थ—उपरि शब्द में रहे हुए उ का विकल्प से 'अ' हुआ करता है। जैसे-उपरिं=अवरिं और उवरिं ॥

अवरिं शब्द की सिद्धि सूत्र-संख्या १ ६ में की गई है

उपरि संस्कृत अव्यय है। इसका प्राकृत रूप उवरिं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १ २३१ से प का व, और १ २६ से अनुस्वार की प्राप्ति होकर उवरिं रूप सिद्ध हो जाता है।

गुरौ के वा ॥ १ १०९ ॥

गुरौ स्वार्थे के सति आदेरुतोद् वा भवति ॥ गरुओ गुरुओ ॥ क इति किम् ? गुरू ॥

अर्थ—गुरु शब्द में स्वार्थ-वाचक 'क' प्रत्यय लगा हुआ हो तो 'गुरु' के आदि में रहे हुए 'उ' का विकल्प से 'अ' होता है। जैसे—गुरुकः=गरुओ और गुरुओ। 'क' ऐसा क्यों लिखा है?

उत्तर—यदि स्वार्थ वाचक 'क' प्रत्यय नहीं लगा हुआ हो तो 'गुरु' के आदि 'उ' का 'अ' नहीं होगा। जैसे-गुरुः=गुरू ॥

गुरुकः संस्कृत विशेषण है। इसके प्राकृत रूप गरुओ और गुरुओ होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १ १०९ से आदि 'उ' का विकल्प से 'अ', १ १७७ से क् का लोप और ३ २ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर क्रम से गरुओ और गुरुओ रूप सिद्ध हो जाते हैं।

गुरुः संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप गुरू होता है। इस में सूत्र संख्या ३ १९ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर को दीर्घ स्वर होकर गुरू रूप सिद्ध हो जाता है।

इर्भ्रुकुटौ ॥ १ ११० ॥

भ्रुकुटावादेरुत इर्भवति ॥ भिउडी ॥

अर्थ—भ्रुकुटि शब्द में रहे हुए आदि 'उ' की 'इ' होती है। जैसे-भ्रुकुटि=भिउडी ॥

भृकुटि संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप भिउडी होता है। इसमें सूत्र संख्या २ ७९ से 'र्' का लोप १ ११० से आदि 'उ' की 'इ' १ १७७ से 'क' का लोप १ १९५ से 'ट' का 'ड' और ३ १९ से

प्रथमा के एक वचन मे स्त्री लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' की दीर्घ 'ई' होकर *भिउडी* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ ११० ॥

पुरुषे रोः ॥ १-१११ ॥

पुरुषशब्दे रोरुत इर्भवति ॥ पुरिसो । पउरिसं ॥

अर्थः—पुरुष शब्द मे 'रु' मे रहे हुए 'उ' की 'इ' होती है। जैसे-पुरुषः=पुरिसो। पौरुषम्=पउरिसं ॥

पुरिसो शब्द की सिद्धि सूत्र संख्या १-४२ मे की गई है।

पौरुषं संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप पउरिसं होता है। इसमे सूत्र संख्या १-१६२ से 'औ' का 'अउ', १-१११ से 'रु' के 'उ' की 'इ', १-२६० से 'ष' का 'स', ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *पउरिसं* रूप सिद्ध हो जाता है।

ईः क्षुते ॥ १-११२ ॥

क्षुतशब्दे आदेरुत ईत्वं भवति ॥ छीअं ॥

अर्थ.—क्षुत शब्द में रहे हुए आदि 'उ' की 'ई' होती है। जैसे-क्षुतम्=छीअं।

क्षुतमं संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप छीअं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-१७ से 'क्ष' का 'छ', १-११२ से 'उ' की 'ई', १-१७७ से 'त्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा के एक वचन मे नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर '*छीअं*' रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ ११२ ॥

ऊत्सुभग-मुसले वा ॥ १-११३ ॥

अनयोरादेरुत ऊद् वा भवति ॥ सूहवो सुहओ । मूसलं मुसलं ॥

अर्थः—सुभग और मुसल इन दोनों शब्दो में रहे हुए आदि 'उ' का विकल्प से दीर्घ 'ऊ' होता है। जैसे-सुभगः=सूहवो और सुहओ। मुसलम्=मूसलं और मुसलं॥

सुभगः संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप सूहवो और सुहओ होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-११३ से आदि 'उ' का विकल्प से 'ऊ', १-१८७ से 'भ' का 'ह', १-१९२ से प्रथम रूप में 'ऊ' होने पर 'ग' का

'ब' और द्वितीय रूप में 'ऊ' नहीं होने पर १-१७७ से 'ग' का लोप और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से पूहुओ और गुहुओ रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ १-१९ ॥

मुसलं संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत-रूप मूसलं और मुसलं होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-११३ से आदि 'उ' का विकल्प से दीर्घ 'ऊ'; ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से मूसलं और मुसलं रूप सिद्ध हो जाते हैं ॥ ११३॥

अनुत्साहोत्सन्ने त्सच्छे ॥ १-११४ ॥

उत्साहोत्सन्नवर्जिते शब्दे यौ त्सच्छौ तयो परयोरादेरुत ऊद् भवति ॥ त्स । ऊसुओ । ऊसवो । ऊसित्तो । ऊसरइ ॥ च्छ । उद्गता शुका यस्मात् सः ऊसुओ । ऊससइ ॥ अनुत्साहोत्सन्न इति किम् । उच्छाहो । उच्छन्नो ॥

अर्थ —उत्साह और उत्सन्न इन दो शब्दों को छोड़ करके अन्य किसी शब्द में 'त्स' अथवा 'च्छ' आवे तो इन 'त्स' अथवा 'च्छ' वाले शब्दों के आदि 'उ' का 'ऊ' होता है। 'त्स' के उदाहरण इस प्रकार है—

उत्सुक = ऊसुओ। उत्सव = ऊसवो। उत्सिक्त = ऊसित्तो। उत्सरति = ऊसरइ। 'च्छ' के उदाहरण इस प्रकार हैं—जहाँ से तोता-(पक्षी विशेष) निकल गया हो वह 'उच्छुक' होता है। इस प्रकार उच्छुक = ऊसुओ ॥ उच्छ्वसति = ऊससइ ॥ उत्साह और उत्सन्न इन दोनों शब्दों का निषेध क्यों किया? उत्तर —इन शब्दों में 'त्स' होने पर भी आदि 'उ' का 'ऊ' नहीं होता है अतः दीर्घ 'ऊ' की उत्पत्ति का इन शब्दों में अभाव ही मानना जैसे-उत्साह = उच्छाहो। उत्सन्न = उच्छन्नो ॥

उत्सुक संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप ऊसुओ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-११४ से आदि 'उ' का 'ऊ'; २-७७ से 'त्' का लोप; १-१७७ से 'क्' का लोप और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर ऊसुओ रूप सिद्ध हो जाता है।

ऊसवो शब्द की सिद्धि सूत्र-संख्या १-८४ में की गई है।

उत्सिक्त संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप ऊसित्तो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-११४ से आदि 'उ' का 'ऊ'; २-७७ से 'त्' और 'क्' का लोप; २-८९ से शेष द्वितीय 'त' का द्वित्व 'त्त' और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर ऊसित्तो रूप सिद्ध हो जाता है।

उत्सरति संस्कृत अकर्मक क्रिया पद है, इसका प्राकृत रूप ऊसरइ होता है। इसमे सूत्र-संख्या १-११४ से आदि 'उ' का 'ऊ', २-७७ से 'त्' का लोप, और ३-१३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन मे 'ति' प्रत्यय के स्थान पर 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर ऊसरइ रूप सिद्ध हो जाता है।

उच्छुक =(उत् + शुक)-संस्कृत विशेषण है, इसका प्राकृत रूप ऊसुओ होता है। इसमे सूत्र-संख्या-१-११४ से आदि 'उ' का 'ऊ'; २-७७ से 'त्' का लोप, १-२६० से 'श' का 'स',१-१७७ से 'क्' का लोप, और ३-२ से प्रथमा के एक वचन मे पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर ऊसुओ रुप सिद्ध हो जाता है।

उच्छ्वसति (उत्श्वसति)=संस्कृत सकर्मक क्रिया पद है। इसका प्राकृत रूप ऊससइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या-१-११४ से आदि 'उ' का 'ऊ', २-७७ से 'त्' का लोप, १-१७७ से 'व्' का लोप, १-२६० से 'श' का 'स', और ३-१३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन मे 'ति' प्रत्यय के स्थान पर 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर ऊससइ रूप सिद्ध हो जाता है।

उत्साहः संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप उच्छाहो होता है। इसमें-सूत्र-संख्या २-२१ से 'त्स' का 'छ', २-८९ से प्राप्त 'छ' का द्वित्व 'छ्छ', २-९० से प्राप्त पूर्व 'छ्' का 'च्', और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिग 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर उच्छाहो रुप सिद्ध हो जाता है।

उत्सन्नः संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप उच्छन्नो होता है। इसमें सूत्र-संख्या-२-२१ से 'त्स' का 'छ'; २-८९ से प्राप्त 'छ' का द्वित्व 'छ्छ' २-९० से प्राप्त पूर्व 'छ', का 'च्', और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर उच्छन्नो रूप सिद्ध हो जाता है॥ ११४॥

लुकि दुरो वा ॥ १-११५ ॥

दुर् उपसर्गस्य रेफस्य लोपे सति उत ऊत्वं वा भवति ॥ दूसहो दुसहो। दूहवो दुहओ ॥ लुकीति किम्। दुस्सहो विरहो ॥

अर्थः—'दुर्' उपसर्ग मे रहे हुए 'र्' का लोप होने पर 'दु' में रहे हुए 'उ' का विकल्प से 'ऊ' होता है। जैसे -दु सह =दूसहो और दुसहो ॥ दुर्भग =दूहवो और दुहओ 'र्' का लोप होने पर ऐसा उल्लेख क्यों किया ?

उत्तर —यदि 'दुर्' उपसर्ग में रहे हुए 'र्' का लोप नहीं होगा तो 'दु' में रहे हुए 'उ' का भी दीर्घ 'ऊ' नहीं होगा। जैसे—दुस्सह. विरह =दुस्सहो विरहो। यहाँ पर 'र्' का स् हो गया है और उसका लोप नहीं हुआ है, अत 'दु' मे स्थित 'उ' का भी 'ऊ' नहीं हुआ है। ऐसा जानना।

दूसहो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १ १३ में की गई है।

दुस्सह' (दुस्सह') संस्कृत विशेषण है इसका प्राकृत रूप दुसहो होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १३ से 'र् का लोप' और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर दुसहो रूप सिद्ध हो जाता है।

दुर्भग संस्कृत विशेषण है। इसके प्राकृत रूप दूहवो और दुहओ होते हैं। इसमें सूत्र संख्या १ १३ से र् का लोप १ ११५ से आदि 'उ का विकल्प से 'ऊ १ १८७ से 'भ' का 'ह १ १९२ से आदि दीर्घ 'ऊ वाले प्रथम रूप में 'ग का 'व और १ १७७ से ह्रस्व 'उ' वाले द्वितीय रूप में 'ग् का लोप' और ३ २ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग म 'सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम स दूहवो और दुहओ रूप सिद्ध हो जाते हैं।

दुसहो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १ १३ में की गई है।

विरह संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप विरहो होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-२ से प्रथमा क एक वचन में पुल्लिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर विरहो रूप सिद्ध हो जाता है॥ ११५॥

ओत्संयोगे ॥ १ ११६ ॥

संयोगे परे आदेरुत ओत्वं भवति॥ तोण्डं। मोण्डं। पोक्खरं कोट्टिमं पोत्थओ। लोद्धओ। मोत्था। मोग्गरो पोग्गलं। कोण्ढो। कोन्तो। वोक्कन्तं॥

अर्थ —शब्द में रहे हुए आदि 'उ के आगे यदि संयुक्त अक्षर आ जाय' तो उस 'उ' का 'ओ' हो जाया करता है। जैसे-तुण्डम् = तोण्डं। मुण्ड = मोण्डं। पुष्करम् = पोक्खरं। कुट्टिमम् = कोट्टिमम्। पुस्तक = पोत्थओ। लुब्धक = लोद्धओ। मुस्ता = मोत्था। मुद्गर = मोग्गरो। पुद्गलं = पोग्गलं। कुष्ठ = कोण्ढो। कुन्त = कोन्तो। व्युत्क्रान्तम् = वोक्कन्तं॥

तुण्डम् संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप तोण्डं होता है। इसमें सूत्र संख्या १ ११६ से आदि उ का ओ ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर 'म् प्रत्यय की प्राप्ति और १ २३ से प्राप्त 'म् का अनुस्वार होकर तोण्डम् रूप सिद्ध हो जाता है।

मुण्डम् संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप मोण्डं होता है। इसमें सूत्र संख्या १ ११६ से आदि 'उ का 'ओ ३ २५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १ २३ से प्राप्त 'म् का अनुस्वार होकर मोण्डं रूप सिद्ध हो जाता है।

पुष्करं संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप पोक्खरं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-११६ से आदि 'उ' का 'ओ', २-४ से 'ष्क' का 'ख'; २-८९ से प्राप्त 'ख' का द्वित्व 'ख्ख', २-९० से प्राप्त पूर्व 'ख्' का 'क्', ३-२५ से प्रथमा के एक वचन मे नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *पोक्खरं* रूप सिद्ध हो जाता है।

कुट्टिमं सस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप कोट्टिमं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-११६ से आदि 'उ' का 'ओ', ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *कोट्टिमं* रूप सिद्ध हो जाता है।

पुस्तकः संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप पोत्थओ होता है। इसमे सूत्र सख्या १-११६ से आदि 'उ' का 'ओ', २-४५ से 'स्त' का 'थ', २-८९ से प्राप्त 'थ' का द्वित्व 'थ्थ'; २-९० से प्राप्त पूर्व 'थ्' का 'त्', १-१७७ से 'क्' का लोप, और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पोत्थओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

लुब्धकः सस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप 'लोद्धओ' होता है। इसमे सूत्र सख्या १-११६ से आदि 'उ' का 'ओ', २-७९ से 'ब्' का लोप, २-८९ से शेष 'ध' का द्वित्व 'ध्ध', २-९० से प्राप्त पूर्व 'ध' का 'द्', १-१७७ से 'क्' का लोप, और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *लोद्धओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

मुस्ता सस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप मोत्था होता है। इसमे सूत्र संख्या १-११६ से आदि 'उ' का 'ओ', २-४५ से 'स्त' का 'थ'; २-८९ से प्राप्त 'थ' का द्वित्व 'थ्थ'; और २-९० से प्राप्त पूर्व 'थ्' का 'त्' होकर *मोत्था* रूप सिद्ध हो जाता है।

मुद्गरः संस्कृत शब्द है, इसका प्राकृत रूप मोग्गरो होता है। इसमे सूत्र-सख्या १-११६ से आदि 'उ' का 'ओ', २-७७ से 'द्' का लोप, २-८९ से शेष 'ग' का द्वित्व 'ग्ग', और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मोग्गरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

पुद्गलं संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप पोग्गलं होता है। इस में सूत्र सख्या १-११६ से आदि 'उ' का 'ओ', २-७७ से 'द्' का लोप, २-८९ से 'ग' का द्वित्व 'ग्ग', ३-२५ से प्रथमा के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *पोग्गलं* रूप सिद्ध हो जाता है

कुण्ठः सस्कृत शब्द है, इसका प्राकृत रूप कोण्ढो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-११६ से आदि 'उ' का 'ओ', १-१९९ से 'ठ' का 'ढ', और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर *कोण्ढो* रूप सिद्ध हो जाता है।

कुन्त संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप कोन्तो होता है। इसमें सूत्र संख्या १ ११६ से आदि 'उ' का 'ओ' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन से पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर कोन्तो रूप सिद्ध हो जाता है।

व्युत्क्रान्तं संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप वोक्कन्तं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७८ से 'य' का लोप; १ ११६ से आदि 'उ' का 'ओ'; २-७९ से 'र्' का लोप; २-७७ से 'त्' का लोप; २-८९ से 'क' का द्वित्व 'क्क'; १-८४ से 'क्रा' में रहे हुए 'आ' का 'अ'; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति; और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर वोक्कन्तं रूप सिद्ध हो जाता है। ॥११६॥

कुतूहले वा ह्रस्वश्च ॥ १–११७ ॥

कुतूहल शब्दे उत ओद् वा भवति तत्संनियोगे ह्रस्वश्च वा॥ कोउहलं कुऊहलं कोउहल्लं ॥

अर्थ —कुतूहल शब्द में रहे हुए आदि 'उ' का विकल्प से 'ओ' होता है। और जब 'ओ' होता है तब 'तू' में रहा हुआ दीर्घ 'ऊ' विकल्प से ह्रस्व हो जाया करता है। जैसे-कुतूहलम्=कोऊहलं कुऊहलं और कोउहल्लं। तृतीय रूप में आदि 'उ' का 'ओ' हुआ है, अतः उसके पास वाले-याने संनियोग वाले 'तू' में रहे हुए दीर्घ 'ऊ' का ह्रस्व 'उ' हो गया है।

कुतूहलं संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप कोऊहलं, कुऊहलं, कोउहल्लं होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १ ११७ से आदि 'उ' का विकल्प से 'ओ'; १ १७७ से 'त्' का लोप; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से कोऊहलं और कुऊहलं रूप सिद्ध हो जाते हैं। तृतीय रूप में सूत्र संख्या १ ११७ से आदि 'उ' का 'ओ'; १ १७७ से 'त्' का लोप; १ ११७ से 'ओ' की संनियोग अवस्था होने के कारण से द्वितीय दीर्घ 'ऊ' का ह्रस्व 'उ'; २-९९ से 'ल' का द्वित्व 'ल्ल'; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर कोउहल्लं रूप सिद्ध हो जाता है। ॥११७॥

अदूत सूक्ष्मे वा ॥ १–११८ ॥

सूक्ष्म शब्दे ऊतोद् वा भवति ॥ सण्हं सुण्हं ॥ आर्षे । सुहुमं ॥

अर्थ —सूक्ष्म शब्द में रहे हुए 'ऊ' का विकल्प से 'अ' होता है। जैसे-सूक्ष्मम्=सण्हं और सुण्हं ॥ आर्ष प्राकृत में सुहुमं रूप भी पाया जाता है।

सूक्ष्मं संस्कृत विशेषण है; इसके प्राकृत रूप सण्हं और सुण्हं होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-११८ से 'ऊ' का विकल्प से 'अ'; २-७५ से 'क्ष्म' का 'ण्ह', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप सण्हं सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में सूत्र संख्या १-११८ के वैकल्पिक विधान के अनुस्वार 'ऊ' का 'अ' नहीं होने पर १ ८४ से दीर्घ 'ऊ' का ह्रस्व 'उ' होकर *सुण्हं* रूप सिद्ध हो जाता है।

सूक्ष्मं संस्कृत विशेषण है। इसका आर्ष में प्राकृत रूप सुहुमं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-३ से 'क्ष्' का 'ख्', १-१८७ से प्राप्त 'ख्' का 'ह्', २-११३ से प्राप्त 'ह्' में 'उ' की प्राप्ति, १-८४ से 'सू' मे रहे हुए 'ऊ' का 'उ', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *सुहुमं* रूप सिद्ध हो जाता है।

दुकूले वा लश्च द्विः ॥ १-११९ ॥

दुकूल शब्दे ऊकारस्य अत्वं वा भवति। तत्संनियोगे च लकारो द्विर्भवति ॥ दुअल्लं, दुऊलं ॥ आर्षे दुगुल्लं ॥

अर्थः—दुकूल शब्द मे रहे हुए द्वितीय दीर्घ 'ऊ' को विकल्प से 'अ' होता है, इस प्रकार 'अ' होने पर आगे रहे हुए 'ल' का द्वित्व 'ल्ल' हो जाता है, जैसे—दुकूलम्=दुअल्लं और दुऊलं ॥ आर्ष-प्राकृत में दुकूलम् का दुगुल्लं रूप भी होता है।

दुकूलं संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप दुअल्ल और दुऊलं होते हैं। इसमें सूत्र-संख्या-१-१७७ से 'क' का लोप, १-११९ से'ऊ'का विकल्प से 'अ', और 'ल'का द्वित्व 'ल्ल', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से *दुअल्लं* और *दुऊलं* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

दुकूलम् संस्कृत शब्द है। इसका आर्ष-प्राकृत में दुगुल्ल रूप होता है। इसमें सूत्र संख्या १-३ से 'दुकूल' का 'दुगुल्ल', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *दुगुल्लं* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ ११९ ॥

ईर्वोद्व्यूढे ॥ १-१२० ॥

उद्व्यूढशब्दे ऊत ईत्वं वा भवति ॥ उव्वीढं। उव्वूढं ॥

अर्थः—उद्व्यूढ शब्द में रहे हुए दीर्घ 'ऊ' की विकल्प से दीर्घ 'ई' होती है। जैसे—उद्व्यूढम् =उव्वीढं और उव्वूढं ॥

उद्व्यूढम् संस्कृत विशेषण है। इसके प्राकृत रूप उव्वीढं और उव्वूढं होते हैं। इनमें सूत्र संख्या २-७७ से 'द्' का लोप; २-७८ से 'य्' का लोप; २-८९ से 'व्' का द्वित्व 'व्व्'; १-१२० से दीर्घ 'ऊ' को विकल्प से दीर्घ 'ई'; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से उव्वीढं और उव्वूढं रूप सिद्ध हो जाते हैं।

ऊर्भ्रू-हनूमत्कण्डूय-वातूले ॥ १-१२१ ॥

एषु ऊत उत्वं भवति ॥ भुमया । हणुमन्तो । कण्डुअइ । वाउलो ॥

अर्थ:—भ्रू, हनुमत, कण्डूयति, और वातूल इन शब्दों में रहे हुए दीर्घ 'ऊ' का ह्रस्व 'उ' होता है। जैसे—भ्रूमया = भुमया। हनूमान = हणुमन्तो। कण्डूयति = कण्डुअइ। वातूल = वाउलो।

भ्रूमया संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप भुमया होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप; १-१२१ से दीर्घ 'ऊ' का ह्रस्व 'उ' होकर भुमया रूप सिद्ध हो जाता है।

हनुमान् संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप हणुमन्तो होता है। इसका मूल शब्द हनूमत् है। इसमें सूत्र संख्या १-२२८ से 'न' का 'ण'; १-१२१ से दीर्घ 'ऊ' का ह्रस्व 'उ'; २-१५९ से 'स्वार्थ में मत्' प्रत्यय के स्थान पर 'मन्त' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर हणुमन्तो रूप सिद्ध हो जाता है।

कण्डूयति संस्कृत सकर्मक क्रिया है। इसका प्राकृत रूप कण्डुअइ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१२१ से दीर्घ 'ऊ' का ह्रस्व 'उ'; १-१७७ से 'य्' का लोप; और ३-१३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में 'ति' प्रत्यय के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति होकर कण्डुअइ रूप सिद्ध हो जाता है।

वातूलः संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप वाउलो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप; १-१२१ से दीर्घ 'ऊ' का ह्रस्व 'उ'; और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर वाउलो रूप सिद्ध हो जाता है। ॥१२१॥

मधूके वा ॥ १-१२२ ॥

मधूक शब्दे ऊत उद् वा भवति ॥ महुअं महूअं ॥

अर्थ:—मधूक शब्द में रहे हुए दीर्घ 'ऊ' का विकल्प से ह्रस्व 'उ' होता है। जैसे-मधूकम् = महुअं और महूअं।

मधूकं संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप महुअं और महूअं होते हैं। इसमें सूत्र संख्या १-१८७

से 'ध' का 'ह', १-१२२ से दीर्घ 'ऊ' का विकल्प से ह्रस्व 'उ', १-१७७ से 'क्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से *महुअं* और *महूअं* रूप सिद्ध हो जाते हैं। ॥१२२॥

इदेतौ नूपुरे वा ॥ १-१२३ ॥

नूपुर शब्दे ऊत इत् एत् इत्येतौ वा भवतः ॥ निउरं नेउरं । पक्षे नूउरं ॥

अर्थः—नूपुर शब्द में रहे हुए आदि दीर्घ 'ऊ' के विकल्प से 'इ' और 'ए' होते हैं। जैसे-नूपुरम् =निउरं, नेउरं और पक्ष में नूउरं। प्रथम रूप में 'ऊ' की 'इ'; द्वितीय रूप में 'ऊ' का 'ए', और तृतीय रूप में विकल्प-पक्ष के कारण से 'ऊ' का 'ऊ' ही रहा।

नूपुरम् संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप निउरं, नेउरं और नूउरं होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-१२३ से आदि दीर्घ 'ऊ' का विकल्प से 'इ' और 'ए', और पक्ष मे 'ऊ', १-१७७ से 'प्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म् प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से *निउरं, नेउरं,* और *नूउरं* रूप सिद्ध हो जाते हैं। ॥ १२३ ॥

ओत्कूष्माण्डी-तूणीर-कूर्पर-स्थूल-ताम्बूल-गुडूची-मूल्ये ॥ १-१२४ ॥

एषु ऊत ओद् भवति ॥ कोहण्डी कोहली । तोणीरं कोप्परं । थोरं । तम्बोलं । गलोई मोल्लं ॥

अर्थः—कूष्माण्डी, तूणीर, कूर्पर, स्थूल, ताम्बूल, गुडूची, और मूल्य में रहे हुए 'ऊ' का 'ओ' होता है। जैसे-कूष्माण्डी=कोहण्डी और कोहली। तूणीरम्=तोणीरं। कूर्परम्=कोप्परं। स्थूलम्= थोरं। ताम्बूलम्=तम्बोलं। गुडूची=गलोई। मूल्य=मोल्लं ॥

कूष्माण्डी संस्कृत शब्द है। इसके प्राकृत रूप कोहण्डी और कोहली होते हैं। इनमे सूत्र संख्या १-१२४ से 'ऊ' का 'ओ', २-७३ से 'ष्मा' का 'ह'; और इसी सूत्र से 'ण्ड' का विकल्प से 'ल', होकर क्रम से *कोहण्डी* और *कोहली* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

तूणीरम् संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप तोणीरं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१२४ से 'ऊ' का 'ओ', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति; और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *तोणीरं* रूप सिद्ध हो जाता है।

कूर्परम् संस्कृत शब्द है इसका प्राकृत रूप कोप्परं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१२४ से 'ऊ' का 'ओ', २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से 'प' का द्वित्व 'प्प', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे

नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति; और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर कोप्परं रूप सिद्ध हो जाता है।

स्थूलं संस्कृत विशेषण है, इसका प्राकृत रूप थोरं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७७ से 'स्' का लोप १-१२४ से 'ऊ' का 'ओ' १-२५५से 'ल' का 'र', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर थोरं रूप सिद्ध हो जाता है।

ताम्बूलं संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप तम्बोलं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-८४से आदि 'आ' का 'अ' १-१२४ से 'ऊ' का 'ओ' ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *तम्बोलं* रूप सिद्ध हो जाता है।

गलोई शब्द की सिद्धि सूत्र संख्या १-१०७ में की गई है।

मूल्यं संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मोल्लं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१२४ से 'ऊ' का 'ओ' २-७८ से 'य्' का लोप २-८९ से 'ल' का द्वित्व 'ल्ल', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *मोल्लं* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ १२४ ॥

स्थूणा-तूणे वा ॥१-१२५॥

अनयोरूत ओत्वं वा भवति। थोणा थूणा। तोणं तूणं॥

अर्थ—स्थूणा और तूण शब्दों में रहे हुए 'ऊ' का विकल्प से 'ओ' होता है। जैसे-स्थूणा= थोणा और थूणा। तूणम्=तोणं और तूणं॥

स्थूणा संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप थोणा और थूणा होते हैं। इनमें सूत्र संख्या २-७७ से स् का लोप १-१२५ से 'ऊ' का विकल्प से 'ओ' होकर *थोणा* और *थूणा* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

तूणं संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप तोणं और तूणं होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-१२५ से 'ऊ' का विकल्प से 'ओ' ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *तोणं* और *तूणं* रूप सिद्ध हो जाते हैं॥ १२५॥

ऋतोत् ॥ १-१२६ ॥

आदेर्ऋकारस्य अत्वं भवति॥ घृतम्। घयं॥ तृणम्। तणं॥ कृतम्। कयं॥ वृषभः। वसहो॥ मृगः। मओ॥ घृष्टः। घट्ठो॥ दुहाइअमिति कृपादिपाठात्॥

अर्थः—शब्द में रही हुई आदि 'ऋ' का 'अ' होता है। जैसे-घृतम्=घयं ॥ तृणम्=तणं ॥ कृतम्=कय ॥ वृषभ =वसहो ॥ मृग =मओ ॥ घृष्ट = घट्ठो ॥ द्विधा-कृतम्=दुहाइअं इत्यादि शब्दों की सिद्धि 'कृपादि' के समान अर्थात् सूत्र सख्या १-१२८ के अनुसार जानना।

घृतम् सस्कृत रूप है। इसका प्राकृतक रूप घयं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१२६ से 'ऋ' का 'अ'; १-१७७ से 'त्' का लोप, १-१८० से शेष 'अ' का 'य', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *घयं* रूप सिद्ध हो जाता है।

तृणम् सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप तणं होता है। इसमे सूत्र संख्या १-१२६ से 'ऋ' का 'अ', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *तणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

कृतम् सस्कृत अव्यय है। इसका प्राकृत रूप कय होता है। इसमे सूत्र संख्या १-१२६ से 'ऋ' का 'अ'; १-१७७ से 'त्' का लोप, १-१८० से शेष 'अ' का 'य', और १-२३ से 'म्' का अनुस्वार होकर *कय* रूप सिद्ध हो जाता है।

वृषभः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप वसहो होता है इसमें सूत्र-सख्या १-१२६ से 'ऋ' का 'अ', १-२६० से 'ष' का 'स', १-१८७ से 'भ' का 'ह', और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वसहो* रूप सिद्ध हो जाता है।

मृगः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मओ होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-१२६ से 'ऋ' का 'अ', १-१७७ से 'ग्' का लोप, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

घृष्टः सस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप घट्ठो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१२६ से 'ऋ' का 'अ', २-३४ से 'ष्ट' का 'ठ', २-८६ से प्राप्त 'ठ' का द्वित्व 'ठ्ठ', २-९० से प्राप्त पूर्व 'ठ्' का 'ट्', और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *घट्ठो* रूप सिद्ध हो जाता है।

दुहाइअ शब्द की सिद्धि सूत्र-संख्या १-९७ में की गई है ॥१२७॥

आत्कृशा-मृदुक-मृदुत्वे वा ॥ १-१२७ ॥

एषु आदेर्ऋत आद् वा भवति ॥ कासा किसा। माउक्कं मउअं। माउक्कं मउत्तणं ॥

अर्थः—कृशा, मृदुक, और मृदुत्व; इन शब्दों में रही हुई आदि 'ऋ' का विकल्प से 'आ'

होता है। जैसे-कृशा=कासा और किसा ॥ मृदुकम्=माउक्कं और मउअं ॥ मृदुत्वम्=माउक्कं और मउत्तणं ॥

कृशा संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप कासा और किसा होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-१२७ से 'ऋ' का विकल्प से 'आ', १-२६० से 'श' का 'स' होकर प्रथम रूप कासा सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में सूत्र संख्या १-१२८ से 'ऋ' की 'इ' और शेष पूर्ववत् होकर *किसा* रूप सिद्ध हो जाता है।

मृदुकम् संस्कृत विशेषण है। इसके प्राकृत रूप माउक्कं और मउअं होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-१२७ से 'ऋ' का विकल्प से 'आ' १-१७७ से 'द्' का लोप, २-८९ से 'क' का द्वित्व 'क्क'; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *माउक्कं* रूप सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में सूत्र संख्या १-१२६ से 'ऋ' का 'अ', १-१७७ से 'द्' और 'क्' का लोप और शेष पूर्व रूपवत् होकर *मउअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

मृदुत्वं संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप माउक्कं और मउत्तणं होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-१२७ से 'ऋ' का 'आ' १-१७७ से 'द्' का लोप २-२ से 'त्व' के स्थान पर विकल्प से 'क्' का आदेश; २-८९ से प्राप्त 'क' का द्वित्व 'क्क' ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *माउक्कं* रूप सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में सूत्र संख्या १-१२६ से 'ऋ' का 'अ'; १-१७७ से 'द्' का लोप; २-१५४ से 'त्व' के स्थान पर विकल्प से 'त्तण' का आदेश; और शेष पूर्व रूप वत् होकर *मउत्तणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

इत्कृपादौ ॥ १-१२८ ॥

कृपा इत्यादिषु शब्देषु आदेर्ऋत इत्त्वं भवति ॥ किवा । हिययं । मिट्ठं रसे एव । अन्यत्र मट्ठं । दिट्ठं । दिट्ठी । सिट्ठं सिट्ठी गिट्ठी गिण्ठी । पिच्छी । भिऊ । भिङ्गो । भिङ्गारो । सिङ्गारो । सिआलो । घिणा । घुसिणं । विद्ध-कई । समिद्धी । इद्धी । गिद्धी । किसो । किसाणू । किसरा । किच्छं । तिप्पं । किसिओ । निवो । किच्चा । किई । धिई । किवो । किविणो । किवाणं । विञ्चुओ । वित्तं । वित्ती हिअं । वाहित्तं । बिहिओ । विसी । इसी । विइण्हो । छिहा । सइ । उक्किट्ठं । निसंसो ॥ क्वचिन्न भवति । रिद्धी कृपा । हृदय । मृष्ट । दृष्ट । दृष्टि । सृष्ट । सृष्टि । गृष्टि । पृथ्वी । भृगु । भृङ्ग । भृङ्गार । शृङ्गार । शृगाल । घृणा । घुसृण । वृद्ध कवि । समृद्धि । ऋद्धि । गृद्धि । कृश । कृशानु । कृसरा । कृच्छ्र । तृप्त । कृषित । नृप । कृत्या । कृति । धृति । कृप । कृपण । कृपाण । वृश्चिक । वृत्त । वृत्ति । हृत । व्याहृत । बृंहित । वृसी । ऋषि । वितृष्ण । स्पृहा । सकृत् । उत्कृष्ट । नृशंस ॥

अर्थः—कृपा आदि शब्दों मे रही हुई आदि 'ऋ' की 'इ' होती है। जैसे–कृपा = किवा। हृदयम् = हियय। मृष्टम् = (रस वाचक अर्थ में ही) मिट्ठं। मृष्टम् = (रस से अतिरिक्त अर्थ मे) मट्ठं। दृष्टम् = दिट्ठं। दृष्टिः = दिट्ठी। मृष्टम् = सिट्ठ। सृष्टि = सिट्ठी। गृष्टि = गिट्ठी और गिण्ठी। पृथ्वी = पिच्छी। भृगु = भिऊ। भृङ्ग = भिङ्गो। भृङ्गारः = भिङ्गारो। शृङ्गार = सिङ्गारो। शृगाल = सिआलो। घृणा = घिणा। घुसृणम् = घुसिणम्। वृद्ध कविः = विद्ध-कई। समृद्धिः = समिद्धी। ऋद्धिः = इद्धि। गृद्धिः = गिद्धी। कृशः = किसो। कृशानु = किसाणू। कृसरा = किसरा। कृच्छ्रम् = किच्छ। तृप्तम् = तिप्प। कृपित = किमिओ। नृप = निवो। कृत्या = किचा। कृतिः = किई। धृति = धिई। कृप = किवो। कृपण = किविणो। कृपाणम् = किवाणं। वृश्चिक = विञ्चुओ। वृत्तम् = वित्तं। वृत्ति = वित्ती। हृतम् = हिअं। व्याहृतम् = वाहित्तं। बृंहित = बिंहिओ। वृसी = विसी। ऋषि = इसी। वितृष्ण = विइण्हो। स्पृहा = छिहा। सकृत् = सइ। उत्कृष्टम् = उक्किट्ठं। नृशस = निससो। किसी किसी शब्द मे ऋ' की 'इ' नहीं भी होती है। जैसे–ऋद्धिः = रिद्धी।

कृपा संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप किवा होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१२८ से आदि 'ऋ' की 'इ', और १-२३१ से 'प' का 'च' होकर *किवा* रूप सिद्ध हो जाता है।

हृदयम् सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप हिययं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१२८ से 'ऋ' की 'इ', १-१७७ से 'द्' का लोप, १-१८० से शेष अ' का 'य', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *हिययं* रूप सिद्ध हो जाता है।

मृष्टम् संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप मिट्ठं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१२८ से 'ऋ' की 'इ'; २-३४ से 'ष्ट' का 'ठ'; २-८६ से प्राप्त 'ठ' का द्वित्व 'ठ्ठ'; २-६० से प्राप्त पूर्व 'ठ्' का 'ट्', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार *मिट्ठं* रूप सिद्ध हो जाता है।

मृष्टम् सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मट्ठं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१२६ से 'ऋ' का 'अ', २-३४ से 'ष्ट' का 'ठ', २-८६ से प्राप्त 'ठ' का द्वित्व 'ठ्ठ'; २-६० से प्राप्त पूर्व 'ठ्' का 'ट्', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *मट्ठं* रूप सिद्ध हो जाता है।

दिट्ठ रूप की सिद्धी सूत्र सख्या १–४२ में की गई है।

चतुर्वार संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप चोव्वारो और चउव्वारो होते हैं। इसके प्रथम रूप चोव्वारो में सूत्र संख्या १-१७१ से आदि स्वर 'अ' सहित परवर्ती स्वर सहित 'तु' व्यञ्जन के स्थान पर अर्थात् 'अतु' शब्दांश के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'ओ' की प्राप्ति; २-७९ से 'र्' का लोप; २-८९ से 'व्' को द्वित्व 'व्व्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *चोव्वारो* रूप सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप चउव्वारो में सूत्र संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप और शेष सिद्धि प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *चउव्वारो* भी सिद्ध हो जाता है।

सुकुमार संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप सोमालो और सुकुमालो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप सोमालो में सूत्र संख्या १-१७१ से आदि स्वर 'उ' सहित परवर्ती स्वर सहित 'कु' व्यञ्जन के स्थान पर अर्थात् 'उकु' शब्दांश के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'ओ' की प्राप्ति; १-२५४ से 'र' को 'ल' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *सोमालो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप सुकुमालो में सूत्र संख्या १-२५४ से 'र' को 'ल' की प्राप्ति और शेष सिद्धि प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *सुकुमालो* भी सिद्ध हो जाता है।

कुतूहलम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप कोहलं और कोउहल्लं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप कोहलं में सूत्र संख्या १-१७१ से आदि स्वर 'उ' सहित परवर्ती स्वर सहित 'तू' व्यञ्जन

के स्थान पर अर्थात् 'उतू' शब्दांश के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'ओ' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *कोहलं* सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप *कोउहल्लं* की सिद्धि सूत्र संख्या १-११७ में की गई है।

तह अव्यय की सिद्धि सूत्र संख्या १ ६७ में की गई है।

मन्ये संस्कृत क्रियापद है। इसका प्राकृत रूप मन्ने होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७८ से 'य्' का लोप; २-८९ से शेष 'न' को द्वित्व 'न्न' की प्राप्ति होकर *मन्ने* रूप सिद्ध हो जाता है।

कुतूहलिके संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप कोहलिए और कुऊहलिए होते हैं। इनमें से प्रथम रूप कोहलिए में सूत्र संख्या १-१७१ से आदि स्वर 'उ' सहित परवर्ती स्वर सहित 'तू' व्यञ्जन के स्थान पर अर्थात 'उतू' शब्दांश के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'ओ' की प्राप्ति, १-१७७ से 'क्' का लोप और ३-४१ से मूल संस्कृत शब्द कुतूहलिका के प्राकृत रूपान्तर कुऊहलिआ में स्थित अन्तिम 'आ' का सबोधन के एक वचन में 'ए' होकर प्रथम रूप *कोहलिए* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप कुऊहलिए में सूत्र संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप और शेष सिद्ध प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *कुऊहलिए* भी सिद्ध हो जाता है।

उदूखलः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप ओहलो और उऊहलो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप ओहलो में सूत्र संख्या १-१७१ से आदि स्वर 'उ' सहित परवर्ती स्वर सहित 'दू' व्यञ्जन के स्थान पर अर्थात् 'उदू' शब्दांश के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'ओ' की प्राप्ति; १-१८७ से 'ख' का 'ह' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *ओहलो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप उऊहलो में सूत्र संख्या १-१७७ से 'द्' का लोप, और शेष सिद्धि प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *उऊहलो* भी सिद्ध हो जाता है।

उलूखलम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप ओक्खलं और उलूहलं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप ओक्खलं में सूत्र संख्या १-१७१ से आदि स्वर 'उ' सहित परवर्ती स्वर सहित 'लू' व्यञ्जन के स्थान पर अर्थात् उलू शब्दांश के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'ओ' की प्राप्ति, २-८९ से 'ख' को द्वित्व 'ख्ख' की प्राप्ति; २-९० से प्राप्त पूर्व 'ख्' को 'क्' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *ओक्खलं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप उलूहलं में सूत्र संख्या १-१८७ से 'ख' को 'ह' और शेष सिद्धि प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *उलूहलं* भी सिद्ध हो जाता है।

मोर संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मोरो होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर 'मोरो' रूप सिद्ध हो जाता है।

मयूर संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मऊरो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से 'य्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर मऊरो रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ १—१७१ ॥

अवापोते ॥ १-१७२ ॥

अवापयोरुपसर्गयोरुत इति विकल्पार्थ—निपाते च आदेः स्वरस्य परेण सस्वर व्यञ्जनेन सह ओद् वा भवति ॥ अव। ओअरइ। अवयरइ। ओआसो अवयासो ॥ अप। ओसरइ अवसरइ। ओसारिअं अवसारिअं ॥ उत। ओ वणं। ओ घणो। उअ वणं। उअ घणो ॥ क्वचिन्न भवति। अवगयं। अवसद्दो। उअ रवी ॥

अर्थ—'अव' और 'अप' उपसर्गों के तथा विकल्प—अर्थ सूचक 'उत' अव्यय के आदि स्वर सहित परवर्ती स्वर सहित व्यञ्जन के स्थान पर अर्थात् 'अव', 'अप' और 'उत' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'ओ' की प्राप्ति होती है। जैसे—'अव' के उदाहरण इस प्रकार है—अवतरति=ओअरइ और अवयरइ। अवकाश=ओआसो और अवयासो। 'अप' उपसर्ग के उदाहरण इस प्रकार हैं—अपसरति=ओसरइ और अवसरइ। अपसारितम्=ओसारिअं और अवसारिअं॥ उत अव्यय के उदाहरण इस प्रकार हैं—उतवनम्=ओ वणं। और उअ वणं। उतघन=ओ घणो और उअ घणो॥ किन्हीं किन्हीं शब्दों में 'अव' तथा 'अप' उपसर्गों के और 'उत' अव्यय के स्थान पर 'ओ' की प्राप्ति नहीं हुआ करती है। जैसे अवगतम्=अवगयं। अपशब्द=अवसद्दो। उत रवि=उअ रवी॥

अवतरति संस्कृत अकर्मक क्रियापद है। इसके प्राकृत रूप ओअरइ और अवयरइ होते हैं। इनमें से प्रथम रूप ओअरइ में सूत्र-संख्या १—१७२ से आदि स्वर 'अ' सहित परवर्ती स्वर सहित 'व' व्यञ्जन के स्थान पर अर्थात् 'अव' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'ओ' की प्राप्ति १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-१३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में संस्कृत—प्रत्यय 'ति' के स्थान पर 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप ओअरइ सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप अवयरइ में सूत्र संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप १-१८० से शेष 'अ' को 'य' की प्राप्ति और शेष सिद्धि प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप अवयरइ भी सिद्ध हो जाता है।

अवकाश संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप ओआसो और अवयासो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप ओआसो में सूत्र संख्या १-१७२ से आदि स्वर 'अ' सहित परवर्ती स्वर सहित 'व' व्यञ्जन के

स्थान पर अर्थात् 'अव' उपसर्ग के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'ओ' की प्राप्ति, १-१७७ से 'क्' का लोप; १-२६० से 'श' का 'स' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे पुल्लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *ओआसो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप *अवयासो* की सिद्धि सूत्र संख्या १-६ में की गई हैं। *अपसरति* संस्कृत अकर्मक क्रियापद है। इसके प्राकृत रुप ओसरइ और अवसरइ होते हैं। इनमें से प्रथम रुप ओसरइ में सूत्र सख्या १-१७२ से आदिस्वर 'अ' सहित परवर्ती स्वर सहित 'प' व्यञ्जन के स्थान पर अर्थात् 'अप' उपसर्ग के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'ओ' की प्राप्ति और ३-१३६ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में सस्कृत-प्रत्यय 'ति' के स्थान पर 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *ओसरइ* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप अवसरइ में सूत्र सख्या १-२३१ से 'प' का 'व' और शेष सिद्धि प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *अवसरइ* भी सिद्ध हो जाता है।

अपसारितम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप ओसारिअं और अवसारिअं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप ओसारिअं में सूत्र संख्या १-१७२ से आदि स्वर 'अ' सहित परवर्ती स्वर सहित 'प' व्यञ्जन के स्थान पर अर्थात् 'अप' उपसर्ग के स्थान पर वैकलिपक रूप से 'ओ' की प्राप्ति, १-१७७ से 'त्' का लोप और १-२३ से 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *ओसारिअं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप अवसारिअं में सूत्र संख्या १-२३१ से 'प' का 'व' और शेष सिद्धि प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रुप *अवसारिअं* भी सिद्ध हो जाता है।

उतवनम् सस्कृत वाक्यांश है इसके प्राकृत रुप ओवणं और उअवणं होते हैं। इनमें से प्रथम रुप 'ओवणं' में सूत्र सख्या १-१७२ से आदि स्वर 'उ' सहित परवर्ती स्वर सहित 'त' व्यञ्जन के स्थान पर अर्थात् 'उत' अव्यय के स्थान पर वैकल्पिक रुप से 'ओ' की प्राप्ति, द्वितीय शब्द वणं में सूत्र संख्या १-२२८ से 'न' का 'ण' और १-२३ से अन्त्य व्यञ्जन 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *"ओवणं"* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप 'उअ वणं' मे सूत्र-सख्या १-१७७ से 'त्' का लोप और शेष सिद्धि प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रुप *'उअवणं'* भी सिद्ध हो जाता है।

'उतघन.' सस्कृत वाक्यांश है। इसके प्राकृत रुप 'ओ घणो' और 'उअघणो' होते हैं। इनमें से प्रथम रुप 'ओ घणो' में सूत्र-सख्या १-१७२ से आदि स्वर 'उ' सहित परवर्ती स्वर सहित 'त' व्यञ्जन के स्थान पर वैकलिपक रूप से 'ओ' की प्राप्ति, द्वितीय शब्द 'घणो' में सूत्र-सख्या १-२२८ से 'न' का 'ण' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *ओघणो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रुप उभयण्णा में सूत्र संख्या १ १७७ से 'त्' का लोप और शेप सिद्धि प्रथम रुप के समान ही होकर द्वितीय रुप *उभयणी* भी सिद्ध हो जाता है।

अवगतम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप अवगयं होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १७७ से 'त्' का लोप; १ १८० से शेप 'अ' को 'य' की प्राप्ति और १-२३ से अन्त्य व्यञ्जन 'म्' का अनुस्वार होकर *अवगयं* रुप सिद्ध हो जाता है।

अपशब्द संस्कृत रुप है। इसका प्राकृत रुप अवसद्दो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२३१ से 'प' का 'व' १-२६० से 'श' का 'स', २-७९ से 'ब्' का लोप २-८९ से 'द' को द्वित्व 'द्द' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अवसद्दो* रूप सिद्ध हो जाता है।

उत रविः संस्कृत वाक्यांश है। इसका प्राकृत रूप उअरवी होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १७७ से 'त्' का लोप होकर उअ अव्यय रूप सिद्ध हो जाता है। रवी में सूत्र संख्या ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर प्राकृत वाक्यांश *उअ रवी* सिद्ध हो जाता है॥ १ १७२॥

ऊच्चोपे ॥ १ १७३॥

उपशब्दे आदेः स्वरस्य परेण सस्वर व्यञ्जनेन सह ऊत् ओच्चादेशौ वा भवतः॥ ऊहसिअं ओहसिअं उवहसिअं। ऊज्झाओ ओज्झाओ उवज्झाओ। ऊआसो ओआसो उववासो॥

अर्थ—'उप' शब्द में आदि स्वर 'उ' सहित परवर्ती स्वर सहित 'प' व्यञ्जन के स्थान पर अर्थात् संपूर्ण 'उप' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से और क्रम से 'ऊ' और 'ओ' आदेश हुआ करते हैं। तदनुसार 'उप' के प्रथम रूप में 'ऊ', द्वितीय रुप में 'ओ' और तृतीय रुप में 'उव' क्रम से वैकल्पिक रूप से और आदेश रूप से हुआ करते हैं। जैसे-उपहसितम् = ऊहसिअं, ओहसिअं और उवहसिअं। उपाध्याय = ऊज्झाओ ओज्झाओ और उवज्झाओ। उपवास = ऊआसो ओआसो और उववासो॥

उपहसितम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रुप ऊहसिअं ओहसिअं और उवहसिअं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप ऊहसिअं में सूत्र संख्या १ १७३ से आदि स्वर 'उ' सहित परवर्ती स्वर सहित 'प' व्यञ्जन के स्थान पर अर्थात् 'उप' शब्दांश के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'ऊ' आदेश की प्राप्ति १ १७७ से 'त्' का लोप और १ २३ से अन्त्य 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *ऊहसिअं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप ओहसिअं में सूत्र संख्या १ १७३ से वैकल्पिक रूप से 'उप' शब्दांश के स्थान पर 'ओ' आदेश की प्राप्ति और शेष सिद्धि प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *ओहसिअं* भी सिद्ध हो जाता है।

तृतीय रुप उवहसिअं में वैकल्पिक विधान की संगति होने से सूत्र संख्या १-२३१ से 'प' का 'व' और शेष सिद्धि प्रथम रुप के समान ही होकर तृतीय रुप *उवहसिअं* भी सिद्ध हो जाता है।

उपाध्यायः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप ऊज्झाओ, ओज्झाओ और उवज्झाओ होते हैं। इनमे से प्रथम रुप ऊज्झाओ में सूत्र संख्या १-१७३ से आदि स्वर 'उ' सहित परवर्ती स्वर सहित 'प' व्यञ्जन के स्थान पर अर्थात् 'उप' शब्दांश के स्थान पर वैकल्कि रुप से 'ऊ' आदेश की प्राप्ति; १-८४ 'पा' में स्थित 'आ' को 'अ' की प्राप्ति; २-२६ से 'ध्य्' के स्थान पर 'झ' का आदेश, २-८९ से प्राप्त 'झ्' को द्वित्व झ्झ् की प्राप्ति, २९० से प्राप्त पूर्व 'झ्' का 'ज्'; १-१७७ से 'य्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे पुल्लिग में 'सि' प्रत्ययके स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *ऊज्झाओ* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप ओज्झाओ में सूत्र-सख्या १-१७३ से वैकल्पिक रुप से 'उप' के स्थान पर 'ओ' आदेश की प्राप्ति और शेष सिद्धि प्रथम रुप के समान ही होकर द्वितीय रुप *ओज्झाओ* सिद्ध हो जाता है।

तृतीय रुप उवज्झाओ में वैकल्पिक-विधान संगति होने से सूत्र-संख्या-१-२३१ 'प' का 'व' और शेष सिद्धि प्रथम रूप के समान होकर तृतीय रूप *उवज्झाओ* भी सिद्ध हो जाता है।

उपवासः संस्कृत रुप है। इसके प्राकृत रूप ऊआसो, ओवआसो और उववासो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप ऊआसो में सूत्र संख्या १-१७३ से आदि स्वर 'उ' सहित परवर्ती स्वर सहित 'प' व्यञ्जन के स्थान पर वैकल्पिक रुप से 'ऊ' आदेश की प्राप्ति, १-१७७ से 'व्' का लोप; और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रुप *ऊआसो* सिद्ध हो जाता हैं।

द्वितीय रूप ओआसो में सूत्र-सख्या १-१७३ से वैकल्पिक रूप से 'उप' के स्थान पर 'ओ' आदेश की प्राप्ति और शेष सिद्धि प्रथम रुप के समान ही होकर द्वितीय रुप *ओआसो* भी सिद्ध हो जाता है

तृतीय रूप उववासो में वैकल्पिक-विधान की संगति होने से सूत्र-संख्या १-२३१ से 'प' का 'व्' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर तृतीय रूप *उववासो* भी सिद्ध हो जाता है ॥ १-१७३ ॥

उमो निषण्णे ॥ १-१७४ ॥

निषण्ण शब्दे आदेः स्वरस्य परेण सस्वरव्यञ्जनेन सह उम आदेशो वा भवति ॥ णुमण्णो णिसण्णो ॥

अर्थः—'निषण्ण' शब्द में स्थित आदि स्वर 'इ' सहित परवर्ती स्वर सहित 'ष' व्यञ्जन के

स्थान पर अर्थात् 'इप' शब्दांश के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'उम' आदेश की प्राप्ति हुआ करता है। जैसे-निषण्णः = णुमण्णो और णिसण्णो ॥

निषण्ण संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप णुमण्णो और णिसण्णो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप णुमण्णो में सूत्र-संख्या १-२२८ से 'न्' का 'ण'; १-१७४ से आदि स्वर 'इ' सहित परवर्ती स्वर सहित 'प' व्यञ्जन के स्थान पर अर्थात् 'इप' शब्दांश के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'उम' आदेश की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *णुमण्णो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप णिसण्णो में सूत्र संख्या १-२२८ से 'न्' का 'ण्'; १-२६० से 'ष' का 'स' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *णिसण्णो* भी सिद्ध हो जाता है। ॥१-१७४॥

प्रावरणे अङ्ग्वाऊ ॥ १-१७५ ॥

प्रावरण शब्दे आदेः स्वरस्य परेण सस्वरव्यञ्जनेन सह अङ्गु आउ इत्येतावादेशौ वा भवतः ॥ पङ्गुरणं पाउरणं पावरणं ॥

अर्थ—प्रावरणम् शब्द में स्थित आदि स्वर 'आ' सहित परवर्ती स्वर सहित 'व' व्यञ्जन के स्थान पर अर्थात् 'आव' शब्दांश के स्थान पर वैकल्पिक रूप से और क्रम से 'अङ्गु' और 'आउ' आदेशों की प्राप्ति हुआ करती है। जैसे-प्रावरणम् = पङ्गुरणं, पाउरणं और पावरणं ॥

प्रावरणम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप पङ्गुरणं पाउरणं और पावरणं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप पङ्गुरणं में सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप; १-१७५ से आदि स्वर 'आ' सहित परवर्ती स्वर सहित 'व' व्यञ्जन के स्थान पर अर्थात् 'आव' शब्दांश के स्थान पर वैकल्पिक रूप से अङ्गु आदेश की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में नपुंसक-लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *पङ्गुरणं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप पाउरणं में सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप; १-१७५ से 'आव' शब्दांश के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'आउ' आदेश की प्राप्ति और शेष सिद्धि प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *पाउरणं* भी सिद्ध हो जाता है।

तृतीय रूप पावरणं में सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप और शेष सिद्धि प्रथम रूप के समान ही होकर तृतीय रूप *पावरणं* भी सिद्ध हो जाता है। ॥ १-१७५ ॥

स्वरादसंयुक्तस्यानादेः ॥१-१७६॥

अधिकारोऽयम्। यदित ऊर्ध्वमनुक्रमिष्यामस्तत्स्वरात् परस्यासंयुक्तस्यानादेर्भवतीति वेदितव्यम् ॥

अर्थः-यह सूत्र अधिकार-वाचक सूत्र है। अर्थात् इस सूत्र की सीमा और परिधि आगे आने वाले अनेक सूत्रों से सबधित है। तदनुसार आगे आने वाले सूत्रों मे लोप और आदेश आदि प्रक्रियाओं का जो विधान किया जाने वाला है, उनके सबध मे यह अनिवार्य रूप से आवश्यक है कि लोप और आदेश आदि प्रक्रियाओं से सबध रखने वाले वे वर्ण किसी भी स्वर के पश्चात्वर्ती हो, असयुक्त हो अर्थात् हलन्त न होकर स्वरान्त हो और आदि मे भी स्थित न हों। स्वर से परवर्ती, असयुक्त और अनादि ऐसे वर्णों के सबंध में ही आगे के सूत्रो द्वारा लोप और आदेश आदि प्रक्रियाओ की दृष्टि से विधान किया जाने वाला है। यही सूचना, संकेत और विधान इस सूत्र में किया गया है। अत. वृत्ति में इसको 'अधिकार-वाचक' सूत्र की सज्ञा प्रदान की गई है जो कि ध्यान में रक्खी जानी चाहिये ॥१-१७६॥

क-ग-च-ज-त-द-प-य-वां प्रायो लुक् ॥१-१७७॥

स्वरात्परेषामनादिभूतानामसंयुक्तानां क ग च ज त द प य वा नां प्रायो लुग् भवति ॥ क। तित्थयरो। लोओ। सयढं ॥ ग। नओ। नयरं मयङ्को ॥ च। सई ॥ कय-ग्गहो ॥ ज। रययं। पयावई। गओ ॥ त। विआणं। रसा-यलं। जई ॥ द। गया। मयणो ॥ प। रिऊ। सुउरिसो ॥ य। दयालू। नयणं। विओओ ॥ व। लायण्णं। विउहो। वलयाणलो ॥ प्रायो ग्रहणात् क्वचिन्न भवति। सुकुसुमं। पयाग जलं। सुगओ। अगरू। सचावं। विजणं। सुतारं। विदुरो। सपावं। समवाओ। देवो। दाणवो ॥ स्वरादित्येव। संकरो। संगमो। नक्कंचरो। धणंजओ। विसंतवो। पुरंदरो। संवुडो। संवरो ॥ असंयुक्तस्येत्येव। अक्को। वग्गो। अच्चो। वज्जं। धुत्तो। उद्दामो। विप्पो। कज्जं। सव्वं ॥ क्वचित् संयुक्तस्यापि। नक्तंचरः = नक्कंचरो ॥ अनादेरित्येव। कालो। गन्धो। चोरो। जारो। तरू। दवो। पावं। वण्णो ॥ यकारस्य तु जत्वम् आदौ वक्ष्यते। समासे तु वाक्यविभक्त्यपेक्षया भिन्न-पदत्वमपि विवक्ष्यते। तेन तत्र यथादर्शनमुभयमपि भवति। सुहकरो सुहयरो। आगमिओ आयमिओ। जलचरो जलयरो। बहुतरो बहुअरो। सुहदो। सुहओ। इत्यादि ॥ क्वचिदादे-रपि। स पुनः = स उण। स च = सो अ ॥ चिह्नं = इन्धं ॥ क्वचिच्चस्य जः। पिशाची। पिसाजी ॥ एकत्वम् = एगत्तं ॥ एकः = एगो ॥ अमुकः = अमुगो ॥ असुकः = असुगो ॥ श्रावकः = सावगो ॥ आकारः = आगारो ॥ तीर्थंकरः = तित्थगरो ॥ आकर्षः = आगरिसो ॥ लोगस्सुज्जोअगरा इत्यादिषु तु व्यत्ययश्च (४-४४७) इत्येव कस्य गत्वम् ॥ आर्षे अन्यदपि दृश्यते। आकुञ्चनं = आउण्टणं ॥ अत्र चस्य टत्वम् ॥

अर्थ —यदि किसी भी शब्द में स्वर के परवात् क; ग; च ज त, द प य और व अनादि रूप से-(याने आदि में नहीं) और असंयुक्त रूप से (याने हलन्त रूप से नहीं) रहे हुए हों तो उनका प्राय अर्थात् बहुत करके लोप हो जाता है। जैसे-'क के उदाहरण—तीर्थंकर = तित्थयरो। लोक =लोओ। शकटम्=सयढं। ग के उदाहरण = नग = नओ। नगरम्=नयरं। मृगांकः=मयङ्को ॥ 'च' के उदाहरण— शची=सई। कचग्रहः=कयग्गहो। 'ज' के उदाहरण—रजतम्=रययं। प्रजापतिः=पयावई गजः=गओ। त' के उदाहरण=वितानम्=विआणं। रसातलम्=रसायलं। यतिः=जई ॥ 'द' के उदाहरण-गदा=गया। मदनः=मयणो। 'प' के उदाहरण—रिपुः=रिऊ। सुपुरुषः=सुउरिसो ॥ 'य' के उदाहरण-दयालुः=दयालू। नयनम्=नयणं। वियोगः=विओओ ॥ 'व' के उदाहरण=लावण्यम्=लायण्णं। विबुधः=विउहो। वडवानल= वलयाणलो ॥

सूत्र में 'प्राय' अव्यय का ग्रहण किया गया है। जिसका तात्पर्य यह है कि बहुत करके लोप होता है, तदनुसार किन्हीं किन्हीं शब्दों में क, ग, च ज, त प य और व का लोप नहीं भी होता है। जैसे-'क' का उदाहरण-सुकुसुमं = सुकुसुमं 'ग' के उदाहरण प्रयाग जलम्=पयाग जलं। सुगतः=सुगओ। अगुरुः=अगुरू। 'च' का उदाहरण-सचापम्=सचावं। ज का उदाहरण-व्यजनम्=विजणं। 'त' का उदाहरण-सुतारम्=सुतारं। 'द का उदाहरण-विदुरः=विदुरो। प' का उदाहरण-सपापम्=सपावं। 'व' के उदाहरण-समवायः=समवाओ। देवः=देवो। और दानवः=दाणवो ॥ इत्यादि ॥

प्रश्न—'स्वर के पर वर्ती हों'-ऐसा क्यों कहा गया ?

उत्तर—यदि क, ग च ज त द प य और व स्वर के परवर्ती अर्थात् स्वर के बाद में रहे हुए नहीं हों तो उनका लोप नहीं होता है। जैसे- क का उदाहरण—शंकरः=संकरो। 'ग का उदाहरण- संगमः=संगमो। 'च' का उदाहरण = नक्तंचरः=नक्कंचरो। ज' का उदाहरण—धनंजयः=धणंजओ। 'त' का उदाहरण—विसंतपः=विसंतवो। 'द का उदाहरण—पुरंदरः=पुरंदरो। व' के उदाहरण—संवृतः= संवुडो और संवरः=संवरो ॥

प्रश्न—'असंयुक्त याने पूर्ण-(हलन्त नहीं)-ऐसा क्यों कहा गया है ?

उत्तर-यदि 'क ग च ज त द प य और व हलन्त हैं, याने स्वरान्त रूप से नहीं हैं और अन्य वर्ण में संयुक्त रूप से स्थित हैं; तो इनका लोप नहीं होता है। जैसे- क का उदाहरण-अर्क = अक्को। 'ग् का उदाहरण-वर्गः=वग्गो। 'च् का उदाहरण-अर्च =अच्चो। 'ज् का उदाहरण- वज्रम्=वज्जं। 'त् का उदाहरण-धूर्त =धुत्तो। 'द्' का उदाहरण = उद्दाम =उद्दामो। 'प् का उदाहरण-विप्र =विप्पो। य् का उदाहरण -कार्यम्=कज्जं। और 'व् का उदाहरण-सर्वम्=सव्वं ॥ इत्यादि ॥ किन्हीं किन्हीं शब्दों में संयुक्त रूप से रहे हुए 'क्, 'ग्' आदि का लोप भी देखा जाता है। जैसे-नक्तं चरः=नक्त चरो। यहां पर संयुक्त 'त्' का लोप हो गया है।

प्रश्नः—'अनादि रूप से रहे हुए हो' अर्थात् शब्द के आदि में नहीं रहे हुए हों; ऐसा क्यों कहा गया है ?

उत्तरः—यदि 'क, ग, च, ज त, द, प, य और व' वर्ण किसी भी शब्द के आदि भाग में रहे हुए हों तो इन का लोप नहीं होता है । जैसे-'क' का उदाहरणः-काल'=कालो । 'ग' का उदाहरणः-गन्ध'=गन्धो । 'च' का उदाहरणः-चोरः=चोरो । 'ज' का उदाहरणः-जार.=जारो । 'त' का उदाहरण'-तरु'=तरू । 'द' का उदाहरणः-द्रव'=द्रवो । 'प' का उदाहरणः-पापम्=पावम् । 'व' का उदाहरणः-वर्ण'=वण्णो ॥ इत्यादि ॥

शब्द में आदि रूप से स्थित 'य' का उदाहरण इस कारण से नही दिया गया है कि शब्द के आदि में स्थित 'य' का 'ज' हुआ करता है । इसका उल्लेख आगे सूत्र संख्या १-२४५ में किया जायगा । समास गत शब्दों में वाक्य और विभक्ति की अपेक्षा से पदों की गणना अर्थात् शब्दों की मान्यता पृथक् पृथक भी मानी जा सकती है, और इसी बात का समर्थन आगे भी किया जायगा, तदनुसार उन समास गत शब्दों में स्थित 'क, ग, च, ज, त, द, प, य और व' का लोप होता है और नहीं भी होता है । दोनों प्रकार की स्थिति देखी जाती है । जैसे-'क' का उदाहरण'-सुखकर'=सुहकरो अथवा सुहयरो । 'ग' का उदाहरण'-आगमिक'=आगमिओ अथवा आयमिओ । 'च' का उदाहरण' जलचरः=जलचरो अथवा जलयरो 'त' का उदाहरण बहुतर =बहुतरो अथवा बहुअरो । 'द' का उदाहरणः-सुखदः=सुहदो अथवा सुहओ ॥ इत्यादि ॥

किन्हीं किन्हीं शब्दों में यदि 'क, ग, च, ज, त, द, प, य और व' आदि में स्थित हों तो भी उनका लोप होता हुआ देखा जाता है । जैसे-'प' का उदाहरण'-स पुन'=स उण ॥ 'च' का उदाहरणः-स च=सो अ ॥ चिह्नम्=इन्ध ॥ इत्यादि ॥

किसी किसी शब्द में 'च' का 'ज' होता हुआ भी पाया जाता है । जैसे—पिशाची=पिसाजी ॥ किन्हीं किन्हीं शब्दों में 'क' के स्थान पर 'ग' की प्राप्ति हो जाती है । जैसे—एकत्वम्=एगत्तं ॥ एक'=एगो ॥ अमुक=अमुगो ॥ असुकः=असुगो ॥ श्रावक'=सावगो ॥ आकार'=आगारो । तीर्थंकर,=तित्थगरो ॥ आकर्षः=आगरिसो ॥ लोकस्य उद्योतकरा.=लोगस्स उज्जोअगरा ॥ इत्यादि शब्दों में 'क' के स्थान पर 'ग' की प्राप्ति होती हुई देखी जाती है । इसे व्यत्यय भी कहा जाता है । व्यत्यय का तात्पर्य है—वर्णों का परस्पर में एक के स्थान पर दूसरे की प्राप्ति हो जाना; जैसे—'क' के स्थान पर 'ग' का होना और 'ग' के स्थान पर 'क' का हो जाना । इसका विशेष वर्णन सूत्र-सख्या ४-४४७ में किया गया है । आर्ष प्राकृत में वर्णों का अव्यवस्थित परिवर्तन अथवा अव्यवस्थित वर्ण आदेश भी देखा जाता है । जैसे-आकुञ्चनम्=आउण्टणं ॥ इस उदाहरण में 'च' के स्थान पर 'ट' की प्राप्ति हुई है । यों अन्य आर्ष-रूपों में भी समझ लेना चाहिये ॥

तीर्थंकरः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप तित्थयरो होता है। इसमें सूत्र संख्या १–८४ से दीर्घ 'ई' की ह्रस्व 'इ' २-७९ से 'र्' का लोप २-८९ से थ का द्वित्व 'थ्थ'; २-९० से प्राप्त पूर्व 'थ्' को 'त्', १ १७७ से क् का लोप १ १८० से शेष 'अ' को 'य' की प्राप्ति और ३ २ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *तित्थयरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

लोकः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप लोओ होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १७७ से 'क्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *लोओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

शकटम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सयढं होता है। इसमें सूत्र संख्या १ २६० से 'श' का 'स' १ १७७ से 'क्' का लोप १ १८० से शेष 'अ' को 'य' की प्राप्ति १ १९६ से 'ट' को 'ढ' की प्राप्ति, ३ २५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *सयढं* रूप सिद्ध हो जाता है।

नग संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप नओ होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १७७ से 'ग्' का लोप और ३ २ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *नओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

नगरम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप नयरं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १–१७७ से 'ग्' का लोप १ १८० से शेष 'अ' को 'य' की प्राप्ति ३–२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १–२३ से प्राप्त 'म' का अनुस्वार होकर *नयरं* रूप सिद्ध हो जाता है।

मयङ्को रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-३० में की गई है।

शर्ची संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सई होता है। इसमें सूत्र-संख्या १ २६० से 'श' को 'स' १ १७७ से 'च्' का लोप और संस्कृत-विधान के अनुसार प्रथमा विभक्ति के एक वचन में दीर्घ ईकारान्त स्त्रीलिंग में 'सि' प्रत्यय की प्राप्ति इसमें अन्त्य 'इ' की इत्संज्ञा और १ ११ से शेष 'स्' का लोप होकर *सई* रूप सिद्ध हो जाता है।

कचग्रहः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कयग्गहो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १ १७७ से 'च' का लोप १ १८० से 'अ' को 'य' की प्राप्ति २-७९ से र् का लोप २-८९ से शेष ग को द्वित्व 'ग्ग' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *कयग्गहो* रूप सिद्ध हो जाता है।

रजतम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप रययं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १ १७७ से 'ज्' और 'त' का लोप; १ १८० से शेष दोनों 'अ' 'अ' के स्थान पर 'य' 'य' की प्राप्ति ३ २५ से प्रथमा विभक्ति

के एक वचन में नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *रययं* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रजापतिः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रुप पयावई होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७६ से 'र्' का का लोप, १-१७७ से 'ज्' और 'त' का लोप; १-१८० से लुप्त 'ज्' के अवशिष्ट 'आ' को 'या' की प्राप्ति, १-२३१ से द्वितीय 'प' को 'व' की प्राप्ति और ३-१६ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में ह्रस्व ईकारांत पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *पयावई* रुप सिद्ध हो जाता है।

गजः सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप गओ होता है। इसमे सूत्र-संख्या १-१७७ से 'ज का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *गओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

वितानम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप विआणं होता है। इम में सूत्र संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप, १-२२८ से 'न' का 'ण'; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपु सक लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *विआणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

रसातलम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप रसायल होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप, १ १८० से शेष 'अ' को 'य' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *रसायलं* सिद्ध हो जाता है।

यातिः सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप जई होता है। इसमे सूत्र संख्या १-२४५ से 'य' का 'ज', १-१७७ से 'त' का लोप, ३-१६ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *जई* रूप सिद्ध हो जोता है।

गदा सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप गया होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'द्' का लोप, १-१८० से शेष 'आ' को 'या' की प्राप्ति; सस्कृत विधान के अनुस्वार प्रथमा विभक्ति के एक वचन में आकारान्त स्त्री लिंग में प्राप्त 'सि' प्रत्यय में स्थित 'इ' की इत्सज्ञा और १-११ से शेष अन्त्य 'स्' का लोप होकर *गया* रूप सिद्ध हो जाता है।

मदनः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मयणो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'द्' का लोप, १-१८० से शेष 'अ' को 'य' की प्राप्ति, १-२२८ से 'न' का 'ण' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मयणो* रूप सिद्ध हो जातो है।

रिपु संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप रिऊ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'प्' का लोप और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में उकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' का दीर्घ स्वर 'ऊ' होकर *रिऊ* रूप सिद्ध हो जाता है।

पुहरिसो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-८ में की गई है। *दयालु* संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप दयालू होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'य्' का लोप १-१८० से शेष 'आ' को 'या' की प्राप्ति; और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में उकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर *दयालू* रूप सिद्ध हो जाता है।

नयनम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप नयणं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'य्' का लोप १-१८० से शेष 'अ' को 'य' की प्राप्ति १-२२८ से द्वितीय 'न' को 'ण' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *नयणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

वियोग संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप विओओ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'य्' और 'ग्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विओओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

लावण्यम संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप लायण्णं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'व्' और 'य्' का लोप, १-१८० से लुप्त 'व्' के अवशिष्ट 'अ' को 'य' की प्राप्ति २-८९ से 'ण' को द्वित्व 'ण्ण' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *लायण्णं* रूप सिद्ध हो जाता है।

विबुध संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप विउहो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२३७ से 'ब' को 'व' की प्राप्ति; १-१७७ से प्राप्त 'व्' का लोप, १-१८७ से 'ध्' को 'ह्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में प्राप्त 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विउहो* रूप सिद्ध हो जाता है।

वडवानल संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप वलयाणलो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२०२ से 'ड' को 'ल' की प्राप्ति १-१७७ से द्वितीय 'व्' का लोप १-१८० से लुप्त द्वितीय 'व्' में से अवशिष्ट 'अ' को 'य्' की प्राप्ति १-२२८ से 'न' को 'ण' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में प्राप्त 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वलयाणलो* रूप सिद्ध हो जाता है।

कुङ्कुमम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कुङ्कुमं होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *कुङ्कुमं* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रयाग जलम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पयागजल होता है। इसमे सूत्र संख्या २-७६ से 'र्' का लोप, और १-२३ से अन्त्य 'म्' का अनुस्वार होकर *पयाग जलं* रूप सिद्ध हो जाता है।

सुगतः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप सुगओ होता है। इसमें सूत्र सख्या १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सुगओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

अगुरुः सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप अगुरू होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-१६ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में उकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व 'उ' को दीर्घ 'ऊ' की प्राप्ति होकर *अगुरू* रूप सिद्ध हो जाता है।

सचापम् सस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप सचावं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२३१ से 'प' को 'व' की प्राप्ति, ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *सचावं* रूप सिद्ध हो जाता है।

व्यजनम् सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप विजणं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७८ से 'य्' का लोप, १-४६ से शेष 'व' में स्थित 'अ' को 'इ' की प्राप्ति; १-२२८ से 'न' को 'ण' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *विजणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

सुतारम् सस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप सुतारं होता है। इसमें सूत्र सख्या ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *सुतारं* रूप सिद्ध हो जाता है।

विदुरः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप विदुरो होता है। इसमें सूत्र सख्या ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विदुरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

सपापम् सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सपावं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२३१ से 'प' को 'व' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *सपावं* रूप सिद्ध हो जाता है।

समवायः सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप समवाओ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'य्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *समवाओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

देव संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप देवो होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *देवो* रूप सिद्ध हो जाता है।

दानव संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप दाणवो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२२८ से 'न' का 'ण' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *दाणवो* रूप सिद्ध हो जाता है।

शंकर संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप संकरो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से श का 'स' की प्राप्ति १-२५ से 'ङ' का अनुस्वार, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *संकरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

संगम संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप संगमो होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *संगमो* रूप सिद्ध हो जाता है।

नक्तंचर संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप नक्कंचरो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से 'त्' का लोप २-८९ से शेष 'क' का द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *नक्कंचरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

धनञ्जय संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप धणंजओ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२२८ से 'न को 'ण' की प्राप्ति १-२५ से 'ञ् को अनुस्वार की प्राप्ति १-१७७ से 'य् का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *धणंजओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

विर्सतप संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप विसंतवो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७७ से 'र्' का लोप १-२६० स 'ष' को 'स की प्राप्ति १-२३१ से 'प' को 'व' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विसंतवो* रूप सिद्ध हो जाता है।

पुरंदर संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पुरंदरो होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पुरंदरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

संवृत संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप संवुडो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१३१ स 'ऋ' को 'उ की प्राप्ति १-२०६ से 'त को 'ड की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक

वचन मे पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *संवुडो* रूप सिद्ध हो जाता है।

संवरः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप संवरो होता है। इसमे सूत्र संख्या ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर संवरो रूप सिद्ध हो जाता है।

अर्कः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप अक्को होता है। इसमे सूत्र संख्या २-७६ से 'र्' का लोप, २-८६ से शेष 'क' को द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर '*अक्को*' रूप सिद्ध हो जाता है।

वर्गः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप वग्गो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७६ से 'र्' का लोप, २-८६ से शेष 'ग' को द्वित्व 'ग्ग' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वग्गो* रूप सिद्ध हो जाता है।

अर्चः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप अच्चो होता है। इसमे सूत्र संख्या २-७६ से 'र्' का लोप, २-८६ से शेष 'च' को द्वित्व 'च्च' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में 'पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर '*अच्चो*' रूप सिद्ध हो जाता है।

वज्रम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप वज्जं होता है। इसमे सूत्र संख्या २-७६ से 'र्' का लोप, २-८६ से शेष 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' को अनुस्वार होकर *वज्जं* रूप सिद्ध हो जाता है।

धूर्तः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप धुत्तो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-८४ से दीर्घ 'ऊ' का ह्रस्व 'उ', २-७६ से 'र्' का लोप, २-८६ से शेष 'त' का द्वित्व 'त्त' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *धुत्तो* रूप सिद्ध हो जाता है।

उद्दामः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप उद्दामो होता है। इसमे सूत्र-संख्या ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *उद्दामो* रूप सिद्ध हो जाता है।

विप्र संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप विप्पो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७६ से 'र्' का लोप, २-८६ से शेष 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विप्पो* रूप सिद्ध हो जाता है।

कार्यम् संस्कृत विशेष रूप है। इसका प्राकृत रूप कज्जं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-८४ से

दीर्घ 'आ' का ह्रस्व 'अ' की प्राप्ति २-२४ से 'र्य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *कज्जं* रूप सिद्ध हो जाता है।

सर्वम् संस्कृत सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप सव्वं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से शेष 'व' को द्वित्व 'व्व' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर म् प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *सव्वं* रूप सिद्ध हो जाता है।

सक्कंतरा रूप की सिद्धि इसी सूत्र में ऊपर की गई है।

काल संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कालो होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *कालो* रूप सिद्ध हो जाता है।

गन्ध संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप गन्धो होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *गन्धो* रूप सिद्ध हो जाता है।

चोर संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप चोरो होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *चोरो* रूप सिद्ध हो जाता है

जार संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप जारो होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जारो* रूप सिद्ध हो जाता है।

तरु संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप तरू होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में उकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर ह्रस्व 'उ' का दीर्घ 'ऊ' होकर *तरू* रूप सिद्ध हो जाता है।

दव संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप दवो होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *दवो* रूप सिद्ध हो जाता है।

पापम् संस्कृत रूप है इसका प्राकृत रूप पावं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२३१ से 'प' को 'व' ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर म् प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *पावं* रूप सिद्ध हो जाता है।

वरणो रूप की सिद्धि सूत्र सख्या १-१४२ मे की गई है।

सुखकर: संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप सुहकरो और सुहयरो होते है। इनमे से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-१८७ से 'ख' का 'ह' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *सुहकरो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप सुहयरो में सूत्र सख्या १-१८७ से 'ख' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, १-१७७ से 'क' का लोप, १-१८० से शेप 'अ' को 'य' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सुहयरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

आगमिक: सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप आगमिओ और आयमिओ होते है। इनमे से प्रथम रूप आगमिओ में सूत्र सख्या १-१७७ से 'क्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *आगमिओ* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप आयमिओ में सूत्र-सख्या १-१७७ की वृत्ति से वैकल्पिक-विधान के अनुसार 'ग्' का लोप, १-१८० से शेप 'अ' को 'य' की प्राप्ति, १-१७७ से 'क्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *आगमिओ* भी सिद्ध हो जाता है।

जलचर: सस्कृत रुप है। इसके प्राकृत रूप जलचरो और जलयरो होते हैं। इनमे से प्रथम रूप जलचरों में सूत्र-सख्या ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *जलचरो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप जलयरो मे सूत्र-सख्या १-१७७ से 'च' का लोप, १-१८० से शेष 'अ' को 'य' की प्राप्ति; और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *जलयरो* भी सिद्ध हो जाता है।

बहुतर: सस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप बहुतरो और बहुअरो होते हैं। इनमे से प्रथम रूप बहुतरो मे सूत्र-सख्या ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *बहुतरो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप बहुअरो में सूत्र-सख्या १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *बहुअरो* भी सिद्ध हो जाता है।

सुखद: सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप सुहदो और सुहओ होते हैं। इनमें से प्रथम रूप सुहदो में सूत्र-संख्या १-१८७ से 'ख' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे

पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *सुहओ* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप सुहओ में सूत्र-संख्या १ १८७से 'ख' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति १-१७७ से 'द्' का लोप, और ३ २ प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *सुहओ* सिद्ध हो जाता है।

'स' *संस्कृत* सर्व नाम रूप है। इसके प्राकृत रूप सो और स होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ३ ३ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में सि प्रत्यय की प्राप्ति होने पर वैकल्पिक रूप से '*सो*' और '*स*' रूप सिद्ध होते हैं। च्चिअ अव्यय की सिद्धि सूत्र संख्या १ ६५ में की गई है।

सो सर्व नाम की सिद्धि सूत्र संख्या १ ६७ में की गई है।

च संस्कृत संबंध वाचक अव्यय है। इसका प्राकृत रूप 'अ' होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १७७ से 'च्' का लोप होकर '*अ*' रूप सिद्ध हो जाता है।

चिह्नम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप इन्धं होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १७७ से 'च्' का लोप २ ५० से 'ह' के स्थान पर 'न्ध' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १ २३ से प्राप्त म् को अनुस्वार होकर *इन्धं* रूप सिद्ध हो जाता है।

पिशाची संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप पिसाजी होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'श' का 'स्' १ १७७ की वृत्ति से 'च' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति होकर *पिसाजी* रूप सिद्ध हो जाता है।

एकत्वम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप एगत्तं होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १७७ की वृत्ति से अथवा ४ ३९६ से 'क' के स्थान पर 'ग' की प्राप्ति २-७९ से 'व्' का लोप २-८९ से शेष त का द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १ २३ से प्राप्त म् का अनुस्वार होकर *एगत्तं* रूप सिद्ध हो जाता है।

एक संस्कृत सर्व नाम रूप है। इसका प्राकृत रूप एगो होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १७७ की वृत्ति से अथवा ४ ३९६ से 'क' के स्थान पर 'ग' की प्राप्ति और ३ २ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *एगो* रूप सिद्ध हो जाता है।

अमुक संस्कृत सर्व नाम है। इसका प्राकृत रूप अमुगो होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १७७ की वृत्ति से अथवा ४-३९६ से 'क' के स्थान पर 'ग' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अमुगो* रूप सिद्ध हो जाता है।

असुक संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप असुगो होता है। इसमे सूत्र-संख्या १-१७७ की वृत्ति से और ४-३९६ से 'क' के स्थान पर 'ग' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *असुगो* रूप सिद्ध हो जाता है।

श्रावकः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सावगो होता है। ~~इसमे~~ इसमे सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, १-२६० से शेष 'श्' का 'स्', १-१७७ की वृत्ति से अथवा ४-३९६ से 'क' के स्थान पर 'ग' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सावगो* रूप सिद्ध हो जाता है।

आकार संस्कृत रुप है। इसका प्राकृत रूप आगारो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ की वृत्ति से अथवा ४-३९६ से 'क के स्थान पर 'ग' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *आगारो* रूप सिद्ध होता है।

तीर्थंकर संस्कृत रुप है। इसका प्राकृत रूप तित्थगरो होता है इसमें सूत्र-संख्या १-८४ से दीर्घ 'ई' के स्थान पर ह्रस्व 'इ' की प्राप्ति, २-७९ से 'र' का लोप, २-८९ से शेष 'थ' को द्वित्व 'थ्थ की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'थ्' को 'त्' की प्राप्ति, १-२८ से अनुस्वार का लोप, १-१७७ की वृत्ति से अथवा ४-३९६ से 'क' के स्थान पर 'ग' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *तित्थगरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

आकर्षः संस्कृत रुप है। इसका प्राकृत रूप आगरिसो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ की वृत्ति से अथवा ४-३९६ से 'क' के स्थान पर 'ग, की प्राप्ति २-१०५ से 'र्ष' के पूर्व में 'इ' का आगम होकर 'र्' को 'रि' की प्राप्ति, १-२६० से 'ष' के स्थान पर 'स' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग मे 'सि' के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *आगरिसो* रूप सिद्ध हो जाता है।

लोकस्य संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप लोगस्स होता है। इसमे सूत्र संख्या १-१७७ की वृत्ति से और ४-३९६ से 'क' के स्थान पर 'ग' की प्राप्ति, और ३-१० से षष्ठी विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग मे "ङस्' प्रत्यय के स्थान पर 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *लोगस्स* रूप सिद्ध हो जाता है।

उद्योतकराः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप उज्जोअगरा होता है। इसमे सूत्र-संख्या-२-२४ से 'द्य्' के स्थान पर 'ज्' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ज्' का द्वित्व 'ज्ज्', १-१७७ से 'त्' का लोप, १-१७७ की वृत्ति से अथवा ४-३९६ से 'क' के स्थान पर 'ग' की प्राप्ति और ३-४ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में अकारान्त पुल्लिग में 'जस्' प्रत्यय की प्राप्ति और उसका लोप एवं ३-१२ से प्राप्त एवं लुप्त 'जस्' प्रत्यय के कारण से अन्त्य ह्रस्व 'अ' का दीर्घ 'आ' होकर *उज्जोअगरा* रूप सिद्ध हो जाता है।

आकुञ्चनम् संस्कृत रूप है। इसका आर्ष-प्राकृत रूप आउण्टणं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से 'क्' का लोप, १-१७७ की वृत्ति से 'च के स्थान पर 'ट' की प्राप्ति १-१० से 'म' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति १-२२८ से 'न' को 'ण' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *आउण्टणं* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ १-१७७ ॥

यमुना-चामुण्डा-कामुकातिमुक्तके मोनुनासिकश्च ॥ १-१७८ ॥

एषु मस्य लुग् भवति, लुकि च सति मस्य स्थाने अनुनासिको भवति ॥ जउँणा। चाउँण्डा। काउँओ। अणिउँतयं ॥ क्वचिन्न भवति। अइमुंतयं। अइमुत्तयं ॥

अर्थ—यमुना, चामुण्डा कामुक और अतिमुक्तक शब्दों में स्थित 'म्' का लोप होता है और लुप्त हुए 'म्' के स्थान पर 'अनुनासिक' रूप की प्राप्ति होती है। जैसे-यमुना=जउँणा। चामुण्डा=चाउँण्डा। कामुक=काउँओ। अतिमुक्तकम्=अणिउँतयं॥ कभी कभी 'म्' का लोप नहीं होता है और तदनुसार अनुनासिक की भी प्राप्ति नहीं होती है। जैसे—अतिमुक्तकम्=अइमुंतयं और अइमुत्तयं॥ इस उदाहरण में अनुनासिक के स्थान पर वैकल्पिक रूप से अनुस्वार की प्राप्ति हुई है।

जउँणा रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-४ में की गई है।

चामुण्डा संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप चाउँण्डा होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७८ से 'म्' का लोप और इसी सूत्र से अनुनासिक की प्राप्ति होकर *चाउँण्डा* रूप सिद्ध हो जाता है।

कामुक संस्कृत रूप है इसका प्राकृत रूप काउँओ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७८ से 'म्' का लोप और इसी सूत्र से शेष उ पर अनुनासिक की प्राप्ति १-१७७ से 'क्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *काउँओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

अणिउँतयं अइमुंतयं और अइमुत्तयं रूपों की सिद्धि सूत्र संख्या १-२६ में की गई है। ॥१-१७८॥

नावर्णात्पः ॥ १-१७९ ॥

अवर्णात् परस्यानादेः पस्य लुग् न भवति ॥ सवहो। सावो ॥ अनादेरित्येव परउट्ठो ॥

अर्थ यदि किसी शब्द में प आदि रूप से स्थित नहीं हो तथा ऐसा वह प यदि अ स्वर के पश्चात् स्थित हो तो उस 'प' व्यञ्जन का लोप नहीं होता है। जैसे शपथः=सवहो। शापः=सावो।

प्रश्न—'अनादि रूप से स्थित हो ऐसा क्यों कहा गया है?

उत्तर—क्योंकि आदि रूप से स्थित 'प्' का लोप होता हुआ भी देखा जाता है। जैसे–पर–पुष्ट. =परउट्ठो ॥

शपथः सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सवहो होता है। इसमे सूत्र सख्या १-२६० से 'श' का 'स, १-२३१ से 'प' का 'व', १-१८७ से 'थ' का 'ह' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सवहो* रूप सिद्ध हो जाता है।

शापः सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सावो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२६० से 'श' का 'स', १-२३१ से 'प' का 'व' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सावो* रूप सिद्ध हो जाता है।

पर–पुष्टः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप पर–उट्ठो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'प्' का लोप, २-३४ से 'ष्ट का 'ठ', २-८६ से प्राप्त 'ठ' का द्वित्व 'ठ्ठ', २-६० से प्राप्त पूर्व 'ठ्' का 'ट्' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पर–उट्ठो* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ १–१७६ ॥

अवर्णो य श्रुतिः ॥ १–१८० ॥

क ग च जेत्यादिना लुकि सति शेषः अवर्णः अवर्णात् परो लघु प्रयत्नतर यकार श्रुतिर्भवति ॥ तित्थयरो। सयढं। नयरं। मयङ्को। कयग्गहो। कायमणी। रययं। पयावई रसायलं। पायालं। मयणो। गया। नयणं। दयालू। लायण्णं ॥ अवर्ण इति किम्। स उणो। पउणो। पउरं। राईवं। निहओ। निनओ। वाऊ। कई ॥ अवर्णादित्येव। लोअस्स। देअरो ॥ क्वचिद् भवति। पियइ।

अर्थ—क, ग, च, ज इत्यादि व्यञ्जन वर्णों के लोप होने पर शेष 'अ' वर्ण के पूर्व मे 'अ अथवा आ' रहा हुआ हो तो उस शेष 'अ' वर्ण के स्थान पर लघुतर प्रयत्न वाला 'य' कार हुआ करता है। जैसे—तीर्थकर =तित्थयरो। शकटम्=सयढ। नगरम्=नयर। मृगाङ्क =मयङ्को। कच–ग्रह =कयग्गहो। काचमणि =कायमणी। रजतम=रयय। प्रजापति =पयावई। रसातलम्=रसायल। पातालम्=पायाल। मदन =मयणो। गदा=गया। नयनम्=नयणं। दयालु =दयालू। लावण्यम्=लायण्ण ॥

प्रश्न—लुप्त व्यञ्जन-वर्णों मे से शेष 'अ' वर्ण का ही उल्लेख क्यों किया गया है?

उत्तर—क्यों कि यदि लुप्त व्यञ्जन वर्णों में 'अ' स्वर के अतिरिक्त कोई भी दूसरा स्वर हो, तो उन शेष किसी भी स्वर के स्थान पर लघुतर प्रयत्न वाला 'य' कार नही हुआ करता है। जैसे-शकुन = सउणो। प्रगुण =पउणो। प्रचुरम्=पउर। राजीवम्=राईवं। निहत =निहओ। निनद'=निनओ। वायुः= वाऊ। कतिः=कई ॥

निहत और निनद में नियमानुसार लुप्त होने वाले 'त्' और 'द्' व्यञ्जन वर्णों के पश्चात् शेष 'अ' रहता है। न कि 'अ'। तदनुसार इन शब्दों में शेष 'अ' के स्थान पर 'य' कार की प्राप्ति नहीं हुई है।

प्रश्न–शेष रहने वाले 'अ' वर्ण के पूर्व में 'अ अथवा आ' हो तो उस शेष 'अ' के स्थान पर 'य' कार होता है। ऐसा क्यों कहा गया है?

उत्तर—क्योंकि यदि शेष रहे हुए 'अ' वर्ण के पूर्व में 'अ अथवा आ' स्वर नहीं होगा तो उस शेष 'अ' वर्ण के स्थान पर 'य' कार की प्राप्ति नहीं होगा। जैसे-लोकस्य=लोअस्स। देवरः=देअरो। किन्तु किसी किसी शब्द में लुप्त होने वाले व्यञ्जन वर्णों में से शेष 'अ' वर्ण के पूर्व में यदि 'अ अथवा आ' नहीं हो कर यदि कोई अन्य स्वर भी रहा हुआ हो तो उस शेष 'अ' वर्ण के स्थान पर 'य' कार भी होता हुआ देखा जाता है। जैसे-पिबति=पियइ॥ इत्यादि॥

तित्थयरो सयढं और नयरं रूपों की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१७७ में की गई है।

मयङ्को रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१३० में की गई है।

कयग्गहो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१७७ में की गई है।

काच-मणि संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप काय-मणी होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से 'च्' का लोप, १-१८० से शेष 'अ' को 'य' की प्राप्ति, और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ 'ई' की प्राप्ति होकर *काय-मणी* रूप सिद्ध हो जाता है।

रययं पयावई, रसायलो और मयणो रूपों की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१७७ में की गई है।

पातालम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पायालं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप; १-१८० से शेष 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *पायालं* रूप सिद्ध हो जाता है।

'गया', 'नयणं' 'दयालू' और 'लायण्णं' रूपों की भी सिद्धि सूत्र-संख्या १-१७७ में की गई है।

शकुनः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सउणो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'श' का 'स'; १-१७७ से 'क्' का लोप; १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति; और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सउणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रगुणः सस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप पउणो होता है। इसमे सूत्र-संख्या २-७६ से 'र्' का लोप, १-१७७ से ग् का लोप और ३ २ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पउणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रचुरम् सस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप पउरं होता है। इसमे सूत्र- संख्या २-७६ से 'र्' का लोप, १-१७७ से 'च्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *पउरं* रूप सिद्ध हो जाता है।

राजीवम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप राईवं होता है। इसमे सूत्र-सख्या १-१७७ से 'ज्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति में एक वचन में नपुंसकलिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म् का अनुस्वार होकर *राईवं* रूप सिद्ध हो जाता है।

निहतः सस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप निहओ होता है। इसमें सूत्र- सख्या १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *निहओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

वायुः सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप वाऊ होता है। इसमें सूत्र- सख्या १-१७७ से 'य्' का लोप और ३-१६ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर *वाऊ* रूप सिद्ध हो जाता है।

कई रूप की सिद्धि सूत्र- सख्या १-१२८ में की गई है।

लोकस्य संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप लोअस्स होता है। इसके सूत्र- संख्या १-१७७ से 'क्' का लोप और ३-१० से षष्ठी विभक्ति के एक वचन में 'ङस्' प्रत्यय के स्थान पर 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *लोअस्स* रूप सिद्ध हो जाता है।

देवरः सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप देअरो होता है। इसमे सूत्र- सख्यो १-१७७ से 'व्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *देअरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

पिबति सस्कृत सकर्मक क्रिया रूप है। इसका प्राकृत रूप पियइ होता है। इसमे सूत्र सख्या १-१७७ से 'व' का लोप, १-१८० से शेष 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति और ३-१३६ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में 'ति' प्रत्यय के स्थान पर 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पियइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

कुब्ज-कर्पर-कीले कः खोऽपुष्पे ॥ १-१८१ ॥

एषु कस्य खो भवति पुष्पं चेत् कुब्जाभिधेयं न भवति ॥ खुज्जो । खप्परं । खीलओ ॥ अपुष्प इति किम् । बंधेउं कुज्जय-पसूणं । आर्षेऽन्यत्रापि । कासितं । खासिअं । कसितं । खसिअं ॥

अर्थ -'कुब्ज' 'कर्पर' और कीलक शब्दों में रहे हुए 'क' वर्ण का 'ख' हो जाता है। किन्तु यह ध्यान में रहे कि कुब्ज शब्द का अर्थ पुष्प नहीं हो तभी 'कुब्ज' में स्थित 'क' का 'ख' होता है, अन्यथा नहीं। जैसे-कुब्जः =खुज्जो । कर्परम्=खप्परं । कीलकः=खीलओ ॥

प्रश्न— कुब्ज का अर्थ फूल-पुष्प नहीं हो तभी कुब्ज में स्थित 'क' का 'ख' होता है ऐसा क्यों कहा गया है ?

उत्तर—क्योंकि यदि कुब्ज का अर्थ पुष्प होता हो तो कुब्ज में स्थित 'क' का क ही रहता है। जैसे—बंधितुम् कुब्जक-प्रसूनम्=बंधेउं कुज्जय-पसूणं ॥ आर्ष-प्राकृत में उपरोक्त शब्दों के अतिरिक्त अन्य शब्दों में भी क के स्थान पर 'ख' का आदेश होता हुआ देखा जाता है। जैसे -कासितम्=खासिअं । कसितम्=खसिअं ॥ इत्यादि ॥

कुब्जः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप खुज्जो होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १८१ से 'क' को 'ख' की प्राप्ति २-७९ से 'ब्' का लोप २-८९ से 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति और ३ २ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *खुज्जो* रूप सिद्ध हो जाता है।

कर्परम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप खप्परं होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १८१ से 'क' को 'ख' की प्राप्ति २ ७९ से प्रथम 'र्' का लोप २-८९ से 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *खप्परं* रूप सिद्ध हो जाता है।

कीलकः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप खीलओ होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १८१ से प्रथम 'क' को 'ख' की प्राप्ति १ १७७ से द्वितीय 'क' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *खीलओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

बंधितुम् संस्कृत हेत्वर्थ कृदन्त का रूप है। इसका प्राकृत रूप बंधेउं होता है। संस्कृत मूल धातु बंध् है। इसमें सूत्र संख्या ४-२३९ से हलन्त 'ध्' में 'अ' की प्राप्ति संस्कृत (हेमचन्द्र) व्याकरण के ५ १ १३ सूत्र से हेत्वर्थ कृदन्त में 'तुम्' प्रत्यय की प्राप्ति एवं सूत्र संख्या १ १५७ से 'ध' में प्राप्त 'अ' को

'ए' की प्राप्ति, १-१७७ से 'तुम्' प्रत्यय मे स्थित 'त्' का लोप और १-२३ से अन्त्य 'म्' का अनुस्वार हो कर *वंधेउं* रूप सिद्ध हो जाता है ।

कुब्जक संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कुज्जय होता है। इसमें सूत्र- सख्या २-७६ से 'ब्' का लोप, २-८६ से 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति, १-१७७ से द्वितीय 'क्' का लोप और १-१८० से शेष 'अ' को 'य' की प्राप्ति होकर *कुज्जय* रूप सिद्ध हो जाता है।

कासितम् संस्कृत रूप है। आर्ष-प्राकृत मे इसका रूप खासिअं होता है। इसमें सूत्र- सख्या १-१८१ की वृत्ति से 'क्' के स्थान पर 'ख्' का आदेश, १-१७७ से 'त्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *खासिअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

कासितम् संस्कृत रूप है। आर्ष- प्राकृत मे इसका रूप खसिअं होता है। इसमें सूत्र- सख्या १ १८१ की वृत्ति से 'क्' के स्थान पर 'ख्' का आदेश और शेष सिद्धि उपरोक्त *खासिअं* रूप के समान ही जानना ॥ १ - १८१ ॥

मरकत-मदकले गः कंदुके त्वादेः ॥ १-१८२ ॥

अनयोः कस्य गो भवति, कन्दुकेत्वाद्यस्य कस्य ॥ मरगयं । मयगलो । गेन्दुअं ॥

अर्थः-मरकत और मदकल शब्दों में रहे हुए "क" का तथा कन्दुक शब्द में रहे हुए आदि 'क' का "ग" होता है। जैसे -मरकतम्=मरगयं, मदकल =मयगलो और कन्दुकम्=गेन्दुअं ॥

मरकतम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मरगयं होता है। इसमें सूत्र-सख्या १- १८२ से "क" के स्थान पर "ग" की प्राप्ति, १-१७७ से त् का लोप १-१८० से शेष 'अ' को य की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में "सि" प्रत्यय के स्थान पर "म्" प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त "म्" का अनुस्वार होकर *मरगयं* रूप सिद्ध हो जाता है।

मदकल संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप मयगलो होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-१७७ से 'द' का लोप, १-१८० से शेष 'अ' को 'य' की प्राप्ति, १-१८२ से 'क' के स्थान पर 'ग' का आदेश; और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मयगलो* रूप सिद्ध हो जाता है।

गेन्दुअं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-५७ में की गई है। ॥ १-१८२ ॥

किराते चः ॥ १-१८३ ॥

किराते कस्य चो भवति ॥ चिलाओ ॥ पुलिन्द एवायं विधिः । कामरूपिणि तु नेष्यते । नमिमो हर किरायं ॥

अर्थ—'किरात' शब्द में स्थित 'क' का 'च' होता है। जैसे—किरात=चिलाओ ॥ किन्तु इसमें यह ध्यान रखने की आवश्यकता है कि जब किरात शब्द का अर्थ पुलिन्द याने भील जाति वाचक हो, तभी किरात में स्थित 'क' का 'च' होगा। अन्यथा नहीं। द्वितीय बात यह है कि जिसने स्वेच्छा पूर्वक 'भील' रूप धारण किया हो और उस समय में उसके लिये यदि 'किरात' शब्द का प्रयोग किया जाय तो प्राकृत भाषा के रूपान्तर में उस 'किरात' में स्थित 'क' का 'च' नहीं होगा। जैसे—'नमाम' हर किरातम्=नमिमो हर-किरायं ॥

किरात संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप चिलाओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१८३ से 'क' के स्थान पर 'च' की प्राप्ति; १-२५४ से 'र्' के स्थान पर 'ल' की प्राप्ति; १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *चिलाओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

नमाम संस्कृत सकर्मक क्रिया पद है। इसका प्राकृत रूप नमिमो होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-२३९ से हलन्त 'नम्' धातु में 'अ' की प्राप्ति; ३-१५५ से प्राप्त 'अ' विकरण प्रत्यय के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति; ३-१४४ से वर्तमानकाल के तृतीय पुरुष (उत्तम पुरुष) के बहु वचन में 'मो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *नमिमो* रूप सिद्ध हो जाता है।

हर-किरातम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप हर-किरायं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप; १-१८० से शेष 'अ' को 'य' की प्राप्ति; ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में प्राप्त 'अम्' प्रत्यय में स्थित 'अ' का लोप और १-२३ से शेष 'म्' का अनुस्वार होकर *हर-किरायं* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ १-१८३ ॥

शीकरे भ-हौ वा ॥ १-१८४ ॥

शीकरे कस्य भहौ वा भवतः ॥ सीभरो सीहरो । पक्षे सीअरो ॥

अर्थ—शीकर शब्द में स्थित 'क' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से एवं क्रम से 'भ' अथवा 'ह' की प्राप्ति होती है। जैसे—शीकर=सीभरो अथवा सीहरो ॥ पक्षान्तर में सीअरो भी होता है।

शीकर संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप सीभरो सीहरो और सीअरो होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-२६० से 'श' के स्थान पर 'स्'; १-१८४ से प्रथम रूप और द्वितीय रूप में क्रम से एवं वैकल्पिक रूप से 'क' के स्थान पर 'भ' अथवा 'ह' की प्राप्ति; १-१७७ से तृतीय रूप में पक्षान्तर के कारण से 'क्' का लोप और ३-२ से सभी रूपों में प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर

'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से *सीभरो, सीहरो* और *सीअरो* रूप सिद्ध हो जाते है ॥१-१८४ ॥

चंद्रिकायां मः ॥ १-१८५ ॥

चंद्रिका शब्दे कस्य मो भवति ॥ चदिमा ॥

अर्थः—चन्द्रिका शब्द मे स्थित 'क्' के स्थान पर 'म्' की प्राप्ति होती है। जैसे:- चद्रिका=चन्दिमा ॥

चन्द्रिका सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप चन्दिमा होता है। इसमे सूत्र- सख्या २-७६ से 'र्' का लोप और १-१८५ से 'क्' के स्थान पर 'म्' को प्राप्ति होकर *चन्दिमा* रुप सिद्ध हो जाता है। १-१८५।

निकष-स्फटिक-चिकुरेहः ॥ १-१८६ ॥

एषु कस्य हो भवति ॥ निहसो। फलिहो चिहुरो। चिहुर शब्दः संस्कृतेपि इति दुर्गः ॥

अर्थ—निकष, स्फटिक और चिकुर शब्दो में स्थित 'क' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति होती है। जैसे--निकष=निहसो। स्फटिक=फलिहो। चिकुर=चिहुरो॥ चिहुर शब्द सस्कृत भाषा में भी होता है, ऐसा दुर्ग-कोष मे लिखा हुआ है॥

निकष सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप निहसो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१८६ से 'क' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, १-२६० से 'ष' का 'स' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *निहसो* रूप सिद्ध हो जाता है।

स्फटिक, सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप फलिहो होता है। इसमें सूत्र-सख्या-२-७७ मे 'स' का लोप, १-१९७ से 'ट्' के स्थान पर 'ल्' की प्राप्ति, १-१८६ से 'क' के स्थान पर 'ह की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर फलिहो रूप सिद्ध हो जाता है।

चिकुर' सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप चिहुरो होता है। इसमे सूत्र-सख्या १-१८६ से 'क' के स्थान पर ह' की प्राप्ति, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *चिहुरो* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ १-१८६ ॥

ख-घ-थ--ध--भाम् ॥ १--१८७ ॥

स्वरात् परेषामसंयुक्तानामनादिभूताना ख घ थ ध भ इत्येतेषां वर्णानां प्रायो हो भवति ॥ ख। साहा। मुह। मेहला। लिहइ॥ घ। मेहो। जहणं। माहो। लाहइ। थ। नाहो। आवसहो। मिहुण। कहइ ॥ ध। साहू। वाहो। वहिरो। बाहइ। इन्द हणू ॥ भ।

सहा । सहावो । नहं । थणहरो । सोहइ ॥ स्वरादित्येव । संखो । संघो । कंथा । बंधो । खंभो । असंयुक्तस्येत्येव । अक्खइ । अग्घइ । कत्थइ । सिद्धओ । बन्धइ । लब्भइ ॥ अनादेरित्येव । गज्जन्ते खे मेहा । गच्छइ घणो । प्राय इत्येव । सरिसव खलो । पलय घणो । अथिरो । जिण धम्मो । पणट्ठ भओ । नभं ॥

अर्थ–'ख' का 'घ' का 'थ' का 'ध' का और 'भ' का प्राय 'ह' उस समय होता है, जब कि ये वर्ण किसी भी शब्द में स्वर से पीछे रहे हुए हों असंयुक्त याने हलन्त न हों तथा उस शब्द में आदि अक्षर रूप से नहीं रहे हुए हों ॥ जैसे–'ख' के उदाहरण शाखा=साहा, मुखम्=मुहं मेखला=मेहला और लिखति=लिहइ ॥ 'घ' के उदाहरण मेघः=मेहो जघनम्=जहणं माघः=माहो और श्लाघते=लाहइ ॥ 'थ' के उदाहरण–नाथः=नाहो आवसथः=आवसहो मिथुनम्=मिहुणं और कथयति=कहइ ॥ 'ध' के उदाहरण–साधुः=साहू, व्याधः=वाहो, बधिरः=बहिरो बाधते=बाहइ और इन्द्र–धनुः=इन्द–हणू ॥ 'भ' के उदाहरण–सभा=सहा स्वभावः=सहावो नभम्=नहं स्तन–भरः=थणहरो और शोभते=सोहइ ॥

प्रश्न–'ख' 'घ' आदि ये वर्ण स्वर के पश्चात् रहे हुए हों ऐसा क्यों कहा गया है ?

उत्तर–क्योंकि यदि ये वर्ण स्वर के पश्चात् नहीं रहते हुए किसी हलन्त व्यञ्जन के पश्चात् रहे हुए हों तो उस अवस्था में इन वर्णों के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति नहीं होगी । जैसे–'ख' का उदाहरण–शंखः=संखो । 'घ' का उदाहरण–संघः=संघो । 'थ' का उदाहरण–कन्था=कंथा । 'ध' का उदाहरण–बन्धः=बन्धो और 'भ' का उदाहरण–स्तम्भः=खंभो ॥ इन शब्दों में 'ख' 'घ' आदि वर्ण हलन्त व्यञ्जनों के पश्चात् रहे हुए हैं, अतः इन शब्दों में 'ख' 'घ' आदि वर्णों के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति नहीं हुई है ।

प्रश्न–'असंयुक्त याने हलन्त रूप से नहीं रहे हुए हों तभी इन वर्णों के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति होती है ऐसा क्यों कहा गया है ?

उत्तर–क्योंकि यदि ये 'ख' 'घ' आदि वर्ण हलन्त रूप से अवस्थित हों तो इनके स्थान पर 'ह' की प्राप्ति नहीं होगी । जैसे–'ख्' का उदाहरण–आख्याति=अक्खइ । 'घ्' का उदाहरण–अर्घति=अग्घइ । 'थ्' का उदाहरण–कथ्यते=कत्थइ । 'ध्' का उदाहरण–सिध्यकः=सिद्धओ । बध्यते=बन्धइ और 'भ' का उदाहरण–लभ्यते=लब्भइ ॥

प्रश्न–'शब्द में आदि अक्षर रूप से ये 'ख' 'घ' आदि वर्ण नहीं रहे हुए हों तो इन वर्णों के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति होती है ऐसा क्यों कहा गया है ?

उत्तर–क्योंकि यदि ये 'ख' 'घ' आदि वर्ण किसी भी शब्द में आदि अक्षर रूप से रहे हुए हों तो इनके स्थान पर 'ह' की प्राप्ति नहीं होती है । जैसे–'ख' का उदाहरण–गर्जन्ति खे मेघाः=गज्जन्ते खे मेहा ॥ 'घ' का उदाहरण–

प्रश्न.—'प्राय इन वर्णों के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति होती है' ऐसा 'प्राय. अव्यय' का उल्लेख क्यों किया गया है ?

उत्तर —क्योंकि अनेक शब्दो में 'स्वर से परे, असंयुक्त और अनादि' होते हुए भी इन वर्णों के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति होती हुई नही देखी जाती है। जैसे–'ख' का उदाहरण-सर्षप-खल'=सरिसव-खलो ॥ 'घ' का उदाहरण-प्रलय-घन =पलय-घणो ॥ 'थ' का उदाहरण-अस्थिर =अथिरो ॥ 'ध' का उदाहरण-जिन-धर्म =जिण-धम्मो ॥ तथा 'भ' का उदाहरण-प्रणष्ट-भय =पणट्ठ-भओ और नभम्=नभ ॥ इन उदाहरणों मे ख' 'घ' आदि वर्णों के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति नही हुई है ॥

शाखा सस्कृत रूप है । इसका प्राकृत रूप साहा होता है । इसमें सूत्र सख्या १–२६० से 'श्' का 'स्', और १-१८७ से 'ख' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति होकर *साहा* रूप सिद्ध हो जाता है।

मुखम् सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मुहं होता है। इसमें सूत्र सख्या १८७ से 'ख' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *मुहं* रूप सिद्ध हो जाता है।

मेखला सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मेहला होता है । इसमें सूत्र संख्या १-१८७ से 'ख' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति होकर *मेहला* रूप सिद्ध हो जाता है।

लिखति सस्कृत क्रिया–पद रूप है। इसका प्राकृत रूप लिहइ होता है। इसमे सूत्र सख्या १-१८७ से 'ख' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति और ३-१३९ से वर्तमान काल में प्रथम पुरुष के एक वचन में 'ति' प्रत्यय के स्थान पर 'इ' प्रत्यय को प्राप्ति होकर *लिहइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

मेघः सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मेहो होता है। इसमें सूत्र सख्या १-१८७ से 'घ' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मेहो* रूप सिद्ध हा जाता है।

जघनम् सस्कृत रूप है। इसक प्राकृत रूप जहण होता है। इसमें सूत्र- सख्या १-१८७ से 'घ' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, १–२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म् का अनुस्वार होकर *जहणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

माघः सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप माहो होता है। इसमें सूत्र- सख्या १-१८७ से 'घ' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति और ३–२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *माहो* रूप सिद्ध हो जाता है।

श्लाघते सस्कृत सकर्मक क्रिया-पद रूप है। इसका प्राकृत रुप लाहइ होता है। इसमें सूत्र-सख्या

२-७७ स 'रा का लोप, १ १८७ से 'घ के स्थान पर ह की प्राप्ति और ३ १३९ से वर्तमान काल में प्रथम के पुरुष एक वचन में 'त प्रत्यय के स्थान पर इ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *लाहइ* रूप सिद्ध हो जाता है

नाथ संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप नाहो होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १८७ से 'थ के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *नाहो* रूप सिद्ध हो जाता है।

आवसथ संस्कृत रूप है इसका प्राकृत रूप आवसहो होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १८७ से 'थ के स्थान पर 'ह की प्राप्ति और ३ २ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग में सि प्रत्यय के स्थान पर ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *आवसहो* रूप सिद्ध हो जाता है।

मिथुनम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मिहुणं होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १८७ से 'थ् के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति १ २ ८ से 'न के स्थान पर 'ण की प्राप्ति ३ २५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर म् प्रत्यय की प्राप्ति और १ २३ से प्राप्त म् का अनुस्वार होकर *मिहुणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

कथयति संस्कृत क्रियापद रूप है। इसका प्राकृत रूप कहइ होता है। इसमें सूत्र संख्या ४ २३९ से कथ् धातु के हलन्त 'थ् में विकरण प्रत्यय 'अ की प्राप्ति संस्कृत-भाषा में गण-विभाग होने से प्राप्त विकरण प्रत्यय 'अय का प्राकृत-भाषा में गण-विभाग का अभाव होने से लोप १ १८७ से थ के स्थान पर ह की प्राप्ति और ३ १३९ से वर्तमान काल में प्रथम पुरुष के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर इ प्रत्यय की प्राप्ति होकर कहइ रूप सिद्ध हो जाता है।

साधुः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप साहू होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१८७ से 'ध के स्थान पर 'ह की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में उकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ के स्थान पर दीर्घ स्वर 'ऊ की प्राप्ति होकर *साहू* रूप सिद्ध हो जाता है।

व्याध-संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप वाहो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७८ से 'य का लोप १ १८७ से 'ध के स्थान पर ह की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वाहो* रूप सिद्ध हो जाता है।

बधिरः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप बहिरो होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १८७ से 'ध के स्थान पर ह की प्राप्ति और ३ २ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *बहिरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

बाधते संस्कृत अकर्मक क्रियापद रूप है। इसका प्राकृत रूप बाहइ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१८७ से 'ध' के स्थान पर ह की प्राप्ति ४ २३९ से 'ध् हलन्त व्यञ्जन के स्थानापन्न व्यञ्जन 'ह् में

विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति और ३-१३९ से वर्तमान काल मे प्रथम पुरुप के एक वचन मे संस्कृत प्रत्यय 'ते' के स्थान पर 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वाहइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

इन्द्र धनुः सस्कृत रुप है। इमका प्राकृत रूप इन्दहणू होता है। इसमे सूत्र-सख्या २-७९ से 'र्' का लोप, १-१८७ से 'ध' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे उकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' की प्राप्ति होकर *इन्दहणु* रूप सिद्ध हो जाता है।

सभा सस्कृत रुप है। इसका प्राकृत रूप सहा होता है। इसमे सूत्र- सख्या १-१८७ से 'भ्' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति और सस्कृत-व्याकरण के विधानानुसार आकारान्त स्त्रोलिंग वाचक शब्द में, प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे प्राप्त 'सि' प्रत्यय मे स्थित 'इ' स्वर की इत्संज्ञो तथा १-११ से शेष 'स्' का लोप, प्रथमा विभक्ति के एक वचन के रूप से *सहा* रूप सिद्ध हो जाता है।

स्वभाव. सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रुप सहावो होता है। इसमे सूत्र-सख्या २-७९ से 'व्' का लोप, १-१८७ से 'भ्' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सहावो* रूप सिद्ध हो जाता है।

नहं रूप की सिद्धि सूत्र सख्या *१-३२* में की गई है।

स्तन भर' सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप थणहरो होता है। इसमें सूत्र सख्या २-४५ से 'स्त' के स्थान पर 'थ' की प्राप्ति, १-२२८ से 'न' का 'ण', १-१८७ से 'भ' का 'ह' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *थणहरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

शोभते सस्कृत अकर्मक क्रियापद रूप है। इसका प्राकृत रूप सोहइ होता है। इसमे सूत्र संख्या ४-२३९ से 'शोभ्' धातु में स्थित हलन्त 'भ्' में 'अ' विकरण प्रत्यय की प्राप्ति, १-२६० से 'श' का 'स', १-१८७ से 'भ' का 'ह', और ३-१३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन मे 'ते' प्रत्यय के स्थान पर 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सोहइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

संखो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *१-३०* मे की गई है।

सङ्घ' सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप संघो होता है। इसमें सूत्र संख्या १ २५ 'ङ्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *संघो* रूप सिद्ध हो जाता है।

कन्था सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कंथा होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२५ से 'न्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति और सस्कृत व्याकरण के विधानानुसार प्रथमा विभक्ति के एक वचन

में स्थानित में प्राप्त सि प्रत्यय में स्थित इ' का इत्संज्ञा तथा १ ११ से शेष अन्त्य 'स्' का लोप होकर *कंथो* रूप सिद्ध हो जाता है।

मन्थ संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मंथो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२५ से 'न्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति और ३ २ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मंथो* रूप सिद्ध हो जाता है।

स्तम्भ संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप *थंभो* होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-८ से 'स्त' के स्थान पर 'थ' की प्राप्ति १-२५ की वृत्ति से 'म्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *थंभो* रूप सिद्ध हो जाता है।

आख्याति संस्कृत सकर्मक क्रिया पद रूप है। इसका प्राकृत रूप अक्खइ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-८४ से आदि 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति २-७८ से 'य्' का लोप २-८९ से शेष 'ख' को द्वित्व 'ख्ख' की प्राप्ति; २-९० से प्राप्त पूर्व 'ख्' को 'क' की प्राप्ति, ४ २३८ से 'खा' में स्थित 'आ' को 'अ' की प्राप्ति और ३ १३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में ति प्रत्यय के स्थान पर 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अक्खइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

अर्घ्यते संस्कृत कर्म भाव-वाच्य क्रिया पद रूप है। इसका प्राकृत रूप अग्घइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप २-७८ से 'य्' का लोप, २-८९ से शेष 'घ' को द्वित्व 'घ्घ' की प्राप्ति; २-९० से प्राप्त पूर्व 'घ्' को 'ग्' की प्राप्ति ३ १३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में 'ते' प्रत्यय के स्थान पर 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अग्घइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

कथ्यते संस्कृत कर्म भाव-वाच्य क्रियापद रूप है। इसका प्राकृत-रूप कत्थइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७८ से 'य्' का लोप २-८९ से शेष 'थ' को द्वित्व 'थ्थ' की प्राप्ति २-९० से प्राप्त पूर्व 'थ्' को 'त्' की प्राप्ति ३ १६० से कर्म भाव-वाच्य प्रदर्शक संस्कृत प्रत्यय 'य' के स्थान पर प्राकृत में प्राप्तव्य ईअ अथवा 'इज्ज' प्रत्यय का लोप और ३ १३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में 'ते' प्रत्यय के स्थान पर इ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *कत्थइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

सिक्थकः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप *सित्थओ* होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से 'क्' का लोप २-८९ से शेष 'थ' को द्वित्व 'थ्थ' की प्राप्ति २-९० से प्राप्त पूर्व 'थ्' को 'त्' की प्राप्ति १ १७७ से 'क' का लोप और ३ २ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में *सि* प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सित्थओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

लभ्यते संस्कृत कर्म भाव-वाच्य क्रिया पद रूप है। इसका प्राकृत रूप लब्भइ होता है। इसमें सूत्र संख्या ३ १६० से कर्म भाव-वाच्य प्रदर्शक संस्कृत प्रत्यय 'य' के स्थान पर प्राकृत में प्राप्तव्य 'ज्ज

अथवा 'ज्जा' प्रत्यय का लोप, ४-२३६ से शेष हलन्त 'ध्' मे 'अ' की प्राप्ति और ३-१३६ से वर्तमान-काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में 'ते' प्रत्यय के स्थान पर 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *बन्धइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

लभ्यते संस्कृत कर्म भाव-वाच्य क्रिया पद रूप है। इसका प्राकृत रूप लब्भइ होता है। इसमे सूत्र-सख्या ४-२४६ से कर्म-भाव-वाच्य 'य' प्रत्यय का लोप होकर शेप 'भ्' को द्वित्व भ्भ् की प्राप्ति, २-६० से प्राप्त पूर्व 'भ्' को 'ब्' की प्राप्ति, ४-२३६ से हलन्त 'भ् मे 'अ' की प्राप्ति और ३-१३६ से वर्तमान-काल के प्रथम पुरुप के एक-वचन में 'ते' प्रत्यय के स्थान पर 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *लब्भइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

गर्जन्ति सस्कृत अकर्मक क्रियापद रुप है। इमका प्राकृत रूप गज्जन्ते होता है। इसमें सूत्र-सख्या २-७६ मे 'र्' का लोप, २-८६ से 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' को प्राप्ति और ३-१४२ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के वहु वचन मे सस्कृत प्रत्यय 'न्ति' के स्थान पर 'न्ते' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *गज्जन्ते* रूप सिद्ध हो जाता है।

खे सस्कृत रुप है। इसका प्राकृत रूप भी खे; ही होता है। इसमें सूत्र-सख्या ३-११ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में 'ङि' प्रत्यय के स्थान पर 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर '*खे*' रुप सिद्ध हो जाता है।

मेघा मस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रुप मेहा होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-१८७ से 'घ' को 'ह' की प्राप्ति और ३-४ से प्रथमा विभक्ति के बहु वचन में प्राप्त 'जस्' प्रत्यय का लोप तथा ३-१२ से प्राप्त होकर लुप्त हुए जस प्रत्यय के कारण से अन्त्य 'अ' को 'आ' की प्राप्ति होकर *मेहा* रूप सिद्ध हो जाता है

गच्छति सस्कृत सकर्मक क्रियापद रुप है। इसका प्राकृत रुप गच्छइ होता है। इसमें सूत्र-सख्या ४-२३६ से गच्छ् धातु के हलन्त 'छ्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, और ३-१३६ से वर्तमान काल में प्रथम पुरुष के एक वचन मे 'ति' प्रत्यय के स्थान पर 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *गच्छइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

घणो रुप की सिद्धि सूत्र-सख्या *१-१७२* मे की गई है।

सर्षप-खल. सस्कृत विशेषण रुप है। इसका प्राकृत रुप सरिसव-खलो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१०५ से 'र्ष' शब्दांश के पूर्व में अर्थात् रेफ रूप 'र्' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति, १-२६० से 'ष' का 'स', १-२३१ से 'प' का 'व', और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सरिसव-खलो* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रलय सस्कृत रुप है। इसका प्राकृत रूप पलय होता है। इसमें सूत्र-सख्या २-७६ से 'र्' का लोप होकर *पलय* रूप सिद्ध हो जाता है।

पणो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१७७ में की गई है।

अस्थिरः संस्कृत विशेषण रुप है। इसका प्राकृत रुप अथिरो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से 'स्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर अथिरो रूप सिद्ध हो जाता है।

जिनधर्मः संस्कृत रुप है। इसका प्राकृत रूप जिण धम्मो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १ २२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति २-७९ से र् का लोप २-८९ से 'म्' को द्वित्व 'म्म' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जिण-धम्मो* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रणष्ट संस्कृत विशेषण रुप है। इसका प्राकृत रुप पणट्ठो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप २ ३४ से 'ष्ट' के स्थान पर 'ठ' की प्राप्ति, २-८९ से 'ठ' को द्वित्व 'ठ्ठ' की प्राप्ति २-९० से प्राप्त पूर्व 'ठ्' को ट् की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पणट्ठो* रुप सिद्ध हो जाता है।

मयः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रुप मओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १ १७७ से 'य्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' की प्राप्ति होकर *मओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

धर्म रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-८१ में की गई है ॥ १ १८७ ॥

पृथकि धो वा ॥ १ १८८ ॥

पृथक् शब्दे थस्य धो वा भवति ॥ पिधं पुधं । पिहं पुहं ॥

अर्थ—पृथक् शब्द में रहे हुए 'थ' का विकल्प रुप से 'ध' भी होता है। अतः पृथक शब्द के प्राकृत में वैकल्पिक पक्ष होने से चार रूप इस प्रकार होते हैं—पृथक्=पिधं, पुधं पिहं और पुहं ॥

पृथक् संस्कृत अव्यय है। इसके प्राकृत पिधं पुधं पिहं और पुहं होते हैं। इसमें सूत्र-संख्या १ १३७ से 'ऋ' के स्थान पर विकल्प रुप से और क्रम से 'इ' अथवा 'उ' की प्राप्ति, १-१८८ से 'थ' के स्थान पर विकल्प रुप से प्रथम दो रूपों में 'ध' की प्राप्ति, तथा १ १८७ से तृतीय और चतुर्थ रूप विकल्प से 'थ' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति; १ ११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'क्' का लोप और १-२४ की वृत्ति से अन्त्य स्वर 'अ' को 'अनुस्वार' की प्राप्ति होकर क्रम से चारों रुप *पिधं, पुधं पिहं* और *पुहं* सिद्ध हो जाते हैं ॥ १-१८८ ॥

शृङ्खले खः कः ॥ १-१८६ ॥

शृङ्खले खस्य को भवति ॥ सङ्कलं ॥ संकलं ॥

अर्थः-शृङ्खल शब्द में स्थित 'ख' व्यञ्जन का 'क' होता है। जैसे-शृङ्खलम् =सङ्कल ॥

शृङ्खलम् संस्कृत रूप है इसका प्राकृत रूप सङ्कल अथवा सकल होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, १-२६० से 'श' का 'स', १-३० और १-२५ से 'ङ्' व्यञ्जन का विकल्प से अनुस्वार अथवा यथा रूप की प्राप्ति, १-१८६ से 'ख' के स्थान पर 'क' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर सङ्कल अथवा संकल रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ १-१८६ ॥

पुन्नाग-भागिन्योर्गो मः ॥ १-१९० ॥

अनयोर्गस्य मो भवति ॥ पुन्नामाइं वसन्ते । भामिणी ॥

अर्थः-पुन्नाग और भागिनी शब्दों में स्थित 'ग' का 'म' होता है। जैसे-पुन्नागानि=पुन्नामाइं ॥ *भागिनी*=भामिणी ॥

पुन्नागानि संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पुन्नामाइँ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१९० से 'ग' के स्थान पर 'म्' की प्राप्ति, ३-२६ से प्रथमा विभक्ति के बहु-वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'जस्' प्रत्यय के स्थान पर 'इँ' प्रत्यय की प्राप्ति और अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' को दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति भी इसी सूत्र (३-२६) से होकर *पुन्नामाइं* रूप सिद्ध हो जाता है।

वसन्ते संस्कृत सप्तम्यन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप वसन्ते होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-११ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'ङि' प्रत्यय के स्थान पर 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वसन्ते* रूप सिद्ध हो जाता है।

भागिनी संस्कृत स्त्री लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप भामिणी होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१९० से 'ग्' के स्थान पर 'म्' की प्राप्ति, १-२२८ से 'न' का 'ण' और संस्कृत व्याकरण के विधानानुसार दीर्घ ईकारान्त स्त्री लिंग के प्रथमा विभक्ति के एक वचन में प्राप्त 'सि' प्रत्यय में स्थित 'इ' की इत्संज्ञा तथा १-११ से शेष अन्त्य 'स्' का लोप होकर *भामिणी* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ १-१९० ॥

छागे लः ॥ १-१९१ ॥

छागे गस्य लो भवति ॥ छालो छाली ॥

अर्थः-छाग शब्द में स्थित 'ग' का 'ल' होता है। जैसे-छाग=छालो ॥ छागी=छाली ॥

पिशाचः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप पिसल्लो और पिसाओ होते हैं। इनमे से प्रथम रूप मे सूत्र- सख्या १-८४ से 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, १-२६० से 'श्' का 'स्', १-१९३ से 'च्' के स्थान पर वैकल्पिक रुप से'ल्ल्' आदेश की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रुप 'पिसल्लो' सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रुप पिसाओ में सूत्र- संख्या १-२६० से 'श्' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति; १-१७७ से 'च्' का लोप और ३-२ से प्रथम रुप के समान ही 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *पिसाओ* भी सिद्ध हो जाता है।

जटिले जो झो वा ॥ १-१९४ ॥

जटिले जस्य झो वा भावति ॥ झडिलो जडिलो ॥

अर्थः जटिल शब्द मे स्थित 'ज' के स्थान पर वैकल्पिक रुप से 'झ' की प्राप्ति हुआ करती है। जैसे – जटिल = झडिलो अथवा जडिलो ॥

जटिलः सस्कृत विशेषण रुप है। इसके प्राकृत रुप झडिलो और जडिलो होते है। इनमें सूत्र- सख्या १-१९४ मे 'ज' के स्थान पर विकल्प रुप से 'झ' की प्राप्ति, १-१९५ से 'ट्' के स्थान पर 'ड्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग मे 'सि- प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *झडिलो* और *जडिलो* रूप सिद्ध हो जाते हैं॥ १-१९४ ॥

॥ टो डः १-१९५ ॥

स्वरात् परस्यासंयुक्तस्यानादेष्टस्य डो भवति ॥ नडो । भडो। घडो । घडइ ॥ स्वरादित्येव । घटा॥ असयुक्तस्येत्येव । खट्टा ॥ अनादेरित्येव । टक्को ॥ क्वचिन्न भवति । अटति ॥ अटइ ॥

अर्थ - यदि किसी शब्द में 'ट' वर्ण स्वर से परे रहता हुआ, असंयुक्त और अनादि रूप हो, अर्थात् हलन्त भी न हो तथा आदि मे भी स्थित न हो, तो उस 'ट' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति होती है। जैसे नट-= नडो ॥ भट = भडो ॥ घट = घडो ॥ घटति= घडइ ॥

प्रश्न - "स्वर से परे रहता हुआ हो" ऐसा क्यों कहा गया है?

उत्तर - क्योंकि यदि किसी शब्द में 'ट' वर्ण स्वर से परे रहता हुआ नही होगा, तो उस 'ट' का 'ड' नहीं होगा। जैसे घण्टा=घटा ॥

प्रश्न -सयुक्त अर्थात् हलन्त नहीं होना चाहिये, याने असयुक्त अर्थात् स्वर से युक्त होना चाहिये "ऐसा क्यों कहा गया है!

उत्तर- क्योंकि यदि किसी शब्द में 'ट' वर्ण संयुक्त होगा, तो उस 'ट' का 'ड' नहीं होगा। जैसे- लट्वा = लट्टा ॥

प्रश्न- अनादि रूप से स्थित हो- याने शब्द के आदि स्थान पर स्थित नहीं हो- ऐसा क्यों कहा गया है?

उत्तर- क्योंकि यदि किसी शब्द में 'ट' वर्ण आदि अक्षर रूप होगा तो उस 'ट' का 'ड' नहीं होगा। जैसे- टक्कः = टक्को ॥

किसी किसी शब्द में ऐसा भी देखा जाता है कि 'ट' वर्ण शब्द में अनादि और असंयुक्त है तथा स्वर से परे भी रहा हुआ है, फिर भी 'ट' का 'ड' नहीं होता है। जैसे- अटति = अटइ।

नटः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप नडो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१९५ से 'ट' का 'ड' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में अकारांत पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर नडो रूप सिद्ध हो जाता है।

भटः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप भडो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१९५ से 'ट' का 'ड' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर भडो सिद्ध हो जाता है।

घटः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप घडो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१९५ से 'ट' का 'ड' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर घडो रूप सिद्ध हो जाता है।

घटति संस्कृत सकर्मक क्रिया पद रूप है। इसका प्राकृत रूप घडइ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१९५ से 'ट' का 'ड' और ३-१३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में 'ति' प्रत्यय के स्थान पर 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर घडइ रूप सिद्ध हो जाता है।

घण्टा संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप घंटा होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२५ से 'ण्' का अनुस्वार होकर घंटा रूप सिद्ध हो जाता है।

लट्वा संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप लट्टा होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'व' का लोप; २-८९ से 'ट्' को द्वित्व 'ट्ट्' की प्राप्ति और संस्कृत व्याकरण के अनुसार प्रथमा विभक्ति के एक वचन में प्राप्त 'सि' प्रत्यय में स्थित 'इ' की इत्संज्ञानुसार लोप तथा १-११ से शेष 'स्' का लोप होकर लट्टा रूप सिद्ध हो जाता है।

टक्कः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप टक्को होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर टक्को रूप सिद्ध हो जाता है।

अटति संस्कृत अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप अटइ होता है। इसमे सूत्र संख्या ३-१३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन मे 'ति' प्रत्यय के स्थान पर 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर अटइ रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ १-१९५ ॥

सटा-शकट-कैटभे ढः ॥ १-१९६ ॥

एषु टस्य ढो भवति ॥ सढा । सयढो । केढवो ॥

अर्थ—सटा, शकट और कैटभ में स्थित 'ट' का 'ढ' होता है। जैसे-सटा= सढा ॥ शकट= सयढो ॥ कैटभ = केढवो ॥

सटा संस्कृत स्त्री लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप सढा होता है। इसमे सूत्र- संख्या १-१९६ से 'ट' का 'ढ', संस्कृत- व्याकरण के अनुसार प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त स्त्री लिंग में प्राप्त 'सि' प्रत्यय मे स्थित 'इ' का इत् संज्ञानुसार लोप और १-११ से शेष 'स्' का लोप होकर *सढा* रूप सिद्ध हो जाता है।

शकट संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सयढो होता है। इसमे सूत्र- संख्या १-२६० से 'श' का 'स', १-१७७ से 'क्' का लोप, १-१८० से लुप्त हुए 'क्' में स्थित 'अ' को 'य' की प्राप्ति, १-१९६ से 'ट' का 'ढ' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारांत पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सयढो* रूप सिद्ध हो जाता है। केढवो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१४८ में की गई है। १-१९६ ॥

स्फटिके लः ॥ १-१९७ ॥

स्फटिके टस्य लो भवति ॥ फलिहो ॥

अर्थः—स्फटिक शब्द में स्थित 'ट' वर्ण का 'ल' होता है। जैसे - स्फटिक = फलिहो ॥

फलिहो रूप की सिद्धि सूत्र- संख्या १-१८६ मे की गई है ॥ १-१९७ ॥

चपेटा--पाटौ वा ॥ १ - १९८ ॥०

चपेटा शब्दे ण्यन्ते च पटि धातो टस्य लो वा भवति ॥ चविला चविडा । फालेइ फाडेइ ।

अर्थ—चपेटा शब्द में स्थित 'ट' का विकल्प से 'ल' होता है। तदनुसार एक रूप मे तो 'ट' का 'ल' होगा और द्वितीय रूप में वैकल्पिक पक्ष होने से 'ट' का 'ड' होगा। जैसे- चपेटा= चविला अथवा चविडा ॥ इसी प्रकार से 'पटि' धातु में भी प्रेरणार्थक क्रियापद का रूप होने की हालत मे 'ट' का वैकल्पिक रूप से 'ल' होता है। तदनुसार एक रूप में तो 'ट' का 'ल' होगा और द्वितीय रुप में वैकल्कि पक्ष होने से 'ट' का 'ड' होगा ॥ जैसे - पाटयति= फालेइ और फाडेइ ॥

चपेटा संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप चविला और चविडा होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-२३१ से 'प' का 'व'; १-१४६ से 'ए' का 'इ' की प्राप्ति; १-१९८ से 'ट' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'ल' का आदेश होकर *चविला* रूप सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप *चविडा* की सिद्धि सूत्र संख्या १-१४६ में की गई है।

पाटयति संस्कृत सकर्मक प्रेरणार्थक क्रियापद का रूप है। इसके प्राकृत रूप फालेइ और फाडेइ होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-२३२ से 'प' का 'फ'; १-१९८ से वैकल्पिक रूप से 'ट' के स्थान पर 'ल्' का आदेश; ३-१४९ से प्रेरणार्थक में संस्कृत प्रत्यय 'णि' के स्थान पर अर्थात् 'णि' स्थानीय 'अय' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति से ल्+ए='ले' और ३-१३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में 'ति' प्रत्यय के स्थान पर 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *फालेइ* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप फाडेइ में सूत्र संख्या १-१९५ से वैकल्पिक पक्ष होने से 'ट्' के स्थान पर 'ड्' की प्राप्ति और शेष सिद्धि प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *फाडेइ* भी सिद्ध हो जाता है। ॥१-१९८॥

ठो ढः ॥ १-१९९ ॥

स्वरात् परस्यासंयुक्तस्यानादेष्ठस्य ढो भवति ॥ मढो । सढो । कमढो । कुढारो । पढइ ॥ स्वरादित्येव । वेकुंठो ॥ असंयुक्तस्येत्येव । चिट्ठइ ॥ अनादेरित्येव । हिअए ठाइ ॥

अर्थः—यदि किसी शब्द में 'ठ' वर्ण स्वर से परे रहता हुआ असंयुक्त और अनादि रूप हो; अर्थात् हलन्त भी न हो तथा आदि में भी स्थित न हो; तो उस 'ठ' के स्थान पर 'ढ' की प्राप्ति होती है। जैसे—मठः=मढो, शठः=सढो; कमठः=कमढो; कुठारः=कुढारो और पठति=पढइ ॥

प्रश्न—'स्वर से परे रहता हुआ हो' ऐसा क्यों कहा गया है?

उत्तर—क्योंकि यदि किसी शब्द में 'ठ' वर्ण स्वर से परे रहता हुआ नहीं होगा तो उस 'ठ' का 'ढ' नहीं होगा। जैसे—वैकुण्ठः=वेकुंठो ॥

प्रश्न—संयुक्त याने हलन्त नहीं होना चाहिये, याने स्वर से युक्त होना चाहिये ऐसा क्यों कहा गया है?

उत्तर—क्योंकि यदि किसी शब्द में 'ठ' वर्ण संयुक्त होगा—हलन्त होगा—स्वर से रहित होगा; तो उस 'ठ' का 'ढ' नहीं होगा। जैसे—तिष्ठति=चिट्ठइ ॥

[illegible]

उत्तर —क्योकि यदि किसी शब्द में 'ठ' वर्ण आदि अक्षर रूप होगा, तो उस 'ठ' का 'ढ' नहीं होगा। जैसे -हृदये तिष्ठति=हिअए ठाइ ॥

मठः संस्कृत रूप है इसका प्राकृत रूप मढो होता है। इसमे सूत्र संख्या १-१९९ से 'ठ' का 'ढ' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मढो* रूप सिद्ध हो जाता है।

शठः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप सढो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२६० से 'श' का 'स', १-१९९ से 'ठ' का 'ढ' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सढो* रूप सिद्ध हो जाता है।

कमठः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कमढो होता है। इसमे सूत्र- संख्या १-१९९ से 'ठ' का 'ढ' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *कमढो* रूप सिद्ध हो जाता है।

कुठार संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कुढारो होता है। इसमे सूत्र – संख्या १-१९९ से 'ठ' का 'ढ' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *कुढारो* रूप सिद्ध हो जाता है।

पठति संस्कृत सकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप पढइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१९९ से 'ठ' का 'ढ' और ३-१३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन मे संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत मे 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पढइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

वैकुण्ठ संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप वेकुंठो होता है। इसमें सूत्र- संख्या १-१४८ से 'ऐ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति, १-२५ से ण्' के स्थान पर 'अनुस्वार' की प्राप्ति, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वेकुंठो* रूप सिद्ध हो जाता है।

तिष्ठति संस्कृत अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप चिट्ठइ होता है। इसमे सूत्र संख्या ४-१६ से संस्कृत धातु 'स्था' के आदेश रूप 'तिष्ठ' के स्थान पर चिट्ठ' रूप आदेश की प्राप्ति और ३-१३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत मे 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *चिट्ठइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

हृदये संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप हिअए होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१२८ से 'ऋ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति, १-१७७ से 'द्' और 'य्' दोनों वर्णों का लोप, और ३-११ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग अथवा नपुसक लिंग में 'ङि'='इ' प्रत्यय के स्थान पर 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *हिअए* रूप सिद्ध हो जाता है।

तिष्ठति संस्कृत अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप ठाइ होता है। इसमें सूत्रसंख्या ४-१६ से संस्कृत धातु 'स्था' के आदेश रूप 'तिष्ठ' के स्थान पर 'ठा' रूप आदेश की प्राप्ति और ३-१३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *ठाइ* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ १-१९९ ॥

अङ्कोठे ल्ल ॥ १-२०० ॥

अङ्कोठे ठस्य द्विरुक्तो लो भवति ॥ अङ्कोल्ल तेल्लतुप्पं ।

अर्थ—संस्कृत शब्द अङ्कोठ में स्थित 'ठ' का प्राकृत रूपान्तर में द्वित्व 'ल्ल' होता है। जैसे अङ्कोठ तैल घृतम् अङ्कोल्ल-तेल्ल-तुप्पं ॥

अंकोठ संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप अङ्कोल्ल होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२०० से ठ के स्थान पर द्वित्व 'ल्ल' की प्राप्ति होकर *अङ्कोल्ल* रूप सिद्ध हो जाता है।

तैल संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप तेल्ल होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१४८ से 'ऐ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति और २-९८ से 'ल' को द्वित्व 'ल्ल' की प्राप्ति होकर 'तेल्ल' रूप सिद्ध हो जाता है।

घृतम् संस्कृत रूप है। इसका देश्य रूप तुप्पं होता है। इसमें सूत्र संख्या का अभाव है क्योंकि घृतम् शब्द के स्थान पर तुप्पं रूप की प्राप्ति देश्य रूप से है; अतः तुप्पं शब्द रूप देशज है, न कि प्राकृत ज ॥ तदनुसार तुप्प देश्य रूप में ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर देश्य रूप *तुप्पं* सिद्ध हो जाता है। ॥ १-२०० ॥

पिठरे हो वा रश्च ढ ॥ १-२०१ ॥

पिठरे ठस्य हो वा भवति तत् संनियोगे च रस्य ढो भवति ॥ पिहढो पिढरो ॥

अर्थ—पिठर शब्द में स्थित 'ठ' का वैकल्पिक रूप से 'ह' होता है। अतः एक रुप में 'ठ' का 'ह' होगा और द्वितीय रुप में वैकल्पिक पक्ष होने से 'ठ' का 'ढ' होगा। जहाँ 'ठ' का 'ह' होगा' वहाँ पर एक विशेषता यह भी होगी कि पिठर शब्द में स्थित 'र' का 'ढ' हो जायगा। जैसे-पिठरः=पिहढो अथवा पिढरो।

पिठरः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप पिहढो और पिढरो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-२०१ से 'ठ' के स्थान पर वैकल्पिक रुप से 'ह' की प्राप्ति और इसी सूत्रानुसार 'ह' की प्राप्ति होने से 'र' को 'ढ' की प्राप्ति तथा ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रुप *पिहढो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप मे सूत्र- सख्या १-१६६ से वैकल्पिक पक्ष होने से 'ठ' के स्थान पर 'ढ' की प्राप्ति और ३-२ मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय को प्राप्ति होकर द्वितीय रुप *पिढरो* भी सिद्ध हो जाता है ॥ १-२० ॥

डो लः ॥ २०२ ॥

स्वरात् परस्यासंयुक्तस्यानादेर्डस्य प्रायो लो भवति ॥ वडवामुखम् । वलयामुहं ॥ गरुलो ॥ तलाय । कीलइ ॥ स्वरादित्येव । मोंडं । कोंडं ॥ असंयुक्तस्येत्येव । खग्गो ॥ अनादेरित्येव । रमइ डिम्भो ॥ प्रायो ग्रहणात् क्वचिद् विकल्पः । वलिसं वडिसं । दालिमं दाडिमं । गुलो गुडो । णाली णाडी । णलं णड । आमेलो आवेडो ॥ क्वचिन्न भवत्येव । निबिडं । गउडो । पीडिअं । नीडं । उडू तडी ॥

अर्थ:- यदि किसी शब्द में 'ड' वर्ण स्वर से परे रहता हुआ असंयुक्त और अनादि रूप हो, अर्थात् हलन्त - (स्वर रहित) भी - न हो तथा आदि मे भी स्थित न हों, तो उस 'ड' वर्ण का प्रायः 'ल' होता है । जैसे- वडवामुखम्= वलयामुह ॥ गरुड = गरुलो ॥ तडागम् = तलाय । क्रीडति= कीलइ ॥

प्रश्न:—" स्वर से परे रहता हुआ हो " ऐसा क्यो कहा गया है ?

उत्तर -क्योकि यदि किसी शब्द में 'ड' वर्ण स्वर से परे रहता हुआ नहीं होगा तो उस 'ड' का 'ल' नहीं होगा। जैसे -- मुण्डम्= मोंड और कुण्डम्= कोंड इत्यादि ॥

प्रश्न --" सयुक्त याने हलन्त नहीं होना चाहिये, अर्थात् असयुक्त याने स्वर से युक्त होना चाहिये ' ऐसा क्यों कहा गया है ?

उत्तर --क्योंकि यदि किसी शब्द मे 'ड वर्ण सयुक्त होगा - हलन्त होगा - स्वर से रहित होगा, तो उस 'ड' वर्ण का 'ल' नहीं होगा । जैसे – खड्ग = खग्गो ॥

प्रश्न -- " अनादि रूप से स्थित हो, शब्द के आदि स्थान पर स्थित नही हो, शब्द मे प्रारभिक-अक्षर रूप से स्थित नहो हो, ऐसा क्यों कहा गया है ?

उत्तर - क्योंकि यदि किसी शब्द में 'ड' वर्ण आदि अक्षर रूप होगा, तो उस 'ड' का 'ल' नहीं होगा । जैसे -- रमते डिम्भ = रमइ डिम्भो ॥

प्रश्न – " प्राय " अव्यय का ग्रहण क्यो किया गया है ?

उत्तर –" प्राय " अव्यय का उल्लेख यह प्रदर्शित करता है कि किन्हीं किन्हीं शब्दों में 'ड' वर्ण स्वर से परे रहता हुआ, असयुक्त और अनादि होता हुआ हो तो भी उस 'ड' वर्ण का 'ल' वैकल्पिक रूप से होता है । जैसे -- बडिशम् = वलिम अथवा वडिम ॥ दाडिमम्=दालिम अथवा दाडिम ॥ गुड =

गुळो अथवा गुडो ॥ नाडी= णाली अथवा णाडी ॥ नडम्= णलं अथवा णडं ॥ आपीड= आमेलो अथवा आमेडो ॥ इत्यादि ॥

किन्हीं किन्हीं शब्दों में 'ड' वर्ण स्वर से परे रहता हुआ असंयुक्त एवं अनादि रूप हो तो भी उस 'ड' वर्ण का 'ल' नहीं होता है। जैसे– निविडम्=निविडं ॥ गौड= गउडो ॥ पीडितम्= पीडिअं ॥ नीडम्= नीडं ॥ उडु = उडू ॥ तडित्= तडी ॥ इत्यादि ॥

वडवामुखम्–संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप वलयामुहं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२०२ से 'ड' के स्थान पर 'ल' की प्राप्ति १-१७७ से द्वितीय 'व्' का लोप १-१८० से लुप्त 'व' में से शेष 'आ' के स्थान पर 'या' की प्राप्ति, १-१८७ से 'ख' का 'ह' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में प्राप्त 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *वलयामुहं* रूप सिद्ध हो जाता है। गरुड संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप गरुलो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२०२ से 'ड' के स्थान पर 'ल' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *गरुलो* रूप सिद्ध हो जाता है।

तडागम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप तलायं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२०२ से 'ड' के स्थान पर 'ल' की प्राप्ति १-१७७ से 'ग्' का लोप १-१८० से लुप्त 'ग्' में से शेष 'अ' को 'य' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर म् प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *तलायं* रूप सिद्ध हो जाता है।

क्रीडति संस्कृत अकर्मक क्रिया का रूप है। इसका प्राकृत रूप कीलइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र' का लोप १-२०२ से 'ड' के स्थान पर 'ल' की प्राप्ति और ३-१३९ से वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के एक वचन में 'ति' प्रत्यय के स्थान पर 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *कीलइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

माई रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-११६ में की गई है।

कुण्डम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कोंडं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-११६ से 'उ' के स्थान पर 'ओ' की प्राप्ति १-२५ से 'ण' के स्थान पर पूर्व व्यञ्जन पर अनुस्वार की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *कोंडं* रूप सिद्ध हो जाता है।

रग्गो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-३४ में की गई है।

रमते संस्कृत अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप रमइ होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-१३९ से वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के एक वचन में 'ते' प्रत्यय के स्थान पर 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *रमइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

डिम्भ: संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप डिम्भो होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *डिम्भो* रूप सिद्ध हो जाता है।

बाडिशम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप वलिस और वडिसं होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-२३७ से 'ब' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति, १-२०२ से वैकल्पिक विधान के अनुसार 'ड' के स्थान पर विकल्प रूप से 'ल की प्राप्ति, १-२६० से 'श' का 'स', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपु सक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *वलिसं* और *वडिसं* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

दाडिमम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप दालिमं और दाडिमं होते हैं। इनमें सूत्र- संख्या १-२०२ से वैकल्पिक विधान के अनुसार विकल्प से 'ड' के स्थान पर 'ल' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त नपु सक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से *दालिमं* और *दाडिमं* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

गुडः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप गुलो और गुडो होते हैं। इनमें सूत्र- संख्या १-२०२ से वैकल्पिक- विधान के अनुसार विकल्प से 'ड' के स्थान पर 'ल' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *गुलो* और *गुलो* रूप सिद्ध हो जाते है।

नाडी संस्कृत रूप है। इसमें प्राकृत रूप णाली और णाडी होते हैं। इनमें सूत्र- संख्या १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति और १-२०२ से वैकल्पिक- विधान के अनुसार विकल्प से 'ड' के स्थान पर 'ल' की प्राप्ति होकर *णाली* और *णाडी* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

नडम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप णल और णड होते हैं। इनमें सूत्र- संख्या १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति,, १-२०२ से वैकल्पिक- विधान के अनुसार विकल्प से 'ड' के स्थान पर 'ल' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारांत नपु सकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *णलं* और *णडं* रूप सिद्ध हो जाते है।

आमेलो रूप की सिद्धि सूत्र- संख्या १—१०५ मे की गई है।

आपीड संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप आमेडो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२३४ से वैकल्पिक रूप से 'प्' के स्थान पर 'म्' की प्राप्ति, १-१०५ से 'ई' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति हो कर *आमेडो* रूप सिद्ध हो जाता है।

निबिडम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप निबिडं होता है। इसमें सूत्र संख्या १ २३ से 'म्' का अनुस्वार होकर *निबिडं* रूप सिद्ध हो जाता है।

गउडो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १ १६२ में की गई है।

पीडितम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप पीडिअं होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १७७ से 'त्' का लोप, ३ २५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १ २३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *पीडिअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

नीडं रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १ १०६ में की गई है।

उडुः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप उडू होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में उकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर उडू रूप सिद्ध हो जाता है।

तडित्—(अथवा तडित्) संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप तडी होता है। इसमें सूत्र संख्या १ ११ से 'द्' अथवा 'त्' का लोप और ३ १९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में स्त्री लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *तडी* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥१-२०२॥

वेणौ णो वा ॥ १-२०३ ॥

वेणौ णस्य लो वा भवति ॥ वेलू । वेणू ॥

अर्थ—वेणु शब्द में स्थित 'ण' का विकल्प से 'ल' होता है। जैसे—वेणुः=वेलू अथवा वेणू ॥

वेणुः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप वेलू और वेणू होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-२०३ से 'ण' के स्थान पर विकल्प से 'ल' की प्राप्ति और ३ १९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में उकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर वेलू और वेणू रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ १-२०३ ॥

तुच्छे तश्च-छौ वा ॥ १-२०४ ॥

तुच्छ शब्दे तस्य च छ इत्यादेशौ वा भवतः ॥ चुच्छं । छुच्छं । तुच्छं ॥

अर्थ—तुच्छ शब्द में स्थित 'त्' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से और क्रम से 'च' अथवा 'छ' का आदेश होता है। जैसे—तुच्छम्=चुच्छं अथवा छुच्छं अथवा तुच्छं ॥

तुच्छम् संस्कृत विशेषण है। इसके प्राकृत रूप चुच्छं छुच्छं और तुच्छं होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-२०४ से 'त्' के स्थान पर क्रम से और वैकल्पिक रूप से 'च्' अथवा 'छ्' का आदेश; ३ २५ से

प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से एवं वैकल्पिक रूप से चुच्छं, छुच्छं और तुच्छं रूप सिद्ध हो जाते है। ॥ १-२०४ ॥

तगर-त्रसर-तूवरे टः ॥ १-२०५ ॥

एषु तस्य टो भवति ॥ टगरो ।टसरो । टूवरो ॥

अर्थः-तगर, त्रसर और तूवर शब्दो मे स्थित 'त' का 'ट' होता है। जैसे -तगर = टगरो; त्रसरः= टसरो और तूवर = टूवरो ॥

तगरः सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप टगरो होता है। इसमे सूत्र-सख्या १-२०५ से 'त' के स्थान पर 'ट' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *टगरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

त्रसर सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप टसरो होता है। इसमे सूत्र-सख्या २-७९ से 'त्र' मे स्थित 'र्' का लोप, १-२०५ से शेष 'त' के स्थान पर 'ट' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय को प्राप्ति होकर *टसरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

तूवर सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप टूवरो होता है। इस में सूत्र-संख्या १-२०५ से 'त' के स्थान पर 'ट्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *टूवरो* रूप सिद्ध हो जाता है ॥ १-२०५ ॥

प्रत्यादौ डः ॥ १—२०६ ॥

प्रत्यादिषु तस्य डो भवति ॥ पडिवन्नं । पडिहासो । पडिहारो । पाडिप्फद्धी । पडिसारो पडिनिअत्तं । पडिमा । पडिवया । पडंसुआ । पडिकरइ । पहुडि । पाहुडं । वावडो । पडाया । बहेडओ । हरडई । मडयं ॥ आर्षे । दुष्कृतम् । दुकडं ॥ सुकृतम् । सुकडं ॥ आहृतम् । आहडं । अवहृतम् । अवहडं । इत्यादि ॥ प्राय इत्येव । प्रति समयम् । पइ समयं ॥ प्रतीपम् । पईवं ॥ संप्रति । संपइ ॥ प्रतिष्ठानम् । पइट्ठाणं ॥ प्रतिष्ठा । पइट्ठा ॥ प्रतिज्ञा । पइण्णा ॥ प्रति । प्रभृति । प्राभृत । व्यापृत । पताका । बिभीतक । हरीतकी । मृतक । इत्यादि ॥

अर्थ—प्रति आदि उपसर्गों मे स्थित 'त' का 'ड' होता है। जैसे -प्रतिपन्न=पडिवन्न ॥ प्रतिभास =पडिहासो ॥ प्रतिहार =पडिहारो ॥ प्रतिस्पर्द्धि =पाडिप्फद्धी ॥ प्रतिसार =पडिसारो ॥ प्रतिनिवृत्तम्=पडिनिअत्तं ॥ प्रतिमा =पडिमो ॥ प्रतिपत्=पडिवया ॥ प्रतिश्रुत्=पड सुआ ॥ प्रतिकरोति

पडिकरइ ॥ इस प्रकार 'प्रति' के उदाहरण जानना । प्रभृति = पहुडि ॥ प्राभृतम्=पाहुड ॥ व्यापृत= वावडो ॥ पताका = पडाया ॥ बिभीतकः = बहेडओ ॥ हरीतकी = हरडइ ॥ मृतकम् = मडयं ॥ इन उदाहरणों में भी 'त' का 'ड' हुआ है ॥ आर्ष-प्राकृत में भी 'त' के स्थान पर 'ड' होता हुआ देखा जाता है। जैसे—दुष्कृतम् = दुक्कडं ॥ सुकृतम् = सुकडं । आहृतम् = आहडं ॥ अपहृतम् = अवहडं ॥ इत्यादि ॥ अनेक शब्दों में ऐसा भी पाया जाता है कि संस्कृत रूपान्त से प्राकृत रूपान्तर में 'त' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति होती हुई नहीं देखी जाती है। इसी नियम को आचार्य हेमचन्द्र ने इसी सूत्र की वृत्ति में 'प्रायः' शब्द का उल्लेख करके प्रदर्शित किया है। जैसे—प्रतिसमयम् = पइसमयं ॥ प्रतीपम् = पईवं ॥ संप्रति= संपइ ॥ प्रतिष्ठानम् = पइट्ठाणं ॥ प्रतिष्ठा = पइट्ठा ॥ प्रतिज्ञा = पइण्णा ॥ इत्यादि ॥

प्रतिपन्नम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पडिवन्नं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से र् का लोप; १-२०६ से 'त' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति; १-२३१ से द्वितीय 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *पडिवन्नं* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रतिभासः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पडिहासो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप; १-२०६ से 'त' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति; १-१८७ से 'भ' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' होकर *पडिहासो* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रतिहारः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पडिहारो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप; १-२०६ से 'त' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पडिहारो* रूप सिद्ध हो जाता है।

पाडिप्फद्धी रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १—४४ में की गई है।

प्रतिसारः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पडिसारो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से र् का लोप; १-२०६ से 'त' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' होकर *पडिसारो* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रतिनिवृत्तम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप पडिनिअत्तं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप; १-२०६ से प्रथम 'त' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति; १-१७७ से 'व्' का लोप; १-१२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *पडिनिअत्तं* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रतिमा संस्कृत रुप है। इसका प्राकृत रूप पडिमा होता है। इसमे सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप और १-२०६ से 'त' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति होकर *पडिमा* रूप सिद्ध हो जाता है।

पाडिवया रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या १-४४ मे की गई है।

पडंतुआ रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या १-२६ मे की गई है।

प्रति करोति संस्कृत सकर्मक क्रिया पद का रूप है। इसका प्राकृत रूप पडिकरइ होता है। इसमे सूत्र-सख्या २-७९ से प्रथम 'र्' का लोप,, १-२०६ से प्रथम 'त' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति, ४-२३४ से 'करो' क्रिया के मूल रुप 'कृ' धातु में स्थित 'ऋ' के स्थान पर 'अर्' की प्राप्ति, ४-२३९ से प्राप्त 'अर्' मे स्थित हलन्त 'र्' में 'अ' रूप आगम की प्राप्ति, और ३-१३९ से वर्तमान काल मे प्रथम पुरुष के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत मे 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पडिकरइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

पहुडि रूप की सिद्ध सूत्र - संख्या १-१३१ में की गई है।

पाहुडं रूप की सिद्धि सूत्र - सख्या १-१३१ मे की गई है।

व्यापृतः संस्कृत विशेषण रुप है। इसका प्राकृत रूप वावडो होता है। इसमें सूत्र-सख्या २-७८ से 'य्' का लोप, १-१२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, १-२३१ से 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति, १-२०६ से 'त' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वावडो* रुप सिद्ध हो जाता है।

पताका संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पडाया होता है। इसमें सूत्र सख्या १-२०६ से 'त्' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति, १-१७७ से 'क' का लोप और १-१८० से लुप्त 'क्' में से शेप रहे हुए 'आ' के स्थान पर 'या' होकर *पडाया* रुप सिद्ध हो जाता है।

बहेडओ रूप की सिद्धि सूत्र - सख्या १-८८ मे की गई है।

हरडई रुप की सिद्धि सूत्र - सख्या १-९९ में की गई है।

मृतकम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मडय होता है। इसमें सूत्र सख्या १-१२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, १-२०६ से 'त' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति, १-१७७ से 'क्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'क्' में से शेष 'अ' को 'य' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपु सक लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *मडयं* रूप की सिद्धि हो जाती है।

दुष्कृतम् संस्कृत रूप है। इसका आर्ष-प्राकृत में दुक्कडं रूप होता है। इसमें सूत्र सख्या २-७७ से 'ष्' का लोप, १-१२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ की प्राप्ति, २-८९ से 'क' को द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति,

१-२०६ से 'त' को 'ड' की प्राप्ति, ३ २५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १ २३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *दुक्कडं* रूप सिद्ध हो जाता है।

सुकृतम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सुक्कडं होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति २-९८ से 'क' को द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति १ २०६ से त को 'ड' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर म् प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *सुक्कडं* रूप सिद्ध हो जाता है।

आहृतं संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप आहडं होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति १ २०६ से 'त' को 'ड' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १ २३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *आहडं* रूप सिद्ध हो जाता है।

अवहृतं संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप अवहडं होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १२६ से 'ऋ' के स्थान पर अ की प्राप्ति १ २०६ से 'त' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति ३ २५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *अवहडं* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रतिसमर्थं संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पइसमर्थं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से र् का लोप १ १७७ से 'त्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १ २३ से प्राप्त म्' का अनुस्वार होकर *पइसमर्थं* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रतीपम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप पईवं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप १ १७७ से 'त्' का लोप १-२३१ से द्वितीय प को व की प्राप्ति ३ २५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १ २३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *पईवं* रूप सिद्ध हो जाता है।

संप्रति संस्कृत अव्यय है। इसका प्राकृत रूप संपइ होता है। इस में सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप और १ १७७ से त् का लोप होकर *संपइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रतिष्ठानम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पइट्ठाणं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप १ १७७ से 'त्' का लोप २-७७ से 'ष्' का लोप २-८९ से शेष 'ठ्' को द्वित्व 'ठ्ठ्' की प्राप्ति, २ ९० से प्राप्त पूर्व 'ठ्' को 'ट्' की प्राप्ति १ २२८ से 'न' को 'ण' की प्राप्ति ३ २५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १ २३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *पइट्ठाणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

पइट्ठा रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या १-३८ में की गई है।

प्रतिज्ञा सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पइण्णा होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, १-१७७ से 'त्' का लोप, २-४२ से ज्ञ् के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, और २-८९ से प्राप्त 'ण्' को द्वित्व ण्ण् की प्राप्ति होकर *पइण्णा* रूप सिद्ध हो जाता है॥ १-२०६ ॥

इत्वे वेतसे ॥ १-२०७ ॥

वेतसे तस्य डो भवति इत्वे सति ॥ वेडिसो ॥ इत्व इति किम् । वेअसो ॥ इः स्वप्नादौ [१-४६] इति इकारो न भवति इत्व इति व्यावृत्तिवलात् ॥

अर्थः—वेतस शब्द में स्थित 'त' के स्थान पर ड' की प्राप्ति उस अवस्था में होती है, जबकि 'त' में स्थित 'अ' स्वर सूत्र-सख्या १-४६ से 'इ' स्वर में परिणत हो जाता हो। जैसे—वेतस =वेडिसो ॥

प्रश्न —वेतस शब्द में स्थित 'त' में रहे हुए 'अ' को 'इ' में परिणत करने की अनिवार्यता का विधान क्यों किया है?

उत्तर—वेतस शब्द में स्थित 'त' का 'ड' उसी अवस्था में होगा, जब कि उस 'त' में स्थित 'अ' स्वर को 'इ' स्वर में परिणत कर दिया जाय, तदनुसार यदि 'त' का 'ड' नहीं किया जाता है, तो उस अवस्था में 'त' में रहे हुए 'अ' स्वर को इ' स्वर में परिणत नहीं किया जायगा। जैसेः—वेतस =वेअसो॥ इस प्रकार सूत्र-संख्या १-४६-(इ स्वप्नादौ)—के अनुसार 'अ' के स्थान पर प्राप्त होने वाली 'इ' का यहाँ पर निषेध कर दिया गया है। इस प्रकार का नियम 'व्याकरण की भाषा' में 'व्यावृत्तिवाचक' नियम कहलाता है। तदनुसार 'व्यावृत्ति के बल से' 'इत्व' की प्राप्ति नहीं होती है।

वेडिसोः—रूप की सिद्धि सूत्र सख्या १-४६ में की गई है।

वेतसः—संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप वेअसो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' होकर *वेअसो* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ १-२०७ ॥

गर्भितातिमुक्तके णः ॥ १-२०८ ॥

अनयोस्तस्य णो भवति ॥ गब्भिणो अणिउँतयं ॥ क्वचिन्नभवत्यपि । अइमुत्तयं ॥ कथम् एरावणो । ऐरावण शब्दस्य । एरावओ इति तु ऐरावतस्य ॥

अर्थः—गर्भित और अतिमुक्तक शब्दों में स्थित 'त' को 'ण' की प्राप्ति होती है। अर्थात् 'त' के स्थान पर 'ण' का आदेश होता है। जैसे—गर्भित—गब्भिणो ॥ अतिमुक्तकम्=अणिउँतयं ॥ कभी कभी

'अतिमुक्तक शब्द में स्थित प्रथम 'त' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति होती हुई नहीं देखो जाता है जैसे:- अतिमुक्तकम्=अइमुत्तयं ॥

प्रश्न—क्या 'एरावणो प्राकृत शब्द संस्कृत एरावत शब्द से रूपान्तरित हुआ है? और क्या इस शब्द में स्थित 'त के स्थान पर ण की प्राप्ति हुई है?

उत्तर—प्राकृत 'एरावणो शब्द संस्कृत 'ऐरावण' शब्द से रूपान्तरित हुआ है अत इस शब्द में 'त के स्थान पर 'ण की प्राप्ति होने का प्रश्न ही नहीं पैदा होता है। प्राकृत शब्द 'एरावओ का रूपान्तर 'ऐरावत' संस्कृत शब्द से हुआ है। इस प्रकार एरावणो और एरावओ प्राकृत शब्दों का रूपान्तर क्रम से ऐरावण' और ऐरावत' संस्कृत शब्दों से हुआ है। तदनुसार एरावणो में 'त' के स्थान 'ण की प्राप्ति होने का प्रश्न ही नहीं पैदा होता है।

गर्भित संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप *गब्भिणो* होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप २-८९ से 'भ् को द्वित्व 'भ् भ् की प्राप्ति; २-९० से प्राप्त पूर्व 'भ को ब् की प्राप्ति १-२०८ से 'त् को ण् की प्राप्ति और ३-२ से *प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में* सि प्रत्यय के स्थान पर ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *गब्भिणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

अणिउँतयं और *अइमुत्तयं* रूपों को सिद्धि सूत्र-संख्या १-२६ में की गई है।

एरावणो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१४८ में की गई है।

ऐरावत संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप एरावओ होता है। इसमें सूत्र संख्या १ ७७ से 'त् का लोप और ३ २ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *एरावओ* रूप की सिद्धि हो जाती है॥ १-२०८॥

रुदिते दिनाण्णः ॥ १ २०९ ॥

रुदिते दिना सह तस्य द्विरुक्तो णो भवति ॥ रुण्णं ॥ अत्र केचित् ऋत्वादिषु द इत्यारब्धवन्तः स तु शौरसेनी मागधी विषय एव दृश्यत इति नोच्यते। प्राकृते हि। ऋतुः। रिऊ। उऊ॥ रजतम्। रययं॥ एतद्। एअं॥ गतः। गओ॥ आगतः। आगओ॥ सांप्रतम्। संपयं॥ यतः। जओ॥ ततः। तओ॥ कृतम्। कयं॥ हतम्। हयं॥ हताशः। हयासो॥ श्रुतः। सुओ॥ आकृतिः। आकिई॥ निर्वृतः। निव्वुओ॥ तातः। ताओ॥ कतरः। कयरो॥ द्वितीयः। दुइओ इत्यादयः प्रयोगा भवन्ति। न पुनः उदू रयदं इत्यादि॥ क्वचित् भावे पि व्यत्ययश्च (४ ४४७) इत्येव सिद्धम्॥ दिही इत्येतदर्थं तु धृतेर्दिहिः (२ १३१) इति वक्ष्यामः॥

अर्थः—'रुदित' शब्द मे रहे हुए 'दि' सहित 'त' के स्थान पर अर्थात् 'दित' शब्दांश के स्थान पर द्वित्व 'ण्ण' की प्राप्ति होती है। यानें 'दित' के स्थान पर 'ण्ण' आदेश होता है जैसे -रुदितम्=रुण्णं ॥ 'त' वर्ण से सबंधित विधि-विधानों के वर्णन में कुछ एक प्राकृत-व्याकरणकार 'ऋत्वादिषु द' अर्थात् ऋतु आदि शब्दो मे स्थित 'त' का 'द' होता है' ऐसा कहते हैं, वह कथन प्राकृत-भाषा के लिये उपयुक्त नही है। क्योंकि 'त' के स्थान 'द' की प्राप्ति शौरसेनी और मागधी भाषाओं मे ही होती हुई देखी जाती है। न कि प्राकृत-भाषा मे ॥ अधिकृत-व्याकरण प्राकृत भाषा का है, अत. इसमे 'त' के स्थान पर 'द' की प्राप्ति नहीं होती है। उपरोक्त कथन के समर्थन में कुछ एक उदाहरण इस प्रकार हैं -ऋतुः=रिऊ अथवा 'उऊ' ॥ रजतम्=रययं ॥ एतद्=एअ ॥ गत=गओ ॥ आगत=आगओ ॥ सांप्रतम्=सपयं ॥ यत=जओ ॥ तत=तओ ॥ कृतम्=कय ॥ हतम्=हयं ॥ हताश.=हयासो ॥ श्रुत=सुओ ॥ आकृति.=आकिई ॥ निर्वृत=निव्वुओ ॥ तात,=ताओ ॥ कतर=कयरो ॥ और द्वितीय=दुइओ ॥ इत्यादि 'त' सबंधित प्रयोग प्राकृत-भाषा मे पाये जाते हैं ॥ प्राकृत-भाषा में 'त' के स्थान पर 'द' की प्राप्ति नहीं होती है। केवल शौरसेनी और मागधी भाषा में ही 'त' के स्थान पर 'द' का आदेश होता है। इसके उदाहरण इस प्रकार है.-ऋतु=उदू अथवा रुदू ॥ रजतम्=रयद इत्यादि ॥

यदि किन्हीं किन्ही शब्दों में प्राकृत-भाषा में 'त' के स्थान पर 'द' की प्राप्ति होती हुई पाई जाय तो उसको सूत्र-सख्या ४-४४७ से वर्ण-व्यत्यय अर्थात् अक्षरो का पारस्परिक रूप से अदला-बदली का स्वरूप समझा जाय, न कि 'त' के स्थान पर 'द' का आदेश माना जाय ॥ इस प्रकार से सिद्ध हो गया कि केवल शौरसेनी एवं मागधी भाषा में ही 'त' के स्थान पर 'द' की प्राप्ति होती है; न कि प्राकृत-भाषा में ॥ दिही' ऐसा जो रूप पाया जाता है, वह धृति शब्द का आदेश रूप शब्द है, और ऐसा उल्लेख आगे सूत्र सख्या २-१३१ में किया जायगा। इस प्रकार उपरोक्त स्पष्टीकरण यह प्रमाणित करता है कि प्राकृत-भाषा में 'त' के स्थान पर 'द' का आदेश नहीं हुआ करता है, तदनुसार प्राकृत-प्रकाश नामक प्राकृत-व्याकरण में 'ऋत्वादिषु तोदः 'नामक जो सूत्र पाया जाता है। उस सूत्र के समान-अर्थक सूत्र-रचने की इस प्राकृत-व्याकरण में आवश्यकता नहीं है। ऐसा आचार्य हेमचन्द्र का कथन है।

रुदितम् सस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप रुण्ण होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२०९ से 'दित' शब्दाश के स्थान पर द्वित्व 'ण्ण' का आदेश; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर रुण्णं रूप सिद्ध हो जाता है।

रिऊ रूप की सिद्धि सूत्र सख्या १-१४१ में की गई है।

उऊ रूप की सिद्धि सूत्र सख्या १-१३१ मे की गई है।

रययं रूप की सिद्धि सूत्र सख्या १ १७७ में की गई है।

एतत् संस्कृत सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप एअं होता है। इस में सूत्र संख्या १ ११ से अन्त्य हलन्त व्यन्जन 'त्' का लोप, १ १७७ से 'त्' का लोप ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १ २३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर एअं रूप सिद्ध हो जाता है।

गतः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप गओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १ १७७ से 'त्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर गओ रूप सिद्ध हो जाता है।

आगतः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप आगओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १ १७७ से 'त्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारांत पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *आगओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

सांप्रतम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप संपयं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-८४ से 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, २-७९ से 'र्' का लोप' १-१७७ से 'त्' का लोप' १ १८० से लोप हुए 'त्' में से शेष रहे हुए 'अ' को 'य' की प्राप्ति' ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में सि' प्रत्यय के स्थान पर म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १ २३ प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *संपयं* रूप सिद्ध हो जाता है।

यतः संस्कृत अव्यय है। इसका प्राकृत रूप जओ होता है। इसमें सूत्र संख्या १ २४५ से 'य' को 'ज' की प्राप्ति; १ १७७ से 'त्' का लोप और १ ३७ से विसर्ग को 'ओ' की प्राप्ति होकर *जओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

ततः संस्कृत अव्यय है। इसका प्राकृत रूप तओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १ १७७ से 'त्' का लोप और १ ३७ से विसर्ग को 'ओ' की प्राप्ति होकर तओ रूप सिद्ध हो जाता है।

कयं रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १ १२६ में की गई है।

हतम् संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप हयं होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १७७ से 'त्' का लोप' १ १८० से लुप्त 'त्' में से शेष रहे हुए 'अ' को 'य' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर हयं रूप सिद्ध हो जाता है।

हताशः संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप हयासो होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १७७ से 'त्' का लोप' १ १८० से लुप्त 'त्' में से शेष रहे हुए 'आ' को 'या' की प्राप्ति; १ २६० से 'श' को 'स' की

प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' होकर *हयासो* रूप सिद्ध हो जाता है।

श्रुतः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप सुओ होता है। इसमे सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, १-२६० से 'श' को 'स की प्राप्ति, १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय को प्राप्ति होकर *सुओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

आकृतिः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप आकिई होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१२८ से 'ऋ' को 'इ' की प्राप्ति, १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त स्त्री लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ-स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *आकिई* रूप सिद्ध हो जाता है।

निर्वृतः संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप निव्वुओ होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, १-१३१ से 'ऋ' को 'उ' की प्राप्ति, २-८९ से 'व्' को द्वित्व 'व्व' की प्राप्ति, १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *निव्वुओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

तातः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप ताओ होता है। इसमे सूत्र संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'अ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *ताओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

कतरः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप कयरो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'त्' में से शेष रहे हुए 'अ' को 'य' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *कयरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

द्वइओ रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-९४ में की गई है।

ऋतुः संस्कृत रूप है। इसका शौरसेनी और मागधी भाषा में उदू रूप होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१३१ से 'ऋ' को 'उ' की प्राप्ति, ४-२६० से 'त्' को 'द्' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में उकारान्त में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर *उदू* रूप सिद्ध हो जाता है।

रजतम् संस्कृत रूप है। इसका शौरसेनी और मागधी भाषा में रयद रूप होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'ज्' का लोप; १-१८० से लोप हुए 'ज्' में से शेष रहे हुए 'अ' को 'य' की प्राप्ति; ४-२६० से 'त' को 'द' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि'

प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्तिः और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *रवं* रूप सिद्ध हो जाता है।

धृति संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप दिही होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१३१ से 'धृति' के स्थान पर 'दिहि' रूप का आदेश और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त स्त्रीलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *दिही* रूप सिद्ध हो जाता है ॥ १-२०९ ॥

सप्ततौ रः ॥ १-२१० ॥

सप्ततौ तस्य रो भवति ॥ सत्तरी ॥

अर्थ—सप्तति शब्द में स्थित द्वितीय 'त' के स्थान पर 'र्' का आदेश होता है। जैसे—सप्तति=सत्तरी ॥

सप्तति संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सत्तरी होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से 'प्' का लोप; २-८९ से प्रथम 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति; १-२१० से द्वितीय 'त्' के स्थान पर 'र्' का आदेश और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त रूप में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *सत्तरी* रूप सिद्ध हो जाता है ॥ १-२१० ॥

अतसी सातवाहने लः ॥ १-२११ ॥

अनयोस्तस्य लो भवति ॥ अलसी । सालाहणो । सालवाहणो । सालाहणी भासा ॥

अर्थ—अतसी और सातवाहन शब्दों में रहे हुए 'त' वर्ण के स्थान पर 'ल' वर्ण की प्राप्ति होती है। जैसे—अतसी=अलसी ॥ सातवाहनः=सालाहणो और सालवाहणो ॥ सातवाहनी भाषा=सालाहणी भासा ॥

अतसी संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप अलसी होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२११ से 'त्' के स्थान पर 'ल' का आदेश होकर *अलसी* रूप सिद्ध हो जाता है।

सालाहणो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-८ में की गई है।

सातवाहन संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सालवाहणो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'श' का 'स'; १-२११ से 'त' के स्थान पर 'ल' का आदेश; १-२२८ से 'न' का 'ण' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सालवाहणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

शातवाहनी संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सालाहणी होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२६० से 'श' का 'स', १-२११ से 'त' के स्थान पर 'ल' का आदेश, १-१७७ से 'व्' का लोप १-५ से लोप हुए 'व्' में से शेष रहे हुए 'आ' को पूर्व वर्ण 'ल' के साथ संधि होकर 'ला' की प्राप्ति और १-२२८ से 'न' को ण की प्राप्ति होकर *सालाहणी* रूप सिद्ध हो जाता है।

भाषा संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप भासा होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२६० से 'ष' का 'स' होकर *भासा* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ १-२११ ॥

पलिते वा ॥ १-२१२ ॥

पलिते तस्य लो वा भवति ॥ पलिलं । पलिअं ॥

अर्थः—पलित शब्द में स्थित 'त' का विकल्प से 'ल' होता है।
जैसे.—पलितम्=पलिल अथवा पलिअ ॥

पलितम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप पलिल और पलिअ होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-२१२ से प्रथम रूप में 'त' के स्थान पर विकल्प से 'ल' आदेश की प्राप्ति, और द्वितीय रूप में वैकल्पिक पक्ष होने से १-१७७ से 'त्' का लोप; ३-२५ से दोनों रूपों में प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से पलिल और पलिअ दोनों रूप सिद्ध हो जाते हैं। ॥१-२१२ ॥

पीते वो ले वा ॥ १—२१३ ॥

पीते तस्य वो वा भवति स्वार्थलकारे परे ॥ पीवलं ॥ पीअलं ॥ ल इति किम् । पीअं ॥

अर्थ—'पीत' शब्द में यदि 'स्वार्थ-बोधक' अर्थात् 'वाला' अर्थ बतलाने वाला 'ल' प्रत्यय जुड़ा हुआ होतो 'पीत' शब्द में रहे हुए 'त' वर्ण के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'व' वर्ण का आदेश हुआ करता है। जैसे.—पीतलम्=पीवल अथवा पीअल=पीले रग वाला ॥

प्रश्न—मूल-सूत्र में 'ल' वर्ण का उल्लेख क्यों किया गया है?

उत्तर—'ल' वर्ण संस्कृत-व्याकरण में 'स्वार्थ-बोधक' अवस्था में शब्दों में जोड़ा जाता है। तदनुसार यदि 'पीत' शब्द में स्वार्थ-बोधक 'ल' प्रत्यय जुड़ा हुआ हो; तभी 'पीत' में स्थित 'त' के स्थान पर 'व' वर्ण का वैकल्पिक रूप से आदेश होता है, अन्यथा नहीं। इसी तात्पर्य को समझाने के लिये मूल-सूत्र में 'ल' वर्ण का उल्लेख किया गया है। स्वार्थ-बोधक 'ल' प्रत्यय के अभाव में पीत शब्द में स्थित 'त' के स्थान पर 'व' वर्ण का आदेश नहीं होता है। जैसे.-पीतम्=पीअं ॥

पीवलम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप पीवलं और पीअलं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-२१३ से वैकल्पिक रूप से 'त' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति और द्वितीय रूप में १-१७७ से 'त्' का लोप; ३-२५ से दोनों रूपों में प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति एवं १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से *पीवलं* और *पीअलं* दोनों रूप सिद्ध हो जाते हैं ॥

पीतम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पीअं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *पीअं* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ १-२१३ ॥

वितस्ति-वसति-भरत-कातर-मातुलिङ्गे हः ॥ १-२१४ ॥

एषु तस्य हो भवति ॥ विहत्थी। वसही ॥ बहुलाधिकारात् क्वचिन्न भवति। वसइ। भरहो। काहलो। माहुलिङ्गं। मातुलुङ्ग शब्दस्य तु माउलुङ्गम्॥

अर्थ—वितस्ति शब्द में स्थित प्रथम 'त' के स्थान पर और वसति, भरत, कातर तथा मातुलिङ्ग शब्दों में स्थित 'त' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति होती है। जैसे—वितस्तिः=विहत्थी, वसतिः=वसही, भरतः=भरहो, कातरः=काहलो, और मातुलिङ्गम्=माहुलिङ्गं ॥ 'बहुलाधिकार' सूत्र के आधार से किसी किसी शब्द में 'त' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति नहीं भी होती है। जैसे—वसतिः=वसइ ॥ मातुलुङ्ग शब्द में स्थित 'त' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति नहीं होती है। अतः मातुलुङ्गम् रूप का प्राकृत रूप माउलुङ्गं होता है।

वितस्तिः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप विहत्थी होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२१४ से प्रथम 'त' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, २-४५ से 'स्त' के स्थान पर 'थ' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'थ' का द्वित्व 'थ्थ'; २-९० से प्राप्त पूर्व 'थ्' को 'त्' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *विहत्थी* रूप सिद्ध हो जाता है।

वसतिः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप वसही और वसइ होते हैं। इनमें प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-२१४ से 'त' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति और द्वितीय रूप में सूत्र संख्या १-२ के अधिकार से तथा १-१७७ से 'त्' का लोप; तथा दोनों रूपों में सूत्र संख्या ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त स्त्री लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर क्रम से *वसही* और *वसइ* दोनों रूप सिद्ध हो जाते हैं ॥

भरतः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप भरहो होता है। इसमे सूत्र-संख्या १-२१४ से 'त' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *भरहो* रूप सिद्ध हो जाता है।

कातर संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप काहलो होता है। इसमे सूत्र संख्या १-२१४ से 'त' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, १-२५४ से 'र' के स्थान पर 'ल' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *काहलो* रूप सिद्ध हो जाता है।

मातुलिंगम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप माहुलिंग होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२१४ से 'त्' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *माहुलिंगं* रूप सिद्ध हो जाता है।

मातुलुङ्गम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप माउलुङ्गं होता है। इसमे सूत्र-संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर माउलुङ्गम् रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ १-२१४ ॥

मेथि-शिथिर-शिथिल-प्रथमे थस्य ढः ॥ १-२१५ ॥

एषु थस्य ढो भवति। हापवादः॥ मेढी। सिढिलो। सिढिलो। पढमो॥

अर्थ सूत्र-संख्या १-१८७ मे यह विधान किया गया है कि संस्कृत-शब्दों में स्थित 'थ' का प्राकृत रूपान्तर में 'ह' होता है। किन्तु यह सूत्र उक्त सूत्र का अपवाद रूप विधान है। तदनुसार मेथि, शिथिर, शिथिल और प्रथम शब्दों में स्थित 'थ' का 'ढ' होता है। जैसे-मेथि'=मेढी, शिथिर'=सिढिलो, शिथिल'-सिढिलो और प्रथम =पढमो॥ इस अपवाद रूप विधान के अनुसार उपरोक्त शब्दों में 'थ' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति नहीं होकर 'ढ' की प्राप्ति हुई है।

मेथिः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मेढी होता है। इसमे सूत्र संख्या १-२१५ से 'थ' के स्थान पर ढ' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *मेढी* रूप सिद्ध हो जाता है।

शिथिर संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप सिढिलो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२६० से 'श' का 'स', १-२१५ से 'थ' के स्थान पर 'ढ' की प्राप्ति, १-२५४ से 'र' का 'ल' और ३-२ से प्रथमा

विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सिढिलो* रूप सिद्ध हो जाता है।

शिथिल संस्कृत विशेषण रूप है इसका प्राकृत रूप सिढिलो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-६० से 'श' का 'स', १-२१५ से 'थ' के स्थान पर 'ढ' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सिढिलो* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रथम संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप पढमो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से र् का लोप; १-२१५ से 'थ' के स्थान पर 'ढ' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पढमो* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ १-२१५ ॥

निशीथ-पृथिव्यो र्वा ॥ १-२१६ ॥

अनयोस्थस्य ढो वा भवति ॥ निसीढो । निसीहो ॥ पुढवी ॥ पुहवी ॥

अर्थः—निशीथ और पृथिवी शब्दों में स्थित 'थ' का विकल्प से 'ढ' होता है। तदनुसार प्रथम रूप में 'थ' का 'ढ' और द्वितीय रूप में थ का ह होता है। जैसे—निशीथः = निसीढो अथवा निसीहो और पृथिवी=पुढवी अथवा पुहवी ॥

निशीथः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप निसीढो और निसीहो होते हैं इनमें सूत्र संख्या १-६० से श का 'स' १-२१६ से प्रथम रूप में थ का 'ढ' और १-१८७ से द्वितीय रूप में 'थ' का ह और ३-२ से दोनों रूपों में प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से *निसीढो* और *निसीहो* दोनों रूप सिद्ध हो जाते हैं।

पुढवी रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-८८ में की गई है।

पृथिवी संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पुहवी होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१३१ से 'ऋ' का 'उ' १-१८७ से 'थ' का 'ह' और १-८८ से 'थि' में स्थित 'इ' को 'अ' की प्राप्ति होकर पुहवी रूप सिद्ध हो जाता है ॥ १-२१६ ॥

दशन दष्ट दग्ध दोला-दण्ड दर दाह दम्भ-दर्भ कदन दोहदे दो वा डः ॥ १-२१७ ॥

एषु दस्य डो वा भवति ॥ डसणं दसणं ॥ डट्ठो दट्ठो ॥ डड्ढो दड्ढो ॥ डोला दोला ॥ डण्डो दण्डो ॥ डरो दरो ॥ डाहो दाहो ॥ डम्भो दम्भो ॥ डब्भो दब्भो ॥ कडणं कयणं ॥ डोहलो दोहलो ॥ दर शब्दस्य च भयार्थवृत्तेरेव भवति । अन्यत्र दर-दलिअं ॥

अर्थ.—दशन, दष्ट, दग्ध, दोला, दण्ड, दर, दाह, दम्भ, दर्भ, कदन और दोहद शब्दों मे स्थित 'द' का वैकल्पिक रूप से 'ड' होता है। जैसे —दशनम्=डसण अथवा दसण ॥ दष्ट =डट्ठो अथवा दट्ठो ॥ दग्ध =डड्ढो अथवा दड्ढो ॥ दोला=डोला अथवा दोला ॥ दण्ड =डण्डो अथवा दण्डो ॥ दर =डरो अथवा दरो ॥ दाह =डाहो अथवा दाहो ॥ दम्भ =डम्भो अथवा दम्भो ॥ दर्भ = डब्भो अथवा दब्भो ॥ कदनम् = कडण अथवा कयण ॥ दोहद =डोहलो अथवा दोहलो ॥ 'दर' शब्द मे स्थित 'द्' का वैकल्पिक रूप से प्राप्त होने वाला 'ड' इसी अवस्था में होता है, जबकि दर'शब्द का अर्थ 'डर' अर्थात् भय-वाचक हो, अन्यथा 'दर' के 'द' का ड' नहीं होता है। जैसे —दर–दलितम् = दर–दलिअ ॥ तदनुसार 'दर' शब्द का अर्थ भय नहीं होकर 'थोडा सा' अथवा 'सूक्ष्म' अर्थ होने पर 'दर' शब्द में स्थित 'द' का प्राकृत रूप मे 'द' ही रहा है। नकि 'द' का 'ड' हुआ है। ऐसी विशेषता 'दर' शब्द के सम्बन्ध में जानना ॥

दशनम् सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप डसण और दसण होते हैं। इनमें सूत्र सख्या १-२१७ से 'द' का वैकल्पिक रूप से 'ड', १-२६० मे 'श' का 'स', १-२२८ से 'न' का 'ण', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपु सक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से डसण और दसण दोनों रूप सिद्ध हो जाते है।

दष्ट. सस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप डट्ठो और दट्ठो होते हैं। इनमें सूत्र सख्या १-२१७ से 'द' का वैकल्पिक रूप से 'ड', २-३४ से 'ष्ट' का 'ठ', २-८६ से प्राप्त 'ठ' का द्वित्व 'ठ्ठ', २-९० से प्राप्त पूर्व 'ठ्' का 'ट्', और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से डट्ठो और दट्ठो दोनो रूप सिद्ध हो जाते है।

दग्धः सस्कृत विशेषण है। इसके प्राकृत रूप डड्ढो और दड्ढो होते है। इनमें सूत्र सख्या १-२१७ से 'द' का वैकल्पिक रूप से 'ड', २-४० से 'ग्ध' का 'ढ', २-८९ से प्राप्त 'ढ' का द्वित्व ढ्ढ, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ढ' का 'ड' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से *डड्ढो* और *दड्ढो* दोनो रूप सिद्ध हो जाते हैं।

दोला सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप डोला और दोला होते हैं। इनमें सूत्र सख्या १-२१७ से 'द' का वैकल्पिक रूप से 'ड' होकर क्रम से *डोला* और *दोला* दोनों रूप सिद्ध हो जाते हैं।

दंड. सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप डण्डो और दण्डो होते हैं। इनमें सूत्र सख्या १-२१७ से 'द' का वैकल्पिक रूप से 'ड', १-३० से अनुस्वार का आगे 'ड' होने से हलन्त 'ण्', और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से *डण्डो* और *दण्डो* दोनों रूप सिद्ध हो जाते हैं।

दर सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप डरो और दरो होते हैं इनमे सूत्र सख्या १-२१७ से 'द' का वैकल्पिक रूप से 'ड' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के

स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से डरो और दरो दोनों रूप सिद्ध हो जाते हैं।

दाहः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप डाहो और दाहो होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-२१७ से द का वैकल्पिक रूप से 'ड' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से डाहो और दाहो दोनों रूप सिद्ध हो जाते हैं।

दम्भः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप डम्भो और दम्भो होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-२१७ से 'द' का वैकल्पिक रूप से 'ड' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से डम्भो और दम्भो दोनों रूप सिद्ध हो जाते हैं।

दर्भः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप डब्भो और दब्भो होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-२१७ से 'द' का वैकल्पिक रूप से 'ड' २-७९ से 'र्' का लोप २-८९ से 'भ' का द्वित्व 'भभ' २-९० से प्राप्त पूर्व 'भ्' का 'ब्' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर डब्भो और दब्भो दोनों रूप क्रम से सिद्ध हो जाते हैं।

कदनम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप कडणं और कयणं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-२१७ से 'द' का वैकल्पिक रूप से 'ड' और द्वितीय रूप में सूत्र-संख्या १-१७७ से 'द्' का लोप तथा १-१८० से लोप हुए 'द्' में से शेष रहे हुए 'अ' को 'य' की प्राप्ति १-२२८ से दोनों रूपों में 'न' का 'ण', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर कडणं और कयणं दोनों रूप क्रम से सिद्ध हो जाते हैं।

दोहदः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप डोहलो और दोहलो होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-२१७ से प्रथम 'द' का वैकल्पिक रूप से 'ड' १-२२१ से द्वितीय 'द' का 'ल' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर डोहलो और दोहलो दोनों रूप क्रम से सिद्ध हो जाते हैं।

दर-दलितम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप दर-दलिअं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर दर-दलिअं रूप सिद्ध हो जाता है। ॥१-२१७॥

दश-दहो ॥१-२१८॥

अनयो धात्वोर्दस्य डो भवति ॥ डसइ । डहइ ॥

अर्थः—दश और दह धातुओ में स्थित 'द' का प्राकृत रूपान्तर मे 'ड' हो जाता है। जैसे – दशति=डसइ ॥ दहति=डहइ ॥ *दशति* संस्कृत सकर्मक क्रिया का रूप है। इसका प्राकृत रूप डसइ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२१८ से द का 'ड', १-२६० से 'श' का 'स' और ३-१३६ से वर्तमान काल के एक वचन मे प्रथम पुरुष में संस्कृत मे प्रत्यय 'ति' के स्थान पर 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर डसइ रूप सिद्ध हो जाता है।

दहति संस्कृत सकर्मक क्रिया का रूप है। इसका प्राकृत रूप डहइ होता है। इसमे सूत्र संख्या १-२१८ से 'द' का 'ड और ३-१३६ से वर्तमान काल के एक वचन में प्रथम पुरुष मे संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर डहइ रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ १-२१८ ॥

संख्या-गद्गदे रः १-२१६ ॥

संख्यावाचिनि गद्गद् शब्दे च दस्य रो भवति ॥ एआरह । बारह ॥ तेरह । गग्गरं । अनादेरित्येव । ते दस ॥ असंयुक्तस्येत्येव ॥ चउद्दह ॥

अर्थ–संख्या वाचक शब्दो मे और गद्गद् शब्द मे रहे हुए 'द' का 'र' होता है। जैसे –एकादश =एआरह ॥ द्वादश=बारह ॥ त्रयोदश=तेरह ॥ गद्गदम्=गग्गरं ॥

'सूत्र संख्या १-१७६ का विधान-क्षेत्र यह सूत्र भी है, तदनुसार संख्या-वाचक शब्दों में स्थित 'द' यदि अनादि रूप से ही हो, अर्थात् संख्या-वाचक शब्दों में आदि रूप से स्थित नहीं हो, तभी उस 'द' का 'र' होता है।

यदि संख्या-वाचक शब्दो मे 'द' आदि अक्षर रूप से स्थित है, तो उस 'द' का 'र' नहीं होता है। ऐसा बतलाने के लिये ही इस सूत्र की वृत्ति में 'अनादे' रूप शब्द का उल्लेख करना पड़ा है। जैसे –तव दश=ते दस ॥

सूत्र–संख्या १-१७६ के विधान–अन्तर्गत होने से यह विशेषता और है कि संख्या-वाचक शब्दों में स्थित 'द' का 'र' उसी अवस्था में होता है जबकि 'द' असंयुक्त हो, हलन्त नहीं हो, स्वर सहित हो, इसीलिये सूत्र की वृत्ति में 'असंयुक्त 'ऐसा विधान किया गया है। 'संयुक्त' होने की दशा मे 'द' का 'र' नहीं होगा। जैसे –चतुर्दश=चउद्दह ॥ इत्यादि ॥

एकादश संख्या वाचक संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप एआरह होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'क्' का लोप, १-२१६ से 'द' का 'र', और १-२६२ से 'श' का 'ह' होकर *एआरह* रूप सिद्ध हो जाता है।

द्वादश संख्या वाचक संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप बारह होता है। इसमे सूत्र संख्या २-७७ से 'द्' को लोप, २-१७४ से वर्ण-व्यत्यय के सिद्धान्तानुसार 'व' के स्थान पर 'ब' का आदेश,

१-२१६ से द्वितीय 'द' का 'र' और १-२६२ से 'श' का 'ह' होकर *बारह* रूप सिद्ध हो जाता है।

तेरह रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१६५ में की गई है।

गद्गदम् संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप गग्गरं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से 'द्' का लोप २-८९ से द्वितीय 'ग' को द्वित्व 'ग्ग' की प्राप्ति, १-२१९ से द्वितीय 'द' के स्थान पर 'र' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *गग्गरं* रूप सिद्ध हो जाता है।

तव इस संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप *से* इस होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-९९ से संस्कृत सर्वनाम 'युष्मद्' के षष्ठी विभक्ति के एक वचन के 'तव' रूप के स्थान पर 'त' रूप का आदेश, और १-२६० से 'श' का 'स' होकर *से* इस रूप सिद्ध हो जाता है।

पडाइह रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१७१ में की गई है ॥ १-२१९ ॥

कदल्यामद्रुमे ॥ १-२२० ॥

कदली शब्दे अद्रुम-वाचिनि दस्य रो भवति ॥ करली ॥ अद्रुम इति किम्। कयली केली ॥

अर्थ—संस्कृत शब्द कदली का अर्थ वृक्ष-वाचक केला नहीं होकर मृग हरिण वाचक अर्थ हो तो उस दशा में कदली शब्द में रहे हुए 'द' का 'र' होता है। जैसे—कदली=करली अर्थात् मृग विशेष ॥

प्रश्न—सूत्र में 'अद्रुम' यानि वृक्ष अर्थ नहीं ऐसा क्यों कहा गया है?

उत्तर—यदि 'कदली' का अर्थ पशु विशेष वाचक नहीं होकर केला-वृक्ष विशेष वाचक हो तो उस दशा में कदली में रहे हुए 'द' का 'र' नहीं होता है, ऐसा बतलाने के लिये ही सूत्र में 'अद्रुम' शब्द का उल्लेख किया गया है। जैसे—कदली=कयली अथवा केली अर्थात् केला-वृक्ष विशेष ॥

कदली संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप करली होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२२० से 'द' का 'र' होकर *करली* रूप सिद्ध हो जाता है।

कयली और *केली* रूपों की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१६७ में की गई है ॥ १-२२० ॥

प्रदीपि-दोहदे लः ॥ १-२२१ ॥

प्रपूर्वे दीप्यतौ धातौ दोहद-शब्दे च दस्य लो भवति ॥ पलीवेइ। पलित्तं। दोहलो ॥

अर्थ—'प्र' उपसर्ग सहित दीप धातु में और दोहद शब्द में स्थित 'द' का 'ल' होता है। जैसे—प्रदीपयति=पलीवेइ ॥ प्रदीप्तम्=पलित्तं ॥ दोहदः=दोहलो ॥

प्रदीपयाति संस्कृत सकर्मक क्रिया का रूप है। इसका प्राकृत रूप पलीवेइ होता है। इसमे सूत्र सख्या २-७६ से 'र' का लोप, १-२२१ से 'द' का 'ल', १-२३१ से 'प' का 'व', ३-१४९ से प्रेरणार्थक प्रत्यय 'णि' के स्थानीय प्रत्यय 'अय के स्थान पर 'ए' रूप आदेश की प्राप्ति और ३-१३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन मे 'ति' के स्थान पर 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पलीवेइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रदीप्तम् सस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप पलित्त होता है। इसमे सूत्र सख्या २-७९ से 'र्' का लोप, १-२२१ से 'द' का 'ल', १-८४ से दीर्घ 'ई' की ह्रस्व 'इ, २-७७ से 'प्' का लोप, २-८९ से 'त' को द्वित्व त्त की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *पलित्तं* रूप सिद्ध हो जाता है।

दोहलो रूप की सिद्धि सूत्र सख्या १-२१७ में की गई है। ॥ १-२२१ ॥

कदम्बे वा ॥ १-२२२ ॥

कदम्ब शब्दे दस्य लो वा भवति ॥ कलम्बो । कयम्बो ॥

अर्थः—कदम्ब शब्द मे स्थित 'द' का वैकल्पिक रूप से 'ल' होता है। जैसे—कदम्ब =कलम्बो अथवा कयम्बो ॥

कदम्ब सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप कलम्बो अथवा कयम्बो होते हैं। प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-२२२ से 'द' का वैकल्पिक रूप से 'ल' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *कलम्बो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप *कयम्बो* की सिद्धि सूत्र-सख्या १–३० में की गई है ॥ १–२२२ ॥

दीपौ धो वा ॥ १–२२३ ॥

दीप्यतौ दस्य धो वा भवति ॥ धिप्पइ । दिप्पइ ॥

अर्थ—दीप धातु मे स्थित 'द' का वैकल्पिक रूप से 'ध' होता है। जैसे—दीप्यते=धिप्पइ अथवा दिप्पइ ॥

दीप्यते संस्कृत अकर्मक क्रिया का रूप हैं। इसके प्राकृत रूप धिप्पइ और दिप्पइ होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-८४ से दीर्घ 'ई' की ह्रस्व 'इ', १-२२३ से 'द्' का वैकल्पिक रूप से 'ध्', २-७८ से 'य्' का लोप, २-८९ से 'प' का द्वित्व 'प्प', और ३-१३९ से वर्तमान काल के एक वचन में प्रथम पुरुष में सस्कृत प्रत्यय 'ते' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति होकर दोनों रूप धिप्पइ और *दिप्पइ* क्रम से सिद्ध हो जाते हैं। ॥ १–२२३ ॥

कदर्थिते वः ॥ १-२२४ ॥

कदर्थिते दस्य वो भवति ॥ कवट्टिओ ॥

अर्थ—कदर्थित शब्द में रहे हुए 'द' का 'व' होता है। जैसे-कदर्थितः=कवट्टिओ ॥

कदर्थितः संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप कवट्टिओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२२४ से 'द' का 'व', २-२९ से संयुक्त 'र्थ' का 'ट', २-८९ से प्राप्त 'ट' का द्वित्व 'ट्ट', १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *कवट्टिओ* रूप सिद्ध हो जाता है ॥१-२२४॥

ककुदे हः ॥ १-२२५ ॥

ककुदे दस्य हो भवति ॥ कउहं ॥

अर्थ—ककुद् शब्द में स्थित 'द' का 'ह' होता है। जैसे-ककुद्=कउहं ॥

ककुद संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कउहं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से द्वितीय क् का लोप; १-२२५ से 'द्' का 'ह', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *कउहं* रूप सिद्ध हो जाता है ॥१-२२५॥

निषधे धो ढः ॥ १-२२६ ॥

निषधे धस्य ढो भवति ॥ निसढो ॥

अर्थ—निषध शब्द में स्थित 'ध' का 'ढ' होता है। जैसे-निषधः=निसढो ॥

निषधः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप निसढो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'ष' का 'स', १-२२६ से 'ध' का 'ढ' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *निसढो* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ १-२२६ ॥

वौषधे ॥ १-२२७ ॥

औषधे धस्य ढो वा भवति ॥ ओसढं । ओसहं ॥

अर्थ—औषध शब्द में स्थित 'ध' का वैकल्पिक रूप से 'ढ' होता है। जैसे-औषधम्=ओसढं अथवा ओसहं ॥

औषधम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप ओसढं और ओसहं होते है। इनमे सूत्र संख्या १-१५९ से 'औ' का 'ओ', १-२६० से 'ष' का 'स', १-२२७ से प्रथम रूप में वैकल्पिक रूप से 'ध' को 'ढ' तथा द्वितीय रूप मे १-१८७ से 'ध' का 'ह्', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से दोनों रूप *ओसढं* और *ओसहं* सिद्ध हो जाते हैं। ॥ १-२२७ ॥

नो णः ॥ १-२२८ ॥

स्वरात् परस्यासंयुक्तस्यानादेर्नस्य णो भवति ॥ कणयं। मयणो। वयणं। नयणं। माणइ ॥ आर्षे ॥ आरनालं। अनिलो। अनलो। इत्याद्यपि ॥

अर्थः—यदि किसी शब्द मे 'न' वर्ण स्वर से परे रहता हुआ असंयुक्त और अनादि रूप हो, अर्थात् वह 'न' वर्ण हलन्त भी न हो याने स्वर रहित भी न हो, तथा आदि मे भी स्थित न हो, शब्द में आदि अक्षर रूप से भी स्थित न हो, तो उस 'न' वर्ण का 'ण' हो जाता है। जैसे—कनकम्=कणयं। मदन=मयणो ॥ वचनम्=वयणं नयनम्=नयणं ॥ मानयति=माणइ ॥ आर्ष-प्राकृत में अनेक शब्द ऐसे भी पाये जाते हैं, जिनमें कि 'न' वर्ण स्वर से परे रहता हुआ असंयुक्त और अनादि रूप होता है, फिर भी उस 'न' वर्ण का 'ण' नहीं होता है। जैसे=आरनालम्=आरनालं ॥ अनिल=अनिलो ॥ अनल= अनलो ॥ इत्यादि ॥

कनकम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कणयं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२२८ से 'न' 'ण', १-१७७ से द्वितीय 'क्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'क्' मे से शेष रहे हुए 'अ' को 'य' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *कणयं* रूप सिद्ध हो जाता है।

मयणो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१७७ में की गई है।

वचनम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप वयणं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'च्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'च्' में से शेष रहे हुए 'अ' को 'य' की प्राप्ति, १-२२८ से 'न' का 'ण', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *वयणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

नयणं रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१७७ में की गई है।

मानयति संस्कृत सकर्मक क्रिया पद का रूप है। इसका प्राकृत रूप माणइ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२२८ से 'न' का 'ण', ४-२३९ से संस्कृत धातुओं मे प्राप्त होने वाले विकरण प्रत्यय 'अय' के स्थान पर प्राकृत धातु 'माण्' में स्थित हलन्त 'ण्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, और ३-१३९ से

वर्तमान काल के एक वचन में प्रथम पुरुष में संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *माणइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

आरनालम् संस्कृत रूप है। इसका आर्ष-प्राकृत में आरनालं हो रूप होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *आरनालं* रूप सिद्ध हो जाता है।

अनिलः और *अनलः* संस्कृत रूप हैं। आर्ष-प्राकृत में इनके रूप क्रम से अनिलो और अनलो होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से *अनिलो* और *अनलो* रूप सिद्ध हो जाते हैं। ॥ १-२२८ ॥

वादौ ॥ १-२२९ ॥

असंयुक्तस्यादौ वर्तमानस्य नस्य णो वा भवति । णरो नरो । णई नई । णेइ नेइ ।
असंयुक्तस्येत्येव । न्याय । नाओ ॥

अर्थ—किन्हीं किन्हीं शब्दों में ऐसा भी होता है कि यदि 'न' वर्ण आदि में स्थित हो और वह असंयुक्त हो यानि हलन्त न होकर स्वरान्त हो तो उस 'न' का वैकल्पिक रूप से 'ण' हो जाया करता है। जैसे—नरः= णरो अथवा नरो। नदी=णई अथवा नई॥ नेति=णेइ अथवा नेइ॥

प्रश्न—'शब्द के आदि में स्थित 'न' असंयुक्त होना चाहिये' ऐसा क्यों कहा गया है?

उत्तर—यदि शब्द के आदि में स्थित होता हुआ भी 'न' वर्ण हलंत हुआ' संयुक्त हुआ तो उस 'न' वर्ण का 'ण' नहीं होता है ऐसा बतलाने के लिये 'असंयुक्त' विशेषण का प्रयोग किया गया है। जैसे—न्यायः=नाओ॥

नरः संस्कृत रूप है इसके प्राकृत रूप णरो और नरो होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-२२९ से 'न' का वैकल्पिक रूप से 'ण' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से *णरो* और *नरो* दोनों रूप सिद्ध हो जाते हैं।

नदी संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप णई और नई होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-२२९ से 'न' का वैकल्पिक रूप से 'ण' और १-१७७ से 'द्' का लोप होकर *णई* और *नई* दोनों रूप क्रम से सिद्ध हो जाते हैं।

नेति संस्कृत अव्यय है। इसके प्राकृत रूप णेइ और नेइ होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-२२९ से 'न' का वैकल्पिक रूप से 'ण' और १-१७७ से 'त्' का लोप होकर *णेइ* और *नेइ* दोनों रूप क्रम से सिद्ध हो जाते हैं।

न्याय: संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप नाओ होता है। इसमे सूत्र सख्या २-७८ से प्रथम 'य' का लोप, १-१७७ से द्वितीय 'य्' का भी लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *नाओ* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥१-२२९

निम्ब-नापिते-ल-ण्हं वा ॥ १-२३० ॥

अनयोर्नस्य ल ण्ह इत्येतौ वा भवतः ॥ लिम्बो निम्बो । ण्हाविओ नाविओ ॥

अर्थ—निम्ब' शब्द मे स्थित 'न' का वैकल्पिक रूप से 'ल' होता है। तथा 'नापित' शब्द मे स्थित 'न' का वैकल्पिक रूप से 'ण्ह' होता है। जैसे—निम्ब =लिम्बो अथवा निम्बो ॥ नापित =ण्हाविओ अथवा नाविओ ॥

निम्ब: सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप लिम्बो और निम्बो होते हैं। इनमे सूत्र सख्या १-२३० से 'न' का वैकल्पिक रूप से 'ल' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *लिम्बो* और *निम्बो* दोनो रूपो की क्रम से सिद्धि हो जाती है।

नापित: सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप ण्हाविओ और नाविओ होते हैं। इनमे सूत्र सख्या १-२३० से 'न' का वैकल्पिक रूप से 'ण्ह'; १-२३१ से 'प' का 'व', १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *ण्हाविओ* और *नाविओ* दोनो रूपो की क्रम से सिद्धि हो जाती है। ॥ १-२३० ॥

पो वः ॥ १-२३१ ॥

स्वरात् परस्यासंयुक्तस्यानादेः पस्य प्रायो वो भवति ॥ सवहो । सावो । उवसग्गो । पईवो । कासवो । पावं । उवमा । कविलं । कुणवं । कलावो । कवालं महि-वालो । गो-वइ । तवइ ॥ स्वरादित्येव । कम्पइ ॥ असयुक्तस्येत्येव । अप्पमत्तो ॥ अनादेरित्येव । सुहेण पढइ ॥ प्राय इत्येव । कई । रिऊ ॥ एतेन पकारस्य प्राप्तयो र्लोप वकारयोर्यस्मिन् कृते श्रुति सुखमुत्पद्यते स तत्र कार्यः ॥

अर्थ:—यदि किसी शब्द में 'प' वर्ण स्वर से परे रहता हुआ असंयुक्त और अनादि रूप हो, अर्थात् हलन्त (स्वर-सहित) भी न हो एव आदि मे भी स्थित न हो, तो उस 'प' वर्ण का प्रायः 'व' होता है। जैसे:-शपथ:=सवहो ॥ शाप=सावो ॥ उपसर्ग:=उवसग्गो ॥ प्रदीप =पईवो ॥ काश्यप =कासवो ॥ पापम्=पाव ॥ उपमा=उवमा ॥ कपिलम=कविल ॥ कुणपम्=कुणव ॥ कलाप =कलावो ॥ कपालम्=कवाल ॥ महि-पाल'=महिवालो ॥ गोपायति=गोवइ ॥ तपति=तवइ ॥

प्रश्न— स्वर से परे रहता हुआ हो ऐसा क्यों कहा गया है ?

उत्तर—क्यों कि यदि किसी शब्द में 'प' वर्ण स्वर से परे रहता हुआ नहीं होगा तो उस 'प' का 'व' नहीं होगा। जैसे-कम्पते=कम्पइ ॥ इस उदाहरण में 'प' वर्ण स्वर से परे रहता हुआ नहीं है, किन्तु हलन्त व्यञ्जन के परे रहा हुआ है, अतः यहाँ पर 'प' का 'व' नहीं हुआ है। यों अन्य उदाहरणों में भी जान लेना ॥

प्रश्न— संयुक्त याने हलन्त नहीं होना चाहिये किन्तु असंयुक्त याने स्वर से युक्त होना चाहिये' ऐसा क्यों कहा गया है ?

उत्तर—क्यों कि यदि किसी शब्द में 'प' वर्ण संयुक्त होगा स्वर रहित होगा-हलन्त होगा' तो उस 'प' वर्ण का 'व' नहीं होगा। जैसे-अप्रमत्त=अप्पमत्तो ॥ इस उदाहरण में 'प' वर्ण 'र' वर्ण में जुड़ा हुआ होकर संयुक्त है-स्वर रहित है हलन्त है अतः यहाँ पर 'प' का 'व' नहीं हुआ है। यही बात अन्य उदाहरणों में भी जान लेना ॥

प्रश्न— अनादि रूप से स्थित हो' शब्द में प्रथम अक्षर रूप से स्थित नहीं हो' अर्थात् शब्द में आदि-स्थान पर स्थित नहीं हो' ऐसा क्यों कहा गया है ?

उत्तर —क्यों कि यदि किसी शब्द में 'प' वर्ण आदि अक्षर रूप होगा तो उस 'प' वर्ण का 'व' वर्ण नहीं होगा। जैसे-सुखेन पठति=सुहेण पढइ ॥ इस उदाहरण में 'प' वर्ण 'पठति' क्रियापद में आदि अक्षर रूप से स्थित है, अतः यहाँ पर 'प' का 'व' नहीं हुआ है। इसी प्रकार से अन्य उदाहरणों में जान लेना ॥

प्रश्न—'प्राय' अव्यय का ग्रहण क्यों किया गया है ?

उत्तर—'प्राय' अव्यय का उल्लेख यह प्रदर्शित करता है कि किन्हीं शब्दों में 'प' वर्ण स्वर से परे रहता हुआ असंयुक्त और अनादि रूप होता हुआ हो तो भी उस 'प' वर्ण का 'व' वर्ण नहीं होता है। जैसे—कपिः=कइ और रिपुः=रिऊ ॥ इन उदाहरणों में 'प' वर्ण स्वर से परे रहता हुआ असंयुक्त भी है और अनादि रूप भी है फिर भी इन शब्दों में 'प' वर्ण का 'व' वर्ण नहीं हुआ है। यों अन्य शब्दों में भी समझ लेना चाहिये।

अनेक शब्दों में सूत्र संख्या १-१७७ से 'प' का लोप होता है और अनेक शब्दों में सूत्र संख्या १-२३१ से 'प' का 'व' होता है। इस प्रकार 'प' वर्ण की लोप-स्थिति एवं 'वकार स्थिति' दोनों अवस्थायें हैं, इन दोनों अवस्थाओं में से जिस अवस्था-विशेष से सुनने में आनंद आता हो: श्रुति-सुख उत्पन्न होता हो' उसी अवस्था का प्रयोग करना चाहिये ऐसा सूत्र की वृत्ति में ग्रंथकार का आदेश है। जो कि ध्यान रखने के योग्य है ॥

सुवहो और *सावो* रूपो की सिद्धि सूत्र सख्या १ १७९ मे की गई है।

उपसर्गः सस्कृत रूप है इसका प्राकृत रूप उवमग्गो होता है। इसमे सूत्र संख्या १-२३१ से 'प का 'व'; २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से 'ग' का द्वित्व 'ग्ग' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *उवसग्गो* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रदीप' सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पईवो होता है। इसमे सूत्र सख्या २-७९ से 'र्' का लोप, १-१७७ से 'द्' का लोप, १-२३१ से द्वितीय 'प' का 'व' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पईवो* रूप सिद्ध हो जाता है।

कासवो रूप की सिद्धि सूत्र सख्या १-४३ मे की गई है।

पावं रूप की सिद्धि सूत्र सख्या १-१७७ में की गई है।

उपमा संस्कृत रूप है। इसका प्राकृट रूप उवमा होता है। इस में सूत्र सख्या १-२३१ से 'प' का 'व' होकर *उवमा* रूप सिद्ध हो जाता है।

कपिलम् सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कविल होता है। इसमें सूत्र सख्या १-२३१ से 'प' का 'व', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपु सक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *कविलं* रूप मिद्ध हो जता है।

कुणपम् सस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप कुणव होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-२३१ से "प" को "व", ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग मे "सि" प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *कुणवं* रूप सिद्ध हो जाता हैं।

कलाप सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कलावो होता है। 'इसमें सूत्र संख्या १-२३१ से 'प' का 'व' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारात पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *कलावो* रूप सिद्ध हो जाता है।

महीपालः सस्कृत है। इसका प्राकृत रूप महिवालो होता है। इस मे सूत्र संख्या १-४ से 'ही' में स्थित दीर्घ 'ई' की ह्रस्व 'इ', १-२३१ से 'प' का 'व' और ३-२ प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *महिवालो* रूप सिद्ध हो जाता है।

गोपायति संस्कृत सकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप गोवइ होता है। इसमें सूत्र सख्या १-२३१ से 'प' का 'व', ४-२३९ से संस्कृत व्यञ्जनान्त धातु 'गोप्' में प्राप्त संस्कृत

धात्विक विकरण प्रत्यय आय के स्थान पर प्राकृत में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, और ३-१३९ से वर्तमान काल के एक वचन में प्रथम पुरुष में संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *गोवइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

तपति संस्कृत अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप तवइ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२३१ से 'प' का 'व' और ३-१३९ से वर्तमान काल के एक वचन में प्रथम पुरुष में संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *तवइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

कम्पइ रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-३० में की गई है।

अप्रमत्तो संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप अप्पमत्तो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से र् का लोप, २-८९ से 'प' का द्वित्व 'प्प' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अप्पमत्तो* रूप सिद्ध हो जाता है।

सुखेन संस्कृत तृतीयान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप सुहेण होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१८७ से 'ख' का 'ह' ३-६ से अकारान्त पुल्लिंग अथवा नपुंसक लिंग वाले शब्दों में तृतीया विभक्ति के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'टा' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-१४ से प्राप्त 'ण' प्रत्यय के पूर्व में स्थित 'अ' का 'ए' की प्राप्ति होकर *सुहेण* रूप सिद्ध हो जाता है।

पवइ रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१९९ में की गई है।

कपि संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कइ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'प्' का लोप और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *कई* रूप सिद्ध हो जाता है।

रिऊ रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१७७ में की गई है। ॥ १-२३१ ॥

पाटि परुष-परिघ परिखा-पनस पारिभद्रे फः ॥ १-२३२ ॥

ण्यन्ते पटि धातौ परुषादिषु च पस्य फो भवति ॥ फालेइ फाडेइ। फरुसो फलिहा। फलिहा। फणसो। फालिहद्दो ॥

अर्थः—प्रेरणार्थक क्रिया बोधक प्रत्यय सहित पटि धातु में स्थित 'प' का और परुष, परिघ, परिखा, पनस एवं पारिभद्र शब्दों में स्थित 'प' का 'फ' होता है। जैसे:-पाटयति=फालेइ अथवा फाडेइ ॥ परुषः=फरुसो। परिघः=फलिहा ॥ परिखा=फलिहा ॥ पनसः=फणसो। पारिभद्रः=फालिहद्दो ॥

फालेइ और [illegible] रूपों की सिद्धि सूत्र संख्या १-१९८ में की गई है।

परुषः संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप फरुसो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२३२ से 'प' का 'फ', १-२६० से 'प' का 'स' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *फरुसो* रूप सिद्ध हो जाता है।

परिघः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप फलिहो होता है। इसमे सूत्र संख्या १-२३२ से 'प' का 'फ', १-२५४ से 'र' का 'ल', १-१८७ से 'घ का 'ह' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *फलिहो* रूप सिद्ध हो जाता है।

परिखा संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप फलिहा होता है। इसमे सूत्र संख्या १-२३२ से 'प' का 'फ', १-२५४ से 'र' का 'ल' और १-१८७ से 'ख' का 'ह' होकर *फलिहा* रूप सिद्ध हो जाता है।

पनसः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप फणसो होता है। इसमे सूत्र संख्या १-२३२ से 'प' का 'फ', १-२२८ से 'न' का 'ण' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *फणसो* रूप सिद्ध हो जाता है।

पारिभद्रः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप फालिहद्दो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२३२ से "प" का "फ", १-२५४ से "र" का "ल", १-१८७ से "भ" का "ह", २-७९ से द्वितीय "र्" का लोप; २-८९ से "द" का द्वित्व "द्द" और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिंग में "सि" प्रत्यय के स्थान पर "ओ" प्रत्यय की प्राप्ति होकर *फालिहद्दो* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ १-२३२ ॥

प्रभूते वः ॥ १-२३३ ॥

प्रभूते पस्य वो भवति ॥ वहुत्तं

अर्थः प्रभूत विशेषण में स्थित 'प' का 'व' होता है। जैसे:—प्रभूतम्=वहुत्तं ॥

प्रभूतम् संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप वहुत्तं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२३३ से 'प का 'व; २-७९ से 'र्' का लोप, १-१८७ से 'भ' का 'ह', १-८४ से दीर्घ स्वर 'ऊ' को ह्रस्व स्वर 'उ'; २-८९ से 'त' का द्वित्व 'त्त', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *वहुत्तं* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥१-२३३॥

नीपापीडे मो वा ॥१-२३४॥

अनयोः पस्य मो वा भवति ॥ नीमो नीवो ॥ आमेलो आवेडो ॥

अर्थः—नीप और आपीड शब्दों मे स्थित 'प' का विकल्प से 'म' होता है। तदनुसार एक रूप

में तो 'प' का 'म' होता है और द्वितीय रूप में 'प' का 'व' होता है। जैसे—नीप = नीमो अथवा नीवो और आपीड = आमेलो आवेडो ॥

नीप संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप नीमो और नीवो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-२३४ से 'प' का विकल्प से 'म' और द्वितीय रूप में सूत्र संख्या १-२३१ से 'प' का 'व' तथा दोनों ही रूपों में ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से *नीमो* और *नीवो* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

आमेलो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१०५ में की गई है।

आवेडो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२०२ में की गई है। ॥ १-२३४ ॥

पापर्द्धौ रः ॥ १-२३५ ॥

पापर्द्धावपदादौ पकारस्य रो भवति ॥ पारद्धी ॥

अर्थ—पापर्द्धि शब्द में रहे हुए द्वितीय 'प' का 'र' होता है। जैसे—पापर्द्धिः=पारद्धी ॥ इस में विशेष शर्त यह कि 'पापर्द्धि' शब्द वाक्य के प्रारंभ में नहीं होना चाहिये तभी द्वितीय 'प' का 'र' होता है यह बात वृत्ति में 'अपदादौ' से बतलाई है।

पापर्द्धिः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पारद्धी होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२३५ से द्वितीय 'प' का 'र', २-७९ से रफ रूप 'र' का लोप और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *पारद्धी* रूप सिद्ध हो जाता है।

फो भ-हौ ॥ १-२३६ ॥

स्वरात् परस्यासंयुक्तस्यानादेः फस्य भहौ भवतः ॥ क्वचिद् भः। रेफः। रभा ॥ शिफा। सिभा। क्वचित्तु हः। मुक्ताफलं। मुत्ताहलं ॥ क्वचिदुभावपि। सभलं सहलं। सेभालिआ सेहालिआ। सभरी सहरी। गुभइ गुहइ ॥ स्वरादित्येव। गुंफइ ॥ असंयुक्तस्येत्येव। पुप्फं ॥ अनादेरित्येव। चिट्ठइ फणी ॥ प्राय इत्येव। कसण-फणी ॥

अर्थ—यदि किसी शब्द में 'फ' वर्ण स्वर से परे रहता हुआ असंयुक्त और अनादि रूप हो; अर्थात् वह 'फ' वर्ण हलन्त याने स्वर रहित भी न हो एवं आदि में भी स्थित न हो तो उस 'फ' वर्ण का 'भ' और 'ह' होता है। किसी किसी शब्द में 'भ' होता है। जैसे—रेफः=रभा ॥ शिफा=सिभा ॥ किसी किसी शब्द में 'ह' होता है। जैसे—मुक्ताफलम्=मुत्ताहलं ॥ किसी किसी शब्द में 'फ' का 'भ'

और 'ह' दोनों ही होते हैं। जैसे—सफलम्=सभल अथवा सहल ॥ शेफालिका=सेभालिआ अथवा सेहालिआ ॥ शफरी=सभरी अथवा सहरी ॥ गुफति=गुभइ अथवा गुहइ ॥

प्रश्न—'स्वर से परे रहता हुआ हो' ऐसा क्यों कहा गया है ?

उत्तर—क्यों कि यदि किसी शब्द में 'फ' वर्ण स्वर से परे रहता हुआ नहीं होगा तो उस 'फ' वर्ण का 'भ' अथवा 'ह' नहीं होगा। जैसे—गुम्फति=गुफइ। इस उदाहरण में 'फ' वर्ण स्वर से परे रहता हुआ नहीं है, किन्तु हलन्त व्यञ्जन 'म्' के परे रहा हुआ है, अत. यहाँ पर 'फ' का 'भ' अथवा 'ह' नहीं हुआ है। ऐसा ही अन्य उदाहरणों में भी समझ लेना ॥

प्रश्न—'सयुक्त याने हलन्त नहीं होना चाहिये, किन्तु असयुक्त याने स्वर से युक्त होना चाहिये' ऐसा क्यों कहा गया है ?

उत्तर—क्यों कि यदि किसी शब्द में 'फ' वर्ण सयुक्त होगा-स्वर रहित होगा-हलन्त होगा, तो उस 'फ' वर्ण का 'भ' अथवा 'ह' नहीं होगा। जैसे—पुष्पम्=पुप्फ ॥ (ग्रंथकार का यह दृष्टान्त यहाँ पर उपयुक्त नहीं है, क्यों कि अधिकृत विषय हलन्त 'फ' का है, न कि किसी अन्य वर्ण का, अत हलन्त 'फ' का उदाहरण अन्यत्र देख लेना चाहिये।)

प्रश्न—अनादि रूप से स्थित हो, शब्द में प्रथम अक्षर रूप से स्थित नहीं हो, अर्थात् शब्द में आदि स्थान पर स्थित नहीं हो', ऐसा क्यों कहा गया है ?

उत्तर—क्यों कि यदि किसी शब्द में 'फ' वर्ण आदि अक्षर रूप होगा, तो उस 'फ' वर्ण का 'भ' अथवा 'ह' नहीं होगा। जैसे—तिष्ठति फणी=चिट्ठइ फणी ॥ इस उदाहरण में 'फ' वर्ण 'फणी' पद में आदि अक्षर रूप से स्थित है, अत यहाँ पर 'फ' का 'भ' अथवा 'ह' नहीं हुआ है। इसी प्रकार से अन्य उदाहरणों में भी जान लेना चाहिये ॥

प्रश्न—वृत्ति में 'प्राय' अव्यय का ग्रहण क्यों किया गया है ?

उत्तर—'प्राय' अव्यय का उल्लेख यह प्रदर्शित करता है कि किन्हीं किन्हीं शब्दों में 'फ' वर्ण स्वर से परे रहता हुआ असयुक्त और अनादि रूप होता हुआ हो, तो भी उस 'फ' वर्ण का 'भ' अथवा 'ह' नहीं होता है। जैसे—कृष्ण-फणी=कसण-फणी ॥ इस उदाहरण में 'फ' वर्ण स्वर से परे होता हुआ असयुक्त और अनादि रूप है, फिर भी 'फ' वर्ण का न तो 'भ' ही हुआ है, और न 'ह' ही। ऐसा ही अन्य शब्दों के सबध में भी जान लेना चाहिये ॥

रेफ' सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप रेभो होता है। इसमें सूत्र सख्या १-२३६ से 'फ' का 'भ' और ३-२ मे प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर रेभो रूप सिद्ध हो जाता है।

शिफा संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सिमा होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२६० से 'श' का 'स' और १-२३६ से 'फ' को 'म' होकर *सिमा* रूप सिद्ध हो जाता है।

मुक्ताफलम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मुत्ताहलं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७७ से 'क्' का लोप; २-८९ से 'त' का द्वित्व 'त्त'; १-२३६ से 'फ' का 'ह'; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *मुत्ताहलं* रूप सिद्ध हो जाता है।

सफलम् संस्कृत विशेषण है। इसके प्राकृत रूप समलं और सहलं होते हैं इनमें सूत्र संख्या १-२३६ से क्रम से प्रथम रूप में 'फ' का 'म' और द्वितीय रूप में 'फ' का 'ह'; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से *समलं* और *सहलं* दोनों ही रूप सिद्ध हो जाते हैं॥

शेफालिका संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप सेमालिआ और सेहालिआ होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-२६० से 'श' का 'स'; १-२३६ से 'फ' का क्रम से प्रथम रूप में 'म' और द्वितीय रूप में 'फ' का 'ह'; और १-१७७ से 'क्' का लोप होकर क्रम से *सेमालिआ* और *सेहालिआ* दोनों ही रूप सिद्ध हो जाते हैं॥

शफरी संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप समरी और सहरी होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-२६० से 'श' का 'स'; १-२३६ से क्रम से 'फ' का 'म' प्रथम रूप में और 'फ' का 'ह' द्वितीय रूप में होकर दोनों *समरी* और *सहरी* रूप सिद्ध हो जाते हैं॥

गुफति संस्कृत सकर्मक क्रिया पद का रूप है। इसके प्राकृत रूप गुमइ और गुहइ होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-२३६ से क्रम से 'फ' का 'म' प्रथम रूप में और 'फ' का 'ह' द्वितीय रूप में और ३-१३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से *गुमइ* और *गुहइ* दोनों रूप सिद्ध हो जाते हैं॥

गुम्फति संस्कृत सकर्मक क्रियापद का रूप है, इसका प्राकृत रूप गुंफइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२३ से 'म्' का अनुस्वार और ३-१३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *गुंफइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

पुष्पम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पुप्फं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-५३ से 'ष्प' का 'फ'; २-८९ से प्राप्त 'फ' का द्वित्व 'फ्फ'; २-९० से प्राप्त पूर्व 'फ्' का 'प्'; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *पुप्फं* रूप सिद्ध हो जाता है।

चिट्ठइ रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१९९ में की गई है।

कृष्ण संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप कसण होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१२६ से 'ऋ' का 'अ', २-११० से हलन्त 'ष्' मे 'अ' की प्राप्ति, और १-२६० से प्राप्त 'ष' का 'म' होकर *कसण* रूप सिद्ध हो जाता है।

वो वः ॥ १-२३७ ॥

स्वरात् परस्यासंयुक्तस्यानादेर्बस्य वो भवति ॥ अलाबू। अलावू। अलाउ ॥ शबलः। सवलो ॥

अर्थः—यदि किसी शब्द मे 'ब' वर्ण स्वर से परे रहता हुआ असंयुक्त और अनादि रूप हो, अर्थात् वह 'ब' वर्ण हलन्त याने स्वर रहित भी न हो एवं आदि में भी स्थित न हो, तो उस 'ब' वर्ण का 'व' हो जाता है। जैसे-अलाबू=अलाबू अथवा अलावू अथवा अलाऊ ॥ शबल=सवलो ॥

अलाबू संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप अलाबू, और अलावू और अलाऊ होते हैं। इनमे से प्रथम रूप अलाबू में सूत्र संख्या ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में ऊकारान्त में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य दीर्घ स्वर 'ऊ' एवं विसर्ग का दीर्घ स्वर 'ऊ' ही रह कर *अलाबू* सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में सूत्र संख्या १-२३७ से 'ब' का 'व' और ३-१९ मे प्रथम रूप के समान ही प्रथमा विभक्ति का रूप सिद्ध होकर *अलावू* रूप भी सिद्ध हो जाता है। तृतीय रूप *अलाऊ* की सिद्धि सूत्र संख्या १-६६ में की गई है।

शबलः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सवलो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२६० से 'श' का 'स', १-२३७ से 'ब' का 'व' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सवलो* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ १-२३७ ॥

बिसिन्यां भः ॥ १-२३८ ॥

बिसिन्यां बस्य भो भवति ॥ भिसिणी ॥ स्त्रीलिंगनिर्देशादिह न भवति। बिस-तन्तु-पेलवाण ॥

अर्थ.—बिसिनी शब्द में रहे हुए 'ब' वर्ण का 'भ' होता है। जैसे -बिसिनी=भिसिणी ॥ बिसिनी शब्द जहां स्त्रीलिंग में प्रयुक्त होगा; वहीं पर ही बिसिनी में स्थित 'ब' का 'भ' होगा। किन्तु जहाँ पर 'बिस' रूप निर्धारित होकर नपुंसक लिंग में प्रयुक्त होगा, वहाँ पर 'बिस' में स्थित 'ब' का 'भ' नहीं होगा। जैसे -बिस-तन्तु-पेलवानाम्=बिस-तन्तु-पेलवाणं ॥ इस उदाहरण में 'बिस' शब्द नपुंसक लिंग में रहा हुआ है, अत. 'बिस' में स्थित 'ब' का 'भ' नहीं हुआ है। यों लिंग-भेद से वर्ण-भेद जान लेना ॥

मिसिनी संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मिसिणी होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२३८ से ब का 'म और १-२२८ से 'न का 'ण होकर *मिसिणी* रूप सिद्ध हो जाता है।

बिस-तन्तु-पेलवानाम् संस्कृत षष्ठयन्त वाक्यांश है। इसका प्राकृत रूपांतर बिस-तन्तु-पेलवाणं होता है। इसमें केवल विभक्ति प्रत्यय का ही अन्तर है। तदनुसार सूत्र-संख्या ३-६ से संस्कृत षष्ठी बहुवचन के प्रत्यय आम् के स्थान पर 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति ३-१२ से प्राप्त ण प्रत्यय के पूर्व में स्थित 'व में रहे हुए 'अ को आ की प्राप्ति और १-२७ से 'ण' प्रत्यय पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर *बिस-तन्तु पेलवाणं* रूप की सिद्धि हो जाती है॥ १-२३८॥

कबन्धे म-यौ ॥ १-२३९ ॥

कबन्धे बस्य मयौ भवतः ॥ कमन्धो ॥ कयन्धो ॥

अर्थ—कबन्ध शब्द में स्थित 'ब का कभी 'म होता है और कभी 'य होता है। तदनुसार कबन्ध के दो रूप होते हैं। जो कि इस प्रकार हैं—कमन्धो और कयन्धो॥

कबन्ध संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप कमन्धो और कयन्धो होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-२३९ से प्रथम रूप में 'ब' का 'म' और द्वितीय रूप में इसी सूत्रानुसार 'ब' का 'य तथा ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से *कमन्धो* और *कयन्धो* की सिद्धि हो जाती है। ॥ १-२३९॥

कैटभे भो व ॥ १-२४० ॥

कैटभे भस्य वो भवति ॥ केढवो ॥

अर्थ—कैटभ शब्द में स्थित 'भ का 'व' होता है। जैसे-कैटभः=केढवो॥

केढवो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *१-१४८* में की गई है। ॥ १-२४०॥

विषमे मो ढो वा ॥ १-२४१ ॥

विषमे मस्य ढा वा भवति ॥ विसढो। विसमो ॥

अर्थ—विषम शब्द में स्थित 'म का वैकल्पिक रूप से 'ढ' होता है। जैसे-विषमः=विसढो अथवा विसमो॥

विषम संस्कृत विशेषण है। इसके प्राकृत रूप विसढो और विसमो होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-२६० से 'ष का 'स; १-२४१ से 'म' का वैकल्पिक रूप से 'ढ और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक

वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से *विसढो* और विमसो की सिद्धि हो जाती है। ॥ १-२४१ ॥

मन्मथे वः ॥ १-२४२ ॥

मन्मथे मस्य वो भवति ॥ वम्महो ॥

अर्थः—मन्मथ शब्द मे स्थित आदि 'म' का 'व' होता है। जैसे.-मन्मथ =वम्महो ॥

मन्मथ सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप वम्महो होता है। इसमें सूत्र सख्या १-२४२ से आदि 'म' का 'व', २-६१ से 'न्म' का 'म', २-८९ से प्राप्त 'म' का द्वित्व 'म्म', १-१८७ से 'थ' का 'ह' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वम्महो* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ १-२४२ ॥

वाभिमन्यौ ॥ १-२४३ ॥

अभिमन्यु शब्दे मो वो वा भवति ॥ अहिवन्नू अहिमन्नू ॥

अर्थ.—अभिमन्यु शब्द में स्थित 'म' का वैकल्पिक रूप से 'व' होता है।

अभिमन्यु =अहिवन्नू अथवा अहिमन्नू ॥

अभिमन्यु सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप अहिवन्नू और अहिमन्नू होते हैं। इनमे सूत्र संख्या १-१८७ से 'भ का 'ह', १-२४३ से 'म' का विकल्प से 'व', २-७८ से 'य' का लोप, २-८९ से शेष 'न्' का द्वित्व 'न्न्' और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में उकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर क्रम से *अहिवन्नू* और *अहिमन्नू* दोनो रूप सिद्ध हो जाते हैं। ॥ १-२४३ ॥

भ्रमरे सो वा ॥ १-२४४ ॥

भ्रमरे मस्य सो वा भवति ॥ भसलो भमरो ॥

अर्थः-भ्रमर शब्द में स्थित 'म' का विकल्प से 'स' होता है। जैसे -भ्रमर=भसलो अथवा भमरो ॥

भ्रमर' सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप भसलो और भमरो होते हैं। इनमे से प्रथम रूप में सूत्र संख्या २-७९ से प्रथम 'र्' का लोप, १-२४४ से विकल्प से 'म' का स, १-२५४ से द्वितीय 'र' का 'ल और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *भसलो* सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में सूत्र सख्या २-७९ से प्रथम 'र्'का लोप,

और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *ममरो* भी सिद्ध हो जाता है। ॥ १-२४४ ॥

आदेर्यो जः ॥ १-२४५ ॥

पदादेर्यस्य जो भवति ॥ जसो । जमो । जाइ ॥ आदेरिति किम् । अवयवो । विणओ ॥ बहुलाधिकारात् सोपसर्गस्यानादेरपि । संजमो संजोगो । अवजसो ॥ क्वचिन्न भवति । पओओ ॥ आर्षे लोपोपि । यथाख्यातम् । अहक्खायं ॥ यथाजातम् । अहाजायं ॥

अर्थ—यदि किसी पद अथवा शब्द के आदि में 'य' रहा हुआ हो तो उस 'य' का प्राकृत रूपान्तर में 'ज' हो जाता है। जैसे—यशः=जसो ॥ यमः=जमो ॥ याति=जाइ ॥

प्रश्न—'य' वर्ण पद के आदि में रहा हुआ हो तभी 'य' का 'ज' होता है; ऐसा क्यों कहा गया है?

उत्तर—यदि 'य' वर्ण पद के आदि में नहीं होकर पद के मध्य में अथवा अन्त में रहा हुआ हो; अर्थात् 'य' वर्ण पद में अनादि रूप से स्थित हो तो उस 'य' का 'ज' नहीं होता है। जैसे—अवयवः=अवयवो ॥ विनयः=विणओ ॥ इन उदाहरणों में 'य' अनादि रूप है अतः इनमें 'य' का 'ज' नहीं हुआ है। यों अन्य पदों के सम्बन्ध में भी जान लेना ॥

'बहुलम्' सूत्र के अधिकार से यदि कोई पद उपसर्ग सहित है, तो उस उपसर्ग सहित पद में अनादि रूप से रहे हुए 'य' का भी 'ज' हो जाया करता है। जैसे—संयमः=संजमो ॥ संयोगः=संजोगो ॥ अपयशः=अवजसो ॥ इन उदाहरणों में अनादि रूप से स्थित 'य' का भी 'ज' हो गया है। कभी कभी ऐसा पद भी पाया जाता है जो कि उपसर्ग सहित है और जिसमें 'य' वर्ण अनादि रूप से स्थित है; फिर भी उस 'य' का 'ज' नहीं होता है। जैसे—प्रयोगः=पओओ ॥ आर्ष-प्राकृत-पदों में आदि में स्थित 'य' वर्ण का लोप होता हुआ भी पाया जाता है। जैसे—यथाख्यातम्=अहक्खायं ॥ यथाजातम्=अहाजायं ॥ इत्यादि ॥

जसो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-११ में की गई है।

यमः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप *जमो* होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२४५ से 'य' का 'ज' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जमो* रूप सिद्ध हो जाता है।

याति संस्कृत सकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप *जाइ* होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२४५ से 'य' का 'ज' और ३-१३९ से वर्तमान काल के एक वचन के प्रथम पुरुष में संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जाइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

अवयवः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप अवयवो होता है। इसमें सूत्र सख्या ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अवयवो* रूप सिद्ध हो जाता है।

विनयः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप विणओ होता है। इसमे सूत्र सख्या १-२२८ से 'न' का 'ण', १-१७७ से 'य्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विणओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

सयम संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सजमो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२४५ से 'य' का 'ज' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *संजमो* रूप सिद्ध हो जाता है।

संयोगः सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सजोगो होता है। इसमे सूत्र संख्या १-२४५ से 'य' का 'ज' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *संजोगो* रूप सिद्ध हो जाता है।

अपयशस् सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप अवजसो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२३१ से 'प' का 'व', १-२४५ से 'य' का 'ज', १-२६० से 'श' का 'स', १-११ से अन्त्य हलन्त 'स्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' की प्राप्ति होकर *अवजसो* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रयोगः सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पओओ होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, १-१७७ से 'य्' और 'ग्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' की प्राप्ति होकर *पओओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

यथाख्यातम् सस्कृत रूप है। इसका आर्ष प्राकृत रूप अहक्खाय होता है। इस मे सूत्र सख्या १-२४५ से-(वृत्ति मे)-'य' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, १-१८७ से 'थ' का 'ह', १-८४ से प्राप्त 'हा' में स्थित 'आ' को 'अ' की प्राप्ति, २-७८ से 'य्' का लोप, २-८९ से 'ख' को द्वित्व 'ख्ख' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ख्' को 'क्' की प्राप्ति, १-१७७ से 'त्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'त' में से शेष रहे हुए 'अ' को 'य' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त नपु सकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *अहक्खायं* रूप सिद्ध हो जाता है।

यथाजातम् सस्कृत विशेषण है। इसका आर्ष-प्राकृत में अहाजाय रूप होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-२४५ की वृत्ति से 'य' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, १-१८७ से 'थ' का 'ह', १-१७७ से 'त्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'त्' में से शेष रहे हुए 'अ' को 'य की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के

एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *अद्धाजायं* रूप सिद्ध हो जाता है ॥ १-२४५ ॥

युष्मद्यर्थपरे तः ॥ १-२४६ ॥

युष्मच्छब्देर्थपरे यस्य तो भवति ॥ तुम्हारिसो । तुम्हकेरो ॥ अर्थे पर इति किम् । जुम्ह दम्ह-पयरणं ॥

अर्थ —जब 'युष्मद्' शब्द का पूर्ण रूप से 'तू-तुम' अर्थ व्यक्त होता हो तभी 'युष्मद्' शब्द में स्थित 'य' वर्ण का 'त' हो जाता है। जैसे —युष्मादृशः=तुम्हारिसो ॥ युष्मदीयः=तुम्हकेरो ॥

प्रश्नः- 'अर्थ पर' अर्थात् पूर्ण रूप से 'तू तुम' अर्थ व्यक्त होता हो तभी 'युष्मद्' शब्द में स्थित 'य' वर्ण का 'त' होता है, ऐसा क्यों कहा गया है ?

उत्तर'—यदि तू-तुम अर्थ 'युष्मद्' शब्द का नहीं होता हो एवं कोई अन्य अर्थ 'युष्मद्' शब्द का प्रकट होता हो तो उस 'युष्मद्' शब्द में स्थित 'य' का 'त' नहीं होकर 'य' का 'ज' सूत्र-संख्या १-२४५ के अनुसार होता है । जैसे'—युष्मदस्मत्प्रकरणम्=(अमुक-तमुक से संबंधित=अनिश्चित व्यक्ति से संबंधित=) जुम्ह दम्ह-पयरणं ॥ इस उदाहरण में स्थित 'युष्मद्' सर्वनाम 'तू-तुम' अर्थ का प्रकट नहीं करता है, अतः इस में स्थित 'य' वर्ण का 'त' नहीं होकर 'ज' हुआ है ॥

तुम्हारिसो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१४२ में की गई है ।

युष्मदीय' संस्कृत विशेषण रूप है । इसका प्राकृत रूप तुम्हकेरो होता है । इसमें सूत्र संख्या १-२४६ से 'य' का 'त', २-७४ से 'ष्म' के स्थान पर 'म्ह' की प्राप्ति; १-११ से 'युष्मद्' शब्द में स्थित अन्त्य व्यञ्जन 'द्' का लोप; २-१४७ से 'सम्बन्ध वाला' अर्थद्योतक संस्कृत प्रत्यय 'ईय' के स्थान पर प्राकृत में 'केर' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *तुम्हकेरो* रूप सिद्ध हो जाता है ।

युष्मद्-अस्मद् संस्कृत सर्वनाम मूल रूप हैं । इनका (अमुक-तमुक अर्थ में) प्राकृत रूप जुम्ह दम्ह होता है । इनमें सूत्र संख्या १-२४५ से 'य्' का 'ज्', २-७४ से 'ष्म' और 'स्म' के स्थान पर 'म्ह' की प्राप्ति; ...५ से 'युष्मद्' में स्थित 'द्' की परवर्ती 'अ' के साथ संधि, और १-११ से 'अस्मद्' में स्थित अन्त्य 'द्' का लोप होकर *जुम्हदम्ह* रूप की सिद्धि हो जाती है ।

प्रकरणम् संस्कृत रूप है । इसका प्राकृत रूप *पयरणं* होता है । इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से प्रथम 'र्' का लोप; १-१७७ से 'क' का लोप; १-१८० से लोप हुए 'क्' में से शेष रहे हुए 'अ' को 'य' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *पयरणं* रूप सिद्ध हो जाता है । ॥१-२४६॥

यष्ट्यां लः ॥ १-२४७ ॥

यष्ट्यां यस्य लो भवति ॥ लट्ठी । वेणु-लट्ठी । उच्छु-लट्ठी । महु-लट्ठी ॥

अर्थ —यष्टि शब्द मे स्थित 'य' का 'ल' होता है। जैसे.-यष्टि =लट्ठी ॥ वेणु-यष्टि =वेणु-लट्ठी ॥ इक्षु-यष्टि =उच्छु-लट्ठी ॥ मधु-यष्टि =महु-लट्ठी ॥

यष्ठि' = सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप लट्ठी होता है। इसमे सूत्र सख्या १-२४७ से 'य' का 'ल, २-३४ से 'ष्ट' को 'ठ', २-८६ से प्राप्त 'ठ' का द्वित्व 'ठ्ठ', २-६० से प्राप्त पूर्व 'ठ्' का 'ट्', और ३-१६ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे इकारान्त स्त्रीलिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' एव विसर्ग को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *लट्ठी* रूप सिद्ध हो जाता है।

वेणु-यष्टि: सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप *वेणु-लट्ठी* होता है। इस रूप की सिद्धि ऊपर सिद्ध किये हुए 'लट्ठी' रूप के समान ही जानना ॥

इक्षु-यष्टिः-सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप उच्छु-लट्ठी होता है। इसमे सूत्र सख्या १-९५ से 'इ' को 'उ' की प्राप्ति, २-३ से 'क्ष्' को 'छ' की प्राप्ति, २-८६ से प्राप्त 'छ' को द्वित्व 'छछ', २-६० से प्राप्त पूर्व 'छ' को 'च्' की प्राप्ति और शेष सिद्धि उपरोक्त लट्ठी के समान ही होकर *उच्छु-लट्ठी* रूप की सिद्धि हो जाती है।

मधु-यष्टिः सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप महु-लट्ठी होता है। इसमे सूत्र सख्या १-१८७ से 'ध्' का 'ह्' और शेष सिद्धि उपरोक्त लट्ठी के समान ही होकर *महु-लट्ठी* रूप की सिद्धि हो जाती है। ॥ १-२४७ ॥

वोत्तरीयानीय-तीय-कृद्ये ज्जः ॥ १-२४८ ॥

उत्तरीय शब्दे अनीयतीय कृद्य प्रत्ययेषु च यस्य द्विरुक्तो जो वा भवति ॥ उत्तरिज्जं उत्तरीअं ॥ अनीय । करणिज्जं--करणीअं ॥ विम्हयणिज्ज विम्हयणीअं ॥ जवणिज्जं । जवणीअ ॥ तीय । बिइज्जो बीओ ॥ कृद्य । पेज्जा पेआ ॥

अर्थः—उत्तरीय शब्द में और जिन शब्दों में 'अनीय', अथवा 'तीय' अथवा कृदन्त वाचक 'य' प्रत्ययों में से कोई एक प्रत्यय रहा हुआ हो तो इनमें रहे हुए 'य' वर्ण का द्वित्व 'ज्ज' की वैकल्पिक रूप से प्राप्ति हुआ करती है। जैसे –उत्तरीयम्=उत्तरिज्ज अथवा उत्तरीअ ॥ 'अनीय' प्रत्यय से सबधित उदाहरण इस प्रकार हैं–करणीयम्=करणिज्ज अथवा करणीअं ॥ विस्मयनीयम्=विम्हयणिज्ज अथवा विम्हयणीअ ॥ यापनीयम्=जवणिज्ज अथवा जवणीअ ॥ 'तीय' प्रत्यय का उदाहरण –द्वितीय =बिइज्जो

अथवा पीओ ॥ कृदन्त वाचक 'य प्रत्यय का उदाहरण–पेयाः=पेज्जा अथवा पेआ ॥ उपरोक्त सभी उदाहरणों में 'य वर्ण को द्वित्व 'ज्ज की विकल्प से प्राप्ति हुई है।

उत्तरीयम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप उत्तरिज्जं अथवा उत्तरीअं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर ई को ह्रस्व स्वर इ की प्राप्ति, १-२४८ से विकल्प से 'य को द्वित्व 'ज्ज की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'म् प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *उत्तरिज्जं* सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में १-१७७ से 'य् का लोप और शेष सिद्धि प्रथम रूप के समान ही होकर *उत्तरीअं* रूप जानना।

करणीयम् संस्कृत कृदन्त रूप है। इसके प्राकृत रूप करणिज्जं अथवा करणीअं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'ई का ह्रस्व स्वर 'इ की प्राप्ति; १-२४८ से विकल्प से 'य को द्वित्व 'ज्ज की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर 'म् प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म् का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *करणिज्जं* सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप *करणीअं* में सूत्र संख्या १-१७७ से 'य् का लोप और शेष सिद्धि प्रथम रूप के समान ही होती है ॥

विस्मयनीयम् संस्कृत कृदन्त रूप है। इसके प्राकृत रूप विम्हयणिज्जं अथवा विम्हयणीअं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-७४ से 'स्म के स्थान पर 'म्ह की प्राप्ति १-२२८ से न' का 'ण, १-८४ से दीर्घ स्वर 'ई को ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति, १-२४८ से द्वितीय 'य' को विकल्प से द्वित्व 'ज्ज की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म् का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *विम्हयणिज्जं* सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में सूत्र-संख्या १-१७७ से द्वितीय 'य् का विकल्प से लोप और शेष सिद्धि प्रथम रूप के समान ही होकर *विम्हयणीअं* जानना।

यापनीयम् संस्कृत कृदन्त रूप है। इसके प्राकृत रूप जवणिज्जं अथवा जवणीअं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-२४५ से आदि य को 'ज' की प्राप्ति, १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' को 'अ' की प्राप्ति, १-२३१ से प का 'व १-२२८ से 'न का 'ण १-८४ से दीर्घ स्वर ई को ह्रस्व 'इ' की प्राप्ति १-२४८ से वैकल्पिक रूप से द्वितीय य को द्वित्व 'ज्ज की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म् का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *जवणिज्जं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप में सूत्र संख्या १-१७७ से द्वितीय 'य् का विकल्प से लोप और शेष सिद्धि प्रथम रूप के समान होकर *जवणीअं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीयः संस्कृत विशेषण है। इसके प्राकृत रूप विइज्जो और बीओ होते हैं। इनमे से प्रथम रूप में सूत्र संख्या २-७७ से 'द्' का लोप, ४-४४७ से 'व' के स्थान पर 'ब की प्राप्ति, १-१७७ से 'त्' का लोप, १-८४ से दीर्घ स्वर 'ई' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति, १-२४८ से 'य' के स्थान पर द्वित्व 'ज्ज' की विकल्प से प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विइज्जो* रूप सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप *बीओ* की सिद्धि सूत्र संख्या १-५ मे की गई है।

पेया संस्कृत कृदन्त रूप है। इसके प्राकृत रूप पेज्जा और पेआ होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-२४८ से 'य' के स्थान पर विकल्प से द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति होकर *पेज्जा* रूप सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप मे सूत्र संख्या १-१७७ से 'य्' का लोप हाकर *पेआ* रूप सिद्ध हो जाता है।१-२४८।

छायायां होऽकान्तौ वा ॥१-२४९॥

अकान्तौ वर्तमाने छाया शब्दे यस्य हो वा भवति ॥ वच्छस्स छाही। वच्छस्स छाया ॥ आतपाभावः। सच्छाहं सच्छायं ॥ अकान्ताविति किम् ॥ मुह-च्छाया। कान्तिरित्यर्थः ॥

अर्थः—छाया शब्द का अर्थ कांति नहीं होकर परछाई हो तो छाया शब्द में रहे हुए 'य' वर्ण का विकल्प से 'ह' होता है। जैसे—वृक्षस्य छाया=वच्छस्स-छाही अथवा वच्छस्स-छाया ॥ यहाँ पर छाया शब्द का तात्पर्य 'आतप अर्थात् धूप का अभाव' है। इसीलिये छाया मे रहे हुए 'य' वर्ण का विकल्प से 'ह' हुआ है। दूसरा उदाहरण इस प्रकार है—सच्छायम्=(छाया सहित)=सच्छाहं अथवा सच्छायं ॥

प्रश्न—'छाया शब्द का अर्थ कांति नहीं होने पर ही 'छाया' में स्थित 'य' वर्ण का विकल्प से 'ह' होता है' ऐसा क्यों कहा गया है ?

उत्तर —यदि छाया शब्द का अर्थ परछांई नहीं होकर काति वाचक होगा तो उस दशा में छाया में रहे हुए 'य' वर्ण को विकल्प से होने वाले 'ह' की प्राप्ति नहीं होगी, किन्तु उसका 'य' वर्ण ही रहेगा। जैसे'-मुख-छाया =(मुख की काति)=मुह-च्छाया ॥ यहाँ पर छाया शब्द का तात्पर्य कान्ति है। अत छाया शब्द में स्थित 'य' वर्ण 'ह' में परिवर्तित नहीं होकर ज्यों का त्यो ही-यथा रूप मे ही स्थित रहा है।

वृक्षस्य संस्कृत षष्ठ्यन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप वच्छस्स होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१२६ से 'ऋ' का 'अ', २-१७ से 'क्ष' का 'छ', २-८९ से प्राप्त 'छ' को द्वित्व 'छछ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'छ्' को 'च्' की प्राप्ति, और ३-१० से संस्कृत में षष्ठी-विभक्ति-बोधक 'स्य' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वच्छस्स* रूप सिद्ध हो जाता है।

छाया संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप छाही और छाया होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-२४९ से 'य' के स्थान पर विकल्प से 'ह' की प्राप्ति और ३-३१ से 'आ' में अर्थात् प्राप्त रूप से प्राप्त 'हा' में स्थित 'आ' को स्त्रीलिंग स्थिति में विकल्प से 'ई' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप छाही सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप छाया संस्कृत के समान ही होने से सिद्धवत् ही है।

सच्छायम् संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप सच्छाहं और सच्छायं होता है। प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-२४९ से 'य' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप सच्छाहं सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में सूत्र-संख्या १-२३ से 'म्' का अनुस्वार हो कर सच्छायं रूप सिद्ध हो जाता है।

मुख-छाया संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मुह-च्छाया होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१८७ से 'ख' का 'ह', २-८९ से 'छ' का द्वित्व 'छ्छ' की प्राप्ति और २-९० से प्राप्त पूर्व 'छ्' को 'च्' की प्राप्ति होकर मुहच्छाया रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ १-२४९ ॥

डाह-वौ कतिपये ॥ १-२५० ॥

कतिपये यस्य डाह व इत्येतौ पर्यायेण भवतः ॥ कइवाहं । कइअवं ॥

अर्थ:—कतिपय शब्द में स्थित 'य' वर्ण का क्रम से पर्याय रूप से 'आह' की और 'व' की प्राप्ति होती है। जो कि इस प्रकार है—कइवाहं और कइअवं ॥ कतिपयम् संस्कृत विशेषण है। इसके प्राकृत में कइवाहं और कइअवं दो रूप होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप; १-२३१ से 'प' का 'व'; १-२५० से 'य' का 'आह' की प्राप्ति; १-५ से 'व' में स्थित 'अ' के साथ प्राप्त 'आह' में स्थित 'आ' की संधि होकर 'वाह' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप कइवाहं सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप कइअवं में सूत्र-संख्या १-१७७ से 'त' और 'प' का लोप; १-२५० से 'य' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति और शेष सिद्धि प्रथम रूप के समान ही होकर कइअवं रूप भी सिद्ध हो जाता है ॥ १-२५० ॥

किरि-भेरे रो डः ॥ १-२५१ ॥

अनयोः रस्य डो भवति ॥ किडी । भेडो ॥

अर्थ:—किरि और भेर शब्द में रहे हुए 'र' का 'ड' होता है। जैसे—किरिः=किडी। भेरः=भेडो ॥

किरिः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप किडी होता है। इसमे सूत्र-संख्या १-२५१ से 'र' का 'ड' और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *किडी* रूप सिद्ध हो जाता है।

भरः संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप भेडो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२५१ से 'र' का 'ड' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *भेडो* रूप सिद्ध हो जाता है॥ १-२५१ ॥

पर्याणे डा वा ॥ १-२५२ ॥

पर्याणे रस्य डा इत्यादेशो वा भवति ॥ पडायाणं । पल्लाणं ॥

अर्थ -पर्याण शब्द मे रहे हुए 'र्' के स्थान पर विकल्प से 'डा' का आदेश होता है। जैसे-पर्याणम् = पडायाण अथवा पल्लाण ॥

पर्याणम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप पडायाण और पल्लाणं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप मे सूत्र-सख्या १-२५२ से 'र्' के स्थान पर 'डा' का विकल्प से आदेश, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त नपुंसकलिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *पडायाणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप में सूत्र-सख्या २-६८ से 'र्य' के स्थान पर 'ल्ल' की प्राप्ति और शेष सिद्धि प्रथम रूप के समान ही होकर *पल्लाणं* रूप सिद्ध हो जाता है॥ १-२५२ ॥

करवीरे णः ॥ १-२५३ ॥

करवीरे प्रथमस्य रस्य णो भवति ॥ कणवीरो ॥

अर्थः—करवीर शब्द मे स्थित प्रथम 'र' का 'ण' होता हैं। जैसे -करवीरः =कणवीरो ॥

करवीरः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कणवीरो होता हैं। इसमे सूत्र-सख्या १-२५३ से प्रथम 'र' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *कणवीरो* रूप की सिद्धि हो जाती है ॥१-२५३॥

हरिद्रादौ लः ॥ १-२५४ ॥

हरिद्रादिषु शब्देषु असंयुक्तस्य रस्य लो भवति ॥ हलिद्दी दलिद्दाइ । दलिद्दो । दालिद्दं । हलिद्दो । जहुट्ठिलो । सिढिलो । मुहलो । चलणो । वलुणो । कलुणो । इङ्गालो । सक्कालो ।

सोमालो । चिलाओ । फलिहा । फलिहो । फालिहद्दो । काहलो । लुक्को । अवद्दालं । भसलो । जढलं । बढलो । निट्ठुलो । बहुलाधिकाराच्चरण शब्दस्य पादार्थवृत्तेरेव । अन्यत्र चरण करणं ॥ भ्रमरे स संनियोगे एव । अन्यत्र भमरो । तथा । जढरं । बढरो । निट्ठुरो इत्याद्यपि ॥ हरिद्रा दरिद्राति । दरिद्र । दारिद्र्य । हारिद्र । युधिष्ठिर । शिथिर । मुखर । चरण । वरुण । करुण । अङ्गार । सत्कार । सुकुमार । किरात । परिखा । परिघ । पारिभद्र । कातर । रुग्ण । अपद्वार । भ्रमर । जठर। बठर । निष्ठुर । इत्यादि ॥ आर्षे दुवालसङ्गे इत्याद्यपि ॥

अर्थ—इसी सूत्र में नीचे लिखे हुए हरिद्रा दरिद्राति इत्यादि शब्दों में रहे हुए असंयुक्त अर्थात् स्वरान्त 'र' वर्ण का 'ल' होता है। जैसे हरिद्रा=हलिद्दी दरिद्राति=दलिद्दाइ, दरिद्र=दलिद्दो दारिद्र्यम्= दालिद्दं हारिद्र=हलिद्दो युधिष्ठिर=जहुट्ठिलो शिथिर=सिढिलो मुखर=मुहलो चरण=चलणो वरुण= वलुणो, करुण=कलुणो, अङ्गार=इङ्गालो सत्कार= सक्कालो सुकुमार=सोमालो किरात=चिलाओ परिखा=फलिहा परिघ=फलिहो पारिभद्र=फालिहद्दो कातर =काहलो रुग्ण=लुक्को अपद्वारम्= अवद्दालं भ्रमर=भसलो, जठरम्=जढलं, बठर=बढलो और निष्ठुर =निट्ठुलो ॥ इत्यादि ॥ इन उपरोक्त सभी शब्दों में रहे हुए असंयुक्त 'र' वर्ण का 'ल' हुआ है। इसी प्रकार से अन्य शब्दों में भी 'र' का 'ल' होता है, ऐसा जान लेना ॥ 'बहुलम्' सूत्र के अधिकार से 'चरण' शब्द में रहे हुए असंयुक्त 'र' का 'ल' उसी समय में होता है जबकि 'चरण' शब्द का अर्थ 'पैर' हो यदि 'चरण' शब्द का अर्थ चारित्र वाचक हो तो उस समय में 'र' का 'ल' नहीं होगा। जैसे—चरण-करणम्=चरण करणं अर्थात् चारित्र तथा गुण-संयम ॥ इसी प्रकार से 'भ्रमर' शब्द में रहे हुए 'र' का 'ल' उसी समय में होता है; जबकि इसमें स्थित 'म' का 'स' होता हो, यदि इस 'म' का 'स' नहीं होता है तो 'र' का भी 'ल' नहीं होगा। जैसे—भ्रमर=भमरो इसी प्रकार से बहुलं सूत्र के अधिकार से कुछ एक शब्दों में 'र' का 'ल' विकल्प से होता है तदनुसार उन शब्दों के उदाहरण इस प्रकार हैं—जठरम्=जढरं जढलं बठर= बढरो बढलो और निष्ठुर=निट्ठुरो निट्ठुलो इत्यादि ॥ आर्ष प्राकृत में 'र' का भी 'ल' होता हुआ देखा जाता है। जैसे—द्वादशाङ्गे=दुवालसंगे ॥ इत्यादि ॥

हलिद्दी रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-८८ में की गई है।

दरिद्राति संस्कृत अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप दलिद्दाइ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२५४ से प्रथम एवं असंयुक्त 'र' का 'ल', २-७९ से अथवा २-८० से द्वितीय 'र्' का लोप २-८९ से लोप हुए 'र्' में से शेष रहे हुए 'द्' का द्वित्व 'द्द' और ३-१३९ से वर्तमान काल के एक वचन में प्रथम पुरुष में संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *दलिद्दाइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

दरिद्र संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप दलिद्दो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२५४ से असंयुक्त 'र' का 'ल' २-७९ से अथवा २-८० से द्वितीय 'र' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र्' में से

शेष रहे हुए 'द्' का द्वित्व 'द्द' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *दलिद्दो* रूप सिद्ध हो जाता है।

दारिद्र्यम् सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप दालिद्दं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२५४ से 'असयुक्त' 'र' का 'ल', २-७९ से अथवा २-८० से द्वित्व 'र्' का लोप, २-७८ से 'य' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र्' तथा 'य्' मे से शेष रहे हुए 'द्' का द्वित्व 'द्द', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुसंकलिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त हुए 'म' का अनुस्वार होकर *दालिद्दं* रूप सिद्ध हो जाता है।

हारिद्र सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप हलिद्दो होता है। इसमें सूत्र सख्या १-८४ से आदि दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति, १-२५४ से असयुक्त 'र' का 'ल', २-७९ से अथवा २-८० से द्वितीय सयुक्त 'र' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र्' मे से शेष रहे हुए 'द' को द्वित्व 'द्द' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *हालिद्दो* रूप सिद्ध हो जाता है।

जहुट्ठिलो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-९६ में की गई है।

सिढिलो रूप की सिद्धि सूत्र सख्या १-२१५ मे की गई है।

मुखर: सस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप मुहलो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१८७ से 'ख' का 'ह', १-२५४ से 'र' का 'ल' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मुहलो* रूप सिद्ध हो जाता है।

चरण: सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप चलणो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२५४ से 'र' का 'ल' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *चलणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

वरुण: संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप वलुणो होता है। इसमें सूत्र सख्या १-२५४ से 'र' का 'ल' और ३-२ से प्रथमा बिभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वलुणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

करुण: सस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप कलुणो होता है। इसमें सूत्र सख्या १-२५४ में 'र' का 'ल' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *कलुणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

इगालो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-४७ में की है।

सत्कार: सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सक्कालो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७७ से 'त्' का

लोप' २-८८ से 'क' को द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति १-२५४ से 'र' का 'ल' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सक्कालो* रूप सिद्ध हो जाता है।

सोमालो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१७१ में की गई है।

पिङ्गलो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१८७ में की गई है।

फलिहा रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२३२ में की गई है।

फलिहो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२३२ में की गई है।

फालिहद्दो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२३२ में की गई है।

फरुलो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२१४ में की गई है।

रुग्ण संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप लुक्को होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२५४ से 'र' का 'ल' २-२ से संयुक्त 'ग्ण' के स्थान पर द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *लुक्को* रूप की सिद्धि हो जाती है।

अपद्वारम्—संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप अवद्दालं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२३१ से 'प' का 'व' २-७९ से 'व्' का लोप' २-८९ से लोप हुए 'व्' में से शेष रहे हुए 'द' का द्वित्व 'द्द' की प्राप्ति, १-२५४ से 'र' का 'ल' ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *अवद्दालं* रूप सिद्ध हो जाता है।

भसलो—रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२४४ में की गई है।

जठरम्—संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप जढलं और जढरं होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-१९९ से 'ठ' का 'ढ' १-२५४ से प्रथम रूप में 'र' का 'ल' और द्वितीय रूप में १-२ से 'र' का 'र' ही, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर दोनों रूप *जढलं* तथा *जढरं* क्रम से सिद्ध हो जाते हैं।

बठरः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप बढलो और बढरो होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-१९९ से 'ठ' का 'ढ' १-२५४ से प्रथम रूप में 'र' का 'ल' तथा द्वितीय रूप में १-२ से 'र' का 'र' ही और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर दोनों रूप *बढलो* और *बढरो* क्रम से सिद्ध हो जाते हैं।

निष्ठुरः संस्कृत विशेषण है। इसके प्राकृत रूप निट्ठुलो और निट्ठुरो होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या २-७७ से 'ष्' का लोप, २-८९ से 'ठ्' को द्वित्व 'ठठ्' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ठ्' को 'ट्' की प्राप्ति; १-२५४ से 'र' का 'ल' तथा द्वितीय रूप में १-२ से 'र' का 'र' ही और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर दोनो रूप *निट्ठुलो* एवं *निट्ठुरो* क्रम से सिद्ध हो जाते हैं।

चरण-करणम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप चरण-करणं ही होता है। इसमे सूत्र-संख्या १-२३ से 'म' का अनुस्वार होकर *चरण-करण* रूप सिद्ध हो जाता है।

भमरो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या *१-२४४* मे की गई है।

द्वादशाङ्गे संस्कृत सप्तम्यन्त रूप है। इसका आर्ष-प्राकृत में दुवालसङ्गे रूप होता है। इसमे सूत्र सख्या १-७९ से 'द्वा' को पृथक् पृथक् करके हलन्त 'द्' में 'उ' की प्राप्ति, १-२५४ की वृत्ति से द्वितीय 'द्' के स्थान पर 'ल' की प्राप्ति, १-२६० से 'श' का 'स', १-८४ से प्राप्त 'सा' मे स्थित दीर्घस्वर 'आ' को 'अ' की प्राप्ति, और ३ ११ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में अकारान्त में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर आर्ष-प्राकृत मे *दुवालसंगे* रूप की सिद्धि हो जाती है। यदि 'द्वादशाङ्ग' ऐसा प्रथमान्त संस्कृत रूप बनाया जाय तो सूत्र सख्या ४-२८७ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर आर्ष-प्राकृत में प्रथमान्त रूप *दुवालसंगे* सिद्ध हो जाता है। १-२५४

स्थूले लो रः ॥ १-२५५ ॥

स्थूले लस्य रो भवति ॥ थोरं ॥ कथं थूलभद्दो ॥ स्थूरस्य हरिद्रादि लत्वे भविष्यति ॥

अर्थः—'स्थूल' शब्द में रहे हुए 'ल' का 'र' होता है। जैसेः-स्थूलम्=थोरं ॥

प्रश्न —'थूल भद्दो' रूप की सिद्धि कैसे होती है ?

उत्तर.– 'थूल भद्दो' में रहे हुए 'थूल' की प्राप्ति 'स्थूर' से हुई है, न कि 'स्थूल' से; तदनुसार सूत्र संख्या १-२५४ से 'स्थूर' में रहे हुए 'र' को 'ल' की प्राप्ति होगी, और इस प्रकार 'स्थूर' से 'थूल' की प्राप्ति हो जाने पर 'स्थूलम्=थोर' के समान 'स्थूर' में रहे हुए 'ऊ' को 'ओ' की प्राप्ति की आवश्यकता नहीं है।

थोरं रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *१-१२४* में की गई है।

स्थूर भद्रः सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप थूल भद्दो होता है। इसमें सूत्र सख्या २-७७ से 'स्' का लोप, १-२५४ से प्रथम 'र' का 'ल', २-८० से द्वितीय 'र्' का लोप, २-८९ से 'द्' को द्वित्व 'द्द'

की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर शूल मङ्गो रूप की सिद्धि हो जाती है। ॥ १-२५५ ॥

लाहल लांगल लांगूले वादे र्णः ॥ १-२५६ ॥

एषु आदेर्लस्य णो वा भवति ॥ णाहलो लाहलो ॥ णङ्गलं लङ्गलं ॥ णङ्गूलं । लङ्गूलं ॥

अर्थ—लाहल लाङ्गल और लाङ्गूल शब्दों में रहे हुए आदि अक्षर 'ल' का विकल्प से 'ण' होता है। जैसे-लाहलः=णाहलो अथवा लाहलो ॥ लाङ्गलम्=णङ्गलं अथवा लङ्गलं ॥ लाङ्गूलम्=णङ्गूलं अथवा लङ्गूलं ॥

लाहल संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप णाहलो और लाहलो होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-२५६ से आदि अक्षर ल का विकल्प से 'ण' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से *णाहलो* और *लाहलो* दोनों रूपों की सिद्धि हो जाती है।

लाङ्गलम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप णङ्गलं और लङ्गलं होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-२५६ से आदि अक्षर 'ल का विकल्प से 'ण' १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ के स्थान पर 'अ की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर 'म् प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म् का अनुस्वार होकर क्रम से *णङ्गलं* और *लङ्गलं* दोनों रूपों की सिद्धि हो जाती है।

लाङ्गूलम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप णङ्गूलं और लङ्गूलं होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-२५६ से आदि अक्षर ल का विकल्प से 'ण' १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ के स्थान पर अ की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'म् प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म् का अनुस्वार होकर क्रम से *णङ्गूलं* और *लङ्गूलं* दोनों रूपों की सिद्धि हो जाती है। १-२५६ ॥

ललाटे च ॥ १-२५७ ॥

ललाटे च आदेर्लस्य णो भवति ॥ चकार आदेरनुवृत्त्यर्थः ॥ णिडालं । णडालं ॥

अर्थ—ललाट शब्द में आदि में रहे हुए 'ल का ण' होता है। मूल-सूत्र में 'च अक्षर लिखने का तात्पर्य यह है कि सूत्र-संख्या १-२५६ में 'आदि शब्द का उल्लेख है उस 'आदि' शब्द का यहाँ पर भी सम्बन्ध समझना तदनुसार 'ललाट शब्द में जो दो लकार हैं; उनमें से प्रथम ल' का ही 'ण' होता है, न

कि द्वितीय 'लकार' का; इस प्रकार 'तात्पर्य-विशेष' को समझाने के लिये ही 'च' अक्षर को मूल सूत्र में स्थान प्रदान किया है। उदाहरण इस प्रकार हैं -ललाटम्=णिडाल और णडाल ॥

णिडालं और *णडालं* रूपों को सिद्धि सूत्र-संख्या *१-४७* में की गई है ॥१-२५७॥

शबरे वो मः । १-२५८ ॥

शबरे बस्य मो भवति ॥ समरो ॥

अर्थ. शबर शब्द मे रहे हुए 'व' का 'म' होता है। जैसे-शवरः=समरो ॥

शबरः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप समरो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'श' का 'स'; १-२५८ से 'ब' का 'म' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *समरो* रूप की सिद्धि हो जाती है ॥ १-५८ ॥

स्वप्न-नीव्यो र्वा ॥ १-२५६ ॥

अनयोर्वस्य मो वा भवति ॥ सिमिणो सिविणो ॥ नीमी नीवी ॥

अर्थः-स्वप्न और नीवी शब्दों में रहे हुए 'व' का विकल्प से 'म' होता है। जैसे:-स्वप्नः= सिमिणो अथवा सिविणो ॥ नीवी=नीमी अथवा नीवी ॥

सिमिणो और *सिविणो* रूपों की सिद्धि सूत्र-संख्या *१-४६* में की गई है।

नीवी संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप नीमी और नीवी होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-२५६ से 'व' का विकल्प से 'म' होकर कम से *नीमी* और *नीवी* दोनों रूपों की सिद्धि हो जाती है ॥ १-२५६ ॥

श-षोः सः ॥ १-२६० ॥

शकार षकारयोः सो भवति ॥ श । सद्दो । कुसो । निसंसो । वंसो । सामा । सुद्धं । दस । सोहइ । विसइ ॥ ष ॥ सण्डो । निहसो । कसाओ । घोसइ ॥ उभयोरपि । सेसो । विसेसो ॥

अर्थः-संस्कृत शब्द में रहे हुए 'शकार' का और 'षकार' का प्राकृत रूपान्तर में 'सकार' हो जाता है। 'श' से संबंधित कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं:-शब्द=सद्दो। कुशः=कुसो ॥ नृशंस.=निसंसो ॥ वंश=वंसो ॥ श्यामा=सामा ॥ शुद्धम्=सुद्ध ॥ दश=दस ॥ शोभते=सोहइ ॥ विशति=विसइ ॥ इत्यादि ॥ 'ष' से संबंधित कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं:—षण्डः=सण्डो ॥ निकषः=निहसो ॥ कषाय=कसाओ ॥ घोषयति=घोसइ ॥ इत्यादि ॥ यदि एक ही शब्द में आगे पीछे अथवा साथ साथ में 'शकार' एव 'षकार'

जा जाय तो भी उन 'शकार' और 'षकार' के स्थान पर सकार की प्राप्ति हो जाती है। जैसे—शेषः=सेसो और विशेषः=विसेसो ॥ इत्यादि ॥

शब्दः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सद्दो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२६० से 'श' का 'स' २-७९ से 'ब' का लोप २-८९ से 'द' को द्वित्व 'द्द' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सद्दो* रूप सिद्ध हो जाता है।

कुशः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कुसो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'श' का स और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *कुसो* रूप सिद्ध हो जाता है। *निसंसो* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१२८ में की गई है।

वंशः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप वंसो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'श' का 'स' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वंसो* रूप सिद्ध हो जाता है।

श्यामा संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सामा होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'श' का 'स', और २-७८ से 'य' का लोप होकर *सामा* रूप सिद्ध हो जाता है।

शुद्धम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सुद्धं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'श' का 'स' ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *सुद्धं* रूप सिद्ध हो जाता है।

दस रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२१९ में की गई है।

सोहइ रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१८७ में की गई है।

विशति संस्कृत सकर्मक क्रिया पद का रूप है। इसका प्राकृत रूप विसइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से श का स और ३-१३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय ति के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विसइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

षण्ढः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सण्ढो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२६० से 'ष' का 'स' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में ...]- 47 ॥ [illegible] प्रत्यय के स्थान पर 'ओ'

घोषयति संस्कृत सकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप घोसइ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२६० से ष का 'स', ४ २३९ से संस्कृत धात्विक गण-बोधक विकरण प्रत्यय 'अय' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, और ३-१३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *घोसइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

शेषः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप सेसो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से दोनों 'शकार' 'षकार' के स्थान पर 'स' और 'स' की प्राप्ति तथा ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सेसो* रूप सिद्ध हो जाता है।

विशेषः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप विसेसो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२६० से दोनों 'शकार', 'षकार' के स्थान पर 'स' और 'स' की प्राप्ति तथा ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विसेसो* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ १-२६० ॥

स्नुषायां ण्हो न वा ॥ १-२६१ ॥

स्नुषा शब्दे षस्य ण्हः णकाराक्रान्तो हो वा भवति ॥ सुण्हा । सुसा ॥

अर्थः—संस्कृत शब्द 'स्नुषा' में स्थित 'ष' वर्ण के स्थान पर हलन्त 'ण्' सहित 'ह' अर्थात् 'ण्ह' की विकल्प से प्राप्ति होती है। जैसे:—स्नुषा=सुण्हा अथवा सुसा ॥

स्नुषा संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप सुण्हा और सुसा होते हैं। इनमें सूत्र संख्या २-७८ से 'न' का लोप, १-२६१ से प्रथम रूप में 'ष' के स्थान पर विकल्प से 'ण्ह' की प्राप्ति और द्वितीय रूप में १-२६० से 'ष' का 'स' होकर क्रम से *सुण्हा* और *सुसा* दोनों रूपों की सिद्धि हो जाती है। ॥ १-२६१ ॥

दश-पाषाणे हः ॥ १-२६२ ॥

दशन् शब्दे पाषाण शब्दे च शषोर्यथादर्शनं हो वा भवति ॥ दह-मुहो दस मुहो ॥ दह-बलो दस बलो । दह- रहो दस रहो । दह दस । एआरह । बारह । तेरह । पाहाणो पासाणो ॥

अर्थः—दशन् शब्द में और पाषाण शब्द में रहे हुए 'श' अथवा 'ष' के स्थान पर विकल्प से 'ह' होता है। ये शब्द दशन् और पाषाण चाहे समास रूप से रहे हुए हों अथवा स्वतंत्र रहे हुए हो, तो भी इनमें स्थित 'श' का अथवा 'ष का विकल्प से 'ह' हो जाता है। ऐसा तात्पर्य वृत्ति में उल्लिखित 'यथादर्शनं' शब्द से जानना ॥ जैसे —दश-मुख =दह-मुहो अथवा दस मुहो ॥ दश-बल =दह बलो अथवा दस बलो ॥ दशरथ =दहरहो अथवा दसरहो ॥ दश=दह अथवा दस ॥ एकादश=एआरह ॥ द्वादश= पाषाण=पाहाणो पासाणो ॥

का जाय, तो भी उन 'शकार' और 'षकार' के स्थान पर 'सकार' की प्राप्ति हो जाती है। जैसे—शेषः=सेसो और विशेषः=विसेसो ॥ इत्यादि ॥

शब्द संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सद्दो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२६० से 'श' का 'स', २-७९ से 'ब' का लोप २-८९ से 'द' को द्वित्व 'द्द' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सद्दो* रूप सिद्ध हो जाता है।

कुश संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कुसो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'श' का 'स' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *कुसो* रूप सिद्ध हो जाता है। *निसंसो* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१२८ में की गई है।

वश संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप वंसो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'श' का 'स' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वसो* रूप सिद्ध हो जाता है।

श्यामा संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सामा होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'श' का 'स' और २-७८ से 'य' का लोप होकर *सामा* रूप सिद्ध हो जाता है।

शुद्धम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सुद्धं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'श' का 'स' ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *सुद्धं* रूप सिद्ध हो जाता है।

दस रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२१९ में की गई है।

सोहइ रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१८७ में की गई है।

विशति संस्कृत सकर्मक क्रिया पद का रूप है। इसका प्राकृत रूप विसइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'श' का 'स' और ३-१३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विसइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

षण्ढ संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सण्ढो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२६० से 'ष' का 'स' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *षण्ढो* रूप सिद्ध हो जाता है।

निहसो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१८६ में की गई है।

कषाय संस्कृत रूप है इसका प्राकृत रूप कसाओ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२६० से 'ष' का 'स' १-१७७ से 'य' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *कसाओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

घोषयति संस्कृत सकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप घोसइ होता है। इसमे सूत्र संख्या १-२६० से ष का 'स'; ४ २३६ से संस्कृत धात्विक गण-बोधक विकरण प्रत्यय 'अय' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति; और ३-१३६ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन मे संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत मे 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *घोसइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

शेषः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप सेसो होता है। इसमे सूत्र-संख्या १-२६० से दोनों 'शकार' 'षकार के स्थान पर 'स' और 'स' को प्राप्ति तथा ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सेसो* रूप सिद्ध हो जाता है।

विशेष संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप विसेसो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२६० से दोनों 'शकार', 'षकार' के स्थान पर 'स' और 'स' की प्राप्ति तथा ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विसेसो* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ १-२६० ॥

स्नुषायां ण्हो न वा ॥ १-२६१ ॥

स्नुषा शब्दे षस्य ण्हः णकाराक्रान्तो हो वा भवति ॥ सुण्हा । सुसा ॥

अर्थः—संस्कृत शब्द 'स्नुषा' में स्थित 'ष' वर्ण के स्थान पर हलन्त 'ण्' सहित 'ह' अर्थात् 'ण्ह' की विकल्प से प्राप्ति होती है। जैसे:—स्नुषा=सुण्हा अथवा सुसा ॥

स्नुषा संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप सुण्हा और सुसा होते हैं। इनमें सूत्र संख्या २-७८ से 'न' का लोप, १-२६१ से प्रथम रूप में 'ष' के स्थान पर विकल्प से 'ण्ह' की प्राप्ति और द्वितीय रूप में १-२६० से 'ष' का 'स' होकर क्रम मे *सुण्हा* और *सुसा* दोनो रूपों की सिद्धि हो जाती है। ॥ १-२६१ ॥

दश-पाषाणे हः ॥ १-२६२ ॥

दशन् शब्दे पाषाण शब्दे च शषोर्यथादर्शनं हो वा भवति ॥ दह-मुहो दस मुहो ॥ दह-बलो दस बलो । दह- रहो दस रहो । दह दस । एआरह । बारह । तेरह । पाहाणो पासाणो ॥

अर्थः—दशन् शब्द में और पाषाण शब्द में रहे हुए 'श' अथवा 'ष' के स्थान पर विकल्प से 'ह' होता है। ये शब्द दशन् और पाषाण चाहे समास रूप से रहे हुए हों अथवा स्वतंत्र रहे हुए हो, तो भी इनमें स्थित 'श' का अथवा 'ष का विकल्प से 'ह' हो जाता है। ऐसा तात्पर्य वृत्ति में उल्लिखित 'यथादर्शन' शब्द से जानना ॥ जैसे.—दश-मुख.=दह-मुहो अथवा दस मुहो ॥ दश-बल =दह बलो अथवा दस बलो ॥ दशरथ =दहरहो अथवा दसरहो ॥ दश=दह अथवा दस ॥ एकादश=एआरह ॥ द्वादश=बारह ॥ त्रयोदश=तेरह ॥ पाषाण.=पाहाणो पासाणो ॥

दश मुख संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप दह-मुहो और दसमुहो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-२६२ से विकल्प से 'श' का 'ह' और द्वितीय रूप में १-२६० से 'श' का 'स' १-१८७ से दोनों रूपों में 'ख' का 'ह' तथा ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की दोनों रूपों में प्राप्ति होकर क्रम से दह-मुहो और दस मुहो रूपों की सिद्धि हो जाती है।

दश-बल संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप दह बलो और दस बलो होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-२६२ से प्रथम रूप में विकल्प से 'श' का 'ह' और द्वितीय रूप में १-२६० से 'श' का 'स' तथा ३-२ से दोनों रूपों में प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से दह बलो एवं दस बलो रूपों की सिद्धि हो जाती है।

दशरथ संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप दहरहो और दसरहो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-२६२ से विकल्प से 'श' का 'ह' और द्वितीय रूप में १-२६० से 'श' का 'स' १-१८७ से दोनों रूपों में 'थ' का 'ह' तथा ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति दोनों रूपों में होकर क्रम दहरहो और दसरहो रूपों की सिद्धि हो जाती है।

एआरह रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२१९ में की गई है।

बारह रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२१९ में की गई है।

तेरह रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१६५ में की गई है।

पाषाण संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप पाहाणो और पासाणो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-२६२ से विकल्प से 'ष' का 'ह' और द्वितीय रूप में १-२६० से 'ष' का 'स' तथा ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति दोनों रूपों में होकर क्रम से पाहाणो एवं पासाणो रूपों की सिद्धि हो जाती है। १-२६२ ॥

दिवसे सः ॥ १-२६३ ॥

दिवसे सस्य हो वा भवति ॥ दिवहो । दिवसो ॥

अर्थ:—संस्कृत शब्द 'दिवस' में रहे हुए 'स' वर्ण के स्थान पर विकल्प से 'ह' होता है। जैसे—दिवसः=दिवहो अथवा दिवसो ॥

दिवस संस्कृत रूप है इसके प्राकृत रूप दिवहो और दिवसो होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-२६३ से 'स' का विकल्प से 'ह' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि'

प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति दोनो रूपों में होकर क्रम से *दिवहो* और *दिवसो* रूपों की सिद्धि हो जाती है ॥ १-२६३ ॥

हो घोनुस्वारात् ॥ १-२६४ ॥

अनुस्वारात् परस्य हस्य घो वा भवति ॥ सिंघो । सीहो ॥ संघारो । संहारो । क्वचिद्-ननुस्वारादपि । दाहः । दाघो ॥

अर्थः—यदि किसी शब्द मे अनुस्वार के पश्चात् 'ह' रहा हुआ हो तो उस 'ह' का विकल्प से 'घ' होता है। जैसे.-सिंह =सिंघो अथवा सीहो ॥ संहार =संघारो अथवा संहारो ॥ इत्यादि ॥ किसी किसी शब्द में ऐसा भी देखा जाता है कि 'ह' वर्ण के पूर्व में अनुस्वार नहीं है, तो भी उस 'ह' वर्ण का 'घ' हो जाता है । जैसे –दाह =दाघो ॥ इत्यादि ॥ *सिंघो* और *सीहो* रूपों को सिद्धि सूत्र संख्या १-२९ में की गई है ।

संहारः संस्कृत रूप है । इसके प्राकृत रूप संघारो और संहारो होते हैं । इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-२६४ से विकल्प से 'ह' का 'घ' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति दोनों रूपों मे होकर क्रम से *संघारो* और *संहारो* रूपों की सिद्धि हो जाती है ।

दाहः संस्कृत रूप है । इसका प्राकृत रूप दाघो होता है । इसमें सूत्र संख्या १-२६४ की वृत्ति से 'ह का 'घ' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *दाघो* रूप की सिद्धि हो जाती है । ॥ १-२६० ॥

षट्-शमी-शाव-सुधा-सप्तपर्णेष्वादेश्छः ॥ १-२६५ ॥

एषु आदेर्वर्णस्य छो भवति ॥ छट्ठो । छट्ठी । छप्पओ । छम्मुहो । छमी । छावो । छुहा । छत्तिवण्णो ॥

अर्थ.—षट्, शमी, शाव, सुधा और सप्तपर्ण आदि शब्दों में रहे हुए आदि अक्षर का अर्थात सर्व प्रथम अक्षर का 'छ' होता है । जैसे —षष्ठ.=छट्ठो । षष्ठी=छट्ठी ॥ षट्पद =छप्पओ । षण्मुखः= छम्मुहो । शमी=छमी । शाव.=छावो । सुधा=छुहा और सप्तपर्ण.=छत्तिवण्णो इत्यादि ॥

षष्ठः संस्कृत विशेषण रूप है । इसका प्राकृत रूप छट्ठो होता है । इसमें सूत्र-संख्या १-२६५ से सर्व प्रथम वर्ण 'ष' का 'छ', २-७७ से द्वितीय 'ष्' का लोप, २-८९ से शेष 'ठ' को द्वित्व 'ठ्ठ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ठ्' को 'ट्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *छट्ठो* रूप सिद्ध हो जाता है ।

षष्ठी संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप छट्ठी होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२६५ से सर्व प्रथम वर्ण 'ष' का 'छ' २-७७ से द्वितीय 'ष' का लोप २-८९ से शेष 'ठ' को द्वित्व 'ठ्ठ' की प्राप्ति और २-९० से प्राप्त पूर्व 'ठ' को 'ट्' की प्राप्ति होकर *छट्ठी* रूप सिद्ध हो जाता है।

षट्पदः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप छप्पओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६५ से सर्व प्रथम वर्ण 'ष' का 'छ' २-७७ से 'ट' का लोप २-८९ से 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति १-१७७ से 'द्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *छप्पओ* रूप की सिद्धि हो जाती है।

षण्मुखः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप छम्मुहो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६५ से सर्व प्रथम वर्ण 'ष' का 'छ', १-२५ से 'ण्' को पूर्व व्यञ्जन पर अनुस्वार की प्राप्ति एवं १-३० से प्राप्त अनुस्वार को परवर्ती 'म' के कारण से 'म्' की प्राप्ति १-१८७ से 'ख' का 'ह' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *छम्मुहो* रूप की सिद्धि हो जाती है।

शमी संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप छमी होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६५ से 'श' का 'छ' होकर *छमी* रूप सिद्ध हो जाता है।

शावः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप छावो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२६५ से 'श' का 'छ' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *छावो* रूप सिद्ध हो जाता है।

सुहा रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१७ में की गई है।

छत्तिवण्णो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-४९ में की गई। ॥ १-२६५ ॥

शिरायां वा ॥ १-२६६ ॥

शिरा शब्दे आदेश्छो वा भवति ॥ छिरा सिरा ॥

अर्थ—संस्कृत शब्द शिरा में रहे हुए आदि अक्षर 'श' का विकल्प से 'छ' होता है। जैसे:—शिरा=छिरा अथवा सिरा ॥

शिरा संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप छिरा और सिरा होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-२६६ से 'श' का विकल्प से 'छ' और द्वितीय रूप में सूत्र संख्या १-२६० से 'श' का 'स' होकर क्रम से *छिरा* और *सिरा* दोनों रूपों की सिद्धि हो जाती है। ॥ १-२६६ ॥

लुग भाजन-दनुज-राजकुले जः सस्वरस्य न वा ॥ १-२६७ ॥

एषु सस्वरजकारस्य लुग् वा भवति ॥ भाणं भायणं ॥ दणु-वहो । दणुअ-वहो । रा-उलं राय-उलं ॥

अर्थ—'भाजन, दनुज और राजकुल' मे रहे हुए 'स्वर सहित जकार का' विकल्प से लोप होता है। जैसे -भाजनम्=भाण अथवा भायण ॥ दनुज-वधः=दणु-वहो अथवा दणुअ-वहो और राजकुलम्= रा-उल अथवा राय-उल ॥ इन उदाहरणों के रूपो मे से प्रथम रूप मे स्वर सहित 'ज' व्यञ्जन का लोप हो गया है।

भाजनम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप भाणं और भायण होते हैं। इनमे से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-२६७ से 'ज' का विकल्प से लोप, १-२२८ से 'न' का 'ण', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय का 'म्' और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *भाणं* सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में सूत्र संख्या १-१७७ से 'ज्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'ज्' में से शेष रहे हुए 'अ' को 'य' की प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *भायण* भी सिद्ध हो जाता है।

दनुज-वधः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप दणु-वहो और दणुअ-वहो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-२२८ से न का 'ण', १-२६७ से विकल्प मे 'ज' का लोप, १-१८७ से 'ध' का 'ह' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *दणु-वहो* सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में १-१७७ से 'ज्' का लोप और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *दणुअ-वहो* भी सिद्ध हो जाता है।

राजकुलम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप रा उल और राय-उल होते हैं। इनमें से प्रथम रूप मे सूत्र-संख्या १-२६७ से विकल्प से 'ज' का लोप, १-१७७ से 'क्' का लोप; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप रा- उलं सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में सूत्र-संख्या १-१७७ से 'ज्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'ज्' में से शेष रहे 'अ' को 'य' की प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *राय-उलं* भी सिद्ध हो जाता है ॥१-२६७॥

व्याकरण-प्राकारागते कगोः ॥१-२६८॥

एषु को गश्च सस्वरस्य लुग् वा भवति ॥ वारणं वायरणं । पारो पायारो ॥ आओ आगओ ॥

अर्थ—'व्याकरण और 'प्राकार' में रहे हुए स्वर रहित 'क का अर्थात् सम्पूर्ण क व्यञ्जन का विकल्प से लोप होता है। जैसे—व्याकरणम्=वारणं अथवा वायरणं और प्राकार=पारो अथवा पायारो ॥ इसी प्रकार से आगत में रहे हुए स्वर सहित ग' का अर्थात् सम्पूर्ण 'ग व्यञ्जन का विकल्प से लोप होता है। जैसे—आगतः=आओ अथवा आगओ ॥

व्याकरणम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप वारणं और वायरणं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या २-७८ से 'य् का लोप' १-२६८ से स्वर सहित 'क का अर्थात् संपूर्ण 'क व्यञ्जन का विकल्प से लोप' ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म् प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म् का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *वारणं* सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में सूत्र संख्या १-१७७ से 'क् का लोप' १-१८० से लोप हुए 'क में से शेष रहे हुए 'अ' को 'य की प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *वायरणं* भी सिद्ध हो जाता है।

प्राकार संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप पारो और पायारो होते हैं इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या २-७९ से प्रथम 'र् का लोप' १-२६८ से स्वर सहित 'का का अर्थात् संपूर्ण 'का' का विकल्प से लोप' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *पारो* सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में सूत्र संख्या १-१७७ से 'क् का लोप; १-१८० से लोप हुए 'क् में से शेष रहे हुए 'आ का 'या की प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *पायारो* भी सिद्ध हो जाता है।

आगत संस्कृत विशेषण है इसके प्राकृत रूप आओ और आगओ होते हैं। इनमें से प्रथम रूप सूत्र-संख्या १-२६८ से 'ग का विकल्प से लोप' १-१७७ से 'त का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *आओ* सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप *आगओ* की सिद्धि सूत्र संख्या १-२०९ में की गई है ॥१-२६८॥

किसलय-कालायस-हृदये य ॥ १-२६९ ॥

एषु सस्वरयकारस्य लुग् वा भवति ॥ किसलं किसलयं ॥ कालासं कालायसं ॥ महण्णव-समासहिआ । जाला ते सहिअएहिं घेप्पन्ति ॥ निसमणुप्पिअ हिअस्स हिअयं ॥

अर्थ-'किसलय', 'कालायस और 'हृदय में स्थित स्वर सहित 'य का अर्थात् संपूर्ण 'य' व्यञ्जन का विकल्प से लोप होता है जैसे—किसलयम्=किसलं अथवा किसलयं ॥ कालायसम्=कालासं अथवा कालायसं और हृदयम्=हिअं अथवा हिअयं ॥ इत्यादि ॥ ग्रंथकार ने वृत्ति में हृदय रूप का समाधान के लिये काव्यात्मक उदाहरण दिया है; जो कि संस्कृत रूपान्तर के साथ इस प्रकार है'—

(१) महार्णवसमा सहृदया =महण्णव-समासहिआ ॥

(२) यदा ते सहृदयै गृह्यन्ते=जाला ते सहिअएहि घेप्पन्ति ॥

(३) निशमनार्पित हृदयस्य हृदयम्=निसमणुप्पिअ-हिअस्स हिअयं ॥

किसलयम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप किसल और किसलय होते हैं। इनमे से प्रथम रूप मे सूत्र-संख्या १-२६९ से स्वर सहित 'य' का अर्थात् संपूर्ण 'य' व्यञ्जन का विकल्प से लोप; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारांत नपुंसकलिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *किसलं* सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में सूत्र-संख्या १-२६९ से वैकल्पिक पक्ष मे 'य' का लोप नहीं होकर प्रथम रूप के समान ही शेष साधनिका से द्वितीय रूप *किसलयं* भी सिद्ध हो जाता है।

कालायसम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप कालासं और कालायस होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-२६९ से स्वर सहित 'य' का अर्थात् संपूर्ण 'य' व्यञ्जन का विकल्प से लोप, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन से अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *कालासं* सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में सूत्र-संख्या १-२६९ से वैकल्पिक पक्ष मे 'य' का लोप नहीं होकर प्रथम रूप के समान ही शेष साधनिका से द्वितीय रूप *कालायसं* भी सिद्ध हो जाता है।

महार्णव-समाः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप महण्णव-समा होता है। इसमें सूत्र संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर प्रथम 'आ' के स्थान पर ह्रस्वर 'अ' की प्राप्ति, २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से 'ण' को द्वित्व 'ण्ण' की प्राप्ति, ३ ४ से प्रथमा विभक्ति के बहु वचन में अकारान्त पुल्लिंग में प्राप्त 'जस्' प्रत्यय का लोप और ३-१२ से प्राप्त होकर लुप्त हुए 'जस्' प्रत्यय के कारण से अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' को दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति होकर *महण्णव-समा* रूप सिद्ध हो जाता है।

सहृदयाः संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप सहिआ होता है। इनमें सूत्र संख्या १-१२८ से 'ऋ' का 'इ', १-१७७ से 'द्' का लोप, १-२६९ से स्वर सहित 'य का विकल्प से लोप, ३-४ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में अकारान्त पुल्लिंग मे प्राप्त 'जस्' प्रत्यय का लोप और ३-१२ से प्राप्त होकर लुप्त 'जस' प्रत्यय के कारण से अन्त्य ह्रस्व स्वर "अ', को दीर्घ स्वर "आ', की प्राप्ति होकर *सहिआ* रूप सिद्ध हो जाता है।

यदा संस्कृत अव्यय है। इसका प्राकृत रूप जाला होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२४५ से 'य' का 'ज', ३-६५ से कालवाचक संस्कृत प्रत्यय 'दा के स्थान पर 'आला' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जाला* रूप सिद्ध हो जाता है।

ते संस्कृत सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप भी 'ते' ही होता है। यह रूप मूल सर्वनाम 'तद्'

से बनता है। इसमें सूत्र संख्या १ ११ से अन्त्य व्यञ्जन 'द्' का लोप, और ३-४८ से प्रथमा विभक्ति के बहु वचन में अकारान्त पुल्लिंग में प्राप्त 'जस' के स्थान पर 'ए' आदेश की प्राप्ति होकर से रूप सिद्ध हो जाता है।

सहृदयैः संस्कृत तृतीयान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप सहिअएहिं होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १२८ से 'ऋ' का 'इ' १ १७७ से 'द्' का लोप १ १७७ से ही 'य्' का भी लोप ३ १५ से लुप्त हुए 'य्' में से शेष बचे हुए 'अ' को (अपने आगे तृतीया विभक्ति के बहु वचन के प्रत्यय होने से) 'ए' की प्राप्ति और ३-७ से संस्कृत भाषा के तृतीया विभक्ति के बहुवचन के प्रत्यय 'भिस्' के स्थान पर आदेश प्राप्त 'एस्' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में हिं प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सहिअएहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

गृह्यन्ते कर्मणि वाच्य क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप घेप्पन्ति होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-२५६ से 'ग्रह्' धातु के स्थान पर 'घेप्प' का आदेश और इसी सूत्र की वृत्ति से संस्कृत भाषा में कर्मणि वाच्यार्थ बोधक 'य' प्रत्यय का लोप, ४-२३९ से 'घेप्प' धातु में स्थित हलन्त द्वितीय 'प' को 'अ' की प्राप्ति और ३-१४२ से वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के बहुवचन में न्ति प्रत्यय की प्राप्ति होकर *घेप्पन्ति* रूप सिद्ध हो जाता है।

निशमनार्पित हृदयस्य संस्कृत समासात्मक षष्ठ्यन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप निसमणुप्पिअ हिअस्स होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'श' का 'स' १-२२८ से 'न' का 'ण' १-८४ से 'ना' 'ण' में संधि के कारण से स्थित आर्पित के आदि स्वर 'आ' का 'ओ' की प्राप्ति एवं १-८४ से प्राप्त इस 'आ' स्वर को अपने ह्रस्व स्वरूप 'उ' की प्राप्ति २-७९ से 'र्' का लोप २-८९ से 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति, १-१७७ से 'त्' का लोप १-१२८ से 'ऋ' को 'इ' १ १७७ से 'द्' का लोप, १ २६९ से स्वर सहित संपूर्ण 'य' का लोप और ३-१० से संस्कृत में षष्ठी विभक्ति बोधक स्य प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में स्स प्रत्यय की प्राप्ति होकर *निसमणुप्पिअ-हिअस्स* रूप की सिद्धि हो जाती है।

हिअयं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-७ में की गई है ॥ १-२६९ ॥

दुर्गादेव्युदुम्बर-पादपतन-पाद पीठन्तर्द ॥१-२७० ॥

एषु सस्वरस्य दकारस्य अन्तर्मध्ये वर्तमानस्य लुग् वा भवति ॥ दुग्गा-वी । दुग्गा एवी । उम्बरो उउम्बरो ॥ पा-वडण पाय-वडण । पा वीढं पाय-वीढं ॥ अन्तरिति किम् । दुग्गा देव्यामादौ मा भूद् ॥

अर्थ—दुर्गा देवी उदुम्बर पाद पतन और पाद पीठ के अन्तर्मध्य भाग में रहे हुए स्वर सहित 'द' का अर्थात् पूर्ण व्यञ्जन 'द' का विकल्प से लोप होता है। अन्तर्मध्य-भाग का तात्पर्य यह है कि विकल्प से लोप होने वाला 'द' व्यञ्जन न तो आदि स्थान पर होना चाहिये और न अन्त स्थान पर

ही, किन्तु शब्द के आन्तरिक भाग में अथवा मध्य भाग में होना चाहिये। जैसे —दुर्गा देवी=दुग्गा-वी अथवा दुग्गा-एवी ॥ उदुम्बर:=उम्बरो अथवा उउम्बरो ॥ पाद-पतनम्=पा वडण अथवा पाय वडणं और पाद-पीठम्=पा वीढ अथवा पाय वीढ ॥

प्रश्न —'अन्तर मध्य-भाग' में ही होना चाहिये' तभी स्वर सहित 'द' का विकल्प से लोप होता है। ऐसा क्यों कहा गया है?

उत्तर — क्योंकि यदि 'द' वर्ण शब्द के आदि में अथवा अन्त में स्थित होगा तो उस 'द' का लोप नहीं होगा। इसीलिये 'अन्तर्मध्य' भाग का उल्लेख किया गया है। जैसे —दुर्गा-देवी में आदि में 'द' वर्तमान है, इसलिये इस आदि स्थान पर स्थित 'द्' का लोप नहीं होता है। जैसे —दुर्गा-देवी=दुग्गा-वी ॥ इत्यादि ॥

दुर्गा-देवी सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप दुग्गा-वी और दुग्गा-एवी होता है। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र सख्या २-७६ से र्' का लोप, २-८६ से 'ग' का द्वित्व 'ग्ग', और १-२७० से अन्त-मध्यवर्त्ती स्वर सहित 'दे' का अर्थात् सम्पूर्ण 'दे' व्यञ्जन का विकल्प से लोप होकर प्रथम रूप *दुग्गा-वी* सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में सूत्र सख्या १-१७७ से द्वितीय 'द्' का लोप होकर एवं शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *दुग्गा-एवी* भी सिद्ध हो जाता है।

उदुम्बर: सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप उम्बरो अथवा उउम्बरो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप मे सूत्र संख्या १-२७० से अन्तर्मध्य-वर्ती स्वर सहित 'दु' का अर्थात् सपूर्ण 'दु' व्यञ्जन का विकल्प से लोप और द्वितीय रूप में सूत्र सख्या १-१७७ से 'द्' का लोप, तथा ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से *उम्बरो* और *उउम्बरो* रूपों की सिद्धि हो जाती है।

पाद-पतनम् सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप पा-वडण और पाय-वडण होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-सख्या १-२७० से अन्तर्मध्यवर्त्ती स्वर सहित 'द' का अर्थात् सपूर्ण 'द' व्यञ्जन का विकल्प से लोप और द्वितीय रूप में सूत्र सख्या १ १७७ से 'द' का लोप एव १-१८० से लोप हुए 'द में से शेष रहे हुए 'अ' को 'य' की प्राप्ति, १-२३१ से दोनों रूपों मे द्वितीय 'प' का 'व', ४ २१६ से दोनो रूपों में स्थित 'त' का 'ड', १-२२८ से दोनों रूपों मे 'न' का 'ण', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से *पा-वडणं* और *पाय-वडणं* दोनों रूपों की सिद्धि हो जाती है।

पाद-पीठम् सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप पा-वीढ और पाय-वीढ होते हैं इनमे से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-२७० से अन्तर्मध्यवर्ती स्वर सहित 'द' का विकल्प से लोप, द्वितीय रूप में सूत्र-सख्या १-१७७ से 'द' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'द्' में से शेप रहे हुए 'अ' को 'य की प्राप्ति, १-२३१ से

दोनों रूपों में द्वितीय 'प' का 'व' १-२३१ से दोनों रूपों में 'ठ' का 'ढ', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की दोनों रूपों में प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से *पा-वीढं* और *पाव-वीढं* दोनों रूपों की सिद्धि हो जाती है ॥१-२७०॥

यावत्तावज्जीवितावर्तमानावट प्रावरक देवकुलैवमेवे वः ॥ १-२७१॥

यावदादिषु सस्वर वकारस्यान्तर्वर्तमानस्य लुग् वा, भवति ॥ जा जाव । ता ताव । जीअं जीविअं । अत्तमाणो आवत्तमाणो । अडो अवडो । पारओ पावारओ । देउलं देव उलं एमेव एवमेव ॥ अन्तरित्येव । एवमेवेन्त्यस्य न भवति ॥

अर्थ:—यावत्, तावत्, जीवित, आवर्तमान, अवट, प्रावरक, देवकुल और एवमेव शब्दों के मध्य-भाग में (अन्तर-भाग में) स्थित 'स्वर सहित-व' का अर्थात् संपूर्ण 'व' व्यञ्जन का विकल्प से लोप होता है। जैसे-यावत्=जा अथवा जाव ॥ तावत्=ता अथवा ताव ॥ जीवितम्=जीअं अथवा जीविअं ॥ आवर्तमानः=अत्तमाणो अथवा आवत्तमाणो ॥ अवटः=अडो अथवा अवडो ॥ प्रावारकः=पारओ अथवा पावारओ ॥ देवकुलम्=दे-उलं अथवा देव उलं और एवमेव=एमेव अथवा एवमेव ॥

प्रश्नः—'अन्तर्-मध्य-भागी' 'व' का ही लोप होता है' ऐसा क्यों कहा गया है ?

उत्तरः—यदि 'अन्तर-मध्य भागी' नहीं होकर अन्त्य स्थान पर स्थित होगा तो उस 'व' का लोप नहीं होगा। जैसे-एवमेव में दो वकार हैं तो इनमें से मध्यवर्ती 'वकार' का ही विकल्प से लोप होगा न कि अन्त्य वकार का। ऐसा ही अन्य शब्दों के सम्बंध में जान लेना ॥

यावत् संस्कृत अव्यय है। इसके प्राकृत में जा और जाव रूप होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-२४५ से 'य' का 'ज' १-२७१ से अन्तवर्ती 'व' का विकल्प से लोप और १-११ से अन्त्य व्यञ्जन 'त्' का लोप होकर क्रम से *जा* और *जाव* दोनों रूपों की सिद्धि हो जाती है।

तावत् संस्कृत अव्यय है। इसके प्राकृत रूप ता और ताव होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-२७१ से अन्तवर्ती 'व' का विकल्प से लोप और १-११ से अन्त्य व्यञ्जन 'त्' का लोप होकर क्रम से *ता* और *ताव* दोनों रूपों की सिद्धि हो जाती है।

जीवितम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप जीअं और जीविअं होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-२७१ से अन्तवर्ती स्वर सहित 'वि' का अर्थात् संपूर्ण 'वि' व्यञ्जन का विकल्प से लोप, १-१७७ से दोनों रूपों में 'त्' का लोप ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से *जीअं* और *जीविअं* दोनों रूपों की सिद्धि हो जाती है।

आवर्तमानः संस्कृत वर्तमान कृदन्त का रूप है। इसके प्राकृत रूप अत्तमाणो और आवत्तमाणो होते है। इनमें से प्रथम रूप मे सूत्र-संख्या १-८४ से आदि दीर्घ स्वर 'आ' को 'अ' की प्राप्ति, १-२७१ से अन्तर्वर्ती सस्वर 'व' का विकल्प से लोप, २-७६ से 'र' का लोप, २-८६ से 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति, १-२२८ से 'न' का 'ण' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *अत्तमाणो* सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में वैकल्पिक पक्ष होने से सूत्र-संख्या १-२७१ का अभाव जानना और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान होकर द्वितीय रूप *आवत्तमाणो* भी सिद्ध हो जाता है।

अवटः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप अडो और अवडो होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-२७१ से अन्तर्वर्ती सस्वर 'व' का अर्थात् संपूर्ण 'व' व्यञ्जन का विकल्प से लोप, १-१९५ से 'ट' का 'ड' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से *अडो* और *अवडो* दोनो की सिद्धि हो जाती है।

प्रावारकः संस्कृत विशेषण है। इसके प्राकृत रूप पारओ और पावारओ होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या २-७९ से प्रथम 'र्' का लोप, १-२७१ से अन्तर्वर्ती सस्वर 'वा' का विकल्प से लोप, १-१७७ से दोनो रूपों में 'क्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से *पारओ* और *पावारओ* रूपों की सिद्धि हो जाती है।

देव-कुलम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप दे-उल और देव-उल होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-२७१ से अन्तर्वर्ती सस्वर 'व' का अर्थात् सम्पूर्ण 'व' व्यञ्जन का विकल्प से लोप, १-१७७ से 'क्' का दोनो रूपों में लोप, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से *दे-उलं* और *देव-उलं* दोनों रूपों की सिद्धि हो जाती है।

एवमेव संस्कृत अव्यय है। इसके प्राकृत रूप एमेव और एवमेव होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-२७१ से अन्तर्वर्ती (प्रथम) सस्वर 'व' का अर्थात् संपूर्ण 'व' व्यञ्जन का विकल्प से लोप होकर क्रम से *एमेव* और *एवमेव* दोनों रूपों की सिद्धि हो जाती है॥ १-२७१ ॥

इत्याचार्य श्री हेमचन्द्र-विरचितायां सिद्ध हेम-
चन्द्राभिधान स्वोपज्ञ शब्दानुशासन वृत्तौ
अष्टमस्याध्यायस्य प्रथम पादः॥

इस प्रकार आचार्य श्री हेमचन्द्र महाराज द्वारा रचित 'सिद्ध हेमचन्द्र नामावली और स्व-कृत टीकावली शब्दानुशासन रूप व्याकरण के आठवे अध्याय रूप प्राकृत-व्याकरण का प्रथम पाद (प्रथम चरण) पूर्ण हुआ॥

पादान्त मंगलाचरण

यद् दोर्मण्डल कुण्डली कृत धनुर्दण्डेन सिद्धाधिप !
क्रीतं वैरिकुलात् त्वया किल दलत् कुन्दावदातं यशः ॥
भ्रान्त्वा त्रीणि जगन्ति खेद विवशं तन्मालवीनां व्यधा-
दापाण्डौ स्तनमण्डले च धवले गण्डस्थले च स्थितिम् ॥

अर्थ :-हे सिद्धराज ! आपने अपने दोनों भुज-दण्डों द्वारा गोलाकार बनाये हुए धनुष की महा यता से खिले हुए मोगरे के फूल के समान सुन्दर एवं निर्मल यश को शत्रुओं से (उनको हरा कर) खरीदा है-(एकत्र किया है) उस यश ने तीनों जगत् में परिभ्रमण करके अन्त में थकावट के कारण से विवश होता हुआ मालव देश के राजाओं की पत्नियों के (अंग राग नहीं लगाने के कारण से) फीके पड़े हुए स्तन-मण्डल पर एवं सफेद पड़े हुए गालों पर विश्रांति ग्रहण की है। आचार्य हेमचन्द्र ने मंगला चरण के साथ महान् प्रतापी सिद्धराज की विजय-स्तुति भी शृंगारिक-ढंग से प्रस्तुत कर दी है। यह मंगलाचरण प्रशस्ति-रूप है, इसमें यह ऐतिहासिक तत्त्व बतला दिया है कि सिद्धराज ने मालव पर चढ़ाई का थी वहां के नरेशों को बुरी तरह से पराजित किया था एवं इस कारण से राज-रानियों ने श्रृंगार करना और अंग राग लगाना छोड़ दिया था जिससे उनका शरीर एवं उनके अंगोपांग फीके फीके प्रतीत होते थे तथा राज्यभ्रष्टता के कारण से दुःखी होने से उनके मुख-मण्डल भी सफेद पड़ गये थे यह फीकापन और सफेदी महाराज सिद्धराज के उस यश को मानों प्रति छाया ही थी, जो कि विश्व के तीनों लोक में फैल गया था। काव्य में लालित्य और वक्रोक्ति एवं उक्ति-वैचित्र्य अलंकार का कितना सुन्दर सामञ्जस्य है ?)

'मूल सूत्र और वृत्ति' पर लिखित प्रथम पाद संबंधी 'प्रियोदय चन्द्रिका नामक हिन्दी व्याख्या एवं शब्द-साधनिका भी समाप्त ॥

अथ द्वितीय-पादः

संयुक्तस्य ॥ २-१ ॥

अधिकारोऽयं ज्यायामीत् (२-११५) इति यावत्। यदित ऊर्ध्वम् अनुक्रमिष्यामस्तत् संयुक्तस्येति वेदितव्यम् ॥

अर्थः—इस पाद मे सयुक्त वर्णों के विकार, लोप, आगम और आदेश संबंधी नियमो का वर्णन किया जायगा, अत ग्रथकार ने 'सयुक्तस्य' अर्थात् 'सयुक्त वर्ग का' ऐसा सूत्र निर्माण किया है। वृत्ति में कहा गया है कि यह सूत्र अधिकार वाचक है, अर्थात् इसके पश्चात् बनाये जाने वाले सभी सूत्रों से इसका सबध समझा जायगा, तदनुसार इसका अधिकार-क्षेत्र सूत्र-सख्या २-११५ अर्थात् 'ज्यायामीत्' सूत्र-सख्या २-११५ तक जो भी वर्णन-उल्लेख होगा, वह सब 'सयुक्त वर्ण' के संबध में ही है, चाहे इन सूत्रों में 'सयुक्त' ऐसा उल्लेख हो अथवा न भी हो, तो भी 'सयुक्त' का उल्लेख समझा जाय एवं माना जाय ॥ २-१ ॥

शक्त-मुक्त-दष्ट-रुग्ण-मृदुत्वे को वा ॥ २-२॥

एषु संयुक्तस्य को वा भवति ॥ सक्को सत्तो। मुक्को मुत्तो। डक्को दट्ठो। लुक्को लुग्गो। माउक्कं माउत्तणं ॥

अर्थः—शक्त-मुक्त-दष्ट-रुग्ण और मृदुत्व शब्दों मे रहे हुए सपूर्ण सयुक्त व्यञ्जन के स्थान पर विकल्प से 'क' होता है। जैसे —शक्त=सक्को अथवा सत्तो, मुक्त =मुक्को अथवा मुत्तो, दष्ट =डक्को अथवा दट्ठो, रुग्ण =लुक्को अथवा लुग्गो, और मृदुत्वम्=माउक्क अथवा माउत्तण ।

शक्तः सस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप सक्को और सत्तो होते हैं। इनमें सूत्र-सख्या १-२६० से 'श' का 'स', प्रथम रूप में सूत्र-सख्या २-२ से 'क्त' के स्थान पर विकल्प से 'क' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'क' का द्वित्व 'क्क', द्वितीय रूप में सूत्र सख्या २-७७ से क्' का लोप, २-८९ से शेष रहे हुए 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति और ३-२ से दोनों रूपों में प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से *सक्को* और *सत्तो* दोनों रूपों की सिद्धि हो जाती है।

मुक्त संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप मुक्को और मुत्तो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप मे सूत्र-संख्या २-२ से 'क्त' के स्थान पर विकल्प से 'क', २-८९ से प्राप्त 'क्' का द्वित्व 'क्क', द्वितीय रूप में सूत्र-सख्या २-७७ 'क्', का लोप, २-८९ से शेष रहे हुए 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति और ३-२ से

दोनों रूपों में प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से *सुक्को* और *सुत्तो* रूपों की सिद्धि हो जाती है।

दृष्ट संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप डक्को और दट्ठो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १ २१८ से द का 'ड' २ से ष्ट के स्थान पर 'क' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'क' का द्वित्व 'क्क' और ३ २ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *डक्को* सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप *दट्ठो* की सिद्धि सूत्र संख्या १-२१७ में की गई है।

रुग्ण संस्कृत विशेषण रूप है इसके प्राकृत रूप लुक्को और लुग्गो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप लुक्को की सिद्धि सूत्र-संख्या १ २५४ में की गई है। द्वितीय रूप लुग्गो में सूत्र संख्या १-२५४ से र का 'ल' ४ २५८ से ण प्रत्यय की विकल्प से प्राप्ति तदनुसार यहाँ पर 'ण' का अभाव २-८९ से शेष रहे हुए 'ग' को द्वित्व 'ग्ग' की प्राप्ति और ३ २ प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *लुग्गो* रूप सिद्ध हो जाता है।

मासक्कं और मासवणं रूपों की सिद्धि सूत्र-संख्या १ १ ७ में की गई है॥ २-२॥

क्षः खः क्वचित्तु छ-झौ ॥ २ ३ ॥

क्षस्य खो भवति। खओ। लक्खणं॥ क्वचित्तु छझावपि खीणं। छीणं। झीणं। झिज्जइ॥

अर्थ:—'क्ष' वर्ण का 'ख' होता है। जैसे—क्षयः=खओ॥ लक्षणम्=लक्खणं॥ किसी किसी शब्द में 'क्ष' का 'छ' अथवा 'झ' भी हो जाता है। जैसे—क्षीणम्=खीणं अथवा छीणं अथवा झीणं॥ क्षीयते=झिज्जइ॥

क्षय संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप खओ होता है। इसमें सूत्र संख्या २ ३ से क्ष का 'ख' १ १७७ से 'य' का लोप और ३ २ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारांत पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *खओ* रूप की सिद्धि हो जाती है।

लक्षणम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप लक्खणं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-३ से 'क्ष' को 'ख' २-८९ से प्राप्त 'ख' का द्वित्व 'ख्ख' ९० से प्राप्त पूर्व 'ख्' का 'क्' ३ २५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १ २३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *लक्खणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

क्षीणम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप खीणं छीणं और झीणं होते हैं। इनमें सूत्र संख्या २-३ से क्ष के स्थान पर विकल्प से 'ख' की अथवा 'छ' की अथवा 'झ' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर म् प्रत्यय की प्राप्ति

और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से *खीणं, छीणं* और *झीणं* रूप सिद्ध हो जाते है।

क्षीयते संस्कृत अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप झिज्जइ होता है। इसमे सूत्र-संख्या २-३ से 'क्ष' का 'झ', ३-१६० से संस्कृत भाव कर्मणि प्रयोग में प्राप्त 'ईय' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में 'इज्ज' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-१३६ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर झिज्जइ रूप सिद्ध हो जाता है। ॥२-३।

ष्क-स्कयोर्नाम्नि ॥ २-४ ॥

अनयोर्नाम्नि संज्ञायां खो भवति ॥ ष्क। पोक्खरं। पोक्खरिणी। निक्खं ॥ स्क। खन्धो। खन्धावारो। अवक्खन्दो ॥ नाम्नीति किम्। दुक्करं। निक्कम्पं। निक्कओ। नमोक्कारो। सक्कयं। सक्कारो। तक्करो ॥

अर्थ —यदि किसी नाम वाचक अर्थात् संज्ञा वाचक संस्कृत शब्दों मे 'ष्क' अथवा 'स्क' रहा हुआ हो तो उस 'ष्क' अथवा 'स्क' के स्थान पर प्राकृत रूपान्तर मे 'ख' होता है। जैसे 'ष्क' के उदाहरण इस प्रकार है —पुष्कर=पोक्खर, पुष्करिणी=पोक्खरिणी, निष्कम्=निक्खं इत्यादि ॥ 'स्क' संबधी उदाहरण इस प्रकार है —स्कन्ध=खन्धो, स्कन्धावार=खन्धावारो ॥ अवस्कन्द=अवक्खन्दो ॥ इत्यादि ॥

प्रश्न —'नाम वाचक' अथवा संज्ञा वाचक हो, तभी उसमें स्थित 'ष्क' अथवा 'स्क' का 'ख' होता है' ऐसा क्यों कहा गया है?

उत्तर —यदि 'ष्क' अथवा 'स्क' वाला शब्द नाम वाचक एवं संज्ञा वाचक नहीं होकर विशेषण आदि रूप वाला होगा तो उस शब्द मे स्थित 'ष्क' के अथवा 'स्क' के स्थान पर 'क' होता है। अर्थात् 'ख' नहीं होगा। जैसे दुष्करम्=दुक्करं, निष्कम्पम्=निक्कम्पं, निष्क्रय=निक्कओ, नमस्कारः=नमोक्कारो; संस्कृतम्=सक्कयं, सत्कारः=सक्कारो और तस्करः=तक्करो ॥ पोक्खर रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-११६ में की गई है।

पुष्करिणी संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पोक्खरिणी होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-११६ से 'उ' को 'ओ' की प्राप्ति; २-४ से 'ष्क' के स्थान पर 'ख' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ख' को द्वित्व 'ख्ख' की प्राप्ति, और २-९० से प्राप्त पूर्व 'ख्' का 'क्' होकर *पोक्खरिणी* रूप सिद्ध हो जाता है।

निष्कम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप निक्खं होता है। इस में सूत्र-संख्या २-४ से 'ष्क' के स्थान पर 'ख' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ख' को द्वित्व 'ख्ख' की प्राप्ति; २-९० से प्राप्त पूर्व 'ख्' का 'क्', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *निक्खं* रूप सिद्ध हो जाता है।

स्कन्ध संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप खन्धो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-४ से 'स्क' के स्थान पर 'ख' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *खन्धो* रूप सिद्ध हो जाता है।

स्कन्धावार संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप खन्धावारो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-४ से 'स्क' के स्थान पर 'ख' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *खन्धावारो* रूप सिद्ध हो जाता है।

अवस्कन्द संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप अवक्खन्दो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-४ से 'स्क' के स्थान पर 'ख' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'ख' को द्वित्व 'खख' की प्राप्ति २-९० से प्राप्त पूर्व 'ख्' को 'क्' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अवक्खन्दो* रूप सिद्ध हो जाता है।

दुष्करम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप दुक्करं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७७ से 'ष्' का लोप २-८९ से शेष 'क' का द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में प्राप्त 'सि' प्रत्यय के स्थान पर म् की प्राप्ति और १-२३ से 'म्' का अनुस्वार होकर *दुक्करं* रूप सिद्ध हो जाता है।

निष्कम्पम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप निक्कम्पं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७७ से 'ष्' का लोप २-८९ से शेष 'क' का द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर म् प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *निक्कम्पं* रूप सिद्ध हो जाता है।

निष्क्रयः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप निक्कओ होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७७ से 'ष्' का लोप २-७९ से 'र्' का लोप २-८९ से शेष 'क' को द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति १-१७७ से 'य' का लोप और ३-२ प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारांत पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *निक्कओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

नमोक्कारो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-६२ में की गई है।
सक्कयं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२८ में की गई है।
सक्कारो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२८ में की गई है।

तस्करः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप तक्करो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७७ से 'स्' का लोप २-८९ से शेष 'क' का द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *तक्करो* रूप सिद्ध हो जाता है॥ २-४॥

शुष्क-स्कन्दे वा ॥ २-५ ॥

अनयोः ष्क स्क-योः खो वा भवति ॥ सुक्खं सुक्कं । खन्दो कन्दो ॥

अर्थ —'शुष्क' और 'स्कन्द' में रहे हुए 'ष्क' के स्थान पर एवं 'स्क' के स्थान पर विकल्प से 'ख' होता है। जैसे —शुष्कम्=सुक्खं अथवा सुक्कं और स्कन्दः =खन्दो अथवा कन्दो ॥

शुष्कम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप सुक्खं और सुक्कं होते है। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-२६० से 'श' का 'स', २-५ से 'ष्क' के स्थान पर विकल्प से 'ख', २-८९ से प्राप्त 'ख' का द्वित्व 'ख्ख', २-९० से प्राप्त पूर्व 'ख्' का 'क्' ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप सुक्खं सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में सूत्र संख्या १-२६० से 'श' का 'स', २-७७ से 'ष्' का लोप, २-८९ से शेष 'क' को द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप सुक्कं भी सिद्ध हो जाता है।

स्कन्दः संस्कृत रूप है इसके प्राकृत रूप खन्दो और कन्दो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-५ से 'स्क' के स्थान पर विकल्प से 'ख' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप खन्दो सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप कन्दो में सूत्र-संख्या २-७७ से 'स्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप कन्दो भी सिद्ध हो जाता है। २-५।

क्ष्वेटकादौ ॥ २-६ ॥

क्ष्वेटकादिषु संयुक्तस्य खो भवति ॥ खेडओ ॥ क्ष्वेटक शब्दो विष-पर्यायः । क्ष्वोटकः । खोडओ ॥ स्फोटकः । खोडओ । स्फेटकः । खेडओ ॥ स्फेटिकः । खेडिओ ॥

अर्थः—विष-अर्थ वाचक क्ष्वेटक शब्द में एवं क्ष्वोटक, स्फोटक, स्फेटक और स्फेटिक शब्दों में आदि स्थान पर रहे हुए संयुक्त अक्षरों का अर्थात् 'क्ष्व्', तथा 'स्फ' का 'ख' होता है। जैसे:-क्ष्वेटक' = खेडओ, क्ष्वोटक =खोडओ, स्फोटक =खोडओ, स्फेटक =खेडओ और स्फेटिक =खेडिओ ॥

क्ष्वेटक' संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप खेडओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-६ से 'क्ष्व' के स्थान पर 'ख' का प्राप्ति, १-१९५ से 'ट' का 'ड', १-१७७ से 'क्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर खेडओ रूप सिद्ध हो जाता है।

स्फोटक- संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप खोडओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-६ से 'स्फ्' के स्थान पर 'ख्' की प्राप्ति' १-१९५ से 'ट' का 'ड', १-१७७ से 'क्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *खोडओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

स्फोटक संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप खोडओ होता है। इसमें सूत्र संख्या २-६ से 'स्फ्' के स्थान पर 'ख्' की प्राप्ति १-१९५ से 'ट' का 'ड', १-१७७ से 'क्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *खोडओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

स्फेटक संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप खेडओ होता है। इसमें सूत्र संख्या २-६ से 'स्फ्' के स्थान पर 'ख्' की प्राप्ति, १-१९५ से 'ट' का 'ड', १-१७७ से 'क्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *खेडओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

स्फेटिक संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप खेडिओ होता है। इसमें 'स्फेटकः' के समान ही साधनिका सूत्रों की प्राप्ति होकर *खेडिओ* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ २-६ ॥

स्थाणावहरे ॥ २-७ ॥

स्थाणौ संयुक्तस्य खो भवति हरश्चेद् वाच्यो न भवति ॥ खाणू ॥ अहर इति किम्। थाणुणो रेहा ॥

अर्थ—स्थाणु शब्द के अनेक अर्थ होते हैं—ठूठा वृक्ष, खम्भा, पर्वत और महादेव आदि; जिस समय में स्थाणु शब्द का तात्पर्य 'महादेव' नहीं होकर अन्य अर्थ वाचक हो तो उस समय में प्राकृत रूपान्तर में आदि संयुक्त व्यञ्जन 'स्थ्' का 'ख्' होता है।

प्रश्न— महादेव-अर्थ वाचक 'स्थाणु' शब्द हो तो उस समय में 'स्थाणु' शब्द में स्थित संयुक्त 'स्थ' के स्थान पर 'ख' की प्राप्ति क्यों नहीं होती है? अर्थात् मूल-सूत्र में 'अहर' याने महादेव वाचक नहीं हो ऐसा क्यों उल्लेख किया गया है?

उत्तर—यदि 'स्थाणु' शब्द का अर्थ महादेव होगा तो उस समय में 'स्थाणु' का प्राकृत रूपान्तर 'थाणु' ही होगा न कि 'खाणु'। ऐसा परम्परा-सिद्ध रूप निश्चित है, इस बात को बतलाने के लिये ही मूल-सूत्र में 'अहर' याने महादेव—अर्थ में नहीं ऐसा उल्लेख करना पड़ा है। जैसे-स्थाणुः= (ठूठा वृक्ष)=खाणू॥ स्थाणोः रेखा=(महादेव की चिह्न)=थाणुणो रेहा॥ इस प्रकार 'खाणु' में और 'थाणु' में जो अन्तर है, वह ध्यान में रखना जाना चाहिये॥

स्थाणुः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप खाणू होता है। इसमें सूत्र—संख्या २-७ से संयुक्त व्यञ्जन 'स्थ' का 'ख' और ३-१६ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में उकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर *खाणू* रूप सिद्ध हो जाता है।

स्थाणोः संस्कृत षष्ठ्यन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप थाणुणो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से 'स' का लोप, ३-२३ से षष्ठी विभक्ति के एक वचन में उकारान्त पुल्लिंग में संस्कृत प्रत्यय 'ङस्' के स्थान पर प्राकृत में 'णो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर थाणुणो रूप सिद्ध हो जाता है।

रेखा संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप रेहा होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१८७ से 'ख' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति होकर *रेहा* रूप सिद्ध हो जाता है ॥ २-७ ॥

स्तम्भे स्तो वा ॥ २-८ ॥

स्तम्भ शब्दे स्तस्य खो वा भवति ॥ खम्भो ॥ थम्भो । काष्ठादिमयः ॥

अर्थ.—'स्तम्भ' शब्द में स्थित 'स्त' का विकल्प से 'ख' होता है। जैसे.—स्तम्भ =खम्भो अथवा थम्भा ॥ स्तम्भ अर्थात् लकडी आदि का निर्मित पदार्थ विशेष ॥

स्तम्भ' संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप खम्भो और थम्भो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-८ से 'स्त' का विकल्प से 'ख' और द्वितीय रूप में सूत्र-संख्या २-९ से 'स्त' का 'थ' तथा ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से *खम्भो* और *थम्भो* दोनों रूपों की सिद्धि हो जाती है।

थ-ठाव-स्पन्दे ॥ २-९ ॥

स्पन्दाभाववृत्तौ स्तम्भे स्तस्य थठौ भवतः ॥ थम्भो । ठम्भो ॥ स्तम्भ्यते । थम्भिज्जइ ठम्भिज्जइ ॥

अर्थ—'स्पन्दाभाव" अर्थात् हलन-चलन क्रिया से रहित-जडी भूत अवस्था की स्थिति में "स्तम्भ" शब्द प्रयुक्त हुआ हो तो उस "स्तम्भ" शब्द में स्थित "स्त' का 'थ' भी होता है और "ठ" भी होता है; यों स्तम्भ के प्राकृत रूपान्तर में दो रूप होते हैं। जैसे -स्तम्भ =थम्भो अथवा ठम्भो ॥ स्तम्भ्यते= (उससे स्तम्भ के समान स्थिर हुआ जाता है)=थम्भिज्जइ अथवा ठम्भिज्जइ ॥

थम्भो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या २-८ में की गई है।

स्तम्भः—संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप ठम्भो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-९ से विकल्प से "स्त" का "ठ" और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग मे 'सि" प्रत्यय के स्थान पर "ओ" प्रत्यय की प्राप्ति होकर *ठम्भो* रूप सिद्ध हो जाता है।

स्तम्भ्यते संस्कृत कर्मणि क्रियापद का रूप है। इसके प्राकृत रूप थम्भिज्जइ और ठम्भिज्जइ होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-९ से स्त का विकल्प से 'थ'; ३-१६० से संस्कृत कर्मणिप्रयोग में प्राप्त 'य' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में 'इज्ज' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-१३९ से वर्तमान काल के एक वचन में प्रथम पुरुष में संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *थम्भिज्जइ* सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में उसी सूत्र-संख्या २-९ से स्त का विकल्प से 'ठ' और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *ठम्भिज्जइ* भी सिद्ध हो जाता है। ॥ २-९ ॥

रक्ते गो वा ॥ २-१० ॥

रक्त शब्दे संयुक्तस्य गो वा भवति ॥ रग्गो रत्तो ॥

अर्थ—रक्त शब्द में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'क्त' के स्थान पर विकल्प से 'ग' होता है। जैसे—रक्तः=रग्गो अथवा रत्तो ॥ रक्तः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप रग्गो और रत्तो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-१० से 'क्त' के स्थान पर विकल्प से 'ग' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'ग' को द्वित्व 'ग्ग' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप रग्गो सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में सूत्र-संख्या २-७७ से 'क्' का लोप; २-८९ से शेष 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति और शेष सिद्धि प्रथम रूप के समान ही होकर रत्तो रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ २-१० ॥

शुल्के ङ्गो वा ॥ २-११ ॥

शुल्क शब्दे संयुक्तस्य ङ्गो वा भवति ॥ सुङ्गं सुक्कं ॥

अर्थ—'शुल्क' शब्द में स्थित संयुक्त व्यञ्जन 'ल्क' के स्थान पर विकल्प से 'ङ्ग' की प्राप्ति होती है और इससे शुल्क के प्राकृत-रूपान्तर में दो रूप होते हैं। जो कि इस प्रकार हैं—शुल्कम्=सुङ्गं और सुक्कं ॥

शुल्कम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप सुङ्गं और सुक्कं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-२६० से 'श' का 'स'; २-११ से 'ल्क' के स्थान पर विकल्प से 'ङ्ग' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप 'सुङ्गं' सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप सुक्कं में सूत्र-संख्या १-२६० से 'श' का 'स'; २-७९ से 'ल्' का लोप; २-८९ से शेष रहे हुए 'क' को द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप सुक्कं भी सिद्ध हो जाता है। ॥ २-११ ॥

कृत्ति-चत्वरे चः ॥ २-१२ ॥

अनयोः संयुक्तस्य चो भवति ॥ किच्ची । चच्चरं ॥

अर्थ —'कृति शब्द में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'त्त' स्थान पर 'च' की प्राप्ति और 'चत्वर' शब्द मे रहे हुए सयुक्त व्यञ्जन 'त्व' के स्थान पर भी 'च' की प्राप्ति होती है । जैसेः—कृत्तिः=किच्ची और चत्वरम्=चच्चर ॥

कृत्तिः—सस्कृत रूप है । इसका प्राकृत रूपान्तर किच्ची होता है । इसमें सूत्र-संख्या १-१२८ से 'ऋ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति; २-१२ से सयुक्त व्यञ्जन 'त्त' के स्थान पर 'च' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'च' को द्वित्व 'च्च', ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त स्त्रीलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *किच्ची* रूप सिद्ध हो जाता है ।

चत्वरम् सस्कृत रूप है । इसका प्राकृत रूप चच्चरं होता है । इसमें सूत्र-संख्या २-१२ से संयुक्त व्यञ्जन 'त्व' के स्थान पर 'च' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'च' को द्वित्व 'च्च', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर चच्चरं रूप सिद्ध हो जाता है ॥ २-१२ ॥

त्योऽचैत्ये ॥ २-१३ ॥

चैत्यवर्जिते त्यस्य चो भवति ॥ सच्चं । पच्चओ ॥ अचैत्य इति किम् । चइत्तं ॥

अर्थ—चैत्य शब्द को छोडकर यदि अन्य किसी शब्द में संयुक्त व्यञ्जन 'त्य' रहा हुआ हो तो उस सयुक्त व्यञ्जन 'त्य' के स्थान पर 'च' होता है । जैसेः—सत्यम्=सच्च । प्रत्यय =पच्चओ इत्यादि ॥

प्रश्न —'चैत्य में स्थित 'त्य' के स्थान पर 'च' का निषेध क्यों किया गया है ?

उत्तर — क्योंकि 'चैत्य' शब्द का प्राकृत रूपान्तर चइत्तं उपलब्ध है—परम्परा से प्रसिद्ध है, अतः चैत्य में स्थित 'त्य' के स्थान पर 'च' की प्राप्ति नहीं होती है । जैसेः—चैत्यम्=चइत्तं ।

सत्यम् सस्कृत रूप है । इसका प्राकृत रूप सच्च होता है । इसमें सूत्र-संख्या २-१३ से संयुक्त व्यञ्जन 'त्य' के स्थान पर 'च' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'च' को द्वित्व 'च्च' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *सच्चं* रूप सिद्ध हो जाता है ।

प्रत्यय सस्कृत रूप है । इसका प्राकृत रूपान्तर पच्चओ होता है । इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, २-१३ से 'त्य' के स्थान पर 'च' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'च' को द्वित्व 'च्च' की प्राप्ति, १-१७७ से 'य्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पच्चओ* रूप सिद्ध हो जाता है ।

पइर्स रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१४१ में की गई है। २-१३ ॥

प्रत्यूषे षश्च हो वा ॥२-१४॥

प्रत्यूषे त्यस्य चो भवति, तत्संनियोगे च षस्य हो वा भवति ॥ पच्चूहो । पच्चूसो ॥

अर्थ-'प्रत्यूष' शब्द में स्थित संयुक्त व्यञ्जन 'त्य' का 'च' होता है। इस प्रकार 'च' की प्राप्ति होने पर अन्तिम 'ष' के स्थान पर विकल्प से 'ह' की प्राप्ति होती है। जैसे—प्रत्यूषः=पच्चूहो अथवा पच्चूसो ॥

प्रत्यूषः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप पच्चूहो और पच्चूसो होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप; २-१४ से संयुक्त व्यञ्जन 'त्य' के स्थान पर 'च' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'च' को द्वित्व 'च्च' की प्राप्ति; २-१४ से 'ष' का प्रथम रूप में विकल्प से 'ह' और द्वितीय रूप में वैकल्पिक पक्ष होने से १-२६० से 'ष' का 'स' एवं ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से पच्चूहो और पच्चूसो दोनों रूपों की सिद्धि हो जाती है। २-१४॥

त्व-थ्व-द्व-ध्वां च-छ-ज-झाः क्वचित् ॥२-१५॥

एषां यथासंख्यमेते क्वचित् भवन्ति ॥ भुक्त्वा । भोच्चा ॥ ज्ञात्वा । णच्चा ॥ श्रुत्वा । सोच्चा ॥ पृथ्वी । पिच्छी ॥ विद्वान् । विज्जो ॥ बुद्ध्वा । बुज्झा ॥ -

> भोच्चा सयलं पिच्छिं विज्जं बुज्झा अणण्णय-ग्गामि ।
> चइऊण तवं काउं सन्ती पत्तो सिवं परमं ॥

अर्थ—यदि किसी शब्द में 'त्व' रहा हुआ हो तो कभी-कभी इस संयुक्त व्यञ्जन 'त्व' के स्थान पर 'च' होता है, 'थ्व' के स्थान पर 'छ' होता है, 'द्व' के स्थान पर 'ज' होता है और 'ध्व' के स्थान पर 'झ' होता है। मूल सूत्र में 'क्वचित्' लिखा हुआ है जिसका तात्पर्य यही होता है कि 'त्व' 'थ्व' 'द्व' और 'ध्व' के स्थान पर क्रम से च, छ, ज और झ की प्राप्ति कभी कभी हो जाती है। जैसे—'त्व' के उदाहरण-भुक्त्वा=भोच्चा ॥ ज्ञात्वा=णच्चा । श्रुत्वा=सोच्चा ॥ 'थ्व' का उदाहरण पृथ्वी=पिच्छी ॥'द्व' का उदाहरण-विद्वान्=विज्जो ॥'ध्व' का उदाहरण-बुद्ध्वा=बुज्झा ॥ इत्यादि ॥ गाथा का हिन्दी अर्थ इस प्रकार है—दूसरों का मान्य हुए हैं—ऐसे-(ऋद्धिवाले) हे शांतिनाथ ! (आपने) सम्पूर्ण पृथ्वी का (राज्य) भोग करके (सम्यक्) ज्ञान प्राप्त करके (एवं) तपस्या करने के लिये (राज्य को) छोड़ करके अंत में परम कल्याण रूप (मोक्ष-स्थान) को प्राप्त किया है। (अर्थात् आप सिद्ध स्थान को पधार गये हैं) ॥

भुक्त्वा संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप भोच्चा होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-११६ से 'उ'

के स्थान पर 'ओ' की प्राप्ति, २–७७ से 'क्' का लोप; २–१५ से सयुक्त व्यञ्जन 'त्व' के स्थान पर 'च' की प्राप्ति और २–८९ से प्राप्त 'च' को द्वित्व 'च्च' की प्राप्ति होकर *भोच्चा* रूप सिद्ध हो जाता है।

ज्ञात्वा संस्कृत कृदन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप णच्चा होता है। इसमें सूत्र-संख्या-१–८४ से आदि 'आ' को ह्रस्व 'अ' की प्राप्ति, २–४२ से 'ज्ञ' को 'ण' की प्राप्ति; २–१५ से सयुक्त व्यञ्जन 'त्व' के स्थान पर 'च' की प्राप्ति और २–८९ से प्राप्त 'च' को द्वित्व 'च्च' की प्राप्ति होकर *णच्चा* रूप सिद्ध हो जाता है।

श्रुत्वा सस्कृत कृदन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप सोच्चा होता है। इसमें सूत्र-सख्या २–७९ से 'र्' का लोप, १–२६० से शेष 'श' का 'स', १–११६ से 'उ' के स्थान पर 'ओ' की प्राप्ति, २–१५ से सयुक्त व्यञ्जन 'त्व' के स्थान पर 'च' की प्राप्ति और २–८९ से प्राप्त 'च' को द्वित्व 'च्च' की प्राप्ति होकर *सोच्चा* रूप सिद्ध हो जाता है।

पिच्छी रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १–१२८ में की गई है।

विद्वान् सस्कृत प्रथमान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप विज्जो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' को ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति; २-१५ से 'द्व' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति, २-८९ प्राप्त 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति; १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'न्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विज्जो* रूप सिद्ध हो जाता है।

बुद्ध्वा सस्कृत कृदन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप है बुज्झा होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से 'द्' का लोप, २-१५ से 'ध्व' के स्थान पर 'झ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'झ' को द्वित्व 'झ्झ' की प्राप्ति और २-९० से प्राप्त पूर्व 'झ्' को 'ज्' होकर *बुज्झा* रूप सिद्ध हो जाता है।

भोच्चा रूप की सिद्धि इसी सूत्र में ऊपर की गई है।

सकलम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप सयल होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'क्' का लोप, १-१८० से शेष रहे हुए 'अ' को 'य' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *सयलं* रूप सिद्ध हो जाता है।

पृथ्वीम् सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पिच्छिं होता है। पिच्छि रूप की सिद्धि सूत्र सख्या १-१२८ में की गई है। विशेष इस रूप में सूत्र सख्या ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म् का अनुस्वार होकर *पिच्छिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

विद्याम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप विज्जं होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-३६ से 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, २-२४ से 'द्य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ज' को द्वित्व 'ज्ज'

की प्राप्ति ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में संस्कृत के समान ही 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *पियं* रूप सिद्ध हो जाता है।

युग्मा रूप की सिद्धि इसी सूत्र में ऊपर की गई है।

अनन्यक-गामि संस्कृत तद्धित संबोधन रूप है। इसका प्राकृत रूप अणण्णय-ग्गामि होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२२८ से दोनों 'न' के स्थान पर दो 'ण' की क्रम से प्राप्ति; २-७८ से 'य्' का लोप; २-८९ से द्वितीय 'ण' को द्वित्व 'ण्ण' की प्राप्ति १-१७७ से 'क' का लोप १-१८० से शेष रहे हुए 'अ' को 'य' की प्राप्ति, २-९७ से 'ग' का द्वित्व 'ग्ग' की प्राप्ति और ३-४२ से संबोधन के एक वचन में दीर्घ इकारान्त में ह्रस्व इकारान्त की प्राप्ति होकर *अणण्णय-ग्गामि* रूप सिद्ध हो जाता है।

त्यक्त्वा संस्कृत कृदन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप चइऊण होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-८६ से 'त्यज्' संस्कृत धातु के स्थान पर 'चय्' आदेश की प्राप्ति, ४-२३९ से धात्विक विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति १-१७७ से 'य्' का लोप १-१५७ से लोप हुए 'य्' में से शेष बचे हुए धात्विक विकरण प्रत्यय 'अ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति और २-१४६ से संस्कृत कृदन्त प्रत्यय 'त्वा' के स्थान पर 'तूण' प्रत्यय की प्राप्ति एवं १-१७७ से 'त्' का लोप होकर *चइऊण* रूप सिद्ध हो जाता है।

तप संस्कृत द्वितीयान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप तवं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२३१ से 'प' का 'व' ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में अकारान्त में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *तवं* रूप सिद्ध हो जाता है।

कर्तुम् संस्कृत हेत्वर्थ कृदन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप काउं होता है। मूल संस्कृत धातु 'कृ' है। इसमें सूत्र-संख्या १-१२६ से 'ऋ' का 'अ' ४-२१४ से प्राप्त 'अ' को 'आ' की प्राप्ति १-१७७ से संस्कृत हेत्वर्थ कृदन्त में प्राप्त 'तुम्' प्रत्यय के 'त्' का लोप और १-२३ से अन्त्य 'म्' का अनुस्वार होकर *काउं* रूप सिद्ध हो जाता है। अथवा ४-२१४ से 'अ' को 'आ' की प्राप्ति २-७९ से 'र्' का लोप और १-२३ से अन्त्य 'म्' का अनुस्वार होकर *कार्उं* रूप सिद्ध होता है।

शामिन् संस्कृत प्रथमान्त रूप है इसका प्राकृत रूप सम्मी होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'श' का 'स' १-८४ से 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *सम्मी* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्राप्त संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप पत्तो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप १-८४ से 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, २-७७ से द्वितीय 'प्' का लोप; २-८९ से शेष 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पत्तो* रूप सिद्ध हो जाता है।

शिवम् संस्कृत द्वितीयान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप सिव होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'श' का 'स; ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *सिवं* रूप सिद्ध हो जाता है। *परमम्* संस्कृत द्वितीयान्त विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप परम होता है इसमें सूत्र-संख्या १-२३ से अन्त्य 'म्' का अनुस्वार होकर *परमं* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ २-१५ ॥

वृश्चिके श्चेञ्चुर्वा ॥ २--१६ ॥

वृश्चिके श्चेः सस्वरस्य स्थाने ञ्चुरादेशो वा भवति ॥ छापवादः ॥ विञ्चुओ विंचुओ । पक्षे । विञ्छिओ ॥

अर्थः-वृश्चिक शब्द में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन सहित और उस में स्वर रहे हुए के साथ 'श्चि' के स्थान पर अर्थात् सम्पूर्ण 'श्चि' के स्थान पर विकल्प से 'ञ्चु' का आदेश होता है। सूत्र-संख्या २-२१ में ऐसा विधान है कि 'श्च' के स्थान पर 'छ' होता है। जब कि इसमें 'श्चि' के स्थान पर 'ञ्चु' का आदेश बतलाया गया है, अतः इस सूत्र को सूत्र-संख्या २-२१ का अपवाद समझना चाहिये ॥ उदाहरण इस प्रकार है:—

वृश्चिकः = विञ्चुओ या विंचुओ ॥ वैकल्पिक पक्ष होने से विञ्छिओ भी होता है ॥

वृश्चिकः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप विञ्चुओ, विंचुओ और विञ्छिओ होते हैं। इनमें से प्रथम रूप *विञ्चुओ* की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१२८ में की गई है।

द्वितीय रूप में सूत्र-संख्या १-१२८ से 'ऋ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति, २-१६ से 'श्चि' के स्थान पर 'ञ्चु' का आदेश, १-२५ से आदेश रूप से प्राप्त 'ञ्चु' में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'ञ्' का अनुस्वार, १-१७७ से 'क्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विंचुओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

तृतीय रूप विञ्छिओ में सूत्र-संख्या १-१२८ से 'ऋ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति, २-२१ से 'श्च' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति, १-२६ से आदेश रूप से प्राप्त 'छ' के पूर्व में अनुस्वार की प्राप्ति, १-३० से आगम रूप से प्राप्त अनुस्वार को परवर्ती 'छ' होने के कारण से छवर्ग के पंचमाक्षर रूप हलन्त 'ञ्' की प्राप्ति, १-१७७ से 'क्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर "ओ" प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विञ्छिओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

छोऽक्ष्यादौ ॥२-१७॥

अक्ष्यादिषु संयुक्तस्य छो भवति। खस्यापवादः ॥ अच्छि। उच्छू। लच्छी। कच्छो।

छीअं । छीर । सरिच्छो । वच्छो । मच्छिआ । छेत्तं । छुहा । दच्छो । कुच्छी । वच्छं । छुण्णो । कच्छा । छारो । कुच्छेअयं । छुरो । उच्छा । छयं । सारिच्छं ॥ अक्षि । इक्षु । लक्ष्मी । कक्ष । क्षुत । क्षीर । सदृक्ष । वृक्ष । मक्षिका । क्षेत्र । क्षुध् । दक्ष । कुक्षि । वक्षस् । क्षुण्ण । कक्षा । क्षार । कौक्षेयक । क्षुर । उक्षन् । क्षत । सादृक्ष्य ॥ क्वचित् स्थगित शब्दे पि । छइअं ॥ आर्षे । इक्खू । खीरं । सारिक्खमित्याद्यपि दृश्यते ॥

अर्थ—इस सूत्र में उल्लिखित अक्षि आदि शब्दों में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'क्ष' का 'छ' होता है। सूत्र-संख्या २-३ में कहा गया है कि 'क्ष' का 'ख' होता है। किन्तु इस सूत्र में कहा जा रहा है कि संयुक्त 'क्ष' का 'छ' होता है। अतः इस सूत्र को सूत्र-संख्या २-३ का अपवाद माना जाय। 'क्ष' के स्थान पर प्राप्त 'छ' सम्बन्धी उदाहरण इस प्रकार हैं—अक्षिम्=अच्छि। इक्षु=उच्छू। लक्ष्मीः=लच्छी। कक्षः=कच्छो। क्षुतम्=छीअं। क्षीरम्=छीरं। सदृक्षः=सरिच्छो। वृक्षः=वच्छो। मक्षिका=मच्छिआ। क्षेत्रम्=छेत्तं। क्षुधा=छुहा। दक्षः=दच्छो। कुक्षिः=कुच्छी। वक्षस=वच्छं। क्षुण्णः=छुण्णो। कक्षा=कच्छा। क्षारः=छारो। कौक्षेयकम्=कुच्छेअयं। क्षुरः=छुरो। उक्षा=उच्छा। क्षतम्=छयं। सादृक्ष्यम्=सारिच्छं॥ कभी कभी 'स्थगित' शब्द में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'स्थ' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति होती है। जैसे—स्थगितम्=छइअं॥ आर्ष प्राकृत में इक्षु का इक्खू भी पाया जाता है। क्षीरम् का खीरं भी देखा जाता है और सादृक्ष्यम् का सारिक्खम् रूप भी आर्ष प्राकृत में होता है। इस प्रकार के रूपान्तर स्वरूप वाले अन्य शब्द भी आर्ष प्राकृत में देखे जाते हैं।

अच्छि रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-३५ में की गई है।

उच्छू रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-९५ में की गई है।

लक्ष्मीः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप लच्छी होता है। इसमें सूत्र संख्या २-१७ से संयुक्त व्यञ्जन 'क्ष' के स्थान पर 'छ्' की प्राप्ति; २-७८ से 'म्' का लोप; २-८९ से प्राप्त 'छ' का द्वित्व 'छ्छ' की प्राप्ति; २-९० से प्राप्त पूर्व 'छ्' का 'च' की प्राप्ति और १-११ से अन्त्य विसर्ग रूप व्यञ्जन का लोप होकर *लच्छी* रूप सिद्ध हो जाता है।

कक्षः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कच्छो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-१७ से 'क्ष' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'छ' का द्वित्व 'छ छ' की प्राप्ति; २-९० से प्राप्त पूर्व 'छ' को 'च्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *कच्छो* रूप सिद्ध हो जाता है।

छीअं रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-११२ में की गई है।

क्षीरम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप छीरं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-१७ से 'क्ष' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि'

प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *छीरं* रूप सिद्ध हो जाता है।

सरिच्छो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-४४ मे की गई है।

वृक्ष: संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप वच्छो होता है। इसमें सूत्र-संख्या-१-१२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, २-१७ मे 'क्ष' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'छ' को द्वित्व 'छ्छ' की प्राप्ति, २-९० मे प्राप्त पूर्व 'छ्' को 'च्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वच्छो* रूप सिद्ध हो जाता है।

माक्षिका संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मच्छिआ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१७ से 'क्ष्' के स्थान पर 'छ्' की प्राप्ति, २-८९ प्राप्त, 'छ्' को द्वित्व छ्छ् की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'छ्' को 'च्' की प्राप्ति और १-१७७ से 'क्' का लोप होकर *मच्छिआ* रूप सिद्ध हो जाता है।

क्षेत्रम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप छेत्तं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१७ से 'क्ष्' के स्थान पर 'छ्' की प्राप्ति, २-७९ से 'त्र' मे 'स्थित' 'र्' का लोप, २-८९ से 'शेष' 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर छेत्तं रूप सिद्ध हो जाता है।

छुहा रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१७ में की गई है।

दक्षः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप दच्छो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१७ से 'क्ष' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'छ' को द्वित्व 'छ्छ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'छ्' को 'च्' की प्राप्ति और ३-२ प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *दच्छो* रूप सिद्ध हो जाता है।

कुच्छी रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-३५ में की गई है।

वक्षः=वक्षस् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप वच्छं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१७ से 'क्ष' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'छ' को द्वित्व छ्छ की प्राप्ति; २-९० से प्राप्त, पूर्व 'छ्' को 'च्' की प्राप्ति, १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'स्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *वच्छं* रूप सिद्ध हो जाता है।

क्षुण्णः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप छुण्णो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१७ से 'क्ष्' के स्थान पर 'छ्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में

सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *छुण्णो* रूप सिद्ध हो जाता है।

कक्षा संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कच्छा होता है। इसमें सूत्र संख्या २-१७ से 'क्ष' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'छ्' का द्वित्व 'छ्छ' की प्राप्ति और २-९० से प्राप्त पूर्व 'छ्' को 'च्' की प्राप्ति होकर *कच्छा* रूप सिद्ध हो जाता है।

क्षारः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत छारो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-१७ से 'क्ष्' के स्थान पर 'छ्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *छारो* रूप सिद्ध हो जाता है।

कुच्छेअयं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१६१ में की गई है।

क्षुरः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप छुरो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१७ से 'क्ष्' के स्थान पर 'छ्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *छुरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

उक्षा संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप उच्छा होता है। इसमें सूत्र संख्या २-१७ से 'क्ष' के स्थान पर 'छ्' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'छ्' को द्वित्व 'छ्छ' की प्राप्ति और २-९० से प्राप्त पूर्व 'छ्' को 'च्' की प्राप्ति होकर *उच्छा* रूप सिद्ध हो जाता है।

क्षतम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप छयं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-१७ से 'क्ष' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति १-१७७ से 'त्' का लोप; १-१८० से लोप हुए 'त्' में से शेष रहे हुए 'अ' को 'य' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *छयं* रूप सिद्ध हो जाता है।

सादृक्ष्यम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सारिच्छं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१४२ से 'दृ' के स्थान पर 'रि' का आदेश २-१७ से 'क्ष' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'छ्' को द्वित्व 'छ्छ्' की प्राप्ति २-९० से प्राप्त पूर्व 'छ्' को 'च्' की प्राप्ति, २-७८ से 'य्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर म् प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *सारिच्छं* रूप सिद्ध हो जाता है। -

स्थगितम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप छइअं भी होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१७ से की वृत्ति से संयुक्त व्यञ्जन 'स्थ' के स्थान पर 'छ' का आदेश १-१७७ से 'ग्' को और 'त्' का लोप ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *छइअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

इक्षु' संस्कृत रूप है। इसका आर्ष-प्राकृत में इक्खू रूप होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-३ से 'क्ष्' के स्थान पर 'ख्' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ख्' को द्वित्व 'ख्ख्' की प्राप्ति २-९० से प्राप्त पूर्व 'ख्' को 'क्' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर इक्खू रूप सिद्ध हो जाता है।

क्षीरम् संस्कृत रूप है। इसका आर्ष प्राकृत रूप खीरं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-३ से 'क्ष्' के स्थान पर 'ख्' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *खीरं* रूप सिद्ध हो जाता है।

सादृक्ष्यम् संस्कृत रूप है। इसका आर्ष-प्राकृत रूप सारिक्खं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१४२ से 'दृ' के स्थान पर 'रि' आदेश की प्राप्ति, २-३ से 'क्ष्' के स्थान पर 'ख्' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ख्' को द्वित्व 'ख्ख्' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ख' को 'क' की प्राप्ति, २-७८ से 'य' का लोप, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *सारिक्खं* रूप सिद्ध हो जाता है ॥२-१७॥

क्ष्मायां कौ ॥ २-१८ ॥

कौ पृथिव्यां वर्तमाने क्ष्मा शब्दे संयुक्तस्य छो भवति ॥ छमा पृथिवी ॥ लाक्षणिकस्यापि क्ष्मादेशस्य भवति। क्ष्मा। छमा ॥ काविति किम्। खमा क्षान्तिः ॥

अर्थः-यदि 'क्ष्मा' शब्द का अर्थ पृथिवी हो तो 'क्ष्मा' में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'क्ष' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति होती है। मूल-सूत्र में जो 'कु' लिखा हुआ है, उसका अर्थ 'पृथिवी' होता है। उदाहरण इस प्रकार है'—क्ष्मा=छमा अर्थात् पृथिवी ॥ पृथिवी में सहन-शीलता का गुण होता है। इसी सहन-शीलता वाचक गुण को संस्कृत-भाषा में 'क्षम' भी कहते हैं, तदनुसार जैसा गुण जिसमें होता है; उस गुण के अनुसार ही उसकी संज्ञा संस्थापित करना 'लाक्षणिक-तात्पर्य' कहलाता है। अतः पृथिवी में सहन-शीलता का गुण होने से पृथिवी की एक संज्ञा 'क्ष्मा' भी है। जो कि लाक्षणिक आदेश रूप है। इस लाक्षणिक-आदेश रूप शब्द 'क्ष्मा' में रहे हुए हलन्त संयुक्त व्यञ्जन 'क्ष्' के स्थान पर 'छ' होता है। जैसे:- क्ष्मा=छमा ॥

प्रश्न —मूल-सूत्रकार ने सूत्र में 'कौ' ऐसा क्यों लिखा है ?

उत्तर.—चूंकि 'क्ष्मा' शब्द के संस्कृत भाषा में दो अर्थ होते हैं, एक तो पृथिवी अर्थ होता है और दूसरा क्षान्ति अर्थात् सहन-शीलता। अतः जिस समय में 'क्ष्मा' शब्द का अर्थ 'पृथिवी' होता है, तो

उस समय में प्राकृत-रूपान्तर में 'क्षमा' में स्थित 'क्ष' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति होगी' और जब 'क्षमा' शब्द का अर्थ सहन-शीलता यानि क्षान्ति होता है तो उस समय में 'क्षमा' शब्द में रहे हुए 'क्ष' के स्थान पर 'ख' की प्राप्ति होगी। इस तात्पर्य-विशेष को बतलाने के लिए ही सूत्र-कार ने मूल-सूत्र में 'को' शब्द को जोड़ा है-अथवा लिखा है। जैसे—क्षमा=(क्षान्ति)=खमा अर्थात् सहन-शीलता ॥

क्षमा (पृथिवी) संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप छमा होता है इसमें सूत्र-संख्या-२ १८ से संयुक्त व्यञ्जन 'क्ष' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति होकर *छमा* रूप सिद्ध हो जाता है।

क्ष्मा (पृथिवी) संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप छमा होता है। इसमें सूत्र संख्या २ १८ से हलन्त और संयुक्त व्यञ्जन 'क्ष्' के स्थान पर हलन्त छ् की प्राप्ति २ १०१ से प्राप्त हलन्त 'छ्' में 'अ' स्वर की प्राप्ति होकर *छमा* रूप सिद्ध हो जाता है।

क्षमा-(क्षान्ति) संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप खमा होता है। इसमें सूत्र-संख्या २ ३ से संयुक्त व्यञ्जन 'क्ष' के स्थान पर 'ख' की प्राप्ति होकर *खमा* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ २ १८ ॥

ऋक्षे वा ॥ २ १९ ॥

ऋक्ष शब्दे संयुक्तस्य छो वा भवति ॥ रिच्छं । रिक्खं । रिच्छो । रिक्खो ॥ कथं छूढं क्षिप्तं । वृक्ष-क्षिप्तयो रुक्ख-छूढौ (२ १२७) इति भविष्यति ॥

अर्थ—ऋक्ष शब्द में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'क्ष' का विकल्प से 'छ' होता है। जैसे-ऋक्षम्=रिच्छं अथवा रिक्खं ॥ ऋक्षः=रिच्छो अथवा रिक्खो ॥

प्रश्न—'क्षिप्तम्' विशेषण में रहे हुए स्वर सहित संयुक्त व्यञ्जन 'क्षि' के स्थान पर 'छू' कैसे हो जाता है? एवं 'क्षिप्तम्' का 'छूढं' कैसे बन जाता है?

उत्तर—सूत्र-संख्या २ १२७ में कहा गया है कि 'वृक्ष' के स्थान पर 'रुक्ख' आदेश होता है और 'क्षिप्त' के स्थान पर 'छूढ' आदेश होता है। ऐसा उक्त सूत्र में आगे कहा जायगा ॥

ऋक्षम् -संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप रिच्छं और रिक्खं होते हैं। इसमें सूत्र-संख्या १ १४० से 'ऋ' की 'रि' प्रथम रूप में २ १९ से 'क्ष' के स्थान पर विकल्प से 'छ'; २-८९ से प्राप्त 'छ' को द्वित्व 'छ् छ' की प्राप्ति, २ ९० से प्राप्त पूर्व 'छ' को 'च्' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १ २३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *रिच्छं* सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में सूत्र-संख्या २ ३ से 'क्ष' के स्थान पर 'ख' की प्राप्ति २ ८९ से प्राप्त 'ख' को द्वित्व 'ख् ख' की २ ९० से प्राप्त पूर्व 'ख्' को 'क्' की प्राप्ति ... शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *रिक्खं* सिद्ध हो जाता है।

रिच्छो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१४० मे की गई है।

ऋक्ष' सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप रिक्खो होता है। इसमे सूत्र-संख्या १-१४० से 'ऋ' की 'रि', २-३ से 'क्ष' के स्थान पर 'ख' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'ख' को द्वित्व 'ख्ख' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ख्' को 'क्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय का प्राप्ति होकर *रिक्खो* रूप सिद्ध हो जाता है।

क्षिप्तम् सस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप छूढ होता है। इसमें सूत्र सख्या २-१२७ से संपूर्ण 'क्षिप्त' के स्थान पर 'छूढ' का आदेश, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर छूढ रूप सिद्ध हो जाता है।

वृक्ष: सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप रुक्खो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-१२७ से 'वृक्ष' के स्थान पर 'रुक्ख' का आदेश और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *रुक्खो* रूप सिद्ध हो जाता है।

छूढो रूप की सिद्धि इसी सूत्र से ऊपर कर दी गई है। अन्तर इतना सा है कि ऊपर नपुंसकात्मक विशेषण है और यहाँ पर पुल्लिगात्मक विशेषण है। अतः सूत्र सख्या ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *छूढो* रूप सिद्ध हो जाता है ॥ २-१९ ॥

क्षण उत्सवे ॥ २-२० ॥

क्षण शब्दे उत्सवाभिधायिनि संयुक्तस्य छो भवति ॥ छणो ॥ उत्सव इतिकिम् । खणो ।

अर्थः—क्षण शब्द का अर्थ जब 'उत्सव' हो तो उस समय में क्षण में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'क्ष' का 'छ' होता है। जैसे:—क्षण =(उत्सव)=छणो ॥

प्रश्नः—मूल-सूत्र मे 'उत्सव' ऐसा उल्लेख क्यों किया गया है?

उत्तर—क्षण शब्द के संस्कृत मे दो अर्थ होते हैं। उत्सव और काल वाचक सूक्ष्म समय विशेष। अतः जब 'क्षण' शब्द का अर्थ उत्सव हो तो उस समय में 'क्ष' का 'छ' होता है एवं जब 'क्षण' शब्द का अर्थ सूक्ष्म काल वाचक समय विशेष हो तो उस समय में 'क्षण' में रहे हुए 'क्ष' का 'ख' होता है। जैसे:—'क्षण'. (समय विशेष)=खणो ॥ इस प्रकार की विशेषता बतलाने के लिये ही मूल-सूत्र मे 'उत्सव' शब्द जोड़ा गया है।

क्षण (उत्सव) संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप छणो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-२० से संयुक्त व्यञ्जन 'क्ष' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर छणो रूप सिद्ध हो जाता है।

क्षण (काल वाचक) संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप खणो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-३ से 'क्ष' के स्थान पर 'ख' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर खणो रूप सिद्ध हो जाता है। २-२०॥

ह्स्वात् थ्य श्च त्स-प्सामनिश्चले ॥२-२१॥

ह्स्वात् परयो थ्य श्च त्स प्सां छो भवति निश्चले तु न भवति ॥ थ्य। पच्छं। पच्छा। मिच्छा ॥ श्च। पच्छिमं। अच्छेरं। पच्छा ॥ त्स। उच्छाहो। मच्छलो। मच्छरो। संवच्छलो। संवच्छरो। चिइच्छइ ॥ प्स। लिच्छइ। जुगुच्छइ। अच्छरा। ह्स्वादिति किम्। ऊसारिओ। अनिश्चल इति किम्। निच्चलो ॥ आर्षे तथ्ये चो पि। तच्चं ॥

अर्थ:—यदि किसी शब्द में ह्स्व स्वर के बाद में 'थ्य' 'श्च, त्स' अथवा 'प्स' में से कोई एक आ जाय तो इनके स्थान पर 'छ' की प्राप्ति होती है। किन्तु यह नियम 'निश्चल' शब्द में रहे हुए 'श्च' के लिये नहीं है। यह ध्यान में रहे ॥ 'थ्य' के उदाहरण इस प्रकार हैं—पथ्यम्=पच्छं ॥ पथ्या=पच्छा ॥ मिथ्या=मिच्छा इत्यादि ॥ 'श्च' के उदाहरण इस प्रकार हैं—पश्चिमम्=पच्छिमं। आश्चर्यम्=अच्छेरं ॥ पश्चात्=पच्छा ॥ 'त्स' के उदाहरण इस प्रकार हैं—उत्साहः=उच्छाहो। मत्सरः=मच्छलो अथवा मच्छरो ॥ संवत्सरः=संवच्छलो अथवा संवच्छरो ॥ चिकित्सति=चिइच्छइ ॥ 'प्स' के उदाहरण इस प्रकार हैं—लिप्सते=लिच्छइ ॥ जुगुप्सति=जुगुच्छइ ॥ अप्सरा=अच्छरा ॥ इत्यादि ॥

प्रश्न—'ह्स्व स्वर' के पश्चात् ही रहे हुए हों तो 'थ्य' 'श्च' 'त्स' और 'प्स' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति होती है। ऐसा क्यों कहा गया है?

उत्तर—यदि 'थ्य' 'श्च' 'त्स' और 'प्स' दीर्घ स्वर के परवात् रहे हुए हों तो इनके स्थान पर 'छ' की प्राप्ति नहीं होती है। अतः 'ह्स्व स्वर' का उल्लेख करना पड़ा। जैसे—उत्सारितः=ऊसारिओ। इस उदाहरण में प्राकृत रूप में 'ऊ' दीर्घ स्वर है, अतः इसके परवर्ती 'त्स' का 'छ' नहीं हुआ है। यदि प्राकृत रूप में ह्स्व स्वर होता तो 'त्स' का 'छ' हो जाता।

प्रश्न—'निश्चल' शब्द में ह्स्व स्वर 'इ' के पश्चात् ही 'श्च' रहा हुआ है, तो फिर 'श्च' के स्थान पर प्राप्तव्य 'छ' का निषेध क्यों किया गया है?

उत्तर—परम्परागत प्राकृत साहित्य में 'निश्चल' संस्कृत शब्द का प्राकृत रूप 'निच्चलो' ही उप

लब्ध है, अत परम्परागत रूप के प्रतिकूल अन्य रूप कैसे लिखा जाय ? इसीलिये 'निश्चल' का 'निच्छलो' नहीं होकर निच्चलो ही होता है। तदनुसार मूल-सूत्र मे 'निश्चल' शब्द को पृथक् कर दिया गया है। अर्थात् यह नियम 'निश्चल' में लागू नहीं होता है। अतएव संस्कृत रूप निश्चल' का प्राकृत रूप निच्चलो होता है।

आर्ष-प्राकृत में संस्कृत शब्द 'तथ्य' मे रहे हुए 'थ्य' के स्थान पर 'च' होता है। जैसे — तथ्यम = तच्च ॥

पथ्यम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप पच्छं होता है। इसमे सूत्र-संख्या २-२१ से 'थ्य' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'छ' को द्वित्व 'छछ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'छ्' को 'च्' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर पच्छं रूप सिद्ध हो जाता है।

पथ्या संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पच्छा होता है। इसमें सूत्र संख्या २-२१ से 'थ्य' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'छ' को द्वित्व "छछ' की प्राप्ति और २-९० से प्राप्त पूर्व 'छ' को 'च्' की प्राप्ति होकर *पच्छा* रूप सिद्ध हो जाता है।

मिथ्या संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मिच्छा होता है। इसमें सूत्र संख्या २-२१ से 'थ्य' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'छ' को द्वित्व 'छछ' की प्राप्ति और २-९० से प्राप्त पूर्व 'छ्' को 'च्' की प्राप्ति होकर *मिच्छा* रूप सिद्ध हो जाता है।

पश्चिमम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप पच्छिमं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-२१ से 'श्च' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'छ' को द्वित्व 'छछ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व छ' को 'च् की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *पच्छिमं* रूप सिद्ध हो जाता है।

अच्छेरं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-५८ मे की गई है।

पश्चात् संस्कृत अव्यय रूप है। इस का प्राकृत रूप पच्छा होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-२१ से 'श्च' के स्थन पर 'छ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'छ' को द्वित्व 'छछ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'छ्' को 'च' की प्राप्ति और १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'त्' का लोप होकर *पच्छा* रूप सिद्ध हो जाता है। उच्छाहो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-११४ में की गई है।

मत्सरः संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप मच्छलो और मच्छरो होते हैं। इनमें सूत्र संख्या २-२१ से 'त्स' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'छ' को द्वित्व 'छछ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'छ्' को 'च्' की प्राप्ति, १-२५४ से प्रथम रूप में 'र के स्थान पर 'ल' की प्राप्ति और द्वितीय

रूप में सूत्र संख्या १ २ से प्रथम रूप की अपेक्षा से र का 'र ही और ३ २ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर दोनों रूप मच्छलो एवं मच्छरो क्रम से सिद्ध हो जाते हैं।

संवत्सर संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप संवच्छलो और संवच्छरो होते हैं। इनमें सूत्र संख्या २ २१ से 'त्स' के स्थान पर छ की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त छ' को द्वित्व 'छ्छ की प्राप्ति २ ९० से प्राप्त पूर्व 'छ' को 'च्' की प्राप्ति, १ २५४ से प्रथम रूप में र के स्थान पर ल की प्राप्ति और द्वितीय रूप में सूत्र संख्या १ २ से प्रथम रूप की अपेक्षा से 'र का 'र ही और ३ २ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर दोनों रूप संवच्छलो और संवच्छरो क्रम से सिद्ध हो जाते हैं।

चिकित्सति संस्कृत सकर्मक क्रिया पद का रूप है। इसका प्राकृत रूप चिइच्छइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १ १७७ से 'क का लोप २ २१ से 'त्स के स्थान पर 'छ की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'छ' को द्वित्व 'छ्छ' की प्राप्ति २ ९० से प्राप्त पूर्व छ को च् की प्राप्ति, और ३ १३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *चिइच्छइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

लिप्सते संस्कृत सकर्मक क्रिया पद का रूप है। इसका प्राकृत रूप लिच्छइ होता है। इसमें सूत्र संख्या २ २१ से 'प्स के स्थान पर 'छ की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'छ' को द्वित्व 'छ्छ की प्राप्ति २ ९० से प्राप्त पूर्व 'छ को 'च् की प्राप्ति और ३ १३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'त के स्थान पर प्राकृत में 'इ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *लिच्छइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

जुगुप्सति संस्कृत सकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप जुगुच्छइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-२१ से प्स के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'छ का द्वित्व 'छ्छ की प्राप्ति २ ९० से प्राप्त पूर्व 'छ् को 'च की प्राप्ति और ३ १३९ से वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जुगुच्छइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

अच्छरा रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १ २० में की गई है।

उत्सारित संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप ऊसारिओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-११४ से ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर ऊ की प्राप्ति २-७७ से प्रथम त् का लोप १ १७७ से द्वितीय 'त् का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *ऊसारिओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

विश्वस्त संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप विस्सत्थो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'व्' का लोप २-८९ से 'स को द्वित्व 'स्स की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के

एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *निच्चलो* रूप सिद्ध हो जाता है।

तथ्यम् संस्कृत रूप है। इसका आर्ष-प्राकृत में तच्चं रूप होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-२१ की वृत्ति से 'थ्य' के स्थान पर 'च' का प्राप्ति, २-८६ से प्राप्त 'च' को द्वित्व 'च्च' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *तच्चं* रूप सिद्ध हो जाता है ॥२-२१॥

सामर्थ्योत्सुकोत्सवे वा ॥२-२२॥

एषु संयुक्तस्य छो वा भवति ॥ सामच्छं सामत्थं। उच्छुओ ऊसुओ। उच्छवो ऊसवो ॥

अर्थः—सामर्थ्य उत्सुक और उत्सव शब्दों मे रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन के स्थान पर विकल्प से 'छ' होता है। जैसेः—सामर्थ्यम्=सामच्छं अथवा सामत्थं ॥ उत्सुकः=उच्छुओ अथवा ऊसुओ ॥ उत्सवः=उच्छवो अथवा ऊसवो ॥

सामर्थ्यम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप सामच्छं और सामत्थं रूप होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, २-२२ से संयुक्त व्यञ्जन 'थ्य' के स्थान पर विकल्प से 'छ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'छ' का द्वित्व 'छ्छ'; २-९० से प्राप्त पूर्व 'छ्' का च', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *सामच्छं* रूप सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप 'सामत्थं' में सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, २-७८ से 'य्' का लोप, २-८९ से शेष रहे हुए 'थ' को द्वित्व 'थ्थ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'थ्' को 'त्' की प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *सामत्थं* भी सिद्ध हो जाता है।

उत्सुकः संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप उच्छुओ और ऊसुओ होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या २-२२ से वैकल्पिक रूप से संयुक्त व्यञ्जन 'त्स्' के स्थान पर 'छ्' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'छ' को द्वित्व 'छ्छ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व छ्' को च्' की प्राप्ति, १-१७७ से 'क्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *उच्छुओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप ऊसुओ की सिद्धि सूत्र संख्या १-११४ में की गई है।

उत्सवः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप उच्छवो और ऊसवो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या २-२२ से संयुक्त व्यञ्जन 'त्स' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'छ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'छ' को द्वित्व 'छछ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'छ' को 'च्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति

के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप उच्छओ सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप ऊसवो की सिद्धि सूत्र संख्या १-८४ में की गई है। ॥ २-२२ ॥

स्पृहायाम् ॥ २ २३ ॥

स्पृहा शब्दे संयुक्तस्य छो भवति। फस्यापवादः ॥ छिहा ॥ बहुलाधिकारात् क्वचिदन्यदपि। निप्पिहो ॥

अर्थ –स्पृहा शब्द में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'स्प' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति होती है। आगे सूत्र-संख्या २-५३ में यह बतलाया जायगा कि सर्व-सामान्य रूप से 'स्प' के स्थान पर 'फ' की प्राप्ति होती है। किन्तु इस सूत्र-संख्या २-२३ से यह कहा जाता है कि स्पृहा में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'स्प' के स्थान पर 'छ' होता है अतः इस नियम को उस नियम का अपवाद माना जाय। उदाहरण इस प्रकार है—

स्पृहा=छिहा ॥ सूत्र-संख्या २-५३ के अनुसार 'स्पृहा' का प्राकृत रूप 'फिहा' होना चाहिये था किन्तु इस नियम के अनुसार 'छिहा' हुआ है। अतः सूत्र-संख्या २-२३ सूत्र-संख्या २-५३ का अपवाद रूप सूत्र है। यह ध्यान में रहे। सूत्र-संख्या १-२ के अनुसार बहुलाधिकार से कहीं कहीं पर 'स्पृहा' का दूसरा रूप भी पाया है। जैसे – निस्पृहः=निप्पिहो ॥ सूत्र-संख्या २ २२ के अनुसार 'निस्पृह' का प्राकृत रूप 'निच्छिहो' नहीं हुआ है। अतः यह रूप-भिन्नता बहुलाधिकार से जानना ॥

छिहा रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १ १ २८ में की गई है।

निस्पृहः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप निप्पिहो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २ ७७ 'स्' का लोप' २-८९ से 'प्' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति १-१२८ से 'ऋ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *निप्पिहो* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥२-२३॥

द्य-य्य र्यां जः ॥ २-२४ ॥

एषां संयुक्तानां जो भवति ॥ द्य। मज्जं। अवज्जं। वेज्जो। जुई। जोओ ॥ य्य। जज्जो सेज्जा ॥ र्य। भज्जा। चौर्य समत्वात् भारिआ। कज्जं। वज्जं पज्जाओ। पज्जत्तं मज्जाया ॥

अर्थ –यदि किसी शब्द में 'द्य' अथवा 'य्य' अथवा 'र्य' रहा हुआ हो तो इन संयुक्त व्यंजनों के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति होती है 'द्य' के उदाहरण इस प्रकार है—मद्यम्=मज्जं। अवद्यम्=अवज्जं। वैद्यः=वेज्जो। द्युतिः=जुई। और द्योतः=जोओ ॥ 'य्य' के उदाहरण इस प्रकार है—जय्यः=जज्जो। शय्या

=सेज्जा। 'र्य' के उदाहरण'- भार्या=भज्जा। सूत्र-संख्या २-१०७ से भार्या का भरिआ रूप भी होता है। कार्यम्=कज्ज। वर्यम=वज्ज। पर्याय'=पज्जाओ। पर्याप्तम्=पज्जत्त और मर्यादा=मज्जाया।।इत्यादि।।

मद्यम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मज्ज होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-२४ से संयुक्त व्यञ्जन 'द्य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ज' का द्वित्व 'ज्ज'; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *मज्जं* रूप सिद्ध हो जाता है।

अवद्यम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप अवज्जं होता है। इसमे सूत्र-संख्या २-२४ से संयुक्त व्यञ्जन 'द्य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *अवज्जं* रूप सिद्ध हो जाता है।

वेज्जो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१४८ मे की गई है।

द्युति संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप जुई होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-२४ से संयुक्त व्यञ्जन 'द्य्' के स्थान पर 'ज्' की प्राप्ति, १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त स्त्रीलिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *जुई* रूप सिद्ध हो जाता है।

द्योतः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप जोओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-२४ से संयुक्त व्यञ्जन 'द्य्' के स्थान पर 'ज्' की प्राप्ति, १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जोओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

जय्य संस्कृत विशेषण रूप है। इस का प्राकृत रूप जज्जो होता है। इस में सूत्र-संख्या २-२४ से संयुक्त व्यञ्जन 'य्य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जज्जो* रूप सिद्ध हो जाता है।

सेज्जा रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-५७ मे की गई है।

भार्या संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप भज्जा होता है। इस में सूत्र-संख्या १-८४ से 'भा' में स्थित दीर्घ स्वर 'आ' को 'अ' की प्राप्ति, २-२४ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति और २-८९ से प्राप्त 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति होकर *भज्जा* रूप सिद्ध हो जाता है।

भार्या संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत में वैकल्पिक रूप भारिआ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २ १ ७ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के र् में 'इ' की प्राप्ति और १ १७७ से य् का लोप होकर *भारिआ* रूप सिद्ध हो जाता है।

कज्जं और *वज्जं* दोनों रूपों की सिद्धि सूत्र संख्या १-१८७ में की गई है।

पर्यायः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पज्जाओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २ २४ से संयुक्त व्यञ्जन र्य के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति १-१७७ से द्वितीय य् का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पज्जाओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

पर्याप्तम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पज्जत्तं होता है। इस में सूत्र-संख्या २ २४ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के स्थानपर 'ज' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त ज को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति १-८४ से दीर्घस्वर 'आ' के स्थानपर अ की प्राप्ति २-७७ से द्वितीय हलन्त 'प्' का लोप २-८९ से शेष रहे हुए 'त' का द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *पज्जत्तं* रूप सिद्ध हो जाता है।

मर्यादा संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मज्जाया होता है। इस में सूत्र-संख्या २ २४ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त ज को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति १ १७७से 'द' का लोप; और १ १८० से लोप हुए 'द' में से शेष रहे हुए 'अ' को 'य' की प्राप्ति होकर *मज्जाया* रूप सिद्ध हो जाता है ॥२-२४॥

अभिमन्यौ ज ञ्जौ वा ॥ २ २५ ॥

अभिमन्यौ संयुक्तस्य जो ञ्जश्च वा भवति ॥ अहिमज्जू । अहिमञ्जू । पक्षे अहिमन्नू ॥ अभिग्रहणादिह न भवति । मन्नू ॥

अर्थ—'अभिमन्यु' शब्द में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'न्य' के स्थान पर विकल्प से 'ज' और 'ञ्ज' की प्राप्ति होती है। इस प्रकार 'अभिमन्यु' संस्कृत शब्द के प्राकृत रूप तीन हो जाते हैं जो कि इस प्रकार हैं—अभिमन्युः=अहिमज्जू अथवा अहिमञ्जू अथवा अहिमन्नू ॥ मूल-सूत्र में 'अभिमन्यु' लिखा हुआ है अतः जिस समय में केवल 'मन्यु' शब्द होगा अर्थात् 'अभि' उपसर्ग नहीं होगा तब 'मन्यु' शब्द में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'न्य' के स्थान पर सूत्र-संख्या २ २५ के अनुसार क्रम से 'ज' अथवा 'ञ्ज' की प्राप्ति नहीं होगी। तात्पर्य यह है कि 'मन्यु' शब्द के साथ में 'अभि' उपसर्ग होने पर ही संयुक्त व्यञ्जन 'न्य' के स्थान पर ज अथवा 'ञ्ज' की प्राप्ति होती है, अन्यथा नहीं। जैसे—मन्युः=मन्नू ॥

अभिमन्युः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत में तीन रूप होते है.– अहिमज्जू, अहिमञ्जू और अहिमन्नू॥ इनमे से प्रथम रूप में सूत्र-सख्या १-१८७ से 'भ' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, २-२५ से सयुक्त व्यञ्जन 'न्य' के स्थान पर विकल्प से 'ज' की प्राप्ति; २-८६ से प्राप्त 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति और ३-१६ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में उकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *अहिमज्जू* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप में सूत्र-संख्या १-१८७ से 'भ' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति; २-२५ से सयुक्त व्यञ्जन 'न्य' के स्थान पर विकल्प से 'ञ्ज' की प्राप्ति; और ३-१६ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे प्रथम रूप के समान ही साधनिका की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *अहिमञ्जू* भी सिद्ध हो जाता है।

तृतीय रूप *अहिमन्नू* की सिद्धि सूत्र-सख्या १-२४३ में की गई है।

मन्युः सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मन्नू होता है। इसमें सूत्र सख्य २-७८ से 'य्' का लोप, २-८६ से रहे हुए 'न' को द्वित्व 'न्न्' की प्राप्ति, और ३-१६ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे उकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर *मन्नू* रूप सिद्ध हो जाता है ॥ २-२५ ॥

साध्वस-ध्य-ह्यां-झः ॥२-२६॥

साध्वसे संयुक्तस्य ध्य-ह्ययोश्च झो भवति ॥ सज्झस ॥ ध्य। वज्झए। झाणं। उवज्झाओ। सज्भाओ सज्झं विञ्झो ॥ ह्य। सज्झो मज्झं ॥ गुज्झं। णज्झइ ॥

अर्थः—'साध्वस' शब्द मे रहे हुए सयुक्त व्यञ्जन 'ध्व' के स्थान पर 'झ' की प्राप्ति होती है। जैसे–साध्वसम्=सज्झस ॥ इसी प्रकार जिन शब्दों में सयुक्त व्यञ्जन 'ध्य' होता है अथवा 'ह्य' होता है; तो इन सयुक्त व्यञ्जन 'ध्य' के स्थान पर और 'ह्य' के स्थान पर 'झ' की प्राप्ति होती है। जैसे –'ध्य' के उदाहरण इस प्रकार है–वध्यते=वज्झए। ध्यानम्=झाण। उपाध्याय=उवज्झाओ। स्वाध्याय=सज्झाओ। साध्यम्=सज्झ और विंध्यः=विञ्झो ॥ 'ह्य' के उदाहरण इस प्रकार है:—सह्य=सज्झो। मह्य=मज्झ। गुह्यम्=गुज्झ और नह्यति=णज्झइ इत्यादि ॥

साध्वसम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सज्झस होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-८४ से दीर्घस्वर 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, २-२६ से सयुक्त व्यञ्जन 'ध्व' के स्थान पर 'झ' की प्राप्ति; २-८६ से प्राप्त 'झ' को द्वित्व 'झ्झ' की प्राप्ति, २-६० से प्राप्त पूर्व 'झ्' को 'ज्' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *सज्झसं* रूप सिद्ध हो जाता है।

मार्गा संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत में वैकल्पिक रूप मारिआ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २ १ ७ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के 'र्' में 'इ' की प्राप्ति और १ १७७ से य् का लोप होकर मारिआ रूप सिद्ध हो जाता है।

पज्जं और *पज्जं* दोनों रूपों की सिद्धि सूत्र संख्या १-१८७ में की गई है।

पर्याय संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पज्जाओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-२४ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ज' का द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति १-१७७ से द्वितीय य् का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर पज्जाओ रूप सिद्ध हो जाता है।

पर्याप्तम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पज्जत्तं होता है। इस में सूत्र-संख्या २ ४ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के स्थानपर 'ज' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'ज' का द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति १-८४ से दीर्घस्वर 'आ' के स्थानपर 'अ' की प्राप्ति २-७७ से द्वितीय हलन्त 'प्' का लोप २-८९ से शेष रहे हुए 'त' का द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *पज्जत्तम्* रूप सिद्ध हो जाता है।

मर्यादा संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मज्जाया होता है। इस में सूत्र-संख्या २-२४ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति, २ ८९ से प्राप्त 'ज' को द्वित्व 'ज्ज की प्राप्ति' १ १७७से 'द' का लोप, और १ १८० से लोप हुए 'द' में से शेष रहे हुए 'आ' को 'या' की प्राप्ति होकर *मज्जाया* रूप सिद्ध हो जाता है ॥२-२४॥

अभिमन्यौ ज ञ्जौ वा ॥ २ २५ ॥

अभिमन्यौ संयुक्तस्य जो ञ्जश्च वा भवति ॥ अहिमज्जू । अहिमञ्जू । पक्षे अहिमन्नू ॥ अभिग्रहणादिह न भवति । मन्नू ॥

अर्थ—'अभिमन्यु' शब्द में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'न्य' के स्थान पर विकल्प से 'ज' और 'ञ्ज' की प्राप्ति होती है। इस प्रकार 'अभिमन्यु' संस्कृत शब्द के प्राकृत रूप तीन हो जाते हैं जो कि इस प्रकार हैं—अभिमन्युः=अहिमज्जू अथवा अहिमञ्जू अथवा अहिमन्नू ॥ मूल-सूत्र में 'अभिमन्यु' लिखा हुआ है, अतः जिस समय में केवल 'मन्यु' शब्द होगा अर्थात् 'अभि' उपसर्ग नहीं होगा तब 'मन्यु' शब्द में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'न्य' के स्थान पर सूत्र-संख्या २-२५ के अनुसार क्रम से 'ज' अथवा 'ञ्ज' की प्राप्ति नहीं होगी। तात्पर्य यह है कि 'मन्यु' शब्द के साथ में 'अभि' उपसर्ग होने पर ही संयुक्त व्यञ्जन 'न्य' के स्थान पर 'ज' अथवा 'ञ्ज' की प्राप्ति होती है, अन्यथा नहीं। जैसे— मन्युः=मन्नू ॥

अभिमन्यु. संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत में तीन रूप होते हैं — अहिमज्जू, अहिमञ्जू और अहिमन्नू ॥ इनमे से प्रथम रूप मे सूत्र-संख्या १-१८७ से 'भ' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, २-२५ से संयुक्त व्यञ्जन 'न्य' के स्थान पर विकल्प से 'ज' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे उकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *अहिमज्जू* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप में सूत्र-संख्या १-१८७ से 'भ' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति; २-२५ से संयुक्त व्यञ्जन 'न्य' के स्थान पर विकल्प से 'ञ्ञ' की प्राप्ति; और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में प्रथम रूप के समान ही साधनिका की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *अहिमञ्जू* भी सिद्ध हो जाता है।

तृतीय रूप *अहिमन्नू* की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२४३ में की गई है।

मन्युः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मन्नू होता है। इसमें सूत्र संख्य २-७८ से 'य्' का लोप, २-८९ से रहे हुए 'न्' को द्वित्व 'न्न्' की प्राप्ति, और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में उकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर *मन्नू* रूप सिद्ध हो जाता है ॥ २-२५ ॥

साध्वस-ध्य-ह्यां-झः ॥२-२६॥

साध्वसे संयुक्तस्य ध्य-ह्ययोश्च झो भवति ॥ सज्झसं ॥ ध्य । वज्झए । झाणं । उवज्झाओ । सज्झाओ सज्झं विञ्झो ॥ ह्य । सज्झो मज्झं ॥ गुज्झं । णज्झइ ॥

अर्थः—'साध्वस' शब्द में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'ध्व' के स्थान पर 'झ' की प्राप्ति होती है। जैसे'-साध्वसम्=सज्झसं ॥ इसी प्रकार जिन शब्दो में सयुक्त व्यञ्जन 'ध्य' होता है अथवा 'ह्य' होता है; तो इन सयुक्त व्यञ्जन 'ध्य' के स्थान पर और 'ह्य' के स्थान पर 'झ' की प्राप्ति होती है। जैसे -'ध्य' के उदाहरण इस प्रकार है:-वध्यते=वज्झए। ध्यानम्=झाणं। उपाध्याय'=उवज्झाओ। स्वाध्याय=सज्झाओ। साध्यम्=सज्झं और विंध्य'=विञ्झो ॥ 'ह्य' के उदाहरण इस प्रकार हैं:—सह्य=सज्झो। मह्य=मज्झं। गुह्यम्=गुज्झं और नह्यति=णज्झइ इत्यादि ॥

साध्वसम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सज्झसं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-८४ से दीर्घस्वर 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, २-२६ से सयुक्त व्यञ्जन 'ध्व' के स्थान पर 'झ' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'झ' को द्वित्व 'झ्झ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'झ्' को 'ज्' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *सज्झसं* रूप सिद्ध हो जाता है।

पच्यते संस्कृत अकर्मक क्रिया पद का रूप है। इसका प्राकृत रूप पज्झइ होता है। इसमें सूत्र संख्या २-२६ से संयुक्त व्यञ्जन 'च्य' के स्थान पर 'झ' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'झ' को द्वित्व 'झ झ' की प्राप्ति २-९० से प्राप्त पूर्व 'झ्' का 'ज' की प्राप्ति और ३-१३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय ते के स्थान पर प्राकृत में इ प्रत्यय की प्राप्ति होकर पज्झइ रूप सिद्ध हो जाता है।

ध्यानम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप झाणं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-२६ से संयुक्त व्यञ्जन 'ध्य' के स्थान पर 'झ' की प्राप्ति १-२२८ से 'न' का 'ण' ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर झाणं रूप सिद्ध हो जाता है।

उवज्झाओ रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१७३ में की गई है।

स्वाध्याय संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सज्झाओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से अथवा २-७९ से 'व्' का लोप, १-८४ से प्रथम दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति २-२६ से संयुक्त व्यञ्जन 'ध्य' के स्थान पर 'झ' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'झ' को द्वित्व 'झ्झ' की प्राप्ति २-९० से प्राप्त पूर्व 'झ्' के स्थान पर 'ज्' की प्राप्ति १-१७७ से द्वितीय 'य' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर सज्झाओ रूप सिद्ध हो जाता है।

साध्यम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप सज्झं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-८४ से प्रथम दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति २-२६ से संयुक्त व्यञ्जन 'ध्य' के स्थान पर 'झ' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'झ' को द्वित्व 'झझ' की प्राप्ति २-९० से प्राप्त पूर्व 'झ' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर सज्झं रूप सिद्ध हो जाता है।

विन्ध्य संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप विञ्झो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-२६ से संयुक्त व्यञ्जन 'ध्य' के स्थान पर 'झ' की प्राप्ति १-३० से अनुस्वार को 'झ' वर्ण आगे होने से 'ञ' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर विञ्झो रूप सिद्ध हो जाता है।

सह्य संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सज्झो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-२६ से संयुक्त व्यञ्जन 'ह्य' के स्थान पर 'झ' प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'झ' को द्वित्व झझ की प्राप्ति; २-९० से प्राप्त पूर्व 'झ' के स्थान पर ज् की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर सज्झो रूप सिद्ध हो जाता है।

नह्यम् संस्कृत सर्वनाम अस्मद् का चतुर्थ्यन्त रूप है। इसका रूप मज्झं होता है। इसमे सूत्र-संख्या २-२६ से संयुक्त व्यञ्जन 'ह्य' के स्थान पर 'झ' की प्राप्ति, २-८६ से प्राप्त 'झ' को द्वित्व 'झ्झ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'झ' के स्थान पर 'ज्' की प्राप्ति और १-२३ से अन्त्य हलन्त 'म्' का अनुस्वार होकर *मज्झं* रूप सिद्ध हो जाता है।

गुह्यम् संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप गुज्झं होता है। इसमे सूत्र-संख्या २-२६ से संयुक्त व्यञ्जन 'ह्य' के स्थान पर 'झ' की प्राप्ति, २-८६ से प्राप्त 'झ' को द्वित्व 'झ्झ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'झ' के स्थान पर 'ज्' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *गुज्झं* रूप सिद्ध हो जाता है।

नह्यति संस्कृत सकर्मक क्रिया पद का रूप है। इसका प्राकृत रूप णज्झइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२२८ से 'न' का 'ण', २-२६ से संयुक्त व्यञ्जन 'ह्य' के स्थान पर 'झ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'झ' को द्वित्व 'झ्झ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'झ्' के स्थान पर 'ज्' की प्राप्ति, और ३-१३९ से वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के एक वचन मे संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *णज्झइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

ध्वजे वा ॥ २-२७ ॥

ध्वज शब्दे संयुक्तस्य झो वा भवति ॥ झओ धओ ॥

अर्थः—'ध्वज' शब्द में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'ध्व' के स्थान पर विकल्प से 'झ' होता है। जैसे —ध्वज =झओ अथवा धओ ॥

ध्वजः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप झओ और धओ होते हैं। इनमें से प्रथम रूप मे सूत्र-संख्या २-२७ से संयुक्त व्यञ्जन 'ध्व' के स्थान पर विकल्प से 'झ' की प्राप्ति, १-१७७ से 'ज्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *झओ* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप धओ में २-७९ से 'व्' का लोप और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *धओ* भी सिद्ध हो जाता है। ॥ २-२७ ॥

इन्धौ झा ॥ २-२८ ॥

इन्धौ धातौ संयुक्तस्य झा इत्यादेशो भवति ॥ समिज्झाइ । विज्झाइ ॥

अर्थ —'इन्ध्' धातु में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'न्ध्' के स्थान पर 'झा' का आदेश होता है।

जैसे:—समिन्धते=समिज्झाइ । विन्धते=विज्झाइ ॥

समिन्धते अकर्मक क्रिया पद का रूप है। इसका प्राकृत रूप समिज्झाइ होता है। इसमें सूत्र संख्या २-२८ से संयुक्त व्यञ्जन 'न्ध' के स्थान पर 'झ' आदेश की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त झ को द्वित्व 'झ्झ' की प्राप्ति २-९० से प्राप्त पूर्व झ् को 'ज्' की प्राप्ति और ३-१३९ के वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'ते' के स्थान पर प्राकृत में इ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *समिज्झाइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

विन्धते संस्कृत अकर्मक क्रिया पद का रूप है। इसका प्राकृत रूप विज्झाइ होता है। इसमें सूत्र संख्या २-२८ से संयुक्त व्यञ्जन 'न्ध' के स्थान पर 'झ' आदेश की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त झ को द्वित्व 'झ्झ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'झ्' को 'ज्' की प्राप्ति और ३-१३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'ते' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विज्झाइ* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ २-२८ ॥

वृत्त प्रवृत्त-मृत्तिका पत्तन-कदर्थिते टः ॥ २-२९ ॥

एषु संयुक्तस्य टो भवति ॥ वट्टो । पयट्टो । मट्टिआ । पट्टणं । कवट्टिओ ॥

अर्थ:—वृत्त प्रवृत्त मृत्तिका पत्तन और कदर्थित शब्दों में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'त्त' के स्थान पर और 'र्थ' के स्थान पर 'ट' की प्राप्ति होती है। जैसे:—वृत्तः=वट्टो। *प्रवृत्तः*=पयट्टो। मृत्तिका=मट्टिआ। पत्तनम्=पट्टणं और कदर्थितः=कवट्टिओ ॥

वृत्तः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप वट्टो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, २-२९ से संयुक्त व्यञ्जन 'त्त' के स्थान पर 'ट' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ट' को द्वित्व 'ट्ट' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वट्टो* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रवृत्तः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप पयट्टो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से र् का लोप; १-१२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति' १-१७७ से व् का लोप' १-१८० से लोप हुए 'व्' में से शेष रहे हुए 'अ' को 'य' की प्राप्ति २-२९ से संयुक्त व्यञ्जन 'त्त' के स्थान पर 'ट' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'ट' को द्वित्व 'ट्ट' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारांत पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पयट्टो* रूप सिद्ध हो जाता है।

मृत्तिका संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मट्टिआ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१२६ से ऋ के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति २-२९ से संयुक्त व्यञ्जन 'त्त' के स्थान पर 'ट' की प्राप्ति २-८९ से

प्राप्त 'ट' को द्वित्व 'ट्ट' की प्राप्ति; और १-१७७ से 'क्' का लोप होकर *मट्टिआ* रूप सिद्ध हो जाता है।

पत्तनम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पट्टण होता है। इसमे सूत्र-संख्या २-२९ से संयुक्त व्यञ्जन 'त्त' के स्थान पर 'ट' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ट' को द्वित्व 'ट्ट' की प्राप्ति, १-२२८ से 'न' का 'ण', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *पट्टणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

कवट्टिओ रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२२४ में की गई है। ॥२-२९॥

र्तस्याधूर्तादौ ॥ २-३० ॥

र्तस्य टो भवति धूर्तादीन् वर्जयित्वा ॥ केवट्टो । वट्टी । जट्टो । पयट्टइ ॥ वट्टुलं । राय वट्टयं । नट्टई । संवट्टिअं ॥ अधूर्तादाविति किम् । धुत्तो । कित्ती । वत्ता । आवत्तणं । निवत्तणं । पवत्तणं । संवत्तणं । आवत्तओ । निवत्तओ । निव्वत्तओ । पवत्तओ । संवत्तओ । वत्तिआ । वत्तिओ । कत्तिओ । उक्कत्तिओ । कत्तरी । मुत्ती । मुत्तो । मुहुत्तो ॥ बहुलाधिकाराद् वट्टा ॥ धूर्त । कीर्ति । वार्ता । आवर्तन । निवर्तन । प्रवर्तन । संवर्तन । आवर्तक । निवर्तक । निर्वर्तक । प्रवर्तक । संवर्तक । वर्तिका । वार्तिक । कार्तिक । उत्कर्तित । कर्तरि । मूर्ति । मूर्त । मुहूर्त इत्यादि ॥

अर्थ-धूर्त आदि कुछ एक शब्दों को छोडकर यदि अन्य किसी शब्द में संयुक्त व्यञ्जन 'र्त' रहा हुआ हो तो इस संयुक्त व्यञ्जन 'र्त' के स्थान पर 'ट' की प्राप्ति होती है। जैसे:—कैवर्तः=केवट्टो। वर्तिः=वट्टी। जर्तः=जट्टो। प्रवर्तते=पयट्टइ। वर्तुलम्=वट्टुलं। राज-वर्तकम्=राय-वट्टयं। नर्तकी=नट्टई। संवर्तितम्=संवट्टिअं।

प्रश्न—'धूर्त' आदि शब्दों मे संयुक्त व्यञ्जन 'र्त' की उपस्थिति होते हुए भी इस संयुक्त व्यञ्जन 'र्त' के स्थान पर प्राप्त होने योग्य 'ट' का निषेध क्यों किया गया है? अर्थात् 'धूर्त' आदि शब्दों मे स्थित संयुक्त व्यञ्जन 'र्त' के स्थान पर 'ट' प्राप्ति का निषेध क्यों किया गया है?

उत्तरः—क्यों कि धूर्त आदि अनेक शब्दो मे स्थित संयुक्त व्यञ्जन 'र्त' के स्थान पर परम्परा से अन्य विकार-आदेश-आगम-लोप आदि की उपलब्धि पाई जाती है, अतः ऐसे शब्दों की स्थिति इस सूत्र-संख्या २-३० से पृथक् ही रक्खी गई है। जैसेः-धूर्तः=धुत्तो। कीर्तिः=कित्ती। वार्ता=वत्ता। आवर्तनम्=आवत्तणं। निवर्तनम्=निवत्तणं। प्रवर्तनम्=पवत्तणं। संवर्तनम्=संवत्तणं। आवर्तकः=आवत्तओ। निवर्तकः=निवत्तओ। निर्वर्तकः=निव्वत्तओ। प्रवर्तकः=पवत्तओ। संवर्तकः=संवत्तओ। वर्तिका=वत्तिआ। वार्तिकः=वत्तिओ। कार्तिकः=कत्तिओ। उत्कर्तितः=उक्कत्तिओ। कर्तरिः=कत्तरी (अथवा कर्तरीः=कत्तरी)। मूर्तिः=मुत्ती। मूर्तः=मुत्तो। और मुहूर्तः=मुहुत्तो॥ इत्यादि अनेक

शब्दों में संयुक्त व्यञ्जन 'त' के स्थान पर भी इनमें सूत्र-संख्या २-३० के विधान के अनुसार 'ट' की प्राप्ति नहीं होती है। 'बहुलाधिकार' से किसी किसी शब्द में दोनों विधियाँ पाई जाती हैं। जैसे- वार्ता का 'वट्टा' और 'वत्ता' दोनों रूप उपलब्ध हैं। यों अन्य शब्दों के सम्बन्ध में भी समझ लेना चाहिये॥

कैवर्तः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप केवट्टो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१४८ से 'ऐ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति; २-३० से संयुक्त व्यञ्जन 'र्त' के स्थान पर 'ट' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'ट' का द्वित्व 'ट्ट' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *केवट्टो* रूप सिद्ध हो जाता है।

वर्तिः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप वट्टी होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-३० से संयुक्त व्यञ्जन 'र्त' के स्थान पर 'ट' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'ट' को द्वित्व 'ट्ट' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त स्त्रीलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *वट्टी* रूप सिद्ध हो जाता है।

जर्तः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप जट्टो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-३० से संयुक्त व्यञ्जन 'र्त' के स्थान पर 'ट' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'ट' को द्वित्व 'ट्ट' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जट्टो* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रवर्तते संस्कृत अकर्मक क्रिया पद का रूप है। इसका प्राकृत रूप पयट्टइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से प्रथम 'र' का लोप; १-१७७ से 'व' का लोप; १-१८० से लोप हुए 'व्' में से शेष रहे हुए 'अ' को 'य' की प्राप्ति; २-३० से संयुक्त व्यञ्जन 'र्त' के स्थान पर 'ट' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ट' को द्वित्व 'ट्ट' की प्राप्ति और ३-१३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'ते' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पयट्टइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

वर्तुलम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप वट्टुलं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-३० से संयुक्त व्यञ्जन 'र्त' के स्थान पर 'ट' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'ट' को द्वित्व 'ट्ट' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *वट्टुलं* रूप सिद्ध हो जाता है।

राज-वार्तिकम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप रायवट्टयं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से 'ज' का लोप; १-१८० से लोप हुए 'ज' में से शेष रहे हुए 'अ' को 'य' की प्राप्ति; १-८४ से 'वा' में स्थित दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति; २-३० से संयुक्त व्यञ्जन 'र्त' के स्थान पर 'ट्' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'ट्' को द्वित्व 'ट्ट' की प्राप्ति; १-८८ से 'ति' के स्थान पर पूर्वोक्तानुसार प्राप्त 'ट्टि' में स्थित 'इ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति; १-१७७ से 'क' का लोप; १-१८० से लोप हुए 'क्' में से शेष

रहे हुए 'अ' को 'य' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय को प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *राय-वट्टयं* रूप सिद्ध हो जाता है।

नर्तकी संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप नट्टई होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-३० से संयुक्त व्यञ्जन 'र्त' के स्थान पर 'ट' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ट' को द्वित्व 'ट्ट' की प्राप्ति, १-१७७ से 'क्' का लोप होकर *नट्टई* रूप सिद्ध हो जाता है।

संवर्तितम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप संवट्टिअं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-३० से संयुक्त व्यञ्जन 'र्त' के स्थान पर 'ट' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ट' को द्वित्व 'ट्ट' की प्राप्ति, १-१७७ से द्वितीय त्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *संवट्टिअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

धुत्तो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१७७ में की गई है।

कीर्ति संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कित्ती होता है। इसमें सूत्र संख्या १-८४ से 'की' मे स्थित दीर्घस्वर 'ई' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति, २-७९ से 'र्' का लोप २-८९ से 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त स्त्रीलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घस्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *कित्ती* रूप सिद्ध हो जाता है।

वार्ता संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप वत्ता होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-८४ से 'वा' में स्थित 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, २-७९ से 'र्' का लोप और २-८९ से लोप हुए 'र्' में से शेष रहे हुए 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति होकर *वत्ता* रूप सिद्ध हो जाता है।

आवर्तनम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप आवत्तणं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति, १-२२८ से 'न' का 'ण', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *आवत्तणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

निवर्तनम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप निवत्तणं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र' का लोप, २-८९ से 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति, १-२२८ से 'न' का 'ण', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *निवत्तणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रवर्तनम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पवत्तणं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'प्र' में स्थित 'र्' का और 'त' में स्थित 'र्' का–दोनों का लोप, २-८९ से 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति, १-२२८ से

'न' का 'ण', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *पवत्तणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

संवर्तनम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप संवत्तणं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र' का लोप; २-८९ से 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति; १-२२८ से 'न' का 'ण'; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *संवत्तणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

आवर्तकः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप आवत्तओ होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप; २-८९ से 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति; १-१७७ से 'क' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *आवत्तओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

निवर्तकः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप निवत्तओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से 'त' का द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति; १-१७७ से 'क्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *निवत्तओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

निर्वर्तकः संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप निव्वत्तओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'व' पर स्थित 'र्' का तथा 'त' पर स्थित 'र्' का-दोनों का-लोप; २-८९ से 'व' का द्वित्व तथा 'त' का भी द्वित्व;-दोनों की द्वित्व की प्राप्ति; १-१७७ से 'क' लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *निव्वत्तओ* रूप की सिद्धि हो जाती है।

प्रवर्तकः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप पवत्तओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'प' में स्थित 'र्' का और 'त' पर स्थित 'र्' का-दोनों 'र्' का-लोप; २-८९ से 'त' का द्वित्व 'त्त'; १-१७७ से 'क्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पवत्तओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

संवर्तकः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप संवत्तओ होता है। इस में सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप; २-८९ से 'त का द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति; १-१७७ से 'क्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *संवत्तओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

वर्तिका संस्कृत रूप है। इस का प्राकृत रूप वत्तिआ होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप; २-८९ से 'त' का द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति; और १-१७७ से 'क्' का लोप हो कर *वत्तिआ* रूप सिद्ध हो जाता है।

वार्त्तिक संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप वत्तिओ होता है। इस में सूत्र-संख्या १-८४ से 'वा' में स्थित दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति, १-१७७ से 'क' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वत्तिओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

कार्त्तिक संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कत्तिओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-८४ से 'का' में स्थित दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति, १-१७७ से द्वितीय 'क्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *कत्तिओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

उत्कार्त्तित संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप उक्कत्तिओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से प्रथम हलन्त 'त्' का लोप, २-८९ से 'क' को द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति, २-७९ से 'र्' का लोप; २-८९ से लोप हुए 'र्' में से शेष बचे हुए 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति; १-१७७ से अंतिम 'त' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *उक्कत्तिओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

कर्तरी संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कत्तरी होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र' का लोप और २-८९ से 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति होकर *कत्तरी* रूप सिद्ध हो जाता है।

मूर्त्ति संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मुत्ती होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'ऊ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' की प्राप्ति, २-७९ से 'र्' का लोप और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त स्त्रीलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *मुत्ती* रूप सिद्ध हो जाता है।

मूर्त्तः संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप मुत्तो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'ऊ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' की प्राप्ति; २-७९ से 'र्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मुत्तो* रूप सिद्ध हो जाता है।

मुहूर्त संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मुहुत्तो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-८४ से 'हू' में स्थित दीर्घ स्वर 'ऊ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' की प्राप्ति, २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मुहुत्तो* रूप सिद्ध हो जाता है।

वार्ता संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप वट्टा होता है। इसमें सूत्र संख्या १-८४ से 'वा' में स्थित दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति; २-३० से संयुक्त व्यञ्जन 'र्त' के स्थान पर

'ट का आदेश और २-८६ से प्राप्त 'ट' को द्वित्व 'ट्ट' की प्राप्ति होकर बट्टा रूप सिद्ध हो जाता है ॥२-३०॥

वृन्ते ण्टः ॥२-३१॥

वृन्ते संयुक्तस्य ण्टो भवति ॥ वेण्टं । ताल वेण्टं ॥

अर्थ—वृन्त शब्द में स्थित संयुक्त व्यञ्जन 'न्त' के स्थान पर 'ण्ट' की प्राप्ति होती है। जैसे—वृन्तम्=वेण्टं और ताल-वृन्तम्=ताल-वेण्टं ॥

वेण्टं रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१३९ में की गई है।

ताल-वेण्टं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-६७ में की गई है। ॥२-३१॥

ठो स्थि विसंस्थुले ॥ २-३२ ॥

अनयोः संयुक्तस्य ठो भवति ॥ अट्ठी । विसंठुलं ॥

अर्थ—अस्थि और विसंस्थुल शब्दों में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'स्थ' के स्थान पर 'ठ' की प्राप्ति होती है। जैसे—अस्थि=अट्ठी और विसंस्थुलम्=विसंठुलं ॥

अस्थि संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप अट्ठी होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-३२ से संयुक्त व्यञ्जन स्थ के स्थान पर ठ की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'ठ' को द्वित्व 'ठ्ठ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ठ' को 'ट्' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में ह्रस्व इकारान्त स्त्री लिंग में संस्कृत प्रत्यय सि के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर अट्ठी रूप सिद्ध हो जाता है।

विसंस्थुलम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप विसंठुलं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-३२ से संयुक्त व्यञ्जन 'स्थ्' के स्थान पर 'ठ्' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर विसंठुलं रूप सिद्ध हो जाता है ॥२-३२॥

स्त्यान-चतुर्थार्थे वा ॥२-३३॥

एषु संयुक्तस्य ठो वा भवति ॥ ठीणं थीणं । चउट्ठो । अट्ठो प्रयोजनम् । अत्थो धनम् ॥

अर्थ—स्त्यान शब्द में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'स्त्य' के स्थान पर विकल्प से 'ठ' की प्राप्ति होती है। इसी प्रकार से 'चतुर्थ' एवं 'अर्थ' में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'र्थ' के स्थान पर भी विकल्प से 'ठ' की प्राप्ति होती है। जैसे—स्त्यानम्=ठीणं अथवा थीणं ॥ चतुर्थः=चउट्ठो अथवा चउत्थो ॥

अर्थ—अट्ठो अथवा अत्थो ॥ संस्कृत शब्द 'अर्थ' के दो अर्थ होते है। पहला अर्थ 'प्रयोजन' होता है और दूसरा अर्थ 'धन होता है। तदनुसार 'प्रयोजन' अर्थ मे प्रयुक्त संस्कृत रूप 'अर्थ' का प्राकृत रूप अट्ठो होता है और 'धन' अर्थ मे प्रयुक्त संस्कृत रूप 'अर्थ' का प्राकृत रूप 'अत्थो' होता है। यह ध्यान में रखना चाहिये।

ठीणं और *थीणं* दोनों रूपो की सिद्धि सूत्र-संख्या १-७४ मे की गई है।

चउट्ठो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१७१ मे की गई है।

अर्थः—संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप (प्रयोजन अर्थ मे) अट्ठो होता है। इसमे सूत्र संख्या २-३३ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्थ' के स्थान पर विकल्प से 'ठ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ठ' को द्वित्व ठ्ठ की प्राप्ति, २-९० प्राप्त पूर्व 'ठ्' को 'ट' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अट्ठो* रूप सिद्ध हो जाता है।

अर्थः—संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप (धन अर्थ में) अत्थो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से 'थ को द्वित्व 'थ्थ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'थ्' को 'त्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अत्थो* रूप सिद्ध हो जाता है।

ष्टस्यानुष्ट्रेष्टासंदष्टे ॥ २-३४ ॥

उष्ट्रादिवर्जिते ष्टस्य ठो भवति ॥ लट्ठी। मुट्ठी। दिट्ठी। सिट्ठी। पुट्ठो। कट्ठं। सुरट्ठा। इट्ठो। अणिट्ठं। अनुष्ट्रेष्टासंदष्ट इति किम्। उट्टो। इट्टा चुण्णं व्व। संदट्टो ॥

अर्थः—संस्कृत शब्द उष्ट्र, इष्टा और संदष्ट के अतिरिक्त यदि किसी अन्य संस्कृत शब्द में संयुक्त व्यञ्जन 'ष्ट' रहा हुआ हो तो उस संयुक्त व्यञ्जन 'ष्ट' के स्थान पर 'ठ' की प्राप्ति होती है। जैसे —लष्टि,= लट्ठी। मुष्टि—मुट्ठी। दृष्टि —दिट्ठी। सृष्टि =सिट्ठी। पृष्ट =पुट्ठो। कष्टम्=कट्ठं। सुराष्ट्रा = सुरट्ठा। इष्ट = इट्ठो और अनिष्टम्= अणिट्ठं ॥

प्रश्न.—'उष्ट्र, इष्टा और संदष्ट' मे संयुक्त व्यञ्जन 'ष्ट' होने पर भी सूत्र-संख्या २-३४ के अनुसार 'ष्ट' के स्थान पर प्राप्तव्य 'ठ' का निषेध क्यों किया गया है ?

उत्तर —क्योंकि 'उष्ट्र', 'इष्टा' और 'संदष्ट' के प्राकृत रूप प्राकृत साहित्य में अन्य स्वरूप वाले पाये जाते हैं, एवं उनके इन स्वरूपों की सिद्धि अन्य सूत्रों से होती है, अतः सूत्र-संख्या २-३४ से प्राप्तव्य 'ठ' की प्राप्ति का इन रूपों के लिये निषेध किया गया है। जैसे —उष्ट्र = उट्टो। इष्टा-चूर्णम् इव = इट्टा-चुण्णं व्व ॥ और संदष्ट.= संदट्टो ॥

लट्ठी रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२४७ में की गई है।

उष्ट्रः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप उट्टो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७७ से 'ष्' का लोप, २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से 'ट' को द्वित्व 'ट्ट' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *उट्ठो* रूप सिद्ध हो जाता है।

इष्टा संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप इट्टा होता है। इसमे सूत्र-सख्या २-७७ से 'ष्' का लोप और २-८९ से 'ट' को द्वित्व 'ट्ट' की प्राप्ति होकर *इट्टा* रूप सिद्ध हो जाता है।

चूर्णस् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप चुण्णं होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-८४ से दीर्घस्वर 'ऊ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' की प्राप्ति, २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से 'ण' को द्वित्व 'ण्ण' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' को अनुस्वार होकर *चुण्णं* रूप सिद्ध हो जाता है।

'व्व' अव्यय की सिद्धि सूत्र-सख्या १-६ में की गई।

संदष्ट' संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप सदट्टो होता है। इस में सूत्र-संख्या २-७७ से 'ष्' का लोप, २-८९ से 'ट' को द्वित्व 'ट्ट' की प्राप्ति, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारांत पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *संदट्टो* रूप सिद्ध हो जाता है ॥ २-३४ ॥

गर्ते डः ॥ २-३५ ॥

गर्त शब्दे संयुक्तस्य डो भवति। टापवादः ॥ गड्डो। गड्डो ॥

अर्थ.—'गर्त' शब्द में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'र्त' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति होती है। सूत्र-संख्या २-३० में विधान किया गया है कि 'र्त' के स्थान पर 'ट' की प्राप्ति होती है; किन्तु इस सूत्र में 'गर्त' शब्द के संबध में यह विशेष नियम निर्धारित किया गया है कि सयुक्त व्यञ्जन 'र्त' के स्थान पर 'ट' की प्राप्ति नहीं होकर 'ड' की प्राप्ति होती है, अत इस नियम को सूत्र-सख्या २-३० के विधान के लिये अपवाद रूप नियम समझा जाय। उदाहरण इस प्रकार है —गर्तः= गड्डो ॥ गर्ता=गड्डा ॥

गड्डो और *गड्डा* रूपों की सिद्धि सूत्र-सख्या १-३५ में की गई है ॥ २-३५ ॥

संमर्द-वितर्दि-विच्छर्द च्छर्दि-कपर्द-मर्दिते-र्दस्य ॥ २-३६ ॥

एषु दस्य डत्वं भवति ॥ संमड्डो। विअड्डी। विच्छड्डो।
छड्डइ। छड्डी। कवड्डो। मड्डिओ संमड्डिओ ॥

अर्थ—'संमर्द', वितर्दि, विच्छर्द, च्छर्दि, कपर्द और मर्दित शब्दों में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'र्द' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति होती है। जैसे.— समर्द=समड्डो। वितर्दि=विअड्डी। विच्छर्द =

विच्छड्डो। छर्दि = छड्डी। कपर्द = कवड्डो। मर्दित = मड्डिओ और संमर्दित = संमड्डिओ॥

संमर्द संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप संमड्डो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-३६ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्द' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ड' को द्वित्व 'ड्ड' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थानपर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *संमड्डो* रूप सिद्ध हो जाता है।

वितर्दि संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप विअड्डी होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से 'त' का लोप २-३६ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्द' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ड' को द्वित्व 'ड्ड' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त स्त्रीलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घस्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *विअड्डी* रूप सिद्ध हो जाता है।

विच्छर्द संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप विच्छड्डो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-३६ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्द' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'ड' को द्वित्व 'ड्ड' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विच्छड्डो* रूप सिद्ध हो जाता है।

मुञ्चति—(छर्दते?) संस्कृत सकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप छड्डइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या ४-९१ से 'मुञ्च्' धातु के स्थान पर 'छड्ड' का आदेश (अथवा छर्द् में स्थित संयुक्त व्यञ्जन 'र्द' के स्थान पर २-३६ से 'ड' की प्राप्ति और २-८९ से प्राप्त 'ड' को द्वित्व 'ड्ड' की प्राप्ति) ४-२३९ से प्राप्त हलन्त 'ड्ड' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति और ३-१३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'ति' (अथवा 'ते') के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर छड्डइ रूप सिद्ध हो जाता है।

छर्दि संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप छड्डी होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-३६ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्द' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'ड' को द्वित्व 'ड्ड' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में ह्रस्व इकारान्त स्त्रीलिंग में संस्कृत प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *छड्डी* रूप सिद्ध हो जाता है।

कपर्द संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कवड्डो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२३१ से 'प' का 'व'; २-३६ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्द' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ड' को द्वित्व 'ड्ड' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *कवड्डो* रूप सिद्ध हो जाता है।

मर्दित संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप मड्डिओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-३६ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्द' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'ड' को द्वित्व 'ड्ड' की प्राप्ति १-१७७

से 'त्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मड्डिओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

संमर्दित संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप *संमड्डिओ* होता है। इसकी सिद्धि उपरोक्त रूप 'मर्दित = मड्डिओ' के समान ही जानना ॥ २-३६ ॥

गर्दभे वा ॥ २-३७ ॥

गर्दभे र्दस्य डो वा भवति। गड्डहो। गद्दहो ॥

अर्थः—संस्कृत शब्द 'गर्दभ' में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'र्द' के स्थान पर विकल्प से 'ड' की प्राप्ति होती है। गर्दभ = गड्डहो और गद्दहो ॥

गर्दभ संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप गड्डहो और गद्दहो होते है। इन में से प्रथम रूप मे सूत्र-संख्या २-३७ मे संयुक्त व्यञ्जन 'र्द' के स्थान पर विकल्प से 'ड' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ड' को द्वित्व 'ड्ड' की प्राप्ति, १-१८७ से 'भ' का 'ह' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *गड्डहो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप में सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से शेष 'द' को द्वित्व 'द्द' की प्राप्ति, और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *गद्दहो* भी सिद्ध हो जाता है। २-३७ ॥

कन्दरिका-भिन्दिपाले ण्डः ॥ २-३८ ॥

अनयोः संयुक्तस्य ण्डो भवति ॥ कण्डलिआ। भिण्डिवालो ॥

अर्थ—'कन्दरिका' और 'भिन्दिपाल' शब्दो मे रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'न्द' के स्थान पर 'ण्ड' की प्राप्ति होती है। जैसे—कन्दरिका = कण्डलिआ और भिन्दिपाल = भिण्डिवालो ॥

कन्दरिका संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कण्डलिआ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-३८ से संयुक्त व्यञ्जन 'न्द' के स्थान पर 'ण्ड' की प्राप्ति, १-२५४ से 'र' को 'ल' और १-१७७ से 'क्' का लोप होकर *कण्डलिआ* रूप सिद्ध हो जाता है।

भिन्दिपालः संस्कृत रूप है। इस का प्राकृत रूप भिण्डिवालो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-३८ से संयुक्त व्यञ्जन 'न्द' के स्थान पर 'ण्ड' की प्राप्ति, १-२३१ से 'प' का 'व' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *भिण्डिवालो* रूप सिद्ध हो जाता है।

स्तब्धे ठ-ढौ ॥ २-३९ ॥

स्तब्धे संयुक्तयो र्यथाक्रम ठढौ भवतः ॥ ठड्ढो

अर्थ – स्तब्ध शब्द में दो संयुक्त व्यञ्जन हैं एक 'स्त' है और दूसरा 'ब्ध' है इनमें से प्रथम संयुक्त व्यञ्जन 'स्त' के स्थान पर 'ठ' की प्राप्ति होती है और दूसरे संयुक्त व्यञ्जन 'ब्ध' के स्थान पर 'ढ' की प्राप्ति होती है जैसे —स्तब्ध = ठड्ढो ॥

स्तब्ध संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप ठड्ढो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-३९ से प्रथम संयुक्त व्यञ्जन 'स्त' के स्थान पर 'ठ' की प्राप्ति, २-३९ से द्वितीय संयुक्त व्यञ्जन 'ब्ध' के स्थान पर 'ढ' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'ढ' को द्वित्व 'ढ ढ' की प्राप्ति २-९० से प्राप्त पूर्व 'ढ' को 'ड्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर ठड्ढो रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ २-३९ ॥

दग्ध विदग्ध-वृद्धि वृद्धे ढः ॥ २-४०

एषु संयुक्तस्य ढो भवति ॥ दड्ढो । विअड्ढो । वुड्ढी । वुड्ढो ॥ क्वचिन्न भवति । विद्ध कइ निरूविअं ॥

अर्थ— संस्कृत शब्द दग्ध और विदग्ध में स्थित संयुक्त व्यञ्जन 'ग्ध' के स्थान पर 'ढ' की प्राप्ति होती है। इसी प्रकार से संस्कृत-शब्द वृद्धि और वृद्ध में स्थित संयुक्त व्यञ्जन 'द्ध' के स्थान पर भी 'ढ' की प्राप्ति होती है। जैसे—दग्धः = दड्ढो। विदग्धः = विअड्ढो। वृद्धिः = वुड्ढी। वृद्धः = वुड्ढो ॥ कभी कभी संयुक्त व्यञ्जन 'द्ध' के स्थान पर 'ढ' की प्राप्ति नहीं होती है। जैसे –वृद्ध- कवि- निरूपितम्=विद्ध-कइ निरूविअं। यहां पर 'वृद्ध' शब्द का 'वुड्ढ' नहीं होकर 'विद्ध' हुआ है। यों अन्य शब्दों के संबंध में भी जान लेना चाहिये ॥

दड्ढो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १- २१७ में की गई है।

विदग्ध संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप विअड्ढो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से 'द्' का लोप २-४० से संयुक्त व्यञ्जन 'ग्ध' के स्थान पर 'ढ' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'ढ' का द्वित्व 'ढ ढ' की प्राप्ति २-९० से प्राप्त पूर्व 'ढ' को 'ड्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर विअड्ढो रूप सिद्ध हो जाता है।

वुड्ढी और वुड्ढो रूपों की सिद्धि सूत्र संख्या १-१३१ में की गई है।

विद्ध रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१२८ में की गई है।

कवि संस्कृत रूप है। इस का प्राकृत रूप कइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से 'व' का

लोप होकर कड्ढ रूप सिद्ध हो जाता है। यहाँ पर 'कड्ढ' रूप समास-गत होने से विभक्ति प्रत्यय का लोप हो गया है।

निरूपितम् संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप निरूविअं होता है। इस में सूत्र-संख्या १-२३१ से 'प' का 'व', १-१७७ से 'त्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारांत नपुंसक लिंग में संस्कृत प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *निरूविअं* रूप सिद्ध हो जाता है।। २-४०।

श्रद्धर्द्धि-मूर्धार्धेन्ते वा ॥ २-४१ ॥

एषु अन्ते वर्तमानस्य संयुक्तस्य ढो वा भवति ॥ सड्ढा। सद्धा। इड्ढी रिद्धी। मुण्ढा। मुद्धा। अड्ढं अद्धं ॥

अर्थ:—संस्कृत शब्द श्रद्धा, ऋद्धि, मूर्धा और अर्ध में अन्त में स्थित संयुक्त व्यञ्जन 'द्ध' के स्थान पर अथवा 'र्ध' के स्थान पर, विकल्प से 'ढ' की प्राप्ति होती है। तदनुसार संस्कृत रूपांतर से प्राप्त प्राकृत रूपान्तर में इनके दो दो रूप हो जाते हैं। जोकि इस प्रकार हैं—श्रद्धा=सड्ढा अथवा सद्धा॥ऋद्धि = इड्ढी अथवा रिद्धी॥ मूर्धा= मुण्ढा अथवा मुद्धा और अर्धम्= अड्ढं अथवा अद्धं।

श्रद्धा संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप सड्ढा और सद्धा होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, १-२६० से शेष 'श' का 'स', २-४१ से अन्त्य संयुक्त व्यञ्जन 'द्ध' के स्थान पर विकल्प से 'ढ' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'ढ' का द्वित्व 'ढ्ढ' की प्राप्ति और २-९० से प्राप्त पूर्व 'ढ्' को 'ड्' की प्राप्ति हो कर प्रथम रूप सड्ढा सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप सद्धा की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१२ में की गई है।

ऋद्धि संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप इड्ढी और रिद्धी होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-१२८ से 'ऋ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति, २-४१ से अन्त्य संयुक्त व्यञ्जन 'द्ध' के स्थान पर विकल्प से 'ढ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ढ' को द्वित्व ढ्ढ की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ढ' को 'ड्' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में ह्रस्व इकारांत स्त्रीलिंग में संस्कृत प्रत्यय 'सि' के स्थान पर अन्त्य ह्रस्वस्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप इड्ढी सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप *रिद्धी* की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१२८ में की गई है।

मूर्धा संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप मुण्ढा और मुद्धा होते है। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'ऊ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' की प्राप्ति, १-२६से प्रथम स्वर 'उ' के पश्चात् आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति; २-४१ से अन्त्य संयुक्त व्यञ्जन 'र्ध' के स्थान पर विकल्प से 'ढ' की प्राप्ति और १-३० से आगम रूप से प्राप्त अनुस्वार के आगे 'ढ' होने से ट वर्ग के पञ्चमाक्षर रूप

'ण' की प्राप्ति होकर मुण्डा रूप सिद्ध हो जाता है ।

द्वितीय रूप मुद्धा में सूत्र-संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर ऊ के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' की प्राप्ति २-७९ से र् का लोप २-८९ से शेष 'ध को द्वित्व 'धध की प्राप्ति और २-९० से प्राप्त पूर्व ध् को 'द्' की प्राप्ति होकर मुद्धा रूप सिद्ध हो जाता है।

अर्धम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप अड्ढं और अद्धं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-४१ से अन्त्य संयुक्त व्यञ्जन 'ध के स्थान पर ढ की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'ढ को द्वित्व 'ढढ की प्राप्ति' २-९० से प्राप्त पूर्व 'ढ' को 'ड्' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म् का अनुस्वार होकर प्रथम रूप अड्ढं सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप में सूत्र-संख्या २-७९ से र का लोप २-८९ से शेष 'ध को द्वित्व 'ध ध' की प्राप्ति २-९० से प्राप्त पूर्व 'ध् को 'द् की प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप अद्धं भी सिद्ध हो जाता है। २-४१ ॥

म्न-ज्ञोर्णः ॥ २-४२॥

अनयोर्णो भवति ॥ म्न । निण्णं । पज्जुण्णो ॥ ज्ञ । णाणं । सण्णा । पण्णा । विण्णाणं ॥

अर्थ—जिन शब्दों में संयुक्त व्यञ्जन 'म्न अथवा 'ज्ञ होता है उन संस्कृत शब्दों के प्राकृत रूपान्तर में संयुक्त व्यञ्जन 'म्न के स्थान पर अथवा 'ज्ञ के स्थान पर ण की प्राप्ति होती है। जैसे—'म्न के उदाहरण—निम्नम्=निण्णं । प्रद्युम्नः=पज्जुण्णो। 'ज्ञ' के उदाहरण इस प्रकार है—ज्ञानम्=णाणं। संज्ञा=सण्णा। प्रज्ञा=पण्णा और विज्ञानम्=विण्णाणं॥

निम्नम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप निण्णं होता है। इस में सूत्र-संख्या २-४२ से संयुक्त व्यञ्जन म्न के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'ण' को द्वित्व 'ण्ण' ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म् का अनुस्वार होकर *निण्णं* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रद्युम्नः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पज्जुण्णो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र का लोप २-२४ से संयुक्त व्यञ्जन 'द्य के स्थान पर 'ज की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त ज को द्वित्व 'ज्ज की प्राप्ति, २-४२ से संयुक्त व्यञ्जन 'म्न के स्थान पर ण की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'ण को द्वित्व 'ण्ण' की प्राप्ति, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पज्जुण्णो* रूप सिद्ध हो जाता है।

ज्ञानम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप णाण होता है। इसमे सूत्र-संख्या २-४२ से संयुक्त व्यञ्जन 'ज्ञ' के स्थान पर 'ण' का प्राप्ति, १-२२८ से 'न' का 'ण', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुसक लिंग मे मि' प्रत्यय के स्थान पर म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म, का अनुस्वार होकर *णाणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

सञ्ज्ञा सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सण्णा होता है। इसमें सूत्र-सख्या २-४२ से संयुक्त व्यञ्जन 'ज्ञ' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति और १-३० से अनुस्वार को आगे 'ण' का सद्भाव होने से टवर्ग के पञ्चमाक्षर रूप हलन्त 'ण' की प्राप्ति होकर *सण्णा* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रज्ञा सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पण्णा होता है। इसमें सूत्र-सख्या २-७९ से 'र्' का लोप, २-४२ से सयुक्त-व्यञ्जन 'ज्ञ' के स्थान पर 'ण की प्राप्ति, और २-८९ से प्राप्त 'ण' को द्वित्व 'ण्ण'की प्राप्ति होकर पण्णा रूप सिध्द हो जाता है। *विज्ञानम्* सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप विण्णाण होता है इस में सूत्र- सख्या २-४२ से सयुक्त व्यञ्जन 'ज्ञ' के स्थान पर 'ण', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारात नपुंसक लिंग में सस्कृत प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *विण्णाण* रूप सिध्द हो जाता है ॥ २-४२ ॥

पञ्चाशत्–पञ्चदश– दत्ते ॥ २-४३ ॥

एषु सयुक्तस्य णो भवति ॥ पण्णासा । पण्णरह । दिण्णं ॥

अर्थः—पञ्चाशत, पञ्चदश और दत्त शब्दों में रहे हुए सयुक्त व्यञ्जन 'ञ्च' के स्थान अथवा 'त्त' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति होती है। जैसे—पञ्चाशत्=पण्णासा ॥ पञ्चदश=पण्णरह और दत्तम्=दिण्ण ॥

पञ्चाशत् सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पण्णासा होता है। इसमें सूत्र-सख्या २-४३ से सयुक्त व्यञ्जन 'ञ्च' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ण' को द्वित्व 'ण्ण' की प्राप्ति, १-२६० से 'श' का 'स, १ १५ से प्राप्त 'स' में 'आ स्वर की प्राप्ति और १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'त्' का लोप होकर *पण्णासा* रूप सिध्द हो जाता है।

पञ्चदश सस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप पण्णरह होता है। इसमें सूत्र-सख्या २-४३ से सयुक्त व्यञ्जन 'ञ्च' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ण' को द्वित्व 'ण्ण' की प्राप्ति, १-२१९ से 'द' के स्थान 'र' की प्राप्ति और १-२६२ से श के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति हो कर *पण्णरह* रूप सिध्द हो जाता है।

दिण्ण रूप की सिध्दि सूत्र-संख्या १-४६ में की गई है। २-४३।

मन्यौ न्तो वा ॥ २-४४ ॥

मन्यु शब्दे संयुक्तस्य न्तो वा भवति ॥ मन्तू मन्नू ॥

अर्थ —संस्कृत शब्द 'मन्यु' में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'न्य' के स्थान पर विकल्प से 'न्तु' की प्राप्ति होती है। जैसे—मन्यु = मन्तू अथवा मन्नू ॥

मन्यु संस्कृत रूप है। इस के प्राकृत रूप मन्तू और मन्नू होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या २-४४ से संयुक्त व्यञ्जन 'न्य' के स्थान पर विकल्प से 'न्त' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में ह्रस्व स्वर उकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप मन्तू सिद्ध हो जाता है।

मन्नू की सिद्धि सूत्र-संख्या २-२५ में की गई है ॥ २-४४ ॥

स्तस्य थो समस्त-स्तम्बे ॥ २-४५ ॥

समस्त स्तम्ब वर्जित स्तस्य थो भवति। हत्थो। थुई। थोत्तं। थोअं। पत्थरो पसत्थो। अत्थि। सत्थि॥ असमस्त स्तम्ब इति किम्। समत्तो। तम्बो॥

अर्थ — समस्त और स्तम्ब शब्दों के अतिरिक्त अन्य संस्कृत शब्दों में यदि 'स्त' संयुक्त व्यञ्जन रहा हुआ है, तो इस संयुक्त व्यञ्जन 'स्त' के स्थान पर 'थ' की प्राप्ति होती है। जैसे —हस्तः=हत्थो॥ स्तुतिः=थुई॥ स्तोत्रम्=थोत्तं। स्तोकम्=थोअं॥ प्रस्तर = पत्थरो॥ प्रशस्त = पसत्थो॥ अस्ति=अत्थि॥ स्वस्ति=सत्थि॥

प्रश्न — यदि अन्य शब्दों में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'स्त' के स्थान पर 'थ' की प्राप्ति हो जाती है तो फिर 'समस्त' और 'स्तम्ब' शब्दों में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'स्त' के स्थान पर 'थ' की प्राप्ति क्यों नहीं होती है?

उत्तर—क्यों कि समस्त और 'स्तम्ब' शब्दों का रूप प्राकृत में समत्तो और 'तम्बो' उपलब्ध है; अतः ऐसी स्थिति में 'स्त' के स्थान पर 'थ' की प्राप्ति कैसे हो सकती है? उदाहरण इस प्रकार हैं— समस्तः= समत्तो और स्तम्बः=तम्बो॥

हस्तः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप हत्थो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-४५ से संयुक्त व्यञ्जन 'स्त' के स्थान पर 'थ' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'थ' का द्वित्व 'थ्थ' की प्राप्ति; २-९० से प्राप्त पूर्व 'थ' को 'त' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृत प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति हो कर हत्थो रूप सिद्ध हो जाता है।

स्तुतिः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप थुई होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-४५ से संयुक्त व्यञ्जन 'स्त' के स्थान पर 'थ' की प्राप्ति; १-१७७ से द्वितीय 'त' का लोप और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में ह्रस्व इकारान्त स्त्री लिंग में संस्कृत प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर थुई रूप सिद्ध हो जाता है।

स्तोत्रम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप थोत्तं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-४५ से संयुक्त व्यञ्जन 'स्त' के स्थान पर 'थ' की प्राप्ति, २-७९ से 'त्र' मे स्थित 'र्' का लोप, २-८९ से शेष रहे हुए 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ मे प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *थोत्तं* रूप सिद्ध हो जाता है।

स्तोकम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसको प्राकृत रूप थोअं होता है। इसमे सूत्र-संख्या २-४५ से सयुक्त व्यञ्जन 'स्त' के स्थान पर 'थ' की प्राप्ति, १-१७७ से 'क्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त—नपु सक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *थोअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रस्तरः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पत्थरो होता है। इनमें सूत्र-संख्या २-७९ से प्रथम 'र्' का लोप, २-४५ से सयुक्त व्यञ्जन 'स्त' के स्थान पर 'थ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'थ' को द्वित्व 'थ्थ' की प्राप्ति,२-९० से प्राप्त पूर्व 'थ्' को 'त्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारात पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पत्थरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रशस्तः सस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप पसत्थो होता है। इसमे सूत्र-सख्या २-७९ से 'र्' का लोप, १-२६० से 'श' का 'स', २-४५ से सयुक्त व्यञ्जन 'स्त' के स्थान पर 'थ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'थ' को द्वित्व 'थ्थ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'थ्' को 'त्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त-पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पसत्थो* रूप सिद्ध हो जाता है।

अस्ति सस्कृत क्रिया-पद रूप है। इसका प्राकृत रूप अत्थि होता है। इस में सूत्र-संख्या २-४५ से संयुक्त व्यञ्जन 'स्त' के स्थान पर 'थ' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'थ' को द्वित्व 'थ्थ' की प्राप्ति और २-९० से प्राप्त पूर्व 'थ्' को 'त्' की प्राप्ति होकर *अत्थि* रूप सिद्ध हो जाता है।

स्वस्ति सस्कृत अव्यय रूप है। इसका प्राकृत रूप सत्थि होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'व्' का लोप; २-४५ से सयुक्त व्यञ्जन 'स्त' के स्थान पर 'थ्' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'थ्' को द्वित्व 'थ्थ्' की प्राप्ति; २-९० से प्राप्त पूर्व 'थ्' के स्थान पर 'त्' की प्राप्ति और १-११ से अन्त्य व्यञ्जन रूप विसर्ग का लोप होकर *सत्थि* रूप सिद्ध हो जाता है।

समाप्तः सस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप समत्तो होता है। इसमें सूत्र सख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति, २-७७ से 'प्' का लोप; २-८९ से 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *समत्तो* रूप सिद्ध हो जाता है।

स्तम्ब संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप तम्बो होता है। इस में सूत्र-संख्या २-७७ से स का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *तम्बो* रूप सिद्ध हो जाता है ॥ २-४५ ॥

स्तवे वा ॥ २-४६

स्तव शब्दे स्तस्य थो वा भवति ॥ थवो तवो ॥

अर्थ —'स्तव शब्द में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'स्त' के स्थान पर विकल्प से 'थ' की प्राप्ति होती है। जैसे —स्तवः=थवो अथवा तवो ॥

स्तवः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप थवो और तवो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या २ ४६ से संयुक्त व्यञ्जन 'स्त के स्थान पर विकल्प से थ की प्राप्ति और ३ २ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि' प्रत्यय के स्थान पर ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *थवो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप में सूत्र-संख्या २-७७ से हलन्त व्यञ्जन स् का लोप और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही हो कर *तवो* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥२ ४६॥

पर्यस्ते थ टौ ॥ २ ४७ ॥

पर्यस्ते स्तस्य पर्यायेण थटौ भवतः ॥ पल्लत्थो पल्लट्टो ॥

अर्थ—संस्कृत शब्द 'पर्यस्त में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'स्त के स्थान पर कभी 'थ' होता है और कभी ट' होता है। यों पर्यस्त के प्राकृत रूपान्तर दो प्रकार के होते हैं; जो कि इस प्रकार हैं— पर्यस्तः=पल्लत्थो और पल्लट्टो ॥

पर्यस्तः संस्कृत विशेषण है। इसके प्राकृत रूप पल्लत्थो और पल्लट्टो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २ ६८ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्य के स्थान पर द्वित्व 'ल्ल की प्राप्ति; २-४७ से संयुक्त व्यञ्जन स्त के स्थान पर पर्याय रूप से 'थ' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'थ को द्वित्व 'थ्थ' की प्राप्ति; २ ९० से प्राप्त पूर्व 'थ को 'त् की प्राप्ति और ३ २ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति हो कर प्रथम रूप *पल्लत्थो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप पल्लट्टो में सूत्र-संख्या २-६८ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्य के स्थान पर द्वित्व 'ल्ल' की प्राप्ति २-४७ से संयुक्त व्यञ्जन 'स्त' के स्थान पर पर्याय रूप से 'ट की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'ट' को द्वित्व 'ट्ट' की प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *पल्लट्टो* भी सिद्ध हो जाता है ॥ २ ४७ ॥

वोत्साहे थो हश्च रः ॥ २-४८ ॥

उत्साह शब्दे संयुक्तस्य थो वा भवति तत्संनियोगे च हस्य रः ॥ उत्थारो उच्छाहो ॥

अर्थ—संस्कृत शब्द 'उत्साह' में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'त्स' के स्थान पर विकल्प से 'थ' की प्राप्ति होती है। एवं 'थ' की प्राप्ति होने पर ही अन्तिम व्यञ्जन 'ह' के स्थान पर भी 'र' की प्राप्ति हो जाती है। पक्षान्तर में संयुक्त व्यञ्जन त्स के स्थान पर 'थ' की प्राप्ति नहीं होने की दशा में अन्तिम व्यञ्जन 'ह' के स्थान पर भी 'र' की प्राप्ति नहीं होती है। जैसे—उत्साहः=उत्थारो और पक्षान्तर में उच्छाहो। यो रूप-भिन्नता का स्वरूप समझ लेना चाहिये ॥

उत्साह संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप उत्थारो और उच्छाहो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-४८ से संयुक्त व्यञ्जन 'त्स' के स्थान पर 'थ' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'थ' को द्वित्व 'थ्थ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'थ्' को 'त्' की प्राप्ति; २ ४८ से संयुक्त व्यञ्जन 'त्स' के स्थान पर प्राप्त 'थ' का संनियोग होने से अन्तिम व्यञ्जन 'ह' के स्थान पर 'र' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *उत्थारो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप *उच्छाहो* की सिद्धि सूत्र-संख्या *१-११४* में की गई है ॥२-४८॥

आश्लिष्टे ल-धौ ॥२-४९॥

आश्लिष्टे संयुक्तयोर्यथासंख्यं ल ध इत्येतौ भवतः ॥आलिद्धो ॥

अर्थ—संस्कृत शब्द 'आश्लिष्ट' में रहे हुए प्रथम संयुक्त व्यञ्जन 'श्ल' के स्थान पर 'ल' होता है और द्वितीय संयुक्त व्यञ्जन 'ष्ट' के स्थान पर 'ध' होता है। यों दोनो संयुक्त व्यञ्जनों के स्थान पर यथा-क्रम से 'ल' की और 'ध' की प्राप्ति होती है। जैसे—आश्लिष्ट=आलिद्धो ॥

आश्लिष्टः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप आलिद्धो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-४९ से प्रथम संयुक्त व्यञ्जन 'श्ल' के स्थान पर 'ल' की प्राप्ति, २-४९ से ही द्वितीय संयुक्त व्यञ्जन 'ष्ट' के स्थान पर 'ध' की प्राप्ति, २ ८९ से प्राप्त 'ध' को द्वित्व 'ध्ध' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ध्' को 'द्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *आलिद्धो* रूप सिद्ध हो जाता है ॥२-४९॥

चिन्हे न्धो वा ॥२-५०॥

चिन्हे संयुक्तस्य न्धो वा भवति ॥ ण्हापवादः ॥ पक्षे सो पि ॥ चिन्धं इन्धं चिण्हं ॥

अर्थ—संस्कृत शब्द 'चिह्न' में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'ह्न' के स्थान पर विकल्प से 'न्ध' की प्राप्ति होती है। सूत्र संख्या २-७५ में यह बतलाया गया है कि संयुक्त व्यञ्जन 'ह्न' के स्थान पर 'ण्ह' की प्राप्ति होती है। तदनुसार सूत्र-संख्या २-७५ की तुलना में सूत्र-संख्या २-५० को अपवाद रूप सूत्र माना जाय, ऐसा वृत्ति में उल्लेख किया गया है। वैकल्पिक पक्ष होने से तथा अपवाद रूप स्थिति की उपस्थिति होने से 'चिह्न' के प्राकृत रूप तीन प्रकार के हो जाते हैं; जो कि इस प्रकार हैं—चिह्नम्=चिन्धं अथवा इन्धं चिण्हं ॥

चिह्नम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप चिन्धं इन्धं और चिण्हं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-५० से संयुक्त व्यञ्जन 'ह्न' के स्थान पर विकल्प से 'न्ध' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *चिन्धं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप *इन्धं* की सिद्धि सूत्र संख्या १-१७७ में की गई है।

तृतीय रूप *चिण्हं* में सूत्र-संख्या २-७५ से संयुक्त व्यञ्जन 'ह्न' के स्थान पर 'ण्ह' की प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर तृतीय रूप *चिण्हं* भी सिद्ध हो जाता है ॥२-५०॥

भस्मात्मनोः पो वा ॥२-५१॥

अनयोः संयुक्तस्य पो वा भवति ॥ भप्पो भस्सो। अप्पा अप्पाणो। पक्षे अत्ता ॥

अर्थ—संस्कृत शब्द 'भस्म' में स्थित संयुक्त व्यञ्जन 'स्म' के स्थान पर विकल्प से 'प' की प्राप्ति होती है। जैसे—(भस्मन् के प्रथमान्त रूप) भस्मा=भप्पो अथवा भस्सो ॥ इसी प्रकार से संस्कृत शब्द 'आत्मा' में स्थित संयुक्त व्यञ्जन 'त्म' के स्थान पर भी विकल्प से 'प' की प्राप्ति होती है। जैसे—(आत्मन् के प्रथमान्त रूप) आत्मा=अप्पा अथवा अप्पाणो। वैकल्पिक पक्ष होने से रूपान्तर में 'अत्ता' भी होता है।

भस्मन् संस्कृत मूल रूप है। इसके प्राकृत रूप भप्पो और भस्सो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-५१ से संयुक्त व्यञ्जन 'स्म' के स्थान पर विकल्प से 'प' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति; १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'न्' का लोप; १-३२ से 'भस्म' शब्द को पुल्लिगत्व की प्राप्ति होने से ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *भप्पो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप में सूत्र-संख्या २-७८ से 'म' का लोप; २-८९ से शेष 'स' को द्वित्व 'स्स' की प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *भस्सो* भी सिद्ध हो जाता है।

आत्मन् संस्कृत मूल शब्द है। इसके प्राकृत रूप अप्पा अप्पाणो और अत्ता होते हैं। इनमें से

प्रथम रूप मे सूत्र-सख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व 'अ' की प्राप्ति, २-५१ से सयुक्त व्यञ्जन 'त्म' के स्थान पर विकल्प से 'प' की प्राप्ति, २-८६ से प्राप्त 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति; १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'न्' का लोप और ३-४९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नकारान्त पुल्लिग में अन्त्य न' का लोप हो जाने पर एवं प्राप्त 'सि' प्रत्यय के स्थान पर शेष अन्तिम व्यञ्जन 'प' में वैकल्पिक रूप से आ' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *अप्पा* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप अप्पाणो में 'अप्प' पर्यन्त तो प्रथम रूप के समान ही सूत्र-सायनिका की प्राप्ति; और शेष 'आणो' में सूत्र-सख्या ३ ५६ से वैकल्पिक रूप से 'आण' आदेश की प्राप्ति एव ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *अप्पाणो* भी सिद्ध हो जाता है।

तृतीय रूप 'अत्ता' में सूत्र-सख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति, २-७८ से म्' का लोप, २ ८६ से 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति, और ३-४९ से (नकारान्त पुल्लिग शब्दों में स्थित अन्त्य 'न्' का लोप होकर) प्रथमा विभक्ति मे प्राप्त प्रत्यय 'सि' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति होकर तृतीय रूप *अत्ता* भी सिद्ध हो जाता है ॥२-५१॥

ड्म--क्मोः ॥ २--५२ ॥

ड्मक्मोः पो भवति ॥ कुड्मलम् । कुम्पलं । रुक्मिणी । रुप्पिणी । क्वचित् च्मोपि ॥ रुच्मी रुप्पी ॥

अर्थः—जिन सस्कृत शब्दोंमें संयुक्त व्यञ्जन 'ड्म' अथवा 'क्म' रहा हुआ होता है, तो ऐसे शब्दो के प्राकृत रुपान्तर में इन संयुक्त व्यञ्जन 'ड्म' अथवा 'क्म' के स्थान पर 'प' की प्राप्ति होती है। जैसे'—'ड्म' का उदाहरण—कुड्मलम्=कुम्पल ॥ 'क्म' का उदाहरण—रुक्मिणी=रुप्पिणी इत्यादि ॥ कभी कभी क्म के स्थान पर 'च्म' की प्राप्ति भी हो जाती है। जैसे.—रुक्मी=रुच्मी अथवा रुप्पी ॥

कुड्मलम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कुम्पलं होता है। इसमें सूत्र-सख्या २-५२ से सयुक्त व्यञ्जन 'ड्म' के स्थान पर 'प' की प्राप्ति, १-२६ से प्रथम आदि स्वर 'उ' पर अनुस्वार रूप आगम की प्राप्ति, १-३० से प्राप्त अनुस्वार को आगे 'प' वर्ण की स्थिति होने से पवर्ग के पञ्चमाक्षर रूप हलन्त 'म् की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' को अनुस्वार की प्राप्ति होकर *कुम्पलं* रूप सिद्ध हो जाता है।

रुक्मिणी संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप रुप्पिणी होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-५२ से संयुक्त व्यञ्जन 'क्म' के स्थान पर 'प' की प्राप्ति, और २-८६ से प्राप्त 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति होकर *रुप्पिणी* रूप सिद्ध हो जाता है।

रुक्मी संस्कृत विशेषण है। इसके प्राकृत रूप रुम्मी और रुप्पी होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-५२ की वृत्ति से संयुक्त व्यञ्जन 'क्म' के स्थान पर 'म्म' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *रुम्मी* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप में सूत्र-संख्या २-५२ से संयुक्त व्यञ्जन क्म के स्थान पर 'प' की प्राप्ति और २-८९ से प्राप्त 'प' को द्वित्व प्प की प्राप्ति होकर *रुप्पी* रूप सिद्ध हो जाता है ॥२-५२॥

ष्प स्पयोः फः ॥ २-५३ ॥

ष्प-स्पयोः फो भवति ॥ पुष्पम् । पुप्फं ॥ शष्पम् । सप्फं ॥ निष्पेष । निप्फेसो ॥ निष्पावः । निप्फावो ॥ स्पन्दनम् । फन्दणं ॥ प्रतिस्पर्धिन् । पाडिप्फद्धी ॥ बहुलाधिकाराद् क्वचिद् विकल्पः । बुहप्फई बुहप्पई ॥ क्वचिन्न भवति ॥ निप्पहो । णिप्पुंसणं । परोप्परम् ॥

अर्थ—जिन संस्कृत शब्दों में संयुक्त व्यञ्जन 'ष्प' अथवा 'स्प' होता है तो प्राकृत रूपान्तर में इन संयुक्त व्यञ्जनों के स्थान पर 'फ' की प्राप्ति होती है। जैसे-पुष्पम्=पुप्फं ॥ शष्पम्=सप्फं ॥ निष्पेष=निप्फेसो ॥ निष्पाव=निप्फावो ॥ स्पन्दनम्=फन्दणं और प्रतिस्पर्धिन्=पाडिप्फद्धी ॥ 'बहुलं' सूत्र के अधिकार से किसी किसी शब्द में 'ष्प' अथवा 'स्प' के होने पर भी इन संयुक्त व्यञ्जनों के स्थान पर 'फ' की प्राप्ति विकल्प से होती है। जैसे-बृहस्पतिः=बुहप्फई अथवा बहुप्पई ॥ किसी किसी शब्द में तो संयुक्त व्यञ्जन 'स्प' और 'ष्प' के स्थान पर 'फ' की प्राप्ति नहीं होती है। जैसे-निष्प्रभ= निप्पहो ॥ निष्पुंसनम्=णिप्पुंसणं ॥ परस्परम्=परोप्परं ॥ इत्यादि ॥

पुप्फं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२३६ में की गई है।

शष्पम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सप्फं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२६० से 'श' का 'स' २-५३ से संयुक्त व्यञ्जन ष्प के स्थान पर 'फ' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'फ' का द्वित्व फ्फ की प्राप्ति २-९० से प्राप्त पूर्व 'फ' का 'प्' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *सप्फं* रूप सिद्ध हो जाता है।

निष्पेष संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप निप्फेसो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-५३ से संयुक्त व्यञ्जन 'ष्प' के स्थान पर 'फ' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'फ' का द्वित्व 'फ्फ' की प्राप्ति; २-९० से प्राप्त पूर्व 'फ्' का 'प्' की प्राप्ति १-२६० से 'ष' का 'स' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *निप्फेसो* रूप सिद्ध हो जाता है।

निष्पाव संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप निप्फावो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-५३ से संयुक्त

'ष्प

पूर्व 'फ' को 'प' की प्राप्ति, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *निप्फावो* रूप सिद्ध हो जाता है।

स्पन्दनम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप फन्दणं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-५३ से संयुक्त व्यञ्जन 'स्प' के स्थान पर 'फ' की प्राप्ति, १-२२८ से द्वितीय 'न' का 'ण', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *फन्दणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

पाडिप्फद्धी रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-४४ में की गई है।

बृहस्पतिः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप बुहप्फई और बुहप्पई होते है। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-१३८ से 'ऋ' के स्थान पर 'उ' की प्राप्ति, २-५३ से संयुक्त व्यञ्जन 'स्प' के स्थान पर 'फ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'फ' को द्वित्व 'फ्फ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'फ्' को 'प्' की प्राप्ति, १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में ह्रस्व इकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *बुहप्फई* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप में सूत्र-संख्या १-१३८ से 'ऋ' के स्थान पर 'उ' की प्राप्ति, २-७७ से 'स्' का लोप; २-८९ से शेष 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति और शेष साधनिका का प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *बुहप्पई* भी सिद्ध हो जाता है।

निष्प्रभः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप निप्पहो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से 'ष्' का लोप, २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से शेष 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति, १-१८७ से 'भ' का 'ह' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारांत पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *निप्पहो* रूप सिद्ध हो जाता है।

निष्पुंसनम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप णिप्पुंसणं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से 'ष्' का लोप, २-८९ से 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति, १-२२८ से दोनों 'न' का 'ण', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *णिप्पुंसणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

परोप्परं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-६२ में की गई है ॥२-५३॥

भीष्मे ष्मः ॥ २-५४ ॥

भीष्मे ष्मस्य फो भवति ॥ भिप्फो ॥

अर्थ—संस्कृत शब्द 'भीष्म' में स्थित संयुक्त व्यञ्जन 'ष्म' के स्थान पर 'फ' की प्राप्ति होती है। जैसे—भीष्मः=भिप्फो ॥

भीष्म संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप भिप्फो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'ई' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति; २-५४ से संयुक्त व्यञ्जन 'ष्म' के स्थान पर 'फ' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'फ' का द्वित्व 'फ्फ' की प्राप्ति; २-९० से प्राप्त पूर्व 'फ्' को 'प्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *भिप्फो* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ -५४॥

श्लेष्मणि वा ॥ २-५५ ॥

श्लेष्म शब्दे ष्मस्य फो वा भवति ॥ सेफो सिलिम्हो ॥

अर्थ—संस्कृत शब्द 'श्लेष्म' में स्थित संयुक्त व्यञ्जन 'ष्म' के स्थान पर विकल्प से 'फ' की प्राप्ति होती है। जैसे—श्लेष्मा=सफो अथवा सिलिम्हो ॥

श्लेष्मा संस्कृत (श्लेष्मन्) का प्रथमान्त रूप है। इसके प्राकृत रूप सफो और सिलिम्हो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-७९ से 'ल्' का लोप; १-२६० से शेष 'श' को 'स' की प्राप्ति; २-५५ से संयुक्त व्यञ्जन 'ष्म' के स्थान पर विकल्प से 'फ' की प्राप्ति; १-११ से मूल शब्द में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'न्' का लोप; १-३२ से मूल शब्द 'नकारान्त' होने से मूल शब्द को पुल्लिंगत्व की प्राप्ति और तदनुसार ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में प्राप्त अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *सेफो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप में सूत्र-संख्या १-८४ से 'श्ले' में स्थित दीर्घ स्वर 'ए' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति होने से 'शिल' हुआ; २-१०६ से हलन्त व्यञ्जन 'श' में 'इ' आगम रूप स्वर की प्राप्ति होने से 'शिलि' रूप हुआ; १-२६० से 'श' का 'स' होने से 'सिलि' की प्राप्ति; २-७४ से संयुक्त व्यञ्जन 'ष्म' के स्थान पर 'म्ह' की प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *सिलिम्हो* भी सिद्ध हो जाता है ॥२-५५॥

ताम्राम्रे म्बः ॥ २-५६ ॥

अनयोः संयुक्तस्य मयुक्तो बो भवति ॥ तम्बं । अम्बं ॥ अम्बिर तम्बिर इति देश्यौ ॥

अर्थ—संस्कृत शब्द 'ताम्र' और 'आम्र' में स्थित संयुक्त व्यञ्जन 'म्र' के स्थान पर 'म्ब' की प्राप्ति होती है। जैसे ताम्रम्=तम्बं और आम्रम्=अम्बं ॥ देशज बोली में अथवा ग्रामीण बोली में ताम्र का तम्बिर और आम्र का अम्बिर भी होता है।

तम्बं और अम्बं रूपों की सिद्धि सूत्र संख्या १-८४ मे की गई है। अम्बिर और तम्बिर रूप देशज हैं, तदनुसार देशज शब्दों की साधनिका प्राकृत भाषा के नियमों के अनुसार नहीं की जा सकती है। ॥ २-५६ ॥

ह्वो भो वा ॥ २-५७ ॥

ह्वस्य भो वा भवति ॥ जिब्भा जीहा ॥

अर्थः—यदि किसी संस्कृत शब्द मे 'ह्व' हो तो इस संयुक्त व्यञ्जन 'ह्व' के स्थान पर विकल्प से 'भ' की प्राप्ति होती है। जैसे—जिह्वा = जिब्भा अथवा जीहा ॥

जिह्वा संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप जिब्भा और जीहा होते हैं। इनमें से प्रथम रूप मे सूत्र-संख्या २-५७ से संयुक्त व्यञ्जन 'ह्व' के स्थान पर विकल्प से 'भ' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'भ' को द्वित्व 'भ् भ' की प्राप्ति और २-९० से प्राप्त पूर्व 'भ्' को 'ब' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *जिब्भा* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप में सूत्र-संख्या १-९२ से ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति और २-७९ से 'व्' का लोप होकर *जीहा* रूप सिद्ध हो जाता है ॥ २-५७ ॥

वा विह्वले वौ वश्च ॥ २-५८ ॥

विह्वले ह्वस्य भो वा भवति। तत्संनियोगे च विशब्दे वस्य वा भो भवति ॥ भिब्भलो विब्भलो विहलो ॥

अर्थः—संस्कृत विह्वल शब्द में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'ह्व' के स्थान पर 'भ' की प्राप्ति विकल्प से होती है। इसी प्रकार से जिस रूप मे 'ह्व' के स्थान पर 'भ' की प्राप्ति होगी, तब आदि वर्ण 'वि' में स्थित 'व्' के स्थान पर विकल्प से 'भ' की प्राप्ति होती है। जैसे—विह्वल = भिब्भलो अथवा विब्भलो और विहलो।

विह्वल : संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप भिब्भलो; विब्भलो और विहलो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-५८ से संयुक्त 'ह्व' के स्थान पर विकल्प से 'भ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'भ' को द्वित्व 'भ् भ' की प्राप्ति २-९० से प्राप्त, पूर्व 'भ्' को 'ब्' की प्राप्ति, २-५८ की वृत्ति से आदि में स्थित 'वि' के 'व्' को आगे 'भ' की उपस्थिति होने के कारण से विकल्प से 'भ्' की प्राप्ति, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारांत पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *भिब्भलो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप में २-५८ की वृत्ति से वैकल्पिक पक्ष होने के कारण आदि वर्ण 'वि' को 'भि' की

प्राप्ति नहीं होकर 'वि' ही कायम रहकर और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *विम्भलो* भी सिद्ध हो जाता है।

तृतीय रूप में सूत्र-संख्या २-७९ से द्वितीय 'व्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विहलो* रूप भी सिद्ध हो जाता है ॥२-५८॥

वोर्ध्वे ॥२-५९॥

ऊर्ध्व शब्दे संयुक्तस्य भो भवति ॥ उब्भं उद्धं ॥

अर्थ—संस्कृत शब्द 'ऊर्ध्व' में स्थित संयुक्त व्यञ्जन 'ध्व' के स्थान पर विकल्प से 'भ' की प्राप्ति होती है। जैसे-ऊर्ध्वम्=उब्भं अथवा उद्धं ॥

ऊर्ध्वम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप उब्भं और उद्धं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-८४ से आदि में स्थित दीर्घ स्वर 'ऊ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' की प्राप्ति; २-५९ से संयुक्त व्यञ्जन 'ध्व' के स्थान पर 'भ' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'भ' को द्वित्व 'भभ' की प्राप्ति; २-९० से प्राप्त पूर्व 'भ्' को 'ब्' की प्राप्ति; २-७९ से रेफ रूप 'र्' का लोप; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *उब्भं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप में सूत्र-संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'ऊ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' की प्राप्ति; २-७९ से 'र्' और 'व्' दोनों का लोप; २-८९ से शेष 'ध' को द्वित्व 'धध' की प्राप्ति; २-९० से प्राप्त पूर्व 'ध्' को 'द्' की प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *उद्धं* भी सिद्ध हो जाता है।

कश्मीरे म्भो वा ॥२-६०॥

कश्मीर शब्दे संयुक्तस्य म्भो वा भवति ॥ कम्भारा कम्हारा ॥

अर्थ—संस्कृत शब्द 'कश्मीर' में स्थित संयुक्त व्यञ्जन 'श्म' के स्थान पर विकल्प से 'म्भ' की प्राप्ति होती है। जैसे-कश्मीरा=कम्भारा अथवा कम्हारा ॥

कश्मीरा—संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप कम्भारा और कम्हारा होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-६० से संयुक्त व्यञ्जन 'श्म' के स्थान पर विकल्प से 'म्भ' की प्राप्ति; १-१०० से दीर्घ स्वर 'ई' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति; ३-४ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'जस्' प्रत्यय की प्राप्ति होकर लोप और ३-१२ से प्राप्त एवं लुप्त 'जस्' प्रत्यय के कारण से अन्तिम ह्रस्व स्वर 'अ' को दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *कम्भारा* सिद्ध हो जाता है।

कम्हारा की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१०० में की गई है ॥२-६०॥

न्मो मः ॥२-६१॥

न्मस्य मो भवति ॥ अधोलोपापवादः ॥ जम्मो । वम्महो । मम्मणं ॥

अर्थ.—जिन संस्कृत शब्दों में संयुक्त व्यञ्जन 'न्म' होता है, तो ऐसे संस्कृत शब्दों के प्राकृत-रूपान्तर में उस संयुक्त व्यञ्जन 'न्म' के स्थान पर 'म' की प्राप्ति होती है। सूत्र-संख्या २-७८ में बतलाया गया है कि अधो रूप से स्थित अर्थात् वर्ण में परवर्ती रूप से संलग्न हलन्त 'न्' का लोप होता है। जैसे-लग्नः=लग्गो। इस उदाहरण में 'ग' वर्ण में परवर्ती रूप से संलग्न हलन्त 'न्' का लोप हुआ है, जबकि इस सूत्र-संख्या २-६१ में बतलाते हैं कि यदि हलन्त 'न्' परवर्ती नहीं होकर पूर्व वर्ती होता हुआ 'म' के साथ में संलग्न हो; तो ऐसे पूर्ववर्ती हलन्त 'न्' का भी (केवल 'म' वर्ण के साथ में होने पर ही) लोप हो जाया करता है। तदनुसार इस सूत्र संख्या २-६१ को आगे आने वाले सूत्र संख्या २-७८ का अपवाद रूप सूत्र माना जाय। जैसा कि ग्रंथकार 'अधोलोपापवाद' शब्द द्वारा कहते है। उदाहरण इस प्रकार हैं—जन्मन्=जम्मो ॥ मन्मथः=वम्महो और मन्मनम्=मम्मण ॥ इत्यादि ॥

जम्मो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-११ में की गई है।

वम्महो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२४२ में की गई है।

मन्मनम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मम्मणं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-६१ से संयुक्त व्यञ्जन 'न्म' के स्थान पर 'म' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'म' को द्वित्व 'म्म' की प्राप्ति, १-२२८ से 'न' का 'ण', ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' को अनुस्वार की प्राप्ति होकर *मम्मणं* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ २-६१ ॥

ग्मो वा ॥२-६२॥

ग्मस्य मो वा भवति ॥ युग्मम् । जुम्मं जुग्गं ॥ तिग्मम् । तिम्मं तिग्गं ॥

अर्थः—संस्कृत शब्द में यदि 'ग्म' रहा हुआ हो तो उसके प्राकृत रूपान्तर में संयुक्त व्यञ्जन 'ग्म' के स्थान पर विकल्प से 'म' की प्राप्ति होती है। जैसे—युग्मम्=जुम्मं अथवा जुग्गं और तिग्मम्=तिम्मं अथवा तिग्गं ॥ इत्यादि ॥

युग्मम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप जुम्मं और जुग्गं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-२४५ से 'य' का 'ज', २-६२ से संयुक्त व्यञ्जन 'ग्म' के स्थान पर विकल्प से 'म' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'म' को द्वित्व 'म्म' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त

नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *जुग्मं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप में सूत्र-संख्या १-२४५ से 'य' का 'ज', २-७८ से 'म्' का लोप; २-८९ से शेष 'ग' को द्वित्व 'ग्ग' की प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *जुग्गं* भी सिद्ध हो जाता है।

तिग्मम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप तिग्म्मं और तिग्गं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-६२ से संयुक्त व्यञ्जन 'ग्म' के स्थान पर विकल्प से 'म' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'म' को द्वित्व 'म्म' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *तिम्मं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप में सूत्र-संख्या २-७८ से 'म्' का लोप; २-८९ से शेष 'ग' को द्वित्व 'ग्ग' की प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *तिग्गं* भी सिद्ध हो जाता है ॥२-६२॥

ब्रह्मचर्य-तूर्य-सौन्दर्य-शौण्डीर्ये र्यो रः ॥२-६३॥

एषु र्यस्य रो भवति। जापवादः॥ बम्हचेरं॥ चौर्य समत्वाद् बम्हचरिअं। तूरं। सुन्देरं। सोंडीरं॥

अर्थः—संस्कृत शब्द ब्रह्मचर्य, तूर्य, सौन्दर्य और शौण्डीर्य में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के स्थान पर 'र' की प्राप्ति होती है। सूत्र संख्या २-२४ में कहा गया है कि संयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति होती है, जबकि इस सूत्र संख्या २-६३ में विधान किया गया है कि ब्रह्मचर्य आदि इन चार शब्दों में स्थित 'र्य' के स्थान पर 'र' की प्राप्ति होती है। जैसे:—ब्रह्मचर्यम्=बम्हचेरं। तूर्यम्=तूरं। सौन्दर्यम्=सुन्देरं और शौण्डीर्यम्=सोंडीरं॥ सूत्र-संख्या २-१०७ के विधान से अर्थात् 'चौर्य-सम' आदि के उल्लेख से ब्रह्मचर्यम् का वैकल्पिक रूप से 'बम्हचरिअं' भी एक प्राकृत रूपान्तर होता है।

बम्हचेरं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-५९ में की गई है।

ब्रह्मचर्यम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप बम्हचरिअं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से आदि अथवा प्रथम 'र्' का लोप; २-७४ से 'ह्म' के स्थान पर 'म्ह' की प्राप्ति; २-१०७ से 'र्य' में स्थित 'र्' में 'इ' रूप आगम की प्राप्ति; १-१७७ से 'य' का लोप; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *बम्हचरिअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

तूर्यम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप तूरं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-६३ से संयुक्त

व्यञ्जन 'र्य' के स्थान पर 'र' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर तूरं रूप सिद्ध हो जाता है।

सुन्देरं रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या १-५७ में की गई है।

शौण्डीर्यम् सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सोण्डीर होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'श' का 'स', १-१५९ से दीर्घ स्वर 'औ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'ओ' की प्राप्ति, २-६३ से सयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के स्थान पर 'र' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *सोण्डीरं* रूप सिद्ध हो जाता है ॥२-६३॥

धैर्ये वा ॥ २-६४ ॥

धैर्ये र्यस्य रो वा भवति ॥ धीरं धिज्जं ॥ सूरो सुज्जो इति तु सूर-सूर्य-प्रकृति-भेदात् ॥

अर्थः-संस्कृत शब्द 'धैर्य' में रहे हुए सयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के स्थान पर विकल्प से 'र' की प्राप्ति होती है। जैसे-धैर्यम्=धीरं अथवा धिज्ज ॥ सस्कृत शब्द 'सूर्य' के प्राकृत रूपान्तर 'सूरो' और 'सुज्जो यों दोनों रूप नहीं माने जांय। किन्तु एक ही रूप 'सुज्जो' ही माना जाय॥ क्योंकि प्राकृत रूपान्तर 'सूरो' का सस्कृत रूप 'सूर' होता है और 'सूर्य' का 'सुज्जो ॥ यों शब्द-भेद से अथवा प्रकृति-भेद से सूरो और सुज्जो रूप होते है, यह ध्यान मे रखना चाहिये ॥

धैर्यम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूपान्तर धीर और धिज्ज होते हैं। इनमें से प्रथम रूप *धीरं* की सिद्धि सूत्र-सख्या १-१५५ में की गई है।

द्वितीय रूप धिज्ज में सूत्र-सख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'ऐ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर (अर्थात् 'ऐ' का पूर्व रूप=अ + इ)='इ' की प्राप्ति, २-२४ से सयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति, २-८९ से, प्राप्त 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर द्वितीय रूप *धिज्जं* भी सिद्ध हो जाता है।

सूरः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूपान्तर सूरो होता है। इसमें सूत्र-सख्या ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर सूरो रूप सिद्ध हो जाता है।

सूर्यः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सुज्जो होता है। इसमे सूत्र-संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'ऊ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' की प्राप्ति, २-२४ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति, २-८९

से प्राप्त, 'ख' को द्वित्व 'ग्ज' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारांत पुल्लिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय होकर कुम्मो रूप सिद्ध हो जाता है ॥२-६४॥

एत पर्यन्ते ॥२-६५॥

पर्यन्ते एकारात् परस्य र्यस्य रो भवति ॥ परन्तो ॥ एत इति किम् । पज्जन्तो ॥

अर्थ—संस्कृत-शब्द पर्यन्त में सूत्र-संख्या १ ५८ से 'प वर्ण में 'ए' की प्राप्ति होने पर संयुक्त व्यञ्जन 'र्य के स्थान पर र की प्राप्ति होती है। जैसे—पर्यन्त'=पेरन्तो ॥

प्रश्न—पर्यन्त शब्द में स्थित 'प वर्ण में 'ऐ की प्राप्ति होने पर ही संयुक्त व्यञ्जन 'र्य के स्थान पर 'र' की प्राप्ति होती है-ऐसा क्यों कहा गया है ?

उत्तर—यदि पर्यन्त शब्द में स्थित 'प' वर्ण में 'ए की प्राप्ति नहीं होती है तो संयुक्त व्यञ्जन 'र्य के स्थान पर 'र की प्राप्ति नहीं होकर 'ज्ज की प्राप्ति होती है। अतः संयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के स्थान पर 'र' की प्राप्ति तभी होती है, जबकि प्रथम वर्ण 'प में 'ए की प्राप्ति हो अन्यथा नहीं। ऐसा स्वरूप विशेष समझाने के लिये ही 'एत का विधान करना पड़ा है। पक्षान्तर का उदाहरण इस प्रकार है—पर्यन्तः=पज्जन्तो ॥

पेरन्तो और *पज्जन्तो* दोनों रूपों की सिद्धि सूत्र-संख्या १ ५८ में की गई है ॥२-६५॥

आश्चर्ये ॥ २-६६ ॥

आश्चर्ये एतः परस्य र्यस्य रो भवति ॥ अच्छेरं ॥ एत इत्येव । अच्छरिअं ॥

अर्थ—संस्कृत शब्द 'आश्चर्य' में स्थित 'श्च व्यञ्जन में रहे हुए 'अ स्वर को 'ए की प्राप्ति होने पर संयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के स्थान पर र की प्राप्ति होती है। जैसे—आश्चर्यम्=अच्छेरं ॥

प्रश्न—श्च व्यञ्जन में स्थित अ स्वर को 'ए' की प्राप्ति होने पर ही 'र्य के स्थान पर 'र की प्राप्ति होती है ऐसा क्यों कहा गया है ?

उत्तर—यदि 'श्च' के 'अ' को 'ए की प्राप्ति नहीं होती है तो 'र्य' के स्थान पर र' की प्राप्ति नहीं होकर 'रिअ' की प्राप्ति होती है। जैसे—आश्चर्यम्=अच्छरिअं ॥

अच्छेरं और *अच्छरिअं* दोनों रूपों को सिद्धि सूत्र-संख्या १-५८ में की गई है ॥२-६६॥

अतो रिआर-रिज्ज रीअं ॥२-६७॥

आश्चर्ये अकारात् परस्य र्यस्य रिअ अर रिज्ज रीअ इत्येते आदेशा भवन्ति ॥ अच्छरिअं अच्छअरं अच्छरिज्जं अच्छरीअं ॥ अत इति किम् । अच्छेरं ॥

अर्थः—सस्कृत शब्द 'आश्चर्य मे स्थित 'श्च' के स्थान पर प्राप्त होने वाले 'च्छ' मे रहे हुए 'अ' को यथा-स्थिति प्राप्त होने पर अर्थात् 'अ' स्वर का 'अ' स्वर ही रहने पर सयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के स्थान पर क्रम से चार आदेशो की प्राप्ति होती है। वे क्रमिक आदेश इस प्रकार है:—'रिअ', 'अर' 'रिज्ज', और रीअ ॥ इनके क्रमिक उदाहरण इस प्रकार है -आश्चर्यम् = अच्छरिअं अथवा अच्छअरं अथवा अच्छरिज्ज और अच्छरीअं ॥

प्रश्न—'श्च' के स्थान पर प्राप्त होने वाले 'च्छ' में स्थित 'अ' स्वर को यथा-स्थिति प्राप्त होने पर अर्थात् 'अ' का 'अ' ही रहने पर 'र्य' के स्थान पर इन उपरोक्त चार आदेशो को प्राप्ति होतो है ऐसा क्यो कहा गया है ?

उत्तर.—यदि उपरोक्त 'च्छ' मे स्थित 'अ' को 'ए' की प्राप्ति हो जातो है; तो सयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के स्थान पर ऊपर वर्णित एव क्रम से प्राप्त होने वाले चार आदेशो की प्राप्ति नही होगी। यों प्रमाणित होता है कि चार आदेशों की क्रमिक प्राप्ति 'अ' की यथा स्थिति बनी रहने पर ही होती है, अन्यथा नहीं। पक्षान्तर में वर्णित 'च्छ' में स्थित 'अ' स्वर के स्थान पर 'ए' स्वर की प्राप्ति हो जाती है, तो सस्कृत शब्द आश्चर्यम् का एक अन्य ही प्राकृत रूपान्तर हो जाता है। जो कि इस प्रकार है.—*आश्चर्यम् = अच्छेरं* ॥

अच्छरिअं रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या १-७ मे की गई है।

अच्छअरं, अच्छरिज्जं, अच्छरीअं, और *अच्छेरं* रूपो की सिद्धि सूत्र-सख्या १-५८ में की गई है ॥ २-६७ ॥

पर्यस्त-पर्याण-सौकुमार्ये ल्लः ॥२-६८॥

एषु र्यस्य ल्लो भवति ॥ पर्यस्तं पल्लटं पल्लत्थं। पल्लाणं। सोअमल्लं ॥ पल्लङ्को इति च पल्यंक शब्दस्य यलोपे द्वित्वे च ॥ पलिअङ्को इत्यपि। चौर्य समत्वात् ॥

अर्थः—सस्कृत शब्द पर्यस्त' 'पर्याण' और 'सौकुमार्य' मे रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के स्थान पर द्वित्व 'ल्ल' की प्राप्ति होती है। जैसे -पर्यस्तम्=पल्लट्टं अथवा पल्लत्थ ॥ पर्याणम्=पल्लाण ॥ सौकुमार्यम्=सोअमल्ल ॥ सस्कृत शब्द पल्यङ्क का प्राकृत रूप पल्लङ्को होता है। इसमें सयुक्त व्यञ्जन 'ल्य' के स्थान पर द्वित्व 'ल्ल' की प्राप्ति नहीं हुई है। किन्तु सूत्र सख्या २-७८ के अनुसार 'य्' का लोप और २-८९ के अनुसार शेष रहे हुए 'ल' को द्वित्व 'ल्ल' की प्राप्ति होकर *पल्लङ्को* रूप बनता है। सूत्रान्तर की साधनिका से पल्यङ्क का द्वितीय रूप *पलिअङ्को* भी होता है। 'चौर्य समत्वात्' से सूत्र संख्या २-१०७ का तात्पर्य है। जिसके विधान के अनुसार सस्कृत रूप 'पल्यङ्क' के प्राकृत रूपान्तर में हलन्त 'ल्' व्यञ्जन में आगम रूप 'इ' स्वर की प्राप्ति होती है। इस प्रकार द्वित्व 'ल्ल' की प्राप्ति के प्रति सूत्र संख्या का ध्यान रखना चाहिये। ऐसा ग्रथकार का आदेश है।

पर्यस्तम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूपान्तर पल्लट्टं और पल्लत्थं होते हैं। इन में से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-६८ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के स्थान पर द्वित्व 'ल्ल' की प्राप्ति, २-४७ से संयुक्त व्यञ्जन 'स्त' के स्थान पर 'ट' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ट' का द्वित्व 'ट्ट' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त म् का अनुस्वार होकर प्रथम रूप पल्लट्टं सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप पल्लत्थं की सिद्धि सूत्र-संख्या २-४७ में की गई है। अन्तर इतना सा है कि वहां पर पल्लत्थो रूप पुल्लिंग में दिया गया है। एवं यहां पर पल्लत्थं रूप नपुंसक लिंग में दिया गया है। इसका कारण यह है कि यह शब्द विशेषण है और विशेषण-वाचक शब्द दोनों लिंगों में प्रयुक्त हुआ करते हैं। पल्लाणं रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२५२ में की गई है।

सोअमल्लं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१०७ में की गई है।

पर्यंकः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप पल्लंको और पलिअंको भी होते हैं। इन में से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-७८ से 'य्' का लोप; २-८९ से शेष रहे हुए 'ल' को द्वित्व 'ल्ल' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति हो कर पल्लंको रूप सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (पर्यंक)=पलिअंको में सूत्र-संख्या २-१०७ से हलन्त व्यञ्जन 'ल' में 'इ' वर्ण आगे रहने से आगम रूप 'इ' स्वर की प्राप्ति; १-१७७ से 'य्' का लोप; और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप पलिअंको भी सिद्ध हो जाता है। ॥ २-६८ ॥

बृहस्पति-वनस्पत्योः सो वा ॥ २-६९ ॥

अनयोः संयुक्तस्य सो वा भवति ॥ बहस्सई बहप्फई ॥ भयस्सई ॥ भयप्फई ॥ वणस्सई वणप्फई ॥

अर्थ—संस्कृत शब्द बृहस्पति और वनस्पति में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'स्प' के स्थान पर विकल्प से 'स' की प्राप्ति हुआ करती है। विकल्प से कहने का तात्पर्य यह है कि सूत्र संख्या २-५३ में ऐसा विधान कर दिया गया है कि संयुक्त व्यञ्जन 'स्प' के स्थान पर 'फ' की प्राप्ति होती है। किन्तु यहाँ पर पुनः उसी संयुक्त व्यञ्जन 'स्प' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति का उल्लेख करते हैं, अतः वदतो वचन-व्याघात के दोष से सुरक्षित रहने के लिये मूल-सूत्र में विकल्प अर्थ वाचक 'वा' शब्द का कथन करना पड़ा है। यह ध्यान में रखना चाहिये। उदाहरण इस प्रकार हैं— बृहस्पति=बहस्सई अथवा बहप्फई और भयस्सई अथवा भयप्फई ॥ वनस्पतिः=वणस्सई अथवा वणप्फई ॥

वृहस्पति संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप वहस्सई और वहप्फई होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र सख्या १-१२६ से 'ऋ के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, २-६६ से सयुक्त व्यञ्जन 'स्प' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति; २-८६ से प्राप्त 'स' को द्वित्व 'स्स' की प्राप्ति; १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-१६ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *वहस्सई* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप *वहप्फई* की सिद्धि सूत्र सख्या १-१३८ मे की गई है।

वृहस्पति सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप भयस्सई और भयप्फई होते है। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र सख्या १-१२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, २-१३७ से प्राप्त वह' के स्थान पर विकल्प से 'भय' की प्राप्ति,२-६६ से सयुक्त व्यञ्जन 'स्प' के स्थान पर 'स' की विकल्प से प्राप्ति;२-८६ से प्राप्त 'स' को द्वित्व 'स्स' की प्राप्ति, १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-१६ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे इकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *भयस्सई* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (वृहस्पति =) भयप्फई में सूत्र-सख्या १-१२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, २-१३७ से प्राप्त 'वह' के स्थान पर विकल्प से 'भय' की प्राप्ति, २-५३ से सयुक्त व्यञ्जन 'स्प' के स्थान पर 'फ' की प्राप्ति, २-८६ से प्राप्त 'फ' को द्वित्व 'फ्फ' की प्राप्ति, २-९० प्राप्त पूर्व 'फ्' को 'प्' की प्राप्ति, १-१७७ से 'त्' का लोप, और ३-१६ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर इ' को दीर्घ-'ई' की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *भयप्फई* भी सिद्ध हो जाता है।

वनस्पति सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप वणस्सई और वणप्फई होते हैं। इनमे से प्रथम रूप में सूत्र-सख्या १-२२८ से 'न' का 'ण', २-६६ से सयुक्त व्यञ्जन 'स्प के स्थान पर विकल्प से 'स की प्राप्ति, २-८६ से प्राप्त 'स' को द्वित्व 'स्स' की प्राप्ति १-१७७ से 'त्' का लोप, और '३-१६ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *वणस्सई* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (वनस्पतिः=) वणप्फई में सूत्र-सख्या-१-२२८ से 'न' का 'ण', २-५३ से सयुक्त व्यञ्जन 'स्प' के स्थान पर 'फ' की प्राप्ति, २-८६ से प्राप्त 'फ' को द्वित्व 'फ्फ' की प्राप्ति २-९० से प्राप्त पूर्व 'फ्' को 'प' की प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *वणप्फई* सिद्ध हो जाता है॥ २-६६॥

बाष्पे हो श्रुणि ॥ २-७० ॥

बाष्प शब्दे संयुक्तस्य हो भवति अश्रुण्यभिधेये ॥ बाहो नेत्र-जलम् ॥ अश्रुणीति किम् ॥ बप्फो ऊष्मा ॥

अर्थ —यदि संस्कृत शब्द 'बाष्प' का अर्थ आँसू वाचक हो तो ऐसी स्थित में 'बाष्प' में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'ष्प' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति होती है। जैसे —बाष्पः=बाहो अर्थात् आँखों का पानी आँसू ॥

प्रश्न—अश्रु वाचक स्थिति में ही बाष्प शब्द में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'ष्प' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति होती है, अन्यथा नहीं, ऐसा क्यों कहा गया है ?

उत्तर—संस्कृत शब्द 'बाष्प' के दो अर्थ होते हैं प्रथम तो आँसू और द्वितीय भाप। तदनुसार अर्थ-भिन्नता से रूप-भिन्नता भी हो जाती है। अतएव 'बाष्प' शब्द के आँसू अर्थ में प्राकृत रूप बाहो होता है और भाफ अर्थ में प्राकृत रूप बप्फो होता है। यों रूप भिन्नता समझाने के लिये ही संयुक्त-व्यञ्जन 'ष्प' के स्थान पर 'ह' होता है ऐसा स्पष्ट उल्लेख करना पड़ा है। यों तात्पर्य विशेष को समझ लेना चाहिये। बाष्पः (आँसू) संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप बाहो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७० से संयुक्त व्यञ्जन 'ष्प' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर बाहो रूप सिद्ध हो जाता है।

बाष्प (भाफ) संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप बप्फो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति, २-५३ से संयुक्त व्यञ्जन 'ष्प' के स्थान पर 'फ' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'फ' को द्वित्व 'फफ' की प्राप्ति २-९० से प्राप्त पूर्व 'फ्' को 'प्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर बप्फो रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ २-७० ॥

कार्षापणे ॥ २–७१ ॥

कार्षापणे संयुक्तस्य हो भवति ॥ काहावणो। कथं कहावणो। ह्रस्वः संयोगे (१-८४) इति पूर्वमेव ह्रस्वत्वे पश्चादादेशे। कर्षापण शब्दस्य वा भविष्यति ॥

अर्थ—संस्कृत शब्द 'कार्षापण' में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'र्ष' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति होती है। जैसे—कार्षापणः=काहावणो ॥

प्रश्न—प्राकृत रूप कहावणो की प्राप्ति किस शब्द से होती है ?

उत्तर—संस्कृत शब्द 'कार्षापण' में सूत्र-संख्या १-८४ से 'का' में स्थित दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति होने से 'कहावणो' रूप बन जाता है। इसी प्रकार से काहावणो रूप माना जाय तो प्राप्त ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर पुनः 'आ' स्वर रूप आदेश की प्राप्ति हो जायगी।

और काहावणो रूप सिद्ध हो जायगा ॥ अथवा मूल शब्द 'कर्षापण' माना जाय तो इसका प्राकृत रूपान्तर 'कहावणो' हो जायगा; यों 'कार्षापण' से 'काहावणो' और कर्षापण.' से 'कहावणो' रूपों की स्वयमेव सिद्धि हो जायगी।

कार्षापणः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप काहावणो और कहावणो होते हैं; इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-७१ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्ष' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, १-२३१ से 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *काहावणो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (कर्षापण.) कहावणो में सूत्र-संख्या १-८४ से 'का' में स्थित दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *कहावणो* भी सिद्ध हो जाता है ॥२-७१॥

दुःख-दक्षिण-तीर्थे वा ॥२-७२॥

एषु संयुक्तस्य हो वा भवति ॥ दुहं दुक्खं । पर-दुक्खे दुक्खिआ विरला । दाहिणो दक्खिणो । तूहं तित्थं ॥

अर्थः-संस्कृत शब्द 'दुःख', 'दक्षिण' और तीर्थ में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'ख', 'क्ष' और 'र्थ' के स्थान पर विकल्प से 'ह' की प्राप्ति होती है। उदाहरण इस प्रकार है-दुःखम्=दुहं अथवा दुक्खं ॥ पर-दुःखे दुःखिता विरला.=पर-दुक्खे दुक्खिआ विरला ॥ इस उदाहरण में संयुक्त व्यञ्जन 'ख' के स्थान पर वैकल्पिक-स्थिति की दृष्टि से 'ह' रूप आदेश की प्राप्ति नहीं करके जिव्हा-मूलीय चिन्ह का लोप सूत्र-संख्या २-७७ से कर दिया गया है। शेष उदाहरण इस प्रकार है—दक्षिणः=दाहिणो अथवा दक्खिणो ॥ तीर्थम् = तूहं अथवा तित्थं ॥

दुःखम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप दुहं और दुक्खं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-७२ से संयुक्त व्यञ्जन-(जिव्हा मूलीय चिन्ह सहित) 'ख' के स्थान पर विकल्प से 'ह' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप दुहं सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (दुःखम्=) दुक्खं में सूत्र-संख्या २-७७ से जिव्हा मूलीय चिह्न 'क्' का लोप, २-८९ से 'ख' को द्वित्व 'ख्ख' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ख्' को 'क' की प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही हो कर द्वितीय रूप दुक्खं भी सिद्ध हो जाता है।

पर-दुःखे संस्कृत सप्तम्यन्तरूप है। इसका प्राकृत रूप पर-दुक्खे होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से जिव्हा मूलीय चिह्न 'क्' का लोप, २-८९ से 'ख' को द्वित्व 'ख्ख' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त

पूर्व 'ख' को 'क' की प्राप्ति और ३-११ से मूल रूप 'दुक्ख' में सप्तमी विभक्ति के एक वचन में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर पर-दुक्खे रूप सिद्ध हो जाता है।

दुःखिताः संस्कृत विशेषण रूप है। इस का प्राकृत रूप दुक्खिआ होता है। इस में सूत्र-संख्या २-७७ से विसर्ग मूर्धन्य चिह्न 'ः' का लोप; २-८९ से 'ख' का द्वित्व 'ख्ख' की प्राप्ति; २-९० से प्राप्त पूर्व 'ख' को 'क' की प्राप्ति; १-१७७ से 'त' का लोप; ३-४ से प्रथमा विभक्ति के बहु वचन में प्राप्त 'जस्' प्रत्यय का लोप और ३-१२ से लुप्त 'जस्' में से शेष रहे हुए (मूल रूप अकारांत होने से) ह्रस्व स्वर 'अ' को दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति होकर *दुक्खिआ* रूप सिद्ध हो जाता है।

विरलाः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप विरला होता है। यह मूल शब्द विरल होने से अकारांत है। इस में सूत्र-संख्या ३-४ से प्रथमा विभक्ति के बहु वचन में पुल्लिंग अकारान्त में प्राप्त जस् प्रत्यय का लोप और ३-१२ से प्राप्त एवं लुप्त जस् प्रत्यय के कारण से अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' को दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति हो कर *विरला* रूप सिद्ध हो जाता है।

दाहिणो और दक्खिणो रूपों की सिद्धि सूत्र-संख्या १-४५ में की गई है।

तूहं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१०४ में की गई है।

तित्थं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-८४ में की गई है। ॥ २-७२ ॥

कूष्माण्ड्यां ष्मो लस्तु ण्डो वा ॥२-७३॥

कूष्माण्ड्यां ष्मा इत्येतस्य हो भवति। ण्ड इत्यस्य तु वा लो भवति॥ कोहली कोहण्डी॥

अर्थः—संस्कृत शब्द कूष्माण्डी में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'ष्मा' के स्थान पर 'ह' रूप आदेश की प्राप्ति होती है तथा द्वितीय संयुक्त व्यञ्जन 'ण्ड' के स्थान पर विकल्प से 'ल' की प्राप्ति होती है। जैसे—कूष्माण्डी = कोहली अथवा कोहण्डी॥ वैकल्पिक पक्ष होने से प्रथम रूप में 'ण्ड' के स्थान पर 'ल' की प्राप्ति हुई है और द्वितीय रूप में 'ण्ड' का 'ण्ड' ही रहा हुआ है। यों स्वरूप भेद जान लेना चाहिये॥

कोहली और कोहण्डी रूपों की सिद्धि सूत्र संख्या १-१२४ में की गई है। ॥ २-७३ ॥

पक्ष्म-श्म-ष्म-स्म-ह्मां म्हः ॥ २-७४ ॥

पक्ष्म शब्द सम्बन्धिनः संयुक्तस्य श्मष्मस्मह्मां च मकाराक्रान्तो हकार आदेशो भवति॥ पक्ष्मन्। पम्हाइं। पम्हल-लोअणा॥ श्म। कुश्मानः। कुम्हाणो॥ कश्मीराः। कम्हारा॥ ष्म। ग्रीष्मः। गिम्हो। ऊष्मा। उम्हा॥ स्म। अस्मादृशाः। अम्हारिसा। विस्मयः। विम्हओ॥ ह्म। ब्रह्मा। बम्हा॥ सुह्माः। सुम्हा॥ बम्हणो। बम्हचेरं॥

क्वचित् म्भोपि दृश्यते । बम्भणो । बम्भचेरं सिम्भो । क्वचिन्न भवति । रश्मिः । रस्सी । स्मरः । सरो ॥

अर्थ.—संस्कृत शब्द 'पद्म' मे स्थित संयुक्त व्यञ्जन 'द्म' के स्थान पर हलन्त 'म्' सहित 'ह' का अर्थात् 'म्ह' का आदेश होता है। जैसे — पद्माणि=पम्हाइं ॥ इसी प्रकारसे यदि किसी संस्कृत शब्द में संयुक्त व्यञ्जन 'श्म' 'ष्म'; स्म' अथवा 'ह्म' रहा हुआ हो तो ऐसे संयुक्त व्यञ्जन के स्थान पर प्राकृत-रूपान्तर मे हलन्त व्यञ्जन 'म्' सहित 'ह का अर्थात 'म्ह' का आदेश हुआ करता है। 'द्म' का उदाहरण –पद्मल–लोचना=पम्हल-लोअणा ॥ 'श्म' के उदाहरण:—कुश्मान =कुम्हाणो ॥ कश्मीरा = कम्हारा ॥ 'ष्म' के उदाहरण: ग्रीष्म.=गिम्हो ॥ ऊष्मा = उम्हा ॥ 'स्म' के उदाहरण.—अस्मादृशः= अम्हारिसो ॥ विस्मय =विम्हओ ॥ 'ह्म' के उदाहरण —ब्रह्मा. = बम्हा ॥ सुह्मः = सुम्हा. ॥ ब्रह्मण.= बम्हणो ॥ ब्रह्मचर्यम्= बम्हचेर ॥ इत्यादि ॥ किसी किसी शब्द में संयुक्त व्यञ्जन 'ह्म' अथवा 'ष्म' के स्थान पर 'म्ह' की प्राप्ति नहीं होकर 'म्भ' की प्राप्ति होती हुई भी देखी जाती है। जैसे:—ब्राह्मण,= बम्भणो ॥ ब्रह्मचर्यम् = बम्भचेर ॥ श्लेष्मा=सिम्भो ॥ किसी किसी शब्द मे संयुक्त व्यञ्जन 'श्म' अथवा 'स्म' के स्थान पर न तो 'म्ह' की प्राप्ति ही होती है और न 'म्भ' की प्राप्ति ही होती है। उदाहरण इस प्रकार है.— रश्मि =रस्सी और स्मर =सरो ॥ यों अन्यत्र भी जान लेना चाहिये ॥

पक्ष्माणि संस्कृत बहुवचनान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप पम्हाइं होता है। इसमें सूत्र-संख्या–२-७४ से संयुक्त व्यञ्जन 'द्म' के स्थान पर 'म्ह' आदेश की प्राप्ति, और ३-२६ से प्रथमा अथवा द्वितीया विभक्ति के बहु वचन में नपुंसक लिंग में संस्कृत प्रत्यय 'णि' के स्थान पर प्राकृत मे 'इं प्रत्यय की प्राप्ति हो कर *पम्हाइं* रूप सिद्ध हो जाता है।

पक्ष्मल-लोचना संस्कृत विशेषण रूप है। इस का प्राकृत रूप पम्हल-लोअणा होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७४ से संयुक्त व्यञ्जन 'द्म' के स्थान पर 'म्ह' आदेश की प्राप्ति, १-१७७ से 'च्' का लोप और १-२२८ से 'न' का 'ण' होकर *पम्हल-लोअणा* रूप सिद्ध हो जाता है।

कुश्मान संस्कृत रूप है। इस का प्राकृत रूप कुम्हाणो होता है। इस में सूत्र-संख्या २-७४ से संयुक्त व्यञ्जन 'श्म' के स्थान पर 'म्ह' का आदेश, १-२२८ से न का 'ण' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *कुम्हाणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

कम्हारा रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१०० में की गई है।

ग्रीष्म संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप गिम्हो होता है। इस में सूत्र संख्या–२-७६ से 'र्' का लोप, १-८४ से दीर्घ स्वर 'ई' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति, २-७४ से संयुक्त व्यञ्जन 'ष्म' के स्थन पर 'म्ह' आदेश की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त-पुल्लिग में

'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *गिम्हो* रूप सिद्ध हो जाता है।

ऊष्मा संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप उम्हा होता है। इस में सूत्र-संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'ऊ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' की प्राप्ति, और २-७४ से संयुक्त व्यञ्जन 'ष्म' के स्थान पर 'म्ह' आदेश की प्राप्ति हो कर *उम्हा* रूप सिद्ध हो जाता है।

बम्हारिसो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१४२ में की गई है।

विस्मय संस्कृत विशेषण रूप है। इस का प्राकृत रूप विम्हओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७४ से संयुक्त व्यञ्जन 'स्म' के स्थान पर 'म्ह' आदेश की प्राप्ति, १-१७७ से 'य' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विम्हओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

ब्रह्मा संस्कृत रूप है। इस का प्राकृत रूप बम्हा होता है। इस में सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप और २-७४ से संयुक्त व्यञ्जन 'ह्म' के स्थान पर 'म्ह' आदेश की प्राप्ति होकर *बम्हा* रूप सिद्ध हो जाता है।

सुह्मा संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सुम्हा होता है।

इसमें सूत्र-संख्या २-७४ से संयुक्त व्यञ्जन 'ह्म' के स्थान पर 'म्ह' आदेश की प्राप्ति' ३-४ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में अकारान्त पुल्लिंग में प्राप्त 'जस्' प्रत्यय का लोप और ३-१२ से प्राप्त एवं लुप्त 'जस्' प्रत्यय के पूर्व में स्थित अन्त्य 'अ' स्वर का दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति होकर *सुम्हा* रूप सिद्ध हो जाता है।

बम्हणो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-६७ में की गई है।

बम्हचेरं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-५९ में की गई है।

ब्राह्मणः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप (बम्हणो के अतिरिक्त) बम्भणो भी होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप; १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति' २-७४ की वृत्ति से संयुक्त व्यञ्जन 'ह्म' के स्थान पर 'म्भ' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *बम्भणो* रूप की सिद्धि हो जाती है।

ब्रह्मचर्यम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप (बम्हचेरं के अतिरिक्त) बम्भचेरं भी होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र' का लोप' २-७४ की वृत्ति से संयुक्त व्यञ्जन 'ह्म' के स्थान पर 'म्भ' आदेश की प्राप्ति' १-५९ से 'च' में स्थित 'अ' स्वर के स्थान पर 'ए' स्वर की प्राप्ति' २-७८ से 'य्' का लोप' ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्'

प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *वम्भवेरं* रूप सिद्ध हो जाता है।

श्लेष्मा संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सिम्भो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७६ से 'ल' का लोप, १-२६० से 'श' का 'स', १-८४ से दीर्घ स्वर (अ + इ)= ए' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति, २-७४ की वृत्ति से संयुक्त व्यञ्जन 'ष्म' के स्थान पर 'म्भ' आदेश की प्राप्ति, १-११ से संस्कृत मूल शब्द 'श्लेष्मन्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'न्' का लोप, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में (प्राप्त रूप सिम्भ में)-'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सिम्भो* रूप सिद्ध हो जाता है।

रस्सी रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-३५ में की गई है।

स्मर संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सरो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७८ से 'म्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सरो* रूप सिद्ध हो जाता है ॥२-७४॥

सूक्ष्म-श्न-ष्ण-स्न-ह्न-ह्ण-क्ष्णां ण्हः ॥२-७५॥

सूक्ष्म शब्द संबन्धिनः संयुक्तस्य श्नष्णस्नह्नह्णक्ष्णां च णकाराक्रान्तो हकार आदेशो भवति ॥ सूक्ष्मं । सण्हं ॥ श्न । पण्हो । सिण्हो ॥ ष्ण । विण्हू । जिण्हू । कण्हो । उण्हीसं ॥ स्न । जोण्हा । ण्हाओ । पण्हुओ ॥ ह्न । वण्ही । जण्हू ॥ ह्ण । पुव्वण्हो । अवरण्हो ॥ क्ष्ण । सण्हं । तिण्हं ॥ विप्रकर्षे तु कृष्ण कृत्स्न शब्दयोः कसणो । कसिणो ॥

अर्थः—संस्कृत शब्द 'सूक्ष्म' में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'क्ष्म' के स्थान पर 'ण्' सहित 'ह' का अर्थात् 'ण्ह' का आदेश होता है। जैसे —सूक्ष्मम्=सण्हं ॥ इसी प्रकार से जिन संस्कृत शब्दों में संयुक्त व्यञ्जन 'श्न', 'ष्ण', 'स्न', 'ह्न' ह्ण', अथवा 'क्ष्ण' रहे हुए होते हैं, तो ऐसे संयुक्त व्यञ्जनों के स्थान पर 'ण्' सहित 'ह' का अर्थात् 'ण्ह' का आदेश होता है। जैसे—'श्न' के उदाहरण –प्रश्न =पण्हो। शिश्नः= सिण्हो ॥ 'ष्ण' के उदाहरण —विष्णु =विण्हू। जिष्णु =जिण्हू। कृष्ण =कण्हो। उष्णीषम्=उण्हीसं ॥ 'स्न' के उदाहरण —ज्योत्स्ना=जोण्हा। स्नात =ण्हाओ। प्रस्नुत =पण्हुओ ॥ 'ह्न' के उदाहरण —वह्नि =वण्ही जह्नु =जण्हू ॥ 'ह्ण' के उदाहरण -पूर्वाह्ण =पुव्वण्हो। अपराह्ण =अवरण्हो ॥ 'क्ष्ण' के उदाहरण- श्लक्ष्णम् =सण्हं। तीक्ष्णम् =तिण्हं ॥

संस्कृत-भाषा में कुछ शब्द ऐसे भी हैं, जिनमें संयुक्त व्यञ्जन 'ष्ण' अथवा 'स्न' रहा हुआ हो, तो भी प्राकृत रूपान्तर में ऐसे संयुक्त व्यञ्जन 'ष्ण' अथवा 'स्न' के स्थान पर इस सूत्र-संख्या २-७५ से प्राप्तव्य 'ण्ह' आदेश की प्राप्ति नहीं होती है। इस का कारण प्राकृत रूप का उच्चारण करते समय 'विप्रकर्ष' स्थिति है। व्याकरण में 'विप्रकर्ष' स्थिति उसे कहते हैं, जब कि शब्दों का उच्चारण करते समय अक्षरों के मध्य में 'अ' अथवा 'इ' अथवा 'उ' स्वरों में से किसी एक स्वर का 'आगम' हो जाता

हो एवं ऐसे आगम रूप स्वर की प्राप्ति हो जाने से बोला जाने वाला वह शब्द अपेक्षाकृत-कुछ अधिक लम्बा हो जाता है इससे उस शब्द रूप के निर्माण में ही कई एक विशेषताएं प्राप्त हो जाती हैं, तदनुसार उसकी साधनिका में भी अधिकृत-सूत्रों के स्थान पर अन्य ही सूत्र कार्य करने लग जाते हैं। 'विप्रकर्ष' पारिभाषिक शब्द के एकार्थक शब्द 'स्वर भक्ति अथवा विश्लेष भी है। इस प्रकार उच्चारण की दीर्घता से बिखाव स-ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है और इसीलिये संयुक्त व्यञ्जन 'ष्ण' अथवा स्न के स्थान पर कभी कभी 'ण्ह की प्राप्ति नहीं होती है। उदाहरण इस प्रकार हैं—कृष्ण = कसणो और कृत्स्न = कसिणो ।। ऐसी स्थिति के उदाहरण अन्यत्र भी जान लेना चाहिये ॥

सण्हं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-११८ में की गई है।
पण्हो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२५ में की गई है।

शिष्णः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सिण्हो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से प्रथम 'श का स २-७५ से संयुक्त व्यञ्जन ष्ण के स्थान पर 'ण्ह आदेश की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सिण्हो* रूप सिद्ध हो जाता है।

विण्हू रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-८५ में की गई है।

विष्णुः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप विण्हू होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७५ से संयुक्त व्यञ्जन 'ष्णु' के स्थान पर 'ण्ह आदेश की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त पुल्लिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ की प्राप्ति होकर *विण्हू* रूप सिद्ध हो जाता है।

कृष्णः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कण्हो होता है। इस में सूत्र-संख्या १-१२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ की प्राप्ति २-७५ से संयुक्त व्यञ्जन ष्ण के स्थान पर 'ण्ह आदेश की प्राप्ति; और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति हो कर कण्हो रूप सिद्ध हो जाता है।

उष्णीषम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप उण्हीसं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७५ से संयुक्त व्यञ्जन 'ष्ण के स्थान पर 'ण्ह का आदेश १-२६० से ष का स, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'म' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म् का अनुस्वार होकर *उण्हीसं* रूप सिद्ध हो जाता है।

ज्योत्स्ना संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप जोण्हा होता है।

इस में सूत्र-संख्या २-७८ से 'य का लोप २-७७ से त् का लोप २-७५ से संयुक्त व्यञ्जन 'स्न के स्थान पर 'ण्ह आदेश की प्राप्ति हो कर *जोण्हा* रूप सिद्ध हो जाता है।

स्नातः सस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप ण्हाओ होता है।

इसमे सूत्र-संख्या २-७५ से सयुक्त व्यञ्जन 'स्न' के स्थान पर 'ण्ह' आदेश की प्राप्ति, १-१७७ से त् का लोप; और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *ण्हाओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रस्नुतः सस्कृत विशेषण रूप है। इस का प्राकृत रूप पण्हुओ होता है। इस में सूत्र-संख्या -७६ से 'र्' का लोप, २-७५ से सयुक्त व्यञ्जन 'स्न' के स्थानपर 'ण्ह' आदेश की प्राप्ति; १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पण्हुओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

वह्नि सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप वण्ही होता है। इस में सूत्र-सख्या २-७५ से सयुक्त व्यञ्जन 'ह्न' के स्थान पर 'ण्ह' आदेश की प्राप्ति और ३-१६ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति हो कर *वण्ही* रूप सिद्ध हो जाता है।

जह्नुः सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप जण्हू होता है। इसमें सूत्र-सख्या २-७५ से सयुक्त व्यञ्जन 'ह्न' के स्थान पर 'ण्ह' आदेश की प्राप्ति, और ३-१६ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में उकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर *जण्हू* रूप सिद्ध हो जाता है।

पुव्वण्हो रूप का सिद्धि सूत्र-सख्या १-६७ में की गई है।

अपराह्णः सस्कृत रूप है। इस का प्राकृत रूप अवरण्हो होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-२३१ से 'प' का 'व', १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति, २-७५ से सयुक्त व्यञ्जन 'ह्ण' के स्थान पर 'ण्ह' आदेश की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अवरण्हो* रूप की सिद्धि हो जाती है।

श्लक्ष्णम् सस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप सण्ह होता है। इस मे सूत्र सख्या २-७६ से 'ल्' का लोप, १-२६० से 'श' का 'स', २-७५ से सयुक्त व्यञ्जन 'क्ष्ण' के स्थान पर 'ण्ह' आदेश की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *सण्हं* रूप सिद्ध हो जाता है।

तीक्ष्णम् सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप तिण्ह होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'ई' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति, २-७५ से सयुक्त व्यञ्जन 'क्ष्ण' के स्थान पर 'ण्ह' आदेश प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *तिण्हं* रूप सिद्ध हो जाता है।

छप्पओ रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२६५ में की गई है।

कट्फलम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कप्फलं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७७ से पूर्वस्थ एवं हलन्त 'ट' वर्ण का लोप, २-८९ से शेष रहे हुए 'फ' का द्वित्व 'फफ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'फ्' को 'प्' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर म् प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त म् का अनुस्वार होकर कप्फलं रूप सिद्ध हो जाता है।

सम्मो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२४ में की गई है।

षड्ज संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सज्जो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'ष' का 'स', २-७७ से पूर्वस्थ एवं हलन्त 'ड्' वर्ण का लोप, २-८९ से शेष रहे हुए 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर सज्जो रूप सिद्ध हो जाता है।

उत्पलम् संस्कृत रूप है। इस का प्राकृत रूप उप्पलं होता है। इस में सूत्र-संख्या २-७७ से पूर्वस्थ एवं हलन्त 'त्' वर्ण का लोप, २-८९ से शेष रहे हुए 'प' को द्वित्व 'पप' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'म' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर उप्पलम् रूप सिद्ध हो जाता है।

उत्पात संस्कृत रूप है। इस का प्राकृत रूप उप्पाओ होता है। इस में सूत्र-संख्या २-७७ से पूर्वस्थ एवं हलन्त 'त' वर्ण का लोप, २-८९ से शेष रहे हुए 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति, १-१७७ से द्वितीय 'त्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति हो कर उप्पाओ रूप सिद्ध हो जाता है।

मद्गु संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मग्गू होता है। इस में सूत्र-संख्या २-७७ से पूर्वस्थ एवं हलन्त 'द्' वर्ण का लोप, २-८९ से शेष रहे हुए 'ग' वर्ण का द्वित्व 'गग' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में उकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर मग्गू रूप सिद्ध हो जाता है।

मोग्गरो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-११६ में की गई है।

सुप्त संस्कृत विशेषण रूप है। इस का प्राकृत रूप सुत्तो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से पूर्वस्थ एवं हलन्त 'प' वर्ण का लोप, २-८९ से शेष रहे हुए 'त' वर्ण को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर सुत्तो रूप सिद्ध हो जाता है।

गुप्तः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप गुत्तो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७७ से पूर्वस्थ एवं हलन्त 'प्' वर्ण का लोप, २-८९ से शेष रहे हुए 'त' वर्ण को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति और ३-२ प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *गुत्तो* रूप सिद्ध हो जाता है।

श्लक्ष्णम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप लण्हं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से पूर्वस्थ एवं हलन्त 'श' का लोप, २-७५ से संयुक्त व्यञ्जन 'क्ष्ण' के स्थान पर 'ण्ह' आदेश की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में ककारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *लण्हं* रूप सिद्ध हो जाता है।

निश्चल संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप णिच्चलो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२२८ से 'न' का 'ण', २-७७ से पूर्वस्थ एवं हलन्त 'श्' वर्ण का लोप, २-८९ से शेष रहे हुए 'च' वर्ण को द्वित्व 'च्च' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *णिच्चलो* रूप सिद्ध हो जाता है।

श्चुतते संस्कृत अकर्मक क्रिया पद का रूप है। इसका प्राकृत रूप चुअइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से पूर्वस्थ एवं हलन्त 'श' वर्ण का लोप, १-१७७ से प्रथम 'त्' का लोप और ३-१३९ से वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'ते' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *चुअइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

गोष्ठी संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप गोट्ठी होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से पूर्वस्थ एवं हलन्त 'ष्' वर्ण का लोप, २-८९ से शेष रहे हुए 'ठ' को द्वित्व 'ठ्ठ' की प्राप्ति और २-९० से प्राप्त पूर्व 'ठ्' को 'ट्' की प्राप्ति होकर *गोट्ठी* रूप सिद्ध हो जाता है।

छट्ठो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२६५ में की गई है।

निट्ठुरो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२५४ में की गई है।

स्खलित संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप खलिओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से पूर्वस्थ एवं हलन्त 'स्' वर्ण का लोप, १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्रत्यय की प्राप्ति होकर *खलिओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

स्नेह संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप नेहो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से पूर्वस्थ एवं हलन्त 'स्' वर्ण का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *नेहो* रूप सिद्ध हो जाता है।

कृष्णः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप कसणो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१२९ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति २-११० से हलन्त 'ष्' में आगम रूप 'अ' की प्राप्ति, १-२६० से 'ष' का 'स' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *कसणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

कृत्स्नः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप कसिणो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति २-७७ से 'त्' का लोप २-१०४ से हलन्त व्यञ्जन 'स' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति १-२२८ से 'न' का 'ण' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *कसिणो* रूप सिद्ध हो जाता है ॥२-७५॥

ह्लो ल्ह ॥ २–७६ ॥

ह्लः स्थाने लकाराक्रान्तो हकारो भवति ॥ कल्हार । पल्हाओ ॥

अर्थ—जिस संस्कृत शब्द में संयुक्त व्यञ्जन 'ह्ल' रहा हुआ होता है तो प्राकृत रूपान्तर में उस संयुक्त व्यञ्जन 'ह्ल' के स्थान पर हलन्त 'ल' सहित 'ह' अर्थात् 'ल्ह' आदेश की प्राप्ति होती है। जैसे—कह्लारम् = कल्हारं और प्रह्लादः = पल्हाओ ॥

कह्लारम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कल्हारं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७६ से संयुक्त व्यञ्जन 'ह्ल' के स्थान पर 'ल्ह' आदेश की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *कल्हारं* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रह्लादः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पल्हाओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप २-७६ से संयुक्त व्यञ्जन 'ह्ल' के स्थान पर 'ल्ह' आदेश की प्राप्ति १-१७७ से 'द्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पल्हाओ* रूप सिद्ध हो जाता है ॥२-७६॥

क-ग-ट-ड-त-द-प-श-ष-स-≍क-≍पामूर्ध्वं लुक् ॥२–७७॥

एषां संयुक्त वर्ण संबन्धिनामूर्ध्वं स्थितानां लुग् भवति ॥ क् । भुक्त । सित्थ ॥ ग् । दुद्ध । मुद्ध ॥ ट् । षट्पदः । छप्पओ ॥ कट्फलम् । कप्फलं ॥ ड् । खड्ग । खग्गो ॥ षड्ज । सज्जो ॥ त् । उत्पलं । उप्पलं ॥ द् । मद्गुः । मग्गू । मोग्गरो ॥ प् । सुत्तो । गुत्तो ॥ श् । श्लक्ष्णं । णिच्चलो । चुअइ ॥ ष् । गोट्ठी । छट्ठो । निट्ठुरो ॥ स् । खलिओ । नेहो ॥ ≍ क् । दु≍खम् । दुक्खं ॥ ≍ प् । अंत≍पातः । अंतप्पाओ ॥

अर्थ.-किसी संस्कृत शब्द में यदि हलन्त रूप से क्, ग्, ट्, ड, त्, द्, प् श्, ष स, जिह्वामूलीय ≍क, और उपध्मानीय ≍ प्' मे से कोई भी वर्ण अन्य किसी वर्ण के साथ मे पहले रहा हुआ हो तो ऐसे पूर्वस्थ और हलन्त वर्ण का प्राकृत-रूपान्तर मे लोप हो जाता है। जैसे -'क्' के लोप के उदाहरण- भुक्तम्=भुत्त और सिक्थम् = सित्थ ॥ 'ग् के लोप के उदाहरण —दुग्धम्=दुद्ध और मुग्धम्=मुद्ध ॥ 'ट्' के लोप के उदाहरण -षट्पदः =छप्पओ और कट्फलम् = कप्फल ॥ 'ड्' के लोप के उदाहरण -खड्ग = खग्गो और षड्ज =सज्जो ॥ 'त् के लोप के उदाहरण -उत्पलम् = उप्पल और उत्पात. =उप्पाओ ॥ 'द्' के लोप के उदाहरण -मद्गु =मग्गू और मुद्गर =मोग्गरो ॥ 'प' के लोप के उदाहरण -सुप्त.=सुत्तो और गुप्त = गुत्तो ॥ 'श्' के लोप के उदाहरण -श्लक्ष्णम्=लण्ह, निश्चल =णिच्चलो और श्चुततें= चुअइ ॥ 'ष्' के लोप के उदाहरण -गोष्ठी=गोट्ठी, षष्ठ = छट्ठो और निष्ठुर =निट्ठुरो ॥ 'स्' के लोप के उदाहरण — स्खलित = खलिओ और स्नेह = नेहो ॥ "≍क्" के लोप का उदाहरण -दु≍खम् =दुक्ख और '≍प्' के लोप का उदाहरण -अत≍पात =अतप्पाओ ॥ इत्यादि अन्य उदाहरणों में भी उपरोक्त हलन्त एव पूर्व स्थवर्णों के लोप होने के स्वरूप को समझ लेना चाहिये ॥

भुक्तम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप भुत्त होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से पूर्वस्थ एव हलन्त 'क्' वर्ण का लोप, २-८९ से शेष 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *भुत्त* रूप सिद्ध हो जाता है।

सिक्थम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सित्थं होता है। इसमे सूत्र संख्या २-७७ से पूर्वस्थ एव हलन्त 'क्' वर्ण का लोप, २-८९ से शेष रहे हुए 'थ' को द्वित्व थ्थ की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'थ्' को 'त्' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *सित्थं* रूप सिद्ध हो जाता है।

दुग्धम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप दुद्ध होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से पूर्वस्थ और हलन्त 'ग्' वर्ण का लोप, २-८९ से शेष रहे हुए 'ध' को द्वित्व 'धध' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ध्' को 'द्' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर दुद्धं रूप सिद्ध हो जाता है।

मुग्धम् संस्कृत विशेषण रूप है। इस का प्राकृत रूप मुद्ध होता है। इस में सूत्र संख्या २-७७ से पूर्वस्थ और हलन्त 'ग्' वर्ण का लोप, २-८९ से शेष रहे हुए 'ध' को द्वित्व 'ध्ध' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ध्' को 'द्' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार हो कर मुद्धं रूप सिद्ध हो जाता है।

कुप्पओ रूप का सिद्धि सूत्र-संख्या १-२३५ में की गई है।

कद्फलम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कप्फलं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७७ से पूर्वस्थ एवं हलन्त 'द्' वर्ण का लोप; २-८९ से शेष रहे हुए 'फ' का द्वित्व 'फ्फ' की प्राप्ति; २-९० से प्राप्त पूर्व 'फ्' को 'प्' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर कप्फलं रूप सिद्ध हो जाता है।

सग्गो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-३४ में की गई है।

षड्ज संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सज्जो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'ष' का 'स'; २-७७ से पूर्वस्थ एवं हलन्त 'ड्' वर्ण का लोप; २-८९ से शेष रहे हुए 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर सज्जो रूप सिद्ध हो जाता है।

उत्पलम् संस्कृत रूप है। इस का प्राकृत रूप उप्पलं होता है। इस में सूत्र-संख्या २-७७ से पूर्वस्थ एवं हलन्त 'त्' वर्ण का लोप; २-८९ से शेष रहे हुए 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म' का अनुस्वार होकर उप्पलम् रूप सिद्ध हो जाता है।

उत्पात: संस्कृत रूप है। इस का प्राकृत रूप उप्पाओ होता है। इस में सूत्र संख्या २-७७ से पूर्वस्थ एवं हलन्त 'त्' वर्ण का लोप; २-८९ से शेष रहे हुए 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति; १-१७७ से द्वितीय 'त्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति हो कर उप्पाओ रूप सिद्ध हो जाता है।

मद्गु: संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मग्गू होता है। इस में सूत्र-संख्या २-७७ से पूर्वस्थ एवं हलन्त 'द्' वर्ण का लोप; २-८९ से शेष रहे हुए 'ग' वर्ण का द्वित्व 'ग्ग' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में उकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर मग्गू रूप सिद्ध हो जाता है।

मोग्गरो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-११६ में की गई है।

सुप्त: संस्कृत विशेषण रूप है। इस का प्राकृत रूप सुत्तो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से पूर्वस्थ एवं हलन्त 'प' वर्ण का लोप; २-८९ से शेष रहे हुए 'त' वर्ण का द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर सुत्तो रूप सिद्ध हो जाता है।

गुप्तः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप गुत्तो होता है। इसमे सूत्र संख्या २-७७ से पूर्वस्थ एव हलन्त 'प्' वर्ण का लोप, २-८९ से शेष रहे हुए 'त' वर्ण को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति और ३-२ प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *गुत्तो* रूप सिद्ध हो जाता है।

श्लक्ष्णम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप लण्हं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से पूर्वस्थ एवं हलन्त 'श' का लोप, २-७५ से संयुक्त व्यञ्जन 'क्ष्ण' के स्थान पर 'ण्ह' आदेश की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में ककारान्त नपुंसकलिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *लण्हं* रूप सिद्ध हो जाता है।

निश्चलः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप णिच्चलो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२२८ से 'न' का 'ण', २-७७ से पूर्वस्थ एव हलन्त 'श्' वर्ण का लोप, २-८९ से शेष रहे हुए 'च' वर्ण को द्वित्व 'च्च' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *णिच्चलो* रूप सिद्ध हो जाता है।

श्चुतते संस्कृत अकर्मक क्रिया पद का रूप है। इसका प्राकृत रूप चुअइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से पूर्वस्थ एव हलन्त 'श्' वर्ण का लोप, १-१७७ से प्रथम 'त्' का लोप और ३-१३९ से वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'ते' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *चुअइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

गोष्ठी संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप गोट्ठी होता है। इसमे सूत्र-संख्या २-७७ से पूर्वस्थ एव हलन्त 'ष्' वर्ण का लोप, २-८९ से शेष रहे हुए 'ठ' को द्वित्व 'ठ्ठ' की प्राप्ति और २-९० से प्राप्त पूर्व 'ठ्' को 'ट्' की प्राप्ति होकर *गोट्ठी* रूप सिद्ध हो जाता है।

छट्ठो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२६५ में की गई है।

निट्ठुरो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२५४ में की गई है।

स्खलित संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप खलिओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से पूर्वस्थ एव हलन्त 'स्' वर्ण का लोप, १-१७७ से 'त' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्रत्यय की प्राप्ति होकर *खलिओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

स्नेहः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप नेहो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से पूर्वस्थ एव हलन्त 'स्' वर्ण का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *नेहो* रूप सिद्ध हो जाता है।

पुप्फत्तं रूप की सिद्धि सूत्र संख्या २-७२ में की गई है।

अंत⌣पात संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप अंतप्पाओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से पूर्वस्थ एवं हलन्त उपध्मानीय वर्ण चिह्न ⌣ का लोप २-८९ से शेष रहे हुए प वर्ण को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति, १ १७७ से द्वितीय 'त' का लोप और ३ २ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर अंतप्पाओ रूप की सिद्धि हो जाती है।२-७७

अधो मनयाम् ॥ २-७८ ॥

मनयां संयुक्तस्याधो वर्तमानानां लुग् भवति ॥ म । जुग्गं । रस्सी । सरो । सेरं ॥ न । नग्गो ॥ लग्गो । य । सामा । कुड्डं । वाहो ॥

अर्थ—यदि किसी संस्कृत शब्द में 'म 'न अथवा 'य हलन्त व्यञ्जन वर्ण के आगे संयुक्त रूप से रहे हुए हों तो इनका लोप हो जाता है। जैसे—'म' वर्ण के लोप के उदाहरण—युग्मम्=जुग्गं ॥ रश्मि =रस्सी ॥ स्मर =सरो और स्मेरम्=सेरं ॥ 'न वर्ण के लोप के उदाहरण—नग्न =नग्गो और लग्नः=लग्गो । ॥ 'य' वर्ण के लोप के उदाहरण—श्यामा=सामा । कुड्यम्=कुड्डं और व्याधः=वाहो ॥

जुग्गं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या २ ६२ म की गई है।

रस्सी रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १ ३५ में की गई है।

सरो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या २-७४ में की गई है।

स्मेरम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप सेरं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७८ से 'म्' का लोप ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर 'म् प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त म' का अनुस्वार होकर सेरं रूप सिद्ध हो जाता है।

नग्न संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप नग्गो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७८ से द्वितीय 'न् का लोप, २-८९ से शेष रहे हुए ग का द्वित्व ग्ग की प्राप्ति और ३ २ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *नग्गो* रूप सिद्ध हो जाता है।

लग्न संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप लग्गो होता है। इसमें सूत्र-संख्या -७८ से न् का लोप; २-८९ से शेष रहे हुए ग को द्वित्व 'ग्ग की प्राप्ति और ३ २ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *लग्गो* रूप सिद्ध हो जाता है। *सामा* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२६० में की गई है।

कुड्यम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कुड्डं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७८ से य का

लोप, २-८९ से शेष रहे हुए 'ड' को द्वित्व 'ड्ड' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त नपु सक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर कुड्डं रूप सिद्ध हो जाता है।

व्याधः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप *वाहो* होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७८ से 'य्' का लोप, १-१८७ से 'ध' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वाहो* रूप सिद्ध हो जाता है॥ २-७८॥

सर्वत्र ल-ब-रामवन्द्रे ॥ २-७९ ॥

वन्द्र शब्दादन्यत्र लबरां सर्वत्र संयुक्तस्योर्ध्वमधश्च स्थितानां लुग् भवति ॥ ऊर्ध्वं ॥ ल। उल्का। उक्का॥ वल्कलम्। वक्कल॥ ब। शब्दः। सद्दो॥ अब्दः। अद्दो॥ लुब्धकः। लोद्धओ॥ र। अर्कः। अक्को॥ वर्गः। वग्गो। अधः। श्लक्ष्णम्। सण्हं॥ विक्लवः। विक्कवो॥ पक्वम्। पक्कं पिक्कं॥ ध्वस्तः। धत्थो॥ चक्रम्। चक्कं॥ ग्रहः। गहो॥ रात्रिः। रत्ती॥ अत्र द्व इत्यादि संयुक्तानामुभयप्राप्तौ यथा दर्शनं लोपः॥ क्वचिदूर्ध्वम्। उद्विग्नः। उव्विग्गो॥ द्विगुणः। वि-उणो॥ द्वितीयः। बीओ। कल्मषम्। कम्मसं॥ सर्वम्। सव्वं॥ शुल्वम्। सुव्वं॥ क्वचित्त्वधः। काव्यम्। कव्व॥ कुल्या। कुल्ला॥ माल्यम्। मल्ल॥ द्विपः। दिओ॥ द्विजातिः। दुआई। क्वचित्पर्यायेण। द्वारम्। बारं। दारं॥ उद्विग्नः। उव्विग्गो। उव्विण्णो॥ अवन्द्र इति किम्। वन्द्रं। संस्कृत समोय प्राकृत शब्दः। अत्रोत्तरेण विकल्पोपि न भवति निषेध सामर्थ्यात्॥

अर्थः—संस्कृत शब्द 'वन्द्र' को छोडकर के अन्य किसी संस्कृत शब्द मे 'ल्', 'ब्'- (अथवा व्) और र्' संयुक्त रूप से-हलन्त रूप से- अन्यवर्ण के पूर्व मे अथवा पश्चात् अथवा ऊपर, कहीं पर भी रहे हुए हो तो इन का लोप हो जाया करता है। वर्ण के पूर्व में स्थित हलन्त 'ल्' 'ब्' और 'र्' के लोप होने के उदाहरण इस प्रकार है—सर्व प्रथम 'ल' के उदाहरणः—उल्का=उक्का और वल्कलम्=वक्कल॥ 'ब्' के लोप के उदाहरणः—शब्द =सद्दो और लुब्धक =लोद्धओ॥ 'र्' के लोप के उदाहरण अर्कः=अक्को और वर्गः=वग्गो॥ वर्ण के पश्चात् स्थित संयुक्त एवं हलन्त 'ल्' 'ब्' और 'र्' के लोप होने के उदाहरण इस प्रकार हैं – सर्व प्रथम 'ल्' के उदाहरण श्लक्ष्णम्= सण्ह, विक्लव =विक्कवो॥ व् के लोप के उदाहरण पक्वम्= पक्क अथवा पिक्क॥ ध्वस्त = धत्थो॥ 'र्' के लोप के उदाहरण चक्रम्= चक्कं, ग्रह = गहो और रात्रिः=रत्ती॥

जिन संस्कृत-शब्दों में ऐसा प्रसंग उपस्थित हो जाता हो कि उनमें रहे हुए दो हलन्त व्यञ्जनो के लोप होने का एक साथ ही संयोग पैदा हो जाता हो तो ऐसी स्थिति में 'उदाहरण में' जिसका लोप होना

बतलाया गया हो दिखलाया गया हो उस हलन्त व्यञ्जन का लोप किया जाना चाहिये। ऐसी स्थिति में कभी कभी व्यञ्जन के पूर्व में रहे हुए संयुक्त हलन्त व्यञ्जन का लोप हो जाता है। कभी कभी व्यञ्जन के पश्चात् रहे हुए संयुक्त हलन्त व्यञ्जन का लोप होता है। कभी कभी उन लोप होने वाले दोनों व्यञ्जनों का लोप क्रमसे एवं पर्याय से भी होता है यों पर्याय से क्रमसे- लोप होने के कारण से उन संस्कृत-शब्दों के प्राकृत में दो दो रूप हो जाया करते हैं। उपरोक्त विवेचन के उदाहरण इस प्रकार है - लोप होने वाले दो व्यञ्जनों में से पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'द्' के लोप के उदाहरण— उद्विग्नः=उव्विग्गो द्विगुणः=विउणो ॥ द्वितीयः=बीओ। लोप होने वाले दो व्यञ्जनों में से पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'क्' के लोप का उदाहरण— कल्मषम्=कम्मसं ॥ इसी प्रकार से 'र्' के लोप का उदाहरण—सर्वम्= सव्वं ॥ पुनः 'श्' का उदाहरण —शुल्बम्= सुव्वं ॥ लोप होने वाले दो व्यञ्जनों में से पश्चात् स्थित हलन्त व्यञ्जन के लोप होने के उदाहरण इस प्रकार है; 'य' के लोप होने के उदाहरण-काव्यम्=कव्वं ॥ कुल्या=कुल्ला और माल्यम्=मल्लं ॥ 'व' के लोप होने के उदाहरण-द्विपः= दिओ और द्विजातिः= दुआई ॥ लोप होने वाले दो व्यञ्जनों में से दोनों व्यञ्जनों का जिन शब्दों में पर्याय से लोप होता है उसके उदाहरण इस प्रकार हैं—द्वारम्=बारं अथवा दारं। इस उदाहरण में लोप होने योग्य 'द्' और 'व' दोनों व्यञ्जनों को पर्याय से क्रम से दोनों प्राकृत रूपों में लुप्त होते हुए दिखलाये गये हैं इसी प्रकार से एक उदाहरण और दिया जाता है —उद्विग्नः =उव्विग्गो और उव्विण्णो ॥ इस उदाहरण में लोप होने योग्य 'ग्' और 'न' दोनों व्यञ्जनों को पर्याय से -क्रम से—दोनों प्राकृत रूपों में लुप्त होते हुए दिखलाये गये हैं। यों अन्य उदाहरणों में भी लोप होने योग्य दोनों व्यञ्जनों की लोप स्थिति समझ लेना चाहिये।

प्रश्न— चन्द्र में स्थित संयुक्त और हलन्त 'द्' एवं 'र्' के लोप होने का निषेध क्यों किया गया है?

उत्तर —संस्कृत शब्द 'चन्द्र' जैसा है वैसा ही रूप प्राकृत में भी होता है, किसी भी प्रकार का वर्ण विकार लोप आगम आदेश अथवा द्वित्व आदि कुछ भी परिवर्तन प्राकृत-रूप में जब नहीं होता है तो ऐसी स्थिति में 'जैसा संस्कृत में वैसा प्राकृत में' होने से उसमें स्थित 'द्' अथवा 'र्' के लोप का निषेध किया गया है और इसीसे यह स्पष्टी करण कर दिया गया है कि— यह प्राकृत शब्द 'चन्द्र' संस्कृत शब्द 'चन्द्रम्' के समान ही होता है।

'चन्द्रम्' शब्द के संबंध में यदि अन्य प्रश्न भी किया जाय तो भी उत्तर दिया जाय, इसका दूसरा कोई रूप पाया नहीं जाता है क्यों कि मूल-सूत्र में ही निषेध कर दिया गया है कि 'चन्द्रम्' में स्थित हलन्त एवं संयुक्त 'द्' तथा 'र्' का लोप नहीं होता है इस प्रकार निषेध-आज्ञा की प्रवृत्ति कर देने से-(निषेध सामर्थ्य के उपस्थित होने से)-किसी भी प्रकार का कोई भी वर्ण-विकार संबंधी नियम 'चन्द्रम्' के संबंध में लागू नहीं पड़ता है।

उल्का संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप उक्का होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'ल' का लोप और २-८९ से शेष 'क' को द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति होकर उक्का रूप सिद्ध हो जाता है।

वल्कलम् संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूप वक्कलं होता है इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से प्रथम 'ल्' का लोप, २-८९ से शेष 'क' को द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर वक्कलं रूप सिद्ध हो जाता है।

सद्दो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२६० मे की गई है।

अब्द: संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप अद्दो होता है। इसमे सूत्र-संख्या २-७९ से 'ब्' का लोप, २-८९ से शेष 'द' को द्वित्व 'द्द' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर अद्दो रूप सिद्ध हो जाता है।

लोद्धओ रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-११६ मे की गई है।

अक्को रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१७७ में की गई है।

वग्गो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१७७ में की गई है।

सण्ह रूप की सिद्धि सूत्र संख्या २-७५ में की गई है।

विक्लव: संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप विक्कवो होता है। इस में सूत्र-संख्या २-७९ से 'ल्' का लोप, २-८९ से शेष 'क्' को द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विक्कवो* रूप सिद्ध हो जाता है।

पक्कं और पिक्कं दोनो रूपो की सिद्धि सूत्र-संख्या १-४७ में की गई है।

ध्वस्त संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप धत्थो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से व् का लोप, २-४५ से सयुक्त व्यञ्जन 'स्त' के स्थान पर 'थ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'थ' को द्वित्व 'थ्थ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'थ्' को 'त्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *धत्थो* रूप सिद्ध हो जाता है।

चक्रम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप चक्कं होता है। इस में सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से शेष रहे हुए 'क' को द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर चक्कं रूप सिद्ध हो जाता है।

ग्रहः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप गहो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७६ से र् का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर *गहो* रूप सिद्ध हो जाता है।

रात्रिः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप रत्ती होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति, २-७६ से 'त्र' में स्थित 'र्' का लोप २-८९ से शेष रहे हुए 'त्' को द्वित्व 'त्त्' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त स्त्रीलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *रत्ती* रूप सिद्ध हो जाता है।

उद्विग्नः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप उव्विग्गो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से 'द्' का लोप, २-८९ से शेष 'व्' को द्वित्व 'व्व्' की प्राप्ति २-७८ से 'न्' का लोप, २-८९ से शेष 'ग्' को द्वित्व 'ग्ग्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *उव्विग्गो* रूप सिद्ध हो जाता है।

द्विगुणः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप वि-उणो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से 'द्' का लोप, १-१७७ से 'ग्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वि-उणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

बीओ रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-५ में की गई है।

कल्मषम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कम्मसं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'ल्' का लोप २-८९ से शेष 'म्' को द्वित्व 'म्म्' की प्राप्ति १-२६० से 'ष' को 'स' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *कम्मसं* रूप सिद्ध हो जाता है।

सव्वं रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१७७ में की गई है।

शुल्वम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सुव्वं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'श' का 'स', २-७९ से 'ल्' का लोप, २-८९ से शेष 'व' को द्वित्व 'व्व' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *सुव्वं* रूप सिद्ध हो जाता है।

काव्यम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कव्वं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति, २-७८ से 'य्' का लोप २-८९ से शेष 'व' को द्वित्व 'व्व' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *कव्वं* रूप सिद्ध हो जाता है।

कुल्या संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कुल्ला होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७८ से 'य्' का लोप और २-८९ से शेष 'ल' को द्वित्व 'ल्ल' की प्राप्ति होकर *कुल्ला* रूप सिद्ध हो जाता है।

माल्यम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मल्ल होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति, २-७८ से 'य्' का लोप, २-८९ से शेष 'ल' को द्वित्व 'ल्ल' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म' की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *मल्लं* रूप सिद्ध हो जाता है।

दिओ रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-९४ में की गई है।

दुआई रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-९४ में की गई है।

बारं और दार दोनों रूपो की सिद्धि सूत्र-संख्या १-७९ मे की गई है।

उद्विग्न: संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप उव्विग्गो और उव्विण्णो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप उव्विग्गो की सिद्धि इसी सूत्र में ऊपर की गई है। द्वितीय रूप में सूत्र-संख्या २-७७ से 'द्' का लोप, २-८९ से शेष 'व' को द्वित्व 'व्व' की प्राप्ति, २-७७ से 'ग्' का लोप, २-८९ से शेष 'न' को द्वित्व 'न्न' की प्राप्ति, १-२२८ से दोनों 'न' के स्थान पर 'ण्ण' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *उव्विण्णो* रूप सिद्ध हो जाता है।

वन्द्र रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-५३ मे की गई है ॥२-७९॥

द्रे रो न वा ॥२-८०॥

द्रशब्दे रेफस्य वा लुग् भवति ॥ चन्दो चन्द्रो। रुदो रुद्रो। भद्दं भद्रं। समुद्दो समुद्रो ॥ ह्रदशब्दस्य स्थितिपरिवृत्तौ द्रह इति रूपम्। तत्र द्रहो दहो। केचिद् रलोपं नेच्छन्ति। द्रह शब्द-मपि कश्चित् संस्कृतं मन्यते ॥ वोद्रहादयस्तु तरुणपुरुषादिवाचका नित्यं रेफसंयुक्ता देश्या एव। सिक्खन्तु वोद्रहीओ। वोद्रह-द्रहम्मि पडिआ ॥

अर्थ – जिन संस्कृत शब्दों मे 'द्र' होता है, उनके प्राकृत-रूपान्तर में 'द्र' में स्थित रेफ रूप 'र्' का विकल्प से लोप होता है। जैसे –चन्द्रः =चन्दो अथवा चन्द्रो ॥ रुद्रः =रुदो अथवा रुद्रो ॥ भद्रम् =भद्दं अथवा भद्रं ॥ समुद्रः =समुद्दो अथवा समुद्रो ॥ संस्कृत शब्द 'ह्रद' के स्थान पर वर्णों का परस्पर में व्यत्यय अर्थात् अदला बदली होकर प्राकृत रूप 'द्रह' बन जाता है। इस वर्ण व्यत्यय से उत्पन्न होने वाली अवस्था को 'स्थिति-परिवृत्ति' भी कहते हैं। इसलिये संस्कृत रूप 'ह्रद' के प्राकृत रूप द्रहो अथवा दहो दोनों होते हैं। कोई कोई प्राकृत व्याकरण के आचार्य 'द्रह' में स्थित रेफ रूप 'र्' का लोप होना नहीं मानते हैं, उनके मतानुसार संस्कृत रूप 'ह्रद' का प्राकृत रूप केवल 'द्रहो' ही होगा, द्वितीय रूप 'दहो' नहीं बनेगा।

कोई कोई आचार्य द्रह शब्द को प्राकृत नहीं मानते हुए संस्कृत-शब्द के रूप में ही स्वीकार करते हैं। इनके मत से 'द्रहो' और 'दहो' दोनों रूप प्राकृत में होंगे। 'बोद्रह' शब्द देशज-भाषा का है और यह 'तरुण पुरुष' के अर्थ में प्रयुक्त होता है। इस में स्थित रेफ रूप 'र' का कभी भी लोप नहीं होता है। बोद्रह पुल्लिंग है और बोद्रही स्त्रीलिंग बन जाता है। उदाहरण इस प्रकार है—शिक्षन्ताम् तरुण्यः= सिक्खन्तु बोद्रहीओ अर्थात् नवयुवती स्त्रियाँ शिक्षा ग्रहण करें। तरुण-ह्रदे पतिता = बोद्रह-द्रहम्मि पडिआ अर्थात् यह (नवयुवती) तरुण पुरुष रूपी तालाब में गिर पड़ी। (तरुण पुरुष के प्रेम में आसक्त हो गई)। यहाँ पर 'बोद्रह' शब्द का उल्लेख इस लिये करना पड़ा कि यह देशज है, न संस्कृत भाषा का है और न प्राकृत भाषा का है तथा इसमें स्थित रेफ रूप 'र्' का लोप भी कभी नहीं होता है। अतः सूत्र संख्या २-८० के संबन्ध से अथवा विधान से यह शब्द मुक्त है; इसी तात्पर्य को समझाने के लिये इस शब्द की चर्चा सूत्र की वृत्ति में की गई है; जो कि ध्यान में रखने योग्य है॥

चन्द्रो और चन्दो दोनों रूपों की सिद्धि सूत्र-संख्या १-३० में की गई है।

रुद्रः संस्कृत रूप है। इस के प्राकृत रूप रुद्दो और रुद्रो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या २-८० से रेफ रूप द्वितीय 'र्' का विकल्प से लोप; २-८९ से शेष 'द' को द्वित्व 'द्द' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप रुद्दो सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (रुद्रः=) रुद्रो में सूत्र संख्या ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप रुद्रो भी सिद्ध हो जाता है।

भद्रम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप भद्दं और भद्रं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या २-८० से रेफ रूप 'र्' का लोप; २-८९ से शेष 'द' को द्वित्व 'द्द' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप भद्दं सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (भद्रम्=) भद्रं की साधनिका प्रथम रूप के समान ही सूत्र संख्या ३-२५ और १-२३ के विधानानुसार जान लेनी चाहिये।

समुद्रः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप समुद्दो और समुद्रो होते हैं। इन में से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-८० से रेफ रूप 'र्' का लोप; २-८९ से शेष 'द' को द्वित्व 'द्द' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर समुद्दो रूप सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (समुद्रः=) समुद्रो की साधनिका सूत्र-संख्या ३-२ के विधानानुसार जान लेनी चाहिये।

द्रहः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप द्रहो और दहो होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या २-८० से रेफ रूप 'र्' का विकल्प से लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रमसे द्रहो और दहो दोनों रूप सिद्ध हो जाते हैं।

शिक्षन्ताम् संस्कृत विधिलिंगात्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप सिक्खन्तु होता है। इस में सूत्र-संख्या १-२६० से 'श' का 'स', २-३ से 'क्ष' के स्थान पर 'ख' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ख' को द्वित्व 'ख ख' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ख्' को 'क्' की प्राप्ति, ३-१७६ से संस्कृत विधि-लिंगात्मक प्रत्यय 'न्ताम्' के स्थान पर प्रथम पुरुष के बहुवचन मे प्राकृत से 'न्तु' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सिक्खन्तु* रूप सिद्ध हो जाता है।

तरुण्य संस्कृत रूप है। इसके स्थान पर देशज-भाषा में परम्परा से रूढ शब्द 'वोद्रहीओ' प्रयुक्त होता आया है। इसका पुल्लिंग रूप 'वोद्रह' होता है। इस मे सूत्र-संख्या ३-३१ से पुल्लिंग से स्त्रीलिंग रूप बनाने में प्राप्त 'ई' प्रत्यय से 'वोद्रही' रूप की प्राप्ति और ३-२७ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन मे ईकारान्त स्त्री लिंग मे प्राप्त 'जस्' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वोद्रहीओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

तरुण संस्कृत शब्द है। इसका देशज भाषा में रूढ रूप 'वोद्रह' होता है। यहां पर समासात्मक वाक्य मे आया हुआ है, अतः इस में स्थित विभक्ति-प्रत्यय का लोप हो गया है।

ह्रदे संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप द्रहम्मि होता है। इस में सूत्र-संख्या २-१२० से 'ह' और द का परस्पर में व्यत्यय, और ३-११ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग मे संस्कृत प्रत्यय 'ङि' के स्थान पर प्राकृत मे 'म्मि' प्रत्यय की प्राप्ति हो कर *द्रहम्मि* रूप सिद्ध हो जाता है।

पतिता संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप पडिआ होता है। इसमें सूत्र-संख्या ४-२१९ से प्रथम 'त' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति, और १-१७७ से द्वितीय 'त्' का लोप होकर *पडिआ* रूप सिद्ध हो जाता है। २-८० ॥

धात्र्याम् ॥ २-८१ ॥

धात्री शब्दे रस्य लुग् वा भवति ॥ धत्ती। ह्रस्वात् प्रागेव रलोपे धाई। पक्षे। धारी ॥

अर्थ—संस्कृत शब्द 'धात्री' में रहे हुए 'र्' का प्राकृत रूपान्तर मे विकल्प से लोप होता है। धात्री=धत्ती अथवा धारी ॥ आदि दीर्घ स्वर 'आ' के ह्रस्व नहीं होने की हालत मे और साथ में 'र्' का लोप होने पर संस्कृत रूप 'धात्री' का प्राकृत में तीसरा रूप धाई भी होता है। यों संस्कृत रूप धात्री के प्राकृत मे तीन रूप हो जाते हैं, जो कि इस प्रकार है—धत्ती, धाई और धारी ॥

धात्री संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप धत्ती धाइ और धारी होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति, २-८१ से 'र्' का (वैकल्पिक रूप से) लोप; और २-८९ से शेष 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *धत्ती* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (धात्री =) धाइ में सूत्र-संख्या २-८१ से (वैकल्पिक रूप से) 'र्' का लोप और १-१७७ से 'त्' का लोप होकर द्वितीय रूप *धाई* भी सिद्ध हो जाता है।

तृतीय रूप (धात्री=) धारी में सूत्र-संख्या २-७७ से 'त्' का लोप होकर तृतीय रूप *धारी* भी सिद्ध हो जाता है। २-८१॥

तीक्ष्णे णः ॥ २-८२ ॥

तीक्ष्ण शब्दे णस्य लुग् वा भवति ॥ तिक्खं । तिण्हं ॥

अर्थ:—संस्कृत शब्द तीक्ष्ण में रहे हुए 'ण्' का प्राकृत रूपान्तर में विकल्प से लोप हुआ करता है। जैसे:—तीक्ष्णम्=तिक्खं अथवा तिण्हं ॥

तीक्ष्णम् संस्कृत विशेषण रूप है। इस के प्राकृत रूप तिक्खं और तिण्हं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'ई' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति २-८२ से 'ण्' का लोप; २-३ से 'क्ष' के स्थान पर 'ख' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'ख' को द्वित्व 'ख्ख' की प्राप्ति; २-९० से प्राप्त पूर्व 'ख्' को 'क्' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *तिक्खं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप तिण्हं की सिद्धि सूत्र-संख्या २-७५ में की गई है। २-८२ ॥

ज्ञो ञः ॥ २-८३ ॥

ज्ञः सम्बन्धिनो ञस्य लुग् वा भवति ॥ जाणं णाणं । सव्वज्जो सव्वण्णू । अप्पज्जो अप्पण्णू । दइवज्जो दइवण्णू । इङ्गिअज्जो इङ्गिअण्णू । मणोज्जं । मणोण्णं । अहिज्जो अहिण्णू । पज्जा पण्णा । अज्जा आणा । संज्जा सण्णा ॥ क्वचिन्न भवति विण्णाणं ॥

अर्थ:—जिन संस्कृत शब्दों में संयुक्त व्यञ्जन 'ज्ञ' होता है, उस प्राकृत रूपान्तर में संयुक्त व्यञ्जन 'ज्ञ' में स्थित 'ञ' व्यञ्जन का विकल्प से लोप हो जाता है। जैसे:—ज्ञानम्=जाणं अथवा णाणं। सर्वज्ञः=सव्वज्जो अथवा सव्वण्णू ॥ आत्मज्ञः=अप्पज्जो अथवा अप्पण्णू ॥ दैवज्ञः=दइवज्जो अथवा दइवण्णू। इङ्गितज्ञः=इङ्गिअज्जो अथवा इङ्गिअण्णू ॥ मनोज्ञम्=मणोज्जं अथवा मणोण्णं। अभिज्ञः=अहिज्जो अथवा अहिण्णू। प्रज्ञा=पज्जा अथवा पण्णा। आज्ञा=अज्जा अथवा आणा ॥ संज्ञा=संज्जा

अथवा सएणा ॥ किसी किसी शब्द में स्थित 'ज्ञ' व्यञ्जन में सम्मिलित 'ञ' व्यञ्जन का लोप नहीं होता है। जैसे:-विज्ञानं=विएणाण। इस उदाहरण में स्थित सयुक्त व्यञ्जन 'ज्ञ' की परिणति अन्य नियमानुसार 'ण' मे हो गई है। किन्तु सूत्र-सख्या २-८३ के अनुसार लोप अवस्था नही प्राप्त हुई है ॥

ज्ञानम् सस्कृत रूप ह। इस के प्राकृत-रूप जाण और णाण होते हैं। इन मे से प्रथम रूप में सूत्र सख्या २-८३ से सयुक्त व्यञ्जन 'ज्ञ' में स्थित 'ञ्' व्यञ्जन का लोप, १-२२८ से 'न' का 'ण', ३—२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *जाणं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप णाण की सिद्धि सूत्र-संख्या २-४२ मे की गई है।

सव्वज्जो और सव्वएणू दोनों रूपो की सिद्धि सूत्र-सख्या १-५६ मे की है।

आत्मज्ञ सस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप अप्पज्जो और अप्पएणू होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र सख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति, २-५१ से सयुक्त व्यञ्जन 'त्म' के स्थान पर 'प' की प्राप्ति, २-८६ से 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति, २-८३ से सयुक्त व्यञ्जन 'ज्ञ' में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'ञ्' का लोप, २-८६ से 'ज्ञ' में स्थित 'ञ्' का लोप होने के पश्चात् शेष 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *अप्पज्जो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (आत्मज्ञ =) अप्पएणू में सूत्र-सख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ की प्राप्ति, २-५१ से सयुक्त व्यञ्जन 'त्म' के स्थान पर 'प' की प्राप्ति, २-८६ से प्राप्त 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति, २-४२ से 'ज्ञ' के स्थान पर 'ण की प्राप्ति, २-८६ से प्राप्त 'ण' को द्वित्व 'एण की प्राप्ति, १-५६ से प्राप्त 'ण' में स्थित 'अ' स्वर के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ को प्राप्ति और ३-१६ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में उकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *अप्पण्णू* भी सिद्ध हो जाता है।

दैवज्ञः सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप दइवज्जो और दइवएणू होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-१५१ से 'ऐ' के स्थान पर 'अइ' आदेश की प्राप्ति, २-८३ से सयुक्त व्यञ्जन 'ज्ञ' मे स्थित हलन्त व्यञ्जन 'ञ्' का लोप, २-८६ से 'ज्ञ' मे स्थित 'ञ्' के लोप होने के पश्चात् शेष 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *दइवज्जो* रूप सिद्ध हो जाता है।

द्वितीयरूप- (दैवज्ञ =) दइवएणू में सूत्र-सख्या १-१५१ से 'ऐ' के स्थान पर 'अइ' आदेश की प्राप्ति, २-४२ से 'ज्ञ' के स्थान पर 'ण' को प्राप्ति, २-८६ से प्राप्त 'ण' को द्वित्व 'एण' की प्राप्ति, १-५६ से प्राप्त 'ण' में स्थित 'अ' स्वर के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' को प्राप्ति, और ३-१६ से प्रथमा विभक्ति के

एक वचन में उकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *इङ्गिअण्णू* सिद्ध हो जाता है।

इङ्गितज्ञः संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप इंगिअज्जो और इंगिअण्णू होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप, २-८३ से संयुक्त व्यञ्जन 'ज्ञ' में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'ञ्' का लोप २-८९ से 'ज्ञ' में स्थित 'ञ' के लोप होने के पश्चात् शेष 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारांत पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *इंगिअज्जो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (इङ्गितज्ञः=) इंगिअण्णू में सूत्र-संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप २-४२ से 'ज्ञ' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ण' को द्वित्व 'ण्ण' की प्राप्ति १-५६ से प्राप्त 'ण' में स्थित 'अ' स्वर के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में उकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *इंगिअण्णू* सिद्ध हो जाता है।

मनोज्ञम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप मणोज्जं और मणोण्णं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-२२८ से 'न' का 'ण', २-८३ से संयुक्त व्यञ्जन 'ज्ञ' में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'ञ्' का लोप, २-८९ से 'ज्ञ' में स्थित 'ञ्' के लोप होने के पश्चात् शेष 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *मणोज्जं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (मनोज्ञम्=) मणोण्णं में सूत्र संख्या १-२२८ से 'न' का 'ण' २-४२ से 'ज्ञ' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'ण' का द्वित्व 'ण्ण' की प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *मणोण्णं* भी सिद्ध हो जाता है।

अहिज्जो और अहिण्णू रूपों की सिद्धि सूत्र-संख्या १-५६ में की गई है।

प्रज्ञा संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप पज्जा और पण्णा होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप; २-८३ से संयुक्त व्यञ्जन 'ज्ञ' में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'ञ्' का लोप; २-८९ से 'ज्ञ' में स्थित 'ञ' के लोप होने के पश्चात् शेष 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *पज्जा* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप *पण्णा* की सिद्धि सूत्र संख्या २-४२ में की गई है। *आज्ञा* संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप अज्जा और आणा होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति २-८३ से संयुक्त व्यञ्जन 'ज्ञ' में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'ञ' का लोप; २-८९

से 'ज्ञ' में स्थित 'ञ्' के लोप होने के पश्चात् शेष 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *अज्जा* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रुप (आज्ञा =) आणा मे सूत्र-सख्या २-४२ से 'ज्ञ' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति होकर *आणा* रूप सिद्ध हो जाता है।

संज्ञा सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रुप सजा और सण्णा होते हैं। इनमे से प्रथम रूप में सूत्र-सख्या २-८३ से सयुक्त व्यञ्जन 'ज्ञ' मे स्थित हलन्त व्यञ्जन 'ञ्' का लोप होकर प्रथम रूप *संजा* सिध्द हो जाता है।

द्वितीय रूप *सण्णा* की सिध्दि सूत्र-सख्या २-४२ मे की गई है। विण्णाण रूप की सिध्दि सूत्र-सख्या २ ४२ मे की गई है। २—८३ ॥

मध्याह्ने हः ॥ २—८४ ॥

मध्याह्ने हस्य लुग् वा भवति ॥ मज्झन्नो मज्झण्हो ॥

अर्थ —संस्कृत शब्द मध्याह्न' मे स्थित सयुक्त व्यञ्जन 'ह्न' के स्थन पर प्राकृत रूपान्तर में विकल्प से 'ह्' का लोप होकर 'न' शेष रहता है। जैसे—मध्याह्न =मज्झन्नो अथवा मज्झण्हो ॥ वैकल्पिक पक्ष होने से प्रथम रूप में 'ह्न' के स्थान पर 'न' की प्राप्ति और द्वितीय रूप में 'ह्न' के स्थान पर 'ण्ह' की प्रप्ति हुई है।

मध्याह्न' सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप मज्झन्नो और मज्झण्हो होते है। इनमें से प्रथम रूप मे सूत्र-सख्या २-२६ से सयुक्त व्यञ्जन 'ध्य' के स्थान पर 'झ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'झ' को द्वित्व 'झ्झ' की प्रप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'झ्' को 'ज्' की प्राप्ति, १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति २-८४ से सयुक्त व्यञ्जन 'ह्न' मे से 'ह्' का विकल्प से लोप, २-८९ से शेष 'न' को द्वित्व 'न्न' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति हो कर प्रथम रूप *मज्झन्नो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रुप (मध्याह्न =) मज्झण्हो में 'मज्झ' तकको साधनिका प्रथम रूप के समान ही, तथा आगे सूत्र-सख्या २-७५ से सयुक्त व्यञ्जन 'ह्न' के स्थान पर 'ण्ह' आदेश की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *मज्झण्हो* भी सिद्ध हो जाता है। २-८४ ॥

दशार्हे ॥ २—८५ ॥

पृथग्योगाद्वेति निवृत्तम्। दशार्हे हस्य लुग् भवति ॥ दसारो ॥

अर्थ —संस्कृत शब्द 'दशार्ह' में स्थित 'दश' और 'अर्ह' शब्दों का पृथक्-पृथक् अर्थ नहीं करते हुए तथा इसको एक ही अर्थ-वाचक शब्द मानते हुए इस का बहुव्रीहि-समास में विशेष अर्थ स्वीकार किया जाय तो 'दशार्ह' में स्थित 'ह' व्यञ्जन का प्राकृत-रूपान्तर में लोप हो जाता है। जैसे — दशार्हः= दसारो अर्थात् यादव विशेष।

दशार्हः संस्कृत शब्द है। इसका प्राकृत रूपान्तर दसारो होता है। इस में सूत्र-संख्या १-२६० से 'श' का 'स'; २-८५ से 'ह्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *दसारो* रूप सिद्ध हो जाता है। २-८५॥

आदेः श्मश्रु-श्मशाने ॥ २-८६ ॥

अनयोरादेर्लुग् भवति ॥ मासू मंसू मस्सू। मसाणं ॥ आर्षे श्मशान-शब्दस्य सीआणं सुसाणमित्यपि भवति ॥

अर्थ —संस्कृत शब्द 'श्मश्रु' और 'श्मशान' में आदि में स्थित 'श्' व्यञ्जन का प्राकृत रूपान्तर में लोप हो जाता है। जैसे—श्मश्रुः =मासू अथवा मंसू अथवा मस्सू॥ श्मशानम्=मसाणं॥ आर्ष-प्राकृत में 'श्मशान' शब्द के दो अन्य रूप और भी पाये जाते हैं, जो कि इस प्रकार है—श्मशानम् = सीआणं और सुसाणं ॥

श्मश्रु, संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप मासू, मंसू और मस्सू होते हैं। इन में से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-८६ से आदि में स्थित 'श' व्यञ्जन का लोप; १-४३ से 'म' में स्थित ह्रस्व स्वर 'अ' को दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति; २-७९ से 'र' का लोप; १-२६० से 'श्' का लोप होने के पश्चात् शेष रहे हुए 'श्' को 'स' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में उकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *मासू* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप मंसू की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२६ में की गई है।

तृतीय रूप—(श्मश्रुः =) मस्सू में सूत्र-संख्या २-८६ से आदि में स्थित 'श' व्यञ्जन का लोप; २-७९ से 'र्' का लोप; १-२६० से 'र' के लोप होने के पश्चात् शेष रहे हुए 'श्' को 'स्' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'स' को द्वित्व 'स्स' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में उकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर तृतीय रूप *मस्सू* भी सिद्ध हो जाता है।

श्मशानम् संस्कृत रूप है। इस का प्राकृत रूप मसाणं होता है। इस में सूत्र-संख्या २-८६ से आदि में स्थित 'श्' व्यञ्जन का लोप; १-२६० से द्वितीय 'श' का 'स'; १-२२८ से 'न' का 'ण'; ३-२५

से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अाकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *मसाण* रूप सिद्ध हो जाता है।

आर्ष-प्राकृत में 'श्मसानम्' के *सीआणं* और *सुसाणं* रूप होते हैं, इनकी साधनिका प्राकृत-नियमों के अनुसार नही होती है इसी लिये ये आर्ष-रूप कहलाते हैं। २-८६ ॥

श्चो हरिश्चन्द्रे ॥ २-८७ ॥

हरिश्चन्द्रशब्दे श्च इत्यस्य लुग् भवति ॥ हरिअन्दो ॥

अर्थ—संस्कृत शब्द 'हरिश्चन्द्र' में स्थित संयुक्त व्यञ्जन 'श्च्' का प्राकृत-रूपान्तर में लोप हो जाता है। जैसे—हरिश्चन्द्र' = हरिअन्दो ॥

हरिश्चन्द्र' संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप हरिअन्दो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-८७ से संयुक्त व्यञ्जन 'श्च्' का लोप, २-८० से 'द्र' में स्थित रेफ रूप 'र्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *हरिअन्दो* रूप सिद्ध हो जाता है।

रात्रौ वा ॥ २-८८ ॥

रात्रिशब्दे संयुक्तस्य लुग् वा भवति ॥ राई रत्ती ॥

अर्थः—संस्कृत शब्द 'रात्रि' मे स्थित संयुक्त व्यञ्जन 'त्र्' का विकल्प से प्राकृत रूपान्तर में लोप होता है। जैसे—रात्रि'=राई अथवा रत्ती ॥

रात्रिः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप राई और रत्ती होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-८८ से संयुक्त व्यञ्जन 'त्र्' का विकल्प से लोप, और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे इकारान्त स्त्रीलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *राइ* सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप—(रात्रि =) *रत्ती* की सिद्धि सूत्र-संख्या-२-७९ मे की गई है ॥ २-८८ ॥

अनादौ शेषादेशयोर्द्वित्वम् ॥ २-८९ ॥

पदस्यानादौ वर्तमानस्य शेषस्यादेशस्य च द्वित्वं भवति ॥ शेष। कप्पतरु। भुत्तं। दुद्धं। नग्गो। उक्का। अक्को। मुक्खो ॥ आदेश। डक्को। जक्खो। रग्गो। किच्ची। रुप्पी ॥ क्वचिन्न भवति ॥ कसिणो ॥ अनादाविति किम्। खलिअ। थेरो। खम्भो। द्वयोस्तु। द्वित्व-मस्त्येवेऽऽति न भवति। विञ्चुओ। भिण्डिवालो ॥

अर्थ—यदि किसी संस्कृत शब्द का कोई वर्ण नियमानुसार प्राकृत-रूपान्तर में लुप्त होता है, तदनुसार उस लुप्त होने वाले वर्ण के पश्चात् जो वर्ण शेष रहता है अथवा लुप्त होने वाले उस वर्ण के स्थान पर नियमानुसार जो कोई दूसरा वर्ण आदेश रूप से प्राप्त होता है एवं यह शेष वर्ण अथवा आदेश रूप से प्राप्त वर्ण यदि उस शब्द के आदि (प्रारंभ) में स्थित न हो तो उस शेष वर्ण का अथवा आदेश रूप से प्राप्त वर्ण का द्वित्व वर्ण हो जाता है। लुप्त होने के पश्चात् शेष-अनादि-वर्ण के द्वित्व होने के उदाहरण इस प्रकार हैं—कल्पतरू=कप्पतरू। भुक्तम्=भुत्तं। दुग्धम्=दुद्धं। नग्नः=नग्गो। उल्का=उक्का। अर्कः=अक्को। मूर्खः=मुक्खो॥ आदेश रूप से प्राप्त होने वाले वर्ण के द्वित्व होने के उदाहरण इस प्रकार है—दष्टः=डक्को। यक्षः=जक्खो। रक्तः=रग्गो। कृत्तिः=किच्ची। रुक्मी=रुप्पी॥ कभी कभी लोप होने के पश्चात् शेष रहने वाले वर्ण का द्वित्व होना नहीं पाया जाता है। जैसे—कृत्स्नः=कसिणो यहाँ पर 'त्' के लोप होने के पश्चात् शेष 'स्' का द्वित्व 'स्स' की प्राप्ति नहीं हुई है। यों अन्यत्र भी जानना।

प्रश्न—अनादि में स्थित हो तभी उस शेष वर्ण का अथवा आदेश-प्राप्त वर्ण का द्वित्व होता है ऐसा क्यों कहा गया है?

उत्तर—क्योंकि यदि वह शेष वर्ण अथवा आदेश प्राप्त वर्ण शब्द के प्रारंभ में ही स्थित होगा तो उसका द्वित्व नहीं होगा; इस विषयक उदाहरण इस प्रकार है—स्खलितम्=खलिअं। स्थविरः=थेरो। स्तम्भ=खम्भो॥ इन उदाहरणों में शेष वर्ण अथवा आदेश-प्राप्त वर्ण शब्दों के प्रारंभ में ही रहे हुए हैं; अतः इनमें द्वित्व की प्राप्ति नहीं हुई है। यों अन्य उदाहरणों में भी समझ लेना चाहिये। जिन शब्दों में शेष वर्ण अथवा आदेश प्राप्त वर्ण पहले से ही दो वर्ण रूप से स्थित हैं, उनमें पुनः द्वित्व की आवश्यकता नहीं है। उदाहरण इस प्रकार है—वृश्चिकः=विञ्चुओ और भिन्दिपालः=भिण्डिवालो॥ इत्यादि॥ इन उदाहरणों में क्रम से 'श्चि' के स्थान पर दो वर्ण रूप 'ञ्चु' की प्राप्ति हुई है और 'न्द' के स्थान पर दो वर्ण रूप 'ण्ड' की प्राप्ति हुई है अतः अब इनमें और द्वित्व वर्ण करने की आवश्यकता नहीं है। यों अन्य उदाहरणों में भी समझ लेना चाहिये।

कल्पतरुः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कप्पतरू होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'ल्' का लोप; २-८९ से शेष 'प' का द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में उकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर कप्पतरू रूप सिद्ध हो जाता है।

भुत्तं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या २-७७ में की गई है।
दुद्धं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या २-७७ में की गई है।
नग्गो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या २-७८ में की गई है।
उक्का रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या २-७९ में की गई है।

अक्को रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१७७ मे की गई है।

मूर्ख: संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मुक्खो होता है। इसमे सूत्र-संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'ऊ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' की प्राप्ति, २-७९ से 'र' का लोप, २-८९ से शेष 'ख' को द्वित्व 'ख़ख' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ख्' को 'क' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मुक्खो* रूप सिद्ध हो जाता है।

दक्खो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या २-२ मे की गई है।

यक्ष: संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप जक्खो होता है। इसमे सूत्र-संख्या १-२४५ से 'य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति, २-३ से 'क्ष' के स्थान पर 'ख' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ख' को द्वित्व 'खख' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ख्' को 'क्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जक्खो* रूप की सिद्धि हो जाती है।

रग्गो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या २-१० मे की गई है।
किच्ची रूप की सिद्धि सूत्र संख्या २-१२ मे की गई है।
रुप्पी रूप की सिद्धि सूत्र संख्या २-५२ मे की गई है।
कसिणो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या २-७५ मे की गई है।

स्खलितम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप खलिअं होता है। इस में सूत्र संख्या २-७७ से हलन्त 'स्' का लोप, १-१७७ से 'त्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *खलिअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

थेरो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१६६ में की गई है।
खम्भो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या २-८ में की गई हैं।
विञ्चुओ रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१२८ में गई है।
भिण्डिवालो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या २-३८ में की गई है। ॥ २-८९ ॥

द्वितीय-तुर्ययोरुपरि पूर्वः ॥२-९०॥

द्वितीयतुर्ययोर्द्वित्व प्रसङ्गे उपरि पूर्वौ भवतः ॥ द्वितीयस्योपरि प्रथमश्चतुर्थस्योपरि तृतीयः इत्यर्थः ॥ शेषं। वक्खाणं। वग्घो। मुच्छा। निज्झरो। कट्ठं। तित्थं। निद्धणो। गुप्फं। निब्भरो ॥ आदेश। जक्खो। घस्यनास्ति ॥ अच्छी। मज्झं। पट्ठी। वुड्ढो। हत्थो।

आलिद्धो। पुप्फ। भिम्भलो॥ तैलादौ (२-९८) द्वित्वे ओक्खलं॥ सेवादौ (२-९९) नक्खा नहा॥ समासे। कइ द्धओ कइ-धओ॥ द्वित्व इत्येव। खाओ॥

अर्थ—किसी भी वर्ग के दूसरे अक्षर का अथवा चतुर्थ अक्षर का द्वित्व होने का प्रसंग प्राप्त हो तो उनके पूर्व में द्वित्व प्राप्त द्वितीय अक्षर के स्थान पर प्रथम अक्षर हो जायगा और द्वित्व प्राप्त चतुर्थ अक्षर के स्थान पर तृतीय अक्षर हो जायगा। विशेष स्पष्टीकरण इस प्रकार है कि किसी संस्कृत शब्द के प्राकृत में रूपान्तर करने पर नियमानुसार लोप होने वाले वर्ण के पश्चात् शेष रहे हुए वर्ण को अथवा आदेश रूप से प्राप्त होने वाले वर्ण का द्वित्व होने का प्रसंग प्राप्त हो तो द्वित्व होने के पश्चात् प्राप्त द्वित्व वर्णों में यदि वर्ग का द्वितीय अक्षर हैं तो द्वित्व प्राप्त वर्ण के पूर्व में स्थित हलन्त द्वितीय अक्षर के स्थान पर उसी वर्ग के प्रथम अक्षर की प्राप्ति होगी और यदि द्वित्व प्राप्त वर्ण वर्ग का चतुर्थ अक्षर है तो उस द्वित्व प्राप्त चतुर्थ अक्षर में से पूर्व में स्थित चतुर्थ अक्षर के स्थान पर उसी वर्ग के तृतीय अक्षर की प्राप्ति होगी। 'शेष' से संबंधित उदाहरण इस प्रकार हैं—व्याख्यानम्=वक्खाणं। व्याघ्रः=वग्घो। मूर्च्छा=मुच्छा। निर्झरः=निज्झरो। कष्टम्=कट्ठं। तीर्थम्=तित्थं। निर्धनः=निद्धणो। गुल्फम्=गुप्फं। निर्भरः=निब्भरो॥ इसी प्रकार से 'आदेश' से सम्बंधित उदाहरण इस प्रकार हैं—यक्षः=जक्खो॥ दीर्घ 'घ' का उदाहरण नहीं होता है। यष्टिः=लट्ठी। मध्यम्=मज्झं। दृष्टिः=दिट्ठी॥ दुग्धम्=दुद्धं। हस्तः=हत्थो। आश्लिष्टः=आलिद्धो। पुष्पम्=पुप्फं और विह्वलः=भिब्भलो॥

सूत्र संख्या २-९८ से तैल आदि शब्दों में भी द्वित्व वर्ण की प्राप्ति होती है उनमें भी इसी सूत्र विधानानुसार प्राप्त द्वितीय अक्षर के स्थान पर प्रथम अक्षर की प्राप्ति होती है और प्राप्त चतुर्थ अक्षर के स्थान पर तृतीय अक्षर की प्राप्ति होती है। उदाहरण इस प्रकार है:-उदूखलम् ओक्खलं॥ इसी प्रकार सूत्र-संख्या २-९९ से सेवा आदि शब्दों में भी द्वित्व वर्ण की प्राप्ति होती है; उन शब्दों में भी यही नियम लागू होता है कि प्राप्त द्वित्व द्वितीय वर्ण के स्थान पर प्रथम वर्ण की प्राप्ति होती है प्राप्त द्वित्व चतुर्थ वर्ण के स्थान पर तृतीय वर्ण की प्राप्ति होती है। उदाहरण इस प्रकार है—नखाः=नक्खा अथवा नहा॥ समास गत शब्द में भी द्वितीय के स्थान पर प्रथम की प्राप्ति और चतुर्थ के स्थान पर तृतीय की प्राप्ति इसी नियम के अनुसार जानना। उदाहरण इस प्रकार है' कपि-ध्वजः=कइ-द्धओ अथवा कइ-धओ॥ उपरोक्त नियम का विधान नियमानुसार द्वित्व रूप से प्राप्त होने वाले वर्णों के संबंध में ही जानना जिन शब्दों में लोप स्थिति की अथवा आदेश-स्थिति की उपलब्धि (तो) हो परन्तु यदि ऐसा होने पर भी 'द्विर्भाव' की स्थिति नहीं हो तो इस नियम का विधान ऐसे शब्दों के संबंध में लागू नहीं होगा। जैसे—ख्यातः=खाओ॥ इस उदाहरण में लोप-स्थिति है। परन्तु द्विर्भाव स्थिति नहीं है; अतः सूत्र-संख्या २-९० का विधान इस में लागू नहीं होता है॥

व्याख्यानम् संस्कृतरूप है। इसका प्राकृत रूप वक्खाणं होता है। इस में सूत्र संख्या २-७८ से दोनों य् कारों का लोप; १-८४ से शेष 'वा' में स्थित दीर्घस्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की

प्राप्ति, २-८६ से 'ख' वर्ण को द्वित्व 'ख्ख' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ख्' को 'क्' की प्राप्ति, १-२२८ से 'न' का 'ण', ३-२५ से प्रथमा-विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म' का अनुस्वार होकर *वक्खाणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

व्याघ्रः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप वग्घो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७८ से 'य्' का लोप, १-८४ से शेष 'वा' में स्थित दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, २-७९ से 'र्' का लोप २-८९ से 'घ' को द्वित्व 'घ्घ्' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'घ्' को 'ग्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वग्घो* रूप सिद्ध हो जाता है।

मूर्च्छा—संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मुच्छा होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, और १-८४ से दीर्घ स्वर 'ऊ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' की प्राप्ति होकर *मुच्छा* रूप सिद्ध हो जाता है।

निज्झरो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-९८ में की गई है।

कट्ठ रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या २-३४ में की गई है।

तित्थं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-८४ में की गई है।

निर्धनः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप निद्धणो होता है। इसमे सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से शेष 'ध' को द्वित्व 'ध्ध' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ध्' को 'द्' की प्राप्ति, १-२२८ से द्वितीय 'न' को 'ण' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *निद्धणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

गुल्फम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप गुप्फ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'ल्' का लोप, २-८९ से शेष 'फ' को द्वित्व 'फ्फ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'फ्' को 'प' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *गुप्फं* रूप सिद्ध हो जाता है।

निर्भरः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप निब्भरो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से शेष 'भ' को द्वित्व 'भ्भ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'भ्' को 'ब्' की प्राप्ति, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *निब्भरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

जक्खो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या २-८९ में की गई है।

मच्छी रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-३३ में की गई है।
मज्झं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या २- ६ में की गई है।
पट्टी रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १ १ ६ में की गई है।
उ कुड्डो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १ १३१ में की गई है।
हत्थो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या २ ४५ में की गई है।
आलिट्ठो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या २ ४६ में की गई है।
पुप्फं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १ २३६ में की गई है।
भिप्फलो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या २ ८८ में की गई है।
आक्कन्दं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १ १७१ में की गई है।

नखाः संस्कृत रूप है। इस के प्राकृत रूप नक्खा और नहा होते हैं। इन में से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २ ८६ से ख को द्वित्व ख ख की प्राप्ति, ९ ९ से प्राप्त पूर्व 'ख्' को क् की प्राप्ति; ३-४ से प्रथमा विभक्ति के बहु वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'जस्' प्रत्यय की प्राप्ति हो कर लोप; और ३ १२ से 'ख' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' का लोप और 'आ' की प्राप्ति हो कर प्रथम रूप *नक्खा* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (नखाः =) नहा में सूत्र-संख्या १ १८७ से 'ख' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति और शेष साधनिका (प्रथमा बहु वचन के रूप में) प्रथम रूप के समान ही होकर *नहा* रूप सिद्ध हो जाता है।

कपि-ध्वजः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप कद्धओ और कइ-धओ होते हैं। इन में से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १ १७७ से 'प्' का लोप; २-७९ से 'व' का लोप; २-८९ से शेष 'ध' को द्वित्व ध् ध की प्राप्ति; २-९० से प्राप्त पूर्व 'ध्' का 'द्' की प्राप्ति; १ १७७ से ज् का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *कद्धओ* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (कपि-ध्वज =) कइ धओ में सूत्र-संख्या १ १७७ से 'प' का लोप, २-७९ से 'व्' का लोप १ १७७ से 'ज्' का लोप और ३ २ से प्रथम रूप के समान ही 'ओ' की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *कइ-धओ* भी सिद्ध हो जाता है।

ख्यातः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप खाओ होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७८ से 'य' का लोप; १ १७७ से 'त्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *खाओ* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥२-९०॥

दीर्घे वा ॥२-९१॥

दीर्घ शब्दे शेषस्य घस्य उपरि पूर्वो वा भवति ॥ दिग्घो दीहो ॥

अर्थः—संस्कृत शब्द 'दीर्घ' के प्राकृत-रूपान्तर में नियमानुसार रेफ रूप 'र्' का लोप होने के पश्चात् शेष व्यञ्जन 'घ' के पूर्व में ('घ' के) पूर्व व्यञ्जन 'ग्' की प्राप्ति विकल्प से हुआ करती है जैसे-दीर्घ=दिग्घो अथवा दीहो ॥

दीर्घ संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप दिग्घो और दीहो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'ई' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति, २-७९ से 'र्' का लोप, २-९१ से 'घ' के पूर्व में 'ग्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *दिग्घो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(दीर्घ=) दीहो में सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, १-१८७ से 'घ' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथम रूप के समान ही 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *दीहो* भी सिद्ध हो जाता है ।२-९१॥

न दीर्घानुस्वारात् ॥२-९२॥

दीर्घानुस्वाराभ्यां लाक्षणिकाभ्यामलाक्षणिकाभ्यां च परयोः शेषादेशयोर्द्वित्वं न भवति ॥ छूढो। नीसासो। फासो॥ अलाक्षणिक। पार्श्वम्। पासं॥ शीर्षम्। सीसं॥ ईश्वरः। ईसरो॥ द्वेष्यः। वेसो॥ लास्यम्। लासं॥ आस्यम्। आसं। प्रेष्यः। पेसो॥ अवमाल्यम्। ओमालं॥ आज्ञा। आणा। आज्ञप्तिः। आणत्ती॥ आज्ञपन। आणवणं॥ अनुस्वारात्। त्र्यस्रम्। तंसं अलाक्षणिक। संझा। विंझो। कंसालो॥

अर्थ—यदि किसी संस्कृत-शब्द के प्राकृत-रूपान्तर में किसी वर्ण में दीर्घ स्वर अथवा अनुस्वार रहा हुआ हो और उस दीर्घ स्वर अथवा अनुस्वार की प्राप्ति चाहे व्याकरण के नियमों से हुई हो अथवा चाहे उस शब्द में ही प्रकृति रूप से ही रही हुई हो और ऐसी स्थिति में यदि इस दीर्घ स्वर अथवा अनुस्वार के आगे नियमानुसार लोप हुए वर्ण के पश्चात् शेष रह जाने वाला वर्ण आया हुआ हो अथवा आदेश रूप से प्राप्त होने वाला वर्ण आया हुआ हो तो उस शेष वर्ण को अथवा आदेश-प्राप्त वर्ण को द्वित्व-भाव की प्राप्ति नहीं होगी। अर्थात् ऐसे वर्णों का द्वित्व नहीं होगा। दीर्घ स्वर संबंधी उदाहरण इस प्रकार है—क्षिप्त=छूढो। निःश्वास=नीसासो और स्पर्श=फासो॥ इन उदाहरणों में स्वर में दीर्घता व्याकरण के नियमों से हुई है, इसलिये ये उदाहरण लाक्षणिक कोटि के हैं। अब ऐसे उदाहरण दिये जा रहे हैं, जो कि अपने प्राकृतिक रूप से ही दीर्घ स्वर वाले हैं; ये उदाहरण अलाक्षणिक कोटि के समझे जाँय। पार्श्वम्=पास॥ शीर्षम्=सीस॥ ईश्वरः=ईसरो॥ द्वेष्यः=वेसो॥ लास्यम्=लास॥ आस्यम्=आस॥ प्रेष्यः=पेसो॥ अवमाल्यम्=ओमाल॥ आज्ञा=आणा॥ आज्ञप्तिः=आणत्ती॥ आज्ञपन=आणवण॥

इन उदाहरणों में दीर्घ स्वर के आगे वर्ण विशेष की लोप स्थिति से शेष वर्ण की स्थिति अथवा आदेश प्राप्त वर्ण की स्थिति होने पर भी उनमें द्वित्व की स्थिति नहीं है।

अनुस्वार संबंधी उदाहरण निम्नोक्त हैं। प्रथम ऐसे उदाहरण दिये जा रहे हैं जिनमें अनुस्वार की प्राप्ति व्याकरण के नियम-विशेष से हुई है ऐसे उदाहरण लाक्षणिक कोटि के जानना। *त्र्यस्रम्=तंसं*। इस उदाहरण में लोप स्थिति है, शेषवर्ण 'स' की उपस्थिति अनुस्वार के पश्चात रही हुई है अतः इस शेष वर्ण स को द्वित्व 'स्स' की प्राप्ति नहीं हुई है। यों अन्य लाक्षणिक उदाहरण भी समझ लेना। अब ऐसे उदाहरण दिये जा रहे हैं; जिनमें अनुस्वार की स्थिति प्रकृति रूप से ही उपलब्ध है ऐसे उदाहरण अलाक्षणिक कोटि के गिने जाते हैं। संध्या = संझा। विन्ध्यः=विंझो और कांस्यालः = कंसालो॥ प्रथम दो उदाहरणों में अलाक्षणिक रूप से स्थित अनुस्वार के आगे आदेश रूप से प्राप्त वर्ण झ की उपस्थिति विद्यमान है, परन्तु इस 'झ' वर्ण को पूर्व में अनुस्वार के कारण से द्वित्व 'ज्झ' की प्राप्ति नहीं हुई है। तृतीय उदाहरण में 'य' का लोप होकर अनुस्वार के आगे शेष वर्ण के रूप में 'स' की उपस्थिति मौजूद है, परन्तु पूर्व में अनुस्वार होने के कारण से इस शेष वर्ण स को द्वित्व 'स्स' की प्राप्ति नहीं हुई है। यों अन्यत्र भी जान लेना। इन्हें अलाक्षणिक कोटि के उदाहरण जानना, क्योंकि इनमें अनुस्वार की प्राप्ति व्याकरण गत नियमों से नहीं हुई है, परन्तु प्रकृति से ही स्थित है॥

क्षिप्तः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप छूढो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-१२७ से संपूर्ण 'क्षिप्त' शब्द के स्थान पर ही 'छूढ' रूप आदेश की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारांत पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *छूढो* रूप सिद्ध हो जाता है।

नीसासो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-९३ में की गई है।

अमर्षः सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप अमरिसो होता है। इस में सूत्र-सख्या २-१०५ से हलन्त व्यञ्जन 'र्' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति, १-२६० से 'ष' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति हो कर *अमरिसो* रूप सिद्ध हो जाता है।

तप्तः संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप तविओ और तत्तो होते हैं। इन में से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-१०५ से हलन्त व्यञ्जन 'प' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति; १-२३१ से प्राप्त 'पि' में स्थित 'प्' के स्थान पर 'व्' की प्राप्ति; १-१७७ से द्वितीय 'त्' का लोप' और ३-२ से प्रथमा-विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *तविओ* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(तप्तः=) तत्तो में सूत्र-संख्या २-७७ से हलन्त व्यञ्जन 'प' का लोप; २-८९ से शेष द्वितीय 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति हो कर द्वितीय रूप *तत्तो* भी सिद्ध हो जाता है।

वज्रम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप वइरं और वज्जं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या २-१०५ से हलन्त व्यञ्जन 'ज्' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति; १-१७७ से प्राप्त 'जि' में स्थित 'ज्' व्यञ्जन का लोप; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *वइरं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप *वज्जं* की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१७७ में की गई है। ॥२-१०५॥

लात् ॥ २-१०६ ॥

संयुक्तस्यान्त्यव्यञ्जनाल्लात्पूर्व इद् भवति ॥ किलिन्नं। किलिट्ठं। सिलिट्ठं। पिलुट्ठं। पिलोसो। सिलिम्हो। सिलेसो। सुक्किलं। सुइलं। सिलोओ। किलेसो। अम्बिलं। गिलाइ। गिलाणं। मिलाइ। मिलाणं। किलम्मइ। किलन्तं ॥ क्वचिन्न भवति ॥ कमो। पवो। विप्पवो। सुक्क पक्खो ॥ उत्प्लावयति। उप्पावेइ ॥

अर्थ—जिन संस्कृत शब्दों में ऐसा संयुक्त व्यञ्जन रहा हुआ हो जिसमें 'ल' वर्ण अवश्य हो तो ऐसे उस 'ल' वर्ण सहित संयुक्त व्यञ्जन के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति प्राकृत रूपान्तर में होती है। कुछ उदाहरण इस प्रकार है—क्लिन्नम्=किलिन्नं ॥ क्लिष्टम्=किलिट्ठं। श्लिष्टम्=सिलिट्ठं। प्लुष्टम्=पिलुट्ठं। प्लोषः=पिलोसो। श्लेष्मा=सिलिम्हो ॥ श्लेषः=सिलेसो ॥ शुक्लम्=सुक्किलं ॥ शुक्लम्=सुइलं ॥ श्लोकः=सिलोओ। क्लेशः=किलेसो ॥ आम्लम्=अम्बिलं ॥ ग्लायति=गिलाइ ॥ ग्लानम्=गिलाणं ॥ म्लायति=मिलाइ ॥ म्लानम्=मिलाणं ॥ क्लाम्यति=किलम्मइ ॥ क्लान्तम्=किलन्तं ॥ किसी-किसी शब्द में संयुक्त व्यञ्जन वाले 'ल' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति नहीं भी होती है। जैसे—क्लमः=कमो ॥ प्लवः=पवो ॥ विप्लवः=विप्पवो ॥ शुक्ल-पक्षः=सुक्क-पक्खो ॥ और उत्प्लावयति=उप्पावेइ ॥ इत्यादि ॥ इन उदाहरणों में 'ल्' का लोप हो गया है, परन्तु 'ल' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति नहीं हुई है। यों सर्व-स्थिति का ध्यान रखना चाहिये ॥

क्लिन्नम् सस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप किलिन्नं होता है। इसमें सूत्र-सख्या २-१०६ से 'ल के पूर्व मे स्थित हलन्त व्यञ्जन 'क्' मे आगम रूप 'इ' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त- नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार हो कर *किलिन्न* रूप सिद्ध हो जाता है।

क्लिष्टम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप किलिट्ठं होता है। इस में सूत्र-संख्या २-१०६ से 'ल' के पूर्व मे स्थित हलन्तव्यञ्जन 'क्' मे आगम रूप 'इ' की प्राप्ति; २-३४ से संयुक्त व्यञ्जन 'ष्ट' के स्थान पर 'ठ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ठ' को द्वित्व 'ठ्ठ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ठ्' के स्थान पर 'ट्' की प्राप्ति ३—२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त नपुसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *किलिट्ठं* रूप सिद्ध हो जाता है।

श्लिष्टम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप सिलिट्ठं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१०६ से 'ल्' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'श्' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति, १-२६० से प्राप्त 'शि' में स्थित 'श्' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति, और शेष साधनिका उपरोक्त 'किलिट्ठ' के समान हो प्राप्त होकर *सिलिट्ठं* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्लुष्टम् सस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप पिलुट्ठं होता है। इसमे सूत्र संख्या २-१०६ से 'ल्' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'प्' में आगम रूप 'इ' को प्राप्ति, और शेष साधनिका उपरोक्त 'किलिट्ठ' के समान ही प्राप्त होकर *पिलुट्ठं* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्लोषः सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पिलोसो होता है। इसमें सूत्र-सख्या २-१०६ से 'ल्' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'प्' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति, १-२६० से 'ष के स्थान पर स को प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति हो कर *पिलोसो* रूप सिद्ध हो जाता है।

सिलिम्हो रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या २-५५ में की गई है।

श्लेषः सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रुप सिलेसो होता है। इसमें सूत्र-सख्या २-१०६ से 'ल्' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'श्' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति, १-२६० से प्राप्त 'शि' में स्थित 'श्' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति, १-२६० से द्वितीय 'ष' के स्थान पर भी 'स' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सिलेसो* रूप सिद्ध हो जाता है।

शुक्लम् सस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप सुक्किलं और सुइलं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-२६० से 'श्' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति; २ १०६ से 'ल' के पूर्व में स्थित

हलन्त व्यञ्जन 'क्' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'कि' में स्थित 'क' को द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *सुक्किलं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(शुक्लम्=) सुइलं में सूत्र-संख्या १-२६० से 'श्' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति' २-१०६ से ल के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'क्' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति १-१७७ से प्राप्त 'कि' में स्थित व्यञ्जन 'क्' का लोप और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप सुइलं भी सिद्ध हो जाता है।

श्लोकः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सिलोओ होता है। इसमें सूत्र संख्या २-१०६ से 'ल्' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'श' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति १-२६० से प्राप्त 'शि' में स्थित 'श' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति, १-१७७ से 'क' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सिलोओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

क्लेशः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप किलेसो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१०६ से 'ल्' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'क्' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति १-२६० से 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *किलेसो* रूप सिद्ध हो जाता है।

आम्लम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप अम्बिलं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति २-५६ (?) हलन्त 'म्' में हलन्त 'ब्' रूप आगम की प्राप्ति २-१०६ से 'ल' के पूर्व में स्थित एवं आगम रूप से प्राप्त 'ब्' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *अम्बिलं* रूप सिद्ध हो जाता है।

ग्लायति संस्कृत अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप गिलाइ होता है। इसमें सूत्र संख्या २-१०६ से 'ल्' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'ग्' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति; १-१७७ से 'य्' का लोप १-१० से लोप हुए 'य' में शेष रहे हुए स्वर 'अ' का लोप, ३-१३९ से वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *गिलाइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

ग्लानम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप गिलाणं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१०६ से 'ल्' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'ग्' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति, १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान

'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *गिलाणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

म्लायति संस्कृत अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप मिलाइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२०६ से 'ल्' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'म्' मे आगम रूप 'इ' की प्राप्ति, १-१७७ से 'य्' का लोप, १-१० से लोप हुए 'य्' में से शेष रहे हुए स्वर 'अ' का लोप, ३-१३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत मे 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मिलाइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

म्लानम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप मिलाणं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१०६ से 'ल्' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'म्' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति, १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *मिलाणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

क्लाम्यति संस्कृत क्रिया पद का रूप है। इसका प्राकृत रूप किलम्मइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१०६ से 'ल्' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'क्' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति, १-८४ से 'ला' में स्थित दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति, २-७८ से 'य्' का लोप; २-८९ से शेष 'म' को द्वित्व 'म्म' की प्राप्ति, और ३-१३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत मे 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *किलम्मइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

क्लान्तम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप किलन्त होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१०६ से 'ल' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'क' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति, १-८४ से 'ला' में स्थित दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *किलन्तं* रूप सिद्ध हो जाता है।

क्लमः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कमो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'ल्' का लोप, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *कमो* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्लवः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पवो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'ल्' का लोप, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पवो* रूप सिद्ध हो जाता है।

विप्लवः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप विप्पवो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'ल्' का लोप २-८९ से शेष 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में

अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विप्फरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

मुकुल-पक्षः संस्कृत रूप है। इस का प्राकृत रूप मुक्कल-पक्खो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति; २-७९ से 'र' का लोप, २-८९ से शेष 'क' को द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति; २-३ से 'क्ष' के स्थान पर 'ख' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ख' को द्वित्व 'क्ख' की प्राप्ति; १-५० से प्राप्त पूर्व 'ख्' के स्थान पर 'क्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मुक्कल-पक्खो* रूप सिद्ध हो जाता है।

उत्पलापयति संस्कृत सकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप उप्पावेइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या-२-७७ से 'त्' का लोप, २-७९ से 'ल' का लोप, २-८९ से शेष 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति; ३-१४९ से प्रेरणार्थक क्रियापद के रूप में प्राप्त संस्कृत प्रत्यय 'अय' के स्थान पर प्राकृत में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होने से 'अय' के स्थान पर 'वे' का सद्भाव और ३-१३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *उप्पावेइ* रूप सिद्ध हो जाता है॥ २-१०६ ॥

स्याद्-भव्य-चैत्य-चौर्यसमेषु यात् ॥ २-१०७ ॥

स्यादादिषु चौर्य शब्देन समेषु च संयुक्तस्यात् पूर्व इद् भवति ॥ सिआ । सिआ वाओ । भविओ । चेइअं ॥ चौर्यसम । चोरिअं । थेरिअं । भारिआ । गम्भीरिअं । गहीरिअं । आयरिओ । सुन्दरिअं । सोरिअं । वीरिअं । वरिअं । सूरिओ । धीरिअं । बम्हचरिअं ॥

अर्थ—स्यात्, भव्य एवं चैत्य शब्दों में और चौर्य के समान अन्य शब्दों में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन 'य' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति प्राकृत रूपान्तर में होती है। जैसे—स्यात् = सिआ ॥ स्याद्वाद=सिआ-वाओ ॥ भव्य = भविओ ॥ चैत्यम् = चेइअं ॥ 'चौर्य' शब्द के समान स्थिति वाले शब्दों के कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं—चौर्यम् = चोरिअं । स्थैर्यम् = थेरिअं । भार्या = भारिआ । गाम्भीर्यम् = गम्भीरिअं । गाम्भीर्यम् = गहीरिअं । आचार्यः = आयरिओ । सौन्दर्यम् = सुन्दरिअं । शौर्यम् = सोरिअं । वीर्यम् = वीरिअं । वर्यम् = वरिअं । सूर्यः = सूरिओ । धैर्यम् = धीरिअं और ब्रह्मचर्यम् = बम्हचरिअं ॥

स्यात् संस्कृत अव्यय रूप है। इसका प्राकृत रूप सिआ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१०७ से संयुक्त व्यञ्जन 'य' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'स' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति, २-७८ से 'य्' का लोप और १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'त्' का लोप होकर *सिआ* रूप सिद्ध हो जाता है।

स्याद्वाद संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सिआ-वाओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या-२-१०७

से सयुक्त व्यञ्जन 'य' के पूर्व मे स्थित हलन्त व्यञ्जन 'स्' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति, २-७८ से 'य्' का लोप, २-७७ से प्रथम हलन्त 'द्' का लोप, १-१७७ से द्वितीय 'द्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त नपुंसकलिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत मे 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सिआ-वाओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

भव्य सस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप भविओ होता है। इसमे सूत्र-सख्या २-१०७ से सयुक्त व्यञ्जन 'य' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'व्' मे आगम रूप 'इ' की प्राप्ति, २-७८ से 'य्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *भविओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

चेइअ रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या १-१५१ में की गई है।

चोरिअ रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या १-३५ में की गई है।

स्थैर्यम् सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप थेरिअ होता है। इसमें सूत्र-सख्या २-७७ से हलन्त 'स्' का लोप, १-१४८ से दीर्घ स्वर 'ऐ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'ए' की प्राप्ति, २ १०७ से सयुक्त व्यञ्जन 'य' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'र्' में आगम रुप 'इ' की प्राप्ति, २-७८ से 'य्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *थेरिअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

भारिआ रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या २-२४ में की गई है।

गाम्भीर्यम् सस्कृत रुप है। इसके प्राकृत रूप गम्भीरिअ और गहीरिअ होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-सख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति, २-१०७ से सयुक्त व्यञ्जन 'य' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'र्' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति, २-७८ से 'य्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *गम्भीरिअं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(गाम्भीर्यम्=) गहीरिअ में सूत्र-सख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति, २-७८ से हलन्त व्यञ्जन 'म' का लोप, १-१८७ से 'भ' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, २-१०७ से सयुक्त व्यञ्जन 'य के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'र्' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति, २-७८ से 'य्' का लोप, ३-२५ प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर द्वितीय रूप *गहीरिअं* भी सिद्ध हो जाता है।

आयरिओ रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या १-७३ में की गई है।

सुन्दरिअं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१६० में की गई है।

शौर्यम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सोरिअं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति' १-१५६ से 'औ' के स्थान पर 'ओ' की प्राप्ति २-१०७ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति; २-७८ से 'य्' का लोप' ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *सोरिअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

वीर्यम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप वीरिअं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१०७ से संयुक्त व्यञ्जन 'य' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'र' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति, २-७८ से 'य्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *वीरिअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

वर्यम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप वरिअं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१०७ से संयुक्त व्यञ्जन 'य' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'र्' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति २-७८ से 'य' का लोप ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *वरिअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

सूर्यः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सूरिओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१०७ से संयुक्त व्यञ्जन 'य' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'र्' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति २-७८ से 'य्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सूरिओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

धैर्यम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप धीरिअं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१५५ से 'ऐ' के स्थान 'ई' की प्राप्ति' २-१०७ से संयुक्त व्यञ्जन 'य' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'र्' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति २-७८ से 'य्' का लोप; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर धीरिअं रूप सिद्ध हो जाता है।

वम्हचरिअं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या ५९ में की गई है ॥ १०७॥

स्वप्ने नात् ॥२-१०८॥

स्वप्नशब्दे नकारात् पूर्व इद् भवति ॥ सिविणो ॥

अर्थः—संस्कृत शब्द 'स्वप्न' के प्राकृत रूपान्तर में संयुक्त व्यञ्जन 'न' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'प्' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति होती है। जैसे-स्वप्न = सिविणो ॥

स्निग्धे वादितौ ॥२-१०६॥

स्निग्धे संयुक्तस्य नात् पूर्वौ अदितौ वा भवतः ॥ सणिद्धं सिणिद्धं । पक्षे निद्धं ॥

अर्थ.-संस्कृत शब्द 'स्निग्ध के प्राकृत रूपान्तर में सयुक्त व्यञ्जन 'न' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'स्' में वैकल्पिक रूप से कभी आगम रूप 'अ' की प्राप्ति होती है अथवा कभी आगम रूप 'इ' की प्राप्ति भी वैकल्पिक रूप से होती है। जैसे:-स्निग्धम्=सणिद्ध अथवा सिणिद्धं, अथवा पक्षान्तर में निद्ध रूप भी होता है।

स्निग्धम् सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप सणिद्धं, सिणिद्ध और निद्ध होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-सख्या २-१०६ से सयुक्त व्यञ्जन 'न' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'स्' में वैकल्पिक रूप से आगम रूप 'अ' की प्राप्ति, १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, २-७७ से 'ग्' का लोप, २-८९ से शेष 'ध' को द्वित्व 'ध्ध' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ध्' के स्थान पर 'द्' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *सणिद्धं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(स्निग्धम्=) सिणिद्धं में सूत्र सख्या २-१०६ से सयुक्त व्यञ्जन 'न' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'स्' में वैकल्पिक रूप से आगम रूप 'इ' की प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *सिणिद्धं* भी सिद्ध हो जाता है।

तृतीय रूप-(स्निग्धम्=) निद्धं मे सूत्र-सख्या २-७७ से हलन्त 'स्' का लोप और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर तृतीय रूप निद्ध भी सिद्ध हो जाता है ॥२-१०६॥

कृष्णे वर्णे वा ॥ २-११० ॥

कृष्णे वर्णे वाचिनि संयुक्तास्यान्त्यव्यञ्जनात् पूर्वौ अदितौ वा भवतः ॥ कसणो कसिणो कण्हो ॥ वर्ण इति किम् ॥ विष्णौ कण्हो ॥

अर्थः—सस्कृत शब्द 'कृष्ण' का अर्थ जब 'काला' वर्ण वाचक हो तो उस अवस्था में इसके प्राकृत रूपान्तर में सयुक्त व्यञ्जन 'ण' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'ष् में वैकल्पिक रूप से आगम रूप 'अ' की प्राप्ति होती है अथवा कभी वैकल्पिक रूप से आगम रूप 'इ' की प्राप्ति होती है। जैसे —कृष्ण =(काला वर्णीय)=कसणो अथवा कसिणो ॥ कभी कभी कण्हो भी होता है।

प्रश्न.—मूल सूत्र में 'वर्ण'-(रग वाचक)-ऐसा शब्द क्यों दिया गया है?

उत्तर —संस्कृत साहित्य में 'कृष्ण' शब्द के दो अर्थ होते हैं। एक तो 'काला-रग'-वाचक अर्थ होता है और दूसरा भगवान् कृष्ण-वासुदेव वाचक अर्थ होता है। इसलिये संस्कृत मूल शब्द 'कृष्ण' में

'ण' व्यञ्जन के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'ष्' में आगम रूप 'अ' की अथवा 'इ' की प्राप्ति केवल वर्ण वाचक-स्थिति में ही होती है, द्वितीय अर्थ-वाचक स्थिति में नहीं। ऐसा विशेष अर्थ बतलाने के लिये ही मूल-सूत्र में 'वर्ण' शब्द जोड़ा गया है। उदाहरण इस प्रकार है:—कृष्णः=(विष्णु-वाचक)=कण्हो होता है। कसणो भी नहीं होता है और कसिणो भी नहीं होता है। यह अन्तर ध्यान में रखने योग्य है।

कसणो कसिणो और कण्हो इन तीनों की सिद्धि सूत्र-संख्या २-७५ में की गई है ॥२-११०॥

उच्चार्हति ॥ २-१११ ॥

अर्हत् शब्दे संयुक्तस्यान्त्य व्यञ्जनात् पूर्वौ उत् अदितौ च भवतः ॥ अरुहो अरहो अरिहो। अरुहन्तो अरहन्तो अरिहन्तो ॥

अर्थ:—संस्कृत शब्द 'अर्हत्' के प्राकृत रूपान्तर में संयुक्त व्यञ्जन 'ह' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'र्' में कभी आगम रूप 'उ' की प्राप्ति होती है, कभी आगम रूप 'अ' की प्राप्ति होती है, तो कभी आगम रूप 'इ' की प्राप्ति होती है। इस प्रकार 'अर्हत्' के प्राकृत में तीन रूप हो जाते हैं। उदाहरण इस प्रकार है:—अर्हन्=अरुहो, अरहो और अरिहो ॥ दूसरा उदाहरण इस प्रकार है:—अर्हन्तः=अरुहन्तो अरहन्तो और अरिहन्तो ॥

अर्हन् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप अरुहो अरहो और अरिहो होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या २-१११ से संयुक्त व्यञ्जन 'ह' के पूर्व मे स्थित हलन्त व्यञ्जन 'र्' में क्रम से वैकल्पिक रूप से आगम रूप 'उ' 'अ' और 'इ' की प्राप्ति; १-११ से अन्त्य व्यञ्जन 'न्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से *अरुहो अरहो* और *अरिहो* ये तीनों रूप सिद्ध हो जाते हैं।

अर्हन्तः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप अरुहन्तो अरहन्तो और अरिहन्तो होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या २-१११ से संयुक्त व्यञ्जन 'ह' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'र्' में क्रम से वैकल्पिक रूप से आगम रूप 'उ' 'अ' और 'इ' की प्राप्ति और १-३७ से अन्त्य विसर्ग के स्थान पर 'ओ' की प्राप्ति होकर क्रम से *अरुहन्तो अरहन्तो* और *अरिहन्तो* ये तीनों रूप सिद्ध हो जाते हैं ॥२-१११॥

पद्म-छद्म-मूर्ख-द्वारे वा ॥२-११२॥

एषु संयुक्तस्यान्त्यव्यञ्जनात् पूर्व उद् वा भवति ॥ पउमं पोम्मं ॥ छउमं छम्मं। मुरुक्खो मुक्खो। दुवारं। पक्षे। बारं। देरं। दारं ॥

अर्थ:—संस्कृत शब्द पद्म छद्म मूर्ख और द्वार में प्राकृत रूपान्तर में संयुक्त व्यञ्जन 'म' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'द्' में संयुक्त 'ख' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'र्' में और संयुक्त

व्यञ्जन 'द्म' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'द्' में वैकल्पिक रूप में आगम रूप 'उ' की प्राप्ति होती है। उदाहरण इस प्रकार है —पद्मम्=पउमं अथवा पोम्मं ॥ छद्मन्=छउमं अथवा छम्मं ॥ मूर्खः=मुरुक्खो अथवा मुक्खो ॥ द्वारम्=दुवारं और पक्षान्तर में द्वारम् के बार, देरं और दारं रूप भी होते हैं।

पउमं और पोम्मं दोनों रूपों की सिद्धि सूत्र-संख्या १-६१ में की गई है।

छद्मम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप छउमं और छम्मं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-११२ से संयुक्त व्यञ्जन 'द्म' में स्थित पूर्व हलन्त व्यञ्जन 'द्' में वैकल्पिक रूप से आगम रूप 'उ' की प्राप्ति १-१७७ से प्राप्त 'दु' में से 'द्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *छउमं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(छद्मम्=) छम्मं में सूत्र-संख्या २-७७ से हलन्त 'द्' का लोप, २-८९ से शेष 'म' को द्वित्व 'म्म' की प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप *छम्मं* भी सिद्ध हो जाता है।

मूर्खः संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप मुरुक्खो और मुक्खो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-११२ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्ख' में स्थित पूर्व हलन्त व्यञ्जन 'र्' में वैकल्पिक रूप से आगम रूप 'उ' की प्राप्ति, २-८९ से शेष 'ख' को द्वित्व 'ख्ख' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ख्' के स्थान पर 'क्' की प्राप्ति, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *मुरुक्खो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप *मुक्खो* की सिद्धि सूत्र-संख्या २-८९ में की गई है।

दुवारं, बारं, देरं और दारं इन चारों रूपों की सिद्धि सूत्र संख्या १-७९ में की गई है ॥२-११२॥

तन्वीतुल्येषु ॥२-११३॥

उकारान्ता ङीप्रत्ययान्तास्तन्वी तुल्याः। तेषु संयुक्तस्यान्त्य व्यञ्जनात् पूर्व उकारो भवति ॥ तणुवी। लहुवी। गरुवी। बहुवी। पुहुवी। मउवी॥ क्वचिदन्यत्रापि। स्रुघ्नम्। सुरुग्घं ॥ आर्षे। सूक्ष्मम्। सुहुमं ॥

अर्थ:-उकारान्त और 'ङी' अर्थात् 'ई' प्रत्ययान्त तन्वी=(तनु+ई=तन्वी) इत्यादि ऐसे शब्दों में रहे हुए संयुक्त व्यञ्जन के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन में आगम रूप 'उ' की प्राप्ति होती है। उदाहरण इस प्रकार है —

तन्वी=(तनु+ई=) तणुवी। लघ्वी=(लघु+ई=) लहुवी। गुर्वी=(गुरु+ई=) गरुवी। बह्वी=(बहु+ई=) बहुवी। पृथ्वी=(पृथु+ई=) पुहुवी। मृद्वी=(मृदु+ई=) मउवी॥ इत्यादि।

॥ एक स्वरे श्वः-स्वे ॥२-११४॥

एक स्वरे पदे-यौ श्वस् स्व इत्येतौ तयोरन्त्य व्यञ्जनात् पूर्व उद् भवति ॥ श्वः कृतम् । सुवे कयं ॥ स्वे जनाः ॥ सुवे जणा ॥ एक स्वर इति किम् । स्व-जनः । स-यणो ॥

अर्थः—जब 'श्वस्' और 'स्व' शब्द एक स्वर वाले ही हों, अर्थात् इन दोनों मे से कोई भी समास रूप में अथवा अन्य किसो रूप में स्थित न हों, और इनकी स्थिति एक स्वर वालो ही हो तो इनमें स्थित सयुक्त व्यञ्जन 'व' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'श्' अथवा 'स्' में आगम रूप 'उ' की प्राप्ति होती है। उदाहरण इस प्रकार है'—श्व कृतम्=सुवेकयं ॥ स्वेजना =सुवे जणा ॥

प्रश्न-'एक स्वर वाला' ही हो, तभी उनमे आगम रूप 'उ' की प्राप्ति होती है; ऐसा क्यो कहा गया है ?

उत्तरः—यदि श्वः और स्व शब्द में समास आदि में रहने के कारण से एक से अधिक स्वरों की उपस्थिति होगी तो इनमें स्थित सयुक्त व्यञ्जन 'व' के पूर्व में रहे हुए हलन्त व्यञ्जन 'श्' अथवा 'स्' में आगम रूप 'उ' की प्राप्ति नहीं होनी है। जैसे.-स्व-जन =स-यणो ॥ इस उदाहरण में 'स्व' शब्द 'जन' के साथ सयुक्त होकर एक पद रूप बन गया है, और इससे इसमें तीन स्वरों की प्राप्ति जैसी स्थिति बन गई है, अत 'स्व' मे स्थित हलन्त व्यञ्जन 'स्' में आगम रूप 'उ' की प्राप्ति का भी अभाव हो गया है। यो अन्यत्र भी जान लेना एव एक स्वर से प्राप्त होने वाली स्थिति का भी ध्यान रख लेना चाहिये।

श्वः (=श्वस्) संस्कृत अव्यय रूप है। इसका प्राकृत रूप सुवे होता है। इसमें सूत्र-सख्या २-११४ से सयुक्त व्यञ्जन 'व' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'श्' में आगम रूप 'उ' की प्राप्ति, १-२६० से प्राप्त 'शु' में स्थित 'श्' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति, १-५७ से 'व' में स्थित 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति, और १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'स्' का लोप होकर *सुवे* रूप सिद्ध हो जाता है।

कय रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या १-१२६ में की गई है।

स्वे सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सुवे होता है। इसमें सूत्र-सख्या २-११४ से सयुक्त व्यञ्जन 'वे' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'स्' में आगम रूप उ' की प्राप्ति होकर *सुवे* रूप सिद्ध हो जाता है।

जनाः सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप जणा होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-२२८ से न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, ३-४ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में और अकारान्त पुल्लिग मे प्राप्त प्रत्यय 'जस्' का लोप और ३-१२ से प्राप्त और लुप्त 'जस्' प्रत्यय के कारण से अन्त्य स्वर 'अ' को दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति होकर *जणा* रूप सिद्ध हो जाता है।

स्व-जन संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप स-यणो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७६ से 'व्' का लोप; १-१७७ से 'ज्' का लोप; १-१८० से लोप हुए 'ज्' में से शेष रहे हुए 'अ' को 'य' की प्राप्ति; १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर स-यणो रूप सिद्ध हो जाता है। २-११४।

ज्यायामीत् ॥२-११५॥

ज्याशब्दे अन्त्य व्यञ्जनात् पूर्व इद् भवति ॥ जीआ ॥

अर्थ—संस्कृत शब्द 'ज्या' के प्राकृत रूपान्तर में संयुक्त व्यञ्जन 'या' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'ज्' में आगम रूप 'ई' की प्राप्ति होती है। जैसे—ज्या=जीआ ॥

ज्या संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप जीआ होता है। इसमें सूत्र संख्या २-११५ से संयुक्त व्यञ्जन 'या' के पूर्व में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'ज' में आगम रूप 'ई' की प्राप्ति और १-१७७ से 'य' का लोप होकर *जीआ* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥२-११५॥

करेणू-वाराणस्योर णो र्व्यत्ययः ॥२-११६॥

अनयो रेफणकारयोर्व्यत्ययः स्थितिपरिवृत्तिर्भवति ॥ ॥ कणेरू । वाणारसी । स्त्रीलिङ्ग निर्देशात् पुंसि न भवति । एसो करेणू ॥

अर्थ—संस्कृत शब्द 'करेणु' और 'वाराणसी' में स्थित 'र' वर्ण और 'ण' का प्राकृत-रूपान्तर में परस्पर में व्यत्यय अर्थात् अदला-बदली हो जाता है। 'ण' के स्थान पर 'र' और 'र' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति हो जाती है। इस प्रकार की वर्णों सम्बन्धी परस्पर में होने वाली अदला-बदली को संस्कृत भाषा में व्यत्यय कहते हैं। इस व्यत्यय का दूसरा नाम स्थिति परिवृत्ति भी है। उदाहरण इस प्रकार है-करेणु =कणेरू ॥ वाराणसी = वाणारसी। इन दोनों उदाहरणों में 'ण' और 'र' का परस्पर में व्यत्यय हुआ है। 'करेणु' संस्कृत शब्द के हाथी अथवा हथिनी यों दोनों लिंग वाचक अर्थ होता है; तदनुसार 'र' और 'ण' वर्णों का परस्पर में व्यत्यय केवल स्त्रीलिंग वाचक अर्थ में ही होता है। पुल्लिंग-वाचक अर्थ प्रगट करने पर इन 'ण' और 'र' वर्णों का परस्पर में व्यत्यय नहीं होगा। जैसे—एष=करेणु=एसो करेणू=यह हाथी ॥

करेणु संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप-(स्त्रीलिंग में) कणेरू होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-११६ से 'र' वर्ण का और 'ण' वर्ण का परस्पर में व्यत्यय और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में उकारान्त स्त्रीलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर कणेरू रूप सिद्ध हो जाता है।

वाराणसी संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप वाणारसी होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-११६ से

'र' वर्ण का और 'ण' वर्ण का परस्पर में व्यत्यय होकर *वाणारसी* रूप सिद्ध हो जाता है।

एषः संस्कृत सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप एसो होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-८५ से मूल संस्कृत एतद् सर्वनाम के स्थान पर एष रूप का आदेश प्राप्ति; और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर 'एसो' रूप सिद्ध हो जाता है। एष =एसो की साधनिका निम्न प्रकार से भी हो सकता है। सूत्र-संख्या १-२६० से 'ष' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति और १-३७ से 'विसर्ग' के स्थान पर 'ओ' की प्राप्ति होकर *एसो* रूप सिद्ध हो जाता है।

करेणु संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप—(पुल्लिंग में)—करेणू होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में उकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर *करेणू* रूप सिद्ध हो जाता है ॥२-११६॥

आलाने लनोः ॥ २-११७ ॥

आलान शब्दे लनोर्व्यत्ययो भवति ॥ आणालो । आणाल-क्खम्भो ॥

अर्थः-संस्कृत शब्द आलान के प्राकृत-रूपान्तर में 'ल' वर्ण का और 'न' वर्ण का परस्पर में व्यत्यय हो जाता है। जैसे -आलान =आणालो ॥ आलान-स्तम्भ = आणाल-क्खम्भो ॥

आलान: संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप आणालो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-११७ से 'ल' वर्ण का और 'न' वर्ण का परस्पर में व्यत्यय और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय का प्राप्ति होकर *आणालो* रूप सिद्ध हो जाता है।

आणाल-क्खम्भो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या २-९७ में की गई है ॥२-११७॥

अचलपुरे च-लोः ॥२-११८॥

अचलपुर शब्दे चकार लकारयो र्व्यत्ययो भवति ॥ अलचपुरं ॥

अर्थः—संस्कृत शब्द अचलपुर के प्राकृत-रूपान्तर में 'च' वर्ण का और 'ल' वर्ण का परस्पर में व्यत्यय हो जाता है। जैसे -अचलपुरम् =अलचपुरं ॥

अचलपुरम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूपान्तर अलचपुर होता है। इसमें सूत्र संख्या २-११८ से 'च' वर्ण का और 'ल' वर्ण का परस्पर में व्यत्यय, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर अलचपुर रूप सिद्ध हो जाता है ॥

महाराष्ट्रे ह-रोः ॥२-११९॥

महाराष्ट्र शब्दे हरोर्व्यत्ययो भवति ॥ मरहट्ठ ॥

अर्थ — संस्कृत शब्द महाराष्ट्र के प्राकृत-रूपान्तर में 'ह' वर्ण का और र वर्ण का परस्पर में व्यत्यय हो जाता है। जैसे-महाराष्ट्रम्=मरहट्ठं ॥

मरहट्ठं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १ ६६ में की गई है ॥२ ११९॥

ह्रदे ह दो ॥२ १२०॥

ह्रद शब्दे हकार दकारयोर्व्यत्ययो भवति ॥ द्रहो ॥ आर्षे । हरए महपुण्डरिए ॥

अर्थ — संस्कृत शब्द ह्रद के प्राकृत रूपान्तर में ह वर्ण का और 'द' वर्ण का परस्पर में व्यत्यय हो जाता है। जैसे-ह्रदः=द्रहो ॥ आर्ष-प्राकृत में ह्रद का रूप हरए भी होता है। जैसे-ह्रदे महापुण्डरीके=हरए महपुण्डरिए ॥

द्रहो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या -८० में की गई है।

हरए आर्ष-प्राकृत रूप है। अतः साधनिका का अभाव है। महापुण्डरीके संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप महपुण्डरिए होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-४ से आ के स्थान पर अ की प्राप्ति १-१०१ से ई के स्थान पर इ की प्राप्ति १-१७७ से 'क्' का लोप और ४-२ ७ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर 'ए प्रत्यय की प्राप्ति तथा १ १ से लोप हुए 'क्' में से शेष रहे हुए 'अ' का आगे 'ए प्रत्यय की प्राप्ति हो जाने से लोप होकर महपुण्डरिए रूप सिद्ध हो जाता है ॥२-१२० ॥

हरिताले र लोर्न वा ॥२-१२१॥

हरिताल शब्दे रकारलकारयो र्व्यत्ययो वा भवति । हलिआरो हरिआलो ॥

अर्थ—संस्कृत शब्द हरिताल के प्राकृत रूपान्तर में 'र वर्ण का और 'ल वर्ण का परस्पर में व्यत्यय वैकल्पिक रूप से होता है। जैसे -हरितालः हलिआरो अथवा हरिआलो ॥

हरितालः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप हलिआरो और हरिआलो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २ १२१ से 'र' और 'ल' का परस्पर में व्यत्यय, १ १७७ से 'त् का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारांत पुल्लिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप हलिआरो सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(हरितालः=) हरिआलो में सूत्र-संख्या १-१७७ से 'त् का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप हरिआलो भी सिद्ध हो जाता है ॥२-१२१॥

लघुके ल-होः ॥ २-१२२ ॥

लघुक शब्दे घस्य हत्वे कृते लहोर्व्यत्ययो वा भवति ॥ हलुअं । लहुअ ॥ घस्य व्यत्यये कृते पदादित्वात् हो न प्राप्नोतीति हकरणम् ॥

अर्थ—संस्कृत शब्द 'लघुक' में स्थित 'घ' व्यञ्जन के स्थान पर सूत्र-संख्या १-१८७ से 'ह' आदेश की प्राप्ति करने पर इस शब्द के प्राकृत रूपान्तर मे प्राप्त ह' वर्ण का और 'ल' वर्ण का परस्पर में वैकल्पिक रूप से व्यत्यय होता है। जैसे:—लघुकम्=हलुअ अथवा लहुअ ॥ सूत्र-संख्या १-१८७ में ऐसा विधान है कि ख, घ, थ, ध और भ वर्ण शब्द के आदि मे स्थित न हों तो इन वर्णो के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति होती है। तदनुसार 'लघुक' में स्थित 'घ' के स्थान पर प्राप्त होने वाला 'ह' शब्द के आदि स्थान पर आगया है, एव इस विधान के अनुसार 'घ' के स्थान पर इस आदि 'ह' की प्राप्ति नहीं होनो चाहिये थी। परन्तु यहा 'ह' की प्राप्ति व्यत्यय नियम से हुई है, अत सूत्र-संख्या १-१८७ से अबाधित होता हुआ और इस अधिकृत विधान से व्यत्यय को स्थिति को प्राप्त करता हुआ 'ह' आदि में स्थित रहे तो भी नियम विरूद्ध नहीं है।

लघुकम् सस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप हलुअ और लहुअ होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-१८७ से 'घ' के स्थान पर 'ह' आदेश की प्राप्ति, २-१२२ से प्राप्त 'ह' वण का और 'ल' वर्ण का परस्पर में वैकल्पिक रूप से व्यत्यय, १-१७७ से 'क्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से हलुअं और लहुअं दोनो रूपों को सिद्धि हो जाती है ॥२-१२२॥

ललाटे ल-डोः ॥२-१२३॥

ललाट शब्दे लकार डकारयो र्व्यत्ययो भवति वा ॥ णडालं । णलाडं । ललाटे च [१-२५७] इति आदे र्लस्य णविधानादिह द्वितीयो लः स्थानी ॥

अर्थ—सस्कृत शब्द 'ललाट' के प्राकृत रूपान्तर में सूत्र-सख्या १-१९५ से 'ट' के स्थान पर प्राप्त 'ड' वर्ण का और द्वितीय 'ल' वर्ण का परस्पर में वैकल्पिक रूप से व्यत्यय होता है। जैसे—ललाटम् 'णडाल' अथवा णलाड ॥ मूल सस्कृत शब्द ललाट में दो लकार है, इनमे से प्रथम 'ल' कार के स्थान पर सूत्र-सख्या १-२५७ से 'ण' की प्राप्ति हो जाती है। अत सत्र-संख्या २-१२३ मे जिन 'ल' वर्ण की और 'ड' वर्ण की परस्पर में व्यत्यय स्थिति में बतलाई है, उनमें 'ल' कार द्वितीय के सम्बध में विधान है-ऐसा समझना चाहिये ॥

ललाटम् सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप णडाल और णलाड होते हैं। इनमें से प्रथम रूप णडाल की सिद्धि सत्र-सख्या १-४७ में की गई है। द्वितीय रुप-(ललाटम्=) णलाड में सत्र-सख्या १-२५७

से प्रथम 'ल' के स्थान पर ण की प्राप्ति १ ११५ से 'ट' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति ३ २५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुसकलिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १ २३ से प्राप्त 'म्' को अनुस्वार होकर द्वितीय रूप *णलाडं* भी सिद्ध हो जाता है ॥२ १२३॥

ह्ये ह्यो ॥२-१२४॥

ह्यशब्दे हकारयकारयोर्व्यत्ययो वा भवति ॥ गुह्यम् । गुय्हं गुज्झं ॥ सह्यः । सय्हो सज्झो

अर्थ —जिन संस्कृत शब्दों में 'ह्य' व्यञ्जन रहे हुए हों तो ऐसे संस्कृत शब्दों के प्राकृत रूपान्तर में 'ह' वर्ण का और 'य' वर्ण का परस्पर में वैकल्पिक रूप से व्यत्यय हो जाता है । जैसे—गुह्यम् = गुय्हं अथवा गुज्झं और सह्यः = सय्हो अथवा सज्झो ॥ इत्यादि अन्य शब्दों के संबंध में भी यही स्थिति जानना ॥

गुह्यम् संस्कृत विशेषण रूप है । इसके प्राकृत रूप गुय्हं और गुज्झं होते हैं । इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २ ११४ से 'ह' वर्ण की और 'य' वर्ण की परस्पर में वैकल्पिक रूप से व्यत्यय की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १ २३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *गुय्हं* सिद्ध हो जाता है ।

द्वितीय रूप *गुज्झं* की सिद्धि सूत्र-संख्या २ २६ में की गई है ।

सह्यः संस्कृत रूप है । इसके प्राकृत रूप सय्हो और सज्झो होते हैं । इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या २ १२४ से 'ह' वर्ण का और 'य' वर्ण की परस्पर में वैकल्पिक रूप से व्यत्यय की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *सय्हो* सिद्ध हो जाता है ।

द्वितीय रूप *सज्झो* की सिद्धि सूत्र-संख्या २६ में की गई है ॥२-१२४॥

स्तोकस्य थोक्क थोव-थेवा ॥२ १२५॥

स्तोक शब्दस्य एते त्रय आदेशा भवन्ति वा ॥ थोक्कं थोवं थेवं । पक्षे । थोअं ॥

अर्थ —संस्कृत शब्द स्तोक के प्राकृत रूपान्तर में वैकल्पिक रूप से तीन आदेश इस प्रकार से होते हैं । स्तोकम् = थोक्कं थोवं और थेवं ॥ वैकल्पिक-स्थिति होने से प्राकृत-व्याकरण के सूत्रों के विधानानुसार स्तोकम् का प्राकृत रूप थोअं भी होता है ।

स्तोकम् संस्कृत विशेषण रूप है । इसके प्राकृत रूप चार होते हैं । जो कि इस प्रकार हैं—थोक्कं थोवं थेवं और थोअं । इनमें से प्रथम तीन रूपों की प्राप्ति सूत्र-संख्या २ १२५ के विधानानुसार आदेश

रूप से होती है, आदेश-प्राप्त-रूप मे साधनिका का अभाव होता है। ये तीनो रूप प्रथमान्त हैं, अत इनमें सूत्र-सख्या ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर ये प्रथम तीनो रूप थक्क, थोव और थेव सिद्ध हो जाते हैं।

चतुर्थ रूप थोअ की सिद्धि सूत्र-सख्या २-४५ मे की गई है।

दुहितृ-भगिन्योर्धूआ-बहिण्यौ ॥२-१२६॥

अनयोरेतावादेशौ वा भवतः ॥ धूआ दुहिआ । बहिणी भइणी ॥

अर्थः-संस्कृत शब्द दुहितृ-(प्रथमान्त रूप दुहिता) के स्थान पर वैकल्पिक रूप से प्राकृत-भाषा में आदेश रूप से धूआ' की प्राप्ति होती है। इसी प्रकार से सस्कृत शब्द भगिनी के स्थान पर भी वैकल्पिक रूप से प्राकृत-भाषा में आदेश-रूप से 'बहिणी' की प्राप्ति होती है। जैसे —दुहिता=धूआ अथवा दुहिआ और भगिनी=बहिणी अथवा भइणी ॥

दुहिता सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप धूआ और दुहिआ होते हैं। प्रथम रूप में सूत्र-सख्या २-१२६ से सपूर्ण सस्कृत शब्द दुहिता के स्थान पर वैकलिपक रूप से 'धूआ' रूप आदेश की प्राप्ति, अत साधनिका का अभाव होकर प्रथम रूप धूआ सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(दुहिता =) दुहिआ में सूत्र-सख्या १-१७७ से 'त्' का लोप होकर द्वितीय रूप दुहिआ की सिद्धि हो जाती है।

भगिनी सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप बहिणी और भइणी होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-सख्या २-१२६ से सपूर्ण सस्कृत शब्द भगिनी के स्थान पर वैकल्पिक रूप से बहिणी' रूप आदेश की प्राप्ति, अत साधनिका का अभाव होकर प्रथम रूप बहिणी सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(भगिनी =) भइणी में सूत्र-सख्या १-१७७ से 'ग्' का लोप और १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप भइणी भी सिद्ध हो जाता है ॥२-१२६॥

वृक्ष-क्षिप्तयो रुक्ख-छूढौ २-१२७॥

वृक्ष-क्षिप्तयोर्यथासंख्यं रुक्ख-छूढ इत्यादेशौ वा भवतः। रुक्खो वच्छो। छूढं खित्तं। उच्छूढं। उक्खित्तं ॥

अर्थ-सस्कृत शब्द वृक्ष के स्थान पर वैकल्पिक रूप से प्राकृत-भाषा मे आदेश रूप से 'रुक्ख' की प्राप्ति होती है। जैसे.—वृक्ष.=रुक्खो अथवा वच्छो ॥ इसी प्रकार से संस्कृत शब्द क्षिप्त के स्थान

पर भी वैकल्पिक रूप से प्राकृत-भाषा में आदेश-रूप से 'छूढ' की प्राप्ति होती है। जैसे –क्षिप्तम्= 'छूढं' अथवा खित्तं ॥

दूसरा उदाहरण इस प्रकार है —उत्क्षिप्तम्=उच्छूढं अथवा उक्खित्तं ॥

वृक्ष संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप रुक्खो और वच्छो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या २-१२७ से वृक्ष के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'रुक्ख' आदेश की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप रुक्खो सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप वच्छो की सिद्धि सूत्र-संख्या २-१७ में की गई है।

क्षिप्तम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप छूढं और खित्तं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप छूढं की सिद्धि सूत्र-संख्या २-९९ में की गई है।

द्वितीय रूप-(क्षिप्तम्=) खित्तं में सूत्र-संख्या २-३ से 'क्ष' के स्थान पर ख का प्राप्ति, २-७७ से 'प्' का लोप २-८९ से शेष रहे हुए 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर द्वितीय रूप खित्तं भी सिद्ध हो जाता है।

उत्क्षिप्तम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप उच्छूढं और उक्खित्तं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-१२७ से संस्कृत शब्दांश 'क्षिप्त' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से आदेश रूप से 'छूढ' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'छूढ' में स्थित 'छ' वर्ण को द्वित्व 'छ्छ' का प्राप्ति २-९० से प्राप्त पूर्व 'छ्' के स्थान पर 'च्' की प्राप्ति २-७७ से हलन्त व्यञ्जन 'त्' का लोप ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप उच्छूढं सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(उत्क्षिप्तम्=) उक्खित्तं में सूत्र-संख्या २-७७ से प्रथम हलन्त 'त्' और हलन्त 'प्' का लोप, २-३ से 'क्ष' के स्थान पर 'ख' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'ख' को द्वित्व 'ख्ख' की प्राप्ति २-९० से प्राप्त पूर्व 'ख' को 'क्' की प्राप्ति पुनः २-८९ से लोप हुए 'प' में से शेष रहे हुए 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप उक्खित्तं भी सिद्ध हो जाता है ॥२-१२७॥

वनिताया विलया ॥२-१२८॥

वनिता शब्दस्य विलया इत्यादेशो वा भवति ॥ विलया वणिआ ॥ विलयेति संस्कृतेऽपीति केचित् ॥

अर्थः—संस्कृत शब्द 'वनिता' के स्थान पर प्राकृत रूपान्तर में वैकल्पिक रूप से 'विलया' ऐसा आदेश होता है। जैसे.—वनिता=(वैकल्पिक-आदेश)-विलया और (व्याकरण-सम्मत)-वणिआ ॥ कोई कोई वैयाकरण-आचार्य ऐसा भी कहते हैं कि संस्कृत-भाषा मे 'वनिता' अर्थ वाचक 'विलया' शब्द उपलब्ध है और उसी 'विलया' शब्द का ही प्राकृत-रूपान्तर विलया होता है। ऐसी मान्यता किन्हीं किन्हीं आचाय की जानना ॥

वनिता सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप विलया और वणिआ होते हैं। इनमें से प्रथम रूप सूत्र-संख्या २-१२८ से आदेश रूप से *विलया* होता है।

द्वितीय रूप-(वनिता=) वणिआ में सूत्र-सख्या १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति और १-१७७ से 'त्' का लोप होकर *वणिआ* रूप सिद्ध हो जाता है।

विलया सस्कृत रूप (किसी २ आचार्य के मत से-) है, इसका प्राकृत रूप भी *विलया* ही होता है।

गौणस्येषतकूरः ॥२-१२९॥

ईषच्छब्दस्य गौणस्य कूर इत्यादेशो वा भवति ॥ चिंचव्व कूर-पिक्का । पक्षे ईसि ॥

अर्थ—वाक्यांश में गौण रूप से रहे हुए सस्कृत अव्यय रूप 'ईषत्' शब्द के स्थान पर प्राकृत-रूपान्तर में 'कूर' आदेश की प्राप्ति वैकल्पिक रूप से होती है। जैसे—चिंचा इव ईषत्-पक्वा=चिचव्व कूर-पिक्का अर्थात् चिचा—(वस्तु-विशेष) के समान थोड़ीसी पकी हुई ॥ इस उदाहरण में 'ईषत्' के स्थान पर 'कूर' आदेश की प्राप्ति हुई है। पक्षान्तर में 'ईषत्' का प्राकृत रूप ईसि होता है। 'ईषत्-पक्वा में दो शब्द है; प्रथम शब्द गौण रूप से रहा हुआ है और दूसरा शब्द मुख्य रूप से स्थित है। इस सूत्र में यह उल्लेख कर दिया गया है कि 'कूर' रूप आदेश की प्राप्ति 'ईषत्' शब्द के गौण रहने की स्थिति में होने पर ही होती है। यदि 'ईषत्' शब्द गौण नहीं होकर मुख्य रूप से स्थित होगा तो इसका-रूपान्तर 'ईसि' होगा, न कि 'कूर' आदेश, यह पारस्परिक-विशेषता ध्यान में रहनी चाहिये।

चिचा देशज भाषा का शब्द है। इसका प्राकृत-रूपान्तर चिच होता है। इसमें सूत्र-संख्या १ ८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति होकर *चिंच* रूप सिद्ध हो जाता है।

'व्व' अव्यय की सिद्धि सूत्र-सख्या १-६ में की गई है।

ईषत्-पक्वा संस्कृत वाक्यांश है। इसका प्राकृत रूप कूर-पिक्का होता है। इसमें सूत्र-सख्या २-१२९ से 'ईषत्' अव्यय के स्थान पर गौण रूप से रहने के कारण से 'कूर' रूप आदेश की प्राप्ति, १ ४७ से 'प' में स्थित 'अ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति, २-७९ से 'व्' का लोप और २-८९ से शेष द्वितीय 'क' को द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति होकर *कूर-पिक्का* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर द्वितीय रूप *पुव्वं* सिद्ध हो जाता है। ॥२-१३५॥

त्रस्तस्य हित्थ तट्ठौ ॥२-१३६॥

त्रस्त शब्दस्य हित्थतट्ठ इत्यादेशौ वा भवतः ॥ हित्थं । तट्ठं । तत्थं ॥

अर्थ—संस्कृत शब्द 'त्रस्त' के स्थान पर प्राकृत-रूपान्तर में वैकल्पिक रूप से 'हित्थ' और 'तट्ठ' ऐसे दो रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—त्रस्तम्=(आदेश-प्राप्त रूप)—हित्थं और तट्ठं तथा पक्षान्तर में-(व्याकरण-सूत्र-सम्मत रूप)—तत्थं ॥

त्रस्तम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत-रूप हित्थं, तट्ठं और तत्थं होते हैं। इनमें प्रथम दो रूप *हित्थं* और *तट्ठं* सूत्र-संख्या २-१३६ से आदेश-प्राप्त रूप हैं।

तृतीय रूप—(त्रस्तम्=) तत्थं में सूत्र-संख्या २-७९ से 'त्र' में रहे हुए 'र्' का लोप, २-४५ से 'स्त' के स्थान पर 'थ' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'थ' का द्वित्व 'थ्थ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'थ्' के स्थान पर 'त्' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर तृतीय रूप *तत्थं* भी सिद्ध हो जाता है। ॥२-१३६॥

बृहस्पतौ बहोभयः ॥२-१३७॥

बृहस्पति शब्दे बह इत्यस्यावयवस्य भय इत्यादेशो वा भवति ॥ भयस्सई भयप्फई भयप्पई ॥ पक्षे। बहस्सई। बहप्फई बहप्पई ॥ वा बृहस्पतौ (१-१३८) इति इकारे उकारे च बिहस्सई। बिहप्फई। बिहप्पई। बुहस्सई। बुहप्फई। बुहप्पई।

अर्थ—संस्कृत शब्द 'बृहस्पति' में स्थित 'बह' शब्दावयव के स्थान पर प्राकृत-रूपान्तर में वैकल्पिक रूप से 'भय' ऐसे आदेश-रूप की प्राप्ति होती है। जैसे—बृहस्पतिः=भयस्सई, भयप्फई और भयप्पई ॥ पक्षान्तर में ये तीन रूप होते हैं—बहस्सई, बहप्फई और बहप्पई ॥ सूत्र-संख्या १-१३८ से 'बृहस्पति' शब्द में रहे हुए 'ऋ' स्वर के स्थान पर वैकल्पिक रूप से कभी 'इ' स्वर की प्राप्ति होती है तो कभी 'उ' स्वर की प्राप्ति होती है; तदनुसार बृहस्पति शब्द के छह प्राकृत रूप और हो जाते हैं; जो कि क्रम से इस प्रकार हैं—बिहस्सई, बिहप्फई, बिहप्पई, बुहस्सई, बुहप्फई और बुहप्पई ॥

भयस्सई और भयप्फई रूपों की सिद्धि सूत्र-संख्या २-६९ में की गई है। ये दोनों रूप मूल रूपों में से क्रमशः प्रथम और द्वितीय रूप हैं।

बृहस्पतिः संस्कृत रूप है। इसका—(मूल रूपों में से तृतीय) प्राकृत रूप भयप्पई होता है।

इसमें सूत्र-सख्या १-१२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति; २ १३७ से प्राप्त 'बह' शब्दावयव के स्थान पर आदेश रूप से 'भय' की प्राप्ति; २-७७ से हलन्त व्यञ्जन 'स्' का लोप; २-८९ से शेष रहे हुए 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति; १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *भयप्पई* रूप सिद्ध हो जाता है।

बृहस्पतिः सस्कृत रूप है, इसका प्राकृत रूप-(बारह रूपों में से छठा) बहप्पई होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-१०६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति और शेष साधनिका 'भयप्पई' के समान हो होकर *बहप्पई* रूप सिद्ध हो जाता है।

बहस्सई और बहप्फई रूपों की सिद्धि सूत्र-संख्या २-६९ में की गई है। ये दोनों रूप बारह रूपों में से क्रमशः चौथा और पाँचवा रूप है।

बृहस्पति' सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप-(बारह रूपो मे से सातवां) बिहस्सई होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-१३८ से 'ऋ' के स्थान पर वैकल्पिक रुप से 'इ' की प्राप्ति, २-६९ से संयुक्त व्यञ्जन 'स्प' के स्थान पर वैकल्पिक रुप से 'स' की प्राप्ति, २ ८९ से प्राप्त 'स' को द्वित्व 'स्स' की प्राप्ति, और शेष साधनिका उपरोक्त 'भयप्पई' रूप के समान होकर *बिहस्सई* रूप सिद्ध हो जाता है।

बिहप्फई आठवे रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या १-१३८ में की गई हैं।

बृहस्पतिः सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप (बारह रूपो में से नववाँ) बिहप्पई होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-१३८ से ऋ' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'इ' की प्राप्ति और शेष साधनिका उपरोक्त 'भयप्पई' रूप के समान होकर *बिहप्पई* रूप सिद्ध हो जाता है।

बृहस्पतिः सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप (बारह रूपों में से दसवाँ)-बुहस्सई होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-१३८ से 'ऋ' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'उ' की प्राप्ति और शेष साधनिका उपरोक्त बिहस्सई रूप के समान ही होकर *बुहस्सई* रूप सिद्ध हो जाता है।

बुहप्फई ग्यारहवें रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या १-१३८ में की गई है।

बुहप्पई बारहवें रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या २-५३ में की गई है ॥२-१३७॥

मलिनोभय-शुक्ति-छुप्तारब्ध-पदातेर्मइलावह-सिप्पि-छिक्काढत्त-पाइक्कं॥२-१३८॥

मलिनादीनां यथासंख्यं मइलादय आदेशा वा भवन्ति ॥ मलिनम्। मइलं मलिणं ॥ उभयं। अवहं। उवहमित्यपि केचित्। अवहोआस । उभयबलं ॥ आर्षे। अभयोकालं ॥ शुक्तिः। सिप्पी सुत्ती ॥ छुप्तः। छिक्को छुत्तो ॥ आरब्धः। आढत्तो आरद्धो ॥ पदातिः। पाइक्को पयाई ॥

स्त्रिया इत्थी ॥२-१३०॥

स्त्री शब्दस्य इत्थी इत्यादेशो वा भवति ॥ इत्थी थी ॥

अर्थ—संस्कृत शब्द 'स्त्री' के स्थान पर प्राकृत-रूपान्तर में वैकल्पिक रूप से 'इत्थी' रूप आदेश की प्राप्ति होती है। जैसे- स्त्री=इत्थी अथवा थी ॥

स्त्री संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप इत्थी और थी होते हैं। इनमें से प्रथम रूप की प्राप्ति सूत्र-संख्या २-१३० से 'स्त्री' शब्द के स्थान पर आदेश रूप से होकर प्रथम रूप *इत्थी* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(स्त्री=) 'थी' में सूत्र-संख्या २-४५ से 'स्त' के स्थान पर 'थ' की प्राप्ति और २-७९ से 'र्' में स्थित 'र' का लोप होकर द्वितीय रूप *थी* सिद्ध हो जाता है ॥ १३०॥

धृतेर्दिहि ॥२-१३१॥

धृति शब्दस्य दिहिरित्यादेशो वा भवति ॥ दिही धिई ॥

अर्थ—संस्कृत शब्द 'धृति' के स्थान पर प्राकृत-रूपान्तर में वैकल्पिक रूप से 'दिहि' रूप आदेश होता है। जैसे-धृति=दिही अथवा धिई ॥

दिही रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२०९ में की गई है।

धिई रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१२८ में की गई है ॥२-१३१॥

मार्जारस्य मञ्जर-वञ्जरौ ॥२-१३२॥

मार्जार शब्दस्य मञ्जर वञ्जर इत्यादेशौ वा भवतः ॥ मञ्जरो वञ्जरो। पक्षे मज्जारो ॥

अर्थ—संस्कृत शब्द 'मार्जार' के स्थान पर प्राकृत-रूपान्तर में वैकल्पिक रूप से दो आदेश 'मञ्जरो' और 'वञ्जरो' होते हैं। जैसे-मार्जारः=मञ्जरो अथवा वञ्जरो ॥ पक्षान्तर में *व्याकरण-सूत्र* सम्मत तीसरा रूप 'मज्जारो' होता है।

मार्जारः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप *मञ्जरो, वञ्जरो* और *मज्जारो* होते हैं। इनमें से प्रथम दो रूप सूत्र-संख्या २-१३२ से आदेश रूप से और होते हैं। तृतीय रूप-मज्जारो की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२६ में की गई है ॥२-१३२॥

वैडूर्यस्य वेरुलिअं ॥२-१३३॥

वैडूर्य शब्दस्य वेरुलिअ इत्यादेशो वा भवति ॥ वेरुलिअं ॥ वेडुज्जं ॥

अर्थ—संस्कृत शब्द 'वैडूर्य' के स्थान पर प्राकृत-रूपान्तर में वैकल्पिक रूप से 'वेरुलिअ' आदेश

होता है। जैसे:-वैडूर्यम् = (आदेश रूप) वेरुलिअं और पक्षान्तर में—(व्याकरण-सूत्र-सम्मत रूप)—वेडुज्जं ॥

वैडूर्यम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप वेरुलिअं और वेडुज्जं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप सूत्र-संख्या २-१३३ से आदेश प्राप्त रूप है।

द्वितीय रूप-(वैडूर्यम्=) वेडुज्जं में सूत्र-संख्या-१-१४८ से दीर्घ 'ऐ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'ए' की प्राप्ति तथा १-८४ से दीर्घ 'ऊ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' की प्राप्ति, २-२४ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के स्थान पर 'ज' रूप आदेश की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर द्वितीय रूप वेडुज्जं सिद्ध हो जाता है ॥२-१३३॥

एण्हि एत्ताहे इदानीमः ॥२-१३४॥

अस्य एतावादेशौ वा भवतः ॥ एण्हि एत्ताहे । इआणि ॥

अर्थः—संस्कृत अव्यय 'इदानीम्' के स्थान पर प्राकृत रूपान्तर में वैकल्पिक रूप से 'एण्हि' और 'एत्ताहे' ऐसे दो रूपो की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे-इदानीम्=(आदेश-प्राप्त रूप)-एण्हि और एत्ताहे तथा पक्षान्तर में-(व्याकरण-सूत्र-सम्मत-रूप) इआणिं ॥

एण्हि रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-७ में की गई है।

इदानीम् संस्कृत अव्यय रूप है। इसका आदेश प्राप्त रूप एत्ताहे सूत्र-संख्या २-१३४ से होता है।

इआणिं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२९ में की गई है ॥२-१३४॥

पूर्वस्य पुरिमः ॥२-१३५॥

पूर्वस्य स्थाने पुरिम इत्यादेशो वा भवति । पुरिमं पुव्वं ॥

अर्थः—संस्कृत शब्द 'पूर्व' के स्थान पर प्राकृत-रूपान्तर में वैकल्पिक रूप से 'पुरिम' ऐसे रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—पूर्वम्=(आदेश प्राप्त रूप)—पुरिमं और पक्षान्तर में—(व्याकरण-सूत्र-सम्मत-रूप)-पुव्व ॥

पूर्वम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप पुरिम और पुव्व होते हैं। इनमें से प्रथम रूप पुरिमं सूत्र-संख्या २-१३५ से आदेश प्राप्त रूप है।

द्वितीय-रूप-(पूर्वम्) = पुव्व में सूत्र संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'ऊ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' की प्राप्ति, २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से 'र्' के लोप होने के बाद 'शेष' 'व' को द्वित्व 'व्व' की

प्राप्ति' ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर द्वितीय रूप पुण्णं सिद्ध हो जाता है। ॥२-१३५॥

त्रस्तस्य हित्थ तट्ठौ ॥२-१३६॥

त्रस्त शब्दस्य हित्थतट्ठ इत्यादेशौ वा भवतः ॥ हित्थं । तट्ठं तत्थं ॥

अर्थ—संस्कृत शब्द त्रस्त के स्थान पर प्राकृत-रूपान्तर में वैकल्पिक रूप से 'हित्थ' और 'तट्ठ' ऐसे दो रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे–त्रस्तम् =(आदेश-प्राप्त रूप)–हित्थं और तट्ठं तथा पक्षान्तर में-(व्याकरण-सूत्र-सम्मत रूप)–तत्थं ॥

त्रस्तम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत-रूप हित्थं तट्ठं और तत्थं होते हैं। इनमें प्रथम दो रूप *हित्थं* और *तट्ठं* सूत्र-संख्या २-१३६ से आदेश-प्राप्त रूप हैं।

तृतीय रूप—(त्रस्तम्=) तत्थं में सूत्र-संख्या २-७९ से 'त्र' में रहे हुए 'र्' का लोप, २-४५ से 'स्त' के स्थान पर 'थ' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त थ का द्वित्व 'थ्थ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'थ्' के स्थान पर 'त्' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर म् प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर तृतीय रूप *तत्थं* भी सिद्ध हो जाता है। ॥२-१३६॥

बृहस्पतौ बहोभयः ॥२-१३७॥

बृहस्पति शब्दे बह इत्यस्यावयवस्य भय इत्यादेशो वा भवति ॥ भयस्सई भयप्फई ॥ पक्षे। बहस्सई। बहप्फई बहप्पई ॥ वा बृहस्पतौ (१-१३८) इति इकारे उकारे च बिहस्सई। बिहप्फई। बिहप्पई। बुहस्सई। बुहप्फई। बुहप्पई।

अर्थ—संस्कृत शब्द 'बृहस्पति' में स्थित 'बह' शब्दावयव के स्थान पर प्राकृत-रूपान्तर में वैकल्पिक रूप से 'भय' *ऐसे आदेश-रूप की प्राप्ति होती है। जैसे*—बृहस्पतिः=भयस्सई भयप्फई और भयप्पई ॥ पक्षान्तर में ये तीन रूप होते हैं—बहस्सई, बहप्फई और बहप्पई ॥ सूत्र-संख्या १-१३८ से 'बृहस्पति' शब्द में रहे हुए 'ऋ' स्वर के स्थान पर वैकल्पिक रूप से कभी 'इ' स्वर की प्राप्ति होती है तो कभी 'उ' स्वर की प्राप्ति होती है; तदनुसार बृहस्पति शब्द के छह प्राकृत रूप और हो जाते हैं जो कि क्रम से इस प्रकार हैं—बिहस्सई, बिहप्फई, बिहप्पई बुहस्सई बुहप्फई और बुहप्पई ॥

भयस्सई और भयप्फई रूपों की सिद्धि सूत्र-संख्या २-६९ में की गई है। ये दोनों रूप बारह रूपों में से क्रमशः प्रथम और द्वितीय रूप हैं।

बृहस्पतिः संस्कृत रूप है। इसका-(बारह रूपों में से तीसरा) प्राकृत-रूप भयप्पई होता है।

इसमें सूत्र-सख्या १-१२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति; २ १३७ से प्राप्त 'बह' शब्दावयव के स्थान पर आदेश रूप से 'भय' की प्राप्ति, २-७७ से हलन्त व्यञ्जन 'स्' का लोप; २-८९ से शेष रहे हुए 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति; १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में इकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *भयप्पई* रूप सिद्ध हो जाता है।

बृहस्पतिः संस्कृत रूप है, इसका प्राकृत रूप-(बारह रूपों में से छठा) बहप्पई होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-१०६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति और शेष साधनिका 'भयप्पई' के समान हो होकर *बहप्पई* रूप सिद्ध हो जाता है।

बहस्सई और बहप्फई रूपों की सिद्धि सूत्र-संख्या २-६९ में की गई है। ये दोनों रूप बारह रूपो में से क्रमशः चौथा और पाँचवा रूप है।

बृहस्पतिः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप-(बारह रूपों मे से सातवां) बिहस्सई होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-१३८ से 'ऋ' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'इ' की प्राप्ति, २-६९ से संयुक्त व्यञ्जन 'स्प' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'स' की प्राप्ति, २ ८९ से प्राप्त 'स' को द्वित्व 'स्स' की प्राप्ति, और शेष साधनिका उपरोक्त 'भयप्पई' रूप के समान होकर *बिहस्सई* रूप सिद्ध हो जाता है।

बिहप्फई आठवें रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या १-१३८ में की गई हैं।

बृहस्पतिः सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप (बारह रूपों में से नववाँ) बिहप्पई होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-१३८ से ऋ' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'इ' की प्राप्ति और शेष साधनिका उपरोक्त 'भयप्पई' रूप के समान होकर *बिहप्पई* रूप सिद्ध हो जाता है।

बृहस्पतिः सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप (बारह रूपो में से दसवाँ)-बुहस्सई होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-१३८ से 'ऋ' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'उ' की प्राप्ति और शेष साधनिका उपरोक्त बिहस्सई रूप के समान ही होकर *बुहस्सई* रूप सिद्ध हो जाता है।

बुहप्फई ग्यारहवें रूप की सिद्धि सूत्र सख्या १-१३८ में की गई है।

बुहप्पई बारहवें रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या २-५३ मे की गई है ॥२-१३७॥

मलिनोभय-शुक्ति-छुप्तारब्ध-पदातेर्मइलावह-सिप्पि-छिक्काढत्त-पाइक्कं ॥२-१३८॥

मलिनादीनां यथासंख्यं मइलादय आदेशा वा भवन्ति ॥ मलिनम्। मइलं मलिणं ॥ उभयं। अवहं। उवहमित्यपि केचित्। अवहोआस। उभयबलं ॥ आर्षे। उभयोकालं ॥ शुक्तिः। सिप्पी सुत्ती ॥ छुप्तः। छिक्को छुत्तो ॥ आरब्धः। आढत्तो आरद्धो ॥ पदातिः। पाइक्को पयाई ॥

अर्थः—संस्कृत शब्द "मलिन, उभय शुक्ति, छुप्त आरब्ध और पदाति" के स्थान पर प्राकृत रूपान्तर में वैकल्पिक रूप से क्रम से इस प्रकार आदेश रूप होते हैं, 'मइल, अवह, सिप्पि, छिक्क आढत्त और पाइक्क ॥ आदेश प्राप्त रूप और व्याकरण-सूत्र-सम्मत रूप क्रम से इस प्रकार है—मलिनम् = मइलं अथवा मलिणं ॥ उभयं = अवहं अथवा उभयं ॥ कोई कोई वैयाकरणाचार्य "उभयं" का प्राकृत रूप "उवहं" भी मानते हैं। जैसे—उभयावकाशम् = अवहोआसं पक्षान्तर में "उभय" का उदाहरण "उभयबलं" भी होता है। आर्ष—प्राकृत में भी 'उभय' का उदाहरण 'उभयोकालं' जानना। शुक्तिः = सिप्पी अथवा सुत्ती ॥ छुप्तः = छिक्को अथवा छुत्तो ॥ आरब्धः = आढत्तो अथवा आरद्धो ॥ और पदातिः = पाइक्को अथवा पयाई।

मलिनम्—संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप मइलं और मलिणं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-१३८ से 'मलिन' के स्थान पर मइल का आदेश; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *मइलं* रूप सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(मलिनम्=) मलिणं में सूत्र-संख्या १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूप 'मइलं' के समान ही होकर द्वितीय रूप *मलिणं* भी सिद्ध हो जाता है।

उभयम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप उभयं अवहं और उवहं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *उभयं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(उभयम्=) अवहं में सूत्र संख्या २-१३८ से 'उभय' के स्थान पर 'अवह' का आदेश और शेष साधनिका प्रथम रूप वत् होकर द्वितीय रूप *अवहं* भी सिद्ध हो जाता है।

तृतीय रूप-(उभयम्=) उवहं में सूत्र संख्या २-१३८ की वृत्ति से 'उभय' के स्थान पर 'उवह' रूप की आदेश-प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर तृतीय रूप *उवहं* भी सिद्ध हो जाता है। उभयावकाशं संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप अवहोआसं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-१३८ से 'उभय' के स्थान पर 'अवह' रूप की आदेश प्राप्ति; १-१७२ से 'अव' उपसर्ग के स्थान पर 'ओ' स्वर की प्राप्ति; १-१० से आदेश प्राप्त रूप 'अवह' में स्थित 'ह' के 'अ' का आगे 'ओ' स्वर की प्राप्ति होने से लोप; १-५ से हलन्त शब्द 'ह' में पारस्परिक 'ओ' की संधि; १-१७७ से 'क्' का लोप; १-२६० से 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *अवहोआसं* रूप सिद्ध हो जाता है।

उभय-बलम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप उभयबलं होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *उभय बलं* रूप सिद्ध हो जाता है।

उभय कालम् संस्कृत रूप है। इसका आर्ष-प्राकृत रूप उभयोकाल होता है। इसमे सूत्र-संख्या २-१३८ की वृत्ति से उभय-काल के स्थान पर 'उभयो काल' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय का प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *उभयो कालं* रूप सिद्ध हो जाता है।

शुक्तिः संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप सिप्पी और सुत्ती हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-१३८ से शुक्ति' के स्थान पर 'सिप्पि' रूप की आदेश-प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में ह्रस्व इकारान्त स्त्रीलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *सिप्पी* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(शुक्ति =)-सुत्ती मे सूत्र सख्या १-२६० से 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति, २-७७ से 'क्ति' में रहे हुए हलन्त व्यञ्जन 'क्' का लोप, २-८९ से शेष रहे हुए 'त्' को द्वित्व 'त्' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में ह्रस्व इकारान्त स्त्रीलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *सुत्ती* सिद्ध हो जाता है।

छुप्तः सस्कृत विशेषण रूप हैं। इसके प्राकृत रूप छिक्को और छुत्तो होते है। इनमे से प्रथम रूप में सूत्र सख्या २-१३८ से 'छुप्त' के स्थान पर 'छिक्क' का आदेश और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *छिक्को* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(छुप्त=) छुत्तो में सूत्र-सख्या २-७७ से हलन्त व्यञ्जन प्' का लोप, २-८९ से शेष रहे हुए 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारात पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *छुत्तो* सिद्ध हो जाता है।

आरब्ध संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप आढत्तो और आरद्धो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र सख्या २-१३८ से 'आरब्ध' के स्थान पर 'आढत्त' रूप को आदेश-प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *आढत्तो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(आरब्ध =) आरद्धो मे सूत्र सख्या २-७९ से हलन्त व्यञ्जन 'ब्' का लोप, २-८९ से शेष 'ध' को द्वित्व ध्ध' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ध्' के स्थान पर 'द्' की प्राप्ति, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *आरद्धो* सिद्ध हो जाता है।

पदाति संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप पाइक्को और पयाइ होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या २ १३८ से 'पदाति' के स्थान पर 'पाइक्क' रूप की आदेश-प्राप्ति और ३ २ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *पाइक्को* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(पदातिः=) पयाइ में सूत्र संख्या १ १७७ से 'द्' और त् दोनों व्यञ्जनों का लोप १ १८० से लोप हुए 'द्' में से शेष रहे हुए 'आ' का 'या' की प्राप्ति, और ३ १९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में हस्व इकारान्त-पुल्लिंग में सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' का दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *पयाई* सिद्ध हो जाता है। २-१३८॥

दंष्ट्राया दाढा ॥ २ १३६ ॥

पृथग्योगाद्वेति निवृत्तम्। दंष्ट्रा शब्दस्य दाढा इत्यादेशो भवति॥ दाढा। अयं संस्कृते पि॥

अर्थ—उपरोक्त सूत्रों में आदेश-प्राप्ति वैकल्पिक रूप से होती है, किन्तु इस सूत्र से प्रारम्भ करके आगे के सूत्रों में वैकल्पिक रूप से आदेश-प्राप्ति का अभाव है अर्थात् इन आगे के सूत्रों में आदेश प्राप्ति निश्चित रूप से है अतः उपरोक्त सूत्रों से इन सूत्रों की पारस्परिक-विशेषता को अपर नाम ऐसे 'पृथक् योग' को ध्यान में रखते हुए वा स्थिति की-वैकल्पिक स्थिति की निवृत्ति जानना इसका अभाव जानना। संस्कृत शब्द 'दंष्ट्रा' के स्थान पर प्राकृत रूपान्तर में 'दाढा' ऐसा आदेश-प्राप्ति होती है। संस्कृत साहित्य में 'दंष्ट्रा' के स्थान पर 'दाढा' शब्द का प्रयोग भी देखा जाता है।

दंष्ट्रा संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप दाढा होता है। इसमें सूत्र संख्या २ १३९ से 'दंष्ट्रा' के स्थान पर 'दाढा' आदेश होकर *दाढा* रूप सिद्ध हो जाता है। २ १३९॥

बहिसो बाहिं-बाहिरं ॥२ १४०॥

बहि शब्दस्य बाहिं बाहिर इत्यादेशौ भवतः ॥ बाहिं बाहिरं॥

अर्थ—संस्कृत अव्यय 'बहिस्' के स्थान पर प्राकृत रूपान्तर में 'बाहिं' और 'बाहिरं' रूप आदेशों की प्राप्ति होती है। जैसे—बहिस्=बाहिं और बाहिरं।

बहिस् संस्कृत अव्यय रूप है। इसके प्राकृत रूप बाहिं और बाहिरं होते हैं। इन दोनों रूपों में सूत्र संख्या २ १४० से बहिस् के स्थान पर बाहिं और बाहिरं आदेश होकर दोनों रूप '*बाहिं*' और *बाहिरं* सिद्ध हो जाते हैं। २-१४०॥

अधसो हेट्ठ ॥ २-१४१ ॥

अधस् शब्दस्य हेट्ठ इत्ययमादेशो भवति ॥ हेट्ठं ॥

अर्थः—संस्कृत अव्यय 'अधः' के स्थान पर प्राकृत रूपान्तर मे 'हेट्ठ' रूप की आदेश प्राप्ति होती है। से —अधस्=जैहेट्ठ।

अधस् सस्कृत अव्यय रूप है। इसका प्राकृत रूप हेट्ठ होता है। इसमें सूत्र सख्या २-१४१ से 'अधस्' के स्थान पर 'हेट्ठ' आदेश होकर हेट्ठं रूप सिद्ध हो जाता है॥ २-१४१॥

मातृ-पितुः स्वसुः सिआ-छौ ॥ २-१४२ ॥

मातृ-पितृभ्याम् परस्य स्वसृशब्दस्य सिआ छा इत्यादेशौ भवतः ॥ माउसिआ । माउ-च्छा । पिउ सिआ । पिउ च्छा ॥

अर्थः—सस्कृत शब्द 'मातृ' अथवा 'पितृ' के पश्चात् समास रूप से 'स्वसृ' शब्द जुडा हुआ हो तो ऐसे शब्दों के प्राकृत-रूपान्तर में 'स्वसृ' शब्द के स्थान पर 'सिआ' अथवा 'छा' इन दो आदेशो की प्राप्ति होती है। जैसे —मातृ-ष्वसा=माउ-सिआ अथवा माउ-च्छा॥ पितृ-ष्वसा=पिउ-सिआ अथवा पिउ-च्छा॥

मातृ-ष्वसा सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप माउ-सिआ और माउ-च्छा होते है। इनमें से प्रथम रूप '*माउ-सिआ*' की सिद्धि सूत्र सख्या १-१३४ में की गई हैं।

द्वितीय रूप (मातृ-ष्वसा=) माउ-च्छा मे सूत्र सख्या १-१३४ से 'ऋ' के स्थान पर 'उ' स्वर की प्राप्ति, १-१७७ से प्राप्त 'तु' में से 'त्' व्यञ्जन का लोप, २-१४२ से 'ष्वसा' के स्थान पर 'छा' आदेश की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'छ' के स्थान पर द्वित्व 'छ्छ' की प्राप्ति और २-९० से प्राप्त पूर्व 'छ्' के स्थान पर 'च्' होकर द्वितीय रूप-*माउ-च्छा* भी सिद्ध हो जाता है।

पितृ-ष्वसा सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप पिउ सिआ और पिउ-च्छा होते हैं। इनमें से प्रथम रूप *पिउ सिआ* की सिद्धि सूत्र सख्या १-१३४ मे की गई है।

द्वितीय रूप-(पितृ-ष्वसा=) पिउ च्छा में सूत्र सख्या १-१३४ से 'ऋ' के स्थान पर 'उ' स्वर की प्राप्ति, १-१७७ से प्राप्त 'तु' मे से 'त्' व्यञ्जन का लोप, २-१४२ से 'ष्वसा' के स्थान पर 'छा' आदेश की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'छ' के स्थान पर द्वित्व 'छ्छ' की प्राप्ति, और २-९० से प्राप्त पूर्व 'छ्' के स्थान पर 'च्' की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप-*पिउ-च्छा* भी सिद्ध हो जाता है॥२-१४२॥

तिर्यचस्तिरिच्छिः ॥२-१४३॥

तिर्यच् शब्दस्य तिरिच्छिरित्यादेशो भवति ॥ तिरिच्छि पेच्छइ ॥ आर्षे तिरिआ इत्यादेशो पि । तिरिआ ॥

अर्थः—संस्कृत शब्द 'तिर्यच्' के स्थान पर प्राकृत-रूपान्तर में 'तिरिच्छि' ऐसा आदेश होता

से 'द्' के स्थान पर 'व्' की प्राप्ति, २-१४५ से संस्कृत प्रत्यय 'तृन्' के स्थान पर प्राप्त 'इता' की जगह पर 'इर' आदेश की प्राप्ति, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *रोविरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

लज्जिता संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप लज्जिरो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१४५ से संस्कृत प्रत्यय 'तृन्' के स्थान पर प्राप्त 'इता' की जगह पर 'इर' आदेश की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *लज्जिरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

जल्पिता संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप जम्पिरो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१४५ से संस्कृत प्रत्यय 'तृन्' के स्थान पर प्राप्त 'इता' की जगह पर 'इर' आदेश की प्राप्ति; २-७९ से 'ल्' का लोप; १-२६ से 'ज' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति; १-३० से आगम रूप से प्राप्त अनुस्वार के स्थान पर आगे 'प' वर्ण होने से पवर्गान्त वर्ण 'म्' की प्राप्ति; और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जम्पिरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

वेपिता संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप वेविरो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२३१ से 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति, २-१४५ से संस्कृत प्रत्यय 'तृन्' के स्थान पर प्राप्त 'इता' की जगह पर 'इर' आदेश की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वेविरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

भ्रमिता संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप भमिरो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप; २-१४५ से संस्कृत प्रत्यय 'तृन्' के स्थान पर प्राप्त 'इता' की जगह पर 'इर' आदेश की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *भमिरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

उच्छ्वसिता संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप ऊससिरो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-११४ से 'उ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति, मूल संस्कृत शब्द उत्+श्वास का उच्छ्वास होता है तदनुसार मूल शब्द में स्थित 'त्' का सूत्र संख्या २-७७ से लोप; २-७९ से 'व' का लोप; १-८४ से लोप हुए 'त्' में से शेष रहे हुए 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति; १-२६० से 'श' का 'स'; २-१४५ से संस्कृत प्रत्यय 'तृन्' के स्थान पर प्राप्त 'इता' की जगह पर 'इर' आदेश की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *ऊससिरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

गमन शील संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप गमिरो होता है। मूल संस्कृत धातु 'गम्' है

इसमें सूत्र सख्या २-१४५ से 'शील' के स्थान पर 'इर' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *गमिरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

नमनशील: सस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप नमिरो होता है। मूल संस्कृत-धातु 'नम्' है। इसमें सूत्र सख्या २-१४५ से 'शील' के स्थान पर 'इर' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *नमिरो* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ २-१४६ ॥

क्त्वस्तुमत्तूण-तुआणाः ॥ २-१४६ ॥

क्त्वा प्रत्ययस्य तुम् अत् तूण तुआण इत्येते आदेशा भवन्ति ॥ तुम् । दट्ठुं । मोत्तुं ॥ अत् । भमिअ । रमिअ ॥ तूण । घेत्तूण । काऊण ॥ तुआण । भेत्तुआण । सोउआण ॥ वन्दित्तु इत्यनुस्वार लोपात् ॥ वन्दित्ता इति सिद्ध-संस्कृतस्यैव वलोपेन ॥ कट्टु इति तु आर्षे ॥

अर्थ:—अव्ययी रूप भूत कृदन्त के अर्थ में संस्कृत भाषा में धातुओं में 'क्त्वा' प्रत्यय का योग होता है, इसी अर्थ में अर्थात् भूत कृदन्त के तात्पर्य में प्राकृत-भाषा में 'क्त्वा' प्रत्यय के स्थान पर 'तुम्, अत, तूण, और तुआण' ये चार आदेश होते हैं। इनमें से कोई सा भी एक प्रत्यय प्राकृत-धातु में सयोजित करने पर भूत कृदन्त का रूप बन जाता है। जैसे-'तुम्' प्रत्यय के उदाहरण —दृष्ट्वा=दट्ठुं = देख करके। मुक्त्वा=मोत्तुं=छोडकर के। 'अत्' प्रत्यय के उदाहरण'-भ्रमित्वा=भमिअ। रमित्वा=रमिअ ॥ 'तूण' प्रत्यय के उदाहरण.—गृहीत्वा=घेत्तूण। कृत्वा=काऊण ॥ 'तुआण' प्रत्यय के उदाहरण:—भित्त्वा =भेत्तुआण। श्रुत्वा=सोउआण ॥

प्राकृत रूप, 'वन्दित्तु' भूत कृदन्त अर्थक ही है। इसमें अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'म्' रूप अनुस्वार का लोप होकर सस्कृत रूप 'वन्दित्वा' का ही प्राकृत रूप वन्दित्तु बना है। अन्य प्राकृत रूप 'वन्दित्ता' भी सिद्ध हुए सस्कृत रूप के समान ही 'वन्दित्वा' रूप में से 'व्' व्यञ्जन का लोप करने से प्राप्त हुआ है। सस्कृत रूप 'कृत्वा' का आर्ष-प्राकृत में 'कटटु' ऐसा रूप होता है।

दृष्ट्वा—सस्कृत कृदन्त रूप है। इसको प्राकृत रूप दट्ठुं होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-१२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति; ४-२१३ से 'ष्ट्' के स्थान पर 'ट्ठ' की प्राप्ति, और २-१४६ से सस्कृत कृदन्त के 'क्त्वा' प्रत्यय के स्थान पर 'तुम्' प्रत्यय की प्राप्ति; १-१७७ से प्राप्त 'तुम्' प्रत्यय में स्थित 'त्' व्यञ्जन का लोप, १-१० से प्राप्त 'ट्ठ' में स्थित 'अ' स्वर का आगे 'तुम्' में से शेष 'उम्' का 'उ' स्वर होने से लोप, १-५ से 'ट्ठ्' में 'उम्' की सधि होने से 'ट्ठुम्' की प्राप्ति और १-२३ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'म्' का अनुस्वार होकर दट्ठुं रूप सिद्ध हो जाता है।

है। जैसे—तिर्यक् प्रेक्षते=तिरिच्छि पेच्छइ। आर्ष प्राकृत में 'तिर्यच्' के स्थान पर 'तिरिआ' ऐसे आदेश की भी प्राप्ति होती है। जैसे—तिर्यक्=तिरिआ॥

तिर्यक् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप तिरिच्छि होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१४३ से तिर्यक्' के स्थान पर 'तिरिच्छि' की आदेश प्राप्ति होकर *तिरिच्छि* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रेक्षते संस्कृत क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप पेच्छइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से र् का लोप' २-३ से 'क्ष' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'छ' के स्थान पर द्वित्व 'छ्छ' की प्राप्ति २-९० से प्राप्त पूर्व छ के स्थान पर 'च्' की प्राप्ति और ३-१३९ से वर्तमान काल के एक वचन में प्रथम पुरुष में संस्कृत प्रत्यय 'ते' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर पेच्छइ रूप सिद्ध हो जाता है।

तिर्यक् संस्कृत रूप है। इसका आर्ष प्राकृत रूप तिरिआ होता है। इसमें सूत्र संख्या २-१४३ से 'तिर्यक्' के स्थान पर 'तिरिआ' आदेश की प्राप्ति होकर *तिरिआ* रूप सिद्ध हो जाता है॥२-१४३॥

गृहस्य घरोपतौ ॥२-१४४॥

गृहशब्दस्य घर इत्यादेशो भवति पति शब्दश्चेत् परो न भवति॥ घरो। घर-सामी। राय हरं॥ अपताविति किम्। गह-वई॥

अर्थः—संस्कृत शब्द 'गृह' के स्थान पर प्राकृत-रूपान्तर में 'घर' ऐसा आदेश होता है। परन्तु इसमें यह शर्त रही हुई है कि 'गृह' शब्द के आगे 'पति' शब्द नहीं होना चाहिये। यदि 'गृह' शब्द के आगे 'पति' शब्द स्थित होगा तो 'गृह' के स्थान पर 'घर' आदेश की प्राप्ति नहीं होगी। उदाहरण इस प्रकार हैं—गृहः=घरो॥ गृह-स्वामी=घर-सामी॥ राज-गृहम्=राय-हरं॥

प्रश्नः—'गृह' शब्द के आगे पति शब्द नहीं होना चाहिये' ऐसा क्यों कहा गया है?

उत्तरः—यदि संस्कृत शब्द गृह के आगे 'पति' शब्द स्थित होगा तो 'गृह' के स्थान पर 'घर' आदेश की प्राप्ति नहीं होकर अन्य सूत्रों के आधार से 'गह' रूप की प्राप्ति होगी। जैसे-गृह-पतिः= गह-वई॥

गृहः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप घरो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१४४ से 'गृह' के स्थान पर 'घर' आदेश और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *घरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

गृह-स्वामी संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप घर-सामी होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१४४ से 'गृह' के स्थान पर 'घर' आदेश और २-७९ से 'व्' का लोप होकर *घर सामी* रूप सिद्ध हो जाता है।

राज-गृहम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप राय-हर होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से 'ज्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'ज्' में से शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति; २-१४४ से 'गृह' के स्थान पर 'घर' आदेश, १-१८७ से प्राप्त 'घर' में स्थित 'घ' के स्थान पर 'ह' का आदेश, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *राय-हरं* रूप सिद्ध हो जाता है।

गृह-पतिः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप गहवई होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, १-२३१ से 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति, १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे ह्रस्व इकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ 'ई' की प्राप्ति होकर *गह-वई* रूप सिद्ध हो जाता है॥२-१४४॥

शीलाद्यर्थस्येरः ॥२-१४५॥

शीलधर्मसाध्वर्थे विहितस्य प्रत्ययस्य इर इत्यादेशो भवति ॥ हसन-शीलः हसिरो। रोविरो। लज्जिरो। जम्पिरो। वेविरो। भमिरो ऊससिरो॥ केचित् तृन एव इरमाहुस्तेषां नमिरगमिरादयो न सिध्यन्ति। तृनोत्रादिना बाधितत्वात्॥

अर्थः—जिन संस्कृत शब्दों में 'शील' अथवा 'धर्म' अथवा 'साधु' वाचक प्रत्यय रहा हुआ हो तो इन प्रत्ययों के स्थान पर प्राकृत रूपान्तर में 'इर' आदेश की प्राप्ति होती है। जैसेः—हसनशील अर्थात् 'हसितृ' के संस्कृत रूप 'हसिता' का प्राकृत रूप 'हसिरो' होता है। रोदितृ=रोदिता=रोविरो। लज्जितृ=लज्जिता=लज्जिरो। जल्पितृ जल्पिता=जंपिरो। वेपितृ=वेपिता=वेविरो। भमितृ भ्रमिता=भमिरो। उच्छ्वसितृ=उच्छ्वसिता=ऊससिरो॥ कोई-कोई व्याकरणाचार्य ऐसा मानते हैं कि 'शील', 'धर्म' और 'साधु' वाचक वृत्ति को बतलाने वाले प्रत्ययों के स्थान पर 'इर' प्रत्यय की प्राप्ति नहीं होती है, किन्तु केवल 'तृन्' प्रत्यय के स्थान पर ही 'इर' प्रत्यय की प्राप्ति होती है। उनके सिद्धान्त से 'नमिर' 'गमिर' आदि रूपों की सिद्धि नहीं हो सकेगी। क्योंकि यहाँ पर 'तृन्' प्रत्यय का अभाव है, फिर भी 'इर' प्रत्यय की प्राप्ति हो गई है। इस प्रकार यहाँ पर 'बाधा-स्थिति' उत्पन्न हो गई है। अतः 'शील' 'धर्म' और 'साधु' वाचक प्रत्ययों के स्थान पर भी 'इर' प्रत्यय की प्राप्ति प्राकृत-रूपान्तर में उसी प्रकार से होती है, जिस प्रकार से कि-'तृन्' प्रत्यय के स्थान पर 'इर' प्रत्यय आता है।

हसिता संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप हसिरो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१४५ से संस्कृत प्रत्यय 'तृन्' के स्थान पर प्राप्त 'इता' की जगह पर 'इर' आदेश की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *हसिरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

रोदिता संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप रोविरो होता है। इसमे सूत्र-संख्या ४-२२६

से 'दृ' के स्थान पर व् की प्राप्ति २-१४५ से संस्कृत प्रत्यय तुम् के स्थान पर प्राप्त 'इता' की जगह पर 'इर' आदेश की प्राप्ति, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *रोविरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

लज्जिता संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप लज्जिरो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१४५ से संस्कृत प्रत्यय 'तुम्' के स्थान पर प्राप्त 'इता' की जगह पर 'इर' आदेश की प्राप्ति' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *लज्जिरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

जल्पिता संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप जम्पिरो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१४५ से संस्कृत प्रत्यय तुम् के स्थान पर प्राप्त 'इता' की जगह पर 'इर' आदेश की प्राप्ति २-७९ से 'ल' का लोप १-२६ से 'ज' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति १-३० से आगम रूप से प्राप्त अनुस्वार के स्थान पर आगे 'प' वर्ण होने से पञ्चमान्त वर्ण 'म्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जम्पिरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

वेपिता संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप वेविरो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२३१ से 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति, २-१४५ से संस्कृत प्रत्यय 'तुम्' के स्थान पर प्राप्त 'इता' की जगह पर 'इर' आदेश की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वेविरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

भ्रमिता संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप भमिरो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप २-१४५ से संस्कृत प्रत्यय 'तुम्' के स्थान पर प्राप्त 'इता' की जगह पर 'इर' आदेश की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *भमिरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

उच्छ्वसिता संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप ऊससिरो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-११४ से 'उ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति, मूल संस्कृत शब्द उत् + श्वास का उच्छ्वास होता है; तदनुसार मूल शब्द में स्थित 'त्' का सूत्र संख्या २-७७ से लोप २-७९ से 'व' का लोप १-८४ से लोप हुए 'त्' में से शेष रहे हुए 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति १-२६० से 'श' का 'स' २-१४५ से संस्कृत प्रत्यय 'तुम्' के स्थान पर प्राप्त 'इता' की जगह पर 'इर' आदेश की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *ऊससिरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

गमन शील संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप गमिरो होता है। मूल संस्कृत धातु 'गम्' है,

इसमें सूत्र सख्या २-१४५ से 'शील' के स्थान पर 'इर' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *गमिरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

नमनशील: सस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप नमिरो होता है। मूल संस्कृत-धातु 'नम्' है। इसमें सूत्र संख्या २-१४५ से 'शील' के स्थान पर 'इर' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *नमिरो* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ २-१४६ ॥

क्त्वस्तुमत्तूण-तुआणाः ॥ २-१४६ ॥

क्त्वा प्रत्ययस्य तुम् अत् तूण तुआण इत्येते आदेशा भवन्ति ॥ तुम् । दट्ठुं । मोत्तुं ॥ अत् । भमिअ । रमिअ ॥ तूण । घेत्तूण । काऊण ॥ तुआण । भेत्तुआण । सोउआण ॥ वन्दित्तु इत्यनुस्वार लोपात् ॥ वन्दित्ता इति सिद्ध-संस्कृतस्यैव वलोपेन ॥ कट्टु इति तु आर्षे ॥

अर्थ:—अव्ययी रूप भूत कृदन्त के अर्थ में संस्कृत भाषा में धातुओ में 'क्त्वा' प्रत्यय का योग होता है, इसी अर्थ में अर्थात् भूत कृदन्त के तात्पर्य में प्राकृत-भाषा में 'क्त्वा' प्रत्यय के स्थान पर 'तुम्, अत, तूण, और तुआण' ये चार आदेश होते हैं। इनमें से कोई सा भी एक प्रत्यय प्राकृत-धातु में सयोजित करने पर भूत कृदन्त का रूप बन जाता है। जैसे-'तुम्' प्रत्यय के उदाहरण —दृष्ट्वा=दट्ठुं = देख करके। मुक्त्वा=मोत्तुं=छोडकर के। 'अत्' प्रत्यय के उदाहरण -भ्रमित्वा=भमिअ। रमित्वा=रमिअ ॥ 'तूण' प्रत्यय के उदाहरण.—गृहीत्वा=घेत्तूण। कृत्वा=काऊण ॥ 'तुआण' प्रत्यय के उदाहरण —भित्त्वा =भेत्तुआण। श्रुत्वा=सोउआण ॥

प्राकृत रूप, 'वन्दित्तु' भूत कृदन्त अर्थक ही है। इसमें अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'म्' रूप अनुस्वार का लोप होकर सस्कृत रूप 'वन्दित्वा' का ही प्राकृत रूप वन्दित्तु बना है। अन्य प्राकृत रूप 'वन्दित्ता' भी सिद्ध हुए संस्कृत रूप के समान ही 'वन्दित्वा' रूप में से 'व्' व्यञ्जन का लोप करने से प्राप्त हुआ है। सस्कृत रूप 'कृत्वा' का आर्ष-प्राकृत में 'कटटु' ऐसा रूप होता है।

दृष्ट्वा—सस्कृत कृदन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप दट्ठुं होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-१२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति; ४-२१३ से 'ष्ट्' के स्थान पर 'ट्ठ' की प्राप्ति; और २-१४६ से सस्कृत कृदन्त के 'क्त्वा' प्रत्यय के स्थान पर 'तुम्' प्रत्यय की प्राप्ति, १-१७७ से प्राप्त 'तुम्' प्रत्यय में स्थित 'त्' व्यञ्जन का लोप, १-१० से प्राप्त 'ट्ठ' में स्थित 'अ' स्वर का आगे 'तुम्' में से शेष 'उम्' का 'उ' स्वर होने से लोप, १-५ से 'ट्ठ्' में 'उम्' की सधि होने से 'ट्ठुम्' की प्राप्ति और १-२३ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'म्' का अनुस्वार होकर दट्ठुं रूप सिद्ध हो जाता है।

मुक्त्वा संस्कृत कृदन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप मोत्तुं होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-२३७ से 'उ' स्वर को 'ओ' स्वर की गुण-प्राप्ति २-७७ से 'क्' का लोप और २-१४६ से संस्कृत कृदन्त के 'क्त्वा' प्रत्यय के स्थान पर 'तुम्' प्रत्यय की आदेश-प्राप्ति और १-२३ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'म्' का अनुस्वार होकर *मोत्तुं* रूप सिद्ध हो जाता है।

भ्रमित्वा संस्कृत कृदन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप भमिअ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप; ३-१५७ से 'म' में रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति; २-१४६ से संस्कृत कृदन्त के 'क्त्वा' प्रत्यय के स्थान पर 'अत्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन त् का लोप होकर *भमिअ* रूप सिद्ध हो जाता है।

रमित्वा संस्कृत कृदन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप रमिअ होता है। इसमें सूत्र-संख्या ४-२३९ से हलन्त 'रम्' धातु में म् में विकरण प्रत्यय रूप 'अ' की प्राप्ति, ३-१५७ से प्राप्त 'म' में रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति; २-१४६ से संस्कृत कृदन्त के 'क्त्वा' प्रत्यय के स्थान पर 'अत्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'त्' का लोप होकर *रमिअ* रूप सिद्ध हो जाता है।

गृहीत्वा संस्कृत कृदन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप घेत्तूण होता है। इसमें सूत्र-संख्या ४-२१० से 'गृह्' धातु के स्थान पर 'घेत्' आदेश और २-१४६ से संस्कृत कृदन्त 'क्त्वा' प्रत्यय के स्थान पर 'तूण' की प्राप्ति होकर *घेत्तूण* रूप सिद्ध हो जाता है।

कृत्वा संस्कृत कृदन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप काऊण होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-२१४ से 'कृ' धातु में स्थित 'ऋ' के स्थान पर 'आ' आदेश; २-१४६ से संस्कृत कृदन्त के 'क्त्वा' प्रत्यय के स्थान पर 'तूण' प्रत्यय की प्राप्ति और १-१७७ से प्राप्त 'तूण' प्रत्यय में से 'त्' का लोप होकर *काऊण* रूप सिद्ध हो जाता है।

भित्त्वा संस्कृत कृदन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप भेत्तुआण होता है। मूल संस्कृत धातु 'भिद्' है। इसमें सूत्र संख्या ४-२३७ से 'इ' के स्थान पर गुण रूप 'ए' की प्राप्ति और २-१४६ से संस्कृत कृदन्त के 'क्त्वा' प्रत्यय के स्थान पर 'तुआण' प्रत्यय प्राप्ति होकर *भेत्तुआण* रूप सिद्ध हो जाता है।

श्रुत्वा संस्कृत कृदन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप सोउआण होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से र् का लोप, १-२६० से शेष 'श' का 'स'; ४-२३७ से 'सु' में रहे हुए 'उ' के स्थान पर गुण-रूप 'ओ' की प्राप्ति' और २-१४६ से संस्कृत कृदन्त के 'क्त्वा' प्रत्यय के स्थान पर 'तुआण' प्रत्यय की प्राप्ति तथा १-१७७ से प्राप्त 'तुआण' प्रत्यय में से त् व्यञ्जन का लोप होकर *सोउआण* रूप सिद्ध हो जाता है।

वन्दित्वा संस्कृत कृदन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप वन्दित्तु होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१४६ से संस्कृत कृदन्त प्रत्यय 'क्त्वा' के स्थान पर 'तुम्' आदेश; १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'म्' का लोप और २-८९ से शेष 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति होकर *वन्दित्तु* रूप सिद्ध हो जाता है।

वन्दित्वा संस्कृत कृदन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप वन्दित्ता होता है । इसमे सूत्र संख्या २-७९ से 'व्' का लोप और २-८९ से शेष 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति होकर *वन्दित्ता* रूप सिद्ध हो जाता है।

कृत्वा संस्कृत कृदन्त रूप है। इसका आर्ष प्राकृत मे कट्टु रूप होता है। आर्ष रूपो में साधनिका का प्राय. अभाव होता है ॥२-१४६॥

इदमर्थस्य केरः ॥२-१४७॥

इदमर्थस्य प्रत्ययस्य केर इत्यादेशो भवति ॥ युष्मदीयः तुम्हकेरो ॥ अस्मदीयः। अम्हकेरो ॥ न च भवति । मईअ-पक्खे । पाणिणीआ ॥

अर्थ.—'इससे सम्बन्धित' के अर्थ मे अर्थात् 'इदम् अर्थ' के तद्धित प्रत्यय के रूप मे प्राकृत में 'केर' आदेश होता है। जैसे -युष्मदीयः = तुम्हकेरो और अस्मदीय = अम्हकेरो ॥ किसी किसी स्थान पर 'केर' प्रत्यय की प्राप्ति नहीं भी होती है। जैसे -मदीय-पक्षे = मईअ-पक्खे और पाणिनीया = पाणिणीआ ऐसे रूप भी होते है।

तुम्हकेरो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२४६ मे की गई है।

अस्मदीयः संस्कृत सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप अम्हकेरो होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-१०६ से 'अस्मत्' के स्थान पर 'अम्ह' आदेश, २-१४७ से 'इदम्'-अर्थ वाले संस्कृत प्रत्यय 'इय' के स्थान पर 'केर' आदेश और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अम्हकेरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

मदीय-पक्षे संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप मईअ-पक्खे होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'द्' और 'य्' दोनों का लोप, २-३ से 'क्ष' के स्थान पर 'ख्' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ख्' को द्वित्व 'ख्ख्' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ख्' को 'क्' की प्राप्ति और ३-११ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में संस्कृत प्रत्यय 'ङि' के स्थान पर प्राकृत में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मईअ-पक्खे* रूप सिद्ध हो जाता है।

पाणिनीयाः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप पाणिणीआ होता है। इसमे सूत्र संख्या १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, १-१७७ से य् का लोप, ३-४ से प्रथमा विभक्ति के बहु वचन में अकारान्त पुल्लिग में प्राप्त 'जस्' का लोप और ३-१२ से प्राप्त एवं लुप्त 'जस्' प्रत्यय के पूर्व में अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' को दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति होकर *पाणिणीआ* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥२-१४७॥

पर-राजभ्यां क्क-डिक्कौ च ॥ २-१४८ ॥

पर राजन् इत्येताभ्यां परस्येदमर्थस्य प्रत्ययस्य यथासंख्यं संयुक्तौ को-डित् इक्क श्चादेशौ

भवत । चकारात् करश्च ॥ परकीयम् । पारक । परक्कं । पारकेरं ॥ राजकीयम् । राइक्कं । रायकेरं ।

अर्थ—संस्कृत शब्द 'पर' और 'राजन्' के अन्त में 'इदमर्थ' प्रत्यय जुड़ा हुआ हो तो प्राकृत में 'इदमर्थ' प्रत्यय के स्थान 'पर' में 'क्क' आदेश और 'राजन्' में 'इक्क' आदेश होता है, तथा मूल सूत्र में 'च' लिखा हुआ है, अतः वैकल्पिक रूप से 'केर' प्रत्यय की भी प्राप्ति होती है। उदाहरण इस प्रकार है—परकीयम्=पारक्कं परक्कं अथवा पारकेरं ॥ राजकीयम् राइक्कं अथवा रायकेरं ॥

पारक्कं रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-४४ में की गई है।

परकीयम् संस्कृत विशेषण है। इसका प्राकृत रूप परक्कं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१४८ से 'कीय' के स्थान पर 'क्क' का आदेश; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर परक्कं रूप सिद्ध हो जाता है।

पारकेरं रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-४४ में की गई है।

राजकीयम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप राइक्कं और रायकेरं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-१७७ से 'ज्' का लोप; २-१४८ से संस्कृत प्रत्यय 'कीय' के स्थान पर 'इक्क' का आदेश; १-१० से लोप हुए 'ज्' में से शेष रहे हुए 'अ' के आगे 'इक्क' की 'इ' होने से लोप; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप राइक्कं सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप—(राजकीयम्=) रायकेरं में सूत्र-संख्या १-१७७ से 'ज' का लोप; १-१८० से लोप हुए 'ज' में से शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, २-१४८ से संस्कृत प्रत्यय 'कीय' के स्थान पर 'केर' का आदेश और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप रायकेरं भी सिद्ध हो जाता है ॥२-१४८॥

युष्मदस्मदोञ-एच्चय ॥ २-१४९ ॥

आभ्यां परस्येदमर्थस्यात्र एच्चय इत्यादेशो भवति ॥ युष्माकमिदं यौष्माकम् । तुम्हेच्चयं । एवम् अम्हेच्चयं ॥

अर्थ—संस्कृत सर्वनाम युष्मद् और अस्मद् में 'इदमर्थ' के वाचक प्रत्यय 'अञ' के स्थान पर प्राकृत में 'एच्चय' का आदेश होता है। जैसे—'युष्माकम्-इदम्=यौष्माकम्' का प्राकृत रूप 'तुम्हेच्चयं' होता है। इसी प्रकार से आस्माकम् का अम्हेच्चयं होता है।

यौष्माकम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप तुम्हेच्चय होता है। इसमे सूत्र संख्या ३-९९ से युष्मत् के स्थान पर 'तुम्ह' का आदेश, २-१४९ से 'इदमर्थ' वाचक प्रत्यय 'अञ' के स्थान पर 'एच्चय' का आदेश, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *तुम्हेच्चयं* रूप सिद्ध हो जाता है।

अस्मदीयम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप अम्हेच्चय होना है। इसमें सूत्र-संख्या ३-१०६ से 'अस्मद्' के स्थान पर 'अम्ह' आदेश, २-१४९ से संस्कृत 'इय' प्रत्यय के स्थान पर 'एच्चय' आदेश; १-१० से प्राप्त 'अम्ह' में स्थित 'ह' के 'अ' का आगे 'एच्चय' का 'ए' होने से लोप; १-५ से प्राप्त 'अम्ह्' और एच्चय की सधि, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *अम्हेच्चयं* रूप सिद्ध हो जाता है ॥२-१४९॥

वतेर्व्वः ॥२-१५०॥

वतेः प्रत्ययस्य द्विरुक्तो वो भवति ॥ महुरव्व पाडलिउत्ते पासाया ।

अर्थः—संस्कृत 'वत्' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत-रूपान्तर में द्विरुक्त अर्थात् द्वित्व 'व्व' की प्राप्ति होती है। जैसे –मथुरावत् पाटलिपुत्रे प्रासादा =महुरव्व पाडलिउत्ते पासाया ॥

मथुरावत् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप महुरव्व होता है। इसमें सूत्र-सख्या १–१८७ से 'थ्' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति, १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति और २–१५० से 'वत्' प्रत्यय के स्थान पर द्विरुक्त व्व' की प्राप्ति होकर *महुरव्व* रूप सिद्ध हो जाता है।

पाटलिपुत्रे संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पाडलिउत्ते होता है। इसमे सूत्र-सख्या १-१९५ से 'ट' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति, १-१७७ से 'प्' का लोप, २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से शेष 'त्' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति और ३–११ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'ङि' के स्थान पर प्राकृत में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पाडलिउत्ते* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रासादा संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पासाया होता है। इसमें सूत्र-सख्या २–७९ से 'र्' का लोप, १-१७७ से 'द्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'द्' में से शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, ३–४ से प्रथमा विभक्ति के बहु वचन में अकारान्त पुल्लिग मे प्राप्त 'जस्' प्रत्यय का लोप और ३–१२ से प्राप्त एव लुप्त 'जस' प्रत्यय के कारण से अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' को दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति होकर *पासाया* रूप सिद्ध हो जाता है ॥२–१५०॥

सर्वांगादीनस्येकः ॥२-१५१॥

सर्वाङ्गात् सर्वादे पथ्यङ्ग [हे० ७-१] इत्यादिना विहितस्येनस्य स्थान इक इत्यादेशो भवति ॥ सर्वाङ्गीण । सव्वङ्गिओ ॥

अर्थ — सर्वादे पथ्यङ्ग इस सूत्र से-(जो कि हेमचन्द्र संस्कृत व्याकरण के सातवें अध्याय का सूत्र है —'सर्वाङ्ग शब्द में प्राप्त होने वाले संस्कृत प्रत्यय इन के स्थान पर प्राकृत में 'इक' ऐसा आदेश होता है। जैसे-सर्वाङ्गीणः=सव्वङ्गिओ ॥

सर्वांगीण संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप सव्वङ्गिओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र' का लोप २-८९ से शेष रहे हुए 'व' को द्वित्व 'व्व' की प्राप्ति १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति २-१५१ से संस्कृत प्रत्यय 'इन' के स्थान पर प्राकृत में इक आदेश १-१७७ से आदेश प्राप्त 'इक' में स्थित 'क' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय प्राप्ति होकर *सव्वंगिओ* रूप सिद्ध हो जाता है ॥२-१५१॥

पथो णस्येकट् ॥२-१५२॥

नित्यंणः पन्थश्च (हे० ६-४) इति यः पथो णो विहितस्य इकट् भवति ॥ पान्थः। पहिओ ॥

अर्थ —हेमचन्द्र व्याकरण के अध्याय संख्या छह के सूत्र-संख्या चार से संस्कृत शब्द 'पथ' में नित्य 'ण' की प्राप्ति होती है, उस प्राप्त 'ण' के स्थान पर प्राकृत रूपान्तर में 'इक' आदेश की प्राप्ति होती है। जैसे—पान्थः=पहिओ ॥

पान्थः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पहिओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति २-१५२ से 'ण' के स्थान पर 'इक' आदेश; १-१८७ से 'थ' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति १-१७७ से आदेश प्राप्त 'इक' के 'क' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पहिओ* रूप सिद्ध हो जाता है ॥ -१५२॥

ईयस्यात्मनो णयः ॥२-१५३॥

आत्मनः परस्य ईयस्य णय इत्यादेशो भवति ॥ आत्मीयम् अप्पणयं ।

अर्थ —'आत्मा' शब्द में यदि 'ईय' प्रत्यय रहा हुआ हो तो प्राकृत रूपान्तर में इस 'ईय' प्रत्यय के स्थान पर 'णय' आदेश की प्राप्ति होती है। जैसे—आत्मीयम्=अप्पणयं ॥

आत्मीयम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप अप्पणयं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति २-५१ से 'त्म' के स्थान पर 'प' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'प' का द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति २-१५३ से संस्कृत प्रत्यय 'ईय' के स्थान पर 'णय' आदेश; ३-२५ से प्रथमा

विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त नपु सक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *अप्पणयं* रूप सिद्ध हो जाता है। २-१५३ ॥

त्वस्य डिमा-त्तणौ वा ॥ २-१५४ ॥

त्व प्रत्ययस्य डिमा त्तण इत्यादेशौ वा भवतः ॥ पीणिमा । पुप्फिमा । पीणत्तणं । पुप्फत्तणं । पक्षे । पीणत्तं । पुप्फत्तं ॥ इम्नः पृथ्वादिषु नियतत्वात् तदन्य प्रत्ययान्तेषु अस्य विधिः ॥ पीनता इत्यस्य प्राकृते पीणया इति भवति । पीणदा इति तु भाषान्तरे । ते नेह ततो दा न क्रियते ॥

अर्थ —सस्कृत में प्राप्त होने वाले 'त्व' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत मे वैकल्पिक रूप मे 'इमा' और 'त्तण' प्रत्यय का आदेश हुआ करता है। जैसे –पीनत्वम्=पीणिमा अथवा पीणत्तणं और वैकल्पिक पक्ष में पीणत्त भी होता है। पुष्पत्वम्=पुप्फिमा अथवा पुप्फत्तण और वैकल्पिक पक्ष में पुप्फत्त भी होता है। सस्कृत भाषा में पृथु आदि कुछ शब्द ऐसे हैं, जिनमे 'त्व' प्रत्यय के स्थान पर इसी अर्थ को बतलाने वाले 'इमन्' प्रत्यय की प्राप्ति हुआ करती है। उनका प्राकृत रूपान्तर अन्य सूत्रानुसार हुआ करता है। सस्कृत शब्द 'पीनता' का प्राकृत रूपान्तर 'पीणया' होता है। किसी अन्य भाषा में 'पीनता' का रूपान्तर 'पीणदा' भी होता है। तदनुसार 'ता' प्रत्यय के स्थान पर 'दा' आदेश नही किया जा सकता है। अत पीणदा रूप को प्राकृत रूप नहीं समझा जाना चाहिये।

पीनत्वम् सस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप पीणिमा, पीणत्तण और पीणत्त होते हैं। इनमें से प्रथम रूप मे सूत्र-सख्या १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, २-१५४ से संस्कृत प्रत्यय 'त्वम्' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'इमा' आदेश का प्राप्ति होकर प्रथम रूप *पीणिमा* की सिद्धि हो जाती है।

द्वितीय रूप-(पीनत्वम्=) पीणत्तण में सूत्र-सख्या १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, २-१५४ से सस्कृत प्रत्यय 'त्व' के स्थान पर त्तण' आदेश, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपु सक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १ २३ से प्राप्त 'म्' प्रत्यय का अनुस्वार होकर *पीणत्तणं* द्वितीय रूप भी सिद्ध हो जाता है।

तृतीय रूप-(पीनत्वम्=) पीणत्तं में सूत्र-सख्या १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, २-७९ से 'व्' का लोप, २-८९ से शेष 'त' को द्वित्व' 'त्त' की प्राप्ति और शेष साधनिका द्वितीय रूप के समान ही होकर तृतीय रूप *पीणत्तं* भी सिद्ध हो जाता है।

पुष्पत्वम् सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप पुप्फिमा, पुप्फत्तण और पुप्फत्तं होते है। इनमें से

प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-५३ से 'ष्प' के स्थान पर 'फ' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'फ' को द्वित्व 'फफ' की प्राप्ति २-९० से प्राप्त पूर्व 'फ्' के स्थान पर 'प्' की प्राप्ति, २-१५४ से 'त्व' के स्थान पर 'इमा' आदेश १-१० से 'फ' में रहे हुए 'अ' का आगे 'इ' रहने से लोप, १-५ से 'फ्' की आगे रही हुई 'इ' के साथ संधि, और १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'म्' का लोप होकर प्रथम रूप *पुप्फिमा* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(पुष्पत्वम्=) पुप्फत्तणं में 'पुप्फ' तक प्रथम रूप के समान ही साधनिका २-१५४ से 'त्व' के स्थान पर 'त्तण' आदेश, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर द्वितीय रूप *पुप्फत्तणं* सिद्ध हो जाता है।

तृतीय रूप-(पुष्पत्वम्=) पुप्फत्तं में 'पुप्फ' तक प्रथम रूप के समान ही साधनिका २-७९ से 'व्' का लोप; २-८९ से शेष 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति और शेष साधनिका द्वितीय रूप के समान ही होकर तृतीय रूप *पुप्फत्तं* सिद्ध हो जाता है।

पीनता संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप पीणया होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, १-१७७ से 'त्' का लोप और १-१८० से शेष 'आ' को 'या' की प्राप्ति होकर *पीणया* रूप सिद्ध हो जाता है।

पीणदा रूप देशज-भाषा का है, अतः इसकी साधनिका की आवश्यकता नहीं है ॥२-१५४॥

अनङ्कोठात्तैलस्य डेल्लः ॥२-१५५॥

अङ्कोठ वर्जिताच्छब्दात्परस्य तैल प्रत्ययस्य डेल्ल इत्यादेशो भवति ॥ सुरहि-जलेण कडुएल्लं ॥ अनङ्कोठादिति किम् । अङ्कोल्ल तेल्लं ॥

अर्थः—'अङ्कोठ' शब्द को छोड़कर अन्य किसी संस्कृत शब्द में 'तैल' प्रत्यय लगा हुआ हो तो प्राकृत रूपान्तर में इस 'तैल' प्रत्यय के स्थान पर 'डेल्ल' अर्थात् 'एल्ल' आदेश हुआ करता है। जैसे:—सुरभि जलेन कटु-तैलम्=सुरहि जलेण कडुएल्लं।

प्रश्नः—'अङ्कोठ' शब्द के साथ में 'तैल' प्रत्यय रहने पर इस 'तैल' प्रत्यय के स्थान पर 'एल्ल' आदेश क्यों नहीं होता है?

उत्तरः—प्राकृत भाषा में परम्परागत रूप से 'अङ्कोठ' शब्द के साथ 'तैल' प्रत्यय होने पर 'तैल' के स्थान पर 'एल्ल' आदेश का अभाव पाया जाता है; अतः इस रूप को सूत्र-संख्या २-१५५ के विधान क्षेत्र से पृथक् ही रखा गया है। उदाहरण इस प्रकार है:—अङ्कोठ तैलम्=अङ्कोल्ल तेल्लं॥

सुरभि जलेन संस्कृत तृतीयान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप सुरहि जलेण होता है। इसमें सूत्र

सख्या १-१८७ से 'भ' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, ३-६ से तृतीया विभक्ति के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'टा'='आ' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति और ३-१४ से प्राप्त 'ण' प्रत्यय के पूर्व स्थित 'ल' के 'अ' को 'ए' की प्राप्ति होकर *सुरहि-जलेण* रूप सिद्ध हो जाता है।

कटुतैलम् संस्कृत विशेण रूप है। इसका प्राकृत रूप कडुएल्ल होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-१९५ से 'ट' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति; २-१५५ से सस्कृत प्रत्यय 'तैल' के स्थान पर प्राकृत में 'एल्ल' आदेश ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपु सकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *कडुएल्लं* रूप सिद्ध हो जाता है।

अंकोठ तैलम् सस्कृत विशेपण रूप है। इसका प्राकृत रूप अङ्कोल्ल-तेल्ल होता है। इसमे सूत्र-सख्या १-२०० से 'ठ' के स्थान पर द्वित्व 'ल्ल' की प्राप्ति, १-१४८ से 'ऐ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति २-९८ से 'ल' को द्वित्व 'ल्ल' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारांत नपुंसकलिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *अंकोल्ल-तेल्लं* रूप सिद्ध हो जाता है ॥२-१५५॥

यत्तदेतदोतोरित्तिअ एतल्लुक् च ॥२-१५६॥

एभ्यः परस्य डावादेरतोः परिमाणार्थस्य इत्तिअ इत्यादेशो भवति ॥ एतदो लुक् च ॥ यावत् । जित्तिअं ॥ तावत् । तित्तिअं ॥ एतावत् । इत्तिअं ॥

अर्थः—सस्कृत सर्वनाम 'यत्', 'तत्' और 'एतत्' मे सलग्न परिमाण वाचक प्रत्यय 'आवत्' के स्थान पर प्राकृत में 'इत्तिअ' आदेश होता है। 'एतत्' से निर्मित 'एतावत्' के स्थान पर तो केवल 'इत्तिअ' रूप ही होता है अर्थात् 'एतावत्' का लोप होकर केवल 'इत्तिअ' रूप ही आदेशवत् प्राप्त होता है। उदाहरण इस प्रकार है:—यावत्=जित्तिअ, तावत्=तित्तिअ और एतावत्=इत्तिअ ॥

यावत् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप जित्तिअं होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-२४५ से 'य्' के स्थान पर 'ज्' की प्राप्ति, २-१५६ से 'आवत्' प्रत्यय के स्थान पर 'इत्तिअ' आदेश, १-५ से प्राप्त 'ज्' के साथ 'इ' को सधि, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपु सक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *जित्तिअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

तावत् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप तित्तिअ होता है। इसमें सूत्र-सख्या २-१५६ से 'आवत्' प्रत्यय के स्थान पर 'इत्तिअ' आदेश, १-५ से प्रथम 'त्' के साथ 'इ' की सधि, और शेष साधनिका उपरोक्त 'जित्तिअं' रूप के समान ही होकर *तित्तिअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

एतावत् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप इत्तिअं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २ १५६ से 'एतावत्' का लोप और 'इत्तिअ' आदेश की प्राप्ति और शेष साधनिका उपरोक्त 'जित्तिअं' रूप के समान ही होकर *इत्तिअं* रूप सिद्ध हो जाता है ॥२-१५६॥

इदं किमश्च डेत्तिअ-डेत्तिल-डेद्दहा ॥२ १५७॥

इदं किं भ्यां यत्तदेतद्भ्यश्च परस्यातो डवितोर्वा डित एत्तिअ एत्तिल एद्दह इत्यादेशा भवन्ति एतल्लुक् च ॥ इयत् । एत्तिअं । एत्तिलं । एद्दहं ॥ कियत् । केत्तिअं । केत्तिलं । केद्दहं ॥ यावत् । जेत्तिअं । जेत्तिलं । जेद्दहं ॥ तावत् । तेत्तिअं । तेत्तिलं । तेद्दहं ॥ एतावत् । एत्तिअं । एत्तिलं । एद्दहं ॥

अर्थ—संस्कृत सर्वनाम शब्द 'इदम्' 'किम्' 'यत्' 'तत्' और 'एतत्' में संलग्न परिमाण वाचक प्रत्यय 'अतु=अत्' अथवा 'डावतु=(ड् की इत्संज्ञा होकर शेष) आवतु=आवत्' के स्थान पर प्राकृत में 'एत्तिअ' अथवा 'एत्तिल' अथवा एद्दह आदेश होते हैं। 'एतत्' से निर्मित 'एतावत्' का लोप होकर इसके स्थान पर केवल 'एत्तिअं' अथवा 'एत्तिलं' अथवा एद्दहं रूपों की आदेश रूप से प्राप्ति होती है। उपरोक्त सर्वनामों के उदाहरण इस प्रकार हैं—इयत्=एत्तिअं एत्तिलं अथवा एद्दहं। कियत्=केत्तिअं केत्तिलं और केद्दहं। यावत्=जेत्तिअं जेत्तिलं और जेद्दहं। तावत्=तेत्तिअं तेत्तिलं और तेद्दहं। एतावत्=एत्तिअं एत्तिलं और एद्दहं।

इयत् संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप एत्तिअं एत्तिलं और एद्दहं होते हैं। इनमें सूत्र संख्या २ १५७ की वृत्ति से 'इय' का लोप; २ १५७ से शेष 'अत्' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में क्रम से एवं वैकल्पिक रूप से एत्तिअ एत्तिल और एद्दह प्रत्ययों की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से एत्तिअं एत्तिलं और एद्दहं रूपों की सिद्धि हो जाती है।

कियत् संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप केत्तिअं केत्तिलं और केद्दहं होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या २-१५७ की वृत्ति से 'इय्' का लोप; २ १५७ से शेष 'अत्' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में क्रम से एवं वैकल्पिक रूप से एत्तिअ एत्तिल और एद्दह प्रत्ययों की प्राप्ति; १-५ से शेष 'क्' के साथ प्राप्त प्रत्ययों की संधि; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से केत्तिअं, केत्तिलं और केद्दहं रूपों की सिद्धि हो जाती है।

यावत् संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप जेत्तिअं, जेत्तिलं और जेद्दहं होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-२४५ से 'य्' के स्थान पर 'ज्' की प्राप्ति; २ १५७ से संस्कृत प्रत्यय 'आवत्' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से एवं वैकल्पिक रूप एत्तिअ एत्तिल और एद्दह प्रत्ययों की प्राप्ति; १-५ से प्राप्त 'ज्' के साथ

प्राप्त प्रत्ययो की सधि और शेष साधनिका उपरोक्त 'केत्तिअ' आदि रूपों के समान ही होकर क्रम से *जेत्तिअं, जेत्तिलं* और *जेद्दहं* रूपो की सिद्धि हो जाती है ।

एतावत् सस्कृत विशेषण रूप है । इसके प्राकृत रूप एत्तिअं, एत्तिल और एद्दहं होते है । इनमे सूत्र-सख्या २-१५७ से मूल रूप 'एतत' का लोप, २-१५७ से सस्कृत प्रत्यय 'आवत्' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से एव वैकल्पिक रूप से 'एत्तिअ, एत्तिल और एद्दह' प्रत्ययों की प्राप्ति, और शेष साधनिका उपरोक्त केत्तिअ आदि रूपों के समान ही होकर क्रम से *एत्तिअं, एत्तिलं* और *एद्दहं* रूपो की सिद्धि हो जाती है ।

तावत् संस्कृत विशेषण रूप है । इसके प्राकृत रूप तेत्तिअ, तेत्तिल और तेद्दहं होते हैं । इनमें सूत्र-संख्या १-११ मे मूल रूप 'तत्' के अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'त' का लोप, २-१५७ से सस्कृत प्रत्यय 'आवत्' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से एव वैकल्पिक रूप से 'एत्तिअ, 'एत्तिल' और एद्दह प्रत्ययो की प्राप्ति और शेष साधनिका उपरोक्त केत्तिअ आदि रूपों के समान ही होकर क्रम से *तेत्तिअं, तेत्तिलं* और *तेद्दहं* रूपों की सिद्धि हो जाती है ॥२-१५७॥

कृत्वसो हुत्तं ॥२-१५८॥

वारे कृत्वस् (हे० ७-२) इति यः कृत्वस् विहितस्तस्य हुत्तमित्यादेशो भवति ॥ सयहुत्तं । सहस्सहुत्तं ॥ कथं प्रियाभिमुख पियहुत्तं । अभिमुखार्थेन हुत्त शब्देन भविष्यति ॥

अर्थ—सस्कृत-भाषा में 'वार' अर्थ मे 'कृत्व' प्रत्यय की प्राप्ति होती है । उसी 'कृत्व' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत-भाषा में 'हुत्त' आदेश की प्राप्ति होती है । उदाहरण इस प्रकार है—शतकृत्व = सयहुत और सहस्रकृत्व =सहस्सहुत्त इत्यादि ।

प्रश्न—सस्कृत रूप 'प्रियाभिमुख' का प्राकृत रूपान्तर 'पियहुत्त' होता है । इसमें प्रश्न यह है कि 'अभिमुख' के स्थान पर 'हुत्त' की प्राप्ति कैसे होती है ?

उत्तर—यहां पर 'हुत्त' प्रत्यय की प्राप्ति 'कृत्व' अर्थ में नहीं हुई है, किन्तु 'अभिमुख' अर्थ मे ही 'हुत्त' शब्द आया हुआ है । इस प्रकार यहां पर यह विशेपता समझ लेनी चाहिये ।

शतकृत्व. सस्कृत रूप है । इसका प्राकृत रूप सयहुत्त होता है । इसमें सूत्र सख्या १-२६० से 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति, १-१७७ से 'त्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेप रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, २-१५८ से 'वार-अर्थक' सस्कृत प्रत्यय 'कृत्व' के स्थान पर प्राकृत में 'हुत्त' आदेश, और १-११ से अन्त्य व्यञ्जन रूप विसर्ग अर्थात 'स्' का लोप होकर *सयहुत्तं* रूप सिद्ध हो जाता है ।

सहस्र-कृत्व संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सहस्सहुत्तं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७५ से 'र्' का लोप; २-८९ से लोप हुए 'र्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'स' को द्वित्व 'स्स' की प्राप्ति, शेष साधनिका उपरोक्त सय-हुत्तं के समान ही होकर सहस्सहुत्तं रूप सिद्ध हो जाता है।

प्रियाभिमुखम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पियहुत्तं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप; १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति; २-१५८ की वृत्ति से 'अभिमुख' के स्थान पर 'हुत्त' आदेश की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *पियहुत्तं* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥२-१५८॥

आल्विल्लोल्लाल-वन्त-मन्तेत्तेर-मणा मतोः ॥२-१५९॥

आलु इत्यादयो नव आदेशा मतोः स्थाने यथाप्रयोगं भवन्ति ॥ आलु। नेहालू। दयालू। ईसालू। लज्जालुआ॥ इल्ल। सोहिल्लो। छाइल्लो। जामइल्लो॥ उल्ल। विआरुल्लो। मंसुल्लो। दप्पुल्लो॥ आल। सद्दालो। जडालो। फडालो। रसालो। जोण्हालो॥ वन्त। धणवन्तो। भत्तिवन्तो॥ मन्त। हणुमन्तो। सिरिमन्तो। पुण्णमन्तो॥ इत्त। कव्वइत्तो। माणइत्तो॥ इर। गव्विरो। रेहिरो॥ मण। धणमणो॥ केचिन्मादेशमपीच्छन्ति। हणुमा॥ मतोरिति किम्। धणी। अत्थिओ॥

अर्थ — 'वाला' अर्थक संस्कृत प्रत्यय 'मत्' और 'वत्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में नव आदेश होते हैं; जो कि क्रम से इस प्रकार हैं:—आलु, इल्ल, उल्ल, आल, वन्त, मन्त, इत्त, इर और मण। *आलु* से सम्बन्धित उदाहरण इस प्रकार हैं:—स्नेहवान् = नेहालू। दयावान् = दयालू। ईर्ष्यावान् = ईसालू। लज्जावत्या = लज्जालुआ॥ *इल्ल* से सम्बन्धित उदाहरण-शोभावान् = सोहिल्लो। छायावान् = छाइल्लो। यामवान् = जामइल्लो। *उल्ल* से सम्बन्धित उदाहरण:- विकारवान् = विआरुल्लो। श्मश्रुवान् = मंसुल्लो। दर्पवान् = दप्पुल्लो॥ *आल* से सम्बन्धित उदाहरण—शब्दवान् = सद्दालो। जटावान् = जडालो। फटावान् = फडालो। रसवान् = रसालो। ज्योत्स्नावान् = जोण्हालो। *वन्त* से सम्बन्धित उदाहरण—धनवान् = धणवन्तो। भक्तिमान् = भत्तिवन्तो। *मन्त* से सम्बन्धित उदाहरण-हनुमान् = हणुमन्तो। श्रीमान् = सिरिमन्तो। पुण्यवान् = पुण्णमन्तो। *इत्त* से सम्बन्धित उदाहरण—काव्यवान् = कव्वइत्तो। मानवान् = माणइत्तो॥ *इर* से सम्बन्धित उदाहरण—गर्ववान् = गव्विरो। रेखावान् = रेहिरो॥ *मण* से सम्बन्धित उदाहरण—धनवान् = धणमणो इत्यादि॥ कोई कोई आचार्य 'मत्' और 'वत्' के स्थान पर 'मा' आदेश की प्राप्ति का भी उल्लेख करते हैं; जैसे:-हनुमान् = हणुमा॥

प्रश्न—'वाला' अर्थक 'मत्' और 'वत्' का ही उल्लेख क्यों किया गया है?

उत्तरः—संस्कृत में 'वाला' अर्थ में 'मत्' एवं 'वत्' के अतिरिक्त अन्य प्रत्ययों की भी प्राप्ति हुआ करती है। जैसे-धनवाला = धनी और अर्थ वाला = अर्थिक, इसलिये आचार्य श्री का मन्तव्य यह है कि उपरोक्त प्राकृत भाषा में 'वाला' अर्थ को बतलाने वाले जो नव-आदेश कहे गये हैं, वे केवल संस्कृत प्रत्यय 'मत्' अथवा 'वत्' के स्थान पर ही आदेश रूप से प्राप्त हुआ करते हैं, न कि अन्य 'वाला' अर्थक प्रत्ययों के स्थान पर आते हैं। इसलिये मुख्यतः 'मत्' और 'वत्' का उल्लेख किया गया है। प्राप्त 'वाला' अर्थक अन्य संस्कृत-प्रत्ययों का प्राकृत-विधान अन्य सूत्रानुसार होता है। जैसे.—धनी = धणी और अर्थिक = अत्थिओ इत्यादि ॥

स्नेहमान् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप नेहालू होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७७ से हलन्त व्यञ्जन 'स्' का लोप, २-१५९ से 'वाला-अर्थक' संस्कृत प्रत्यय 'मान्' के स्थान पर 'आलु' आदेश, १-५ से 'ह' में स्थित 'अ' के साथ 'आलु' प्रत्यय के 'आ' की संधि और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में ह्रस्व उकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर *नेहालू* रूप सिद्ध हो जाता है।

दयालू रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१७७ में की गई है।

ईर्ष्यावान् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप 'ईसालू' होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, २-७८ से 'य्' का लोप, १-२६० से 'ष्' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति, २-१५९ से 'वाला-अर्थक' संस्कृत प्रत्यय 'वान्' के स्थान पर 'आलु' आदेश और शेष साधनिका 'नेहालू' के समान ही होकर *ईसालू* रूप सिद्ध हो जाता है।

लज्जावत्या संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप 'लज्जालुआ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१५९ से 'वाला-अर्थक' संस्कृत स्त्रीलिंग वाचक प्रत्यय 'वती' के स्थान पर 'आलु' आदेश, १-५ से 'ज्जा' में स्थित 'आ' के साथ 'आलु' प्रत्यय के 'आ' की संधि और ३-२९ से संस्कृत तृतीया विभक्ति के एक वचन में स्त्रीलिंग में 'टा' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत-भाषा में 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *लज्जालुआ* रूप सिद्ध हो जाता है।

शोभावान संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप सोहिल्लो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'श्' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति, १-१८७ से 'भ्' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, २-१५९ से 'वाला-अर्थक' संस्कृत प्रत्यय 'वान्' के स्थान पर प्राकृत में 'इल्ल' आदेश, १-१० से प्राप्त 'हा' में स्थित 'आ' के आगे स्थित 'इल्ल' की 'इ' होने से लोप, १-५ से प्राप्त हलन्त 'ह्' में आगे स्थित 'इल्ल' की 'इ' की संधि और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सोहिल्लो* रूप सिद्ध हो जाता है।

छायावान् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप छाइल्लो होता है। इसमें सूत्र-संख्या-१-१७७ से 'य्' का लोप, २-१५९ से 'वाला अर्थक' संस्कृत प्रत्यय 'वान्' के स्थान पर प्राकृत में 'इल्ल'

आदेश; १-१० से लोप हुए 'य' में से शेष 'आ' का आगे स्थित 'इल्ल' की 'इ' होने से लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *छाइल्लो* रूप सिद्ध हो जाता है।

यामवान् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप जामइल्लो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२४५ से 'य्' के स्थान पर 'ज्' की प्राप्ति; २-१५९ से 'वाला-अर्थक' संस्कृत प्रत्यय 'वान्' के स्थान पर प्राकृत में 'इल्ल' आदेश और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जामइल्लो* रूप सिद्ध हो जाता है।

विकारवान् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप विआरुल्लो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से 'क्' का लोप, २-१५९ से 'वाला-अर्थक' संस्कृत-प्रत्यय 'वान्' के स्थान पर प्राकृत में 'उल्ल' आदेश; १-१० से 'र' में स्थित 'अ' का आगे स्थित 'उल्ल' का 'उ' होने से लोप; १-५ से 'र्' में 'उ' की संधि और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विआरुल्लो* रूप सिद्ध हो जाता है।

श्मश्रुवान् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप मंसुल्लो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से हलन्त व्यञ्जन प्रथम 'श' का लोप; १-२६ से 'म' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति, २-७९ से 'श्रु' में स्थित 'र्' का लोप; १-२६० से लोप हुए 'र' के पश्चात् शेष रहे हुए 'शु' के 'श' को 'स' की प्राप्ति; २-१५९ से वाला अर्थक संस्कृत-प्रत्यय 'वान्' के स्थान पर प्राकृत में 'उल्ल' आदेश; १-१० से 'सु' में स्थित 'उ' का आगे स्थित 'उल्ल' का 'उ' होने से लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मंसुल्लो* रूप सिद्ध हो जाता है।

दर्पवान् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप दप्पुल्लो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप; २-८९ से लोप हुए 'र्' के पश्चात् शेष बचे हुए 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति; २-१५९ से 'वाला-अर्थक' संस्कृत प्रत्यय 'वान्' के स्थान पर प्राकृत में 'उल्ल' आदेश; १-१० से 'प' में स्थित 'अ' स्वर का आगे 'उल्ल' प्रत्यय का 'उ' होने से लोप; १-५ से हलन्त व्यञ्जन द्वितीय 'प्' में आगे रहे हुए 'उल्ल' प्रत्यय के 'उ' की संधि और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *दप्पुल्लो* रूप सिद्ध हो जाता है।

शब्दवान् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप सद्दालो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति; २-७७ से हलन्त व्यञ्जन 'ब्' का लोप; २-८९ से 'द' को द्वित्व 'द्द' की प्राप्ति; २-१५९ से 'वाला अर्थक' संस्कृत प्रत्यय 'वान्' के स्थान पर प्राकृत में 'आल' आदेश; १-५ से 'द्द' में स्थित 'अ' स्वर के साथ प्राप्त 'आल' प्रत्यय में स्थित 'आ' स्वर की संधि और ३-२ से प्रथमा

विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सद्दालो* रूप सिद्ध हो जाता है।

जटावान् सस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप जडालो होता है। इसमे सूत्र-संख्या १-१९५ से 'ट' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति, २-१५९ से 'वाला-अर्थक' सस्कृत प्रत्यय 'वान्' के स्थान पर प्राकृत में 'आल' आदेश, १-५ से प्राप्त 'डा' मे स्थित 'आ' स्वर क साथ प्राप्त 'आल' प्रत्यय मे स्थित 'आ' स्वर की सधि और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जडालो* रूप सिद्ध हो जाता है।

फटावान् सस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप फडालो होता है। इसकी साधनिका उपरोक्त 'जडालो' रूप के समान ही होकर *फडालो* रूप सिद्ध हो जाता है।

रसवान सस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप रसालो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१५९ से 'वाला-अर्थक' सस्कृत प्रत्यय 'वान्' के स्थान पर प्राकृत में 'आल' आदेश, १-५ से 'स' मे स्थित 'अ' स्वर के साथ आगे प्राप्त 'आल' प्रत्यय मे स्थित 'आ' स्वर की दीर्घात्मक सधि, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *रसालो* रूप सिद्ध हो जाता है।

ज्योत्स्नावान् सस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप जोण्हालो होता है। इसमें सूत्र-सख्या २-७८ से 'य्' का लोप, २-७७ से 'त्' का लोप, २-७५ से 'स्न्' के स्थान पर 'ण्ह' आदेश, २-१५९ से 'वाला-अर्थक' संस्कृत प्रत्यय 'वान्' के स्थान पर प्राकृत मे 'आल' आदेश, १-५ से प्राप्त 'ण्हा' में स्थित 'आ' स्वर के साथ आगे आये हुए 'आल' प्रत्यय में स्थित 'आ' स्वर की दीर्घात्मक सधि और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जोण्हालो* रूप सिद्ध हो जाता है।

धनवान् सस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप धणवन्तो होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-२२८ से प्रथम 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, २-१५९ से 'वाला-अर्थक' सस्कृत प्रत्यय वान' के स्थान पर प्राकृत में 'वन्त' आदेश और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन मे अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *धणवन्तो* रूप सिद्ध हो जाता है।

भक्तिमान सस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप भत्तिवन्तो होता है। इसमे सूत्र-सख्या २-७७ से 'क्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'क्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ति' मे स्थित 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति, २-१५९ से 'वाला-अर्थक' सस्कृत प्रत्यय 'मान्' के स्थान पर प्राकृत मे 'वन्त' आदेश और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्न पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *भत्तिवन्तो* रूप सिद्ध हो जाता है।

हणुमन्तो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या *१-१२१* में की गई है।

श्रीमान् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप सिरिमन्तो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१०४ से श्री में स्थित श् में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति, १-२६० से प्राप्त 'शि' में स्थित श् के स्थान पर स् की प्राप्ति १-८४ से प्राप्त 'री' में स्थित 'ई' के स्थान पर ह्रस्व इ की प्राप्ति २-१५९ से वाला अर्थक संस्कृत प्रत्यय मान् के स्थान पर प्राकृत में 'मन्त' आदेश और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सिरिमन्तो* रूप सिद्ध हो जाता है।

पुण्यवान् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप पुण्णमन्तो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७८ से 'य्' का लोप २-८९ से लोप हुए 'य' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ण' को द्वित्व 'ण्ण' की प्राप्ति, २-१५९ से 'वाला-अर्थक' संस्कृत प्रत्यय 'वान्' के स्थान पर प्राकृत में 'मन्त' आदेश और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पुण्णमन्तो* रूप सिद्ध हो जाता है।

काव्यवान् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप कव्वइत्तो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर प्रथम 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति २-७८ से 'य्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'य' के पश्चात् शेष रहे हुए 'व' का द्वित्व 'व्व' की प्राप्ति २-१५९ से 'वाला-अर्थक' संस्कृत प्रत्यय 'वान्' के स्थान पर प्राकृत में 'इत्त' आदेश और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *कव्वइत्तो* रूप सिद्ध हो जाता है।

मानवान् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप माणइत्तो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२२८ से प्रथम 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति २-१५९ से 'वाला-अर्थक' संस्कृत प्रत्यय 'वान्' के स्थान पर प्राकृत में 'इत्त' आदेश और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *माणइत्तो* रूप सिद्ध हो जाता है।

गर्ववान् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप गव्विरो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से लोप हुए र् के पश्चात् शेष रहे हुए 'व' को द्वित्व 'व्व' की प्राप्ति २-१५९ से 'वाला-अर्थक' संस्कृत प्रत्यय 'वान्' के स्थान पर प्राकृत में 'इर' आदेश १-१० से प्राप्त 'व्व' में रहे हुए 'अ' का आगे प्राप्त 'इर' प्रत्यय में स्थित 'इ' होने से लोप' १-५ से प्राप्त हलन्त 'व्व्' में आगे स्थित 'इर' प्रत्यय के 'इ' की संधि' और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *गव्विरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

रेखावान् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप रेहिरो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१८७ से 'ख' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति; २-१५९ से 'वाला-अर्थक' संस्कृत प्रत्यय 'वान्' के स्थान पर प्राकृत

में 'इर आदेश, १-१० से प्राप्त 'ह' में रहे हुए 'आ' का आगे प्राप्त 'इर' प्रत्यय में स्थित 'इ' होने से लोप, १-५ से प्राप्त हलन्त 'ह् में आगे स्थित 'इर' प्रत्यय के 'इ' की संधि, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *रेहिरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

धनवान् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप धणमणो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, २-१५९ से 'वाला-अर्थक' संस्कृत प्रत्यय 'वान्' के स्थान पर प्राकृत में 'मण' आदेश और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *धणमणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

हनुमान् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप हणुमा होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२२८ से प्रथम 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति और २-१५९ की वृत्ति से संस्कृत 'वाला-अर्थक' प्रत्यय 'मान्' के स्थान पर प्राकृत में 'मा' आदेश की प्राप्ति होकर *हणुमा* रूप सिद्ध हो जाता है।

धनी संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप धणी होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२२८ से 'न्' का 'ण' होकर *धणी* रूप सिद्ध हो जाता है।

आर्थिक संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप अत्थिओ होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'थ्' को द्वित्व थ्थ् की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त हुए 'प्रथम' 'थ' के स्थान पर 'त्' की प्राप्ति, १-७७ से 'क्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अत्थिओ* रूप सिद्ध हो जाता है ॥२-१५९॥

त्तो दो तसो वा ॥२-१६०॥

तसः प्रत्ययस्य स्थाने त्तो दो इत्यादेशौ वा भवतः ॥ सव्वत्तो सव्वदो। एकत्तो एकदो। अन्नत्तो अन्नदो। कत्तो कदो। जत्तो जदो। तत्तो तदो। इत्तो इदो॥ पक्षे सव्वओ इत्यादि।

अर्थः—संस्कृत में–'अमुक से' अर्थ में प्राप्त होने वाले 'त' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में 'त्तो' और 'दो' ऐसे ये दो आदेश वैकल्पिक रूप से प्राप्त हुआ करते हैं। जैसे—सर्वत =सव्वत्तो अथवा सव्वदो। वैकल्पिक पक्ष में 'सव्वओ' भी होता है। एकत =एकत्तो अथवा एकदो। अन्यत =अन्नत्तो अथवा अन्नदो। कुत्त =कत्तो अथवा कदो। यत =जत्तो अथवा जदो। तत =तत्तो अथवा तदो। इत =इत्तो अथवा इदो। इत्यादि।

सर्वत संस्कृत अव्यय रूप है। इसके प्राकृत रूप सव्वत्तो, सव्वदो और सव्वओ होते हैं। इनमें से प्रथम दो रूपों में सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र्' के पश्चात शेष बचे हुए

'थ' को द्वित्व 'त्थ' की प्राप्ति और २-१६० संस्कृत प्रत्यय 'त' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'त्तो और दो' आदेशों की प्राप्ति होकर क्रम से सव्वत्तो और सव्वदो यों प्रथम दो रूपों की सिद्धि हो जाती है।

तृतीय रूप सव्वओ की सिद्धि सूत्र-संख्या १-३७ में की गई है।

एकतः संस्कृत अव्यय रूप है। इसके प्राकृत रूप एकत्तो और एकदो होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या २-१६० से संस्कृत प्रत्यय 'त' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'त्तो' और 'दो' आदेशों की प्राप्ति होकर क्रम से एकत्तो और एकदो यों दोनों रूपों की सिद्धि हो जाती है।

अन्यतः संस्कृत अव्यय रूप है। इसके प्राकृत रूप अन्नत्तो और अन्नदो होते हैं। इनमें सूत्र संख्या-२-७८ से य् का लोप; ८९ से लोप हुए 'य्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'न' को द्वित्व 'न्न' की प्राप्ति २-१६० से संस्कृत प्रत्यय 'त' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'त्तो और 'दो' आदेशों की प्राप्ति होकर क्रम से अन्नत्तो और अन्नदो यों दोनों रूपों की सिद्धि हो जाती है।

कुतः संस्कृत अव्यय रूप है। इसके प्राकृत रूप कत्तो और कदो होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-७१ से 'कु' के स्थान पर 'क' की प्राप्ति और २-१६० से संस्कृत प्रत्यय 'त' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'त्तो और 'दो' आदेशों की प्राप्ति होकर क्रम से कत्तो और कदो यों दोनों रूपों की सिद्धि हो जाती है।

यतः संस्कृत अव्यय रूप है। इसके प्राकृत रूप जत्तो और जदो होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-२४५ से 'य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति और २-१६० से संस्कृत प्रत्यय त के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'त्तो और दो आदेशों की प्राप्ति होकर क्रम से जत्तो और जदो यों दोनों रूपों की सिद्धि हो जाती है।

ततः संस्कृत अव्यय रूप है। इसके प्राकृत रूप तत्तो और तदो होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या २-१६० से संस्कृत प्रत्यय त' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'त्तो और 'दो आदेशों की प्राप्ति होकर क्रम से तत्तो और तदो यों दोनों रूपों की सिद्धि हो जाती है।

इतः संस्कृत अव्यय रूप है। इसके प्राकृत रूप इत्तो और इदो होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या २-१६० से संस्कृत प्रत्यय त के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'त्तो और 'दो आदेशों की प्राप्ति होकर क्रम से इत्तो और इदो यों दोनों रूपों की सिद्धि हो जाती है। ॥२-१६०॥

त्रपो हि-ह-त्थाः ॥२-१६१॥

त्रप् प्रत्ययस्य एते भवन्ति ॥ यत्र । जहि । जह । जत्थ । तत्र । तहि । तह । तत्थ ॥ कुत्र । कहि । कह । कत्थ । अन्यत्र । अन्नहि । अन्नह । अन्नत्थ ॥

अर्थ—संस्कृत में स्थान वाचक 'त्र प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में 'हि', 'ह' और 'त्थ यों तीन आदेश क्रम से होते हैं। उदाहरण इस प्रकार हैं:-यत्र=जहि अथवा जह अथवा जत्थ ॥ तत्र=तहि अथवा

तह अथवा तत्थ ॥ कुत्र = कहि अथवा कह अथवा कत्थ और अन्यत्र = अन्नहि अथवा अन्नह अथवा अन्नत्थ ॥

यत्र सस्कृत अव्यय रूप है। इसके प्राकृत रूप जहि, जह और जत्थ होते हैं। इनमे सूत्र-सख्या १-२४५ से 'य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति और २-१६१ से 'त्र' प्रत्यय के स्थान पर क्रम से प्राकृत में 'हि', 'ह' और 'त्थ' आदेशो की प्राप्ति होकर क्रम से तीनों रूप *जहि*, *जह* और *जत्थ* सिद्ध हो जाते हैं।

तत्र संस्कृत अव्यय रूप है। इसके प्राकृत रूप तहि, तह और तत्थ होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या २-१६१ से 'त्र' प्रत्यय के स्थान पर क्रम से प्राकृत 'हि', 'ह' और 'त्थ' आदेशो की प्राप्ति होकर क्रम से तीनों रूप *तहि, तह* और *तत्थ* सिद्ध हो जाते हैं।

कुत्र सस्कृत अव्यय रूप है। इसके प्राकृत रूप कहि, कह और कत्थ होते हैं। इनमें सूत्र-सख्या ३-७१ से 'कु' के स्थान पर 'क' की प्राप्ति और २-१६१ से 'त्र' प्रत्यय के स्थान पर क्रम से प्राकृत में 'हि' 'ह' और 'त्थ' आदेशों की प्राप्ति होकर क्रम से तीनो रूप *कहि*, *कह* और *कत्थ* सिद्ध हो जाते हैं।

अन्यत्र संस्कृत अव्यय रूप है। इसके प्राकृत रूप अन्नहि, अन्नह और अन्नत्थ होते हैं। इनमें सूत्र सख्या २-७८ से 'य' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'य्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'न' को द्वित्व 'न्न' की प्राप्ति और २-१६१ से 'त्र' प्रत्यय के स्थान पर क्रम से प्राकृत में 'हि', 'ह' और 'त्थ' आदेशों की प्राप्ति होकर क्रम से तीनो रूप *अन्नहि, अन्नह* और *अन्नत्थ* सिद्ध हो जाते हैं ॥२-१६१॥

वैकाद्दः सि सिअं इआ ॥२-१६२॥

एक शब्दात् परस्य दा प्रत्ययस्य सि सिअं इआ इत्यादेशा वा भवन्ति ॥ एकदा । एक्कसि । एक्कसिअं । एक्कइआ । पक्षे । एगया ॥

अर्थ—सस्कृत शब्द 'एक' के पश्चात् रहे हुए 'दा' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में क्रम से तथा वैकल्पिक रूप से 'सि' अथवा सिअं अथवा 'इआ' आदेशो की प्राप्ति हुआ करती है। जैसे —एकदा= एक्कसि अथवा एक्कसिअं अथवा एक्कइआ। वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में एगया भी होता है।

एकदा सस्कृत अव्यय रूप है। इसके प्राकृत रूप एकदा, एक्कसि, एक्कसिअं, एक्कइआ और एगया होते हैं। इनमें से प्रथम रूप 'एकदा' सस्कृत रूपवत् होने से इसको साधनिका की आवश्यकता नहीं है। अन्य द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ रूपों में सूत्र-सख्या २-९८ से 'क' के स्थान पर द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति और २-१६२ से सस्कृत प्रत्यय 'दा' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से एव वैकल्पिक रूप से 'सि', 'सिअं' और 'इआ' आदेशों की प्राप्ति होकर क्रम से *एक्कसि, एक्कसिअं* और *एक्कइआ* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

पचम रूप-(एकदा=) एगया में सूत्र-सख्या १-१७७ की वृत्ति से अथवा ४-३९६ से 'क' के स्थान

उपरितनम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप उवरिल्ल होता है इसमें सूत्र-संख्या १-२३१ से 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति, २-१६३ से संस्कृत 'तत्र-भव' वाचक प्रत्यय 'तन' के स्थान पर 'इल्ल' प्रत्यय की प्राप्ति; १-१० से 'रि' में स्थित 'इ' स्वर का आगे इल्ल' प्रत्यय की 'इ होने से लोप, १-५ से हलन्त व्यञ्जन 'र्' मे 'इल्ल' के 'इ' की संधि, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर उवरिल्लं रूप सिद्ध हो जाता है।

आत्मीयम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप अप्पुल्ल होता है। इसमे सूत्र-संख्या २-५१ से 'त्म' के स्थान पर द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति, १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति, २-१६३ से संस्कृत 'तत्र-भव वाचक प्रत्यय इय' के स्थान पर प्राकृत में उल्ल' प्रत्यय की प्राप्ति, -१० से प्राप्त 'प्प' में स्थित 'अ' स्वर का आगे उल्ल' प्रत्यय का 'उ' होने से लोप, १-५ से हलन्त व्यञ्जन प्प' में 'उल्ल' प्रत्यय के 'उ' की संधि, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर अप्पुल्लं रूप सिद्ध हो जाता है ॥२-१६३॥

स्वार्थे कश्च वा ॥२-१६४॥

स्वार्थे कश्चकारादिल्लोल्लौ डितौ प्रत्ययौ वा भवतः ॥ क। कुङ्कुम पिञ्जरयं। चन्दओ। गयणयम्मि। धरणीहर-पक्खुब्भन्तय। दुहिअए राम-हिअयए। इहयं। आलेठ्ठुअं। आश्लेष्टु-मित्यर्थः ॥ द्विरपि भवति। बहुअयं ॥ ककारोच्चारणं पैशाचिक-भाषार्थम्। यथा। वतनके वतनकं समप्पेत्तून ॥ इल्ल। निज्जिअासोअ पल्लविल्लेण पुरिल्लो। पुरो पुरा वा ॥ उल्ल। मह पिउल्लओ। मुहुल्लं। हत्थुल्ला। पक्खे चन्दो। गयणं। इह। आलेट्ठुं बहु। बहुअं। मुहं। हत्था ॥ कुत्सादि विशिष्टे तु संस्कृतवदेव कप् सिद्धः ॥ यावादिलक्षणः कः प्रतिनियत विषय एवेति वचनम् ॥

अर्थः—'स्वार्थ' में 'क' प्रत्यय की प्राप्ति हुआ करती है और कभी कभी वैकल्पिक रूप से 'स्व-अर्थ' में 'इल्ल' और 'उल्ल' प्रत्ययों की भी प्राप्ति हुआ करती है। 'क' से सम्बन्धित उदाहरण इस प्रकार है —कुङ्कुम पिंजरम् = कुङ्कुम पिञ्जरयं, चन्द्रक = चन्दओ, गगने = गयणयम्मि, धरणी-धर-पक्षोद्भातम् = धरणीहर-पक्खुब्भन्तय, दुःखिते राम हृदये = दुहिअए रामहिअयए, इह = इहयं, आश्लेष्टुम् = आलेठ्ठुअं इत्यादि ॥ कभी कभी 'स्व-अर्थ' में दो 'क' की भी प्राप्ति होती हुई देखी जाती है। जैसे.—बहुक-कम् = बहुअयं। यहाँ पर 'क' का उच्चारण पैशाचिक-भाषा की दृष्टि से है। जैसे -वदने वदन समर्पित्वा = वतन के वतनकं समप्पेत्तून इत्यादि। 'इल्ल' प्रत्यय से सम्बन्धित उदाहरण इस प्रकार है -निर्जिताशोक पल्लवेन = निज्जिअासोअ-पल्लविल्लेण, पुरो अथवा पुरा = पुरिल्लो, इत्यादि। 'उल्ल' प्रत्यय से संबधित

उदाहरण इस प्रकार हैं—ममपितृक=मह-पिउक्कओ; मुक्त (क) म्=मुहुल्लं, हस्ता=(हस्तका)=हत्थुल्ला इत्यादि। पक्षान्तर में चन्दो गयणं इह आलेट्ठु वह बहुयं मुहं और हत्था रूपों का प्राप्ति भी होती है। कुत्सा अल्पज्ञान आदि अर्थ में प्राप्त होने वाला 'क' संस्कृत-व्याकरण के समान ही होता है। ऐसे विशेष अर्थ में 'क' की सिद्धि संस्कृत के समान ही जानना। 'यावादिलक्षण' रूप से प्राप्त होने वाला 'क' सूत्रानुसार ही प्राप्त होता है और उसका उद्देश्य भी उसी तात्पर्य को बतलाने वाला होता है।

कुङ्कुमपिञ्जर (क) म्=संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप कुङ्कुम पिञ्जरयं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१६४ से स्वार्थ में 'क' प्रत्यय की प्राप्ति; १-१७७ से प्राप्त 'क' का लोप; १-१८० से लोप हुए 'क' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *कुङ्कुमपिञ्जरयं* रूप सिद्ध होता है।

गगने (=गगनक) संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप गयणयम्मि होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से द्वितीय 'ग्' का लोप; १-१८० से लोप हुए द्वितीय 'ग्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति; १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति; २-१६४ से स्व-अर्थ में 'क' प्रत्यय की प्राप्ति; १-१७७ से प्राप्त 'क' का लोप; १-१८० से लोप हुए 'क्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति और ३-११ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'ङि' के स्थान पर प्राकृत में 'म्मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *गयणयम्मि* रूप सिद्ध हो जाता है।

धरणी धर-पक्षोद्भ्रान्तम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप धरणी हर-पक्खुब्भन्तयं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१८७ से द्वितीय 'ध' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति; २-३ से 'क्ष्' के स्थान पर 'ख' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'ख' का द्वित्व 'ख्ख' की प्राप्ति; २-९० से प्राप्त पूर्व 'ख्' के स्थान पर 'क्' की प्राप्ति; १-८४ से दीर्घ स्वर 'ओ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' की प्राप्ति एवं १-५ से हलन्त 'क्' के साथ सम्मिलित होकर 'क्खु' की प्राप्ति; २-७७ से हलन्त व्यञ्जन 'द्' का लोप; २-८९ से लोप हुए 'द्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'भ' का द्वित्व 'भ्भ' की प्राप्ति; २-९० से प्राप्त पूर्व 'भ्' के स्थान पर 'ब' की प्राप्ति; १-८४ से 'भ्रा' में स्थित दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति; १-२६ से 'भ' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति; १-३० से प्राप्त अनुस्वार के स्थान पर आगे 'त' वर्ण होने से 'त' वर्ग के पंचमाक्षर रूप 'न' की प्राप्ति; २-१६४ से 'स्व-अर्थ' में 'क' प्रत्यय की प्राप्ति; १-१७७ से 'क' का लोप; १-१८० से लोप हुए 'क' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *धरणी हर-पक्खुब्भन्तयं* रूप सिद्ध हो जाता है।

दुर्दिनम् (=दुर्दिनक) संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप दुद्दिणयं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१८७ से 'ध' के स्थान पर 'ह' आदेश; १-१७७ से 'त्' का लोप; २-१६४ से स्व-अर्थ में

'क' प्रत्यय की प्राप्ति, १-१७७ से प्राप्त 'क' का लोप और ३-११ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *दुहिअए* रूप सिद्ध हो जाता है।

राम-हृदये (=राम-हृदयके) संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप राम-हिअयए होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१२८ से 'ऋ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति; १-१७७ से 'द्' का लोप, २-१६४ से 'स्व-अर्थ' में 'क' प्रत्यय की प्राप्ति, १-१७७ से प्राप्त 'क्' का लोप और ३-११ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में अकारान्त में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *राम-हिअयए* रूप सिद्ध हो जाता है।

इहयं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२४ में की गई है।

आलेट्ठुअं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२४ में की गई है।

बहुम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप बहुअयं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१६४ की वृत्ति से मूल रूप 'बहु' में दो 'ककारों' की प्राप्ति, १-१७७ से प्राप्त दोनों 'क्' का हलन्त रूप से लोप, १-१८० से लोप हुए द्वितीय 'क्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *बहुअयं* रूप सिद्ध हो जाता है।

वदने संस्कृत रूप है। इसका पैशाचिक-भाषा में वतनके रूप होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-३०७ से 'द' के स्थान पर 'त' की प्राप्ति, २-१६४ से 'स्व-अर्थ' में 'क' प्रत्यय की प्राप्ति, और ३-११ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में अकारान्त में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वतनके* रूप में सिद्ध हो जाता है।

वदनम् संस्कृत द्वितीयान्त रूप है। इसका पैशाचिक-भाषा में वतनकं रूप होता है। 'वतनक' रूप तक की साधनिका उपरोक्त 'वतनके' के 'वतनक' समान ही जानना, ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में अकारान्त में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *वतनकं* रूप सिद्ध हो जाता है।

समर्पित्वा संस्कृत कृदन्त रूप है। इसका पैशाचिक भाषा में समप्पेत्तून रूप होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र्' के पश्चात शेष रहे हुए 'प्' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति, ३-१५७ से मूल रूप में 'तूण' प्रत्यय की प्राप्ति होने से 'समप्प' धातु में स्थित अन्त्य 'अ' विकरण प्रत्यय के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति, (नोट —सूत्र-संख्या ४-२३९ से हलन्त धातु 'समप्प्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति हुई है), २-१४६ से कृदन्त वाचक संस्कृत प्रत्यय 'त्वा' के स्थान पर 'तूण' प्रत्यय की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'तूण' प्रत्यय में स्थित 'त्' के स्थान पर द्वित्व 'त्त्' की प्राप्ति, और ४-३०६ से प्राकृत भाषा के शब्दों में स्थित 'ण' के स्थान पर पैशाचिक-भाषा में 'न' की प्राप्ति होकर *समप्पेत्तून* रूप सिद्ध हो जाता है।

निर्जिताशोक-पल्लवेन संस्कृत तृतीयान्त रूप है। इसका प्राकृत-रूप निज्जिआसोअ-पल्लविल्लेण होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से हलन्त 'र्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ज्' को द्वित्व 'ज्ज'

की प्राप्ति; १-१७७ से 'त्' और 'क्' का लोप; १-२६ से 'स्' के स्थान पर 'सं' की प्राप्ति; २-१६४ से स्व-अर्थ में 'डिल्ल' प्रत्यय की प्राप्ति; प्राप्त 'डिल्ल' प्रत्यय में इत्-संज्ञक 'ड्' होने से 'व' में स्थित अन्त्य 'अ' का लोप एवं १-५ से प्राप्त 'इल्ल' प्रत्यय की 'इ' की प्राप्त हलन्त 'व्' में संधि और ३-६ से संस्कृत तृतीया विभक्ति के एक वचन में प्राप्त 'टा' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति एवं ३-१४ से प्राप्त 'ण' प्रत्यय के पूर्व में स्थित 'ल्ल' के 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति होकर *निजिसमाणोअ-पत्तविल्लेण* रूप सिद्ध हो जाता है।

पुरः अथवा *पुरा* संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पुरिल्लो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१६४ से 'स्व-अर्थ' में 'डिल्ल' प्रत्यय की प्राप्ति; प्राप्त 'डिल्ल' प्रत्यय में इत्-संज्ञक 'ड्' होने से 'रो' के 'ओ' की अथवा 'रा' के 'आ' की इत्-संज्ञा; १-५ से प्राप्त 'इल्ल' प्रत्यय की 'इ' की प्राप्त हलन्त 'र्' में संधि और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पुरिल्लो* रूप सिद्ध हो जाता है।

ममपितृक संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मह-पिउल्लओ होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-१११ से संस्कृत रूप 'मम' के स्थान पर 'मह' आदेश; १-१७७ से 'त्' का लोप; २-१६४ से संस्कृत 'स्व-भाव द्योतक प्रत्यय 'क' के स्थान पर प्राकृत में 'डुल्ल' प्रत्यय की प्राप्ति; प्राप्त 'डुल्ल' प्रत्यय में 'ड्' इत्-संज्ञक होने से 'तृ' में से लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए स्वर 'ऋ' की इत्-संज्ञा; १-१७७ से 'क्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मह-पिउल्लओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

मुखम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप मुहुल्लं और मुहं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-१८७ से 'ख' के स्थान पर 'ह' आदेश; २-१६४ से 'स्व-अर्थ' में 'डुल्ल' प्रत्यय की प्राप्ति; प्राप्त 'डुल्ल' प्रत्यय में 'ड्' इत्-संज्ञक होने से प्राप्त 'ह' में स्थित 'अ' की इत्-संज्ञा; १-५ से प्राप्त हलन्त 'ह्' में प्राप्त प्रत्यय 'उल्ल' के 'उ' की संधि; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *मुहुल्लं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप *मुहं* की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१८७ में की गई है।

हस्तौ संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप हत्थुल्ला और हत्था होते हैं। इनमें सूत्र संख्या २-४५ से 'स्त' के स्थान पर 'थ' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'थ' के स्थान पर द्वित्व 'थ्थ' की प्राप्ति; २-९० से प्राप्त पूर्व 'थ्' के स्थान पर 'त्' की प्राप्ति; २-१६४ से 'स्व-भाव' में वैकल्पिक रूप से 'डुल्ल' प्रत्यय की प्राप्ति; प्राप्त 'डुल्ल' प्रत्यय में 'ड्' इत्-संज्ञक होने से प्राप्त 'त्थ' में स्थित 'अ' की इत्संज्ञा; १-५ से प्राप्त हलन्त 'त्थ्' में प्राप्त प्रत्यय 'उल्ल' के 'उ' की संधि; ३-१३० से संस्कृत रूप में स्थित द्विवचन के स्थान पर प्राकृत में बहुवचन की प्राप्ति; तदनुसार ३-४ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में अकारान्त पुल्लिंग में प्राप्त संस्कृत प्रत्यय 'जस्' का लोप और ३-१२ से प्राप्त एवं लुप्त प्रत्यय 'जस्' के कारण से 'ल्ल' में स्थित अथवा वैकल्पिक पक्ष होने से 'त्थ' में स्थित 'अ' स्वर के दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति होकर क्रम से *हत्थुल्ला* और *हत्था* दोनों रूप सिद्ध हो जाते हैं।

चन्द्रो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-३० में की गई है।

गगनम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप गयण होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से द्वितीय 'ग्' का लोप; १-१८० से लोप हुए 'ग्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति; १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *गयणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

इह रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-९ में की गई है।

आश्लेष्टुम् संस्कृत कृदन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप आलेट्ठुं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से 'श्' का लोप, २-३४ से 'ष्ट्' के स्थान पर 'ठ्' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ठ्' को द्वित्व 'ठ्ठ्' की प्राप्ति; २-९० से प्राप्त पूर्व 'ठ्' के स्थान पर 'ट्' की प्राप्ति और १-२३ से अन्त्य हलन्त 'म्' का अनुस्वार होकर *आलेट्ठुं* रूप सिद्ध हो जाता है।

वहु (कं) संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप वहु और वहुअं होते हैं। प्रथम रूप 'वहु' संस्कृत 'वत्' सिद्ध ही है। द्वितीय-रूप में सूत्र संख्या २-१६४ से स्व-अर्थ में 'क' प्रत्यय की प्राप्ति, १-१७७ से प्राप्त 'क्' प्रत्यय का लोप; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर द्वितीय रूप *वहुअं* भी सिद्ध हो जाता है ॥२-१६४॥

ल्लो नवैकाद्वा ॥ २-१६५ ॥

आभ्यां स्वार्थे संयुक्तो लो वा भवति ॥ नवल्लो । एकल्लो ॥ सेवादित्वात् कस्य द्वित्वे एक्कल्लो । पक्षे । नवो । एक्को । एओ ॥

अर्थ—संस्कृत शब्द 'नव' और 'एक' में स्व-अर्थ में प्राकृत-भाषा में वैकल्पिक रूप से द्वित्व 'ल्ल' प्रत्यय की प्राप्ति होती है। जैसे—नव = नवल्लो अथवा नवो। एक = एकल्लो अथवा एओ ॥ सूत्र संख्या २-९९ के अनुसार एक शब्द सेवादि-वर्ग वाला होने से इसमें स्थित 'क्' को वैकल्पिक रूप से द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति हो जाती है, तद-नुसार 'एक' के प्राकृत रूप 'स्व-अर्थ' में एक्कल्लो' और 'एक्को' भी होते हैं।

नव. संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत-रूप (स्वार्थ बोधक प्रत्यय के साथ) नवल्लो और नवो होते हैं इनमें सूत्र संख्या २-१६५ से स्व-अर्थ में वैकल्पिक रूप से संयुक्त अर्थात् द्वित्व 'ल्ल' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से *नवल्लो* और *नवो* दोनों रूप सिद्ध जाते हैं।

एक संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप-(स्वार्थ-बोधक प्रत्यय के साथ)-एकल्लो, एक्कल्लो, एक्को और एओ होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-१६५ से 'स्व-अर्थ' में वैकल्पिक रूप से संयुक्त अर्थात् द्वित्व ल्ल' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर

ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप एकल्लो सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(एक=) एक्कल्लो में सूत्र-संख्या २-९९ से 'क' के स्थान पर द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप एक्कल्लो सिद्ध हो जाता है।

तृतीय रूप एक्कओ और चतुर्थ रूप एओ की सिद्धि सूत्र-संख्या २-९९ में की गई है ॥ २-१६५ ॥

उपरेः सव्याने ॥२-१६६॥

संव्यानेर्थे वर्तमानादुपरि शब्दात् स्वार्थे ल्लो भवति ॥ अवरिल्लो ॥ संव्यान इति किम् । अवरिं ॥

अर्थ—'ऊपर का कपड़ा' इस अर्थ में यदि 'उपरि' शब्द रहा हुआ हो तो 'स्व-अर्थ' में 'उपरि' शब्द के साथ 'ल्ल' प्रत्यय की प्राप्ति होती है। जैसे—उपरितनः=अवरिल्लो।

प्रश्नः—संव्यान=ऊपर का कपड़ा' ऐसा होने पर ही उपरि-'अवरि' के साथ में 'ल्ल' प्रत्यय की प्राप्ति होती है ऐसा प्रतिबंधात्मक उल्लेख क्यों किया गया है ?

उत्तरः—यदि 'उपरि' शब्द का अर्थ 'ऊपर का कपड़ा' नहीं होकर केवल ऊपर सूचक अर्थ ही होगा तो ऐसी स्थिति में स्व-अर्थ बोधक 'ल्ल' प्रत्यय की प्राप्ति प्राकृत साहित्य में नहीं देखी जाती है इसीलिये प्रतिबन्धात्मक उल्लेख किया गया है। जैसे—उपरि=अवरिं ॥

उपरितनः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप-(स्वार्थ-बोधक प्रत्यय के साथ) अवरिल्लो होता है इसमें सूत्र-संख्या १-१११ से 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति; १-१०७ से 'उ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति; २-१६६ से संस्कृत स्व-अर्थ बोधक प्रत्यय 'तन' के स्थान पर प्राकृत में 'ल्ल' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अवरिल्लो* रूप सिद्ध हो जाता है।

अवरिं रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२६ में की गई है ॥२-१६६॥

भ्रुवो मया डमया ॥२-१६७॥

भ्रु शब्दात् स्वार्थे मया डमया इत्येतौ प्रत्ययौ भवतः ॥ भुमया । भमया ॥

अर्थ—'भ्रू' शब्द के प्राकृत रूपान्तर में 'स्व-अर्थ' में कभी 'मया' प्रत्यय आता है और कभी डमया (=अमया)-प्रत्यय आता है। 'मया' प्रत्यय के साथ में 'भ्रू' शब्द में स्थित अन्त्य 'ऊ' की इत्-संज्ञा नहीं होती है किन्तु 'डमया' प्रत्यय में आदि में स्थित 'ड्' इत्संज्ञक है अतः 'डमया' प्रत्यय की प्राप्ति के समय में 'भ्रू' शब्द में स्थित अन्त्य 'ऊ' की इत्संज्ञा हो जाती है। यह अन्तर ध्यान में रखा जाना चाहिये। उदाहरण इस प्रकार हैं:— भ्रू=भुमया अथवा भमया ॥

'क' प्रत्यय की प्राप्ति, १-१७७ मे प्राप्त 'क' का लोप और ३-११ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *दुहिअए* रूप सिद्ध हो जाता है।

दये (=राम हृदयके) संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप राम-हिअयए होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१२८ से 'ऋ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति, १-१७७ से 'द्' का लोप, २-१६४ से 'स्व-अर्थ' में 'क' प्रत्यय की प्राप्ति, १-१७७ से प्राप्त 'क्' का लोप और ३-११ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में अकारान्त में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *राम-हिअयए* रूप सिद्ध हो जाता है।

इहयं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या *१-२४* में की गई है।

आलेट्ठुअं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या *१-२४* में की गई है।

बहुग् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप बहुअयं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१६४ की वृत्ति से मूल रूप 'बहु' में दो 'ककारों' की प्राप्ति, १-१७७ से प्राप्त दोनों 'क्' का हलन्त रूप से लोप, १-१८० से लोप हुए द्वितीय 'क्' के पश्चात् शेष रहे हुए अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति, और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *बहुअयं* रूप सिद्ध हो जाता है।

वदने संस्कृत रूप है। इसका पैशाचिक-भाषा में वतनके रूप होता है। इसमें सूत्र-संख्या ४-३०७ से 'द' के स्थान पर 'त' की प्राप्ति, २-१६४ से 'स्व-अर्थ' में 'क' प्रत्यय की प्राप्ति, और ३-११ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में अकारान्त में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वतनके* रूप में सिद्ध हो जाता है।

वदनम् संस्कृत द्वितीयान्त रूप है। इसका पैशाचिक-भाषा में वतनकं रूप होता है। 'वतनक' रूप तक की साधनिका उपरोक्त 'वतनके' के 'वतनक' समान ही जानना, ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में अकारान्त में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *वतनकं* रूप सिद्ध हो जाता है।

समर्पित्वा संस्कृत कृदन्त रूप है। इसका पैशाचिक भाषा में समप्पेत्तून रूप होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'प्' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति, ३-१५७ से मूल रूप में 'तूण' प्रत्यय की प्राप्ति होने से 'समप्प' धातु में स्थित अन्त्य 'अ' विकरण प्रत्यय के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति, (नोट —सूत्र-संख्या ४-२३९ से हलन्त धातु 'समप्प में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति हुई है), २-१४६ से कृदन्त वाचक संस्कृत प्रत्यय 'त्वा' के स्थान पर 'तूण' प्रत्यय की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'तूण' प्रत्यय में स्थित त्' के स्थान पर द्वित्व 'त्त्' की प्राप्ति, और ४-३०६ से प्राकृत भाषा के शब्दों में स्थित 'ण' के स्थान पर पैशाचिक-भाषा में 'न' की प्राप्ति होकर *समप्पेत्तून* रूप सिद्ध हो जाता है।

निर्जिताशोक-पल्लवेन संस्कृत तृतीयान्त रूप है। इसका प्राकृत-रूप निज्जिआसोअ-पल्लविल्लेण होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से हलन्त 'र्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ज्' को द्वित्व 'ज्ज'

की प्राप्ति १-१७७ से 'त' और 'क' का लोप; १-२६ से 'स्' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति २-१६४ से 'स्व अर्थ में 'डिल्ल' प्रत्यय की प्राप्ति; प्राप्त 'डिल्ल' प्रत्यय में इत्-संज्ञक 'ड' होने से 'व्' में स्थित अन्त्य 'अ' का लोप एवं १-५ से प्राप्त 'इल्ल' प्रत्यय की 'इ' की प्राप्त हलन्त 'व्' में संधि और ३-६ से संस्कृत तृतीया विभक्ति के एक वचन में प्राप्त 'टा' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति एवं ३-१४ से प्राप्त 'ण' प्रत्यय के पूर्व में स्थित 'ल्ल' के 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति होकर *मिलिअमासोम-पहल्लविल्लेण* रूप सिद्ध हो जाता है।

पुरो अथवा पुरा संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पुरिल्लो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१६४ से 'स्व-अर्थ' में 'डिल्ल' प्रत्यय की प्राप्ति; प्राप्त 'डिल्ल' प्रत्यय में इत्-संज्ञक 'ड्' होने से 'रो' के 'ओ' की अथवा 'रा' के 'आ' की इत्-संज्ञा; १-५ से प्राप्त 'इल्ल' प्रत्यय की 'इ' की प्राप्त हलन्त 'र्' में संधि और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पुरिल्लो* रूप सिद्ध हो जाता है।

मम पितृकः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मह-पिउल्लओ होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-११३ से संस्कृत रूप 'मम' के स्थान पर 'मह' आदेश; १-१७७ से 'त्' का लोप; २-१६४ से संस्कृत 'स्व-अर्थ द्योतक प्रत्यय 'क' के स्थान पर प्राकृत में 'डुल्ल' प्रत्यय की प्राप्ति; प्राप्त 'डुल्ल' प्रत्यय में 'ड्' इत्-संज्ञक होने से 'पृ' में से लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए स्वर 'ऋ' की इत्-संज्ञा; १-१७७ से 'क' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मह-पिउल्लओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

मुखम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप मुहुल्लं और मुहं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-१८७ से 'ख' के स्थान पर 'ह' आदेश; २-१६४ से स्व-अर्थ में 'डुल्ल' प्रत्यय की प्राप्ति; प्राप्त 'डुल्ल' प्रत्यय में 'ड्' इत्-संज्ञक होने से प्राप्त 'ह' में स्थित 'अ' की इत्-संज्ञा; १-५ से प्राप्त हलन्त 'ह्' में प्राप्त प्रत्यय 'उल्ल' के 'उ' की संधि; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *मुहुल्लं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप *मुहं* की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१८७ में की गई है।

हस्तौ संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप हत्थुल्ला और हत्था होते हैं। इनमें सूत्र संख्या २-४५ से 'स्त' के स्थान पर 'थ' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'थ' के स्थान पर द्वित्व 'थ्थ' की प्राप्ति; २-९० से प्राप्त पूर्व 'थ्' के स्थान पर 'त्' की प्राप्ति; २-१६४ से स्व-अर्थ में वैकल्पिक रूप से 'डुल्ल' प्रत्यय की प्राप्ति; प्राप्त 'डुल्ल' प्रत्यय में 'ड्' इत्-संज्ञक होने से प्राप्त 'त्थ' में स्थित 'अ' की इत्-संज्ञा; १-५ से प्राप्त हलन्त 'त्थ्' में प्राप्त प्रत्यय 'उल्ल' के 'उ' की संधि; ३-१३० से संस्कृत रूप में स्थित द्विवचन के स्थान पर प्राकृत में बहुवचन की प्राप्ति; तदनुसार ३-४ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में अकारान्त पुल्लिंग में प्राप्त संस्कृत प्रत्यय 'जस्' का लोप और ३-१२ से प्राप्त एवं लुप्त प्रत्यय 'जस्' के कारण से 'ल्ल' में स्थित अथवा वैकल्पिक पक्ष होने से 'त्थ' में स्थित 'अ' स्वर के दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति होकर क्रम से *हत्थुल्ला* और *हत्था* दोनों रूप सिद्ध हो जाते हैं।

चन्दो रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-३० में की गई है।

गगनम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप गयणं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से द्वितीय 'ग्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'ग्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति; १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *गयणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

इह रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-९ में की गई है।

आश्लेष्टुम् संस्कृत कृदन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप आलेट्ठुं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से 'श्' का लोप, २-३४ से 'ष्ट्' के स्थान पर 'ठ्' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ठ्' को द्वित्व 'ठ्ठ्' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ठ्' के स्थान पर 'ट्' की प्राप्ति और १-२३ से अन्त्य हलन्त 'म्' का अनुस्वार होकर *आलेट्ठुं* रूप सिद्ध हो जाता है।

बहु (कं) संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप बहु और बहुअं होते हैं। प्रथम रूप 'बहु' संस्कृत 'वत्' सिद्ध ही है। द्वितीय-रूप में सूत्र संख्या २-१६४ से स्व-अर्थ में 'क' प्रत्यय की प्राप्ति, १-१७७ से प्राप्त 'क्' प्रत्यय का लोप; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर द्वितीय रूप *बहुअं* भी सिद्ध हो जाता है ॥२-१६४॥

ल्लो नवैकाद्वा ॥ २-१६५ ॥

आभ्यां स्वार्थे संयुक्तो लो वा भवति ॥ नवल्लो । एकल्लो ॥ सेवादित्वात् कस्य द्वित्वे एक्कल्लो । पक्षे । नवो । एक्को । एओ ॥

अर्थ —संस्कृत शब्द 'नव' और 'एक' में स्व-अर्थ में प्राकृत-भाषा में वैकल्पिक रूप से द्वित्व 'ल्ल' प्रत्यय की प्राप्ति होती है। जैसे —नव =नवल्लो अथवा नवो। एक =एकल्लो अथवा एओ॥ सूत्र संख्या २-९९ के अनुसार एक शब्द सेवादि-वर्ग वाला होने से इसमें स्थित 'क्' को वैकल्पिक रूप से द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति हो जाती है; तदनुसार 'एक' के प्राकृत रूप 'स्व-अर्थ' में एक्कल्लो' और 'एक्को' भी होते हैं।

नवः संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत-रूप (स्वार्थ बोधक प्रत्यय के साथ) नवल्लो और नवो होते हैं इनमें सूत्र संख्या २-१६५ से स्व-अर्थ में वैकल्पिक रूप से संयुक्त अर्थात् द्वित्व 'ल्ल' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से *नवल्लो* और *नवो* दोनों रूप सिद्ध जाते है।

एक संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप–(स्वार्थ-बोधक प्रत्यय के साथ)–एकल्लो, एक्कल्लो, एक्को और एओ होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-१६५ से 'स्व-अर्थ' में वैकल्पिक रूप से संयुक्त अर्थात् द्वित्व 'ल्ल' की प्राप्ति और ३–२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर

'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप एक्कल्लो सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(एक=) एक्कल्लो में सूत्र-संख्या २-९९ से 'क' के स्थान पर द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही होकर द्वितीय रूप एक्कल्लो सिद्ध हो जाता है।

तृतीय रूप एक्को और चतुर्थ रूप एओ की सिद्धि सूत्र-संख्या २-९९ में की गई है॥ २-१६५॥

उपरेः संव्याने ॥२-१६६॥

संव्यानेऽर्थे वर्तमानादुपरि शब्दात् स्वार्थे ल्लो भवति ॥ अवरिल्लो ॥ संव्यान इति किम्। अवरिं ॥

अर्थ—'ऊपर का कपड़ा' इस अर्थ में यदि 'उपरि' शब्द रहा हुआ हो तो स्व-अर्थ में 'उपरि' शब्द के साथ 'ल्ल' प्रत्यय की प्राप्ति होती है। जैसे—उपरितनः=अवरिल्लो।

प्रश्न—'संव्यान=ऊपर का कपड़ा' ऐसा होने पर ही 'उपरि—अवरि' के साथ में 'ल्ल' प्रत्यय की प्राप्ति होती है ऐसा प्रतिबंधात्मक उल्लेख क्यों किया गया है?

उत्तर—यदि 'उपरि' शब्द का अर्थ 'ऊपर का कपड़ा' नहीं होकर केवल 'ऊपर सूचक' अर्थ ही होगा तो ऐसी स्थिति में स्व-अर्थ बोधक 'ल्ल' प्रत्यय की प्राप्ति प्राकृत साहित्य में नहीं देखी जाती है इसीलिये प्रतिबंधात्मक उल्लेख किया गया है। जैसे—उपरि=अवरिं॥

'उपरितन' संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप-(स्वार्थ-बोधक प्रत्यय के साथ) अवरिल्लो होता है इसमें सूत्र-संख्या १-२३१ से 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति; १-१०८ से 'उ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति; २-१६६ से ही इस स्व-अर्थ बोधक प्रत्यय 'तन' के स्थान पर प्राकृत में 'ल्ल' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अवरिल्लो* रूप सिद्ध हो जाता है।

अवरिं रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२६ में की गई है॥२-१६६॥

भ्रुवो मया डमया ॥२-१६७॥

भ्रु शब्दात् स्वार्थे मया डमया इत्येतौ प्रत्ययौ भवतः ॥ भुमया। भमया ॥

अर्थ—'भ्रू' शब्द के प्राकृत रूपान्तर में स्व-अर्थ में कभी 'मया' प्रत्यय आता है और कभी 'डमया' (=अमया)-प्रत्यय आता है। 'मया' प्रत्यय के साथ में 'भ्रू' शब्द में स्थित अन्त्य 'ऊ' की इत्-संज्ञा नहीं होती है किन्तु 'डमया' प्रत्यय में आदि में स्थित 'ड्' इत्संज्ञक है अतः 'डमया' प्रत्यय की प्राप्ति के समय में 'भ्रू' शब्द में स्थित अन्त्य 'ऊ' की इत्संज्ञा हो जाती है। यह अन्तर ध्यान में रखना जाना चाहिये। उदाहरण इस प्रकार हैः—भ्रूः=भुमया अथवा भमया ॥

भुमया रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१२१ में की गई है।

भ्रू संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप (स्व-अर्थ बोधक प्रत्यय के साथ) भमया होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, २-१६७ से स्व-अर्थ' में प्राप्त प्रत्यय 'डमया' में स्थित 'ड्' इत्संज्ञक होने से प्राप्त 'भू' में स्थित अन्त्य स्वर 'ऊ' की इत्संज्ञा होकर 'अमया' प्रत्यय की प्राप्ति; १-५ से हलन्त 'म' में 'डमया' प्रत्यय में से अवशिष्ट 'अमया' के 'अ' की संधि, और १-११ से अन्त्य व्यञ्जन रूप विसर्ग का लोप होकर *भमया* रूप सिद्ध हो जाता है ॥ २-१६७ ॥

शनैसो डिअम् ॥ २-१६८ ॥

शनैस् शब्दात् स्वार्थे डिअम् भवति ॥ सणिअमवगूढो ॥

अर्थः—संस्कृत शब्द 'शनै' के प्राकृत रूपान्तर में 'स्व-अर्थ' में 'डिअम्' प्रत्यय की प्राप्ति होती है। 'डिअम्' प्रत्यय में आदि 'ड्' इत्संज्ञक होने से 'शनै' के 'ऐ' स्वर की इत्संज्ञा होकर 'इअम्' प्रत्यय की प्राप्ति होती है। जैसे–शनै अवगूढ़=सणिअम् अवगूढो अथवा सणिअमवगूढो ॥

शनैः (=शनैस्) संस्कृत अव्यय रूप है। इसका प्राकृत रूप सणिअम् होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२६० से 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति; १-२२८ से 'न्' के स्थान पर 'ण्' की प्राप्ति, २-१६८ से 'स्व-अर्थ' में 'डिअम्' प्रत्यय की प्राप्ति, प्राप्त 'डिअम् प्रत्यय में 'ड्' इत्संज्ञक होने से 'ए' स्वर की इत्संज्ञा अर्थात् लोप; १-११ से अन्त्य व्यञ्जन विसर्ग रूप 'स्' का लोप, और १-५ से प्राप्त रूप 'सण्' में पूर्वोक्त 'इअम् की संधि होकर सणिअम् रूप सिद्ध हो जाता है।

अवगूढः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप अवगूढो होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अवगूढो* रूप सिद्ध हो जाता है ॥ २-१६८ ॥

मनाको न वा डयं च ॥ २-१६९ ॥

मनाक् शब्दात् स्वार्थे डयम् डिअम् च प्रत्ययो वा भवति ॥ मणयं । मणियं । पक्षे । मणा ॥

अर्थ—संस्कृत अव्यय रूप मनाक् शब्द के प्राकृत रूपान्तर में स्व-अर्थ में वैकल्पिक रूप से कभी 'डयम' प्रत्यय की प्राप्ति होती है, कभी 'डिअम्' प्रत्यय की प्राप्ति होती है और कभी-कभी स्व-अर्थ में किसी भी प्रकार के प्रत्यय की प्राप्ति नहीं भी होती है जैसे—मनाक्=मणय अथवा मणिय और वैकल्पिक पक्ष में मणा जानना।

मनाक् संस्कृत अव्यय रूप है। इसके प्राकृत-रूप (स्व-अर्थ बोधक प्रत्यय के साथ)-मणय, मणिय और मणा होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-२२८ से 'न्' के स्थान पर 'ण्' की प्राप्ति, १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'क्' का लोप,

२-१६९ से वैकल्पिक रूप से पूर्व क्रम से 'स्व-अर्थ' में 'अयम्' और 'इमम्' प्रत्ययों की प्राप्ति; प्राप्त प्रत्ययों में 'ड्' इत्संज्ञक होने से प्राप्त रूप 'मणा' में से अन्त्य 'आ' का लोप; १-५ से प्राप्त रूप 'मण्' के साथ प्राप्त प्रत्यय रूप 'अयम्' और 'इमम्' की क्रमिक संधि; १-१८ से द्वितीय रूप 'मणिमम्' में स्थित 'म' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति और १-२३ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से दोनों रूप *मणयं* और *मणियं* सिद्ध हो जाते हैं।

तृतीय रूप-(मनाक् =) मणा में सूत्र संख्या १-२२८ से 'न्' के स्थान पर 'ण्' की प्राप्ति और १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'क्' का लोप होकर *मणा* रूप सिद्ध हो जाता है। २-१६९ ॥

मिश्राड्डालिअः ॥२-१७०॥

मिश्र शब्दात् स्वार्थे डालिअ प्रत्ययो वा भवति ॥ मीसालिअं । पक्षे । मीसं ॥

अर्थ—संस्कृत शब्द 'मिश्र' के प्राकृत रूपान्तर में 'स्व' अर्थ में वैकल्पिक रूप से 'डालिअ' प्रत्यय की प्राप्ति होती है। 'डालिअ' प्रत्यय में आदि 'ड्' इत्संज्ञक होने से 'मिश्र' में स्थित अन्त्य 'अ' की इत्संज्ञा होकर तत्पश्चात् 'आलिअ' प्रत्यय की प्राप्ति होती है। उदाहरण इस प्रकार है:—मिश्रम् = मीसालिअं और वैकल्पिक पक्ष होने से मीसं रूप भी होता है।

मिश्रम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप मीसालिअं और मीसं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप; १-४३ से ह्रस्व स्वर 'इ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति; १-२६० से 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति; २-१७० से स्व-अर्थ में 'डालिअ = आलिअ' प्रत्यय की प्राप्ति; प्राप्त प्रत्यय में 'ड्' इत्संज्ञक होने से पूर्वस्थ 'स' में स्थित 'अ' की इत्संज्ञा; १-५ से प्राप्त रूप 'मीस्' के हलन्त 'स्' के साथ प्राप्त प्रत्यय 'आलिअ' के 'आ' की संधि; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्रथम रूप *मीसालिअं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप *मीसं* की सिद्धि सूत्र संख्या १-४३ में की गई है। २-१७० ॥

रो दीर्घात् ॥२-१७१॥

दीर्घ शब्दात् परः स्वार्थे रो वा भवति ॥ दीहरं । दीहं ॥

अर्थ—संस्कृत विशेषणात्मक शब्द 'दीर्घ' के प्राकृत रूपान्तर में 'स्व' अर्थ में वैकल्पिक रूप से 'र' प्रत्यय की प्राप्ति होती है। जैसे—दीर्घम् = दीहरं अथवा दीहं ॥

दीर्घं संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत-रूप-(स्व-अर्थ-बोधक प्रत्यय के साथ)-दीहरं और दीहं होते हैं। इनमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप; १-१८७ से 'घ' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति; २-१७१ से स्व-अर्थ में वैकल्पिक रूप से 'र' प्रत्यय की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि'

प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से दोनों रूप *दीहरं* और *दीहं* सिद्ध हो जाते हैं ॥ २-१७१ ॥

त्वादेः सः ॥२-१७२॥

भावे त्व-तल् (हे० ७-१) इत्यादिना विहितात्त्वादेः परः स्वार्थे स एव त्वादि र्वा भवति ॥ मृदुकत्वेन । मउअत्तयाइ ॥ आतिशायिका त्त्वातिशायिकः संस्कृतवदेव सिद्धः । जेट्ठयरो । कणिट्ठयरो ॥

अर्थ —आचार्य हेमचन्द्र कृत संस्कृत-व्याकरण में (हे० ७-१-सूत्र में)—भाव-अर्थ में 'त्व' और 'तल्' प्रत्ययों की प्राप्ति का उल्लेख किया गया है। प्राकृत-व्याकरण में भी 'भाव अर्थ' में इन्हीं त्व' आदि प्रत्ययों की ही प्राप्ति वैकल्पिक रूप से तथा 'स्व-अर्थ-बोधकता' रूप से होती है। जैसे —मृदुकत्वेन=मउअत्तयाइ ॥ अतिशयता' सूचक प्रत्ययों से निर्मित संस्कृत-शब्दों के प्राकृत-रूपान्तर में उन्हीं 'अतिशयता' सूचक प्रत्ययों की प्राप्ति होती है, जो कि 'अतिशयता-सूचक' अर्थ में संस्कृत में आये हैं। जैसे —ज्येष्ठतरः=जेट्ठयरो। इस उदाहरण में संस्कृत-रूप में प्राप्त प्रत्यय 'तर' का ही प्राकृत रूपान्तर 'यर' हुआ है। यह 'तर' अथवा 'यर' प्रत्यय आतिशायिक स्थिति का सूचक है। दूसरा उदाहरण इस प्रकार है —कनिष्ठतर =कणिट्ठयरो। इस उदाहरण में भी प्राप्त प्रत्यय 'तर' अथवा 'यर' तार-तम्य रूप से विशेष हीनता सूचक होकर आतिशायिक-स्थिति का द्योतक है। यों अन्य उदाहरणों में भी संस्कृत भाषा में प्रयुक्त किये जाने वाले आतिशायिक स्थिति' के द्योतक प्रत्ययों की स्थिति प्राकृत-रूपान्तर में बनी रहती है।

मृदुकत्वेन संस्कृत तृतीयान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप (स्व-अर्थ बोधक प्रत्यय के साथ। मउअत्तयाइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, १-१७७ से 'द्' और 'क्' का लोप, २-७९ से 'व्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'व' के पश्चात् शेष रहे हुए 'त' को द्वित्व 'त्त की प्राप्ति, ३-३१ की वृत्ति से स्त्रीलिंग वाचक अर्थ में 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति, १-१८० से प्राप्त स्त्रीलिंग वाचक प्रत्यय 'आ' के स्थान पर 'या' की प्राप्ति और ३-२९ से तृतीया विभक्ति के एक वचन में आकारान्त स्त्रीलिंग में संस्कृत-प्रत्यय 'टा' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मउअत्तयाइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

ज्येष्ठतरः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप जेट्ठयरो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७८ से 'य्' का लोप, २-७७ से 'ष्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'ष्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ठ' के स्थान पर द्वित्व 'ठ्ठ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त हुए पूर्व 'ठ' के स्थान पर 'ट्' की प्राप्ति; १-१७७ से 'त्' का लोप; १-१८० से लोप हुए 'त' के पश्चात शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जेट्ठयरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

कनिष्ठतर. संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप कणिट्ठयरो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२२८ से 'न्' के स्थान पर 'ण्' की प्राप्ति और शेष सम्पूर्ण साधनिका उपरोक्त 'जेट्ठयरो' रूप के समान ही होकर *कणिट्ठयरो* रूप सिद्ध हो जाता है ॥ २-१७२ ॥

विद्युत्पत्र पीतान्धाॅल्ल ॥ २-१७३ ॥

एभ्यः स्वार्थे लो वा भवति । विज्जुला । पत्तलं । पीवलं । पीअलं । अन्धलो । पक्षे । विज्जू । पत्त । पीअं । अन्धो ॥ कथं जमलं । यमलमिति संस्कृत शब्दात् भविष्यति ॥

अर्थः—संस्कृत शब्द विद्युत्, पत्र, पीत और अन्ध के प्राकृत-रूपान्तर में स्व-अर्थ में वैकल्पिक रूप से 'ल' प्रत्यय की प्राप्ति होती है। जैसे-विद्युत्=विज्जुला अथवा विज्जू; पत्रम्=पत्तलं अथवा पत्तं; पीतम्=पीवलं, पीअलं अथवा पीअं और अन्धः=अन्धलो अथवा अन्धो।

प्रश्नः—प्राकृत रूप जमलं की प्राप्ति कैसे होती है ?

उत्तरः—प्राकृत रूप 'जमलं' में स्थित 'ल' स्वार्थ-बोधक प्रत्यय नहीं है; किन्तु मूल संस्कृत रूप 'यमलम्' का ही यह प्राकृत रूपान्तर है; तदनुसार 'ल' मूल-स्थिति से रहा हुआ है; न कि प्रत्यय रूप से; यह ध्यान में रहे।

विद्युत् से निर्मित *विज्जुला* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-८ में की गई है और *विज्जू* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१५ में की गई है।

पत्रम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप पत्तलं और पत्तं होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र' का लोप; २-८९ से लोप हुए 'र्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति; २-१७३ से 'स्व-अर्थ' में वैकल्पिक रूप से 'ल' प्रत्यय की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से दोनों रूप पत्तलं और पत्तं सिद्ध हो जाते हैं।

पीवलं और *पीअलं* रूपों की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२१३ में की गई है।

तृतीय रूप *पीअं* की सिद्धि भी सूत्र-संख्या १-२१३ में की गई है।

अन्धः संस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप अन्धलो और अन्धो होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या २-१७३ से 'स्व-अर्थ' में वैकल्पिक रूप से 'ल' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *अन्धलो* और *अन्धो* सिद्ध हो जाते हैं।

यमलम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप जमलं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२४५ से 'य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *जमलं* रूप सिद्ध हो जाता है ॥ २-१७३ ॥

गोणादयः ॥ २-१७४ ॥

गोणादयः शब्दा अनुक्त-प्रकृति-प्रत्यय-लोपागम-वर्णविकारा बहुलं निपात्यन्ते ॥

गौः । गोणो । गावी ॥ गावः । गावीओ ॥ बलीवर्दः । वइल्लो ॥ आपः । आऊ ॥ पञ्च पञ्चाशत् । पञ्चावण्णा । पणपन्ना । त्रिपञ्चाशत् । तेवण्णा ॥ त्रिचत्वारिंशत् । तेआलीसा ॥ व्युत्सर्गः । विउसग्गो ॥ व्युत्सर्जनम् । वोसिरणं ॥ बहिर्मैथुनं वा । बहिद्धा ॥ कार्यम् । णामुक्कसिअं ॥ क्वचित् । कत्थइ ॥ उद्वहति । मुव्वहइ ॥ अपस्मारः । वम्हलो ॥ उत्पलम् । कन्दुट्टं धिक्धिक् । छिछि । धिद्धि ॥ धिगस्तु । धिरत्थु ॥ प्रतिस्पर्धा । पडिसिद्धी । पाडिसिद्धी ॥ स्थासकः । चच्चिक्कं ॥ निलयः । निहेलण । मघवान् । मघोणो । साक्षी । सक्खिणो । जन्म । जम्मणं ॥ महान् । महन्तो । भवान् । भवन्तो ॥ आशीः । आसीसा ॥ क्वचित् हस्य ड्भौ ॥ बृहत्तरम् । वड्डयरं ॥ हिमोरः । भिमोरो ॥ ल्लस्य डुः । क्षुल्लकः । खुड्डओ । घोषाणामग्रेतनो गायनः । घायणो ॥ वडः । वढो ॥ ककुदम् । ककुधं ॥ अकाण्डम् । अत्थक्कं ॥ लज्जावती । लज्जालुइणी ॥ कुतूहलम् । कुड्डं ॥ चूतः । मायन्दो । माकन्द शब्दः संस्कृतेपीत्यन्ये ॥ विष्णुः । भट्टिओ ॥ श्मशानम् । करसी ॥ असुराः । अगया ॥ खेलम् । खेड्डं ॥ पौष्पं रजः । तिङ्गिच्छि ॥ दिनम् । अल्लं ॥ समर्थः । पक्कलो । पण्डकः । णेलच्छो ॥ कर्पासः । पलही ॥ बली । उज्जल्लो ॥ ताम्बूलम् । झसुरं ॥ पुंश्चली । छिछई ॥ शाखा । साहुली ॥ इत्यादि ॥ वाधिकारात् पक्षे यथादर्शनं गउओ इत्याद्यपि भवति ॥ गोला गोआवरी इति तु गोदागोदावरीभ्यां सिद्धम् ॥ भाषा शब्दाश्च । आहित्थ । लल्लक्क । विड्डिर । पच्चड्डिअ । उप्पेहड । मडप्फर । पडिच्छिर । अट्ट मट्ट । विहडप्फड । अज्जल्ल । हल्लप्फल्ल इत्यादयो महाराष्ट्र विदर्भादिदेशप्रसिद्धा लोकतोवगन्तव्याः ॥ क्रिया शब्दाश्च । अवयासइ । फुम्फुल्लइ उप्फालेइ । इत्यादयः । अतएव च कृष्ट-घृष्ट-वाक्य विद्वस् वाचस्पति विष्टर श्रवस्-प्रचेतस्-प्रोक्त-प्रोतादीनाम् क्विबादि प्रत्ययान्तानां च अग्निचित्सोमसुत्सुग्लसुम्लेत्यादीनां पूर्वैः कविभिरप्रयुक्तानां प्रतीतिवैषम्यपरः प्रयोगो न कर्तव्यः शब्दान्तरैरेव तु तदर्थोभिधेयः । यथा कृष्टः कुशलः । वाचस्पतिर्गुरुः विष्टरश्रवा हरिरित्यादि ॥ घृष्ट शब्दस्य तु सोपसर्गस्य प्रयोग इष्यत एव । मन्दर-यड परिघट्टं । तद्दिअस-निहट्ठाणङ्ग इत्यादि ॥ आर्षे तु यथादर्शनं सर्वमविरुद्धम् । यथा । घट्ठा । मट्ठा । विउसा । सुअ-लक्खणाणुसारेण । वक्कन्तरेसु अ पुणो इत्यादि ॥

अर्थ.—इस सूत्र में कुछ एक ऐसे शब्दों का उल्लेख किया गया है, जिनमें प्राकृत व्याकरण के अनुसार प्राप्त होने वाली प्रकृति, प्रत्यय, लोप, आगम और वर्ण विकार आदि स्थितियों का अभाव है, और जो केवल संस्कृत भाषा में प्रयुक्त किये जाने वाले शब्दों के स्थान पर प्राय प्रयुक्त किये जाते हैं। ऐसे शब्दों की स्थिति 'देशज-शब्द-समूह' के अन्तर्गत ही मानी जा सकती है। जैसे —संस्कृत शब्द 'गो' के स्थान पर गोणो अथवा गावी का प्रयोग होता है, ऐसे ही संस्कृत शब्दों के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले देशज शब्दों की सामान्य सूची इस प्रकार है — गाव = गावीओ, बलीवर्द = वइल्लो, आप=आऊ, पञ्चपञ्चाशत्=पञ्चावण्णा अथवा पणपन्ना, त्रिपञ्चाशत्=

तेवण्णा; चिचत्वारिंशत् = तेआलीसा; व्युत्सर्गः = विउसग्गो; व्युत्सर्जनम् = वोसिरणं; बहिः अथवा मैथुनम् = बहिद्धा; कार्यम् = णामुक्कसिअं; क्वचित् = कत्थइ; उद्वहति = मुव्वहइ; अपस्मारः = वम्हलो; उत्पलम् = कन्दुट्टं; धिक् धिक् = छिछि अथवा धिद्धि; धिगस्तु = धिरत्थु; प्रतिस्पर्धा = पडिसिद्धि अथवा पाडिसिद्धी; स्थासकः = चच्चिक्कं; निलयः = निहेलणं; मघवान् = मघोणो; साक्षी = सक्खिणो; जन्म = जम्मणं; महान् = महन्तो; भवान् = भवन्तो; आशीः = आसीसा। कुछ एक संस्कृत शब्दों में स्थित 'ह' के स्थान पर देशज-शब्दों में कभी 'ड्ढ' की प्राप्ति होती हुई देखी जाती है और कभी 'भ' की प्राप्ति होती हुई पाई जाती है। जैसे—बृहत्तरम् = वड्डयरं और हिमोरः = भिमोरो। कभी कभी संस्कृत शब्द में रहे हुए 'ल्ल' के स्थान पर 'ड्ड' का सद्भाव पाया जाता है जैसे—क्षुल्लकः = खुड्डओ। कभी कभी संस्कृत शब्दों में स्थित 'घोष-अल्प प्राण' प्रयत्न वाले अक्षरों के स्थान पर देशज-शब्दों में 'घोष-महा-प्राण' प्रयत्न वाले अक्षरों का अस्तित्व देखा जाता है अर्थात् वर्गीय तृतीय अक्षर के स्थान पर चतुर्थ अक्षर का सद्भाव पाया जाता है जैसे:- गायनः = घायणो; वटः = वढो और ककुदम् = ककुधं इत्यादि। अन्य देशज एवं रूढ शब्दों के कुछ एक उदाहरण इस प्रकार है—अकाण्डम् = अत्थक्कं; लज्जावती = लज्जालुइणी; कुतूहलम् = कुड्डं; चूतः = मायन्दो; कोई कोई व्याकरणाचार्य देशज शब्द मायन्दो का संस्कृत रूपान्तर माकन्द भी करते हैं। अथवा रूढ देशज शब्द इस प्रकार हैं—विष्णुः = भट्टिओ; श्मशानम् = करसी; असुराः = अगया; खेलम् = खड्डं; पौष्परजः = तिंगिच्छि; दिनम् = अल्लं; समर्थः = पक्कलो; पण्डकः = णेलच्छो; कर्पासः = पलही; बली = उज्जल्लो; ताम्बूलम् = झसुरं; पुंश्चली = छिछई; शाखा = साहुली इत्यादि। बहुलम् अर्थात् वैकल्पिक-पक्ष का उल्लेख होने से 'गोः' का 'गउओ' रूप भी होता है यह स्थिति अन्य शब्द-रूपों के सम्बन्ध में भी जानना। संस्कृत शब्द 'गोला' से देशज शब्द 'गोला' बनता है और 'गोदावरी' से 'गोआवरी' बनता है। अनेक देशज शब्द ऐसे हैं जो कि महाराष्ट्र प्रान्त और विदर्भ प्रान्त में बोले जाते हैं; प्रांतीय भाषा जनित होने से इनके 'संस्कृत-पर्याय वाचक शब्द' नहीं होते हैं। कुछ एक उदाहरण इस प्रकार हैं—आहित्थ लल्लक्क विड्डिर पच्चड्डिअ उप्पेहड मडप्फर पड्डिच्छिर, अट्टमट्ट विहडप्फड अज्जल्ल हल्लप्फल इत्यादि; ऐसे शब्दों का अर्थ प्रान्तीय जनता के बोल चाल के व्यवहार से जाना जा सकता है। कुछेक प्रान्तीय रूढ क्रिया शब्दों के अर्थ भी प्रान्तीय जनता के बोल-चाल के व्यवहार से ही जाना जा सकता है। इसी तरह से कृष्ट घृष्ट वाक्य विद्वस् वाचस्पति विष्टर श्रवस् प्रचेतस् प्रोक्त और प्रोत इत्यादि शब्दों का; एवं क्विप् प्रत्ययान्त शब्दों का जैसे कि अग्निचित् सोमसुत् सुग्ल और सुम्ल इत्यादि ऐसे शब्दों का तथा पूर्ववर्ती कवियों ने जिन शब्दों का प्रयोग नहीं किया है उनका प्रयोग नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे अर्थ क्लिष्टता तथा प्रतीति विषमता जैसे दोषों की उत्पत्ति होती है। अतएव सरल शब्दों द्वारा अभिमत अर्थ को प्रकट करना चाहिए। जैसे:-कृष्ट के स्थान पर कुशल, वाचस्पति के स्थान पर 'गुरु' और विष्टर श्रवा के स्थान पर 'हरि' जैसे सरल शब्दों का प्रयोग किया जाना चाहिये। शब्द धातु के साथ यदि कोई उपसर्ग जुड़ा हुआ हो तो इसका प्रयोग किया जाना वांछनीय ही है। जैसे—मंदर-तट-परिघृष्टम् = मन्दर-यड-परिघट्टं; तद्दिवस-निघृष्टानङ्गः = तद्दिअस-निहट्टाणङ्गो इत्यादि; इन उदाहरणों में 'घृष्ट = घट्ठ अथवा हट्ठ' प्रयुक्त किया गया है, इसका कारण यह है कि 'घृष्ट' के साथ क्रम से 'परि' एवं 'नि' उपसर्ग जुड़ा हुआ है; किन्तु उपसर्ग रहित अवस्था में 'घृष्ट' का प्रयोग कम ही देखा जाता है। आर्ष प्राकृत में घृष्ट का प्रयोग देखा जाता है,

इसका कारण पूर्व-वर्ती परम्परा के प्रति आदर-भाव ही है। जो कि अविरुद्ध स्थिति वाला ही माना जायगा। जैसेः- घृष्टा = घट्ठा; मृष्टा = मट्ठा विद्वांस. = विउसा; श्रुत-लक्षणानुसारेण = सुअ-लक्खणाणुसारेण और वाक्यान्तरेषु च पुन. = वक्कन्तरेसु अ पुणो इत्यादि आर्ष प्रयोग में अप्रचलित प्रयोगों का प्रयुक्त किया जाना अविरुद्ध स्थिति वाला ही समझा जाना चाहिये।

गौः संस्कृत रूप है। इसके आर्ष-प्राकृत रूप गोणो और गावी होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-१७४ से 'गो' के स्थान पर 'गोण' रूप का निपात और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *गोणो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(गौः=) गावी में सूत्र-संख्या २-१७४ से 'गौ' के स्थान पर 'गाव' रूप का निपात; ३-३२ से स्त्रीलिंग-अर्थ में प्राप्त निपात रूप 'गाव' में 'ङी' (=दीर्घस्वर 'ई') की प्राप्ति; प्राप्त प्रत्यय 'ङी' में 'ङ्' इत् संज्ञक होने से 'गाव' में स्थित अन्त्य 'अ' का लोप; १-५ से प्राप्त रूप 'गाव्' के अन्त्य हलन्त 'व्' में प्राप्त प्रत्यय 'ई' की संधि और १-११ से अन्त्य व्यञ्जन रूप विसर्ग का लोप होकर द्वितीय रूप *गावी* सिद्ध हो जाता है।

गावः संस्कृत बहुवचनान्त रूप है। इसका आर्ष प्राकृत रूप गावीओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१७४ से 'गो' के स्थान पर 'गाव' का निपात; ३-३२ से प्राप्त निपात रूप 'गाव' में स्त्रीलिंग अर्थ में 'ङी' प्रत्यय की प्राप्ति, प्राप्त प्रत्यय 'ङी' में 'ङ्' इत्संज्ञक होने से प्राप्त निपात रूप 'गाव' में स्थित अन्त्य 'अ' की इत्संज्ञा होने से लोप, १-५ से प्राप्त रूप 'गाव्' के अन्त्य हलन्त 'व्' में प्राप्त प्रत्यय 'ई' की संधि और ३-२७ से प्रथमा अथवा द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृत प्रत्यय 'जस्' अथवा 'शस्' के स्थान पर प्राकृत में 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *गावीओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

बलीवर्दः संस्कृत रूप है। इसका देशज प्राकृत रूप बइल्लो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१७४ से संपूर्ण रुप 'बलीवर्द' के स्थान पर 'बइल्ल' रूप का निपात और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *बइल्लो* रूप सिद्ध हो जाता है।

आपः संस्कृत नित्य बहुवचनान्त रूप है। इसका देशज प्राकृत रूप आऊ होता है। इसमें सूत्र संख्या २-१७४ से संपूर्ण रूप 'आप' के स्थान पर 'आउ' रूप का निपात, ३-२७ से स्त्रीलिंग में प्राप्त संस्कृत प्रत्यय 'जस्' का लोप और वैकल्पिक पक्ष में ३- ७ से ही अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर *आऊ* रूप सिद्ध हो जाता है।

पञ्चपञ्चाशत् संस्कृत संख्यात्मक विशेषण रूप है। इसके देशज प्राकृत रूप पञ्चावण्णा और पणपन्ना होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या २-१७४ से संपूर्ण रूप 'पञ्चाशत्' के स्थान पर 'पञ्चावण्णा' और 'पणपन्ना' रूपों का क्रम से एवं वैकल्पिक रूप से निपात होकर दोनों रूप *पंचावण्णा पणपन्ना* सिद्ध हो जाते हैं।

त्रिपञ्चाशत् संस्कृत संख्यात्मक विशेषण रूप है। इसका देशज प्राकृत रूप तेवण्णा होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१७४ से संपूर्ण संस्कृत रूप त्रिपञ्चाशत् के स्थान पर देशज प्राकृत में तेवण्णा रूप का निपात होकर *तेवण्णा* रूप सिद्ध हो जाता है।

वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर देशज प्राकृत रूप वम्हओ सिद्ध हो जाता है।

उत्पलम् संस्कृत रूप है इसका देशज प्राकृत रूप कन्दुट्टं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१७४ से संपूर्ण संस्कृत रूप 'उत्पल' के स्थान पर देशज प्राकृत में 'कन्दुट्ट' रूप का निपात, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर देशज प्राकृत रूप कन्दुट्टं सिद्ध हो जाता है।

धिग्धिक् संस्कृत अव्यय रूप है। इसके देशज प्राकृत रूप छि छि और धिद्धि होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या २-१७४ से संपूर्ण संस्कृत 'धिग् धिक्' के स्थान पर देशज प्राकृत में 'छि छि' और 'धिद्धि' का क्रम से एवं वैकल्पिक रूप से निपात होकर दोनों रूप *छिछि* और धिद्धि सिद्ध हो जाते है।

धिगस्तु संस्कृत अव्यय रूप है। इसका देशज प्राकृत रूप धिरत्थु होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१७४ से 'ग' वर्ण के स्थान पर प्राकृत में 'र' वर्ण का निपात, २-४५ से संयुक्त व्यञ्जन 'स्त्' के स्थान पर 'थ्' आदेश, २-८९ से आदेश प्राप्त 'थ्' का द्वित्व 'थ्थ्' और २-९० से प्राप्त पूर्व 'थ्' के स्थान पर 'त्' की प्राप्ति होकर देशज प्राकृत *धिरत्थु* रूप सिद्ध हो जाता है।

पडिसिद्धी और *पाडिसिद्धी* रूपों की सिद्धि सूत्र-संख्या *१-४४* में की गई है।

स्थासकम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका देशज *अथवा आर्ष* प्राकृत रूप चच्चिक्कं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१७४ से संपूर्ण संस्कृत रूप 'स्थासक' के स्थान पर देशज प्राकृत में 'चच्चिक्क' रूप का निपात, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर देशज प्राकृत *चच्चिक्कं* रूप सिद्ध हो जाता है।

निलयः संस्कृत रूप है। इसका देशज प्राकृत रूप निहेलणं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-१७४ से संपूर्ण संस्कृत रूप 'निलय' के स्थान पर देशज प्राकृत में 'निहेलण' रूप का निपात, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर देशज प्राकृत *निहेलणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

मघवान् संस्कृत रूप है। इसका देशज प्राकृत रूप मघोणो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-१७४ से संपूर्ण संस्कृत रूप 'मघवान्' के स्थान पर देशज प्राकृत में 'मघोण' रूप का निपात, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर देशज प्राकृत *मघोणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

साक्षिणः संस्कृत बहुवचनान्त विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप सक्खिणो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति, २-३ से 'क्ष्' के स्थान पर 'ख्' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ख्' को द्वित्व 'ख् ख्' की प्राप्ति २-९० प्राप्त पूर्व 'ख्' के स्थान पर 'क्' की प्राप्ति और ३-२२ से (संस्कृत

मक शब्द सात्त्विन में स्थित अन्त्य हलन्त 'न्' में प्राप्त) प्रथमा विभक्ति के बहु वचन में जस् प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में 'णो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सत्तिणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

जन्म संस्कृत रूप है। इसका वैकल्पिक प्राकृत रूप जम्मणं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-६१ से 'न्म' के स्थान पर 'म' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'म' के स्थान पर द्वित्व 'म्म' की प्राप्ति; २-१७४ से प्राप्त रूप 'जम्म' में अन्त्य स्थान पर 'ण' का आगम रूप निपात; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर म् प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त म् का अनुस्वार होकर *जम्मणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

महान् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका वैकल्पिक प्राकृत रूप महन्तो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति; २-१७४ से प्राप्त रूप महन् के अन्त में आगम रूप 'त' का निपात और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *महन्तो* रूप सिद्ध हो जाता है।

भवान् संस्कृत सर्वनाम रूप है। इसका वैकल्पिक प्राकृत रूप भवन्तो होता है। इसकी साधनिका उपरोक्त महान्=महन्तो रूप के समान ही होकर *भवन्तो* रूप सिद्ध हो जाता है।

आशीः संस्कृत रूप है। इसका वैकल्पिक प्राकृत रूप आसीसा होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'श' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति; १-११ से अन्त्य व्यञ्जन रूप विसर्ग का लोप; २-१७४ से प्राप्त रूप 'आसी' के अन्त में आगम रूप 'स्' का निपात और ४-४४८ की वृत्ति से एवं हैम व्याकरण २-४ से स्त्रीलिंग अर्थ में अन्त में 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *आसीसा* रूप सिद्ध हो जाता है।

बृहत्तरम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका वैकल्पिक प्राकृत रूप वड्डयरं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति; १-२३७ से 'ब' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति; २-१७४ से 'हृ' के स्थान पर द्वित्व 'ड्ड' की प्राप्ति; २-७७ से प्रथम हलन्त 'त्' का लोप; १-१७७ से द्वितीय 'त्' का लोप; १-१८० से लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारांत नपुंसकलिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर म् प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *वड्डयरं* रूप सिद्ध हो जाता है।

हिमोरः संस्कृत रूप है। इसका वैकल्पिक प्राकृत रूप भिमोरो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१७४ से 'ह' के स्थान पर 'भ' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में सि प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *भिमोरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

क्षुल्लकः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप खुड्डो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-३ से 'क्ष' के स्थान पर 'ख' की प्राप्ति; २-१७४ से द्वित्व 'ल्ल' के स्थान पर द्वित्व 'ड्ड' की प्राप्ति; १-१७७ से 'क' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति

होकर खुड्डओ रूप सिद्ध हो जाता है।

गायन संस्कृत रूप है। इसका देशज प्राकृत रूप घायणो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१७४ से 'ग' के के स्थान पर घ' की प्राप्ति, १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारांत पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *घायणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

वड. संस्कृत रूप है। इसका देशज प्राकृत रूप वढो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१७४ से 'ड' के स्थान पर 'ढ' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वढो* रूप सिद्ध हो जाता है।

ककुदम् संस्कृत रूप है। इसका देशज प्राकृत रूप ककुध होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१७४ से 'द' के स्थान पर 'ध' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *ककुधं* रूप सिद्ध हो जाता है।

अकाण्डम् संस्कृत रूप है। इसका देशज प्राकृत रूप अत्थक्क होता है। इसमें सूत्र संख्या २-१७४ से संपूर्ण संस्कृत शब्द 'अकाण्ड' के स्थान पर देशज प्राकृत में 'अत्थक्क' रूप का निपात, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *अत्थक्कं* रूप सिद्ध हो जाता है।

लज्जावती संस्कृत विशेषण रूप है। इसका देशज प्राकृत रूप लज्जालुइणी होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१७४ से वाली' अर्थक संस्कृत प्रत्यय 'वती' के स्थान पर देशज प्राकृत में लुइणी प्रत्यय का निपात होकर *लज्जालुइणी* रूप सिद्ध हो जाता है।

कुतूहलम् संस्कृत रूप है। इसका देशज प्राकृत रूप कुड्ड होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१७४ से संपूर्ण संस्कृत रूप 'कुतूहल' के स्थान पर देशज प्राकृत में 'कुड्ड' रूप का निपात, ३-२१ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' प्रत्यय का अनुस्वार होकर *कुड्डं* रूप सिद्ध हो जाता है।

चूत संस्कृत रूप (आम्रवाचक) है इसका देशज प्राकृत रूप मायन्दो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-१७४ से संपूर्ण 'मायन्द' रूप का निपात और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मायन्दो* रूप सिद्ध हो जाता है।

माकन्द संस्कृत रूप है। इसका देशज प्राकृत रूप मायन्दो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'क्' का लोप, १-१८० से लोप हुए क्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मायन्दो* रूप सिद्ध हो जाता है।

पलही रूप सिद्ध हो जाता है ।

वली सस्कृत विशेषण रूप है । इसका देशज प्राकृत रूप उज्जल्लो होता है । इसमें सूत्र-सख्या २-१७४ से सपूर्ण सस्कृत शब्द 'वली' के स्थान पर देशज प्राकृत में 'उज्जल्ल' रूप का निपात और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *उज्जल्लो* रूप सिद्ध हो जाता है ।

ताम्बूलम् सस्कृत रूप है । इसका देशज प्राकृत रूप झसुर होता है । इसमें सूत्र-सख्या २-१७४ से सपूर्ण सस्कृत रूप 'ताम्बूल' के स्थान पर देशज प्राकृत में 'झसुर' रूप का निपात, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुसकलिंग में 'सि प्रत्यय के स्थान पर म्' प्रत्यय प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर झसुरं रूप सिद्ध हो जाता है ।

पुंश्चली सस्कृत रूप है । इसका देशज प्राकृत रूप छिछई होता है । इसमें सूत्र-संख्या २-१७४ से सपूर्ण सस्कृत रूप 'पुश्चली' के स्थान पर देशज प्राकृत में 'छिछई' रूप का निपात और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में दीर्घ ईकारान्त स्त्रीलिंग में सस्कृत प्रत्यय 'सि' के स्थान पर अन्त्य दीर्घ 'ई' की यथा रूप स्थिति की प्राप्ति होकर *छिंछई* रूप सिद्ध हो जाता है ।

शाखा सस्कृत रूप है । इसका देशज प्राकृत रूप साहुली होता है । इसमें सूत्र-सख्या २-१७४ से संपूर्ण सस्कृत रूप 'शाखा' के स्थान पर देशज प्राकृत में 'साहुली' रूप का निपात और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में दीर्घ ईकारान्त स्त्रीलिंग में सस्कृत प्रत्यय 'सि' के स्थान पर अन्त्य दीर्घ 'ई' की यथा रूप स्थिति की प्राप्ति होकर *साहुली* रूप सिद्ध हो जाता है ।

गउओ रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या *१-५४* में की गई है ।

गोला सस्कृत रूप है । इसका देशज प्राकृत रूप भी गोला ही होता है । इसमें सूत्र-सख्या १-११ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त स्त्रीलिंग में प्राप्त सस्कृत प्रत्यय 'सि' के स्थानीय प्रत्यय रूप विसर्ग का–हलन्त व्यञ्जन रूप होने से–लोप होकर *गोला* सिद्ध होता है ।

गोदावरी सस्कृत रूप है । इसका देशज प्राकृत रूप गोआवरी होता है । इसमें सूत्र-सख्या १-१७७ से 'द्' का लोप, और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में दीर्घ ईकारान्त स्त्रीलिंग में संस्कृत प्रत्यय 'सि' के स्थान पर अन्त्य दीर्घ 'ई' की यथा रूप स्थिति की प्राप्ति होकर *गोआवरी* रूप सिद्ध हो जाता है ।

आहित्थ, लल्लक्क, विड्डिर, पच्चड्डिअ, उप्पेहड, मडप्फर, पड्डिच्छिर, अट्टमट्ट, विहडप्फड, और हल्लप्फल्ल इत्यादि शब्द सर्वथा प्रान्तीय होकर रूढ अर्थ वाले हैं, अत इनके पर्याय-वाची शब्दों का सस्कृत में अभाव है, किन्तु इनकी अर्थ-प्रधानता को लेकर एव इनके लिये स्थानापन्न शब्दों का निर्माण करके काम चलाऊ साधनिका निम्न प्रकार से है —

श्लिष्यति संस्कृत सकर्मक क्रिया पद का रूप है। इसका प्रान्तीय भाषा रूप अवयासइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१७४ से मूल संस्कृत रूप 'श्लिष्' के स्थान पर प्रान्तीय भाषा में रूढ रूप 'अवयास' का निपात ४-२३९ से प्राप्त रूप अवयास्' में संस्कृत गण वाचक 'य' विकरण प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में 'अ' विकरण प्रत्यय की प्राप्ति और ३-१३९ से वर्तमान काल के एक वचन में प्रथम पुरुष में संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय प्राप्ति होकर 'रूढ अर्थ' वाचक रूप *अवयासइ* सिद्ध हो जाता है ।

उत्पाटयाति अथवा *कथयाति* संस्कृत सकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्रान्तीय भाषा रूप फुम्फुल्लई होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१७४ से मूल संस्कृत रूप 'उत्पाट' अथवा 'कथ्' के स्थान पर प्रान्तीय भाषा में रुढ रूप 'फुम्फुल्ल' का निपात, ४-२३९ से प्राप्त रूप 'फुम्फुल्ल्' में संस्कृत गण वाचक 'अय' विकरण प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में 'अ' विकरण प्रत्यय की प्राप्ति और ३-१३९ से वर्तमानकाल के एक वचन में प्रथम पुरुष में संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर 'रूढ-अर्थ' वाचक रूप *फुम्फुल्लइ* सिद्ध हो जाता है ।

उत्पाटयाति संस्कृत सकर्मक क्रिया पद का रूप है। इसका प्रान्तीय भाषा रूप उप्फालेइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१७४ से मूल संस्कृत रूप 'उत्पाट्' के स्थान पर प्रान्तीय भाषा में रूढ़ रूप उप्फाल्' का निपात, ४-२३९ से प्राप्त रूढ़ रूप उप्फाल्' में संस्कृत गण-वाचक 'अय' विकरण प्रत्यय के स्थान पर देशज प्राकृत में 'अ' विकरण प्रत्यय की प्राप्ति, ३-१५८ से प्राप्त विकरण प्रत्यय 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति और ३-१३९ से वर्तमान काल के एक वचन में प्रथम पुरुष में संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर 'रूढ़-अर्थ' वाचक रूप *उप्फालेइ* सिद्ध हो जाता है ।

मन्दर-तट-परिघृष्टम् संस्कृत विशेषणात्मक वाक्यांश है। इसका प्राकृत रूप मन्दर-यड-परिघट्टं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'त्' के पश्चात शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, १-१९५ से प्रथम 'ट' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति, १-१२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, २-३४ से ष्ट' के स्थान पर 'ठ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ठ' को द्वित्व 'ठठ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ठ्' के स्थान पर 'ट्' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *मन्दर यड-परिघट्टं* रूप सिद्ध हो जाता है।

तद्दिवस-निघृष्टानंग' संस्कृत विशेषणात्मक वाक्याश है। इसका प्राकृत रूप तद्दिअस-निहट्ठाणंगो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से 'व्' का लोप; १-१२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, १-१८७ से प्राप्त 'घ' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, २-३४ से 'ष्ट' के स्थान पर 'ठ्' की प्राप्ति २-८९ से 'ठ' को द्वित्व 'ठ ठ्' की प्राप्ति और २ ९० से प्राप्त पूर्व 'ठ्' के स्थान पर 'ट्' की प्राप्ति, १-२२८ से द्वितीय 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, १-३० से अनुस्वार के स्थान पर आगे कवर्गीय 'ग' होने से पचमाक्षर रूप ङ्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *तद्दिअस निहट्ठाणंगो* रूप सिद्ध होजाता है।

अव्ययम् ॥२-१७५॥

अधिकारोयम् । इतः पर ये वक्ष्यन्ते आ पाद समाप्ते स्तेऽव्ययसंज्ञा ज्ञातव्याः ॥

अर्थः—यह सूत्र-अधिकार-वाचक है, प्रकारान्तर से यह सूत्र-विवेच्यमान विषय के लिये शीर्षक रूप भी कहा जा सकता है। क्योंकि यहां से नवीन विषय रूप से 'अव्यय-शब्दों' का विवेचन प्रारम्भ किया जाकर इस द्वितीय पाद की समाप्ति तक प्राकृत-साहित्य में उपलब्ध लगभग सभी अव्ययों का वर्णन किया जायगा। अत पाद-समाप्ति-पर्यन्त जो शब्द कहे जायगें, उन्हें 'अव्यय सज्ञा वाला जानना।

तं वाक्योपन्यासे ॥२-१७६॥

तमिति वाक्योपन्यासे प्रयोक्तव्यम् ॥ तंतिअस वन्दि-मोक्खं ॥

अर्थ.-'तं' शब्द अव्यय है और यह वाक्य के प्रारभ में शोभारूप से-अलकार रूप से प्रयुक्त होता है, ऐसी स्थिति में यह अव्यय किसी भी प्रकार का अर्थ सूचक नहीं होकर केवल अलकारिक होता है। इसे केवल साहित्यक परिपाटी ही समझना चाहिए। जैसे -त्रिदश-वदिमोक्षम् = त तिअस-वदि मोक्ख। इस उदाहरण में सस्कृत रूप में 'त' वाचक शब्द रूप का अभाव है; किन्तु प्राकृत रूपान्तर मे 'त' की उपस्थिति है, यह उपस्थिति शोभा रूप ही है, अलकारिक ही है, न कि किसी विशेष-तात्पर्य को बतलाती है। यों अन्यत्र भी 'तं' की स्थिति को ध्यान में रखना चाहिये। 'त' अव्यय है। इसकी साधनिका की आवश्यकता उपरोक्त कारण से नहीं है।

त्रिदश-वन्दि-मोक्षम् सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप तिअस-वन्दि मोक्ख होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'त्र्' में स्थित 'र्' का लोप, १-१७७ से प्रथम 'द्' का लोप, १-२६० से 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति २-३ से 'क्ष' के स्थान पर 'ख' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ख्' के स्थान पर द्वित्व 'ख् ख की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ख्' के स्थान पर 'क्' की प्राप्ति और ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति एव १-२३ से प्राप्त म्' का अनुस्वार होकर *तिअस-वंदिमोक्खं* रूप सिद्ध हो जाता है। २ १७६।

आम अभ्युपगमे ॥ २-१७७ ॥

आमेत्यभ्युपगमे प्रयोगक्तव्यम् ॥ आम बहला वणोली ॥

अर्थः—'स्वीकार करने' अर्थ में-अर्थात् 'हाँ' ऐसे स्वीकृति-सूचक अर्थ में प्राकृत साहित्य में 'आम' अव्यय का उच्चारण किया जाता है। जैसे.-आम बहला वनालि = आम बहला वणोली। हाँ, (यह) सघन वन-पंक्ति है। 'आम' अव्यय रूप है। रुढ रूप वाला होने से एव रुढ-अर्थक होने से साधनिका की आवश्यकता नहीं रह जाती है।

बहला सस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप भी बहला ही होता है। अतएव साधनिका की आवश्यकता नहीं है।

आयि संस्कृत आमन्त्रणार्थक अव्यय है । इसका प्राकृत रूप अइ होता है । इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'य्' का लोप होकर *अइ* रूप सिद्ध हो जाता है ।

स्वपिति संस्कृत अकर्मक क्रिया पद का रूप है । इसका प्राकृत रूप सुप्पइ होता है । इसमें सूत्र संख्या १-६४ से व' में स्थित 'अ' के स्थान पर 'उ की प्राप्ति, २-७९ से 'व्' का लोप; २-९८ से प्' के स्थान पर द्वित्व 'प्प्' की प्राप्ति, ४-२३९ से संस्कृत विकरण प्रत्यय 'इ' के स्थान पर प्राकृत में 'अ' विकरण प्रत्यय की प्राप्ति और ३-१३९ से वर्तमान काल के एक वचन में प्रथम पुरुष में संस्कृत प्रत्यय ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सुप्पइ* रूप सिद्ध हो जाता है ।

पांशुले संस्कृत संबोधनात्मक रूप है । इसका प्राकृत रूप पंसुलि होता है । इसमें सूत्र संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति; १-२६० से 'श्' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति; ३-३२ से स्त्री लिंग वाचक शब्दों में संस्कृत प्रत्यय 'आ' के स्थान पर प्राकृत में 'ई' प्रत्यय की प्राप्ति होने से 'ला' वर्ण के स्थान पर 'ली' की प्राप्ति, और ३-४२ से आमन्त्रण अर्थ में-संबोधन में दीर्घ स्वर 'ई' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति होकर *पंसुलि* रूप सिद्ध हो जाता है ।

निःसहैः=निस्सहैः संस्कृत तृतीयान्त विशेषण रूप है । इसका प्राकृत रूप णीसहेहिं होता है । इसमें सूत्र संख्या १-२२९ से 'न्' के स्थान पर 'ण्' की प्राप्ति, १-१३ से विसर्ग रूप व्यञ्जन का लोप, १-९३ से विसर्ग रूप व्यञ्जन का लोप होने से प्राप्त 'णि' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति; ३-७ से तृतीया विभक्ति के बहु वचन में संस्कृत प्रत्यय 'भि ' के स्थान पर प्राकृत में हिं' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-१५ से प्राप्त प्रत्यय 'हिं' के पूर्व में स्थित अन्त्य 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति होकर *णीसहेहिं* रूप सिद्ध हो जाता है ।

अंगैः संस्कृत तृतीयान्त रूप है । इसका प्राकृत रूप अंगेहिं होता है । इसमें सूत्र संख्या १-३० से अनुस्वार के स्थान पर आगे क वर्गीय 'ग' वर्ण होने से क वर्गीय पंचमाक्षर रूप 'ङ' की प्राप्ति, ३-७ से तृतीय विभक्ति के बहु वचन में संस्कृत प्रत्यय 'भिस' के स्थान पर प्राकृत में 'हिं' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-१५ से प्राप्त प्रत्यय 'हिं' के पूर्व में स्थित अन्त्य 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति होकर *अङ्गेहिं* रूप सिद्ध हो जाता है ।

'पुणरुत्त' प्राकृत अव्यय रूप है । रूढ-रूप होने से इसकी साधनिका की आवश्यकता नहीं है ॥२-१७९॥

हन्दि विषाद-विकल्प-पश्चात्ताप-निश्चय-सत्ये ॥२-१८०॥

हन्दि इति विषादादिषु प्रयोक्तव्यम् ॥

हन्दि चलणे णओ सो ण माणिओ हन्दि हुज्ज एत्ताहे । हन्दि न होही भणिरी सा सिज्जइ हन्दि तुह कज्जे ॥ हन्दि । सत्यमित्यर्थः ॥

अर्थः—'हन्दि' प्राकृत साहित्य में प्रयुक्त किया जाने वाला अव्यय है । जब 'विषाद' अर्थात् 'खेद' प्रकट करना हो; अथवा कोई कल्पना करनी हो; अथवा पश्चात्ताप व्यक्त करना हो, अथवा किसी प्रकार का निश्चय

भविष्याति संस्कृत क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप हुज्ज होता है। इसमें सूत्र-संख्या ४-६१ से भवि के स्थान पर 'हु' आदेश; और ३-१७७ से भविष्यत्-काल वाचक प्रत्यय 'ष्यति' के स्थान पर प्राकृत में 'ज्ज' आदेश की प्राप्ति होकर *हुज्ज* रूप सिद्ध हो जाता है।

एताहे रूप की सिद्धि सूत्र संख्या २-१३४ में की गई है।

न संस्कृत अव्यय है। इसका प्राकृत रूप भी 'न' ही होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२२९ से 'न' का 'ण' वैकल्पिक रूप से होने से 'णत्व' का अभाव होकर *न* रूप सिद्ध हो जाता है।

भविष्याति संस्कृत क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप 'होही' होता है। इसमें सूत्र-संख्या ४-६० से भू=भव के स्थान पर 'हो' आदेश, ३-१७२ से संस्कृत में प्राप्त होन वाले भविष्यत्-काल वाचक विकरण प्रत्यय 'इष्य' के स्थान पर प्राकृत में 'हि'-आदेश, ३-१३९ से संस्कृत प्राप्त प्रत्यय 'ति' के स्थान पर 'इ' प्रत्यय का आदेश, और १-५ की वृत्ति से एक ही पद में रहे हुए 'हि' में स्थित ह्रस्व स्वर 'इ' के साथ आगे प्राप्त प्रत्यय रूप 'इ' की संधि होने से दोनों के स्थान पर दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *होही* रूप सिद्ध हो जाता है।

भणनशीला संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप भणिरी होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१४५ से 'शील-धर्म-साधु अर्थक संस्कृत प्रत्यय 'नशील' के स्थान पर 'इर' आदेश, १-१० से 'ण' में स्थित 'अ' स्वर का आगे प्राप्त प्रत्यय 'इर' की 'इ' होने से लोप, १-५ से प्राप्त हलन्त 'ण' में प्राप्त प्रत्यय 'इर' की 'इ' की संधि, ३-३२ से प्राप्त पुल्लिंग रूप को स्त्रीलिंग वाचक रूप बनाने के लिये 'डी' प्रत्यय की प्राप्ति, प्राप्त प्रत्यय 'डी' में 'ड्' इत्संज्ञक होने से 'इर' के अन्त्य स्वर अ' की इत्संज्ञा होकर 'अ' का लोप, १-५ से प्राप्त हलन्त 'इर्' में उपरोक्त स्त्रीलिंग वाचक दीर्घ स्वर 'ई' की संधि और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में दीर्घ ईकारान्त स्त्रीलिंग में संस्कृत प्रत्यय 'सि' के स्थान पर दीर्घ ईकारान्त रूप ही यथावत् स्थित रहकर *भणिरी* रूप सिद्ध हो जाता है।

सा सर्व नाम रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-३३ में की गई है।

स्विद्याति संस्कृत अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप सिज्जइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'व्' का लोप, २-७८ से 'य्' का लोप, ४-२२४ से 'द्' के स्थान पर द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति; और ३-१३९ से वर्तमान काल के एक वचन में प्रथम पुरुष में संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सिज्जइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

तुह सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-८ में की गई है।

कार्ये संस्कृत रूप है। इसका रूप कज्जे होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व 'अ' की प्राप्ति, २-२४ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति, ३-११ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में अकारान्त में संस्कृत प्रत्यय ङि' के स्थान पर प्राकृत में 'डे' प्रत्यय की प्राप्ति, प्राप्त प्रत्यय 'डे' में 'ड' इत्संज्ञक होने से पूर्व में स्थित 'ज्ज' अन्त्य स्वर अ' की इत्संज्ञा होकर

प्रश्न करना हो अथवा किसी प्रकार के "सत्य" की अभिव्यक्ति करनी हो तो 'हन्दि' अव्यय का प्रयोग किया जाता है। प्रयुक्त 'हन्दि' को देखकर प्रसंगानुसार उपरोक्त भावनाओं में से उपयुक्त भावना सूचक अर्थ को समझ लेना चाहिये। उदाहरण इस प्रकार है —

संस्कृत -हन्दि-(विषाद-अर्थे)-चरणे नतः स न मानितः

हन्दि-(विकल्प-अर्थे) भविष्यति इदानीम्।

हन्दि-(पश्चात्ताप-अर्थे)-न भविष्यति भणन-शीला;

स्विद्यति हन्दि-(निश्चय अर्थे-सत्यार्थे वा) तव कार्ये॥

प्राकृत -हन्दि चलणे णओ सो न माणिओ हन्दि हुज्ज एत्ताहे॥

हन्दि न होही भणिरी; सा सिज्जइ हन्दि तुह कज्जे॥

हिन्दी अर्थ -खेद है कि उस (नायक) ने उस (नायिका) के पैरों में नमस्कार किया वह झुक गया तो भी उस (नायिका) ने उसका सम्मान नहीं किया अर्थात् वह (नायिका) नरम नहीं हुई। क्यों की त्यों रूठी हुई ही रही। इस समय में अब क्या होगा? यह पश्चात्ताप की बात है कि वह (नायिका) वार्तालाप भी नहीं करेगी एवं निश्चय ही तुम्हारे कार्य में वह नहीं पसीजेगी। 'हन्दि' अव्यय का अर्थ 'यह सत्य ही है' ऐसा भी होता है।

'हन्दि' प्राकृत साहित्य का रूढ अर्थक अव्यय है। अतः साधनिका की आवश्यकता नहीं है।

चरणे संस्कृत सप्तम्यन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप चलणे होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२५४ से 'र' के स्थान पर 'ल' की प्राप्ति; ३-११ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में अकारान्त में संस्कृत प्रत्यय 'ङि' के स्थान पर प्राकृत में 'डे' प्रत्यय की प्राप्ति; 'डे' में ड् इत्संज्ञक होने से 'ण' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' की इत्संज्ञा होकर इसका लोप और १-५ से प्राप्त हलन्त व्यञ्जन 'ण्' में प्राप्त प्रत्यय 'ए' की संधि होकर *चलणे* रूप सिद्ध हो जाता है।

नतः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप णओ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२२९ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति; १-१७७ से 'त्' का लोप; ३-२ से विसर्ग के स्थान पर 'डो' आदेश प्राप्त; 'डो' में 'ड्' इत्संज्ञक होने से पूर्व में स्थित 'अ' की इत्संज्ञा होकर *णओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

'सो' सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-९७ में की गई है।

न संस्कृत अव्यय है। इसका प्राकृत रूप 'न' होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२२९ से 'न' के स्थान पर 'न' आदेश की प्राप्ति होकर *न* रूप सिद्ध हो जाता है।

मानितः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप माणिओ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति; १-१७७ से 'त्' का लोप; ३-२ से विसर्ग के स्थान पर 'डो' आदेश; एवं प्राप्त 'डो' में 'ड्' इत्संज्ञक होने से पूर्व में स्थित 'अ' की इत्संज्ञा होने से लोप होकर *माणिओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

भविष्यति संस्कृत क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप हुज्ज होता है। इसमें सूत्र-संख्या ४-६१ से भवि के स्थान पर 'हु' आदेश, और ३-१७७ से भविष्यत्-काल वाचक प्रत्यय 'ष्यति' के स्थान पर प्राकृत में 'ज्ज' आदेश की प्राप्ति होकर *हुज्ज* रूप सिद्ध हो जाता है।

एताहे रूप की सिद्धि सूत्र संख्या २-१३४ में की गई है।

न संस्कृत अव्यय है। इसका प्राकृत रूप भी 'न' ही होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२२९ से 'न' का 'ण' वैकल्पिक रूप से होने से 'णत्व' का अभाव होकर *न* रूप सिद्ध हो जाता है।

भविष्यति संस्कृत क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप 'होही' होता है। इसमें सूत्र-संख्या ४-६० से भू=भव के स्थान पर 'हो' आदेश, ३-१७२ से संस्कृत में प्राप्त होन वाले भविष्यत्-काल वाचक विकरण प्रत्यय 'इष्य' के स्थान पर प्राकृत में 'हि' आदेश, ३-१३९ से संस्कृत प्राप्त प्रत्यय 'ति' के स्थान पर 'इ' प्रत्यय का आदेश, और १-५ की वृत्ति से एक ही पद में रहे हुए 'हि' में स्थित ह्रस्व स्वर 'इ' के साथ आगे प्राप्त प्रत्यय रूप 'इ' की संधि होने से दोनों के स्थान पर दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *होही* रूप सिद्ध हो जाता है।

भणनशीला संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप भणिरी होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१४५ से 'शील-धर्म-साधु अर्थक संस्कृत प्रत्यय 'नशील' के स्थान पर 'इर' आदेश, १-१० से 'ण' में स्थित 'अ' स्वर का आगे प्राप्त प्रत्यय 'इर' की 'इ' होने से लोप, १-५ से प्राप्त हलन्त 'ण' में प्राप्त प्रत्यय 'इर' की 'इ' की संधि; ३-३२ से प्राप्त पुल्लिंग रूप को स्त्रीलिंग वाचक रूप बनाने के लिये 'ङी' प्रत्यय की प्राप्ति, प्राप्त प्रत्यय 'ङी' में 'ङ्' इत्संज्ञक होने से 'इर' के अन्त्य स्वर अ' की इत्संज्ञा होकर 'अ' का लोप, १-५ से प्राप्त हलन्त 'इर्' में उपरोक्त स्त्रीलिंग वाचक दीर्घ स्वर 'ई' की संधि और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में दीर्घ ईकारान्त स्त्रीलिंग में संस्कृत प्रत्यय 'सि' के स्थान पर दीर्घ ईकारान्त रूप ही यथावत् स्थित रहकर *भणिरी* रूप सिद्ध हो जाता है।

सा सर्व नाम रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-३३ में की गई है।

स्विद्यति संस्कृत अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप सिज्जइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'व्' का लोप, २-७८ से 'य्' का लोप, ४-२२४ से 'द्' के स्थान पर द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति; और ३-१३९ से वर्तमान काल के एक वचन में प्रथम पुरुष में संस्कृत प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सिज्जइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

तुह सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-८ में की गई है।

कार्ये संस्कृत रूप है। इसका रूप कज्जे होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व 'अ' की प्राप्ति, २-२४ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति २-८९ से प्राप्त 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति, ३-११ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में अकारान्त में संस्कृत प्रत्यय ङि' के स्थान पर प्राकृत में 'ङे' प्रत्यय की प्राप्ति, प्राप्त प्रत्यय 'ङे' में 'ङ' इत्संज्ञक होने से पूर्व में स्थित 'ज्ज' अन्त्य स्वर अ' की इत्संज्ञा होकर

लोप और १-५ से प्राप्त हलन्त 'रूम्' में आगे स्थित प्रत्यय 'ए' की संधि होकर [illegible] रूप सिद्ध हो जाता है। ॥२-१८०॥

हन्द च गृहाणार्थे ॥२-१८१॥

हन्द हन्दि च गृहाणार्थे प्रयोक्तव्यम् ॥ हन्द पलोएसु इमं । हन्दि । गृहाणेत्यर्थः ॥

अर्थ — 'लेओ' इस अर्थ को व्यक्त करने के लिये प्राकृत-साहित्य में 'हन्द' और 'हन्दि' का प्रयोग किया जाता है। जैसे-हन्द (=गृहाण) प्रलोकय इदम्=हन्द ! पलोएसु इमं अर्थात् लेओ-इसको देखो। हन्दि = गृहाण अर्थात् लेओ। 'हन्द' प्राकृत रूढ अर्थक अव्यय है अतः साधनिका की आवश्यकता नहीं है।

प्रलोकय संस्कृत आज्ञार्थक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप पलोएसु होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से र् का लोप; १-१७७ से क् का लोप; १-१५८ से लोप हुए 'क्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर ए की प्राप्ति और ३-१७३ से द्वितीय पुरुष के एक वचन में आज्ञार्थ में अथवा विध्यर्थ में 'सु' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पलोएसु* रूप सिद्ध हो जाता है।

इदम् संस्कृत द्वितीयान्त सर्वनाम है। इसका प्राकृत रूप इमं होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-७२ से इदम् के स्थान पर 'इम' आदेश; ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *इमं* रूप सिद्ध हो जाता है।

'*हन्दि*' प्राकृत में रूढ-अर्थक अव्यय होने से साधनिका की आवश्यकता नहीं है ॥२-१८१॥

मिव पिव विव व्व व विअ इवार्थे वा ॥२-१८२॥

एते इवार्थे अव्यय संज्ञकाः प्राकृते वा प्रयुज्यन्ते ॥ कुमुअं मिव । चन्दणं पिव । हंसो विव । साअरो व्व । खीरोओ सेसस्स व निम्मोओ । कमलं विअ । पक्षे । नीलुप्पल-माला इव ॥

अर्थ — 'के समान' अथवा 'की तरह' अर्थ में संस्कृत भाषा में 'इव' अव्यय प्रयुक्त किया जाता है। प्राकृत भाषा में भी 'इव' अव्यय इसी अर्थ में प्रयुक्त किया जाता है। किन्तु वैकल्पिक रूप से 'इव' अव्यय के स्थान पर प्राकृत में छह अव्यय और प्रयुक्त किये जाते हैं; जो कि इस प्रकार हैं:—१ मिव २ पिव ३ विव ४ व्व ५ व और ६ विअ। इन छहों में से किसी भी एक का प्रयोग करने पर प्राकृत-साहित्य में 'के समान' अथवा 'की तरह' का अर्थ अभिव्यक्त होता है। क्रम से उदाहरण इस प्रकार हैं:- कुमुदम् इव=कुमुअं मिव=चांद से विकसित होने वाले कमल के समान; चन्दनम् इव=चन्दणं पिव=चन्दन के समान; हंस इव=हंसो विव=हंस के समान; सागर इव=साअरो व्व=सागर के समान; क्षीरोदः इव=खीरोओ व=क्षीर समुद्र के समान; शेषस्य निर्मोकः इव=सेसस्स निम्मोओ व=शेषनाग की कांचली के समान; कमलम् इव=कमलं विअ=कमल के समान और पक्षान्तर में 'नीलोत्पल-माला इव=नीलुप्पल-माला इव' अर्थात् नीलोत्पल-कमलों की माला के समान उदाहरण में संस्कृत के समान ही 'इव' अव्यय का प्रयोग हुआ है।

कुसुदम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कुमुअं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से 'द्' का लोप; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *कुमुअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

इव संस्कृत सदृशता वाचक अव्यय रूप है। इसका प्राकृत रूप मिव होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१८२ से 'इव' के स्थान पर 'मिव' आदेश वैकल्पिक रूप से होकर *मिव* रूप सिद्ध हो जाता है।

चन्दनम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप चन्दणं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२२८ से द्वितीय 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति और शेष साधनिका उपरोक्त कुमुअं के समान ही होकर *चन्दणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

सं० *इव*= 'पिव' अव्यय की साधनिका उपरोक्त 'मिव' अव्यय के समान ही होकर *पिव* अव्यय सिद्ध हो जाता है।

हंसः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप हंसो होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग मे 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *हंसो* रूप जाता है।

सं० *इव*='विव' अव्यय की साधनिका उपरोक्त 'मिव' अव्यय के समान ही होकर *विव* अव्यय सिद्ध हो जाता है।

सागरः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप साअरो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से 'ग्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *साअरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

सं० *इव*='व्व' अव्यय की साधनिका उपरोक्त 'मिव' अव्यय के समान ही होकर *व्व* अव्यय सिद्ध हो जाता है।

क्षीरोदः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप खीरोओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-३ से 'क्ष्' के स्थान पर 'ख' की प्राप्ति, १-१७७ से 'द्' का लोप, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *खीरोओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

शेषस्य संस्कृत षष्ठयन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप सेसस्य होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से दोनों प्रकार के 'श्' और 'ष्' के स्थान पर क्रम से 'स्' की प्राप्ति, ३-१० से षष्ठी विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में संस्कृत प्रत्यय 'ङस्' के स्थानीय रूप 'स्य' के स्थान पर प्राकृत में द्वित्व 'स्स' की प्राप्ति होकर *सेसस्य* रूप सिद्ध हो जाता है।

इव संस्कृत अव्यय रूप है। इसका प्राकृत एक रूप 'व' भी होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१८२ से 'इव' के स्थान पर 'व' का आदेश होकर *व* रूप सिद्ध हो जाता है।

निर्मोक संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप निम्मोओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप; २-८९ से लोप हुए 'र्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'म्' को द्वित्व 'म्म्' की प्राप्ति, १-१७७ से 'क्' का लोप, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति एक वचन में अकारान्त पुल्लिग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *निम्मोओ* रूप सिद्ध हो ज ता है।

कमलम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कमलं होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *कमलं* रूप सिद्ध हो जाता है।

इव संस्कृत अव्यय रूप है। इसका प्राकृत रूप 'विअ' भी होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१८२ से 'इव' के स्थान पर विअ आदेश होकर *विअ* रूप सिद्ध हो जाता है।

नीलोत्पल-माला संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप नीलुप्पल-माला होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर रूप 'ओ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर रूप 'उ' की प्राप्ति; २-७७ से 'त्' का लोप और २-८९ से लोप हुए त् के पश्चात् शेष रहे हुए 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति होकर *नीलुप्पल-माला* रूप सिद्ध हो जाता है।

इव संस्कृत अव्यय रूप है। इसका प्राकृत रूप 'इव' होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१८२ से वैकल्पिक पक्ष होने से 'इव' का इव ही यथा रूप रहकर *इव* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥२-१८२॥

जेण तेण लक्षणे ॥२-१८३॥

जेण तेण इत्येतौ लक्षणे प्रयोक्तव्यौ ॥ भमर-रुअं जेण कमल-वणं। भमर रुअं तेण कमल-वणं ॥

अर्थ:—किसी एक वस्तु को देखकर अथवा जानकर उससे संबंधित अन्य वस्तु की कल्पना करना अर्थात् 'ज्ञात' द्वारा 'ज्ञेय' की कल्पना करने के अर्थ में प्राकृत साहित्य में 'जेण' और 'तेण' अव्ययों का प्रयोग किया जाता है। जैसे-भमर रुतं येन (लक्ष्यीकृत्य) कमल वनं और भमर-रुतं तेन (लक्ष्यीकृत्य) कमल-वनम्; अर्थात् भ्रमरों का गुञ्जारव (है) तो (निश्चय ही यहाँ पर) कमल-वन (है)।

भ्रमर-रुतं संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप भमर-रुअं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से प्रथम 'र्' का लोप; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *भमर-रुअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

येन (लक्ष्यीकृत्य इति अर्थे) संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप जेण होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२४५ से 'य्' के स्थान पर 'ज्' की प्राप्ति और १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति होकर *जेण* रूप सिद्ध हो जाता है।

कमल-वनम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कमल-वणं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *कमल-वणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

तेन (लक्ष्मी कृत्य इति अर्थे) संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप तेण होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति होकर *तेण* रूप सिद्ध हो जाता है ॥२-१८३॥

णइ चेअ चिअ च्च अवधारणे ॥२-१८४॥

एतेऽवधारणे प्रयोक्तव्याः ॥ गईए णइ । जं चेअ मउलणं लोअणाणं । अणुबद्धं तं चिअ कामिणीणं ॥ सेवादित्वात् द्वित्वमपि । ते च्चिअ धन्ना । ते च्चेअ सुपुरिसा ॥ च्च ॥ स यच्च रूवेण । सच्च सीलेण ॥

अर्थः—जब निश्चयार्थ- (ऐसा ही है)-प्रकट करना होता है, तब प्राकृत साहित्य में 'णइ' 'चेअ' 'चिअ' 'च्च' अव्यय का प्रयोग किया जाता है। उपरोक्त चार अव्ययों में से किसी भी एक अव्यय का प्रयोग करने से 'अव-धारण-अर्थ' अर्थात् निश्चयात्मक अर्थ प्रकट होता है। इन अव्ययों से 'ऐसा ही है' ऐसा अर्थ प्रति-फलित होता है। उदाहरण इस प्रकार है —गत्या एव=गईए णइ अर्थात् गति से हो, यत् एव मुकुलन लोचनानाम्=जंचेअ मउलणं लोअणाणं अर्थात् आँखों की जो अध-खिलावट हो; अनुबद्ध तत् एव कामिनीभ्य=अणुबद्धं तं चिअ कामिणीणं अर्थात् स्त्रियों के लिये ही यह अनुबद्ध है इत्यादि। सूत्र-संख्या २-९९ वाले 'सेवादित्वात्' सूत्र से 'चेअ' और 'चिअ' अव्ययों में स्थित 'च' को द्वित्व 'च्च' की प्राप्ति भी हो जाया करती है। जैसे.—ते एव धन्या=ते च्चिअ धन्ना अर्थात् वे धन्य ही है, ते एव सुपुरुषा := ते च्चेअ सुपुरिसा अर्थात् वे सत्पुरुष ही हैं। 'च्च' निश्चय वाचक अव्यय के उदाहरण इस प्रकार है —स एव च रूपेण=स च्च य रूवेण अर्थात् रूप से ही वह (आदरणीय आदि है), और स एव शीलेन सच्च सीलेण अर्थात् शील (धर्म) से ही वह (पूज्य आदि) है, इत्यादि।

गत्या संस्कृत तृतीयान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप गईए होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से (मूल रूप में स्थित-गति+आ) 'त्' का लोप और ३-२९ से तृतीया विभक्ति के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'टा' के स्थानीय रूप 'आ' के स्थान पर 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति एवं ३-२९ से ही प्राप्त प्रत्यय 'ए' के पूर्व में स्थित ह्रस्व स्वर 'इ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *गईए* रूप सिद्ध हो जाता है।

एव संस्कृत अवधारणार्थक अव्यय रूप है। इसका प्राकृत रूप 'णइ' होता है। इसमें सूत्र संख्या २-१८४ से 'एव' के स्थान पर 'णइ' की प्राप्ति होकर *णइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

जं सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२४ में की गई है।

चेअ अव्यय रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-७ में की गई है।

मुकुलनम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मउलण होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१०७ से प्रथम 'उ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति; १-१७७ से 'क' का लोप, १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से 'म्' का अनुस्वार होकर *मउलणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

क्षोभमाणानाम् संस्कृत षष्ठयन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप *खोभणाणं* होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-७७ से 'ष्' का लोप; १-२२८ से प्रथम 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति ३-६ से षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में अकारान्त में संस्कृत प्रत्यय 'आम्' के स्थान में 'णाम्' प्रत्यय के स्थान पर ३-१२ से प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति; 'ण' के पूर्व में स्थित 'अ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति १-२७ से प्राप्त प्रत्यय 'ण' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति होकर *खोभणाणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

अनुबद्धम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप *अणुबद्धं* होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२२८ से 'न्' के स्थान पर 'ण्' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *अणुबद्धं* रूप सिद्ध हो जाता है।

तं सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-७ में की गई है।

चिअ अव्यय रूप की सिद्धि सूत्र संख्या २-९९ में की गई है।

कामिनीभ्यः संस्कृत चतुर्थ्यन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप *कामिणीणं* होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण्' की प्राप्ति ३-१३१ से चतुर्थी विभक्ति के स्थान पर षष्ठी विभक्ति का विधान; ३-६ से षष्ठी विभक्ति के बहु वचन में दीर्घ ईकारान्त स्त्रीलिंग में संस्कृत प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२७ से प्राप्त प्रत्यय 'ण' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति होकर *कामिणीणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

ते संस्कृत सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप भी 'ते' ही होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से मूल रूप 'तत्' के द्वितीय 'त्' का लोप; ३-५८ से प्रथमा विभक्ति के बहु वचन में प्राप्त संस्कृत प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर 'डे' आदेश; 'ड' में 'ड्' इत्संज्ञक होने से पूर्वस्थ 'त' में रहे हुए 'अ' की इत्संज्ञा होने से लोप और १-५ से शेष हलन्त 'त्' में प्राप्त प्रत्यय 'ए' की संधि होकर *ते* रूप सिद्ध हो जाता है।

चिअ अव्यय रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-८ में की गई है।

धन्याः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप धन्ना होता है इसमें सूत्र-संख्या २-७८ से 'य्' का लोप; २-८९ से लोप हुए 'य्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'न' को द्वित्व 'न्न' की प्राप्ति ३-४ से प्रथमा विभक्ति के बहु वचन में अकारान्त में प्राप्त संस्कृत प्रत्यय 'जस्' का लोप और ३-१२ से प्राप्त एवं लुप्त 'जस्' प्रत्यय के पूर्व में स्थित 'न्न' के अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति होकर *धन्ना* रूप सिद्ध हो जाता है।

'ते' सर्वनाम रूप की सिद्धि इसी सूत्र में ऊपर की गई है।

च्चेअ प्रत्यय की सिद्धि सूत्र संख्या १-७ में की गई है।

सुपुरुषाः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सुपुरिसा होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१११ से 'रु' में स्थित 'उ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति; १-२६० से 'ष' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति; ३-४ से प्रथमा विभक्ति के बहु वचन में अकारान्त पुल्लिंग में प्राप्त संस्कृत प्रत्यय 'जस्' का लोप और ३-१२ से प्राप्त एवं लुप्त 'जस्' प्रत्यय के पूर्व

में स्थित 'स' के अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति होकर *सुपुरिसा* रूप सिद्ध हो जाता है।

एव संस्कृत अव्यय है। इसका प्राकृत रूप च्च होता है। इसमें सूत्र संख्या २-१८४ से 'एव' के स्थान पर 'च्च' आदेश की प्राप्ति होकर 'च्च' रूप सिद्ध हो जाता है।

'स' संस्कृत सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप 'स' होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-८६ से मूल सर्वनाम 'तत्' के स्थान पर 'सो' आदेश और २-३ से वैकल्पिक रूप से 'ओ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति होकर '*स*' रूप सिद्ध हो जाता है।

'ऊ' प्राकृत साहित्य का 'निन्दार्थ' रूढ अर्थक और रूढ-रूपक अव्यय है, अतः साधनिका की आवश्यकता नहीं है।

(हे) *निर्लज्ज!* संस्कृत संबोधनात्मक रूप है। इसका प्राकृत रूप णिल्लज्ज होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२२९ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से 'र्' के लोप होने के पश्चात शेष रहे हुए 'ल' को द्वित्व 'ल्ल' की प्राप्ति और ३-३८ से सम्बोधन के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थानीय रूप (डो=) 'ओ' का वैकल्पिक रूप से लोप होकर *णिल्लज्ज* रूप सिद्ध हो जाता है।

'*किं*' की सिद्धि सूत्र संख्या १-२९ में की गई है।

मया संस्कृत तृतीयान्त सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप मए होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-१०९ से संस्कृत सर्वनाम 'अस्मद्' के साथ में तृतीया विभक्ति के प्रत्यय 'टा' का योग प्राप्त होने पर प्राप्त रूप 'मया' के स्थान पर प्राकृत में 'मए' आदेश की प्राप्ति होकर मए रूप सिद्ध हो जाता है।

'*भणिअं*' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या २-१९३ में की गई है।

'*कह*' की सिद्धि सूत्र संख्या १-२९ में की गई।

ज्ञाता (=मुनिता) संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप मुणिआ होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-७ से 'ज्ञा' के स्थान पर 'मुण्' आदेश, ४-२३९ से हलन्त धातु 'मुण्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, ३-१५६ से प्राप्त विकरण प्रत्यय 'अ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति, और १-१७७ से 'त्' का लोप होकर *मुणिआ* रूप सिद्ध हो जाता है।

अहम् संस्कृत सर्वनाम रूप है इसका प्राकृत रूप अहयं होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-१०५ से संस्कृत सर्वनाम 'अस्मद्' के प्रथमा विभक्ति के एक वचन में 'सि' प्रत्यय के योग से प्राप्त रूप 'अहम्' के स्थान पर प्राकृत में 'अहयं' आदेश की प्राप्ति होकर अहयं रूप सिद्ध हो जाता है।

केन संस्कृत तृतीयान्त सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप केण होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-७१ से मूल रूप 'किम्' के स्थान पर 'क' की प्राप्ति, ३-६ से तृतीया विभक्ति के एक वचन में अकारांत पुल्लिंग में संस्कृत प्रत्यय 'टा' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-१४ से प्राप्त प्रत्यय 'ण' के पूर्व में स्थित 'क' के अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति होकर *केण* रूप सिद्ध हो जाता है।

'*न*' की सिद्धि सूत्र संख्या १-६ में की गई है।

विज्ञातम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप विण्णायं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-४२ से 'ज्ञ' के स्थान पर 'ण्' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ण्' को द्वित्व 'ण्ण्' की प्राप्ति, १-१७७ से त् का लोप; १-१८० से लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति; ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में संस्कृत प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *विण्णायं* रूप सिद्ध हो जाता है॥ २-१९९ ॥

थू कुत्सायाम् ॥२-२००॥

थू इति कुत्सायां प्रयोक्तव्यम् ॥ थू निल्लज्जो लोओ ॥

अर्थ —'कुत्सा' अर्थात् निन्दा- अथवा घृणा अर्थ में 'थू' अव्यय का प्रयोग किया जाता है। जैसे-थू (निन्दनीय) निर्लज्ज लोकः = थू निल्लज्जो लोओ अर्थात् निर्लज्ज व्यक्ति निन्दा का पात्र है। (घृणा का पात्र है) *'थू'* प्राकृत भाषा का रूढ रूपक और रूढ अव्यय है, अतः साधनिका की आवश्यकता नहीं है।

निर्लज्जः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप निल्लज्जो होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप; २-८९ से लोप हुए 'र्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ल' को द्वित्व 'ल्ल' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृत प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *निल्लज्जो* रूप सिद्ध हो जाता है।

लोओ रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१७७ में की गई है॥२-२००॥

रे अरे संभाषण रतिकलहे ॥२-२०१॥

अनयोरर्थयोर्यथासंख्यमेतौ प्रयोक्तव्यौ ॥ रे संभाषणे। रे हिअय मडह सरिआ ॥ अरे रति-कलहे। अरे मए समं मा करसु उवहासं ॥

अर्थ —प्राकृत साहित्य में 'रे' अव्यय 'संभाषण' अर्थ में-'तथ्यगार प्रकट करने' अर्थ में प्रयुक्त होता है और 'अरे' अव्यय 'प्रीतिपूर्वक कलह' अर्थ में- रति क्रिया संबंधित कलह अर्थ में प्रयुक्त होता है। जैसे —'रे' का उदाहरण—रे हृदय! मृतक-सरिता=रे हिअय! मडह-सरिआ—अर्थात् अरे हृदय! अल्पजल वाली नदी——(वाक्य अपूर्ण है)। 'अरे' का उदाहरण इस प्रकार है-अरे! मया समं मा कुरु उपहासं=अरे! मए समं मा करसु उवहासं अर्थात् अरे! तू मेरे साथ उपहास (रति कलह) मत कर।

रे प्राकृत साहित्य का रूढ-अर्थक और रूढ रूपक अव्यय है, अतः इसकी साधनिका की आवश्यकता नहीं है।

हृदय संस्कृत संबोधनात्मक रूप है। इसका प्राकृत रूप हिअय होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-१२८ से 'ऋ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति, १-१७७ मे 'द्' का लोप और ३-३७ से संबोधन के एक वचन में प्राकृत में प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थानीय रूप 'म्' प्रत्यय का अभाव होकर *हिअय* रूप सिद्ध हो जाता है।

मृतक सरिता सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मडह सरिआ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, १-२०६ से 'त' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति, १-१७७ से 'क्' का लोप; ४-४४७ से लोप हुए 'क्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'ह' की व्यत्यय रूप प्राप्ति; (क्योंकि 'अ' और 'ह' का समान उच्चारण स्थान कठ है); और १-१५ से (मूल रूप 'सरित्' के अन्त्य हलन्त व्यञ्जन रूप) 'त्' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति होकर *मडह-सरिआ* रूप सिद्ध हो जाता है।

'अरे' प्राकृत साहित्य का रूढ-रूपक और रूढ-अर्थक अव्यय है; अतः साधनिका की आवश्यकता नहीं है।

'मए' सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या १-१९९ में की गई है।

'समं' सस्कृत अव्यय रूप है। इसका प्राकृत रूप भी सम ही है। अतः साधनिका की आवश्यकता नहीं है।

'मा' संस्कृत अव्यय रूप है। इसका प्राकृत रूप भी *'मा'* ही है। अतः साधनिका की आवश्यकता नहीं है।

'कुरु' सस्कृत आज्ञार्थक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप करेसु होता है। इसमें सूत्र-संख्या ४-२३६ से मूल 'धातु' 'कर्' के हलन्त व्यञ्जन 'र्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, ३-१५८ से प्राप्त विकरण प्रत्यय 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति, और ३-१७३ से आज्ञार्थक लकार के द्वितीय पुरुष के एक वचन में प्राकृत में 'सु' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *करेसु* रूप सिद्ध हो जाता है।

उपहासम् सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप उवहास होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-२३१ से 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *उवहासं* रूप सिद्ध हो जाता है ॥२-२०१॥

हरे क्षेपे च ॥ २-२०२ ॥

क्षेपे संभाषण रतिकलहयोश्च हरे इति प्रयोक्तव्यम् ॥ क्षेपे । हरे णिल्लज्ज ॥ संभाषणे । हरे पुरिसा ॥ रति-कलहे । हरे बहु-वल्लह ॥

अर्थः—प्राकृत साहित्य में 'हरे' अव्यय 'तिरस्कार'-अर्थ में; 'सभाषण'-अर्थ में अथवा 'उद्गार प्रकट करने' अर्थ में; और 'प्रीतिपूर्वक-कलह' अर्थ में याने 'रति-क्रिया-सबधित कलह' अर्थ में प्रयुक्त

किया जाता है। 'तिरस्कार' अर्थक उदाहरण — हरे निर्लज्ज ! हरे णिल्लज्ज अर्थात् अरे ! निर्लज्ज (धिक्कार है)। 'संभाषण' अर्थक उदाहरण — हरे पुरुषाः=हरे पुरिसा अर्थात् अरे ओ मनुष्यों ! रति कलह अर्थक उदाहरण—हरे बहु वल्लभ ! = हरे बहु-वल्लह अर्थात् अरे ! अनेक से प्रेम करने वाला अथवा अनेक स्त्रियों के पति।

'हरे' प्राकृत-साहित्य का रूढ-अर्थक और रूढ-रूपक अव्यय है, अतः साधनिका की आवश्यकता नहीं है।

निर्लज्ज संस्कृत संबोधनात्मक रूप है। इसका प्राकृत रूप णिल्लज्ज होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२२९ से 'न्' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति; २-७९ से 'र्' का लोप २-८९ से लोप हुए 'र' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ल' को द्वित्व 'ल्ल' की प्राप्ति और ३-३८ से संबोधन के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राप्तव्य प्राकृत प्रत्यय 'ओ' का वैकल्पिक रूप से लोप होकर *'णिल्लज्ज'* रूप सिद्ध हो जाता है।

पुरुषाः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप पुरिसा होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१११ से 'रु' के स्थान 'रि' की प्राप्ति, १-२६० से 'ष्' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति, ३-४ से संबोधन के बहु वचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृत प्रत्यय 'जस्' की प्राप्ति होकर प्राकृत में लोप और ३-१२ से प्राप्त एवं लुप्त जस् प्रत्यय के पूर्व में स्थित 'स' के अन्त्य स्वर 'अ' को दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति होकर संबोधन बहु वचन में *पुरिसा* रूप सिद्ध हो जाता है।

बहु-वल्लभ संस्कृत संबोधनात्मक रूप है। इसका प्राकृत रूप बहु-वल्लह होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१८७ से 'भ' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति और ३-३८ से संबोधन के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राप्तव्य प्राकृत प्रत्यय 'ओ' का वैकल्पिक रूप से लोप होकर *बहु-वल्लह* रूप सिद्ध हो जाता है ॥ २-२०२ ॥

ओ सूचना-पश्चात्तापे ॥ २-२०३ ॥

ओ इति सूचना पश्चात्तापयोः प्रयोक्तव्यम् ॥ सूचनायाम् । ओ अविणय-तत्तिल्ले ॥ पश्चात्तापे । ओ न मए छाया इत्तिआए ॥ विकल्पे तु उतादेशेनैवौकारेण सिद्धम् ॥ ओ विरएमि नहयले ॥

अर्थ —प्राकृत-साहित्य में 'ओ' अव्यय 'सूचना' अर्थ में और 'पश्चात्ताप' अर्थ में प्रयुक्त होता है। 'सूचना' विषयक उदाहरण इस प्रकार है —ओ अविनय-तृप्तिपरे !=ओ अविणय-तत्तिल्ले अर्थात् अरे ! (मैं तुम्हें सूचित करता हूँ कि) (तू) अविनय-शील (है)। 'पश्चात्ताप' विषयक उदाहरण— ओ ! (खेद-अर्थे) न मया छाया एतावत्यां = ओ न मए छाया इत्तिआए = अर्थात् अरे ! इतना (समय)

हो जाने पर (भी) (उसकी) छाया (तक) मुझे नहीं (दिखाई दी)। 'वैकल्पिक' अर्थ में जहाँ 'ओ' आता है, तो वह प्राप्त 'ओ' संस्कृत अव्यय विकल्पार्थक 'उत' अव्यय के स्थान पर आदेश रूप होता है; जैसा कि सूत्र संख्या १-१७२ में वर्णित है। उदाहरण इस प्रकार है:—उत विरचयामि नभस्तले=ओ विरएमि नहयले। इस उदाहरण में प्राप्त 'ओ' विकल्पार्थक है न कि 'सूचना एवं पश्चात्ताप' अर्थक; यों अन्यत्र भी तात्पर्य-भेद समझ लेना चाहिये।

'ओ' अव्यय प्राकृत-साहित्य में रूढ रूपक और रूढ-अर्थक है, अतः साधनिका की आवश्यकता नहीं है।

अविनय-तृप्तिपरे संस्कृत संबोधनात्मक रूप है। इसका प्राकृत रूप अविणय-तत्तिल्ले होता है। इसमें सूत्रसंख्या १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, १-१२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति २-७७ से 'प्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'प्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति; २-१५९ से 'मत्' अर्थक 'पर' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में 'इल्ल' प्रत्यय की प्राप्ति, १-१० से प्राप्त प्रत्यय 'इल्ल' के पूर्व में स्थित 'त्ति' के 'इ' का लोप, १-५ से प्राप्त हलन्त 'त्त्' में प्रत्यय 'इल्ल' के 'इ' की संधि, ३-३१ से प्राप्त पुल्लिंग रूप 'तत्तिल्ल' में स्त्रीलिंग-रूप निर्माणार्थ 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-४१ से संबोधन के एक वचन में प्राप्त रूप 'तत्तिल्ला' के अन्त्य स्वर 'आ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति होकर *अविणय-तत्तिल्ले* रूप सिद्ध हो जाता है।

'न' अव्यय की सिद्धि सूत्र-संख्या *१-६* में की गई है।

'छाया' की सिद्धि सूत्र-संख्या *१-२४९* में की गई है।

'मए' की सिद्धि सूत्र-संख्या *२-१९९* में की गई है।

एतावत्यां संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप इत्तिआए होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१५६ से 'एतावत्' के स्थान पर 'इत्तिअ' आदेश, ३-३१ से स्त्रीलिंग-अर्थ में 'इत्तिअ' के अन्त में 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-२९ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में अकारान्त स्त्रीलिंग में संस्कृत प्रत्यय 'ङि' के स्थानीय रूप 'या' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *इत्तिआए* रूप सिद्ध हो जाता है।

'उत'='ओ' की सिद्धि सूत्र-संख्या *१-१७२* में की गई है।

विरचयामि संस्कृत क्रिया पद का रूप है। इसका प्राकृत रूप विरएमि होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से 'च' का लोप, ४-२३९ से संस्कृत विकरण प्रत्यय 'अय' के स्थान पर प्राकृत में 'अ' विकरण प्रत्यय की प्राप्ति, ३-१५८ से विकरण प्रत्यय 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति और ३-१४१ से वर्तमान काल के एक वचन में तृतीय पुरुष में 'मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विरएमि* रूप सिद्ध हो जाता है।

नभस्तले संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप नहयले होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१८७ से 'भ'

के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, २-७७ से 'स्' का लोप; १-१७७ से 'त्' का लोप; १-१८० से लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति और ३-११ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में अकारान्त में संस्कृत प्रत्यय 'ङि' के स्थान पर प्राकृत में 'डे=ए' प्रत्यय की प्राप्ति, प्राप्त प्रत्यय 'डे' में 'ड्' इत्संज्ञक होने से 'नहयस्' के अन्त्य स्वर 'अ' की इत्संज्ञा होने से लोप, एवं १-५ से प्राप्त हलन्त रूप 'नहयस्' में पूर्वोक्त 'ए' प्रत्यय की संधि होकर नहयसे रूप सिद्ध हो जाता है ॥२-२०३॥

अव्वो सूचना-दुःख-सम्भाषणापराध-विस्मयानन्दादर भय-खेद विषाद पश्चात्तापे ॥ २-२०४ ॥

अव्वो इति सूचनादिषु प्रयोक्तव्यम् ॥ सूचनायाम् । अव्वो दुक्करयारय ॥ दुःखे । अव्वो दलन्ति हिययं ॥ संभाषणे । अव्वो किमिणं किमिणं ॥ अपराध विस्मययोः ।

अव्वो हरन्ति हिअयं तह वि न वेसा हवन्ति जुवईण ।
अव्वो किं पि रहस्सं मुणन्ति धुत्ता जणब्भहिआ ॥१॥

आनन्दादर भयेषु ।

अव्वो सुपहाय मिणं अव्वो अज्जम्ह सप्फलं जीअं।
अव्वो अइअम्मि तुमे नवरं जइ सा न जूरिहिइ ।२॥

खेदे । अव्वो न जामि छेत्तं ॥ विषादे ।

अव्वो नासन्ति दिहिं पुलयं वड्ढेन्ति देन्ति रणरणयं ।
एण्हिं तस्स अ गुणा ते च्चिअ अव्वो कह णु एअं ।३।

पश्चात्तापे ।

अव्वो तह तेण कया अहयं जह कस्स साहेमि ॥

अर्थ —प्राकृत साहित्य का 'अव्वो' अव्यय ग्यारह अर्थों में प्रयुक्त होता है। उक्त ग्यारह अर्थ क्रम से इस प्रकार हैं —(१) सूचना (२) दुःख (३) संभाषण (४) अपराध (५) विस्मय (६) आनन्द (७) आदर (८) भय (९) खेद (१०) विषाद और (११) पश्चात्ताप तदनुसार प्रसंग को देखकर 'अव्वो' अव्यय का अर्थ किया जाना चाहिये। इनके उदाहरण क्रम से दिये जा रहे हैं। सूचना-विषयक उदाहरण—अव्वो दुक्करयारय=अव्वो दुष्कर कारक अर्थात् (मैं) सूचना (करती हूँ कि) (य) अत्यन्त कठिनाई से किये जाने वाला है। दुःख-विषयक उदाहरण—अव्वो दलन्ति हृदयम्=अव्वो दलन्ति हिययं अर्थात् दुःख है (कि वे) हृदय को चीर रहे—फाड़ रहे—हैं। संभाषण विषयक उदाहरण—अव्वो किमिदं किमिदं=अव्वो किमिणं किमिणं अर्थात् ... है ? यह क्या है ? अपराध और विस्मय विषयक ...

संस्कृत:-अव्वो हरंति हृदयं तथापि न द्वेष्याः भवंति युवतीनाम् ॥
अव्वो किमपि रहस्यं जानंति घूर्ताः जनाभ्यधिकाः ॥ १ ॥

प्राकृत:—अव्वो हरन्ति हिअयं तहवि न वेसा हवन्ति जुवईण ॥
अव्वो किं पि रहस्स मुणन्ति धुत्ता जणब्भहिआ ॥ २ ॥

अर्थात् (कामी पुरुष) युवती-स्त्रियों के हृदय को हरण कर लेते हैं; तो भी (ऐसा अपराध करने पर भी) (वे स्त्रियां) द्वेष भाव करने वाली—(हृदय को चुराने वाले चोरों के प्रति) (दुष्टता के भाव रखने वाली) नहीं होती हैं। इसमें 'अव्वो' का प्रयोग उपरोक्त रीति से अपराध-सूचक है। जन-साधारण से (बुद्धि की) अधिकता रखने वाले ये (कामी) धूर्त्त पुरुष आश्चर्य है कि कुछ न कुछ-रहस्य जानते हैं। 'रहस्य का जानना' आश्चर्य सूचक है-विस्मयोत्पादक है, इसी को 'अव्वो' अव्यय से व्यक्त किया गया है।

आनन्द विषयक उदाहरण—अव्वो सुप्रभातम् इदम् = अव्वो सुपहायं इणं=आनन्द की बात है कि (आज) यह सु प्रभात (हुआ)। आदर-विषयक उदाहरणः—अव्वो अद्य अस्माकम् सफलम् जीवितम् =अव्वो अज्जम्ह सप्फलं जीअं=(आप द्वारा प्रदत इस) आदर से आज हमारा जीवन सफल हो गया है।

भय-विषय उदाहरण -अव्वो अतीते त्वया केवलम् यदि सा न खेदूष्यति=अव्वो अइअम्मि तुमे नवरं जइ सा न जूरिहिइ=(मुझे) भय (है कि) यदि तुम चले जाओगे तो तुम्हारे चले जाने पर क्या वह खिन्नता अनुभव नहीं करेगी, अर्थात् अवश्य ही खिन्नता अनुभव करेगी। यहां पर 'अव्वो' अव्यय भय सूचक है।

खेद-विषयक उदाहरणः—अव्वो न यामि क्षेत्रम्=अव्वो न जामि छेत्तं=खेद है कि मैं खेत पर नहीं जाती हूं। अर्थात् खेत पर जाने से मुझे केवल खिन्नता ही अनुभव होगी-रज ही पैदा होगा। इस प्रकार यहां पर 'अव्वो' अव्यय का अर्थ 'खिन्नता अथवा रंज' ही है।

विषाद-विषयक उदाहरण —
सं०—अव्वो नाशयति धृतिम् पुलकं वर्धयन्ति ददति रणरण क ॥
इदानीम् तस्य इति गुणा ते एव अव्वो कथम् नु एतत् ॥

प्रा०— अव्वो नासेन्ति दिहिं पुलयं वड्ढेन्ति देन्ति रणरणयं ॥
एण्हि तस्सेअ गुणा ते च्चिअ अव्वो कह णु एअं ॥

अर्थ:—खेद है कि धैर्य का नाश करते हैं, रोमाञ्चितता बढ़ाते हैं, काम-वासना के प्रति उत्सुकता प्रदान करते हैं, ये सब वृत्तियाँ इस समय में उसी धन-वैभव के ही दुर्गुण हैं अथवा अन्य किसी कारण से है? खेद है कि इस सबंध में कुछ भी स्पष्ट रूप से विदित नहीं हो रहा है। इस प्रकार 'अव्वो' अव्यय यहाँ पर विषाद-सूचक है।

पश्चात्ताप-विषयक उदाहरण इस प्रकार है —

संस्कृत—अव्वो तथा तेन कृता अहम् यथा कस्मै कथयामि ।

प्राकृत—अव्वो तह तेण कया अहयं जह कस्स साहेमि ।

अर्थ—पश्चात्ताप की बात है कि जैसा उसने किया; वैसा मैं किससे कहूं ? इस प्रकार यहां पर अव्वो अव्यय पश्चात्ताप सूचक है ।

अव्वो-प्राकृत-साहित्य का रूढ-रूपक और रूढ-अर्थक अव्यय है; अतः साधनिका की आवश्यकता नहीं है ।

दुष्कर-कारक संस्कृत रूप है । इसका प्राकृत रूप दुक्कर-यारय होता है । इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से 'ष्' का लोप; २-८९ से लोप हुए 'ष्' के पश्चात् शेष रहे हुए प्रथम 'क' को द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति १-१७७ से द्वितीय 'क' और तृतीय 'क्' का लोप १-१८० से दोनों 'क' वर्णों के लोप होने के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' और 'अ' के स्थान पर क्रमिक यथा रूप से 'या' और 'य' की प्राप्ति होकर दुक्कर-यारय रूप की सिद्धि हो जाती है ।

दलन्ति संस्कृत क्रियापद का रूप है । इसका प्राकृत रूप भी दलन्ति ही होता है । इसमें सूत्र संख्या ४-२३९ से हलन्त धातु 'दल' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति और ३-१४२ से वर्तमान काल के बहुवचन में प्रथम पुरुष में प्राकृत में 'न्ति प्रत्यय की प्राप्ति होकर दलन्ति रूप सिद्ध हो जाता है ।

हृदयम् संस्कृत रूप है । इसका प्राकृत रूप हिययं होता है । इसमें सूत्र संख्या १-१२८ से 'ऋ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति १-१७७ से 'द्' का लोप १-१८० से लोप हुए 'द्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *हिययं* रूप सिद्ध हो जाता है ।

किल अव्यय की सिद्धि सूत्र-संख्या १ ८१ में की गई है ।

इदम् संस्कृत सर्वनाम रूप है । इसका प्राकृत रूप इमं होता है । इसमें सूत्र संख्या ३-७९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में 'इदम्' के स्थान पर इमं' आदेश की प्राप्ति होकर इमं रूप सिद्ध हो जाता है ।

हरन्ति संस्कृत क्रियापद का रूप है । इसका प्राकृत रूप हरन्ति होता है । इसमें सूत्र संख्या ४-२३९ से प्राकृत हलन्त धातु 'हर में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति और ३ १४२ से वर्तमान काल के बहुवचन में प्रथम पुरुष रूप में प्राकृत में 'न्ति प्रत्यय की प्राप्ति होकर हरन्ति रूप सिद्ध हो जाता है ।

'हिअयं' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-७ में की गई है ।

'तह' अव्यय की सिद्धि सूत्र संख्या १-६७ में की गई है।

'वि' अव्यय की सिद्धि सूत्र संख्या १-६ में की गई है।

'न' अव्यय की सिद्धि सूत्र संख्या १-६ में की गई है।

द्वेष्याः संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप वेसा होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७७ से 'द्' का लोप, १-२६० से 'ष्' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति, २-७८ से 'य' का लोप, १-५ से प्राप्त हलन्त 'स' के साथ लुप्त 'य्' में से शेष रहे हुए 'आ' की संधि और ३-४ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में प्राप्त प्रत्यय 'जस्' का लोप एवं ३-१२ से प्राप्त एवं लुप्त 'जस्' प्रत्यय के पूर्व में स्थित 'आ' को यथा-स्थिति 'आ' की ही प्राप्ति होकर *वेसा* रूप सिद्ध हो जाता है।

भवन्ति संस्कृत क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप हवन्ति होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-६० से संस्कृत धातु 'भू' के स्थान पर प्राकृत में 'हव्' आदेश, ४-२३९ से प्राप्त एवं हलन्त धातु 'हव्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति और ३-१४२ से वर्तमान काल के बहुवचन में प्रथम पुरुष में 'न्ति' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *हवन्ति* रूप सिद्ध हो जाता है।

युवतीनाम् संस्कृत षष्ठ्यन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप जुवईण होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२४५ से 'य्' के स्थान पर 'ज्' की प्राप्ति, १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-६ से षष्ठी विभक्ति के बहु-वचन में संस्कृत प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जुवईण* रूप सिद्ध हो जाता है।

'किं' अव्यय की सिद्धि सूत्र संख्या १-२९ में की गई है।

'पि' अव्यय की सिद्धि सूत्र संख्या १-४१ में की गई है।

'रहस्सं' की सिद्धि सूत्र संख्या २-१९८ में की गई है।

जानन्ति संस्कृत क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप मुणन्ति होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-७ से संस्कृत धातु 'ज्ञा' के स्थानीय रूप 'जान्' के स्थान पर प्राकृत में 'मुण्' आदेश, ४-२३९ से प्राप्त एवं हलन्त धातु 'मुण्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति और ३-१४२ से वर्तमान काल के बहुवचन में प्रथम पुरुष में प्राकृत में 'न्ति' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मुणन्ति* रूप सिद्ध हो जाता है।

धूर्त्ताः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप धुत्ता होता है। इसमें सूत्र संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'ऊ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' की प्राप्ति, २-७९ से 'र्' का लोप, ३-४ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में प्राप्त प्रत्यय 'जस्' का लोप और ३-१२ से प्राप्त एवं लुप्त प्रत्यय 'जस्' के पूर्व में स्थित 'त्त' के अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' को दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति होकर *धुत्ता* रूप सिद्ध हो जाता है।

जनाभ्यधिकाः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप जणब्भहिआ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-८४

से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति, १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति; २-७८ से 'य' का लोप २-८९ से लोप हुए 'य' के पश्चात् शेष रहे हुए 'म' को द्वित्व 'म्म' की प्राप्ति २-९० से प्राप्त पूर्व 'म्' के स्थान पर 'म्' की प्राप्ति १ १८७ से 'भ' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति, १ १७७ से 'क' का लोप, ३ ४ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में प्राप्त प्रत्यय 'जस्' के पूर्व में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' को दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति होकर *सण्णम्महिआ* रूप सिद्ध हो जाता है।

सुप्रभातम् संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सुपहार्य होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, १ १८७ से 'भ्' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति; १ १७७ से 'त्' का लोप, १ १८० से लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति ३ २५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १ २३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *सुपहार्य* रूप सिद्ध हो जाता है।

'*इणं*' रूप की सिद्धि इसी सूत्र में ऊपर की गई है।

'*अज्ज*' अव्यय की सिद्धि सूत्र संख्या १-३३ में की गई है।

अस्माकम् संस्कृत षष्ठ्यन्त सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप (अ) म्ह होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-११४ से संस्कृत 'अस्मद्' के षष्ठी बहुवचन में 'आम्' प्रत्यय का योग होने पर प्राप्त रूप 'अस्माकम्' के स्थान पर प्राकृत में 'अम्ह' आदेश की प्राप्ति और १-१० से मूल गाथा में 'अज्जम्ह' इति रूप होने से 'अ' के पश्चात् 'अ' का सद्भाव होने से 'अम्ह' के आदि 'अ' का लोप होकर 'म्ह' रूप सिद्ध हो जाता है।

सफलम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप सप्फलं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-८९ से 'फ' के स्थान पर द्वित्व 'फफ' की प्राप्ति २-९० से प्राप्त पूर्व 'फ' के स्थान पर 'प' की प्राप्ति ३ २५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *सप्फलं* रूप सिद्ध हो जाता है।

जीअं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२७१ में की गई है।

अतीते संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप अइअम्मि होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १७७ से दोनों 'त्' वर्णों का लोप; १-१०१ से प्रथम 'त्' के लोप होने के पश्चात् शेष रहे हुए दीर्घ स्वर 'ई' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति ३ ११ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृत प्रत्यय 'ङि' के स्थानीय रूप 'ए' के स्थान पर प्राकृत में 'म्मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अइअम्मि* रूप सिद्ध हो जाता है।

त्वया संस्कृत तृतीयान्त सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप तुमे होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-९४ से 'युष्मद्' संस्कृत सर्वनाम के तृतीया विभक्ति के एक वचन में 'टा' प्रत्यय का योग होने पर

प्राप्त रूप 'त्वया' के स्थान पर प्राकृत में 'तुमे' आदेश को प्राप्ति होकर *तुमे* रूप सिद्ध हो जाता है।

केवलम् संस्कृत अव्यय रूप है। इसका प्राकृत रूप नवरं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१८७ से 'केवलम्' के स्थान पर 'णवरं' आदेश की प्राप्ति, १-२२६ से 'ण' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'न' की प्राप्ति और १-२३ से अन्त्य हलन्त 'म्' का अनुस्वार होकर *नवरं* रूप सिद्ध हो जाता है।

'*जइ*' अव्यय रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या *१-४०* में की गई है।

'*सा*' सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *१-३३* में की गई है।

'*न*' अव्यय रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *१-६* में की गई है।

खेदृष्याति संस्कृत क्रियापद को रूप है। इसका प्राकृत रूप जूरिहिइ होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-१३२ से 'खिद्=खेद्' के स्थान पर प्राकृत में 'जूर' आदेश; ४-२३९ से प्राप्त हलन्त धातु 'जूर' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, ३-१६६ से संस्कृत में भविष्यत्-काल वाचक प्रत्यय 'ष्य' के स्थान पर प्राकृत में 'हि' की प्राप्ति, ३-१५७ से प्राप्त विकरण प्रत्यय 'अ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति और ३-१३९ से प्रथम पुरुष के एक वचन में प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जूरिहिइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

'*न*' अव्यय की सिद्धि सूत्र-संख्या *१-६* में की गई है।

'*यामि*' संस्कृत क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप जामि होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२४५ से 'य्' के स्थान पर 'ज्' की प्राप्ति और ३-१४१ से वर्तमानकाल के एक वचन में तृतीय पुरुष में 'मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जामि* रूप सिद्ध हो जाता है।

क्षेत्रम् संस्कृत द्वितीयांत रूप है। इसका प्राकृत रूप छेत्तं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-३ से 'क्ष्' के स्थान पर 'छ्' की प्राप्ति, २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से लोप, हुए 'र्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति; ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में अकारान्त में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *छेत्तं* रूप सिद्ध हो जाता है।

नाशयन्ति संस्कृत प्रेरणार्थक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप नासेन्ति होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'श्' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति, ३-१४९ से प्रेरणार्थक में प्राप्त संस्कृत प्रत्यय 'अय' के स्थान पर प्राकृत में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-१४२ से वर्तमानकाल के बहु वचन में प्रथम पुरुष में 'न्ति' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *नासेन्ति* रूप सिद्ध हो जाता है।

धृतिम् संस्कृत द्वितीयांत रूप है। इसका प्राकृत रूप दिहिं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१३१ से 'धृति' के स्थान पर 'दिहि' आदेश, ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *दिहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

पुलकम् संस्कृत द्वितीयान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप पुलयं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७

से 'क्' का लोप, १ १८० से लोप हुए 'क' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १ २३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर पुकयं रूप सिद्ध हो जाता है।

वर्धयन्ति संस्कृत प्रेरणार्थक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप वड्ढेन्ति होता है। इसमें सूत्र-संख्या २ ४० से संयुक्त व्यञ्जन 'र्ध' के स्थान पर 'ढ' आदेश, २-८९ से प्राप्त 'ढ' को द्वित्व 'ढ्ढ' की प्राप्ति, २ ९० से प्राप्त पूर्व 'ढ' के स्थान पर 'ड्' की प्राप्ति ३ १४९ से प्रेरणार्थक 'णि' प्राप्त संस्कृत प्रत्यय 'अय' के स्थान पर प्राकृत में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति और ३ १४२ से वर्तमानकाल के बहुवचन में प्रथम पुरुष में 'न्ति' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वड्ढेन्ति* रूप सिद्ध हो जाता है।

ददति संस्कृत क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप देन्ति होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १७७ से द्वितीय 'द्' का लोप १ १५८ से लोप हुए 'द्' के पश्चात शेष रहे हुए विकरण प्रत्यय 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति १ १० से प्राप्त ए के पूर्व में स्थित 'द' के 'अ' का लोप; १ ५ से प्राप्त हलन्त 'द्' में आगे रहे हुए 'ए' की संधि और ३ १४२ से वर्तमान काल के बहुवचन में प्रथम पुरुष में संस्कृत प्रत्यय 'न्ति' के स्थान पर प्राकृत में 'न्ति' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *देन्ति* रूप सिद्ध हो जाता है। प्रेरणार्थक में 'देन्ति' की साधनिका इस प्रकार भी होती है—संस्कृत मूल धातु 'दा' में स्थित दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर १-८४ से ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति ३ १४९ से प्रेरणा अर्थ में प्राकृत में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति १ १० से प्राप्त प्रत्यय 'ए' के पूर्व में स्थित 'द' के 'अ' का लोप १ ५ से हलन्त 'द्' में 'ए' की संधि और ३ १४२ से 'न्ति' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *देन्ति* प्रेरणार्थक रूप सिद्ध हो जाता है।

रणरणकम् संस्कृत द्वितीयान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप रणरणयं होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १७७ से 'क्' का लोप, १ १८० से लोप हुए 'क' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एकवचन में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *रणरणयं* रूप सिद्ध हो जाता है।

'पढिह' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-७ में की गई है।

तस्य संस्कृत षष्ठ्यन्त सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप तस्स होता है। इसमें सूत्र संख्या १ ११ से मूल संस्कृत शब्द 'तत्' के अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'त्' का लोप और ३ १० से षष्ठी विभक्ति के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'ङस्' के स्थानीय रूप 'स्य' के स्थान पर प्राकृत में 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *तस्स* रूप सिद्ध हो जाता है।

इति संस्कृत अव्यय रूप है। इसका प्राकृत रूप इअ होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १७७ से 'त्' का लोप और १ ९१ से लोप हुए 'त्' के पश्चात शेष रही हुई द्वितीय 'इ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति होकर *'इअ'* रूप सिद्ध हो जाता है।

'गुणा' रूप की सिद्धि सूत्र सख्या १-११ में की गई है।

'ते' संस्कृत सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप भी 'ते' ही होता है। इसमें सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'तत्' के अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'त्' का लोप, ३-५८ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में प्राप्त सस्कृत प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर प्राकृत में 'डे' प्रत्यय की प्राप्ति; प्राप्त प्रत्यय 'डे' में 'ड्' इत्सञ्ज्ञक होने से पूर्वस्थ 'त' मे स्थित अन्त्य स्वर 'अ' की इत्संज्ञा होकर इस 'अ' का लोप और १-५ से हलन्त 'त्' में प्राप्त प्रत्यय 'ए' की सधि होकर 'ते' रूप सिद्ध हो जाता है।

'च्चिअ' अव्यय की सिद्धि सूत्र सख्या १-८ मे की गई है।

'कह' अव्यय की सिद्धि सूत्र सख्या १-२९ में की गई है।

'नु' सस्कृत अव्यय रूप है। इसका प्राकृत रूप 'णु' होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२२९ से 'न्' के स्थान पर 'ण्' की प्राप्ति होकर *'णु'* रूप सिद्ध हो जाता है।

'एअं' सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र सख्या १-२०९ में की गई है।

'तह' अव्यय रूप की सिद्धि सूत्र सख्या १-६७ में की गई है।

'तेण' सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र सख्या २-१८६ में की गई है।

कृता सस्कृत क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप कया होता है। इसमें सत्र संख्या १-१२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, १-१७७ से 'त्' का लोप और १-१८० से लोप हुए 'त्' के पश्चात शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति होकर कया रूप सिद्ध हो जाता है।

'अहयं' सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र सख्या २-१९९ में की गई है।

'जह' अव्यय रूप की सिद्धि सूत्र सख्या १-६७ में की गई है।

कस्मै सस्कृत चतुर्थ्यन्त सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप कस्स होता है। इसमें सूत्र सख्या ३-७१ से मूल सस्कृत शब्द 'किम्' के स्थान पर प्राकृत में विभक्ति-वाचक प्रत्ययों की प्राप्ति होने पर 'क' रूप का सद्भाव, ३-१३१ से चतुर्थी विभक्ति के स्थान पर प्राकृत में षष्ठी-विभक्ति की प्राप्ति, तदनुसार ३-१० से षष्ठी-विभक्ति के एकवचन में प्राकृत मे सस्कृत प्रत्यय 'ङस्' के स्थान पर 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होकर कस्स रूप सिद्ध हो जाता है।

कथयामि सस्कृत सकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप साहेमि होता है। इसमें सूत्र सख्या ४-२ से सस्कृत धातु 'कथ्' के स्थान पर 'साह्' आदेश, ४-२३९ से हलन्त धातु 'साह्' में 'कथ्' धातु में प्रयुक्त विकरण प्रत्यय 'अय' के स्थान पर प्राकृत में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, ३-१५८ से प्राप्त विकरण प्रत्यय 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति और ३-१४१ से वर्तमान काल के एकवचन में तृतीय

पुरुष में संस्कृत के समान ही प्राकृत में भी 'मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *साहेमि* रूप सिद्ध हो जाता है ॥ २-२०० ॥

अइ संभावने ॥२-२०५॥

संभावने अइ इति प्रयोक्तव्यम् ॥ अइ ॥ दिअर किं न पेच्छसि ॥

अर्थ —प्राकृत-साहित्य में प्रयुक्त किया जाने वाला 'अइ' अव्यय 'संभावना' अर्थ को प्रकट करता है। 'संभावना है' इस अर्थ को 'अइ' अव्यय व्यक्त करता है। जैसे—अइ, देवर ! किम न पश्यसि=अइ, दिअर ! किं न पेच्छसि अर्थात् (मुझे ऐसी) संभावना (प्रतीत हो रही) है (कि) हे देवर ! क्या तुम नहीं देखते हो।

प्राकृत-साहित्य का रूढ-अर्थक और रूढ रूपक अव्यय है, अतः साधनिका की आवश्यकता नहीं है।

देवर संस्कृत संबोधनात्मक रूप है। इसका प्राकृत रूप दिअर होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१४६ से 'ए' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति; १-१७७ से 'व्' का लोप और ३-३८ से संबोधन के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय (सि=) 'ओ' का अभाव होकर *दिअर* रूप सिद्ध हो जाता है।

'किं' अव्यय की सिद्धि सूत्र संख्या १-२९ में की गई है।

'न' अव्यय की सिद्धि सूत्र-संख्या १-६ में की गई है।

पश्यसि संस्कृत सकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप पेच्छसि होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-१८१ से संस्कृत मूल धातु 'दृश' के स्थानीय रूप 'पश्' के स्थान पर प्राकृत में 'पेच्छ' आदेश; ४-२३९ से संस्कृत विकरण प्रत्यय 'य' के स्थान पर प्राकृत में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति और ३-१४० से वर्तमान काल के एक वचन में द्वितीय पुरुष में संस्कृत के समान ही प्राकृत में भी 'सि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पेच्छसि* रूप सिद्ध हो जाता है ॥२-२०५॥

वणे निश्चय विकल्पानुकम्प्ये च ॥२-२०६॥

वणे इति निश्चयादौ संभावने च प्रयोक्तव्यम् ॥ वणे देमि । निश्चयं ददामि ॥ विकल्पे ॥ होइ वणे न होइ । भवति वा न भवति ॥ अनुकम्प्ये । दासो वणे न मुच्चइ । दासोऽनुकम्प्यो न त्यज्यते ॥ संभावने । नत्थि वणे जं न देइ विहि परिणामो । संभाव्यते एतद् इत्यर्थः ॥

अर्थ — 'वणे' प्राकृत-साहित्य का अव्यय है और यह निम्नोक्त चार प्रकार के अर्थों में प्रयुक्त हुआ करता है —(१) निश्चय अर्थ में, (२) विकल्प अर्थ में (३) अनुकम्प्य-अर्थ में-(दया-प्रदान अर्थ में)

और (४) संभावना-अर्थ में। क्रमिक उदाहरण इस प्रकार है —(१) निश्चय-विषयक दृष्टान्तः—निश्चयं ददामि=वणे देमि अर्थात् निश्चय ही मैं देता हूं। (२) विकल्प-अर्थक दृष्टांत -भवति वा न भवति=होइ वणे न होइ अर्थात् (ऐसा) हो (भी) सकता है अथवा नहीं (भी) हो सकता है। (३) अनुकम्प्य अर्थात् 'दया-योग्य-स्थिति' प्रदर्शक दृष्टान्तः-दासोऽनुकम्प्यो न त्यज्यते=दासो वणे न मुच्चइ अर्थात (कितनी) दयाजनक स्थिति है (कि बेचारा) दास (दासता से) मुक्त नहीं किया जा रहा है। सभावना-दर्शक दृष्टान्तः—नास्ति वणे यन्न ददाति विधि-परिणाम'=नत्थि वणे जं न देइ विहि-परिणामो अर्थात ऐसी कोई वस्तु नहीं है; जिसको कि भाग्य-परिणाम प्रदान नहीं करता हो; तात्पर्य यह है कि प्रत्येक वस्तु की प्राप्ति का योग केवल भाग्य-परिणाम से ही सभव हो सकता है। सम्भावना यही है कि भाग्यानुसार ही फल-प्राप्ति हुआ करती है। यों 'वणे' अव्यय का अर्थ प्रसगानुसार व्यक्त होता है।

'वणे' प्राकृत-साहित्य का रूढ-अर्थक और रूढ-रूपक अव्यय है, तदनुसार साधनिका की की आवश्यकता नहीं है।

ददामि सस्कृत सकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप देमि होता है। इसमें सूत्र सख्या १-१७७ से द्वितीय द्' का लोप, ३-१५८ से लोप हुए 'द्' के पश्चात शेष रहे हुए 'आ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति, १-१० से प्रथम 'द' में स्थित 'अ' के आगे 'ए' की प्राप्ति होने से लोप; १-५ से प्राप्त हलन्त 'द्' में आगे प्राप्त 'ए' की सधि और ३-१४१ से वर्तमान काल के एकवचन में तृतीय पुरुष में संस्कृत के समान ही प्राकृत में भी 'मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *देमि* रूप सिद्ध हो जाता है।

'होइ' रूप की सिद्धि सूत्र सख्या १-९ में की गई है।

'न' अव्यय रूप की सिद्धि सूत्र सख्या १-६ में की गई है।

दासः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप दासो होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में अकारान्त पुल्लिग में संस्कृत प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *दासो* रूप सिद्ध हो जाता है।

त्यज्यते (=मुच्यते) संस्कृत कर्मणि प्रधान क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप मुच्चइ होता है। इसमें सूत्र सख्या ४-२४६ से कर्मणि प्रयोग में अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'च्' को द्वित्व 'च्च्' की प्राप्ति; और ४-२४६ से ही 'च्' को द्वित्व 'च्च्' की प्राप्ति होने पर सस्कृत रूप में रहे हुए कर्मणि रूप वाचक प्रत्यय 'य' का लोप, ४-२३६ से प्राप्त हलन्त 'च्च्' में 'अ' की प्राप्ति और ३-१३६ से वर्तमान काल के एकवचन में प्रथम पुरुष में संस्कृत प्रत्यय 'ते' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मुच्चइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

नास्ति संस्कृत अव्यय-योगात्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप नत्थि होता है। इस (न+अस्ति) में सूत्र संख्या ३-१४८ से 'अस्ति' के स्थान पर 'अत्थि' आदेश, १-१० से 'न' के अन्त्य

'म' के आगे 'मति' का 'म' होने से लोप और १ ५ से हलन्त 'म्' में 'मति' के 'म' की संधि होकर 'मति' रूप सिद्ध हो जाता है।

'जं' रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२४ में की गई है।

'न' अव्यय की सिद्धि सूत्र-संख्या १-६ में की गई है।

वेत्ति संस्कृत सकर्मक क्रिया पद का रूप है। इसका प्राकृत रूप वेइ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से द्वितीय 'त्' का लोप; २-१२८ से लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'आ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति, १ १० से प्रथम 'व' में रहे हुए 'अ' के आगे 'ए' प्राप्त होने से लोप; १ ५ से प्राप्त हलन्त 'व्' में आगे रहे हुए स्वर 'ए' की संधि और ३ १३६ से वर्तमान काल के एक वचन में प्रथम पुरुष में संस्कृत प्रत्यय ति के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर वेइ रूप सिद्ध हो जाता है।

विधि-परिणाम संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप विहि-परिणामो होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १८७ से 'ध्' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृत प्रत्यय सि के स्थानीय रूप विसर्ग के स्थान पर प्राकृत में 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर विहि-परिणामो रूप सिद्ध हो जाता है॥ २-२०६॥

मणे विमर्शे ॥२ २०७॥

मणे इति विमर्शे प्रयोक्तव्यम् ॥ मणे सूरो । किं स्वित् सूर्यः ॥ अन्ये मन्ये इत्यर्थमपीच्छन्ति ॥

अर्थ — 'मणे' प्राकृत साहित्य का अव्यय है जो कि तर्क युक्त प्रश्न पूछने के अर्थ में अथवा तर्क-युक्त विचार करने' के अर्थ में प्रयुक्त किया जाता है। विमर्श' शब्द का अर्थ 'तर्क-पूर्ण विचार होता है। जैसे — किंस्वित् सूर्यः=मणे सूरो अर्थात् क्या यह सूर्य है। तात्पर्य यह है कि-'क्या तुम सूर्य के गुण-दोषों का विचार कर रहे हो। सूर्य के संबंध में अनुसन्धान कर रहे हो। कोई कोई विद्वान 'मन्ये' अर्थात् 'मैं मानता हूँ; मेरी धारणा है कि इस अर्थ में भी 'मणे' अव्यय का प्रयोग करते हैं।

'किं स्वित् संस्कृत अव्यय रूप है। इसका आदेश-प्राप्त प्राकृत रूप मणे होता है। इसमें सूत्र संख्या २ २०७ से किंस्वित् के स्थान पर 'मणे' आदेश की प्राप्ति होकर मणे रूप सिद्ध हो जाता है।

सूरो रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या २-६४ में की गई है।

मन्ये संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मणे होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७८ से 'य्' का लोप और १ २२८ से 'न' के स्थान पर 'ण्' की प्राप्ति होकर मणे' रूप सिद्ध हो जाता है॥२-२०७॥

अम्मो आश्चर्ये ॥२ २०८॥

अम्मो इत्याश्चर्ये प्रयोक्तव्यम् ॥ अम्मो कह पारिज्जइ ॥

अर्थः—'अम्मो' प्राकृत-साहित्य का आश्चर्य वाचक अव्यय है। जहाँ आश्चर्य व्यक्त करना हो, वहाँ 'अम्मो' अव्यय का प्रयोग किया जाता है। जैसे.-(आश्चर्यमेतत्=) अम्मो कथम् पार्यते=अम्मो कह पारिज्जइ अर्थात् आश्चर्य है कि यह कैसे पार उतारा जा सकता है? तात्पर्य यह है कि इसका पार पा जाना अथवा पार उतर जाना निश्चय ही आश्चयजनक है।

'अम्मो' प्राकृत साहित्य का रूढ रूपक और रूढ अर्थक अव्यय है; साधनिका की आवश्यकता नहीं है।

'कह' अव्यय की सिद्धि सूत्र-सख्या १-२९ में की गई है।

पार्यते संस्कृत कर्मणि-प्रधान क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप पारिज्जइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-१६० से मूल धातु 'पार्' में संस्कृत कर्मणि वाचक प्रत्यय 'य' के स्थान पर प्राकृत में 'इज्ज' प्रत्यय की प्राप्ति, १-५ से 'पार्' धातु के हलन्त 'र्' में 'इज्ज' प्रत्यय के 'इ' की सधि; और ३-१३९ से वर्तमान काल के एक वचन में प्रथम पुरुष में सस्कृत-प्रत्यय 'ते' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पारिज्जइ* रूप सिद्ध हो जाता है ॥२-२०८॥

स्वयमोर्थे अप्पणो न वा ॥२--२०९॥

स्वयमित्यस्यार्थे अप्पणो वा प्रयोक्तव्यम् ॥ विसयं विअसन्ति अप्पणो कमल-सरा । पक्षे । सयं चेअ मुणसि करणिज्जं ॥

अर्थः—'स्वयम्' इस प्रकार के अर्थ में वैकल्पिक रूप से प्राकृत में 'अप्पणो' अव्यय का प्रयोग किया जाता है। 'स्वयम्=अपने आप' ऐसा अर्थ जहां व्यक्त करना हो, वहाँ पर वैकल्पिक रूप से 'अप्पणो' अव्ययात्मक शब्द लिखा जाता है। जैसे—विशद विकसन्ति स्वयं कमल-सरांसि=विसय विअसन्ति अप्पणो कमल-सरा अर्थात् कमल युक्त तालाब स्वयं (हो) उज्ज्वल रूप से विकासमान होते हैं। यहाँ पर 'अप्पणो' अव्यय 'स्वय' का द्योतक है। वैकल्पिक पक्ष होने से जहाँ 'अप्पणो' अव्यय प्रयुक्त नहीं होगा, वहाँ पर 'स्वय' के स्थान पर प्राकृत में 'सय' रूप प्रयुक्त किया जायगा जैसे—स्वय चेव जानासि करणीय=सयं चेअ मुणसि करणिज्जं अर्थात् तुम खुद ही-(स्वयमेव)-कर्त्तव्य को जानते हो इस उदाहरण में 'स्वय' के स्थान पर 'अप्पणो' अव्यय प्रयुक्त नहीं किया जाकर 'सयं' रूप प्रयुक्त किया गया है। इस प्रकार वैकल्पिक-स्थिति समझ लेना चाहिये।

विशदम् सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप विसय होता है। इसमे सूत्र-सख्या १-२६० से 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति, १-१७७ से 'द्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'द्' के पश्चात् शेप रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपु सकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *विसयं* रूप सिद्ध हो जाता है।

विकसन्ति संस्कृत अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप विअसन्ति होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'क्' का लोप ४-२३९ से हलन्त धातु 'विअस्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति और ३-१४२ से वर्तमानकाल के बहुवचन में प्रथम पुरुष में संस्कृत के समान ही प्राकृत में भी 'न्ति' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विअसन्ति* रूप सिद्ध हो जाता है।

'स्वयं' संस्कृत अव्यय रूप है। इसका प्राकृत रूप अप्पणो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-२०९ से 'स्वयं' के स्थान पर 'अप्पणो' आदेश की प्राप्ति होकर *'अप्पणो'* रूप सिद्ध हो जाता है।

कमल-सरांसि संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कमल-सरा होता है। इसमें सूत्र संख्या १-३२ से मूल संस्कृत शब्द 'कमल-सरस्' को संस्कृतीय नपुंसकत्व से प्राकृत में पुल्लिगत्व की प्राप्ति, १-११ से अन्त्य व्यञ्जन 'स्' का लोप ३-४ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में अकारान्त पुल्लिंग में प्राप्त प्रत्यय 'जस्' का लोप और ३-१२ से प्राप्त एवं लुप्त प्रत्यय 'जस्' के पूर्वस्थ 'र' व्यञ्जन में स्थित ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति होकर *कमल-सरा* रूप सिद्ध हो जाता है।

स्वयम् संस्कृत अव्ययात्मक रूप है। इसका प्राकृत रूप सयं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'व्' का लोप और १-२३ से अन्त्य हलन्त 'म्' का अनुस्वार होकर *सयं* रूप सिद्ध हो जाता है।

'चिअ' अव्यय की सिद्धि सूत्र संख्या *१-१८४* में की गई है।

जानासि संस्कृत सकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप मुणसि होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-७ से संस्कृतीय मूल धातु 'ज्ञा' के स्थानीय रूप 'जान्' के स्थान पर प्राकृत में 'मुण' आदेश ४-२३९ से प्राप्त हलन्त धातु 'मुण' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति और ३-१४० से वर्तमानकाल के एकवचन में द्वितीय पुरुष में संस्कृत के समान ही प्राकृत में भी 'सि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मुणसि* रूप सिद्ध हो जाता है।

'करणिज्जं' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *१-२४८* में की गई है ॥ २-२०९ ॥

प्रत्येकम पाडिक्क पाडिएक्क ॥ २-२१० ॥

प्रत्येकमित्यस्यार्थे पाडिक्कं पाडिएक्कं इति च प्रयोक्तव्यं वा। पाडिक्कं। पाडिएक्कं। पक्षे। पत्तेअं॥

अर्थ:—संस्कृत 'प्रत्येकम्' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से प्राकृत में 'पाडिक्कं' और 'पाडिएक्कं' रूपों का प्रयोग किया जाता है। पक्षान्तर में 'पत्तेअं' रूप का भी प्रयोग होता है। जैसे:—प्रत्येकम् = पाडिक्कं अथवा पाडिएक्कं अथवा पत्तेअं।

प्रत्येकम् संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप पाडिक्कं पाडिएक्कं और पत्तेअं होते हैं। इसमें

से प्रथम दो रूपों में सूत्र संख्या २-२१० से 'प्रत्येकम्' के स्थान पर 'पाडिक्कं' और पाडिएक्कं' रूपों की क्रमिक आदेश प्राप्ति होकर क्रमसे दोनों रूप 'पाडिक्कं' और 'पाडिएक्कं' सिद्ध हो जाता है।

तृतीय रूप (प्रत्येकम्=) पत्तेअं में सूत्र-सख्या २-७६ से 'र्' का लोप, २-७८ से 'य्' का लोप; २ ८६ से लोप हुए 'य्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'त्' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति; १-१७७ से 'क्' का लोप, और १-२३ से अन्त्य हलन्त 'म्' का अनुस्वार होकर पत्तेअं रूप सिद्ध हो जाता है। ॥२-२१०॥

उअ पश्य ॥ २-२११ ॥

उअ इति पश्येत्यस्यार्थे प्रयोक्तव्यं वा ॥

उअ निच्चल-निप्फंदा भिसिणी-पत्तंमि रेहइ बलाआ।

निम्मल-मरगय-भायण-परिट्ठिआ सङ्ख-सुत्ति व्व ॥

पक्षे पुलआदयः ॥

अर्थः—'देखो' इस मुहाविरे के अर्थ में प्राकृत में 'उअ' अव्यय का वैकल्पिक रूप से प्रयोग किया जाता है। जैसेः—पश्य=उअ अर्थात् देखो। 'ध्यान आर्षित करने के लिये' अथवा 'सावधानी बरतने के लिये' अथवा' चेतावनी देने के लिये हिन्दी में 'देखो' शब्द का प्रयोग किया जाता है। इसी तात्पर्य को प्राकृत में व्यक्त करने के लिये 'उअ' अव्यय को प्रयुक्त करने की परिपाटी है। भाव-स्पष्ट करने के लिये नीचे एक गाथा उद्धृत की जा रही है:—

संस्कृतः-पश्य निश्चल-निष्पन्दा बिसिनी-पत्रे राजते बलाका ॥
निर्मल-मरकन-भाजन प्रतिष्ठिता शङ्ख-शुक्तिरिव ॥१॥

प्राकृतः-उअ निच्चल-निप्फंदा भिसिणी-पत्तंमि रेहइ बलाआ ॥
निम्मल मरगय-भायण-परिट्ठिआ सङ्ख-सुत्तिव्व ॥१॥

अर्थः—'देखो'-शान्त और अचचल बगुली (तालाब का सफेद-वर्णीय मादा पक्षी विशेष) कमलिनी के पत्ते पर इस प्रकार सुशोभित हो रही है कि मानों निर्मल मरकत-मणियों से खचित बर्तन में शख अथवा सीप प्रतिष्ठित कर दी गई हो अथवा रख दी गई हो। उपरोक्त उदाहरण से स्पष्ट है कि 'बलाका=बगुली' की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिये व्यक्ति विशेष अपने साथी को कह रहा है कि 'देखो=(प्रा० उअ)' कितना सुन्दर दृश्य है।' इस प्रकार 'उअ' अव्यय की उपयोगिता एवं प्रयोगशीलता जान लेना चाहिये। पक्षान्तर में 'उअ' अव्यय के स्थान पर प्राकृत में 'पुलअ' आदि पन्द्रह प्रकार के आदेश रूप भी प्रयुक्त किये जाते हैं, जो कि सूत्र सख्या ४-१८१ में आगे कहे गये हैं। तदनुसार 'पुलअ' आदि रूपों का तात्पर्य भी 'उअ' अव्यय के समान ही जानना चाहिये।

पश्य संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप 'उअ' होता है। इसमें सूत्र संख्या २-१११ से पश्य' के

शंख-शुक्तिः संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सङ्ख-सुत्ति होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से दोनों 'श' व्यञ्जनों के स्थान पर 'स' की प्राप्ति; १-३० से अनुस्वार के स्थान पर आगे 'ख' व्यञ्जन होने से कवर्गीय पञ्चम-अक्षर की प्राप्ति, २-७७ से 'क्ति' मे स्थित हलन्त 'क्' व्यञ्जन का लोप, २-८९ से लोप हुए 'क्' के पश्चात शेष रहे हुए 'त्' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति और १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन रूप विसर्ग का लोप होकर *सङ्ख-सुत्ति* रूप सिद्ध हो जाता है।

'*व*' अव्यय की सिद्धि सूत्र-संख्या १-६ में की गई है।

पश्य संस्कृत क्रियापद रूप है। इसका प्राकृत रूप पुलअ भी होता है। इसमें सूत्र-संख्या ४-१८१ से संस्कृत मूल धातु 'दृश्' के स्थानीय रूप 'पश्य' के स्थान पर 'पुलअ' आदेश की प्राप्ति, और ३-१७५ से आज्ञार्थक लकार में द्वितीय पुरुष के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय का लोप होकर *पुलअ* रूप सिद्ध हो जाता है॥ २-२११ ॥

इहरा इतरथा ॥२-२१२॥

इहरा इति इतरथार्थे प्रयोक्तव्यं वा ॥ इहरा नीसामन्नेहिं । पक्षे । इअरहा ॥

अर्थः—संस्कृत शब्द 'इतरथा' के अर्थ में प्राकृत-साहित्य में वैकल्पिक रूप से 'इहरा' अव्यय का प्रयोग होता है। जैसे—इतरथा निः सामान्यैः=इहरा नीसामन्नेहिं अर्थात् अन्यथा असाधारणों द्वारा-(वाक्य अपूर्ण है)। वैकल्पिक पक्ष होने से जहाँ 'इहरा' रूप का प्रयोग नहीं होगा वहाँ पर 'इअरहा' प्रयुक्त होगा। इस प्रकार 'इतरथा' के स्थान पर 'इहरा' और 'इअरहा' में से कोई भी एक रूप प्रयुक्त किया जा सकता है।

इतरथा संस्कृत अव्यय रूप है। इसके प्राकृत रूप इहरा और इअरहा होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या २-२१२ से 'इतरथा' के स्थान पर 'इहरा' रूप की आदेश प्राप्ति होकर प्रथम रूप *इहरा* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(इतरथा=) इअरहा में सूत्र संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप और १ १८७ से 'थ्' के स्थान पर 'ह्' आदेश की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *इअरहा* भी सिद्ध हो जाता है।

निःसामान्यैः संस्कृत विशेषणरूप है। इसका प्राकृत रूप नीसामन्नेहि होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से विसर्ग रूप 'स्' का लोप, १-४२ से विसर्ग रूप 'स्' का लोप होने से 'नि' व्यञ्जन में स्थित ह्रस्व स्वर 'इ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति, १-८४ से 'मा' में स्थित दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति, २-७८ से 'य्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'य्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'न' को द्वित्व 'न्न' की प्राप्ति, ३-७ से तृतीया विभक्ति के बहुवचन में अकारान्त में संस्कृत प्रत्यय 'भिस्' के स्थानीय रूप 'एस्' के स्थान पर प्राकृत में 'हिं' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-१५ से

तृतीया विभक्ति के बहु वचन में प्रत्यय 'हिं' के पूर्वस्थ 'न' में स्थित 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति होकर *मिसासम्मेहिं* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ २-२१ ॥

एक्कसरिअं झगिति संप्रति ॥ २-२१३ ॥

एक्कसरिअं झगित्यर्थे संप्रत्यर्थे च प्रयोक्तव्यम् ॥ एक्कसरिअं । झगिति सांप्रतं वा ॥

अर्थ —'शीघ्रता' अर्थ में और 'संप्रति=आजकल' अर्थ में याने प्रसंगानुसार दोनों अर्थ में प्राकृत-साहित्य में केवल एक ही अव्यय 'एक्कसरिअं' प्रयुक्त किया जाता है। इस प्रकार 'एक्कसरिअं' अव्यय का अर्थ 'शीघ्रता=तुरन्त' अथवा 'झटिति' ऐसा भी किया जाता है और 'आजकल=संप्रति' ऐसा भी अर्थ होता है। तदनुसार विषय प्रसंग देखकर दोनों अर्थों में से कोई भी एक अर्थ 'एक्कसरिअं' अव्यय का किया जा सकता है।

झटिति संस्कृत अव्यय रूप है। इसका प्राकृत रूप एक्कसरिअं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-२१३ से 'झटिति' के स्थान पर प्राकृत में 'एक्कसरिअं' रूप की आदेश-प्राप्ति होकर *एक्कसरिअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

संप्रति संस्कृत अव्यय रूप है। इसका प्राकृत रूप एक्कसरिअं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-२१३ से 'संप्रति' के स्थान पर प्राकृत में 'एक्कसरिअं' रूप की आदेश-प्राप्ति होकर *एक्कसरिअं* रूप सिद्ध हो जाता है॥ २-२१३ ॥

मोरउल्ला मुधा ॥ २-२१४ ॥

मोरउल्ला इति मुधार्थे प्रयोक्तव्यम् ॥ मोरउल्ला । मुधेत्यर्थः ॥

अर्थ —संस्कृत अव्यय 'मुधा='व्यर्थ' अर्थ में प्राकृत भाषा में 'मोरउल्ला' अव्यय का प्रयोग होता है। जब 'व्यर्थ' ऐसा भाव प्रकट करना हो तो 'मोरउल्ला' ऐसा शब्द बोला जाता है। जैसे — मुधा=मोरउल्ला अर्थात् व्यर्थ (है)।

मुधा संस्कृत अव्यय रूप है। इसका प्राकृत रूप मोरउल्ला होता है। इसमें सूत्र संख्या २-२१४ से 'मुधा' के स्थान पर प्राकृत में 'मोरउल्ला' आदेश की प्राप्ति होकर *मोरउल्ला* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ २-२१४ ॥

दराधाल्पे ॥ २-२१५ ॥

दर इत्यव्ययमर्धार्थे ईषदर्थे च प्रयोक्तव्यम् ॥ दर-विअसिअं । अर्धेनेषद्वा विकसित मित्यर्थः ॥

अर्थ—'अर्ध'=खंड रूप अथवा आधा समभाग' इस अर्थ में और 'ईषत्=अल्प अर्थात् थोडासा' इस अर्थ में भी प्राकृत में 'दर' अव्यय का प्रयोग किया जाता है। इस प्रकार जहाँ 'दर' अव्यय हो, वहाँ पर विषय-प्रसग को देखकर के दोनो अर्थों में से कोई सा भी एक उचित अर्थ प्रकट करना चाहिये। जैसे—अध विकसितम् अथवा ईषत् विकसितम्=दर-विअसिअ अर्थात् (अमुक पुष्प विशेष) आधा ही खिला है अथवा थोड़ा सा ही खिला है।

अर्ध विकसितम् अथवा *ईषत्-विकसितम्* सस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप दर विअसिअ होता है। इसमें सूत्र-सख्या-२-२१५ से 'अर्ध' अथवा 'ईषत्' के स्थान पर प्राकृत में 'दर' आदेश, १-१७७ से 'क्' और 'त्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुसकलिंग में सस्कृत प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *दर-विअसिअं* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ २-२१५ ॥

किणो प्रश्ने ॥ २-२१६ ॥

किणो इति प्रश्ने प्रयोक्तव्यम् ॥ किणो धुवसि ॥

अर्थः—'क्या, क्यों अथवा किसलिये' इत्यादि प्रश्न वाचक अर्थ में प्राकृत-भाषा में 'किणो' अव्यय प्रयुक्त होता है। जहाँ 'किणो' अव्यय प्रयुक्त हो, वहाँ इसका अर्थ 'प्रश्नवाचक' जानना चाहिये। जैसे—किम् धूनोषि=किणो धुवसि अर्थात् क्यों तू हिलाता है?

'*किणो*' प्राकृत साहित्य का रूढ अर्थक और रूढ-रूपक अव्यय *किणो* सिद्ध है।

धूनोषि संस्कृत सकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप धुवसि होता है इसमें सूत्र संख्या-४-५९ से सस्कृत धातु 'धून्' के स्थान पर प्राकृत में 'धुव्' आदेश, ४-२३९ से हलन्त प्राकृत धातु 'धुव्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति और ३-१४० से वर्तमान काल के एक वचन में द्वितीय पुरुष में 'सि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *धुवसि* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ २-२१६ ॥

इ-जे-राः पादपूरणे ॥ २-२१७ ॥

इ, जे, र इत्येते पाद-पूरणे प्रयोक्तव्याः ॥ न उणा इ अच्छीइं। अणुकूलं वोत्तुं जे। गेण्हइ र कलम-गोवी ॥ अहो। हंहो। हेहो। हा। नाम। अहह। हीसि। अयि। अहाह। अरि रि हो इत्यादयस्तु संस्कृत समत्वेन सिद्धाः ॥

अर्थः—'छद आदि रचनाओं' में पाद-पूर्ति के लिये अथवा कथनोप-कथन में एवं सवाद-वार्त्ता में किसी प्रयोजन के केवल परम्परागत शैली विशेष के अनुसार 'इ, जे, र' वर्ण रूप अव्यय प्राकृत रचना में प्रयुक्त किये जाते हैं। इन एकाक्षरी रूप अव्ययों का कोई अर्थ नहीं होता है, केवल ध्वनि

रूप से अथवा उच्चारण में सहायता रूप से ही इनका प्रयोग किया जाता है; तदनुसार से अर्थ हीन होते हैं एवं तात्पर्य से रहित ही होते हैं। पाद-पूर्ति तक ही इनकी उपयोगिता जाननी चाहिये। उदाहरण इस प्रकार हैं:—न पुनर् अक्षीणि=न उणा इ अच्छीइं अर्थात् पुनः आँखें नहीं-(वाक्य अपूर्ण है)। इस उदाहरण में एकाक्षरी रूप 'इ' अव्यय अर्थ हीन होता हुआ भी केवल पाद-पूर्ति के लिये ही आया हुआ है। 'जे' का उदाहरण -अनुकूलं वक्तुं =अणुकूलं वोत्तुं जे अर्थात् अनुकूल बोलने के लिये। इस प्रकार यहाँ पर 'जे' अर्थ हीन रूप से प्राप्त है। र का उदाहरण-गृह्णाति कलम गोपी=गेण्हइ र कलम-गोवी अर्थात् कलम-गोपी (धान्यादि की रक्षा करने वाली स्त्री विशेष) ग्रहण करती है। इस उदाहरण में र भी अर्थ हीन होता हुआ पाद-पूर्ति के लिये ही प्राप्त है। यों अन्यत्र भी जान लेना चाहिये।

प्राकृत-साहित्य में अन्य अव्यय भी देखे जाते हैं, जो कि संस्कृत के समान ही होते हैं, कुछ एक इस प्रकार हैं:—(१) अहो (२) हंहो (३) हेहो (४) हा (५) नाम, (६) अहह (७) ही-सि, (८) अयि (९) अहाह (१०) अरि (११) रि और (१२) हो। ये अव्यय-वाचक शब्द संस्कृत के समान ही अर्थ-युक्त होते हैं और इसकी अक्षरीय-रचना भी संस्कृत के समान ही होकर तद्-वत् सिद्ध होते हैं। अतएव इसके लिए अधिक वर्णन की आवश्यकता नहीं रह जाती है।

'न' अव्यय की सिद्धि सूत्र संख्या *१-६* में की गई है।

'उणा' अव्यय की सिद्धि सूत्र संख्या *१ ६५* में की गई है।

'इ' अव्यय पाद-पूर्ति अर्थक-मात्र होन से साधनिका की आवश्यकता नहीं रह जाती है।

'अच्छीइं' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *१-३३* में की गई है।

अनुकूलम् संस्कृत द्वितीयान्त विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप अणुकूलं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२२८ से 'न्' के स्थान पर ण् की प्राप्ति ३ ५ से द्वितीया विभक्ति के एकवचन में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १ २३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *अणुकूलं* रूप सिद्ध हो जाता है।

वक्तुम् संस्कृत कृदन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप वोत्तुं होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-२११ से मूल संस्कृत धातु 'वच्' के स्थान पर कृदन्त रूप में 'वोत्' आदेश और ४ ४४८ से संस्कृत के समान ही प्राकृत में भी हेत्वर्थकृदन्त अर्थ में 'तुम्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से अन्त्य हलन्त म् का अनुस्वार होकर *वोत्तुं* रूप सिद्ध हो जाता है।

'जे' अव्यय पाद पूर्ति अर्थक मात्र होने से साधनिका की आवश्यकता नहीं रह जाती है।

गृह्णाति संस्कृत सकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप गेण्हइ होता है। इसमें सूत्र संख्या ४ २०९ से मूल संस्कृत धातु 'ग्रह' के स्थान पर प्राकृत में 'गेण्ह' आदेश और ३ १३९ से वर्तमान काल के एकवचन में प्रथम पुरुष में प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *गेण्हइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

'र' अव्यय पाद-पूर्त्ति अर्थक मात्र होने से साधनिका की आवश्यकता नहीं रह जाती है।

कलम-गोपी संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप कलम-गोवी होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२३१ से 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन मे दीर्घ ईकारान्त स्त्री-लिंग में संस्कृत प्रत्यय 'सि' के स्थान पर अन्त्य दीर्घ स्वर 'ई' को 'यथा-स्थिति' अर्थात् दीर्घता ही प्राप्त होकर कलम-गोवी रूप सिद्ध हो जाता है।

'वृत्ति' में वर्णित अन्य अव्ययों की साधनिका की आवश्यकता नही है, क्योंकि उक्त अव्यय संस्कृत अव्ययों के समान ही रचना वाले और अर्थ वाले होने से स्वयमेव सिद्ध रूप वाले ही हैं। ॥ २-२१७ ॥

प्यादयः ॥ २-२१८ ॥

प्यादयो नियतार्थवृत्तयः प्राकृते प्रयोक्तव्याः ॥ पि वि अप्यर्थे ॥

अर्थ.—प्राकृत भाषा में प्रयुक्त किये जाने वाले 'पि' और 'वि' इत्यादि अव्ययों का वही अर्थ होता है; जो कि संस्कृत भाषा में निश्चित है, अत निश्चित अर्थ वाले होने से इन्हें 'वृत्ति' में 'नियत अर्थ-वृत्ति' विशेषण से सुशोभित किया है। तदनुसार 'पि' अथवा वि' अव्यय का अर्थ संस्कृतीय 'अपि' अव्यय के समान ही जानना चाहिये।

'पि' अव्यय की सिद्धि सूत्र सख्या *१-४१* में की गई है।

सहिआ वि. (सहृदया) सुन्दर चित्त वाले, परिपक्व वुद्धि वाले; १-२६९ ।

सहिअएहिं वि (सहृदयैः) सुन्दर विचार शील पुरुषो द्वारा; १-२६९ ।

सा स्त्री सर्व (सा) वह (स्त्री), १-३३, २-१८० २०४ ।

सा पु स्त्री (श्वान) कुत्ता, अथवा कुत्तिया; १-५२

साउअअं-साऊअअं न (स्वादूदकम्) स्वादिष्ट जल, १ ५

साणो पु (श्वान) कुत्ता, १-५२ ।

सामओ पु (श्यामाक.) धान्य विशेष, १-७१ ।

सामच्छ-सामत्थ न (सामर्थ्यम्) सम्र्थता, शक्ति, २-२२

सामा स्त्री (श्यामा) श्याम वण वाली स्त्री, १-२६० २-७८ ।

सामिद्धि स्त्री (समृद्धि.) समृद्धि, धन-वैभव, १-४४ ।

सायरो पु. (सागरः) समुद्र, २-१८२ ।

सारङ्ग न (शार्ङ्गम्) विष्णु का धनुष्; प्रधान दल, श्रेष्ठ-अवयव, २-१०० ।

सारिक्ख वि (सादृश्यम्) समान, तुल्य, २-१७ ।

सारिच्छो वि (सदृश) सदृश, समान, तुल्य, १-४४ ।

सारिच्छ वि न (सादृश्य) तुल्यता, समानता, २-१७ ।

सालवाहणो पु (शातवाहनः) शात वाहन नामक एक व्यक्ति १ २११।

सालाहणो पु (शातवाहन) शात वाहन नामक एक व्यक्ति १-८; २११।

सालाहणी स्त्री (शातवाहनी) शात वाहन, से संबंध रखने वाली १ २११

सावगो पु. (श्रावकः) जैन-उपासक गृहस्थ श्रावक; १ १७७।

सावो पु (शापः) शाप आक्रोश शपथ सौगन; १ १७९, २११।

सासं न (सस्यम्) खेत में लगा हुआ हरा धान; १ ४

साह-

साहसु आज्ञा सक (कथय) कहो २ १९७

साहेमि वर्त सक (कथयामि) मैं कहता हूं; ९ २ ४।

साहा स्त्री. (शाखा) डाली; एक ही आचार्य की शिष्य-परम्परा; १ १८७।

साहुली दे. स्त्री (शाखा) डाली २ १७४।

साहू पु (साधु) साधु, यति महाव्रती १ १८७

साहेमि सक. (कथयामि) मैं कहता हूं ९ २ ४।

सि अक (असि) तू है १ ११७।

सिआ अ (स्यात्) प्रशंसा अस्तित्व सत्ता संशय प्रश्न निश्चय विवाद आदि सूचक अव्यय २ १ ७

सिआलो पु (शृगाल) सियार गीदड़ पशु-विशेष; १ १२८

सिआवाओ पु (स्याद्वादः) अनेकान्त दर्शन जैन दर्शन का सिद्धान्त विशेष; २ १ ७।

सिहदत्तो पु (सिंहदत्तः) व्यक्ति वाचक नाम; १ ९२।

सिहराओ पु (सिंहराज) केशरीसिंह; १ ९२।

सिङ्ग न (शृंगम्) सींग विषाण; १ ११ ।

सिङ्गारो पु (शृंगारः) काव्य में प्रसिद्ध रस-विशेष; १ १२८।

सिंघो पु सिंह) सिंह १ २९, २६४।

सिच

ऊसित्तो वि (उत्सिक्त) गर्वित उद्धत; १ ११४।

नीसित्तो वि. (निष्षक्तः) अत्यन्त सिक्त भीगा; १ ४३।

सिच्चइ अक (स्वेदति) वह पसीना वाली होती है; ९-१८०।

सिट्ठं वि (सृष्टम्) रचित, निर्मित; १ १२८।

सिट्ठी स्त्री (सृष्टिः) विश्व-निर्माण बनाई हुई; १ १२८, ९३४।

सिढिलो वि पु (शिथिल) ढीला जो मजबूत न हो मंद; १ २१५।

सिढिलं वि न (शिथिलम्) ढीला, मंद, १-८९

सिढिलो वि पु (शिथिर) ढीला; मंद; १ २१५, २५४

सिणिद्धं वि (स्निग्धम्) चिकना तेल वाला; २ १०९

सिंहो पु. (सिंहः) मृग राज केसरी; ९-७५।

सिन्धं न. (सिक्थम्) मोम कण औषधि-विशेष २-७७।

सिन्धुओ पु (सिन्धुकः) सिन्दूर वार नामक वृक्ष-विशेष १ १८७।

सिन्दूरं न (सिन्दूरम्) सिन्दूर, रक्त-वर्णीय चूर्णविशेष १-८५।

सिन्धवं न (सैन्धवम्) सेंधा नमक लवण विशेष; १ १४९।

सिन्नं न (सैन्यम्) सेना लश्कर; १ १५०।

सिप्पी स्त्री (शुक्ति) सीप जल में पाया जाने वाला पदार्थ विशेष; ९ १३८।

सिमा स्त्री (शिफा) वृक्ष का जटाकार मूल १-२३६

सिमिणो पु (स्वप्न) स्वप्न सपना; १ ४६, २५९।

सिम्भो पु (श्लेष्मा) श्लेष्मा कफ; १ ७४।

सिरं न (शिरस्) मस्तक सिर १ ३२।

सिरविअणा स्त्री. (शिरोवेदना) सिर की पीड़ा; १ १५६

सिरा स्त्री (शिरा) नस नाड़ी रग; १ २६६

सिरी स्त्री (श्री) लक्ष्मी संपत्ति शोभा; २ १०४

सिरि स्त्री. (श्री) लक्ष्मी शोभा; २ १९८।

सिरीए स्त्री (श्रियाः) लक्ष्मी का शोभा का; २ १९८।

सिरिमन्तो वि (श्रीमान्) शोभा वाला; शोभा-युक्त २ १५९।

सिरिसो पु (शिरीष) सिरसा का वृक्ष; १ १ १।

सिरोविअणा स्त्री (शिरोवेदना) सिर की वेदना; १ १५६

सिला स्त्री (शिला) चट्टान विशेष; १-४।

सिलिट्ठं वि (श्लिष्टम्) मनोज्ञ सुन्दर आलिंगित; ९ १ ९।

सिलिम्हो पु (श्लेष्मा) श्लेष्मा, कफ, २-५५, १०६।
सिलेसो पु. (श्लेष:) वज्र लेप आदि संधान; ससर्ग; २-१०६।
सिलोओ पु (श्लोक) श्लोक, काव्य, २-१०६।
सिवम् न (शिवम्) मंगल, कल्याण, सुख; २-१५।
सिविणो पु (स्वप्न:) स्वप्न, सपना, १-४६ २५९ २-१०८।
सिविणए पु (स्वप्नके) स्वप्नमें, सपने में, २-१८६।
सिहर न. (शिखर.) पर्वत के ऊपर का भाग, चोटी, श्रृंग; २-९७।
सीअरो पु (शीकर:) पवन से क्षिप्त जल, फुहार, जल कण, १-८४।
सीभरो पु (शीकर.) पवन से फेंका हुआ जल, फुहार, जल कण, [illegible] । १-१८४
सीआण न. (श्मशानम्) श्मशान, मसाण, मरघट, २-८६
सीलेण न (शीलेन) चारित्र से, सदाचार से, २-१८४
सीस न (शीर्षम्) मस्तक, माथा, २-९२।
सीसो पु (शिष्य) शिष्य, चेला, १-४३।
सीहो पु (सिंह) सिंह, केशरी मृगराज; १-२९ ९२, २६४; २-१८५।
सीहेण पु (सिंहेन) सिंह से, मृगराज द्वारा, १-१४४, २-९६।
सीहरो पु. (शीकर.) पवन से फेंका हुआ जल कण, फुहार, १-१८४।
सुअ वि (श्रुत) सुना हुआ शास्त्र, २-१७४।
सुइल वि (शुक्लम्) सफेद वर्ण वाला, श्वेत, २ १०६।
सुउरिसो पु. (सुपुरुष.) अच्छा पुरुष, सज्जन, १-८, १७७
सुओ वि (श्रुत) सुना हुआ, आकर्णित, १-२०९।
सुकड न (सुकृतम) पुण्य, उपकार, अच्छी तरह से निर्मित; १ २०६।
सुकुमालो वि (सुकुमार) अति कोमल, सुन्दर, कुमार अवस्था वाला, १-१७१।
सुकुसुमं न (सुकुसुमम्) सुन्दर फूल, १-१७७।
सुक्क वि (शुक्ल) शुक्ल पक्ष, २-१०६।
सुक्क न. (शुल्कम्) चुंगी, मूल्य आदि, २-११
सुक्क वि (शुष्कम्) सूखा हुआ, २ ५।

सुक्किलं वि (शुक्लम्) सफेद वर्ण वाला श्वेत, २-१०६
सुक्ख वि. (शुष्कम्) सूखा हुआ; २-५।
सुगओ वि. (सुगतः) अच्छी गति वाला, १-१७७।
सुगन्धत्तणं न. (सौगन्धत्वम्) अच्छा गन्धपना; १-१६०
सुंग न (शुल्कम्) चूंगी, मूल्य आदि २-११।
सुज्जो पु. (सूर्ये) सूरज, रवि, आक का पेड, दैत्य-विशेष, २-६४।
सुणओ पु (शुनक) कुत्ता, १-५२।
सुण्डो पु (शौण्ड:) दारु-शराब पीने वाला; १-१६०
सुण्ह वि (सूक्ष्मम्) अति छोटा, २-११८।
सुण्हा स्त्री (सास्ना) गौ का गल-कम्बल, गाय का चमड़ा विशेष, १-७५।
सुण्हा स्त्री (स्नुषा) पुत्र वधू, १-२६१।
सुतार वि (सुतारम्) अत्यन्त निर्मल; अत्युच्च आवाज वाला, १-१७७।
सुत्ती स्त्री (शुक्ति.) सीप, घोंघा, २-१३८, २११
सुत्तो वि. (सुप्तः) सोया हुआ; २-७७।
सुदंसणो वि (सुदर्शनः) जिसका दर्शन सुन्दर हो वह; २-१०५।
सुदरिसणो वि (सुदर्शन) जिसका दर्शन सुन्दर हो वह, २-१०५।
सुद्धं वि (शुद्धम्) पवित्र, निर्दोष, १-२६०।
सुद्धोअणी पु (शौद्धोदनि) बुद्ध देव, गौतम, १-१६०।
सुन्दरि स्त्री (सुन्दरि) उत्तम स्त्री, २-१९६।
सुन्दरिअ न (सौन्दर्यम्) सुन्दरता; १-१६०, २-१०७
सुन्देर न ,, ,, १-५७ १६०, २ ६३ ९३।
सुपहाय न (सुप्रभातम्) अच्छा प्रात काल २-२०४।
सुपुरिसा पु (सुपुरुषा) अच्छे पुरुष, सज्जन, २-१८४
सुप्पइ अक (स्वपिति) वह सोती है, २-१७९।
सुब्ब न (शुल्वम्) तांबा नामक धातु विशष, रस्सी, २ ७९।
सुमण न (सुमनस्) अच्छा मन, १-३२।
सुमिणो आर्ष पु (स्वप्न) स्वप्न, सपना, १-४६।
सुम्हा पु (सुह्मा) देश-विशेष; २-७४।
सुरट्ठा पु. (सुराष्ट्रा) अच्छे देश, २ ३४।
सुरवहू स्त्री. (सुरवधू) देवता की बहू, १-९७।
सुरहि पु स (सुरभि) सुगन्ध, २-१५५।
सुरा स्त्री (सुरा) मदिरा, शराब दारू [illegible]

सालवाहणो पु (सातवाहनः) सात वाहन नामक एक व्यक्ति; १ २११ ।

सालाहणो पु (सातवाहनः) साल वाहन नामक एक व्यक्ति १-८; २११ ।

सालाहणी स्त्री (सातवाहनी) सात वाहन, से संबंध रखने वाली; १ २११

सावगो पु (श्रावकः) जैन-उपासक गृहस्थ; श्रावक; १ १७७ ।

सावो पु (शापः) शाप आक्रोश शपथ सौगन; १ १७९, २३१ ।

सासं न (सस्यम्) खेत में उगा हुआ हरा धान; १ ४

साह–

साहसु आज्ञा सक (कथय) कहो २ १९७

साहेमि वर्त सक (कथयामि) मैं कहता हूँ; ९ २ ४ ।

साहा स्त्री (शाखा) डाली; एक ही आचार्य की शिष्य-परम्परा; १ १८७ ।

साहुली दे. स्त्री (शाखा) डाली २ १७४ ।

साहु पु (साधुः) साधु मुनि महाव्रती १ १८७

साहेमि सक (कथयामि) मैं कहता हूँ २ २०४ ।

सि अक (असि) तू है ९ २१७ ।

सिआ अ (स्यात्) प्रशंसा अस्तित्व सत्ता संशय प्रश्न निश्चय विवाद आदि सूचक अव्यय; २ १ ७

सिआलो पु (शृगालः) सियार गीदड़ पशु-विशेष; १ १२८

सिआवाओ पु (स्याद्वादः) अनेकान्त दर्शन जैन दर्शन का सिद्धान्त विशेष; २ १ ७ ।

सिंहदत्तो पु. (सिंहदत्तः) व्यक्ति वाचक नाम; १-९२ ।

सिंहराओ पु (सिंहराजः) केशरीसिंह; १ ९२ ।

सिङ्गं न (शृङ्गम्) सींग विषाण; १ ११ ।

सिङ्गारो पु (शृङ्गारः) काव्य में प्रसिद्ध रस-विशेष; १ १२८ ।

सिंघो पु. (सिंहः) सिंह १ २९, २६४ ।

सिच–

असिचो वि (असिक्तः) भीगा हुआ; १ ११४ ।

नीसिचो वि (निष्यक्तः) अत्यन्त सिक्त भीगा; १ ४३ ।

सिज्जइ अक. (स्वेदति) वह पसीना वाली होती है; २ १८० ।

सिट्ठं वि (सृष्टम्) रचित, निर्मित; १ १२८ ।

सिट्ठी स्त्री (सृष्टिः) विश्व-निर्माण बनाई हुई; १ १८ २३४ ।

सिढिलो वि पु (शिथिलः) ढीला जो मजबूत न हो वह मंद; १ २१५ ।

सिढिलं वि न (शिथिलम्) ढीला, मंद; १-८९

सिढिलो वि पु (शिथिरः) ढीला; मंद; १ २१५, २५४

सिणिद्धं वि (स्निग्धम्) चिकना तैल वाला; २ १०९

सिंहो पु. (सिंहः) मृग-राज केशरी; २-७५ ।

सित्थं न. (सिक्थम्) धान्य कण औषधि-विशेष १-७७ ।

सिन्दुआ पु (सिन्धुकः) सिन्दूर वार नामक वृक्ष-विशेष १ १८७ ।

सिन्दूरं न (सिन्दूरम्) सिन्दूर, रक्त-वर्णीय चूर्ण-विशेष १-८५ ।

सिन्धवं न (सैन्धवम्) सेंधा नमक लवण विशेष १ १४९ ।

सिन्नं न (सैन्यम्) सेना लश्कर १ १५० ।

सिप्पी स्त्री (शुक्ति) सीप जल में पाया जाने वाला पदार्थ विशेष; २ १३८ ।

सिमा स्त्री (शिफा) वृक्ष का जटाकार मूल १-२३६

सिमिणो पु (स्वप्नः) स्वप्न सपना; १ ४६ २५९ ।

सिम्भो पु (श्लेष्मा) श्लेष्मा कफ २ ७४ ।

सिरं न (शिरस्) मस्तक सिर १ ३२ ।

सिरविअणा स्त्री (शिरोवेदना) सिर की पीड़ा, १ १५६

सिरा स्त्री (शिरा) नस नाड़ी रग; १ २६६

सिरी स्त्री (श्री) लक्ष्मी संपत्ति शोभा; २-१०४

सिरि स्त्री. (श्री) लक्ष्मी शोभा; २-१९८

सिरीए स्त्री (श्रियाः) लक्ष्मी का शोभा का २ १९८ ।

सिरिमन्तो वि. (श्रीमान्) शोभा वाला शोभा-युक्त २ १५९ ।

सिरिसो पु. (शिरीष) सिरसा का वृक्ष; १ १ १ ।

सिरोविअणा स्त्री (शिरोवेदना) सिर की वेदना; १ १५६

सिला स्त्री (शिला) चट्टान विशेष; १-४ ।

सिलिट्ठं वि (श्लिष्टम्) मनोज्ञ सुन्दर आलिंगित; २ १ ६ ।

सिलिम्हो पु (श्लेष्मा) श्लेष्मा, कफ, २-५५, १०६।
सिलेसो पु. (श्लेप.) वज्र लेप आदि संधान, ससर्ग; २-१०६।
सिलोओ पु (श्लोक·) श्लोक, काव्य, २-१०६।
सिवम् न (शिवम्) मगल, कल्याण, सुख; २-१५।
सिविणो पु. (स्वप्न.) स्वप्न, सपना, १-४६ २५९ २-१०८।
सिविणए पु (स्वप्नके) स्वप्नमें, सपने में, २-१८६।
सिहर न. (शिखर.) पर्वत के ऊपर का भाग, चोटी, शृग, २-९७।
सीअरो पु. (शीकर.) पवन से क्षिप्त जल, फुहार, जल कण, १-८४।
सीभरो पु (शीकर·) पवन से फेंका हुआ जल, फुहार, जल कण, [illegible] १-१८४
सीआण न. (श्मशानम्) श्मशान, मसाण, मरघट, २-८६
सीलेण न (शीलेन) चारित्र से, सदाचार से, २-१८४
सीस न (शीर्षम्) मस्तक, माथा, २-९२।
सीसो पु (शिष्य) शिष्य, चेला, १-४३।
सीहो पु. (सिंह) सिंह, केशरी मृगराज, १-२९ ९२, २६४, २-१८५।
सीहेण पु (सिंहेन) सिंह से, मृगराज द्वारा, १-१४४, २-९६।
सीहरो पु (शीकर) पवन से फेंका हुआ जल कण, फुहार, १-१८४।
सुअ वि (श्रुत) सुना हुआ शास्त्र, २-१७४।
सुइल वि (शुक्लम्) सफेद वर्ण वाला, श्वेत, २ १०६।
सुउरिसो पु. (सुपुरुष) अच्छा पुरुष, सज्जन, १-८, १७७
सुओ वि (श्रुत) सुना हुआ, आकर्णित, १-२०९।
सुकड न (सुकृतम) पुण्य, उपकार, अच्छी तरह से निर्मित, १ २०६।
सुकुमोलो वि (सुकुमार) अति कोमल, सुन्दर, कुमार अवस्था वाला, १-१७१।
सुकुसुमं न (सुकुसुमम्) सुन्दर फूल, १-१७७।
सुक्क वि (शुक्ल) शुक्ल पक्ष, २-१०६।
सुक्क न. (शुल्कम्) चुगी, मूल्य आदि, २ ११
सुक्क वि (शुष्कम्) सूखा हुआ, २ ५।
सुक्किल वि (शुक्लम्) सफेद वर्ण वाला श्वेत, २-१०६
सुक्खं वि. (शुष्कम्) सूखा हुआ, २-५।
सुगओ वि. (सुगतः) अच्छी गति वाला, १-१७७।
सुगन्धत्तण न. (सौगन्धत्वम्) अच्छा गन्धपना; १-१६०
सुंग न (शुल्कम्) चूगी, मूल्य आदि २-११।
सुज्जो पु. (सूर्ये) सूरज, रवि, आक का पेड, दैत्य-विशेष, २-६४।
सुणओ पु (शुनक) कुत्ता, १-५२।
सुण्डो पु (शौण्डः) दारु-शराब पीने वाला; १-१६०
सुण्ह वि (सूक्ष्मम्) अति छोटा, १-११८।
सुण्हा स्त्री (सास्ना) गौ का गल-कम्बल, गाय का चमडा विशेष, १-७५।
सुण्हा स्त्री (स्नुषा) पुत्र वधू; १-२६१।
सुतार वि (सुतारम्) अत्यन्त निर्मल, अत्युच्च आवाज वाला, १-१७७।
सुत्ती स्त्री. (शुक्ति·) सीप, घोंघा, २-१३८, २११
सुत्तो वि. (सुप्तः) सोया हुआ; २-७७।
सुदंसणो वि (सुदर्शनः) जिसका दर्शन सुन्दर हो वह; २-१०५।
सुदरिसणो वि (सुदर्शन) जिसका दर्शन सुन्दर हो वह, २-१०५।
सुद्ध वि (शुद्धम्) पवित्र, निर्दोष; १-२६०।
सुद्धोअणी पु (शौद्धोदनि) बुद्ध देव, गौतम, १-१६०।
सुन्दरि स्त्री (सुन्दरि) उत्तम स्त्री, २-१९६।
सुन्दरिअ न (सौन्दर्यम्) सुन्दरता; १-१६०, २-१०७
सुन्देर न " " १-५७ १६०, २-६३ ९३।
सुपहाय न (सुप्रभातम्) अच्छा प्रात.काल २-२०४।
सुपुरिसा पु (सुपुरुषा) अच्छे पुरुष, सज्जन, २-१८४
सुप्पइ अक (स्वपिति) वह सोती है, २-१७९।
सुब्ब न (शुल्वम्) तांबा नामक धातु विशेष, रस्सी, २ ७९।
सुमण न (सुमनस्) अच्छा मन, १-३२।
सुमिणो आर्ष पु (स्वप्न) स्वप्न, सपना, १-४६।
सुम्हा पु (सुह्मा) देश-विशेष; २-७४।
सुरट्ठा पु (सुराष्ट्रा) अच्छे देश, २ ३४।
सुरवहू स्त्री. (सुरवधू) देवता की बहू, १-९७।
सुरहि पु स (सुरभि) सुगन्ध, २-१५५।
सुरा स्त्री (सुरा) मदिरा, शराब दारु, १-१०२।

स्था-(धातु) ठहरने अर्थ में—
चिट्ठइ अक. (तिष्ठति) वह ठहरता है; १-१९९
२-३६ ।
ठाइ अक (तिष्ठति) वह ठहरता है; १-१९९
ठविओ ठाविओ, वि. (स्थापितः) जिसकी स्थापना की
गई हो वह; १-६७ ।
पइट्ठिअं परिट्ठिअं वि (प्रतिष्ठितम्) प्रतिष्ठा-प्राप्त को,
१-३८ ।
परिट्ठविओ परिट्ठाविओ वि. (प्रतिस्थापित) जिसके
स्थान पर अथवा जिसके विरूद्ध
में स्थापना की गई हो वह;
१ ६७ ।
परिट्ठविअ वि. (परिस्थापितम्) विशेष रूप में जिसकी
स्थापना की गई हो वह, अथवा उसको, १-१२९
सठविओ सठाविओ वि. (संस्थापित.) व्यवस्थित रूप में
जिसकी स्थापना की गई हो वह;
१-१६७ ।
स्मर् (धातु)
विम्हरिमो सक. (विस्मरामः) हम भूलते हैं;
२-१९३ ।
स्वप्
सोवइ, सुवइ, अक (स्वपिति) वह सोता है, सोती है१-६४.
सुप्पइ, अक (स्वपिति) सोती है, २-१७९ ।
सुत्तो वि (सुप्त) सोया हुआ; २-७७ ।
पसुत्तो, पासुत्तो वि (प्रसुप्त) (विशेष ढग से) सोया
हुआ, १ ४४ ।

ह (हा) अ (पाद पूर्ति-अर्थ) पाद पूर्ति के अर्थ म,
सबोधन अर्थ में काम आने वाला अव्यय, १ ६७
हसो पु (हस) पक्षी-विशेष, हस, २-१८२ ।
हहो अ (ह, भो , हहो !) सबोधन, तिरस्कार,
गर्व, प्रश्न आदि अर्थक अव्यय, २-२१७ ।
हणुमन्तो पु (हनूमान्) अञ्जना सुन्दरी का पुत्र, हनुमान
१ १२१, २-१५९ ।
हणुमा पु (हनुमान) हनुमान, अञ्जना सुन्दरी का
पुत्र, २-१५९ ।
हत्थुल्ला पु (हस्तौ) दो हाथ, २-१६४ ।

हत्थो पु (हस्तः) हाथ; २-४५, ९० ।
हत्था पु (हस्तौ) दो हाथ, २-१६४ ।
हद्धी अ (हा ! धिक्) खेद अनुताप, धिक्कार
अर्थक अव्यय; २ १९२ ।
हण-(धातु) हनन अर्थ में—
हयं वि (हतम्) मारा हुआ, नष्ट हुआ;
१-२०९; २-१०४ ।
निहओ वि (निहतः) विशेष रुप से मारा
हुआ; १-१८० ।
हन्द अ (गृहणार्थे) 'ग्रहण करो-लेओ" के अर्थ में
प्रयुक्त होनें वाला अव्यय, २-१८१ ।
हन्दि अ (विषादादिषु) विषाद, खेद, विकल्प,
पश्चाताप, निश्चय, सत्य, ग्रहाण-(लेओ)
आदि अर्थक अव्यय; २-१८०, १८१ ।
हं सर्व (अहम्) मै, १-४० ।
हयासो वि. (हताश·) जिसकी आशा नष्ट हो गई
हो वह, निराश; १-२०९ ।
हयासस्स वि (हताशस्य) हताश की, निराश
की, २-१९५ ।
हरइ सक (हरति) वह हरण करता है, नष्ट करता
है; १ १५५ ।
हरन्ति सक. (हरन्ति) वे हरण करते हैं; आकर्षित
करते हैं; २-२०४ ।
हिअ वि (हृतम) हरण किया हुआ, चुराया
हुआ, १-१२८ ।
ओहरइ सक. (अवहरति) वह अपहरण
करता है, १७२ ।
अवहड वि. (अपहृतम्) चुराया हुआ,
अपहरण किया हुआ, १-२०६ ।
आहड वि (आहृतम्) अपहरण करके,
चुरा करके लाया हुआ, १-२०६ ।
वाहित्तं वि (व्याहृतम्) कहा हुआ; १-१२८
वाहिओ, वाहित्तो वि (व्याहृतः) उक्त,
कथित, २-९९ ।
संहरइ सक (सहरति) वह हरण करता है,
चुराता हैं; १-३० ।
हर पु (हर) महादेव, शकर, १-१८३ ।
हरस्स पु (हरस्य) हर की, महादेव की, शकर
की, १-१५८ ।

हरए पु (हृदे) बड़े जलाशय में २-१२०।
हरक्खन्दा, हरखन्दा पुं (हरस्कन्दौ) महादेव और कार्तिकेय, २ ९७।
हरडइ स्त्री (हरीतकी) हरड़ नामक औषधि विशेष; १ ९९ २०६।
हरं न. (गृहम्) घर मकान, १ १९४ १३५।
हरिअन्दो पु (हरिश्चन्द्रः) हरिश्चन्द्र नामक राजा; २-८७
हरिआलो पु. (हरितालः) हरताल वस्तु विशेष २ १२१
हरिसो पु (हर्ष) सुख आनन्द, प्रमोद खुशी २ १ ५
हरे अ (अरे!) तिरस्कार, निन्दा संभाषण रति कलह अर्थक अव्यय; २-२०२।
हरो पु (हरः) महादेव शंकर, शिव १-५१।
हलद्दा हलद्दी स्त्री (हरिद्रा) हल्दी औषधि-विशेष; १-८८
हला अ (हला) सखी को आमन्त्रण करने के अर्थ में प्रयुक्त होने वाला अव्यय; २ १९५।
हलिआरो पु (हरिताल:); वस्तु विशेष; २ १२१।
हलिओ पु (हालिकः) हल जोतने वाला १ ६७।
हलिद्दो पु (हारिद्र) वृक्ष-विशेष १-२५४।
हलिद्दा स्त्री (हरिद्रा) औषधि विशेष हल्दी; १-८८।
हलिद्दी स्त्री (हरिद्रा) औषधि-विशेष हल्दी;१-८८,२५४
हलुअं वि (लघुकम्) छोटा हल्का; २-१२२।
हले अ (सखी-आमन्त्रणे) हे सखि! सखी के सम्बोधनार्थक अव्यय; २ १९५।
हल्लप्फल देशज (?) २ १७४।
हस् (धातु) हंसना।
हसइ अक. (हसति) वह हँसता है २ १९८।
उवहसिअं आहसिअं उवहसिअं वि न (उपहसितम्) हँसी किया हुआ हँसाया हुआ १ १७३।
हसिरो वि (हसनशीलः) हास्य करने हँसने की आदत वाला २ १४५।
हा अ (हा) विषाद-शोक अर्थक अव्यय; १ ६७ २ १९८ १९२; २१७।
हा (धातु) हीनता अर्थक
हीणो वि (हीन) न्यून रहित हल्की श्रेणी का १ १ ३।
हीनं वि (हीनम्) न्यून रहित हल्की श्रेणी का; १ १ ३।

हूणो वि (हीन) न्यून रहित हल्की श्रेणी का; १ १०३
पहीणा वि (प्रहीण) नष्ट हुआ १ १०३।
विहीणो, विहूणो वि (विहीन) रहित; १ १ ३।
हालिओ पु (हालिक) हल जोतने वाला; १ ६७।
हाहा अ (हाहा) विलाप हाहाकार शोकध्वनि अर्थक अव्यय; २ २१७।
हिअअं न (हृदयम्) अन्तः करण, हृदय मन १ १२८
हिअयं न (हृदयम्) अन्तः करण, हृदय मन; १ २६९ २ २ ४।
हिअय न. (हृदय) हृदय २-२ १।
हिअयए न (हृदयके) हृदय में २-१६४।
हिअए न (हृदये) हृदय में अन्तः करण में, मन में १ १९९।
(खर) हिअओ वि (खर-हृदयः) कठोर हृदय वाला निर्दय १ १८६।
हिअस्स वि (हृदयस्य) हृदय वाले का, १-२६९
हिअं वि (हृतम्) हरण किया हुआ, चुराया हुआ; १ १२८।
हिअअं न (हृदयम्) हृदय १ १२८; २ २०४।
हित्थं वि (त्रस्तम्) त्रस्त भय भीत डरा हुआ; २ १३६।
हिर अ (किल) संभावना निश्चय पाद-पूर्ति अर्थक अव्यय; २ १८६।
हिरिओ वि (ह्रीत) लज्जित २ १ ४।
हिरी स्त्री (ह्रीः) लज्जा; शरम २ १०४।
ही अ (आश्चर्यार्थी निपात) आश्चर्य आदि अर्थक अव्यय; २ २१७।
हीरो पु (हरः) महादेव शंकर; १ ५१।
हु अ (खलु) निश्चय तर्क वितर्क संशय संभावना विस्मय आदि अर्थक अव्यय; २ १९८
हुअ विधि अक (भव भवतात्) तू हो; २ १८०।
हुअं वि (हृतम्) होना हुआ हरण किया हुआ २ ९९
हुत्तं अव्यय (हुत्तम् अर्थक) (अमुक) ओर तरफ अर्थक प्रत्यय; २ १५८।
हुं अ (दान पृच्छा निवारणे निपातः) दान पूछना निवारण करना अर्थक अव्यय; २ १९७।
हुअं वि (हृतम्) होना हुआ हरण किया हुआ २ ९९
हूणा वि (हीन) न्यून अपूर्ण १ १०३।

हे अ (निपात विशेष) सबोधन, आह्वान, ईर्ष्या आदि अर्थक अव्यय, २-२१७।

हेट्ठं अ (अधस्) नीचे; २ १४१।

हेट्ठिल्ल वि. (अधस्तनम्) नीचे का, २-१६३।

हो अ (हो) विस्मय, आश्चर्य, सबोधन, आमन्त्रण अर्थक अव्यय; २-२१७।

होइ अक (भवति) वह होता है; १-९, २-२०६।

होही अ (भविष्यति) होगी; २-१८०।

शुद्धि-पत्र

[ज्ञातव्यः—(१) प्रस्तुत ग्रन्थ में प्रुफ-सशोधन में काफी ध्यान रखने पर भी दृष्टि-दोष-वशात् एवं भ्रम-वशात् यदि कोई अशुद्धि प्रतीत हो तो कृपालु पाठकगण उसे सुधार कर पढने की कृपा करें। शब्दों की सिद्धि और साधनिका में प्रत्येक स्थान पर अनेकानेक सूत्रों का सख्या-क्रम प्रदान करने की आवश्यकता पडी है अत हजारों शब्दों की सिद्धि में हजारों वार सूत्र-क्रम-सख्या का निर्देशन करना पडा है; ऐसी स्थिति में सूत्र-क्रम-सख्या में कहीं कहीं पर विपरीतता तथा असबद्धता प्रतीत हो तो विज्ञ-पाठक उसे सुधार कर पढ़ने का परम अनुग्रह करें।

(२) अनेक स्थानों पर छापते समय में दबाव के कारण से मात्राएँ टूट गई है; बैठ गई है अत उन्हें यथा-रीति से समझ पूर्वक पढ़ने की कृपा करें।

(३) विभिन्न वाक्यों में 'हैं" के स्थान पर "है" ही छप गया है, इसलिये इसका भी ध्यान रक्खें।

(४) "रेफ्" रूप "र्" भी कहीं कहीं पर टूट गया है, बैठ गया है; अत. इसका सबध भी यथोचित रीति से सयोजित कर लें। यही बात "अनुस्वार" के लिये भी जानना।

(५) अनेक शब्दों में टाइप की घिसावट के कारण से भी अक्षर अपने आप में पूरी तरह से व्यक्त नहीं हो सके है, ऐसी स्थिति में विचार-शील पाठक उनके सबध का अनुशीलन करके उनको पूर्ण रूप में सशोधित करने की महती कृपा करें। कहीं कहीं पर "व" के स्थान पर "व" और "व" के स्थान पर "व" छप गया है।

(६) दृष्टि में आई हुई कुछ अशुद्धियों का स्थूल सशोधन यहां पर प्रदान किया जा रहा है, तदनुसार सुधार कर अध्ययन करने की कृपा करें, यही मुख्यत. विनति है।

(७) अनेक स्थानों पर "हलन्त अक्षरों" के स्थान पर पूर्ण रूप से अकारान्त अक्षर मुद्रित हो गये हैं, अत सबधानुसार उन्हें "हलन्त अक्षर" ही समझें।

(८) नीचे शुद्धि-पत्र में "पक्ति-सख्या" से तात्पर्य पाठ्य-पक्तियों से गणना करके तदनुसार "उचित" सख्या का निर्धारण करें। बॉर्डर से ऊपर की बाह्य पक्ति को सख्या रूप से नहीं गिनें। इति निवेदक—सपादक।]

पृष्ठ-सख्या	पक्ति-सख्या	अशुद्धांश	शुद्धांश
२	७, ११; १३	समानान्तर	समानानन्तर
१०	२५	इन्द-रुहिर लित्तो	दणु इन्द रुहिर-लित्तो
११	१६	रिधरः	नव वारिधर
६१	१३	३४	३५
६५	८, १०,	त.	अः
७१	४	विश्रम्मः	विश्रम्भ
७८	१५	ईषष्	ईषत्
८८	४	२-१२	१-१७७

४. प्रकीर्णक व्यवहारः

प्रगुणानन्तगुणौघं प्रणिपत्य जिनेश्वरं महावीरम्। प्रणतजगत्त्रयवरदं प्रकीर्णकं गणितमभिधास्ये॥१॥
[१]विध्वस्तदुर्नयध्वान्तः सिद्धः स्याद्वादशासनः। विद्यानन्दो जिनो जीयाद्वादीन्द्रो मुनिपुङ्गवः॥२॥

इतः परं प्रकीर्णकं तृतीयव्यवहारमुदाहरिष्यामः—

भागः शेषो मूलकं शेषमूलं स्यातां जाती द्वे द्विरग्रांशमूले।
भागाभ्यासोऽत्रांऽशवर्गोऽपि मूलमिश्रं तस्माद्भिन्नदृश्यं दशामूः॥ ३ ॥

१ B और M में यह श्लोक छूटा हुआ है।

४ प्रकीर्णकव्यवहार

[भिन्नों पर विविध प्रश्न]

स्वयमीय अनन्त गुणों से पूर्ण और नमन करते हुए तीनों लोकों के जीवों को वर देने वाले जिनेश्वर महावीर को नमस्कार कर मैं भिन्नों पर विविध प्रश्नों का प्रतिपादन करूँगा ॥१॥ जिन्होंने दुर्नय के अंधकार का विध्वंस कर स्याद्वाद शासन को सिद्ध किया है जो विद्यानन्द हैं, वादियों में अद्वितीय हैं और मुनिपुंगव हैं ऐसे जिन सदा जयवंत हों। इसके पश्चात् मैं तीसरे विषय (भिन्नों पर विविध प्रश्न) का प्रतिपादन करूँगा ॥२॥ भिन्नों पर विविध प्रश्नों के दस प्रकार हैं भाग शेष मूल शेषमूल द्विरग्रशेषमूल अंशमूल, भागाभ्यास अंशवर्ग मूलमिश्र और भिन्नदृश्य ॥३॥

(३) 'भाग' प्रकार में वे प्रश्न होते हैं जिनमें निकाली जानेवाली कुल राशि के कुछ विभिन्न भिन्नीय भागों को हटाने के पश्चात् शेष भाग का संख्यात्मक मान दिया गया होता है। हटाये गये भिन्नीय भाग में से प्रत्येक 'भाग' कहलाता है और ज्ञात शेष का संख्यात्मक मान 'दृश्य' कहलाता है।

'शेष' प्रकार में वे प्रश्न होते हैं जिनमें निकाली जानेवाली कुल राशि के ज्ञात भिन्नीय भाग को हटाने के पश्चात् अथवा उत्तरोत्तर शेष के कुछ ज्ञात भिन्नीय भाग हटाने के पश्चात् शेष भाग का संख्यात्मक मान दिया गया होता है।

'मूल' प्रकार में वे प्रश्न होते हैं जिनमें कुल राशि में से कुछ भिन्नीय भाग अथवा उस कुल राशि के वर्गमूल का गुणक घटाने के पश्चात् शेष भाग का संख्यात्मक मान दिया गया होता है।

'शेषमूल', 'मूल' से केवल इस बात में भिन्न है कि यह वर्गमूल पूरी राशि के स्थान में उसका वर्गमूल होता है जो दिये गये भिन्नीय भागों को घटाने के पश्चात् शेष रूप में बचता है।

'द्विरग्र शेषमूल' प्रकार में वे प्रश्न होते हैं जिनमें ज्ञात वस्तुओं की संख्या पहिले हटाई जाती है; तब उत्तरोत्तर शेष के कुछ भिन्नीय भाग और तब अग्र शेष के वर्गमूल का कोई गुणक हटाया जाता है; और अन्त में शेष भाग का संख्यात्मक मान दिया गया होता है। प्रथम हटाई गई ज्ञात संख्या पूर्वाग्र कहलाती है।

अंशमूल प्रकार में कुल संख्या के भिन्नीय भाग के वर्गमूल के एक गुणक को हटाया जाता है और तब शेष भाग का संख्यात्मक मान दिया गया होता है।

तत्र भागजातिशेषजात्योः सूत्रम्—

भागोनरूपभक्तं दृश्यं फलमत्र भागजातिविधौ । अंशोनितरूपाहृतविहृतमग्रं शेषजातिविधौ ॥ ४ ॥

भागजातावुद्देशकः

दृष्टोऽष्टमं पृथिव्यां स्तम्भस्य त्र्यंशको मया तोये ।
पादांश' शैवाले कः स्तम्भ सप्त हस्ता. खे ॥ ५॥
षड्भाग. पाटलीपु भ्रमरवरततेस्तत्रिभागः कदम्बे
पादश्चूतद्रुमेपु प्रदलितकुसुमे चम्पके पञ्चमांशः ।

भिन्नों पर विविध प्रश्नो में 'भाग' और 'शेष' भिन्नो सम्बन्धी नियम –

'भाग' प्रकार (भाग प्रकार की प्रक्रियाओं) में, ज्ञात भिन्न से ह्रासित १ के द्वारा दी गई राशि को भाजित कर चाहा हुआ फल प्राप्त किया जाता है। 'शेष' प्रकार की प्रक्रियाओ में, ज्ञात भिन्नों को एक में से क्रमश घटाने से प्राप्त राशियों के गुणनफल द्वारा दी गई राशि को भाजित कर इष्ट फल प्राप्त किया जाता है ॥४॥

'भाग' जाति के उदाहरणार्थ प्रश्न

मेरे द्वारा एक स्तम्भ का $\frac{१}{८}$ भाग जमीन में, $\frac{१}{३}$ पानी में $\frac{१}{४}$ काई में और ७ हस्त हवा में देखा गया। बतलाओ स्तम्भ की लम्बाई क्या है ? ॥५॥ श्रेष्ठ भ्रमरों के समूह में से $\frac{१}{६}$ पाटली वृक्ष में, $\frac{१}{३}$ कदम्ब वृक्ष में, $\frac{१}{४}$ आम्र वृक्ष में, $\frac{१}{५}$ विकसित पुष्पों वाले चम्पक वृक्ष मे, $\frac{१}{३०}$ सूर्य किरणों द्वारा पूर्ण विकसित कमल वृन्द में आनन्द ले रहे थे और एक मत्त भृङ्ग आकाश में भ्रमण कर रहा था।

---

(४) 'भाग' प्रकार के सम्बन्ध में नियम बीजीय रूप से यह है $क = \frac{अ}{१ - ब}$ जहाँ क अज्ञात समुच्चय राशि है, जिसे निकालना है, अ 'दृश्य' अथवा अग्र है, और, ब दिया गया भाग अथवा दिये

'भागाभ्यास' अथवा 'भाग सम्वर्ग' प्रकार में, कुल सख्या के कुछ भिन्नीय भागों के गुणनफल अथवा गुणनफलों को दो, दो के संचय में लेकर उन्हें कुल संख्या में से घटाने से प्राप्त शेष भाग का सख्यात्मक मान दिया गया होता है।

'अशवर्ग' प्रकार में वे प्रश्न होते हैं जिनमें कुल में से भिन्नीय भाग का वर्ग (जहा, यह भिन्नीय भाग दी गई सख्या द्वारा बढाया अथवा घटाया जाता है) हटाने के पश्चात् शेष भाग का संख्यात्मक मान दिया गया होता है।

'मूलमिश्र' प्रकार में वे प्रश्न होते हैं जिनमें कुछ दी गई संख्याओं द्वारा घटाई या बढ़ाई गई कुल संख्या के वर्गमूल में कुल के वर्गमूल को जोडने से प्राप्त योग का सख्यात्मक मान दिया गया होता है।

'भिन्न दृश्य' प्रकार में कुल का भिन्नीय भाग, दूसरे भिन्नीय भाग द्वारा गुणित होकर, उसमें से हटा दिया जाता है और शेष भाग कुल के भिन्नीय भाग के रूप में निरुपित किया जाता है। यह विचारणीय है कि इस प्रकार में, अन्य प्रकारों की अपेक्षा शेष को कुल के भिन्नीय भाग के रूप में रखा जाता है।

प्रोत्फुल्लाम्भोजखण्डे रविकरदलिते त्रिंशदंशोऽभिरेमे
तत्रैको मत्तभृङ्गो भ्रमति नभसि का तस्य वृन्दस्य संख्या ॥ ६ ॥
आदायाम्भोरुहाणि स्तुतिशतमुखरः श्रावकस्तीर्थकृद्भ्यः ।
पूजां चक्रे चतुर्भ्यो वृषभजिनवरात् त्र्यंशमेषाममुष्य ।
त्र्यंशं तुर्यं षडंशं तदनु सुमतये तत्र चाद्वादशांशौ
शेषेभ्यो द्विद्विपद्मं प्रमुदितमनसादत्त किं तत्प्रमाणम् ॥ ७ ॥
संवशीकृतेन्द्रियाणां दूरीकृतविषयकषायदोषाणाम् । शीलगुणाभरणानां दयाङ्गनालिङ्गिताङ्गानाम् ॥ ८ ॥
साधूनां सद्वृन्दं सन्दृष्टं द्वादशोऽस्य तर्कज्ञः । षष्ठांशवर्जितोऽयं सैद्धान्तिकस्तदन्तरकसंख्यो शेषः ॥ ९ ॥
तद्द्विघ्नोऽयं धर्मकथी स एव नैमित्तिकः स्वपादोनः ।
वादी तयोर्विशेषः षड्गुणितोऽयं तपस्वी स्यात् ॥ १० ॥
गिरिशिखरतटे मयोपदृष्टा यतिपतयो नवसंगुणाष्टसङ्ख्याः ।
रविकरपरितापितोज्ज्वलाङ्गाः कथय मुनीन्द्रसमूहमाशु मे त्वम् ॥ ११ ॥

बतलाओ कि उस समूह में भ्रमरों की संख्या कितनी थी ? ॥ ६ ॥ एक श्रावक ने कमलों को एकत्रित कर जोर से स्तुतियाँ करते हुए, पूजन में इन कमलों के $\frac{1}{3}$ भाग और इस $\frac{1}{3}$ भाग के $\frac{1}{3}$, $\frac{1}{4}$ और $\frac{1}{6}$ भागों को क्रमशः जिनवर वृषभ से आदि लेकर चार तीर्थंकरों को; इन्हीं $\frac{1}{3}$ भाग कमलों के $\frac{1}{4}$ और $\frac{1}{12}$ भागों को सुमति नाथ को तथा, शेष १९ तीर्थंकरों को प्रमुदित मन से २ २ कमल भेंट किये। बतलाओ कि उन सब कमलों का संख्यात्मक मान क्या है ? ॥ ७ ॥ कुछ साधुओं का समूह देखा गया। वे साधु इन्द्रियों को अपने वश में कर चुके थे विषयरूपी कषाय के दोषों को दूर कर चुके थे। उनके शरीर सच्चरित्रता से और सद्गुणों रूपी आभरणों से शोभायमान थे तथा दया रूपी अंगना से आलिंगित थे। उस समूह का $\frac{1}{12}$ भाग तर्क शास्त्रियों युक्त था। भिन्न के $\frac{1}{6}$ भाग द्वारा हासित यह $\frac{1}{12}$ वाँ भाग सद्वृन्द, सैद्धान्तिक साधुओं युक्त था। इन दोनों का अन्तर [$\frac{1}{12}$ और $\frac{1}{12}$ − $\frac{1}{12}$ का $\frac{1}{6}$] सिद्धान्त ज्ञाताओं की संख्या थी। इस अंतिम अनुपाती राशि में २ का गुणन करने से प्राप्त राशि धर्म कथिकों की संख्या थी। भिन्न के $\frac{1}{4}$ भाग द्वारा हासित यह राशि नैमित्तिक ज्ञानियों की संख्या थी। इन अंत में कथित दो राशियों के अन्तर का राशिकृत वादियों की संख्या थी। ६ द्वारा गुणित यह राशि कठोर तपस्वियों की संख्या थी। और, ९ × ८ यति मेरे द्वारा गिरि के शिखर के पास देखे गये जिनका शरीर सूर्य के किरणों द्वारा परितप्त होकर उज्ज्वल दिखाई देता था। मुझे शीघ्र इस मुनीन्द्र समूह का मान बतलाओ ॥ ८-११ ॥ पके हुए धानों (शालियों) के भार से झुके हुए सुन्दर शालि क्षेत्र में कुछ तोते (शुक) उतरे। किसी मनुष्य द्वारा भयग्रस्त होकर वे सब सहसा ऊपर उड़े। उनमें से आधे पूर्व दिशा की ओर, $\frac{1}{6}$ दक्षिण पूर्व (आग्नेय) दिशा में उड़े। जो पूर्व और आग्नेय दिशा में उड़े उनके अन्तर को भिन्न की आधी राशि द्वारा हासितकर और पुनः इस परिणामी राशि की

गये भिन्नीय भागों का योग है। यह स्पष्ट है, कि यह समीकरण क − बक = अ द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। शेष प्रकार का नियम, बीजीय रूप से निरूपित करने पर,

$$क = \frac{अ}{(1 - ब_1)(1 - ब_2)(1 - ब_3) \times ......}$$ होता है, जहाँ $ब_1$, $ब_2$, $ब_3$ आदि उत्तरोत्तर शेषों के

फलभारनम्रकमे शालिक्षेत्रे शुकाः समुपविष्टाः । सहसोत्थिता मनुष्यैः सर्वे संत्रासिताः सन्तः ॥१२॥
तेषामर्धं प्राचीमाग्नेयीं प्रति जगाम षड्भागः ।
पूर्वाग्नेयीशेषः स्वदलोनः स्वार्धवर्जितो याम्यीम् ॥१३॥
याम्याग्नेयीशेषः स नैरृतिं स्वद्विपञ्चभागोनः । यामोनैरृत्यंशकपरिशेषो वारुणीमाशाम् ॥१४॥
नैरृत्यपरविशेषो वायव्यां सस्वकत्रिसप्तांशः । वायव्यपरविशेषो युतस्वसप्ताष्टमः सौमीम् ॥१५॥
वायव्युत्तरयोर्युतिरैशानीं स्वत्रिभागयुगहीना । दशगुणिताष्टाविंशतिरवशिष्टा व्योम्नि कति कीराः॥१६॥
काचिद्वसन्तमासे प्रसूनफलगुच्छभारनम्रोद्याने ।
कुसुमासवरसरञ्जितशुककोकिलमधुपमधुरनिस्वननिचिते ॥१७॥
हिमकरधवले पृथुले सौधतले सान्द्ररुन्द्रमृदुतल्पे ।
फणिफणनितम्बबिम्बा कनदमलाभरणशोभाङ्गी ॥१८॥
पाठीनजठरनयना कठिनस्तनहारनम्रतनुमध्या ।
सह निजपतिना युवती रात्रौ प्रीत्यानुरममाणा ॥१९॥
प्रणयकलहे समुत्थे मुक्तामयकण्ठिका तदबलायाः ।
छिन्नावनौ निपतिता तत्त्र्यंशश्चेटिकां प्रापत् ॥२०॥
षड्भाग शय्यायामनन्तरान्तरार्धमितिभागाः । षट्संख्यानास्तस्याः सर्वे सर्वत्र संपतिताः ॥२१॥
एकाग्रषष्टिशतयुतसहस्रमुक्ताफलानि दृष्टानि । तन्मौक्तिकप्रमाणं प्रकीर्णकं वेत्सि चेत् कथय ॥२२॥

अर्द्ध राशि द्वारा ह्रासित करने से प्राप्त राशि के तोते दक्षिण दिशा की ओर उड़े । जो दक्षिण की ओर उड़े तथा आग्नेय दिशा में उड़े उनके अन्तर को, निज के $\frac{2}{5}$ भाग द्वारा ह्रासित करने से प्राप्त राशि के तोते दक्षिण पश्चिम (नैऋत्य) दिशा में उड़े । जो नैऋत्य में उड़े तथा पश्चिम में उड़े, उनके अन्तर में उस निज के $\frac{3}{7}$ भाग को जोड़ने से प्राप्त संख्या के तोते उत्तर-पश्चिम (वायव्य) में उड़े । जो वायव्य और पश्चिम में उड़े उनके अन्तर में निज के $\frac{7}{8}$ भाग को जोड़ने से प्राप्त संख्या के तोते उत्तर दिशा में उड़े । जो वायव्य और उत्तर में उड़े उनका योगफल निज के $\frac{2}{3}$ भाग द्वारा ह्रासित होने से प्राप्त राशि के तोते उत्तर पूर्व (ईशान) दिशा में उड़े । तथा, २८० तोते ऊपर आकाश में शेष रहे । बतलाओ कुल कितने तोते थे ? ॥१२–१६॥

वसन्त ऋतु के मास में एक रात्रि को, कोई . युवती अपने पति के साथ, फल और पुष्पों के गुच्छों से नम्रीभूत हुए वृक्षोंवाले, और फूलों से प्राप्त रस द्वारा मत्त शुक, कोयल तथा भ्रमरवृन्द के मधुर स्वरों से गुंजित बगीचे में स्थित . महल के फर्श पर सुख से तिष्ठी थी । तभी पति और पत्नी में प्रणयकलह होने के कारण, उस अबला के गले की मुक्तामयी कंठिका टूट गई और फर्श पर गिर पड़ी । उस मुक्ता के हार के $\frac{1}{3}$ मुक्ता दासी के पास पहुँचे, $\frac{1}{6}$ शय्या पर गिरे, तब शेष के $\frac{1}{2}$, और पुनः अग्रिम शेष के $\frac{1}{2}$ और फिर अग्रिम शेष के $\frac{1}{2}$, इसी तरह कुल ६ बार में प्राप्त मुक्ता राशि सर्वत्र गिरी । शेष विना बिखरे हुए ११६१ मोती पाये गये । यदि तुम प्रकीर्णक भिन्नों का साधन करना जानते हो तो उस हार के मोतियों का संख्यात्मक मान बतलाओ ॥१७-२२॥ स्फुरित इन्द्रनीलमणि समान नीले रग

भिन्नीय भाग हैं । यह सूत्र निम्नलिखित समीकरण से प्राप्त किया जा सकता है ।

$क - ब_1 क - ब_2 (क - ब_1 क) - ब_3 \{क - ब_1 क - ब_2 (क - ब_1 क)\} - $ (इत्यादि)...... $=$ अ

(१७) कुछ शब्दों का अनुवाद छोड दिया गया है, जिन्हें पाठक मूल गाथा में देख सकते हैं ।

कोष्ठस्य लेभे नवमांशमेक. परेऽष्टभागादिदलान्तिमांशान् ।
शेषस्य शेषस्य पुन· पुराणा दृष्टा मया द्वादश तत्प्रमा का ॥ ३२ ॥

इति शेषजात्युद्देशक ।

अथ मूलजातौ सूत्रम्—

मूलार्धाग्रे छिन्द्यादशोनैकेन युक्तमूलकृते. । दृश्यस्य पदं सपद वर्गितमिह मूलजातौ स्वम् ॥३३॥

अत्रोद्देशकः

दृष्टोऽटव्यामुष्ट्रयूथस्य[1] पादो मूले च द्वे शैलसानौ निविष्टे ।
उष्ट्रास्त्रिघ्ना[2] पञ्च नद्यास्तु तीरे किं[3] तस्य स्यादुष्ट्रकस्य प्रमाणम् ॥ ३४ ॥
श्रुत्वा वर्षाभ्रमालापटहपटुरव शैलशृङ्गोरुरङ्गे
नाट्यं चक्रे प्रमोदप्रमुदितशिखिनां षोडशांशोऽष्टमश्च ।
त्र्यंश शेषस्य षष्ठो वरबकुलवने पञ्च मूलानि तस्थु
पुन्नागे पञ्च दृष्टा भण गणक गणं बर्हिणां सगुणय्य ॥ ३५ ॥

१ B में 'हस्ति' पाठ है । २ B मे 'नागाः' पाठ है ।
३ B में 'किं स्यात्तेषा कुञ्जगणा प्रमाणम्' पाठ है ।

एक आदमी को खजाने का $\frac{1}{9}$ भाग मिला । दूसरों को उत्तरोत्तर शेषों के $\frac{1}{8}$ से आरम्भ कर, क्रम से $\frac{1}{2}$ तक भाग मिले । अंत में शेष १२ पुराण मुझे दिखे । बतलाओ कि कोष्ठ में कितने पुराण हैं ? ॥३२॥

इस तरह शेष जाति के उदाहरणार्थ प्रश्न समाप्त हुए ।

'मूल' जाति सम्बन्धी नियम—

अज्ञात राशि के वर्गमूल का आधा गुणाक (वार द्योतक coefficient) और ज्ञात शेष में से प्रत्येक को अज्ञात राशि के भिन्नीय गुणांक से ह्रासित एक द्वारा भाजित करना चाहिये । इस तरह वर्ते हुए ज्ञात शेष को अज्ञात राशि के वर्गमूल के गुणांक के वर्ग में जोड़ते हैं । प्राप्त राशि के वर्गमूल में इसी प्रकार वर्ते हुए अज्ञात राशि के वर्गमूल के गुणांक को जोड़ते हैं । तत्पश्चात् परिणामी राशि का पूर्ण वर्ग करने पर, इस मूल प्रकार में इष्ट अज्ञात राशि प्राप्त होती है ॥३३॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

ऊँटों के झुण्ड का $\frac{1}{4}$ भाग वन में देखा गया । उस झुण्ड के वर्गमूल का दुगुना भाग पर्वत के उतारों पर देखा गया । ५ ऊँटों के तिगुने, नदी के तीर पर देखे गये । ऊँटों की कुल सख्या क्या है ? ॥३४॥ वर्षा ऋतु में, घनावलि द्वारा उत्पन्न हुई स्पष्ट ध्वनि सुनकर, मयूरों के समूह के $\frac{1}{16}$ और $\frac{1}{8}$ भाग तथा शेष का $\frac{1}{3}$ भाग और तत्पश्चात् शेष का $\frac{1}{6}$ भाग, आनन्दातिरेक होकर पर्वत शिखररूपी विशाल नाट्यशाला पर नाचते रहे । उस समूह के वर्गमूल के पाँचगुने बकुल वृक्षों के उत्कृष्ट वन में ठहरे रहे । और, शेष ५ पुन्नाग वृक्ष पर देखे गये । हे गणितज्ञ ! गणना करके कुल मयूरों की सख्या बतलाओ ॥३५॥ किसी अज्ञात सख्या वाले सारस पक्षियों के झुण्ड का $\frac{1}{4}$ भाग कमल षण्ड (समूह)

(३३) बीजीय रूप से, यह नियम निम्नलिखित रूप में आता है—यहाँ अज्ञात राशि 'क' है ।

$$क = \left\{ \frac{स/२}{१-ब} + \sqrt{\frac{अ}{१-ब} + \left(\frac{स/२}{१-ब}\right)^२} \right\}^२,$$ यह, समीकरण क – (बक + स$\sqrt{क}$ + अ) = ० के द्वारा सरलता से प्राप्त किया जा सकता है ।

परति कमलपण्डे सारसानां चतुर्थो नवमचरणभागौ सप्त मूलानि चाद्रौ ।
विकचबकुलमध्ये सप्तनिघ्नाष्टमानां कति कथय सखे त्वं पक्षिणो दृक्षु साक्षात् ॥ ३६ ॥
न भाग कपिवृन्दस्य त्रीणि मूलानि पर्वते । चत्वारिंशद्वने दृष्टा वानरास्तद्गणः कियान् ॥ ३७ ॥
कलकण्ठानामर्धं सहकारतरौ प्रफुल्लशाखायाम् ।
तिलकेऽष्टादश तस्थुर्नो मूलं कथय पिकनिकरम् ॥ ३८ ॥
हंसकुलस्य दलं बकुलेऽस्यात् पञ्च पदानि तमालकुजाग्रे ।
अत्र न किंचिदपि प्रतिदृष्टं तत्प्रमितिं कथय प्रिय शीघ्रम् ॥ ३९ ॥

इति मूलजातिः ।

अथ शेषमूलजातौ सूत्रम्—

पदवदलवर्गयुतामान्मूलं सप्राक्पदार्धमस्य कृतिः ।
दृश्ये मूलं प्राप्ते फलमिह भागं तु भागजातिविधिः ॥ ४० ॥

पर चल रहा है उसके १/२ और १/९ भाग तथा उसके वर्गमूल का ७ गुना भाग पर्वत पर विचर रहे हैं। कुछ पुष्पयुक्त बकुल वृक्षों के मध्य में शेष ५६ हैं। हे निपुण मित्र! मुझे ठीक बतलाओ कि कुल कितने पक्षी हैं ॥३६॥ बन्दरों के समूह का कोई भी भिन्नीय भाग कहीं नहीं है। उसके वर्गमूल का त्रिगुण भाग पर्वत पर है और शेष ४० वन में देखे गये हैं। उन बन्दरों की संख्या क्या है? ॥३७॥ कोयलों की आधी संख्या आम्र की प्रफुल्लित शाखा पर है। १८ कोयलें एक तिलक वृक्ष पर देखी गई हैं। उनकी संख्या के वर्गमूल का कोई भी गुच्छ कहीं नहीं देखा गया है। उन कोयलों की संख्या क्या है? ॥३८॥ हंसों की आधी संख्या बकुल वृक्षों के मध्य में देखी गई; उनके समूह के वर्गमूल की पाँच गुनी संख्या तमाल वृक्षों के शिखर पर देखी गई। शेष कहीं नहीं दिखाई दी। हे मित्र! उस समूह का संख्यात्मक मान शीघ्र बतलाओ ॥३९॥

इस प्रकार 'मूल' जाति प्रकरण समाप्त हुआ।

शेषमूल जाति सम्बन्धी नियम—

अज्ञात समुच्चय राशि के शेष भाग के वर्गमूल के गुणांक की आधी राशि के वर्ग को लो। उसमें शेष ज्ञात संख्या मिलाओ। योगफल का वर्गमूल निकालो। अज्ञात समुच्चय राशि के शेष भाग को वर्गमूल के गुणांक की आधी राशि में इस वर्गमूल को मिलाओ। यदि अज्ञात समुच्चय राशि को मूल (original) समुच्चय राशि ही के लिया जाता है तो इस अंतिम योग का वर्ग इष्ट फल होगा। परन्तु, यदि उस अज्ञात समुच्चय राशि का शेष भाग केवल एक भाग की तरह ही वर्ता जाता है तो "भाग" प्रकार सम्बन्धी नियम उपयोग में लाना पड़ेगा ॥४०॥

यह समीकरण इस प्रकार के प्रश्नों का बीजीय निरूपण है। यहाँ 'ख' अज्ञात राशि क के वर्गमूल का गुणांक है।

(४) बीजीय रूप से क — खक = $\left\{ \frac{ख}{२} + \sqrt{\left(\frac{ख}{२}\right)^{२} + अ} \right\}$ है। इस मान से इस अध्याय में दिये गये नियम ४ के अनुसार क का मान निकाला जा सकता है। समीकरण क — खक +

अत्रोद्देशकः

गजयूथस्य त्र्यंशः शेषपद च त्रिसंगुण सानौ ।
सरसि त्रिहस्तिनीभिर्नागो दृष्टः कतीह गजा. ॥ ४१ ॥
निर्जन्तुकप्रदेशे नानाद्रुमषण्डमण्डितोद्याने । आसीनानां यमिनां मूल तरुमूलयोगयुतम् ॥ ४२ ॥
शेषस्य दशमभागो मूल नवमोऽथ मूलमष्टाश' । मूलं सप्तममूल षष्ठो मूलं च पञ्चमो मूलं ॥ ४३ ॥
एते भागा. काव्यप्रवचनधर्मप्रमाणनयविद्या ।
वादच्छन्दोज्यौतिषमन्त्रालङ्कारशब्दज्ञाः ॥ ४४ ॥
द्वादशतप'प्रभावा द्वादशभेदाङ्गशास्त्रकुशलधिय ।
द्वादश मुनयो दृष्टा कियती मुनिचन्द्र यतिसमिति ॥ ४५ ॥
मूलानि पञ्च चरणेन युतानि सानौ शेषस्य पञ्चनवम करिणां नगाग्रे ।
मूलानि पञ्च सरसीजवने रमन्ते नद्यास्तटे षडिह ते द्विरदाः कियन्त. ॥ ४६ ॥

इति शेषमूलजातिः ।

1 B में शेषस्य पदं त्रिसगुणं पाठ है ।

उदाहरणार्थ प्रश्न

हाथियों के यूथ (झुंड) का $\frac{1}{3}$ भाग तथा शेष भाग की वर्गमूल राशि के हाथी, पर्वतीय उतार पर देखे गये । शेष एक हाथो ३ हस्तिनियों के साथ एक सरोवर के किनारे देखा गया । बतलाओ कितने हाथी थे ? ॥ ४१ ॥ कई प्रकार के वृक्षों के समूह द्वारा मंडित उद्यान के निर्जन्तुक प्रदेश में कई साधु आसीन थे । उनमें से कुल के वर्गमूल की सख्या के साधु तरुमूल में बैठे हुए योगाभ्यास कर रहे थे । शेष के $\frac{1}{10}$, (इसको घटाकर) शेष का वर्गमूल, (इसको घटाकर) शेष के $\frac{1}{9}$, (इसको घटाकर) शेष का $\frac{1}{8}$, (इसको घटाकर) शेष का $\frac{1}{7}$, (इसको घटाकर) शेष का वर्गमूल, (इसको घटाकर) शेष का $\frac{1}{6}$, (इसको घटाकर) शेष का $\frac{1}{5}$, इसको घटाकर शेष के वर्गमूल द्वारा निरूपित संख्याओं वाले वे थे जो (क्रमशः) काव्य प्रवचन, धर्म, प्रमाण नयविद्या, वाद, छन्द, ज्योतिष, मंत्र, अलकार और शब्द शास्त्र (व्याकरण) जानने वाले थे, तथा वे भी थे जो बारह प्रकार के तप के प्रभाव से प्राप्त होनेवाली ऋद्धियों के धारी थे, तथा बारह प्रकार के अग शास्त्र को कुशलता पूर्वक जानने वाले थे । इनके अतिरिक्त अंत में १२ मुनि देखे गये । हे मुनिचद्र ! बतलाओ कि यति समिति का सख्यात्मक मान क्या था ? ॥ ४२–४५ ॥ हाथियों के समूह के वर्गमूल का $5\frac{1}{4}$ गुना भाग पर्वतीय उतार पर क्रीड़ा कर रहा है, शेष का $\frac{5}{9}$ भाग पर्वत के शिखर पर क्रीड़ा कर रहा है । (इसको घटाकर) शेष का वर्गमूल प्रमाण हस्तीगण कमल के वन में रमण कर रहा है । और, शेष ६ हस्ती नदी के तीर पर हैं । यहाँ सब हस्ती कितने हैं ? ॥ ४६ ॥

इस प्रकार, 'शेषमूल' जाति प्रकरण समाप्त हुआ ।

"द्विरग्र शेष मूल" जाति [शेषों की सरचना करने वाली दो ज्ञात राशियों वाले 'शेषमूल' प्रकार] सम्बन्धी नियम—

(समूह वाचक अज्ञात राशि के) वर्गमूल का गुणाक, और (शेष रहने वाली) अंतिम ज्ञात

($स\sqrt{क - बक} + अ$) = ० द्वारा उपर्युक्त क – बक का मान सरलतापूर्वक प्राप्त किया जा सकता है । यहाँ भी 'क' अज्ञात राशि है ।

अथ विषमशेषमूलजातौ सूत्रम्—

मूलं स्वार्धं च भजेदंशकपरिहीणरूपघातेन । पदोनममराशौ क्षिपेत्तत्र शेषमूलविधिः ॥ ४७ ॥

अत्रोद्देशकः

मधुकर एको दृष्टः खे पद्मे शेषपञ्चमचतुर्थौ । शेषत्र्यंशो मूलं द्वावाम्रे ते कियन्तः स्युः ॥ ४८ ॥
सिंहाश्चत्वारोऽद्रौ प्रतिशेषं षडंशकादिमार्धान्ताः ।
मूले चत्वारोऽपि च विपिने दृष्टाः कियन्तस्ते ॥ ४९ ॥

१ B में 'द्वौ चाम्रे' पाठ है।

राशि इन दोनों को प्रत्येक दशा में भिन्नीय समानुपाती राशियों को एक में से ह्रासित करने से प्राप्त राशियों के गुणनफल द्वारा विभाजित करना चाहिये। तब प्रथम प्राप्त राशि को उस अन्य ज्ञात राशि में (जिसे ऊपर साधित किया है) जोड़ देना चाहिये। तत्पश्चात् प्रकीर्णक भिन्नों के 'शेषमूल' प्रकार सम्बन्धी क्रिया की जाती है ॥ ४७ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

मधुमक्खियों के झुंड में से एक मधुमक्खी आकाश में दिखाई दी। शेष का $\frac{1}{5}$ भाग; पुनः, शेष का $\frac{1}{4}$ भाग पुनः शेष का $\frac{1}{3}$ भाग तथा झुंड के संख्यात्मक मान का वर्गमूल प्रमाण कमलों में दिखाई दिया। अंत में शेष दो मधुमक्खियाँ एक आम्रवृक्ष पर दिखाई दीं। बतलाओ कि उस झुंड में कितनी मधुमक्खियाँ हैं? ॥४८॥ सिंह दल में से चार पर्वत पर देखे गये। दल के क्रमिक शेषों के $\frac{1}{6}$ वें भाग से आरम्भ होकर $\frac{1}{2}$ वें भाग तक के भिन्नीय भाग, दल के संख्यात्मक मान के वर्गमूल का द्विगुणित प्रमाण तथा अन्त में शेष रहने वाले ४ सिंह वन में दिखाई दिये। बतलाओ कि उस दल में कितने सिंह हैं? ॥४९॥ मृग दल में से उत्तम हरिणियों के दो युग्म वन में देखे गये। झुण्ड के क्रमिक शेषों

(४७) बीजीय रूप से, इस नियम से $\frac{\text{स}}{(१-\text{ब}_1)(१-\text{ब}_2)\times \quad \text{इत्यादि}}$ और

$\frac{\text{अ}_2}{(१-\text{ब}_1)(१-\text{ब}_2)\times \quad \text{इत्यादि}}+\text{अ}_1$, ये राशियाँ प्राप्त होती हैं जिनको शेषमूल के सूत्र में स और अ के स्थान पर प्रतिस्थापित करना पड़ता है। 'शेषमूल' का सूत्र यह है

$\text{क} - \text{कक} = \left\{ \frac{\text{स}}{२}+\sqrt{\left(\frac{\text{स}}{२}\right)^{२}+\text{अ}} \right\}^{२}$। इस सूत्र का प्रयोग करने में क का मान प्राप्त हो जाता है, क्योंकि विषम शेषमूल में गर्भित रहने वाला मूल अथवा वर्गमूल कुल राशि का होता है न कि राशि के भिन्नीय भाग का। जैसा कि यह है आदेशन करने से हमें $\text{क} = \left\{ \frac{\text{स}}{२(१-\text{ब}_1)(१-\text{ब}_2)\times \quad \text{इत्यादि}} + \right.$

$\left.\sqrt{\left(\frac{\text{स}}{२(१-\text{ब}_1)(१-\text{ब}_2)\times \quad \text{इत्यादि}}\right)^{२}+\frac{\text{अ}_2}{२(१-\text{ब}_1)(१-\text{ब}_2)\times \quad \text{इत्यादि}}+\text{अ}_1} \right\}^{२}$

प्राप्त होता है। यह फल समीकरण

$\text{क}-\text{अ}_1-\text{ब}_1(\text{क}-\text{अ}_1)-\text{ब}_2\{\text{क}-\text{अ}_1-\text{ब}_1(\text{क}-\text{अ}_1)\} \quad -\text{स}\sqrt{\text{क}}-\text{अ}_2 = ०$ से

सरलतापूर्वक प्राप्त हो सकता है, जहाँ कि ब_1, ब_2 इत्यादि उत्तरोत्तर शेषों के विभिन्न भिन्नीय भाग हैं और अ_1 तथा अ_2 क्रमशः प्रथम ज्ञात राशि और अंतिम ज्ञात राशि हैं। पुनः, यहाँ 'क' अज्ञात राशि है।

तरुणहरिणीयुग्मं दृष्टं द्विसगुणितं वने कुधरनिकटे शेषा पञ्चाशकादिदलान्तिमा ।
विपुलकलमक्षेत्रे तासां पदं त्रिभिराहतं कमलसरसीतीरे तस्थुर्दशैव गणः कियान् ॥ ५० ॥

इति द्विरग्रशेषमूलजातिः ।

अथांशमूलजातौ सूत्रम्—

भागगुणे मूलाग्रे न्यस्य पदप्राप्तदृश्यकरणेन । यल्लब्धं भागहृतं धनं भवेदंशमूलविधौ ॥ ५१ ॥

अन्यदपि सूत्रम्—

दृश्यादंशकभक्ताच्चतुर्गुणान्मूलकृतियुतान्मूलम् । सपदं दलितं वर्गितमंशाभ्यस्तं भवेत् सारम् ॥५२॥

के $\frac{1}{8}$ वे भाग से लेकर $\frac{1}{2}$ वें भाग तक के भिन्नीय भाग पर्वत के पास देखे गये। उस झुण्ड के संख्यात्मक मान के वर्गमूल की तिगुनी राशि विस्तृत कलम (चावल) क्षेत्र में देखी गई। अंत में, कमल सरोवर के किनारे शेष केवल १० देखे गये। झुण्ड का प्रमाण क्या है ? ॥५०॥

इस प्रकार 'द्विरग्र शेषमूल' जाति प्रकरण समाप्त हुआ।

"अंशमूल" जाति सम्बन्धी नियम—

अज्ञात समूह वाचक राशि के दिये गये भिन्नीय भाग के वर्गमूल के गुणाक को तथा अंत में शेष रहनेवाली ज्ञात राशिको लिखो। इन दोनों राशियो को दिये गये समानुपाती भिन्न द्वारा गुणित करो। जो 'शेषमूल' प्रकार में अज्ञात राशिको निकालने की क्रिया द्वारा प्राप्त होता है, उस फल को जब दिये गये समानुपाती भिन्न द्वारा भाजित करते है तब अंशमूल प्रकार की इष्ट राशि प्राप्त होती है। ॥५१॥

'अंशमूल' प्रकार का अन्य नियम—

अंतिम शेष के रूप में दी गई ज्ञात राशि दिये गये समानुपाती भिन्न द्वारा भाजित की जाती है और ४ द्वारा गुणित की जाती है। प्राप्त फल में अज्ञात समूह वाचक राशि के दत्त भिन्न के वर्गमूल के गुणांक का वर्ग जोड़ा जाता है। इस योगफल के वर्गमूल को ऊपर कथित अज्ञात राशि के भिन्नीय भाग के वर्गमूल के गुणाक में जोड़ते हैं और तब आधा कर वर्गित करते हैं। प्राप्त फल को दत्त समानुपाती भिन्न द्वारा गुणित करने पर इष्ट फल प्राप्त होता है। ॥५२॥

---

(५०) इस गाथा में आया हुआ शब्द 'हरिणी' का अर्थ न केवल मादा हरिण होता है वरन् उस छन्द का भी नाम होता है जिसमें यह गाथा संरचित हुई है।

(५१) बीजीय रूप से कथन करने पर, यह नियम 'स ब' और 'अ ब' के मान निकालने में सहायक होता है, जिनका प्रतिस्थापन, शेषमूल प्रकार में किये गये अनुसार सूत्र $क - बक = \left\{ \frac{स}{२} + \sqrt{\left(\frac{स}{२}\right)^२ + अ} \right\}^२$ में क्रमशः स और अ के स्थान पर करना पड़ता है। ४७ वीं गाथा के टिप्पण के समान, क – बक यहाँ भी क हो जाता है। इष्ट प्रतिस्थापन के पश्चात् और फल को ब द्वारा विभाजित करने पर हमें $क = \left\{ \frac{सब}{२} + \sqrt{\left(\frac{सब}{२}\right)^२ + अब} \right\}^२ - ब$ प्राप्त होता है।

क का यह मान समीकरण $क - स\sqrt{बक - अ} = ०$ से भी सरलता से प्राप्त हो सकता है।

(५२) बीजीय रूप से कथन करने पर, $क = \left\{ \frac{स + \sqrt{स^२ + \frac{४अ}{ब}}}{२} \right\}^२ \times ब$ होता है। यह पिछली गाथा के टिप्पण में दिये गये समीकार से भी स्पष्ट है।

अत्रोद्देशकः

पद्मनालत्रिभागस्य जले मूलाष्टकं स्थितम् । षोडशाङ्गुलमाकाशे जलनालोदयं वद ॥ ५३ ॥
द्वित्रिभागस्य यन्मूलं नवघ्नं हस्तिनां पुनः । शेषपञ्चदशांशस्य मूलं षड्भिः समाहतम् ॥ ५४ ॥
विगलद्दानधारार्द्रगण्डमण्डलदन्तिनः । चतुर्विंशतिरादृष्टा मयाटव्यां कति द्विपाः ॥ ५५ ॥
क्रोडौघार्धचतुःपदानि विपिने शार्दूलविक्रीडितं मापुः शेषदशांशमूलयुगलं शैले चतुस्ताडितम् ।
शेषार्धस्य पदं त्रिवर्गगुणितं कूलं[1] वराहा वने दृष्टाः सप्तगुणाष्टकप्रमितयस्तेषां प्रमाणं वद ॥ ५६ ॥
इत्यंशमूलजातिः ।

अथ भागसंवर्गजातौ सूत्रम्—

स्वांशाग्रहरघ्नाच्चतुर्गुणांशेन तद्धरेण हतात् । मूलं योज्यं त्याज्यं तच्छेदे तद्दलं वित्तम् ॥ ५७ ॥[2]

१ B में 'बाराह्रं' पाठ है।
२ इस श्लोक के पश्चात् सभी हस्तलिपियों में निम्नलिखित श्लोक है जो केवल ५७ वें श्लोक का व्याख्यानुवाद है—
अन्यच्च—
चतुर्हतकेनोनाद्भागाग्रस्यांशहृतहारात् । तच्छेदेन हतान्मूलं योज्यं त्याज्यं तच्छेदे तदर्धवित्तम् ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

कमल की नाल के त्रिभाग के वर्गमूल का अठगुना भाग पानी के भीतर है और १६ अंगुल पानी के ऊपर वायु में है। बतलाओ कि तली से पानी की ऊँचाई कितनी है तथा कमल नाल की लम्बाई क्या है? ॥५३॥ हाथियों के झुण्ड में से उनकी संख्या के २/३ भाग के वर्गमूल का ९ गुना प्रमाण और शेषभाग के $\frac{1}{15}$ भाग के वर्गमूल का ६ गुना प्रमाण; और अंत में शेष २४ हाथी वन में देखे गये जिनके चौड़े गण्ड मण्डल से मद झर रहा था। बतलाओ कुल कितने हाथी हैं? ॥५४-५५॥ वराहों के झुण्ड के अर्द्ध अंश के वर्गमूल की चौगुनी राशि जंगल में गई जहाँ शेर क्रीड़ा कर रहे थे। उस झुंड के दसवें भाग के वर्गमूल की अठगुनी राशि पर्वत पर गई। शेष के अर्द्धभाग के वर्गमूल की ९ गुनी राशि नदी के किनारे गई। और अन्त में ५६ वराह वन में देखे गये। बताओ कि कुल वराह कितने थे? ॥५६॥

इस प्रकार, अंशमूल जाति प्रकरण समाप्त हुआ।

'भाग संवर्ग' जाति सम्बन्धी नियम—

(अज्ञात समूह वाचक राशि के विशिष्ट भिन्न भिन्नीय भाग के सरलीकृत) हर को उसे सम्बन्धित (सरलीकृत) अंश द्वारा विभाजित करने से प्राप्त फल में से दिये गये ज्ञात भाग की चौगुनी राशि घटाओ। तब इस अंतर फल को उसी (ऊपर वर्णित हुए सरलीकृत) हर द्वारा गुणित करो। इस गुणनफल के वर्गमूल को कहे हुए उसी हर में जोड़ो और फिर उसी में से घटाओ। तब योगफल अथवा अंतर फल में से किसी एक की अर्द्ध राशि, इष्ट (अज्ञात समूह वाचक) राशि होती है। ॥५७॥

(५६) "शार्दूल विक्रीडित" का अर्थ शेरों की क्रीड़ा होता है। इसके सिवाय यह नाम उस छन्द का भी है जिसमें कि यह श्लोक संग्रथित हुआ है।

(५७) बीजीय रूप से कथन करने पर $क = \dfrac{\frac{न}{फ}\pm\sqrt{\left(\frac{न}{फ}-४अ\right)\frac{न}{फ}}}{२}$ होता है। क की

अत्रोद्देशकः

अष्टमं षोडशांशघ्न शालिराशे कृषीवल । चतुर्विंशतिवाहांश्च लेभे राशि क्रियान् वद ॥ ५८ ॥
शिखिनां षोडशभाग. स्वगुणश्चूते तमालषण्डेऽस्थात् ।
शेषनवांश' स्वहतश्चतुरग्रदशापि कति ते स्युः ॥ ५९ ॥
जले त्रिंशदंशाहतो द्वादशांशः स्थितः शेषविंशो हत षोडशेन ।
त्रिनिघ्नेन पङ्के करा विंशति' खे सखे स्तम्भदैर्घ्यस्य मानं वद त्वम् ॥ ६० ॥

इति भागसवर्गजाति ।

अथोनाधिकांशवर्गजातौ सूत्रम्—
स्वांशकभक्तहरार्धं न्यूनयुगधिकोनितं च तद्वर्गात् ।
न्यूनाधिकवर्गाग्रान्मूलं स्वर्णं फलं पदेऽशहृतम् ॥ ६१ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

कोई कृषक शालि के ढेरी की $\frac{1}{8}$ भाग प्रमाण राशि द्वारा गुणित उसी ढेरी की $\frac{1}{16}$ भाग प्रमाण राशि को प्राप्त करता है। इसके सिवाय उसके पास २४ वाह और रहती है। बतलाओ ढेरी का परिमाण क्या है ? ॥५८॥ झुंड के $\frac{1}{16}$ वें भाग द्वारा गुणित मयूरों के झुंड का $\frac{1}{16}$ वा भाग, आम के वृक्ष पर पाया गया। स्व [अर्थात् शेष के $\frac{1}{9}$ वें भाग] द्वारा गुणित शेष का $\frac{1}{9}$ वा भाग, तथा शेष १४ मयूरों को तमाल वृक्ष के झुंड में देखा गया। बतलाओ वे कुल कितने हैं ? ॥५९॥ किसी स्तम्भ के $\frac{1}{12}$ वें भाग को स्तम्भ के $\frac{1}{30}$ वें भाग द्वारा गुणित करने से प्राप्त भाग पानी के नीचे पाया गया। शेष के $\frac{1}{20}$ वें भाग को उसी शेष के $\frac{3}{16}$ वें भाग द्वारा गुणित करने से प्राप्त भाग कीचड़ में गड़ा हुआ पाया गया। शेष २० हस्त पानी के ऊपर हवा में पाया गया। हे मित्र ! स्तम्भ की लम्बाई बताओ। ॥६०॥ इस प्रकार, "भाग संवर्ग" जाति प्रकरण समाप्त हुआ।

ऊनाधिक 'अंशवर्ग' जाति सम्बन्धी नियम—

(अज्ञात राशि के विशिष्ट भिन्नीय भाग के) हर की अर्द्ध राशि के स्व अंश द्वारा विभाजित करने से प्राप्त राशियों को (समूह वाचक अज्ञात राशि के विशिष्ट भिन्नीय भाग में से घटाई जाने वाली) दी गई ज्ञात राशि द्वारा मिश्रित अथवा ह्रासित करो। इस परिणामी राशि के वर्ग को (घटाई जाने वाली अथवा जोड़ी जाने वाली) ज्ञात राशि के वर्ग द्वारा तथा राशि के ज्ञात शेष द्वारा ह्रासित करो। जो फल मिले उसका वर्गमूल निकालो। इस वर्गमूल द्वारा उपर्युक्त प्रथम वर्ग राशि का वर्गमूल मिश्रित अथवा ह्रासित किया जाता है। जब प्राप्त राशि को अज्ञात राशि के विशिष्ट भिन्नीय भाग द्वारा विभाजित करते हैं तब अज्ञात राशि की इष्ट अर्हा (value) प्राप्त होती है ॥६१॥

इस अर्हा को समीकार $क - \frac{म}{न} क \times \frac{प}{फ} क - अ = ०$ द्वारा भी प्राप्त कर सकते हैं, जहाँ म/न और प/फ नियम में अपेक्षित भिन्न हैं।

(६१) बीजीय रूप से, $$क = \left\{ \pm\sqrt{\left(\frac{न}{२म} \pm द\right)^२ - द^२ - अ} + \left(\frac{न}{२म} \pm द\right) \right\} - \frac{म}{न},$$

क की यह अर्हा समीकार, $क - \left(\frac{म}{न} क \mp द\right)^२ - अ = ०$, द्वारा भी प्राप्त हो सकती है, जहा द दी गई ज्ञात राशि है, जो अज्ञात राशि के इस उल्लिखित भिन्नीय भाग में से घटाई जाती है अथवा उसमें जोड़ी जाती है।

[1]हीनालाप उदाहरणम्

महिषीणामष्टांशो व्येको वर्गीकृतो वने रमते । पञ्चदशात्रौ दृष्टास्तृणं चरन्त्यः कियन्त्यस्ताः ॥६२॥
अनेकपानां दृष्टमो द्विवर्जितः स्वसगुणः क्रीडति सल्लकीवने ।
चरन्ति षड्वर्गमिता गजा गिरौ कियन्त एतेऽत्र भवन्ति वन्विनः ॥ ६३ ॥

[2]अधिकालाप उदाहरणम्

जम्बूवृक्षे पञ्चदशांशो द्विकयुक्तः स्वेनाभ्यस्तः केकिकुलस्य द्विकविप्रा ।
पञ्चाप्यन्ये सप्तमयूरा सहकारे रंरम्यन्ते मित्र वदैषां परिमाणम् ॥ ६४ ॥

इत्यूनाधिकांशवर्गजातिः ॥

अथ मूलमिश्रजातौ सूत्रम्—
मिश्रकृतिरूनयुक्ता व्यधिका च द्विगुणमिश्रसंभक्ता ।
वर्गीकृता फलं स्यात्करणमिदं मूलमिश्रविधौ ॥ ६५ ॥

१ M में 'हीन' छूट गया है ।　　२ M में यह तथा अनुगामी श्लोक छूट गये हैं ।

हीनालाप प्रकार के उदाहरण

कुल झुंड के १/८ वें भाग के पूर्ण वर्ग से एक कम महिष (भैंसा) राशि वन में क्रीडा कर रही है । शेष १५, पर्वत पर घास चरते हुए दिखाई दे रहे हैं । बतलाओ कुल कितने भैंसे हैं ? ॥६२॥ कुल झुंड के १/२८ वें भाग से दो कम प्रमाण, उसी प्रमाण द्वारा गुणित होने से कम हस्ति राशि सल्लकी वन में क्रीडा कर रही है । शेष हाथी जो संख्या में ६ की वर्गराशि प्रमाण हैं पर्वत पर विचर रहे हैं । बतलाओ वे कुल कितने हैं ? ॥६३॥

अधिकालाप प्रकार का उदाहरण

कुल झुंड के १/१५ भाग से २ अधिक राशि को स्व द्वारा गुणित करने से प्राप्त राशि प्रमाण मयूर जम्बू वृक्ष पर खेल रहे हैं । शेष गर्वीले २' × ५ मयूर आम के वृक्ष पर खेल रहे हैं । हे मित्र ! इस झुंड के कुल मयूरों की संख्या बतलाओ ? ॥ ६४ ॥

इस प्रकार ऊनाधिक अंश वर्ग जाति प्रकरण समाप्त हुआ ।

'मूलमिश्र' जाति सम्बन्धी नियम—

(विशिष्ट अज्ञात राशियों के वर्गमूलों के) मिश्रित (ज्ञात) योग के वर्ग में (दी गई) ऋणात्मक राशि जोड़ दी जाती है अथवा दी गई धनात्मक राशि उसमें से घटा दी जाती है । परिणामी राशि को उपयुक्त मिश्रित योग की दुगुनी राशि द्वारा विभाजित करते हैं । इसे वर्गित करने पर इष्ट अज्ञात समूह की अर्घ (value) प्राप्त होती है । यही, 'मूलमिश्र' प्रकार के प्रश्नों का साधन करने का नियम है ॥ ६५ ॥

(६४) इस गाथा में 'सप्तमयूरा' शब्द का अर्थ 'गर्वीले मयूर' होता है । यह उस छन्द का भी नाम है जिसमें यह गाथा गर्भित हुई है ।

(६५) बीजीय रूप में $क = \left\{ \frac{म^2 \pm द}{2 म} \right\}^2$ है, यह क की अर्घ समीकरण $\sqrt{क} + \sqrt{क \pm द}$ = म द्वारा सरलता से प्राप्त हो सकती है । यहाँ 'म' नियम में उल्लिखित ज्ञात मिश्रित योग है ।

हीनालाप उद्देशकः

मूल कपोतवृन्दस्य द्वादशोनस्य चापि यत्। तयोर्योगे कपोता. षड् दृष्टास्तन्निकरः कियान् ॥६६॥
पारावतीयसंघे चतुर्घनोनेऽपि तत्र यन्मूलम्। तद्द्वययोग. षोडश तद्वृन्दे कति विहङ्गा' स्यु. ॥६७॥

अधिकालाप उद्देशकः

राजहसनिकरस्य यत्पद साष्टषष्टिसहितस्य चैतयो' ।
संयुतिर्द्विकविहीनषट्कृतिस्तद्गणे कति मरालका वद ॥ ६८ ॥

इति मूलमिश्रजातिः ।

अथ भिन्नदृश्यजातौ सूत्रम्—

दृश्यांशोने रूपे भागाभ्यासेन भाजिते तत्र । यल्लब्धं तत्सारं प्रजायते भिन्नदृश्यविधौ ॥ ६९ ॥

अत्रोद्देशकः

सिकतायामष्टांश' संदृष्टोऽष्टादशांशसंगुणितः । स्तम्भस्यार्धं दृष्टं स्तम्भायाम' कियान् कथय ॥७०॥

१ B में 'योगः', पाठ है । २ B, M और K में 'गगने' पाठ है ।

हीनालाप के उदाहरणार्थ प्रश्न

कपोतों की कुल सख्या के वर्गमूल में १२ द्वारा ह्रासित कपोतों की कुल सख्या के वर्गमूल को जोड़ने पर (ठीक फल) ६ कबूतर प्रमाण देखने में आता है । उस वृन्द के कपोतों की कुल सख्या क्या है ? ॥ ६६ ॥ कपोतों के कुल समूह का वर्गमूल, तथा ४ के घन द्वारा ह्रासित कपोतों की कुल संख्या का वर्गमूल निकालकर इन (दोनों राशियों) का योग १६ प्राप्त होता है । बतलाओ समूह में कुल कितने विहग हैं ? ॥ ६७ ॥

अधिकालाप का उदाहरणार्थ प्रश्न

राजहसों के समूह के सख्यात्मक मान का वर्गमूल तथा ६८ अधिक उसी समूह की सख्या का वर्गमूल (निकालने से प्राप्त) इन (दोनों राशियों) का योग $६^२ - २$ होता है । बतलाओ उस समूह में कितने हंस हैं ? ॥ ६८ ॥

इस प्रकार 'मूल मिश्र' जाति प्रकरण समाप्त हुआ ।

'भिन्न दृश्य' जाति सम्बन्धी नियम—

जब एक को (अज्ञात राशियों से सम्बन्धित दी गई) भिन्नीय शेष राशि द्वारा ह्रासित कर (सम्बन्धित विशिष्ट) भिन्नीय भागो के गुणन फल द्वारा भाजित करते हैं, तब प्राप्त फल (भिन्नों पर प्रश्नों के) 'भिन्न दृश्य' प्रकार का साधन करने में, इष्ट उत्तर होता है ॥ ६९ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी स्तम्भ का $\frac{१}{८}$ भाग, उसी स्तम्भ के $\frac{१}{१८}$ भाग द्वारा गुणित होता है । इससे प्राप्त भाग प्रमाण रेत में गड़ा हुआ पाया गया । उस स्तम्भ का $\frac{१}{२}$ भाग ऊपर दृष्टिगोचर हुआ । बतलाओ कि स्तम्भ की (उदग्र vertical) लम्बाई क्या है ? ॥ ७० ॥ कुल हाथियों के झुंड के $\frac{१}{२}$ वें भाग

(६९) बीजीय रूप से, $क = \left(१ - \frac{र}{य}\right) - \frac{मप}{नफ}$ है । यह, समीकरण $क - \frac{म}{न}क \times \frac{प}{फ}क -$

द्विघ्नकनवमांशकमहतमथपिशाचांशकः प्रमोदमवविहते करिकुलस्य पृथ्वीतले ।
यिर्नीलजलदा विपिनविहरति त्रिभागो नग यद त्वमधुना सखे करिकुलप्रमाणं मम ॥ ७१ ॥
साधूनामनिवमति षोडशांशकत्रिभाजित स्वकगुणितो वनान्तरे ।
पादो गिरौ मम कथयाशु तन्मिति प्रोत्तीर्णयान् जलधिसमं प्रकीर्णकम् ॥ ७२ ॥

इति भिन्नदृश्यजाति ॥

इति सारसंग्रहे गणितशास्त्रे महावीराचार्यस्य कृतौ प्रकीर्णको नाम तृतीयव्यवहारः समाप्तः ॥

का इसी झुंड के ८ वें भाग से गुणित करने तथा ९ द्वारा विभाजित करने से प्राप्त फल प्रमाण के हाथी मैदान में प्रसन्न दशा में विचरते हैं। शेष (बचा हुआ) $\frac{1}{4}$ भाग झुंड जो बादलों के समान अत्यन्त काले हाथियों का है, पर्वत पर क्रीड़ा कर रहा है। हे मित्र! बतलाओ कि हाथियों के झुंड का संख्यात्मक मान क्या है? ॥ ७१ ॥ साधुओं के समूह का $\frac{1}{16}$ वाँ भाग ३ द्वारा विभाजित करने के पश्चात् स्व द्वारा गुणित (अर्थात् $\frac{1}{16}$ + ३ द्वारा गुणित) करने से प्राप्त भाग प्रमाण वन के अन्तः भाग में रह रहा है उस समूह का (बचा रहने वाला) $\frac{1}{4}$ भाग पर्वत पर रह रहा है। हे जलधि सम प्रकीर्णक के पारगामिन्! मुझे शीघ्र ही साधुओं के समूह का संख्यात्मक मान बतलाओ। ॥७२॥

इस प्रकार भिन्न दृश्य जाति प्रकरण समाप्त हुआ।

इस प्रकार महावीराचार्य की कृति सारसंग्रह नामक गणित शास्त्र में प्रकीर्णक नामक तृतीय व्यवहार समाप्त हुआ।

$-\frac{र}{म}$ क = मे राष्ट्र है।

(७१) 'पृथ्वी' शब्द जो इस गाथा में आया है, उसका अर्थ पृथ्वी है तथा यह उस छन्द का

५. त्रैराशिकव्यवहारः

त्रिलोकबन्धवे तस्मै केवलज्ञानभानवे । नमः श्रीवर्धमानाय निर्धूताखिलकर्मणे ॥ १ ॥
इत. पर त्रैराशिक चतुर्थव्यवहारमुदाहरिष्याम ।

तत्र करणसूत्र यथा—

त्रैराशिकेऽत्र सार फलमिच्छासंगुणं प्रमाणाप्तम् ।
इच्छाप्रमयो साम्ये विपरीतेय क्रिया व्यस्ते ॥ २ ॥

पूर्वार्धोद्देशकः

दिवसैस्त्रिभि सपादैर्योजनषट्कं चतुर्थभागोनम् । गच्छति यः पुरुषोऽसौ दिनयुतवर्षेण कि कथय ॥३॥
व्यर्धाष्टाभिरहोभि क्रोशाष्टांश स्वपञ्चम याति ।
पङ्गु. सपञ्चभागैर्वर्षैस्त्रिभिरत्र किं ब्रूहि ॥ ४ ॥
अङ्गुलचतुर्थभाग प्रयाति कीटो दिनाष्टभागेन । मेरोर्मूलाच्छिखर कतिभिरोहोभि. समाप्नोति ॥५॥

---

१ P, K और M में स्व के लिये स पाठ है ।

---

५. त्रैराशिकव्यवहार

तीनों लोकों के बन्धु तथा सूर्य के समान केवल ज्ञान के धारी श्री वर्द्धमान को नमस्कार है जिन्होंने समस्त कर्म (मल) को निर्धूत कर दिया है । ॥१॥

इसके पश्चात्, हम त्रैराशिक नामक चतुर्थ व्यवहार का प्रतिपादन करेंगे ।

त्रैराशिक सम्बन्धी नियम—

यहाँ त्रैराशिक नियम में, फल को इच्छा द्वारा गुणित कर प्रमाण द्वारा विभाजित करने से इष्ट उत्तर प्राप्त होता है, जब कि इच्छा और प्रमाण समान (अनुक्रम direct अनुपात में) होते हैं । जब यह अनुपात प्रतिलोम (inverse) होता है तब यह गुणन तथा भाग की क्रिया विपरीत हो जाती है (ताकि भाग की जगह गुणन हो और गुणन के स्थान में भाग हो) । ॥२॥

पूर्वार्ध, अनुक्रम त्रैराशिक पर उदाहरणार्थ प्रश्न

वह मनुष्य जो ३$\frac{1}{4}$ दिन में ५$\frac{3}{4}$ योजन जाता है, १ वर्ष और १ दिन में कितनी दूर जाता है ? ॥३॥ एक लगड़ा मनुष्य ७$\frac{1}{2}$ दिन में एक क्रोश का $\frac{1}{8}$ तथा उसका $\frac{1}{5}$ भाग चलता है । बतलाओ वह ३$\frac{1}{5}$ वर्षों में कितनी दूरी तय करता है ? ॥४॥ एक कीड़ा $\frac{1}{8}$ दिन में $\frac{1}{4}$ अगुल चलता है । बतलाओ कि वह मेरुपर्वत की तली से उसके शिखर पर कब पहुँचेगा ? ॥५॥ वह मनुष्य जो ३$\frac{1}{2}$ दिन में १$\frac{1}{4}$ कार्षा-

---

(२) प्रमाण और फल के द्वारा अर्घ (rate) प्राप्त होती है । फल, इष्ट उत्तर के समान राशि होती है और प्रमाण, इच्छा के समान होता है । 'इच्छा' वह राशि है जिसके विषय में, किसी अर्घ (दर) से, कोई वस्तु निकालना होती है । जैसे कि गाथा ३ के प्रश्न में $\frac{1}{4}$ दिन प्रमाण है, ५$\frac{3}{4}$ योजन फल है, और १ वर्ष १ दिन इच्छा है ।

(५) मेरु पर्वत की ऊँचाई ९९,००० योजन अथवा ७६,०३२,०००,००० अंगुल मानी जाती है ।

कार्षापणं सपादं निर्विशति त्रिभिरहोभिरर्धयुतैः । यो ना पुराणशतकं सपणं कालेन केनासौ ॥६॥
कृष्णागरुसत्खण्डं द्वादशहस्तायतं त्रिविस्तारम् । क्षयमेत्यङ्गुलमह्ना क्षयकालः कोऽस्य वृत्तस्य ॥७॥
स्वर्णैर्दशभिः सार्धैर्द्रोणाढककुडबमिश्रितं क्रीतम् । वरराजमाषवाहं किं हेमशतेन सार्धेन ॥ ८ ॥
सार्धैस्त्रिभिः पुराणैः कुङ्कुमपलमष्टभागसंयुक्तम् । संप्राप्यं यत्र स्यात् पुराणशतकेन किं तत्र ॥ ९ ॥
सार्धाष्टकसप्तपलैस्त्र्यंशार्धोनिताः पणा लब्धाः । द्वात्रिंशत्सार्धैकपलैः सपञ्चमैः किं सखे ब्रूहि ॥१०॥
कार्षापणैश्चतुर्भिः पञ्चांशयुतैः पलानि रजतस्य । षोडश सार्धानि नरो लभते किं कर्षनियुतेन ॥११॥
कर्पूरस्याष्टपलैस्त्र्यंशोनैर्नीत्र पञ्च दीनाराम् । भागांशकलायुक्ताम् लभते किं पलसहस्रेण ॥ १२ ॥
सार्धैस्त्रिभिः पणैरिह घृतस्य पलपञ्चकं सपञ्चांशम् । क्रीणाति यो नरोऽयं किं साष्टसकर्षशतकेन ॥१३॥
सार्धे पञ्चपुराणे षोडश सदलानि वस्त्रयुगलानि । लब्धानि सैकषष्ट्या कर्षाणां किं सखे कथय ॥१४॥
वापी समचतुरश्रा सलिलवियुक्ताष्टहस्तघनमाना । शैलस्तस्यास्तीरे संमुस्थितः शिखरतस्तस्य ॥१५॥
वृत्ताङ्गुलविष्कम्भा सजलधारा स्फटिकनिर्मला पतिता ।
वाप्यन्तरजलपूर्णा नगोच्छ्रिति का च जलसंख्या ॥ १६ ॥

---

१ B में सत्कृष्णागरुखण्डं पाठ है । २ M और B में लब्धाः पाठ है । ३ B में समुत्थिता चि पाठ है ।

पण उपभोग में लाता है वह १ पण सहित १ पुराण कितने दिन में खर्च करेगा । ॥६॥ १२ हाथ लम्बे (आयत) तथा ३ हाथ व्यास (विस्तार) वाले कृष्णागरु का सत्खंड (अच्छा टुकड़ा) एक दिन में एक घन अंगुल के दर (rate) से क्षय होता है । बतलाओ कुछ बेलनाकार टुकड़े को क्षय होने में कितना समय लगेगा ? ॥७॥ १० $\frac{1}{2}$ स्वर्ण में श्रेष्ठ काले चने का १ वाह १ द्रोण, १ आढक और १ कुडव खरीद जाते हैं । बतलाओ १ $\frac{1}{2}$ स्वर्ण में कितना कितना प्रमाण खरीदा जा सकेगा ? ॥८॥ यदि ३ $\frac{1}{2}$ पुराणों के द्वारा १ $\frac{1}{8}$ पल कुङ्कुम प्राप्त हो सकता हो तो १०० पुराणों में कितना प्राप्त हो सकेगा ? ॥९॥ ७ $\frac{1}{2}$ पल आर्द्रक के द्वारा १ $\frac{1}{2}$ पण प्राप्त किये गये । हे मित्र ! ३२ $\frac{1}{2}$ पल आर्द्रक में क्या प्राप्त होगा ? ॥१० ॥ ४ $\frac{1}{5}$ कार्षापण में एक मनुष्य १६ $\frac{1}{2}$ पल रजत प्राप्त करता है तो उसे १ [illegible] कर्ष में कितनी रजत प्राप्त होगी ? ॥११॥ ७ $\frac{2}{3}$ पल कपूर के द्वारा एक मनुष्य ५ दीनार तथा १ भाग, १ अंश और १ कला प्राप्त करता है । बतलाओ कि उसे १००० पल के द्वारा क्या प्राप्त होगा ? ॥१२॥ वह मनुष्य जो ३ $\frac{1}{2}$ पण में ५ $\frac{1}{5}$ पल घी प्राप्त करता हो तो वह १ [illegible] कर्ष में कितना प्राप्त करेगा ? ॥१३॥ ५ $\frac{1}{2}$ पुराण के द्वारा एक मनुष्य १६ $\frac{1}{2}$ युग्मक वस्त्र प्राप्त करता है । हे मित्र ! ६१ कर्ष में उसे कितने प्राप्त होंगे ?

जल रहित एक वर्गाकार कूप ५१२ घन हस्त है । उसके तीर पर एक पहाड़ी है । उसके शिखर से स्फटिक की भांति निर्मल जल धारा जिसके वर्तुल छेद (circular section) का व्यास १ अंगुल है नीचे में गिरती है और कूप पानी से पूरी तरह भर जाता है । पहाड़ी की ऊँचाई क्या है तथा पानी का माप (संख्यात्मक माप में) क्या है ? ॥१५-१६॥ किसी राजा ने संक्रांति के अवसर पर

(७) यहाँ क्रिया में दिये गये व्यास से रंभ (बेलन) के अनुप्रस्थ छेद (cross-section) का क्षेत्रफल ज्ञात मान लिया जाता है । वृत्त का क्षेत्रफल अनुमानतः व्यास के वर्ग को ४ द्वारा भाजित कर और ३ द्वारा गुणित करने से प्राप्त राशि मान लिया जाता है ।

कृष्णागरु एक प्रकार की सुगन्धित लकड़ी है जिसे सुगन्ध के लिए अग्नि में जलाते हैं ।

(१५-१६) इस प्रश्न में पानी की धारा की लम्बाई पर्वत की ऊँचाई के बराबर है, जिससे ज्योंही वह पर्वत की तली में पहुँचती है त्योंही वह शिखर से बहना बंद हुई मान ली जाती है । वापी में

मुद्गद्रोणयुगं नवाज्यकुडबान् षट् तण्डुलद्रोणका–
नष्टौ वस्त्रयुगानि वत्ससहिता गाष्षट् सुवर्णत्रयम् ।
संक्रान्तौ ददता नराधिपतिना षड्भ्यो द्विजेभ्य' सखे
षड्त्रिंशत्त्रिशतेभ्य आशु वद किं तद्दत्तमुद्गादिकम् ।। १७ ।।

इति त्रैराशिक. ।

व्यस्तत्रैराशिके तुरीयपादस्योद्देशकः

कल्याणकनकनवतेः कियन्ति नववर्णकानि कनकानि ।
साष्टांशकदशवर्णकसगुञ्जहेम्नां शतस्यापि ।। १८ ।।
व्यासेन दैर्घ्येण च षट्कराणां चीनाम्बराणां त्रिशतानि तानि ।
त्रिपञ्चहस्तानि कियन्ति सन्ति व्यस्तानुपातक्रमविद्वद त्वम् ।। १९ ।।

इति व्यस्तत्रैराशिक' ।

व्यस्तपञ्चराशिक उद्देशकः

पञ्चनवहस्तविस्तृतदैर्घ्यायाः चीनवस्त्रसप्तत्याम् । द्वित्रिकरव्यासायति तच्छुतवस्त्राणि कति कथय ।।२०।।

१ इस श्लोक के स्थान में B और K में निम्न पाठ है—
दुग्धद्रोणयुग नवाज्यकुडबान् षट् शर्कराद्रोणकानष्टौ चोचफलानि सान्द्रदधिखार्यष्षट् पुराणत्रयम् ।
श्रीखण्डं ददता नृपेण सवनार्थे षड्जिनागारके षट्त्रिंशत्रिशतेषु मित्र वद मे तद्दत्तदुग्धादिकम् ।।

६ ब्राह्मणों को २ द्रोण मुद्ग (kidney-bean), ६ कुडब घी, ६ द्रोण चावल, ८ युग्म (pairs) कपड़े, ६ बछड़ों सहित गायें और ३ सुवर्ण दिये । हे मित्र ! शीघ्र बतलाओ कि उसने ३३६ ब्राह्मणों को कितनी-कितनी मुद्गादि अन्य वस्तुएँ दी ? ।।१७।।

इस प्रकार अनुक्रम त्रैराशिक प्रकरण समाप्त हुआ ।

चौथे पाद* के अनुसार व्यस्त त्रैराशिक पर उदाहरणार्थ प्रश्न

शुद्ध स्वर्ण के ९० के लिये ९ वर्ण का स्वर्ण कितना होगा, तथा १०$\frac{1}{8}$ वर्ण के स्वर्ण की बनी हुई गुंज सहित १०० स्वर्ण (धरण) के लिये (९ वर्ण का स्वर्ण) कितना होगा ? ।।१८।। ६ हस्त लम्बे और ६ हस्त चौड़े चीनी रेशम के टुकड़े ३०० टुकड़े हैं । हे व्यस्त अनुपात की रीति जानने वाले, बतलाओ कि उसी रेशम के ५ हस्त लम्बे, ३ हस्त चौड़े कितने टुकड़े उनमें से मिल सकेंगे ।।१९।।

इस प्रकार व्यस्त त्रैराशिक प्रकरण समाप्त हुआ ।

व्यस्त पंचराशिक पर उदाहरणार्थ प्रश्न

९ हस्त लम्बे, ५ हस्त चौड़े ७० चीनी रेशम के टुकड़ों में २ हस्त चौड़े और ३ हस्त लम्बे माप के कितने टुकड़े प्राप्त हो सकेंगे ? ।।२०।।

पानी की मात्रा निकालने के लिये घन माप तथा द्रव माप मे सम्बन्ध दिया जाना चाहिये था । P में की सस्कृत और B में की कन्नडी टीकाओं के अनुसार १ घन अगुल पानी, द्रव माप में १ कर्ष के बराबर होता है ।

(१७) एक राशि से दूसरी राशि में सूर्य के पहुँचने के मार्ग को संक्राति कहते हैं ।

(१८) शुद्ध स्वर्ण यहाँ १६ वर्ण का लिया गया है ।

* यहाँ इस अध्याय की दूसरी गाथा के चौथे चतुर्थांश का निर्देश है ।

व्यस्तसप्तराशिक उद्देशकः

व्यासायामोदयतो पद्ममाणिक्यं चतुर्नवाष्टकरं ।
द्विपञ्चकमितयः प्रतिमाः कति कथय तीर्थकृताम् ॥ २१ ॥

व्यस्तनवराशिक उद्देशकः

विस्तारदैर्घ्योदयतः करस्य षट्त्रिंशदष्टप्रमिता नवार्घा ।
शिला तया तु द्विपञ्चकमानाम्नाः पञ्चकार्घाः कति चैत्ययोग्याः ॥ २२ ॥

इति व्यस्तपञ्चसप्तनवराशिकः ।

गतिनिवृत्तौ सूत्रम्—
निजनिजकालोद्धृतयोर्गमननिवृत्त्योर्विशेषणाज्जाताम् ।
दिनशुद्धगतिं न्यस्य त्रैराशिकविधिमतः कुर्यात् ॥ २३ ॥

अत्रोद्देशकः

क्रोशस्य पञ्चभागं नौयाति दिनत्रिसप्तभागेन । वार्धौ वातापिद्धा प्रत्येति क्रोशनवमांशम् ॥२४॥
कालेन केन गच्छेत् त्रिपञ्चभागोनयोजनशतं सा ।
संख्याब्धिसमुत्तरणे बाहुबलिन्स्त्वं समाचक्ष्व ॥ २५ ॥

---

१ B और K में तस्मिन्काले वार्धी, पाठ है ।

व्यस्त सप्तराशिक पर उदाहरणार्थ प्रश्न

बतलाओ कि ३ हस्त चौड़े ९ हस्त लम्बे ८ हस्त ऊँचे बड़े मणि में से १ हस्त चौड़ी १ हस्त लम्बी तथा १ हस्त ऊँची तीर्थंकरों की कितनी प्रतिमाएँ बन सकेंगी ? ॥२१॥

व्यस्त नव राशिक पर उदाहरणार्थ प्रश्न

जिसकी कीमत ९ है ऐसी ६ हस्त चौड़ी ३ हस्त लम्बी तथा ८ हस्त ऊँची एक शिला दी गई है। बतलाओ कि जिन मंदिर बनवाने के लिये इस शिला में से जिसकी कीमत ५ है ऐसी १ हस्त चौड़ी १ हस्त लम्बी तथा १ हस्त ऊँची कितनी शिलायें प्राप्त हो सकेंगी ? ॥२२॥

इस प्रकार व्यस्त पंचराशिक सप्तराशिक और नवराशिक प्रकरण समाप्त हुआ।

गति निवृत्ति सम्बन्धी नियम—

दिन की शुद्ध गति का निकालना आगे तथा पश्च (आगे तथा पीछे की ओर होने वाली) गतियों के दिये गये दरों (rates) के अन्तर से प्राप्त होती है जबकि इन दरों में से प्रत्येक को प्रथम उनके विशिष्ट समयों द्वारा विभाजित कर दिया जाता है। और तब इस शुद्ध दैनिक गति के सम्बन्ध में त्रैराशिक नियम को किया करो।

उदाहरणार्थ प्रश्न

३/७ दिन में एक जहाज समुद्र में १/५ क्रोस जाती है; उसी समय वह पवन के विरोध से १/९ क्रोस पीछे हट जाती है। हे संख्या समुद्र को पार करने के अर्थ बाहुबल धारी ! बतलाओ कि वह जहाज ९९ ३/५ योजन कितने समय में जावेगी ? ॥२४-२५॥ एक मनुष्य जो ३ १/२ दिनों में १/२ रत्नों

सपादहेम त्रिदिनैः सपञ्चमैर्नरोऽर्जयन् व्येति सुवर्णतुर्यकम् ।
निजाष्टम पञ्चदिनैर्दलोनितै स केन कालेन लभेत सप्ततिम् ॥ २६ ॥
गन्धेभो मदलुब्धषट्पदपदप्रोद्भिन्नगण्डस्थल
सार्धं योजनपञ्चमं व्रजति यः षड्भिर्दलोनैर्दिनैः ।
प्रत्यायाति दिनैस्त्रिभिश्च सदलैः क्रोशद्विपञ्चांशक
ब्रूहि क्रोशदलोनयोजनशतं कालेन केनाप्नुयात् ॥ २७ ॥
वापी पयः प्रपूर्णा दशदण्डसमुच्छ्रिताब्जमिह जातम् ।
अङ्गुल्युगलं सदल प्रवर्धते सार्धदिवसेन ॥ २८ ॥
निस्सरति यन्त्रतोऽम्भः सार्धेनाह्नाङ्गुले सविंशे द्वे ।
शुष्यति दिनेन सलिलं सपञ्चमाङ्गुलकमिनकिरणैः ॥ २९ ॥
कूर्मो नालमधस्तात् सपादपञ्चाङ्गुलानि चाकृषति ।
सार्धत्रिदिनैः पद्म तोयसमं केन कालेन ॥ ३० ॥
द्वात्रिंशद्धस्तदीर्घः प्रविशति विवरे पञ्चभिः सप्तमार्धैः
कृष्णाहीन्द्रो दिनस्यासुरवपुरजितः सार्धसप्ताङ्गुलानि ।
पादेनाह्नोऽङ्गुले द्वे त्रिचरणसहिते वर्धते तस्य पुच्छ
रन्ध्र कालेन केन प्रविशति गणकोत्तंस मे ब्रूहि सोऽयम् ॥ ३१ ॥

इति गतिनिवृत्तिः ।

मुद्रा कमाता है, $४\frac{१}{२}$ दिन में $\frac{१}{४}$ स्वर्ण मुद्रा तथा उस ($\frac{१}{४}$) की $\frac{१}{८}$ स्वर्णमुद्रा खर्च करता है, बतलाओ कि वह ७० स्वर्ण मुद्रायें कितने दिनों में बचा सकेगा ? ॥२६॥ एक श्रेष्ठ हाथी, जिसके गण्ड स्थल पर क्षरते हुए मद की सुगन्ध से लुब्ध भ्रमर राशि पदों द्वारा आक्रमण कर रही है, $५\frac{१}{२}$ दिन में एक योजन का $\frac{१}{५}$ भाग तथा $\frac{१}{२}$ भाग चलता है, और, $२\frac{१}{२}$ दिन में $\frac{२}{५}$ क्रोश पीछे हट जाता है, बतलाओ कि वह $\frac{१}{२}$ क्रोश कम १०० योजन की कुल दूरी कितने समय में तय करेगा ? ॥२७॥ एक वापिका पानी से पूरी भरी रहने पर गहराई मे दश दण्ड रहती है । अंकुरित होता हुआ एक कमल तली से $१\frac{१}{२}$ दिन में $२\frac{१}{२}$ अगुल के अर्घ (rate) से ऊगता है । यन्त्र द्वारा $१\frac{१}{२}$ दिन में वापिका का पानी निकल जाने से पानी की गहराई $२\frac{१}{२०}$ अगुल कम हो जाती है । और, सूर्य की किरणों द्वारा $१\frac{१}{५}$ अंगुल (गहराई का) पानी वाष्प बनकर उड़ जाता है, तथा, एक कछुआ कमल की नाल को $३\frac{१}{२}$ दिन में $५\frac{१}{४}$ अंगुल नीचे की ओर खींच लेता है । बतलाओ कि वह कमल पानी की सतह तक कितने समय में ऊग आवेगा ? ॥२८-३०॥ एक बलयुक्त, अजित, श्रेष्ठ कृष्णाहीन्द्र (काला सर्प) जो ३२ हस्त लम्बा है, किसी छिद्र में $\frac{५}{१४}$ दिन में $७\frac{१}{२}$ अगुल प्रवेश करता है, और $\frac{१}{४}$ दिन में उसकी पूँछ $२\frac{३}{४}$ अंगुल बढ़ जाती है । हे अंकगणितज्ञों के भूषण ! मुझे बतलाओ कि यह सर्प इस छिद्र में कितने समय में पूरी तरह प्रवेश कर सकेगा ? ॥३१॥

इस प्रकार, गति निवृत्ति प्रकरण समाप्त हुआ ।

पचराशिक, सप्तराशिक और नवराशिक सम्बन्धी नियम—

स्व स्थान से 'फल' को अन्य स्थान में पक्षान्तरित करो (जहाँ वैसी ही मूर्त राशि आवेगी), (तब इष्ट उत्तर को प्राप्त करने के लिये विभिन्न राशियों की) बड़ी सख्याओं वाली पंक्ति को (सबको

(२८-३०) कुएँ की गहराई मूल गाथा में तली से नापी गई 'ऊँचाई' कही गई है ।

षोडशवर्णककाञ्चनशतेन यो रत्नविंशतिं लभते । दशवर्णसुवर्णानामष्टाशीतिद्विशत्या किम् ॥३५॥
गोधूमाना मानीर्नव नयता योजनत्रय लब्धा' । षष्टि' पणा सवाहं कुम्भ दशयोजनानि कति ॥३६॥

भाण्डप्रतिभाण्डस्योद्देशकः

कस्तूरीकर्षत्रयमुपलभते दशभिरष्टभि कनके
कर्षद्वयकर्पूरं मृगनाभित्रिशतकर्षकैः कति नौ[2] ॥३७॥
पनसानि षष्टिमष्टभिरुपलभतेऽशीतिमातुलुङ्गानि ।
दशभिर्माषैनवशतपनसै कति मातुलुङ्गानि ॥३८॥

जीवक्रयविक्रययोरुद्देशकः

षोडशवर्षास्तुरगा विंशतिरर्हन्ति नियुतकनकानि ।
दशवर्षसप्तिसप्ततिरिह कति गणकाग्रणीः कथय ॥ ३९ ॥
स्वर्णत्रिशती मूल्यं दशवर्षाणा नवाङ्गनाना स्यात् । षट्त्रिंशन्नारीणा षोडशसंवत्सराणा किम् ॥४०॥
षट्कशतयुक्तनवतेर्दशमासैर्वृद्धिरत्र का तस्या ।
क काल किं वित्त विदिताभ्यां भण गणकमुखमुकुर ॥ ४१ ॥

१ B में अन्त में ना जुडा है ।
२ K, M और B में ना के लिए हेमकर्षा' पाठ है ।

वाले २८८ स्वर्ण खडों में क्या प्राप्त करेगा ? ॥३५॥ एक मनुष्य जो ९ मानी गेहूँ ३ योजन तक ले जाकर ६० पण प्राप्त करता है, वह एक कुम्भ और एक वाह गेहूँ १० योजन तक लेजाकर क्या प्राप्त करेगा ? ॥३६॥

भाड प्रतिभाड (विनिमय) पर उदाहरणार्थ प्रश्न

एक मनुष्य १० स्वर्ण मुद्राओं में ३ कर्ष कस्तूरी तथा ८ स्वर्ण मुद्राओं में २ कर्ष कर्पूर प्राप्त करता है। बतलाओ कि उसे ३०० कर्ष कस्तूरी के बदले में कितने कर्ष कर्पूर प्राप्त होगा ? ॥३७॥ एक मनुष्य ८ माशा चाँदी के बदले में ६० पनस प्राप्त करता है और १० माशा चाँदी के बदले में ८० अनार प्राप्त करता है। बतलाओ कि ९०० पनस फलों के बदले में वह कितने अनार प्राप्त करेगा ? ॥३८॥

पशुओं के क्रय और विक्रय पर उदाहरणार्थ प्रश्न

प्रत्येक १६ वर्ष की उम्र वाले बीस घोड़ों की कीमत १००,००० स्वर्ण मुद्राएँ हैं। हे गणितज्ञाग्रणी ! बतलाओ कि प्रत्येक १० वर्ष वाले ७० घोड़ों का मूल्य इस अर्थ से क्या होगा ? ॥३९॥ प्रत्येक १० वर्ष की उम्रवाली ९ नवाङ्गनाओं का मूल्य ३०० स्वर्ण मुद्राएँ हैं। प्रत्येक १६ वर्ष की उम्रवाली ३६ नवाङ्गनाओं का मूल्य क्या होगा ? ॥४०॥ ६ प्रतिशत प्रतिमास की दर से ९० पर १० मास में क्या ब्याज होगा ? हे गणक मुख मुकुर ! दो अन्य आवश्यक ज्ञात राशियों की सहायता से बतलाओ कि इस ब्याज के सम्बन्ध में समय क्या होगा और इस ब्याज तथा समय के सम्बन्ध में मूलधन क्या होगा ? ॥४१॥

षोडशवर्णककाञ्चनशतेन यो रत्नविंशति लभते । दशवर्णसुवर्णानामष्टाशीतिद्विशत्या किम् ॥३५॥
गोधूमानां मानीनव नयता योजनत्रय लब्धा । षष्टिः पणा सवाहं कुम्भ दशयोजनानि कति ॥३६॥

भाण्डप्रतिभाण्डस्योद्देशकः

कस्तूरीकर्पत्रयमुपलभते दशभिरष्टभि कनके
कर्षद्वयकर्पूरं मृगनाभित्रिशतकर्षकै. कति ना[2] ॥३७॥
पनसानि षष्टिमष्टभिरुपलभतेऽशीतिमातुलुङ्गानि ।
दशभिर्माषैनवशतपनसै कति मातुलुङ्गानि ॥३८॥

जीवक्रयविक्रययोरुद्देशकः

षोडशवर्षास्तुरगा विंशतिरर्हन्ति नियुतकनकानि ।
दशवर्षसप्तिसप्ततिरिह कति गणकाग्रणी कथय ॥ ३९ ॥
स्वर्णत्रिशती मूल्य दशवर्षाणा नवाङ्गनाना स्यात् । षट्त्रिशन्नारीणा षोडशसंवत्सराणा किम् ॥४०॥
षट्कशतयुक्तनवतेर्दशमासैर्वृद्धिरत्र का तस्या ।
क काल किं वित्तं विदिताभ्या भण गणकमुखमुकुर ॥ ४१ ॥

१ B में अन्त में ना जुड़ा है ।
२ K, M और B में ना के लिए हेमकर्षा पाठ है ।

वाले २८८ स्वर्ण खडों में क्या प्राप्त करेगा ? ॥३५॥ एक मनुष्य जो ९ मानी गेहूँ ३ योजन तक ले जाकर ६० पण प्राप्त करता है, वह एक कुम्भ और एक वाह गेहूँ १० योजन तक लेजाकर क्या प्राप्त करेगा ? ॥३६॥

भांड प्रतिभांड (विनिमय) पर उदाहरणार्थ प्रश्न

एक मनुष्य १० स्वर्ण मुद्राओं में ३ कर्ष कस्तूरी तथा ८ स्वर्ण मुद्राओं में २ कर्ष कर्पूर प्राप्त करता है । बतलाओ कि उसे ३०० कर्ष कस्तूरी के बदले में कितने कर्ष कर्पूर प्राप्त होगा ? ॥३७॥ एक मनुष्य ८ माशा चाँदी के बदले में ६० पनस प्राप्त करता है और १० माशा चाँदी के बदले में ८० अनार प्राप्त करता है । बतलाओ कि ९०० पनस फलों के बदले में वह कितने अनार प्राप्त करेगा ? ॥३८॥

पशुओं के क्रय और विक्रय पर उदाहरणार्थ प्रश्न

प्रत्येक १६ वर्ष की उम्र वाले बीस घोड़ों की कीमत १००,००० स्वर्ण मुद्राएँ हैं । हे गणित-ज्ञाग्रणी ! बतलाओ कि प्रत्येक १० वर्ष वाले ७० घोड़ों का मूल्य इस अर्घ से क्या होगा ? ॥३९॥ प्रत्येक १० वर्ष की उम्रवाली ९ नवाङ्गनाओं का मूल्य ३०० स्वर्ण मुद्राएँ हैं । प्रत्येक १६ वर्ष की उम्रवाली ३६ नवाङ्गनाओं का मूल्य क्या होगा ? ॥४०॥ ६ प्रतिशत प्रतिमास की दर से ९० पर १० मास में क्या ब्याज होगा ? हे गणक मुख मुकुर ! दो अन्य आवश्यक ज्ञात राशियो की सहायता से बतलाओ कि उस ब्याज के सम्बन्ध में समय क्या होगा और उस ब्याज तथा समय के सम्बन्ध में मूलधन क्या होगा ? ॥४१॥

सप्तराशिक उद्देशक

त्रिचतुर्व्यासायामौ श्रीखण्डावर्हतोऽष्टहेमानि ।
पञ्चनवविस्तृतिदैर्घ्यौ हस्तेन चतुर्दशात्र कति ॥ ४२ ॥

इति सप्तराशिकः ।

नवराशिक उद्देशक

पञ्चाष्टत्रिव्यासदैर्घ्योदयाम्भो धत्ते वापी शाकिनी वाहषट्कम् ।
सप्तव्यासा हस्ततः षड्विदैर्घ्याः पञ्चोत्सेधाः किं नवाम्भस्य विद्वन् ॥ ४३ ॥

इति सारसंग्रहे गणितशास्त्रे महावीराचार्यस्य कृतौ त्रैराशिको नाम चतुर्थव्यवहारः ॥

१ ४१ वें श्लोक के सिवाय K और B में निम्नलिखित श्लोक प्राप्य है—
दशपञ्चाशीतिव्यासदैर्घ्योन्नताम्भो धत्ते वापी शाकिनी सार्धवाही ।
हस्तायामकाः षोडशाप्लुताः षट्व्यासाः किं वससा वद सम् ॥

सप्तराशिक पर उदाहरणार्थ प्रश्न

जिसमें प्रत्येक का व्यास ३ हस्त और लम्बाई (आयाम) ४ हस्त है ऐसे चंदन-लकड़ी के दो टुकड़ों का मूल्य ८ स्वर्ण मुद्राएँ हैं। इस पर से जिसमें प्रत्येक ५ हस्त व्यास में और ९ हस्त लम्बाई में है ऐसे चंदन-लकड़ी के १४ टुकड़ों का क्या मूल्य होगा ? ॥४२॥

नवराशिक पर उदाहरणार्थ प्रश्न

जो चौड़ाई लम्बाई और (तली से) ऊँचाई में क्रमशः ५, ८ और ३ हस्त है ऐसी किसी घर की वापिका में ६ वाह पानी भरा है। हे विद्वान् ! बतलाओ कि ७ हस्त चौड़ी ६ हस्त लम्बी और तली से ५ हस्त ऊँची ९ वापिकाओं में कितना पानी समावेगा ? ॥४३॥

इस प्रकार सप्तराशिक और नवराशिक प्रकरण समाप्त हुआ।

इस प्रकार महावीराचार्य की कृति सारसंग्रह नामक गणित शास्त्र में त्रैराशिक नामक चतुर्थ व्यवहार समाप्त हुआ।

(४३) इस गाथा में 'शाकिनी' शब्द का अर्थ "घर की" होता है। यह उस छंद का भी नाम है जिसमें यह गाथा संरचित हुई है।

६. मिश्रकव्यवहारः

प्राप्तानन्तचतुष्टयान् भगवतस्तीर्थस्य कर्तृन् जिनान्
सिद्धान् शुद्धगुणांस्त्रिलोकमहितानाचार्यवर्यानपि ।
सिद्धान्तार्णवपारगान् भवभृतां नेतृनुपाध्यायकान्
साधून् सर्वगुणाकरान् हितकरान् वन्दामहे श्रेयसे ॥ १ ॥

इत. परं मिश्रगणितं नाम पञ्चमव्यवहारमुदाहरिष्याम. । तद्यथा—

संक्रमणसंज्ञाया विषमसक्रमणसज्ञायाश्च सूत्रम्—

युतिवियुतिदलनकरणं संक्रमणं छेदलब्धयो राश्यो' ।
संक्रमण विषममिद प्राहुर्गणिततार्णवान्तगता ॥ २ ॥

---

६. मिश्रकव्यवहार

जिन्होंने अनन्त चतुष्टय प्राप्त कर धर्म तीर्थ की प्रवर्तना की है ऐसे अरिहन्त प्रभुओं की, जो अष्टक्षायिक गुण सम्पन्न हैं तथा तीनों लोकों में आदर को प्राप्त हैं ऐसे सिद्ध प्रभुओं की, श्रेष्ठ आचार्यों की, जो जैन सिद्धान्त सागर के पारगामी हैं तथा संसारी जीवों को मोक्षमार्ग के उपदेशक हैं ऐसे उपाध्यायों की और जो सर्व सद्गुणों के धारक हैं तथा दूसरों के हितकर्ता हैं ऐसे साधुओं की हम अपने सर्वोपरि हित के लिये वन्दना करते हैं ॥१॥

इसके पश्चात् हम मिश्रित उदाहरण नामक पाँचवें व्यवहार का प्रतिपादन करेंगे ।

पारिभाषिक शब्द 'सक्रमण' और 'विषम सक्रमण' के अर्थों को स्पष्ट करने के लिये सूत्र—

गणित समुद्र के पारगामी, किन्हीं दो राशियो के योग अथवा अन्तर के आधा करने को सक्रमण कहते है । और, ऐसी दो राशियाँ जो क्रमशः भाजक तथा भजनफल रहती हैं, उनके सक्रमण को विषम सक्रमण कहते हैं ॥२॥

---

(१) कर्म और जन्म मरण के दुःखों से पूर्ण ससारीजीवनरूपी नदी को पार करने के लिये 'तीर्थ' शब्द का प्रयोग 'एक ऐसे स्थान के लिये हुआ है जो उथला होने के कारण नदी को पार करने में सहायक सिद्ध होता है । ससार अर्थात् चतुर्श्चक्रमण के दुःखों रूपी सागर को पार कराने के लिये भगवान् आत्माओं के लिये नैमित्तिक सहायक माने गये हैं । इसलिये इन जिनों को तीर्थंकर कहा जाता है ।

(२) बीजीय रूप से, दो राशियों अ और ब का संक्रमण $\frac{अ + ब}{२}$ और $\frac{अ \backsim ब}{२}$ के मान निकालना है । उनका विषम सक्रमण, $\frac{ब + \frac{अ}{ब}}{२}$ और $\frac{ब \backsim \frac{अ}{ब}}{२}$ के मान निकालना है ।

अत्रोद्देशकः

द्वादशसंख्याराशेर्द्वाभ्यां संक्रमणमत्र किं भवति ।
तस्माद्राशेर्भक्तं विषमं वा किं नु संक्रमणम् ॥ ३ ॥

पञ्चराशिकविधिः

पञ्चराशिकस्वरूपवृद्ध्यानयनसूत्रम्—
इच्छाराशिः स्वस्य हि कालेन गुणः प्रमाणफलगुणितः ।
कालप्रमाणभक्तो भवति तदिच्छाफलं गणिते ॥ ५ ॥

अत्रोद्देशकः

त्रिकपञ्चकषट्कशतैः पञ्चाशत्षष्टिसप्ततिपुराणाः । लाभार्थेन प्रयुक्ताः का वृद्धिर्मासषट्कस्य ॥ ५ ॥
व्यर्धाष्टकशतयुक्तास्त्रिंशत्कार्षापणाः पणाश्चाष्टौ । मासाष्टकेन जाता दलहीनेनैव का वृद्धिः ॥ ६ ॥
षष्ट्या वृद्धिर्दृष्टा पञ्च पुराणाः पणत्रयविमिश्राः । मासद्वयेन लब्धा शतवृद्धिः का नु वर्षस्य ॥ ७ ॥
सार्धशतकप्रयोगे सार्धकमासेन पञ्चदश लाभः । मासदशकेन लब्धा शतत्रयस्यात्र का वृद्धिः ॥ ८ ॥
साष्टशतकप्रयोगे त्रिषष्टिकार्षापणा वणिजा दत्ता । सप्तानां मासानां पञ्चमभागान्वितानां किम् ॥ ९ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

जब संख्या १२ दो से संयोजित हो तो संक्रमण क्या होगा ? और २ के सम्बन्ध में उसी संख्या १२ का भागीय विषम संक्रमण क्या होगा ?

पंचराशिक विधि

पंचराशिक प्रकार के ब्याज को निकालने की विधि के लिये नियम—

इच्छा का प्ररूपण करनेवाली संख्या, अर्थात् जिस पर ब्याज निकालना इष्ट होता है ऐसे धन को उससे सम्बन्धित समय द्वारा गुणित किया जाता है और तब दिये हुए मूलधन पर ब्याज दर का निरूपण करने वाली संख्या द्वारा गुणित किया जाता है। गुणनफल को समय तथा मूलधन राशि द्वारा भाजित किया जाता है। यह भजनफल गणित में इष्ट धन का ब्याज होता है ॥४॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

५ ६ और ७ पुराण क्रमशः ३, ५ और ६ प्रतिशत प्रतिमाह की दर (rate) से ब्याज पर दिये गये। उनका ६ माह में ब्याज क्या होगा ? ॥५॥ ३ कार्षापण और ८ पण, ७½ प्रतिशत प्रतिमाह की दर से ब्याज पर दिये गये, ७½ माह में कितना ब्याज होगा ? ॥६॥ ६ पर २ माह में ५ पुराण और ३ पण ब्याज होता है। १ पण १ वर्ष का ब्याज बतलाओ ॥७॥ १५ को १½ माह तक उधार देने से १५ ब्याज प्राप्त होता है। इसी दर से ३ पर १ माह का ब्याज क्या होगा ? ॥८॥ एक व्यापारी ने ६३ कार्षापण १ ८ पर ८ प्रतिमाह की दर से उधार दिये बतलाओ ७⅕ माह में कितना ब्याज होगा ॥९॥

(४) बीजीय रूप से ब = $\frac{क \times म \times बा}{का \times मा}$ जहाँ का, मा और बा प्रमाण अथवा दर सम्बन्धी क्रमशः अवधि, मूलधन और ब्याज हैं और क, म तथा ब इच्छा की क्रमशः अवधि, मूलधन और ब्याज हैं। प्रमाण और इच्छा के विशेष स्पष्टीकरण के लिये अध्याय ५ की गाथा २ की पाद टिप्पणी देखिये।

(५) ब्याज की दर यदि उल्लिखित न हो तो उसे प्रतिमास समझना चाहिये।

मूलानयनसूत्रम्—

मूलं स्वकालगुणित स्वफलेन विभाजित तदिच्छाया. ।
कालेन भजेल्लब्धं फलेन गुणितं तदिच्छा स्यात् ॥ १० ॥

अत्रोद्देशकः

पञ्चार्धकशतयोगे पञ्च पुराणान्दलोनमासौ द्वौ । वृद्धि लभते कश्चित् किं मूल तस्य मे कथय ॥११॥
सप्तत्या. सार्धमासेन फलं पञ्चार्धमेव च । त्र्यर्धाष्टमासे मूलं कि फलयो' सार्धयोर्द्वयो' ॥ १२ ॥
त्रिकपञ्चकपट्कशते यथा नवाष्टादशाथ पञ्चकृतिः ।
पञ्चांशकेन मिश्रा षट्सु हि मासेपु कानि मूलानि ॥ १३ ॥

कालानयनसूत्रम्—

कालगुणितप्रमाणं स्वफलेच्छाभ्यां हृत तत कृत्वा ।
तदिहेच्छाफलगुणित लब्ध काल बुधा' प्राहु ॥ १४ ॥

उधार दिये गये मूलधन को निकालने के लिये नियम—

मूलधन राशि को उसी से सम्बन्धित समय द्वारा गुणित करते हैं और सम्बन्धित ब्याज द्वारा विभाजित करते हैं। तब इस भजनफल को (उधार दिये गये) मूलधन से सम्बन्धित अवधि द्वारा विभाजित करते हैं, यह अंतिम भजनफल जब उपार्जित ब्याज द्वारा गुणित किया जाता है तब वह मूलधन प्राप्त होता है जिस पर कि उक्त ब्याज प्राप्त हुआ है ॥१०॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

ब्याज दर २$\frac{1}{2}$ प्रतिशत प्रतिमाह से १$\frac{1}{2}$ माह तक रकम उधार देकर एक व्यक्ति ५ पुराण ब्याज प्राप्त करता है। मुझे बतलाओ कि उस ब्याज के सम्बन्ध में मूलधन क्या है ? ॥११॥ ७० पर १$\frac{1}{2}$ माह में २$\frac{1}{2}$ ब्याज होता है। यदि ७$\frac{1}{2}$ माह में २$\frac{1}{2}$ ब्याज होता हो तो बतलाओ कि कितना मूलधन ब्याज पर दिया गया है ? ॥१२॥ क्रमशः ३, ५ और ६ प्रतिशत प्रति माह की दर से उधार देने पर ६ माह में प्राप्त होने वाले ब्याज क्रमश ९, १८ और २५$\frac{1}{5}$ हैं, कौन-कौन से मूलधन ब्याज पर दिये गये हैं ? ॥१३॥

अवधि निकालने के लिये नियम—

मूलधन को सम्बन्धित अवधि से गुणित करो, तब इस गुणनफल को उसी से सम्बन्धित ब्याज दर से भाजित करो और उधार दी हुई रकम से भी भाजित करो। प्राप्त भजनफल को उधार दी हुई रकम के ब्याज द्वारा गुणित करो। बुद्धिमान मनुष्य कहते हैं कि परिणामी गुणनफल (उपार्जित ब्याज की) अवधि होता है ॥१४॥

---

(१०) प्रतीक रूप से, $\frac{धा \times आ \times बा}{बा \times अ} = ध$

(१४) प्रतीक रूप से, $\frac{धा \times आ \times ब}{बा \times ध} = अ$

अत्रोद्देशकः

समार्धपञ्चकयोगे वृद्धिस्त्वष्टाभिविंशतिरशीत्या ।
कालेन केन लब्धा कालं विगणय्य कथय सखे ॥ १५ ॥
विंशतिषट्शतकस्य प्रयोगतः सप्तगुणषष्टिः । वृद्धिरपि चतुरशीतिः कथय सखे कालमाशु त्वम् ॥१६॥
पञ्चकशतेन हि युक्ता पञ्चनवतिर्वृद्धिरत्र संदृष्टा । सप्तोत्तरपञ्चाशत् त्रिपञ्चमागश्च कः कालः ॥१७॥

भाण्डप्रतिभाण्डसूत्रम्—

भाण्डस्वमूल्यभक्तं प्रतिभाण्डं भाण्डमूल्यसंगुणितम् ।
स्वेच्छाभाण्डाभ्यस्तं भाण्डप्रतिभाण्डमूल्यफलमेतत् ॥ १८ ॥

अत्रोद्देशकः

क्रीतान्यष्टौ शुण्ठ्याः पलानि षड्भिः पणैः सपादांशैः ।
पिप्पल्याः पलपञ्चकमथ पादोनैः पणैर्नवभिः ॥ १९ ॥
शुण्ठ्याः पलैश्च केनचिदशीतिभिः कति पलानि पिप्पल्याः ।
क्रीतानि विचिन्त्य त्वं गणितविदाचक्ष्व मे शीघ्रम् ॥ २० ॥

इति मिश्रकव्यवहारे पञ्चराशिविधिः समाप्तः ।

वृद्धिविधानम्

इतः परं मिश्रकव्यवहारे वृद्धिविधानं व्याख्यास्यामः ।

---

१ M और B दोनों में अशुद्ध पाठ है कश्चित् स्वशीतिभिः स च पलानि पिप्पल्याः.

उदाहरणार्थ प्रश्न

हे मित्र ! अवधि की गणना कर बतलाओ कि ६½ प्रतिशत प्रतिमाह के अर्घ से ८० पर २८ ब्याज कितने समय में प्राप्त होगा ? ॥१५॥ २ प्रति ६ प्रतिमाह के अर्घ से उधार दिया गया धन ४२ है। ब्याज भी ८४ है। हे मित्र ! मुझे शीघ्र बतलाओ कि यह ब्याज कितनी अवधि में उपार्जित हुआ है ? ॥१६॥ ५ प्रतिशत प्रतिमाह के अर्घ से ९५ उधार दिये जाते हैं। उन पर ५७⅗ ब्याज होता है। वह ब्याज कितनी अवधि में प्राप्त हुआ होगा ? ॥१७॥

भांडप्रतिभांड (वस्तुओं के पारस्परिक विनिमय) के सम्बन्ध में नियम—

बदले में दी गई वस्तु के परिमाण को उसके स्वमूल्य तथा बदले में दी गई वस्तु के परिमाण द्वारा विभाजित करते हैं। तब उसे बदले में दी गई वस्तु के मूल्य द्वारा गुणित करते हैं और तब बदली जाने वाली (जिसे बदलना इष्ट है) वस्तु के परिमाण द्वारा गुणित करते हैं। यह परिणामी गुणनफल बदले में दी गई वस्तु तथा बदले में दी गई वस्तु के मूल्यों की संवादी इष्ट राशि होती है ॥१८॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

८ पल शुण्ठि (सूखी अदरख) ६¼ पण में खरीदी गई और ५ पल लम्बी मिर्च ८¾ पण में खरीदी गई। हे गणितज्ञ ! विचारकर मुझे शीघ्र बतलाओ कि ऊपर लिखी हुई दर से खरीदी जाने वाली लम्बी मिर्च ८० पल सूखी अदरख (सोंठ) के बदले में कितने पल खरीदी जा सकेगी ? ॥१९-२०॥

इस प्रकार, मिश्रक व्यवहार में पंचराशिक विधि नामक प्रकरण समाप्त हुआ।

वृद्धि विधान [ब्याज]

इसके पश्चात् मिश्रक व्यवहार में हम ब्याज पर व्याख्या करेंगे।

मूलवृद्धिमिश्रविभागानयनसूत्रम्—

रूपेण कालवृद्ध्या युतेन मिश्रस्य भागहारविधिम् । कृत्वा लब्धं मूल्यं वृद्धिर्मूलोनमिश्रधनम् ॥२१॥

अत्रोद्देशकः

पञ्चकशतप्रयोगे द्वादशमासैर्धनं प्रयुङ्क्ते चेत् । माष्टा चत्वारिंशन्मिश्रं तन्मूलवृद्धी के ॥ २२ ॥

पुनरपि मूलवृद्धिमिश्रविभागसूत्रम्—

इच्छाकालफलघ्नं स्वकालमूलेन भाजितं सैकम् । संमिश्रस्य विभक्तं लब्धं मूलं विजानीयात् ॥२३॥

अत्रोद्देशकः

सार्धद्विशतप्रयोगे मासचतुष्केण किमपि धनमेकः ।
दत्त्वा मिश्रं लभते किं मूल्यं स्यात् त्रयस्त्रिंशत् ॥ २४ ॥

कालवृद्धिमिश्रविभागानयनसूत्रम्—

मूलं स्वकालगुणितं स्वफलेच्छाभ्यां हृतं ततः कृत्वा ।

मिश्रित रकम में से धन और व्याज अलग करने के लिये नियम—

मूलधन और व्याज सम्बन्धी दिये गये मिश्रधन को जो दी गई अवधि के व्याज में जोड़कर प्राप्त किया जाता है, ऐसी (व्याज) राशि द्वारा ह्रासित किया जाय तो इष्ट मूलधन प्राप्त होता है, और इष्ट व्याज को मिश्रित धन में से (निकाले हुए) इष्ट मूलधन को घटाकर प्राप्त कर लेते हैं ॥२१॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

यदि कोई धन ५ प्रतिशत प्रतिमाह के अर्घ से व्याज पर दिया जाय तो १२ माह में मिश्रधन ४८ हो जाता है । बतलाओ कि मूलधन और व्याज क्या है ? ॥२२॥

मिश्रधन में से मूलधन और व्याज अलग करने के लिये दूसरा नियम—

दिये गये समय तथा व्याज दर के गुणनफल को समयदर तथा मूलधनदर द्वारा भाजित करते हैं । प्राप्त फल में १ जोड़ने से प्राप्त राशि द्वारा मिश्रधन को भाजित करते हैं जिससे परिणामी भजनफल इष्ट मूलधन होता है ॥२३॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

$2\frac{1}{2}$ प्रतिशत प्रतिमाह के अर्घ से रकम को व्याजपर देने से किसी को चार माह में ३३ मिश्रधन प्राप्त होता है । बतलाओ मूलधन क्या है ? ॥२४॥

मिश्र योग में से अवधि तथा व्याज को अलग करने के लिये नियम—

मूलधनदर को अवधि दर द्वारा गुणित करो और व्याज दर तथा दिये गये मूलधन द्वारा

---

(२१) प्रतीक रूप से $घ = \frac{म}{1 + \frac{1 \times अ \times बा}{आ \times घा}}$, जहाँ म = घ + ब है, इसलिये ब = म − घ

(२३) प्रतीक रूप से, $घ = म - \left\{ \frac{अ \times बा}{आ \times घा} + 1 \right\}$, स्पष्ट है कि यह बहुत कुछ गाथा २१ मे दिये गये सूत्र के समान है ।

मैक्यं तेनाप्तस्य च मिश्रस्य फलं हि वृद्धिः स्यात् ॥ २५ ॥

अत्रोद्देशकः

पञ्चकशतप्रयोगे फलार्थिना योजितैव धनषष्टिः ।
कालः स्ववृद्धिसहितो विंशतिरत्रापि कः कालः ॥ २६ ॥
अर्धत्रिकसप्तत्या सार्धाया योगयोजितं मूलम् ।
पञ्चोत्तरमष्टशतं मिश्रमशीतिः स्वकालवृद्ध्योर्हि ॥ २७ ॥
व्यर्धचतुष्काशीत्या युक्ता मासद्वयेन सार्धेन ।
मूलं चतुःशतं षट्त्रिंशन्मिश्रं हि कालवृद्ध्योर्हि ॥ २८ ॥

मूलकालमिश्रविभागानयनसूत्रम्—

स्वफलोद्धृतप्रमाणं कालचतुर्वृद्धिताडितं शोध्यम् ।
मिश्रकृतेस्तन्मूलं मिश्रे क्रियते तु संक्रमणम् ॥ २९ ॥

विभाजित करो। परिणामी राशिको १ में मिलाओ। प्राप्तफल द्वारा मिश्रयोग को विभाजित करने पर इष्ट ब्याज प्राप्त होता है ॥२५॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

५ प्रतिशत प्रतिमाह के भाव से किसी साहूकार ने ६० रुपये उधार दिये। अवधि तथा ब्याज मिलाकर २० होता है। बतलाओ कि अवधि क्या है? ॥२६॥ २½ प्रति ७० ½ प्रति मास की दर से ब्याज पर दिया गया मूलधन ८०५ है। समय और ब्याज का मिश्रयोग ८० है। समय तथा ब्याज के मानों को अलग-अलग निकालो ॥२७॥ ३½ प्रति ८० की दर से २½ मासों के लिये ब्याज पर दिया गया मूलधन ४०० है और समय तथा ब्याज का मिश्रयोग ३६ है। समय तथा ब्याज अलग-अलग बतलाओ ॥२८॥

मूलधन और ब्याज की अवधि का उनके मिश्रयोग में से अलग करने के लिये नियम—

अवधि और मूलधन के दिये गये मिश्रयोग के वर्ग में से वह राशि घटाई जाती है जो मूलधन-दर को ब्याजदर से भाजित करने और अवधिदर तथा दिये गये ब्याज की चौगुनी राशि द्वारा गुणित करने पर प्राप्त होती है। इस परिणामी शेष के वर्गमूल को दिये गये मिश्रयोग के सम्बन्ध में संक्रमण क्रिया* करने के उपयोग में लाते हैं ॥२९॥

---

(२५) प्रतीक रूप से, $\text{ब} = \text{म} + \left\{ \frac{\text{प} \times \text{का}}{\text{का} \times \text{ब}} + १ \right\} = \text{ब}$, जहाँ $\text{म} = \text{ब} + \text{अ}$

(२९) प्रतीक रूप से, $\left\{ \frac{\sqrt{\text{म}^{२} - \frac{\text{प} \times \text{का}}{\text{का}} \times ४\,\text{ब} \times \text{म}}}{२} \right\} = \text{प}$ अथवा अ, (यथा स्थिति) जहाँ $\text{म} = \text{प} + \text{अ}$; दिये गये नियम के अनुसार, मूल (करणी) गत राशि का मान $(\text{प} - \text{अ})$ है; इसके वर्गमूल तथा मिश्र इन दोनों के सम्बन्ध में संक्रमण की क्रिया की जाती है।

* संक्रमण क्रिया को समझने के लिये अध्याय ६ का श्लोक २ देखिये।

अत्रोद्देशकः

सप्तत्या वृद्धिरियं चतु पुराणा फल च पञ्चकृति ।
मिश्रं नव पञ्चगुणा पादेन युतास्तु किं मूलम् ॥ ३० ॥
त्रिकषष्ट्या दत्त्वैक किं मूल केन कालेन । प्राप्तोऽष्टादशवृद्धिं षट्षष्टि कालमूलमिश्र हि ॥ ३१ ॥
अध्यर्धमासिकफल षष्ट्याः पञ्चार्धमेव संदृष्टम् ।
वृद्धिस्तु चतुर्विंशतिरथ षष्टिर्मूलयुक्तकालश्च ॥ ३२ ॥

प्रमाणफलेच्छाकालमिश्रविभागानयनसूत्रम्—

मूल स्वकालवृद्धिद्विकृतिगुण छिन्नमितरमूलेन । मिश्रकृतिशेषमूल मिश्रे क्रियत तु संक्रमणम् ॥३३॥

अत्रोद्देशकः

अध्यर्धमासकस्य च शतस्य फलकालयोश्च मिश्रधनम् ।
द्वादश दलसंमिश्र मूलं त्रिंशत्फलं पञ्च ॥ ३४ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

४ पुराण, ७० पर प्रतिमाह ब्याज है। कुल पर प्राप्त ब्याज २५ है। मूलधन तथा ब्याज की अवधि का मिश्रयोग ४५¼ है। कितना मूलधन उधार दिया गया है? ॥३०॥ ३ प्रति ६० प्रतिमास के अर्घ से कोई मनुष्य कितना मूलधन कितने समय के लिये ब्याज पर लगाये ताकि उसे ब्याज १८ प्राप्त हो जबकि उस अवधि तथा उस मूलधन का मिश्रयोग ६६ दिया गया है ॥३१॥ ६० पर १½ माह में ब्याज केवल २½ है। यहाँ ब्याज २४ है और मूलधन तथा अवधि का मिश्रयोग ६० है। समय तथा मूलधन क्या हैं? ॥३२॥

ब्याजदर तथाइष्ट अवधि को मिश्रितयोग में से अलग-अलग करने के लिये नियम—

मूलधनदर स्व समयदर द्वारा गुणित किया जाता है, तथा दिये गये ब्याज से और ४ से भी गुणित करने के उपरान्त अन्य दिये गये मूलधन द्वारा विभाजित किया जाता है। इस परिणामी भजनफल को दिये गये मिश्रयोग के वर्ग में से घटाकर प्राप्त शेष के वर्गमूल को मिश्रयोग के सम्बन्ध में संक्रमण क्रिया करने के उपयोग में लाते हैं ॥३३॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

अर्ध अधिक प्रतिशत प्रतिमाह की इष्ट दर से ब्याज दर और अवधि का मिश्रयोग १२½ होता है। मूलधन ३० है और उस पर ब्याज ५ है। बतलाओ ब्याज दर और अवधि क्या-क्या हैं? ॥३४॥

---

(३३) प्रतीक रूप से, $\sqrt{म^2 - \frac{धा \times आ \times ब \times ४}{ध}}$ को 'म' के साथ इष्ट संक्रमण क्रिया करने के उपयोग मे लाते हैं। यहाँ म = बा + अ है।

मूलकालवृद्धिमिश्रविभागानयनसूत्रम्—

मिश्रादूनितराशिः कालस्तस्यैव रूपलाभेन । सैकेन भजेन्मूलं स्वकालमूलोनितं फलं मिश्रम् ॥३५॥

अत्रोद्देशकः

पञ्चकशतप्रयोगे न ज्ञातः कालमूलफलराशिः । तन्मिश्रं द्व्यशीतिर्मूलं किं कालवृद्धी के ॥ ३६ ॥

बहुमूलकालवृद्धिमिश्रविभागानयनसूत्रम्—

विभजेत्स्वकालताडितमूलसमासेन फलसमासहतम् ।
कालाभ्यस्तं मूलं पृथक् पृथक् चादिशेद् वृद्धिम् ॥ ३७ ॥

अत्रोद्देशकः

चत्वारिंशत्त्रिंशद्विंशतिपञ्चाशदत्र मूलानि । मासाः पञ्चचतुस्त्रिकषट् फलपिण्डश्चतुस्त्रिंशत् ॥३८॥

१ हस्तलिपि में यह अशुद्ध रूप प्राप्य है; यह रूप 'उपगीति' छंद की आवश्यकता को समाधानित नहीं करता है ।

मूलधन, ब्याज और समय को उनके मिश्रयोग में से अलग-अलग प्राप्त करने के लिये नियम—

दिये गये मिश्रयोग में से कोई मन से चुनी हुई संख्या को घटाने पर इष्ट समय प्राप्त हुआ मान लिया जाता है । उस अवधि के लिये १ पर ब्याज निकालकर उसमें १ जोड़ते हैं । अब, दिये गये मिश्रयोग में से मन से चुनी गई अवधि घटाकर शेष राशि को उपर्युक्त प्राप्त राशि द्वारा विभाजित करते हैं । परिणामी भजनफल इष्ट मूलधन होता है । मिश्रयोग को जिस के संवादी समय और मूलधन द्वारा हासित करने पर इष्ट ब्याज प्राप्त होता है ॥३५॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

५ प्रतिशत प्रतिमाह के भाव से उधार दी गई रकम के विषय में अवधि, मूलधन और ब्याज का निरूपण करने वाली राशियाँ ज्ञात नहीं हैं । उनका मिश्रयोग ८२ है । अवधि, मूलधन और ब्याज निकालो ॥३६॥

विभिन्न धनों पर विभिन्न अवधियों में उपार्जित विभिन्न ब्याजों को उन्हीं के मिश्रयोग में से अलग-अलग ब्याज प्राप्त करने के लिए नियम—

प्रत्येक मूलधन संवादी समय से गुणित होकर तथा ब्याजों की कुल दत्त रकम द्वारा गुणित होकर अलग-अलग उन गुणनफलों के योग द्वारा विभाजित किया जाता है जो प्रत्येक मूलधन को उसके संवादी समय द्वारा गुणित करने पर प्राप्त होते हैं । प्राप्त फल उस मूलधन सम्बन्धी ब्याज घोषित किया जाता है ॥३७॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

इस प्रश्न में दिये गये मूलधन ४०, ३०, २० और ५० हैं; और मास क्रमशः ५, ४, ३ और ६ हैं । ब्याज की राशियों का योग ३४ है । प्रत्येक ब्याज राशि निकालो ॥३८॥

(३५) यहाँ ३ अज्ञात राशियाँ दी गई हैं । समय का मान मन से चुन लिया जाता है और अन्य दो राशियाँ अध्याय ६ की २१वीं गाथा के नियमानुसार प्राप्त हो जाती हैं ।

(३७) प्रतीक रूप से, $\frac{म_1 अ_1 म}{म_1 अ_1 + म_2 अ_2 + म_3 अ_3 + \dots} = ब_1$; और $\frac{म_2 अ_2 म}{म_1 अ_1 + म_2 अ_2 + म_3 अ_3 + \dots} = ब_2$; जहाँ $म = ब_1 + ब_2 + ब_3 + \dots$ । $म_1$, $म_2$, $म_3$ आदि विभिन्न मूलधन हैं तथा $अ_1$, $अ_2$, $अ_3$ आदि विभिन्न अवधियाँ हैं ।

बहुमूलमिश्रविभागानयनसूत्रम्—

स्वफलैः स्वकालभक्तैस्तद्युत्या मूलमिश्रधनराशिम् ।
छिन्द्यादंशं गुणयेत् समागमो भवति मूलानाम् ॥ ३९ ॥

अत्रोद्देशकः

दशषट्त्रिपञ्चदशका वृद्धय इषवश्चतुस्त्रिषण्मासाः ।
मूलसमासो दृष्टश्चत्वारिंशच्छतेन संमिश्रा ॥ ४० ॥
पञ्चार्धषड्दशापि च सार्धा षोडश फलानि च त्रिंशत् ।
मासास्तु पञ्च षट् खलु सप्ताष्ट दशाप्यशीतिरथ पिण्डः ॥ ४१ ॥

बहुकालमिश्रविभागानयनसूत्रम्—

स्वफलैः स्वमूलभक्तैस्तद्युत्या कालमिश्रधनराशिम् ।
छिन्द्यादंशं गुणयेत् समागमो भवति कालानाम् ॥ ४२ ॥

---

१ हस्तलिपि में छिन्द्यादंशान् पाठ है जो शुद्ध प्रतीत नहीं होता है ।

विभिन्न मूलधनों को उन्हीं के मिश्रयोग से अलग-अलग करने के नियम—

उधार दी गई विभिन्न मूलधन की राशियों के मिश्रयोग का निरूपण करनेवाली राशि को उन भजनफलों के योग द्वारा विभाजित करो जो विभिन्न व्याजों को उनकी सवादी अवधियों द्वारा अलग-अलग विभाजित करने पर प्राप्त होते हैं । परिणामी भजनफल को क्रमशः ऐसे विभिन्न भजनफलों द्वारा विभाजित करो जो कि विभिन्न व्याजों को उनकी सवादी अवधियों द्वारा विभाजित करने पर प्राप्त होते हैं । इस प्रकार विभिन्न मूलधन की राशियों को अलग-अलग निकालते हैं ॥३९॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

दिये गये विभिन्न व्याज १०, ६, ३ और १५ हैं और सवादी अवधियाँ क्रमश ५, ४, ३ और ६ मास हैं, विभिन्न मूलधन की रकमों का योग १४० है । ये मूलधन की रकमें कौन-कौन सी हैं ? ॥४०॥ विभिन्न व्याज राशियाँ $\frac{५}{२}$, ६, १०$\frac{१}{२}$, १६ और ३० हैं । उनकी संवादी अवधियाँ क्रमश ५, ६, ७, ८ और १० माह हैं । विभिन्न मूलधन की रकमों का मिश्रयोग ८० है । इन रकमों को अलग अलग बतलाओ ॥४१॥

विभिन्न अवधियों को उनके मिश्रयोग में से अलग-अलग प्राप्त करने के लिये नियम —

विभिन्न अवधियों के मिश्रयोग का निरूपण करनेवाली राशि को उन विभिन्न भजनफलो के योग द्वारा विभाजित करो जो कि विभिन्न व्याजों को उनके सवादी मूलधनों द्वारा विभाजित करने पर प्राप्त होते हैं । और तब, परिणामी भजनफल को अलग अलग उपर्युक्त भजनफलों में से प्रत्येक द्वारा गुणित करो । इस प्रकार विभिन्न अवधियाँ निकाली जाती हैं ॥४२॥

---

(३९) प्रतीक रूप से, $\frac{म}{\frac{ब_१}{अ_१}+\frac{ब_२}{अ_२}+\frac{ब_३}{अ_३}+ \cdots} \times \frac{ब_१}{अ_१} = घ_१$,

और, $\frac{म}{\frac{ब_१}{अ_१}+\frac{ब_२}{अ_२}+\frac{ब_३}{अ_३}+ \cdots} \times \frac{ब_२}{अ_२} = घ_२$, जहाँ $म = घ_१ + घ_२ + घ_३ +$ इत्यादि

(४२) प्रतीक रूप से, $\frac{म}{\frac{ब_१}{घ_१}+\frac{ब_२}{घ_२}+\frac{ब_३}{घ_३}+ \cdots} \times \frac{ब_१}{घ_१} = अ_१$, जहाँ $म = अ_१ + अ_२ + अ_३ +$

...इत्यादि, इसी तरह $अ_२$, $अ_३$ इत्यादि के मान निकालते हैं ।

अत्रोद्देशकः

चत्वारिंशत्त्रिंशद्विंशतिपञ्चाशदत्र मूलानि ।
दशपञ्चत्रिपञ्चदश फलमष्टादश कालमिश्रधनराशिः ॥ ४३ ॥

प्रमाणराशौ फलेन तुल्यमिच्छाराशिमूलं च तदिच्छाराशौ वृद्धिं च संपीड्य तन्मिश्रराशौ प्रमाणराशेर्वृद्धिविभागानयनसूत्रम्—

कालगुणितप्रमाणं परकालहृतं तदेकगुणमिश्रधनात् ।
इतरार्धकृतियुतात् पदमितरार्धोनं प्रमाणफलम् ॥ ४४ ॥

अत्रोद्देशकः

मासचतुष्कशतस्य प्रवृद्धिः प्रयोगमूलं तत् ।
स्वफलेन युतं द्वादश पञ्चदशतिस्तस्य कालोऽपि ॥ ४५ ॥
मासत्रितयाशीत्याः प्रवृद्धिः स्वमूलफलराशेः । पञ्चसमागेनोनाष्टौ वर्षेण मूलवृद्धी के ॥४६॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

इस प्रश्न में दिये गये मूलधन ४०, ३०, २० और ५० हैं तथा संवादी ब्याज राशियाँ क्रमशः १०, ५, ३ और १५ हैं। विभिन्न अवधियों का मिश्रयोग १८ है। बतलाओ कि अवधियाँ क्या क्या हैं ? ॥४३॥

ब्याजदर के बराबर दिया गया मूलधन और इस प्रकार दिये गये मूलधन के ब्याज, इन दोनों के मिश्रयोग को निरूपित करनेवाली राशि में से मूलधनदर एवं ब्याजदर अलग-अलग निकालने के लिये नियम—

मूलधनदर को अवधिदर द्वारा गुणित कर उसे जिस समय तक ब्याज लगाया गया है उस समय द्वारा विभाजित करते हैं। इस परिणामी भजनफल को दिये गये मिश्रयोग द्वारा एक बार गुणित करते हैं और पुनः उसमें उपर्युक्त भजनफल की आधी राशि के वर्ग को जोड़ते हैं। इस तरह प्राप्त राशि का वर्गमूल निकालते हैं। प्राप्त फल को उसी भजनफल की अर्द्धराशि द्वारा ह्रासित करते हैं तो मूलधन के बराबर इष्ट ब्याजदर प्राप्त होती है ॥४४॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

ब्याजदर प्रतिशत प्रति ४ माह अज्ञात है। वही अज्ञात राशि उधार दिया गया मूलधन भी है। यह मूल के ब्याज से जोड़ी जाने पर १२ हो जाती है। १५ माह अवधि है जिसमें कि यह ब्याज उपार्जित हुआ है। ब्याजदर को निकालो जो मूलधन के तुल्य है ॥४५॥ ब्याजदर प्रति ८० प्रति ३ माह अज्ञात है। एक साल के ब्याज तथा उस अज्ञात राशि के तुल्य मूलधन का मिश्रयोग ७ ४/५ है। बतलाओ कि मूलधन और ब्याजदर क्या क्या है ? ॥४६॥

(४४) प्रतीक रूप में $\sqrt{\frac{पा\ आ}{अ}\times म+\left(\frac{पा\ आ}{२अ}\right)^{2}}-\frac{पा\ आ}{२अ}$ = पा जो प के तुल्य है।

समानमूलवृद्धिमिश्रविभागसूत्रम्—

अन्योन्यकालविनिहतमिश्रविशेषस्य तस्य भागाख्यम् ।
कालविशेषेण हृते तेषां मूलं विजानीयात् ॥ ४७ ॥

अत्रोद्देशकः

पञ्चाशदष्टपञ्चाशन्मिश्रं षट्षष्टिरेव च । पञ्च सप्तैव नव हि मासाः किं फलमानय ॥ ४८ ॥
त्रिंशच्चैकत्रिंशद्द्वित्र्यंशाः स्युः पुनस्त्रयस्त्रिंशत् । सत्र्यंशा मिश्रधनं पञ्चत्रिंशच्च गणकादात् ॥४९॥
कश्चिन्नरश्चतुर्णां त्रिभिश्चतुर्भिश्च पञ्चभिः षड्भिः । मासैर्लब्धं किं स्यान्मूलं शीघ्रं ममाचक्ष्व ॥५०॥

समानमूलकालमिश्रविभागसूत्रम्—

अन्योन्यवृद्धिसंगुणमिश्रविशेषस्य तस्य भागाख्यम् ।
वृद्धिविशेषेण हृते लब्धं मूलं बुधाः प्राहुः ॥ ५१ ॥

अत्रोद्देशकः

एकत्रिपञ्चमिश्रितविंशतिरिह कालमूलयोर्मिश्रम् ।
षड् दश चतुर्दश स्युर्लाभाः किं मूलमत्र साम्यं स्यात् ॥ ५२ ॥

मूलधन जो सब दशाओं में एकसा रहता है, और (विभिन्न अवधियों के) ब्याजों को, उनके मिश्रयोग में से अलग-अलग करने के लिये नियम—

कोई भी दो दिये गये मिश्रयोगों को क्रमशः एक दूसरे के ब्याज की अवधियों द्वारा गुणित करने से प्राप्त राशियों के अंतर द्वारा विभाजित करने पर जो भजनफल प्राप्त होता है वह उन दिये गये मिश्रयोगों सम्बन्धी इष्ट मूलधन है ॥४७॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

मिश्रयोग ५०, ५८ और ६६ है और अवधियाँ जिनमें कि ब्याज उपार्जित हुए हैं, क्रमशः ५,७ और ८ माह हैं। प्रत्येक दशा में ब्याज बतलाओ ॥४८॥ हे गणितज्ञ ! किसी मनुष्य ने ४ व्यक्तियों को क्रमशः ३, ४, ५ और ६ मास के अन्त में उसी मूलधन और ब्याज के मिश्रयोग ३०, ३१$\frac{2}{3}$, ३३$\frac{1}{3}$ और ३५ दिये। मुझे शीघ्र बतलाओ कि यहाँ मूलधन क्या है ? ॥ ४९-५० ॥

मूलधन (जो प्रत्येक दशा में वही रहता हो) और अवधि (जितने समय में ब्याज उपार्जित किया गया हो) को उन्हीं के मिश्रयोग में से अलग-अलग करने के लिये नियम—

कोई भी दो मिश्रयोगों को क्रमशः एक दूसरे के ब्याज द्वारा गुणित कर, प्राप्त राशियों के अन्तर को दो चुने हुए ब्याजों के अन्तर द्वारा विभाजित करने पर भजनफल के रूप में इष्ट मूलधन प्राप्त होता है, ऐसा विद्वान् कहते हैं ॥५१॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

मूलधन और अवधियों के मिश्रयोग २१, २३ और २५ हैं। यहाँ ब्याज ६, १० और १४ हैं। बतलाओ कि समान अर्हा वाला मूलधन क्या है ? ॥५२॥ दिये गये मिश्रयोग ३५, ३७ और ३९ हैं,

(४७) प्रतीक रूप से, $\frac{म_1 अ_2 \backsim म_2 अ_1}{अ_1 \backsim अ_2} = ध$

(५१) प्रतीक रूप से, $\frac{म_1 ब_2 \backsim म_2 ब_1}{ब_1 \backsim ब_2} = ध$, जहाँ $म_1$, $म_2$, आदि, विभिन्न मिश्रयोग हैं।

पञ्चत्रिंशन्मिश्रं सप्तत्रिंशच्च नवयुतत्रिंशत् । विंशतिरष्टाविंशतिरथ षट्त्रिंशच्च वृद्धिधनम् ॥ ५३ ॥

उभयप्रयोगमूलानयनसूत्रम्—

रूपस्येच्छाकालावुभयफले ये तयोर्विशेषेण । लब्धं विभजेन्मूलं स्वपूर्वसंकल्पितं भवति[1] ॥ ५४ ॥

अत्रोद्देशकः

उद्धृत्या पञ्चकशतं प्रयोजितोऽसौ पुनश्च नवकशते ।
मासैस्त्रिभिश्च लभते मैकाशीतिं क्रमेण मूलं किम् ॥ ५५ ॥

त्रितयस्यैव शते मासे प्रयुक्तमष्टाभिः शते । लाभोऽशीतिः कियन्मूलं भवेत्तन्मासयोर्द्वयोः ॥ ५६ ॥

वृद्धिमूलविमोचनकालानयनसूत्रम्—

मूलं स्वकालगुणितं फलगुणितं तत्प्रमाणकालाभ्याम् ।
भक्तं स्कन्धस्य फलं मूलं कालं फलात्ताभ्याम् ॥ ५७ ॥

---

१ इसी नियम को कुछ अस्पष्ट रूप में परिवर्तित पाठ म इस प्रकार उल्लिखित किया गया है—

पुनरप्युभयप्रयोगमूलानयनसूत्रम्—

इच्छाकालावुभयप्रयोगवृद्धि समानीय । तद्वृद्ध्यन्तरभक्तं लब्धं मूलं विजानीयात् ॥

ब्याज १ २८ और ३९ हैं । समान अर्द्ध भाग का मूलधन क्या है ? ॥५३॥

दो भिन्न ब्याजदरों पर लगाया हुआ मूलधन प्राप्त करने के लिये नियम—

दो ब्याज राशियों के अंतर को उन दो राशियों के अंतर द्वारा विभाजित करो जो दी हुई अवधियों में १ पर ब्याज होती हैं । यह भजनफल स्वपूर्व संकल्पित मूलधन होता है ॥५४॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

५ प्रतिशत की दर पर उधार लेकर और तब ९ प्रतिशत की दर पर उधार देकर कोई व्यक्ति चलन (differential) लाभ के द्वारा ठीक ३ माह के पश्चात् ८१ प्राप्त करता है । मूलधन क्या है ? ॥५५॥ ३ प्रतिशत प्रतिमास के अर्थ से कोई रकम उधार ली जाकर ८ प्रतिशत प्रतिमाह के अर्थ से ब्याज पर दी जाती है । चलन लाभ २ माह के अन्त में ८ होता है । बतलाओ वह रकम क्या है ? ॥५६॥

जब मूलधन और ब्याज दोनों (किश्तों द्वारा) चुकाए जाते हों तब समय निकालने के नियम—

उधार दिया गया मूलधन किश्त के समय द्वारा गुणित किया जाता है और फिर ब्याज दर द्वारा गुणित किया जाता है । इस गुणनफल को मूलधनदर द्वारा और अवधिदर द्वारा विभाजित करने पर उस किश्त सम्बन्धी ब्याज प्राप्त होता है । इस ब्याज से किश्त का मूलधन और ऋण को चुकाने का समय दोनों को प्राप्त किया जाता है ॥५७॥

(५४) प्रतीक रूप से $\dfrac{ब_1 - ब_2}{\dfrac{1 \times अ_1 \times ब्या_1}{मा_1 \times का} - \dfrac{1 \times अ_2 \times ब्या_2}{मा_2 \times का_2}} = म$

(५७) प्रतीक रूप से $\dfrac{म \times प \times अ}{मा \times का}$ = किश्त सम्बन्धी ब्याज जहाँ अ प्रत्येक किश्त की अवधि है ।

अत्रोद्देशकः

मासे हि पञ्चैव च सप्ततीनां मासद्वयेऽष्टादशक प्रदेयम् ।
स्कन्धं चतुर्भिः सहिता त्वशीतिः मूल भवेत्को नु विमुक्तिकाल' ॥ ५८ ॥
षष्ट्या मासिकवृद्धि' पञ्चैव हि मूलमपि च षट्त्रिंशत् ।
मासत्रितये स्कन्धं त्रिपञ्चक तस्य कः कालः ॥ ५९ ॥

समानवृद्धिमूलमिश्रविभागसूत्रम्—

मूलैः स्वकालगुणितैर्वृद्धिविभक्तैः समासकैर्विभजेत् ।
मिश्र स्वकालनिघ्नं वृद्धिर्मूलानि च प्राग्वत् ॥ ६० ॥

अत्रोद्देशकः

द्विकषट्कचतुः शतके चतु सहस्रं चतु' शत मिश्रम् ।
मासद्वयेन वृद्ध्या समानि कान्यत्र मूलानि ॥ ६१ ॥
त्रिकशतपञ्चकसप्ततिपादोनचतुष्कषष्टियोगेषु । नवशतसहस्रसंख्या मासत्रितये समा युक्ता ॥६२॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

व्याजदर ५ प्रति ७० प्रतिमास है, प्रत्येक २ माह में चुकाई जाने वाली किश्त १८ है एव उधार दिया गया मूलधन ८४ है। विमुक्ति काल (कर्ज चुकाने का समय) बतलाओ ॥५८॥ ६० पर प्रतिमास व्याज ५ होता है। उधार दिया गया मूलधन ३६ है। ३ माह में चुकाई जाने वाली प्रत्येक किश्त १५ है। उस कर्ज के चुकने का समय बतलाओ ॥५९॥

जिन पर समान व्याज उपार्जित हुआ है ऐसे विभिन्न मूलधनों को मिश्रयोग से अलग-अलग करने के लिये नियम—

मिश्रयोग को अवधि द्वारा गुणित कर, उन राशियों के योग से विभाजित करो जो (राशियाँ) विभिन्न मूलधनदरों को उनकी सवादी अवधिदरो द्वारा गुणित करने तथा सवादी व्याजदरों द्वारा विभाजित करने पर प्राप्त होती हैं। इस प्रकार व्याज प्राप्त होता है और उससे मूलधन प्राप्त किये जाते हैं ॥६०॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

२, ६ और ४ प्रतिशत प्रतिमास की दर से दिये गये मूलधनो का मिश्रयोग ४,४०० है। इन समस्त मूलधनों की २ माह को व्याज राशियाँ बराबर होती हैं। बतलाओ कि वह व्याजराशि क्या है और विभिन्न मूलधन क्या-क्या हैं? ॥६१॥ कुल रकम १,९००, ३ प्रतिशत, ५ प्रति ७० और $3\frac{3}{4}$ प्रति ६० प्रतिमाह की दर से विभिन्न मूलधनों में व्याज पर वितरित कर दी गई। प्रत्येक दशा में ३ माह में व्याज बराबर बराबर उपार्जित हुआ। उस समान व्याजराशि को तथा विभिन्न मूलधनों को अलग-अलग प्राप्त करो ॥६२॥

---

(६०) प्रतीक रूप से, $\dfrac{म \times अ}{\dfrac{धा_1 \times आ_1}{बा_1} + \dfrac{धा_2 \times आ_2}{बा_2} + \ldots \text{इत्यादि}} = ब$, इसके द्वारा मूलधनों को अध्याय ६ की १० वीं गाथा के नियम द्वारा प्राप्त किया जा सकता है।

प्रक्षेपो गुणकार. स्वफलोनाधिकसमानमूलानि ॥ ६६ ॥

अत्रोद्देशकः

त्रिकपञ्चकाष्टकशते. प्रयोगतोऽष्टासहस्रपञ्चशतम् ।
विंशतिसहितं वृद्धिभिरुद्धृत्य समानि पञ्चभिर्मासे. ॥ ६७ ॥
त्रिकषट्काष्टकषष्ट्या मासद्वितये चतुस्सहस्राणि ।
पञ्चाशद्द्विशतयुतान्यतोऽष्टमासकफलाहते सदृशानि ॥ ६८ ॥
द्विकपञ्चकनवकशते मासचतुष्के त्रयोदशसहस्रम् ।
सप्तशतेन च मिश्रा चत्वारिंशत्सवृद्धिसममूलानि ॥ ६९ ॥

किया जाता है। इससे उधार दी गई रकमें उत्पन्न होती हैं जो उनके व्याजों द्वारा मिलाई जाने पर अथवा ह्रासित किये जाने पर समान हो जाती हैं ॥६६॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

८,५२० रुपये क्रमशः ३, ५ और ८ प्रतिशत प्रतिमास की दर से (भागों में) व्याज पर दिये जाते हैं। ५ माह में उपार्जित व्याजों द्वारा ह्रासित करने पर वे दत्त रकमें बराबर हो जाती हैं। इस तरह व्याज पर लगाये हुए धनों को बतलाओ ॥ ६७ ॥ ४,२५० द्वारा निरूपित कुल धन को (भागों में) क्रमशः ३, ६ और ८ प्रति ६० की दर से २ माह के लिये व्याज पर लगाया गया है। ८ माह में होने वाले व्याजों को धनों में से घटाने पर जो धन प्राप्त होते हैं वे तुल्य देखे जाते हैं। इस प्रकार विनियोजित विभिन्न धनों को बतलाओ ॥ ६८ ॥ १३,७४० रुपये, (भागों में) २, ५ और ९ प्रतिशत प्रतिमाह के अर्घ से व्याज पर लगाये जाते हैं। ४ माह के लिये उधार दिये गये धनों में व्याजों को जोड़ने पर वे बराबर हो जाते हैं। उन धनों को बतलाओ ॥ ६९ ॥ ३,६४३ रुपये (भागों में) क्रमश १$\frac{१}{२}$, $\frac{५}{२}$ और $\frac{५}{३}$ प्रति ८० प्रतिमाह की दर से व्याज पर लगाये जाते हैं। ८ माह में

---

(६६) प्रतीक रूप से,

$$\frac{म}{\dfrac{१}{१ \pm \left(\dfrac{१ \times अ \times बा_१}{आ_१ \times घा_१}\right)} + \dfrac{१}{१ \pm \left(\dfrac{१ \times अ \times बा_२}{आ_२ \times घा_२}\right)} + \text{इत्यादि}} \times \frac{१}{१ \pm \left(\dfrac{१ \times अ \times बा_१}{आ_१ \times घा_१}\right)} = घ_१$$

इसी प्रकार,

$$\frac{म}{\dfrac{१}{१ \pm \left(\dfrac{१ \times अ \times बा_१}{आ_१ \times घा_१}\right)} + \dfrac{१}{१ \pm \left(\dfrac{१ \times अ \times बा_२}{आ_२ \times घा_२}\right)} + \text{इत्यादि}} \times \frac{१}{१ \pm \left(\dfrac{१ \times अ \times बा_२}{आ_२ \times घा_२}\right)} = घ_२;$$ इसी तरह $घ_३$, $घ_४$ आदि के लिये।

प्रक्षेपककुट्टीकारः

इतः परं मिश्रकव्यवहारे प्रक्षेपककुट्टीकारगणितं व्याख्यास्यामः ।
प्रक्षेपककरणमिदं सवर्गविच्छेदनांशयुतिहृतमिश्रः ।
प्रक्षेपकगुणकारः कुट्टीकारो बुधैः समुद्दिष्टम् ॥ ७९½ ॥

अत्रोद्देशकः

द्वित्रिचतुष्षड्भागैर्विभाज्यते द्विगुणषष्टिरिह हेम्नाम् ।
भृत्येभ्यो हि चतुर्भ्यो गणकाचक्ष्वाशु मे भागान् ॥ ८०½ ॥
प्रथमस्यांशस्त्रितयं त्रिगुणोत्तरतश्च पञ्चभिर्भक्तम् ।
दीनाराणां त्रिशतं त्रिषष्टिसहितं क एकांशः ॥ ८१½ ॥
आदाय चाम्बुजानि प्रविश्य सच्छ्रावकोऽथ जिननिलयम् ।
पूजां चकार भक्त्या पूजार्हेभ्यो जिनेन्द्रेभ्यः ॥ ८२½ ॥
वृषभाय चतुर्थांशं षष्ठांशं शिष्टपार्श्वाय । द्वादशमथ जिनपतये त्र्यंशं मुनिसुव्रताय ददौ ॥ ८३½ ॥
नष्टाष्टकर्मणे जगदिष्टायारिष्टनेमयेऽष्टांशम् । षष्ठमचतुर्भागं भक्त्या जिनशान्तये प्रददौ ॥ ८४½ ॥
कमलान्यशीतिमिश्राण्यायातान्यत्र शतानि चत्वारि ।
कुसुमानां भागाख्यं कथय प्रक्षेपकाख्यकरणेन ॥ ८५½ ॥

प्रक्षेपक कुट्टीकार (समानुपाती भाग)

इसके पश्चात् हम इस मिश्रक व्यवहार में समानुपाती भाग के गणित का प्रतिपादन करेंगे—

समानुपाती भाग की क्रिया यह है जिसमें दी गई (समूह वाचक) राशि पहिले (विभिन्न समानुपाती भागों का निरूपण करने वाले) समान (साधारण) हर वाले भिन्नों के अंशों के योग द्वारा विभाजित की जाती है। ऐसे समान हर वाले भिन्नों के हरों को उपेक्षित कर विचारते नहीं हैं। प्राप्त फल को प्रत्येक दशा में क्रमशः इन समानुपाती अंशों द्वारा गुणित करते हैं। इसे बुधजन (विद्वज्जन) कुट्टीकार कहते हैं ॥ ७९½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

इस प्रश्न में १२० स्वर्ण मुद्राएँ ४ नौकरों में क्रमशः १/२, १/३, १/४ और १/६ के भिन्नीय भागों में बाँटी जाती हैं। हे अंकगणितज्ञ ! मुझे शीघ्र बतलाओ कि उन्हें क्या मिला ? ॥ ८०½ ॥ ३६३ दीनारों को पाँच व्यक्तियों में बाँटा गया। उनमें से प्रथम को ३ भाग मिले और शेष भाग को उत्तरोत्तर ३ की साधारण निष्पत्ति में बाँटा गया। प्रत्येक का हिस्सा बतलाओ ॥ ८१½ ॥ एक सज्जन श्रावक ने किसी संख्या के कमल के फूल लिये और जिन मंदिर में जाकर पूजनीय जिनेन्द्रों की भक्तिभाव से पूजा की। उसने वृषभ भगवान् को १/४, १/६ पूज्य पार्श्व भगवान् को, १/१२ जिन पति को, १/३ मुनि सुव्रत भगवान् को भेंट किए; १/८ भाग आठों कर्मों का नाश करने वाले जगदिष्ट अरिष्टनेमि भगवान् को और १/४ का १/६ शान्ति जिन भगवान् को भेंट किये। यदि वह ४८० कमल के फूल इस पूजा के लिये लाया हो तो इस प्रक्षेप नामक क्रिया द्वारा फूलों का समानुपाती वितरण प्राप्त करो ॥ ८२½–८५½ ॥ ४८ की

(७९½) ८०½ वीं गाथा के प्रश्न का इस नियमानुसार हल करने में हमें १/२, १/३, १/४, १/६ या ६/१२, ४/१२, ३/१२, २/१२ प्राप्त होते हैं। हरों की उपेक्षा के पश्चात्, हमें ६, ४, ३, २ प्राप्त होते हैं। ये प्रक्षेप अथवा समानुपाती अंश भी कहलाते हैं। इनका योग १५ है जिसके द्वारा बाँटी जानेवाली रकम

चत्वारि शतानि सखे युतान्यशीत्या नरैर्विभक्तानि ।
पञ्चभिराचक्ष्व त्वं द्वित्रिचतुःपञ्चषड्गुणितैः ॥ ८६½ ॥

इष्टगुणफलानयनसूत्रम्—

भक्तं शेषैर्मूलं गुणगुणितं तेन योजितं प्रक्षेपम् ।
तद्द्रव्यं मूल्यघ्नं क्षेपविभक्तं हि मूल्यं स्यात् ॥ ८७½ ॥

अस्मिन्नर्थे पुनरपि सूत्रम्—

फलगुणकारैर्हत्वा पणान् फलैरेव भागमादाय ।
प्रक्षेपके गुणाः स्युस्त्रैराशिकः फल वदेन्मतिमान् ॥ ८८½ ॥

अस्मिन्नर्थे पुनरपि सूत्रम्—

स्वफलहृता' स्वगुणघ्नाः पणास्तु तैर्भवति पूर्ववच्छेष ।
इष्टफलं निर्दिष्टं त्रैराशिकसाधित सम्यक् ॥ ८९½ ॥

रकम ५ व्यक्तियों में २, ३, ४, ५ और ६ के अनुपात मे विभाजित की गई । हे मित्र ! प्रत्येक के हिस्से में कितनी रकम पड़ी ? ॥ ८६½ ॥

इष्ट गुणफल को प्राप्त करने के लिये नियम—

मूल्यदर को खरीदने योग्य वस्तु (को प्ररूपित करने वाली संख्या) द्वारा विभाजित किया जाता है । तब इसे (दी गई) समानुपाती सख्या द्वारा गुणित करते हैं । इसके द्वारा, हमें योग करने की विधि से समानुपाती भागों का योग प्राप्त हो जाता है । तब दी गई राशि क्रमानुसारी समानुपाती भागों द्वारा गुणित होकर तथा उनके उपर्युक्त योगद्वारा विभाजित होकर इष्ट समानुपात में विभिन्न वस्तुओं के मान को उत्पन्न करती है ।

इसी के लिये दूसरा नियम—

मूल्यदरों (का निरूपण करने वाली सख्याओं) को क्रमश खरीदी जाने वाली विभिन्न वस्तुओं के (दिये गये) समानुपातो को निरूपित करने वाली संख्याओं द्वारा गुणित करते हैं । तब फल को मूल्यदर पर खरीदने योग्य वस्तुओं की संख्याओं से क्रमवार विभाजित करते हैं । परिणामी राशियाँ प्रक्षेप की क्रिया में (चाहे हुए) गुणक (multipliers) होती हैं । बुद्धिमान लोग फिर इष्ट उत्तर को त्रैराशिक द्वारा प्राप्त कर सकते हैं ॥ ८८½ ॥

इसी के लिये एक और नियम—

विभिन्न मूल्यदरों का निरूपण करने वाली सख्याएँ क्रमश. उनकी स्वसंबन्धित खरीदने योग्य वस्तुओं का निरूपण करनेवाली सख्याओं द्वारा गुणित की जाती हैं । और तब, इनकी सबन्धित समानुपाती सख्याओं द्वारा गुणित की जाती हैं । इनकी सहायता से, शेष क्रिया साधित की जाती है । इष्टफल त्रैराशिक निदिष्ट क्रिया द्वारा सम्यक् रूप से प्राप्त हो जाता है ॥ ८९½ ॥

---

१२० विभाजित की जाती है और परिणामी भजनफल ८ को अलग-अलग समानुपाती अशों ६, ४, ३, २ द्वारा गुणित करते हैं । इस प्रकार प्राप्त रकमें ६ × ८ अर्थात् ४८, ४ × ८ अथवा ३२, ३ × ८ अर्थात् २४, २ × ८ अथवा १६ हैं । प्रक्षेप का अर्थ समानुपाती भाग की क्रिया भी होता है तथा समानुपाती अश भी होता है ।

(८७½–८९½) इन नियमों के अनुसार ९०½ वीं और ९१½ वीं गाथाओं का हल निकालने के लिये २, ३ और ५ को क्रमशः ३, ५ और ७ से विभाजित करते हैं तथा ६, ३ और १ द्वारा गुणित

केनापि संप्रयुक्ताशीति पञ्चकशतप्रयोगेण॥ ७४½ ॥
अष्टाद्यष्टोत्तरतस्तदशीत्यष्टांशगच्छेन। मूलधन दत्त्वाष्टाद्यष्टोत्तरतो धनस्य मासार्धात् ॥ ७५½ ॥
वृद्धिं प्रादान्मूलं वृद्धिश्च विमुक्तिकालश्च। एषां परिमाण किं विगणय्य सखे ममाचक्ष्व ॥ ७६½ ॥

एकीकरणसूत्रम्—

वृद्धिसमासं विभजेन्मासफलैक्येन लब्धमिष्टः कालः। कालप्रमाणगुणितस्तदिष्टकालेन संभक्तः॥
वृद्धिसमासेन हतो मूलसमासेन भाजितो वृद्धिः ॥ ७७½ ॥

अत्रोद्देशकः

युक्ता चतुश्शतीह द्विकत्रिकपञ्चकचतुष्कशतेन। मासाः पञ्च चतुर्द्वित्रयः प्रयोगैककाल. कः ॥७८½॥

इति मिश्रकव्यवहारे वृद्धिविधानं समाप्तम्।

वाले ऋण की मुक्ति के लिये ८० को महत्तम रकम चुना। इसके साथ, ८ प्रथम किस्त की रकम थी जो प्रति ½ माह में उत्तरोत्तर ८ द्वारा बढ़ती चली गई। इस प्रकार, उसने समान्तर श्रेढि के योग को ऋण रूप में चुकाया। इस समान्तर श्रेढि मे $\frac{80}{8}$ पदों की सख्या थी। इन ८ के अपवर्त्यों पर ब्याज भी चुकाया गया। हे मित्र! श्रेढि के योग की सवादी ऋण की रकम, चुकाया गया ब्याज और ऋण मुक्ति का समय अच्छी तरह गणना कर निकालो ॥ ७३½–७६ ॥

औसत साधारण ब्याज को निकालने के लिये नियम—

(विभिन्न उपार्जित होने वाले) ब्याजों के योग को (विभिन्न सवादी) एक माह के दातव्य ब्याजों के योग द्वारा विभाजित करने पर परिणामी भजनफल, इष्ट समय होता है। (काल्पनिक) समयदर और मूलधनदर के गुणनफल को इष्ट समय द्वारा विभाजित करते हैं और (उपाजित होने वाले विभिन्न) ब्याजों के योग द्वारा गुणित करते हैं। प्राप्तफल को विभिन्न दिये गये मूलधनों के योग द्वारा फिर से विभाजित करते हैं। इससे इष्ट ब्याज दर प्राप्त होती है। ॥ ७७–७७½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

इस प्रश्न में, चार सौ की ४ रकमें अलग-अलग क्रमश. २, ३, ५ और ४ प्रतिशत प्रतिमास की दर से ५, ४, २ और ३ माहों के लिये ब्याज पर लगाई गईं। औसत साधारण अवधि और ब्याजदर निकालो ॥ ७८½ ॥

इस प्रकार, मिश्रक व्यवहार में वृद्धि विधान नामक प्रकरण समाप्त हुआ।

(७७ और ७७½) विभिन्न उत्पन्न होने वाले ब्याज वे होते हैं जो अलग-अलग रकमों के, विभिन्न दरों पर उनकी क्रमवार अवधियों के लिये ब्याज होते हैं।

प्रतीक रूप से, $$\left\{\frac{घ_1 \times अ_1 \times बा_1}{आ \times घा} + \frac{घ_2 \times अ_2 \times बा_2}{आ \times घा} + \ldots\ldots\right\} \div \left\{\frac{घ_1 \times 1 \times बा_1}{आ \times घा} + \frac{घ_2 \times 1 \times बा_2}{आ \times घा} + \ldots\ldots\right\}$$
$= अ_{औ}$ अथवा औसत अवधि,

और $$\frac{घा \times आ}{अ_{औ}} \times \left\{\frac{घ_1 \times अ_1 \times बा_1}{आ \times घा} + \frac{घ_2 \times अ_2 \times बा_2}{आ \times घा} + \ldots\ldots\right\} \div (घ_1 + घ_2 + \ldots\ldots) = ब_{औ}$$ अथवा औसत ब्याज।

चत्वारि शतानि सखे युतान्यशीत्या नरैर्विभक्तानि ।
पञ्चभिराचक्ष्व त्वं द्वित्रिचतुःपञ्चषड्गुणितैः ॥ ८६½ ॥

इष्टगुणफलानयनसूत्रम्—

भक्तं शेषैर्मूलं गुणगुणितं तेन योजितं प्रक्षेपम् ।
तद्द्रव्यं मूल्यघ्नं क्षेपविभक्तं हि मूल्यं स्यात् ॥ ८७½ ॥

अस्मिन्नर्थे पुनरपि सूत्रम्—

फलगुणकारैर्हत्वा पणान् फलैरेव भागमादाय ।
प्रक्षेपके गुणाः स्युस्त्रैराशिकः फलं वदेन्मतिमान् ॥ ८८½ ॥

अस्मिन्नर्थे पुनरपि सूत्रम्—

स्वफलहताः स्वगुणघ्नाः पणास्तु तैर्भवति पूर्ववच्छेषः ।
इष्टफलं निर्दिष्टं त्रैराशिकसाधितं सम्यक् ॥ ८९½ ॥

रकम ५ व्यक्तियों में २, ३, ४, ५ और ६ के अनुपात में विभाजित की गई। हे मित्र ! प्रत्येक के हिस्से में कितनी रकम पड़ी ? ॥ ८६½ ॥

इष्ट गुणफल को प्राप्त करने के लिये नियम—

मूल्यदर को खरीदने योग्य वस्तु (को प्ररूपित करने वाली संख्या) द्वारा विभाजित किया जाता है। तब इसे (दी गई) समानुपाती सख्या द्वारा गुणित करते हैं। इसके द्वारा, हमें योग करने की विधि से समानुपाती भागों का योग प्राप्त हो जाता है। तब दी गई राशि क्रमानुसारी समानुपाती भागों द्वारा गुणित होकर तथा उनके उपर्युक्त योगद्वारा विभाजित होकर इष्ट समानुपात में विभिन्न वस्तुओं के मान को उत्पन्न करती है।

इसी के लिये दूसरा नियम—

मूल्यदरों (का निरूपण करने वाली सख्याओं) को क्रमश खरीदी जाने वाली विभिन्न वस्तुओं के (दिये गये) समानुपातो को निरूपित करने वाली संख्याओं द्वारा गुणित करते हैं। तब फल को मूल्यदर पर खरीदने योग्य वस्तुओं की संख्याओं से क्रमवार विभाजित करते हैं। परिणामी राशियाँ प्रक्षेप की क्रिया में (चाहे हुए) गुणक (multipliers) होती हैं। बुद्धिमान लोग फिर इष्ट उत्तर को त्रैराशिक द्वारा प्राप्त कर सकते हैं ॥ ८८½ ॥

इसी के लिये एक और नियम—

विभिन्न मूल्यदरों का निरूपण करने वाली सख्याएँ क्रमश. उनकी स्वसंबन्धित खरीदने योग्य वस्तुओं का निरूपण करनेवाली सख्याओं द्वारा गुणित की जाती हैं। और तब, उनकी संबन्धित समानुपाती सख्याओं द्वारा गुणित की जाती हैं। इनकी सहायता से, शेष क्रिया साधित की जाती है। इष्टफल त्रैराशिक निर्दिष्ट क्रिया द्वारा सम्यक् रूप से प्राप्त हो जाता है ॥ ८९½ ॥

---

१२० विभाजित की जाती है और परिणामी भजनफल ८ को अलग-अलग समानुपाती अंशों ६, ४, ३, २ द्वारा गुणित करते हैं। इस प्रकार प्राप्त रकमें ६ × ८ अर्थात् ४८, ४ × ८ अथवा ३२, ३ × ८ अर्थात् २४, २ × ८ अथवा १६ हैं। प्रक्षेप का अर्थ समानुपाती भाग की क्रिया भी होता है तथा समानुपाती अंश भी होता है।

(८७½–८९½) इन नियमों के अनुसार ९०½ वीं और ९१½ वीं गाथाओं का हल निकालने के लिये २, ३ और ५ को क्रमशः ३, ५ और ७ से विभाजित करते हैं तथा ६, ३ और १ द्वारा गुणित

अत्रोद्देशकः

द्वाभ्यां त्रीणि त्रिभिः पञ्च पञ्चभिः सप्त मानकैः ।
दाडिमाम्रकपित्थानां फलानि गणितार्थवित् ॥ ९०½ ॥
कपित्थात् त्रिगुणं चाम्रं दाडिमं षड्गुणं भवेत् ।
क्रीत्वानय सखे शीघ्रं त्वं षट्सप्ततिभिः पणैः ॥ ९१½ ॥
दध्याज्यक्षीरघटैर्जिनबिम्बस्याभिषेचनं कृतवान् ।
जिनपुरुषो द्वासप्ततिपलैस्त्रयः पूरिताः कलशाः ॥ ९२½ ॥
द्वात्रिंशत्प्रथमघटे पुनश्चतुर्विंशतिर्द्वितीयघटे ।
षोडश तृतीयकलशे पृथक् पृथक् कथय मे कृत्वा ॥ ९३½ ॥
तेषां दधिघृतपयसां तत्र चतुर्विंशतिर्घृतस्य पलानि ।
षोडश पयःपलानि द्वात्रिंशद् दधिपलमीह ॥ ९४½ ॥
वृत्तिस्त्रयः पुराणाः पुंसश्चारोहकस्य तत्रापि । सर्वेऽपि पञ्चषष्टिः केचिन्मृता धनं तेषाम् ॥ ९५½ ॥
संनिहितानां दत्तं लब्धं पुंसा द्वयैव चैकस्य ।
के संनिहिता भग्नाः के मम संचिन्त्य कथय त्वम् ॥ ९६½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

अनार, आम और कपित्थ क्रमशः २ पण में ३, ३ पण में ५ और ५ पण में ७ की दर से प्राप्य हैं। हे गणना के सिद्धांतों को जानने वाले मित्र! ७६ पणों के फल लेकर शीघ्र आओ ताकि आमों की संख्या कपित्थों की संख्या की त्रिगुणी हो और अनारों की संख्या ६ गुणी हो ॥ ९०½–९१½ ॥ किसी जिनानुयायी ने जिन प्रतिमा का दही, घी और दूध से पूरित कलशों द्वारा अभिषेक कराया। इनके ७२ पलों द्वारा ३ पात्र भर गये। प्रथम घट में ३२ पल दूसरे घट में २४ तथा तीसरे में १६ पल पाये गये। दूध दधि घी, दूध मिश्रित पात्रों में मिश्रित द्रव्यों को अलग-अलग ज्ञात और प्राप्त करो जबकि कुल मिलाकर २४ पल घी १६ पल दूध और ३२ पल दही है ॥ ९२½–९४½ ॥ एक अश्वारोही सैनिक का वेतन ३ पुराण था। इस दर पर कुल ६५ व्यक्ति नियुक्त थे। उनमें से कुछ मारे गये और उनके वेतन की रकम रणक्षेत्र में शेष रहनेवाले सैनिकों को दे दी गई। इस प्रकार, प्रत्येक मनुष्य को १ पुराण प्राप्त हुए। मुझे बतलाओ कि रणक्षेत्र में कितने सैनिक खेत रहे और कितने जीवित बचे? ॥ ९५½–९६½ ॥

करते हैं। इस प्रकार हमें ३/४ × ६, २/३ × ३, ७/५ × ५ से क्रमशः ४, २ और ७ प्राप्त होते हैं। ये समानुपाती भाग हैं। ८८½ और ८९½ सूत्रों में इन समानुपाती भागों के संबंध में प्रक्षेप की क्रिया का प्रयोग करना पड़ता है। परन्तु ८०½ करण नियम में यह क्रिया पूरी तरह वर्णित है।

इष्टरूपाधिकहीनप्रक्षेपककरणसूत्रम्—

पिण्डोऽधिकरूपोनो हीनोत्तररूपसंयुतः शेषात् । प्रक्षेपककरणमतः कर्तव्यं तैर्युता हीनाः ॥ ९७½॥

अत्रोद्देशकः

प्रथमस्यैकांशोऽतो द्विगुणद्विगुणोत्तराद्भजन्ति नराः ।
चत्वारोंऽश. कः स्यादेकस्य हि सप्तषष्टिरिह ॥ ९८½ ॥
प्रथमादध्यर्धगुणात् त्रिगुणाद्रूपोत्तराद्विभाज्यन्ते ।
साष्टा सप्ततिरेभिश्चतुर्भिराप्तांशकान् ब्रूहि ॥ ९९½ ॥
प्रथमादध्यर्धगुणाः पञ्चार्धगुणोत्तराणि रूपाणि । पञ्चाना पञ्चाशत्सैका चरणत्रयाभ्यधिका॥१००½॥
प्रथमात्पञ्चार्धगुणाश्चतुर्गुणोत्तरविहीनभागेन ।
भक्त नरैश्चतुर्भि. पञ्चदशोनं शतचतुष्कम् ॥ १०१½ ॥

समानुपाती भाग सम्बन्धी नियम, जहाँ मन से चुनी हुई कुछ पूर्णांक राशियों को जोड़ना अथवा घटाना होता है—

दी गई कुल राशि को जोड़ी जाने वाली पूर्णांक राशियों द्वारा ह्रासित किया जाता है, अथवा घटाई जानेवाली पूर्णांक धनात्मक राशियों में मिलाया जाता है । तब इस परिणामी राशि की सहायता से समानुपाती भाग की क्रिया की जाती है, और परिणामी समानुपाती भागों को क्रमश. उनमें जोड़ी जानेवाली पूर्णांक राशियों से मिला दिया जाता है, अथवा, वे उन घटाई जानेवाली पूर्णांक राशियों द्वारा क्रमश ह्रासित की जाती हैं ॥ ९७½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

चार मनुष्यों ने उत्तरोत्तर द्विगुणित समानुपाती भागों में और उत्तरोत्तर द्विगुणित अन्तरों वाले योग में अपने हिस्सों को प्राप्त किया । प्रथम मनुष्य को एक हिस्सा मिला । ६७ बाँटी जाने वाली राशि है । प्रत्येक के हिस्से क्या हैं ? ॥ ९८½ ॥ ७८ की रकम इन चार मनुष्यों में ऐसे समानुपाती भागों में वितरित की जाती है जो उत्तरोत्तर प्रथम से आरम्भ होकर प्रत्येक पूर्ववर्ती से १½ गुणे हैं और (योग में) जिनका अन्तर एक से आरम्भ होकर तिगुना वृद्धि रूप है । प्रत्येक के द्वारा प्राप्त भागों के मान बतलाओ । ॥ ९९½ ॥ पाँच मनुष्यों के हिस्से क्रमिकरूपेण प्रथम से आरम्भ होकर प्रत्येक पूर्ववर्ती से १½ गुने हैं, और योग में अन्तर की राशियाँ वे हैं जो उत्तरोत्तर (पूर्ववर्ती अन्तर) से २½ गुणी हैं । ५१¾ विभाजित की जाने वाली कुल राशि है । प्रत्येक के द्वारा प्राप्त भागों के मान बतलाओ ॥ १००½ ॥ ४०० ऋण १५ को चार मनुष्यों के बीच ऐसे भागों में विभाजित किया जाता है जो पहिले से आरम्भ होकर प्रत्येक पूर्ववर्ती से २½ गुणे हैं, और जो उन अंतरों द्वारा ह्रासित हैं जो उत्तरोत्तर पूर्ववर्ती अंतर से ४ गुने हैं । विभिन्न भागों के मानों के प्राप्त करो ॥१०१½॥

(९७½) समानुपाती भाग की क्रिया यहाँ ८७½ से ८९½ में दिये गये नियमों में से किसी भी एक के अनुसार की जा सकती है ।

(९८½) हिस्सों में जोड़ी जानेवाली अंतर राशि यहाँ १ है जो दूसरे मनुष्य के संबंध में है । यह दो शेष मनुष्यों में से प्रत्येक के लिये पूर्ववर्ती अंतर की दुगुनी है । यह अतर दूसरे मनुष्य के लिये स्पष्ट रूप से उल्लिखित नहीं है जैसा कि इस उदाहरण मे १ उल्लिखित है । १००½ वीं गाथा और १०१½ वीं गाथा के उदाहरण में भी स्पष्ट उल्लेख नहीं है ।

चत्वारिंशत् सैका समधनसंख्या षडेव चरमार्घः ।
आचक्ष्व गणक शीघ्रं ज्येष्ठधनं किं च कानि मूलानि ॥ १०५½ ॥
समधनसंख्या पञ्चत्रिंशद्भवन्ति यत्र दीनाराः ।
चत्वारश्चरमार्घो ज्येष्ठधनं किं च गणक कथय त्वम् ॥ १०६½ ॥

चरमार्घभिन्नजातौ समधनार्घानयनसूत्रम्—

तुल्यापच्छेदधनान्त्यार्घाभ्यां विक्रयक्रयार्घौ प्राग्वत् ।
छेदच्छेदकृतिघ्नावनुपातात् समधनानि भिन्नेऽन्त्यार्घे ॥ १०७½ ॥
अर्धत्रिपादभागा धनानि षट्पञ्चमांशकाश्चरमार्घः ।
एकार्घेण क्रीत्वा विक्रीय च समधना जाताः ॥ १०८½ ॥

पुनरपि अन्त्यार्घे भिन्ने सति समधनानयनसूत्रम्—

ज्येष्ठांशद्विहरहति सान्त्यहरा विक्रयोऽन्त्यमूल्यघ्नः ।
नैकोद्वयखिलहरघ्न स्यात्क्रयसंख्यानुपातोऽथ ॥ १०९½ ॥

जाती हैं वह ६ हैं । हे अंकगणितज्ञ ! मुझे शीघ्र बतलाओ कि कौन सी सबसे ऊंची लगाई गई रकम है और विभिन्न अन्य रकमें कौन-कौन हैं ? ॥ १०५½ ॥ उस दशा में जब कि ३५ दीनार समान धन राशि है, और ४ वह कीमत है जिस पर शेष वस्तुएं बेची जाती हैं, हे गणितज्ञ ! मुझे बतलाओ कि सबसे ऊंची लगाई जाने वाली रकम क्या है ? ॥ १०६½ ॥

जब अवशिष्ट कीमत (अन्त्य अर्घ) भिन्नीय रूप में हों तब समान बेचने की रकमें उत्पन्न करने वाली कीमतों के मान निकालने के लिये नियम—

अवशिष्ट-कीमत (अन्त्य अर्घ) भिन्नीय होने पर बेचने और खरीदने की दरों को पहिले की भाँति प्राप्त करते हैं जब कि लगाई गई रकमों और अवशिष्ट-कीमत को समान हर वाला बना कर उपयोग में लाते हैं । यह हर इस समय उपेक्षित कर दिया जाता है । तब इष्ट बेचने और खरीदने की दरों को प्राप्त करने के लिये इन बेचने और खरीदने की दरों को इस हर और हर के वर्ग द्वारा गुणित करते हैं । तब समान विक्रयोदय (बेचने की रकमों) को त्रैराशिक के नियम द्वारा प्राप्त करते हैं ॥ १०७½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी व्यापार में $\frac{1}{2}$, $\frac{3}{4}$, $\frac{1}{4}$ तीन व्यक्तियों द्वारा लगाई गई रकमें हैं । अवशिष्ट-कीमत (अन्त्यार्घ) $\frac{6}{5}$ है । उन्हीं कीमतों पर खरीदने और बेचने पर वे समान धन राशि वाले बन जाते हैं । बेचने की कीमत और खरीदने की कीमत तथा समान विक्रय-धन निकालो ॥ १०८½ ॥

जब अवशिष्ट-कीमत (अन्त्यार्घ) भिन्नीय हो तब समान विक्रयोदय (बेचने की रकमों) को निकालने के लिये दूसरा नियम—

सबसे बड़े अंश, दो और (लगाई गई मूल रकमों के प्राप्य) हरों का सतत गुणनफल जब अवशिष्ट-मूल्य के मान के हर में जोड़ा जाता है तब बेचने की दर उत्पन्न होती है । जब इसे अवशिष्ट-मूल्य (अन्त्यार्घ) से गुणित कर और १ द्वारा ह्रासित कर और फिर उत्तरोत्तर दो तथा समस्त हरों द्वारा गुणित किया जाता है, तब खरीदने की दर प्राप्त होती है । तत्पश्चात्, त्रैराशिक की सहायता से बेचने की रकमों (sale-proceeds) का साधारण मान प्राप्त होता है ॥ १०९½ ॥

१०५½) यहाँ आलोकनीय है कि इस नियमानुसार केवल सबसे बड़ी रकम निकाली जाती है । अन्य रकमें मन से चुन ली जाती हैं, ताकि वे सबसे बड़ी रकम से छोटी हों ।

अत्रोद्देशकः

अर्धं द्वौ त्र्यंशौ च त्रीन् पादांशांश्च संगृह्य ।
विक्रीय क्रीत्वान्ते पञ्चभिरंशैस्त्र्यंशकैः समानधनाः ॥ ११ ३ ॥

इष्टगुणेष्टसंख्यायामिष्टसंख्यासमर्पणानयनसूत्रम्—

अन्त्यपदे स्वगुणहृते क्षिपेदुपान्त्यं च तस्यान्त्यम् । तेनोपान्त्येन भजेदाद्यं तत्स्यान्मूलम् ॥११२½॥

अत्रोद्देशकः

कश्चिच्छ्रावकपुरुषश्चतुर्मुखं जिनगृहं समासाद्य ।
पूजां चकार भक्त्या सुरभीण्यादाय कुसुमानि ॥ ११२½ ॥
द्विगुणमभूदाद्यमुखे त्रिगुणं च चतुर्गुणं च पञ्चगुणम् ।
सर्वत्र पञ्च पञ्च च तत्सस्याम्भोरुहाणि कानि स्युः ॥ ११३½ ॥
द्वित्रिचतुर्भागगुणा पञ्चार्धगुणाश्चिपञ्चसप्ताष्टौ । भक्तैर्भक्त्यार्हेभ्यो दत्तान्यादाय कुसुमानि॥११४½॥

इति मिश्रकव्यवहारे प्रक्षेपककुट्टीकारः समाप्तः ।

---

१ M में श्लोक क्रम ११ ३ के पश्चात् निम्नलिखित श्लोक जोड़ा गया है, जो B में प्राप्य नहीं है :—

अर्धत्रिपादभागा धनानि षट्पञ्चमांशकान्त्यार्थं । एकार्घेण क्रीत्वा विक्रीय च समधना जाताः ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

२, ३, ६ क्रमशः व्यापार में लगाकर कोई वस्तु खरीदने और बेचने तथा ३ क्रय-विक्रय-मूल्य से तीन व्यापारी अंत में समान विक्रयोत्पन्न (बेचने की रकम) वाले हो जाते हैं। खरीद की कीमत बेचने की कीमत और बिक्री की तुल्य रकमें क्या क्या हैं ? ॥ ११ ३ ॥

ऐसे प्रश्न को हल करने के लिये नियम जिसमें मन से चुनी हुई संख्या बार चुने गये अपवर्त्यों में मन से चुनी हुई राशियाँ समर्पित की (दी) गई हों :—

उपांतिम राशि को अंतिम राशि की ही संवादी अपवर्त्य संख्या द्वारा विभाजित अंतिम राशि में जोड़ा जावे। इस क्रिया से प्राप्त फल को उस अपवर्त्य संख्या द्वारा विभाजित किया जावे जो कि इस दी गई उपांतिम राशि से संबंधित (associated) है। सब विविध दी गई राशियों के सम्बन्ध में इस क्रिया को करने पर इष्ट मूल राशि प्राप्त होती है। ॥ ११२½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी श्रावक ने चार दरवाजों वाले जिन मंदिर में (अपने साथ) सुगंधित फूल लेजाकर उन्हें पूजन में इस प्रकार भक्ति पूर्वक भेंट किये—चार दरवाजों पर क्रमशः वे दुगने हो गये तब तिगुने हो गये तब चौगुने हो गये और तब पाँचगुने हो गये। प्रत्येक द्वार पर उसने ५ फूल अर्पित किये बतलाओ कि उसके पास कुल कितने कमल के फूल थे ? ॥ ११२½–११३½ ॥ भक्तों द्वारा भक्ति पूर्वक फूल प्राप्त किये गये और पूजन में भेंट किये गये। फूल जो इस प्रकार भेंट किये गये उत्तरोत्तर ३, ५, ७ और ८ थे। उनकी संवादी अपवर्त्य राशियाँ क्रमशः ½, ⅓, ¼ और ⅖ थीं। फूलों की कुल मूल संख्या क्या थी ? ॥ ११४½ ॥

इस प्रकार मिश्रक व्यवहार में प्रक्षेपक कुट्टीकार नामक प्रकरण समाप्त हुआ।

वल्लिकाकुट्टीकारः

इतः परं वल्लिकाकुट्टीकारगणितं व्याख्यास्यामः । कुट्टीकारे वल्लिकागणितन्यायसूत्रम्—

छित्त्वा छेदेन राशिं प्रथमफलमपोह्याप्तमन्योन्यभक्तं
स्थाप्योर्ध्वाधर्यतोऽधो मतिगुणमयुजाल्पेऽवशिष्टे धनर्णम् ।
छित्त्वाधः स्वोपरिघ्नोपरियुतहरभागोऽधिकाग्रस्य हारं
छित्त्वा छेदेन साग्रान्तरफलमधिकाग्रान्वितं हारघातम् ॥ ११५½ ॥

वल्लिका कुट्टीकार

इसके पश्चात् हम वल्लिका कुट्टीकार* नामक गणना विधि की व्याख्या करेंगे ।

कुट्टीकार सम्बन्धी वल्लिका नामक गणना विधि के लिये नियम—

दी गई राशि (समूह वाचक सख्या) को दिये गये भाजक द्वारा विभाजित करो । प्रथम भजनफल को अलग कर दो । तब (विभिन्न परिणामी शेषों द्वारा विभिन्न परिणामी भाजकों के उत्तरोत्तर भाग से प्राप्त विभिन्न) भजनफलों को एक दूसरे के नीचे रखो, और फिर इसके नीचे मन से चुनी हुई संख्या रखो जिससे कि (उत्तरोत्तर भाग की उपर्युक्त विधि में) अयुग्म स्थिति क्रमवाले अल्पतम शेष को गुणित किया जाता है; और तब इसके नीचे इस गुणनफल को (प्रश्नानुसार दी गई ज्ञात संख्या द्वारा) बढ़ाकर या ह्रासित कर और तब (उपर्युक्त उत्तरोत्तर भाग की विधि में अन्तिम भाजक द्वारा) भाजित कर रखो । इस प्रकार वल्लिका अर्थात् बेलि सरीखी अंकों की श्रृङ्खला प्राप्त होती है । इसमें श्रृङ्खला की निम्नतम सख्या को, (इसके ठीक ऊपर की संख्या में ऊपर के ठीक ऊपर की संख्या का गुणन करने से प्राप्त) गुणनफल में जोड़ते हैं । ऐसी रीति को तब तक करते जाते हैं जब तक कि पूरी श्रृङ्खला समाप्त नहीं हो जाती है । यह योग पहिले ही दिये गये भाजक से भाजित किया जाता है । [इस अन्तिम भाजन में 'शेष' गुणक बन जाता है जिसमें, (इस प्रश्न में बतलाई गई विधि में) विभाजित या वितरित की जाने वाली राशि को प्राप्त करने के लिये, पहिले दी गई राशि (समूह वाचक सख्या) का गुणा किया जाता है । परन्तु, जो एक से अधिक बार बढ़ाई गई अथवा ह्रासित की गई हों, ऐसी दी गई राशियों (समूह वाचक सख्याओं) को एक से अधिक समानुपात में विभाजित करना पड़ता है । यहाँ दो विशिष्ट विभाजनों में से कोई एक के सम्बन्ध में प्राप्त] अधिक बड़ा समूह वाचक मान सम्बन्धी भाजक को (छोटे समूह वाचक मान सम्बन्धी) भाजक द्वारा ऊपर बतलाये अनुसार भाजित किया जाता है ताकि उत्तरोत्तर भजनफलों की लता के समान श्रृङ्खला पूर्व क्रम अनुसार इस दशा में भी प्राप्त हो जावे । इस श्रृंखला में निम्नतम भजनफल के नीचे, इस अन्तिम उत्तरोत्तर में भाग में अयुग्म स्थिति क्रमवाले अल्पतम शेष के मन से चुने हुए गुणक को रखा जाता है, और फिर इसके नीचे पहिले बतलाए हुए दो समूह वाचक मानों के अन्तर को ऊपर मन से चुने हुए गुणक द्वारा गुणित कर,

---

*वल्लिका कुट्टीकार कहने का कारण यह है कि इस नियम में समझाई गई कुट्टीकार की विधि लता समान अंकों की श्रृंखला पर आधारित होती है ।

(११५½) गाथा ११७½ वीं का प्रश्न साधित करने पर यह नियम स्पष्ट हो जावेगा । यहाँ कथन किया गया है कि ७ अलग फलों सहित ६३ केलों के ढेर २३ मनुष्यों में ठीक-ठीक भाजन योग्य हैं । एक ढेर में फलों की संख्या निकालना है । यहाँ ६३ को 'समूह वाचक सख्या' (राशि) कहा जाता है, और प्रत्येक में स्थित फलों के संख्यात्मक मान को 'समूह वाचक मान' कहा जाता है । इसी 'समूह

अन्तिम अयुग्म स्थिति क्रम वाले अल्पतम शेष में जोड़कर परिणामी योगफल को ऊपर की भाजन शृंखला के अन्तिम भाजक द्वारा विभाजित करने के पश्चात् प्राप्त संख्या को रखना चाहिये । इस प्रकार इस चाप

वाचक मान' को निकालना इष्ट होता है । अब इस नियम के अनुसार हम पहिले राशि अथवा समूह वाचक संख्या ६१ को छेद अथवा भाजक २१ द्वारा भाजित करते हैं, और तब हम जिस प्रकार दो संख्याओं का महत्तम समापवर्त्य निकालते हैं उसी प्रकार की भाग विधि को यहाँ जारी रखते हैं ।

```
२१ ) ६१ ( २
     ४२                          १
     १७ ) २१ ( १                 २
          १७                     १
           ४ ) १७ ( २            ४
               १२
                ५ ) ४ ( १
                    ५
                    १ ) ५ | ४
                        ४
                        १
```

यहाँ हम पाँचवें शेष के साथ ही भाग रोक देते हैं, क्योंकि यह भाजन की श्रेणियों में अयुग्म स्थिति क्रम वाला अल्पतम शेष है ।

```
१—५१
२—१८
१—११
४—१२
१
८
```

यहाँ प्रथम भजनफल २ को उपेक्षित कर दिया जाता है अन्य भजनफल बाजू के स्तम्भ में एक पंक्ति में एक के नीचे एक लिखे गये हैं । अब हमें एक ऐसी संख्या चुनना पड़ती है जो जब अन्तिम शेष १ के द्वारा गुणित की जाती है, और फिर ७ में जोड़ी जाती है, तो वह अन्तिम भाजक १ के द्वारा भाजन योग्य होती है । इसलिये हम १ को चुनते हैं, जो स्तम्भ में अन्तिम अंक के नीचे लिखा हुआ है । इस चुनी हुई संख्या के नीचे फिरसे चुनी हुई संख्या की सहायता से, उपर्युक्त भाग में प्राप्त भजनफल लिखा जाता है । इस प्रकार हमें बाजू में प्रथम स्तम्भ के अंकों में शृंखला अथवा वल्लिका प्राप्त हो जाती है । तब हम शृंखला के नीचे सब अन्तिम अंक अर्थात् १ को लिखकर उसके ऊपर के अंक ४ द्वारा गुणित करते हैं, और ८ जोड़ते हैं । यह ८, शृंखला की अंतिम संख्या है । परिणामी १२ इस तरह लिख दिया जाता है ताकि वह ४ के संवादी स्थान में हो । तत्पश्चात् इस १२ को वल्लिका शृंखला में उसके ऊपर के अंक १ द्वारा गुणित करते हैं और १ जोड़ने पर (जो कि उसके उसी प्रकार नीचे है) हमें ११ एक के संवादी स्थान में प्राप्त होता है । इसी प्रकार, क्रिया को जारी रखकर हमें १८ और ५१ भी प्राप्त होते हैं जो २ और १ के संवादी स्थान में प्राप्त किये जाते हैं । इस ५१ को २१ द्वारा भाजित किया जाता है, और शेष ५ एक गुच्छे में फलों की अल्पतम संख्या दर्शित होती है । निम्नलिखित बीजीय निरूपण द्वारा इस नियम का मूलभूत सिद्धान्त (rationale) स्पष्ट हो जायेगा—

$$\frac{बाक + ब}{आ} = न \text{ (आ एक पूर्णांक है)} = फ_1 क + प_1 \quad \text{जहाँ } प_1 = \frac{(बा - आफ_1) क + ब}{आ}$$

$$क = \frac{आप_1 - ब}{र_1} \text{ (जहाँ } र_1 = बा - आफ_1 \text{ जो प्रथम शेष है)} = फ_2 प_1 + प_2, \text{ जहाँ } प_2$$

$= \frac{र_2 प_1 - ब}{र_1}$, और $फ_2$ दूसरा भजनफल है तथा $र_2$ दूसरा शेष है ।

इसलिये $प_1 = \frac{र_1 प_2 + ब}{र_2} = फ_3 प_2 + प_3$ जहाँ $प_3 = \frac{र_3 प_2 + ब}{र_2}$ और $फ_3$ तीसरा भजनफल तथा $र_3$ तीसरा शेष है ।

के मिश्रित प्रश्न के हल के लिये इष्ट लता समान अंकों की श्रृङ्खला प्राप्त की जाती है। यह श्रृङ्खला पहिले की भाँति नीचे से ऊपर की ओर बर्ती जाती है और, पहिले की तरह, परिणामी संख्या को इस

इसी तरह, $प_2 = \frac{र_2 \, प_3 - ब}{र_3} = फ_4 \, प_3 + प_4$, जहाँ $प_4 = \frac{र_4 \, प_3 - ब}{र_3}$ है; $प_3 = \frac{र_3 \, प_4 + ब}{र_4}$ $= फ_5 \, प_4 + प_5$, जहाँ $प_5 = \frac{र_5 \, प_4 + ब}{र_4}$ है। इस प्रकार हमें निम्नलिखित सम्बन्ध प्राप्त होते हैं—

$क = फ_2 \, प_1 + प_2, \; प_1 = फ_3 \, प_2 + प_3, \; प_2 = फ_4 \, प_3 + प_4, \; प_3 = फ_5 \, प_4 + प_5,$

$प_4$ का मान इस तरह चुनते हैं ताकि $\frac{र_5 \, प_4 + ब}{र_4}$ (जोकि उपर बतलाए अनुसार $प_5$ का मान है), एक पूर्णांक बन जावे। इस प्रकार, श्रृंखला $फ_2$, $फ_3$, $फ_4$, $प_4$ और $प_5$ को जमाते हैं जिससे क का मान प्राप्त हो जाता है, अर्थात् ऊपरी राशि की गुणन विधि को तथा श्रृंखला की निम्नतर राशि की जोड विधि को सबसे ऊपर की राशि तक ले जाकर क का मान प्राप्त करते हैं। क का मान इस प्रकार प्राप्त कर, उसे आ के द्वारा विभाजित करते हैं। प्राप्त शेष, क की अल्पतम अर्हा को निरूपित करता है; क्योंकि क के वे मान जो समीकार $\frac{बाक + ब}{आ}$ = कोई पूर्णांक, का समाधान करते हैं, सब समान्तर श्रेढि में होते हैं जहाँ प्रचय (common difference) आ होता है।

इस नियम के द्वारा वे प्रश्न भी हल किये जा सकते हैं जहाँ दो या दो से अधिक दशायें दी गई रहती हैं। ऐसे प्रश्न गाथाओं १२१½ से लेकर १२९½ तक दिये गये हैं। १२१½ वीं गाथा का प्रश्न इस नियम के अनुसार इस प्रकार हल किया जा सकता है—

दिया गया है कि फलों का एक ढेर जब ७ द्वारा ह्रासित किया जाता है तब वह ८ मनुष्यों में ठीक-ठीक भाजन योग्य हो जाता है, और वही ढेर जब ३ द्वारा ह्रासित किया जाता है तब १३ मनुष्यों में ठीक-ठीक भाजन योग्य हो जाता है। अब उपर्युक्त रीति द्वारा सबसे पहिले फलों की अल्पतम संख्या को निकाला जाता है जो प्रथम दशा का समाधान करे, और तब फलों की वह संख्या निकाली जाती है जो दूसरी दशा का समाधान करे। इस प्रकार, हमें क्रमश १५ और १६ समूह वाचक मान प्राप्त होते हैं। अब अधिक बडे समूह वाचक मान सम्बन्धी भाजक को छोटे समूह वाचक मान सम्बन्धी भाजक द्वारा विभाजित किया जाता है ताकि नयी वल्लिका (श्रृंखला) प्राप्त हो जावे। इस प्रकार, १३ को ८ द्वारा विभाजित करने पर और भाग को जारी रखने पर हमें निम्नलिखित प्राप्त होता है—

```
८)१३(१
  ८            १
  ५)८(१        १
    ५          १
    ३)५(१      १
      ३        १
      २)३(१    २
        २
        १)२(१
          १
          १
```

इसके द्वारा वल्लिका श्रृंखला इस प्रकार प्राप्त होती है—

१ को 'मति' चुनकर, और पहिले ही प्राप्त दो समूह मानों के अंतर (१६-१५) को अर्थात् १ को मति और अंतिम भाजक के गुणनफल में जोडते हैं। इस योग को अंतिम भाजक द्वारा भाजित करने पर हमें २ प्राप्त होता है जिसे वल्लिका (श्रृंखला) में मति के नीचे लिखना होता है। तब, वल्लिका के साथ पहिले की रीति करने पर हमें ११ प्राप्त होता है, जिसे प्रथम भाजक ८ द्वारा भाजित करने पर शेष ३ बच रहता है। इसे अधिक बडे समूहमान सम्बन्धी भाजक १३ द्वारा गुणित कर, अधिक बडे समूहमान में जोड दिया जाता है (१३ × ३ + १६ = ५५)। इस प्रकार ढेर में फलों की संख्या ५५ प्राप्त होती है।

अन्तिम भाजन भजनफल के प्रथम भाजक द्वारा विभाजित करते हैं। (इस क्रिया में प्राप्त) शेष को (अधिक बड़े समूह वाचक मान सम्बन्धी) भाजक द्वारा गुणित करते हैं और परिणामी गुणनफल में इस अधिक बड़े समूह वाचक मान को जोड़ देते हैं। (इस प्रकार दी गई समूह संख्या के इस गुणक का मान प्राप्त किया जाता है, जो दो विचाराधीन विशिष्ट विभाजनों का समाधान करता है) ॥११५½॥

इस विधि का मूल भूत सिद्धान्त (rationale) निम्नलिखित विमर्श से स्पष्ट हो जावेगा—

(१) $\frac{ब_1 क + स_1}{आ_1}$ पूर्णांक है, (२) $\frac{ब_2 क + स_2}{आ_2}$ पूर्णांक है और (३) $\frac{ब_3 क + स_3}{आ_3}$ पूर्णांक है।

(१) में मानलो क का अल्पतम मान $= स_1$ है।

(२) में मानलो क का अल्पतम मान $= स_2$ है।

(३) में मानलो क का अल्पतम मान $= स_3$ है।

(४) जब (१) और (२) दोनों का समाधान करना पड़ता है, तब $दआ_1 + स_1$ को $यआ_2 + स_2$ के तुल्य होना पड़ता है, ताकि $स_1 - स_2 = यआ_2 - दआ_1$ हो; अर्थात्, $\frac{आ_1 द + (स_1 - स_2)}{आ_2} = य$, हो।

अज्ञात मानवाली राशियों द और य सहित होने से अनिर्धार्य (indeterminate) समीकरण (४) से, जैसा कि पहले ही सिद्ध किया जा चुका है उसके अनुसार, द के अल्पतम धनात्मक पूर्णांक को प्राप्त कर सकते हैं। द के इस मान को $आ_1$ द्वारा गुणित करने, और तब $स_1$ में जोड़ने पर क का मान प्राप्त होता है जो (१) और (२) का समाधान करता है।

मानलो यह स है, और इन दोनों समीकारों का समाधान करने वाला क का और अधिक बड़ा मान मानलो $स_4$ है।

(५) अब, $स_1 + नआ_1 = स_4$ है,

(६) और, $स + मआ_2 = स_4$ है।

$\frac{आ_1}{आ_2} = \frac{म}{न}$ इस प्रकार, $आ_1 = म\ प$, और $आ_2 = न\ प$, जहाँ $आ_1$ और $आ_2$ का सबसे बड़ा साधारण गुणनखंड (म० स०) प है। $म = \frac{आ}{प}$, और $म = \frac{आ}{प}$

(५) अथवा (६) में इनका मान रखने पर, $स_1 + \frac{आ_1 आ_2}{प} = स_4$ होता है।

इससे स्पष्ट है कि क का दूसरा उच्चतर मान जो दो समीकरणों का समाधान करता है वह $आ_1$ और $आ_2$ के लघुतम समापवर्त्य को निम्नतर मान में जोड़ने पर प्राप्त होता है।

फिर से मानलो तीनों सभी समीकारों का समाधान करने वाले क का मान व है।

तब $व = स_1 + \frac{आ_1 आ_2}{प} \times र$, (जहाँ र धनात्मक पूर्णांक है) = (मानलो) $स_1 + घर$ और

$व = स_3 + य\ आ_3 = स_1 + घ\ र$, $र = \frac{य\ आ_3 + स_3 - स_1}{घ}$ होगा।

पिछले समीकार में वर्णित कुट्टीकार के सिद्धान्त का प्रयोग करने पर व का मान प्राप्त हो जाता

अत्रोद्देशकः

जम्बूजम्बीररम्भाक्रमुकपनसखर्जूरहिन्तालताली–
पुन्नागाम्राद्यनेकद्रुमकुसुमफलैर्नम्रशाखाधिरूढम् ।
भ्राम्यद्भृंगाब्जवापीशुकपिककुलनानाध्वनिव्याप्तदिक्कं
पान्था श्रान्ता वनान्तं श्रमनुदममलं ते प्रविष्टा प्रहृष्टाः ॥ ११६½ ॥
राशिस्त्रिषष्टिः कदलीफलानां संपीड्य संक्षिप्य च सप्तभिस्तैः ।
पान्थैस्त्रयोविंशतिभिर्विशुद्धा राशेस्त्वमेकस्य वद प्रमाणम् ॥ ११७½ ॥
राशीन् पुनर्द्वादश दाडिमानां समस्य संक्षिप्य च पञ्चभिस्तैः ।
पान्थैर्नरैर्विंशतिभिर्निरेकैर्भक्तांस्तथैकस्य वद प्रमाणम् ॥ ११८½ ॥
दृष्ट्वाम्रराशीन् पथिको यथैकत्रिंशत्समूहं कुरुते त्रिहीनम् ।
शेषे हृते सप्ततिभिस्त्रिभिश्चैर्नरैर्विशुद्धं कथयैकसंख्याम् ॥ ११९½ ॥
दृष्टाः सप्तत्रिंशत्कपित्थफलराशयो वने पथिकैः ।
सप्तदशापोह्य हृते व्येकाशीत्यांशकप्रमाणं किम् ॥ १२०½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी वन का प्रकाशवान और ताजगी लाने वाला सीमास्थ (outskirts) बहुत से ऐसे वृक्षों से पूर्ण था जिनकी शाखायें फल-फूल के भार से नीचे झुक गई थीं। ऐसे वृक्षों में जम्बू, जम्बीर, रम्भा, क्रमुक, पनस, खजूर, हिन्ताल, ताली, पुन्नाग और आम (समाविष्ट) थे। वह स्थान तोतों और कोयलों की ध्वनि से व्याप्त था। तोते और कोयलें ऐसे झरनों के किनारे पर थीं जिनमें कमलों पर भ्रमर भ्रमण कर रहे थे। ऐसे वनान्त में कुछ थके हुए यात्रियों ने सानन्द प्रवेश किया ॥ ११६½ ॥

केलों की ६३ ढेरियाँ और ७ केले के फल २३ यात्रियों में बराबर-बराबर बाँट दिये गये जिससे कुछ भी शेष न बचा। एक ढेरी में फलों की संख्या बतलाओ ॥ ११७½ ॥

फिर से, अनार की १२ ढेरियाँ और ५ अनार के फल उसी तरह १९ यात्रियों में बाँटे गये। एक ढेरी में कितने अनार थे ? ॥ ११८½ ॥

एक यात्री ने आमों की बराबर फलों वाली ढेरियाँ देखीं। ३१ ढेरियाँ ३ फलों द्वारा ह्रासित कर दी गईं। जब शेषफल ७३ व्यक्तियों में बराबर-बराबर बाँट दिये गये तो शेष कुछ भी न रहा। इन ढेरियों में से किसी भी एक में कितने फल थे ? ॥ ११९½ ॥

वनमें यात्रियों द्वारा ३७ कपित्थ फल की ढेरियाँ देखी गईं। १७ फल अलग कर दिये गये शेषफल ७९ व्यक्तियों में बराबर-बराबर बाँटने पर कुछ भी शेष न रहा। प्रत्येक को कितने-कितने फल मिले ? ॥ १२०½ ॥

है, और तब व का मान सरलता पूर्वक निकाला जा सकता है।

इससे यह देखा जाता है कि जब व का मान निकालने के लिये हम $त_1$ और $स_3$ को कुट्टीकार विधि के अनुसार बर्तते हैं; तब छेद अथवा भाजक को $त_1$ के सम्बन्ध में $\frac{आ_1 आ_2}{प}$ लेना पड़ता है, अथवा, प्रथम दो समीकारों में भाजकों के लघुत्तम समापवर्त्य को लेना पड़ता है।

दृष्ट्वाम्रराशिमपहाय च सप्त पश्चाद्भक्तेऽष्टभिः पुनरपि प्रविहाय तस्मात् ।
त्रीणि त्रयोदशभिरुद्धृते विशुद्धं पान्थैर्वने गणक मे कथयैकराशिम् ॥ १२१½ ॥
द्वाभ्यां त्रिभिश्चतुर्भिः पञ्चभिरेकः कपित्थफलराशिः ।
भक्तो रूपाग्रस्तत्प्रमाणमाचक्ष्व गणितज्ञ ॥ १२२½ ॥
द्वाभ्यामेकस्त्रिभिर्द्वौ च चतुर्भिर्भाजिते त्रयः । चत्वारि पञ्चभिः शेषः को राशिर्वद मे प्रिय ॥१२३½॥
द्वाभ्यामेकस्त्रिभिश्शुद्धश्चतुर्भिर्भाजिते त्रयः । चत्वारि पञ्चभिः शेषः को राशिर्वद मे प्रिय ॥१२४½॥
द्वाभ्यां निरग्र एकाग्रस्त्रिभिर्नोभो विभाजितः । चतुर्भिः पञ्चभिर्भक्तो रूपाग्रो राशिरेष कः ॥१२५½॥
द्वाभ्यामेकस्त्रिभिः शुद्धश्चतुर्भिर्भाजिते त्रयः । निरग्रः पञ्चभिर्भक्तः को राशिः कथयाधुना ॥१२६½॥
दृष्टा जम्बूफलानां पथि पथिकजनै राशयस्तत्र राशी
द्वौ भ्रमणौ तौ नवानां त्रय इति पुनरेकादशानां विभक्ताः ।
पञ्चाग्रास्ते यतीनां चतुरधिकतराः पञ्च ते सप्तकानां
कुट्टीकारार्थविन्मे कथय गणक संचिन्त्य राशिप्रमाणम् ॥ १२७½ ॥
वनान्तरे दाडिमराशयस्ते पान्थैस्त्रयः सप्तभिरेकशेषाः ।
सप्त त्रिशेषा नवभिर्विभक्ताः पञ्चाष्टभिः के गणक द्विरग्राः ॥ १२८½ ॥

वन में आमों की ढेरियाँ देखने के बाद और उनमें ७ फल निकालने के पश्चात् उन्हें ८ यात्रियों में बराबर-बराबर बाँट दिया गया। और जब फिर से, उन्हीं ढेरियों में से ३ फल निकाल लिये गये तब उन्हें १३ यात्रियों में बाँट दिया गया। दोनों दशाओं में कुछ भी शेष न रहा। हे गणितज्ञ! एक केवल एक ढेरी का संख्यात्मक मान (फलों की संख्या) बतलाओ ॥ १२१½ ॥

कपित्थ फलों की केवल एक ढेरी के फलों को २, ३, ४ अथवा ५ मनुष्यों में विभाजित करने पर प्रत्येक दशा में शेष १ बचता है। हे गणितवेत्ता! उस ढेरी में फलों की संख्या बतलाओ ॥ १२२½ ॥

जब २ द्वारा भाजित हो तब शेष १ रहता है, जब ३ द्वारा भाजित हो तब शेष २, जब ४ द्वारा तब शेष ३, जब ५ द्वारा तब शेष ४ है। हे मित्र! ऐसी ढेरी में कितने फल हैं? ॥ १२३½ ॥

जब २ द्वारा भाजित हो तब शेष १ है, जब ३ द्वारा तब शेष कुछ नहीं है, जब ४ द्वारा तब शेष ३ है, जब ५ द्वारा तब शेष ४ है। ढेरी का संख्यात्मक मान बतलाओ ॥ १२४½ ॥

जब २ द्वारा भाजित हो तब शेष कुछ नहीं है, जब ३ द्वारा तब शेष १, जब ४ द्वारा तब शेष कुछ नहीं है; और जब ५ द्वारा भाजित हो तब शेष १ रहता है। यह राशि क्या है? ॥ १२५½ ॥

जब २ द्वारा भाजित हो तब शेष १ है, जब ३ द्वारा तब शेष कुछ नहीं है, जब ४ द्वारा तब शेष ३ और जब ५ द्वारा भाजित हो तब शेष कुछ नहीं है। यह राशि कौन है? ॥ १२६½ ॥

रास्ते में यात्रियों ने जम्बू फलों की कुछ बराबर ढेरियाँ देखीं। उनमें से २ ढेरियाँ ९ साधुओं में बराबर-बराबर बाँटने पर ३ फल शेष रहे। फिर से ३ ढेरियाँ इसी प्रकार ११ व्यक्तियों में बाँटने पर ५ फल शेष बचे। पुनः ५ ढेरियों को ७ व्यक्तियों में बराबर बाँटनेपर शेष ४ फल बचे। हे विभाजन की कुट्टीकार विधि को जानने वाले अंकगणितज्ञ! ठीक तरह सोचकर ढेरी का संख्यात्मक मान बतलाओ ॥ १२७½ ॥

वन के अन्दर में अनार की ३ बराबर ढेरियाँ ७ यात्रियों में बराबर बाँट देने पर १ फल शेष रहता है, ७ ऐसी ढेरियाँ इसी प्रकार ९ में बाँटने पर शेष ३ फल, और पुनः ५ ऐसी ढेरियाँ ८ में बाँट देने पर २ फल बचते हैं। हे अंकगणितज्ञ! प्रत्येक का संख्यात्मक मान बतलाओ ॥ १२८½ ॥

भक्ता द्वियुक्ता नवभिस्तु पञ्च युक्ताश्चतुर्भिश्च षडष्टभिस्तैः।
पान्थैर्जनैः सप्तभिरेकयुक्ताश्चत्वार एते कथय प्रमाणम् ॥ १२९½ ॥

अग्रशेषविभागमूलानयनसूत्रम्—

शेषांशाग्रवधो युक् स्वाग्रेणान्यस्तदंशकेन गुणः। यावद्भागास्तावद्विच्छेदाः स्युस्तदग्रगुणाः॥१३०½॥

समान फलों की संख्या वाली ५ ढेरियाँ थीं, जिनमें २ फल मिलाने के पश्चात् ९ यात्रियों में बाँटने पर कुछ न रहा। ६ ऐसी ढेरियों में ४ फल मिलाने के पश्चात् उसी प्रकार ८ में बाँटने पर, और ४ ढेरियों में १ फल मिलाकर उसी प्रकार ७ में बाँटने पर शेष कुछ न रहा। ढेरी का सख्यात्मक मान बतलाओ ॥ १२९½ ॥

इच्छानुसार वितरित मूल राशि को निकालने के लिये नियम, जब कि कुछ विशिष्ट ज्ञात राशियों को हटाने पर शेष को प्राप्त किया जाता है —

हटाई जाने वाली (दी गई) ज्ञात राशि और (दी गई ज्ञात राशि को दे चुकने पर) जो शेष विशिष्ट भिन्नीय भाग बच रहता है उसका भिन्नीय समानुपात—इन दोनों का गुणनफल प्राप्त करो। इसके बाद की राशि, इस गुणनफल में पिछले शेष में से निकाली जाने वाली विशिष्ट ज्ञात राशि को जोड़कर प्राप्त की जाती है। और, इस परिणामी योग को उसी प्रकार के ऊपर कथित शेष के शेष रहने वाले भिन्नीय समानुपात द्वारा गुणित किया जाता है। यह उतने बार करना पड़ता है जितने कि वितरण करने पड़ते हैं। तत्पश्चात् इस तरह प्राप्त राशियों के हरों को अलग कर देना चाहिये। हर रहित राशियों और शेष के ऊपर कथित शेष रहने वाले भिन्नीय समानुपात के उत्तरोत्तर गुणनफलों को ज्ञात राशि और (अन्य तत्त्व, जैसे, अज्ञात राशि का गुणाक) अपवर्त्य (तथा भाजक के नाम से वल्लिका कुट्टीकार के प्रश्न में) उपयोग में लाते हैं ॥ १३०½ ॥

(१३०½) यहाँ हटाई जाने वाली ज्ञात राशि अग्र कहलाती है। अग्र के हटाने के पश्चात् जो बच रहता है वह 'शेष' कहलाता है। जो दिया अथवा लिया जाता है ऐसे शेष के भिन्न को अग्रांश कहते हैं, और अग्रांश के दिये अथवा लिये जानेपर जो शेष बच रहता है वह शेषांश अथवा शेष का शेष रहनेवाला भिन्नीय समानुपात कहलाता है, जैसे, जहाँ क का मान निकालना पड़ता है, और 'अ' विभाजित हुए भिन्नीय समानुपात $\frac{१}{३}$ को लेकर प्रथम विभाजन सम्बन्धी अग्र है, वहाँ $\frac{क - अ}{३}$ अग्रांश है और $(क - अ) - \frac{क - अ}{३}$ शेषांश है। १३२½ – १३३½ वीं गाथा के प्रश्न को हल करने पर यह नियम स्पष्ट हो जावेगा—

यहाँ १ पहिला अग्र है, और $\frac{१}{३}$ पहिला अग्रांश है, इसलिये $(१ - \frac{१}{३})$ या $\frac{२}{३}$ शेषांश है। अब, अग्र और शेषांश का गुणनफल $१ \times \frac{२}{३}$ या $\frac{२}{३}$ है। इसे दो स्थानों में लिखो, यथा—

$\left\{ \begin{matrix} २/३ \\ २/३ \end{matrix} \right\}$ . . . . (१)

अब राशियों, $\left\{ \begin{matrix} २/३ \\ २/३ \end{matrix} \right\}$ की पुनरावृत्ति करो; किसी एक राशि में दूसरे अग्र १ को जोड़ दो। तब हमें $\left\{ \begin{matrix} ५/३ \\ २/३ \end{matrix} \right\}$ प्राप्त होता है। दोनों को दूसरे शेषांश अर्थात् $१ - \frac{१}{३}$ या $\frac{२}{३}$ द्वारागुणित करो, ताकि $\left\{ \begin{matrix} १०/९ \\ ४/९ \end{matrix} \right\}$ प्राप्त हो। . . . . (२)

इन अंकों को लेकर पहिले की तरह तीसरे अग्र १ को जोड़ो जिससे $\left\{ \begin{matrix} १९/९ \\ ४/९ \end{matrix} \right\}$ प्राप्त होगा।

अत्रोद्देशक

आनीतवत्याम्रफलानि पुंसि प्रागेकमादाय पुनस्तदर्धम् ।
गतेऽग्रपुत्रे च तथा ह्यथन्यस्तत्रावशेषार्धमथो तमन्य' ॥ १३१½ ॥
प्रविश्य जैनं भवनं त्रिपुरुषं प्रागेकमभ्यर्च्य जिनस्य पादे' ।
शेषत्रिभागं प्रथमेऽनुमाने तथा द्वितीये च तृतीयके तथा ॥ १३२½ ॥
शेषत्रिभागद्वयतश्च शेषमर्चयतस्तूर्य चापि तत्त्रिभागान् ।
कृत्वा चतुर्विंशतितीर्थनाथान् समर्चयित्वा गतवान् विशुद्ध' ॥ १३३½ ॥
इति मिश्रकव्यवहारे साधारणकुट्टीकारः समाप्तः ।

---

१ हस्तलिपि में पादौ शब्द है जो यहाँ शुद्ध प्रतीत नहीं होता है । B में पादे के स्थान पर के अन् पाठ है ।

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी मनुष्य द्वारा घर पर आम्र फलों को लाने पर उसके बड़े पुत्र ने पहिले एक फल लिया और तब शेष के आधे लिये । बड़े लड़के के जाने पर छोटे लड़के ने भी शेष में से उसी प्रकार फल लिये । (उसने, तत्पश्चात्, जो शेष रहा उसका आधा लिया); और अन्य पुत्र ने शेष आधे लिये । पिता के द्वारा लाये हुए फलों की संख्या निकालो । ॥ १३१½ ॥ कोई मनुष्य फूल लेकर ऐसे जिन-मंदिर में गया जो मनुष्य की ऊँचाई से तिगुना ऊँचा था । पहिले उसने इन फूलों में से पूजन में जिन भगवान् के चरणों में एक फूल चढ़ाया, और तब पूजन में शेष फूलों के एक तिहाई जिन भगवान् की प्रथम ऊँचाई-माप वाली प्रतिमा के चरणों में भेंट किये । शेष दो तिहाई फूलों में से उसने उसी प्रकार द्वितीय ऊँचाई-माप वाली प्रतिमा के चरणों में भेंट किये और तब उसी प्रकार तीसरी ऊँचाई-माप वाली प्रतिमा के चरणों में भेंट किये । अंत में जो दो तिहाई बचे वे भी तीन बराबर भागों में बाँटे गये और इन भागों में से एक-एक भाग आठ-आठ तीर्थंकरों को (इस प्रकार कुल २४ तीर्थंकरों को) भेंट करने पर उसके पास एक भी फूल न बचा । बतलाओ उसके पास कितने फूल थे ? ॥ १३२½–१३३½ ॥

इस प्रकार मिश्रक व्यवहार में साधारण कुट्टीकार नामक प्रकरण समाप्त हुआ ।

दूसरे शेषांश १ – ⅓ या ⅔ द्वारा और अन्तिम अंश या ⅔ द्वारा गुणित करने से $\left\{ \begin{matrix} १८/८१ \\ ८/८१ \end{matrix} \right\}$ प्राप्त होगा । (३)

(१) (२), (३) द्वारा दर्शाये गये भिन्नों की इन तीन राशियों में प्रथम भिन्नों के हरों को प्रथम कर देते हैं और अंश वास्तव। कुट्टीकार में ऋणात्मक क्रम निरूपित करते हैं वहाँ इन राशियों में दूसरे भिन्नों में से प्रत्येक अंश और हर क्रमशः भाज्य गुणक और भाजक का निरूपण करते हैं । इस प्रकार, $\frac{३ क - १}{३}$ पूर्णांक, $\frac{४ क - १}{९}$ पूर्णांक और $\frac{८ क - १८}{८१}$ पूर्णांक प्राप्त होते हैं । इन तीन दशाओं को समाधानित करनेवाला क का मान फूलों की संख्या होती है ।

विषमकुट्टीकारः

इतः परं विषमकुट्टीकारं व्याख्यास्यामः । विषमकुट्टीकारस्य सूत्रम्—
मतिसंगुणितौ छेदौ योज्योनत्याज्यसंयुतौ राशिहृतौ ।
भिन्ने कुट्टीकारे गुणकारोऽयं समुद्दिष्टः ॥ १३४½ ॥

अत्रोद्देशकः

राशिः षट्केन हतो दशान्वितो नवहृतो निरवशेषः ।
दशभिर्हीनश्च तथा तद्गुणकौ[1] कौ ममाशु संकथय ॥ १३५½ ॥

---

१ B गुणकारौ ।

विषम कुट्टीकार*

इसके पश्चात् हम विषम कुट्टीकार की व्याख्या करेंगे ।

विषम कुट्टीकार सम्बन्धी नियम :—

दिया हुआ भाजक दो स्थानों में लिख लिया जाता है, और प्रत्येक स्थान में मन से चुनी हुई संख्या द्वारा गुणित किया जाता है । (इस प्रश्न में) जोड़ने के लिये दी गई (ज्ञात) राशि इन स्थानों के किसी एक गुणनफल में से घटाई जाती है । घटाई जाने के लिये दी गई राशि अन्य स्थान में लिखे हुए गुणनफल में जोड़ दी जाती है । इस प्रकार प्राप्त दोनों राशियाँ (प्रश्नानुसार विभाजित की जाने वाली अज्ञात राशियों के) ज्ञात गुणाक (गुणक) द्वारा भाजित की जाती हैं । इस तरह प्राप्त प्रत्येक भजनफल इष्ट राशि होती है, जो भिन्न कुट्टीकार की रीति में दिये गये गुणक द्वारा गुणित की जाती है । ॥ १३४½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

कोई राशि ६ द्वारा गुणित होकर, तब १० द्वारा बढ़ाई जाकर और तब ९ द्वारा भाजित होकर कुछ भी शेष नहीं छोड़ती । इसी प्रकार, (कोई दूसरी राशि ६ द्वारा गुणित होकर), तब १० द्वारा ह्रासित होकर (और तब ९ द्वारा भाजित होकर) कुछ शेष नहीं छोड़ती । उन दो राशियों को शीघ्र बतलाओ (जो दिये गये गुणक से यहाँ इस प्रकार गुणित की जाती हैं ।) ॥ १३५½ ॥

इस प्रकार, मिश्रक व्यवहार में, विषम कुट्टीकार नामक प्रकरण समाप्त हुआ ।

---

* विषम और भिन्न दोनों शब्द कुट्टीकार के संबंध में उपयोग में लाये गये हैं और दोनों के स्पष्टत एक से अर्थ हैं । ये इन नियमों के प्रश्नों में आने वाली भाज्य (dividend) राशियों के भिन्नीय रूप को निर्देशित करते हैं ।

सकलकुट्टीकारः

सकलकुट्टीकारस्य सूत्रम्—

भाज्यच्छेदाग्रशेषैः प्रथमहृतिफलं त्याज्यमन्योन्यभक्तं
न्यस्याग्रे साग्रमूर्ध्वोपरिगुणयुतं तैः समानासमाने ।
स्वर्णेऽभ्यासहारौ गुणधनऋणयोश्चाधिकाग्रस्य हारं
हत्वा हत्वा तु साग्रान्तरधनमधिकाग्रान्वितं हारघातम् ॥ ११६½ ॥

सकल कुट्टीकार

सकल कुट्टीकार सम्बन्धी नियम :—

विभाजित की जाने वाली अज्ञात राशि के मानक गुणक द्वारा अग्रसरित (carried on) तथा भाजक और उत्तरोत्तर परिणामी शेषों द्वारा अग्रसरित भाजकों में प्रथम के भजनफल को अलग कर दिया जाता है। इस पारस्परिक भाजन द्वारा जो कि भाजक और शेष के समान हो जाने तक किया जाता है अन्य भजनफल प्राप्त किये जाते हैं जो ऊर्ध्वाधर श्रेढ़ी में अन्तिम शून्य शेष और भाजक के साथ लिखे जाते हैं। इस श्रेढ़ी के निम्नतम अंक में भाजक द्वारा विभाजित की गई ज्ञात राशि से प्राप्त शेष को जोड़ना पड़ता है। (तब, श्रेढ़ी में इन संख्याओं द्वारा,) यह योग प्राप्त करते हैं जो उत्तरोत्तर निम्नतम संख्या में उसके ठीक ऊपर की दो संख्याओं का गुणनफल जोड़ने पर प्राप्त होता है। (*यह विधि तब तक की जाती है जब तक कि श्रेढ़ी का उच्चतम अंक भी क्रिया में* सम्मिलित नहीं हो जाता।) इसके बाद यह परिणामी योग और प्रश्न में दिया गया भाजक, दो शेषों के रूप में, अज्ञात राशि के दो मानों को उत्पन्न करता है। इस राशि के मानों को प्रश्न में दिये गये मानक गुणक द्वारा गुणित किया जाता है। इस प्रकार प्राप्त होने वाले दो मान या तो जोड़ी जाने वाली दी गई ज्ञात राशि से सम्बन्धित रहते हैं अथवा घटाई जाने वाली दी गई ज्ञात राशि से सम्बन्धित रहते हैं जब कि ऊपर कथित भजनफलों की श्रेढ़ी की अंक पंक्ति की संख्या क्रमशः युग्म अथवा अयुग्म होती है। (जहाँ दिये गये समूह एक ही अधिक प्रकार से बढ़ाये जाने पर अथवा घटाये जाने पर एक से अधिक अनुपात में *वितरित किये जाना होते हैं वहाँ*) अधिक बड़े समूहमान से सम्बन्धित भाजक (जिसे ऊपर समझाए अनुसार दो विभिन्न विभाजनों में से किसी एक के सम्बन्ध में प्राप्त किया जाता है) को ऊपर के अनुसार बार-बार छोटे समूह मान से संबंधित भाजक द्वारा भाजित किया जाता है ताकि उत्तरोत्तर भजनफलों की कथित समान श्रेढ़ी इस दशा में भी प्राप्त हो सके। इस श्रेढ़ी के निम्नतम भजनफल के नीचे इस अंतिम उत्तरोत्तर भाग में अयुग्म स्थिति क्रमवाले अल्पतम शेष के मन से चुने हुए गुणक को रखा जाता है। फिर इसके नीचे वह संख्या रखी जाती है, जो दो समूह-मानों के अंतर को ऊपर कथित मन से चुने हुए गुणक से गुणित अयुग्म स्थिति क्रमवाले अल्पतम शेष के गुणनफल में जोड़नेपर, और तब इस परिणामी योग को ऊपर की भाजक श्रेढ़ी के अंतिम भाजक द्वारा भाजित करने पर प्राप्त होती है। इस प्रकार कथित सतत अंकों की श्रेढ़ी प्राप्त होती है जिसकी आवश्यकता इस पिछले प्रकार के प्रश्न के साधन के लिये होती है। यह श्रेढ़ी नीचे से ऊपर तक पहिले की भाँति बर्ती जाती है और परिणामी संख्या पहिले की तरह इस अंतिम भाजक श्रेढ़ी में प्रथम भाजक द्वारा भाजित की जाती है। इस क्रिया से प्राप्त शेष को अधिक बड़े समूह-मान से सम्बन्धित भाजक द्वारा गुणित किया जाना चाहिये। परिणामी गुणनफल में वह अधिक बड़ा समूहमान जोड़ देना चाहिये। (इस प्रकार, दिये गये समूहमान के इष्ट गुणक का मान प्राप्त करते हैं ताकि वह विचाराधीन दो वर्णित विभाजनों का समाधान करे) ॥ ११६½ ॥

(११६½) यह नियम ११७½ वीं गाथा में दिये गये प्रश्न का हल करने पर स्पष्ट हो जायेगा—

अत्रोद्देशकः

सप्तोत्तरसप्तत्या युतं शतं योज्यमानमष्टत्रिंशत् । सैकशतद्वयभक्तं को गुणकारो भवेदत्र ॥ १३७½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

अज्ञात गुणनखंड का भाज्य (dividend) गुणक १७७ है । २४०, स्व में जोड़े जानेवाले अथवा घटाये जाने वाले गुणनफल से सम्बन्धित ज्ञात राशि है, पूरी राशि को २०१ द्वारा भाजित करने पर शेष कुछ नहीं रहता । यहाँ अज्ञात गुणनखण्ड कौन सा है, जिससे की दिया गया भाज्यगुणक गुणित किया जाता है ? ॥ १३७½ ॥ ३५ और अन्य राशियाँ, जो संख्या में १६ हैं, और उत्तरोत्तर मान

प्रश्न है कि जब $\frac{१७७ क \pm २४०}{२०१}$ पूर्णांक है तो क के मान क्या होंगे ? साधारण गुणन खंडों को निरसित करने पर हमें $\frac{५९ क \pm ८०}{६७}$ पूर्णांक प्राप्त होता है । लगातार किये जाने वाले भाग की इष्ट विधि को निम्नलिखित रूप में कार्यान्वित करते हैं—

```
६७)५९(०
    ०              १
   ५९)६७(१         ७
      ५९           २
      ८)५९(७       १
        ५६         १
        ३)८(२      १
          ६        १ + १३ = १४
          २)३(१
            २
            १)२(१
              १
              १
```

प्रथम भजनफल को अलग कर, अन्य भजनफल, श्रृंखला में इस प्रकार लिखे जाते हैं— इसके नीचे १ और १ को अग्रिम लिखा जाता है । ये अन्तिम भाजक और शेष समान होते हैं । यहाँ भी जैसा कि वल्लिका कुट्टीकार में होता है, यह देखने योग्य है कि अन्तिम भाजन में कोई शेष नहीं रहता क्योंकि २ में १ का पूरा-पूरा भाग चला जाता है । परन्तु चूँकि, अन्तिम शेष, श्रृंखला के लिये चाहिये, इसलिये वह अन्तिम भजनफल छोटा से छोटा बनाकर रख दिया जाता है, और अन्तिम संख्या १ में यहाँ, १३ जोड़ते हैं, जो कि ८० में से ६७ का भाग देने पर प्राप्त होता है । इस प्रकार १४ प्राप्त कर, उसे श्रृंखला के अन्त में नीचे लिख दिया जाता है । इस प्रकार श्रृंखला पूरी हो जाती है । इस श्रृंखला के अंकों के लगातार किये गये गुणन और जोड़ द्वारा, (जैसा कि गाथा ११५½ के नोट में पहिले ही समझाया जा चुका है,) हमें ३९२ प्राप्त होता है । इसे ६७ द्वारा विभाजित किया जाता है । शेष ५७ क का एक मान होता है, जब कि ८० को श्रृंखला में अंकों की संख्या अयुग्म होने के कारण ऋणात्मक ले लिया जाता है । परन्तु

```
१—३९२
७—३४५
२—४७
१—१६
१—१५
१
१४
```

जब ८० को धनात्मक लिया जाता है, तब क का मान (६७–५७) अथवा १० होता है । यदि श्रृंखला में अंकों की संख्या युग्म होती है, तो क का प्रथम निकाला हुआ मान धनात्मक अग्र सम्बन्धी होता है । यदि यह मान भाजक में से घटाया जाता है तो क का ऋणात्मक अग्र सम्बन्धी मान प्राप्त होता है ।

इस विधि का सिद्धान्त उसी प्रकार है जैसा कि वल्लिका कुट्टीकार के सम्बन्ध में है । परन्तु, उनमें अन्तर यही है कि यहाँ श्रृंखला में दो अन्तिम अंक दूसरी विधि द्वारा प्राप्त किये जाते हैं । अध्याय ६ की ११५½ वीं गाथा के नियम के नोट

अधिकाल्पराश्योर्मूलमिश्रविभागसूत्रम्—
ज्येष्ठघ्नमहाराशेर्जघन्यफलताडितोनमपनीय ।
फलवर्गशेषभागो ज्येष्ठार्घोऽन्यो गुणस्य विपरीतम् ॥ १३९½ ॥

अत्रोद्देशकः

नवाना मातुलुङ्गाना कपित्थाना सुगन्धिनाम् । सप्ताना मूल्यसंमिश्र सप्तोत्तरशतं पुन. ॥१४०½॥
सप्ताना मातुलुङ्गानां कपित्थानां सुगन्धिनाम् । नवानां मूल्यसंमिश्रमेकोत्तरशतं पुन ॥ १४१½ ॥
मूल्ये ते वद मे शीघ्रं मातुलुङ्गकपित्थयोः । अनयोर्गणक त्वं मे कृत्वा सम्यक् पृथक् पृथक् ॥१४२½॥

बहुराशिमिश्रतन्मूल्यमिश्रविभागसूत्रम्—
इष्टघ्नफलैरूनितलाभादिष्टाप्तफलमसकृत् । तैरूनितफलपिण्डस्तच्छेदा गुणयुतास्तदर्घाः स्यु. ॥१४३½॥

बड़ी और छोटी सख्याओ वाली वस्तुओ की कीमतों के दिये गये मिश्र योगों मे से दो भिन्न वस्तुओ की विनिमयशील बड़ी और छोटी संख्या की कीमतो को अलग-अलग करने के लिये नियम—

दो प्रकार की वस्तुओं में से किसी एक की सवादी बड़ी सख्या द्वारा गुणित उच्चतर मूल्य-योग में से दो प्रकार की वस्तुओं में से अन्य सम्बन्धी छोटी सख्या द्वारा गुणित निम्नतर मूल्य-सख्या घटाओ । तब, परिणाम को इन वस्तुओ सम्बन्धी सख्याओं के वर्गो के अन्तर द्वारा भाजित करो । इस प्रकार प्राप्त फल अधिक संख्या वाली वस्तुओं का मूल्य होता है । दूसरा अर्थात् छोटी सख्या वाली वस्तु का मूल्य गुणकों (multipliers) को परस्पर बदल देने से प्राप्त हो जाता है ॥१३९½॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

९ मातुलुङ्ग (citron) और ७ सुगन्धित कपित्थ फलों की मिश्रित कीमत १०७ है । पुन. ७ मातुलुङ्ग और ९ सुगन्धित कपित्थ फलों की कीमत १०१ है । हे अंकगणितज्ञ ! मुझे शीघ्र बताओ कि एक मातुलुङ्ग और एक कपित्थ के दाम अलग-अलग क्या हैं ? ॥ १४०½–१४२½ ॥

दिये गये मिश्रित मूल्यों और दिये गये मिश्रित मानों मे से विभिन्न प्रकार की वस्तुओ के विभिन्न मिश्रित परिमाणों की सख्याओं और मूल्यो को अलग-अलग करने के लिये नियम—

(विभिन्न वस्तुओं की) दी गई विभिन्न मिश्रित) राशियो को मन से चुनी हुई सख्या द्वारा गुणित किया जाता है । इन मिश्रित राशियो के दिये गये मिश्रित मूल्य को इन गुणनफलों के मानो द्वारा अलग अलग ह्रासित किया जाता है । एक के बाद दूसरी परिणामी राशियों को मन से चुनी हुई सख्या द्वारा भाजित किया जाता है और शेषों को फिर से मन से चुनी हुई संख्या द्वारा भाजित किया जाता है । इस विधि को बारबार दुहराना पड़ता है । विभिन्न वस्तुओं की दी गई मिश्रित राशियों को उत्तरोत्तर ऊपरी विधि में संवादी भजनफलों द्वारा ह्रासित किया जाता है । इस प्रकार, मिश्रयोगों में विभिन्न वस्तुओ के सख्यात्मक मानों को प्राप्त किया जाता है । मन से चुने हुए गुकी (multipliers) को उपर्युक्त लगातार भाग की विधि वाले मन से चुने हुए भाजकों में मिलाने से प्राप्त राशियाँ तथा उक्त गुणक भी दी गई विभिन्न वस्तुओं के प्रकारो में से क्रमश प्रत्येक की एक वस्तु के मूल्यों की सरचना करते हैं । ॥ १४३½ ॥

(१३९½) बीजीय रूप से, यदि अ क + ब ख = म, और ब क + अ ख = न हो,
तब $अ^2क + अ\,ब\,ख = अ\,म$ और $ब^2क + अ\,ब\,ख = ब\,न$ होते हैं ।
$क(अ^2 - ब^2) = अ\,म - ब\,न,$
अथवा, $क = \frac{अ\,म - ब\,न}{अ^2 - ब^2}$ होता है ।

(१४३½) गाथाओं १४४½ और १४५½ के प्रश्न को निम्नलिखित प्रकार से साधित करने पर

अत्रोद्देशकः

अत्र मातुलुङ्गकदलीकपित्थदाडिमफलानि मिश्राणि ।
प्रथमस्य सैकविंशतिरथ द्विरग्रा द्वितीयस्य ॥ १४४½ ॥
विंशतिरथ सुरभीणि च पुनस्त्रयोविंशतिस्तृतीयस्य ।
तेषां मूल्यसमासस्त्रिसप्ततिः किं फलं कोऽर्घः ॥ १४५½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

यहाँ ३ ढेरियों में सुगन्धित मातुलुङ्ग, कदली, कपित्थ और दाडिम फलों को इकट्ठा किया गया है। प्रथम ढेरी में २१, दूसरी में २२ और तीसरी में २३ हैं। इन ढेरियों में से प्रत्येक की मिश्रित कीमत ७३ है। प्रत्येक ढेरी में विभिन्न फलों की संख्या और भिन्न प्रकार के फलों की कीमत निकालो। ॥ १४४½ और १४५½ ॥

नियम स्पष्ट हो जावेगा।

प्रथम ढेरी में फलों की कुल संख्या २१ है।
दूसरी " " " " २२ है।
तीसरी " " " " २३ है।

मन से कोई भी संख्या जैसे, २ चुनने पर और उससे इन कुल संख्याओं को गुणित करने पर हमें ४२, ४४, ४६ प्राप्त होते हैं। इन्हें अलग-अलग ढेरियों के मूल्य ७३ में से घटाने पर शेष ३१, २९ और २७ प्राप्त होते हैं। इन्हें मन से चुनी हुई दूसरी संख्या ८ द्वारा भाजित करने पर भजनफल ३, ३, ३ और शेष ७, ५ और ३ प्राप्त होते हैं। ये शेष, पुनः, मन से चुनी हुई संख्या २ द्वारा भाजित होनेपर भजनफल ३, २, १ और शेष १, १, १ उत्पन्न करते हैं। इन अन्तिम शेषों को यहाँ मन से चुनी हुई संख्या १ द्वारा भाजित करने पर भजनफल १, १, १ प्राप्त होते हैं और शेष कुछ भी नहीं। पहिले कुल संख्या के सम्बन्ध में निकाले गये भजनफलों को उसमें से घटाना पड़ता है। इस प्रकार हमें २१ − (३ + ३ + १) = १४ प्राप्त होता है; यह संख्या और भजनफल ३, ३, १ प्रथम ढेरी में भिन्न प्रकारों के फलों की संख्या प्ररूपित करते हैं। इसी प्रकार हमें दूसरे समूह में १६, ३, २, १ और तीसरे समूह में १८, ३, १, १ विभिन्न प्रकार के फलों की संख्या प्राप्त होती है।

प्रथम चुना हुआ गुणक २ और उसके अन्य मन से चुने हुए गुणकों के योग कीमतें होती हैं। इस प्रकार हमें क्रम से इन ४ भिन्न प्रकारों के फलों में प्रत्येक की कीमत २, २ + ८ या १०, २ + २ या ४, और २ + १ या ३, रूप में प्राप्त होती है।

इस रीति का मूलभूत सिद्धान्त निम्नलिखित बीजीय निरूपण द्वारा स्पष्ट हो जावेगा—

अक + बख + सग + दघ = प, (१)

अ + ब + स + द = म (२)

मानलो प = घ; तब (२) को घ से गुणित करने पर हमें घ (अ + ब + स + द) = घ न प्राप्त होता है। (३)

(३) को (१) में से घटाने पर हमें अ (क − घ) + ब (ख − घ) + स (ग − घ) = प − घ न प्राप्त होता है। (४)

जघन्योनमिलितराश्यानयनसूत्रम्—
पण्यहृतात्पफलोनैश्छिन्द्यादल्पन्नमूल्यहीनेष्टम् ।
कृत्वा तावत्खण्ड तदूनमूल्य जघन्यपण्यं स्यात् ॥ १४६½ ॥

अत्रोद्देशकः

द्वाभ्या त्रयो मयूरास्त्रिभिश्च पारावताश्च चत्वार. ।
हसा. पञ्च चतुर्भि पञ्चभिरथ सारसा' पट् च ॥ १४७½ ॥
यत्रार्घस्तत्र सखे पट्पञ्चाशत्पणै खगान् क्रीत्वा ।
द्वासप्ततिमानयतामित्युक्त्वा मूल्मेवादात् ।
कतिभि पणैस्तु विहगा. कति विगणय्याशु जानीया. ॥ १४९ ॥

कुल कीमत के दिये गये मिश्रित मान में से, क्रमशः, मँहगी और सस्ती वस्तुओं के मूल्यों के सख्यात्मक मानों को निकालने के लिये नियम—

(दी गई वस्तुओं की दर-राशियो को) उनकी दर-कीमतों द्वारा भाजित करो । (इन परिणामी राशियों को अलग-अलग) उनमें से अल्पतम राशि द्वारा ह्रासित करो । तब (उपर्युक्त भजनफल राशियों में से) अल्पतम राशि द्वारा सब वस्तुओं की मिश्रित कीमत को गुणित करो, और (इस गुणनफल को) विभिन्न वस्तुओ की कुल सख्या में से घटाओ । तब (इस शेष को मन मे) उतने भागों में विभक्त करो (जितने कि घटाने के पश्चात् बचे हुए उपर्युक्त भजनफलो के शेष होते हैं) । और तब, (इन भागो को उन भजनफल राशियों के शेषों द्वारा) भाजित करो । इस प्रकार, विभिन्न सस्ती वस्तुओं की कीमतें प्राप्त होती हैं । इन्हें कुल कीमत से अलग करनेपर खरीदी हुई महँगी वस्तु की कीमत प्राप्त होती है ॥१४६½॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

"२ पण में ३ मोर, ३ पण में ४ कबूतर, ४ पण में ५ हंस, और ५ पण में ६ सारस की दरों के अनुसार, हे मित्र, ५६ पण के ७२ पक्षी खरीद कर मेरे पास लाओ ।" ऐसा कहकर एक मनुष्य ने खरीद की कीमत (अपने मित्र को) दे दी । शीघ्र गणना करके बतलाओ कि कितने पणों में उसने प्रत्येक प्रकार के कितने पक्षी खरीदे ॥ १४७½–१४९ ॥ ३ पण में ५ पल शुण्ठि, ४ पण में

---

(४) को (क – श) से विभाजित करने पर हमें भजनफल अ प्राप्त होता है, और शेष ब (ख – श) + स (ग – श) प्राप्त होता है, जहाँ क – श उपयुक्त पूर्णांक है । इसी प्रकार, हम यह क्रिया अंत तक ले जाते हैं ।

इस प्रकार, यह देखने में आता है कि उत्तरोत्तर चुने गये भाजक क – श, ख – श और ग – श, जब श में मिलाये जाते हैं, तब वे विभिन्न कीमतों के मान को उत्पन्न करते हैं, प्रथम वस्तु की कीमत श ही होती है, और यह कि उत्तरोत्तर भजनफल अ, ब, स और साथ ही न – (अ + ब + स) विभिन्न प्रकारों की वस्तुओं के मान हैं । इस नियम में, दी गई वस्तुओं के प्रकारों की संख्या से एक कम संख्या के विभाजन किये जाते हैं । अंतिम भाजन में कोई भी शेष नहीं बचना चाहिए ।

(१४६½) अगली गाथा (१४७½–१४९) में दिये गये प्रश्न को साधन करने पर नियम स्पष्ट हो जावेगा— दर-राशिया ३, ४, ५, ६ को क्रमवार दर-कीमतों २, ३, ४, ५ द्वारा विभाजित करते हैं । इस प्रकार हमें $\frac{3}{2}$, $\frac{4}{3}$, $\frac{5}{4}$, $\frac{6}{5}$ प्राप्त होते हैं । इनमें से अल्पतम $\frac{6}{5}$ को अन्य तीन में से अलग-

त्रिभिः पणैः शुण्ठिपलानि पञ्च चतुर्भिरेकादश पिप्पलीनाम्।
अष्टाभिरेकं मरिचस्य मूल्यं षण्णवत्याशु फलानि चाहर ॥ १५० ॥

इष्टार्घैरिष्टमूल्यैरिष्टवस्तुप्रमाणानयनसूत्रम्—

मूल्यघ्नफलेच्छागुणपणान्तरेष्टसंयुतिविपर्यासः। क्षिप्त्वा स्वधनेष्टगुणं प्रक्षेपककरणमवशिष्टम् ॥१५१॥

११ पल लम्बी मिर्च, और ८ पण में १ पल मिर्च प्राप्त होती है। ९६ पण खरीद के दामों में शीघ्र ही ९८ पल वस्तुओं को प्राप्त करो ॥ १५० ॥

इच्छित रकम (जो कि कुल कीमत है) में इच्छित दरों पर खरीदी गई कुल विभिन्न वस्तुओं के इच्छित संख्यात्मक-मान को निकालने के लिये नियम—

(खरीदी गई विभिन्न वस्तुओं के) दर-मानों में से प्रत्येक को (अलग-अलग खरीद के दामों के) कुल मान द्वारा गुणित किया जाता है। दर-रकम के विभिन्न मान अलग-अलग समान होते हैं। वे खरीदी गई वस्तुओं की कुल संख्या से गुणित किये जाते हैं। आगे के गुणनफल क्रमवार पिछले गुणनफलों में से घटाये जाते हैं। धनात्मक शेष एक पंक्ति में नीचे लिख लिये जाते हैं। ऋणात्मक शेष एक पंक्ति में उनके ऊपर लिखे जाते हैं। सभी में रहने वाले साधारण गुणनखंडों को अलग कर इन सबको अल्पतम पदों में प्रहासित (लघुकृत) कर लिया जाता है। तब इन प्रहासित अंतरों में से प्रत्येक को मन से चुनी हुई अलग राशि द्वारा गुणित किया जाता है। उन गुणनफलों को जो नीचे की पंक्ति में रहते हैं तथा उन्हें जो ऊपर की पंक्ति में रहते हैं अलग-अलग जोड़ते हैं और योगों को ऊपर नीचे लिखते हैं। संख्याओं की नीचे की पंक्ति के योग को ऊपर लिखते हैं और ऊपर की पंक्ति के योग को नीचे लिखते हैं। इन योगों को उनके सर्वसाधारण गुणनखंड हटाकर अल्पतम पदों में प्रहासित कर लिया जाता है। परिणामी राशियों में से प्रत्येक को नीचे दुबारा लिख लिया जाता है ताकि एक को दूसरे के नीचे उतनी बार लिखा जा सके जितने कि संवादी एकान्तर योग में अवयव तत्व होते हैं। इन संख्याओं को इस प्रकार दो पंक्तियों में जमाकर, उनको क्रमवार दर-कीमतों और चीजों के दर-मानों द्वारा गुणित करते हैं। (अंकों की एक पंक्ति में दर-मूल्य गुणन और अंकों की दूसरी पंक्ति में दर-संख्या का गुणन करते हैं।) इस प्रकार प्राप्त गुणनफलों को फिर से उनके सर्वसाधारण गुणनखंडों को हटाकर अल्पतम पदों में प्रहासित कर लिया जाता है। प्रत्येक ऊर्ध्वाधर (vertical) पंक्ति के परिणामी अंकों में से प्रत्येक को अलग-अलग उनके संवादी मन से चुने हुए गुणकों (multipliers) द्वारा गुणित करते हैं। गुणनफलों को पहिले की तरह दो क्षैतिज पंक्तियों में लिख लिया जाना चाहिए। गुणनफलों की ऊपरी पंक्ति की संख्याएँ उस अनुपात में होती हैं जिसमें कि धनराशि वितरित किया गया है। और जो संख्यायें गुणनफलों की निम्न पंक्ति में रहती हैं वे उस अनुपात में होती हैं जिसमें कि संवादी खरीदी गई वस्तुएँ वितरित की जाती हैं। इसलिये अब जो शेष रहती है वह केवल प्रक्षेपक-करण की क्रिया ही है। (प्रक्षेपक-करण क्रिया में त्रैराशिक नियम के अनुसार आनुपातिक विभाजन होता है) ॥१५१॥

अलग घटाने पर हमें [illegible], [illegible] और [illegible] प्राप्त होते हैं। उपर्युक्त अल्पतम राशि [illegible] को ही मर्यादित कीमत ५६ से से गुणित करने पर ५६ × [illegible] प्राप्त होता है। कुल पक्षियों की संख्या ७२ में से इसे घटाते हैं। शेष [illegible] को तीन भागों में बाँटते हैं, [illegible], [illegible] और [illegible]। इन्हें क्रमशः [illegible], [illegible] और [illegible] द्वारा भाजित करने पर हमें प्रथम तीन प्रकार के पक्षियों की कीमतें [illegible], १२ और १६ प्राप्त होती हैं। इन तीनों कीमतों को कुल ५६ में से घटाकर पक्षियों के चौथे प्रकार की कीमत प्राप्त की जा सकती है।

(१५१) गाथा १५९–१५२ में दिये गये प्रश्न का साधन निम्नलिखित रीति से करने पर हम

अत्रोद्देशकः

त्रिभिः पारावताः पञ्च पञ्चभि. सप्त सारसाः । सप्तभिर्नव हसाश्च नवभिः शिखिनस्त्रयः ॥१५२॥
क्रीडार्थं नृपपुत्रस्य शतेन शतमानय । इत्युक्तः प्रहित. कश्चित् तेन किं कस्य दीयते ॥ १५३ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

कबूतर ५ प्रति ३ पण की दर से बेचे जाते हैं, सारस पक्षी ७ प्रति ५ पण की दर से, हंस ९ प्रति ७ पण की दर से, और मोरें ३ प्रति ९ पण की दर से बेची जाती हैं। किसी मनुष्य को यह कह कर भेजा गया कि वह राजकुमार के मनोरंजनार्थ ७२ पण में १०० पक्षियों को लावे। बतलाओ कि प्रत्येक प्रकार के पक्षियों को खरीदने के लिये उसे कितने-कितने दाम देना पड़ेंगे? ॥१५२–१५३॥

५	७	९	३
३	५	७	९
५००	७००	९००	३००
३००	५००	७००	९००
०	०	०	६००
२००	२००	२००	०
०	०	०	६
२	२	२	०
०	०	०	३६
६	८	१०	०
६			
४			
४			
६			
६	६	६	४
६	६	६	४
१८	३०	४२	३६
३०	४२	५४	१२
३	५	७	६
५	७	९	२
९	२०	३५	३६
१५	२८	४५	१२

स्पष्ट हो जावेगा—दर-वस्तुओं और दर-कीमतों को दो पक्तियों में इस प्रकार लिखो कि एक के नीचे दूसरी हो। इन्हें क्रमशः कुल कीमत और वस्तुओं की कुल सख्या द्वारा गुणित करो। तब घटाओ। साधारण गुणनखंड १०० को हटाओ। चुनी हुई संख्यायें ३, ४, ५, ६ द्वारा गुणित करो। प्रत्येक क्षैतिज पक्ति में सख्याओं को जोड़ो और साधारण गुणनखंड ६ को हटाओ। इन अंकों की स्थिति को बदलो, और इन दो पंक्तियों के प्रत्येक अक को उतने बार लिखो जितने कि बदली स्थिति के संवादी योग में संघटक तत्व होते हैं। दो पंक्तियों को दर-कीमतों और दर-वस्तुओं द्वारा क्रमशः गुणित करो। तब साधारण गुणनखंड ६ को हटाओ। अब पहिले से चुनी हुई सख्याओं ३, ४, ५, ६ द्वारा गुणित करो। दो पंक्तियों की संख्यायें उन अनुपातों को प्ररूपित करती हैं, जिनके अनुसार कुल कीमत और वस्तुओं की कुल सख्या वितरित हो जाती है। यह नियम अनिर्धारित (indeterminate) समीकरण सम्बन्धी है, इसलिये उत्तरों के कई सघ (sets) हो सकते हैं। ये उत्तर मन से चुनी हुई गुणक (multiplier) रूप राशियों पर निर्भर रहते हैं।

यह सरलतापूर्वक देखा जा सकता है कि, जब कुछ संख्याओं को मन से चुने हुए गुणक (multipliers) मान लेते हैं, तब पूर्णांक उत्तर प्राप्त होते हैं। अन्य दशाओं में, अवाञ्छित भिन्नीय उत्तर प्राप्त होते हैं। इस विधि के मूलभूत सिद्धान्त के स्पष्टीकरण के लिये अध्याय के अन्त में दिये गये नोट (टिप्पण) को देखिये।

व्यस्तार्घपण्यप्रमाणानयनसूत्रम्[1]—
पण्यैक्येन पणैक्यमन्तरमतः पण्येष्टपण्यान्तरै-
श्छिन्द्यात्संक्रमणे कृते तदुभयोरर्घौ भवेतां पुनः ।
पण्ये ते खलु पण्ययोगविवरे व्यस्तं तयोरर्घयो
प्रश्नानां विदुषां प्रसादनमिदं सूत्रं जिनेन्द्रोदितम् ॥ १५४ ॥

अत्रोद्देशकः

आम्रमूल्यं यदेकस्य चन्दनस्यागरोस्तथा । पञ्चानि मिश्रितैर्मिश्रं चतुरुत्तरशतं पणाः ॥ १५५ ॥
कालेन व्यत्ययार्घे स्यात्षोडशशतं पणाः । तयोरर्घफले ब्रूहि त्वं पञ्च पृथक् पृथक् ॥ १५६ ॥

१ उपलब्ध हस्तलिपियों में प्राप्य नहीं ।

जिनके मूल्यों को परस्पर बदल दिया गया है ऐसी दो दत्त वस्तुओं के परिमाण को प्राप्त करने के लिये नियम—

दो दत्त वस्तुओं की बेचने की कीमतों और खरीदने की कीमतों के योग के संख्यात्मक मान को दी गई वस्तुओं के योग के संख्यात्मक मान द्वारा भाजित किया जाता है। तब इन उपर्युक्त बेचने और खरीदने की कीमतों के अंतर को (दी गई वस्तुओं के दिये गये) योग में से किसी मन से चुनी हुई परत राशि को घटाने पर प्राप्त हुए अंतर के संख्यात्मक मान द्वारा भाजित किया जाता है। यदि इनके साथ (अर्थात् ऊपर की प्रथम क्रिया में प्राप्त भजनफल और दूसरी क्रिया में प्राप्त भजनफलों में से किसी एक के साथ) संक्रमण क्रिया की जाय तो वे दरें प्राप्त होती हैं जिन पर कि वे वस्तुएँ खरीदी जाती हैं। यदि वस्तुओं के योग और उनके अन्तर के सम्बन्ध में यही संक्रमण क्रिया की जावे तो वह वस्तुओं के संख्यात्मक मान को उत्पन्न करती है। उपर्युक्त खरीद-दरों के एकान्तरण से बेचने की दरें उत्पन्न होती हैं। इस प्रकार के प्रश्नों के साधन का प्रतिपादन विद्वानों ने किया है और एवं भगवान् जिनेन्द्र के निमित्त से उदय को प्राप्त हुआ है ॥१५४॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

चन्दन काष्ठ के एक टुकड़े की मूल-कीमत और अगरु काष्ठ के एक टुकड़े की कीमत मिलाने से १०४ पण में ९ पल वजन की वे दोनों प्राप्त होती हैं। जब वे अपनी पारस्परिक बदली हुई कीमतों पर बेची जाती हैं तो ११६ पण प्राप्त होते हैं। नियमानुसार ५ और ८ अलग-अलग मन से चुनी हुई संख्याएँ लेकर वस्तुओं की खरीद एवं बेचने की दर तथा उनका संख्यात्मक मान निकालो ॥१५५-१५६॥

(१५४) इस नियम में वर्णित विधि का बीजीय निरूपण गाथा १५५–१५६ के प्रश्न के सम्बन्ध में इस प्रकार दिया जा सकता है—

मानलो अब + सर = १०४ (१)

अर + सब = ११६ (२)

अ + स = ९ (३)

(१) और (२) का योग करने पर, (अ + स) (ब + र) = २२ (४)

ब + र = ११ (५)

पुनः (१) को (२) में से घटाने पर (अ − स) (र − ब) = १२ प्राप्त होता है। अब १४ को मनसे ५ के तुल्य मान लेते हैं। इस प्रकार अ + स − ९ व अथवा अ − स = ९ − ५ = १४ (६)

सूर्यरथाश्वेष्टयोगयोजनानयनसूत्रम्—
अखिलाप्ताखिलयोजनसंख्यापर्याययोजनानि स्युः ।
तानीष्टयोगसंख्यानिघ्नान्येकैकगमनमानानि ॥ १५७ ॥

अत्रोद्देशकः

रविरथतुरगा सप्त हि चत्वारोऽश्वा वहन्ति धूर्युक्ताः ।
योजनसप्ततिगतय. के व्यूढा. के चतुर्योगाः ॥ १५८ ॥

सर्वधनेष्टहीनशेषपिण्डात् स्वस्वहस्तगतधनानयनसूत्रम्—
रूपोननरैर्विभजेत् पिण्डीकृतभाण्डसारमुपलब्धम् ।
सर्वधनं स्यात्तस्मादुक्तविहीनं तु हस्तगतम् ॥ १५९ ॥

अत्रोद्देशकः

वणिजस्ते चत्वारः पृथक् पृथक् शौल्किकेन परिपृष्टाः ।
किं भाण्डसारमिति खलु तत्राह्वैको वणिक्श्रेष्ठः ॥ १६० ॥
आत्मधन विनिगृह्य द्वाविंशतिरिति तत' परोऽवोचत् ।
त्रिभिरुत्तरा तु विंशतिरथ चतुरधिकैव विंशतिस्तुर्य' ॥ १६१ ॥

सूर्य रथ के अश्वों के इष्ट योग द्वारा योजनों में तय की गई दूरी निकालने के लिए नियम—

कुल योजनों का निरूपण करने वाली सख्या कुल अश्वों की सख्या द्वारा विभाजित होकर प्रत्येक अश्व द्वारा प्रक्रम में तय की जानेवाली दूरी (योजनों में) होती है। यह योजन सख्या जब प्रयुक्त अश्वों की संख्या द्वारा गुणित की जाती है तो प्रत्येक अश्व द्वारा तय की जानेवाली दूरी का मान प्राप्त होता है ॥ १५७ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

यह प्रसिद्ध है कि सूर्य रथ के अश्वों की संख्या ७ है। रथ में केवल ४ अश्व प्रयुक्त कर उन्हें ७० योजन की यात्रा पूरी करना पड़ती है। बतलाओ कि उन्हें ४, ४ के समूह में कितने बार खोलना पड़ता है और कितने बार जोतना पड़ता है ? ॥१५८॥

समस्त वस्तुओं के कुल मान में से जो भी इष्ट है उसे घटाने के पश्चात् बचे हुए मिश्रित शेष में से सयुक्त साझेदारी के स्वामियों में से प्रत्येक की हस्तगत वस्तु के मान को निकालने के लिए नियम—

वस्तुओं के सयुक्त (conjoint) शेषों के मानों के योग को एक कम मनुष्यों की सख्या द्वारा भाजित करो, भजनफल समस्त वस्तुओं का कुल मान होगा। इस कुल मान को विशिष्ट मानों द्वारा ह्रासित करने पर सवादी दशाओं में प्रत्येक स्वामी की हस्तगत वस्तु का मान प्राप्त होता है ॥१५९॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

चार व्यापारियों ने मिलकर अपने धन को व्यापार में लगाया। उन लोगों में से प्रत्येक से अलग-अलग, महसूल पदाधिकारी ने व्यापार में लगाई गई वस्तु के मान के विषय में पूछा। उनमें से एक श्रेष्ठ वणिक ने, अपनी लगाई हुई रकम को घटाकर २२ बतलाया। तब, दूसरे ने २३, अन्य ने २४

$\therefore र - य = \frac{१२}{१४}$ .. .. (७)

यहाँ (७) और (५) तथा (६) और (३) के सम्बन्ध में संक्रमण किया करते हैं, जिससे य, र, अ और व के मान प्राप्त हो जाते हैं।

सप्तोत्तरविंशतिरिति समानसारा निगूह्य सर्वेऽपि ।
कथय किं प्रहि सखे पृथक् पृथग्भाण्डसारं मे ॥ १६२ ॥

अन्योऽन्यमिष्टरत्नसंख्यां दत्त्वा समधनानयनसूत्रम्—

पुरुषसमासेन गुणं दातव्यं तद्विशोध्य पण्येभ्यः ।
शेषपरस्परगुणितं स्वं स्वं हित्वा मणेर्मूल्यम् ॥ १६३ ॥

अत्रोद्देशकः

प्रथमस्य शक्रनीलाः षट् सप्त च मरकता द्वितीयस्य । वज्राण्यपरस्याष्टावेकैकमर्घं प्रदाय समाः ॥१६४॥
प्रथमस्य शक्रनीलाः षोडश दश मरकता द्वितीयस्य ।
वज्रास्तृतीयपुरुषस्याष्टौ द्वौ तत्र दत्त्वैव ॥ १६५ ॥
तेष्वेकैकोऽन्याभ्यां समधनतां यान्ति ते त्रयः पुरुषाः ।
तच्छक्रनीलमरकतवज्राणां किंविधा अर्घाः ॥ १६६ ॥

और चौथे ने २० बतलाया । इस प्रकार कथन करने में प्रत्येक ने अपनी-अपनी लगाई हुई रकमों को वस्तु के कुल माल में से व्यय किया था । हे मित्र ! बतलाओ कि प्रत्येक का उस पण्यद्रव्य में कितना कितना भाण्डसार (हिस्सा) था ? ॥१६०-१६२॥

किसी भी दत्त संख्या के रत्नों का पारस्परिक विनिमय करने के पश्चात् समान रत्नमयी रकमों को निकालने के लिए नियम—

दिये जाने वाले रत्नों की संख्या को बदले में भाग लेनेवाले मनुष्यों की कुल संख्या द्वारा गुणित करो यह गुणनफल अलग-अलग (प्रत्येक के द्वारा हस्तगत) बेचे जानेवाले रत्नों की संख्या में से घटाया जाता है । इस तरह प्राप्त शेषों का संतत गुणन प्रत्येक दशा में रत्न का मूल्य उत्पन्न करता है जब कि उससे सम्बन्धित शेष इस प्रकार के गुणनफल को प्राप्त करने में त्याग दिया जाता है ॥१६३॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

प्रथम मनुष्य के पास (समान मूल्य वाले) ६ शक्र नील रत्न थे दूसरे मनुष्य के पास (उसी प्रकार के) ७ मरकत (पन्ना emeralds) थे और अन्य (तीसरे मनुष्य) के पास ८ (उसी प्रकार के) हीरे थे । उनमें से प्रत्येक ने शेष अन्य में से प्रत्येक को अपने पास के एक रत्न के मूल्य को चुकाया जिससे वह दूसरों के समानधन वाला बन गया । प्रत्येक प्रकार के रत्न का मूल्य क्या-क्या है ? ॥१६४॥
प्रथम मनुष्य के पास १६ शक्र नील रत्न दूसरे के पास १० मरकत हैं और तीसरे मनुष्य के पास ८ हीरे हैं । उनमें से प्रत्येक दूसरों में से प्रत्येक को खुद के दो रत्नों को दे देता है, जिससे तीनों मनुष्य समान धनवाले बन जाते हैं । बतलाओ कि इन शक्र नील रत्न मरकत तथा हीरों के अलग-अलग दाम क्या-क्या हैं ? ॥१६५-१६६॥

---

(१६३) मान लो 'म' 'न' 'प', क्रमशः तीन प्रकार के रत्नों की संख्याएँ हैं जिनके तीन भिन्न मनुष्य स्वामी हैं । मान लो परस्पर विनिमित रत्नों की संख्या 'अ' है, और 'क' 'ख', 'ग' किसी एक रत्न की क्रमशः तीन प्रकारों में कीमतें हैं । तब सरलता पूर्वक प्राप्त किया जा सकता है कि

क = (म − ३ अ) (प − ३ अ);
ख = (म − ३ अ) (प − ३ अ);
ग = (म − ३ अ) (न − ३ अ)

क्रयविक्रयलाभैः मूलानयनसूत्रम्—

अन्योऽन्यमूलगुणिते विक्रयभक्ते क्रयं यदुपलब्धं । तेनैकोनेन हृतो लाभः पूर्वोद्धृत मूल्यम् ॥१६७॥

अत्रोद्देशकः

त्रिभिः क्रीणाति सप्तैव विक्रीणाति च पञ्चभिः ।
नव प्रस्थान् वणिक् किं स्याल्लाभो द्वासप्ततिर्धनम् ॥ १६८ ॥

इति मिश्रकव्यवहारे सकलकुट्टीकारः समाप्तः ।

सुवर्णकुट्टीकारः

इतः परं सुवर्णगणितरूपकुट्टीकारं व्याख्यास्यामः । समस्तेष्टवर्णैरेकीकरणेन संकरवर्णानयनसूत्रम्—

कनकक्षयसंवर्गो मिश्रस्वर्णाहृतः क्षयो ज्ञेयः । परवर्णप्रविभक्तं सुवर्णगुणितं फलं हेम्नः ॥ १६९ ॥

खरीद की दर, बेचने की दर और प्राप्त लाभ द्वारा, लगाई गई रकम का मान प्राप्त करने के लिये नियम—

वस्तु को खरीदने और बेचने की दरों में से प्रत्येक को, एक के बाद एक, मूल्य दरों द्वारा गुणित किया जाता है । खरीद की दर की सहायता से प्राप्त गुणनफल को बेचने की दर से प्राप्त गुणनफल द्वारा भाजित किया जाता है । लाभ को एक कम परिणामी भजनफल द्वारा विभाजित करने पर लगाई गई मूल रकम उत्पन्न होती है ॥१६७॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी व्यापारी ने ३ पण में ७ प्रस्थ अनाज खरीदा और ५ पण में ९ प्रस्थ की दर से बेचा । इस तरह उसे ७२ पण का लाभ हुआ । इस व्यापार में लगाई गई रकम कौन सी है ? ॥१६८॥

इस प्रकार, मिश्रक व्यवहार में सकल कुट्टीकार नामक प्रकरण समाप्त हुआ ।

सुवर्ण कुट्टीकार

इसके पश्चात् हम उस कुट्टीकार की व्याख्या करेंगे जो स्वर्ण गणित सम्बन्धी है । इच्छित विभिन्न वर्णों के सोने के विभिन्न प्रकार के घटकों को मिलाने से प्राप्त हुए संकर (मिश्रित) स्वर्ण के वर्ण को प्राप्त करने के लिए नियम—

यह ज्ञात करना पड़ता है कि विभिन्न स्वर्णमय घटक परिमाणों के (विभिन्न) गुणनफलों के योग को क्रमशः उनके वर्णों से गुणित कर, जब मिश्रित स्वर्ण की कुल राशि द्वारा विभाजित किया जाता है तब परिणामी वर्ण उत्पन्न होता है । किसी सघटक भाग के मूल वर्ण को जब बाद के कुल मिले हुए परिणामी वर्ण द्वारा विभाजित कर, और उस सघटक भाग में दत्त स्वर्ण परिमाण द्वारा गुणित करते हैं तब मिश्रित स्वर्ण की ऐसी सवादी राशि उत्पन्न होती है, जो मान में उसी सघटक भाग के बराबर होती है । ॥१६९॥

---

(१६७) यदि खरीद की दर ब में अ वस्तुएँ हों, और बेचने की दर द में स वस्तुएँ हों, तथा व्यापार में लाभ म हो, तो लगाई गई रकम

$$= म - \left(\frac{अद}{बस} - १ \right)$$ होती है ।

अत्रोद्देशकः

एकक्षयमेकं च द्विक्षयमेकं त्रिवर्णमेकं च । वर्णचतुष्के च द्वे पञ्चक्षयिकाश्च चत्वारः ॥ १७० ॥
सप्त च रुद्रक्षयकाः त्रिगुणितपञ्चक्षयाश्चाष्टौ । एतानेकीकृत्य ज्वलने क्षिप्त्वैव मिश्रवर्णं किम् ।
एतन्मिश्रसुवर्णं पूर्वेभ्यः च किं किमेकस्य ॥ १७१½ ॥

इष्टवर्णानामिष्टस्वर्णानयनसूत्रम्—

स्वैःस्वैर्वर्णहतैर्मिश्रं स्वर्णमिश्रेण भाजितम् । लब्धं वर्णं विजानीयात्तद्विहृतं पृथक् पृथक् ॥१७२½ ॥

अत्रोद्देशकः

विंशतिपणास्तु षोडश वर्णा दशवर्णपरिमाणे ।
परिवर्तिता वद त्वं कति हि पुराणा भवन्त्यधुना ॥ १७३½ ॥
अष्टोत्तरशतकनकं वर्णोऽर्धांशत्रयेण संयुक्तम् ।
एकादशवर्ण चतुरुत्तरदशवर्णके कृतं च किं हेम ॥ १७४½ ॥

अज्ञातवर्णानयनसूत्रम्—

कनकक्षयसंवर्गो मिश्रं स्वर्णप्रमितं शोध्यम् । स्वर्णेन हृतं वर्णं वर्णविशेषेण कनकं स्यात् ॥१७५½॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

स्वर्ण का एक भाग १ वर्ण का है, एक भाग २ वर्णों का है, एक भाग ३ वर्णों का है, २ भाग ४ वर्णों के हैं, ४ भाग ५ वर्णों के हैं, ७ भाग ११ वर्णों के हैं, और ८ भाग १५ वर्णों के हैं। इन्हें अग्नि में डालकर एक पिण्ड बना दिया जाता है। बतलाओ कि इस प्रकार मिश्रित स्वर्ण किस वर्ण का है? यह मिश्रित स्वर्ण उन भागों के स्वामियों में वितरित कर दिया जाता है। प्रत्येक को क्या मिलता है? ॥१७०–१७१½॥

जो मान में दिये गये वर्णों वाली इन स्वर्ण की मात्राओं के तुल्य है ऐसे किसी वांछित वर्ण वाले स्वर्ण का (इच्छित) वजन निकालने के लिये नियम—

स्वर्ण की दी गई मात्राओं को अलग-अलग उनके ही वर्ण द्वारा क्रमवार गुणित किया जाता है और गुणनफलों को जोड़ दिया जाता है। परिणामी योग को मिश्रित स्वर्ण के कुल वजन द्वारा भाजित किया जाता है। भजनफल को परिणामी औसत वर्ण समझ लिया जाता है। यह उपर्युक्त गुणनफलों का योग इस स्वर्ण के समान (इच्छित) वजन को पाने के लिये अलग-अलग वांछित वर्णों द्वारा भाजित किया जाता है ॥१७२½॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

१६ वर्ण के २० पण वजनवाले स्वर्ण को १० वर्ण वाले स्वर्ण से बदला गया है; बतलाओ कि अब वह वजन में कितने पण हो जावेगा? ॥१७३½॥ ११½ वर्ण वाला १०८ वजन का स्वर्ण १४ वर्ण वाले स्वर्ण से बदला जाने पर कितने वजन का हो जावेगा? ॥१७४½॥

अज्ञात वर्ण को निकालने के लिए नियम—

स्वर्ण की कुल मात्रा को मिश्रण के परिणामी वर्ण से गुणित करो। प्राप्त गुणनफल में से उस योग को घटाओ जो स्वर्ण की विभिन्न घटक मात्राओं को उनके ज्ञात के वर्णों द्वारा गुणित करने से प्राप्त गुणनफलों को जोड़ने पर प्राप्त होता है। अब शेष को अज्ञात वर्ण वाले स्वर्ण की ज्ञात घटक मात्रा से विभाजित किया जाता है तब इष्ट वर्ण उत्पन्न होता है; और जब वह शेष परिणामी वर्ण तथा (स्वर्ण की अज्ञात घटक मात्रा के) ज्ञात वर्ण के अंतर द्वारा भाजित किया जाता है तब उस स्वर्ण का इष्ट वजन उत्पन्न होता है ॥१७५½॥

अज्ञातवर्णस्य पुनरपि सूत्रम्—

स्वस्वर्णवर्णविनिहतयोगं स्वर्णैक्यदृढहताच्छोध्यम्। अज्ञातवर्णहेम्ना भक्त वर्णं बुधाः प्राहुः ॥१७६½॥

अत्रोद्देशकः

'षड्जलधिवह्निकनकैस्त्रयोदशाष्टर्तुवर्णकैः क्रमश'। अज्ञातवर्णहेम्नः पञ्च विमिश्रक्षयं च सैकदश।
अज्ञातवर्णसंख्यां ब्रूहि सखे गणिततत्त्वज्ञ ॥ १७८ ॥
चतुर्दशैव वर्णानि सप्त स्वर्णानि तत्क्षये²। चतुस्स्वर्णे दशोत्पन्नमज्ञातक्षयकं वद ॥ १७९ ॥

अज्ञातस्वर्णानयनसूत्रम् -

स्वस्वर्णवर्णविनिहतयोग स्वर्णैक्यगुणितदृढवर्णात्।
त्यक्त्वाज्ञातस्वर्णक्षयदृढवर्णान्तराहृतं कनकम् ॥ १८० ॥

अत्रोद्देशकः

द्वित्रिचतुःक्षयमानास्त्रिस्त्रि कनकास्त्रयोदशक्षयिक।
वर्णयुतिर्दश जाता ब्रूहि सखे कनकपरिमाणम् ॥ १८१ ॥

---

१. यहाँ रनल के स्थान में वह्नि, और ष्टावृतुक्षयैः के स्थान में ष्टर्तुवर्णकैः आदेशित किया गया है, ताकि पाठ व्याकरण की दृष्टि से और उत्तम हो जावे।

२. हस्तलिपि में पाठ तत्क्षय है, जो स्पष्टरूप से अशुद्ध है।

अज्ञात वर्ण के सम्बन्ध में एक और नियम—

स्वर्ण की विभिन्न संघटक मात्राओं को उनके क्रमवार वर्णों से (respectively) गुणित करते हैं। प्राप्त गुणनफलों के योग को परिणामी वर्ण तथा स्वर्ण की कुलमात्रा के गुणनफल में से घटाते हैं। बुद्धिमान व्यक्ति कहते हैं कि यह शेष जब अज्ञात वर्णवाले स्वर्ण के वजन द्वारा भाजित किया जाता है तब इष्ट वर्ण उत्पन्न होता है ॥१७६½॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

क्रमशः १३, ८ और ६ वर्ण वाले ६, ४ और ३ वजन वाले स्वर्ण के साथ अज्ञात वर्ण वाला ५ वजन का स्वर्ण मिलाया जाता है। मिश्रित स्वर्ण का परिणामी वर्ण ११ है। हे गणना के भेदों को जानने वाले मित्र! मुझे इस अज्ञात वर्ण का संख्यात्मक मान बतलाओ ॥१७७½–१७८॥ दिये गये नमूने का ७ वजन वाला स्वर्ण १४ वर्ण वाला है। ४ वजन वाला अन्य स्वर्ण का नमूना (प्रादर्श) उसमें मिला दिया जाता है। परिणामी वर्ण १० है। दूसरे नमूने के स्वर्ण का अज्ञात वर्ण क्या है? ॥१७९॥

स्वर्ण का अज्ञात वजन निकालने के लिये नियम—

स्वर्ण की विभिन्न संघटक मात्राओं को निज के वर्णों द्वारा गुणित करते हैं। प्राप्त गुणनफलों के योग को, स्वर्ण के ज्ञात भारों को अभिनव दृढ़ (durable) परिणामी वर्ण द्वारा गुणित करने से प्राप्त गुणनफलों के योग में से घटाते हैं। शेष को स्वर्ण की अज्ञात मात्रा के ज्ञात वर्ण तथा मिश्रित स्वर्ण के दृढ़ (durable) परिणामी वर्ण के अन्तर द्वारा भाजित करने पर स्वर्ण का वजन प्राप्त होता है ॥१८०॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

स्वर्ण के तीन टुकड़े जिनमें से प्रत्येक वजन में ३ है, क्रमशः २, ३ और ४ वर्ण वाले हैं। ये १३ वर्ण वाले अज्ञात वजन के स्वर्ण में गलाये जाते हैं। परिणामी वर्ण १० होता है। हे मित्र! मुझे बतलाओ कि अज्ञात भारवाले स्वर्ण का माप क्या है? ॥१८१॥

युग्मवर्णमिश्रसुवर्णानयनसूत्रम्—

ज्येष्ठाल्पक्षयशोधितपक्षविशेषाप्तरूपके भाज्यम् ।
प्रक्षेपकतः कुर्यादेवं बहुशोऽपि वा साध्यम् ॥१८२॥

पुनरपि युग्मवर्णमिश्रस्वर्णानयनसूत्रम्—

इष्टाधिकान्तरं चैव हीनेष्टान्तरमेव च । उभे ते स्थापयेद्व्यस्तं स्वर्णं प्रक्षेपतः फलम् ॥ १८३ ॥

अत्रोद्देशकः

एकवर्णसुवर्णं यत् षोडशवर्णेन संयुतं पक्वम् ।
द्वादश चेत्कनकशतं द्विभेदकनके पृथक् पृथग्ब्रूहि ॥ १८४ ॥

बहुसुवर्णानयनसूत्रम्—

व्येकपदानां क्रमशः स्वर्णानीष्टानि कल्पयेच्छेषम् ।
अव्यक्तकनकविधिना प्रसाधयेत् प्राक्तनायेव ॥ १८५ ॥

दिये गये वर्णों वाले स्वर्ण के दो दिये गये नमूनों के मिश्रण के ज्ञात वजन और ज्ञात वर्ण द्वारा दो दिये गये वर्णों के संवादी स्वर्ण के भारों को निकालने के लिये नियम—

मिश्रण के परिणामी वर्ण और (अज्ञात संघटक मात्राओं वाले स्वर्ण के) ज्ञात उच्चतर और निम्नतर वर्णों के अन्तरों को प्राप्त करो। १ को इन अन्तरों द्वारा क्रमवार भाजित करो। तब पहिले की भाँति प्रक्षेप क्रिया (अथवा इन विभिन्न भजनफलों की सहायता से समानुपातिक विभाजन) करो। इस प्रकार स्वर्ण की अनेक संघटक मात्राओं की बहुतों को भी प्राप्त किया जा सकता है ।।१८२।।

पुनः, दिये गये वर्ण वाले स्वर्ण के दो दिये गये नमूनों के मिश्रण के ज्ञात वजन और ज्ञात वर्ण द्वारा दो दिये गये वर्णों के संवादी स्वर्ण के भारों को निकालने के लिये नियम—

परिणामी वर्ण तथा (स्वर्ण की दो संघटक मात्राओं वाले दो दिये गये वर्णों के) उच्चतर वर्ण के अन्तर को और साथ ही परिणामी वर्ण तथा (दो दिये गये वर्णों के) निम्नतर वर्ण के अन्तर को विलोम क्रम में लिखो। इन विलोम क्रम में रखे हुए अन्तरों की सहायता से समानुपातिक वितरण की क्रिया करने पर प्राप्त किया गया परिणाम (संघटक मात्राओं वाले) स्वर्ण (के इष्ट भारों) को उत्पन्न करता है। ।।१८३।।

उदाहरणार्थ प्रश्न

यदि १ वर्ण वाला स्वर्ण, १६ वर्ण वाले स्वर्ण से मिलाया जाने पर १२ वर्ण वाला १ वजन का स्वर्ण उत्पन्न करता है तो स्वर्ण के दो प्रकारों के वजन के मानों को अलग-अलग प्राप्त करो ।।१८४।।

ज्ञात वर्ण और ज्ञात वजनवाले मिश्रण में ज्ञात वर्ण के बहुत से संघटक मात्राओं वाले स्वर्ण के भारों को निकालने के लिये नियम—

एक को छोड़कर सभी ज्ञात संघटक वर्णों के सम्बन्ध में मन से चुने हुए भारों को ले लिया जाता है। तब जो शेष रहता है उसे पहिले जैसी दी गई दशाओं के सम्बन्ध में अज्ञात भार वाले स्वर्ण के निश्चित करने के नियम द्वारा हल करना पड़ता है। ।।१८५।।

---

[१८५] यहाँ दिया गया नियम ऊपर दी गई गाथा १८ में उपलब्ध है।

अत्रोद्देशकः

वर्णाः शरर्तुनगवसुमृडविश्वे नव च पक्ववर्णं हि ।
कनकानां षष्टिश्चेत् पृथक् पृथक् कनकमा किं स्यात् ॥ १८६ ॥

द्वयनष्टवर्णानयनसूत्रम्—

स्वर्णाभ्यां हृतरूपे सुवर्णवर्णाहते द्विष्ठे ।
स्वस्वर्णहृतैकेन च हीनयुते व्यस्ततो हि वर्णफलम् ॥ १८७ ॥

अत्रोद्देशकः

षोडशदशकनकाभ्यां वर्णं न ज्ञायते[१] पक्वम् ।
वर्णं चैकादश चेद्वर्णौ तत्कनकयोर्भवेतां कौ ॥ १८८ ॥

---

१. B में यहाँ यते जुडा है ।

उदाहरणार्थ प्रश्न

सघटक राशियो वाले स्वर्ण के दिये गये वर्ण क्रमश ५, ६, ७, ८, ११ और १३ है, और परिणामी वर्ण ९ है। यदि स्वर्ण की समस्त संघटक मात्राओ का कुल भार ६० हो तो स्वर्ण की विभिन्न सघटक मात्राओं के वजन मे विभिन्न माप कौन-कौन होंगे ? ॥१८६॥

जब मिश्रण का परिणामी वर्ण ज्ञात हो, तब स्वर्ण की दो ज्ञात मात्राओ के नष्ट अर्थात् अज्ञात वर्णों को निकालने के लिये नियम—

१ को स्वर्ण के दिये गये दो वजनो द्वारा अलग-अलग भाजित करो। इस प्रकार प्राप्त भजनफलों में से प्रत्येक को अलग-अलग स्वर्ण की सगत मात्रा के भार द्वारा तथा परिणामी वर्ण द्वारा भी गुणित करो। इस प्रकार प्राप्त दोनो गुणनफलों को दो भिन्न स्थानो में लिखो। इन दो कुलकों (sets) में से प्रत्येक के इन फलों में से प्रत्येक को यदि उन राशियों द्वारा ह्रासित किया जाय अथवा जोड़ा जाय, जो १ को संगत प्रकार के स्वर्ण के ज्ञात भार द्वारा भाजित करने पर प्राप्त होती हैं, तो इष्ट वर्णों की प्राप्ति होती है ॥१८७॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

यदि सघटक वर्ण ज्ञात न हो, और क्रमश १६ और १० भार वाले दो भिन्न प्रकार के स्वर्णों का परिणामी वर्ण ११ हो, तो इन दो प्रकार के स्वर्ण के वर्ण कौन कौन हैं, बतलाओ ॥१८८॥

---

(१८७) गाथा १८८ के प्रश्न को निम्न रीति से साधित करने पर यह सूत्र स्पष्ट हो जावेगा—
$\frac{१}{१६}$ × १६ × ११ और $\frac{१}{१०}$ × १० × ११ दो स्थानों में लिख दिया जाता है।
इस प्रकार, ११ ११ लिखने पर,
११ ११

$\frac{१}{१६}$ और $\frac{१}{१०}$ को दो कुलकों में प्रत्येक के इन फलों में से प्रत्येक को क्रमानुसार १ को वर्ण द्वारा भाजित करने से प्राप्त राशियों द्वारा जोड़ा और घटाया जाता है—

$\left.\begin{matrix} ११ + \frac{१}{१६} \\ ११ - \frac{१}{१०} \end{matrix}\right\}$ और $\left\{\begin{matrix} ११ - \frac{१}{१६} \\ ११ + \frac{१}{१०} \end{matrix}\right.$ इस प्रकार उत्तरों के दो कुलक (sets) प्राप्त होते हैं।

पुनरपि द्वयनष्टवर्णानयनसूत्रम्—

एकस्य क्षयमिष्टं प्रकल्प्य शेषं प्रसाधयेत् प्राग्वत्।
बहुकनकानामिष्टं व्येकपदानां ततः प्राग्वत् ॥ १८९ ॥

अत्रोद्देशकः

द्वादशचतुर्दशानां स्वर्णानां समरसीकृते जातम्।
वर्णानां दशकं स्यात् तद्वर्णौ ब्रूहि संचिन्त्य ॥ १९० ॥

अपरार्धस्योदाहरणम्

सप्तनवशिखिशिखिदशानां कनकानां संयुते पलं। द्वादशवर्णं जातं किं ब्रूहि पृथक् पृथग्वर्णम् ॥ १९१ ॥

परीक्षणशलाकानयनसूत्रम्—

परमक्षयाप्तवर्णाः सर्वशलाकाः पृथक् पृथग्योज्याः।
स्वर्णफलं तद्योगोनं शलाकपिण्डात् प्रपूरणिका ॥ १९२ ॥

अत्रोद्देशकः

वैश्याः स्वर्णशलाकाश्चिकीर्षवः स्वर्णवर्णज्ञाः।
प्रथमः स्वर्णशलाका द्वादशवर्णं वदाद्यस्य ॥ १९३ ॥

पुनः, जब मिश्रण का परिणामी वर्ण ज्ञात हो, तब दो ज्ञात मात्राओं वाले स्वर्णों के अज्ञात वर्णों को निकालने के लिये नियम—

दो दी गई मात्राओं के स्वर्ण में से एक के सम्बन्ध में वर्ण मन से चुन लो। जो निकालना शेष हो उसे पहिले की भाँति प्राप्त किया जा सकता है। एक को छोड़ कर समस्त प्रकार के स्वर्ण की ज्ञात मात्राओं के सम्बन्ध में वर्ण मन से चुन लिये जाते हैं, और तब पहिले की तरह अपनाई गई रीति से अग्रसर होते हैं ॥१८९॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

क्रमशः १२ और १४ वजन वाले दो प्रकार के स्वर्ण को एक साथ गलाया गया, जिससे परिणामी वर्ण १० बना। उन दो प्रकार के स्वर्ण के वर्णों को सोचकर बतलाओ ॥१९०॥

नियम के उत्तरार्द्ध को निदर्शित करने के लिये उदाहरणार्थ प्रश्न

क्रमशः ७, ९, ३ और १ मात्रावाले चार प्रकार के स्वर्ण को गलाकर १२ वर्ण वाला स्वर्ण बनाया गया। प्रत्येक प्रकार के संघटक स्वर्ण के वर्णों को अलग-अलग बतलाओ ॥१९१॥

स्वर्ण की परीक्षण शलाका की धातु का अनुमान लगाने के लिये नियम—

प्रत्येक शलाका के वर्ण को, अलग-अलग, दिये गये महत्तम वर्ण द्वारा विभाजित करना पड़ता है। इस प्रकार प्राप्त (सभी) भजनफलों को जोड़ा जाता है। परिणामी योग शुद्ध स्वर्ण की इष्ट मात्रा का माप होता है। सभी शलाकाओं के भारों का योग करने पर, प्राप्त योगफल में से पिछले परिणामी योग को घटाते हैं। जो शेष बचता है वह प्रपूर्णिका (अर्थात् निम्न श्रेणी की मिश्रित धातु) की मात्रा होती है ॥१९२॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

स्वर्ण के वर्ण को परिखाने वाले ३ व्यापारी स्वर्ण की परीक्षण शलाकाओं को बनाने के इच्छुक थे। उन्होंने ऐसी स्वर्ण-शलाकायें बनाईं। पहिले व्यापारी का स्वर्ण १२ वर्ण वाला दूसरे का

चतुरुत्तरदशवर्णं षोडशवर्णं तृतीयस्य। कनकं चास्ति प्रथमस्यैकोनं च द्वितीयस्य ॥ १९४ ॥
अर्धार्धन्यूनमथ तृतीयपुरुषस्य पादोनम्। परवर्णादारभ्य प्रथमस्यैकान्त्यमेव च द्व्यन्त्यम् ॥१९५॥
त्र्यन्त्यं तृतीयवणिजः सर्वशलाकास्तु माषमिताः।
शुद्धं कनकं किं स्यात् प्रपूरणी का पृथक् पृथक् त्वं मे।
आचक्ष्व गणक शीघ्रं सुवर्णगणितं हि यदि वेत्सि ॥ १९६½ ॥

विनिमयवर्णसुवर्णानयनसूत्रम्—

क्रयगुणसुवर्णविनिमयवर्णेष्टघ्नान्तरं पुनः स्थाप्यम्।
व्यस्तं भवति हि विनिमयवर्णान्तरहृत्फलं कनकम् ॥ १९७½ ॥

अत्रोद्देशकः

षोडशवर्णं कनकं सप्तशतं विनिमयं कृतं लभते।
द्वादशदशवर्णाभ्यां साष्टसहस्रं तु कनकं किम् ॥ १९८½ ॥

---

१४ वर्ण वाला और तीसरे का १६ वर्ण वाला था। पहिले व्यापारी की परीक्षण शलाकाओं के विभिन्न नमूने, नियमित क्रम से, वर्ण में १ कम होते जाते थे। दूसरे के ½ और ½ कम और तीसरे के नियमित क्रम में ¾ कम होते जाते थे। पहिले व्यापारी ने परीक्षण स्वर्ण के नमूने को महत्तम वर्णवाले से आरम्भकर १ वर्ण वाले तक बनाये, उसी तरह से दूसरे व्यापारी ने २ वर्ण वाली तक की शलाकाएँ बनाईं और तीसरे ने भी महत्तम वर्ण वाली से आरम्भ कर ३ वर्ण वाली तक की परीक्षण शलाकाएँ बनाईं। प्रत्येक परीक्षण शलाका भार में १ माशा थी। हे गणितज्ञ ! यदि तुम वास्तव में स्वर्ण गणना को जानते हो, तो शीघ्र बतलाओ कि यहाँ शुद्ध स्वर्ण का माप क्या है, तथा प्रपूर्णिका (निम्न श्रेणी की मिली हुई धातु) की मात्रा क्या है ? ॥१९३–१९६½॥

दो दिये गये वर्ण वाले और बदले में प्राप्त स्वर्ण के भिन्न भारों को निकालने के लिये नियम—

पहिले बदले जाने वाले दिये गये स्वर्ण के भार को दिये गये वर्ण द्वारा गुणित करते हैं, और बदले में प्राप्त स्वर्ण का भार तथा बदले हुए स्वर्ण के दो नमूनों में से पहिले के वर्ण द्वारा गुणित करते हैं। प्राप्त गुणनफलों के अंतर को एक ओर लिख लिया जाता है। उपर्युक्त प्रथम गुणनफल को बदले में प्राप्त स्वर्ण का भार तथा बदले हुए स्वर्ण के दो नमूनों में से दूसरे के वर्ण द्वारा गुणित करने से प्राप्त गुणनफल द्वारा ह्रासित करने से प्राप्त अंतर को दूसरी ओर लिख लिया जाता है। यदि तब, वे स्थिति में बदल दिये जायँ, और बदले हुए स्वर्ण के दो प्रकारों के दो विशिष्ट वर्णों के अंतर के द्वारा भाजित किये जायँ, तो (बदले में प्राप्त दो प्रकार के) स्वर्ण की दो इष्ट मात्रायें होती हैं ॥१९७½॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

१६ वर्ण वाला ७०० भार का स्वर्ण बदले जाने पर, १२ और १० वर्ण वाले दो प्रकार का कुल १००८ भार वाला स्वर्ण उत्पन्न करता है। अब स्वर्ण के इन दो प्रकारों में से प्रत्येक प्रकार का भार कितना कितना है ? ॥१९८½॥

(१९७½) यह नियम गाथा १९८½ के प्रश्न का साधन करने पर स्पष्ट हो जावेगा—

७०० × १६ – १००८ × १० और १००८ × १२ – ७०० × १६ की स्थितियों को बदल कर लिखने से ८९६ और ११२० प्राप्त होते हैं। जब इन्हें १२ – १० अर्थात् २ द्वारा भाजित करते हैं, तो क्रमशः १० और १२ वर्ण वाले स्वर्ण के ४४८ और ५६० भार प्राप्त होते हैं।

बहुपदविनिमयसुवर्णकरणसूत्रम्—
वर्णप्रकनकमिश्रस्वर्णेनाप्तं समवर्णो भवति ।
प्राग्वत्प्रसाध्य लब्धं विनिमयबहुपदसुवर्णानाम् ॥१९९½॥

अत्रोद्देशकः

वर्णचतुर्दशकनकं शतत्रयं विनिमयं प्रकुर्वन्ति । वर्णैर्द्वादशदशवसुनगैश्च शतपञ्चकं स्वर्णम् ।
एतेषां वर्णानां पृथक् पृथक् स्वर्णमानं किम् ॥२०१॥

विनिमयगुणवर्णकनकप्रमाणानयनसूत्रम्—
स्वर्णघ्नवर्णयुतिहृतगुणयुतिमूल्यघ्नरूपोनेन । भक्तं लब्धं शोध्यं मूल्यनाच्छेषविनिमयं स्यात् ॥२०२॥
तल्लब्धमूल्ययोगाद्विनिमयगुणयोगभाजितं लब्धम् ।
प्रक्षेपकेण गुणितं विनिमयगुणवर्णकनकं स्यात् ॥२०३॥

कई विभिन्न प्रकार के बदले के परिणाम स्वरूप प्राप्त स्वर्ण के विभिन्न भारों को निकालने के लिये नियम—

यदि बदले जाने वाले इस स्वर्ण के भार को उसके ही वर्ण द्वारा गुणित कर उसे बदले में प्राप्त हुए स्वर्ण की मात्रा से भाजित किया जाय तो समांग औसत वर्ण उत्पन्न होता है। इसके पश्चात् पूर्व कथित क्रियाओं को प्रयुक्त करने पर, प्राप्त परिणाम बदले में प्राप्त विभिन्न प्रकार के स्वर्ण के इष्ट भारों को उत्पन्न करता है ॥१९९½॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

एक मनुष्य १४ वर्ण वाले ३०० भार के स्वर्ण के बदले में ५०० भार के विभिन्न वर्ण वाले १२, १०, ८ और ७ वर्ण वाले स्वर्ण के प्रकारों को प्राप्त करता है। बतलाओ कि इन भिन्न वर्णों में से प्रत्येक का संगत अलग-अलग स्वर्ण कितने-कितने भार का होता है ? ॥२००½—२०१॥

बदले में प्राप्त स्वर्ण के विभिन्न ऐसे भारों को निकालने के लिये नियम जो ज्ञात वर्ण वाले हैं और निश्चित गुणकों (multiples) के समानुपात में हैं—

दी गई समानुपाती गुणज (multiple) संख्याओं के योग को (दी गई समानुपाती मात्राओं वाले विभिन्न प्रकार के बदले में प्राप्त) स्वर्ण की मात्राओं को, (उनके विशिष्ट) वर्णों द्वारा गुणित करने पर, प्राप्त गुणनफलों के योग द्वारा भाजित करते हैं। परिणामी भजनफल को बदले जाने वाले स्वर्ण के मूल वर्ण द्वारा गुणित किया जाता है। यदि इस गुणनफल को १ द्वारा ह्रासित कर इसके द्वारा बदले में प्राप्त स्वर्ण के भार में जो बढ़ती हुई है उसे भाजित करें, और प्राप्त भजनफल को स्वर्ण के मूल भार में से घटावें तो (जो बदला नहीं गया है ऐसे) स्वर्ण का शेष भार प्राप्त होता है। यह शेष भार मूल स्वर्ण के भार तथा बदले के कारण भार में हुई वृद्धि के योग में से घटाया जाता है। इस प्रकार प्राप्त परिणामी शेष को बदले से सम्बन्धित समानुपाती गुणज (multiple) संख्याओं के योग द्वारा भाजित किया जाता है और तब उन समानुपाती संख्याओं में से प्रत्येक द्वारा अलग-अलग गुणित किया जाता है। तब बदले में प्राप्त स्वर्ण के विशिष्ट वर्ण वाले और विशिष्ट अनुपात वाले विभिन्न भारों की प्राप्ति होती है ॥२०२—२०३॥

(१९९½) यहाँ उल्लिखित क्रिया १८५ वीं गाथा से मिलती है।

अत्रोद्देशकः

कश्चिद्वणिक् फलार्थी षोडशवर्णं शतद्वयं कनकम् ।
यत्किंचिद्विनिमयकृतमेकाद्यं द्विगुणितं यथा क्रमशः ॥२०४॥
द्वादशवसुनवदशकक्षयकं लाभो द्विरभ्रशतम् ।
शेषं किं स्याद्विनिमयकांस्तेषां चापि मे कथय ॥२०५॥

दृश्यसुवर्णविनिमयसुवर्णमूलानयनसूत्रम्—

विनिमयवर्णेनाप्तं स्वांशं स्वेष्टक्षयघ्नसंमिश्रात् ।
अंशैक्योनेनाप्तं दृश्यं फलमत्र भवति मूलधनम् ॥२०६॥

अत्रोद्देशकः

वणिज कंचित् षोडशवर्णकसौवर्णगुलकमाहृत्य ।
त्रिचतुःपञ्चमभागान् क्रमेण तस्यैव विनिमयं कृत्वा ॥२०७॥
द्वादशदशवर्णैः संयुज्य च पूर्वशेषेण । मूलेन विना दृष्टं स्वर्णसहस्रं तु किं मूलम् ॥२०८॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

कोई व्यापारी लाभ प्राप्त करने का इच्छुक है, और उसके पास १६ वर्ण वाला २०० भार का स्वर्ण है। उसका एक भाग, १२, ८, ९ और १० वर्ण वाले चार प्रकार के स्वर्ण से बदला जाता है, जिनके भार ऐसे अनुपात में हैं जो १ से आरम्भ होकर नियमित रूप से २ द्वारा गुणित किये जाते हैं। इस बदले के व्यापार के फलस्वरूप स्वर्ण के भार में १०२ लाभ होता है। शेष (बिना बदले हुए) स्वर्ण का भार क्या है ? उन उपर्युक्त वर्णों के सगत (corresponding) स्वर्ण-प्रकारो के भारों कोभी बतलाओ, जो बदले में प्राप्त हुए हैं ॥२०४–२०५॥

जिसका कुछ भाग बदला गया है ऐसे स्वर्ण की सहायता से, और बदले के कारण बढ़ता देखा गया है ऐसे स्वर्ण के भार की सहायता से स्वर्ण की मूल मात्रा के भार को निकालने के लिये नियम—

बदले जाने वाले मूल स्वर्ण के प्रत्येक विशिष्ट भाग को उसके बदले के सगत वर्ण द्वारा भाजित किया जाता है। प्रत्येक दशा में, परिणामी भजनफल दिये गये मूल स्वर्ण के मन से चुने हुए वर्ण द्वारा गुणित किये जाते हैं, और तब ये सब गुणनफल जोड़े जाते हैं। इस योग में से मूल स्वर्ण के विभिन्न भिन्नीय बदले हुए भागों के योग को घटाया जाता है। अब यदि बदले के कारण स्वर्ण के भार की बढ़ती को इस परिणामी शेष द्वारा भाजित किया जाय, तो मूल स्वर्ण धन प्राप्त होता है ॥२०६॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी व्यापारी की १६ वर्ण सोने की एक छोटी गेंद ली जाती है, तथा उसके $\frac{1}{3}$, $\frac{1}{4}$ और $\frac{1}{5}$ भाग क्रमश १२, १० और ९ वर्ण वाले स्वर्ण से बदल दिये जाते हैं। इन बदले हुए विभिन्न प्रकार के स्वर्णों के भारों को मूल स्वर्ण के शेष भाग में जोड़ दिया जाता है। तब मूल स्वर्ण के भार को लेखा में से हटाने से भार में १००० बढ़ती देखी जाती है। इस मूल स्वर्ण का भार बतलाओ ॥२०७-२०८॥

अत्रोद्देशकः

स्वर्णपरीक्षकवणिजौ परस्परं याचितौ ततः प्रथमः।
अर्धं प्रादात् तामपि गुलिकां स्वसुवर्णे आयोज्य ॥२१३॥
वर्णदशकं करोमीत्यपरोऽवादीत् त्रिभागमात्रतया।
लब्धे तथैव पूर्णं द्वादशवर्णं करोमि गुलिकाभ्याम् ॥२१४॥
उभयोः सुवर्णमाने वर्णौ संचिन्त्य गणिततत्त्वज्ञ।
सौवर्णगणितकुशल यदि तेऽस्ति निगद्यतामाशु ॥२१५॥

इति मिश्रकव्यवहारे सुवर्णकुट्टीकारः समाप्तः।

विचित्रकुट्टीकारः

इतः परं मिश्रकव्यवहारे विचित्रकुट्टीकारं व्याख्यास्यामः। सत्यानृतसूत्रम्—

पुरुषाः सैकेष्टगुणा द्विगुणेष्टोना भवन्त्यसत्यानि। पुरुषकृतिस्तैरूना सत्यानि भवन्ति वचनानि ॥२१६॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

स्वर्ण के मूल्य को परखने में कुशल दो व्यापारियों ने एक दूसरे से स्वर्ण बदलने के लिये कहा। पहिले ने दूसरे से कहा, "यदि अपना आधा स्वर्ण मुझे दे दो, तो उसे मैं अपने स्वर्ण में मिलाकर कुल स्वर्ण को १० वर्ण वाला बना लूँगा।" तब दूसरे ने कहा, "यदि मैं तुम्हारा केवल $\frac{१}{३}$ भाग स्वर्ण प्राप्त करलूँ, तो मैं पूरे स्वर्ण को दो गोलियों की सहायता से १२ वर्ण वाला बना लूँगा।" हे गणित तत्त्वज्ञ! यदि तुम स्वर्ण गणित में कुशल हो तो सोचविचार कर शीघ्र बतलाओ कि उनके पास कितने-कितने वर्ण वाला कितना-कितना स्वर्ण (भार में) है? ॥२१३-२१५॥

इस प्रकार, मिश्रक व्यवहार में सुवर्ण कुट्टीकार नामक प्रकरण समाप्त हुआ।

विचित्र कुट्टीकार

इसके पश्चात्, हम मिश्रक व्यहार में विचित्र कुट्टीकार की व्याख्या करेंगे।

(ऐसी परिस्थिति में जैसी कि नीचे दी गई है, जहाँ दोनों बातें साथ ही साथ सम्भव हैं,) सत्य और असत्य वचनों की संख्या ज्ञात करने के लिये नियम—

मनुष्यों की संख्या को उनमें से चाहे गये मनुष्यों की संख्या को १ द्वारा बढ़ाने से प्राप्त संख्या द्वारा गुणित करो, और तब उसे चाहे गये मनुष्यों की संख्या की दुगुनी राशि द्वारा ह्रासित करो। जो संख्या उत्पन्न होगी वह असत्य वचनों की संख्या होगी। सब मनुष्यों का निरूपण करनेवाली संख्या का वर्ग इन असत्य वचनों की संख्या द्वारा ह्रासित होकर सत्य वचनों की संख्या उत्पन्न करता है ॥२१६॥

को पहिले बदले में १६ तक बढाना पडता है। इन दो वर्णों ८ और १६ को, दूसरे बदले में प्रयुक्त करने से, हमें औसतवर्ण $\frac{३६}{३}$ के बदले में $\frac{४०}{३}$ प्राप्त होता है।

इस प्रकार, दूसरे बदले में हम देखते हैं कि भार और वर्ण के गुणनफलों के योग में (४०-३५) अथवा ५ की बढ़ती है, जबकि पूर्व के चुने हुए वर्णों के सम्बन्ध में घटती और बढ़ती क्रमशः ९ – ८ = १ और १६ – १३ = ३ हैं।

परन्तु दूसरे बदले में भार और वर्ण के गुणनफलों के योग में बढ़ती ३६ – ३५ = १ है। त्रैराशिक के नियम का प्रयोग करने पर हमें वर्णों में संगत घटती और बढती $\frac{१}{५}$ और $\frac{३}{५}$ प्राप्त होती हैं। इसलिये वर्ण क्रमशः ९ – $\frac{१}{५}$ या ८$\frac{४}{५}$ और १३ + $\frac{३}{५}$ = १३$\frac{३}{५}$ हैं।

(२१६) इस नियम का मूल आधार गाथा २१७ में दिये गये प्रश्न के निम्नलिखित बीजीय

अत्रोद्देशकः

कामुकपुरुषाः पञ्च हि वेश्यायास्त्र प्रियास्त्रयस्तत्र ।
प्रत्येकं सा ब्रूते त्वमिष्ट इति कानि सत्यानि ॥२१७॥

प्रस्तारयोगभेदस्य सूत्रम्—

एकाद्येकोत्तरतः पदमूर्ध्वाधर्यतः क्रमोत्क्रमशः ।
स्थाप्य प्रतिलोमघ्नं प्रतिलोमघ्नेन भाजितं सारम् ॥२१८॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

पाँच कामुक व्यक्ति हैं। इनमें से तीन व्यक्ति वास्तव में वेश्या द्वारा चाहे जाते हैं। वह प्रत्येक से अलग-अलग कहती है "मैं केवल तुम्हें चाहती हूँ।" उसके कितने (स्वतः और उप कथित) वचन सत्य हैं ? ॥२१७॥

दी हुई वस्तुओं में (सम्भव) संचयों के प्रकारों सम्बन्धी नियम—

एक से आरम्भकर, संख्याओं को दी गई वस्तुओं की संख्या तक एक द्वारा बढ़ाकर, नियमित क्रम में और व्यस्तक्रम में (क्रमशः) एक ऊपर और एक नीचे क्षैतिजपंक्ति में लिखो। यदि ऊपर की पंक्ति में दाहिने से बाईं ओर को लिया गया (एक दो तीन अथवा अधिक संख्याओं का) गुणन फल, नीचे की पंक्ति में भी दाहिने से बाईं ओर को लिये गये (एक दो तीन अथवा अधिक संख्याओं के संगत) गुणनफल द्वारा भाजित किया जाय, तो प्रत्येक दशा में ऐसे संचय की इष्ट राशि फलस्वरूप प्राप्त होती है ॥ २१८ ॥

निरूपण से स्पष्ट हो जावेगा—

मानलो कुल मनुष्यों की संख्या अ है जिनमें से ब चाहे जाते हैं। वचनों की संख्या अ है, और प्रत्येक वचन अ मनुष्यों के बारे में है, इसलिये वचनों की कुल संख्या अ×अ=अ² है। अब इन अ मनुष्यों में से ब मनुष्य चाहे जाते हैं, और अ−ब चाहे नहीं जाते। जब ब मनुष्यों में से प्रत्येक को यह कहा जाता है, 'केवल तुम्हीं चाहे जाते हो', तब प्रत्येक दशा में असत्य वचन ब−१ हैं। इसलिये असत्य वचनों की ब वचनों में कुल संख्या ब (ब−१) है (१)

जब फिर से वही कथन अ−ब मनुष्यों में से प्रत्येक को कहा जाता है तब प्रत्येक दशा में असत्य कथनों की संख्या ब+१ है। इसलिये अ−ब वचनों में कुल असत्य वचनों की संख्या (अ−ब) (ब+१) है (२) (१) और (२) का योग करने पर, हमें ब (ब−१)+(अ−ब) (ब+१)=अ (ब+१) −२ ब प्राप्त होता है। यह असत्य वचनों की कुल संख्या को निरूपित करती है। इसे अ² में से घटाने पर, जो कि सब सत्य और असत्य वचनों की कुल संख्या है, हमें सत्य वचनों की संख्या प्राप्त होती है।

(२१८) यह नियम संचय (combination) के प्रश्न से सम्बन्ध रखता है। यहाँ दिया गया सूत्र यह है—

$$\frac{\text{न}(\text{न}-१)\ (\text{न}-२)\ \ldots\ (\text{न}-\text{र}+१)}{१\ २\ ३\ \ldots\ \text{र}}$$ और यह स्पष्ट रूप से $\frac{\lfloor \text{न}}{\lfloor \text{र}\ \lfloor \text{न}-\text{र}}$ के तुल्य है।

(२२९) नियम में दिया गया सूत्र बीजीय रूप से निम्न प्रकार है—

$$\text{क} = \frac{\frac{\text{अदा}}{२} - \sqrt{\left(\frac{\text{अदा}}{२}\right)^२ - \text{अबद}\ (\text{दा}-\text{द})}}{\text{दा}-\text{द}}$$, जहाँ क = निकाली जाने वाली मजदूरी

अत्रोद्देशकः

वर्णाश्चापि रसानां कषायतिक्ताम्लकटुकलवणानाम् ।
मधुररसेन युतानां भेदान् कथयाधुना गणक ॥२१९॥
वज्रेन्द्रनीलमरकतविद्रुममुक्ताफलैस्तु रचितमालायाः ।
कति भेदा युतिभेदात् कथय सखे सम्यगाशु त्वम् ॥२२०॥
केतक्यशोकचम्पकनीलोत्पलकुसुमरचितमालायाः ।
कति भेदा युतिभेदात्कथय सखे गणिततत्त्वज्ञ ॥२२१॥

ज्ञाताज्ञातलाभैर्मूलानयनसूत्रम्—

लाभोनमिश्रराशेः प्रक्षेपकतः फलानि ससाध्य । तेन हृतं तल्लब्धं मूल्यं त्वज्ञातपुरुषस्य ॥२२२॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

हे गणितज्ञ ! मुझे बतलाओ कि छ रस—कषायला, कडुआ, खट्टा, तीखा, खारा और मीठा दिये गये हों तो संचय के प्रकार और संचय राशिया क्या होगी ? ॥ २१९ ॥ हे मित्र ! हीरा, नील, मरकत, विद्रुम और मुक्ताफल से रची हुई अंतहीन धागे की माला के सचय में परिवर्तन होने से कितने प्रकार प्राप्त हो सकते हैं, शीघ्र बतलाओ ॥ २२० ॥ हे गणित तत्वज्ञ सखे ! मुझे बतलाओ कि केतकी, अशोक, चम्पक और नीलोत्पल के फूलों की माला बनाने के लिये सचयों में परिवर्तन करने पर कितने प्रकार प्राप्त हो सकते हैं ?

किसी व्यापार में ज्ञात और अज्ञात लाभों की सहायता से अज्ञात मूल धन प्राप्त करने के लिये नियम—

समानुपातिक विभाजन की क्रिया द्वारा समस्त लाभों के मिश्रित योग मे से ज्ञात लाभ घटाकर अज्ञात लाभों को निश्चित करते हैं। तब अज्ञात रकम लगाने वाले व्यक्ति का मूलधन, उसके लाभ को ऊपर समानुपातिक विभाजन की क्रिया में प्रयुक्त उसी साधारण गुणनखण्ड द्वारा भाजित करने पर, प्राप्त करते हैं ॥ २२२ ॥

अ = ढोया जाने वाला कुल भार, दा = कुल दूरी, द = तय की हुई (जो चली जा चुकी है ऐसी) दूरी, और ब = निश्चित की गई कुल मजदूरी है। यह आलोकनीय है कि यात्रा के दो भागों के लिये मजदूरी की दर एक सी है, यद्यपि यात्रा के प्रत्येक भाग के लिये चुकाई गई रकम पूरी यात्रा के लिए निश्चित की गई दर के अनुसार नहीं है।

प्रश्न के न्यास (data दत्त सामग्री) सहित निम्नलिखित समीकरण से सूत्र सरलतापूर्वक प्राप्त किया जा सकता है— $\frac{\text{क}}{\text{अद}} = \frac{\text{ब} - \text{क}}{(\text{अ} - \text{क})\ (\text{दा} - \text{द})}$, जहाँ क अज्ञात है।

अत्रोद्देशकः

समये केचिद्वणिजस्त्रयः क्रयं विक्रयं च कुर्वीरन्।
प्रथमस्य षट् पुराणा अष्टौ मूल्यं द्वितीयस्य ॥२२३॥
न ज्ञायते तृतीयस्य व्याप्तिस्तैर्नरैस्तु षण्णवतिः। ज्ञातावस्यैव फलं चत्वारिंशद्धि तेनाप्तम् ॥२२४॥
कस्तस्य प्रक्षेपो वणिजोरुभयोर्भवेच्च को लाभः।
प्रगणय्याचक्ष्व सखे प्रक्षेपं यदि विजानासि ॥२२५॥

भाटकानयनसूत्रम्—

भरभृतिगतगम्यहतिं त्यक्त्वा योजनदलघ्नभारकृतेः।
तन्मूलोनं गम्यच्छिन्नं[1] गन्तव्यभाटिर्वा सारम् ॥२२६॥

अत्रोद्देशकः

पनसानि द्वात्रिंशन्नीत्वा योजनमसौ दलोनाष्टौ।
गृह्णात्यन्तर्भाटकमर्धे भग्नोऽस्य किं देयम् ॥२२७॥

---

[1] M और B में यहाँ त छूटा है। छंद की दृष्टि से यह आवश्यक है।

उदाहरणार्थ प्रश्न

समझौते के अनुसार तीन व्यापारियों ने खरीदने और बेचने की क्रिया की। उनमें से पहिले की रकम ६ पुराण, दूसरे की ८ पुराण तथा तीसरे की अज्ञात थी। उन सब तीन मनुष्यों को ९६ पुराण लाभ प्राप्त हुआ। तीसरे व्यक्ति द्वारा अज्ञात रकम पर ४० पुराण लाभ प्राप्त किया गया था। व्यापार में उसने कितनी रकम लगाई थी? अन्य दो व्यापारियों को कितना-कितना लाभ हुआ? हे मित्र! यदि समानुपातिक विभाजन की क्रिया से परिचित हो तो भलीभाँति गणना कर उत्तर दो॥ २२३–२२५॥

किसी दी गई दर पर किसी निश्चित दूरी के किसी भाग तक ढुलाई की गई वस्तुएँ ले जाने के किराये को निकालने के लिये नियम—

ले जाये जाने वाले भार के संख्यात्मक माप और योजन में नापी गई तय दूरी की अर्द्ध राशि के गुणनफल के वर्ग में से ले जाये जाने वाले भार के संख्यात्मक माप, तय किया गया किराया, पहुँची हुई दूरी, इन सब के संतत गुणनफल को घटाओ। तब यदि ले जाये जाने वाले भार के निर्दिष्ट माप (अर्थात् यहाँ आधा माप) को तय की गई पूरी दूरी द्वारा गुणित कर और तब उपर्युक्त अंतर के वर्गमूल द्वारा ह्रासित कर, तय की जाने वाली (जो अभी शेष है ऐसी) दूरी के द्वारा भाजित किया जाय, तो इष्ट उत्तर प्राप्त होता है।

उदाहरणार्थ प्रश्न

यहाँ एक मनुष्य ऐसा है, जिसे ३२ पनस फलों को १ योजन दूर ले जाने पर मजदूरी में ७½ फल मिलते हैं। वह आधी दूर जाकर बैठ जाता है। उसे तय की गई मजदूरी में से कितनी मिलना चाहिये? ॥२२७॥

द्वितीयतृतीययोजनानयनस्यसूत्रम्—
भरभाटकसंवर्गोऽद्वितीयभृतिकृतिविवर्जितश्छेदः।
तद्भृत्यन्तरभरगतिहृतेर्गति स्याद् द्वितीयस्य ॥२२८॥

अत्रोद्देशकः

पनसानि चतुर्विंशतिमा नीत्वा पञ्चयोजनानि नरः।
लभते तद्भृतिमिह नव षड्भृतिवियुते द्वितीयनृगतिः का ॥२२९॥

बहुपद[1] भाटकानयनस्य सूत्रम्—
संनिहितनरहृतेषु प्रागुत्तरमिश्रितेषु मार्गेषु।
व्यावृत्तनरगुणेषु प्रक्षेपकसाधित मूल्यम् ॥२३०॥

१. B में यहाँ 'पद' छूट गया है।

जब पहिला अथवा दूसरा बोझ ढोने वाला थक कर बैठ जाता है, तब दूसरे अथवा तीसरे बोझ ढोने वाले के द्वारा योजनो मे तय की गई दूरियों को निकालने के लिये नियम—

ले जाये जाने वाले कुल वजन और तय की गई मजदूरियों के मान के गुणनफल में से प्रथम ढोने वाले को दी गई मजदूरी के वर्ग को घटाओ। इस अन्तर को तय की गई मजदूरी और पहिले ही दे दी गई मजदूरी के अन्तर, ढोया जाने वाला पूरा वजन, और तय की जानेवाली पूरी दूरी के सतत गुणनफल के सम्बन्ध में भाजक के रूप में उपयोग में लाते हैं। परिणामी भजनफल दूसरे मजदूर द्वारा तय की जाने वाली दूरी होता है ॥२२८॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी मनुष्य को २४ पनस फल ५ योजन दूर ले जाने के लिये ९ फल मजदूरी के रूप में प्राप्त हो सकते हैं। यदि प्रथम मनुष्य को इनमें से ६ फल मजदूरी के रूप में दिये जा चुके हो, तो दूसरे ढोने वाले को अब कितनी दूरी तय करना है, ताकि वह शेष मजदूरी प्राप्त करले ? ॥२२९॥

विभिन्न दशाओं की सगत मजदूरियों के मानों को निकालने के लिये नियम, जब कि विभिन्न मजदूर उन विभिन्न दूरियों तक दिया गया बोझ ले जावें—

मनुष्यों की विभिन्न संख्याओं द्वारा तय की गई दूरियों को वहाँ ढोने का काम करने वाले मनुष्यों की सख्या द्वारा भाजित करो। प्राप्त भजनफलों को इस प्रकार संयुक्त करना पड़ता है, कि उनमें से पहिला अलग रख लिया जाता है, और तब बाद के भजनफलों (१, २, ३ आदि) को उसमें जोड़ दिया जाता है। इन परिणामी राशियों को क्रमशः विभिन्न स्थानों पर बैठ जाने वाले मनुष्यों की संख्या द्वारा गुणित करना पड़ता है। तब इन परिणामी गुणनफलों के सम्बन्ध में प्रक्षेपक क्रिया (समानुपातिक विभाजन की क्रिया) करने से विभिन्न स्थानों पर छोड़ने (बैठने) वाले मनुष्यों की मजदूरियाँ प्राप्त होती हैं ॥२३०॥

(२२८) बीजीय रूप से : $दा - द = \frac{(ब - क)\, अ\, दा}{अब - क^2}$, जो पिछले नोट के समीकरण से सरलतापूर्वक प्राप्त किया जा सकता है। यहाँ क अज्ञात राशि है।

अत्रोद्देशकः

शिबिकां नयन्ति पुरुषा विंशतिरथ योजनद्वयं तेषाम् ।
भृतिर्दीनाराणां विंशत्यधिकं च सप्तशतम् ॥२३१॥
क्रोशद्वये निवृत्तौ द्वावुभयोः क्रोशयोस्त्रयश्चान्ये ।
पञ्च नराः शेषार्धाद्व्यावृत्ता का भृतिस्तेषाम् ॥२३२॥

इष्टगुणितपोट्टलकानयनसूत्रम्—

सैकगुणा स्वस्वेष्टं हित्वान्योन्यघ्नशेषमितिः ।
अपवर्त्य योज्य मूलं (चिप्तो) कृत्वा व्येकेन मूलेन ॥२३३॥
पूर्वापवर्तराशीन् हत्वा पूर्वापवर्तराशियुतेः ।
पृथगेव पृथक् त्यक्त्वा हस्तगताः स्वधनसंख्याः स्युः ॥२३४॥
ताः स्वस्वं हित्वैव स्वशेषयोगं पृथक् पृथक् स्थाप्य ।
स्वगुणघ्ना स्वकरगतैरूना पोट्टलकसंख्याः स्युः ॥२३५॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

२० मनुष्यों को कोई पालकी २ योजन दूर ले जाने पर ७२० दीनार मिलते हैं। दो मनुष्य दो कोस दूर जाकर रुक जाते हैं, दो कोस दूर और जाने पर अन्य तीन रुक जाते हैं तथा शेष की आधी दूरी जाने पर ५ मनुष्य रुक जाते हैं। ढोने वाले विभिन्न मजदूरों को क्या-क्या मजदूरी मिलती है? ॥२३१–२३२॥

किसी थैली में भरी हुई रकम को निकालने के लिये नियम, जो कुछ मनुष्यों में से प्रत्येक के हाथ में स्थित रकम है उसमें जोड़ी जाने पर अन्य के हाथों में रखी हुई रकमों के योग की निश्चित गुणज (multiple) बन जाती है—

प्रश्न में निर्दिष्ट गुणज (multiple) संख्याओं में से प्रत्येक में एक जोड़कर योग राशियाँ प्राप्त करते हैं। इन योगों को एक दूसरे से प्रत्येक दशा में विशेष उल्लिखित गुणज के सम्बन्धी योग को उपेक्षित करते हुए, गुणित करते हैं। इन्हें साधारण गुणनखंडों को हटा कर, लघुतम पदों में प्रहासित (लघुकृत) करते हैं। तब इन प्रहासित (लघुकृत) राशियों को जोड़ा जाता है। इस परिणामी योग का वर्गमूल प्राप्त किया जाता है जिसमें से एक घटा दिया जाता है। उपर्युक्त प्रहासित राशियों को इस १ द्वारा ह्रासित वर्गमूल द्वारा गुणित किया जाता है। तब इन्हें अलग-अलग उन्हीं प्रहासित राशियों के योग में से घटाया जाता है। इस प्रकार, कई व्यक्तियों में से प्रत्येक के हाथ की रकमें प्राप्त होती हैं। तब व्यक्तियों में से केवल एक के पास के धन के मान को प्रत्येक दशा में योग से वर्जित कर, इन सब हाथ की रकमों की राशियों को एक दूसरे में जोड़ना पड़ता है। इस प्रकार प्राप्त कई योग अलग-अलग लिखे जाते हैं। इन्हें क्रमशः उपर्युक्त उल्लिखित गुणज राशियों द्वारा गुणित किया जाता है। इस प्रकार प्राप्त कई गुणनफलों में से हाथ की रकमों को अलग-अलग घटाया जाता है। तब हाथ में कई रकमों में से प्रत्येक के सम्बन्ध में अलग-अलग थैली की रकम का वही मान प्राप्त होता है ॥२३३–२३५॥

(२३३–२३५) गाथा २३६–२३७ में दिये गये प्रश्न में मानलो क, ख, ग हाथ में रखी हुई तीन व्यापारियों की रकमें हैं; और थैली में प रकम है ।

अत्रोद्देशकः

मार्गे त्रिभिर्वणिग्भिः पोट्टलकं दृष्टमाह तत्रैकः ।
पोट्टलकमिदं प्राप्य द्विगुणधनोऽहं भविष्यामि ॥२३६॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

तीन व्यापारियों ने सड़क पर एक थैली पड़ी हुई देखी । एक ने शेष उन से कहा, "यदि मुझे यह थैली मिल जाय, तो तुम्हारे हाथ में जितनी रकमें हैं उनके हिसाब से मैं तुम दोनों लोगों से दुगुना धनवान हो जाऊँगा ।" तब दूसरे ने कहा, "मैं तिगुना धनवान हो जाऊँगा ।" तब तीसरे ने कहा, "मैं पांच गुना धनवान हो जाऊँगा ।" थैली की रकम तथा प्रत्येक के हाथ की रकमों को अलग-अलग बतलाओ ॥२३६॥

हाथ की रकमों के मान तथा थैली की रकम निकालने के लिये नियम, जब कि थैली की रकम का विशेष उल्लिखित भिन्नीय भाग दत्त संख्या के मनुष्यों में, प्रत्येक के हाथ की रकम में क्रमशः जोड़ने पर, प्रत्येक दशा में उनके धन की हाथ की रकम के वही गुणज (multiple) हो जावें—

तब
$$\left.\begin{aligned} य+क &= अ\,(ख+ग),\\ य+ख &= ब\,(ग+क),\\ य+ग &= स\,(क+ख), \end{aligned}\right\}$$ जहाँ अ, ब, स प्रश्न में गुणजों का निरूपण करते हैं ।

अब
$$\begin{aligned} य+क+ख+ग &= (अ+१)\,(ख+ग)\\ &= (ब+१)\,(ग+क)\\ &= (स+१)\,(क+ख). \end{aligned}$$

तब
$$\frac{(अ+१)\,(ब+१)\,(स+१)}{ता}\times(ख+ग) = (ब+१)\,(स+१), \quad \ldots (१)$$

जहाँ $ता = य+क+ख+ग$ है ।

इसी प्रकार,
$$\frac{(अ+१)\,(ब+१)\,(स+१)}{ता}\times(ग+क) = (स+१)\,(अ+१) \quad .\,(२)$$

और
$$\frac{(अ+१)\,(ब+१)\,(स+१)}{ता}\times(क+ख) = (अ+१)\,(ब+१) \quad ..\,(३)$$

(१), (२) और (३) को जोड़ने पर,
$$\frac{(अ+१)\,(ब+१)\,(स+१)}{ता}\times २\,(क+ख+ग)$$
$$= (ब+१)\,(स+१)+(स+१)\,(अ+१)+(अ+१)\,(ब+१) = शा \quad ..(४)$$

(१), (२) और (३) को अलग अलग २ द्वारा गुणित करके (४) में से घटाने पर—
$$\frac{(अ+१)\,(ब+१)\,(स+१)}{ता}\times २\,क = शा - २\,(ब+१)\,(स+१),$$
$$\frac{(अ+१)\,(ब+१)\,(स+१)}{ता}\times २\,ख = शा - २\,(स+१)\,(अ+१),$$
$$\frac{(अ+१)\,(ब+१)\,(स+१)}{ता}\times २\,ग = शा - २\,(अ+१)\,(ब+१),$$

हस्तगताभ्यां युक्तयोर्द्विगुणघनोऽर्द्धं द्वितीय आहेति ।
पञ्चगुणोऽर्द्धं त्वपरः पोट्टलहस्तस्थमानं किम् ॥२३७॥

सर्वतुल्यगुणकपोट्टलकानयनहस्तगतानयनसूत्रम्—

व्येकपदघ्नव्येकगुणेष्टांशसमासोनितांशयुतिगुणघातः ।
हस्तगताः स्युर्भवति हि पूर्ववदिष्टांशमाजितं पोट्टलकम् ॥२३८॥

प्रश्न में दिये गये सभी उल्लिखित भिन्नों के योग के हर की उपेक्षा कर, उसे (उल्लिखित साधारण) अपवर्त्य संख्या (multiple) द्वारा गुणित किया जाता है । इस गुणनफल में से वे राशियाँ अलग-अलग घटाई जाती हैं, जो साधारण हर में प्रदर्शित उपर्युक्त भिन्नों में से प्रत्येक को एक कम मनुष्यों के मामलों की संख्या और उल्लिखित अपवर्त्य के गुणनफल को एक द्वारा ह्रासित करने से प्राप्त राशि द्वारा गुणित करने से प्राप्त होती हैं । परिणामी शेष हाथ की रकमों के अलग-अलग मानों को स्थापित करते हैं । पहिले की तरह क्रियायें करने पर और तब प्रश्न में विशेष उल्लिखित भिन्नीय भाग द्वारा विभाजन करने पर थैली की रकम का मान प्राप्त हो जाता है ॥२३८॥

क : ख : ग :: घा−२ (ब+१) (स+१) : घा−२ (स+१) (अ+१) : घा−२ (अ+१) (ब+१)

समानुपात के दाहिनी ओर, (यदि कोई हो तो) साधारण गुणनखंडों को हटाने से हमें क, ख, ग के सबसे छोटे पूर्णांक मान प्राप्त होते हैं । यह समानुपात नियम में सूत्र के रूप में दिया गया है । यह देखने योग्य है कि नियम में कथित वर्गमूल केवल गाथा २३६–२३७ में दिये गये प्रश्न से सम्बन्धित है । यदि शुद्ध रूप से लिखा जाय तो 'वर्गमूल' के स्थान में '२' होना चाहिये । यह सरलता पूर्वक देखा जा सकता है कि यह प्रश्न तभी सम्भव है, जब कि $\frac{१}{अ+१}$ $\frac{१}{ब+१}$ और $\frac{१}{स+१}$ के कोई भी दो का योग तीसरे से बड़ा हो ।

(२३८) नियम में दिया गया सूत्र यह है—

$$\left.\begin{array}{l} क = म (अ+ब+स) - अ (२ म - १), \\ ख = म (अ+ब+स) - ब (२ म - १), \\ ग = म (अ+ब+स) - स (२ म - १), \end{array}\right\}$$

जहाँ क, ख, ग हाथ की रकमें हैं, म साधारण गुणज (multiple) है, और अ, ब, स दिये गये उल्लिखित भिन्नीय भाग हैं ।

ये मान अगले समीकारों से सरलता पूर्वक निकाले जा सकते हैं ।

$$\left.\begin{array}{l} पा \ अ + क = म (ख + ग), \\ पा \ ब + ख = म (ग + क) \\ और \ पा \ स + ग = म (क + ख) \end{array}\right\}$$

जहाँ पा, थैली की रकम है ।

अत्रोद्देशकः

वैश्यैः पञ्चभिरेक पोट्टलकं दृष्टमाह चैकैकः ।
पोट्टलकषष्ठसप्तमनवमाष्टमदशमभागमाप्त्वैव ॥२३९॥
स्वस्वकरस्थेन सह त्रिगुणं त्रिगुणं च शेषाणाम् ।
गणक त्वं मे शीघ्रं वद हस्तगतं च पोट्टलकम् ॥२४०॥

इष्टांशेष्टगुणपोट्टलकानयनसूत्रम्—

इष्टगुणाग्रान्यांशाः सेष्टाशा सैकनिजगुणहृता युक्ताः ।
व्यूनपदघ्नेष्टांशन्यूना. सैकेष्टगुणहृता हस्तगताः ॥२४१॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

पाँच व्यापारियो ने एक थैली देखी । उन्होने (एक के वाद दूसरे से) इस प्रकार कहा कि थैली की रकम का क्रमशः $\frac{१}{६}$, $\frac{१}{७}$, $\frac{१}{९}$, $\frac{१}{८}$ और $\frac{१}{१०}$ भाग पाने पर वह अपने हाथ की रकम मिलाकर अन्य व्यापारियो के कुल धन से तिगुना धनी हो जायगा । हे गणितज्ञ ! उनके हाथों की अलग-अलग रकम तथा थैली में भरी हुई रकम को शीघ्र ही वतलाओ ॥२३९–२४०॥

थैली की रकम प्राप्त करने के लिये नियम, जव कि उल्लिखित भिन्नीय भागों को, क्रमशः उन व्यक्तियों के हाथ की रकम जोड़ने पर, प्रत्येक अन्य की कुल रकमों के मान से विशिष्ट गुणा धनी वन जावे—

(इष्ट मनुष्य के भाग को छोड़कर,) शेष सभी से सम्बन्धित उल्लिखित भिन्नीय भागों को साधारण हर में प्रह्लासित कर हर को उपेक्षित कर दिया जाता है । इन्हें (अलग-अलग इष्ट मनुष्य सम्बन्धी) निर्दिष्ट अपवर्त्य (multiple) द्वारा गुणित करते है । इन गुणनफलों में उस इष्ट मनुष्य के भिन्नीय भाग को जोड़ते हैं । परिणामी योगों में से प्रत्येक को अलग अलग उसके सगत उल्लिखित अपवर्त्य (multiple) से एक अधिक राशि द्वारा भाजित करते हैं । तब इन भजनफलो को भी जोडा जाता है । अलग-अलग दशाओं सम्बन्धी इस प्रकार प्राप्त योगों को, दो कम दशाओं की सख्या द्वारा गुणित कर, निर्दिष्ट भिन्नीय भाग द्वारा ह्रासित करते हैं । अन्तर को एक अधिक निर्दिष्ट अपवर्त्य द्वारा भाजित करते है । यह फल (इस विशिष्ट दशा में) हाथ की रकम है ॥२४१॥

---

(२४१) नियम में दिया गया सूत्र इस प्रकार है—

$$क = \left\{ \frac{अ + मब}{न + १} + \frac{अ + मस}{य + १} + \frac{अ + मद}{र + १} + \ldots - (श - २) अ \right\} \div (म + १)$$

$$ख = \left\{ \frac{ब + नअ}{म + १} + \frac{ब + नस}{य + १} + \frac{ब + नद}{र + १} + \quad - (श - २) अ \right\} \div (न + १) \text{ इत्यादि,}$$

जहाँ क, ख, हाथ की रकमें हैं, अ, ब, स, द भिन्नीय भाग हैं;
म, न, य, र, . विभिन्न अपवर्त्य सख्यायें हैं, और श व्यापार सम्बन्धी व्यक्तियों की सख्या है ।

अत्रोद्देशकः

द्वाभ्यां पथि पथिकाभ्यां पोट्टलकं दृष्टमाह तत्रैकः ।
अस्यार्धं संप्राप्य द्विगुणधनोऽहं भविष्यामि ॥२४२॥
अपरस्त्र्यंशद्वितयं त्रिगुणधनस्त्वत्करस्थधनात् ।
मत्करधनेन सहितं हस्तगतं किं च पोट्टलकम् ॥ २४३ ॥
दृष्टं पथि पथिकाभ्यां पोट्टलकं तद्गृहीत्वा च ।
द्विगुणसमभूदाद्यस्तु स्वकरस्थधनेन चान्यस्य ॥
हस्तस्थधनादन्यस्त्रिगुणं किं करगतं च पोट्टलकम् ॥ २४४½ ॥
मार्गे नरैश्चतुर्भिः पोट्टलकं दृष्टमाह तत्राद्यः ।
पोट्टलकमिदं लब्ध्वा अष्टगुणोऽहं भविष्यामि ॥ २४५½ ॥
स्वकरस्थधनेनान्यो नवसंगुणितं च शेषधनात् ।
दशगुणधनवानपरस्त्वेकादशगुणितधनवान् स्यात् ।
पोट्टलकं किं करगतधनं कियद्ब्रूहि गणकाशु ॥ २४७ ॥
मार्गे नरैः पोट्टलकं चतुर्भिर्दृष्टं हि तस्यैव तथा चमूनु¹ ।
पञ्चांशपादार्धतृतीयभागास्तद्द्वित्रिपञ्चाभचतुर्गुणाश्च¹ ॥ २४८ ॥

१ M और B में स्वः पाठ है जो स्पष्टरूप से अशुद्ध है ।

उदाहरणार्थ प्रश्न

दो यात्रियों ने सड़क पर धन से भरी हुई थैली देखी। उनमें से एक ने दूसरे से कहा, 'थैली की आधी रकम प्राप्त होने पर मैं तुमसे दुगुना धनी हो जाऊँगा।' दूसरे ने कहा, "इस थैली की २/३ रकम मिल जाने पर मैं हाथ की रकम मिलाकर तुम्हारे हाथ की रकम से तिगुनी रकमवाला हो जाऊँगा। हाथ की अलग-अलग रकमें तथा थैली की रकम बतलाओ ॥२४२-२४३॥ दो यात्रियों ने रास्ते पर पड़ी हुई धन से भरी थैली देखी। एक ने उसे उठाया और कहा, "इस धन और हाथ के धन को मिलाकर मैं तुमसे दुगुना धनी हूँ।" दूसरे ने थैली को लेकर कहा, "मैं इस धन और हाथ के धन को मिलाकर तुमसे तिगुना धनी हूँ।" हाथ की रकमें और थैली की रकम अलग-अलग बतलाओ। ॥२४४-२४४½॥ चार मनुष्यों ने धन से भरी एक थैली रास्ते में देखी। पहिले ने कहा, "यदि मुझे यह थैली मिल जाय तो मैं कुछ धन मिलाकर तुम सभी के धन से आठगुना धनवान हो जाऊँ।" दूसरे ने कहा, "यदि यह थैली मुझे मिल जाय तो मेरा कुलधन तुम्हारे कुलधन से ९ गुना हो जाय।" तीसरे ने कहा, "मैं १० गुना धनी हो जाऊँगा।" और चौथे ने कहा, "मैं ११ गुना धनी हो जाऊँगा।" हे गणितज्ञ! थैली की रकम और उनमें से प्रत्येक के हाथ की रकमें बतलाओ ॥२४५½-२४७॥ चार मनुष्यों ने रकम भरी थैली रास्ते में देखी। तब जो कुछ प्रत्येक के हाथ में था यदि उसमें थैली का क्रमशः $\frac{1}{5}$, $\frac{1}{4}$, $\frac{1}{2}$ और $\frac{1}{3}$ भाग मिलाया जाता तो वह दूसरों के कुलधन से क्रमशः दुगुना, तिगुना, पाँचगुना और चारगुना धन हो जाता। थैली की रकम और उनमें से प्रत्येक के हाथ की रकमें बतलाओ ॥२४८॥ तीन व्यापारियों ने रास्ते में धन से भरी हुई थैली देखी। पहिले ने (शेष) उनसे

मार्गे त्रिभिर्वणिग्भिः पोट्टलकं दृष्टमाह तत्राद्यः ।
यद्यस्य चतुर्भागं लभेऽहमित्याह स युवयोर्द्विगुणः ॥ २४९ ॥
आह त्रिभागमपरः स्वहस्तधनसहितमेव च त्रिगुणः ।
अस्यार्धं प्राप्याहं तृतीयपुरुषश्चतुर्गुणधनवान् स्याम् ।
आचक्ष्व गणक शीघ्रं किं हस्तगतं च पोट्टलकम् ॥ २५०½ ॥

याचितरूपैरिष्टगुणकहस्तगतानयनस्य सूत्रम्—

याचितरूपैक्यानि स्वसैकगुणवर्धितानि तैः प्राग्वत् ।
हस्तगतानां नीत्वा चेष्टगुणघ्नेति सूत्रेण ॥ २५१½ ॥
सदृशच्छेदं कृत्वा सैकेष्टगुणाहृतेष्टगुणयुत्या ।
रूपोनितया भक्तान् तानेव करस्थितान् विजानीयात् ॥ २५२½ ॥

कहा, "यदि मुझे इस थैली का ¼ धन मिल जाय, तो मैं अपने हाथ की रकम मिलाकर तुम सभी के कुलधन से दुगुने धनवाला हो जाऊँ।" दूसरे ने कहा, "यदि मुझे थैली का ⅓ धन मिल जाय, तो उसे मिलाकर मैं तुम सभी के कुल धन से तिगुने धनवाला हो जाऊँ।" तीसरे ने कहा, "यदि मुझे थैली का आधा धन मिल जाय तो उसे मिलाकर मैं तुम दोनों के कुल धन से चौगुने धनवाला हो जाऊँ।" हे गणितज्ञ ! शीघ्र ही उनके हाथ की रकमें तथा थैली की रकम अलग-अलग बतलाओ ॥२४९–२५०½॥

हाथ की ऐसी रकम निकालने का नियम, जो दूसरे से माँगे हुए धन में मिलने पर दूसरों के हाथ की रकमों का निर्दिष्ट अपवर्त्य बन जाती है :—

माँगी हुई रकमों को अलग-अलग निज की सगत, अपवर्त्य (multiple) राशि में एक जोड़ने से प्राप्तफल द्वारा गुणित करते हैं। इन गुणनफलों की सहायता से गाथा २४१ में दिये गये नियम द्वारा हाथ की रकमों को प्राप्त कर लेते हैं। इस प्रकार प्राप्त इन राशियों को साधारण हरवाली बनाते हैं। प्रत्येक एक द्वारा बढ़ाई गई अपवर्त्य (multiple) राशियों द्वारा क्रमशः निर्दिष्ट अपवर्त्य राशियों को भाजित करते है। तब साधारण हरवाली राशियों को अलग-अलग इन प्राप्त फलों के एकोन योग द्वारा भाजित करते हैं। इन परिणामी भजनफलों को विभिन्न मनुष्यों के हाथों की रकमें समझना चाहिये ॥ २५१½-२५२½ ॥

(२५१½–२५२½) बीजीय रूप से,

$$\left[क - \left\{ \frac{(अ+ब)(म+१)+म(स+द)(न+१)}{न+१} + \frac{(अ+ब)(म+१)+म(इ+फ)(प+१)}{प+१} + \cdots + \text{इत्यादि}-(श-२)(अ+ब)(म+१) \right\} - (म+१) \right] \div \left(\frac{म}{म+१}+\frac{न}{न+१}+\frac{प}{प+१}-१\right)$$

इसी प्रकार ख, ग के लिये, इत्यादि। यहाँ अ, ब, स, द, इ, फ एक दूसरे से माँगी हुई रकमें हैं।

अत्रोद्देशकः

वैश्यैस्त्रिभिः परस्परहस्तगतं याचितं धनं प्रथमः ।
चत्वार्यथ द्वितीयं पञ्च तृतीयं नरं प्राप्य ॥ २५३½ ॥
द्विगुणोऽभवद्द्वितीयः प्रथमं चत्वारि षट् तृतीयमगात् ।
त्रिगुणं तृतीयपुरुषः प्रथमं पञ्च द्वितीयं च ॥ २५४½ ॥
षट् प्राप्याभूत्पञ्चगुणः स्वहस्तस्थितानि कानि स्युः ।
कथयाशु चित्रकुट्टीमिश्रं जानासि यदि गणक ॥ २५५½ ॥
पुरुषास्त्रयोऽतिकुशलाश्चान्योन्यं याचितं धनं प्रथमः ।
स द्वादश द्वितीयं त्रयोदश प्राप्य तस्त्रिगुणः ॥ २५६½ ॥
प्रथमं दश त्रयोदश तृतीयमभ्यर्थ्य च द्वितीयोऽभूत् ।
पञ्चगुणितो द्वितीयं द्वादश दश याचयित्वाद्यम् ॥ २५७½ ॥
सप्तगुणितस्तृतीयोऽभवदपरो वाञ्छितानि छन्धानि ।
कथय सखे विगणय्य च तेषां हस्तस्थितानि कानि स्युः ॥ २५८½ ॥

अन्त्यस्योपान्त्यगुणस्यधनं दत्त्वा समधनानयनसूत्रम्—
याच्छाभक्तं रूपं स उपान्त्यगुणः सरूपसंयुक्तः ।
शेषाणां गुणकारः सैकोऽस्यः करणमेतत्स्यात् ॥ २५९½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

तीन व्यापारियों ने एक दूसरे से उनके पास की रकमों में से रकमें माँगी। पहिला व्यापारी दूसरे से ४ और तीसरे से ५ माँगकर शेष के कुल धन से दुगुना धन वाला बन गया। दूसरा पहिले से ४ और तीसरे से ६ मांग कर शेष के कुल धन से तिगुना धनवाला बन गया। तीसरा पहिले से ५ और दूसरे से ६ मांग कर उन दोनों से पाँचगुना धनवाला बन गया। हे गणितज्ञ यदि तुम विचित्र कुट्टीकार विधि से परिचित हो तो मुझे शीघ्र ही उनके हाथों की रकमें बतलाओ ॥२५१½-२५५½॥ तीन अति-कुशल पुरुष थे। उन्होंने एक दूसरे से रकमें मांगी। पहिला पुरुष दूसरे से १२ और तीसरे से १३ लेकर उन दोनों से ३ गुना धनवाला बन गया। दूसरा पहिले से १० और तीसरे से १३ लेकर शेष दोनों से ५ गुना धनवाला बन गया तीसरा दूसरे से १२ और पहिले से १० लेकर शेष दोनों से ७ गुना धनवाला बन गया। उनकी वांछाएं पूर्ण हो गईं। हे मित्र ! गणना कर उनके हाथों की रकमों को बतलाओ ॥२५६½-२५८½॥

समान धन राशियों को निकालने के लिए नियम जब कि अन्तिम मनुष्य अपने खुद के धन में से उपान्तिम को उसी के धन के बराबर दे देता है। और फिर, यह उपान्तिम मनुष्य बाद में आनेवाले मनुष्य के सम्बन्ध में यही करता है इत्यादि—

एक के द्वारा दूसरे को दिये जानेवाले धन के सम्बन्ध में मन से चुनी हुई गुणज (multi ple) राशि द्वारा १ को विभाजित करो। यह उपान्तिम मनुष्य के धन के सम्बन्ध में गुणज हो जाता है। यह गुणज एक द्वारा बढ़ाया जाकर दूसरे के हस्तगत धनों का गुणज बन जाता है। इस अन्तिम व्यक्ति के इस प्रकार प्राप्त धन में १ जोड़ा जाता है। यही रीति उपयोग में लाई जाती है ॥२५९½॥

(२५ २) *गाथा २५१½ के प्रश्न को निम्नलिखित रीति से हल करने पर यह नियम स्पष्ट हो*

अत्रोद्देशकः

वैश्यात्मजास्त्रयस्ते मार्गगता ज्येष्ठमध्यमकनिष्ठाः ।
स्वधने ज्येष्ठो मध्यमधनमात्रं मध्यमाय ददौ ॥ २६०½ ॥
स तु मध्यमो जघन्यजधनमात्रं यच्छति स्मास्य ।
समधनिकाः स्युस्तेषां हस्तगतं ब्रूहि गणक संचिन्त्य ॥ २६१½ ॥
वैश्यात्मजाश्च पञ्च ज्येष्ठादनुजः स्वकीयधनमात्रम् ।
लेभे सर्वेऽप्येवं समवित्ताः किं तु हस्तगतम् ॥ २६२½ ॥
वणिजः पञ्च स्वस्वादर्धं पूर्वस्य दत्त्वा तु ।
समवित्ता संचिन्त्य च किं तेषां ब्रूहि हस्तगतम् ॥ २६३½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी व्यापारी के तीन लड़के थे। बड़ा, मँझला और छोटा, तीनों किसी रास्ते से कहीं जा रहे थे। बड़े ने अपने धन में से मँझले को उतना धन दिया जितना कि मँझले के पास था। इस मझले ने अपने धन में से छोटे को उतना दिया जितना कि छोटे के पास था। अंत में उनके पास बराबर-बराबर धन हो गया। हे गणितज्ञ ! सोचकर बतलाओ कि आरम्भ में उनके पास (क्रमशः) कितना-कितना धन था ? ॥ २६०½-२६१½ ॥ किसी व्यापारी के पाँच लड़के थे। द्वितीय पुत्र ने बड़े से उतना धन लिया जितना कि उसका हस्तगत धन था। बाकी सभी ने ऐसा ही किया। अत में उन सबके पास बराबर-बराबर धन हो गया। बतलाओ कि आरम्भ में उनके पास कितनी-कितनी रकम थी ? ॥ २६२½ ॥ पाँच व्यापारी समान धन वाले हो गये, जब कि उनमें से प्रत्येक ने अपनी खुद की रकम में से, जो उसके सामने आया, उसे उसी के धन से आधा दे दिया। सोचकर बतलाओ कि उनके पास आरम्भ में कितना-कितना धन था ? ॥ २६३½ ॥ ६ व्यापारी थे। बड़ों ने, जो कुछ उनके हाथ मे

जावेगा—

१ – ½ या २ उपअंतिम मनुष्य के धन के सम्बन्ध में गुणज (multiple) है। यह २ एक से मिलाने पर ३ हो जाता है, जो दूसरों के धनों के संबंध में गुणज अथवा अपवर्त्य (multiple) हो जाता है।

अब .... १, १।
उपअंतिम १ को २ से गुणित कर और अन्य को ३ द्वारा गुणित करने से हमें
यह प्राप्त होता है .... २, ३।
अन्त के अंक में १ जोड़ने पर यह प्राप्त होता है ...... २, ४।
अब यह लिखते हैं .... २, ४, ४।
उपअंतिम ४ को २ द्वारा और अन्य को ३ द्वारा गुणित कर और अंत के अंक में जोड़ने पर हमें
यह प्राप्त होता है। .... ६, ८, १३।
पुनः .... ६, ८, १३, १३।
ऊपर की तरह, फिर से उन्हीं क्रियाओं को दुहराने पर हमें यह प्राप्त होता है : १८, २४, २६ ४०, ५४, ७२, ७८, ८०, १२१।
अंतिम पंक्ति की सख्याएँ ५ व्यापारियों की अलग अलग हस्तगत रकमों का निरूपण करती हैं।
बीजीय रूप से :— अ – ½ ब = ³⁄₂ ब – ½ स = ³⁄₂ स – ½ द = ³⁄₂ द – ½ इ = ³⁄₂ इ,
जहाँ अ, ब, स, द, इ पाँच व्यापारियों की हस्तगत रकमें हैं।

वणिजः पद् स्वधनात्द्वित्रिभागमात्रं क्रमेण तदन्येभ्यः ।
स्वस्वानुसारं दत्त्वा समवित्ताः किं च हस्तगतम् ॥ २६४½ ॥

परस्परहस्तगतधनसंख्यामात्रधनं दत्त्वा समधनानयनसूत्रम्—

वाञ्छाभक्तं रूपं पदयुतमादावुपर्युपर्येतत् ।
संस्थाप्य सैकवाञ्छागुणितं रूपोनमितरेषाम् ॥२६५½॥

अत्रोद्देशकः

वणिजस्त्रयः परस्परकरस्थधनमेकतोऽन्योन्यम् ।
दत्त्वा समवित्ताः स्युः किं स्यात्तस्तस्मिन्तं द्रव्यम् ॥ २६६½ ॥

या अपने से छोटों को क्रमशः ½ रकम (उसकी जो उनके हाथों में अलग-अलग थी) क्रमानुसार दी । बाद में वे सब समान धन वाले हो गये । उन सबके पास अलग-अलग हाथ में कौन-कौन सी रकमें थीं । ॥ २६४½ ॥

हाथ की समान रकमों को निकालने के लिये नियम जब कि कुछ (संख्या के) मनुष्य एक से दूसरे को आपस में ही उतना धन देते हैं जितना कि क्रमशः उनके हाथ में तब रहता है—

प्रश्न में मन से चुनी हुई गुणज (multiple) राशि द्वारा एक को भाजित करते हैं । इसमें इस व्यापार में भाग लेनेवाले मनुष्यों की संगत संख्या जोड़ते हैं । इस प्रकार प्रथम मनुष्य के हाथ का प्रारम्भिक धन प्राप्त होता है । यह और उसके बाद के फल क्रम में लिखे जाते हैं, और उनमें से प्रत्येक को एक द्वारा बढ़ाई गई मन से चुनी हुई संख्या द्वारा गुणित किया जाता है और फल को तब एक द्वारा ह्रासित करते हैं । इस प्रकार, प्रत्येक के पास का (प्रारम्भ में उनके हाथ का) धन (जितना था उतना) प्राप्त होता जाता है ॥ २६५½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

३ व्यापारियों में से प्रत्येक ने दूसरों को जितना उनके पास उस समय था उतना दिया । तब वे समान धनवान् बन गये । उनमें से प्रत्येक के पास अलग-अलग प्रारम्भ में कितनी-कितनी रकम थी ? ॥२६६½॥ चार व्यापारी थे । उनमें से प्रत्येक ने दूसरों से उतनी रकम प्राप्त की जितनी कि उसके

(२६५½) गाथा २६६½ में दिये गये प्रश्न को निम्नरीति से हल करने पर नियम स्पष्ट हो जायेगा—

१ को मन से चुने हुए गुणज (multiple) द्वारा भाजित करते हैं । इसमें मनुष्यों की संख्या ३ जोड़ने पर ४ प्राप्त होता है । यह प्रथम व्यक्ति के हाथ की रकम है । यह ४ मन से चुने हुए गुणज १ को १ द्वारा बढ़ाने से प्राप्त २ द्वारा गुणित होकर, ८ बन जाता है । जब इसमें से १ घटाया जाता है, तो हमें ७ प्राप्त होता है जो दूसरे आदमी के हाथ की रकम है ॥२६५½॥

यह ७ ऊपर की तरह २ द्वारा गुणित होकर, और फिर एक द्वारा ह्रासित होकर १३ होता है, जो तीसरे आदमी के हाथ की रकम है । यह इस निम्नलिखित समीकरण से सरलता पूर्वक प्राप्त हो सकता है—

४ (अ − ब − स) = २ { २ ब − (अ − ब − स) − २ स } = ४ स − २ (अ − ब − स) − { २ ब − (अ − ब − स) − २ स }

वणिजश्चत्वारस्तेऽप्यन्योन्यधनार्धमात्रमन्यस्मात् ।
स्वीकृत्य परस्परत समवित्ताः स्युः कियत्करस्थधनम् ॥ २६७½ ॥

जयापजययोर्लाभानयनसूत्रम्—

स्वस्वछेदांशयुती स्थाप्योर्ध्वाधर्यतः क्रमोत्क्रमश ।
अन्योन्यच्छेदांशकगुणितौ वज्रापवर्तनक्रमश. ॥ २६८½ ॥
छेदांशक्रमवत्स्थिततदन्तराभ्यां क्रमेण संभक्तौ ।
स्वांशहरघ्नान्यहरौ वाञ्छाघ्नौ व्यस्तत' करस्थामिति ॥ २६९½ ॥

अत्रोद्देशकः

दृष्ट्वा कुक्कुटयुद्धं प्रत्येकं तौ च कुक्कुटिकौ। उक्तौ रहस्यवाक्यैर्मन्त्रौषधशक्तिमन्महापुरुषेण ॥२७०½॥

पास की आधी उस (रकम देने के) समय थी । तब वे सब समान धनवाले बन गये । आरम्भ में प्रत्येक के पास कितनी-कितनी रकम थी ? ॥२६७½॥

(किसी जुए में) जीत और हार से (बराबर) लाभ निकालने के लिये नियम—

(प्रश्न में दी गई दो भिन्नीय गुणज) राशियों के अंशों और हरों के दो योगो को एक दूसरे के नीचे नियमित क्रम में लिखा जाता है, और तब व्युत्क्रम में लिखा जाता है । (दो योगों के कुलकों (sets) में से पहिले की) इन राशियों को वज्राप्रवर्तन क्रिया के अनुसार हर द्वारा गुणित करते हैं, और दूसरे कुलक की राशियों को उसी विधि से दूसरी संकलित (summed up) राशि की सगत भिन्नीय राशि के अंश द्वारा गुणित करते हैं । प्रथम कुलक सम्बन्धी प्राप्त फलों को हरों के रूप में लिख लिया जाता है, तथा दूसरे कुलक सम्बन्धी प्राप्त फलों को अशों के रूप में लिख लिया जाता है । प्रत्येक कुलक के हर और अश का अंतर भी लिख लिया जाता है । तब इन अतरों द्वारा (प्रश्न में दिये गये प्रत्येक गुणज भिन्नों के) अश और हर के योग को दूसरे के हर से गुणित करने से प्राप्त फलों को क्रमशः भाजित किया जाता है । ये परिणामी राशियाँ, इष्ट लाभ के मान से गुणित होने पर, (दाँव पर लगाने वाले जुआड़ियों के) हाथ की रकमों को व्युत्क्रम में उत्पन्न करती हैं ॥२६८½–२६९½॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

मन्त्र और औषधि की शक्ति वाले किसी महापुरुष ने मुर्गों की लड़ाई होती हुई देखी, और मुर्गों के स्वामियों से अलग-अलग रहस्यमयी भाषा में मन्त्रणा की । उसने एक से कहा, "यदि तुम्हारा पक्षी जीतता है, तो तुम मुझे दाँव में लगाया हुआ धन दे देना । यदि तुम हार जाओगे, तो मैं तुम्हें दाँव में लगाये हुए धन का $\frac{2}{3}$ दे दूंगा ।" वह फिर दूसरे मुर्गे के स्वामी के पास गया, जहाँ उसने

(२६८½–२६९½) बीजीय रूप से,

$$\text{क} = \frac{(\text{स}+\text{द})\,\text{ब}}{(\text{स}+\text{द})\,\text{ब} - (\text{अ}+\text{ब})\,\text{स}} \times \text{प}, \text{ और } \text{ख} = \frac{(\text{अ}+\text{ब})\,\text{द}}{(\text{अ}+\text{ब})\,\text{द} - (\text{स}+\text{द})\,\text{अ}} \times \text{प},$$

जहाँ क और ख जुआड़ियों के हाथ की रकमें हैं, और $\frac{\text{अ}}{\text{ब}}, \frac{\text{स}}{\text{द}}$, उनमें से लिये गये भिन्नीय भाग हैं, और प लाभ है । इसे समीकार से भी प्राप्त किया जा सकता है, यथा—

$$\text{क} - \frac{\text{स}}{\text{द}}\text{ख} = \text{प} = \text{ख} - \frac{\text{अ}}{\text{ब}}\text{क},$$ जहाँ क और ख अज्ञात राशियाँ हैं ।

जयति हि पक्षी ते मे देहि स्वर्णं द्विविजयोऽसि यथा ते ।
तद्द्वित्र्यंशकमणेऽस्यपरं च पुनः स संहृत्य ॥ २७१½ ॥
त्रिचतुर्थं प्रतिपाल्यञ्त्युभयस्मात् द्वादशैव लाभः स्यात् ।
तत्कुक्कुटिककरस्थं ब्रूहि त्वं गणकमुखतिलक ॥ २७२½ ॥

राशिलब्धच्छेदमिश्रविभागसूत्रम्—
मिश्रादूनितसंख्या छेदः सैकेन तेन शेषस्य ।
भागं हृत्वा लब्धं लाभोनितशेष एव राशिः स्यात् ॥ २७३½ ॥

अत्रोद्देशकः

केनापि किमपि भक्तं सच्छेदो राशिमिश्रितो लाभः ।
पञ्चाशत्त्रिभिरधिका तच्छेदः किं भवेल्लब्धम् ॥ २७४½ ॥

इष्टसंख्यायोज्यस्याप्यवर्गमूलराश्यानयनसूत्रम् –
योज्यस्याप्ययुतिः सरूपविषमाप्त्यर्धिता वर्गिता
व्यस्ता बन्धहृता च रूपसहिता स्याद्युक्त्यैक्यशेषाप्तयोः ।

उन्हीं दशाओं में दाँव में लगाये गये धन का ¾ भाग देने की प्रतिज्ञा की । प्रत्येक दशा में उसे दोनों से केवल १२ (स्वर्ण के टुकड़े) लाभ के रूप में मिले । हे गणक मुख तिलक ! बतलाओ कि प्रत्येक पक्षी के स्वामी के पास दाँव में लगाने के लिये हाथ में कितना-कितना धन था ? ॥२७०½—२७२½॥

अज्ञात भाज्य संख्या, भजनफल और भाजक को उनके मिश्रित योग में से अलग-अलग करने के लिये नियमः—

कोई भी सुविधाजनक मनसे चुनी हुई संख्या जिसे दिये गये मिश्रित योग में से घटाना पड़ता है प्रश्न में भाजक होती है । इस भाजक को १ द्वारा बढ़ाने से प्राप्त राशि द्वारा, मन से चुनी हुई संख्या को दिये गये मिश्रित योग में से घटाने से प्राप्त शेष को भाजित किया जाता है । इससे इष्ट भजनफल प्राप्त होता है । वही (उपर्युक्त) शेष इस भजनफल से ह्रासित होकर इष्ट भाज्य संख्या बन जाता है ॥२७३½॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

कोई अज्ञात राशि किसी अन्य अज्ञात राशि द्वारा भाजित होती है । यहाँ भाजक, भाज्य संख्या और भजनफल का योग ५३ है । वह भाजक क्या है तथा भजनफल क्या है ? ॥२७४½॥

उस संख्या को निकालने के लिये नियम जो एक संख्या में कोई ज्ञात संख्या को जोड़ने पर वर्गमूल बन जाती है अथवा जो एक संख्या में से दूसरी ज्ञात संख्या घटाई जाने पर वर्गमूल बन जाती है—

जोड़ी जाने वाली राशि और घटाई जानेवाली राशि के योग को उस योग की निकटतम युग्म संख्या से ऊपर के अतिरेक (excess above the even number) में एक जोड़ने से प्राप्त राशि द्वारा गुणित करते हैं । परिणामी गुणनफल को आधा किया जाता है और तब वर्गित किया जाता है । इस वर्गित राशि में से उपर्युक्त सम्बन्ध आधिक्य (योग की निकटतम युग्म संख्या से ऊपर का अतिरेक—excess) घटाते हैं । यह फल २ द्वारा भाजित किया जाता है, और तब १ में जोड़ा जाता

शेषैक्यार्धयुतोनिता फलमिदं राशिर्भवेद्वाञ्छयो–
स्त्याज्यात्याज्यमहत्त्वयोरथ कृतेर्मूलं ददात्येव स ॥ २७५½ ॥

अत्रोद्देशकः

राशिः कश्चिद्दशभिः संयुक्तः सप्तदशभिरपि हीनः ।
मूलं ददाति शुद्धं तं राशिं स्यान्ममाशु वद गणक ॥ २७६½ ॥
राशिः सप्तभिरूनो यः सोऽष्टादशभिरन्वितः कश्चित् ।
मूलं यच्छति शुद्धं विगणय्याचक्ष्व तं गणक ॥ २७७½ ॥
राशिर्द्वित्र्यंशोनस्त्रिसप्तभागान्वितस्स एव पुनः ।
मूलं यच्छति कोऽसौ कथय विचिन्त्याशु तं गणक ॥ २७८½ ॥

है। परिणामी राशि को क्रमशः ऐसी दो राशियों के आधे अन्तर में जोड़ा जाता है, अथवा अर्द्ध अंतर में से घटाया जाता है, जिन्हें कि अयुग्म बनानेवाली अतिरेक राशि द्वारा उन दशाओं में ह्रासित किया जाता है अथवा बढ़ाया जाता है, जब कि घटाई जानेवाली दी गई मूल राशि जोड़ी जानेवाली दी गई मूल राशि से बड़ी अथवा छोटी होती है। इस प्रकार प्राप्त फल वह संख्या होती है, जो दत्त राशियों से इच्छानुसार सम्बन्धित होकर, निश्चित रूप से वर्गमूल को उत्पन्न करती है ॥ २७५½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

कोई संख्या जब १० से बढ़ाई अथवा १७ से घटाई जाती है, तब वह यथार्थ वर्गमूल बन जाती है। यदि सम्भव हो तो, हे गणितज्ञ, मुझे शीघ्र ही वह संख्या बतलाओ ॥ २७६½ ॥ कोई राशि जब ७ द्वारा ह्रासित की जाती है अथवा १८ द्वारा बढ़ाई जाती है, तो वह यथार्थ वर्गमूल बन जाती है। हे गणक! उस संख्या को गणना के पश्चात् बतलाओ ॥ २७७½ ॥ कोई राशि $\frac{२}{३}$ द्वारा ह्रासित होकर, अथवा $\frac{३}{७}$ द्वारा बढ़ाई जाकर यथार्थ वर्गमूल उत्पन्न करती है। हे गणक, सोचकर शीघ्र ही वह सम्भव संख्या बतलाओ ॥ २७८½ ॥

(२७५½) बीजीय रूप से, मानलो निकाली जानेवाली राशि क है, और उसमें जोड़ी जानेवाली अथवा उसमें से घटाई जानेवाली राशिया क्रमशः अ, ब हैं, तब इस नियम का निरूपण करनेवाला सूत्र निम्नलिखित होगा*—

$$\left\{\frac{\{(अ+ब)\times(१+१)-२\}^२-१}{४}\right\}+१\pm\frac{अ\sim ब\pm १}{२},$$ इसका मूलभूत सिद्धान्त इस प्रकार निकाला जा सकता है। $(न+१)^२-न^२=२न+१$ जो अयुग्म संख्या है, और $(न+२)^२-न^२=४न+४$ जो युग्म संख्या है, जहाँ 'न' कोई भी पूर्णांक है। नियम बतलाता है कि हम २न+१ और ४न+४ से किस प्रकार न^२+अ प्राप्त कर सकते हैं, जब कि हम जानते हैं कि २न+१ अथवा ४न+४ को अ+ब के बराबर होना चाहिये।

(२७८½) गाथा २७५½ के नोट में ब और अ द्वारा निरूपित संख्यायें (जो वास्तव में $\frac{२}{३}$ और $\frac{३}{७}$ हैं), इस प्रश्न में भिन्नीय होने के कारण, यह आवश्यक है कि दिये गये नियम के अनुसार उन्हें

* इसे रंगाचार्य ने निम्न प्रकार दिया है जो नियम से नहीं मिलता है।

$$\left\{\frac{(a+b)+(1+1)-२}{4}\right\}^२-1+1\pm\frac{a\sim b\pm 1}{2}$$

इष्टसंख्याहीनयुक्तवर्गमूलानयनसूत्रम्—

दलितो यो राशिस्त्वर्धीकृतवर्गितोऽथ रूपयुतः । यच्छति मूलं स्वेष्टात्संयुक्ते चापनीते च ॥२७९½॥

अत्रोद्देशकः

रूपाभि संमिश्रोऽय रूपाभिस्तैर्वर्जितस्तु संशुद्धम् ।
यच्छति मूलं गणक प्रकथय संचिन्त्य राशिं मे ॥ २८०½ ॥

इष्टवर्गीकृतराशिद्वयाविष्टान्तरमूलाविष्टानयनसूत्रम्—

सैकेष्टान्येकेष्टार्धीकृत्याथ वर्गितौ राशी । स्वाविष्टाप्तयं तद्विश्लेषस्य मूलमिष्टं स्यात् ॥२८१½॥

जो किसी ज्ञात संख्या द्वारा बढ़ाई अथवा ह्रासित की जाती है, ऐसी अज्ञात संख्या के वर्गमूल को निकालने के लिये नियम—

दी गई ज्ञात राशि को आधा करके वर्गित किया जाता है और तब उसमें एक जोड़ा जाता है। परिणामी संख्या को जब या तो इच्छित दी हुई राशि द्वारा बढ़ाते हैं अथवा उसी दी हुई राशि द्वारा ह्रासित करते हैं तब यथार्थ वर्गमूल प्राप्त होता है ॥ २७९½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

एक संख्या है, जो जब १ द्वारा बढ़ाई जाती है अथवा १ द्वारा ह्रासित की जाती है, तो यथार्थ वर्गमूल को देती है। हे गणक ठीक तरह सोच कर वह संख्या बतलाओ ॥ २८०½ ॥

ज्ञात संख्या द्वारा गुणित इष्ट वर्ग राशियों की सहायता से और साथ ही इन गुणनफलों के अंतर के वर्गमूल के मान को उत्पन्न करने वाली उसी ज्ञात संख्या की सहायता से, उन्हीं दो इष्ट वर्ग राशियों को निकालने के नियम:—

दी गई संख्या को १ द्वारा बढ़ाया जाता है और उसी दी गई संख्या को १ द्वारा ह्रासित भी किया जाता है। परिणामी राशियों को जब आधा कर वर्गित किया जाता है तो दो इष्ट राशियाँ उत्पन्न होती हैं। यदि इन्हें अलग-अलग दी गई राशि द्वारा गुणित किया जावे तो इन गुणनफलों के अंतर के वर्गमूल से दी हुई राशि उत्पन्न होती है ॥ २८१½ ॥

हल करने की क्रिया द्वारा हटा दिया जाय। इसके लिये वे पहिले एक से हर वाली बना ली जाती हैं और क्रमशः [illegible] और [illegible] द्वारा निरूपित की जाती हैं। तब इन राशियों को (२१)^2 द्वारा गुणित किया जाता है जिससे २९४ तथा १८९ आदि प्राप्त होती हैं, जो प्रश्न में व और अ मान ली गई हैं। इन मानी हुई व और अ राशियों के द्वारा प्राप्त फल को (२१)^2 द्वारा भाजित किया जाता है, और भजनफल ही प्रश्न का उत्तर होता है।

(२७९½) यह गाथा २७५ में दिये गये नियम की केवल एक विशिष्ट दशा है, जहाँ अ को व के बराबर लिया जाता है।

(२८१½) बीजीय रूप से, जब दी गई संख्या द होती है, तब $\left(\frac{द+१}{२}\right)^2$ और $\left(\frac{द-१}{२}\right)^2$ इष्ट वर्गित राशियाँ होती हैं।

अत्रोद्देशकः

यौकौचिद्वर्गीकृतराशी गुणितौ तु सैकसप्तत्या । सद्विश्लेषपद स्यादेकोत्तरसप्ततिश्च राशी कौ ॥
विगणय्य चित्रकुट्टिकगणित यदि वेत्सि गणक मे ब्रूहि ॥ २८३ ॥

युतहीनप्रक्षेपकगुणकारानयनसूत्रम्—

संवर्गितेष्टशेषं द्विष्ठं रूपेष्टयुतगुणाभ्या तत् । विपरीताभ्या विभजेत्प्रक्षेपौ तत्र हीनौ वा ॥२८४॥

अत्रोद्देशकः

त्रिकपञ्चकसंवर्ग' पञ्चदशाष्टादशैव चेष्टमपि । इष्टं चतुर्दशात्र प्रक्षेपः कोऽत्र हानिर्वा ॥२८५॥

विपरीतकरणानयनसूत्रम्—

प्रत्युत्पन्ने भागो भागे गुणितोऽधिके पुन शोध्य. । वर्गे मूलं मूले वर्गो विपरीतकरणमिदम् ॥२८६॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

दो अज्ञात वर्गित राशियो को ७१ द्वारा गुणित किया जाता है। इन दो परिणामी गुणनफलों के अतर का वर्गमूल भी ७१ होता है। हे गणक, यदि चित्र कुट्टीकार से परिचित हो, तो गणना कर उन दो अज्ञात राशियों को मुझे बतलाओ ॥ २८२½-२८३ ॥

किसी दिये गये गुण्य और दिये गये गुणकार (multiplier) के सम्बन्ध मे इष्ट बढ़ती या घटती को निकालने के लिये नियम (ताकि दत्त गुणनफल प्राप्त हो)—

इष्ट गुणनफल और दिये गये गुण्य तथा गुणस्कार का परिणामी गुणनफल (इन दोनों गुणनफलों) के अंतर को दो स्थानों में लिखा जाता है। परिणामी गुणनफल के गुणावयवों में से किसी एक में १ जोड़ते हैं, और दूसरे में इष्ट गुणनफल जोड़ते हैं। ऊपर दो स्थानों में इच्छानुसार लिखा गया वह अंतर अलग अलग इस प्रकार प्राप्त होने वाले योगो द्वारा व्यस्त क्रम में भाजित किया जाता है। ये उन राशियों को उत्पन्न करते है, जो क्रमश दिये गये गुण्य और गुणकार अथवा क्रमशः उनमें से घटाई जाने वाली राशियों में जोड़ी जाती हैं ॥ २८४ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

३ और ५ का गुणनफल १५ है। इष्ट गुणनफल १८ है, और वह १४ भी है। गुण्य और गुणकार में यहाँ कौन सी तीन राशियाँ जोड़ी जाँय अथवा उनमें से घटाई जाँय ? ॥ २८५ ॥

विपरीतकरण (working backwards) क्रिया द्वारा इष्ट फल प्राप्त करने के लिए नियम—

जहाँ गुणन है वहाँ भाजन करना, जहाँ भाजन है वहाँ गुणन करना, जहाँ जोड़ किया गया है वहाँ घटाना करना, जहाँ वर्ग किया गया है वहाँ वर्गमूल निकालना, जहाँ वर्गमूल दिया गया है वहाँ वर्ग करना—यह विपरीतकरण क्रिया है ॥ २८६ ॥

---

(२८४) जोडी जानेवाली और घटाई जानेवाली राशियाँ ये हैं—

$\frac{द \sim अब}{द + ब}$ और $\frac{द \sim अब}{अ + १}$,

क्योंकि $\left(अ \pm \frac{द \sim अब}{द + ब}\right) \left(ब + \frac{द \sim अब}{अ + १}\right) = द$, जहाँ अ और ब दिये गये गुणनखंड हैं, और द इष्ट गुणज है।

अत्रोद्देशकः

सप्तहृते को राशिस्त्रिगुणो वर्गीकृतः शरैर्युक्तः ।
त्रिगुणितपञ्चांशहृतस्त्वर्धितमूलं च पञ्चरूपाणि ॥ २८७ ॥

साधारणशरपरिध्यानयनसूत्रम्—

शरपरिधित्रिकमिश्रं वर्गितमेतत्पुनस्त्रिभिः सहितम् ।
द्वादशहृतेऽपि लब्धं शरसंख्या स्यात्कलापकाविष्टा ॥ २८८ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

वह कौन सी राशि है, जो ७ द्वारा भाजित होकर तब ३ द्वारा गुणित होकर तब वर्गित की जाकर, तब ५ द्वारा बढ़ाई जाकर, तब $\frac{३}{५}$ द्वारा भाजित होकर तब आधी होकर और तब वर्गमूल निकाले जाने पर ५ होती है ? ॥ २८७ ॥

तरकस के साधारण परिध्यान (common circumferential layer) की संरचना करनेवाले तीरों की गुम्म संख्या की सहायता से किसी तरकस में रखे हुए बाणों की संख्या निकालने के लिये नियम—

परिध्यान बनाने वाले बाणों की संख्या में ३ जोड़ो तब इस परिणामी योग को वर्गित करो, और उस वर्गित राशि में फिर से ३ जोड़ो। यदि प्राप्तफल १२ द्वारा भाजित किया जाय तो भजनफल तरकस के तीरों की संख्या का प्रमाण बन जाता है ॥२८८॥

---

(२८८) तीरों की कुल संख्या प्राप्त करने के लिये यहाँ दिया गया सूत्र $\frac{(न+३)^{२}+३}{१२}$ है, जहाँ 'न' परिध्यान तीरों की संख्या है। यह सूत्र निम्नलिखित रीति से भी प्राप्त हो सकता है—

रेखागणित (ज्यामिति) से सिद्ध किया जा सकता है कि किसी वृत्त के चारों ओर केवल ६ वृत्त खींचे जा सकते हैं। ऐसे सभी वृत्त तुल्य होते हैं, तथा प्रत्येक वृत्त दो आसन्न वृत्तों को स्पर्श करता हुआ बीच के (केन्द्रीय) वृत्त को भी स्पर्श करता है। इन वृत्तों के चारों ओर फिर से उतने ही नापके १२ वृत्त उसी प्रकार खींचे जा सकते हैं और फिर से इन वृत्तों के चारों ओर केवल ऐसे ही १८ वृत्त खींचे जाना सम्भव है इत्यादि। इस प्रकार, प्रथम घेरे में ६ वृत्त, दूसरे में १२, तीसरे में १८ होते हैं, इत्यादि। इसलिये प वें घेरे में ६ प वृत्त होंगे। अब प घेरों में वृत्तों की कुल संख्या (केन्द्रीय वृत्त से गिनी जाकर) —

$$१+१\times६+२\times६+३\times६+ \quad \ldots \quad +प\times६=१+६(१+२+३+ \quad \ldots \quad +प)$$

$=१+६\frac{प(प+१)}{२}=१+३प(प+१)$ होगी। यदि ६ प का मान 'न' दिया गया हो, तो कुल वृत्तों की संख्या $१+३\times\frac{न}{६}\left(\frac{न}{६}+१\right)$ होगी जो इस नोट के आरम्भ में दिये गये सूत्र रूप में प्रकाशित की जा सकती है।

अत्रोद्देशकः

परिधिशरा अष्टादश तूणीरस्थाः शरा. के स्यु' ।
गणितज्ञ यदि विचित्रे कुट्टीकारे श्रमोऽस्ति ते कथय ॥ २८९ ॥

इति मिश्रकव्यवहारे विचित्रकुट्टीकारः समाप्तः ।

श्रेढीबद्धसंकलितम्

इत' परं मिश्रकगणिते श्रेढीबद्धसंकलितं व्याख्यास्यामः ।

हीनाधिकचयसकलितधनानयनसूत्रम्—

व्येकार्धपदोनाधिकचयघातोनान्वितः पुनः प्रभवः ।
गच्छाभ्यस्तो हीनाधिकचयसमुदायसंकलितम् ॥ २९० ॥

अत्रोद्देशकः

चतुरुत्तरदश चादिर्हीनचयस्त्रीणि पञ्च गच्छ' किम् ।
द्वावादिर्वृद्धिचयः षट् पदमष्टौ धनं भवेदत्र ॥ २९१ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

परिध्यान शरों की सख्या १८ है । कुल मिलाकर तरकश में कितने शर हैं, हे गणितज्ञ, यदि तुमने विचित्र कुट्टीकार के सम्बन्ध में कष्ट किया है, तो इसे हल करो ।।२८९।।

इस प्रकार, मिश्रक व्यवहार में विचित्र कुट्टीकार नामक प्रकरण समाप्त हुआ ।

श्रेढीबद्ध संकलित (श्रेणियों का सकलन)

इसके पश्चात् हम गणित में श्रेणियों के संकलन की व्याख्या करेंगे ।

धनात्मक अथवा ऋणात्मक प्रचयवाली समान्तर श्रेणी के योग को निकालने के लिये नियमः—

प्रथमपद उस गुणनफल के द्वारा या तो घटाया अथवा बढ़ाया जाता है, जो ऋणात्मक या धनात्मक प्रचय में श्रेणी के एक कम पदों की सख्या की अर्द्ध राशि का गुणन करने से प्राप्त होता है । तब यह प्राप्तफल श्रेणी के पदों की सख्या से गुणित किया जाता है । इस प्रकार, धनात्मक अथवा ऋणात्मक प्रचयवाली समान्तर श्रेणी के योग को प्राप्त किया जाता है ।।२९०।।

उदाहरणार्थ प्रश्न

प्रथम पद १४ है, ऋणात्मक प्रचय ३ है, पदों की सख्या ५ है । प्रथमपद २ है, धनात्मक प्रचय ६ है, और पदों की सख्या ८ है । इन दशाओं में से प्रत्येक में श्रेणी का योग बतलाओ ।।२९१।।

---

(२९०) बीजीय रूप से, $\left(\frac{न-१}{२}ब \pm अ\right) न = श$, जहाँ न पदों की सख्या है, अ प्रथम पद है, ब प्रचय है, और श श्रेणीका योग है ।

अधिकहीनोत्तरसंकलितधने आद्युत्तरानयनसूत्रम्—
गच्छविभक्ते गणिते रूपोनपदार्धगुणितचयहीने ।
आदिः पदहृतवित्तं चाद्यूनं व्येकपददलहृतं प्रचयः ॥ २९२ ॥

अत्रोद्देशकः

चत्वारिंशद्गणितं गच्छः पञ्च त्रयः प्रचयः । न ज्ञायतेऽधुनादिः प्रभवो द्विः प्रचयमाचक्ष्व ॥२९३॥

श्रेढीसंकलितगच्छानयनसूत्रम्—
आदिविहीनो लाभः प्रचयार्धहृतः स एव रूपयुतः ।
गच्छो लाभेन गुणो गच्छः संकलितधनं च संभवति ॥ २९४ ॥

अत्रोद्देशकः

त्रीण्युत्तरमादिर्द्वे वनिताभिश्चोत्पलानि भक्तानि ।
एकस्या भागोऽष्टौ कति वनिताः कति च कुसुमानि ॥ २९५ ॥

धनात्मक अथवा ऋणात्मक प्रचयवाली समान्तर श्रेणी के योग के सम्बन्ध में प्रथमपद और प्रचय निकालने के लिये नियम—

श्रेणी के दिये गये योग को पदों की संख्या द्वारा भाजित करो और परिणामी भजनफल में से प्रचय द्वारा गुणित एक कम पदों की संख्या की आधीराशि को घटाओ। इस प्रकार श्रेणी का प्रथमपद प्राप्त होता है। श्रेणी के योग को पदों की संख्या द्वारा भाजित करते हैं। इस परिणामी भजनफल में से प्रथम पद घटाते हैं। शेष को जब १ कम पदों की संख्या की आधी राशि द्वारा भाजित करते हैं तो प्रचय प्राप्त होता है ॥२९२॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

श्रेणी का योग ४० है पदों की संख्या ५ है; प्रचय ३ है; प्रथमपद अज्ञात है। उसे निकालो। यदि प्रथमपद २ हो तो प्रचय प्राप्त करो ॥ २९३ ॥

जो योग को पदों की अज्ञात संख्या से भाजित करने पर भजनफल के रूप में प्राप्त होता है, ऐसे ज्ञात लाभ की सहायता से समान्तर श्रेणी में योग और पदों की संख्या निकालने के लिये नियम—

लाभ को प्रथम पद (आदिपद) द्वारा ह्रासित किया जाता है, और तब प्रचय की आधी राशि द्वारा भाजित किया जाता है। परिणामी राशि में १ जोड़ने पर श्रेणी के पदों की संख्या प्राप्त होती है। श्रेणी के पदों की संख्या को लाभ द्वारा गुणित करने पर श्रेणी का योग प्राप्त होता है ॥ २९४ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

समान्तर श्रेणी के योग प्ररूपक कोई संख्या के उत्पल फूल लिये गये। २ प्रथमपद है ३ प्रचय है। कोई संख्या की स्त्रियों ने आपस में ये फूल बराबर-बराबर बाँटे। प्रत्येक स्त्री को ८ फूल हिस्से में मिले। स्त्रियाँ कितनी थीं और फूल कितने थे? ॥ २९५ ॥

---

(२९२) बीजीय रूप से

$$अ = \frac{ग}{न} - \frac{न-१}{२} ब; \text{ और } ब = \left(\frac{ग}{न} - अ\right) + \frac{न-१}{२}$$

(२९४) बीजीय रूप से, $न = \frac{ल - अ}{ब/२} + १$ जहाँ $ल = \frac{ग}{न}$ जो लाभ है।

(२९५) स्त्रियों की संख्या ही इस प्रश्न में पदों की संख्या है।

वर्गसंकलितानयनसूत्रम्—

सैकेष्टकृतिर्द्विघ्ना सैकेष्टोनेष्टदलगुणिता । कृतिघनचितिसंघातस्त्रिकभक्तो वर्गसंकलितम् ॥ २९६ ॥

अत्रोद्देशकः

अष्टाष्टादशविंशतिषष्ट्येकाशीतिषट्कृतीनां च ।
कृतिघनचितिसंकलितं वर्गचितिं चाशु मे कथय ॥ २९७ ॥

इष्टाद्युत्तरपदवर्गसंकलितधनानयनसूत्रम्—

द्विगुणैकोनपदोत्तरकृतिहतिषष्ठांशमुखचयहतयुतिः ।
व्येकपदघ्ना मुखकृतिसहिता पदताडितेष्टकृतिचितिका ॥ २९८ ॥

एक से आरम्भ होने वाली दी गई सख्या की प्राकृत संख्याओं के वर्गों का योग निकालने के लिये नियम—

दी गई सख्या को एक द्वारा बढ़ाते हैं, और तब वर्गित करते हैं। यह वर्गित राशि २ से गुणित की जाती है, और तब एक द्वारा बढ़ाई गई दत्त राशि द्वारा ह्रासित की जाती है। इस प्रकार प्राप्त शेष को दत्त सख्या की आधी राशी द्वारा गुणित करते हैं। यह परिणाम उस योग के तुल्य होता है जो दी गई संख्या के वर्ग, दी गई संख्या के घन और दी गई संख्या की प्राकृत सख्याओं को जोड़ने पर प्राप्त होता है। इस मिश्रित योग को ३ द्वारा भाजित करने पर (दी गई संख्या की) प्राकृत सख्याओं के वर्ग का योग प्राप्त होता है ॥ २९६ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

प्राकृत सख्याओं वाली कुछ श्रेणियों में, प्राकृत संख्याओं की सख्या (क्रम से) ८,१८,२०,६०,८१ और ३६ है। प्रत्येक दशा में वह योगफल बतलाओ, जो दी गई सख्या का वर्ग, उसका घन, और प्राकृत सख्याओं का योग जोड़ने पर प्राप्त होता है। दी गई संख्या वाली प्राकृत सख्याओं के वर्गों का योग भी बतलाओ ॥ २९७ ॥

समान्तर श्रेणी में कुछ पदों के वर्गों का योग निकालने के लिये नियम, जहाँ प्रथमपद, प्रचय और पदों की सख्या दी गई हो—

पदों की सख्या की दुगुनी राशि १ द्वारा ह्रासित की जाती है, तब प्रचय के वर्ग द्वारा गुणित की जाती है, और तब ६ द्वारा भाजित की जाती है। प्राप्तफल में प्रथमपद और प्रचय के गुणनफल को जोड़ते हैं। परिणामी योग को एक द्वारा ह्रासित पदों की संख्या से गुणित करते हैं। इस प्रकार प्राप्त गुणनफल में प्रथमपद की वर्गित राशि को जोड़ा जाता है। प्राप्त योग को पदों की संख्या से गुणित करने पर दी गई श्रेढि के पदों के वर्गों का योग प्राप्त होता है ॥ २९८ ॥

---

(२९६) बीजीय रूप से, $\left\{ \frac{२(न+१)^२ - (न+१)}{३} \right\} \frac{न}{२} = था_२$, जो न तक की प्राकृत संख्याओं के वर्ग का योग है।

(२९८) $\left[\left\{ \frac{(२न-१)\,ब^२}{६} + अब \right\} (न-१) + अ^२ \right] न$ = समान्तर श्रेणी के पदों के वर्गों का योग।

अत्रोद्देशकः

आदिः षट् पञ्च चयः पदमप्यष्टादशात्र संदृष्टम् ।
एकाद्येकोत्तरचितिसंकलितं किं पदाष्टदशकस्य ॥ १०६½ ॥

चतुरसंकलितानयनसूत्रम्—

सैकपदार्धपदाहतिरद्यैर्निहता पदोनिता त्र्याप्ता ।
सैकपदघ्ना चितिचितिचितिकृतिघनसंयुतिर्भवति ॥ १०७½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

यह देखा जाता है कि किसी श्रेढि का प्रथम पद ६ है प्रचय ५ है और पदों की संख्या १८ है। इन १८ पदों के सम्बन्ध में उन विभिन्न श्रेढियों के योगों के योग को बतलाओ, जो कि १ प्रथम पद वाली और १ प्रचय वाली हैं ॥१०६½॥

(नीचे निर्दिष्ट और किसी दी हुई संख्या द्वारा निरूपित) चार राशियों के योग को निकालने के लिए नियम—

दी गई संख्या १ द्वारा बढ़ाई जाकर, आधी की जाती है और तब निज के द्वारा तथा ७ द्वारा गुणित की जाती है। इस परिणामी गुणनफल में से वही दत्त संख्या घटाई जाती है। परिणामी शेष को ३ द्वारा भाजित किया जाता है। इस प्रकार प्राप्त भजनफल जब एक द्वारा बढ़ाई गई उसी दत्त संख्या द्वारा गुणित किया जाता है तब चार निर्दिष्ट राशियों का इष्ट योग प्राप्त होता है। ऐसी चार निर्दिष्ट राशियाँ क्रमशः दी हुई संख्या तक की प्राकृत संख्याओं का योग, दी गई संख्या तक की प्राकृत संख्याओं के योगों के योग, दी गई संख्या का वर्ग और दी गई संख्या का घन होती हैं ॥१०७½॥

(१०५–१०६½) बीजीय रूप है, $\left[\left\{\frac{(२न-१)ब^{२}}{६}+\frac{ब}{२}+अब\right\}(न-१)+अ(अ+१)\right]\frac{न}{२}$

यह समान्तर श्रेढि का योग है, जहाँ प्रथमपद किसी सीमित संख्या तक की प्राकृत संख्याओं वाली श्रेढि के योग का निरूपण करता है—ऐसी सीमित संख्या किसी समान्तर श्रेढि का दी हुई पद है।

(१०७½) बीजीय रूप है $\dfrac{\frac{न\times(न+१)\times७}{२}-न}{३}\times(न+१)$

इस नियम से निर्दिष्ट चार न पदों का योग है। यहाँ चार निर्दिष्ट राशियाँ क्रमशः ये हैं:— (१) न प्राकृत संख्याओं का योग (२) न तक की विभिन्न प्राकृत संख्याओं द्वारा क्रमशः सीमित विभिन्न प्राकृत संख्याओं के योग (३) न का वर्ग और (४) न का घन।

अत्रोद्देशकः

सप्ताष्टनवदशानां षोडशपञ्चाशदेकषष्ठीनाम् ।
ब्रूहि चतुःसंकलितं सूत्राणि पृथक् पृथक् कृत्वा ॥ ३०८½ ॥

संघातसंकलितानयनसूत्रम्—

गच्छस्त्रिरूपसहितो गच्छचतुर्भागताडितः सैकः ।
सपदपदकृतिविनिघ्नो भवति हि संघातसंकलितम् ॥ ३०९½ ॥

अत्रोद्देशकः

सप्तकृतेः षट्षष्ट्यास्त्रयोदशानां चतुर्दशानां च ।
पञ्चाग्रविंशतीनां किं स्यात् संघातसंकलितम् ॥ ३१०½ ॥

भिन्नगुणसंकलितानयनसूत्रम्—

समदलविषमखरूपं गुणगुणितं वर्गताडितं द्विष्ठम् ।

उदाहरणार्थ प्रश्न

दी हुई सख्याएँ ७, ८, ९, १०, १६, ५० और ६१ है । आवश्यक नियमों को विचारकर, प्रत्येक दशा में, चार निर्दिष्ट राशियों के योग को बतलाओ ॥३०८½॥

(पूर्व व्यवहृत चार प्रकार की श्रेढियों के) सामूहिक योग को निकालने के लिये नियम—

पदों की सख्या को ३ में जोड़ते हैं, और प्राप्तफल को पदों की सख्या के चतुर्थ भाग द्वारा गुणित करते हैं । तब उसमें एक जोड़ा जाता है । इस परिणामी राशि को जब पदों की सख्या के वर्ग को पदों की सख्या द्वारा बढ़ाने से प्राप्तराशि द्वारा गुणित किया जाता है, तब वह इष्ट सामूहिक योग को उत्पन्न करती है ॥३०९½॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

४९, ६६, १३, १४ और २५ द्वारा निरूपित विभिन्न श्रेढियों के सम्बन्ध में इष्ट सामूहिक योग क्या होगा ? ॥३१०½॥

गुणोत्तर श्रेढि में भिन्नों की श्रेढि के योग को निकालने के लिये नियम—

श्रेढि के पदों की सख्या को अलग अलग स्तम्भ में, क्रमश, शून्य तथा १ द्वारा चिह्नित (marked) कर लिया जाता है । चिह्नित करने की विधि यह है कि युग्ममान को आधा किया जाता है, और अयुग्म मान में से १ घटाया जाता है । इस विधि को तब तक जारी रखा जाता है, जब तक कि अन्ततोगत्वा शून्य प्राप्त नहीं होता । तब इस शून्य और १ द्वारा बनी हुई प्ररूपक श्रेढि को, क्रमवार, अन्तिम १ से उपयोग में लाते हैं, ताकि यह १ साधारण निष्पत्ति द्वारा गुणित हो । जहाँ १ अभिधानी पद (denoting item) रहता है, वहाँ इसे फिर से साधारण निष्पत्ति द्वारा गुणित करते हैं । और जहाँ शून्य अभिधानी पद होता है, वहाँ वर्ग प्राप्त करने के लिये उसे साधारण निष्पत्ति द्वारा

(३०९½) बीजीय रूप से, $\left\{ (न+३)\frac{न}{४}+१ \right\}(न^२+न)$ योगों का सामूहिक योग है, अर्थात् नियम २९६, ३०१ और ३०५ से ३०५½ में बतलाई गई श्रेढियों के योगों तथा 'न' तक की प्राकृत संख्याओं के योग (इन सब योगों) का सामूहिक योग है ।

पुनरपि इष्टाद्युत्तरपदवर्गसंकलितानयनसूत्रम्—

द्विगुणैकोनपदोत्तरकृतिहतिरेकोनपदहताप्तहता ।
व्येकपदादिचयाहतिमुखकृतियुक्ता पदाहता सारम् ॥ २९९ ॥

अत्रोद्देशकः

त्रीण्यादिः पञ्च चयो गच्छः पञ्चास्य कथय कृतिचितिकाम् ।
पञ्चादिस्त्रीणि चयो गच्छः सप्तास्य का च कृतिचितिका ॥ ३०० ॥

घनसंकलितानयनसूत्रम्—

गच्छार्धवर्गराशी रूपाधिकगच्छवर्गसंगुणितः ।
घनसंकलितं प्रोक्तं गणितेऽस्मिन् गणिततत्त्वज्ञैः ॥ ३०१ ॥

अत्रोद्देशकः

षण्णामष्टानामपि सप्तानां पंचविंशतीनां च ।
षट्पंचाशन्मिश्रितशतद्वयस्यापि कथय घनपिण्डम् ॥ ३०२ ॥

पुनः समान्तर श्रेणी में कोई संख्या के पदों के वर्गों का योग निकालने के लिये अन्य नियम जहाँ प्रथम पद, प्रचय और पदों की संख्या दी गई हो—

श्रेणी के पदों की संख्या की द्विगुणी राशि एक द्वारा ह्रासित की जाती है और तब प्रचय के वर्ग द्वारा गुणित की जाती है। प्राप्तफल एक कम पदों की संख्या द्वारा गुणित किया जाता है। यह गुणनफल ६ द्वारा भाजित किया जाता है। इस परिणामी भजनफल में, प्रथम पद का वर्ग तथा एक कम पदों की संख्या का योग, प्रथम पद और प्रचय इन तीनों का सतत गुणनफल जोड़ा जाता है। इस प्रकार प्राप्त फल पदों की संख्या द्वारा गुणित होकर इष्ट फल को उत्पन्न करता है ॥ २९९ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी समान्तर श्रेणी में प्रथम पद ३ है, प्रचय ५ है, तथा पदों की संख्या ५ है। श्रेणी के पदों के वर्गों के योग को निकालो। इसी प्रकार दूसरी समान्तर श्रेढि में प्रथम पद ५ है, प्रचय ३ है, और पदों की संख्या ७ है। इस श्रेणी के पदों के वर्गों का योग क्या है? ॥ ३०० ॥

किसी दी हुई संख्या की प्राकृत संख्याओं के घनों के योग को निकालने के लिए नियम—

पदों की दी गई संख्या की अर्द्धराशि के वर्ग द्वारा निरूपित राशि को १ अधिक पदों की संख्या के वर्ग द्वारा गुणित करते हैं। इस गणित में, यह फल गणिततत्त्वज्ञों द्वारा (दी हुई संख्या की) प्राकृत संख्याओं के घनों का योग कहा गया है ॥ ३०१ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

प्रत्येक दशा में ६, ८, ७, २५ और २५६ पदों वाली प्राकृत संख्याओं के घनों का योग बतलाओ। ॥ ३०२ ॥

(३०१) बीजीय रूप में $(न/२)^{२}(न+१)^{२}$ = घ₃, जो न पदों तक की प्राकृत संख्याओं के घनों का योग है।

इष्टाद्युत्तरगच्छघनसंकलितानयनसूत्रम्—

चित्यादिहतिर्मुखचयशेषघ्ना प्रचयनिघ्नचितिवर्गे ।
आदौ प्रचयादूने वियुता युक्ताधिके तु घनचितिका ॥ ३०३ ॥

अत्रोद्देशकः

आदित्रयश्चयो द्वौ गच्छः पञ्चास्य घनचितिका ।
पञ्चादिः सप्तचयो गच्छः षट् का भवेच्च घनचितिका ॥ ३०४ ॥

संकलितसंकलितानयनसूत्रम्—

द्विगुणैकोनपदोत्तरकृतिहतिरङ्गाहृता चयार्धयुता । आदिचयाहतियुक्ता व्येकपदघ्नादिगुणितेन ॥
सैकप्रभवेन युता पददलगुणितैव चितिचितिका ॥ ३०५$\frac{1}{2}$ ॥

जहाँ प्रथम पद, प्रचय और पदों की संख्या को मन से चुना गया है, ऐसी समान्तर श्रेढि के पदों के घनों के योग को निकालने के लिये नियम—

(दी हुई श्रेढि के सरल पदों के) योग को प्रथम पद द्वारा गुणित कर, प्रथम पद और प्रचय के अंतर द्वारा गुणित करते हैं। तब श्रेढि के योग के वर्ग को प्रचय द्वारा गुणित करते हैं। यदि प्रथम पद प्रचय से छोटा हो, तो ऊपर प्राप्त गुणनफलों में से पहिले को दूसरे गुणनफल में से घटाया जाता है। यदि प्रथम पद प्रचय से बड़ा हो, तो ऊपर प्राप्त प्रथम गुणनफल को दूसरे गुणनफल में जोड़ देते हैं। इस प्रकार घनों का इष्ट योग प्राप्त होता है ॥ ३०३ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

घनों का योग क्या हो सकता है, जब कि प्रथम पद ३ है, प्रचय २ है, और पदों की संख्या ५ है, अथवा प्रथम पद ५ है, प्रचय ७ है, और पदों की संख्या ६ है ? ॥ ३०४ ॥

ऐसी श्रेढि की दी हुई संख्या के पदों का योग निकालने के लिए नियम, जहाँ पद उत्तरोत्तर १ से लेकर निर्दिष्ट सीमा तक प्राकृत संख्याओं के योग हों, तथा ये सीमित संख्यायें दी हुई समान्तर श्रेढि के पद हों—

समान्तर श्रेढि में दी गई श्रेढि की पदों की संख्या की दुगुनी राशि को एक द्वारा कम करते हैं, और तब प्रचय के वर्ग द्वारा गुणित करते हैं। यह गुणनफल ६ द्वारा भाजित किया जाता है। प्राप्त फल प्रचय की अर्द्धराशि में जोड़ा जाता है, और साथ ही प्रथम पद और प्रचय के गुणनफल में भी जोड़ा जाता है। इस प्रकार प्राप्त योग को एक कम पदों की संख्या द्वारा गुणित किया जाता है। प्राप्त गुणनफल को प्रथम पद तथा १ में प्रथम पद जोड़ने से प्राप्तराशि के गुणनफल में जोड़ा जाता है। इस प्रकार प्राप्तराशि को जब श्रेढि के पदों की संख्या की अर्द्ध राशिद्वारा गुणित किया जाता है, तो ऐसी श्रेढि का इष्ट योग प्राप्त होता है, जिसके स्वपद ही निर्दिष्ट श्रेढि के योग होते हैं ॥३०५–३०५$\frac{1}{2}$॥

---

(३०३) बीजीय रूप से,

$\pm$ श अ (अ $\sim$ ब) + श^2 ब = समान्तर श्रेढि के पदों के घनों का योग,

जहाँ श श्रेढि के सरल पदों का योग है। सूत्र में प्रथम पद का चिह्न यदि अ $>$ ब हो, तो + (धन), और यदि अ $<$ ब हो, तो – (ऋण) होता है।

अत्रोद्देशकः

आदिः षट् प्रचयः पञ्च पदमप्यष्टादशाथ संदृष्टम्।
एकाद्येकोत्तरचितिसंकलितं किं पदाष्टदशकस्य ॥ ३०६½ ॥

चतुरसंकलितानयनसूत्रम्—

सैकपदार्धपदाहतिरश्वैर्निहता पदोनिता त्र्याप्ता।
सैकपदघ्ना चितिचितिचितिकृतिघनसंयुतिर्भवति ॥ ३०७½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

यह देखा जाता है कि किसी श्रेढि का प्रथम पद ६ है प्रचय ५ है और पदों की संख्या १८ है। इन १८ पदों के सम्बन्ध में उन विभिन्न श्रेढियों के योगों के योग को बतलाओ जो कि १ प्रथम पद वाली और १ प्रचय वाली हैं ॥६. ३०६½॥

(नीचे निर्दिष्ट और किसी दी हुई संख्या द्वारा निरूपित) चार राशियों के योग को निकालने के लिये नियम—

दी गई संख्या १ द्वारा बढ़ाई जाकर, आधी की जाती है और उस निज के द्वारा तथा ७ द्वारा गुणित की जाती है। इस परिणामी गुणनफल में से वही दत्त संख्या घटाई जाती है। परिणामी शेष को ३ द्वारा भाजित किया जाता है। इस प्रकार प्राप्त भजनफल जब एक द्वारा बढ़ाई गई उसी दत्त संख्या द्वारा गुणित किया जाता है, तब चार निर्दिष्ट राशियों का इष्ट योग प्राप्त होता है। ऐसी चार निर्दिष्ट राशियाँ क्रमशः, दी हुई संख्या तक की प्राकृत संख्याओं का योग, दी गई संख्या तक की प्राकृत संख्याओं के योगों के योग, दी गई संख्या का वर्ग और दी गई संख्या का घन होती हैं ॥६.३०७½॥

(६. ३०५½-६. ३०६½) बीजीय रूप से, $\left[\left\{\frac{(२न-१)ब^{२}}{६}+\frac{ब}{२}+अब\right\}(न-१)+अ(अ+१)\right]\frac{न}{२}$

यह समान्तर श्रेढि का योग है, जहाँ प्रथमपद किसी सीमित संख्या तक की प्राकृत संख्याओं वाली श्रेढि के योग का निरूपण करता है—ऐसी सीमित संख्या जो किसी समान्तर श्रेढि का ही एक पद है।

(६. ३०७½) बीजीय रूप से $\dfrac{\dfrac{न\times(न+१)\times७}{२}-न}{३}\times(न+१)$

इस नियम में निर्दिष्ट चार राशियों का योग है। यहाँ चार निर्दिष्ट राशियाँ, क्रमशः ये हैं:—
(१) 'न' प्राकृत संख्याओं का योग (२) 'न' तक की विभिन्न प्राकृत संख्याओं द्वारा क्रमशः सीमित विभिन्न प्राकृत संख्याओं के योग, (३) 'न' का वर्ग और (४) 'न' का घन।

अत्रोद्देशकः

सप्ताष्टनवदशानां षोडशपञ्चाशदेकषष्ठीनाम् ।
ब्रूहि चतुःसंकलितं सूत्राणि पृथक् पृथक् कृत्वा ॥ ३०८½ ॥

संघातसंकलितानयनसूत्रम्—

गच्छस्त्रिरूपसहितो गच्छचतुर्भागताडितः सैकः ।
सपदपदकृतिविनिघ्नो भवति हि संघातसंकलितम् ॥ ३०९½ ॥

अत्रोद्देशकः

सप्तकृतेः षट्षष्ट्यास्त्रयोदशानां चतुर्दशानां च ।
पञ्चाग्रविंशतीनां किं स्यात् संघातसंकलितम् ॥ ३१०½ ॥

भिन्नगुणसंकलितानयनसूत्रम्—

समदलविषमखरूपं गुणगुणितं वर्गताडितं द्विष्ठम् ।

उदाहरणार्थ प्रश्न

दी हुई संख्याएँ ७, ८, ९, १०, १६, ५० और ६१ हैं। आवश्यक नियमों को विचारकर, प्रत्येक दशा में, चार निर्दिष्ट राशियों के योग को बतलाओ ॥३०८½॥

(पूर्व व्यवहृत चार प्रकार की श्रेढियों के) सामूहिक योग को निकालने के लिये नियम—

पदों की संख्या को ३ में जोड़ते हैं, और प्राप्तफल को पदों की संख्या के चतुर्थ भाग द्वारा गुणित करते हैं। तब इसमें एक जोड़ा जाता है। इस परिणामी राशि को जब पदों की संख्या के वर्ग को पदों की संख्या द्वारा बढ़ाने से प्राप्तराशि द्वारा गुणित किया जाता है, तब वह इष्ट सामूहिक योग को उत्पन्न करती है ॥३०९½॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

४९, ६६, १३, १४ और २५ द्वारा निरूपित विभिन्न श्रेढियों के सम्बन्ध में इष्ट सामूहिक योग क्या होगा ? ॥३१०½॥

गुणोत्तर श्रेढि में भिन्नों की श्रेढि के योग को निकालने के लिये नियम—

श्रेढि के पदों की सख्या को अलग-अलग स्तम्भ में, क्रमश, शून्य तथा १ द्वारा चिह्नित (marked) कर लिया जाता है। चिह्नित करने की विधि यह है कि युग्ममान को आधा किया जाता है, और अयुग्म मान में से १ घटाया जाता है। इस विधि को तब तक जारी रखा जाता है, जब तक कि अन्ततोगत्वा शून्य प्राप्त नहीं होता। तब इस शून्य और १ द्वारा बनी हुई प्ररूपक श्रेढि को, क्रमवार, अन्तिम १ से उपयोग में लाते हैं, ताकि यह १ साधारण निष्पत्ति द्वारा गुणित हो। जहाँ १ अभिधानी पद (denoting item) रहता है, वहाँ इसे फिर से साधारण निष्पत्ति द्वारा गुणित करते हैं। और जहाँ शून्य अभिधानी पद होता है, वहाँ वर्ग प्राप्त करने के लिये उसे साधारण निष्पत्ति द्वारा

(३०९½) बीजीय रूप से, $\left\{ (न+३)\frac{न}{४}+१ \right\}(न^{२}+न)$ योगों का सामूहिक योग है, अर्थात् नियम २९६, ३०१ और ३०५ से ३०५½ में बतलाई गई श्रेढियों के योगों तथा 'न' तक की प्राकृत संख्याओं के योग (इन सब योगों) का सामूहिक योग है।

अंशाप्तं व्येकं फलमाद्यन्याप्तं गुणोनरूपहृतम् ॥ १११½ ॥

अत्रोद्देशकः

दीनारार्धं पञ्चसु नगरेषु चयस्त्रिभागोऽभूत् । आदिस्त्र्यंशः पादो गुणोत्तरं सप्त मिश्रगुणचितिका ।
का भवति कथय शीघ्रं यदि तेऽस्ति परिश्रमो गणिते ॥ ११३ ॥

अधिकहीनगुणसंकलितानयनसूत्रम्—
गुणचितिरन्याद्यिहता विपदाधिकहीनसंगुणा भक्ता ।
व्येकगुणेनान्या फलरहिता हीनेऽधिके तु फलयुक्ता ॥ ११४ ॥

गुणित करते हैं । इस क्रिया का फल दो स्थानों में लिखा जाता है । इस प्रकार प्राप्त, एक स्थान में रखे हुए, एक के अंश को फल द्वारा ही भाजित करते हैं । तब उसमें से १ घटाया जाता है । परिणामी राशि को श्रेढि के प्रथमपद द्वारा गुणित किया जाता है और तब दूसरे स्थान में रखी हुई राशि द्वारा गुणित किया जाता है । इस प्रकार प्राप्त गुणनफल जब १ द्वारा ह्रासित साधारण निष्पत्ति द्वारा भाजित किया जाता है, तब श्रेढि का इष्ट योग उत्पन्न होता है ॥ १११½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

५ नगरों के सम्बन्ध में प्रथम पद $\frac{१}{२}$ दीनार है, और साधारण निष्पत्ति $\frac{१}{३}$ है । तब उनमें प्राप्त दीनारों के योग को निकालो । प्रथमपद $\frac{१}{३}$ है साधारण निष्पत्ति $\frac{१}{४}$ है और पदों की संख्या ७ है । यदि तुमने गणना में परिश्रम किया हो, तो यहाँ गुणोत्तर मिश्रित श्रेढि का योग बतलाओ ॥ ११२½-११३ ॥

गुणोत्तर श्रेढि का योग निकालने के लिये नियम जहाँ किसी दी गई ज्ञात राशि द्वारा किसी निर्दिष्ट रीति से पद या तो बढ़ाये या घटाये जाते हों—

जिसके सम्बन्ध में प्रथमपद, साधारण निष्पत्ति और पदों की संख्या दी गई है ऐसी शुद्ध गुणोत्तर श्रेढि के योग को दो स्थानों में लिखा जाता है । इनमें से एक को दिये गये प्रथमपद द्वारा भाजित किया जाता है । इस परिणामी भजनफल में से पदों की दी गई संख्या को घटाया जाता है । परिणामी शेष को प्रस्तावित श्रेढि के पदों में जोड़ी जानेवाली अथवा उनमें से घटाई जानेवाली दत्त राशि द्वारा गुणित किया जाता है । इस प्रकार प्राप्त राशि को १ द्वारा ह्रासित साधारण निष्पत्ति द्वारा भाजित किया जाता है । दूसरे स्थान में रखे हुए योग को इस अन्तिम परिणामी भजनफल राशि द्वारा ह्रासित किया जाता है जब कि श्रेढि के पदों में से दी गई राशि घटाई जाती हो । पर, यदि वह जोड़ी जाती हो तो दूसरे स्थान में रखे हुए गुणोत्तर श्रेढि के योग को उस परिणामी भजनफल द्वारा बढ़ाया जाता है । प्रत्येक दशा में प्राप्तफल निर्दिष्ट श्रेढि का इष्ट योग होता है ॥ ११४ ॥

(१११½) इस नियम में, मिश्रित साधारण निष्पत्ति का अंश हमेशा १ ले लिया जाता है । अध्याय २ की ९४ वीं गाथा तथा उसकी टिप्पणी द्रष्टव्य है ।

(११४) बीजीय रूप से, $\pm \left(\frac{ग}{अ} - न\right) म + (र - १) + ग$, यह निम्नलिखित रूपवाली श्रेढि का योग है—

$अ,\ अर \pm म,\ (अर \pm म) र \pm म\ \ \{(अर \pm म) र \pm म\} र \pm म$ इत्यादि ।

अत्रोद्देशकः

पञ्च गुणोत्तरमादिर्द्वौ त्रीण्यधिकं पदं हि चत्वारः।
अधिकगुणोत्तरचितिका कथय विचिन्त्याशु गणिततत्त्वज्ञ ॥ ३१५ ॥
आदिस्त्रीणि गुणोत्तरमष्टौ हीनं द्वयं च दश गच्छः।
हीनगुणोत्तरचितिका का भवति विचिन्त्य कथय गणकाशु ॥ ३१६ ॥

आद्युत्तरगच्छधनमिश्राद्युत्तरगच्छानयनसूत्रम्—

मिश्रादुद्धृत्य पदं रूपोनेच्छाधनेन सैकेन। लब्धं प्रचयः शेषः सरूपपदभाजितः प्रभवः ॥३१७॥

अत्रोद्देशकः

आद्युत्तरपदमिश्र पञ्चाशद्धनमिहैव सदृष्टम्। गणितज्ञाचक्ष्व त्व प्रभवोत्तरपदधनान्याशु ॥३१८॥

संकलितगतिध्रुवगतिभ्यां समानकालानयनसूत्रम—

ध्रुवगतिरादिविहीनश्चयदलभक्तः सरूपकः काल.।

उदाहरणार्थ प्रश्न

साधारण निष्पत्ति ५ है, प्रथमपद २ है, विभिन्न पदों में जोड़ी जानेवाली राशि ३ है, और पदो की सख्या ४ है। हे गणित तत्वज्ञ, विचार कर शीघ्र ही (निर्दिष्ट रीति के अनुसार निर्दिष्ट राशि द्वारा बढ़ाए जाते हैं पद जिसके ऐसी) गुणोत्तर श्रेढि के योग को बतलाओ ॥ ३१५ ॥

प्रथमपद ३ है, साधारण निष्पत्ति ८ है, पदों में से घटाई जानेवाली राशि २ है, और पदों की सख्या १० है। ऐसी श्रेढि का, हे गणितज्ञ, योग निकालो ॥ ३१६ ॥

प्रथमपद, प्रचय, पदों की सख्या और किसी समान्तर श्रेढि के योग के मिश्रित योग में से प्रथम पद, प्रचय और पदो की सख्या निकालने के लिये नियम—

श्रेढि के पदों की सख्या का निरूपण करनेवाली मन से चुनी हुई संख्या को दिये गये मिश्रित योग में से घटाया जाता है। तब १ से आरम्भ होने वाली और एक कम पदों की (मन से चुनी हुई) संख्यावाली प्राकृत सख्याओं का योग १ द्वारा बढ़ाया जाता है। इस परिणामी फल को भाजक मान कर, ऊपर कथित मिश्रित योग से प्राप्त शेष को भाजित करते हैं। यह भजनफल इष्ट प्रचय होता है, और इस भाजन की क्रिया में जो शेष बचता है उसे जब एक अधिक (मन से चुनी हुई) पदों की संख्या द्वारा भाजित करते हैं, तो इष्ट प्रथमपद प्राप्त होता है ॥ ३१७ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

यह देखा जाता है कि किसी समान्तर श्रेढि का योग, प्रथमपद, प्रचय और पदों की सख्या में मिलाये जाने पर, ५० होता है। हे गणक, शीघ्रही प्रथमपद, प्रचय, पदों की सख्या और श्रेढि के योग को बतलाओ ॥ ३१८ ॥

सङ्कलित गति* तथा ध्रुव गति से गमन करने वाले दो व्यक्तियों (को एक साथ रवाना होने पर एक जगह फिर से मिलने) के लिये समय की समान सीमा निकालने के लिये नियम—

अपरिवर्तनशील गति को समान्तर श्रेढि वाली गतियों के प्रथम पद द्वारा ह्रासित करते हैं, और तब प्रचय की अर्द्ध राशि द्वारा भाजित करते हैं। इस परिणामी राशि में जब १ जोड़ते हैं, तब मिलने

(३१७) अध्याय दो की गाथाएँ ८० – ८२ तथा उनके नोट देखिये।

* समान्तर श्रेढि के पदों के रूप में प्ररूपित उत्तरोत्तर गतियों रूप गति।

अत्रोद्देशकः

चत्वार्यादिरष्टोत्तरमेको गच्छत्यथो द्वितीयो ना ।
द्वौ प्रचयश्च दशादिः समागमे कस्तयोः कालः ॥ ३२३½ ॥

वृध्द्युत्तरहीनोत्तरयोः समागमकालानयनसूत्रम्—

शेषश्चाद्योरुभयोश्चययुतदलभक्तरूपयुतः ।
युगपत्प्रयाणकृतयोर्मार्गे संयोगकालः स्यात् ॥ ३२४½ ॥

अत्रोद्देशकः ।

पञ्चाद्यष्टोत्तरतः प्रथमो नाथ द्वितीयनरः ।
आदिः पञ्चघ्ननव प्रचयो हीनोऽष्ट योगकालः कः ॥ ३२५½ ॥

शीघ्रगतिमन्दगत्योः समागमकालानयनसूत्रम्—

मन्दगतिशीघ्रगत्योरेकाशागमनमत्र गम्यं यत् ।
तद्गत्यन्तरभक्तं लब्धदिनैस्तैः प्रयाति शीघ्रोऽल्पम् ॥३२६½॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

एक व्यक्ति ४ से आरम्भ होने वाली और उत्तरोत्तर प्रचय ८ द्वारा बढ़ने वाली गतियो से यात्रा करता है । दूसरा व्यक्ति १० से आरम्भ होने वाली और उत्तरोत्तर २ प्रचय द्वारा बढ़ने वाली गतियों से यात्रा करता है । उनके मिलने का समय क्या है ? ॥ ३२३½ ॥

एक ही स्थान से रवाना होने वाले और एक ही दिशा में समान्तर श्रेढि में बढ़नेवाली गतियों से यात्रा करने वाले दो व्यक्तियों के मिलने का समय निकालने के लिए नियम, जब कि प्रथम दशा में प्रचय धनात्मक है, और दूसरी दशा में ऋणात्मक है :—

उक्त दो प्रथम पदों के अंतर को उक्त दो दिये गये प्रचयों का प्ररूपण करनेवाली संख्याओं के योग की अर्द्ध राशि द्वारा भाजित करने के पश्चात् प्राप्त फल में १ जोड़ा जाता है । यह उन दो यात्रियों के मिलने का समय होता है ॥३२४½॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

प्रथम व्यक्ति ५ से आरम्भ होने वाली और उत्तरोत्तर प्रचय ८ द्वारा बढ़नेवाली गतियों से यात्रा करता है । दूसरे व्यक्ति की आरम्भिक गति ४५ है और प्रचय ऋण ८ है । उनके मिलने का समय क्या है ? ॥३२५½॥

भिन्न समयों पर रवाना होनेवाले और क्रमशः तीव्र और मंद गति से एक ही दिशा में चलनेवाले दो मनुष्यों के मिलने का समय निकालने के लिए नियम—

मंदगति और तीव्रगति वाले दोनों एक ही दिशा में गमनशील हैं । तय की जानेवाली दूरी को यहाँ उन दो गतियों के अंतर द्वारा भाजित किया जाता है । इस भजनफल द्वारा प्ररूपित दिनों में, तीव्र गतिवाला मंदगति वाले की ओर जाता है ॥३२६½॥

(३२४½) इसकी तुलना ३२२½ वीं गाथा में दिये गये नियम से करो ।

अत्रोद्देशकः

नवयोजनानि कश्चित्प्रयाति योजनशतं गतं तेन ।
प्रतिदूतो प्रजवि पुनस्त्रयोदशाप्नोति कैर्दिवसैः ॥३२७½॥

विषमबाणैस्तूणीरबाणपरिधिकरणसूत्रम्—

परिणाहस्त्रिभिरधिको द्विघ्नो वर्गीकृतस्त्रिभिर्भक्तः ।
सैकः शरास्तु परिधेरानयने तत्र विपरीतम् ॥३२८½॥

अत्रोद्देशकः

नव परिधिस्तु शराणां संख्या न ज्ञायते पुनस्तेषाम् ।
इषुधिस्थबाणास्तत्परिणाहशरांश्च कथय मे गणक ॥३२९½॥

श्रेढीबद्धे इष्टकानयनसूत्रम्—

तरवर्गो रूपोनस्त्रिभिर्विभक्तस्तरेण संगुणितः ।
तरसंकलिते स्वेष्टप्रताडिते मिश्रितः सारम् ॥३३०½॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

कोई व्यक्ति ९ योजन प्रतिदिन की गति से यात्रा करता है। उसके द्वारा १०० योजन की दूरी पहिले ही तय की जा चुकी है। एक संदेशवाहक उसके पीछे १३ योजन प्रति दिन की गति से भेजा गया। वह कितने दिनों में उससे जाकर मिलेगा? ॥३२७½॥

तरकस में भरे हुए ज्ञात अयुग्म संख्या के बाणों की सहायता से तरकस के बाणों की परिध्यात्म-संख्या निकालने के लिये (तथा विलोम क्रमेण) नियम—

परिध्यात्म बाणों की संख्या को ३ द्वारा बढ़ाकर दुगुना किया जाता है। इसे वर्गित किया जाता है, और तब ३ द्वारा भाजित किया जाता है। इस परिणामी राशि में १ जोड़ने पर तरकस के बाणों की संख्या प्राप्त होती है। जब परिध्यात्म बाणों की संख्या निकालनी होती है, तो विपरीत क्रिया करनी पड़ती है ॥३२८½॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

बाणों की परिध्यात्म संख्या ९ है। उनकी कुल संख्या अज्ञात है। वह कौन सी है? तरकस में कुल बाणों की संख्या १२ है। हे गणितज्ञ, परिध्यात्म बाणों की संख्या बतलाओ ॥३२९½॥

किसी भवन की श्रेणीबद्ध (एक के ऊपर दूसरी) इष्टकाओं (ईंटों) की संख्या निकालने के लिये नियम—

सतहों की संख्या के वर्ग को १ द्वारा ह्रासित कर ३ द्वारा भाजित किया जाता है, और तब सतहों की संख्या द्वारा गुणित किया जाता है। इस प्रकार प्राप्त राशि में वह गुणनफल जोड़ते हैं, जो सबसे ऊपर की सतह की ईंटों को प्रकल्पित करनेवाली (मन से चुनी हुई) संख्या और एक से आरंभ होकर दी गई सतहों की संख्या तक की प्राकृत संख्याओं के योग का गुणन करने से प्राप्त होता है। प्राप्तफल इष्ट उत्तर होता है ॥३३०½॥

(३३० ½) बीजीय रूप से $\frac{न^2-1}{3} \times न + अ \times \frac{न(न+1)}{2}$, यह, बनावट की कुल ईंटों की संख्या है जहाँ 'न' सतहों की संख्या है और 'अ' सबसे ऊपर सतह में ईंटों की मन से चुनी हुई संख्या है।

अत्रोद्देशकः

पञ्चतरैकेनाग्र व्यवघटिता गणितविन्मिश्रे । समचतुरश्रेढो कतीष्टकाः स्युर्ममाचक्ष्व ॥३३१½॥
नन्द्यावर्ताकारं चतुस्तरा पष्टिसमघटिता । सर्वेष्टका कति स्युः श्रेढीवद्धं ममाचक्ष्व ॥३३२½॥

छन्द शास्त्रोक्तपट्प्रत्ययानां सूत्राणि—

समदलविषमखरूप द्विगुण वर्गीकृतं च पदसंख्या ।
संख्या विपमा सैका दलतो गुरुरेव समदलत ॥३३३½॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

५ सतहवाली एक वर्गाकार बनावट तैयार की गई है। सबसे ऊपर की सतह में केवल १ ईंट है। हे प्रश्न की गणना जानने वाले मित्र, इस बनावट में कुल कितनी ईंटें हैं ? ॥३३१½॥ नन्द्यावर्त के आकार की एक बनावट उत्तरोत्तर ईंटों की सतहों से तैयार की गई है। एक पंक्ति में सबसे ऊपर की ईंटो का सख्यात्मक मान ६० है, जिसके द्वारा ४ सतहें सम्मितीय बनाई गई हैं। बतलाओ इसमें कुल कितनी ईंटें लगाई गई हैं ? ॥३३२½॥

छन्द (prosody) शास्त्रोक्त छः प्रत्ययों को जानने के लिये नियम—

दिये गये शब्दांशिक छन्द में शब्दांशों (अक्षरों) अथवा पदों की युग्म और अयुग्म संख्या को अलग स्तम्भ में क्रमशः ० और १ द्वारा चिन्हित किया जाता है। (चिन्हित करने की विधि इसी अध्याय के ३११½ वें सूत्र में देखिये।) वह इस प्रकार है : युग्ममान को आधा किया जाता है, और अयुग्म मान में से १ घटाया जाता है। इस विधि को तब तक जारी रखा जाता है, जब तक कि अंततोगत्वा शून्य प्राप्त नहीं होता। इस प्रकार प्राप्त अंकों की श्रृङ्खला में अंकों को दुगुना कर दिया जाता है, और तब श्रृङ्खला की तली से शिखर तक की संतत गुणन क्रिया में, वे अंक, जिनके ऊपर शून्य आता है, वर्गित कर दिये जाते हैं। इस सतत गुणन का परिणामी गुणनफल छन्द के विभिन्न सम्भव श्लोको की संख्या होता है ॥३३३½॥ इस प्रकार प्राप्त सभी प्रकार के श्लोकों में लघु और गुरु

किसी भी सतह की लम्बाई अथवा चौड़ाई पर ईंटों की सख्या, अग्रिम निम्न (नीची) सतह की ईंटों से १ कम होती है।

(३३२½) गाथा में निर्दिष्ट नन्द्यावर्त आकृति यह है— 卐

(३३३½–३३६½) गुरु और लघु शब्दांशों (syllables) के भिन्न-भिन्न विन्यास के सबादी कई विभेद उत्पन्न होते हैं, क्योंकि श्लोक (stanza) के एक चौथाई भाग को बनानेवाले पद (line) में पाया जानेवाला प्रत्येक शब्दांश या तो लघु अथवा गुरु हो सकता है। इन विभेदों के विन्यासों के लिये कोई निश्चित क्रम उपयोग में लाया जाता है। यहाँ दिये गये नियम हमें निम्नलिखित को निकालने में सहायक होते हैं, (१) निर्दिष्ट शब्दांशों की संख्या वाले छन्द में सम्भव विभेदों की सख्या, (२) इन प्रकारों में शब्दांशों के विन्यास की विधि, (३) स्वक्रमसूचक स्थिति द्वारा निर्दिष्ट किसी विभेद में शब्दांशों का विन्यास, (४) शब्दांशों के निर्दिष्ट विन्यास की क्रमसूचक स्थिति, (५) निर्दिष्ट सख्या के गुरु और लघु शब्दांशों वाले विभेदों की संख्या, और (६) किसी विशेष छन्द के विभेदों का प्रदर्शन करने के लिये उदग्र (लम्ब रूप) जगह का परिमाण।

स्याद्गुरुरेवं क्रमशः प्रस्तारोऽयं विनिर्दिष्टः ।
नष्टाङ्कार्धे लघुरयुजि सैकदले गुरुः पुनः पुनः स्थाप्यम् ॥३३४½॥

अक्षरों (syllables) के विन्यास को इस प्रकार निकालते हैं—

१ से आरम्भ होनेवाली तथा दिये गये छन्दों में श्लोकों की महत्तम सम्भव संख्या के माप में अंत होनेवाली प्राकृत संख्याएँ लिखी जाती हैं। प्रत्येक अयुग्म संख्या में १ जोड़ा जाता है, और तब उसे आधा किया जाता है। जब यह क्रिया की जाती है, तब गुरु अक्षर (syllable) निश्चित रूप से सूचित होता है। जहाँ संख्या युग्म होती है वह तत्काल ही आधी कर दी जाती है जिससे वह लघु अक्षर (syllable) को सूचित करती है। इस प्रकार दशा के अनुसार (उसी समय सबाची गुरु और लघु

श्लोक ३३०½ में दिये गये प्रश्नों को निम्नलिखित रूप में हल करने पर वे निम्न स्पष्ट हो जावेंगे—

(१) छन्द में ३ शब्दांश होते हैं; अब हम इस प्रकार आगे बढ़ते हैं—

$$\begin{array}{l|l} & 1-1 \\ 2 & 2 \\ & 1-1 \end{array} \quad \begin{array}{c} 1 \\ \\ 1 \end{array}$$

दाहिने हाथ की अंकतति के अङ्कों को २ द्वारा गुणित करने पर हमें $\overset{2}{\underset{2}{\cdot}}$ प्राप्त होता है। अध्याय २ के ९४ वें श्लोक (गाथा) की टिप्पणी में समझाये अनुसार गुणन और वर्ग करने की विधि द्वारा हमें ८ प्राप्त होता है। यही विभेदों की संख्या है।

(२) प्रत्येक विभेद में शब्दांशों के विन्यास की विधि इस प्रकार प्राप्त होती है—

प्रथम प्रकार : (विभेद) १ अयुग्म होने के कारण गुरु शब्दांश है, इसलिये प्रथम शब्दांश गुरु है। इस १ में १ जोड़ो, और योग का २ द्वारा भाजित करो। भजनफल अयुग्म है, और दूसरे गुरु शब्दांश को दर्शाता है। फिर से इस भजनफल १ में १ जोड़ते हैं, और योग को २ द्वारा भाजित करते हैं परिणाम फिर से अयुग्म होता है और तीसरे गुरु शब्दांश को दर्शाता है। इस प्रकार, प्रथम प्रकार में तीन गुरु शब्दांश होते हैं, जो इस प्रकार दर्शाये जाते हैं ऽऽऽ

द्वितीय प्रकार : (विभेद) २ युग्म होने के कारण लघु शब्दांश सूचित करता है। जब इस २ को २ द्वारा भाजित करते हैं तो भजनफल १ होता है जो अयुग्म होने के कारण गुरु शब्दांश को सूचित करता है। इस १ में १ जोड़ो, और योग को २ द्वारा भाजित करो, भजनफल अयुग्म होने के कारण गुरु शब्दांश को सूचित करता है। इस प्रकार, हमें यह प्राप्त होता है ।ऽऽ

इसी प्रकार अन्य विभेदों को प्राप्त करते हैं।

(३) उदाहरण के लिये, पाँचवाँ प्रकार (विभेद) ऊपर की तरह प्राप्त किया जा सकता है।

(४) उदाहरण के लिये ।ऽ। प्रकार (विभेद) की क्रमसूचक स्थिति निकालने के लिये हम यह रीति अपनाते हैं—

।ऽ।
१ २ ४

इन शब्दांशों के नीचे जिनकी साधारण निष्पत्ति २ है और प्रथमपद १ है ऐसी गुणोत्तर श्रेढि लिखो। लघु शब्दांशों के नीचे लिखे अंक ४ और १ जोड़ो और योग को १ द्वारा बढ़ाओ। हमें ६ प्राप्त

रूपादिद्विगुणोत्तरतस्तूद्दिष्टे लाङ्कसंयुति सैका ।
एकाद्येकोत्तरत. पदमूर्ध्वाधर्यत. क्रमोत्क्रमशः ॥३३५½॥
स्थाप्य प्रतिलोमघ्न प्रतिलोमघ्नेन भाजितं सारम् ।
स्याल्लघुगुरुक्रियेयं संख्या द्विगुणैकवर्जिता साध्वा ॥३३६½॥

अक्षर देखते हुए), १ जोड़ने अथवा नहीं जोड़ने के साथ आधी करने की क्रिया, नियमित रूप से, तब तक जारी रखना चाहिये, जब तक कि, प्रत्येक दशा मे छन्द के प्रत्ययो की यथार्थ संख्या प्राप्त नहीं हो जाती ।

यदि स्वाभाविक क्रम मे किसी प्रकार के पद का प्ररूपण करनेवाली सख्या, (जहाँ अक्षरों का विन्यास ज्ञात करना होता है) युग्म हो तो वह आधी कर दी जाती है और लघु अक्षर को सूचित करती है । यदि वह अयुग्म हो, तो उसमें १ जोड़ा जाता है और तब उसे आधा किया जाता है : और यह गुरु अक्षर दर्शाती है । इस प्रकार गुरु और लघु अक्षरों को उनकी क्रमवार स्थितिमें वारवार रखना पडता है जब तक कि पद में अक्षरों की महत्तम सख्या प्राप्त नहीं हो जाती । यह, श्लोक (stanza) के इष्ट प्रकार में, गुरु और लघु अक्षरो के विन्यास को देता है ॥३३४½॥

जहाँ किसी विशेष प्रकार का श्लोक दिया होने पर उसकी निर्दिष्ट स्थिति (छन्द में सम्भव प्रकारों के श्लोकों में से) निकालना हो, वहाँ एक से आरम्भ होनेवाली और २ साधारण निष्पत्ति वाली गुणोत्तर श्रेढि के पदों (terms) को लिख लिया जाता है, (यहाँ श्रेढि के पदों की सख्या, दिये गये छन्दों मे अक्षरो की सख्या के तुल्य होती है) । इन पदो (terms) के ऊपर सवादी गुरु या लघु अक्षर लिख लिये जाते हैं । तब लघु अक्षरों के ठीक नीचे की स्थिति वाले सभी पद (terms) जोड़े जाते हैं । इस प्रकार प्राप्त योग एक द्वारा बढ़ाया जाता है । यह इष्ट निर्दिष्ट क्रमसंख्या होती है ।

१ से आरम्भ होने वाली (और छन्द में दिये गये अक्षरों की संख्या तक जाने वाली) प्राकृत सख्याएँ, नियमित क्रम और व्युत्क्रम में, दो पंक्तियों मे, एक दूसरे के नीचे लिख ली जाती हैं । पंक्ति की संख्याएँ १, २, ३ (अथवा एक ही वार में इनसे अधिक) द्वारा दाएँ से बाएँ ओर गुणित की जाती हैं । इस प्रकार प्राप्त ऊपर की पंक्ति सम्बन्धी गुणनफल नीचे की पंक्ति सम्बन्धी सवादी गुणनफलों द्वारा भाजित किये जाते हैं । तब प्राप्त भजनफल, कविता (verse) में १, २, ३ या इनसे अधिक, छोटे या बड़े अक्षरों वाले (दिये गये छन्द में) श्लोकों (stanzas) के प्रकारों की संख्या की प्ररूपणा करता है । इसे ही निकालना इष्ट होता है ।

दिये गये छन्द (metre) में श्लोको के विभेदों की सम्भव सख्या को दो द्वारा गुणित कर एक द्वारा ह्रासित किया जाता है । यह फल अध्वान का माप देता है ।

यहाँ, छन्द के प्रत्येक दो उत्तरोत्तर विभेदों (प्रकारों) के बीच श्लोक (stanzas) के तुल्य अवराल (interval) का होना माना जाता है ॥३३५½–३३६½॥

होता है । इसलिये ऐसा कहते हैं कि त्रि-शब्दांशिक छन्द में यह छठवाँ प्रकार (विभेद) है ।

(५) मानलो प्रश्न यह है २ छोटे शब्दांशों वाले विभेद कितने हैं ?

प्राकृत सख्याओं को नियमित और विलोम क्रम में एक दूसरे के नीचे इस प्रकार रखो : १ २ ३ / ३ २ १

दाहिने ओर से बाईं ओर को, ऊपर से और नीचे से दो पद (terms) लेकर, हम पूर्ववर्ती गुणनफल

अत्रोद्देशकः

संख्यां प्रस्तारविधिं नष्टोद्दिष्टे लगक्रियाध्वानौ ।
षट्प्रत्ययांश्च शीघ्रं त्र्यक्षरवृत्तस्य मे कथय ॥३३७½॥

इति मिश्रकव्यवहारे श्रेढीबद्धसङ्कलितं समाप्तम् ।
इति सारसंग्रहे गणितशास्त्रे महावीराचार्यस्य कृतौ मिश्रकगणितं नाम पञ्चमव्यवहारः समाप्तः ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

३ अक्षरों (syllables) वाले छन्द के सम्बन्ध में ६ प्रश्नों को बतलाओ—

(१) छन्द के सम्भव श्लोकों (stanzas) की महत्तम संख्या (२) उन श्लोकों में अक्षरों के विन्यास का क्रम, (३) किसी दिये गये प्रकार के श्लोकों में अक्षरों (सम्यांशों) का विन्यास, जहाँ छन्द में सम्भव प्रकारों की क्रमसूचक स्थिति ज्ञात है (४) दिये गये श्लोक की क्रमसूचक स्थिति, (५) किसी दी गई लघु या गुरु अक्षरों (सम्यांशों) की संख्यावाले दिये गये छन्द (metre) में श्लोकों की संख्या और (६) अध्वान नामक राशि ॥३३७½॥

इस प्रकार मिश्रक व्यवहार में श्रेढिबद्ध संकलित नामक प्रकरण समाप्त हुआ।

इस प्रकार, महावीराचार्य की कृति सारसंग्रह नामक गणितशास्त्र में मिश्रक नामक पञ्चम व्यवहार समाप्त हुआ।

को उत्तरवर्ती गुणनफल द्वारा भाजित करते हैं। भजनफल ३ इष्ट उत्तर है।

(६) ऐसा कहा गया है कि छन्द के किसी भी प्रकार के गुरु और लघु सम्यांशों के निरूपण करनेवाले प्रतीक, एक अंगुल उदग्र (vertical) जगह ले लेते हैं, और कोई भी दो चिन्हों के बीच का अंतराल (जगह) भी एक अंगुल होना चाहिये। इसलिये इस छन्द के ८ प्रकारों (चिन्हों) के लिये इष्ट उदग्र (vertical) जगह का परिमाण २×८−१ अथवा १५ अंगुल होता है।

७. क्षेत्रगणित व्यवहारः

सिद्धेभ्यो निष्ठितार्थेभ्यो वरिष्ठेभ्यः कृतादरः । अभिप्रेतार्थसिद्ध्यर्थं नमस्कुर्वे पुनः पुनः ॥ १ ॥

इतः परं क्षेत्रगणितं नाम षष्ठगणितमुदाहरिष्यामः । तद्यथा—

क्षेत्रं जिनप्रणीतं फलाश्रयाद्व्यावहारिकं सूक्ष्ममिति ।
भेदाद् द्विधा विचिन्त्य व्यवहारं स्पष्टमेतदभिधास्ये ॥ २ ॥
त्रिभुजचतुर्भुजवृत्तक्षेत्राणि स्वस्वभेदभिन्नानि । गणितार्णवपारगतैराचार्यैः सम्यगुक्तानि ॥ ३ ॥
त्रिभुजं त्रिधा विभिन्नं चतुर्भुजं पञ्चधाष्टधा वृत्तम् । अवशेषक्षेत्राणि ह्येतेषां भेदभिन्नानि ॥ ४ ॥
त्रिभुजं तु समं द्विसमं विषमं चतुरश्रमपि समं भवति ।
द्विद्विसमं द्विसमं स्यात्त्रिसमं विषमं बुधाः प्राहुः ॥ ५ ॥
समवृत्तमर्धवृत्तं चायतवृत्तं च कम्बुकावृत्तम् । निम्नोन्नतं च वृत्तं बहिरन्तश्चक्रवालवृत्तं च ॥ ६ ॥

---

७. क्षेत्र-गणित व्यवहार (क्षेत्रफल के माप सम्बन्धी गणना)

अपने इष्ट अर्थ की सिद्धि के लिये मैं मन, वचन, काय से कृतकृत्य और सर्वोत्कृष्ट सिद्धों को वारवार सादर नमस्कार करता हूँ ॥ १ ॥

इसके पश्चात् हम क्षेत्र गणित नामक विषय की छ. प्रकार की गणना की व्याख्या करेंगे जो निम्नलिखित है—

जिन भगवान् ने क्षेत्रफल का दो प्रकार का माप प्रणीत किया है, जो फल के स्वभाव पर आधारित है, अर्थात् एक वह जो व्यावहारिक प्रयोजनों के लिये अनुमानतः लिया जाता है, और दूसरा वह जो सूक्ष्म रूप से शुद्ध होता है । इसे विचार में लेकर मैं इस विषय को स्पष्ट रूप से समझाऊँगा ॥ २ ॥ गणित रूपी समुद्र के पारगामी आचार्यों ने सम्यक् (ठीक) रूप से विविध प्रकार के क्षेत्रफलों के विषय में कहा है । उन क्षेत्रफलों में त्रिभुज, चतुर्भुज और वृत्त (वक्ररेखीय) क्षेत्रों को इन्हीं क्रमवार प्रकारों में वर्णित किया है ॥ ३ ॥ त्रिभुज क्षेत्र को तीन प्रकार में, चतुर्भुज को पाँच प्रकार में, और वृत्त को आठ प्रकार में विभाजित किया गया है । शेष प्रकार के क्षेत्र वास्तव में इन्हीं विभिन्न प्रकारों के क्षेत्रों के विभिन्न भेद हैं ॥ ४ ॥ बुद्धिमान लोग कहते हैं कि त्रिभुज क्षेत्र, समत्रिभुज, द्विसम त्रिभुज (समद्विबाहु त्रिभुज) और विषम त्रिभुज हो सकता है, और चतुर्भुज क्षेत्र भी समचतुरश्र (वर्ग), द्विद्विसमचतुरश्र (आयत), द्विसमचतुरश्र (समलम्ब चतुर्भुज जिसकी दो असमानान्तर भुजायें बराबर नापकी हों), त्रिसमचतुरश्र (समलम्ब चतुर्भुज, जिसकी तीन भुजायें बराबर नापकी हों), विषम चतुरश्र (साधारण चतुर्भुज क्षेत्र) हो सकता है ॥ ५ ॥ वक्ररेख क्षेत्र, समवृत्त (वृत्त), अर्द्धवृत्त, आयतवृत्त (ऊनेन्द्र अथवा अंडाकार क्षेत्र), कम्बुकावृत्त (शंखाकार क्षेत्र), निम्नवृत्त (नतोदर वृत्तीय क्षेत्र), उन्नतावृत्त (उन्नतोदर वृत्तीय क्षेत्र), बहिश्चक्रवाल वृत्त (बाहर स्थित कङ्कण), एवं अंतश्चक्रवाल वृत्त (भीतर स्थित कङ्कण) हो सकता है ॥ ६ ॥

(५–६) इन गाथाओं में कथित विभिन्न प्रकार की आकृतियाँ अगले पृष्ठ पर दर्शाई गई हैं—

व्यावहारिकगणितम्

त्रिभुजचतुर्भुजक्षेत्रफलानयनसूत्रम्—

त्रिभुजचतुर्भुजबाहुप्रतिबाहुसमासदलहतं गणितम् ।
नेमेर्भुजयुत्यर्धं व्याससगुणं तत्फलार्धमिह बालेन्दोः ॥ ७ ॥

व्यावहारिक गणित (अनुमानतः मापसम्बन्धी गणना)

त्रिभुज और चतुर्भुज क्षेत्रों के क्षेत्रफल (अनुमानतः) निकालने के लिये नियम—

सम्मुख भुजाओं के योगों की अर्द्धराशियों का गुणनफल त्रिभुज और चतुर्भुज क्षेत्रों के क्षेत्रफल का माप होता है। कङ्कण तथा आकृति के चक्र की किनार (rim) का क्षेत्रफल भीतर और

अत्रोद्देशकः

त्रिभुजक्षेत्रस्याष्टौ वाहुप्रतिवाहुभूमयो दण्डा । तद्व्यावहारिकफल गणयित्वाचक्ष्व मे शीघ्रम् ॥८॥

बाहर की परिधियों के योग की अर्द्धराशि को कङ्कण की चौड़ाई से गुणित करने पर प्राप्त होता है। इस फल का यहाँ बालचन्द्रमा सदृश आकृति का क्षेत्रफल होता है ॥ ७ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

त्रिभुज के सम्बन्ध में, भुजा, सम्मुख भुजा, और आधार का माप ८ दंड है, मुझे शीघ्र ही बतलाओ कि इसका व्यावहारिक क्षेत्रफल क्या है ? ॥ ८ ॥ दो बराबर भुजाओं वाले त्रिभुज के सम्बन्ध

निम्नवृत्त (नतोदर वृत्तीय क्षेत्र)

उन्नत वृत्त (उन्नतोदर वृत्तीय क्षेत्र)

बहिश्चक्रवाल वृत्त (बाहर स्थित कङ्कण)

अतश्चक्रवालवृत्त (भीतर स्थित कङ्कण)

चतुर्भुज क्षेत्रों के क्षेत्रफल और अन्य मापों के दिये गये नियमों पर विचार करने पर ज्ञात होगा कि यहाँ कहे गये चतुर्भुज क्षेत्र चक्रीय (वृत्त में अन्तर्लिखित) हैं। इसलिये समचतुरश्र यहाँ वर्ग है, द्वि-द्विसमचतुरश्र आयत है, और द्विसमचतुरश्र तथा त्रिसमचतुरश्र की ऊपरी भुजाएँ आधार के समानान्तर हैं।

(७) यहाँ त्रिभुज को ऐसा चतुर्भुज माना गया है, जिसके आधार की सम्मुख भुजा इतनी छोटी होती है कि वह उपेक्षणीय होती है। इस दशा में त्रिभुज की बाजू की दो भुजाएँ, सम्मुख भुजाएँ बन जाती हैं, और ऊपरी भुजा मान में नहीं के बराबर ली जाती है। इसलिये नियम में त्रिभुजीय क्षेत्र के सम्बन्ध में भी सम्मुख भुजाओं का उल्लेख किया गया है, त्रिभुज दो भुजाओं के योग की अर्द्ध-राशि समस्त दशाओं में ऊँचाई से बड़ी होती है, इसलिये इस नियम के अनुसार प्राप्त क्षेत्रफल किसी भी उदाहरण में सूक्ष्म रूप से ठीक नहीं हो सकता।

चतुर्भुज क्षेत्रों के सम्बन्ध में इस नियम के अनुसार प्राप्त क्षेत्रफल वर्ग और आयत के विषय में ठीक हो सकता है, परन्तु अन्य दशाओं में केवल स्थूलरूपेण शुद्ध होता है। जिनका एक ही केन्द्र होता है, ऐसे दो वृत्तों की परिधियों के बीच का क्षेत्र नेमिक्षेत्र कहलाता है। यहाँ दिये गये नियम के अनुसार नेमिक्षेत्र के व्यावहारिक क्षेत्रफल का माप शुद्ध माप होता है। बालेन्दु जैसी आकृति का इस नियमानुसार प्राप्त क्षेत्रफल केवल अनुमानित ही होता है।

द्विसमत्रिभुजक्षेत्रस्यायामं सप्तसप्ततिर्दण्डाः । विस्तारो द्वाविंशतिरथ हस्ताभ्यां च संमिश्रा ॥९॥
त्रिभुजक्षेत्रस्य भुजस्त्रयोदश प्रतिभुजस्य पञ्चदश ।
भूमिश्चतुर्दशास्य हि दण्डा विषमस्य किं गणितम् ॥ १० ॥
गजदन्तक्षेत्रस्य च पृष्ठेऽष्टाशीतिरत्र संदृष्टा । द्वासप्ततिरुदरे तन्मूलेऽपि त्रिंशदिह[1] दण्डाः ॥११॥
क्षेत्रस्य दण्डषष्टिर्बाहुप्रतिबाहुकस्य गणयित्वा । समचतुरश्रस्य त्वं कथय सखे गणितफलमाशु ॥१२॥
आयतचतुरश्रस्य व्यायामं सैकषष्टिरिह दण्डाः । विस्तारो द्वात्रिंशद्व्यवहारं गणितमाचक्ष्व ॥१३॥
दण्डास्तु सप्तषष्टिर्द्विसमचतुर्बाहुकस्य चायामः । व्यासश्चाष्टत्रिंशत् क्षेत्रस्यास्य त्रयस्त्रिंशत् ॥१४॥
क्षेत्रस्याष्टोत्तरशतदण्डा बाहुत्रये मुखे चाष्टौ ।
हस्तैस्त्रिभिर्युतास्तत्त्रिसमचतुर्बाहुकस्य वद गणक ॥ १५ ॥
विषमक्षेत्रस्याष्टत्रिंशद्दण्डाः क्षितिर्मुखे द्वात्रिंशत् ।
पञ्चाशत्प्रति[2]बाहुः षष्टिस्त्वन्यः किमस्य चतुरश्रे ॥ १६ ॥
परिधोदरस्तु दण्डा विंशत्यष्टौ शतत्रयं दृष्टम् ।
नवपञ्चगुणो व्यासो नेमिक्षेत्रस्य किं गणितम् ॥ १७ ॥

१ B और M दोनों में त्रिंशतिः पाठ है। छंद की आवश्यकतानुसार इसे त्रिंशदिह रूप में शुद्ध कर रखा गया है।

२ B में "प्रति" के लिये "देव" पाठ है।

में दो भुजाओं द्वारा प्ररूपित लम्बाई ७७ दंड है और आधार द्वारा मापी गई चौड़ाई २२ दंड और २ हस्त है। क्षेत्रफल निकालो ॥ ९ ॥ विषम त्रिभुज के सम्बन्ध में एक भुजा १३ दंड, सम्मुख भुजा १५ दंड और आधार १४ दंड है। इस आकृति के क्षेत्रफल का माप क्या है? ॥ १० ॥ हाथी के दाँत के मध्य से काटे हुए छेद (section) की आकृति के बाहरी वक्र की लम्बाई ८८ दंड है, भीतरी वक्र की लम्बाई ७२ दंड है और जड़ के पास की चौड़ाई ३० दंड है। क्षेत्रफल निकालो ॥ ११ ॥ समायत (वर्ग) के सम्बन्ध में जिसकी भुजाओं में से प्रत्येक ६० दंड है, हे मित्र, शीघ्र ही क्षेत्रफल का परिणामी माप बतलाओ ॥ १२ ॥ आयत चतुरस्र क्षेत्र के सम्बन्ध में जहाँ लम्बाई ६१ दंड है और चौड़ाई ३२ दंड है। व्यावहारिक क्षेत्रफल बतलाओ ॥ १३ ॥ दो समान बाहुओं वाले चतुर्भुज की प्रत्येक समान भुजा की लम्बाई ६७ दंड है, चौड़ाई (आधार पर) ३८ है और (ऊपर) ३३ दंड है। क्षेत्रफल का माप बतलाओ ॥ १४ ॥ तीन बराबर भुजाओं वाले चतुर्भुज क्षेत्र की प्रत्येक समान भुजा १०८ दंड की है और शेष (मुख अथवा ऊपरी) भुजा ८ दंड ३ हस्त है। हे गणितज्ञ, इस क्षेत्र के क्षेत्रफल का माप बतलाओ ॥ १५ ॥ विषम चतुर्भुज का आधार ३८ दंड, ऊपरी मुख-भुजा ३२ दंड, बाजू की एक भुजा (प्रतिबाहु) ५० दंड और दूसरी ६० दंड की है। इस आकृति का क्षेत्रफल क्या है? ॥ १६ ॥ किसी कंकण में भीतरी वृत्ताकार सीमा ३२८ दंड की है, बाहरी वृत्ताकार सीमा [illegible] दंड है और कंकण की चौड़ाई ४५ है। इस कंकण (नेमि क्षेत्र) का क्षेत्रफल निकालो ॥ १७ ॥ बालचंद्र सदृश एक आकृति की चौड़ाई ९ हस्त है। बाहरी वक्र १८ हस्त और

(११) इस गाथा में कथित आकृति का आकार बाजू में दी गई आकृति के समान होता है। प्रयोजन यह है कि इसे त्रिभुजीय क्षेत्र के समान माना जावे, और तब इसका क्षेत्रफल त्रिभुजीय-क्षेत्रों सम्बन्धी नियम द्वारा निकाला जाय।

हस्तौ द्वौ विष्कम्भः पृष्ठेऽष्टापष्टिरिह च संदृष्टा ।
उदरे तु द्वात्रिंशद्बालेन्दो. किं फल कथय ॥ १८ ॥

वृत्तक्षेत्रफलानयनसूत्रम्—

त्रिगुणीकृतविष्कम्भः परिधिर्व्यासार्धवर्गराशिरयम् ।
त्रिगुण' फलं समेऽर्धे वृत्तेऽर्ध प्राहुराचार्या. ॥ १९ ॥

अत्रोद्देशकः

व्यासोऽष्टादश वृत्तस्य परिधिः क फल च किम् ।
व्यासोऽष्टादश वृत्तार्धे गणित किं वदाशु मे ॥ २० ॥

आयतवृत्तक्षेत्रफलानयनसूत्रम्—

व्यासार्धयुतो द्विगुणित आयतवृत्तस्य परिधिरायामः ।
विष्कम्भचतुर्भागः परिवेषहतो भवेत्सारम् ॥ २१ ॥

अत्रोद्देशकः

क्षेत्रस्यायतवृत्तस्य विष्कम्भो द्वादशैव तु । आयामस्तत्र पट्त्रिंशत् परिधि. क. फलं च किम् ॥२२॥

भीतरी वक्र ३२ हस्त है । वतलाओ की परिणामी क्षेत्रफल क्या है ? ॥ १८ ॥

वृत्त का व्यावहारिक क्षेत्रफल निकालने के लिये नियम—

व्यास को ३ द्वारा गुणित करने से परिधि प्राप्त होती है, और व्यास (विष्कम्भ) की अर्द्ध राशि के वर्ग को ३ द्वारा गुणित करने से पूर्ण वृत्त का क्षेत्रफल प्राप्त होता है । आचार्य कहते हैं कि अर्द्धवृत्त का क्षेत्रफल और परिधि का माप इनसे आधा होता है ॥ १९ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

वृत्त का व्यास १८ है । उसकी परिधि और परिणामी क्षेत्रफल क्या है ? अर्द्धवृत्त का व्यास १८ है । शीघ्र कहो कि उसके क्षेत्रफल और परिधि क्या है ? ॥ २० ॥

आयत वृत्त (ऊनेन्द्र अथवा अण्डाकार) आकृति का क्षेत्रफल निकालने के लिये नियम—

बड़े व्यास को छोटे व्यास की अर्द्ध राशि द्वारा बढ़ाकर और तब २ द्वारा गुणित करने पर आयतवृत्त (ऊनेन्द्र) की परिधि का आयाम (लम्बाई) प्राप्त होता है । छोटे व्यास की एक चौथाई राशि को परिधि द्वारा गुणित करने पर क्षेत्रफल का माप प्राप्त होता है ॥ २१ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

ऊनेन्द्र आकृति (elliptical figure) के सम्बन्ध में छोटा व्यास १२ है और बड़ा व्यास ३६ है । परिधि और परिणामी क्षेत्रफल क्या हैं ? ॥ २२ ॥

---

(१९) परिधि और क्षेत्रफल का माप यहाँ $\left(\frac{\text{परिधि}}{\text{व्यास}} = \pi\right)$ का मान ३ लेकर दिया गया है।

(२१) ऊनेन्द्र (आयतवृत्त या अंडाकृति) की परिधि के लिये दिया गया सूत्र स्पष्ट रूप से कोई भिन्न प्रकार का अनुमान है । ऊनेन्द्र का क्षेत्रफल (π अ. ब) होता है, जहाँ अ और ब इस आयत वृत्त की क्रमशः बड़ी और छोटी अर्द्धाक्ष (semiaxes) हैं । यदि π का मान ३ लें तब π. अ. ब = ३ अ ब होता है । परन्तु इस गाथा में दिये गये सूत्र से क्षेत्रफल का माप $\left\{\left(२\text{अ}+\frac{२\text{ब}}{२}\right)२\right\}\frac{१}{४}$ २ ब = २ अब + ब^{२} होता है ।

शङ्खाकारवृत्तस्य फलानयनसूत्रम्—
वदनार्धोनो व्यासस्त्रिगुणः परिधिस्तु कम्बुकावृत्ते ।
वलयार्धकृतित्र्यंशो मुखार्धवर्गत्रिपादयुतः ॥ २३ ॥

अत्रोद्देशकः

व्यासोऽष्टादश हस्ता मुखविस्तारोऽयमपि च चत्वारः ।
कः परिधिः किं गणितं कथय त्वं कम्बुकावृत्ते ॥ २४ ॥
निम्नोन्नतवृत्तयोः फलानयनसूत्रम्—
परिधेश्च चतुर्भागो विष्कम्भगुणः स विद्धि गणितफलम् ।
चत्वाले कूर्मनिभे क्षेत्रे निम्नोन्नते तस्मात् ॥ २५ ॥

शंख के आकार की वक्ररेखीय आकृति का परिणामी क्षेत्रफल निकालने के लिये नियम—

शंख के आकार के वक्ररेखीय (curvilinear) आकृति के सम्बन्ध में, सबसे बड़ी चौड़ाई को मुख की अर्द्ध राशि द्वारा ह्रासित और ३ द्वारा गुणित करने पर परिमिति (परिधि) प्राप्त होती है। इस परिमिति की अर्द्धराशि के वर्ग के एक तिहाई भाग को मुख की अर्द्धराशियों के वर्ग की तीन चौथाई राशि द्वारा ह्रासित करते हैं; इस प्रकार क्षेत्रफल प्राप्त होता है ॥ २३ ॥

उदाहरणार्थ एक प्रश्न

शंख (कम्बुकावृत्त) की आकृति के सम्बन्ध में चौड़ाई १८ हस्त और मुख ४ हस्त है। इसकी परिमिति तथा क्षेत्रफल निकालो ॥ २४ ॥

नतोदर और उन्नतोदर वर्तुल तलों के क्षेत्रफल निकालने के लिये नियम—

समझो कि परिधि की एक चौथाई राशि को व्यास द्वारा गुणित करने पर परिणामी क्षेत्रफल प्राप्त होता है। इस प्रकार चत्वाल और कछुवे की पीठ जैसे नतोदर और उन्नतोदर क्षेत्रों का क्षेत्रफल प्राप्त करना पड़ता है ॥ २५ ॥

---

(२३) यदि अ व्यास हो और म मुख का माप हो, तब ३ (अ − ½ म) परिधि का माप होता है और $\left\{\frac{३(अ-\frac{१}{२}म)}{२}\right\}^{२}\times\frac{१}{३}+\frac{३}{४}\times\left(\frac{म}{२}\right)^{२}$ क्षेत्रफल का माप होता है। दिये हुए वर्णन से आकृति का आकार स्पष्ट नहीं है। परन्तु परिधि और क्षेत्रफल के लिये दिये गये मानों से यह एक ही व्यास पर दो और भिन्न-भिन्न व्यास वाले वृत्तों को खींचकर प्राप्त हुई आकृति का आकार माना जा सकता है जो १ की मापा के नाप में १२ वीं आकृति में बतलाया गया है।

(२५) यहाँ निर्दिष्ट क्षेत्रफल गोलीय खंड का ज्ञात होता है। प्रतीक रूप से यह क्षेत्रफल $\left(\frac{प}{४}\times व\right)$ के बराबर है जहाँ प छेदीय वृत्त (किनार) की परिधि है और व व्यास है। परन्तु इस प्रकार के गोलीय खंड के तल का क्षेत्रफल (२ × π × त्र × उ) होता है, जहाँ $π = \frac{परिधि}{व्यास}$, त्र = छेदीय वृत्त (किनार) की त्रिज्या और उ गोलीय खंड की ऊँचाई है।

अत्रोद्देशकः

चत्वालक्षेत्रस्य व्यासस्तु भसंख्यकः परिधिः । षट्पञ्चाशद्दृष्टं गणितं तस्यैव किं भवति ॥२६॥

कूर्मनिभस्योन्नतवृत्तस्योदाहरणम्—

विष्कम्भः पञ्चदश दृष्टः परिधिश्च षट्त्रिंशत् ।
कूर्मनिभे क्षेत्रे किं तस्मिन् व्यवहारजं गणितम् ॥ २७ ॥

अन्तश्चक्रवालवृत्तक्षेत्रस्य बहिश्चक्रवालवृत्तक्षेत्रस्य च व्यवहारफलानयनसूत्रम्—

निर्गमसहितो व्यासस्त्रिगुणो निर्गमगुणो बहिर्गणितम् ।
रहिताधिगमव्यासादभ्यन्तरचक्रवालवृत्तस्य ॥ २८ ॥

अत्रोद्देशकः

व्यासोऽष्टादश हस्ताः पुनर्बहिर्निर्गतास्त्रयस्तत्र ।
व्यासोऽष्टादश हस्तास्त्वन्तः पुनरधिगतास्त्रयः किं स्यात् ॥ २९ ॥

समवृत्तक्षेत्रस्य व्यावहारिकफलं च परिधिप्रमाणं च व्यासप्रमाणं च संयोज्य एतत्संयोग-संख्यामेव स्वीकृत्य तत्संयोगप्रमाणराशेः सकाशात् पृथक् परिधिव्यासफलानां संख्यानयनसूत्रम्—

गणिते द्वादशगुणिते मिश्रप्रक्षेपकं चतुःषष्टिः । तस्य च मूलं कृत्वा परिधिः प्रक्षेपकपदोनः ॥ ३० ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

चत्वाल (होम वेदी का अग्निकुण्ड) क्षेत्र के क्षेत्रफल के सम्बन्ध में व्यास २७ है और परिधि ५६ है । इस कुण्ड का क्षेत्रफल निकालो ॥ २६ ॥

कछुवे की पीठ की तरह उन्नतोदर वर्तुलतल के लिये उदाहरणार्थ प्रश्न

व्यास १५ है और परिधि ३६ है । कछुवे की पीठ की भाँति इस क्षेत्र का व्यावहारिक क्षेत्रफल निकालो ॥ २७ ॥

भीतरी कङ्कण और बाहरी कङ्कण के क्षेत्रफल का व्यावहारिक मान निकालने के लिये नियम—

भीतरी व्यास को कङ्कणक्षेत्र की चौड़ाई द्वारा बढ़ाकर जब ३ द्वारा गुणित किया जाता है, और कङ्कणक्षेत्र की चौड़ाई द्वारा गुणित किया जाता है, तब बाहरी कङ्कण का क्षेत्रफल उत्पन्न होता है । इसी प्रकार भीतरी कङ्कण के क्षेत्रफल को कङ्कण की चौड़ाई द्वारा ह्रासित व्यास द्वारा गुणित करने से प्राप्त करते हैं ॥ २८ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

व्यास १८ हस्त है, और बाहरी कङ्कण क्षेत्र की चौड़ाई ३ है, व्यास १८ हस्त है, और फिर से भीतरी कङ्कण की चौड़ाई ३ हस्त है । प्रत्येक दशा में कङ्कण का क्षेत्रफल निकालो ॥ २९ ॥

वृत्त आकृति की परिधि, व्यास और क्षेत्रफल निकालने के लिये नियम, जबकि क्षेत्रफल, परिधि और व्यास का योग दिया गया हो—

१२ द्वारा गुणित उक्त तीन राशियों के मिश्रित योग में प्रक्षेपित ६४ जोड़ते हैं, और इस योग का वर्गमूल निकालते हैं । तदुपरांत इस वर्गमूल राशि को प्रक्षेपित ६४ के वर्गमूल द्वारा ह्रासित करने से परिधि का माप प्राप्त होता है ॥ ३० ॥

---

(२८) अन्तश्चक्रवाल वृत्तक्षेत्र और बहिश्चक्रवाल वृत्तक्षेत्र के आकार ७ वीं गाथा के नोट में कथित नेमिक्षेत्र के आकार के समान हैं । इसलिये वह नियम जो इन सब आकृतियों के क्षेत्रफल निकालने के लिये है, व्यवहार में समान साधित होता है ।

(३०) यह नियम निम्नलिखित बीजीय निरूपण से स्पष्ट हो जावेगा—

अत्रोद्देशकः

परिधिव्यासफलानां मिश्रं षोडशशतं सहस्रयुतम् ।
कः परिधिः किं गणितं व्यासः को वा ममाचक्ष्व ॥ ३१ ॥

यवाकारमर्दलाकारपणवाकारवज्राकाराणां क्षेत्राणां व्यावहारिकफलानयनसूत्रम्—
यवमुरजपणवशक्रायुधसंस्थानप्रतिष्ठितानां तु ।
मुखमध्यसमासार्धं सायामगुणं फलं भवति ॥ ३२ ॥

अत्रोद्देशकः

यवसंस्थानक्षेत्रस्यायामोऽशीतिरस्य विष्कम्भः । मध्ये चत्वारिंशत्फलं भवेत्किं ममाचक्ष्व ॥ ३३ ॥
आयामोऽशीतिरियं दृष्टा मुखमस्य विंशतिर्मध्ये । चत्वारिंशत्क्षेत्रे मृदङ्गसंस्थानके ब्रूहि ॥ ३४ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी वृत्त की परिधि, व्यास और क्षेत्रफल का योग १११६ है, उस वृत्त की परिधि, गणना किया हुआ क्षेत्रफल और व्यास के मापों को प्राप्त करो ॥ ३१ ॥

लम्बाई की ओर से फाड़ने से प्राप्त (लम्बायाम छेद के) (१) यवधान्य (२) मर्दल (३) पणव और (४) वज्र आकार की वस्तुओं के व्यावहारिक क्षेत्रफल निकालने के लिये नियम—

यवधान्य, मुरज, पणव और वज्र के आकार के क्षेत्रफलों के सम्बन्ध में इष्ट माप वह है जो अंत और मध्य माप के योग की अर्द्धराशि को लम्बाई द्वारा गुणित करने पर प्राप्त होता है ॥ ३२ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी मृदंग के आकार के क्षेत्र का क्षेत्रफल निकालो जो लम्बाई में ८ दंड और अंत (मुख) में २ तथा मध्य में ४० दंड हो ॥ ३४ ॥ किसी क्षेत्र के सम्बन्ध में जिसका आकार पणव समान

मान लो प वृत्त की परिधि है। चूँकि π का मान ३ लिया गया है, इसलिये व्यास $=\frac{प}{३}$ और $\frac{प^२}{१२}$ वृत्त का क्षेत्रफल है। यदि परिधि, व्यास और वृत्त के क्षेत्रफल इन तीनों का मिश्रित योग म हो, तो नियम में दिये गये सूत्र $प=\sqrt{१२ म + ६४}-\sqrt{६४}$ का समीकरण $प+\frac{प}{३}+\frac{प^२}{१२}=म$ द्वारा सरलतापूर्वक प्राप्त कर सकते हैं।

(३२) मुरज का अर्थ मर्दल तथा मृदंग भी होता है। गाथा में कथित विभिन्न आकृतियों के आकार निम्नलिखित हैं—

यवाकार क्षेत्र | मुरजाकार क्षेत्र | पणवाकार क्षेत्र | वज्राकार क्षेत्र

समस्त आकृतियों के क्षेत्रफल के माप इस गाथा में दिये गये नियमानुसार अनुमानतः ठीक हैं, क्योंकि नियम इस मान्यता पर आधारित है कि प्रत्येक आयामवर्ती वक्ररेखा उन सरल रेखाओं के योग के बराबर है जो वक्रों के सिरों (छोरों अथवा अन्तों) को मध्य बिन्दु से मिलाने से प्राप्त होती हैं।

पणवाकारक्षेत्रस्यायामः सप्तसप्ततिर्दण्डाः । मुखयोर्विस्तारोऽष्टौ मध्ये दण्डास्तु चत्वारः ॥ ३५ ॥
वज्राकृतेस्तथास्य क्षेत्रस्य षडग्रनवतिरायामः ।
मध्ये सूचिर्मुखयोस्त्रयोदश त्र्यंशसंयुता दण्डाः ॥ ३६ ॥

उभयनिषेधादिक्षेत्रफलानयनसूत्रम्—

व्यासात्स्वायामगुणाद्विष्कम्भार्धघ्नदीर्घमुत्सृज्य ।
त्वं वद निषेधमुभयोस्तदर्धपरिहीणमेकस्य ॥ ३७ ॥

अत्रोद्देशकः

आयामः षट्त्रिंशद्विस्तारोऽष्टादशैव दण्डास्तु ।
उभयनिषेधे किं फलमेकनिषेधे च किं गणितम् ॥ ३८ ॥

बहुविधवज्राकाराणां क्षेत्राणां व्यावहारिकफलानयनसूत्रम् —

रज्ज्वर्धकृतित्र्यंशो बाहुविभक्तो निरेकबाहुगुणः ।
सर्वेषामश्रवतां फलं हि बिम्बान्तरे चतुर्थांशः ॥ ३९ ॥

है, लम्बाई ७७ दंड, दोनों मुखों में प्रत्येक का माप ८ दंड और मध्य का माप ४ दंड है। इसके क्षेत्र-फल का माप बतलाओ ॥ ३५ ॥ इसी प्रकार, किसी वज्राकार क्षेत्र की लम्बाई ९६ दंड, मध्य में केवल मध्य बिन्दु है, और मुखों में से प्रत्येक का माप $१३\frac{१}{३}$ दंड है। इसका क्षेत्रफल क्या है? ॥ ३६ ॥

उभयनिषेध क्षेत्र के क्षेत्रफल को निकालने के लिये नियम—

लम्बाई और चौड़ाई के गुणनफल में से लम्बाई और आधी चौड़ाई के गुणनफल को घटाने पर उभयनिषेध क्षेत्रफल प्राप्त होता है। जो लम्बाई और आधी चौड़ाई के गुणनफल में से उसी घटाई जाने वाली राशि की अर्द्धराशि घटाई जाने पर प्राप्त होता है, वह एकनिषेध आकृति का क्षेत्रफल होता है ॥ ३७ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

लम्बाई ३६ है, चौड़ाई केवल १८ दंड है। उभयनिषेध तथा एक निषेध क्षेत्र के क्षेत्रफलों को अलग अलग निकालो ॥ ३८ ॥

बहुविधवज्र के आकार की रूपरेखा वाले क्षेत्रों के व्यावहारिक क्षेत्रफल के माप को निकालने के लिये नियम—

परिमिति की अर्द्धराशि के वर्ग की एक तिहाई राशि को भुजाओं की संख्या द्वारा भाजित कर, और तब एक कम भुजाओं की संख्या द्वारा गुणित करने पर, भुजाओं से बने हुए समस्त क्षेत्रों के (वज्राकार) क्षेत्रफल का माप प्राप्त होता है। इस फल का चतुर्थांश संस्पर्शी (एक दूसरे को स्पर्श करने वाले) वृत्तों द्वारा घिरे हुए क्षेत्र का क्षेत्रफल होता है ॥ ३९ ॥

---

(३७) इस गाथा में कथित आकृतियाँ नीचे दी गई हैं—

ये आकृतियाँ किसी चतुर्भुजक्षेत्र को उसके दो विकर्णों द्वारा चार त्रिभुजों में बाँट देने पर प्राप्त हुई दिखाई देती हैं। उभयनिषेध आकृति, इस चतुर्भुज के दो सम्मुख त्रिभुजों को हटाने पर प्राप्त होती है, और एकनिषेध आकृति ऐसे केवल एक त्रिभुज को हटाने पर प्राप्त होती है।

(३९) इस गाथा में कथित नियम कोई भी संख्या की भुजाओं से बनी हुई आकृतियों का

अत्रोद्देशकः

पञ्चबाहुकस्य बाहोर्विष्कम्भः पञ्च चान्यस्य ।
व्यासकयो भुजस्य त्वं षोडशबाहुकस्य वद ॥ ४० ॥
त्रिभुजक्षेत्रस्य मुखं पञ्च प्रतिबाहुरपि च सप्त धरा षट् ।
अन्यस्य षड्भस्य क्षेत्रविषडन्तविस्तारः ॥ ४१ ॥
मण्डलचतुष्टयस्य हि नवविष्कम्भस्य मध्यफलम् ।
षट्पञ्चचतुर्व्यासा वृत्तत्रितयस्य मध्यफलम् ॥ ४२ ॥

धनुराकारक्षेत्रस्य व्यावहारिकफलानयनसूत्रम्—

कृत्येषुगुणसमासं बाणार्धगुणं शरासने गणितम् ।
शरवर्गात्पञ्चगुणाज्ज्यावर्गयुतात्पदं काष्ठम् ॥ ४३ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

५ भुजाओं वाली आकृति की एक भुजा ५ है और १६ भुजाओं वाली आकृति की एक भुजा १ है। प्रत्येक दशा में क्षेत्रफल बताओ ॥ ४० ॥ त्रिभुज के सम्बन्ध में एक भुजा ५ है, सम्मुख (दूसरी) भुजा ७ है और आधार ६ है। दूसरी छः भुजाकार आकृति में भुजाएँ क्रमवार १ से ६ तक हैं। प्रत्येक दशा में क्षेत्रफल क्या है ? ॥ ४१ ॥ जिनमें से प्रत्येक का व्यास ९ है ऐसे चार समान एक दूसरे को स्पर्श करने वाले वृत्तों द्वारा घिरे हुए क्षेत्र का क्षेत्रफल क्या है ? तीन एक दूसरे को स्पर्श करने वाले क्रमशः ६, ५ और ४ माप के व्यासवाले वृत्तों के द्वारा घिरे हुए क्षेत्र का क्षेत्रफल भी बतलाओ ॥ ४२ ॥

धनुष के आकार की रूपरेखा है जिसकी ऐसे आकार वाली आकृति का व्यावहारिक क्षेत्रफल निकालने के लिये नियम—

बाण और ज्या (डूरि या डोरी) के मापों को जोड़कर योगफल को बाण के माप की अर्द्ध राशि द्वारा गुणित करने से धनुषाकार क्षेत्र का क्षेत्रफल प्राप्त होता है। बाण के माप के वर्ग को ५ द्वारा गुणित कर और तब उसमें डूरि (डोरी) के वर्ग को मिलाने से प्राप्त राशि का वर्गमूल धनुष की धनुषाकार काष्ठ की लम्बाई होती है ॥ ४३ ॥

क्षेत्रफल देता है। यदि भुजाओं के मापों के योग की आधी राशि य हो, और भुजाओं की संख्या न हो, तो क्षेत्रफल $= \frac{य^2}{३} \times \frac{न - १}{न}$ होता है। यह सूत्र त्रिभुज, चतुर्भुज, षड्भुज, और वृत्त को अनन्त भुजाओं की आकृति मानकर, उनके सम्बन्ध में व्यावहारिक क्षेत्रफल का मान देता है। नियम का दूसरा भाग एक दूसरे को स्पर्श करने वाले वृत्तों के द्वारा घिरे क्षेत्र के विषय में है। इस नियमानुसार प्राप्त क्षेत्रफल भी आनुमानिक होता है। पार्श्व में दिया गया चित्र, चार संस्पर्शी वृत्तों द्वारा सीमित क्षेत्र है।

(४३) धनुषाकार क्षेत्र रूपरेखा में, वास्तव में, वृत्त की अवधा (खण्ड) पैदा होता है। यहाँ धनुष चाप है, धनुष की डोरी (ज्या) चापकर्ण है, और बाण चाप तथा डोरी के बीच की महत्तम लम्ब रूप दूरी होती है। यदि च, क और ल इन तीनों रेखाओं की लम्बाइयों को निरूपित करते हों, तो गाथा ४३ और ४५ में दिये नियमों के अनुसार यहाँ

अत्रोद्देशकः

ज्या षड्विंशतिरेषा त्रयोदशेषुश्च कार्मुकं दृष्टम् ।
किं गणितमस्य काष्ठं किं वाचक्ष्वाशु मे गणक ॥ ४४ ॥

वाणगुणप्रमाणानयनसूत्रम्—

गुणचापकृतिविशेषात् पञ्चहृतात्पदमिषु समुद्दिष्ट. ।
शरवर्गात्पञ्चगुणादूना धनुष. कृति' पदं जीवा ॥ ४५ ॥

अत्रोद्देशकः

अस्य धनुःक्षेत्रस्य शरोऽत्र न ज्ञायते परस्यापि ।
न ज्ञायते च मौर्वी तद्द्वयमाचक्ष्व गणितज्ञ ॥ ४६ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

एक धनुषाकार क्षेत्र की डोरी २६ है एवं वाण १३ है । हे गणक, शीघ्रही मुझे इसके क्षेत्रफल और झुके हुए काष्ठ का माप बतलाओ ॥ ४४ ॥

धनुषाकार क्षेत्र के सम्बन्ध में वाणमाप और गुण (डोरी) प्रमाण निकालने के लिये नियम—

डोरी और झुके हुए धनुष के वर्गों के अन्तर को ५ द्वारा भाजित करते हैं । परिणामी भजनफल का वर्गमूल बाण का इष्ट माप होता है । बाण के वर्ग को ५ द्वारा गुणित कर, प्राप्त गुणनफल को धनुष के चाप के वर्ग में से घटाते हैं । इस परिणामी राशि का वर्गमूल डोरी के सवादी माप को देता है ॥ ४५ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

धनुषाकार क्षेत्र के वाण का माप अज्ञात है, और दूसरे ऐसे ही क्षेत्र की डोरी का माप अज्ञात है । हे गणितज्ञ, इन दोनों मापों को निकालो ॥ ४६ ॥

धनुष क्षेत्र का क्षेत्रफल निकालने के लिये दिया गया सूत्र, चीन की सम्भवत पुस्तकों को २१३ ईस्वी पूर्व में जलाये जाने की घटना से पूर्व की पुस्तक च्यु—चाग सुआन—चु (नवाध्यायी अंकगणित) में भी इसी रूप में दृष्टिगत होता है ।

$$\text{क्षेत्रफल} = (\text{क} + \text{ल}) \times \frac{\text{ल}}{२}$$

$$\text{धनुष की लम्बाई} = \sqrt{५\text{ल}^२ + \text{क}^२}$$

$$\text{बाण की लम्बाई} = \{\sqrt{\text{च}^२ - \text{क}^२}\}\ १/५$$

यहाँ च = चाप,
क = चापकर्ण,
ल = लम्ब है ।

सूक्ष्म मानों के लिये इस अध्याय की ७३½ और ७४½ वीं गाथाओं को देखिये ।

$$\text{पुनः धनुष की डोरी की लम्बाई} = \sqrt{\text{च}^२ - ५\ \text{ल}^२}$$

जम्बू द्वीप प्रज्ञप्ति (६/९) में तथा त्रिलोक प्रज्ञप्ति (४/२५९८) में यह मान क्रमशः इस प्रकार दिया गया है—

$$\text{जीवा} = \sqrt{(\text{व्यास} - \text{बाण})\ ४\ \text{बाण}}$$

$$\text{व्यास} = \frac{४\ (\text{बाण})^२ + (\text{जीवा})^२}{४\ \text{बाण}}$$

कूलिज के अनुसार पायथेगोरस के साध्य पर आधारित इस सूत्र का उद्गम बाबुल में प्रायः २६०० ईस्वी पूर्व स्फानलिपि ग्रंथों में दृष्टि गत हुआ है । इस सम्बन्ध में तिलोय पण्णत्तिका गणित द्रष्टव्य है ।

सूक्ष्मगणितानयनसूत्रम्—
भुजयुत्यर्धचतुष्काद्भुजहीनाद्घातितात्पदं सूक्ष्मम् ।
अथवा मुखतलयुतिदलमवलम्बगुणं न विषमचतुरश्रे ॥ ५० ॥

अत्रोद्देशकः

त्रिभुजक्षेत्रस्याष्टौ दण्डा भूर्बाहुकौ समस्य त्वम् ।
सूक्ष्मं वद गणितं मे गणितविदवलम्बकाबाधे ॥ ५१ ॥
द्विसमत्रिभुजक्षेत्रे त्रयोदश स्युर्भुजद्वये दण्डाः ।
दश भूरस्याबाधे अथावलम्बं च सूक्ष्मफलम् ॥ ५२ ॥
विषमत्रिभुजस्य भुजा त्रयोदश प्रतिभुजा तु पञ्चदश ।
भूमिश्चतुर्दशास्य हि किं गणितं चावलम्बकाबाधे ॥ ५३ ॥

त्रिभुज और चतुर्भुज क्षेत्रों के क्षेत्रफलों के सूक्ष्म माप निकालने के लिये नियम—

क्रमशः प्रत्येक भुजा द्वारा ह्रासित भुजाओं के योग की अर्द्धराशि द्वारा निरूपित प्राप्त चार राशियाँ एक साथ गुणित की जाती हैं। इस प्रकार प्राप्त गुणनफल का वर्गमूल क्षेत्रफल का सूक्ष्म माप होता है। अथवा क्षेत्रफल का माप, ऊपरी सिरे से आधार पर गिराये गये लम्ब को आधार और ऊपरी भुजा के योग की अर्द्धराशि से गुणित करने पर प्राप्त होता है। पर यह बाद का नियम विषम चतुर्भुज के सम्बन्ध में नहीं है ॥ ५० ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

समत्रिभुज की प्रत्येक भुजा ८ दण्ड है। हे गणितज्ञ, उसके क्षेत्रफल का सूक्ष्म माप तथा शीर्ष से आधार पर गिराये हुए लम्ब और इस तरह प्राप्त आधार के खंडों के सूक्ष्म मानो को बतलाओ ॥ ५१ ॥ किसी समद्विबाहु त्रिभुज की बराबर भुजाओं में से प्रत्येक १३ दण्ड है और आधार का माप १० है। क्षेत्रफल, लम्ब और आधार की आबाधाओं के सूक्ष्म मापों को निकालो ॥ ५२ ॥ विषम त्रिभुज की एक भुजा १३, सम्मुख भुजा १५ और आधार १४ है। इस क्षेत्र का क्षेत्रफल, लम्ब और आधार की आबाधाओं के सूक्ष्म मान क्या हैं? ॥ ५३ ॥

$$स_1 = \left(स + \frac{अ^2 - ब^2}{स} \right) \times \frac{1}{2},$$

$$स_2 = \left(स - \frac{अ^2 - ब^2}{स} \right) \times \frac{1}{2},$$

अ　ल　ब　स₁　स₂　स

और $ल = \sqrt{अ^2 - स_1^2}$ अथवा $\sqrt{ब^2 - स_2^2}$ होता है। यहाँ अ, ब, स त्रिभुज की भुजाओं का निरूपण करते हैं, $स_1$ $स_2$ ऐसे आधार के दो खंड हैं, जिनकी कुल लम्बाई स है, ल लम्ब है।

(५०) बीजीय रूप से निरूपित करने पर,

किसी त्रिभुज का क्षेत्रफल $= \sqrt{य(य-अ)(य-ब)(य-स)}$, जहाँ य भुजाओं के योग की आधी राशि है। अ, ब, स भुजाओं के माप हैं।

अथवा, क्षेत्रफल $= \frac{स}{2} \times ल$, जहाँ ल शीर्ष से आधार पर गिराये गये लम्ब का मान है।

वर्गस्त्रयोदशानां त्रिसमचतुर्बाहुके पुनर्भूमिः ।
सप्त चतुश्शतयुक्तं कर्णाबाधावलम्बगणितं किम् ॥ ५८ ॥
विषमचतुरश्रबाहू त्रयोदशाभ्यस्तपञ्चदशविंशतिकौ ।
पञ्चघनो वदनमधस्त्रिशतं कान्यत्र कर्णमुखफलानि ॥ ५९ ॥

इतः परं वृत्तक्षेत्राणां सूक्ष्मफलानयनसूत्राणि । तत्र समवृत्तक्षेत्रस्य सूक्ष्मफलानयनसूत्रम्—

वृत्तक्षेत्रव्यासो दशपदगुणितो भवेत्परिक्षेपः ।
व्यासचतुर्भागगुणः परिधिः फलमर्धमर्धे तत् ॥ ६० ॥

अत्रोद्देशकः

समवृत्तव्यासोऽष्टादश विष्कम्भश्च षष्टिरन्यस्य ।
द्वाविंशतिरपरस्य क्षेत्रस्य हि के च परिधिफले ॥ ६१ ॥

---

१३ × २० हैं । ऊपरी भुजा $(५)^3$ है, और नीचे की भुजा ३०० है । विकर्ण से आरम्भ कर सबके मान यहाँ क्या क्या है ? ॥ ५९ ॥

इसके पश्चात् वक्ररेखीय क्षेत्रों के सम्बन्ध में सूक्ष्म मानों को निकालने के लिये नियम दिये जाते हैं । उनमें से समवृत्त के सम्बन्ध में सूक्ष्म मान निकालने के लिये नियम—

वृत्त का व्यास १० के वर्गमूल से गुणित होकर परिधि को उत्पन्न करता है । परिधि को एक चौथाई व्यास से गुणित करने पर क्षेत्रफल प्राप्त होता है । अर्द्धवृत्त के सम्बन्ध में यह इसका आधा होता है ॥ ६० ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी वृत्ताकार क्षेत्र के सम्बन्ध में वृत्त का व्यास १८ है, दूसरे के सम्बन्ध में ६० है, एक और अन्य के सम्बन्ध में २२ है । परिधियां और क्षेत्रफल क्या क्या हैं ? ॥ ६१ ॥ अर्द्धवृत्ताकार क्षेत्र

चक्रीय चतुर्भुजों के लिये ठीक हैं । लम्ब अथवा विकर्णों के मानों को पहिले से बिना जाने हुए चतुर्भुज के क्षेत्रफल को निकालने के प्रयत्न के विषय में भास्कराचार्य परिचित थे । यह उनकी लीलावती ग्रन्थ की निम्नलिखित गाथा से प्रकट होता है—

लम्बयो. कर्णयोर्वैकमनिर्दिश्यापरान् कथम् ।
पृच्छत्यनियतत्वेऽपि नियत चापि तत्फलम् ॥
सपृच्छक. पिशाचो वा वक्ता वा नितरा ततः ।
यो न वेत्ति चतुर्बाहुक्षेत्रस्यानियता स्थितिम् ॥

(६०) इस गाथानुसार $\pi = \frac{\text{परिधि}}{\text{व्यास}}$ का मान $\sqrt{१०} = ३.१६...$ है । इससे भी सूक्ष्म मान प्राप्त करने के लिये नवीं शताब्दी की धवला टीका ग्रंथों में निम्नलिखित रीति दी है—

$\frac{१६\,(\text{व्यास}) + १६}{११३} + ३\,(\text{व्यास}) = \text{परिधि}$ । इस सूत्र के वाम पक्ष के प्रथम पद में से अंश का + १६ हटा देने पर π का मान $\frac{३५५}{११३}$ अथवा ३.१४१५९२ प्राप्त होता है, जिसे चीन में ४७६ ईस्वी पश्चात् त्सु-शुग-चिह द्वारा उपयोग में लाया गया है । वास्तव में यह सूत्र एक प्रदेश के व्यास के सम्बन्ध में प्रयुक्त हुआ है । असंख्यात प्रदेशों वाले अगुल आदि व्यास के माप की इकाइयों के लिये + १६ का मान नगण्य हो जाता है, और चीनी मान प्राप्त हो जाता है । आर्यभट्ट द्वारा दिया गया π का मान $\frac{६२८३२}{२००००} = ३.१४१६$ है । भास्कराचार्य द्वारा भी यह मान ($\frac{३९२७}{१२५०}$) रूप में ह्रासित कर प्ररूपित किया गया है ।

द्वादशविष्कम्भस्य क्षेत्रस्य हि पार्श्ववृत्तस्य ।
षट्त्रिंशद्व्यासस्य च परिधिः किं फलं भवति ॥ ६२ ॥

आयतवृत्तक्षेत्रस्य सूक्ष्मफलानयनसूत्रम्—

व्यासकृतिषड्गुणिता द्विसंगुणायामकृतियुता (पदं) परिधिः ।
व्यासचतुर्भागगुणश्चायतवृत्तस्य सूक्ष्मफलम् ॥ ६३ ॥

अत्रोद्देशकः

आयतवृत्तायामः षट्त्रिंशद्द्वादशास्य विष्कम्भः ।
कः परिधिः किं गणितं सूक्ष्मं विगणय्य मे कथय ॥ ६४ ॥

शङ्खाकारक्षेत्रस्य सूक्ष्मफलानयनसूत्रम्—

वदनार्धोनो व्यासो दशपदगुणितो भवेत्परिक्षेपः ।
मुखदलरहितव्यासार्धवर्गमुखचरणकृतियोगः ॥ ६५ ॥
दशपदगुणितः क्षेत्रे कम्बुनिभे सूक्ष्मफलमेतत् ॥ ६५½ ॥

का व्यास १२ है। दूसरे क्षेत्र का व्यास ३६ है। बतलाओ कि परिधि क्या है और क्षेत्रफल क्या है? ॥ ६२ ॥

आयतवृत्त (इलिप्स) सम्बन्धी सूक्ष्म मापों को निकालने के लिये नियम—

छोटे व्यास का वर्ग ६ द्वारा गुणित किया जाता है और बड़े व्यास की लम्बाई की दुगुनी राशि के वर्ग को उसमें जोड़ा जाता है। इस योग का वर्गमूल परिधि का माप होता है। जब इस परिधि के माप को छोटे व्यास की एक चौथाई राशि द्वारा गुणित करते हैं तब क्षेत्र का सूक्ष्म क्षेत्रफल प्राप्त होता है ॥ ६३ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

इलिप्स के सम्बन्ध में बड़े व्यास की लम्बाई ३६ और छोटे व्यास की १२ है गणना के पश्चात् बतलाओ कि परिधि क्या है और सूक्ष्म क्षेत्रफल क्या है? ॥ ६४ ॥

शंख के आकार की आकृति के सम्बन्ध में सूक्ष्म मापों को निकालने के लिये नियम—

आकृति की सबसे बड़ी चौड़ाई (छोटे व्यास) को मुख की चौड़ाई की अर्द्धराशि द्वारा ह्रासित कर, और तब १० के वर्गमूल द्वारा गुणित करने पर परिमाप (perimeter) उत्पन्न होता है। आकृति की महत्तम चौड़ाई की अर्द्धराशि के वर्ग को मुख की आधी चौड़ाई द्वारा ह्रासित करने से प्राप्त राशि में मुख की चौड़ाई की एक चौथाई राशि के वर्ग को जोड़ते हैं। परिणामी योग को १० के वर्गमूल द्वारा गुणित करते हैं। प्राप्त राशि शंख आकृति का सूक्ष्म क्षेत्रफल होता है ॥ ६५½ ॥

---

(६३) यदि बड़ा व्यास 'अ' और छोटा व्यास 'ब' हो तो इस नियमानुसार परिधि $\sqrt{६ब^2 + ४अ^2}$ होती है और क्षेत्रफल $\frac{1}{4}ब \times \sqrt{६ब^2 + ४अ^2}$ होता है। इस गाथा में (हस्तलिपि में) परिधि प्राप्त करने के लिये प्राप्त राशि के वर्गमूल निकालने का कथन भूल से छूट गया है। यहाँ दिया गया क्षेत्रफल का सूत्र केवल एक अनुमान है, और वह वृत्त के क्षेत्रफल की समरूपता पर आधारित है, जो $\pi \times ब \times \frac{ब}{४}$ द्वारा प्ररूपित होता है; जहाँ ब व्यास है और (π ब) परिधि है।

(६५½) बीजीय रूप से परिधि $= (अ - \frac{1}{2}म) \times \sqrt{१०}$; तथा

अत्रोद्देशकः

व्यासोऽष्टादश दण्डा मुखविस्तारोऽयमपि च चत्वार ।
कः परिधिः किं गणितं सूक्ष्मं तत्कम्बुकावृत्ते ॥ ६६½ ॥

बहिश्चक्रवालवृत्तक्षेत्रस्य चान्तश्चक्रवालवृत्तक्षेत्रस्य च सूक्ष्मफलानयनसूत्रम्—
निर्गमसहितो व्यासो दशपदनिर्गमगुणो बहिर्गणितम् ।
रहितोऽधिगमेनासावभ्यन्तरचक्रवालवृत्तस्य ॥ ६७½ ॥

अत्रोद्देशकः

व्यासोऽष्टादश दण्डाः पुनर्बहिर्निर्गतास्त्रयो दण्डाः ।
सूक्ष्मगणितं वद त्वं बहिरन्तश्चक्रवालवृत्तस्य ॥ ६८½ ॥
व्यासोऽष्टादश दण्डा अन्तः पुनरधिगताश्च चत्वारः ।
सूक्ष्मगणितं वद त्वं चाभ्यन्तरचक्रवालवृत्तस्य ॥ ६९½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

शंख आकृति के वक्ररेखीय क्षेत्र के संबंध में महत्तम चौड़ाई १८ दंड है, और मुख की चौड़ाई ४ दंड है। इसकी परिमिति और सूक्ष्म क्षेत्रफल के माप क्या हैं? ॥६६½॥

बाहर स्थित और भीतर स्थित (बहिश्चक्रवाल और अंतश्चक्रवाल) कंकण के संबंध में सूक्ष्म मापों को निकालने के लिये नियम—

भीतरी व्यास में चक्रवाल वृत्त की चौड़ाई जोड़कर, प्राप्त राशि को १० के वर्गमूल तथा चक्रवाल वृत्त की चौड़ाई द्वारा गुणित करते हैं। इससे बहिश्चक्रवाल वृत्त का क्षेत्रफल प्राप्त होता है। बाहरी व्यास को चक्रवाल वृत्त की चौड़ाई द्वारा ह्रासित करते हैं। प्राप्त राशि को १० के वर्गमूल तथा चक्रवाल वृत्त की चौड़ाई द्वारा गुणित करने से अंतश्चक्रवाल वृत्त का क्षेत्रफल प्राप्त होता है ॥६७½॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

चक्रवाल वृत्त का भीतरी अथवा बाहरी व्यास का माप १८ दंड है। चक्रवाल वृत्त की चौड़ाई ३ दंड है। बहिश्चक्रवाल वृत्त तथा अंतश्चक्रवाल वृत्त का सूक्ष्म माप बतलाओ ॥ ६८½ ॥ बाहरी व्यास १८ दंड है। अंतश्चक्रवाल वृत्त की चौड़ाई ४ दंड है। अंतश्चक्रवाल वृत्त का सूक्ष्म क्षेत्रफल निकालो ॥ ६९½ ॥

$$\text{क्षेत्रफल} = \left[\left\{(\text{अ} - \tfrac{1}{2}\,\text{म}) \times \tfrac{1}{2}\right\}^2 + \left(\frac{\text{म}}{4}\right)^2\right] \times \sqrt{10},$$ जहाँ अ महत्तम चौड़ाई का माप है और म शंख के मुख की चौड़ाई है। गाथा २३ के नोट के अनुसार यहाँ भी इस आकृति को दो असमान अर्द्धवृत्तों द्वारा संरचित किया गया है।

यवाकारक्षेत्रस्य च धनुराकारक्षेत्रस्य च सूक्ष्मफलानयनसूत्रम्—
इषुपादगुणश्च गुणो दशपदगुणितश्च भवति गणितफलम् ।
यवसंस्थानक्षेत्रे धनुराकारे च विज्ञेयम् ॥ ७०½ ॥

अत्रोद्देशकः

द्वादशदण्डायामो मुखद्वयं सूचिरपि च विस्तारः ।
चत्वारो मध्येऽपि च यवसंस्थानस्य किं नु फलम् ॥ ७१½ ॥
धनुराकारसंस्थाने ज्या चतुर्विंशतिः पुनः ।
चत्वारोऽस्येषुरुद्दिष्टः सूक्ष्मं किं नु फलं भवेत् ॥ ७२½ ॥

धनुराकारक्षेत्रस्य धनुष्काष्ठबाणप्रमाणानयनसूत्रम्—
शरवर्गः षड्गुणितो ज्यावर्गसमन्वितस्तु यस्तस्य ।
मूलं धनुर्गुणेषुप्रसाधने तत्र विपरीतम् ॥ ७३½ ॥

यवाकार क्षेत्र तथा धनुषाकार क्षेत्र के सम्बन्ध में सूक्ष्म मानों को निकालने के लिये नियम—
धनुष की डोरी को बाण की एक चौथाई राशि द्वारा गुणित करते हैं। प्राप्त फल को १० के वर्गमूल द्वारा गुणित करने पर धनुषाकार तथा यवाकार क्षेत्र के सम्बन्ध में क्षेत्रफल का सूक्ष्म रूप से ठीक मान प्राप्त होता है ॥ ७०½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

यवधान्य को बीच से काटने से प्राप्त क्षेत्र की आकृति की महत्तम लम्बाई १२ दंड है; दो सिरे सुई-बिन्दु हैं और बीच में चौड़ाई ४ दंड है। क्षेत्रफल क्या है? ॥ ७१½ ॥ धनुषाकार रूपरेखा वाली आकृति के संबंध में डोरी २४ है तथा बाण ४ है। क्षेत्रफल का सूक्ष्म माप क्या है? ॥ ७२½ ॥

धनुष के वक्र काष्ठ तथा बाण को निकालने के लिये नियम, जब कि आकृति धनुषाकार है—
बाण के माप का वर्ग ६ द्वारा गुणित किया जाता है। इसमें डोरी के वर्ग को जोड़ते हैं। परिणामी योग का वर्गमूल धनुष के वक्र काष्ठ का माप होता है। डोरी का माप और बाण का माप निकालने के सम्बन्ध में इसकी विपरीत क्रिया करते हैं ॥ ७३½ ॥

(७०½) धनुष के समान आकृति, वृत्त की अवधा पेटी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। यहाँ अवधा का क्षेत्रफल = ज × $\frac{बा}{४}$ × $\sqrt{१०}$ है। यह शुद्ध माप नहीं है। अर्द्धवृत्त के क्षेत्रफल को प्राप्त करने के लिये जो नियम है यह उसी की साम्यता पर आधारित है। अर्द्धवृत्त का क्षेत्रफल = π × २त्र × $\frac{त्र}{४}$ है जहाँ त्र त्रिज्या है। साधारण व्यास के दोनों ओर के धनुष (वृत्त की अवधाएँ) मिलाने से यवाकार आकृति प्राप्त होती है। स्पष्ट है कि इस दशा में बाण का माप दुगुना हो जाता है। इस प्रकार यह सूत्र इसके लिये भी प्रयोज्य है।

तिलोय पण्णत्ति में (४/२१७१ भाग १ पृष्ठ ४७२ पर) अवधा का क्षेत्रफल इस रूप से यह है—
धनुषक्षेत्र = $\sqrt{(\frac{१}{२} बाण \times जीवा)^{२} \times १}$

विपरीतक्रियायां सूत्रम्—
गुणचापकृतिविशेषात्तर्कहृतात्पदमिपुः समुद्दिष्टः ।
शरवर्गात् षड्गुणितादूनं¹ धनुषः कृतेः पदं जीवा ॥ ७४$\frac{1}{2}$ ॥

अत्रोद्देशकः

धनुराकारक्षेत्रे ज्या द्वादश षट् शरः काष्ठम् ।
न ज्ञायते सखे त्वं का जीवा कः शरस्तस्य ॥ ७५$\frac{1}{2}$ ॥

---

१. B और M दोनों में उपर्युक्त पाठ है, पर इष्ट अर्थ "षड्गुणितादूनाया धनुष्कृतेः पदं जीवा" से निकलता है।

विपरीत क्रिया के सम्बन्ध में नियम—

डोरी के वर्ग और धनुष के वक्रकाष्ठ के वर्ग के अन्तर की $\frac{1}{6}$ भाग राशि का वर्गमूल बाण का माप होता है। धनुषकाष्ठ के वर्ग में से बाण के वर्ग की ६ गुनी राशि को घटाने से प्राप्त शेष का वर्गमूल डोरी का माप होता है ॥ ७४$\frac{1}{2}$ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

धनुषाकार आकृति की डोरी १२ है, और बाण ६ है। झुकी हुई काष्ठ का माप अज्ञात है। हे मित्र, उसे निकालो। इसी आकृति के संबंध में डोरी और उसके बाण के माप को अलग-अलग किस तरह निकालोगे, जब कि आवश्यक राशियाँ ज्ञात हों? ॥ ७५$\frac{1}{2}$ ॥

(७३$\frac{1}{2}$–७४$\frac{1}{2}$) बीजीय रूप से, चाप $= \sqrt{६\,ल^2 + क^2}$, लम्ब $= \sqrt{\frac{च^2 - क^2}{६}}$

और चापकर्ण $= \sqrt{च^2 - ६\,ल^2}$

चापकर्ण और बाण के पदों में चाप का मान समीकरण के रूप में देने के लिये अर्द्धवृत्त बनानेवाले चाप को आधार मानना पड़ता है। प्राप्त सूत्र को किसी भी अवधा (वृत्त खंड) के चाप का मान निकालने के उपयोग में लाते हैं। अर्द्धवृत्तीय चाप $= त्र \times \sqrt{१०} = \sqrt{१०\,त्र^2} = \sqrt{६\,त्र^2 + ४\,त्र^2}$ होता है, जहाँ त्र त्रिज्या अथवा अर्द्धव्यास है। इसी सिद्धान्त पर आधारित यह सूत्र किसी भी चाप के लिये है। यहाँ ल = बाण (चाप तथा चापकर्ण के बीच की महत्तम दूरी), और क = जीवा (चापकर्ण) है। जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति (२/२४, ६/१०) में धनुषपृष्ठ का सूत्र महावीर के सूत्र समान है,

धनुषपृष्ठ $= \sqrt{६\,(\text{बाण}^2) + \{(\text{व्यास} - \text{बाण})\ ४\ \text{बाण}\}} = \sqrt{६\ (\text{बाण})^2 + (\text{जीवा})^2}$

त्रिलोक प्रज्ञप्ति (४/१८१) में सूत्र इस रूप में है,

धनुष $= \sqrt{२\ \{(\text{व्यास} + \text{बाण})^2 - (\text{व्यास})^2\}}$

बाण निकालने के लिये जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति (६/११) तथा त्रिलोक प्रज्ञप्ति (४/१८२) में अवतरित सूत्र द्रष्टव्य हैं।

अत्रोद्देशकः

मृदङ्गनिभक्षेत्रस्य च पणवाकारक्षेत्रस्य च वज्राकारक्षेत्रस्य च सूक्ष्मफलानयनसूत्रम्—

मुखगुणितायामफलं स्वधनुःफलसंयुतं मृदङ्गनिभे ।
तत्पणववज्रनिभयोर्धनुःफलोनं तयोरुभयोः ॥ ७६½ ॥

अत्रोद्देशकः

चतुर्विंशतिरायामो विस्तारोऽष्टौ मुखद्वये ।
क्षेत्रे मृदङ्गसंस्थाने मध्ये षोडश किं फलम् ॥ ७७½ ॥
चतुर्विंशतिरायामस्तथाष्टौ मुखयोर्द्वयोः ।
चत्वारो मध्यविष्कम्भः किं फलं पणवाकृतौ ॥ ७८½ ॥
चतुर्विंशतिरायामस्तथाष्टौ मुखयोर्द्वयोः ।
मध्ये सूचिस्तथा चास्य वज्राकारस्य किं फलम् ॥ ७९½ ॥

नेमिक्षेत्रस्य च बालेन्द्वाकारक्षेत्रस्य च इभदन्ताकारक्षेत्रस्य च सूक्ष्मफलानयनसूत्रम्—

पृष्ठोदरसंक्षेपः चतुर्भक्तो व्यासरूपसंगुणितः ।
दशमूलगुणो नेमौ बालेन्द्विभदन्तयोश्च तस्यार्धम् ॥ ८०½ ॥

मृदंगाकार, पणवाकार और वज्राकार आकृतियों के संबंध में सूक्ष्म फलों को प्राप्त करने के लिये नियम—

जो महत्तम लम्बाई को मुख की चौड़ाई द्वारा गुणित करने पर प्राप्त होता है ऐसे परिणामी क्षेत्रफल में संबंधित धनुषाकृतियों के क्षेत्रफलों के माप को जोड़ते हैं। यह परिणामी योग मृदंग के आकार की आकृति के क्षेत्रफल का माप होता है। पणव और वज्र की आकृति के क्षेत्रफल प्राप्त करने के लिए महत्तम लम्बाई और मुख की चौड़ाई के गुणनफल से प्राप्त क्षेत्रफल को धनुषाकृति संबंधी क्षेत्रफलों के माप द्वारा ह्रासित करते हैं। शेषफल इष्ट क्षेत्रफल होता है ॥ ७६½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

मृदंगाकार आकृति के संबंध में महत्तम लम्बाई २४ है। दो मुखों में से प्रत्येक के मुख की चौड़ाई ८ है। बीच में महत्तम चौड़ाई १६ है। क्षेत्रफल क्या है ? ॥ ७७½ ॥ पणवाकृति के संबंध में महत्तम लम्बाई २४ है। इसी प्रकार प्रत्येक मुख की चौड़ाई ८ और केन्द्रीय चौड़ाई ४ है। क्षेत्रफल क्या है ? ॥ ७८½ ॥ वज्र के आकार की आकृति के संबंध में महत्तम लम्बाई २४ है। दो मुखों में से प्रत्येक की चौड़ाई ८ है। केन्द्र केवल एक बिन्दु है। क्षेत्रफल निकालो ॥ ७९½ ॥

नेमिक्षेत्र और बालेन्दु समान क्षेत्र (हाथी की खीस के लम्बायमान क्षेत्राकृति) के सूक्ष्म क्षेत्रफलों को निकालने के लिये नियम—

नेमिक्षेत्र के संबंध में भीतरी और बाहरी वक्रों के मापों के योग को ४ द्वारा भाजित करते हैं। इसे वलय की चौड़ाई से गुणित कर फिर से १० के वर्गमूल द्वारा गुणित करते हैं। परिणामी फल इष्ट क्षेत्रफल होता है। इसका आधा बालेन्दु का क्षेत्रफल अथवा हाथी की खीस की लम्बायमान क्षेत्राकृति (इभदन्ताकार क्षेत्र) का क्षेत्रफल प्राप्त होता है ॥ ८०½ ॥

(७६½) इस नियम का मूल आधार ७० वीं गाथा में नोट में दिये गये सूत्रों से स्पष्ट हो जावेगा।

(८०½) नेमिक्षेत्र के लिये दिया गया नियम यदि बीजीय रूप से प्ररूपित किया जाय तो वह इस रूप में आता है— $\frac{प + प_1}{4} \times ब \times \sqrt{10}$ जहाँ $प$, $प_1$ दो परिधियों के माप हैं, और $ब$ नेमिक्षेत्र

अत्रोद्देशकः

पृष्ठं चतुर्दशोदरमष्टौ नेम्याकृतौ भूमौ ।
मध्ये चत्वारि च तद्बालेन्दोः किमिभदन्तस्य ॥ ८१½ ॥

चतुर्मण्डलमध्यस्थितक्षेत्रस्य सूक्ष्मफलानयनसूत्रम्—

विष्कम्भवर्गराशेर्वृत्तस्यैकस्य सूक्ष्मफलम् ।
त्यक्त्वा समवृत्तानामन्तरजफलं चतुर्णां स्यात् ॥ ८२½ ॥

अत्रोद्देशकः

गोलकचतुष्टयस्य हि परस्परस्पर्शकस्य मध्यस्य ।
सूक्ष्मं गणितं किं स्याच्चतुष्कविष्कम्भयुक्तस्य ॥ ८३½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

नेमिक्षेत्र के संबंध में बाहरी वक्र १४ है और भीतरी ८ है। बीच में चौड़ाई ४ है। क्षेत्रफल क्या है? बालेन्दु क्षेत्र तथा इभदन्ताकार क्षेत्र की आकृतियों का क्षेत्रफल भी क्या होगा? ॥ ८१½ ॥

चार, एक दूसरे को स्पर्श करने वाले, वृत्तों के बीच के क्षेत्र (चतुर्मण्डल मध्यस्थित क्षेत्र) के सूक्ष्म क्षेत्रफल को निकालने के लिये नियम—

किसी भी एक वृत्त के क्षेत्रफल का सूक्ष्म माप यदि उस वृत्त के व्यास को वर्गित करने से प्राप्त राशि में से घटाया जाय, तो पूर्वोक्त क्षेत्र का क्षेत्रफल प्राप्त होता है ॥ ८२½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

चार एक दूसरे को स्पर्श करने वाले वृत्तों के बीच का क्षेत्रफल निकालो (जब कि प्रत्येक वृत्त का व्यास ४ है) ॥८३½॥

(कंकण) की चौडाई है। इस नेमिक्षेत्र के क्षेत्रफल की तुलना गाथा ७ में दिये गये नोट में वर्णित आनुमानिक मान से की जाय, तो स्पष्ट होगा कि यह सूत्र शुद्ध मान नहीं देता। गाथा ७ में दिया गया मान शुद्ध मान है। यह गलती, एक गलत विचार से उदित हुई मालूम होती है। इस क्षेत्रफल के मान को निकालने के लिये, π का उपयोग $प_1$ और $प_2$ के मानों में अपेक्षाकृत उल्टा किया गया है। इसके सम्बन्ध में जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति (१०/९१) और त्रिलोक प्रज्ञप्ति (४/२५२१–२५२२) में दिये गये सूत्र दृष्टव्य हैं।

(८२½) निम्नलिखित आकृति से इस नियम का मूल कारण स्पष्ट हो जावेगा।

(८४½) इसी प्रकार, यह आकृति भी नियम के कारण को शीघ्र ही स्पष्ट करती है।

वृत्तक्षेत्रत्रयस्यान्योन्यस्पर्शनाल्लब्धस्यान्तरस्थितक्षेत्रस्य सूक्ष्मफलानयनसूत्रम्—
विष्कम्भमानसमभुजत्रिभुजक्षेत्रस्य सूक्ष्मफलम् ।
वृत्तफलार्धविहीनं फलमन्तरजं त्रयाणां स्यात् ॥ ८४½ ॥

अत्रोद्देशकः

विष्कम्भचतुष्काणां वृत्तक्षेत्रत्रयाणां च । अन्योन्यस्पृष्टानामन्तरजक्षेत्रगणितं किम् ॥ ८५½ ॥

षड्भुजक्षेत्रस्य कर्णावलम्बकसूक्ष्मफलानयनसूत्रम्—
भुजभुजकृतिकृतिवर्गा द्वित्रित्रिगुणा यथाक्रमेणैव ।
श्रुत्यवलम्बकफलधनकृतयश्च षड्भुजे क्षेत्रे ॥ ८६½ ॥

अत्रोद्देशकः

भुजषट्कक्षेत्रे द्वौ द्वौ दण्डौ प्रतिभुजं स्याताम् ।
अस्मिन् श्रुत्यवलम्बकसूक्ष्मफलानां च वर्गाः के ॥ ८७½ ॥

तीन समान परस्पर एक दूसरे को स्पर्श करनेवाले वृत्तीय क्षेत्रों के बीच के क्षेत्र का सूक्ष्म रूप से शुद्ध क्षेत्रफल निकालने के लिये नियम—

जिसकी प्रत्येक भुजा व्यास के बराबर होती है ऐसे सम त्रिभुज का सूक्ष्म क्षेत्रफल इन तीन में से किसी भी एक के क्षेत्रफल की अर्द्धराशि द्वारा ह्रासित किया जाता है। शेष ही इष्ट क्षेत्रफल होता है ॥८४½॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

परस्पर एक दूसरे को स्पर्श करने वाले तथा माप में ४ व्यास वाले तीन वृत्तों की परिधियों से घिरे हुए क्षेत्र का सूक्ष्म क्षेत्रफल क्या है ? ॥८५½॥

नियमित षड्भुज क्षेत्र के संबंध में कर्ण अवलम्ब (लम्ब) और क्षेत्रफल के सूक्ष्म रूप से शुद्ध मानों को निकालने के नियम—

षड्भुज क्षेत्र के संबंध में भुजा के माप को, इस भुजा के वर्ग को तथा इसी भुजा के वर्ग के वर्ग को क्रमशः २, ३ और ३ द्वारा गुणित करने पर उसी क्रम में कर्ण लम्ब का वर्ग और क्षेत्रफल के माप का वर्ग प्राप्त होता है ॥८६½॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

नियमित षड्भुजाकार आकृति के संबंध में प्रत्येक भुजा २ दण्ड है। इस आकृति के कर्ण का वर्ग, लम्ब का वर्ग और सूक्ष्म क्षेत्रफल के माप का वर्ग बतलाओ ॥८७½॥

(८६½) यह नियम नियमित षड्भुज आकृति के लिये दिया गया ज्ञात होता है। यह सूत्र षड्भुज के क्षेत्रफल का मान $\sqrt{३अ^४}$ देता है जहाँ किसी भी एक भुजा की लम्बाई अ है। तथापि शुद्ध मान यह है— $अ^२ \times \frac{३\sqrt{३}}{२}$

वर्गस्वरूपकरणिराशीना युतिसंख्यानयनस्य च तेषां वर्गस्वरूपकरणिराशीना यथाक्रमेण परस्परवियुतितः शेषसंख्यानयनस्य च सूत्रम्—

केनाप्यपवर्तितफलपदयोगवियोगकृतिहताच्छेदात् ।
मूलं पदयुतिवियुती राशीनां विद्धि करणिगणितमिदम् ॥ ८८½ ॥

अत्रोद्देशकः

षोडशषट्त्रिंशच्छतकरणीना वर्गमूलपिण्डं मे । अथ चैतत्पदशेषं कथय सखे गणिततत्त्वज्ञ ॥८९½॥

इति सूक्ष्मगणित समाप्तम ।

कुछ वर्गमूल राशियों के योग के संख्यात्मक मान तथा एक दूसरे में से स्वाभाविक क्रम में कुछ वर्गमूल राशियों को घटाने के पश्चात् शेषफल निकालने के लिये नियम—

समस्त वर्गमूल राशियाँ एक ऐसे साधारण गुणनखंड द्वारा भाजित की जाती हैं, जो ऐसे भजनफलों को उत्पन्न करता है जो वर्गराशियाँ होती हैं। इस प्रकार प्राप्त वर्गराशियो के वर्गमूलो को जोड़ा जाता है, अथवा इन्हें स्वाभाविक क्रम में एक को दूसरे में से घटाया जाता है। इस प्रकार प्राप्त योग और शेषफल दोनों को वर्गित किया जाता है, और तब अलग अलग (पहिले उपयोग में लाए हुए) भाजक गुणनखंड द्वारा गुणित किया जाता है। इन परिणामी गुणनफलो के वर्गमूल, प्रश्न में दी गई राशियों के योग और अतिम अंतर को उत्पन्न करते हैं। समस्त प्रकार की वर्गमूल राशियों के गणित के सबंध में यह नियम जानना चाहिये ॥८८½॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

हे गणिततत्त्वज्ञ सखे, मुझे १६, ३६ और १०० राशियों के वर्गमूलों के योग को बतलाओ, और तब इन्हीं राशियों के वर्गमूलों के संबध में अतिम शेष भी बतलाओ। इस प्रकार, क्षेत्र गणित व्यवहार में सूक्ष्म गणित नामक प्रकरण समाप्त हुआ ॥८९½॥

(८८½) यहाँ आया हुआ "करणी" शब्द कोई भी ऐसी राशि दर्शाता है जिसका वर्गमूल निकालना होता है, और जैसी दशा हो उसके अनुसार वह मूल परिमेय (rational, धनराशि जो करणीरहित हो) अथवा अपरिमेय होता है। गाथा ८९½ में दिये गये प्रश्न को निम्न प्रकार से हल करने पर यह नियम स्पष्ट हो जावेगा—

$\sqrt{१६} + \sqrt{३६} + \sqrt{१००}$ और $(\sqrt{१००}) - (\sqrt{३६} - \sqrt{१६})$ के मान निकालना हैं। इन्हें $\sqrt{४}\ (\sqrt{४} + \sqrt{९} + \sqrt{२५})$, $\sqrt{४}\{\sqrt{२५} - (\sqrt{९} - \sqrt{४})\}$ द्वारा प्ररूपित किया जा सकता है।

साधित करने पर,

पूर्व राशि $= \sqrt{४}(२ + ३ + ५)$; अपर राशि $= \sqrt{४}\{५ - (३ - २)\}$

$= \sqrt{४}(१०)$ " $= \sqrt{४}(४)$

$= \sqrt{४} \times \sqrt{१००}$ " $= \sqrt{४} \times \sqrt{१६}$

$= \sqrt{४००}$ " $= \sqrt{६४}$

$= २०$ " $= ८$

जन्यव्यवहारः

इतः परं क्षेत्रगणिते जन्यव्यवहारमुदाहरिष्यामः। इष्टसंख्याबीजाभ्यामायतचतुरश्रक्षेत्रा-
नयनसूत्रम्—

वर्गविशेषः कोटिः संवर्गो द्विगुणितो भवेद्बाहुः। वर्गसमासः कर्णश्चायतचतुरश्रजन्यस्य ॥ ९०½ ॥

अत्रोद्देशकः

एकद्विके तु बीजे क्षेत्रे जन्ये तु संस्थाप्य। कथय विगणय्य शीघ्रं कोटिभुजाकर्णमानानि ॥९१½॥
बीजे द्वे त्रीणि सखे क्षेत्रे जन्ये तु संस्थाप्य। कथय विगणय्य शीघ्रं कोटिभुजाकर्णमानानि ॥९२½॥

पुनरपि बीजसंज्ञाभ्यामायतचतुरश्रक्षेत्रकल्पनायाः सूत्रम्—
बीजयुतिवियुतिघातः कोटिस्तद्वर्गयोश्च संक्रमणे।
बाहुश्रुती भवेतां जन्यविधौ करणमेतदपि ॥ ९३½ ॥

जन्य व्यवहार

इसके पश्चात् हम क्षेत्रफल माप सम्बन्धी गणित में जन्य क्रिया का वर्णन करेंगे। मन से चुनी हुई संख्याओं को बीजों के समान लेकर उनकी सहायता से आयत क्षेत्र को प्राप्त करने के लिये नियम—

मन से प्राप्त आयत क्षेत्र के संबंध में बीज संख्याओं के वर्गों का अंतर लंब भुजा की संरचना करता है। बीज संख्याओं का गुणनफल २ द्वारा गुणित होकर दूसरी भुजा हो जाता है, और बीज संख्याओं के वर्गों का योग कर्ण बन जाता है ॥९०½॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

ज्यामितीय आकृति के संबंध में (जिसे मन के अनुसार प्राप्त करना है) १ और २ जिसे मानवाले बीज हैं। गणना के पश्चात् मुझे लम्ब भुजा दूसरी भुजा और कर्ण के मापों को शीघ्र बतलाओ ॥९१½॥

हे मित्र २ और ३ को मन के अनुसार किसी आकृति को प्राप्त करने के संबंध में बीज लेकर गणना के पश्चात् लम्ब भुजा अन्य भुजा और कर्ण शीघ्र बतलाओ ॥९२½॥

पुनः बीजों द्वारा निरूपित संख्याओं की सहायता से आयत चतुरस्र क्षेत्र की रचना करने के लिये दूसरा नियम—

बीजों के योग और अंतर का गुणनफल लम्बमाप होता है। बीजों के योग और अंतर के वर्गों का संक्रमण अन्य भुजा तथा कर्ण को उत्पन्न करता है। यह क्रिया जन्य क्षेत्र को (दिये हुए बीजों से) प्राप्त करने के उपयोग में भी लाई जाती है ॥९३½॥

(९०½) "जन्य" का शाब्दिक अर्थ 'में से उत्पन्न' अथवा "में से व्युत्पादित" होता है इसलिये यह ऐसे त्रिभुज और चतुर्भुज क्षेत्रों के विषय में है जो दिये गये न्यास (दत्त दशाओं) से प्राप्त किये जा सकते हैं। त्रिभुज और चतुर्भुज क्षेत्रों की भुजाओं की लम्बाई निकालने को जन्य क्रिया कहते हैं।

बीज, जैसा कि यहाँ वर्णित है साधारणतः धनात्मक पूर्णांक होता है। त्रिभुज और चतुर्भुज क्षेत्रों को प्राप्त करने के लिये दो ऐसे बीज अपरिवर्तनीय ढंग से दिये गये होते हैं।

इस नियम का मूल आधार निम्नलिखित बीजीय निरूपण से स्पष्ट हो जायेगा—

यदि 'अ' और 'ब' बीज संख्यायें हों तो $\text{अ}^2 - \text{ब}^2$ लम्ब का माप होता है। २ अ ब दूसरी भुजा का माप होता है और $\text{अ}^2 + \text{ब}^2$ कर्ण का माप होता है जब कि चतुर्भुज क्षेत्र आयत हो। इससे स्पष्ट है कि बीज ऐसी संख्यायें होती हैं जिनके गुणनफल और वर्गों की सहायता से प्राप्त भुजाओं के मापों द्वारा समकोण त्रिभुज की रचना की जा सकती है।

(९३½) यहाँ दिये गये नियम में $\text{अ}^2 - \text{ब}^2$, २ अ ब और $\text{अ}^2 + \text{ब}^2$ को $(\text{अ} + \text{ब})(\text{अ} - \text{ब})$,

अत्रोद्देशकः

त्रिकपञ्चकबीजाभ्यां जन्यक्षेत्रं सखे समुत्थाप्य ।
कोटिभुजाश्रुतिसंख्याः कथय विचिन्त्याशु गणिततत्त्वज्ञ ॥ ९४½ ॥

इष्टजन्यक्षेत्राद्बीजसञ्ज्ञसंख्ययोरानयनसूत्रम्—

कोटिच्छेदावाप्त्योः संक्रमणे बाहुदलफलच्छेदौ ।
बीजे श्रुतीष्टकृत्योर्योगवियोगार्धमूले ते ॥ ९५½ ॥

अत्रोद्देशकः

कस्यापि क्षेत्रस्य च षोडश कोटिश्च बीजे के ।
त्रिंशदथवान्यबाहुर्बीजे के ते श्रुतिश्चतुस्त्रिंशत् ॥ ९६½ ॥

कोटिसंख्यां ज्ञात्वा भुजाकर्णसंख्यानयनस्य च भुजसंख्यां ज्ञात्वा कोटिकर्णसंख्यानयनस्य च कर्णसंख्या ज्ञात्वा कोटिभुजासंख्यानयनस्य च सूत्रम्—

कोटिकृतेश्छेदाप्त्योः संक्रमणे श्रुतिभुजौ भुजकृतेर्वा ।
अथवा श्रुतीष्टकृत्योरन्तरपदमिष्टमपि च कोटिभुजे ॥ ९७½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

हे गणिततत्त्वज्ञ मित्र, ३ और ५ को बीज लेकर उनकी सहायता से जन्य क्षेत्र की रचना करो, और तब सोच विचार कर शीघ्र ही लम्ब भुजा, अन्य भुजा और कर्ण के मापों को बतलाओ ॥९४½॥

बीजो से प्राप्त करने योग्य किसी दी गई आकृति संबंधी बीज संख्याओं को निकालने के लिये नियम—

लम्ब भुजा के मन से चुने हुए यथार्थ भाजक और परिणामी भजनफल में संक्रमण क्रिया करने से इष्ट बीज उत्पन्न होते हैं। अन्य भुजा की अर्द्धराशि के मन से चुने हुए यथार्थ भाजक और परिणामी भजनफल भी इष्ट बीज होते हैं। ये बीज क्रमशः कर्ण और मन से चुनी हुई संख्या की वर्गित राशि के योग की अर्द्धराशि के वर्गमूल तथा अंतर की अर्द्धराशि के वर्गमूल होते हैं ॥९५½॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी रैखिकीय आकृति के संबंध में लम्ब १६ है, बतलाओ बीज क्या क्या हैं? अथवा यदि अन्य भुजा ३० हो, तो बीजो को बतलाओ। यदि कर्ण ३४ हो, तो वे बीज कौनकौन हैं? ॥९६½॥

अन्य भुजा और कर्ण के संख्यात्मक मानों को निकालने के लिये नियम, जब कि लम्ब भुजा ज्ञात हो, लम्ब भुजा और कर्ण को निकालने के लिये नियम, जब कि अन्य भुजा ज्ञात हो, और लम्ब भुजा तथा अन्य भुजा को निकालने के लिये नियम, जब कि कर्ण का संख्यात्मक माप ज्ञात हो—

लम्ब भुजा के वर्ग के मन से चुना हुए यथार्थ भाजक और परिणामी भजनफल के बीच संक्रमण क्रिया करने पर क्रमशः कर्ण और अन्य भुजा उत्पन्न होती हैं। इसी प्रकार अन्य भुजा के वर्ग के संबंध में वही संक्रमण क्रिया करने से लम्ब भुजा और कर्ण के माप उत्पन्न होते हैं। अथवा, कर्ण के वर्ग और किसी मन से चुनी हुई संख्या के वर्ग के अंतर की वर्गमूल राशि तथा वह चुनी हुई संख्या क्रमशः लम्ब भुजा और अन्य भुजा होती हैं ॥९७½॥

$\frac{(अ+ब)^2-(अ-ब)^2}{2}$ और $\frac{(अ+ब)^2+(अ-ब)^2}{2}$ के द्वारा प्ररूपित किया गया है।

(९५½) इस नियम में कथित क्रियाएं गाथा ९०½ में कथित क्रियाओं से विपरीत हैं।

(९७½) यह नियम निम्नलिखित सर्वसमिकाओं (identities) पर निर्भर है—

अत्रोद्देशकः

कस्यापि कोटिरेकादश बाहुः षष्टिरन्यस्य । प्रतिरेकषष्टिरन्यास्यानुक्तान्यत्र मे कथय ॥ ९८½ ॥

द्विसमचतुरश्रक्षेत्रस्यानयनप्रकारस्य सूत्रम्—

ज्येष्ठक्षेत्रभुजार्धहारफलभागान्यकोट्योर्युति-
र्भूरास्यं वियुतिर्भुजा श्रुतिरथास्यास्या हि कोटिर्भवेत् ।
आबाधा महती श्रुतिः श्रुतिरभूत्स्येष्टं फलं स्यात्फलं
बाहुः स्यादवलम्बको द्विसमकक्षेत्रे चतुर्बाहुके ॥ ९९½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी आकृति के संबंध में, लम्ब भुजा ११ है दूसरी आकृति के संबंध में अन्य (दूसरी) भुजा ६ है और तीसरी आकृति के संबंध में कर्ण ६१ है। इन तीन दशाओं में अज्ञात भुजाओं के मापों को बतलाओ ॥ ९८½ ॥

दिये गये बीजों की सहायता से दो बराबर भुजाओं वाले चतुर्भुज क्षेत्र को प्राप्त करने की रीति के संबंध में नियम—

दिये गये बीजों की सहायता से प्राप्त प्रथम आयत की लम्ब भुजा को दूसरी आकृति (जिसे मूलतः प्राप्त आकृति के आधार की अर्द्धराशि के मन से चुने हुए दो गुणनखंडों को बीज मानकर प्राप्त किया गया है ऐसी आकृति) की लम्ब भुजा में जोड़ने पर दो बराबर भुजाओं वाले चतुर्भुज क्षेत्र का आधार उत्पन्न होता है। इन दो लम्बों के मापों के अन्तर से चतुर्भुज की ऊपरी भुजा उत्पन्न होती है। पूर्व कथित दो प्राप्त आकृतियों का छोटा कर्ण दो बराबर भुजाओं में से किसी एक का माप होता है। उन दो प्राप्त आकृतियों के सम्बन्ध में दो लम्ब भुजाओं में से छोटी भुजा आधार के उस छोटे खंड का माप होती है जो ऊपरी भुजा के अंतों में से किसी एक से आधार पर लम्ब गिराने से बनता है। उन दो प्राप्त आकृतियों के सम्बन्ध में बड़ा कर्ण इष्ट कर्ण का माप होता है। उन दो प्राप्त आकृतियों में से बड़े का क्षेत्रफल इष्ट आकृति का क्षेत्रफल होता है और उन दो आकृतियों में से किसी एक का आधार ऊपरी भुजा के अंतों में से किसी एक से आधार पर गिराये गये लम्ब का माप होता है ॥ ९९½ ॥

$$१)\ \left\{\frac{(\text{अ}^२-\text{ब}^२)}{(\text{अ}-\text{ब})^२} \pm (\text{अ}-\text{ब})^२\right\} + २ = \text{अ}^२+\text{ब}^२ \text{ अथवा } २\ \text{अ}\ \text{ब}\ (\text{दशानुसार})$$

$$२)\ \left\{\frac{(२\ \text{अ}\ \text{ब})^२}{२\ \text{ब}^२} \pm २\ \text{ब}^२\right\} + २ = \text{अ}^२+\text{ब}^२ \text{ अथवा } \text{अ}^२-\text{ब}^२$$

$$३)\ \sqrt{(\text{अ}^२+\text{ब}^२)^२-(२\ \text{अ}\ \text{ब})^२} = \text{अ}^२-\text{ब}^२$$

९९½) इस गाथा में कथित नियम के अनुसार साधन किया जाने वाला प्रश्न यह है कि दो दिये गये बीजों की सहायता से दो बराबर भुजाओं वाले चतुर्भुज क्षेत्र की रचना किस प्रकार करना चाहिये। भुजाओं कर्णों और ऊपरी भुजा के अंतों से आधार पर गिराये गये लम्बों तथा लम्ब के कारण उत्पन्न हुए खंडों की लम्बाइयाँ दिये गये बीजों की सहायता से संरचित दो आयतों में से निकालना पड़ती है। इनमें से प्रथम आयत क्षेत्र ऊपर गाथा ९०½ में दिये गये नियमानुसार बनाया जाता है। प्रथम आयत के आधार की लम्बाई की अर्द्धराशि के मन से चुने हुए दो गुणनखंडों में से उसी नियम के अनुसार दूसरा आयत क्षेत्र बनता है। (इन दो गुणनखंडों को बीज मान लेते हैं।) इसलिये अब हम प्रथम आयत को दूसरे आयत क्षेत्र से अलग पहिचानने के लिये, प्राथमिक आकृति कहेंगे।

अत्रोद्देशकः

चतुरश्रक्षेत्रस्य द्विसमस्य च पञ्चषट्कबीजस्य ।
मुखभूभुजावलम्बककर्णाबाधाधनानि वद ॥ १००½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

दो बराबर भुजाओं वाले तथा ५ और ६ को बीज मानकर उनकी सहायता से रचित चतुर्भुज क्षेत्र के संबंध से ऊपरी भुजा, आधार, दो बराबर भुजाओं में से एक, ऊपरी भुजा से आधार पर गिराया गया लंब, कर्ण और आधार का छोटा खंड तथा क्षेत्रफल के मापों को बतलाओ ॥१००½॥

इस नियम का मूल आधार गाथा १००½ में दिये गये प्रश्न के हल को चित्रित करने वाली निम्नलिखित आकृतियों से स्पष्ट हो जावेगा। यहाँ दिये गये बीज ५ और ६ हैं। प्रथम आयत अथवा बीजों से प्राप्त प्राथमिक आकृति अ ब स द है—

[नोट—ये आकृतियाँ पैमाने रहित हैं।] इस आकृति में आधार की लम्बाई की अर्द्धराशि ३० है। इसके दो गुणनखंड ३ और १० चुने जा सकते हैं। इन संख्याओं की सहायता से (उन्हें बीज मानकर) संरचित आयत क्षेत्र इ फ ग ह है—

दो बराबर भुजाओं वाले इष्ट चतुर्भुज क्षेत्र की रचना के लिये अपने कर्ण द्वारा विभाजित प्रथम आयत के दो त्रिभुजों में से एक को दूसरे आयत की ओर, और वैसे ही दूसरे त्रिभुज के बराबर क्षेत्र को दूसरे आयत की दूसरी ओर से हटा देते हैं जैसा की आकृति ह अ′ फ स′ से स्पष्ट है।

यह क्रिया आकृतियों की तुलना से स्पष्ट हो जावेगी। इष्ट चतुर्भुज क्षेत्र ह अ′ फ स′ का क्षेत्रफल = दूसरे आयत इ फ ग ह का क्षेत्रफल।

आधार अ′ फ = प्रथम आयत की लम्ब भुजा धन दूसरे आयत की लम्ब भुजा = अ ब + इ फ

ऊपरी भुजा ह स′ = दूसरे आयत की लम्ब भुजा ऋण प्रथम आयत की लम्ब भुजा = ग ह – स द

कर्ण ह फ = दूसरे आयत का कर्ण

त्रिसमचतुरश्रक्षेत्रस्य मुखभूभुजावलम्बककर्णाबाधाधनानयनसूत्रम्—

मुखघनहतबीजान्तरहृतवर्गान्यघनाप्तभागहाराभ्याम् ।
सदृशभुजकोटिभ्यां च द्विसम इव त्रिसमचतुरश्रे ॥ १०१½ ॥

अत्रोद्देशकः

चतुरश्रक्षेत्रस्य त्रिसमस्यास्य द्विकत्रिकस्वबीजस्य ।
मुखभूभुजावलम्बककर्णाबाधाधनानि वद ॥ १०२½ ॥

दिये गये बीजों की सहायता से तीन बराबर भुजाओं वाले चतुर्भुज क्षेत्र के संबंध में ऊपरी भुजा, आधार, कोई भी एक बराबर भुजा, ऊपर से आधार पर गिराया गया लम्ब, कर्ण, आधार का छोटा खंड और क्षेत्रफल के मापों को निकालने के लिये नियम—

दिये गये बीजों का अंतर, उन बीजों की सहायता से तत्काल प्राप्त चतुर्भुज क्षेत्र के आधार के वर्गमूल द्वारा गुणित किया जाता है। इस तत्काल प्राप्त प्राथमिक चतुर्भुज के क्षेत्रफल को इस प्रकार प्राप्त गुणनफल द्वारा भाजित किया जाता है। तब क्रिया में बीजों की तरह उपयोग में लाये गये परिणामी भजनफल और भाजक की सहायता से प्राप्त दूसरा चतुर्भुज क्षेत्र रचा जाता है। तीसरा चतुर्भुज, तत्काल प्राप्त चतुर्भुज के आधार और लम्ब भुजा को बीज मानकर बनाया जाता है। तब इन दो अंत में प्राप्त चतुर्भुजों की सहायता से तीन बराबर भुजाओं वाले चतुर्भुज क्षेत्र की उपर्युक्त भुजाओं आदि के मापों को दो बराबर भुजाओं वाले चतुर्भुज में प्रयुक्त विधि अनुसार प्राप्त किया जाता है ॥ १०१½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

तीन बराबर भुजाओं वाले, तथा २ और ३ बीज हैं जिसके ऐसे चतुर्भुज क्षेत्र के संबंध में ऊपरी भुजा, आधार, तीन बराबर भुजाओं में से एक, ऊपरी भुजा से आधार पर गिराया गया लम्ब, कर्ण, आधार का छोटा खंड और क्षेत्रफलों के मापों को बतलाओ ॥ १०२½ ॥

आधार का छोटा खंड अर्थात् अ' इ = प्रथम आयत की लंब भुजा

= अ ब

लम्ब इ ई = दूसरे अथवा प्रथम आयत का आधार = ब स = फ ग

बाजू की प्रत्येक बराबर भुजा अ इ अथवा फ स' = प्रथम आयत का कर्ण अर्थात्, अ स

(१०१½) यदि दिये गये बीज अ और ब द्वारा निरूपित हों, तो तत्काल प्राप्त चतुर्भुज की भुजाओं के माप ये होंगे : लम्ब भुजा $= अ^2 - ब^2$, आधार = २ अ ब, कर्ण $= अ^2 + ब^2$, क्षेत्रफल $= २ अ ब \times (अ^2 - ब^2)$।

जैसा कि दो बराबर भुजाओं वाले क्षेत्रफल की रचना के संबंध में गाथा ९९½ का नियम उपयोग किया गया है, उसी तरह यह नियम दो प्राप्त आयतों की सहायता से तीन बराबर भुजाओं वाले इस चतुर्भुज क्षेत्र की रचना में सहायक होता है। इन आयतों में प्रथम संबंधी बीज ये हैं—

$\frac{२ अ ब \times (अ^2 - ब^2)}{\sqrt{२ अ ब} \times (अ \mp ब)}$ अर्थात् $\sqrt{२ अ ब} \times (अ + ब)$ और $\sqrt{२ अ ब} \times (अ - ब)$

गाथा ९९½ का नियम यहाँ प्रयुक्त करने पर हमें प्रथम आयत के लिये निम्नलिखित मान प्राप्त होते हैं—

लम्ब भुजा $= (अ + ब)^2 \times २ अ ब - (अ - ब)^2 \times २ अ ब$ अथवा $८ अ^2 ब^2$

विषमचतुरश्रक्षेत्रस्य मुखभूभुजावलम्बककर्णाबाधाधनानयनसूत्रम्—
ज्येष्ठाल्पान्योन्यहीनश्रुतिहतभुजकोटी भुजे भूमुखे ते
कोट्योरन्योन्यदोर्भ्यां हतयुतिरथ दोर्घातयुक्कोटिघातः ।
कर्णावल्पश्रुतिघ्नावनधिकभुजकोट्याहतौ लम्बकौ ता-
वाबाधे कोटिदोर्घ्नाववनिविवरके कर्णघातार्धमर्थं ॥ १०३½ ॥

विषम चतुर्भुज के संबंध में, ऊपरी भुजा, आधार, बाजू की भुजाओं, ऊपरी भुजा के अंतों से आधार पर गिराये गये लम्बो, कर्णो, आधार के खडों और क्षेत्रफल के मापो को निकालने के लिये नियम—

दिये गये बीजो के दो कुलकों (sets) सबधी दो आयताकार प्राप्त चतुर्भुज क्षेत्रो के बड़े और छोटे कर्णो से आधार और (उन्हीं प्राप्त छोटी और बडी आकृतियो की) लम्ब भुजा क्रमश. गुणित की जाती हैं। परिणामी गुणनफल इष्ट चतुर्भुज क्षेत्र की दो असमान भुजाओ, आधार और ऊपरी भुजा के मापों को देने हैं। प्राप्त आकृतियों की लम्ब भुजाएँ एक दूसरे के आधार द्वारा गुणित की जाती हैं। इस प्रकार प्राप्त दो गुणनफल जोड़े जाते हैं। तब उन आकृतियो संबंधी दो लम्ब भुजाओं के गुणनफल में उन्हीं आकृतियों के आधारों का गुणनफल जोड़ा जाता है। इस प्रकार प्राप्त दो योग, जब उन दो आकृतियो के दो कर्णो में से छोटे कर्ण के द्वारा गुणित किये जाते हैं, तब वे इष्ट कर्णों को उत्पन्न करते हैं। वे ही योग, जब छोटी आकृति के आधार और लम्ब भुजा द्वारा क्रमश गुणित किये जाते हैं, तब वे कर्णा के अंतो से गिराये गये लम्बों के मापों को उत्पन्न करते हैं, और जब वे उसी आकृति की लम्ब भुजा और आधार द्वारा गुणित होते हैं, तब वे लम्बों द्वारा उत्पन्न आधार के खडो के मापो को उत्पन्न करते हैं। इन खडो के माप जब आधार के माप में से घटाये जाते हैं, तब अन्य खडों के मान प्राप्त होते हैं। उपर्युक्त प्राप्त हुई आकृति के कर्णों के गुणनफल की अर्द्धराशि, इष्ट आकृति के क्षेत्रफल का माप होती है ॥१०३½॥

आधार $= २ \times \sqrt{२अ\ ब} \times (अ + ब) \times \sqrt{२अ\ ब} \times (अ - ब)$ अथवा $४अ\ ब\ (अ^२ - ब^२)$

कर्ण $= (अ + ब)^२ \times २अ\ ब + (अ - ब)^२ \times २अ\ ब$ अथवा $४\ अ\ ब\ (अ^२ + ब^२)$

दूसरे आयत क्षेत्र के सबध में बीज $अ^२ - ब^२$ और $२अ\ ब$ हैं।

इस आयत के संबंध में

लम्ब भुजा $= ४अ^२ ब^२ - (अ^२ - ब^२)^२$, आधार $= ४अ\ ब\ (अ^२ - ब^२)$,

कर्ण $= ४अ^२ ब^२ + (अ^२ - ब^२)$ अथवा $(अ^२ + ब^२)^२$

इन दो आयतों की सहायता से, इष्ट क्षेत्रफल की भुजाओं, कर्णो, आदि के मापों को गाथा ९९½ के नियमानुसार प्राप्त किया जाता है। वे ये हैं—

आधार = लम्ब भुजाओं का योग $= ८अ^२ ब^२ + ४अ^२ ब^२ - (अ^२ - ब^२)^२$

ऊपरी भुजा = बडी लम्ब भुजा – छोटी लम्ब भुजा $= ८अ^२ ब^२ - \{४अ^२ ब^२ - (अ^२ - ब^२)^२\}$
$= (अ^२ + ब^२)^२$

बाजू की कोई एक भुजा = छोटा कर्ण $= (अ^२ + ब^२)^२$

आधार का छोटा खंड = छोटी लम्ब भुजा $= ४अ^२ ब^२ - (अ^२ - ब^२)^२$

लम्ब = दो कर्णों में से बडा कर्ण $= ४अ\ ब\ (अ^२ + ब^२)$

क्षेत्रफल = बडे आयत का क्षेत्रफल $= ८अ^२ ब^२ \times ४अ\ ब\ (अ^२ - ब^२)$

यहाँ देखा सकता है कि ऊपरी भुजा का माप बाजू की भुजाओं में से कोई भी एक के बराबर है। इस प्रकार, तीन भुजाओं वाला इष्ट चतुर्भुज क्षेत्र प्राप्त होता है।

(१०३½) निम्नलिखित बीजीय निरूपण से नियम स्पष्ट हो जावेगा—

अत्रोद्देशकः

एकद्विकद्विकत्रिकजन्ये चोत्थाप्य विषमचतुरश्रे ।
मुखभूभुजावलम्बककर्णाबाधाधनानि वद ॥ १०४½ ॥

पुनरपि विषमचतुरश्रानयनसूत्रम्—

ह्रस्वश्रुतिकृतिगुणितौ ज्येष्ठभुजा कोटिरपि धरा वदनम् ।
कर्णाभ्यां संगुणिताबुभयभुजाह्रस्वभुजकोटी ॥ १०५½ ॥
ज्येष्ठभुजकोटियुतिर्द्विस्थाल्पभुजकोटिताडिता युक्ता ।
ह्रस्वभुजकोटियुतिगुणपृथुकोट्याल्पश्रुतिघ्नौ कर्णौ ॥ १०६½ ॥
अल्पश्रुतिहृतकर्णाल्पकोटिभुजसंहती पृथग्लम्बौ ।
लम्बभुजयुतिवियुतिगुणात्पदमाबाधे फलं श्रुतिगुणार्धम् ॥ १०७½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

१ और २ तथा २ और ३ बीजों को लेकर, दो आकृतियाँ प्राप्त कर विषम चतुर्भुज के संबंध में ऊपर की भुजा, आधार, बाजू की भुजाओं लम्बों, कर्णों, आधार के खंडों और क्षेत्रफल के मापों को बतलाओ ॥१०४½॥

विषम चतुर्भुज के संबंध में भुजाओं के माप आदि को प्राप्त करने के लिए दूसरा नियम—

दो प्राप्त आयतों में छोटी आकृति के कर्ण के वर्ग को अलग-अलग आधार और बड़े आयत की लंब भुजा द्वारा गुणित करने से विषम इष्ट चतुर्भुज के आधार और ऊपरी भुजा के माप उत्पन्न होते हैं। छोटे आयत का आधार और लम्ब भुजा, प्रत्येक उत्तरोत्तर उपरोक्त आयत क्षेत्रों के प्रत्येक के कर्ण द्वारा गुणित होकर क्रमशः इष्ट चतुर्भुज की दो पार्श्व भुजाओं को उत्पन्न करते हैं। बड़ी आकृति (आयत) के आधार और लम्ब भुजा का अंतर अलग-अलग दो स्थानों में रखा जाकर छोटी आकृति के आधार और लम्ब भुजा द्वारा गुणित किया जाता है। इस क्रिया के दो परिणामी गुणनफल अलग अलग उस गुणनफल में जोड़े जाते हैं जो छोटे आयत के आधार और लंब भुजा के योग को बड़े आयतकी लम्ब भुजा से गुणित करने पर प्राप्त होता है। इस प्रकारप्राप्त दो योग जब छोटे आयत के कर्ण द्वारा गुणित किये जाते हैं तो इष्ट चतुर्भुज क्षेत्र के दो कर्णों के माप प्राप्त होते हैं। इष्ट चतुर्भुज क्षेत्र के कर्णों को अलग-अलग छोटे आयत के कर्ण द्वारा भाजित किया जाता है। इस प्रकार प्राप्त भजनफलों को क्रमशः छोटे आयत की लम्ब भुजा और आधार द्वारा गुणित किया जाता है। परिणामी गुणनफल इष्ट चतुर्भुज क्षेत्र के लंबों के मापों को उत्पन्न करते हैं। इन दो लंबों में (आधार और ऊपरी भुजा छोड़कर) उपर्युक्त दो भुजाओं के मापों को अलग-अलग जोड़ा जाता है। बड़ी भुजा बड़े लम्ब में और छोटी भुजा छोटे लंब में। इन लंबों और भुजाओं के अंतर भी इसी क्रम में प्राप्त किये जाते हैं। उपर्युक्त योग क्रमशः इन अंतरों द्वारा गुणित किये जाते हैं। इस प्रकार प्राप्त गुणनफलों के वर्गमूल इष्ट चतुर्भुज संबंधी आधार के खंडों के मापों को उत्पन्न करते हैं। इष्ट चतुर्भुज क्षेत्र के कर्णों के गुणनफल की आधी राशि उसका क्षेत्रफल होती है ॥१०५½-१०७½॥

मानलो दिये गये बीजों के दो कुलक (sets) अ, ब और स, द हैं। तब विभिन्न इष्ट तत्त्व निम्नलिखित होंगे—

बाजू की भुजाएँ = २ अ ब $(स^2+द^2)(अ^2+ब^2)$ और $(अ^2-ब^2)(स^2+द^2)(अ^2+ब^2)$

आधार = २ स द $(अ^2+ब^2)(अ^2+ब^2)$

एकस्माज्जन्यायतचतुरश्राद्द्विसमत्रिभुजानयनसूत्रम्—

कर्णो भुजद्वयं स्याद्बाहुर्द्विगुणीकृतो भवेद्भूमिः ।
कोटिरवलम्बकोऽयं द्विसमत्रिभुजे धनं गणितम् ।। १०८½ ।।

केवल एक जन्य आयत क्षेत्र की सहायता से समद्विबाहु त्रिभुज प्राप्त करने के लिये नियम—

दिये गये बीजों की सहायता से संरचित आयत के दो कर्ण इष्ट समद्विबाहु त्रिभुज की दो बराबर भुजाएँ हो जाते हैं। आयत का आधार दो द्वारा गुणित होकर इष्ट त्रिभुज का आधार बन जाता है। आयत की लब भुजा, इष्ट त्रिभुज का शीर्ष से आधार पर गिराया हुआ लम्ब होती है। उस आयत का क्षेत्रफल, इष्ट त्रिभुज का क्षेत्रफल होता है ॥१०८½॥

ऊपरी भुजा $=(स^2-द^2)(अ^2+ब^2)(अ^2+ब^2)$

कर्ण $=\{(अ^2-ब^2)\times 2\,स\,द+(स^2-द^2)\,2\,अ\,ब\}\times(अ^2+ब^2)$; और

$\{(अ^2-ब^2)(स^2-द^2)+4\,अ\,ब\,स\,द\}\times(अ^2+ब^2)$

लम्ब $=\{(अ^2-ब^2)\times 2\,स\,द+(स^2-द^2)\,2\,अ\,ब\}\times 2\,अ\,ब$, और

$\{(अ^2-ब^2)(स^2-द^2)+4\,अ\,ब\,स\,द\}\times(अ^2-ब^2)$

खंड अवधाएँ $=\{(अ^2-ब^2)\times 2\,स\,द+(स^2-द^2)\times 2\,अ\,ब\}(अ^2-ब^2)$, और

$\{(अ^2-ब^2)(स^2-द^2)+4\,अ\,ब\,स\,द\}\times 2\,अ\,ब$

(१०५½–१०७½) गाथा १०३½ के नोट में कथित मान यहाँ भी भुजाओं आदि के लिये दिये गये हैं, केवल वे कुछ भिन्न विधि से कहे गये हैं। १०३½ वीं गाथा के ही प्रतीक लेकर—

कर्ण $=[\{2\,स\,द-(स^2-द^2)\}\,2\,अ\,ब+\{2\,अ\,ब+(अ^2-ब^2)\}\,(स^2-द^2)]\times(अ^2+ब^2)$,

और $[\{2\,स\,द-(स^2-द^2)\}\,(अ^2-ब^2)+\{2\,अ\,ब+(अ^2-ब^2)\}\,(स^2-द^2)]\times(अ^2+ब^2)$।

$$लम्ब=\frac{[\{2\,स\,द-(स^2-द^2)\}\times 2\,अ\,ब+\{2\,अ\,ब+(अ^2-ब^2)\}(स^2-द^2)](अ^2+ब^2)}{(अ^2+ब^2)}\times(अ^2-ब^2),$$

$$और\ \frac{[\{2\,स\,द-(स^2-द^2)\}\,(अ^2-ब^2)+\{2\,अ\,ब+(अ^2-ब^2)\}(स^2-द^2)]\,(अ^2+ब^2)}{(अ^2+ब^2)}\times 2\,अ\,ब।$$

उपर्युक्त चार बीजवाक्य १०३½ वीं गाथा में दिये गये कर्णों और लंबों के मापों के रूप में प्रकाशित किये जा सकते हैं। यहाँ आधार के खंडों के माप, खंड की संवादी भुजा और लब के वर्गों के अन्तर के वर्गमूल को निकालने पर प्राप्त किये जा सकते हैं।

(१०८½) इस नियम का मूल आधार इस प्रकार निकाला जा सकता है:—मानलो अ ब स द एक आयत है और अ द, इ तक बढ़ाई जाती है ताकि अ द = द इ। इ स को जोड़ो। अ स इ एक समद्विबाहु त्रिभुज है जिसकी भुजाएँ आयत के कर्णों के माप के बराबर हैं, और जिसका क्षेत्रफल आयत के क्षेत्रफल के बराबर है।

पार्श्व आकृति से यह बिल्कुल स्पष्ट हो जावेगा।

अत्रोद्देशकः

त्रिकपञ्चकबीजोत्थद्विसमत्रिभुजस्य गणक बाहू द्वौ ।
भूमिमवलम्बकं च प्रगणय्याचक्ष्व मे शीघ्रम् ॥ १०९३ ॥

विषमत्रिभुजक्षेत्रस्य कल्पनाप्रकारस्य सूत्रम्—
अन्यभुजार्धं छित्त्वा केनापिच्छेदलब्धघ्नं चाभ्याम् ।
कोटियुतिर्भूः कर्णौ भुजौ भुजा लम्बका विषमे ॥ ११०३ ॥

अत्रोद्देशकः

द्वित्रिबीजकस्य क्षेत्रभुजार्धेन चान्यमुत्थाप्य ।
तस्माद्विषमत्रिभुजे भुजभूम्यवलम्बकं ब्रूहि ॥ १११३ ॥

इति जन्यव्यवहारः समाप्तः ।

उदाहरणार्थ प्रश्न

हे गणितज्ञ, ३ और ५ को बीज लेकर उनकी सहायता से प्राप्त समद्विबाहु त्रिभुज के संबंध में दो बराबर भुजाओं, आधार और लंब के मापों को शीघ्र ही गणना कर बताओ ॥१०९३॥

विषम त्रिभुज की रचना करने की विधि के लिये नियम—

दिये गये बीजों से प्राप्त आयत के आधार को आधी राशि को मन से चुने हुए गुणनखंड द्वारा भाजित करते हैं। भाजक और भजनफल की इस क्रिया में बीज मानकर दूसरा आयत प्राप्त करते हैं। इन दो आयतों की लम्ब भुजाओं का योग इष्ट विषम त्रिभुज के आधार का माप होता है। इन दो आयतों के दो कर्ण इष्टत्रिभुज की दो भुजाओं के माप होते हैं। इन दो आयतों में से किसी एक का आधार इष्ट त्रिभुज के लंब का माप होता है ॥११०३॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

२ और ३ को बीज लेकर उनसे प्राप्त आयत तथा उस आयत के आधे आधार से प्राप्त दूसरा आयत संरचित कर मुझे इस क्रिया की सहायता से विषम त्रिभुज की भुजाओं, आधार और लंब के मापों को बतलाओ ॥१११३॥

इस प्रकार क्षेत्र गणित व्यवहार में जन्य व्यवहार नामक प्रकरण समाप्त हुआ।

(११०३) पार्श्वलिखित रचना से नियम स्पष्ट हो जावेगा—

मानलो अ ब स द और इ फ ग ह दो ऐसे जन्य आयत हैं कि आधार अ द = आधार इ ह। ब अ को क तक इतना बढ़ाओ कि अ क = इ फ हो। यह सरलता पूर्वक दिखाया जा सकता है कि द क = इ ग और त्रिभुज ब द क का आधार ब क = ब अ + इ फ, जो आयतों की लंब भुजायें कहलाती हैं। त्रिभुज की भुजायें उन्हीं आयतों के कर्णों के बराबर होती हैं।

पैशाचिकव्यवहारः

इतः परं पैशाचिकव्यवहारमुदाहरिष्यामः ।

समचतुरश्रक्षेत्रे वा आयतचतुरश्रक्षेत्रे वा क्षेत्रफले रज्जुसंख्यया समे सति, क्षेत्रफले बाहुसंख्यया समे सति, क्षेत्रफले कर्णसंख्यया समे सति, क्षेत्रफले रज्जवर्धसंख्यया समे सति, क्षेत्रफले बाहोस्तृतीयांशसंख्यया समे सति, क्षेत्रफले कर्णसंख्यायाश्चतुर्थांशसंख्यया समे सति, द्विगुणितकर्णस्य त्रिगुणितबाहोश्च चतुर्गुणितकोटेश्च रज्जोस्संयोगसंख्यां द्विगुणीकृत्य तद्द्विगुणितसंख्यया क्षेत्रफले समाने सति, इत्येवमादीनां क्षेत्राणां कोटिभुजाकर्णक्षेत्रफलरज्जुषु इष्टराशिद्वयसाम्यस्य चेष्टराशिद्वयस्यान्योन्यमिष्टगुणकारगुणितफलवत्क्षेत्रस्य भुजाकोटिसंख्यानयनस्य सूत्रम्—

स्वगुणेष्टेन विभक्ताः स्वेष्टानां गणक गणितगुणितेन ।
गुणिता भुजा भुजाः स्युः समचतुरश्रादिजन्यानाम् ॥ ११२½ ॥

पैशाचिक व्यवहार (अत्यन्त जटिल प्रश्न)

इसके पश्चात् हम पैशाचिक विषय का प्रतिपादन करेंगे ।

समायत (वर्ग) अथवा आयत के संबंध में आधार और लंब भुजा का संख्यात्मक मान निकालने के लिये नियम जब कि लंब भुजा, आधार, कर्ण, क्षेत्रफल और परिमिति में कोई भी दो मन से समान चुन लिये जाते हैं, अथवा जब क्षेत्र का क्षेत्रफल वह गुणनफल होता है जो मन से चुने हुए गुणकों (multipliers) द्वारा क्रमशः उपर्युक्त तत्वों मे से कोई भी दो राशियों को गुणित करने पर प्राप्त होता है : अर्थात्—समायत (वर्ग) अथवा आयत के सम्बन्ध में आधार और लंब भुजा का संख्यात्मक मान निकालने के लिए नियम जब कि क्षेत्र का क्षेत्रफल मान में परिमिति के तुल्य होता है, अथवा जब (क्षेत्र का क्षेत्रफल) आधार के बराबर होता है, अथवा जब (क्षेत्र का क्षेत्रफल) परिमिति के मापकी अर्द्धराशियों के तुल्य होता है, अथवा जब (क्षेत्र का क्षेत्रफल) आधार की एक तिहाई राशि के बराबर होता है, अथवा जब (क्षेत्र का क्षेत्रफल) उस द्विगुणित राशि के तुल्य होता है जो उस राशि को दुगुनी करने पर प्राप्त होती है, और जिसे कर्ण की दुगुनी राशि, आधार की तिगुनी राशि, लंब भुजा की चौगुनी राशि और परिमिति इत्यादि को जोड़ने पर परिणाम स्वरूप प्राप्त करते हैं—

किसी मन से चुनी हुई इष्ट आकृति के आधार के माप को (परिणामी) चुने हुए ऐसे गुणनखंड द्वारा भाजित करने पर, जिसका गुणा आधार से करने पर मन से चुनी हुई इष्ट आकृति का क्षेत्रफल उत्पन्न होता है), अथवा ऐसी मन से चुनी हुई इष्ट आकृति के आधार को ऐसे गुणनखंड से गुणित करने पर, (कि जिसके दिये गये क्षेत्र के क्षेत्रफल में गुणा करने पर इष्ट प्रकार का परिणाम प्राप्त होता है) इष्ट समभुज चतुरश्र तथा अन्य प्रकार की प्राप्त आकृतियों के आधारों के माप उत्पन्न होते हैं ॥११२½॥

(११२½) गाथा ११३½ में दिया गया प्रथम प्रश्न हल करने पर नियम स्पष्ट हो जावेगा—

यहाँ प्रश्न में वर्ग की भुजा का माप तथा क्षेत्रफल का मान निकालना है, जब कि क्षेत्रफल परिमिति के बराबर है । मानलो ५ है भुजा जिसकी ऐसा वर्ग लिया जावे तो परिमिति २० होगी और क्षेत्रफल २५ होगा । वह गुणनखंड जिससे परिमिति के माप २० को गुणित करने पर क्षेत्रफल २५ हो जावे $\frac{5}{4}$ है । यदि ५, वर्ग की मन से चुनी हुई भुजा $\frac{5}{4}$ द्वारा भाजित की जावे, तो इष्ट चतुर्भुज की भुजा उत्पन्न होती है ।

अत्रोद्देशकः

रज्जुर्गणितेन समा समचतुरश्रस्य का नु भुजसंख्या ।
अपरस्य बाहुसदृशं गणितं तस्यापि मे कथय ॥ ११३½ ॥
कर्णो गणितेन समः समचतुरश्रस्य को भवेद्बाहुः ।
रज्जुर्द्विगुणोऽन्यस्य क्षेत्रस्य घनाख्य मे कथय ॥ ११४½ ॥
आयतचतुरश्रस्य क्षेत्रस्य च रज्जुतुल्यमिह गणितम् ।
गणितं कर्णेन समं क्षेत्रस्यान्यस्य को बाहुः ॥ ११५½ ॥
कस्यापि क्षेत्रस्य त्रिगुणो बाहुर्धनाच्च को बाहुः ।
कर्णश्चतुर्गुणोऽन्यः समचतुरश्रस्य गणितफलात् ॥ ११६½ ॥
आयतचतुरश्रस्य श्रवणं द्विगुणं त्रिसंगुणो बाहुः ।
कोटिश्चतुर्गुणा ते रज्जुर्युतैर्द्विगुणितं गणितम् ॥ ११७½ ॥
आयतचतुरश्रस्य क्षेत्रस्य च रज्जुरत्र रूपसमः ।
कोटिः को बाहुर्वा शीघ्रं विगणय्य मे कथय ॥ ११८½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

वर्ग क्षेत्र के संबंध में परिमिति का संख्यात्मक माप क्षेत्रफल के माप के बराबर है। आधार का संख्यात्मक माप क्या है ? उसी प्रकार की दूसरी आकृति के संबंध में क्षेत्रफल का माप आधार के माप के बराबर है। उस आकृति के संबंध में आधार का माप बतलाओ ॥ ११३½ ॥ किसी समायत (वर्ग) क्षेत्र के संबंध में कर्ण का माप क्षेत्रफल के माप के बराबर है। आधार का माप क्या हो सकता है ? दूसरी उसी प्रकार की आकृति के संबंध में परिमिति का माप क्षेत्रफल के माप का दुगुना है। आधार का माप बतलाओ ॥ ११४½ ॥ आयत क्षेत्र के संबंध में यहाँ क्षेत्रफल का माप परिमिति के माप के तुल्य है और दूसरे उसी प्रकार के क्षेत्र के संबंध में क्षेत्रफल का संख्यात्मक माप कर्ण के माप के बराबर है। प्रत्येक दशा में आधार का माप क्या है ? ॥ ११५½ ॥ किसी वर्ग क्षेत्र के संबंध में आधार का संख्यात्मक मान क्षेत्रफल के माप से तिगुना है। दूसरे वर्ग क्षेत्र के संबंध में कर्ण का संख्यात्मक माप क्षेत्रफल के माप से चौगुना है। इनमें से प्रत्येक दशा में आधार का माप क्या है ? ॥ ११६½ ॥ किसी आयत क्षेत्र में कर्ण के माप से दुगुनी राशि आधार से तिगुनी राशि तथा लंब भुजा से चौगुनी राशि लेकर उन में परिमिति का माप जोड़ा जाता है। इस प्राप्त योगफल से दुगुनी राशि क्षेत्रफल का संख्यात्मक माप होती है। आधार का माप बतलाओ ॥ ११७½ ॥ आयत क्षेत्र के संबंध में परिमिति का संख्यात्मक मान १ है। गणना के पश्चात्

यह नियम दूसरी रीति भी निर्दिष्ट करता है जो व्यावहारिक रूप में उसी प्रकार है। यह गुणनखंड जिसमे क्षेत्रफल ६६ को गुणित किया जाता है, ताकि वह परिमिति के माप ६ के बराबर हो जावे ½ है। यदि मन से चुनी हुई आकृति की भुजा (जो माप में ९ मान ली गई है) को इस गुणनखंड से गुणित किया जावे तो इष्ट आकृति की भुजा का माप प्राप्त होता है।

कर्णो द्विगुणो बाहुस्त्रिगुणःकोटिश्चतुर्गुणा मिश्रः ।
रज्ज्वा सह तत्क्षेत्रस्यायतचतुरश्रकस्य रूपसमः ॥ ११९½ ॥

पुनरपि जन्यायतचतुरश्रक्षेत्रस्य बीजसंख्यानयने करणसूत्रम्—

कोट्यूनकर्णदलतत्कर्णान्तरमुभययोश्च पदे ।
आयतचतुरश्रस्य क्षेत्रस्येयं क्रिया जन्ये ॥ १२०½ ॥

अत्रोद्देशकः

आयतचतुरश्रस्य च कोटिः पञ्चाशदधिकपञ्च भुजा ।
साष्टाचत्वारिंशत्रिसप्ततिः श्रुतिरथात्र के बीजे ॥ १२१½ ॥

इष्टकल्पितसङ्ख्याप्रमाणवत्कर्णसहितक्षेत्रानयनसूत्रम्—

यद्यत्क्षेत्रं जातं बीजैः संस्थाप्य तस्य कर्णेन ।
इष्टं कर्णं विभजेल्लाभगुणाः कोटिदोः कर्णाः ॥ १२२½ ॥

मुझे शीघ्र बतलाओ कि लम्ब भुजा और आधार के माप क्या-क्या हैं ? ॥ ११८½ ॥ आयत क्षेत्र के संबंध में कर्ण से दुगुनी राशि, आधार से तिगुनी राशि और लंब से चौगुनी राशि, इन सबको जोड़ कर, जब परिमिति के माप में जोड़ते हैं, तो योग फल १ हो जाता है । आधार का माप बतलाओ ॥११९½॥

प्राप्त आयत क्षेत्र के संबंध में बीजों का निरूपण करने वाली संख्या को निकालने की रीति संबंधी नियम—

आयत क्षेत्र के संबंध में, उत्पन्न करने वाले बीजों को निकालने की क्रिया में, (१) लंब द्वारा ह्रासित कर्ण की अर्द्ध राशि तथा (२) इस राशि और कर्ण का अंतर, इनके द्वारा निरूपित दो राशियों का वर्गमूल निकालना पड़ता है ॥ १२०½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

आयत क्षेत्र के संबंध में लंब भुजा ५५ है, आधार ४८ है, और कर्ण ७३ है । यहाँ बीज क्या-क्या हैं ? ॥१२१½ ॥

इष्ट कल्पित संख्यात्मक प्रमाण के कर्ण वाले आयत क्षेत्र को प्राप्त करने के लिये नियम—

दिये गये बीजों की सहायता से प्राप्त विभिन्न आकृतियों में से प्रत्येक लिख लिये (स्थापित किये) जाते हैं, और उसके कर्ण के माप के द्वारा दिया गया कर्ण का माप भाजित किया जाता है । इस आकृति की लंब भुजा, आधार और कर्ण, यहाँ प्राप्त हुए भजनफल द्वारा गुणित होकर, इष्ट क्षेत्र की लंब भुजा, आधार और कर्ण को उत्पन्न करते हैं ।

(१२०½) इस अध्याय की ९५½ वीं गाथा का नियम आयत क्षेत्र के कर्ण अथवा लंब अथवा आधार से बीजों को प्राप्त करने की रीति प्रदर्शित करता है । परन्तु इस गाथा का नियम आयत के लंब और कर्ण से बीजों को प्राप्त करने के विषय में रीति निरूपित करता है। वर्णित की हुई रीति निम्नलिखित सर्वसमिका (identity) पर आधारित है—

$$\sqrt{\frac{अ^2 + ब^2 - (अ^2 - ब^2)}{२}} = ब, \text{ और } \sqrt{अ^2 + ब^2 - \frac{अ^2 + ब^2 - (अ^2 - ब^2)}{२}} = अ,$$

जहाँ $अ^2 + ब^2$ कर्ण का माप है, $अ^2 - ब^2$ आयत की लम्ब-भुजा का माप है । अ और ब इष्ट बीज हैं ।

(१२२½) यह नियम इस सिद्धान्त पर आधारित है कि समकोण त्रिभुज की भुजाएं कर्ण की अनुपाती होती हैं । यहाँ कर्ण के उसी मापके लिये भुजाओं के मानों के विभिन्न कुलक (sets) हो सकते हैं ।

अत्रोद्देशकः

एकद्विकद्विकत्रिकचतुष्कसप्तैकसाष्टकानां च ।
गणक चतुर्णां शीघ्रं बीजैरुत्थाप्य कोटिभुजाः ॥ १२३½ ॥
आयतचतुरश्राणां क्षेत्राणां विषमबाहुकानां च ।
कर्णोऽत्र पञ्चषष्टिः क्षेत्राण्याचक्ष्व कानि स्युः ॥ १२४½ ॥

इष्टजन्यायतचतुरश्रक्षेत्रस्य रज्जुसंख्यां च कर्णसंख्यां च ज्ञात्वा तज्जन्यायतचतुरश्रक्षेत्रस्य भुजकोटिसंख्यानयनसूत्रम्—

कर्णकृतौ द्विगुणायां रज्ज्वर्धकृतिं विशोध्य तन्मूलम् ।
रज्ज्वर्धे संक्रमणीकृते भुजा कोटिरपि भवति ॥ १२५½ ॥

अत्रोद्देशकः

परिधिः स चतुर्स्त्रिंशत् कर्णोऽत्र त्रयोदशो दृष्टः ।
जन्यक्षेत्रस्यास्य प्रगणय्याचक्ष्व कोटिभुजौ ॥ १२६½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

हे गणितज्ञ दिये गये बीजों की सहायता से, ऐसे चार आयत क्षेत्रों की लंब भुजाएँ और आधारों के मानों को शीघ्र बतलाओ, जिनके क्रमशः १ और २, २ और ३, ४ और ७, तथा १ और ८ बीज हैं तथा जिनके आधार भिन्न भिन्न हैं। (इस प्रश्न में) यहाँ कर्ण का मान ६५ है। इस दशा में, इन क्षेत्रों के मापों को बतलाओ ॥ १२३½–१२४½ ॥

जिसकी परिमिति का माप और कर्ण का माप ज्ञात है ऐसे जन्य आयत क्षेत्र के आधार और उसकी लम्ब भुजा के संख्यात्मक मापों को निकालने के लिये नियम—

कर्ण के वर्ग को २ से गुणित करो। परिणामी गुणनफल में से परिमिति की अर्द्धराशि के वर्ग को घटाओ। तब परिणामी अंतर के वर्गमूल को प्राप्त करो। यदि यह वर्गमूल आधी परिमिति के साथ संक्रमण क्रिया में लाया जाय, तो इष्ट आधार और लम्ब भुजा भी उत्पन्न होती है ॥ १२५½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

इस दशा में परिमिति ३४ है और कर्ण १३ है। इस जन्य आकृति के संबंध में लंब भुजा और आधार के मापों को गणना के बाद बतलाओ ॥ १२६½ ॥

(१२५½) यदि किसी आयत की भुजाएँ अ और ब द्वारा प्ररूपित हों तो $\sqrt{\text{अ}^2+\text{ब}^2}$ कर्ण का माप होता है और परिमिति का माप २अ + २ब होता है। यह सरलतापूर्वक देखा जा सकता है कि

$$\left\{\frac{२\text{अ}+२\text{ब}}{२}+\sqrt{२\left(\sqrt{\text{अ}^2+\text{ब}^2}\right)^2-\left(\frac{२\text{अ}+२\text{ब}}{२}\right)^2}\right\}\div २=\text{अ} \text{ और}$$

$$\left\{\frac{२\text{अ}+२\text{ब}}{२}-\sqrt{२\left(\sqrt{\text{अ}^2+\text{ब}^2}\right)^2-\left(\frac{२\text{अ}+२\text{ब}}{२}\right)^2}\right\}\div २=\text{ब}।$$

ये दो सूत्र वर्णित रीति का यहाँ बीजीय रूप से निरूपण करते हैं।

क्षेत्रफलं कर्णसंख्या च ज्ञात्वा भुजकोटिसंख्यानयनसूत्रम्—
कर्णकृतौ द्विगुणीकृतगणितं हीनाधिकं कृत्वा ।
मूलं कोटिभुजौ हि ज्येष्ठे ह्रस्वेन संक्रमणे ॥ १२७½ ॥

अत्रोद्देशकः

आयतचतुरश्रस्य हि गणित षष्टिस्त्रयोदशास्यापि ।
कर्णस्तु कोटिभुजयो· परिमाणे श्रोतुमिच्छामि ॥ १२८½ ॥

क्षेत्रफलसंख्यां रज्जुसंख्यां च ज्ञात्वा आयतचतुरश्रस्य भुजकोटिसंख्यानयनसूत्रम्—
रज्ज्वर्धवर्गराशेर्गणितं चतुराहृत विशोध्याथ ।
मूलेन हि रज्ज्वर्धे संक्रमणे सति भुजाकोटी ॥ १२९½ ॥

अत्रोद्देशकः

सप्ततिशतं तु रज्जु· पञ्चशतोत्तरसहस्रमिष्टधनम् ।
जन्यायतचतुरश्रे कोटिभुजौ मे समाचक्ष्व ॥ १३०½ ॥

जब आकृति का क्षेत्रफल और कर्ण का मान ज्ञात हो, तब आधार और लम्ब भुजा के सख्यात्मक मानों को प्राप्त करने के लिये नियम—

क्षेत्रफल के माप से दुगनी राशि कर्ण के वर्ग में से घटाई जाती है। वह कर्ण के वर्ग में जोड़ी भी जाती है। इस प्रकार प्राप्त अतर और योग के वर्गमूलो से इष्ट लंब भुजा और आधार के माप प्राप्त हो सकते हैं, जब कि वर्गमूलों में से बड़ी राशि के साथ छोटी (वर्गमूल राशि) के संबंध में सक्रमण क्रिया की जावे ॥१२७½॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी आयतक्षेत्र के संबध में क्षेत्रफलका माप ६० है, और कर्ण का माप १३ है। मैं तुमसे लम्ब भुजा और आधार के मापों को सुनने का इच्छुक हूँ ॥१२८½॥

जब आयत क्षेत्र के क्षेत्रफल का तथा परिमिति का सख्यात्मक माप दिया गया हो, तब उस आकृति के सबध में आधार और लम्ब भुजा के संख्यात्मक मानों को प्राप्त करने के लिये नियम—

परिमिति की अर्द्धराशि के वर्ग में से ४ द्वारा गुणित क्षेत्रफल का माप घटाया जाता है। तब इस परिणामी अतर के वर्गमूल के साथ परिमिति की अर्द्धराशि के सम्बन्ध में सक्रमण क्रिया करने से इष्ट आधार और लंबभुजा सचमुच में प्राप्त होती है। ॥१२९½॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी प्राप्त आयत क्षेत्र में परिमिति का माप १७० है। दिये गये क्षेत्र का माप १५०० है। लब भुजा और आधार के मानों को बतलाओ ॥१३०½॥

(१२७½) गाथा १२५½ वीं के नोट के समान ही प्रतीक लेकर यहाँ दिया गया नियम निम्नलिखित रूप में निरूपित होता है—दशानुसार

$$\left\{\sqrt{(\sqrt{अ^2+ब^2})^2+2\,अ\,ब} \pm \sqrt{(\sqrt{अ^2+ब^2})^2-2\,अ\,ब}\right\} \div 2 = अ \text{ अथवा } ब$$

(१२९½) यहाँ भी, $\left\{\frac{2\,अ+2\,ब}{2} \pm \sqrt{\left(\frac{2\,अ+2\,ब}{2}\right)^2 - 4\,अ\,ब}\right\} \div 2 = अ$ अथवा ब, जैसी दशा हो।

आयतचतुरश्रक्षेत्रद्वये रज्जुसंख्यायां सदृशायां सत्यां द्वितीयक्षेत्रफलात् प्रथमक्षेत्रफले द्विगुणिते सति अथवा क्षेत्रद्वयेऽपि क्षेत्रफले सदृशे सति प्रथमक्षेत्रस्य रज्जुसंख्याया अपि द्वितीयक्षेत्ररज्जुसंख्यायां द्विगुणायां सत्याम्, अथवा क्षेत्रद्वये प्रथमक्षेत्ररज्जुसंख्याया अपि द्वितीयक्षेत्रस्य रज्जुसंख्यायां द्विगुणायां सत्यां द्वितीयक्षेत्रफलादपि प्रथमक्षेत्रफले द्विगुणे सति, तत्क्षेत्रद्वयस्यानयनसूत्रम्—

स्वास्पहृतरज्जुघनहृतफलविनिघ्नैव कोटिः स्यात्।
व्येका दोस्तुल्यफलेऽन्यत्राधिकगणितगुणितेष्टम् ॥ १२१½ ॥
व्येकं तदूनकोटिः द्विगुणा दोः स्यात्तथान्यस्य।
रज्ज्वर्धवर्गराशेरिति पूर्वोक्तेन सूत्रेण।
तद्गणितरज्जुमितितः समानयेत्तद्भुजाकोटी ॥ १२३ ॥

इष्ट आयत क्षेत्रों के क्रमिक युग्मों को प्राप्त करने के लिये नियम (१) जब कि परिमिति के संख्यात्मक माप बराबर हैं और प्रथम आकृति का क्षेत्रफल दूसरे के क्षेत्रफल से दुगुना है; अथवा (२) जब कि दोनों आकृतियों के क्षेत्रफल बराबर हैं और दूसरी आकृति की परिमिति का संख्यात्मक माप प्रथम आकृति की परिमिति से दुगना है अथवा (३) जब कि दो क्षेत्रों के संबंध में दूसरी आकृति की परिमिति का संख्यात्मक माप, प्रथम आकृति की परिमिति से दुगुना है और प्रथम आकृति का क्षेत्रफल दूसरी आकृति के क्षेत्रफल से दुगुना है—

दो इष्ट आयत क्षेत्रों संबंधी परिमितियों तथा क्षेत्रफलों की दी गई निष्पत्तियों में बड़ी संख्याओं को उनकी संवादी छोटी संख्याओं द्वारा भाजित किया जाता है। परिणामी भजनफलों को एक दूसरे से परस्पर गुणित कर भाजित किया जाता है। यही राशि जब दिये गये मन से चुने गुणकार (multiplier) द्वारा गुणित की जाती है तब लंबभुजा का माप उत्पन्न होता है। और उस दशा में जब कि दो इष्ट आकृतियों के क्षेत्रफल बराबर हों यह लंब भुजा का माप एक द्वारा ह्रासित होकर आधार का माप बन जाता है। परंतु दूसरी दशा में जब कि इष्ट आकृतियों के क्षेत्रफल बराबर नहीं होते तब बड़ी निष्पत्ति संख्या जो क्षेत्रफलों से संबंधित होती है दिये गये मन से चुने गुणकार द्वारा गुणित की जाती है और परिणामी गुणनफल १ द्वारा ह्रासित किया जाता है। ऊपर प्राप्त लंब भुजा इस परिणामी राशि द्वारा ह्रासित की जाती है और तब २ द्वारा गुणित की जाती है। इस प्रकार आधार का माप प्राप्त होता है। तत्पश्चात् दो इष्ट चतुर्भुज क्षेत्रों में से दूसरे चतुर्भुज के माप को प्राप्त करने के लिए ज्ञात क्षेत्रफल और परिमिति की सहायता से गाथा ११९½ में दिये गये नियमानुसार उसका आधार तथा लंब निकालना पड़ता है ॥१२१½–१२३॥

(१२१½–१२३) यदि प्रथम आयत की दो आसन्न भुजाएँ क और ख हों, तथा दूसरे आयत की दो आसन्न भुजाएँ अ और ब हों, तो इस नियम में दी गई तीन प्रकार की समस्याओं में कथित दशाओं को इस प्रकार से प्ररूपित किया जा सकता है—

(१) क + ख = अ + ब　क ख = २ अ ब

(२) २ (क + ख) = अ + ब, क ख = अ ब

(३) २ (क + ख) = अ + ब, क ख = 　अ ब

इस नियम में दिया गया हल श्लोक ११४–११६ गाथाओं में दिये गये प्रश्नों की विशेष दशाओं के लिये ही उपयुक्त दिखाई देता है।

अत्रोद्देशकः

असमव्यासायामक्षेत्रे द्वे द्वावथेष्टगुणकारः ।
प्रथमं गणितं द्विगुण रज्जू तुल्ये किमत्र कोटिभुजे ॥ १३४ ॥
आयतचतुरश्रे द्वे क्षेत्रे द्वयमेवगुणकारः । गणित सदृशं रज्जुर्द्विगुणा प्रथमात् द्वितीययस्य ॥१३५॥
आयतचतुरश्रे द्वे क्षेत्रे प्रथमस्य धनमिह द्विगुणम् ।
द्विगुणा द्वितीयरज्जुस्तयोर्भुजां कोटिमपि कथय ॥ १३६ ॥

द्विसमत्रिभुजक्षेत्रयोः परस्पररज्जुधनसमानसंख्ययोरिष्टगुणकगुणितरज्जुधनवतोर्वा द्विसमत्रिभुजक्षेत्रद्वयानयनसूत्रम्—
रज्जुकृतिघ्नान्योन्यधनाल्पाप्तं षड्द्विघ्नमल्पमेकोनम् ।
तच्छेषं द्विगुणाल्पं बीजे तज्जन्ययोर्भुजादयः प्राग्वत् ॥ १३७ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

दो चतुर्भुज क्षेत्र हैं जिनमे से प्रत्येक असमान लंबाई और चौड़ाई वाला है। दिया गया गुणकार २ है। प्रथम क्षेत्र का क्षेत्रफल दूसरे के क्षेत्रफल से दुगुना है, और दोनों में परिमितियाँ बराबर हैं। इस प्रश्न में लंब भुजाएँ और आधार क्या-क्या हैं ?॥१३४॥ दो आयत क्षेत्र हैं और दिया गया गुणकार भी २ है। उनके क्षेत्रफल बराबर हैं परंतु दूसरे क्षेत्र की परिमिति पहिले की परिमिति से दुगुनी है। उनकी लंब भुजाएँ और आधारों को निकालो ॥१३५॥ दो आयत क्षेत्र दिये गये हैं। प्रथम का क्षेत्रफल दूसरे के क्षेत्रफल से दुगुना है। दूसरी आकृति की परिमिति पहिले की परिमिति से दुगुनी है। उनके आधारो और लब भुजाओं के मानों को प्राप्त करो ॥ १३६ ॥

ऐसे समद्विबाहु त्रिभुजों के युग्म को प्राप्त करने के लिये नियम, जिनकी परिमितियाँ और क्षेत्रफल आपस में बराबर हों अथवा एक दूसरे के अपवर्त्य हो—

इष्ट समद्विबाहु त्रिभुजो की परिमितियो के निष्पत्तिरूप मानों के वर्गों में उन त्रिभुजों के क्षेत्रफल के निष्पत्तिरूप मानो द्वारा एकान्तर गुणन किया जाता है। इस प्रकार प्राप्त दो गुणनफलों में से बड़ा छोटे के द्वारा विभाजित किया जाता है। तथा अलग से दो के द्वारा भी गुणित किया जाता है। इस प्रकार प्राप्त गुणनफलों मे से छोटा गुणनफल १ के द्वारा ह्रासित किया जाता है। बड़ा गुणनफल और ह्रासित छोटा गुणनफल ऐसे आयतक्षेत्र के सबध में दो बीजों की संरचना करते हैं, जिनसे इष्ट त्रिभुजों में से एक प्राप्त किया जाता है। उपर्युक्त इन दो बीजों के अतर और इन बीजों में छोटे की दुगुनी राशि : ये दोनों ऐसे आयत क्षेत्र के सबंध में बीजो की सरचना करते हैं, जिनसे दूसरा इष्ट त्रिभुज प्राप्त किया जाता है। अपने क्रमवार बीजों की सहायता से बनी हुई दो आयताकार आकृतियों में से, इष्ट त्रिभुजो संबंधी भुजाएँ और अन्य बातें ऊपर समझाये अनुसार प्राप्त की जाती हैं ॥१३७॥

---

(१३७) दो समद्विबाहु त्रिभुजों की परिमितियों की निष्पत्ति अ : ब हो, और उनके क्षेत्रफलों की निष्पत्ति स : द हो, तब नियमानुसार, $\frac{६ब^{२} स}{अ^{२} द}$ और $\frac{२ब^{२} स}{अ^{२} द} - १$ तथा $\frac{४ब^{२} स}{अ^{२} द} + १$ और $\frac{४ब^{२} स}{अ^{२} द} - २$, ये बीजों के दो कुलक (sets) हैं, जिनकी सहायता से दो समद्विबाहु त्रिभुजों के विभिन्न

अत्रोद्देशकः

द्विसमत्रिभुजक्षेत्रद्वयं तयोः क्षेत्रयोः समं गणितम् ।
रज्जू समे तयोः स्यात् को बाहुः का भवेद्भूमिः ॥ १३८ ॥
द्विसमत्रिभुजक्षेत्रे प्रथमस्य धनं द्विसंगुणितम् ।
रज्जुः समा द्वयोरपि को बाहुः का भवेद्भूमिः ॥ १३९ ॥
द्विसमत्रिभुजक्षेत्रे द्वे रज्जुर्द्विगुणिता द्वितीयस्य ।
गणिते द्वयोः समाने को बाहुः का भवेद्भूमिः ॥ १४० ॥
द्विसमत्रिभुजक्षेत्रे प्रथमस्य धनं द्विसंगुणितम् ।
द्विगुणा द्वितीयरज्जुः को बाहुः का भवेद्भूमिः ॥ १४१ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

दो समद्विबाहु त्रिभुज हैं। उनका क्षेत्रफल एक सा है। उनकी परिमितियाँ भी बराबर हैं। भुजाओं और आधारों के माप क्या क्या हैं? ॥ १३८ ॥ दो समद्विबाहु त्रिभुज हैं। पहिले का क्षेत्रफल दूसरे के क्षेत्रफल से दुगुना है। उन दोनों की परिमितियाँ एक सी हैं। भुजाओं और आधारों के माप क्या क्या हैं? ॥ १३९ ॥ दो समद्विबाहु त्रिभुज हैं। दूसरे त्रिभुज की परिमिति पहिले त्रिभुज की परिमिति से दुगुनी है। उन दो त्रिभुजों के क्षेत्रफल बराबर हैं। भुजाओं और आधारों के माप क्या क्या हैं? ॥ १४० ॥ दो समद्विबाहु त्रिभुज दिये गये हैं। प्रथम त्रिभुज का क्षेत्रफल दूसरे के क्षेत्रफल से दुगुना है, और दूसरे की परिमिति पहिले की परिमिति से दुगुनी है। भुजाओं और आधारों के माप क्या क्या हैं? ॥ १४१ ॥

इष्ट राशियों को प्राप्त कर सकते हैं। इस अध्याय की १०८½ वीं गाथा के अनुसार, इन बीजों से निकाली गई भुजाओं और ऊँचाइयों के मापों को जब क्रमशः परिमितियों की निष्पत्ति में पाई जाने वाली राशियों अ और ब द्वारा गुणित करते हैं, तब दो समद्विबाहु त्रिभुजों की इष्ट भुजाओं और ऊँचाइयों के माप प्राप्त होते हैं। वे निम्नलिखित हैं—

$$(१)\ \text{बराबर भुजा} = \text{अ} \times \left\{ \left(\frac{१\text{ब}^२\text{स}}{\text{अ}^२\text{द}}\right)^२ + \left(\frac{२\text{ब}^२\text{स}}{\text{अ}^२\text{द}} - १\right)^२ \right\},$$

$$\text{आधार} = \text{अ} \times २ \times २ \times \frac{१\text{ब}^२\text{स}}{\text{अ}^२\text{द}} \times \left(\frac{२\text{ब}^२\text{स}}{\text{अ}^२\text{द}} - १\right),$$

$$\text{ऊँचाई} = \text{अ} \times \left\{ \left(\frac{१\text{ब}^२\text{स}}{\text{अ}^२\text{द}}\right)^२ - \left(\frac{२\text{ब}^२\text{स}}{\text{अ}^२\text{द}} - १\right) \right\}।$$

$$(२)\ \text{बराबर भुजा} = \text{ब} \times \left\{ \left(\frac{४\text{ब}^२\text{स}}{\text{अ}^२\text{द}} + १\right)^२ + \left(\frac{४\text{ब}^२\text{स}}{\text{अ}^२\text{द}} - २\right)^२ \right\},$$

$$\text{आधार} = \text{ब} \times २ \times २ \times \left(\frac{४\text{ब}^२\text{स}}{\text{अ}^२\text{द}} + १\right) \times \left(\frac{४\text{ब}^२\text{स}}{\text{अ}^२\text{द}} - २\right),$$

$$\text{ऊँचाई} = \text{ब} \times \left\{ \left(\frac{४\text{ब}^२\text{स}}{\text{अ}^२\text{द}} + १\right)^२ - \left(\frac{४\text{ब}^२\text{स}}{\text{अ}^२\text{द}} - २\right)^२ \right\}।$$

अब इन मानों (मानों) से सरलतापूर्वक सिद्ध किया जा सकता है कि परिमितियों की निष्पत्ति अ : ब और क्षेत्रफलों की निष्पत्ति स : द है, जैसा कि आरम्भ में ले लिया गया था।

एकद्वयादिगणनातीतसंख्यासु इष्टसंख्यामिष्टवस्तुनो भागसंख्या परिकल्प्य तदिष्टवस्तुभागसंख्यायाः सकाशात् समचतुरश्रक्षेत्रानयनस्य च समवृत्तक्षेत्रानयनस्य च समत्रिभुजक्षेत्रानयनस्य चायतचतुरश्रक्षेत्रानयनस्य च सूत्रम् —

स्वसमीकृतावधृतिहृतधनं चतुर्घ्नं हि वृत्तसमचतुरश्रव्यासः ।
षड्गुणितं त्रिभुजायतचतुरश्रभुजार्धमपि कोटि. ॥ १४२ ॥

वर्ग, अथवा समवृत्त क्षेत्र, अथवा समत्रिभुज क्षेत्र, अथवा आयत को इनमें से किसी उपयुक्त आकृति के अनुपाती भाग के संख्यात्मक मान की सहायता से प्राप्त करने के लिये नियम, जब कि १, २ आदि से प्रारम्भ होने वाली प्राकृत संख्याओं में से कोई मन से चुनी हुई संख्या द्वारा उस दी गई उपर्युक्त आकृति के अनुपाती भाग के संख्यात्मक मान को उत्पन्न कराया जाता है—

(अनुपाती भाग के) क्षेत्रफल (का दिया गया माप हस्त में) लिए गए (समुचित रूप से) अनुरूपित (similarised) माप द्वारा भाजित किया जाता है। इस प्रकार प्राप्त भजनफल यदि ४ के द्वारा गुणित किया जाय, तो वर्ग तथा वृत्त की भी चौड़ाई का माप उत्पन्न होता है। वही भजनफल, यदि ६ द्वारा गुणित किया जाय, तो समत्रिभुज तथा आयत क्षेत्र के आधार का माप भी उत्पन्न होता है। इसकी अर्द्धराशि आयत क्षेत्र की लंब भुजा का माप होती है ॥१४२॥

---

(१४२) इस नियम के अन्तर्गत दिये गये प्रश्नों के प्रकार में, वृत्त, या वर्ग, या समद्विबाहु त्रिभुज, या आयत मन चाहे समान भागों में विभाजित किया जाता है। प्रत्येक भाग, एक ओर परिमिति के किसी विशिष्ट भाग द्वारा सीमित होता है। जो अनुपात परिमिति के उस विशिष्ट भाग और पूरी परिमिति में होता है वही अनुपात उस सीमित भाग और आकृति के पूर्ण क्षेत्रफल में रहना चाहिए। वृत्त के संबंध में प्रत्येक खंड, द्वैत्रिज्य (sector) होता है; वर्गाकार आकृति होने पर और आयताकार आकृति होने पर वह भाग आयताकार होता है, तथा समत्रिभुज आकृति होने पर वह त्रिभुज होता है। प्रत्येक भाग का क्षेत्रफल और मूल परिमिति की लम्बाई दोनों दत्त महत्ता की होती हैं। यह गाथा, वृत्त के व्यास, वर्ग की भुजाओं, अथवा समत्रिभुज या आयत की भुजाओं का माप निकालने के लिये नियम का कथन करती है। यदि प्रत्येक भाग का क्षेत्रफल 'म' हो और संपूर्ण परिमिति की लम्बाई का कोई भाग 'न' हो तो नियम में दिये गये सूत्र ये हैं—

$\frac{\text{म}}{\text{न}} \times ४$ = वृत्त का व्यास, अथवा वर्ग की भुजा,

और $\frac{\text{म}}{\text{न}} \times ६$ = समत्रिभुज या आयत की भुजा,

और $\frac{\text{म}}{\text{न}} \times ६$ का अर्द्धभाग = आयत की लंब भुजा की लम्बाई।

अगले पृष्ठ पर दिये गये समीकारों से मूल आधार स्पष्ट हो जावेगा, जहाँ प्रत्येक आकृति के विभाजित खंडों की संख्या 'क' है। वृत्त की त्रिज्या अथवा अन्य आकृति संबंधी भुजा 'अ' है, और आयत की लंब भुजा 'ब' है।

अत्रोद्देशकः

स्वान्तःपुरे नरेन्द्रः प्रासादतले निजाङ्गनामध्ये ।
दिव्यं स रत्नकम्बलमपीपतत्तच्च समवृत्तम् ॥ १४३ ॥
ताभिर्देवीभिर्धृतमेभिर्भुजयोश्च मुष्टिभिर्लग्नम् ।
पञ्चदशैकस्याः स्युः कति वनिताः कोऽत्र विष्कम्भः ॥ १४४ ॥
समचतुरश्रभुजाः के समत्रिबाहौ भुजाश्चात्र ।
आयतचतुरश्रस्य हि चस्कोटिभुजौ सखे कथय ॥ १४५ ॥

क्षेत्रफलसंख्यां ज्ञात्वा समचतुरश्रक्षेत्रानयनस्य चायतचतुरश्रक्षेत्रानयनस्य च सूत्रम्—

सूक्ष्मगणितस्य मूलं समचतुरश्रस्य बाहुरिष्टहृतम् ।
घनमिष्टफले स्यातामायतचतुरश्रकोटिभुजौ ॥ १४६ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी राजा ने अपने अंतःपुर के प्रासाद में अपनी रानियों के बीच में ऊपर से फर्श पर समवृत्त आकार वाला बहुमूल्य रत्नकंबल नीचे गिराया। वह उन देवियों द्वारा हाथ में ग्रहण कर लिया गया। उनमें से प्रत्येक ने अपनी दोनों भुजाओं की मुट्ठियों में ५ मुष्ट, १५ इंच क्षेत्रफल का कंबल ग्रहण कर रखा। यहाँ बतलाओ कि इस नरेन्द्र की वनितायें कितनी हैं, और वृत्ताकार कंबल का व्यास (विष्कंभ) कितना है ? यदि वह कंबल वर्गाकार हो, तो इसकी प्रत्येक भुजा कितने माप की होगी ? यदि वह समत्रिभुजाकार हो तो उसकी भुजा कितनी होगी ? हे मित्र, मुझे बतलाओ कि यदि कंबल आयताकार हो तो उसकी लंब भुजा और आधार का माप क्या होगा ? ॥१४३–१४५॥

वर्गाकार आकृति अथवा आयताकार आकृति प्राप्त करने के लिये नियम जबकि आकृति के क्षेत्रफल का संख्यात्मक माप ज्ञात हो—

दिये गये क्षेत्रफल के सूक्ष्म माप का वर्गमूल इष्ट वर्गाकार आकृति की भुजा का माप होता है। दिये गये क्षेत्रफल को मन से चुनी हुई (केवल क्षेत्रफल के वर्गमूल को छोड़कर) कोई भी राशि द्वारा भाजित करने पर परिणामी भजनफल और यह मन से चुनी हुई राशि आयत क्षेत्र के संबंध में क्रमशः आधार और लंब भुजा की रचना करती है ॥१४६॥

वृत्त की दशा में, $\frac{क \times म}{क \times न} = \frac{\pi अ^2}{2\pi अ}$, जहाँ $\pi = \frac{परिधि}{व्यास}$;

वर्ग की दशा में $\frac{क \times म}{क \times न} = \frac{अ}{4अ}$;

समत्रिभुज की दशा में $\frac{क \times म}{क \times न} = \frac{अ^2/2}{3अ}$

आयत की दशा में $\frac{क \times म}{क \times न} = \frac{अ \times ब}{2(अ+ब)}$ जहाँ $ब = \frac{अ}{2}$ लिया गया है।

अध्याय की ७ वीं गाथा में दिये गये नियम के अनुसार समत्रिभुज के क्षेत्रफल का व्यावहारिक मान यहाँ उपयोग में लाया गया है। अन्यथा, इस नियम में दिया गया प्रश्न ठीक सिद्ध नहीं होता।

(१४३–१४५) इस प्रश्न में मुट्ठीभर का अर्थ चार अंगुल प्रमाण होता है।

अत्रोद्देशकः

कस्य हि समचतुरश्रक्षेत्रस्य फलं चतुष्षष्टिः।
फलमायतस्य सूक्ष्मं षष्टि के वात्र कोटिभुजे॥ १४७॥

इष्टद्विसमचतुरश्रक्षेत्रस्य सूक्ष्मफलसंख्यां ज्ञात्वा, इष्टसंख्यां गुणकं परिकल्प्य, इष्टसंख्याङ्कबीजाभ्यां जन्यायतचतुरश्रक्षेत्रं परिकल्प्य, तदिष्टद्विसमचतुरश्रक्षेत्रफलवदिष्टद्विसमचतुरश्रानयनसूत्रम्—

तद्धनगुणितेष्टकृतिर्जन्यधनोना भुजाहृता मुखं कोटिः।
द्विगुणा समुखा भूर्लम्बः कर्णौ भुजे तदिष्टहृता॥ १४८॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

६४ क्षेत्रफल वाली वर्गाकार आकृति वास्तव में कौन सी है? आयत क्षेत्र के क्षेत्रफल का शुद्ध मान ६० है। बतलाओ कि यहाँ लंब भुजा और आधार के मान क्या क्या हैं? ॥१४७॥

दो बराबर भुजाओं वाले ऐसे चतुर्भुज क्षेत्र को प्राप्त करने के लिये नियम, जिसे बीजों की सहायता से आयत क्षेत्र को प्राप्त करने पर और साथ ही किसी दी हुई संख्या को इष्ट गुणकार की तरह उपयोग में लाकर प्राप्त करते हैं, तथा जब (दो बराबर भुजाओंवाले) ऐसे चतुर्भुज क्षेत्र के क्षेत्रफल के बराबर ज्ञात सूक्ष्म क्षेत्रफल वाले चतुर्भुज का क्षेत्रफल होता है—

दिये गये गुणकार का वर्ग दिये गये क्षेत्रफल द्वारा गुणित किया जाता है। परिणामी गुणनफल, दिये गये बीजों से प्राप्त आयत के क्षेत्रफल द्वारा ह्रासित किया जाता है। शेषफल जब इस आयत के आधार द्वारा भाजित किया जाता है, तब ऊपरी भुजा का माप उत्पन्न होता है। प्राप्त आयत की लंब भुजा का मान, जब २ द्वारा गुणित होकर (पहिले ही) प्राप्त ऊपरी भुजा के मान में जोड़ा जाता है, तब आधार का मान उत्पन्न होता है। इस आयत क्षेत्र के आधार का मान ऊपरी भुजा के अंतरों से आधार पर गिराये गये लंब के समान होता है, तथा व्युत्पादित आयत क्षेत्र के कर्णों का मान भुजाओं के मान के समान होता है। इस प्रकार प्राप्त दो समान भुजाओं वाले चतुर्भुज के ये तत्त्व दिये गये गुणकार द्वारा भाजित किये जाते हैं, ताकि दो समान भुजाओं वाला इष्ट चतुर्भुज प्राप्त हो ॥१४८॥

---

(१४८) यहाँ दिये गये क्षेत्रफल और दो बराबर भुजाओं वाले चतुर्भुज की रचना संबंधी प्रश्न का विवेचन किया गया है। इस हेतु मन से कोई संख्या चुनी जाती है। दो बीजों का एक कुलक (set) भी दिया गया रहता है। इस नियम में वर्णित रीति दूसरी गाथा में दिये गये प्रश्न में प्रयुक्त करने पर स्पष्ट हो जावेगी। उल्लिखित बीज यहाँ २ और ३ हैं। दिया गया क्षेत्रफल ७ है, तथा मन से चुनी हुई संख्या ३ है।

अन्योद्देशक

सूक्ष्मघनं सप्तेष्टं त्रिघ्नं हि बीजे द्विके त्रिके दृष्टे ।
द्विसमचतुरश्रबाहुं मुखभूम्यवलम्बकान् ब्रूहि ॥ १४९ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

दिये गये क्षेत्रफल का ठीक माप ७ है, मन से चुना हुआ गुणकार ३ है, और दत्त बीज २ और ३ हैं। दो बराबर भुजाओं वाले चतुर्भुज क्षेत्र की बराबर भुजाओं, ऊपरी भुजा, आधार और लंब के मापों को प्राप्त करो ॥१४९॥

नोट—आकृतियों के माप अनुमाप (scale) रहित हैं।

सबसे पहिले इस अध्याय की १० ½ वीं गाथानुसार दिये गये बीजों की सहायता से आयत की रचना करते हैं। उस आयत की छोटी भुजा का माप ५ और बड़ी भुजा का माप १२ तथा कर्ण का माप १३ होता है। उसका क्षेत्रफल मान में ६० होता है। अब इस प्रश्न में दिये गये क्षेत्रफल को प्रश्न में दी गई मन से चुनी हुई संख्या के वर्ग द्वारा गुणित करते हैं, जिससे हमें $७ \times ३^२ = ६३$ प्राप्त होता है। इस ६३ में से हमें दिये गये बीजों से संबंधित आयत का क्षेत्रफल ६० घटाना पड़ता है, जिससे ३ शेष प्राप्त होता है। ३ क्षेत्रफल वाला एक आयत बनाना पड़ता है, जिसकी एक भुजा बीजों से प्राप्त आयत की बड़ी भुजा के बराबर होती है। यह बड़ी भुजा माप में १२ है, इसलिये इस आयत की छोटी भुजा आकृति में दिखलाये अनुसार ½ माप की होती है। बीजों से प्राप्त आयत के दो भाग कर्ण द्वारा प्राप्त करते हैं, जो दो त्रिभुज होते हैं। इन दो त्रिभुजों को, आकृति में दिखाये अनुसार, ½ × १२ क्षेत्रफल वाले आयत के दोनों ओर जमाते हैं, ताकि लंबी भुजाएँ संपाती हों।

इस प्रकार अंत में हमें दो बराबर १३ मापवाली भुजाओं का चतुर्भुज प्राप्त होता है, जिसकी ऊपरी भुजा ½ और आधार १० ½ होता है। इसकी सहायता से प्रश्न में इस चतुर्भुज की भुजाओं के माप मन से चुनी हुई संख्या ३ द्वारा, भुजाओं के माप १३, ½ १३ और १० ½ को भाजित कर, प्राप्त कर सकते हैं।

इष्टसूक्ष्मगणितफलवत्त्रिसमचतुरश्रक्षेत्रानयनसूत्रम्—

इष्टधनभक्तधनकृतिरिष्टयुतार्धं भुजा द्विगुणितेष्टम् ।
विभुजं मुखमिष्टाप्तं गणितं ह्यवलम्बकं त्रिसमजन्ये ॥ १५० ॥

अत्रोद्देशकः

कस्यापि क्षेत्रस्य त्रिसमचतुर्बाहुकस्य सूक्ष्मधनम् ।
षण्णवतिरिष्टमष्टौ भूबाहुमुखावलम्बकानि वद ॥ १५१ ॥

तीन बराबर भुजाओं वाले ज्ञात क्षेत्रफल के चतुर्भुज क्षेत्र को प्राप्त करने के लिये नियम जब कि गुणक (multiplier) दिया गया हो—

दिये गये क्षेत्रफल के वर्ग को दिये गये गुणक के घन द्वारा भाजित किया जाता है। तब दिये गये गुणकार को परिणामी भजनफल में जोड़ा जाता है। इस प्रकार प्राप्त योग की अर्द्धराशि बराबर भुजाओं में से किसी एक का माप देती है। दिया गया गुणक २ से गुणित होकर, और तब प्राप्त बराबर भुजा (जो अभी प्राप्त हुई है ऐसी समान भुजा) द्वारा ह्रासित होकर, ऊपरी भुजा का माप देता है। दिया गया क्षेत्रफल दिये गये गुणक द्वारा भाजित होकर, तीन बराबर भुजाओं वाले इष्ट चतुर्भुज क्षेत्र के संबंध में ऊपरी भुजा के अंतों से आधार पर गिराये गये समान लंबों में से किसी एक का मान देता है ॥१५०॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी ३ बराबर भुजाओं वाले चतुर्भुज क्षेत्र के संबंध में क्षेत्रफल का शुद्ध मान ९६ है। दिया गया गुणक ८ है। आधार, भुजाओं, ऊपरी भुजा और लंब के मापों को बतलाओ ॥ १५१ ॥

---

(१५०) नियम में कथन है कि दिये गये क्षेत्रफल को मन से चुनी हुई दत्त संख्या द्वारा भाजित करने पर इष्ट आकृति संबंधी लंब प्राप्त होता है। क्षेत्रफल का मान, आधार और ऊपरी भुजा के योग की अर्द्धराशि तथा लंब के गुणनफल के बराबर होता है। इसलिये दी गई चुनी हुई संख्या ऊपरी भुजा और आधार के योग की अर्द्धराशि का निरूपण करती है। यदि अ ब स द तीन बराबर भुजाओं वाला चतुर्भुज है, और स इ, स से अ द पर गिराया गया लंब है, तो अ इ, अ द और ब स के योग की आधी होती है, और दी गई चुनी हुई संख्या के बराबर होती है। यह सरलता पूर्वक दिखाया जा सकता है कि $२ अ द \times अ इ = (स इ)^२ + (अ इ)^२$ ।

$$\therefore अ द = \frac{(स इ)^२ + (अ इ)^२}{२ अ इ} = \frac{(स इ)^२}{२ अ इ} + \frac{अ इ}{२} = \frac{\frac{(स इ^२ \times अ इ^२)}{(अ इ^३)} + अ इ}{२}$$

$$= \frac{\frac{(स इ \times अ इ)^२}{(अ इ)^३} + अ इ}{२}$$

यहाँ स इ × अ इ = चतुर्भुज का दिया गया क्षेत्रफल है। यह अंतिम सूत्र, प्रश्न में तीन बराबर भुजाओं वाले चतुर्भुज की कोई भी एक बराबर भुजा का मान निकालने के लिये दिया गया है।

सूक्ष्मफलसंख्यां ज्ञात्वा चतुर्भिरिष्टच्छेदैश्च विषमचतुरश्रक्षेत्रस्य मुखभूभुजाप्रमाणसंख्यानयनसूत्रम्—
घनफलविरिष्टच्छेदैश्चतुर्भिराप्तैव लब्धानाम् ।
युतिदलचतुष्टयं तैरूना विषमाख्यचतुरश्रभुजसंख्या ॥ १५२ ॥

अत्रोद्देशकः

नवतिर्हि सूक्ष्मगणितं छेदाः पञ्चैव नवगुणः ।
षण्णवतिर्विंशतिरन्यकृतिरिह क्रमाद्विषमचतुरश्रे ॥
मुखभूमिभुजासंख्या विगणय्य ममाशु संकथय ॥ १५३½ ॥

---

१५२. दिये गये भाजकों की सहायता से, जब कि इष्ट चतुर्भुज क्षेत्र का क्षेत्रफल ज्ञात है, विषम चतुर्भुज क्षेत्र के संबंध में ऊपरी भुजा, आधार और अन्य भुजाओं के संख्यात्मक मान निकालने के लिये नियम—

दिया गया क्षेत्रफल का वर्ग अलग अलग चार दिये गये भाजकों द्वारा भाजित किया जाता है और चार परिणामी भजनफलों को अलग-अलग किया जाता है। इन भजनफलों के योग की अर्द्धराशि को चार स्थानों में लिखा जाता है, और क्रम से ऊपर लिखे हुए भजनफलों द्वारा क्रमशः ह्रासित किया जाता है। इस प्रकार प्राप्त शेष, विषम चतुर्भुज की असमान नामक भुजाओं के संख्यात्मक मान को उत्पन्न करते हैं॥ १५२॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

विषम चतुर्भुज के संबंध में क्षेत्रफल का शुद्ध माप ९ है। ५ को क्रमशः ९ १, १४, २ और १९ द्वारा गुणित करने पर चार दिये गये भाजकों की उत्पत्ति होती है। गणना के पश्चात् ऊपरी भुजा, आधार और अन्य भुजाओं के संख्यात्मक मानों को शीघ्र बतलाओ॥ १५३ १५३½॥

---

(१५२) असमान भुजाओं वाले चतुर्भुज क्षेत्र का क्षेत्रफल पहिले ही बताया जा चुका है :
$\sqrt{स(स-अ)(स-ब)(स-स)(स-द)}$ = चतुर्भुज का क्षेत्रफल, जहाँ स = परिमिति की अर्द्धराशि है, और अ, ब, स और द भुजाओं के माप हैं (इसी अध्याय की ५० वीं गाथा देखिये)। इस नियम के अनुसार क्षेत्रफल के मान को वर्गित कर और तब चार मन से चुने हुए भाजकों द्वारा अलग-अलग भाजित करते हैं। यदि (स − अ) (स − ब) (स − स) (स − द) को ऐसे चार उपयुक्त चुने हुए भाजकों द्वारा भाजित किया जाय कि स − अ, स − ब स − स और स − द भजनफल प्राप्त हों, तो इन भजनफलों को जोड़कर और उनके योग को आधा करने पर स प्राप्त होता है। यदि स को क्रम से स − अ, स − ब, स − स और स − द ह्रासित किया जाय, तो शेष क्रमशः विषम चतुर्भुज की भुजाओं के मानों की प्ररूपणा करते हैं।

सूक्ष्मगणितफलं ज्ञात्वा तत्सूक्ष्मगणितफलवत्समत्रिबाहुक्षेत्रस्य बाहुसंख्यानयनसूत्रम्—

गणितं तु चतुर्गुणितं वर्गीकृत्वा[1] भजेत् त्रिभिर्लब्धम्।
त्रिभुजस्य क्षेत्रस्य च समस्य बाहोः कृतेर्वर्गम्॥ १५४½ ॥

अत्रोद्देशकः

कस्यापि समत्र्यश्रक्षेत्रस्य च गणितमुद्दिष्टम्।
रूपाणि त्रीण्येव ब्रूहि प्रगणय्य मे बाहुम्॥ १५५½ ॥

सूक्ष्मगणितफलसंख्यां ज्ञात्वा तत्सूक्ष्मगणितफलवद्द्विसमत्रिबाहुक्षेत्रस्य भुजभूम्यवलम्बकसंख्यानयनसूत्रम्—

इच्छाप्तधनेच्छाकृतियुतिमूलं दोः क्षितिर्द्विगुणितेच्छा।
इच्छाप्तधनं लम्बः क्षेत्रे द्विसमत्रिबाहुजन्ये स्यात्॥ १५६½ ॥

---

1. वर्गीकृत्वा के स्थान में वर्गीकृत्य होना चाहिए, पर इस रूप में वह छंद के उपयुक्त नहीं होता है।

सूक्ष्म रूप से ज्ञात क्षेत्रफल वाले समभुज त्रिभुज की भुजाओं के संख्यात्मक मानों को निकालने के लिये नियम—

दिये गये क्षेत्रफल की चौगुनी राशि वर्गित की जाती है। परिणामी राशि ३ द्वारा भाजित की जाती है। इस प्रकार प्राप्त भजनफल समत्रिभुज की किसी एक भुजा के मान के वर्ग का वर्ग होता है॥ १५४½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी समत्रिबाहु त्रिभुज के संबंध में दिया गया क्षेत्रफल केवल ३ है। उसकी भुजा का माप गणना कर बतलाओ॥ १५५½ ॥

किसी दिये गये क्षेत्रफल के शुद्ध सख्यात्मक माप को ज्ञात कर, उसी शुद्ध क्षेत्रफल की त्रिभुजाकार आकृति की भुजाओं, आधार और लंब को निकालने के लिये नियम—

इस प्रकार से रचित होने वाले समद्विबाहु त्रिभुज के सबंध में, दिये गये क्षेत्रफल को मन से चुनी हुई राशि द्वारा भाजित करने से प्राप्त भजनफल के वर्ग में, मन से चुनी हुई राशि के वर्ग को जोड़ते हैं। योग का जब वर्गमूल निकाला जाता है, तब भुजा का मान उत्पन्न होता है, चुनी हुई राशि की दुगनी राशि आधार का माप देती है, और मन से चुनी हुई राशि द्वारा भाजित क्षेत्रफल लंब का माप उत्पन्न करता है॥ १५६½ ॥

(१५४½) समत्रिभुज के क्षेत्रफल के लिये सूत्र यह है : क्षेत्रफल $= अ^2\sqrt{\frac{३}{४}}$, जहाँ भुजा का माप अ है। इसके द्वारा यहाँ दिया गया नियम प्राप्त किया जा सकता है।

(१५६½) इस प्रकार के दिये गये प्रश्नों में समद्विबाहु त्रिभुज के क्षेत्रफल की अर्हा (मान) और मन से चुने हुए आधार की आधी राशि दी गई रहती हैं। इन ज्ञात राशियों से लंब और भुजा के माप सरलतापूर्वक प्राप्त किये जा सकते हैं।

अत्रोद्देशकः

कस्यापि क्षेत्रस्य द्विसमत्रिभुजस्य सूक्ष्मगणितमिना।
प्रीणीच्छा कथय सखे भुजभूम्यवलम्बकानाशु ॥ १५७½ ॥

सूक्ष्मगणितफलसंख्यां ज्ञात्वा तत्सूक्ष्मगणितफलवद्विषमत्रिभुजानयनस्य सूत्रम्—
अष्टगुणितेष्टकृतियुतघनमिष्टपदहृदिष्टार्धेम्।
मूः स्यादूनं द्विपदाहृतेष्टवर्गो भुजे च संक्रमणम् ॥ १५८½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी समद्विबाहु त्रिभुज के संबंध में क्षेत्रफल का सूक्ष्म माप १२ है। मन से चुनी हुई राशि १ है। हे मित्र भुजाओं आधार और लंब के मानों को शीघ्र बतलाओ ॥ १५७½ ॥

विषम भुजाओं वाले तथा दत्त सूक्ष्म माप के क्षेत्रफल वाले त्रिभुज क्षेत्र को प्राप्त करने के लिये नियम—

दिया गया क्षेत्रफल ८ द्वारा गुणित किया जाता है और परिणामी गुणनफल में मन से चुनी हुई राशि की वर्गित राशि जोड़ी जाती है। इस प्रकार प्राप्त परिणामी योग के वर्गमूल को प्राप्त करते हैं। इस वर्गमूल का घन, मन से चुनी हुई संख्या तथा ऊपर प्राप्त वर्गमूल द्वारा भाजित किया जाता है। मन से चुनी हुई राशि की आधी राशि इष्ट त्रिभुज के आधार का माप होती है। पिछली क्रिया में प्राप्त भजनफल इस आधार के माप द्वारा ह्रासित किया जाता है। परिणामी राशि को उपर्युक्त वर्गमूल तथा २ द्वारा यथा भाजित (मन से चुनी हुई राशि के) वर्ग के संबंध में संक्रमण किया करने के उपयोग में लाते हैं। इस प्रकार भुजाओं के मान प्राप्त होते हैं ॥ १५८½ ॥

(१५८½) यदि त्रिभुजका क्षेत्रफल क हो, और द मन से चुनी हुई संख्या हो, तो इस नियम के अनुसार इष्ट मानों को निम्न प्रकार प्राप्त करते हैं—

$$\frac{द}{२} = \text{आधार; और } \frac{(\sqrt{८क+द^{२}})^{३}}{द\sqrt{८क+द^{२}}} - \frac{द}{२} \pm \frac{द^{२}}{\sqrt{८क+द^{२}}} = २ \text{ (भुजाएँ)।}$$

जब किसी त्रिभुज का क्षेत्रफल और आधार दिये गये रहते हैं, तब शीर्ष का बिन्दुपथ आधार के समानान्तर रेखा होती है, और भुजाओं के मानों के अनेक कुलक (sets) हो सकते हैं। भुजाओं के किसी विशिष्ट कुलक के मानों को प्राप्त करने के लिए, यहाँ स्पष्टता कल्पना कर ली गई है कि दो भुजाओं का योग आधार और दुगुनी ऊँचाई के योग के तुल्य होता है अर्थात् $\frac{द}{२}+२\,\frac{क}{द+४}$ होता है। इस कल्पना से इस अध्याय की ५० वीं गाथा में दिये गये साधारण सूत्र {किसी त्रिभुज का क्षेत्रफल $=\sqrt{स(स-अ)(स-ब)(स-स)}$}, से भुजाओं के माप के लिये ऊपर दिया गया सूत्र प्राप्त किया जा सकता है।

अत्रोद्देशकः

कस्यापि विषमबाहोस्त्र्यश्रक्षेत्रस्य सूक्ष्मगणितमिदम् ।
द्वे रूपे निर्दिष्टे त्रीणीष्टं भूमिबाहवः के स्युः ॥ १५९½ ॥

पुनरपि सूक्ष्मगणितफलसंख्यां ज्ञात्वा तत्फलवद्विषमत्रिभुजानयनसूत्रम्—

स्वाष्टहतात्सेष्टकृतेः कृतिमूलं चेष्टमितरदितरहृतम् ।
ज्येष्ठ स्वाल्पार्धोन स्वल्पार्धं तत्पदेन चेष्टेन ॥ १६०½ ॥
क्रमशो हत्वा च तयोः संक्रमणे भूभुजौ भवतः ।
इष्टार्धमितरदोः स्याद्विषमत्रैकोणके क्षेत्रे ॥ १६१½ ॥

अत्रोद्देशकः

द्वे रूपे सूक्ष्मफलं विषमत्रिभुजस्य रूपाणि ।
त्रीणीष्टं भूदोषौ कथय सखे गणिततत्त्वज्ञ ॥ १६२½ ॥

सूक्ष्मगणितफलं ज्ञात्वा तत्सूक्ष्मगणितफलवत्समवृत्तक्षेत्रानयनसूत्रम्—

गणितं चतुरभ्यस्तं दशपदभक्तं पदे भवेद्व्यासः ।
सूक्ष्मं समवृत्तस्य क्षेत्रस्य च पूर्ववत्फलं परिधि ॥ १६३½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी असमान भुजाओं वाली त्रिभुजाकार आकृति के सबंध में यह बतलाया गया है कि शुद्ध क्षेत्रफल का माप २ है, और मन से चुनी हुई राशि ३ है। आधार का मान तथा भुजाओं का मान क्या है ? ॥ १५९½ ॥

पुन , विषम भुजाओं वाले तथा दत्त शुद्ध माप क्षेत्रफल वाले त्रिभुज क्षेत्र को प्राप्त करने के लिये दूसरा नियम—

दिये गये क्षेत्रफल के माप मे ८ का गुणा कर, और तब इसमें मन से चुनी हुई राशि के वर्ग को जोड़कर, प्राप्त योगफल का वर्गमूल प्राप्त किया जाता है। यह और मन से चुनी हुई राशि एक दूसरे के द्वारा भाजित की जाती हैं। इन भजनफलों में से बड़ा, छोटे भजनफल की अर्द्धराशि द्वारा ह्रासित किया जाता है। इस प्रकार प्राप्त शेष राशि और यह छोटे भजनफल की अर्द्धराशि क्रमश ऊपर लिखित वर्गमूल और मन से चुनी हुई सख्या द्वारा गुणित की जाती हैं। इस प्रकार प्राप्त गुणनफलों के सबध में सक्रमण क्रिया करने पर आधार और भुजाओं में से किसी एक का मान प्राप्त होता है। मन से चुनी हुई राशि की आधी राशि विषम त्रिभुज की दूसरी भुजा की अर्हा होती है ॥ १६०-१६१½॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

विषम त्रिभुज के सबध में क्षेत्रफल का शुद्ध माप २ है। हे गणितज्ञ सखे, आधार तथा भुजाओ के माप बतलाओ ॥ १६२½ ॥

दत्त सूक्ष्म क्षेत्रफल वाले, किसी समवृत्त क्षेत्र को प्राप्त करने के लिये नियम—

सूक्ष्म क्षेत्रफल का माप ४ द्वारा गुणित कर, १० के वर्गमूल द्वारा भाजित किया जाता है। इस प्रकार परिणामी भजनफल के वर्गमूल को प्राप्त करने से व्यास का मान प्राप्त होता है। समवृत्त क्षेत्र के संबध में, ऊपर समझाये अनुसार, क्षेत्रफल और परिधि का माप प्राप्त किया जाता है ॥ १६३½ ॥

(१६३½) इस गाथा में दिया गया नियम सूत्र, क्षेत्रफल $= \frac{द^2}{४} \times \sqrt{१०}$, जहाँ द वृत्त का व्यास है, से प्राप्त किया गया है।

अग्रोद्देशक

समवृत्तक्षेत्रस्य च सूक्ष्मफलं पञ्च निर्दिष्टम् ।
विष्कम्भः को वास्य प्रगणय्य ममाशु त्वं कथय ॥ १६४½ ॥

व्यावहारिकगणितफलं च सूक्ष्मफलं च ज्ञात्वा तद्व्यावहारिकफलवत्सूक्ष्मगणितफलवद्द्वि
समचतुरश्रक्षेत्रानयनस्य त्रिसमचतुरश्रक्षेत्रानयनस्य च सूत्रम्—
घनवर्गान्तरपदयुतिवियुतीष्टं भूमुखे भुजे स्थूलम् ।
द्विसमे सपदस्थूलात्पदयुतिवियुतीष्टपदहृतं त्रिसमे ॥ १६५½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

समवृत्त क्षेत्र के संबंध में क्षेत्रफल का सूक्ष्म माप ५ है। इस का व्यास गणना कर शीघ्र बतलाओ ॥ १६०½ ॥

किसी क्षेत्रफल के व्यावहारिक तथा सूक्ष्म माप ज्ञात होने पर, दो समान भुजाओं वाले तथा तीन समान भुजाओं वाले उन क्षेत्रफलों के माप के चतुर्भुज क्षेत्रों को प्राप्त करने के लिये नियम—

दो समान भुजाओंवाले क्षेत्रफल के संबंध में क्षेत्रफल के स्थूल और सूक्ष्म मापों के वर्गों के अन्तर के वर्गमूल को प्राप्त करते हैं। इस वर्गमूल को मन से चुनी हुई राशि में जोड़ते हैं, तथा उसी मन से चुनी हुई राशि में से वही वर्गमूल घटाते हैं। आधार और ऊपरी भुजा को प्राप्त करने के लिये इस प्रकार प्राप्त राशियों को मन से चुनी हुई राशि के वर्गमूल से भाजित करना पड़ता है। इसी प्रकार स्थूल क्षेत्रफल में मन से चुनी हुई राशि का भाग देने पर समान भुजाओं का मान प्राप्त होता है ॥ १५५½ ॥

(१५५½) यदि 'रा' किसी दो बराबर भुजाओं वाले चतुर्भुज क्षेत्र के स्थूल क्षेत्रफल को, और 'र' सूक्ष्म मान को प्ररूपित करते हों और प मन से चुनी हुई संख्या हो, तो

$$\text{आधार} = \frac{\sqrt{\text{रा}^2 - \text{र}^2} + \text{प}}{\sqrt{\text{प}}},\quad \text{ऊपरी भुजा} = \frac{\text{प} - \sqrt{\text{रा}^2 - \text{र}^2}}{\sqrt{\text{प}}};$$

और प्रत्येक बराबर भुजाओं का मान $= \frac{\text{रा}}{\sqrt{\text{प}}}$ ।

यदि दो बराबर भुजाओं वाले चतुर्भुज क्षेत्र की भुजाओं के माप क्रमशः अ, ब, स द हों, तो

$$\text{रा} = \frac{\text{अ}(\text{ब}+\text{द})}{2};\quad \text{प} = \left(\frac{\text{ब}+\text{द}}{2}\right)^2;$$

$$\text{और } \text{र} = \frac{\text{ब}+\text{द}}{2} \times \sqrt{\text{अ}^2 - \frac{(\text{ब}-\text{द})^2}{4}} \text{ ।}$$

आधार और ऊपरी भुजा के लिये ऊपर दिये गये सूत्र रा र और प के इन मानों का प्रतिस्थापन करने पर सरलतापूर्वक सत्यापित किये जा सकते हैं। इसी प्रकार तीन बराबर भुजाओं वाले चतुर्भुज के संबंध में भी यह नियम ठीक सिद्ध होता है।

अत्रोद्देशकः

गणितं सूक्ष्मं पञ्च त्रयोदश व्यावहारिकं गणितम् ।
द्विसमचतुरश्रभूमुखदोषः के षोडशेच्छा च ॥ १६६½ ॥

त्रिसमचतुरश्रस्योदाहरणम् ।

गणितं सूक्ष्मं पञ्च त्रयोदश व्यावहारिकं गणितम् ।
त्रिसमचतुरश्रबाहून् संचिन्त्य सखे ममाचक्ष्व ॥ १६७½ ॥

व्यावहारिकस्थूलफलं सूक्ष्मफलं च ज्ञात्वा तद्व्यावहारिकस्थूलफलवत् सूक्ष्मगणितफलवत्सम-त्रिभुजानयनस्य च समवृत्तक्षेत्रव्यासानयनस्य च सूत्रम्—

धनवर्गान्तरमूलं यत्तन्मूलाद्द्विसंगुणितम् ।
बाहुस्त्रिसमत्रिभुजे समस्य वृत्तस्य विष्कम्भः ॥ १६८½ ॥

सन्निकट क्षेत्रफल का माप, मन से चुनी हुई राशि द्वारा भाजित होकर, भुजाओं के मान को उत्पन्न करता है।

तीन बराबर भुजाओं वाले चतुर्भुज क्षेत्र की दशा में, ऊपर बतलाये हुए दो क्षेत्रफलों के वर्गों के अंतर के वर्गमूल को क्षेत्रफल के सन्निकट माप में जोड़ते हैं। इस परिणामी योग को विकल्पित राशि मानकर उसमें ऊपर बतलाये हुए वर्गमूल को जोड़ते हैं। पुन., उसी विकल्पित राशि में से उक्त वर्गमूल को घटाते हैं। इस प्रकार प्राप्त राशियों में वर्गमूल का भाग अलग-अलग देकर, आधार और ऊपरी भुजा प्राप्त करते हैं। यहाँ भी क्षेत्रफल के व्यावहारिक माप को इस विकल्पित राशि के वर्गमूल द्वारा भाजित करने पर अन्य भुजाओं के माप प्राप्त होते हैं।

उदाहरणार्थ प्रश्न

सूक्ष्म क्षेत्रफल का माप ५ है, क्षेत्रफल का सन्निकट माप १३ है, और मन से चुनी हुई राशि १६ है। दो बराबर भुजाओं वाले चतुर्भुज क्षेत्र के संबंध में आधार, ऊपरी भुजा और अन्य भुजा के मान क्या-क्या हैं? ॥ १६६½ ॥

तीन बराबर भुजाओं वाले चतुर्भुज क्षेत्र संबंधी एक उदाहरण—

क्षेत्रफल का सूक्ष्म रूप से शुद्ध माप ५ है, और क्षेत्रफल का व्यावहारिक माप १३ है। हे मित्र, सोचकर मुझे बतलाओ कि तीन बराबर भुजाओं वाले चतुर्भुज क्षेत्र की भुजाओं के माप क्या-क्या हैं? ॥ १६७½ ॥

समत्रिबाहु त्रिभुज और समवृत्त के व्यास को प्राप्त करने के लिये नियम, जब कि उनके व्यावहारिक और सूक्ष्म क्षेत्रफल के माप ज्ञात हों—

क्षेत्रफल के सन्निकट और सूक्ष्म रूप से ठीक मापों के वर्गों के अंतर के वर्गमूल के वर्गमूल को २ द्वारा गुणित किया जाता है। परिणाम, इष्ट समत्रिभुज की भुजा का माप होता है। वह, इष्ट वृत्त के व्यास का माप भी होता है ॥ १६८½ ॥

(१६८½) किसी समबाहुत्रिभुज के व्यावहारिक और सूक्ष्म क्षेत्रफल के मानों के लिये इस अध्याय की गाथा ७ और ५० के नियमों को देखिये।

अत्रोद्देशकः

स्थूलं धनमष्टादश सूक्ष्मं त्रिघनो नवाहतः करणिः ।
विगणय्य सखे कथय त्रिसमत्रिभुजप्रमाणं मे ॥ १६९½ ॥
पञ्चकृतिवर्गो दशगुणितः करणिमवेदिदं सूक्ष्मम् ।
स्थूलमपि पञ्चसप्ततिरेतत्को वृत्तविष्कम्भः ॥ १७०½ ॥

व्यावहारिकस्थूलफलं च सूक्ष्मगणितफलं च ज्ञात्वा तद्व्यावहारिकफलवत्सूक्ष्मफलवद्द्विसमत्रिभुजक्षेत्रस्य भुजाप्रमाणसंख्ययोरानयनस्य सूत्रम्—

फलवर्गान्तरमूलं द्विगुणं भूर्व्यावहारिकं बाहुः ।
भूम्यर्धमूलभक्ते द्विसमत्रिभुजस्य करणमिदम् ॥ १७१½ ॥

अत्रोद्देशकः

सूक्ष्मधनं षष्टिरिह स्थूलधनं पञ्चषष्टिरुद्दिष्टम् ।
गणयित्वा ब्रूहि सखे द्विसमत्रिभुजस्य भुजसंख्याम् ॥ १७२½ ॥

इष्टसंख्यावद्द्विसमचतुरश्रक्षेत्रं ज्ञात्वा तद्द्विसमचतुरश्रक्षेत्रस्य सूक्ष्मगणितफलसमानसूक्ष्मफलवदन्यद्द्विसमचतुरश्रक्षेत्रस्य भूमुखभुजसंख्यानयनसूत्रम्—

उदाहरणार्थ प्रश्न

व्यावहारिक क्षेत्रफल १८ है । क्षेत्रफल का सूक्ष्म रूप से शुद्ध माप (३)³ को ९ से गुणित करने से प्राप्त राशि का वर्गमूल है । हे सखे मुझे गणना के पश्चात् बतलाओ कि इस समत्रिभुज की भुजा का माप क्या है ? ॥ १६९½ ॥ क्षेत्रफल का सूक्ष्म माप ६२५ का वर्गमूल है । क्षेत्रफल का स्थूल माप ७५ है । ऐसे क्षेत्रफलों वाले समवृत्त के व्यास का माप बतलाओ ॥ १७०½ ॥

जब किसी क्षेत्रफल के व्यावहारिक और सूक्ष्म माप ज्ञात हों तब ऐसे क्षेत्रफल के मानोंवाले समद्विबाहु त्रिभुज के आधार और भुजा के संख्यात्मक मानों को निकालने के लिए नियम—

क्षेत्रफल के व्यावहारिक और सूक्ष्म मापों के वर्गों के अंतर के वर्गमूल की दुगुनी राशि को किसी समद्विबाहु त्रिभुज का आधार मान लेते हैं । इस व्यावहारिक क्षेत्रफल का माप बराबर भुजाओं में से किसी एक का माप मान लिया जाता है । आधार तथा भुजा के इन मानों को आधार के प्राप्त मान की अर्द्धराशि के वर्गमूल द्वारा भाजित करते हैं । तब इष्ट समद्विबाहु त्रिभुज का आधार और भुजा के इष्ट मान प्राप्त होते हैं । यह नियम समद्विबाहु त्रिभुज के संबंध में है ॥ १७१½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

यहाँ क्षेत्रफल का सूक्ष्म रूप से ठीक मान ६० है और व्यावहारिक मान ६५ है । हे मित्र गणना के पश्चात् बतलाओ कि इस समद्विबाहु त्रिभुज की भुजाओं के संख्यात्मक मान क्या क्या हैं ॥ १७२½ ॥

जब चुनी हुई संख्या वाले दो बराबर भुजाओं वाला चतुर्भुज क्षेत्र दिया गया हो, तब किसी ऐसे दूसरे दो बराबर भुजाओं वाले चतुर्भुज क्षेत्र का आधार, ऊपरी भुजा और अन्य भुजाओं को निकालने के लिए नियम जिसका सूक्ष्म क्षेत्रफल दिए गए दो बराबर भुजाओं वाले चतुर्भुज के सूक्ष्म क्षेत्रफल के तुल्य हो—

लम्बकृताविष्टेनासमसंक्रमणीकृते भुजा ज्येष्ठा ।
ह्रस्वयुतिवियुति मुखभूयुतिदलितं तलमुखे द्विसमचतुरश्रे ॥ १७३½ ॥

अत्रोद्देशकः

भूरिन्द्रा दोर्विंश्वे वक्त्रं गतयोऽवलम्बको रवयः ।
इष्टं दिक् सूक्ष्मं तत्फलवद्द्विसमचतुरश्रमन्यत् किम् ॥ १७४½ ॥

यदि दिये गये दो बराबर भुजाओं वाले चतुर्भुज क्षेत्र के लंब का वर्ग दत्त विकल्पित संख्या के साथ विषम संक्रमण क्रिया करने के उपयोग में लाया जाता है, तो प्राप्त दो फलों में से बड़ा मान दो बराबर भुजाओंवाले इष्ट चतुर्भुज क्षेत्र की बराबर भुजाओं में से किसी एक का मान होता है। दो बराबर भुजाओं वाले दिये गये चतुर्भुज की ऊपरी भुजा और आधार के मानों के योग की अर्द्धराशि को, क्रमशः, उपर्युक्त विषम संक्रमण में प्राप्त दो फलों में से छोटे फल द्वारा बढ़ाकर और ह्रासित करने पर दो बराबर भुजाओं वाले इष्ट चतुर्भुज क्षेत्र के आधार और ऊपरी भुजा के माप उत्पन्न होते हैं ॥ १७३½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

दिये गये चतुर्भुज क्षेत्र का आधार १४ है, दो बराबर भुजाओं में से प्रत्येक का माप १३ है, ऊपरी भुजा ४ है, लम्ब १२ है, और दत्त विकल्पित संख्या १० है। दो बराबर भुजाओं वाला ऐसा कौन सा चतुर्भुज है, जिसके सूक्ष्म क्षेत्रफल का माप दिये गये चतुर्भुज के क्षेत्रफल के बराबर है? ॥ १७४½ ॥

(१७३½) इस नियम में ऐसे प्रश्न पर विचार किया गया है, जिसमें ऐसे दो बराबर भुजाओं वाले चतुर्भुज क्षेत्र की रचना करना है, जिसका क्षेत्रफल किसी दूसरे दो बराबर भुजाओं वाले चतुर्भुज के तुल्य हो, और जिसकी ऊपरी भुजा से आधार तक की लम्ब दूरी भी उसी के समान हो। मान लो दिये गये चतुर्भुज की बराबर भुजाएँ अ और स हैं, और ऊपरी भुजा तथा आधार क्रमश ब और द हैं। यह भी मान लो कि लम्ब दूरी प है। यदि इष्ट चतुर्भुज की संवादी भुजाएँ $अ_1$, $ब_1$, $स_1$, $द_1$ हों, तो क्षेत्रफल और लम्ब दूरी, दोनों चतुर्भुजों के संबंध में बराबर होने से हमें यह प्राप्त होता है—

$$द_1 + ब_1 = द + ब \quad \ldots (१),$$

$$\text{और } अ_1^2 - \left(\frac{द_1 - ब_1}{२}\right)^2 = प^2 \ldots \quad (२),$$

$$\text{अर्थात् } \left(अ_1 + \frac{द_1 - ब_1}{२}\right)\left(अ_1 - \frac{द_1 - ब_1}{२}\right) = प^2 ।$$

$$\text{मानलो } अ_1 - \frac{द_1 - ब_1}{२} = ना, \text{ तब } अ_1 + \frac{द_1 - ब_1}{२} = \frac{प^2}{ना},$$

$$\text{और } \left(अ_1 \times \frac{द_1 - ब_1}{२}\right) + \left(अ_1 - \frac{द_1 - ब_1}{२}\right) = \frac{प^2}{ना} + ना ।$$

$$\therefore \frac{\frac{प^2}{ना} + ना}{२} = अ_1, \quad \ldots (३)$$

द्विसमचतुरश्रक्षेत्रव्यावहारिकस्थूलफलसंख्यां ज्ञात्वा तद्व्यावहारिकस्थूलफले इष्टसंख्या विभागे कृते सति तद्द्विसमचतुरश्रक्षेत्रमध्ये तत्तद्भागस्य भूमिसंख्यानयनेऽपि तत्तत्स्थानावलम्बकसंख्यानयनेऽपि सूत्रम्—

खण्डयुतिभक्तवक्त्रमुखकृत्यन्तरगुणितखण्डमुखवर्गयुतम् ।
मूलमधस्तन्मुखयुतदलहृतखण्डं च लम्बकः क्रमशः ॥१९५½॥

जब कोई दत्त व्यावहारिक माप वाला क्षेत्रफल किसी दी गई संख्या के भागों में विभाजित किया जाय, तब दो बराबर भुजाओं वाले चतुर्भुज क्षेत्र के उन विभिन्न भागों से आधारों के संख्यात्मक मापों तथा विभिन्न विभाजन बिन्दुओं से मापी गई भुजाओं के संख्यात्मक माप को निकालने के लिये नियम जब कि दो भुजाओं वाले चतुर्भुज क्षेत्र के व्यावहारिक क्षेत्रफल का संख्यात्मक माप दिया गया हो—

दो बराबर भुजाओं वाले दिये गये चतुर्भुज क्षेत्र के आधार और ऊपरी भुजा के संख्यात्मक मापों के वर्गों के अंतर को इष्ट अनुपाती भागों के कुल मान द्वारा भाजित किया जाता है। इस प्रकार प्राप्त भजनफल के द्वारा विभिन्न भागों के निष्पत्तियों के मान क्रमशः गुणित किये जाते हैं। प्राप्त गुणनफलों में से प्रत्येक में दिये गये चतुर्भुज की ऊपरी भुजा के माप का वर्ग जोड़ा जाता है। इस प्रकार प्राप्त योग का वर्गमूल प्रत्येक भाग के आधार के मान को उत्पन्न करता है। प्रत्येक भाग का क्षेत्रफल आधार और ऊपरी भुजा के योग की अर्द्धराशि द्वारा भाजित होकर इष्ट क्रम में लंब का माप उत्पन्न करता है, जो सन्निकट माप के लिये भुजा की तरह बर्तो जाता है ॥ १९५½ ॥

और $\frac{द+ब}{२} \pm \frac{\frac{प^{२}}{ना}-ना}{२} = \frac{द_{१}+ब_{१}}{२} \pm \left\{ \frac{\left(अ_{१}+\frac{द_{१}-ब_{१}}{२}\right) - \left(अ_{१}-\frac{द_{१}-ब_{१}}{२}\right)}{२} \right\}$

$= द_{१}$ अथवा $ब_{१}$ (४)

यहाँ 'ना' इष्ट अथवा दत्त विकल्पित संख्या है। तीसरे और चौथे सूत्र वे हैं, जो प्रश्न का साधन करने के नियम में दिये गये हैं।

(१९५½) यदि प फ ब भ दो बराबर भुजाओं वाला चतुर्भुज हो, और ह क, ग ह और क ब चतुर्भुज को इस तरह विभाजित करते हों कि विभाजित भाग क्षेत्रफल के संबंध में क्रमशः म, न, प, ल के अनुपात में हों तो इस नियम के अनुसार,

जब भुजा प फ = अ, भ ब = द, ब प = स और भ फ = स है, तब

$$हक = \sqrt{\frac{द^{२}-अ^{२}}{म+न+प+ल} \times म + अ^{२}} \;;$$

$$गह = \sqrt{\frac{द^{२}-अ^{२}}{म+न+प+ल} \times (म+न) + अ^{२}} \;;$$

$$कब = \sqrt{\frac{द^{२}-अ}{म+न+प+ल} \times (म+न+प) + अ^{२}}$$

इत्यादि।

इसी प्रकार,

अत्रोद्देशकः

वदनं सप्तोक्तमधः क्षितिस्त्रयोविंशतिः पुनस्त्रिंशत् ।
बाहू द्वाभ्यां भक्तं चैकैक लब्धमत्र का भूमिः ॥ १७६½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

ऊपरी-भुजा का माप ७ है, नीचे आधार का माप २३ है, और शेष भुजाओं में से प्रत्येक का माप ३० है। ऐसे क्षेत्र में अंतराविष्ट क्षेत्रफल ऐसे दो भागों में विभाजित किया जाता है कि प्रत्येक को एक (हिस्सा) प्राप्त होता है। यहाँ निकाले जाने वाले आधार का मान क्या है ? ॥ १७६½ ॥

$$\text{चइ} = \frac{\left(\text{अ} \times \frac{\text{द}+\text{ब}}{2}\right) \times \frac{\text{म}}{\text{म}+\text{न}+\text{प}+\text{ख}}}{\frac{\text{इफ}+\text{चझ}}{2}},$$

$$\text{इग} = \frac{\left(\text{अ} \times \frac{\text{द}+\text{ब}}{2}\right) \times \frac{\text{न}}{\text{म}+\text{न}+\text{प}+\text{ख}}}{\frac{\text{गइ}+\text{इफ}}{2}},$$

$$\text{गक} = \frac{\left(\text{अ} \times \frac{\text{द}+\text{ब}}{2}\right) \times \frac{\text{प}}{\text{म}+\text{न}+\text{प}+\text{ख}}}{\frac{\text{कल}+\text{गइ}}{2}};$$

इत्यादि।

यह सरलतापूर्वक दिखाया जा सकता है कि $\frac{\text{चछ}}{\text{चइ}} = \frac{\text{छज}-\text{चझ}}{\text{इफ}-\text{चझ}}$,

$$\therefore \frac{\text{चछ}(\text{छज}+\text{चझ})}{\text{चइ}(\text{इफ}+\text{चझ})} = \frac{(\text{छज})^2-(\text{चझ})^2}{(\text{इफ})^2-(\text{चझ})^2},$$

परन्तु, $\frac{\text{चछ}(\text{छज}+\text{चझ})}{\text{चइ}(\text{इफ}+\text{चझ})} = \frac{\text{म}+\text{न}+\text{प}+\text{ख}}{\text{म}}$,

$$\therefore \frac{(\text{छज})^2-(\text{चझ})^2}{(\text{इफ})^2-(\text{चझ})^2} = \frac{\text{म}+\text{न}+\text{प}+\text{ख}}{\text{म}},$$

$$\therefore (\text{इफ})^2 = \frac{\text{म}(\overline{\text{छज}}^2-\overline{\text{चझ}}^2)}{\text{म}+\text{न}+\text{प}+\text{ख}} + (\text{चझ})^2 = \frac{\text{द}^2-\text{ब}^2}{\text{म}+\text{न}+\text{प}+\text{ख}} \times \text{म} + \text{ब}^2,$$

और $\text{इफ} = \sqrt{\frac{\text{द}^2-\text{ब}^2}{\text{म}+\text{न}+\text{प}+\text{ख}} \times \text{म} + \text{ब}^2}$ । इसी प्रकार अन्य सूत्र सत्यापित किये जा सकते हैं।

यद्यपि इस पुस्तक में ग्रंथकार ने केवल यह कहा है कि भजनफल को भागों के मानों से गुणित करना पड़ता है, तथापि वास्तव में भजनफल को प्रत्येक दशा में भागों के मानों से ऊपरी भुजा तक की प्ररूपण करने वाली संख्या के द्वारा गुणित करना पड़ता है। उदाहरणार्थ, पिछले पृष्ठ की आकृति में

भूमिर्द्विषष्टिशतमथ चाष्टादश वदनमत्र संदृष्टम् ।
लम्बभुजश्रुतीः क्षेत्रं भक्तं नरैश्चतुर्भिश्च ॥ १७७½ ॥
एकद्विकत्रिकचतुःखण्डान्येकैकपुरुषलब्धानि ।
प्रक्षेपतया गणितं सलम्बकाबाधकं ब्रूहि ॥ १७८½ ॥
भूमिरशीतिर्वदनं चत्वारिंशच्चतुर्गुणा पष्टिः ।
अवलम्बकप्रमाणं त्रीण्यष्टौ पञ्च खण्डानि ॥ १७९½ ॥

स्तम्भद्वयप्रमाणसंख्यां ज्ञात्वा तत्स्तम्भद्वयाग्रे सूत्रद्वयं बद्ध्वा तत्सूत्रद्वयं कर्णाकारेण इतरेतरस्तम्भमूलं वा तत्स्तम्भमूलमतिक्रम्य वा संस्पृश्य तत्कर्णाकारसूत्रद्वयस्पर्शनस्थानादारभ्य अधःस्थितभूमिपर्यन्तं तन्मध्ये एकं सूत्रं प्रसार्य तत्सूत्रप्रमाणसंख्यैव अन्तरावलम्बकसंज्ञा भवति । अन्तरावलम्बकस्पर्शनस्थानादारभ्य तस्यां भूम्यामुभयपार्श्वयोः कर्णाकारसूत्रद्वयस्पर्शनपर्यन्तं आबाधासंज्ञा स्यात् । तदन्तरावलम्बकसंख्यानयनस्य आबाधासंख्यानयनस्य च सूत्रम्—
स्तम्भौ स्वस्वान्तरभूहतौ स्वयोगाहृतौ च भूगुणितौ ।
आबाधे ते व्यासप्रक्षेपगुणोऽन्तरावलम्बः ॥ १८०½ ॥

दो बराबर भुजाओं वाले चतुर्भुज के आधार का माप १६२ है और ऊपरी भुजा का माप १८ है। दो भुजाओं में से प्रत्येक का माप ९ है। इस प्रकार इस आकृति से घिरा हुआ क्षेत्रफल, ४ मनुष्यों में विभाजित किया जाता है। मनुष्यों को प्राप्त भाग क्रमशः १, २, ३ और ४ के अनुपात में हैं। इस अनुपाती विभाजन के अनुसार प्रत्येक दशा में क्षेत्रफल, आधार और दो बराबर भुजाओं में से एक के मापों को बतलाओ ॥ १७७½–१७८½ ॥ दिये गये चतुर्भुज क्षेत्र के आधार का माप ८ है, ऊपरी भुजा ४ है तथा दो बराबर भुजाओं में से प्रत्येक ४×१ है। हिस्से क्रमशः ३, ८ और ५ के अनुपात में हैं। इन भागों के क्षेत्रफल, आबाधाओं और भुजाओं के मापों को निकालो ॥ १७९½ ॥

ज्ञात ऊँचाई वाले दो स्तंभों में से प्रत्येक के ऊपरी सिरे में दो धागे (सूत्र) बँधे हुए हैं। इन दो धागों में से प्रत्येक इस तरह फैला हुआ है कि वह सम्मुख स्तंभ के मूल भाग को कर्ण के रूप में स्पर्श करता है अथवा दूसरे स्तंभ के पार जाकर भूमि को स्पर्श करता है। उस बिन्दु से, जहाँ दो कर्णाकार धागे मिलते हैं, एक और दूसरा धागा इस तरह लटकाया जाता है कि वह लंब रूप होकर भूमि को स्पर्श करता है। इस अंतिम धागे के माप का नाम अंतरावलम्बक या भीतरी लंब होता है। जहाँ पर वह लम्बरूप धागा भूमि को स्पर्श करता है उस बिन्दु से किसी भी ओर प्रस्थान करने वाली रेखा उन बिन्दुओं तक जाकर (जहाँ कर्ण धागे भूमि को स्पर्श करते हैं) आबाधा अथवा आधार का खंड कहलाती है। ऐसे लम्ब तथा आबाधाओं के मापों को प्राप्त करने के नियम—

प्रत्येक स्तम्भ के माप को स्तम्भ के मूल से लेकर कर्ण धागे के भूमि स्पर्श बिन्दु तक के बीच की लम्बाई वाले आधार के माप द्वारा भाजित किया जाता है। इस प्रकार प्राप्त प्रत्येक भजनफल भजनफलों के योग द्वारा भाजित किया जाता है। परिणामी भजनफलों को संपूर्ण आधार के माप द्वारा गुणित करने पर क्रम से आबाधाओं के माप प्राप्त होते हैं। ये आबाधाओं के माप क्रमशः विलोम क्रम में ऊपर दिये गये प्रथम बार में प्राप्त भजनफलों द्वारा गुणित होने पर प्रत्येक दशा में अंतरावलम्बक (भीतरी लम्ब) को उत्पन्न करते हैं ॥ १८०½ ॥

प ह का मान निकालने के लिये $\frac{द^2 - ब^2}{म+न+प+क}$ को केवल म से ही नहीं वरन् म+न से भी गुणित करना पड़ता है।

अत्रोद्देशकः

षोडशहस्तोच्छ्रायौ स्तम्भाववनिश्च षोडशोद्दिष्टौ ।
आवाधान्तरसंख्यामत्राप्यवलम्बकं ब्रूहि ॥ १८१½ ॥
स्तम्भैकस्योच्छ्रायः षट्त्रिंशद्विंशतिर्द्वितीयस्य ।
भूमिर्द्वादश हस्ता. कावाधा कोऽयमवलम्ब. ॥ १८२½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

दिये गये स्तंभ की ऊँचाई १६ हस्त है । उस आधार की लम्बाई जो उन दो बिन्दुओं के बीच की होती है, जहाँ धागे भूमि को स्पर्श करते हैं, १६ हस्त देखी गई है । इस दशा में आधार के खंडों (आबाधाओं) और अंतरावलम्बक के संख्यात्मक मानों को निकालो ॥ १८१½ ॥ एक स्तंभ की ऊँचाई ३६ हस्त है, दूसरे की २० हस्त है । आधार रेखा की लम्बाई १२ हस्त है । आबाधाओं और अंतरावलम्बक के माप क्या-क्या हैं ? ॥ १८२½ ॥ दो स्तंभ क्रमश १२ और १५ हस्त हैं, उन दो

(१८०½) आकृति में यदि अ और ब स्तम्भों की ऊँचाईयाँ हों, स स्तंभों के बीच का अंतर हो, और म और न क्रमशः एक स्तम्भ के मूल से लेकर, भूमि को स्पर्श करने वाले, दूसरे स्तम्भ के अग्र से फैले हुए धागे के भूमिस्पर्श बिन्दु तक की लम्बाईयाँ हों, तो नियमानुसार,

$$स_1 = \left\{ \frac{अ}{स+न} - \frac{अ\,(स+म)+ब\,(स+न)}{(स+म)\,(स+न)} \right\} \times (स+म+न),$$

$$स_2 = \left\{ \frac{ब}{स+म} - \frac{अ\,(स+म)+ब\,(स+न)}{(स+म)\,(स+न)} \right\} \times (स+म+न),$$ जहाँ $स_1$ और $स_2$ सम्पूर्ण आधार के खण्ड हैं ।

और $प = स_1 \times \frac{ब}{स+म}$, अथवा $स_2 \times \frac{अ}{स+न}$, जहाँ प अन्तरावलम्बक है । इस आकृति में सजातीय त्रिभुजों पर विचार करने पर यह ज्ञात होगा कि—

$$\frac{स_2}{प} = \frac{स+न}{अ} \text{ और } \frac{स_1}{प} = \frac{स+म}{ब} ।$$

इन निष्पत्तियों से हमें $\frac{स_1}{स_2} = \frac{अ\,(स+म)}{ब\,(स+न)}$ प्राप्त होता है,

$$\therefore \frac{स_1}{स_1+स_2} = \frac{अ\,(स+म)}{अ\,(स+म)+ब\,(स+न)}, \quad स_1 = \frac{अ\,(स+म)\,(स+म+न)}{अ\,(स+म)+ब\,(स+न)},$$

क्योंकि $स_1 + स_2 = स+म+न$,

इसी प्रकार, $स_2 = \frac{ब\,(स+न)\,(स+म+न)}{अ\,(स+म)+ब\,(स+न)}$ $\therefore$ और $प = स_2 \times \frac{अ}{स+न} = स_1 \times \frac{ब}{स+म}$ ।

द्वादश च पञ्चदश च स्तम्भान्तरभूमिरपि च चत्वारः ।
द्वादशकस्तम्भाग्रात्प्रसृतः पतितान्यतो मूलात् ॥ १८३½ ॥
आक्रम्य चतुर्हस्तात्परस्य मूर्ध्नः तथैकहस्ताच्च ।
पतितामात्काबाधा कोऽन्तरसमवलम्बको भवति ॥ १८४½ ॥
बाहुप्रतिबाहू द्वौ त्रयोदशावनिरियं चतुर्दश च ।
वदनेऽपि चतुर्हस्ताः काबाधा कोऽन्तरावलम्बश्च ॥ १८५½ ॥
क्षेत्रमिदं मुखभूम्योरेकैकोनं परस्परागाच्च ।
रज्जुः पतिता मूलात्स्वं प्रब्रूह्यवलम्बकाबाधे ॥ १८६½ ॥
बाहुस्त्रयोदशैकः पञ्चदश प्रतिभुजा मुखं सप्त ।
भूमिरियमेकविंशतिरस्मिन्नवलम्बकाबाधे ॥ १८७½ ॥

स्तंभों के बीच का अंतराल (अंतर) ४ हस्त है। १२ हस्त वाले स्तंभ के ऊपरी अग्र से एक धागा सूत्र आधार रेखा पर दूसरे स्तंभ के मूल से ४ हस्त आगे तक फैलाया जाता है। इस दूसरे स्तंभ (जो १५ हस्त ऊँचा है) के अग्र से एक धागा उसी प्रकार आधार रेखा पर पहिले स्तंभ के मूल से १ हस्त आगे तक फैलाया जाता है। यहाँ आबाधाओं और अंतरावलम्बक के माप को बतलाओ ॥ १८४½ ॥ दो बराबर भुजाओं वाले चतुर्भुज क्षेत्र के संबंध में दो भुजाओं में से प्रत्येक १३ हस्त है। यहाँ आधार १४ हस्त और ऊपरी भुजा ४ हस्त है। अंतरावलम्बक द्वारा बनाये गये आधार के खंडों (आबाधाओं) के माप क्या हैं और अंतरावलम्बक का माप क्या है ? ॥ १८५½ ॥ उपर्युक्त चतुर्भुज क्षेत्र के संबंध में ऊपरी भुजा और आधार प्रत्येक १ हस्त कम हैं। दो स्तंभों में से प्रत्येक के ऊपरी अग्र से एक धागा दूसरे स्तंभ के मूल तक पहुँचने के लिये फैलाया जाता है। अंतरावलम्बक और उत्पन्न आबाधाओं के माप क्या हैं ? ॥ १८६½ ॥ असमान भुजाओं वाले चतुर्भुज के संबंध में एक भुजा १३ हस्त, सम्मुख भुजा १५ हस्त, ऊपरी भुजा ७ हस्त और आधार २१ हस्त है। अंतरावलम्बक तथा उससे उत्पन्न हुए आबाधाओं के माप क्या-क्या हैं ? ॥ १८७½ ॥ एक समबाहु

(१८५½) यहाँ दो बराबर भुजाओं वाला चतुर्भुज क्षेत्र दिया गया है। दूसरी गाथा में तीन बराबर भुजाओं वाला तथा और अगली गाथा में विषमबाहु चतुर्भुज दिये गये हैं। इन सब दशाओं में चतुर्भुज के कर्ण सबसे पहिले गाथा ५४ अध्याय ७ के *नियमानुसार प्राप्त* किये जाते हैं। तब ऊपरी भुजा के अंतों से आधार पर गिराये हुए लंबों के मापों और उन लंबों द्वारा उत्पन्न आधार के खंडों (आबाधाओं) को (अध्याय ७ की ४९वीं गाथा में दिये गये नियम का प्रयोग कर) प्राप्त करते हैं। तब लंबों के मापों को स्तंभ मानकर, ऊपर १८०½ वीं गाथा के नियम को प्रयुक्त कर, अंतरावलम्बक तथा उससे उत्पन्न आबाधाओं को प्राप्त करते हैं। १८७½ वीं गाथा में दिया गया प्रश्न कनड़ी टीका में कुछ भिन्न विधि से किया गया है। ऊपरी भुजा आधार के समानान्तर मान ली जाती है, और लंब तथा उनसे उत्पन्न आबाधाओं के माप ऐसे त्रिभुज की रचना करके प्राप्त करते हैं, जिसकी भुजाएँ उस चतुर्भुज की भुजाओं के बराबर होती हैं और जिसका आधार चतुर्भुज के आधार और ऊपरी भुजा के अन्तर के बराबर होता है।

समचतुरश्रक्षेत्रं विंशतिहस्तायतं तस्य।
कोणेभ्योऽथ चतुर्भ्यो विनिर्गता रज्जवस्तत्र ॥ १८८½ ॥
भुजमध्यं द्वियुगभुजे[1] रज्जुः का स्यात्सुसंवीता।
को वावलम्बकः स्यादाबाधे केऽन्तरे[2] तस्मिन् ॥ १८९½ ॥

---

१. हस्तलिपि में अशुद्ध पाठ भुजचतुर्षु च है।
२. केऽन्तरे में संधि का प्रयोग व्याकरण की दृष्टि से अशुद्ध है, पर २०४½ वें श्लोक के समान यहाँ ग्रंथकार का प्रयोजन छंद हेतु स्वर सम्बन्धी मिलान है।

चतुर्भुज की प्रत्येक भुजा २० हस्त है। उस आकृति के चारों कोण बिन्दुओं से, धागे सम्मुख भुजा के मध्य बिन्दु तक ले जाये जाते हैं, यह चारों भुजाओं के लिये किया जाता है। इस प्रकार प्रसारित धागों में प्रत्येक की लम्बाई का माप क्या है? ऐसे चतुर्भुज क्षेत्र के भीतर अंतरावलम्बक और उससे उत्पन्न आबाधाओं के माप क्या हो सकते हैं? ॥ १८८½–१८९½ ॥

स्तंभ की ऊँचाई का माप ज्ञात है। किसी कारणवश स्तंभ भग्न हो जाता है, और भग्न स्तंभ का ऊपरी भाग भूमि पर गिरता है। (भग्न स्तंभ का) निम्न भाग उन्नत भाग के ऊपरी भाग पर अवलम्बित रहता है। तब स्तंभ के मूल से गिरे हुए ऊपरी अग्र (जो अब भूमि को स्पर्श करता है) की पैठिक (आधारीय) दूरी ज्ञात की जाती है। स्तंभ के मूल भाग से लेकर शेष उन्नत भाग के माप

(१८८½–१८९½) इस प्रश्न के अनुसार दी गई आकृति इस प्रकार है.—

यहाँ भीतरी लम्ब ग ह और क ल हैं। इन्हें प्राप्त करने के लिये पहिले फ इ को प्राप्त करते हैं। टीकानुसार

$$\text{फ इ का माप} = \sqrt{\frac{(\text{सम})^2}{१} - \left\{ (\text{दम})^2 + (\text{दइ}^2) + \tfrac{१}{२}\ \text{दम})^2 \right\}}$$

है। अ ब, फ इ और ब स अथवा अ द को स्तंभ मानकर संकेत में कथित नियम प्रयोग में लाया जा सकता है।

(१९०½) यदि अ ब स समकोण त्रिभुज है और यदि अस का माप और अ ब तथा ब स के योग का माप दिया गया हो तब, अ ब और ब स के माप इस समीकरण द्वारा निकाले जा सकते हैं कि

$$\text{ब स} = (\text{अ ब})^2 + (\text{अ स})^2,$$ नियम दिया गया सूत्र यह है :—

$$\text{अ ब} = \frac{(\text{अ ब} + \text{ब स})^2 - (\text{अ स})^2}{२\ (\text{अ ब} + (\text{ब स})}$$, यह अहाँ उपर्युक्त समीकरण से सरलतापूर्वक सिद्ध किया जा सकता है।

स्तम्भस्योन्नतप्रमाणसंख्यां ज्ञात्वा तस्मिन् स्तम्भे येनकेनचित्कारणेन भग्ने पतिते सति तत्स्तम्भाग्रमूलयोर्मध्ये स्थितां भूसंख्यां ज्ञात्वा तत्स्तम्भमूलादारभ्य स्थितपरिमाणसंख्यानयनस्य सूत्रम्—

निर्गमवर्गान्तरमितिवर्गविशेषस्य यद्भवेदर्धम् ।
निर्गमनेन विभक्तं तावत्स्थितमथ भग्नं स्यात् ॥ १९०½ ॥

अत्रोद्देशकः

स्तम्भस्य पञ्चविंशतिरुच्छ्रायः कश्चिदन्तरे भग्नः ।
स्तम्भाग्रमूलमध्ये पञ्च स गत्वा कियान् भग्नः ॥ १९१½ ॥
वेणूच्छ्राये हस्ताः सप्तकृतिः कश्चिदन्तरे भग्नः ।
भूमिश्च सैकविंशतिरस्य स गत्वा कियान् भग्नः ॥ १९२½ ॥
वृक्षोच्छ्रायो विंशतिरमुष्य कोऽपि तत्फलं पुरुषः ।
कर्णाकृत्या व्यक्षिपदथ तन्मूलस्थितः पुरुषः ॥ १९३½ ॥
तस्य फलस्याभिमुखं प्रतिभुजरूपेण गत्वा च ।
फलमग्रहीच्च तत्फलनरयोर्गतियोगसंख्यैव ॥ १९४½ ॥
पञ्चाशद्भूत्तत्फलगतिरूपा कर्णसंख्या का ।
तद्वृक्षमूलगतनरगतिरूपा प्रतिभुजापि कियती स्यात् ॥ १९५½ ॥

का संख्यात्मक मान निकालने के लिये यह नियम है—

संपूर्ण ऊँचाई के वर्ग और ज्ञात आधारीय (basal) दूरी के वर्ग के अंतर की अर्द्ध राशि जब संपूर्ण ऊँचाई द्वारा भाजित होती है तब शेष उन्नत भाग का माप उत्पन्न होता है। जो अब संपूर्ण ऊँचाई का शेष बचता है वह भग्न भाग का माप होता है ॥ १९०½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

स्तंभ की ऊँचाई २५ हस्त है। वह मूल और अग्र के बीच कहीं टूटा है। फर्श पर गिरे हुए अग्र (ऊपरी भाग) और स्तंभ के मूल के बीच की दूरी ५ हस्त है। बतलाओ कि टूटने का स्थान बिन्दु मूल से कितनी दूर है ? ॥ १९१½ ॥ (बढ़ने वाले) बाँस की ऊँचाई का माप ४९ हस्त है। वह मूल और अग्र के बीच कहीं भग्न हुआ है। आधारीय दूरी २१ हस्त है। वह मूल से कितनी दूरी पर टूटा है ॥ १९२½ ॥ किसी वृक्ष की ऊँचाई २० हस्त है। कोई मनुष्य उसके ऊपरी भाग (चोटी) पर बैठकर कर्णरूप पथ में फल को नीचे फेंकता है (अर्थात् वह फल सरल रेखा में गिरकर, समकोण त्रिभुज का कर्ण बनाता है)। तब दूसरा मनुष्य जो वृक्ष के नीचे बैठा हुआ है फल तक सरल रेखा में पहुँचता है (यह पथ त्रिभुज की दूरी भुजा का निर्माण करता है) और उस फल को ले लेता है। फल तथा इस मनुष्य द्वारा तय की गई दूरियों का योग ५० हस्त है। फल द्वारा तय किये गये पथ द्वारा निरूपित कर्ण का संख्यात्मक मान क्या है ? मनुष्य द्वारा तय किये गये पथ द्वारा निरूपित अन्य भुजा का माप क्या हो सकता है ? ॥ १९३½–१९५½ ॥

ज्येष्ठस्तम्भसंख्यां च अल्पस्तम्भसंख्यां च ज्ञात्वा उभयस्तम्भान्तरभूमिसंख्यां ज्ञात्वा तज्ज्येष्ठसंख्ये भग्ने सति ज्येष्ठस्तम्भाग्रे अल्पस्तम्भाग्रं स्पृशति सति ज्येष्ठस्तम्भस्य भग्नसंख्यानयनस्य स्थितशेषसंख्यानयनस्य च सूत्रम्—

ज्येष्ठस्तम्भस्य कृतेर्ह्रस्वावनिवर्गयुतिमपोह्यार्धम् ।
स्तम्भविशेषेण हृतं लब्धं भग्नोन्नतिर्भवति ॥ १९६½ ॥

अत्रोद्देशकः

स्तम्भः पञ्चोच्छ्रायः परस्त्रयोविंशतिस्तथा ज्येष्ठः ।
मध्यं द्वादश भग्नज्येष्ठाग्रं पतितमितराग्रे ॥ १९७½ ॥

आयतचतुरश्रक्षेत्रकोटिसंख्यायास्तृतीयांशद्वयं पर्वतोत्सेध परिकल्प्य तत्पर्वतोत्सेधसंख्यायाः सकाशात् तदायतचतुरश्रक्षेत्रस्य भुजसंख्यानयनस्य कर्णसंख्यानयनस्य च सूत्रम्—

गिर्युत्सेधो द्विगुणो गिरिपुरमध्यक्षितिर्गिरेरर्धम् ।
गगने तत्रोत्पतित गिर्यर्धव्याससंयुतिः कर्ण. ॥ १९८½ ॥

ऊँचाई में बड़े (ज्येष्ठ) स्तंभ की ऊँचाई का संख्यात्मक मान तथा ऊँचाई में छोटे (अल्प) स्तंभ की ऊँचाई का संख्यात्मक मान ज्ञात है। इन दो स्तभों के बीच की दूरी का सख्यात्मक मान भी ज्ञात है। ज्येष्ठ स्तभ भग्न होकर इस प्रकार गिरता है, कि उसका ऊपरी अग्र अल्प स्तंभ के ऊपरी अग्र पर अवलम्बित होता है, और भग्न भाग का निम्न भाग, शेष भाग के ऊपरी भाग पर स्थित रहता है। इस दशा में ज्येष्ठ स्तंभ के भग्न भाग की लम्बाई का संख्यात्मक मान तथा उसी ज्येष्ठ स्तंभ के शेष भाग की ऊँचाई के सख्यात्मक मान को प्राप्त करने के लिये नियम—

ज्येष्ठ स्तंभ के संख्यात्मक माप के वर्ग में से, अल्प स्तंभ के माप के वर्ग और आधार के माप के वर्ग के योग को घटाते हैं। परिणामी शेष की अर्द्ध राशि को दो स्तंभों के मापों के अंतर द्वारा भाजित करते हैं। प्राप्त भजनफल भग्न स्तंभ के उन्नत भाग की ऊँचाई होता है। ॥१९६½॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

एक स्तंभ ऊँचाई में ५ हस्त है, उसी प्रकार दूसरे ज्येष्ठ स्तंभ ऊँचाई मे २३ हस्त है। उनके बीच की दूरी १२ हस्त है। भग्न ज्येष्ठ स्तभ का ऊपरी अग्र अल्प स्तंभ के ऊपरी अग्र पर गिरता है। भग्न ज्येष्ठ स्तभ के उन्नत भाग की ऊँचाई निकालो ॥ १९७½ ॥

आयत क्षेत्र की ऊर्ध्वाधर (लब रूप) भुजा के सख्यात्मक मान की दो तिहाई राशि को पर्वत की ऊँचाई मानकर, उस पर्वत की ऊँचाई की सहायता से उक्त आयत के कर्ण और क्षैतिज भुजा (आधार) के सख्यात्मक मानों को निकालने के लिये नियम—

पर्वत की दुगुनी ऊँचाई, पर्वत के मूल से वहाँ के शहर के बीच की दूरी का माप होती है। पर्वत की आधी ऊँचाई गगन में ऊपर की ओर की उड़ान की दूरी (उड्डयन) का माप है। पर्वत की आधी ऊँचाई में, (पर्वत के मूल से) शहर की दूरी का माप जोड़ने से कर्ण प्राप्त होता है ॥ १९८½ ॥

(१९६½) यदि ज्येष्ठ स्तम्भ की ऊँचाई अ और अल्प स्तम्भ की ब द्वारा निरूपित हो, उनके बीच की दूरी स हो, और $अ_1$ भग्न स्तम्भ के उन्नत भाग की ऊँचाई हो, तो नियमानुसार,

$$अ_1 = \frac{अ^2 - (ब^2 + स^2)}{2 (अ - ब)}$$ ।

डोलाकारक्षेत्रस्तम्भद्वितयोर्ध्वसंख्ये वा ।
शिखरिद्वयोर्ध्वसंख्ये परिकल्प्य भुजद्वयं त्रिकोणस्य ॥ २०१½ ॥
तद्दोर्द्वितयान्तरगतभूसंख्यायास्तदाबाधे ।
आनीय प्राग्वत्ते व्युत्क्रमतः स्थाप्य ते कोटी ॥ २०२½ ॥
स्यातांतस्मिन्नायतचतुरश्रक्षेत्रयोश्च तद्दोर्भ्याम् ।
कोटिभ्यां कर्णौ द्वौ प्राग्वत्स्यातां समानसंख्यौ तौ ॥ २०३½ ॥

डोल तथा उसके दो लंबरूप अवलंबों द्वारा निरूपित आकृति के संबंध में, दो स्तंभों की अथवा दो पर्वतों की ऊँचाइयों के मापों को त्रिभुज की दो भुजाओं के माप मान लेते हैं। तब, दिये गये स्तभों अथवा पर्वतों की बीच की आधार रेखा के मान के तुल्य इन दो भुजाओं के बीच की आधार रेखा के संबंध में, शीर्ष से आधार पर गिराये गये लंब से उत्पन्न आबाधाओं के मान पहिले दिये गये नियमानुसार प्राप्त करते हैं। यदि इन आबाधाओं (खंडों) के मानों को विलोम क्रम में लिखा जावे, तो वे इष्ट क्रिया में दो आयतों की दो लंब भुजाओं के मान बन जाते हैं। अब, पहिले दिये गये नियमानुसार दो आयतों के कर्णों के मानों को उपर्युक्त त्रिभुज की दो भुजाओं (जो यहाँ आयत की दो क्षैतिज भुजाएँ ली गई हैं) तथा उन दो लंब भुजाओं की सहायता से प्राप्त करते हैं। ये कर्ण समान सख्यात्मक मान के होते हैं ॥ २०१½–२०३½ ॥

(२०१½–२०३½) इस नियम में वर्णित चतुर्भुजों में, मानलो, लंब भुजाएँ अ, ब द्वारा निरूपित हैं, आधार स है, $स_1$, $स_2$ उसके खंड (आबाधायें) हैं, और रज्जु (रस्से) के प्रत्येक समान भाग की लम्बाई ल है।

अब, $अ^2 + स_1^2 = ब^2 + स_2^2$ ।

$\therefore (स_2 + स_1) (स_2 = स_1) = अ^2 - ब^2$, और $स_1 + स_2 = स$,

$\therefore स_2 = \dfrac{\dfrac{अ^2 - ब^2}{स} + स}{2}$ और $स_1 = \dfrac{स - \dfrac{अ^2 - ब^2}{स}}{2}$ ।

ये मान, अ और ब भुजाओंवाले त्रिभुज के 'स' माप वाले आधार के खंडों के हैं। आधार के खंड शीर्ष से लंब गिराने से उत्पन्न हुए हैं। नियम में यही कथित है। गाथा ४९ का नियम भी देखिये।

(२१०½) यहाँ बतलाया हुआ पथ समकोण त्रिभुज की भुजाओं में से होकर जाता है। इस नियम में दिये गये सूत्र का बीजीय निरूपण यह है—

$क = \dfrac{ब^2 + अ^2}{ब^2 - अ^2} \times द$, जहाँ क कर्णपथ से जाने पर व्यतीत हुए दिनों की संख्या है, अ और ब क्रमश: दो मनुष्यों की गतियाँ हैं, और द उत्तर दिशा से जानेपर व्यतीत हुए दिनों की संख्या है। इस प्रश्न में दत्त व्यास पर आधारित निम्नलिखित समीकरण से यह स्पष्ट है—

$$ब^2 \; क^2 = द^2 \; ब^2 + (फ + द)^2 \times अ^2$$

प्रश्नोद्देशकः

स्तम्भद्वयोदयौ रुद्रः पञ्चदशाप्यथ चतुर्दशान्तरितौ ।
रज्जुर्बद्धा शिखरे भूमीपतिता क[1] आबाधे ॥ २०४ ॥
ते रज्जू समसंख्ये स्यातां तद्रज्जुमानमपि कथय ॥ २०५ ॥
द्वाविंशतिरुत्सेधो[1] गिरेस्तथाष्टादशान्यशैलस्य ।
विंशतिरुभयोर्मध्ये तयोश्च शिखरयोःस्थितौ साधू ॥ २०६ ॥
आकाशचारिणौ तौ समागतौ नगरमत्र भिक्षार्थे ।
समगतिकौ संजातौ तत्राबाधे कियत्संख्ये ॥
समगतिसंख्या कियती दोलाकारेऽत्र गणितज्ञ ॥ २०७½ ॥
विंशतिरेकस्योन्नतिरष्टेश्च विनास्तथान्यस्य ।
तन्मध्यं द्वाविंशतिरनयोरग्रयोश्च शृङ्गयोः स्थित्वा ॥ २०८½ ॥
आकाशचारिणौ द्वौ तन्मध्यपुरं समायातौ ।
भिक्षार्थे समगतिकौ स्यातां तन्मध्यशिखरिमध्यं किम् ॥ २०९½ ॥

विषमत्रिकोणक्षेत्ररूपेण हीनाधिकगतिमतोर्नरयोः समागमदिनसंख्यानयनसूत्रम्—

---

१ क आबाधे व्याकरणरूपेण अशुद्ध है क्योंकि प्रश्नवाचक संख्या 'क' और 'आबाधे' के मध्य कोई संधि नहीं हो सकती है । १८९½ वें श्लोक की टिप्पणी से मिलान करिये ।

उदाहरणार्थ प्रश्न

एक स्तंभ ऊँचाई में ११ हस्त है । दूसरा ऊँचाई में १५ हस्त है । इनके बीच की दूरी १४ हस्त है । इन दो स्तंभों के ऊपरी सिरों पर बँधा हुआ एक रस्सा (रज्जु) इस तरह नीचे लटकता है कि वह इन दो स्तंभों के बीच की दूरी को स्पर्श करता है । स्तंभों के बीच की आधार रेखा के इस प्रकार उत्पन्न खंडों के माप क्या-क्या हैं ? रज्जु के दो लटकते हुए भाग लम्बाई में समान संख्यात्मक माप के हैं । रज्जु का माप भी बतलाओ ॥ २ ०४–२ ०५ ॥ किसी एक पर्वत की ऊँचाई २२ योजन है । दूसरे पर्वत की १८ योजन है । उन दो पर्वतों के बीच की दूरी २० योजन है । पर्वत के शिखर पर स्थित हुए दो साधु आकाश में गमन कर सकते हैं । भिक्षा के लिये वे आकाश मार्ग से नीचे आते हैं, और उन पर्वतों के बीच बसे हुए नगर में मिलते हैं । यह ज्ञात है कि वे आकाश मार्ग से समान दूरियाँ तय कर आते हैं । इन दशाओं में दो पर्वतों के बीच की आधारीय रेखा के खंडों के संख्यात्मक माप क्या क्या हैं ? हे गणितज्ञ इस दोलाकार क्षेत्र में तय की गई समान राशियों का संख्यात्मक माप क्या है ? ॥ २ ०६–२ ०७½ ॥ एक पर्वत की ऊँचाई २० योजन है और उसी प्रकार दूसरे पर्वत की ऊँचाई १० योजन है । उनके बीच की दूरी २२ योजन है । दो साधु जो अलग अलग पर्वत के अग्र पर स्थित थे और आकाश में गमन कर सकते थे उन दो पर्वतों के बीच में बसे हुए नगर में भिक्षा के लिए उतर । वे आकाश में बराबर दूरियाँ तय करते हुए देखे गये । उस मध्य में बसे हुए नगर और पर्वतों के बीच की दूरी का माप क्या है ? ॥ २ ०८½–२ ०९½ ॥

विषम त्रिभुज की सीमाद्वारा निरूपित मार्ग पर असमान गति से चलने वाले दो मनुष्यों का समागम होने के लिये हुए दिनों की संख्या का मान निकालने के लिए नियम—

दिनगतिकृतिसंयोगं दिनगतिकृत्यन्तरेण हृत्वाथ ।
हृत्वोदग्गतिदिवसैस्तल्लब्धदिने समागमः स्यान्त्रोः ॥ २१०½ ॥

अत्रोद्देशकः

द्वे योजने प्रयाति हि पूर्वगतिस्त्रीणि योजनान्यपर ।
उत्तरतो गच्छति यो गत्वासौ तद्दिनानि पञ्चाथ ॥ २११½ ॥
गच्छन् कर्णाकृत्या कतिभिर्दिवसैर्नरं समाप्नोति ।
उभयोर्युगपद्गमनं प्रस्थानदिनानि सदृशानि ॥ २१२½ ॥

पञ्चविधचतुरश्रक्षेत्राणां च त्रिविधत्रिकोणक्षेत्राणां चेत्यष्टविधबाह्यवृत्तव्याससंख्यानयनसूत्रम्—

श्रुतिरवलम्बकभक्ता पार्श्वभुजघ्ना चतुर्भुजे त्रिभुजे ।
भुजघातो लम्बहृतो भवेद्बहिर्वृत्तविष्कम्भः ॥ २१३½ ॥

दो मनुष्यों की दैनिक गतियों के संख्यात्मक मानों के वर्गों के योग को उन्हीं दैनिक गतियों के मानों के वर्गों के अंतर द्वारा भाजित किया जाता है। इस प्रकार प्राप्त भजनफल को उनमें से किसी एक के द्वारा उत्तर में यात्रा करते हुए (अन्य मनुष्य से मिलने हेतु दक्षिण पूर्व में जाने के पहिले) व्यतीत हुए दिनों की सख्या द्वारा गुणित करते हैं, इन दो मनुष्यों का समागम इस गुणनफल द्वारा मापे गये दिनों की संख्या के अंत में होता है ॥ २१०½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

पूर्व की ओर यात्रा करनेवाला मनुष्य २ योजन प्रतिदिन की गति से चलता है, और उत्तर की ओर यात्रा करने वाला दूसरा मनुष्य ३ योजन प्रतिदिन की गति से चलता है। यह दूसरा मनुष्य ५ दिनों तक (इस प्रकार) चलने के पश्चात् कर्ण पर चलने के लिये मुड़ता है। वह पहिले मनुष्य से कितने दिन पश्चात् मिलेगा ? दोनों एक ही समय प्रस्थान करते हैं, और यात्रा में दोनों को समान समय लगता है ॥ २११½–२११½ ॥

पाँच प्रकार के चतुर्भुज क्षेत्रों तथा तीन प्रकार के त्रिभुज क्षेत्रोंवाली आठ प्रकार की आकृतियों के परिगत वृत्तों के व्यासों के संख्यात्मक मान को निकालने के लिये नियम—

चतुर्भुज क्षेत्र के संबंध में, कर्ण के मान को लंब के मान द्वारा भाजित कर, और तब बाजू की भुजा के मान द्वारा गुणित करने पर, परिगत वृत्त के व्यास का मान उत्पन्न होता है। त्रिभुज क्षेत्र के सबंध में आधार को छोड़कर, शेष दो भुजाओं के मानों के गुणनफल को लंब के मान द्वारा भाजित करने पर, परिगत वृत्त का इष्ट व्यास उत्पन्न होता है ॥ २१३½ ॥

(२१३½) मानलो कि त्रिभुज अ ब स किसी वृत्त में अंतर्लिखित है। अद व्यास है और बइ, अस पर लंब है। बद को जोड़ो। अब त्रिभुज अ ब द और ब इ स के कोण क्रमशः आपस में बराबर हैं (अर्थात् ये त्रिभुज सजातीय [similar] हैं)

∴ अब : अद = बइ : बस, $\quad$ अद = $\dfrac{\text{अब} \times \text{बस}}{\text{बइ}}$ ।

यह सूत्र नियम में चतुर्भुज त्रिभुज के परिगत वृत्त के व्यास को प्राप्त करने के लिये दिया गया है।

अत्रोद्देशकः

समचतुरश्रस्य त्रिकबाहुप्रतिबाहुकस्य चान्यस्य ।
कोटिः पञ्च द्वादश भुजास्य किं वा बहिर्वृत्तम् ॥ २१४½ ॥
बाहू त्रयोदश मुखं चत्वारि धरा चतुर्दश प्रोक्ता ।
द्विसमचतुरश्रबाहिरविष्कम्भः को भवेदत्र ॥ २१५½ ॥
पञ्चकृतिर्वदनभुजाश्चत्वारिंशच्च भूमिरेकोना ।
त्रिसमचतुरश्रबाहिरवृत्तव्यासं समाचक्ष्व ॥ २१६½ ॥
न्येका चत्वारिंशद्बाहुः प्रतिबाहुको द्विपञ्चाशत् ।
षष्टिर्भूमिर्वदनं पञ्चकृतिः कोऽत्र विष्कम्भः ॥ २१७½ ॥
त्रिसमस्य च षड् बाहुस्त्रयोदश द्विसमबाहुकस्यापि ।
भूमिर्दश विष्कम्भावनयोः कौ बाह्यवृत्तयोः कथय ॥ २१८½ ॥
बाहू पञ्चाभ्युत्तरदशकौ भूमिश्चतुर्दशो विषमे ।
त्रिभुजक्षेत्रे बाहिरवृत्तव्यासं समाचक्ष्व ॥ २१९½ ॥
त्रिकबाहुषडश्रस्य क्षेत्रस्य भवेत्त्रिविष्कम्भं कथय त्वम् ।
बाहिरविष्कम्भं मे पैशाचिकमत्र यदि वेत्सि ॥ २२०½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

(समबाहु चतुर्भुज) वर्गाकृति के संबंध में, जिसकी प्रत्येक भुजा ३ है और अन्य चतुर्भुज क्षेत्र के संबंध में जिसकी लंब भुजा ५ और क्षैतिज भुजा १२ है बतलाओ कि परिगत वृत्त के व्यास के माप क्या-क्या हैं ? ॥ २१४½ ॥ दो पार्श्व भुजाओं में से प्रत्येक माप में १३ है, ऊपरी भुजा ४ है और आधार माप में १४ है। इस दशा में ऐसे दो समान भुजाओं वाले चतुर्भुज क्षेत्र के परिगत वृत्त के व्यास का माप बतलाओ ॥ २१५½ ॥ ऊपरी भुजा और दो बाजू की भुजाओं में से प्रत्येक माप में २५ है। आधार माप में ३९ है। यहाँ बतलाओ की ऐसे तीन बराबर भुजाओं वाले चतुर्भुज के परिगत वृत्त के व्यास का माप क्या है ? ॥ २१६½ ॥ पार्श्व भुजाओं में से किसी एक का माप ३९ है, दूसरी का माप ५२ है; आधार का माप ६० और ऊपरी भुजा का माप २५ है। इस चतुर्भुज क्षेत्र के संबंध में परिगत वृत्त का व्यास क्या है ? ॥ २१७½ ॥ किसी समत्रिभुज त्रिभुज की भुजा का माप ६ है और समद्विबाहु त्रिभुज की भुजा का माप १३ है। इस दशा में आधार का माप १० है। इन त्रिभुजों के परिगत वृत्तों के व्यासों के मान निकालो ॥ २१८½ ॥ विषम त्रिभुज के संबंध में दो भुजाएँ माप में १५ और १३ हैं आधार का माप १४ है। उसके परिगत वृत्त के व्यास का मान मुझे बतलाओ ॥ २१९½ ॥ यदि तुम गणित की पैशाचिक विधियाँ जानते हो, तो ठीक तरह सोचकर बतलाओ कि जिसकी प्रत्येक भुजा का माप ३ है ऐसे नियमित षड्भुजाकार आकृतिवाले क्षेत्र के परिगत वृत्त के व्यास का मान क्या होगा ? ॥ २२०½ ॥

(२२०½) इस गाथा पर लिखी गई कन्नडी टीका में प्रश्न को यह सूचित कर हल किया है कि नियमित षड्भुज का विकर्ण परिगत वृत्त के व्यास के तुल्य होता है।

इष्टसंख्याव्यासवत्समवृत्तक्षेत्रमध्ये समचतुरश्राद्यष्टक्षेत्राणां मुखभूभुजसंख्यानयनसूत्रम्—
लब्धव्यासेनेष्टव्यासो वृत्तस्य तस्य भक्तश्च ।
लब्धेन भुजा गुणयेद्भवेच्च जातस्य भुजसंख्या ॥ २२१½ ॥

अत्रोद्देशकः

वृत्तक्षेत्रव्यासस्त्रयोदशाभ्यन्तरेऽत्र संचिन्त्य ।
समचतुरश्राद्यष्टक्षेत्राणि सखे ममाचक्ष्व ॥ २२२½ ॥

आयतचतुरश्रं विना पूर्वकल्पितचतुरश्रादिक्षेत्राणां सूक्ष्मगणितं च रज्जुसंख्या च ज्ञात्वा तत्तत्क्षेत्राभ्यन्तरावस्थितवृत्तक्षेत्रविष्कम्भानयनसूत्रम्—
परिधेः पादेन भजेदनायतक्षेत्रसूक्ष्मगणितं तत् ।
क्षेत्राभ्यन्तरवृत्ते विष्कम्भोऽयं विनिर्दिष्टः ॥ २२३½ ॥

व्यास के ज्ञात संख्यात्मक मान वाले समवृत्त क्षेत्र में अंतर्लिखित वर्ग से प्रारंभ होने वाली आठ प्रकार की आकृतियों के आधार, ऊपरी भुजा और अन्य भुजाओं के संख्यात्मक मानों को निकालने के लिये नियम—

दिये गये वृत्त के व्यास के मान को व्यास से प्राप्त ऐसे वृत्त के व्यास द्वारा भाजित किया जाता है, जो निर्दिष्ट प्रकार की विकल्प से चुनी हुई आकृति के परित. खींचा जाता है। इस मन से चुनी हुई आकृति के भुजाओं के मानों को उपर्युक्त परिणामी भजनफलों द्वारा गुणित करना चाहिए। इस प्रकार, दिये गये वृत्त में उत्पन्न आकृति की भुजाओं के संख्यात्मक मानों को प्राप्त करते हैं ॥ २२१½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

समवृत्त आकृति का व्यास १३ है। हे मित्र, ठीक तरह विचार कर मुझे बतलाओ कि इस वृत्त में अंतर्लिखित वर्गादि आठ प्रकार की विभिन्न आकृतियों के संबंध में विभिन्न माप क्या-क्या हैं ॥२२२½॥

केवल आयत क्षेत्र को छोड़कर पूर्वकथित विभिन्न प्रकार के चतुर्भुज और त्रिभुज क्षेत्रों के अंतर्गत वृत्तों के व्यास का मान निकालने के लिये नियम, जब कि इन्हीं चतुर्भुज और अन्य आकृतियों के संबंध में क्षेत्रफल का सूक्ष्म माप और परिमिति का संख्यात्मक मान ज्ञात हो—

(आयत क्षेत्र को छोड़कर अन्य किसी भी) आकृति के सूक्ष्म ज्ञात क्षेत्रफल को (उस आकृति की) परिमिति की एक चौथाई राशि द्वारा भाजित करना चाहिये। वह परिणाम उस आकृति के अंतर्गत वृत्त के व्यास का माप होता है ॥ २२३½ ॥

(२२१½) इष्ट और मन से चुनी हुई आकृतियों की सजातीयता (similiarity) से यह नियम स्वमेव प्राप्त हो जाता है।

(२२३½) यदि सब भुजाओं का योग 'य' हो, अंतर्गत वृत्त का व्यास 'व' हो, और संबंधित चतुर्भुज या त्रिभुजक्षेत्र का क्षेत्रफल 'क्ष' हो, तो

$$\frac{व}{२} \times \frac{य}{२} = क्ष \text{ होता है।}$$

इसलिये नियम में दिया गया सूत्र, $व = क्ष \div \frac{य}{४}$, है।

अत्रोद्देशकः

समचतुरश्रादीनां क्षेत्राणां पूर्वकल्पितानां च ।
कृत्वाभ्यन्तरवृत्तं प्रब्रूहि गणिततत्त्वज्ञ ॥ २२४½ ॥

समवृत्तव्याससंख्यायामिष्टसंख्यां बाणं परिकल्प्य धनुर्बाणपरिमाणस्य ज्यासंख्यानयनसूत्रम्—
व्यासाधिगमोनस्य च चतुर्गुणिताधिगमेन संगुणितः ।
यत्तस्य वर्गमूलं ज्यारूपं निर्दिशेत्प्राज्ञ ॥ २२५½ ॥

अत्रोद्देशकः

व्यासो दश वृत्तस्य द्वाभ्यां छिन्नो हि रूपाभ्याम् ।
छिन्नस्य ज्या का स्यात्प्रगणय्याचक्ष्व तां गणक ॥ २२६½ ॥

समवृत्तक्षेत्रव्यासस्य च मौर्व्याश्च संख्यां ज्ञात्वा बाणसंख्यानयनसूत्रम्—
व्यासज्यारूपकयोर्वर्गविशेषस्य भवति यन्मूलम् ।
तद्विष्कम्भाच्छोध्यं शेषार्धमिषुं विजानीयात् ॥ २२७½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

[illegible] पूर्वोल्लेखित आकृतियों के संबंध में अंतर्गत वृत्त खींचकर, हे गणित तत्त्वज्ञ प्रत्येक ऐसे अंतर्गत वृत्त के व्यास का माप बतलाओ ॥ २२४½ ॥

किसी समवृत्त के व्यास के ज्ञात संख्यात्मक मान के भीतर (सीमान्तः) बाण के माप की ज्ञात संख्या लेकर ऐसे धनुष के धागे के संख्यात्मक मान को प्राप्त करने के लिये नियम जिसका बाण वही दिये गये माप के तुल्य है—

दिये गये व्यास के मान और बाण के ज्ञात मान के अंतर को बाण के मान की चौगुनी राशि द्वारा गुणित किया जाता है। परिणामी गुणनफल का जितना भी वर्गमूल आता है, उसे विद्वान पुरुष को धनुष की डोरी का इष्ट माप बतलाना चाहिये ॥ २२५½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

वृत्त का व्यास १० है। उसका २ द्वारा अपच्छेदन किया जाता है। हे गणितज्ञ, ठीक गणना के पश्चात् दिये गये व्यास के कटे हुए भाग के संबंध में धनुष की डोरी का माप बतलाओ ॥ २२६½ ॥

जब किसी दिये गये वृत्त के व्यास का संख्यात्मक मान और उस वृत्त संबंधी धनुष डोरी (*जीवा*) *का मान ज्ञात हो तब बाण का संख्यात्मक मान निकालने के लिये नियम*—

दिये गये वृत्त के संबंध में व्यास और जीवा (धनुष-डोरी रेखा) के ज्ञात मानों के वर्गों के अंतर का जो वर्गमूल होता है उसे व्यास के मान में से घटाया जाता है। परिणामी शेष की अर्द्धराशि बाण (इषु) का इष्ट मान होती है ॥ २२७½ ॥

(२२५½) गाथा २२५½, २२७½, २२ ½ और २११½ में दिये गये सभी नियम इस यथार्थता पर आधारित हैं कि किसी वृत्त में प्रतिच्छेदन करने वाले (intersecting) चाप कर्णों की आबाधाओं (खंडों) के गुणनफल समान होते हैं।

अत्रोद्देशकः

दश वृत्तस्य विष्कम्भः शिञ्जिन्यभ्यन्तरे सखे।
दृष्टाष्टौ हि पुनस्तस्याः कः स्यादधिगमो वद ॥ २२८½ ॥

ज्यासंख्यां च बाणसंख्यां च ज्ञात्वा समवृत्तक्षेत्रस्य मध्यव्याससंख्यानयनसूत्रम्—
भक्तश्चतुर्गुणेन च शरेण गुणवर्गराशिरिषुसहितः।
समवृत्तमध्यमस्थितविष्कम्भोऽय विनिर्दिष्टः ॥ २२९½ ॥

अत्रोद्देशकः

कस्यापि च समवृत्तक्षेत्रस्याभ्यन्तराधिगमनं द्वे।
ज्या दृष्टाष्टौ दण्डा मध्यव्यासो भवेत्कोऽत्र ॥ २३०½ ॥

समवृत्तद्वयसंयोगे एका मत्स्याकृतिर्भवति। तन्मत्स्यस्य मुखपुच्छविनिर्गतरेखा कर्तव्या। तया रेखया अन्योन्याभिमुखधनुर्द्वयाकृतिर्भवति। तन्मुखपुच्छविनिर्गतरेखैव तद्धनुर्द्वयस्यापि ज्याकृतिर्भवति। तद्धनुर्द्वयस्य शरद्वयमेव वृत्तपरस्परसंपातशरौ ज्ञेयौ। समवृत्तद्वयसंयोगे तयोः संपातशरयोरानयनस्य सूत्रम्—

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी दिये गये वृत्त के व्यास का माप १० है। साथ ही ज्ञात है कि भीतरी धनुष-डोरी का माप ८ है। हे मित्र, उस धनुष डोरी के संबंध में बाण रेखा का मान निकालो ॥ २२८½ ॥

जब धनुष-डोरी और बाण के संख्यात्मक मान ज्ञात हों, तब दिये गये वृत्त के व्यास के संख्यात्मक मान को निकालने के लिये नियम—

धनुष-डोरी के मान के वर्ग का निरूपण करने वाली संख्या, ४ द्वारा गुणित बाण के मान के द्वारा भाजित की जाती है। तब परिणामी भजनफल में बाण का मान जोड़ा जाता है। इस प्रकार प्राप्त राशि नियमित वृत्त की, केन्द्र से होकर मापी गई, चौड़ाई का माप होती है ॥ २२९½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी समवृत्त क्षेत्र के संबंध में, बाण रेखा २ दंड, और धनुष डोरी ८ दंड है। इस वृत्त के संबंध में व्यास का मान क्या हो सकता है ? ॥ २३०½ ॥

जब दो वृत्त परस्पर एक दूसरे को काटते हैं, तब मछली के आकार की आकृति उत्पन्न होती है। इस मत्स्याकृति के संबंध में मुख से पुच्छ को मिलानेवाली रेखा खींची जाती है। इस सरल रेखा की सहायता से एक दूसरे के सम्मुख दो धनुषों की उत्पत्ति होती है। मुख से पुच्छ को मिलाने वाली सरल रेखा इन दोनों धनुषों की धनुष-डोरी होती है। इन दो धनुषों के संबंध में दो बाण रेखाएँ पारस्परिक अतिछादी (overlapping) वृत्तों से संबंधित दो बाण रेखाओं को बनाने वाली समझी जाती हैं। जब दो समवृत्त परस्पर एक दूसरे को काटते हैं, तब अतिछादी (overlapping) भाग से संबंधित बाण रेखाओं के मानों को निकालने के लिये नियम—

ग्रासोनव्यासाभ्यां ग्रासे प्रक्षेपकः प्रकर्तव्यः ।
वृत्ते च परस्परतः संपातशरौ विनिर्दिष्टौ ॥ २३१½ ॥

अत्रोद्देशकः

समवृत्तयोर्द्वयोर्हि द्वात्रिंशदशीतिहस्तविस्तृतयोः ।
ग्रासेऽष्टौ कौ बाणावन्योन्यभवौ समाचक्ष्व ॥ २३२½ ॥

इति पैशाचिकव्यवहारः समाप्तः ॥

इति सारसंग्रहे गणितशास्त्रे महावीराचार्यस्य कृतौ क्षेत्रगणितं नाम षष्ठव्यवहारः समाप्तः ।

प्रतिच्छेदित होने वाले वृत्तों के ऐसे दो व्यासों के दो मानों की सहायता से जिन्हें वृत्तों के अतिछादी (overlapping) भाग की सबसे अधिक चौड़ाई के माप द्वारा हासित करते हैं वृत्तों के अतिछादी भाग की महत्तम चौड़ाई के इस ज्ञात मान के संबंध में प्रक्षेपक क्रिया करना चाहिये । ऐसे वृत्तों के संबंध में इस प्रकार प्राप्त दो परिणामों में से प्रत्येक दूसरे का, अतिछादी वृत्तों संबंधी दो बाणों का माप होता है ॥ २३१½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

दो वृत्तों के संबंध में जिनके विस्तार व्यास क्रमशः ३२ और ८० हस्त हैं । साधारण अतिछादी भाग की महत्तम चौड़ाई ८ हस्त है । यहाँ उन दो वृत्तों के संबंध में बाण रेखाओं के मापों को बतलाओ ॥ २३२½ ॥

इस प्रकार क्षेत्र गणित व्यवहार में पैशाचिक व्यवहार नामक प्रकरण समाप्त हुआ ।

इस प्रकार महावीराचार्य की कृति सार संग्रह नामक गणित शास्त्र में क्षेत्रगणित नामक षष्ठम व्यवहार समाप्त हुआ ।

(२३१½) इस नियम में अनुमानित प्रश्न आर्यभट्ट द्वारा भी साधित किया गया है । उनके द्वारा दिया गया नियम इस नियम के समान है ।

८. खातव्यवहारः

सर्वामरेन्द्रमुकुटार्चितपादपीठं सर्वज्ञमव्ययमचिन्त्यमनन्तरूपम् ।
भव्यप्रजासरसिजाकरबालभानु भक्त्या नमामि शिरसा जिनवर्धमानम् ॥ १ ॥
क्षेत्राणि यानि विविधानि पुरोदितानि तेषां फलानि गुणितान्यवगाहनानि (नेन) ।
कर्मान्तिकौण्ड्रफलसूक्ष्मविकल्पितानि वक्ष्यामि सप्तममिदं व्यवहारखातम् ॥ २ ॥

सूक्ष्मगणितम्

अत्र परिभाषाश्लोकः—

हस्तघने पांसूनां द्वात्रिंशत्पलशतानि पूर्याणि । उत्कीर्यन्ते तस्मात् षट्त्रिंशत्पलशतानीह ॥ ३ ॥

---

८. खात व्यवहार (खोह अथवा गढ़ा संबंधी गणनाएँ)

मैं सिर झुकाकर उन वर्धमान जिनेन्द्र को भक्तिपूर्वक नमस्कार करता हूँ, जिनका पादपीठ (पैर रखने की चौकी) सभी अमरेन्द्रों के मुकुटों द्वारा अर्चित होता है, जो सर्वज्ञ हैं, अव्यय हैं, अचिन्त्य और अनन्तरूप हैं, तथा जो भव्य जीवों रूपी कमल समूह को विकसित करने के लिये बालभानु (अभिनव सूर्य) हैं ॥ १ ॥ अब मैं खात के संबंध में (विभिन्न प्रकार के) कर्मांतिक, औण्ड्रफल और सूक्ष्म फल का वर्णन करूँगा । ये समस्त प्रकार, उन उपर्युक्त विभिन्न प्रकार की रैखिकीय आकृतियों से गहराई मापने वाली राशियों द्वारा घटित गुणन क्रिया के परिणाम स्वरूप प्राप्त किये जाते हैं । यह सातवाँ व्यवहार, खात व्यवहार है ॥ २ ॥

सूक्ष्म गणित

परिभाषा के लिये एक श्लोक (व्यावहारिक कल्पना के लिये एक गाथा)—

किसी एक घन हस्त माप की खोह को भरने के लिये ३,२०० पल मात्रा की मिट्टी लगती है । उसी घन आयतन वाली खोह में ३,६०० पल मात्रा की मिट्टी निकाली जा सकती है ॥ ३ ॥

---

(२) औण्ड्रफल शब्द में 'औण्ड्र' पद विचित्र संस्कृत शब्द मालूम पड़ता है, और कदाचित् वह हिन्दी शब्द औण्ढ से संबंधित है, जिसका अर्थ "गहरा" होता है ।

(३) इस धारणा का अभिप्राय स्पष्ट रूप से यह है कि एक घन हस्त दबी हुई मिट्टी का भार ३,६०० पल होता है, और इतनी जगह को शिथिलता से भरने के लिये ३,२०० पल भार की मिट्टी पर्याप्त होती है ।

खातगणितफलानयनसूत्रम्—

क्षेत्रफलं वेधगुणं समखाते व्यावहारिकं गणितम् ।
मुखतलयुतिदलमथ सत्संख्याप्तं स्यात्समीकरणम् ॥ ४ ॥

अत्रोद्देशकः

समचतुरश्रस्याष्टौ बाहुः प्रतिबाहुकश्च वेधश्च । क्षेत्रस्य खातगणितं समखाते किं भवेदत्र ॥ ५ ॥
त्रिभुजस्य क्षेत्रस्य द्वात्रिंशद्बाहुकस्य वेधे तु । षट्त्रिंशद्दृष्टास्ते षडङ्गुलाग्रस्य किं गणितम् ॥ ६ ॥
साष्टशतव्यासस्य क्षेत्रस्य हि पञ्चषष्टिसहितशतम् ।
वेधो वृत्तस्य त्वं समखाते किं फलं कथय ॥ ७ ॥
आयतचतुरश्रस्य व्यासः पञ्चाग्रविंशतिर्बाहुः । षष्टिर्वेधोऽष्टशतं कथयाशु समस्य खातस्य ॥ ८ ॥

अस्मिन् खातगणिते कर्मान्तिकसंज्ञफलं च औण्ड्रसंज्ञफलं च ज्ञात्वा ताभ्यां कर्मान्तिकौण्ड्रसंज्ञफलाभ्याम् सूक्ष्मखातफलानयनसूत्रम्—

खातों की घनाकार समाई (अंतर्वस्तु) को निकालने के लिये नियम—

गहराई द्वारा गुणित क्षेत्रफल, नियमित (regular) खात (गड्ढे) की घनाकार समाई का व्यावहारिक मान उत्पन्न करता है। सभी विभिन्न मुख (ऊपरी) विस्तारों के तथा उनके संवादी नितल (bottom) विस्तारों के योगों को आधा किया जाता है। तब (उन्हीं अर्द्धित राशियों के) योग को कथित अर्द्धित राशियों की संख्या द्वारा भाजित किया जाता है। औसत समाई को प्राप्त करने के लिये यह किया है ॥ ४ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

नियमित खात के छेद के प्रतिरूपक समान भुजाओंवाले चतुर्भुज क्षेत्र, के संबंध में भुजाएँ तथा गहराई प्रत्येक माप में ८ हस्त है। इस नियमित गड्ढे (खात) में घनाकार समाई का मान क्या है? ॥ ५ ॥ किसी नियमित खात के छेद को निरूपण करनेवाले समत्रिभुज क्षेत्र के संबंध में प्रत्येक भुजा ३२ हस्त है, और गहराई ३६ हस्त ६ अंगुल है। यहाँ समाई कितनी है? ॥ ६ ॥ किसी नियमित खात के छेद (section) का निरूपण करनेवाले समवृत्त क्षेत्र के संबंध में व्यास १०८ हस्त है और खात की गहराई १६५ हस्त है। बतलाओ कि इस दशा में घनफल क्या है? ॥ ७ ॥ किसी नियमित खात (गड्ढे) के छेद का निरूपण करनेवाले आयत चतुर्भुज क्षेत्र की चौड़ाई २५ हस्त है लंबाई ६० हस्त है और खात की गहराई १०८ हस्त है। इस नियमित खात की घनाकार समाई शीघ्र बतलाओ ॥ ८ ॥

परिणाम के रूप में प्राप्त कर्मान्तिक तथा औण्ड्र को ज्ञात कर उनकी सहायता से खात संबंधी गणना में घनाकार समाई का सूक्ष्म रूप से ठीक मान निकालने के लिये नियम—

(४) इस श्लोक का उत्तरार्द्ध स्पष्टतः उस विधि का कथन करता है जिसके द्वारा हम किसी दिये गये अनियमित खात के समुचित रूप से तुल्य नियमित खात के विस्तारों को प्राप्त कर सकते हैं।

बाह्याभ्यन्तरसंस्थिततत्तत्क्षेत्रस्थबाहुकोटिभुवः ।
स्वप्रतिबाहुसमेता भक्तास्तत्क्षेत्रगणनयान्योन्यम् ॥ ९ ॥
गुणिताश्च वेधगुणिताः कर्मान्तिकसंज्ञगणितं स्यात् ।
तद्बाह्यान्तरसंस्थिततत्तत्क्षेत्रे फलं समानीय ॥ १० ॥
संयोज्य संख्ययाप्तं क्षेत्राणां वेधगुणितं च । औण्ड्रफलं तत्फलयोर्विशेषकस्य त्रिभागेन ॥
संयुक्तं कर्मान्तिकफलमेव हि भवति सूक्ष्मफलम् ॥ ११½ ॥

ऊपरी छेदीय (sectional) क्षेत्र का निरूपण करनेवाली आकृति के आधार और अन्य भुजाओं के मानो को क्रमशः तली के छेदीय क्षेत्र का निरूपण करनेवाली आकृति के आधार और सवादी भुजाओं के मानो में जोड़ते हैं। इस प्रकार प्राप्त कई योग प्रश्न में विचाराधीन छेदीय क्षेत्रो की सख्या द्वारा भाजित किये जाते है। तब भुजाएँ ज्ञात रहने पर, क्षेत्रफल निकालने के नियमानुसार, परिणामी राशियाँ एक दूसरे के साथ गुणित की जाती है। तब कर्मान्तिक का घनफल उत्पन्न होता है। ऊपरी छेदीय क्षेत्र और नितल छेदीय क्षेत्र द्वारा निरूपित उन्हीं आकृतियों के संबंध में, इनमें से प्रत्येक क्षेत्र का क्षेत्रफल अलग-अलग प्राप्त किया जाता है। इस प्रकार प्राप्त क्षेत्रफलों को आपस मे जोड़ा जाता है, और तब योगफल विचाराधीन छेदीय क्षेत्रो की सख्या द्वारा भाजित किया जाता है ॥ ९–११½ ॥

इस प्रकार प्राप्त भजनफल गहराई के मान द्वारा गुणित किया जाता है। यह औण्ड्र नामक घनफल माप को उत्पन्न करता है। यदि इन दो फलों के अन्तर की एक तिहाई राशि कर्मान्तिक फल में जोड़ दी जाय तो इष्ट घनफल का सूक्ष्म रूप में ठीक मान निश्चय रूप से प्राप्त होता है।

(९–११½) दी गई आकृति में अ ब स द नियमित खात (गड्ढे) का ऊपरी छेदीय क्षेत्र (मुख) है, और इ फ ग ह नितल छेदीय क्षेत्र है।

इस नियम में व्यवहार में लाई गई आकृतियाँ या तो विपाटित (काटे गये) स्तूप (pyramids) हैं, जिनके आधार आयत अथवा त्रिभुज होते हैं, अथवा विपाटित शंक्वाकार (शंकु के आकार की) वस्तुएँ हैं। इस नियम में खातों की घनाकार समाई के तीन प्रकार के मापों का वर्णन है। इसमें से दो, जैसे कर्मांतिक और औण्ड्र माप, समाइयों के व्यावहारिक मानों को देते हैं। इन मानों की सहायता से सूक्ष्म माप की गणना की जाती है। यदि का कर्मांतिक फल और आ औण्ड्र फल का निरूपण करते हों, तो सूक्ष्म रूप से ठीक माप $\left(\frac{\text{आ} - \text{का}}{३} + \text{का}\right)$ अर्थात् ($\frac{२}{३}$ का + $\frac{१}{३}$ आ) होता है।

यदि काटे गये तथा वर्ग आधारवाले स्तूप के ऊपरी तथा निम्न तल की भुजाओं का माप क्रमशः 'अ' और 'ब' हो तो घनाकार समाई का सूक्ष्म रूप से ठीक माप $\frac{१}{३}$ ऊ ($\text{अ}'^{२} + \text{ब}'^{२} + २\,\text{अ}'\,\text{ब}'$) के बराबर बतलाया जा सकता है, जहाँ

अत्रोद्देशकः

समचतुरश्रा वापी विंशतिरुपरीह षोडशैव तले ।
वेधो नव किं गणितं गणितविदाचक्ष्व मे शीघ्रम् ॥ १२½ ॥
वापी समत्रिबाहुर्विंशतिरुपरीह षोडशैव तले ।
वेधो नव किं गणितं कर्मान्तिकमौण्ड्रमपि च सूक्ष्मफलम् ॥ १३½ ॥
समवृत्तासौ वापी विंशतिरुपरीह षोडशैव तले ।
वेधो द्वादश दण्डाः किं स्यात्कर्मान्तिकौण्ड्रसूक्ष्मफलम् ॥ १४½ ॥
आयतचतुरश्रस्यत्वायामः षष्टिरेव विस्तारः। द्वादश मुखे तलेऽर्धं वेधोऽष्टौ किं फलं भवति ॥१५½॥
नवतिरशीतिः सप्ततिरायामस्त्वोर्ध्वमध्यमूलेषु ।
विस्तारो द्वात्रिंशत् षोडश दश सप्त वेधोऽयम् ॥ १६½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

एक ऐसा कूप है जिसका छेदीय (sectional) क्षेत्र समभुज चतुर्भुज है। ऊपरी (मुख) छेदीय क्षेत्र की भुजाओं में से प्रत्येक का माप २० हस्त है और निम्न (bottom) छेदीय क्षेत्र की प्रत्येक भुजा १६ हस्त की है। गहराई (वेध) ९ हस्त है। हे गणितज्ञ घनफल का माप शीघ्र बतलाओ ॥ १२½ ॥

समभुज त्रिभुजीय अनुप्रस्थ छेदवाले कूप के ऊपरी छेदीय क्षेत्र की भुजाओं में से प्रत्येक २० हस्त की और निम्न छेदीय क्षेत्र की भुजाओं में से प्रत्येक १६ हस्त की है गहराई ९ हस्त है। कर्मान्तिक घनफल औण्ड्र घनफल और सूक्ष्म रूप से ठीक घनफल क्या-क्या है ? ॥ १३½ ॥

समवृत्त आकार के छेदीय क्षेत्रवाले कूप के ऊपरी छेदीय क्षेत्र का व्यास २० दंड और निम्न छेदीय क्षेत्र का व्यास १६ दंड है। गहराई १२ दंड है। कर्मान्तिक औण्ड्र और सूक्ष्म घनफल क्या हो सकते हैं ? ॥ १४½ ॥

आयताकार छेदीय क्षेत्र वाले खात के ऊपरी छेदीय क्षेत्र की लंबाई ६० हस्त और चौड़ाई १२ हस्त है, तथा निम्न छेदीय क्षेत्र की लम्बाई ऊपर के छेदीय क्षेत्र की आधी है और चौड़ाई भी आधी है। गहराई ९ हस्त है। यहाँ घनफल क्या है ? ॥ १५½ ॥

इसी प्रकार के एक और दूसरे कूप के ऊपरी छेदीय क्षेत्र, बीच के छेदीय क्षेत्र और निम्न छेदीय क्षेत्र की लम्बाइयाँ क्रमशः ९०, ८० और ७० हस्त हैं तथा चौड़ाइयाँ क्रमशः ३२, १६ और १० हस्त हैं। वह गहराई में ७ हस्त है। इस घनफल का माप दो ? ॥ १६½ ॥

'ऊ' छिन्नाग्र स्तूप की ऊँचाई है। घनाकार समाई के सूक्ष्म माप के लिये दिये गये इस सूत्र का सत्यापन कर्मान्तिक और औण्ड्र फलों के निम्नलिखित मानों की सहायता से किया जाता है।

$$क = \left(\frac{म' + म'}{२} \right)^२ \times ऊ, \quad औ = \frac{(म)^२ + (म')^२}{२} \times ऊ$$

इसी प्रकार सम त्रिभुजाकार एवं आयताकार आधारवाले तिर्यक् छिन्न (truncated) स्तूप तथा सम वृत्ताकार आधार वाले तिर्यक् छिन्न शंकुओं के संबंध में भी सत्यापन किया जा सकता है।

व्यासः षष्टिर्वदने मध्ये त्रिंशत्तले तु पञ्चदश।
समवृत्तस्य च वेधः षोडश किं तस्य गणितफलम्॥ १७½॥
त्रिभुजस्य मुखेऽशीति षष्टिर्मध्ये तले च पञ्चाशत्।
बाहुत्रयेऽपि वेधो नव किं तस्यापि भवति गणितफलम्॥ १८½॥

खातिकायाः खातगणितफलानयनस्य च खातिकाया मध्ये सूचीमुखाकारवत् उत्सेधे सति खातगणितफलानयनस्य च सूत्रम्—
परिखामुखेन सहितो विष्कम्भस्त्रिभुजवृत्तयोस्त्रिगुणात्।
आयामश्चतुरश्रे चतुर्गुणो व्याससगुणितः॥ १९½॥

समवृत्त आकार के छेदीय क्षेत्र वाले खात के संबंध में मुख व्यास ६० हस्त है, मध्य व्यास ३० हस्त और तल व्यास १५ हस्त है। गहराई १६ हस्त है। घनफल का माप देने वाला गणित फल क्या है? ॥ १७½ ॥

त्रिभुजाकार के छेदीय क्षेत्रवाले खात के सम्बन्ध में, प्रत्येक भुजा का माप ऊपर ८० हस्त, मध्य में ६० हस्त और तली में ५० हस्त है। गहराई ९ हस्त है। (घनाकार समाई देनेवाला) घनफल क्या है? ॥ १७½ ॥

किसी खात की घनाकार समाई के मान, तथा मध्य में सूची मुखाकार के समान उत्सेध सहित (ठोस मिट्टी का गोपुच्छवत् एक अंत की ओर घटने वाले प्रक्षेप projection) सहितखात की घनाकार समाई के मान को निकालने के लिये नियम—

केन्द्रीय पुंज की चौड़ाई को वेष्टित खात की ऊपरी चौड़ाई द्वारा बढ़ाकर, और तब तीन द्वारा गुणित करने पर, त्रिभुजाकार और वृत्ताकार खातों की इष्ट परिमिति का मान उत्पन्न होता है। चतुर्भुजाकार खात के सम्बन्ध में, इष्ट परिमिति के इसी मान को, पूर्वोक्त विधि के अनुसार, चौड़ाई को चार द्वारा गुणित करने से प्राप्त करते हैं ॥ १९½ ॥

(१९½–२०½) ये श्लोक किसी भी आकार के केन्द्रीय पुंज के चारों ओर खोदी गई खाईयों या खातों के घनाकार समाई के माप विषयक हैं। केन्द्रीय पुंज के छेद का आकार वर्ग, आयत, समभुज त्रिभुज अथवा वृत्त सदृश हो सकता है। खात (तली में और ऊपर) दोनों जगह समान चौड़ाई का हो सकता है, अथवा घटनेवाली या बढ़नेवाली चौड़ाई का हो सकता है। यह नियम, इन सभी तीन दशाओं में, खात की कुछ लम्बाई निकालने में सहायक होता है।

(१) जब खात की चौड़ाई समान (ऊपर नीचे एक सी) हो, तब खात की लंबाई = (द + ब) × ३ होती है, जब कि सम त्रिभुजाकार अथवा वृत्ताकार छेद हो। यहाँ 'द' केन्द्रीय पुंज की भुजा का माप अथवा व्यास का माप है, और 'ब' खात की चौड़ाई है। परन्तु यह लंबाई = (द + ब) × ४ होती है, जब कि छेद वर्गाकार तथा केन्द्रीय पुंजवाला वर्गाकार खात होता है।

(२) यदि खात तली में या ऊपर जाकर बिन्दु रूप हो जाता हो, तो कर्मांतिक फल निकालने के लिये, लंबाई = $\left(द + \frac{ब}{२} \right) \times ३$ अथवा $\left(द + \frac{ब}{२} \right) \times ४$ होती है, जब केन्द्रीय पुञ्ज का छेद (section) (१) त्रिभुजाकार या वृत्ताकार अथवा (२) वर्गाकार होता है। औंड्र फल प्राप्त करने के लिए खात की लम्बाई क्रमशः (द + ब) × ३ और (द + ब) × ४ लेते हैं।

घनफलों निकालने के लिए, इन बीज वाक्यों को खात की आधी चौड़ाई और गहराई से गुणा

सूचीमुखवद्वेधे परिखा मध्ये तु परिखार्धम् ।
मुखसहितमथो करणं प्राग्वत्तत्सूचिवेधे च ॥ २०१/२ ॥

अत्रोद्देशकः

त्रिभुजचतुर्भुजवृत्तं पुरोदितं परिखया परिक्षिप्तम् ।
दण्डाशीत्या व्यासा परिखाश्चतुरर्मिकाक्षिवेधा स्युः ॥ २११/२ ॥
आयतचतुरायामो विंशत्युत्तरशतं पुनर्व्यासः ।
चत्वारिंशत् परिखा चतुरर्मीका त्रिवेधा स्यात् ॥ २२१/२ ॥

ऊपर की ओर घटने वाले अथवा बढ़ने वाले अंतोंसहित केन्द्रीय पुंज के (ऐसे खातों के संबंध में) कर्मान्तिक को प्राप्त करने के लिये खात की आधी चौड़ाई को केन्द्रीय पुंज की चौड़ाई में जोड़ते हैं । औण्ड्रफल को प्राप्त करने करने के लिये खात की चौड़ाई के मान को केन्द्रीय पुंज की चौड़ाई में जोड़ते हैं । तत्पश्चात् पूर्वोक्त विधि उपयोग में लाते हैं ॥ २ १/२ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

पूर्व कथित त्रिभुजाकार चतुर्भुजाकार और वृत्ताकार क्षेत्रों के चारोंओर खाइयाँ खोदी जाती हैं । चौड़ाई ८ दंड है और खाईयाँ ४ दंड चौड़ी और ३ दंड गहरी हैं । घनाकार समाई बतलाओ ॥ २११/२ ॥ आयत की लंबाई १२ दंड और चौड़ाई ४ दंड है । आसपास की खाई चौड़ाई में ४ दंड और गहराई में ३ दंड है । घनाकार समाई बतलाओ ॥ २२१/२ ॥

करना पड़ता है । त्रिभुजाकार और वृत्ताकार छेद वाले खातों के संबंध में उपर्युक्त सूत्र केवल सन्निकट फलों को देते हैं । इस प्रकार प्राप्त खात की कुल लम्बाई की सहायता से, नतिवाले खातों के संबंध में गाथा ९ से ११/२ में दिये गये नियम का प्रयोगकर, घन फलों (घनाकार समाई) का मान निकालते हैं ।

(२२/२) मिट्टी का केन्द्रीय पुंज का छेद आयताकार हो, तो वेष्टित खात की कुल लंबाई को निकालने के लिये भुजाओं के मापों का खात की चौड़ाई अथवा आधी चौड़ाई द्वारा बढ़ाकर, जोड़ने से (क्रमशः कर्मान्तिक अथवा औण्ड्र) इष्ट फल प्राप्त करते हैं ।

इस श्लोक में वर्णित किये गये प्रश्न ये हैं : (अ) उठाये गये स्तूप या शंकु (cone) की कुल ऊँचाई निकालना, (ब) जब किसी काटे गये स्तूप या शंकु की ऊँचाई और ऊपरी तथा नीचे के तलों का विस्तार दिया गया होता है, तब इष्ट गहराई पर छेद (section) के विस्तार को निकालना । तुलनात्मक अध्ययन के लिये त्रिलोक प्रज्ञप्ति (१/१९४ ४/१०५७) तथा जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति (११,७ २८) देखिये । यदि वर्गाकार आधारवाले इंडित (काटे गये) स्तूप में आधार की भुजा का माप 'अ', ऊपरी तल की भुजा का माप 'ब' और ऊँचाई 'उ' हो, तो यहाँ दिये गये नियमानुसार, कुल स्तूप की ऊँचाई क लेकर $क = \frac{अ \times उ}{अ - ब}$, और किसी दी गई ऊँचाई $उ_1$ पर स्तूप के छेद की भुजा का माप $= \frac{अ(क - उ_1)}{क}$ होता है । ये सूत्र शंकु के लिये भी प्रयोग्य होते हैं । स्तूप के बिन्दुरूपी माप को बनानेवाले छेद की भुजा का माप, नियमानुसार दूसरे सूत्र के द्वारा उ में जोड़ा जाता है, क्योंकि कुछ दशाओं में स्तूप वास्तव में बिन्दु में प्रक्षालित नहीं होता । जहाँ वह बिन्दु में प्रक्षालित होता है वहाँ इस भुजा का माप शून्य लेना पड़ता है ।

उत्सेधे बहुप्रकारवति सति खातफलानयनस्य च, यस्य कस्यचित् खातफलं ज्ञात्वा तत्खात-फलात् अन्यक्षेत्रस्य खातफलानयनस्य च सूत्रम्—

वेधयुतिः स्थानहृता वेधो मुखफलगुणः स्वखातफलं।
त्रिचतुर्भुजवृत्ताना फलमन्यक्षेत्रफलहृत वेधः ॥ २३½ ॥

अत्रोद्देशकः

समचतुरश्रक्षेत्रे भूमिचतुर्हस्तमात्रविस्तारे।
तत्रैकद्वित्रिचतुर्हस्तनिखाते कियान् हि समवेधः॥ २४½ ॥
समचतुरश्राष्टादशहस्तभुजा वापिका चतुर्वेधा।
वापी तज्जलपूर्णान्या नवबाह्वात्र को वेधः ॥ २५½ ॥

यस्य कस्यचित्खातस्य ऊर्ध्वस्थितभुजासंख्यां च अधःस्थितभुजासंख्या च उत्सेधप्रमाणं च ज्ञात्वा, तत्खाते इष्टोत्सेधसंख्याया' भुजासंख्यानयनस्य, अध.सूचिवेधस्य च संख्यानयनस्य सूत्रम्—

किसी खात की घनाकार समाई निकालने के लिये नियम, जबकि विभिन्न बिन्दुओं पर खात की गहराई बदलती है, अथवा जबकि घनाकार समाई समान करने के लिये दूसरे ज्ञात क्षेत्रफल के सबंध में आवश्यक खुदाई की गहराई पर खात की घनाकार समाई ज्ञात है—

विभिन्न स्थानों में मापी गई गहराइयों के योग को उन स्थानों की सख्या द्वारा भाजित किया जाता है, इससे औसत गहराई प्राप्त होती है। इसे खात के ऊपरी क्षेत्रफल से गुणित करने पर त्रिभुजाकार, चतुर्भुजाकार अथवा वृत्ताकार छेद वाले क्षेत्रफल सम्बन्धी खात की घनाकार समाई उत्पन्न होती है। दिये गये खात की घनाकार समाई, जब दूसरे ज्ञात क्षेत्रफल के मान द्वारा भाजित की जाती है, तब वह गहराई प्राप्त होती है, जहाँ तक खुदाई होने पर परिणामी घनाकार समाई एक-सी हो जाती हो ॥ २३½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी समभुज चतुर्भुज क्षेत्र में, जिसके द्वारा वेष्टित मैदान विस्तार में (लंबाई और चौड़ाई में) ४ हस्त माप का है, खातें चार भिन्न दशाओं में क्रमशः १, २, ३ और ४ हस्त गहरी हैं। खातों की औसत गहराई का माप क्या है ? ॥ २४½ ॥

समभुज चतुर्भुज क्षेत्र जिसका छेद है, ऐसे कूप की भुजाएँ माप में १८ हस्त हैं। उसकी गहराई ४ हस्त है। इस कूप के पानी से दूसरा कूप, जिसके छेद की प्रत्येक भुजा ९ हस्त की है, पूरी तरह भरा जाता है। इस दूसरे कूप की गहराई क्या है ? ॥ २५½ ॥

जब किसी दिये गये खात के सबध में ऊपरी छेदीय क्षेत्र की भुजाओं के माप तथा निम्न छेदीय क्षेत्र की भुजाओं के माप ज्ञात हों, और जब गहराई का माप भी ज्ञात हो, तब किसी चुनी हुई गहराई पर परिणामी निम्न छेद की भुजाओं के मान को प्राप्त करने के लिये, तथा यदि तली केवल एक बिन्दु में घटकर रह जाती हो, तब खात की परिणामी गहराई को प्राप्त करने के लिये नियम—

मुखगुणवेधो मुखतलशेषहृतोऽत्रैव सूचिवेधः स्यात् ।
विपरीतवेधगुणमुखतलमुखयुतवेधहृद्व्यासः ॥ २६९½ ॥

अत्रोद्देशकः

समचतुरश्रा वापी विंशतिरूर्ध्वे चतुर्दशाधाश्च ।
वेधो मुखे नवाधःक्षयो भुजाः केऽत्र सूचिवेधः कः ॥ २७०½ ॥

गोलकाकारक्षेत्रस्य फलानयनसूत्रम्—

ऊपर की भुजा के दिये गये माप के साथ दी गई गहराई का गुणा करने पर परिणामस्वरूप प्राप्त होने वाला गुणनफल जब ऊपरी भुजा और तली की भुजा के मापों के अंतर द्वारा भाजित किया जाता है, तब तली बिन्दु (अर्थात् जब तली अंत में बिन्दु रूप रह जाती हो) की दशा में इष्ट गहराई उत्पन्न होती है । बिन्दुरूप तली से ऊपर की ओर इष्ट स्थिति तक मापी गई गहराई को ऊपर की भुजा के माप द्वारा गुणित करते हैं । तब प्राप्तफल को बिन्दुरूप तली की (यदि हो तो) भुजा के माप तथा (ऊपर से लेकर बिन्दुरूप तली तक की) कुल गहराई के योग द्वारा भाजित करने से ज्ञात की इष्ट गहराई पर भुजा का माप उत्पन्न होता है ॥ २६९½ ॥

उदाहरणार्थ एक प्रश्न

समभुज चतुर्भुजाकार आकृति के छेदवाली एक वापिका है । ऊपरी भुजा का माप २० है, और तली में भुजा का माप १४ है । आरंभ में गहराई ९ है । यह गहराई नीचे की ओर ३ और बढ़ाई जाने पर तली की भुजा का माप क्या होगा ? यदि तली अंत में बिन्दु रूप हो जाती हो, तो गहराई का माप क्या होगा ? ॥ २७०½ ॥

गोलाकार क्षेत्र से वेष्टित जगह की घनाकार समाई का माप निकालने के लिये नियम—

(२६९½) इस श्लोक में वर्णित किये गये प्रश्न ये हैं (अ) उल्टाये गये स्तूप या शंकु (cone) की कुल ऊँचाई निकालना, (ब) जब किसी काटे गये स्तूप या शंकु की ऊँचाई और ऊपरी तथा नीचे के तलों का विस्तार दिया गया होता है, तब किसी इष्ट गहराई पर छेद (section) के विस्तार को निकालना । तुलनात्मक अध्ययन के लिये त्रिलोक प्रज्ञप्ति (१/१६४, ४/१०९४) तथा जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति (१, १०, ११) देखिये यदि वर्गाकार आधारवाले खंडित (काटे गये) स्तूप में आधार की भुजा का माप 'अ ऊपरी तल की भुजा का माप ब ऊँचाई 'ह हो तो यहाँ दिये गये नियमानुसार, कुल स्तूप की ऊँचाई ठ लेकर $ठ = \frac{अ \times ह}{अ - ब}$ और किसी दी गई ऊँचाई $ठ_1$ पर स्तूप के छेद की भुजा का माप $= \frac{अ (ठ - ठ_1)}{ठ}$ होता है । ये सूत्र शंकु के लिये भी प्रयोज्य होते हैं । स्तूप के बिन्दुरूपी भाग को बनानेवाली छत की भुजा का माप नियमानुसार, दूसरे सूत्र के हर ठ में जोड़ा जाता है, क्योंकि कुछ दशाओं में स्तूप निश्चय रूप से बिन्दु में प्रहासित नहीं होता । जहाँ वह बिन्दु में प्रहासित नहीं होता वहाँ इस भुजा का माप शून्य लिया पड़ता है ।

व्यासार्धघनार्धगुणा नव गोलव्यावहारिकं गणितम् ।
तद्दशमांशं नवगुणमशेषसूक्ष्मं फलं भवति ॥ २८½ ॥

अत्रोद्देशकः

षोडशविष्कम्भस्य च गोलकवृत्तस्य विगणय्य ।
किं व्यावहारिकफलं सूक्ष्मफलं चापि मे कथय ॥ २९½ ॥

शृंगाटकक्षेत्रस्य खातव्यावहारिकफलस्य खातसूक्ष्मफलस्य च सूत्रम्—
भुजकृतिदलघनगुणदशपदनवहृद्व्यावहारिक गणितम् ।
त्रिगुणं दशपदभक्तं शृङ्गाटकसूक्ष्मघनगणितम् ॥ ३०½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

अर्द्ध व्यास के घन की अर्द्धराशि, ९ द्वारा गुणित होकर, गोलाकार क्षेत्र से वेष्टित जगह की घनाकार समाई का सन्निकट मान उत्पन्न करती है। यह सन्निकट मान ९ द्वारा गुणित होकर और १० द्वारा भाजित होकर, शेषफल की उपेक्षा करने पर, घनफल का सूक्ष्म माप उत्पन्न करता है ॥ २८½ ॥

किसी १६ व्यास वाले गोल के संबंध से उसके घनफल का सन्निकट मान तथा सूक्ष्म मान गणना कर बतलाओ ॥ २९½ ॥

शृङ्गाटक क्षेत्र (त्रिभुजाकार स्तूप) के आकार के खात की घनाकार समाई के व्यावहारिक एवं सूक्ष्म मान को निकालने के लिये नियम, जबकि स्तूप की ऊँचाई आधार निर्मित करने वाले समत्रिभुज को भुजाओं में से एक की लंबाई के समान होती है—

आधारीय समभुज त्रिभुज की भुजा के वर्ग की अर्द्धराशि के घन को १० द्वारा गुणित किया जाता है। परिणामी गुणनफल के वर्गमूल को ९ द्वारा भाजित किया जाता है। यह सन्निकट इष्ट मान को उत्पन्न करता है। यह सन्निकट मान, जब ३ द्वारा गुणित होकर १० के वर्गमूल द्वारा भाजित किया जाता है, तब स्तूप खात की घनाकार समाई का सूक्ष्म रूप से ठीक माप उत्पन्न होता है ॥ ३०½ ॥

(२८½) यहाँ दिये गये नियमानुसार गोल का आयतन (१) सन्निकट रूप से $\left(\frac{द}{२}\right)^३ \times \frac{९}{२}$ होता है और (२) सूक्ष्म रूप से $\left(\frac{द}{२}\right)^३ \times \frac{९}{२} \times \frac{९}{१०}$ होता है। किसी गोल के आयतन के घनफल का शुद्ध सूत्र $\frac{४}{३}\pi$ (त्रिज्या)^३ है। यह ऊपर दिये गये मान से तुलनायोग्य तब बनता है, जबकि π अर्थात् $\frac{परिधि}{व्यास}$ का अनुपात $\sqrt{१०}$ लिया जावे। दोनों हस्तलिपियों में 'तन्नवमांश दशं गुणं' लिखा है, जिससे स्पष्ट होता है कि सूक्ष्म मान, सन्निकट मान का $\frac{१०}{९}$ गुणा होता है। परन्तु यहाँ ग्रंथ में तद्दशमांशं नव गुणं लिया गया है, जो सूक्ष्म मान को, सन्निकट का $\frac{९}{१०}$ बतलाता है। यह सरलतापूर्वक देखा जा सकता है कि यह गोल की घनाकार समाई के माप के संबंध में सूक्ष्मतर माप देता है, जितना की और कोई भी माप नहीं देता।

(३०½) इस नियमानुसार त्रिभुजाकार स्तूप की घनाकार समाई के व्यावहारिक मान को बीजीय रूप से निरूपित करने पर $\frac{अ^३}{१८} \times \sqrt{५}$ अर्थात् $\frac{अ^३}{१२} \times \sqrt{\frac{२०}{९}}$ प्राप्त होता है, और सूक्ष्म मान

अत्रोद्देशकः

षट्कस्य च शृङ्गाटकषड्बाहुघनस्य गणयित्वा ।
किं व्यावहारिकफलं गणितं सूक्ष्मं भवेत्कथय ॥ २१½ ॥

वापीप्रणालिकानां विमोचने सत्यविघ्नप्रणालिकासंयोगे सजलेन वाप्याः पूर्णायां सत्यां तत्कालानयनसूत्रम् —

वापीप्रणालिकाः स्वस्वकालभक्ताः सवर्णविच्छेदाः ।
तद्युतिभक्तं रूपं दिनांशकः स्यात्प्रणालिकायुक्त्या ॥
तद्दिनभागहतास्ते तज्जलगतयो भवन्ति तद्वाप्याम् ॥ २३ ॥

अत्रोद्देशकः

चतस्रः प्रणालिकाः स्युस्तत्रैकैका प्रपूरयति वापीम् ।
द्वित्रिचतुःपञ्चांशैर्दिनस्य कतिभिर्दिनांशैस्ताः ॥ २४ ॥

त्रैराशिकाख्यचतुर्थगणितव्यवहारे सूचनामात्रोदाहरणमेव, अत्र सम्यग्विस्तार्य प्रदर्श्यते–

उदाहरणार्थ प्रश्न

६ जिसकी ऊँचाई है ऐसे आधारीय त्रिभुज के त्रिभुजाकार स्तूप के घनफल का व्यावहारिक और सूक्ष्म मान गणना कर बतलाओ ॥ २१½ ॥

जब किसी कूप में जाने वाले सभी नल खुले हुए हों, तब कूप को पानी से पूरी तरह भर जाने का समय प्राप्त करने के लिये नियम जबकि कोई मन से चुनी हुई संख्या की प्रणालिकाएँ वापिका को भरने के लिये लगाई गई हों—

प्रत्येक नल को निरूपित करने वाली संख्या एक', अलग-अलग, नलों से प्रत्येक के संवादी समय द्वारा भाजित की जाती है । भिन्नों द्वारा निरूपित परिणामी भजनफलों को समान हर वाले भिन्नों में परिणत कर लिया जाता है । एक को समान हर वाले भिन्नों के योग द्वारा भाजित करने पर, एक दिन का वह भिन्नीय भाग उत्पन्न होता है जिसमें कि सब नलिकाओं के खुले रहने पर वापिका पूरी भर जाती है । जब समान हर वाले भिन्नों को दिन के इस परिणामी भिन्नीय भाग द्वारा गुणित करने पर उस वापिका में लगे हुए विभिन्न नलों में से प्रत्येक के पानी के बहाव का अलग-अलग माप उत्पन्न होता है ॥ २२½–२३ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी वापिका के भीतर जानेवाली ४ नलिकाएँ हैं । उनमें से प्रत्येक वापिका को क्रमशः दिन के $\frac{1}{2}$, $\frac{1}{3}$, $\frac{1}{4}$, $\frac{1}{5}$ भाग में पूरी तरह भर देती है । कितने दिनांश में वे सब नलिकाएँ एक साथ खुलकर पूरी वापिका को भर सकेंगी और प्रत्येक कितना-कितना भाग भरेंगी ? ॥ २४ ॥

इस प्रकार का एक प्रश्न पहिले ही सूचनार्थ त्रैराशिक नामक चौथे व्यवहार में दिया गया है; उस प्रश्न का विषय यहाँ विस्तार पूर्वक दिया गया है ।

$\frac{अ^3}{12} \times \sqrt{2}$ प्राप्त होता है । यहाँ स्तूप की ऊँचाई तथा आधारीय समत्रिभुज की एक भुजा का माप अ है । यह सरलता पूर्वक देखा जा सकता है कि ये दोनों मान शुद्ध मान नहीं हैं । यहाँ दिया गया व्यावहारिक मान सूक्ष्म मान की अपेक्षा विशुद्ध मान के निकटतर है ।

समचतुरश्रा वापी नवहस्तघना नगस्य तले ।
तच्छिखराज्जलधारा चतुरश्राङ्गुलसमानविष्कम्भा ॥ ३५ ॥
पतिताग्रे विच्छिन्ना तया घना सान्तरालजलपूर्णा ।
शैलोत्सेध वाप्या जलप्रमाण च मे ब्रूहि ॥ ३६ ॥
वापी समचतुरश्रा नवहस्तघना नगस्य तले ।
अङ्गुलसमवृत्तघना जलधारा निपतिता च तच्छिखरात् ॥ ३७ ॥
अग्रे विच्छिन्नाभूत्तस्या वाप्या मुखं प्रविष्टा हि ।
सा पूर्णान्तरगतजलधारोत्सेधेन शैलस्य ।
उत्सेधं कथय सखे जलप्रमाण च विगणय्य ॥ ३८½ ॥
समचतुरश्रा वापी नवहस्तघना नगस्य तले ।
तच्छिखराज्जलधारा पतिताङ्गुलघनत्रिकोणा सा ॥ ३९½ ॥
वापीमुखप्रविष्टा साग्रे छिन्नान्तरालजलपूर्णा ।
कथय सखे विगणय्य च गिर्युत्सेधं जलप्रमाणं च ॥ ४०½ ॥

किसी पर्वत के तल में एक वापिका, समभुज चतुर्भुज छेद वाली है, जिसका प्रत्येक विमिति (dimension) में माप ९ हस्त है। पर्वत के शिखर से समान समभुज भुजावाले १ अंगुल चतुर्भुज छेदवाली एक जलधारा बहती है। ज्योंही जलधारा वापिका में गिरती है, त्योंही शिखर से जलधारा टूट जाती है। तिस पर भी, उसके द्वारा वह वापिका पानी से पूरी तरह भर जाती है। पर्वत की ऊँचाई तथा वापिका मे पानी का माप बतलाओ ॥ ३५–३६ ॥

पर्वत की तली में समचतुरश्र छेदवाली वापिका है, जिसका (तीन मे से) प्रत्येक विमिति मे विस्तार ९ हस्त है। पर्वत के शिखर से, १ अगुल व्यास वाले समवृत्त छेद वाली जलधारा बहती है। ज्योंही जलधारा वापिका मे गिरना प्रारभ करती है, त्योंही शिखर से जलधारा टूट जाती है। उतनी जलधारा से वह वापिका पूरी भर जाती है। हे मित्र, मुझे बतलाओ कि पर्वत की ऊँचाई क्या है, और पानी का माप क्या है ? ॥ ३७–३८½ ॥

किसी पर्वत की तली में समचतुरश्र छेदवाली वापिका है जिसका (तीनो में से) प्रत्येक विमिति में विस्तार ९ हस्त है। पर्वत के शिखर से, प्रत्येक भुजा १ अगुल है जिसकी ऐसे समत्रिभुजाकार छेदवाली जलधारा बहती है। ज्योंही जलधारा वापिका में गिरना प्रारभ करती है, त्योंही शिखर से जलधारा टूट जाती है। उतनी जलधारा से वह वापिका पूरी भर जाती है। हे मित्र, गणना कर मुझे बतलाओ कि पर्वत की ऊँचाई क्या है और पानी का माप क्या है ? ॥ ३९½–४०½ ॥

(३५–४२½) यहाँ अध्याय ५ के १५-१६ श्लोक में दिया गया प्रश्न तथा उसके नोट का प्रसग दिया गया है। पानी का आयतन कदाचित् वाहों में व्यक्त किया गया है। (प्रथम अध्याय के ३६ से लेकर ३८ तक के श्लोकों में दिये गये इस प्रकार के आयतन माप के संबध में सूची देखिये)। कन्नडी टीका में यह दिया गया है कि १ घन अंगुल पानी, १ कर्ष के तुल्य होता है। प्रथम अध्याय के ४१ वें श्लोक में दी गई सूची के अनुसार, ४ कर्ष मिलकर एक पल होता है। उसी अध्याय के ४४वें श्लोक के अनुसार १२½ पल मिलकर एक प्रस्थ होता है, और उसी के ३६-३७ श्लोक के अनुसार प्रस्थ और वाह का संबंध ज्ञात होता है।

समचतुरश्रा वापी नवहस्तघना नगस्य तले ।
अङ्गुलविस्ताराङ्गुलबाहल्याङ्गुलयुगलदीर्घजलधारा ॥ ४१½ ॥
पतिता मूर्ध्नि विच्छिन्ना वापीमुखसंस्थितान्तराज्जलैः ।
सम्पूर्णा स्याद्वापी गिर्युत्सेधो जलप्रमाणं किम् ॥ ४२½ ॥

इति खातव्यवहारे सूक्ष्मगणितम् संपूर्णम् ।

चितिगणितम्

इतः परं खातव्यवहारे चितिगणितमुदाहरिष्यामः । अत्र परिभाषा—
हस्तो दीर्घो व्यासस्तदर्धमङ्गुलचतुष्कमुत्सेधः ।
इष्टकयेष्टकायास्ताभिः कर्माणि कार्याणि ॥ ४३½ ॥

इष्टिकाचितस्य खातफलानयने च तस्य खातफलस्य इष्टिकानयने च सूत्रम्—
मुखफलमुदयेन गुणं तदिष्टिकागणितभक्तलब्धं यत् ।
चितिगणितं तद्विद्यात्तदेव भवतीष्टिकासंख्या ॥ ४४½ ॥

किसी पर्वत की तली में समभुज चतुर्भुज क्षेत्रवाला एक ऐसा कुआँ है जिसका तीनों विमितियों में विस्तार ९ हस्त है। पर्वत के शिखर से एक ऐसी जलधारा बहती है जो समांग रूप से तली में १ अंगुल चौड़ी १ अंगुल बाहल्य वाली तली पर और दो अंगुल लंबाई में शिखर पर रहती है। ज्योंही जलधारा कुएँ में गिरना प्रारंभ करती है त्योंही शिखर पर जलधारा टूट जाती है। उतनी जलधार से वह कुआँ पूरी तरह भर जाता है। पर्वत की ऊँचाई क्या है? और पानी का प्रमाण क्या है? ॥ ४१½–४२½ ॥

इस प्रकार खात व्यवहार में सूक्ष्म गणित नामक प्रकरण समाप्त हुआ।

चिति गणित (ईंटों के ढेर संबंधी गणित)

इसके पश्चात् हम खात व्यवहार में चिति गणित का वर्णन करेंगे। यहाँ इष्टका (ईंट) के एकक (इकाई) संबंधी परिभाषा यह है—

(एकक) ईंट लंबाई में एक हस्त चौड़ाई में उसकी आधी, और मुटाई में ४ अंगुल होती है। ऐसी ईंटों के द्वारा समस्त क्रियाएँ की जाती हैं ॥ ४३½ ॥

किसी क्षेत्र में दिये गये खात को घनाकार भराई तथा उस घनाकार भराई की संवादी ईंटों की संख्या निकालने के लिये नियम—

खात के मुख का क्षेत्रफल गहराई द्वारा गुणित किया जाता है। परिणामी गुणनफल को इकाई ईंट के घनफल द्वारा भाजित किया जाता है। इस प्रकार प्राप्त भजनफल, ईंट के ढेर का (घनफल) माप समझा जाता है। वही भजनफल ईंटों की संख्या का माप होता है ॥ ४४½ ॥

(४४½) यहाँ ईंट के ढेर का घनफल माप इकाई ईंट के पदों में दिया गया है।

अत्रोद्देशकः

वेदिः समचतुरश्रा साष्टभुजा हस्तनवकमुत्सेधः ।
घटिता तदिष्टकाभिः कतीष्टकाः कथय गणितज्ञ ॥ ४५½ ॥
अष्टकरसमत्रिकोणनवहस्तोत्सेधवेदिका रचिता ।
पूर्वेष्टकाभिरस्यां कतीष्टकाः कथय विगणय्य ॥ ४६½ ॥
समवृत्ताकृतिवेदिर्नवहस्तोर्ध्वा कराष्टकव्यासा
घटितेष्टकाभिरस्यां कतीष्टकाः कथय गणितज्ञ ॥ ४७½ ॥
आयतचतुरश्रस्य त्वायामः षष्टिरेव विस्तारः ।
पञ्चकृति षड् वेधस्तदिष्टकाचितिमिहाचक्ष्व ॥ ४८½ ॥
प्राकारस्य व्यासः सप्त चतुर्विंशतिस्तदायामः ।
घटितेष्टकाः कति स्युश्चोच्छ्रायो विंशतिस्तस्य ॥ ४९½ ॥
व्यासः प्राकारस्योर्ध्वे षडधोऽथाष्ट तीर्थका दीर्घः ।
घटितेष्टकाः कति स्युश्चोच्छ्रायो विंशतिस्तस्य ॥ ५०½ ॥
द्वादश षोडश विंशतिरुत्सेधाः सप्त षट् च पञ्चाधः ।
व्यासा मुखे चतुस्त्रिद्विकाश्चतुर्विंशतिर्दीर्घः ॥ ५१½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

समचतुरश्र छेदवाली एक उठी हुई वेदी है, जिसकी भुजा का माप ८ हस्त और ऊँचाई ९ हस्त है। वह वेदी ईंटों की बनी हुई है। हे गणितज्ञ, बतलाओ कि उसमें कितनी इष्टकाएँ हैं? ॥ ४५½ ॥

समभुज त्रिभुज छेदवाली किसी वेदी की भुजा का माप ८ हस्त और ऊँचाई ९ हस्त है। यह उपयुक्त ईंटों द्वारा बनाई गई है। गणनाकर बतलाओ कि इस संरचना में कितनी इष्टकाएँ हैं? ॥ ४६½ ॥

वृत्ताकार छेदवाली एक वेदी जिसका व्यास ८ हस्त और ऊँचाई ९ हस्त है, उन्हीं ईंटों की बनी है। हे गणितज्ञ, बतलाओ कि उसमें कितनी ईंटें हैं? ॥ ४७½ ॥

आयताकार छेदवाली किसी वेदी के संबंध में लंबाई ६० हस्त, चौड़ाई २५ हस्त और ऊँचाई ६ हस्त है। उस ईंट के ढेर का माप बतलाओ ॥ ४८½ ॥

एक सीमारूप दीवाल मोटाई (व्यास) में ७ हस्त, लंबाई (आयाम) में २४ हस्त, ऊँचाई (उच्छ्राय) में २० हस्त है। उसे बनाने में कितनी इष्टकाओं की आवश्यकता होगी? ॥ ४९½ ॥

किसी सीमारूप दीवाल की मुटाई शिखर पर ६ हस्त और तली में ८ हस्त है। उसकी लंबाई २४ हस्त और ऊँचाई २० हस्त है। उसे बनाने मे कितनी इष्टकाओं की आवश्यकता होगी? ॥ ५०½ ॥

किसी प्रवण (उतारवाली) वेदी के संबंध में ऊँचाइयाँ तीन स्थानों में क्रमश १२, १६ और २० हस्त हैं; तली में चौड़ाई के माप क्रमश. ७, ६ और ५ तथा ऊपर ४, ३ और २ हस्त है, लंबाई २४ हस्त है। ढेर में इष्टकाओं की संख्या बतलाओ ॥ ५१½ ॥

(५०½–५१½) दीवाल की घनाकार समाई प्राप्त करने के लिये उपर्युक्त ४ थे श्लोक के उत्तरार्द्ध में दिये गये चित्रानुसार परिगणित औसत चौड़ाई को उपयोग में लाते हैं, इसलिये यहाँ कर्मान्तिक फल का मान विचाराधीन हो जाता है।

(५१½) यह प्रवण वेदी दो अंतों (ends) में दो ऊर्ध्वाधर (लंबरूप) समतलों द्वारा सीमित है।

इष्टवेदिकायां पतितायां तस्यां स्थितस्थाने इष्टिकासंख्यानयनस्य च पतितस्थाने इष्टिकासंख्यानयनस्य च सूत्रम्—

मुखतलशेषं पतितोत्सेधगुणं सकलोत्सेधहृतसमुखम् ।
मुखभूम्योर्भूमिमुखे पूर्वोक्तं करणमवशिष्टम् ॥ ५२½ ॥

अत्रोद्देशकः

द्वादश दैर्घ्यं व्यासः पञ्चाधस्तोऽग्र एकमुत्सेधः ।
पञ्च तस्मिन् पञ्च करा भग्नास्तत्रेष्टिकाः कति स्युस्ताः ॥ ५३½ ॥

प्राकारे कर्णाकारेण भग्ने सति स्थितेष्टिकानयनस्य च पतितेष्टिकानयनस्य च सूत्रम्—

किसी पतित (भग्न होकर गिरी हुई) वेदी के संबंध में स्थित भाग में (तथा अपतित भाग में) तथा पतित-भाग में ईंटों की संख्या अलग अलग निकालने के लिये नियम—

ऊपरी चौड़ाई और तली की चौड़ाई के अंतर को पतित भाग की ऊँचाई द्वारा गुणित करते हैं और पूर्ण ऊँचाई द्वारा भाजित करते हैं । इस परिणामी भजनफल में ऊपरी चौड़ाई का माप जोड़ दिया जाता है । यह पतित भाग के संबंध में आधारीय चौड़ाई का माप तथा अपतित भाग के संबंध में ऊपरी चौड़ाई का माप उत्पन्न करता है । शेष क्रिया पहिले वर्णित कर दी गई है ॥ ५२½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

वेदी के संबंध में लंबाई १२ हस्त है, तली में चौड़ाई ५ हस्त है, ऊपरी चौड़ाई १ हस्त है और ऊँचाई सर्वत्र ५ हस्त है । ५ हस्त ऊँचाई का भाग टूट कर गिर जाता है । उस पतित और अपतित भाग में अलग-अलग कितनी ऐष्टिक इकाईयाँ हैं ? ॥ ५३½ ॥

जब किले की दीवाल तिर्यक् रूप से टूटी हो, तब स्थित भाग में तथा पतित भाग में इकाइयों की संख्या निकालने के लिये नियम—

शिखर और पार्श्व तक प्रवण (ढालू) है । ऊपरी अभिनत तल के उठे हुए अंत पर चौड़ाई ९ हस्त है, और दूसरे अंत पर चौड़ाई ४ हस्त है (चित्र देखिये) ।

(५२½) स्थित अपतित भाग की ऊपरी चौड़ाई का माप जो वेदी के पतित भाग की निम्न चौड़ाई के समान है बीजीय रूप से $\frac{(अ - ब) द}{स} + ब$ है जहाँ तली की चौड़ाई 'अ' और ऊपरी चौड़ाई 'ब' है संपूर्ण ऊँचाई 'स' है और 'द' वेदी के पतित भाग की ऊँचाई है । यह सूत्र समरूप त्रिभुजों के गुणों द्वारा भी सरलतापूर्वक सिद्ध किया जा सकता है । नियम में कथित क्रिया ऊपर गाथा ४ में पहिले ही वर्णित की जा चुकी है ।

भूमिमुखे द्विगुणे मुखभूमियुतेऽभग्नभुदययुतोने ।
दैर्घ्योदयषष्ठांशघ्ने स्थितपतितेष्टकाः क्रमेण स्युः ॥ ५४½ ॥

अत्रोद्देशकः

प्राकारोऽयं मूलान्मध्यावर्तेन चैकहस्तं गत्वा ।
कर्णाकृत्या भग्नः कतीष्टकाः स्युः स्थिताश्च पतिताः काः ॥ ५६½ ॥

तली की चौड़ाई और ऊपरी चौड़ाई में से प्रत्येक को दुगना किया जाता है। इनमें क्रमशः ऊपर की चौड़ाई और तली की चौड़ाई जोड़ी जाती है। परिणामी राशियाँ, क्रमशः, अपतित भाग की दीवाल को जमीन से ऊपर की ऊँचाई द्वारा बढ़ाई व घटाई जाती है, और इस प्रकार प्राप्त राशियाँ लंबाई द्वारा तथा संपूर्ण ऊँचाई के $\frac{1}{6}$ भाग द्वारा गुणित की जाती हैं। इस प्रकार शेष अपतित भाग तथा पतित भाग में क्रम से ईंटों की संख्याएँ प्राप्त होती हैं ॥ ५४½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

पूर्वोक्त माप वाली यह किले की दीवाल चक्रवात वायु से टकराई जाकर तली से तिर्यक् रूप से विकर्ण छेद पर टूट जाती है। इसके संबंध में, स्थित और पतित भाग की ईंटों की संख्याएँ क्या-क्या हैं? ॥ ५५½ ॥ वही ऊँची दीवाल चक्रवात वायु द्वारा तली से एक हस्त ऊपर से तिर्यक् रूप से टूटी है। स्थित और पतित भाग की ईंटों की संख्याएँ कौन-कौन हैं ॥ ५६½ ॥

(५४½) यदि तली की चौड़ाई 'अ' हो, ऊपर की चौड़ाई 'ब' हो, 'ऊ' कुल ऊँचाई हो और दीवाल की लंबाई 'ल' हो, तथा 'द' जमीन से नापी गई अपतित दीवाल की ऊँचाई हो, तो $\frac{\text{ल ऊ}}{६}$ (२अ + ब + द) और $\frac{\text{ल ऊ}}{६}$ (२ब + अ − द) राशियाँ स्थित भाग और पतित भाग में ईंटों की संख्याओं का निरूपण करती हैं। इस सूत्र से मिलता जुलता प्रतिपादन चीनी ग्रंथ च्यु–चाग सुआन–शु में है, जिसके विषय में कूलिज की अभ्युक्ति है, "यह विचित्र रूप से वर्णित ठोस (solid) त्रिभुजाकार लंब समपार्श्व (traingular right prism) का समच्छिन्नक है, और हमें यह सूत्र प्राप्त होता है कि यह घनफल समपार्श्व के आधार पर स्थित उन स्तूपों के योग के तुल्य होता है, जिनके शिखर सम्मुख फलक (face) में होते हैं। यह सबसे अधिक हृदय भजक साध्यों में से एक है, जिन्हें हम प्रारम्भिक ठोस ज्यामिति में पढ़ाते हैं। इसके आविष्कार का श्रेय लेजान्ड्र (Legendre) को दिया गया है"—J L Coolidge, A History of Geometrical Methods, p 22, Oxford, (1940) दी गई आकृति गाथा (श्लोक) ५६½ में कथित दीवाल को दर्शाती है, और क ख ग घ वह समतल है जिस पर से दीवाल टूटते समय भग्न होती है।

इष्टवेदिकायां पतितायां तस्यां स्थितस्थाने इष्टकासंख्यानयनस्य च पतितस्थाने इष्टकासंख्यानयनस्य च सूत्रम्—

मुखतलशेषं पतितोत्सेधगुणं सकलोत्सेधहृतमुखयुतम् ।
मुखभूम्योर्भूमिमुखे पूर्वोक्तं करणमवशिष्टम् ॥ ५२½ ॥

अत्रोद्देशकः

द्वादश दैर्घ्यं व्यासः पञ्चाधश्चोर्ध्वमेकमुत्सेधः ।
दश तस्मिन् पञ्च करा भग्नास्तत्रेष्टकाः कति स्युस्ताः ॥ ५३½ ॥

प्राकारे कर्णाकारेण भग्ने सति स्थितेष्टकानयनस्य च पतितेष्टकानयनस्य च सूत्रम्—

किसी पतित (भग्न होकर गिरी हुई) वेदी के संबंध में स्थित भाग में (शेष अपतित भाग में) तथा पतित-भाग में ईंटों की संख्या अलग अलग निकालने के लिये नियम—

ऊपरी चौड़ाई और तली की चौड़ाई के अंतर को पतित भाग की ऊँचाई द्वारा गुणित करते हैं और पूर्ण ऊँचाई द्वारा भाजित करते हैं। इस परिणामी भजनफल में ऊपरी चौड़ाई का माप जोड़ दिया जाता है। यह पतित भाग के संबंध में आधारीय चौड़ाई का माप तथा अपतित भाग के संबंध में ऊपरी चौड़ाई का माप उत्पन्न करता है। शेष क्रिया पहिले वर्णित कर दी गई है ॥ ५२½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

वेदी के संबंध में लंबाई १२ हस्त है, तली में चौड़ाई ५ हस्त है, ऊपरी चौड़ाई १ हस्त है, ऊपरी चौड़ाई १ हस्त है और ऊँचाई सर्वत्र १ हस्त है। ५ हस्त ऊँचाई का भाग टूट कर गिर जाता है। उस पतित और अपतित भाग में अलग-अलग कितनी ऐष्टिक इकाइयाँ हैं? ॥ ५३½ ॥

जब किले की दीवाल तिर्यक् रूप से टूटी हो तब स्थित भाग में तथा पतित भाग में इकाइयों की संख्या निकालने के लिये नियम—

शिखर और पार्श्व तल समान (ढालू) हैं। ऊपरी अभिनत तल के उठे हुए अंत पर चौड़ाई २ हस्त है, और दूसरे अंत पर चौड़ाई ४ हस्त है (चित्र देखिये)।

(५२½) स्थित अपतित भाग की ऊपरी चौड़ाई का माप जो वेदी के पतित भाग की निम्न चौड़ाई के समान है, बीजीय रूप से $\frac{(अ-ब)द}{ऊ}+ब$ है, जहाँ तली की चौड़ाई 'अ' और ऊपरी चौड़ाई 'ब' है, संपूर्ण ऊँचाई 'ऊ' है और 'द' वेदी के पतित भाग की ऊँचाई है। यह सूत्र समरूप त्रिभुजों के गुणों द्वारा भी सरलतापूर्वक शुद्ध सिद्ध किया जा सकता है। नियम में कथित क्रिया ऊपर गाथा ४ में पहिले ही वर्णित की जा चुकी है।

भूमिमुखे द्विगुणे मुखभूमियुतेऽभग्नभूदययुतोने ।
दैर्घ्योदयषष्ठांशघ्ने स्थितपतितेष्टकाः क्रमेण स्युः ॥ ५४½ ॥

अत्रोद्देशकः

प्राकारोऽयं मूलान्मध्यावर्तेन चैकहस्त गत्वा ।
कर्णाकृत्या भग्नः कतीष्टकाः स्युः स्थिताश्च पतिताः काः ॥ ५६½ ॥

तली की चौड़ाई और ऊपरी चौड़ाई में से प्रत्येक को दुगना किया जाता है। इनमें क्रमश. ऊपर की चौड़ाई और तली की चौड़ाई जोड़ी जाती है। परिणामी राशियाँ, क्रमश., अपतित भाग की दीवाल को जमीन से ऊपर की ऊँचाई द्वारा बढ़ाई व घटाई जाती है, और इस प्रकार प्राप्त राशियाँ लंबाई द्वारा तथा सम्पूर्ण ऊँचाई के $\frac{1}{6}$ भाग द्वारा गुणित की जाती है। इस प्रकार शेष अपतित भाग तथा पतित भाग में क्रम से ईंटों की संख्याएँ प्राप्त होती है ॥ ५४½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

पूर्वोक्त माप वाली यह किले की दीवाल चक्रवात वायु से टकराई जाकर तली से तिर्यक् रूप से विकर्ण छेद पर टूट जाती है। इसके संबंध में, स्थित और पतित भाग की ईंटों की संख्याएँ क्या-क्या है ? ॥ ५५½ ॥ वही ऊंची दीवाल चक्रवात वायु द्वारा तली से एक हस्त ऊपर से तिर्यक् रूप से टूटी है। स्थित और पतित भाग की ईंटों की सख्याएं कौन-कौन है ॥ ५६½ ॥

(५४½) यदि तली की चौडाई 'अ' हो, ऊपर की चौडाई 'ब' हो, 'ऊ' कुल ऊँचाई हो और दीवाल की लंबाई 'ल' हो, तथा 'द' जमीन से नापी गई अपतित दीवाल की ऊँचाई हो, तो $\frac{\text{ल ऊ}}{६}$ (२अ + ब + द) और $\frac{\text{ल ऊ}}{६}$ (२ब + अ − द) राशियाँ स्थित भाग और पतित भाग में ईंटों की सख्याओं का निरूपण करती हैं। इस सूत्र से मिलता जुलता प्रतिपादन चीनी ग्रंथ च्यु-चाग सुआन-चु में हैं, जिसके विषय में कूलिज की अभ्युक्ति है, "यह विचित्र रूप से वर्णित ठोस (solid) त्रिभुजाकार लंब समपार्श्व (traingular right prism) का समच्छिन्नक है, और हमें यह सूत्र प्राप्त होता है कि यह घनफल समपार्श्व के आधार पर स्थित उन स्तूपों के योग के तुल्य होता है, जिनके शिखर सम्मुख फलक (face) में होते हैं। यह सबसे अधिक हृदय भंजक साध्यों में से एक है, जिन्हें हम प्रारम्भिक ठोस ज्यामिति में पढ़ाते हैं। इसके आविष्कार का श्रेय लेजान्ड्र (Legendre) को दिया गया है"—J L Coolidge, A History of Geometrical Methods, p 22, Oxford, (1940) दी गई आकृति गाथा (श्लोक) ५६½ में कथित दीवाल को दर्शाती है, और क ख ग घ वह समतल है जिस पर से दीवाल टूटते समय भग्न होती है।

प्राकारमध्यमवेधोत्सेधे स्तरवृद्ध्यानयनस्य प्राकारस्य उभयपार्श्वयोः स्तरहानेरानयनस्य च सूत्रम्—

इष्टेष्टकोदयहृतो वेधश्च स्तरप्रमाणमेकोनम् ।
मुखतलशेषेण हृतं फलमेव हि भवति स्तरहानिः ॥ ५७½ ॥

अत्रोद्देशकः

प्राकारस्य व्यासः सप्त तले विंशतिस्तदुत्सेधः ।
एकेनाग्रे घटितस्तरवृद्धयूने करोदयेष्टकया ॥ ५८½ ॥
समवृत्तायां वाप्यां व्यासचतुष्केऽधियुक्तकरभूमिः ।
घटितेष्टकाभिरभितस्तस्यां वेधस्त्रयः काः स्युः ।
घटितेष्टकाः सखे मे विगणय्य ब्रूहि यदि वेत्सि ॥ ६० ॥

इष्टकाघटितस्थले अधस्तलव्यासे सति ऊर्ध्वतलव्यासे सति च गणितव्यासमूत्रम्—

द्विगुणनिवेशो व्यासायामयुतो द्विगुणितस्तथायामः ।
आयतचतुरश्रे स्यादुत्सेधव्याससंगुणितः ॥ ६१ ॥

किले की दीवाल की केन्द्रीय ऊँचाई के संबंध में (ईंटों के) तहों की बढ़ती हुई संख्या को निकालने के लिए नियम और नीचे से ऊपर की ओर वाले समय दीवाल की दोनों पार्श्वों की चौड़ाई में कमी होने से तहों की घटती (की दर) निकालने के लिए नियम—

केन्द्रीय वेध की ऊँचाई दी गई इष्टका (ईंट) की ऊँचाई द्वारा भाजित होकर, इष्टकाओं की तहों का इष्ट माप उत्पन्न करती है। यह संख्या एक द्वारा ह्रासित होकर और तब ऊपरी चौड़ाई तथा नीचे की चौड़ाई के अंतर द्वारा भाजित होकर तहों के मान में (in terms of layers) मापी गई चौड़ाई की घटती की दर (rate) के मान को उत्पन्न करती है ॥ ५७½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी ऊँची किले की दीवाल की तली में चौड़ाई ७ हस्त है। उसकी ऊँचाई २० हस्त है। वह इस तरह से बनी हुई है कि ऊपर चौड़ाई १ हस्त रहे। १ हस्त ऊँची इष्टकाओं की सहायता से केन्द्रीय (तहों) की वृद्धि तथा चौड़ाई की घटती (का दर) का माप बतलाओ ॥ ५८½ ॥

किसी समवृत्ताकार ४ हस्त व्यास वाली वापिका के चारों ओर १½ हस्त मोटी दीवाल पूर्वोक्त ईंटों द्वारा बनाई जाती है। वापिका की गहराई ३ हस्त है। यदि तुम जानते हो तो हे मित्र बतलाओ कि बनाने में कितनी ईंटें लगेंगी ? ॥ ५९½–६ ॥

किसी स्थान के चारों ओर बनी हुई संरचना की घनाकार समाई का मान निकालने के लिए नियम जब कि संरचना का अधस्तल व्यास और ऊर्ध्वतल व्यास दिया गया हो—

संरचना की औसत मुटाई की दुगनी राशि में इस आयतायाम (लंबाई एवं चौड़ाई) का माप जोड़ा जाता है। इस प्रकार प्राप्त योग दुगना किया जाता है। परिणामी राशि संरचना की कुल लंबाई होती है जबकि वह आयताकार रूप में रहती है। यह परिणामी राशि दी गई ऊँचाई और पूर्वोक्त औसत मुटाई से गुणित होकर इष्ट घनफल का माप उत्पन्न करती है ॥ ६१ ॥

(५९½–६) यहाँ पूर्वोक्त श्लोक ४१½ में कथित एकक इष्टका मानी गई है। यह प्रश्न श्लोक ५७½ में दिये गये नियम का निदर्शित नहीं करता है। इसे इस अध्याय के ११½–२½ और ४१½ वें श्लोकों के नियमानुसार साधित किया जाता है।

अत्रोद्देशकः

विद्याधरनगरस्य व्यासोऽष्टौ द्वादशैव चायामः ।
पञ्च प्राकारतले मुखे तदेकं दशोत्सेधः ॥ ६२ ॥

इति खातव्यवहारे चितिगणितं समाप्तम् ।

क्रकचिकाव्यवहारः

इतः परं क्रकचिकाव्यवहारमुदाहरिष्यामः । तत्र परिभाषा—

हस्तद्वयं षडङ्गुलहीनं किष्काह्वयं भवति ।
इष्टाद्यन्तच्छेदनसंख्यैव हि मार्गसंज्ञा स्यात् ॥ ६३ ॥
अथ शाकाख्यद्व्यादिद्रुमसमुदायेषु वक्ष्यमाणेषु ।
व्यासोदयमार्गाणामङ्गुलसंख्या परस्परघ्नाप्ता ॥ ६४ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

विद्याधर नगर के नाम से ज्ञात स्थान के संबध में चौड़ाई ८ है, और लबाई १२ है । प्राकार दीवाल की तली की मुटाई ५ और मुख में (ऊपर की) मुटाई १ है । उसकी ऊँचाई १० है । इस दीवाल का घनफल क्या है ? ॥ ६२ ॥

इस प्रकार खात व्यवहार में चिति गणित नामक प्रकरण समाप्त हुआ ।

क्रकचिका व्यवहार

इसके पश्चात् हम क्रकचिका व्यवहार (लकड़ी चीरने वाले आरे से किए गये कर्म संबंधी क्रियाओं) का वर्णन करेंगे । पारिभाषिक शब्दों की परिभाषा —

६ अंगुल से हीन दो हस्त, किष्कु कहलाता है । किसी दी गई लकड़ी को आरम्भ से लेकर अंत तक छेदन (काटने के रास्तों के माप) की संख्या को मार्ग संज्ञा दी गई है ॥ ६३ ॥

तब कम से कम दो प्रकार की शाक (teak) आदि (प्रकारों वाली) लकड़ियों के ढेर के संबंध में चौड़ाई नापने वाली अंगुलों की संख्या और लंबाई नापने वाली संख्या, तथा मार्गों को नापने वाली संख्या, इन तीनों को आपस में गुणित किया जाता है । परिणामी गुणनफल हस्त अंगुलों की संख्या के वर्ग द्वारा भाजित किया जाता है । क्रकचिका व्यवहार में यह पट्टिका नामक कार्य के माप को उत्पन्न करता है । शाक (teak-wood) आदि (प्रकारवाली) लकड़ियों के संबंध में चौड़ाई तथा लंबाई नापनेवाली हस्तो की संख्याएँ आपस में गुणित की जाती हैं । परिणामी गुणनफल राशि मार्गों की संख्या द्वारा गुणित की जाती है, और तब ऊपर निकाली गई पट्टिकाओं की संख्या द्वारा भाजित की जाती है । यह आरे के द्वारा किये गये कर्म का संख्यात्मक माप होता है ॥ ६४–६६ ॥

(६३–६७½) १ किष्कु = १¾ हस्त । किसी लकड़ी के टुकड़े को चीरने में किसी इष्ट रास्ते अथवा रेखा का नाम मार्ग दिया गया है । किसी लकड़ी के टुकड़े में काटे गये तल का विस्तार, सामान्यतः उसे चीरने में किये गये काम का माप होता है, जब कि किसी विशिष्ट कठोरतावाली (जिसे कठोरता का एकक मान लिया हो ऐसी) लकड़ी दी गई हो । काटे गये तल का यह विस्तार क्षेत्रफल के

हस्ताङ्गुलघनेन क्राकचिके पट्टिकाप्रमाणं स्यात् ।
शाकाह्वयद्रुमादिद्रुमेषु परिणाहदैर्घ्यहस्तानाम् ॥ ६५ ॥
संख्या परस्परघ्ना मार्गाणां संख्यया गुणिता ।
तत्पट्टिकासमाप्ता क्रकचकृता कर्मसंख्या स्यात् ॥ ६६ ॥
शाकार्जुनाम्लवेतससरलासितसर्जतुम्बुरुकाख्येषु ।
श्रीपर्णीप्लक्षाख्यद्रुमेष्वपीष्वेकमार्गस्य ।
षण्णवतिरङ्गुलानामायामः किष्कुरेव विस्तारः ॥ ६७½ ॥

अत्रोद्देशकः

शाकाख्यतरौ दीर्घः षोडश हस्ताश्च विस्तारः ।
सार्धत्रयश्च मार्गाश्चाष्टौ कान्यत्र कर्माणि ॥ ६८½ ॥

इति खातव्यवहारे क्रकचिकाव्यवहारः समाप्तः ।

इति सारसंग्रहे गणितशास्त्रे महावीराचार्यस्य कृतौ सप्तमः खातव्यवहारः समाप्तः ॥

पट्टिका के माप को प्राप्त करने के लिए, निम्नलिखित नाम वाले वृक्षों से प्राप्त लकड़ियों के संबंध में प्रत्येक दशा में मार्ग १ होता है लंबाई ९६ अंगुल होती है, और चौड़ाई १ किष्कु होती है; उन वृक्षों के नाम ये हैं—शाक अर्जुन अम्लवेतस, सरल, असित सर्ज और तुम्बुरु तथा श्रीपर्णी और प्लक्ष ॥ ६५–६७½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी शाक लकड़ी के टुकड़े के संबंध में लंबाई १६ हस्त है चौड़ाई १½ हस्त है और मार्ग (अर्थात् चीरने वाले आरे के रास्तों की) संख्या ८ है। यहाँ आरे के काम के कितने एकक (इकाइयाँ) कर्म (कार्य) पूरा हुआ है? ॥ ६८½ ॥

इस प्रकार खात व्यवहार में क्रकचिका व्यवहार नामक प्रकरण समाप्त हुआ। इस प्रकार महावीराचार्य की कृति सारसंग्रह नामक गणितशास्त्र में खातव्यवहार नामक सप्तम व्यवहार समाप्त हुआ।

निर्दिष्ट एकक (इकाई) द्वारा मापा जाता है। यह एकक पट्टिका कहलाता है। पट्टिका लंबाई में ९६ अंगुल और चौड़ाई में १ किष्कु अथवा ४२ अंगुल होती है। यह सरलता पूर्वक देखा जा सकता है कि इस प्रकार पट्टिका ७ वर्ग हाथ के बराबर होती है।

९. छायाव्यवहारः

शान्तिर्जिनः शान्तिकरः प्रजानां जगत्प्रभुर्ज्ञातसमस्तभावः[1] ।
य· प्रातिहार्याष्टविवर्धमानो नमामि तं निर्जितशत्रुसंघम् ॥ १ ॥

आदौ प्राच्याद्यष्टदिक्साधनं प्रवक्ष्यामः—

सलिलोपरितलवत्स्थितसमभूमितले लिखेद्वृत्तम् ।
बिम्बं स्वेच्छाशङ्कुद्विगुणितपरिणाहसूत्रेण ॥ २ ॥
तद्वृत्तमध्यस्थतदिष्टशङ्कोश्छाया दिनादौ च दिनान्तकाले ।
तद्वृत्तरेखा स्पृशति क्रमेण पश्चात्पुरस्ताच्च ककुप् प्रदिष्टा ॥ ३ ॥
तद्दिग्द्वयान्तर्गततन्तुना लिखेन्मत्स्याकृतिं याम्यकुबेरदिक्स्थाम् ।
तत्कोणमध्ये विदिशः प्रसाध्याश्छायैव याम्योत्तरदिग्दशार्धजा· ॥ ४ ॥

1. M में तत्व· पाठ है ।

९. छाया व्यवहार (छाया संबंधी गणित)

जो प्रजा को शांति कारक हैं (शांति देने वाले हैं), जगत्प्रभु है, समस्त पदार्थों को जाननेवाले हैं, और अपने आठ प्रातिहार्यों द्वारा (सदा) वर्धमान (महनीय) अवस्था को प्राप्त हैं—ऐसे (कर्म) शत्रु सघ के विजेता श्री शांतिनाथ जिनेन्द्र को मैं नमस्कार करता हूँ ॥ १ ॥

आदि में, हम प्राची (पूर्व) दिशा को आदि लेकर, आठ दिशाओं के साधन करने के लिए उपाय वतलाते हैं—

पानी के ऊपरी सतह की भाँति, क्षैतिज समतल वाली समतल भूमि पर केन्द्र में स्थित स्वेच्छा से चुनी हुई लबाई वाली शकु लेकर, उसकी लंबाई की द्विगुणित राशि की लबाई वाले धागे के फन्दे (loop) की सहायता से एक वृत्त खींचना चाहिये ॥ २ ॥

इस केन्द्र में स्थित इष्ट शकु की छाया दिन के आदि मे तथा दिन के अन्त समय में उस वृत्त की परिधि को स्पर्श करती है । इसके द्वारा, क्रम से, पश्चिम दिशा और पूर्व दिशा सूचित होती है ॥३॥

इन दो निश्चित की गई दिशाओं की रेखा मे धागे को रखकर, उसके द्वारा उत्तर से दक्षिण तक विस्तृत मत्स्याकार (सतरे की कली के समान) आकृति खींचना चाहिए । इस मत्स्याकृति के कोणों के मध्य से जाने वाली सरल रेखा उत्तर और दक्षिण दिशाओं को सूचित करती है । इन दिशाओं के मध्य में (स्थित जगह मे) विदिशायें प्रसाधित की जाती है ॥ ४ ॥

(४) वह धागा जिसकी सहायता से मत्स्याकार आकृति खींची जाती है, गाथा २ में दिये

समघटरविसंक्रमणप्रवृत्तमध्याह्नमेव विषुवच्छा ॥ ४½ ॥
लङ्कायां यवकोट्यां सिद्धपुरीरोमकापुर्योः ।
विषुवच्छा नास्त्येव त्रिंशद्धटिकं दिनं भवेत्तस्मात् ॥ ५½ ॥
देशेष्वितरेषु दिनं त्रिंशन्नाड्याधिकोनं स्यात् ।
मेषघटाश्रनदिनयोस्त्रिंशद्धटिकं दिनं हि सर्वत्र ॥ ६½ ॥
दिनमानं दिनदलभां ज्योतिश्शास्त्रोक्तमार्गेण ।
ज्ञात्वा छायागणितं विद्यादिह वक्ष्यमाणसूत्रौघैः ॥ ७½ ॥

विषुवच्छाया यत्रयत्र देशे नास्ति तत्रतत्र देशे इष्टशङ्कोरिष्टकालच्छायां ज्ञात्वा तत्कालनयनसूत्रम्—

छाया सैका द्विगुणा तया हृतं दिनमितं च पूर्वाह्णे ।
अपराह्णे तच्छेषं विज्ञेयं सारसंग्रहे गणिते ॥ ८½ ॥

विषुवच्छा (अर्थात् जब दिन और रात दोनों बराबर होते हैं, उस समय पड़ने वाली छाया) वास्तव में उन दिनों के मध्याह्न (दोपहर) समय मात्र छाया के मापों के योग की आधी होती है, जब कि सूर्य मेष राशि में प्रवेश करता है, तथा जब वह तुला राशि में भी प्रवेश करता है ॥ ४½ ॥

लंका, यवकोटि, सिद्धपुरी और रोमकपुरी में ऐसी विषुवच्छा (equinoctial shadow) बिलकुल होती ही नहीं है; और इसलिए दिन ३० घड़ी का होता है ॥ ५½ ॥

अन्य प्रदेशों में दिन मान ३० घड़ी से अधिक या कम रहता है। जब सूर्य मेष राशि और तुला (घटाश्व) राशि में प्रवेश करता है, तब सभी जगह दिन मान ३० घड़ी का होता है ॥ ६½ ॥

ज्योतिष शास्त्र में वर्णित विधि के अनुसार दिन का माप तथा दिन की मध्याह्न छाया का माप समझ लेने के पश्चात् छाया संबंधी गणित निम्नलिखित नियमों द्वारा सीखना चाहिए ॥ ७½ ॥

ऐसे स्थान के संबंध में दिन का वह समय निकालने के लिए नियम, जहाँ विषुवच्छाया नहीं होती हो, तथा किसी दिये गये समय पर (दोपहर के पहिले अथवा पश्चात्) किसी दिये गये शंकु की छाया का माप ज्ञात हो—

किसी वस्तु (शंकु) की ऊँचाई के पदों में व्यक्त छाया के माप में एक जोड़ा जाता है, और इस प्रकार परिणामी योग दुगुना किया जाता है। परिणामी राशि द्वारा पूर्ण दिनमान भाजित किया जाता है। यह समझना चाहिये कि सारसंग्रह नामक गणित शास्त्र के अनुसार यह प्राप्त फल पूर्वाह्ण और अपराह्ण के शेष भागों (अथवा दोपहर के पहिले दिन के बीते हुए भाग और दोपहर के पश्चात् दिन के शेष रहने वाले भाग) को उत्पन्न करता है ॥ ८½ ॥

गये त्रिज्या की माप में कुछ अधिक ऊँचाई प्राप्त होना चाहिये। यदि 'क पू' और 'क प' पार्श्व आकृति में क्रमशः पूर्व और पश्चिम दिशा प्ररूपित करते हों तो आकृति उ ख द ग, क्रमशः पू और प को केन्द्र मान कर और पू ग तथा प ख त्रिज्याएँ लेकर चाप खींचने से प्राप्त होती है, जब कि पू ग और प ख आपस में बराबर हों। रेखा उद जो पूर्वोक्त आकृति के काट का अर्धन करती है, क्रमशः उत्तर और दक्षिण दिशा का प्ररूपण करती है।

(८२) यदि शंकु की ऊँचाई उ है, और उसकी छाया की ऊँचाई छ है, तो दिन का बीता हुआ

अत्रोद्देशकः

पूर्वाह्ने पौरुषी छाया त्रिगुणा वद किं गतम्।
अपराह्णेऽवशेषं च दिनस्यांशं वद प्रिय ॥ ९$\frac{१}{२}$ ॥

दिनांशे जाते सति घटिकानयनसूत्रम्—

अशहतं दिनमानं छेदविभक्तं दिनांशके जाते।
पूर्वाह्ने गतनाड्यस्त्वपराह्णे शेषनाड्यस्तु ॥ १०$\frac{१}{२}$ ॥

अत्रोद्देशकः

विषुवच्छायाविरहितदेशेऽष्टांशो दिनस्य गत।
शेषश्चाष्टांशः का घटिका स्युः स्वामित्नाड्योऽह्नः ॥ ११$\frac{१}{२}$ ॥

मल्लयुद्धकालानयनसूत्रम्—

कालानयनाद्दिनगतशेषसमासोनितः कालः।
स्तम्भच्छाया स्तम्भप्रमाणभक्तैव पौरुषी छाया ॥ १२$\frac{१}{२}$ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी मनुष्य की छाया उसकी ऊँचाई से ३ गुनी है। हे प्रिय मित्र, बतलाओ कि पूर्वाह्न में बीते हुए दिन का भाग एवं अपराह्न में शेष रहने वाला दिन का भाग क्या है? ॥ ९$\frac{१}{२}$ ॥

दिन का भाग (जो बीत चुका है, या बीतने वाला है) प्राप्त हो चुकने पर घटिकाओं की सवादी सख्या को निकालने के लिये नियम—

दिन मान के ज्ञात माप को, (पहिले ही प्राप्त) दिन के बीते हुए अथवा बीतने वाले भाग का निरूपण करने वाले भिन्न के अंश द्वारा गुणित करने और हर द्वारा भाजित करने से, पूर्वाह्न के संबंध में बीती हुई घटिकाएँ और अपराह्न के संबध में बीतने वाली घटिकाएँ उत्पन्न होती हैं ॥ १०$\frac{१}{२}$ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

ऐसे प्रदेश में जहाँ विषुवच्छाया नहीं होती, दिन $\frac{१}{८}$ भाग बीत गया है, अथवा अपराह्न के सबध में शेष रहने वाला दिन का भाग $\frac{१}{८}$ है। इस $\frac{१}{८}$ भाग की सवादी घटिकाएँ क्या हैं? दिन में ३० घटिकाएं मान ली गई हैं ॥ ११$\frac{१}{२}$ ॥

मल्लयुद्ध काल निकालने के लिए नियम—

जब दिन के बीते हुए भाग तथा बीतने वाले भाग के योग द्वारा दिन की अवधि ह्रासित कर, उसे घटिकाओं में परिवर्तित किया जाता है, तब इष्ट समय उत्पन्न होता है।

अथवा बीतनेवाला समय (नियमानुसार) यह है—

$$\frac{१}{२\left(\frac{छ}{उ}+२\right)} \text{ अथवा } \frac{१}{२(\text{कोस्पआ}+१)},$$

जहाँ कोण आ उस समय पर सूर्य का ऊँचाई निरूपक कोण है। यह सूत्र केवल आ = ४५°, छोडकर आ के शेष मानों के लिये सन्निकट दिन का समय देता है। जब यह कोण ९०° के निकटतर पहुँचता है, तब सन्निकट दिन का समय और भी गलत होता जाता है। यह सूत्र इस तथ्य पर आधारित है कि किसी समकोण त्रिभुज में छोटे मानों के लिए कोण सन्निकटत सम्मुख भुजाओं के समानुपाती होते हैं।

अत्रोद्देशकः

पूर्वाह्णे शङ्कुसमच्छायायां मल्लयुद्धमारब्धम् ।
अपराह्णे द्विगुणायां समाप्तिरासीच्च युद्धकालः कः ॥ १३½ ॥

अपरार्धस्योदाहरणम्

द्वादशहस्तस्तम्भच्छाया चतुरुत्तरैव विंशतिका ।
तत्काले पौरुषिकच्छाया कियती भवेद्गणक ॥ १४½ ॥

विषुवच्छायायुक्ते देशे इष्टच्छायां ज्ञात्वा कालानयनस्य सूत्रम्[1]—

शङ्कुयुतेष्टच्छाया मध्यच्छायोनिता द्विगुणा ।
तद्भक्तः शङ्कुरिति पूर्वापरयोर्दिनांशः स्यात् ॥ १५½ ॥

अत्रोद्देशकः

द्वादशाङ्गुलशङ्कोर्द्युदलच्छायाङ्गुलद्वयी ।
इष्टच्छायाष्टाङ्गुलिका दिनांशः को गतः स्थितः ।
त्र्यंशो दिनांशो घटिका त्रिंशन्मात्रिकं दिनम् ॥ १७ ॥

1 किसी भी हस्तलिपि में प्राप्य नहीं है।

किसी स्तम्भ की छाया के माप को स्तंभ की ऊँचाई द्वारा भाजित करने पर पौरुषी छाया माप (उस मनुष्य की छाया का माप उसकी निज की ऊँचाई के पदों में) प्राप्त होता है ॥ १२½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

कोई मल्लयुद्ध पूर्वाह्ण में आरम्भ हुआ, जब कि किसी शंकु की छाया उसी शंकु के माप के तुल्य थी। उस युद्ध का निर्णय अपराह्ण में हुआ जबकि उसी शंकु की छाया का माप शंकु के माप से दुगुना था। बतलाओ कि वह युद्ध कितने समय तक चला ? ॥ १३½ ॥

श्लोक के उत्तरार्ध नियम के लिये उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी १२ हस्त ऊँचाई वाले स्तंभ की छाया माप में २४ हस्त है। उस समय, हे अंकगणितज्ञ मनुष्य की छाया का माप क्या होगा ? ॥ १४½ ॥

जब किसी भी समय पर छाया का माप ज्ञात हो तब विषुवच्छाया वाले स्थानों में बीते हुए अथवा बीतने वाले दिन के भाग को प्राप्त करने के लिये नियम—

शंकु की ज्ञात छाया के माप में शंकु का माप जोड़ा जाता है। यह योग विषुवच्छाया के माप द्वारा ह्रासित किया जाता है और परिणामी अंतर को दुगुना कर दिया जाता है। अब शंकु का माप इस परिणामी राशि द्वारा भाजित किया जाता है तब क्रमानुसार पूर्वाह्ण में दिन में बीते हुए अथवा अपराह्ण में दिन में बीतने वाले दिनांश का माप उत्पन्न होता है ॥ १५½ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

१२ अंगुल के शंकु के संबंध में विषुवच्छाया दोपहर के समय (दिन के मध्याह्न में) २ अंगुल है और अवलोकन के समय इष्ट (ज्ञात) छाया ८ अंगुल है। दिन का कौनसा भाग बीत गया है और कौनसा भाग शेष रहा है ? यदि दिन का बीता हुआ भाग अथवा बीतने वाला भाग ⅓ है तो उसकी संवादी घटिकाएँ क्या हैं जबकि दिन ३० घटिकाओं का होता है ॥ १६½–१७ ॥

(१५½) यहाँ दिन के समय के माप के लिये दिया गया सूत्र बीजीय रूप में, $\frac{श}{२(छ+श-म)}$

इष्टनाडिकानां छायानयनसूत्रम्—
द्विगुणितदिनभागहृता शङ्कुमिति शङ्कुमानोना ।
घुदलच्छायायुक्ता छाया तत्स्वेष्टकालिका भवति ॥ १८ ॥

अत्रोद्देशकः

द्वादशाङ्गुलशङ्कोर्य् दलच्छायाङ्गुलद्वयी ।
दशानां घटिकाना मा का त्रिंशन्नाडिक दिनम् ॥ १९ ॥

पादच्छायालक्षणे पुरुपस्य पादप्रमाणस्य परिभाषासूत्रम्—
पुरुषोन्नतिसप्तांशस्तत्पुरुपाङ्घ्रेस्तु दैर्घ्यं स्यात् ।
यद्येव चेत्पुरुप स भाग्यवानङ्घ्रिभा स्पष्टा ॥ २० ॥

आरूढच्छायायाः संख्यानयनसूत्रम्—

घटियों में दिए गये दिन के समय की संवादी छाया का माप निकालने के नियम—

शंकु (style) का माप दिन के दिये गये भाग के माप की दुगुनी राशि द्वारा भाजित किया जाता है। परिणामी भजनफल में से शंकु का माप घटाया जाता है, और इसमें विपुवच्छाया (दोपहर के समय की ऐसे स्थान की छाया, जहाँ दिन रात तुल्य होते हैं) का माप जोड़ दिया जाता है। यह दिन के इष्ट समय पर छाया का माप उत्पन्न करता है ॥ १८ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

यदि, किसी १२ अंगुल वाले शंकु के संबध में, घुदलच्छाया (विपुवच्छाया) २ अंगुल हो, तो जब १० घटी दिन बीत चुका हो अथवा बीतने वाला हो उस समय शंकु की छाया का माप क्या है ? दिन का मान ३० घटियाँ होता है ॥ १९ ॥

छाया के पाद प्रमाण माप के द्वारा लिए गये मापों संबधी मनुष्य के पाद माप की परिभाषा—

किसी मनुष्य की ऊँचाई के १/७ भाग के तुल्य उसके पाद की लंबाई होती है। यदि ऐसा हो, तो वह मनुष्य भाग्यशाली होगा। इस प्रकार पाद प्रमाण से नापी गई छाया का माप स्पष्ट है ॥ २० ॥

ऊर्ध्वाधर दीवाल पर आरूढ छाया का संख्यात्मक माप निकालने के लिये नियम—

है, जहाँ 'व' शंकु की विपुवच्छाया की लंबाई है। यह सूत्र ऊपर की गाथा ८½ में दिये गये सूत्र की पाद टिप्पणी पर आधारित है।

(१८) बीजीय रूप से,

$छ = \frac{उ}{२घ} - उ + व$, जहाँ घ, दिन के समय का माप घटी में दिया गया है। यह सूत्र श्लोक १५½ वें की पाद टिप्पणी में दिये गये सूत्र से प्राप्त होता है।

नृच्छायाहतशङ्कुर्भित्तिस्तम्भान्तरोनितो भक्तः ।
नृच्छाययैव लब्धं शङ्कोर्भित्त्याश्रितच्छाया ॥ २१ ॥

अत्रोद्देशकः

विंशतिहस्तः स्तम्भो भित्तिस्तम्भान्तरं करा अष्टौ ।
पुरुषच्छाया द्विघ्ना भित्तिगता स्तम्भभा किं स्यात् ॥ २२ ॥

स्तम्भप्रमाणं च भित्त्यारूढस्तम्भच्छायासंख्यां च ज्ञात्वा भित्तिस्तम्भान्तरसंख्यानयन सूत्रम्—

पुरुषच्छायानिघ्नं स्तम्भारूढान्तरं तयोर्मध्यम् ।
स्तम्भारूढान्तरहृततदन्तरं पौरुषी छाया ॥ २३ ॥

शंकु की ऊँचाई (मनुष्य की ऊँचाई के पदों में व्यक्त) मनुष्य की छाया द्वारा गुणित की जाती है । परिणामी गुणनफल दीवाल और शंकु के बीच की दूरी के माप द्वारा ह्रासित किया जाता है । इस प्रकार प्राप्त अंतर मनुष्य की उपर्युक्त छाया के माप द्वारा भाजित किया जाता है । इस प्रकार प्राप्त भजनफल शंकु की छाया के उस भाग का माप होता है जो दीवाल पर आरूढ़ है ॥ २१ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

कोई स्तंभ २० हस्त ऊँचा है । इस स्तंभ और दीवाल के बीच की दूरी (जो छाया रेखानुसार नापी जाती है) ८ हस्त है । उस समय मनुष्य की छाया मनुष्य की ऊँचाई से दुगुनी है । स्तंभ की छाया का वह कौन-सा भाग है जो दीवाल पर आरूढ़ है ? ॥ २२ ॥

जब दीवाल पर आरूढ़ (पड़ी हुई) छाया का संख्यात्मक मान तथा स्तंभ की ऊँचाई दोनों ज्ञात हों तब दीवाल और स्तंभ के अंतर (बीच की दूरी) के माप के संख्यात्मक मान को निकालने के लिए नियम—

स्तंभ की ऊँचाई और दीवाल पर आरूढ़ (पड़ी हुई) छाया के माप का अंतर (मनुष्य की ऊँचाई के पदों में व्यक्त) पुरुष की छाया के माप द्वारा गुणित होकर उक्त स्तंभ और दीवाल के अंतर की माप को उत्पन्न करता है । इस अंतर का माप स्तंभ की ऊँचाई और दीवाल पर आरूढ़ (पड़ी हुई) छायांश माप के अंतर द्वारा भाजित किया जाने पर, (मनुष्य की ऊँचाई के पदों में व्यक्त) मानवी छाया का माप उत्पन्न करता है ॥ २३ ॥

(२१) बीजीय रूप से,

$अ = \frac{उ \times श - त}{श}$ जहाँ उ शंकु की ऊँचाई है, श दीवाल पर आरूढ़ छाया की ऊँचाई के पदों में व्यक्त मनुष्य की छाया का माप है और त स्तंभ (शंकु) और दीवाल के बीच की दूरी है । नियम का स्पष्टीकरण पार्श्व में दिये गये चित्र द्वारा हो जाता है । यह बात ध्यान में रखने योग्य है कि यहाँ स्तंभ और दीवाल के बीच की दूरी छाया रेखा पर ही नापी जाना चाहिए ।

(२२ और २३) इस नियम तथा २१ वीं गाथा के नियम में २१ वीं गाथा में दिये गये उदाहरणों की विलोम दशा का उल्लेख है ।

अत्रोद्देशकः

विंशतिहस्तः स्तम्भः षोडश भित्त्याश्रितच्छाया ।
द्विगुणा पुरुषच्छाया भित्तिस्तम्भान्तरं किं स्यात् ॥ २४ ॥

अपरार्धस्योदाहरणम्

विंशतिहस्तः स्तम्भः षोडश भित्त्याश्रितच्छाया ।
कियती पुरुषच्छाया भित्तिस्तम्भान्तरं चाष्टौ ॥ २५ ॥

आरूढच्छायायाः संख्या च भित्तिस्तम्भान्तरभूमिसंख्या च पुरुषच्छायायाः संख्या च ज्ञात्वा स्तम्भप्रमाणसंख्यानयनसूत्रम्—

नृच्छायाघ्नारूढा भित्तिस्तम्भान्तरेण संयुक्ता ।
पौरुषभाहृतलब्धं विदुः प्रमाणं बुधाः स्तम्भे ॥ २६ ॥

अत्रोद्देशकः

षोडश भित्त्यारूढच्छाया द्विगुणैव पौरुषी छाया ।
स्तम्भोत्सेधः कः स्याद्भित्तिस्तम्भान्तरं चाष्टौ ॥ २७ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

एक स्तंभ २० हस्त ऊँचा है, और दीवाल पर पड़ने वाली छाया के अंश का माप (ऊँचाई) १६ हस्त है। उस समय पुरुष की छाया पौरुषी ऊँचाई से दुगुनी है। स्तंभ और दीवाल के अंतर का माप क्या हो सकता है ? ॥ २४ ॥

नियम के उत्तरार्द्ध भाग के लिए उदाहरणार्थ प्रश्न

कोई स्तंभ ऊँचाई में २० हस्त है, और दीवाल पर पड़ने वाली उसकी छाया की ऊँचाई १६ है। दीवाल और स्तंभ का अंतर ८ हस्त है। पौरुषी ऊँचाई के प्रमाण द्वारा व्यक्त मानवी छाया का माप क्या है ? ॥ २५ ॥

जब दीवाल पर पड़ने वाली छाया के भाग की ऊँचाई का संख्यात्मक मान, उस स्तंभ तथा दीवाल का अंतर, और मानुषी ऊँचाई के पदों में व्यक्त मानुषी छाया का माप भी ज्ञात हो, तब स्तंभ की ऊँचाई का संख्यात्मक मान निकालने के लिये नियम—

दीवाल पर पड़ने वाली छाया के भाग का माप, मानवी ऊँचाई के पदों में व्यक्त मानवी छाया के माप द्वारा गुणित किया जाता है। इस गुणनफल में स्तंभ और दीवाल के अंतर (बीच की दूरी) का माप जोड़ा जाता है। इस प्रकार प्राप्त योग को मानवी ऊँचाई के पदों में व्यक्त मानवी छाया के माप द्वारा भाजित करने से जो भजनफल प्राप्त होता है वह बुद्धिमानों के द्वारा स्तंभ की ऊँचाई का माप कहा जाता है ॥ २६ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

दीवाल पर स्तंभ की छाया पड़ने वाला भाग १६ हस्त है। उस समय मानवी छाया का मान मानवी ऊँचाई से दुगुना है। दीवाल और स्तंभ का अंतर ८ हस्त है। स्तंभ की ऊँचाई क्या है ? ॥ २७ ॥

शङ्कुप्रमाणशङ्कुच्छायामिश्रविभक्तसूत्रम्—
शङ्कुप्रमाणशङ्कुच्छायामिश्रं तु सैकपौरुष्या ।
भक्तं शङ्कुमितिः स्याच्छङ्कुच्छाया तदूनमिश्रं हि ॥ २८ ॥

अत्रोद्देशकः

शङ्कुप्रमाणशङ्कुच्छायामिश्रं तु पञ्चाशत् ।
शङ्कूत्सेधः कः स्याच्चतुर्गुणा पौरुषी छाया ॥ २९ ॥

शङ्कुच्छायापुरुषच्छायामिश्रविभक्तसूत्रम्—
शङ्कुनरच्छायायुतिर्विभाजिता शङ्कुसैकमानेन ।
लब्धं पुरुषच्छाया शङ्कुच्छाया तदूनमिश्रं स्यात् ॥ ३० ॥

अत्रोद्देशकः

शङ्कोरुत्सेधो दश नृच्छायाशङ्कुभामिश्रम् ।
पञ्चोत्तरपञ्चाशन्नृच्छाया भवति कियती च ॥ ३१ ॥

शंकु की ऊँचाई तथा शंकु की छाया की लंबाई के मापों के दत्त मिश्रित योग में से उन्हें अलग-अलग निकालने के लिए नियम—

शंकु के माप और उसकी छाया के माप के मिश्रित योग को जब १ द्वारा बढ़ाये गये (मानवी ऊँचाई के पदों में व्यक्त) मानवी छाया के माप द्वारा भाजित करते हैं, तब शंकु की ऊँचाई का माप प्राप्त होता है। दिये गये योग को शंकु के इस माप द्वारा ह्रासित करने पर शंकु की छाया का माप प्राप्त होता है ॥ २८ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

शंकु के ऊँचाई माप और उसकी छाया के लंबाई माप का योग ५ है। शंकु की ऊँचाई क्या होगी, जबकि मानवी छाया उस समय मानवी ऊँचाई की चौगुनी है ? ॥ २९ ॥

शंकु की छाया की लम्बाई के माप और (मानवी ऊँचाई के पदों में व्यक्त) मानवी छाया के मापके मिश्रित योग में से उन्हें अलग-अलग प्राप्त करने के लिए नियम—

शंकु की छाया तथा मनुष्य की छाया के मापों के मिश्रित योग को एक द्वारा बढ़ाई गई शंकु की ज्ञात ऊँचाई द्वारा भाजित करते हैं। इस प्रकार प्राप्त भजनफल (मानवी ऊँचाई के पदों में व्यक्त) मानवी छाया का माप होता है। उपर्युक्त मिश्रित योग जब मानवी छाया के इस माप द्वारा ह्रासित किया जाता है, तब शंकु की छाया की लंबाई का माप उत्पन्न होता है ॥ ३० ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी शंकु की ऊँचाई १ है। (मानवी ऊँचाई के पदों में व्यक्त) मानवी छाया और शंकु की छाया के मापों का योग ५५ है। मानवी छाया तथा शंकु की छाया की लंबाई क्या-क्या है ? ॥ ३१ ॥

(२८ और ३) यहाँ दिये गये नियम गाथा १२½ के उत्तरार्द्ध में कथित नियम पर आधारित हैं।

स्तम्भस्य अवनतिसंख्यानयनसूत्रम्—

छायावर्गाच्छोध्या नरभाकृतिगुणितशङ्कुकृतिः ।
सैकनरच्छायाकृतिगुणिता छायाकृतेः शोध्या ॥ ३२ ॥
तन्मूलं छायाया शोध्य नरभानवर्गरूपेण[1] ।
भागं हृत्वा लब्धं स्तम्भस्यावनतिरेव स्यात् ॥ ३३ ॥

अत्रोद्देशकः

द्विगुणा पुरुषच्छाया त्र्युत्तरदशहस्तशङ्कोर्भा ।
एकोनत्रिंशत्सा स्तम्भावनतिश्च का तत्र ॥ ३४ ॥

---

1. हस्तलिपि मे नरभान के लिए नृभावर्ग पाठ है, परन्तु वह छंद की दृष्टि से अशुद्ध है ।

किसी स्तंभ अथवा ऊर्ध्वाधर शंकु की अवनति (झुकाव) के माप को निकालने के लिए नियम—

मानवी छाया के वर्ग और शंकु की ऊँचाई के वर्ग के गुणनफल को दी गई छाया के वर्ग मे घटाया जाता है। यह शेष, मानवी छाया की वर्ग राशि में एक जोड़ने से प्राप्त योगफल द्वारा गुणित किया जाता है। इस प्रकार प्राप्त राशि दी गई छाया के वर्ग मे से घटायी जाती है। परिणामी शेष के वर्गमूल को छाया के दिये गये माप मे से घटाया जाता है। इस प्रकार प्राप्त राशि को जब मानवी छाया की वर्ग राशि में एक जोड़ने से प्राप्त योगफल द्वारा भाजित किया जाता है, तब स्तंभ की शुद्ध अवनति (झुकाव) का माप प्राप्त होता है ॥ ३२–३३ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

इस समय मानवी छाया मानवी ऊँचाई से दुगुनी है। स्तंभ की छाया २९ हस्त है, और स्तंभ की ऊँचाई १३ हस्त है। यहाँ स्तंभ की अवनति का माप क्या है? ॥ ३४ ॥ प्रासाद के भीतर

(३२–३३) मानलो अवनत (झुके हुए) स्तंभ की स्थिति अ ब द्वारा निरूपित है। मानलो वही स्तंभ ऊर्ध्वाधर (लंबरूप) स्थिति मे अ द द्वारा निरूपित है। क्रमश अ स तथा अ इ उनकी छाया हैं। तब उस समय मानव की छाया और उसकी ऊँचाई का अनुपात $\frac{\text{अइ}}{\text{अद}}$ होगी। मानलो यह अनुपात र के बराबर है। ब से अद पर गिराया गया लंब ब ग अवनत स्तंभ अ ब की अवनति निरूपित करता है। यह सरलता पूर्वक दिखाया जा सकता है कि

$$\frac{\sqrt{(\text{अ ब})^2-(\text{ब ग})^2}}{\text{अ स}-\text{ब ग}}=\frac{\text{अ द}}{\text{अ इ}}=\frac{1}{\text{र}}$$ । इससे यह देखा जा सकता है कि

$$\text{ब ग}=\frac{\text{अ स}-\sqrt{(\text{अ स})^2-\{(\text{अ स})^2-(\text{अ ब})^2\times\text{र}^2\}(\text{र}^2+1)}}{\text{र}^2+1}$$ ।

यहाँ दिया गया नियम इसी सूत्र के रूप में प्ररूपित होता है।

कश्चिद्राजकुमारः प्रासादाभ्यन्तरस्थः सन् ।
पूर्वाह्णे जिज्ञासुर्दिनगतकालं नरच्छायाम् ॥ ३५ ॥
द्वादशहस्तोर्ध्वे जाले प्राग्भित्तिमध्य आयाता ।
रश्मिः पश्चाद्भित्तौ व्येकत्रिंशत्करोर्ध्वदेशस्था ॥ ३६ ॥
भित्तिद्वितयमध्यं चतुरुत्तरविंशतिः करास्तस्मिन् ।
काले दिनगतकालं नृच्छायां गणक विगणय्य ।
कथय च्छायागणिते यद्यस्ति परिश्रमस्तव चेत् ॥ ३७½ ॥
समचतुरश्रायां वृषहस्तघनायां नरच्छाया ।
पुरुषोत्सेधद्विगुणा पूर्वाह्णे प्राक्तटच्छाया ॥ ३८½ ॥
तस्मिन् काले पश्चात्तटाश्रिता का भवेद्गणक ।
भास्वच्छायाया आनयनं वेत्सि चेत्कथय ॥ ३९½ ॥

शङ्कोर्दीपच्छायानयनसूत्रम्—

शङ्कूनितदीपोन्नतिराप्ता शङ्कुप्रमाणेन ।
तल्लब्धहृतं शङ्कोः प्रदीपशङ्क्वन्तरं छाया ॥ ४०½ ॥

महल में खड़ा हुआ कोई राजकुमार पूर्वाह्न दिन में बीते हुए समय को ज्ञात करने का तथा (मानवी ऊँचाई के पदों में व्यक्त) मानवी छाया के माप को ज्ञात करने का इच्छुक था। तब सूर्य की रश्मि पूर्व की ओर की दीवाल के मध्य में १२ हस्त ऊँचाई पर स्थित खिड़की में से आकर पश्चिम ओर की दीवाल पर २९ हस्त की ऊँचाई तक पड़ी। उन दो दीवालों का अंतर २४ हस्त है। हे छाया प्रश्नों से भिज्ञ गणितज्ञ यदि तुमने छाया प्रश्नों (से परिचित होने) में परिश्रम किया हो तो (उस दिन) बीते हुए दिन के समय का माप और उस समय (मानवी ऊँचाई के पदों में व्यक्त) मानवी छाया का माप बतलाओ ॥ ३५-३७½ ॥

पूर्वाह्न समय मानवी छाया मानवी ऊँचाई से दुगुनी है। प्रत्येक विमिति में (dimension) १ हस्त वाले वर्गाकार छेद के घनाकार खात के संबंध में पूर्वी दीवाल से उत्पन्न पश्चिमी दीवाल पर पड़ने वाली की ऊँचाई क्या होगी ? हे गणितज्ञ यदि जानते हो, तो बतलाओ की तलरूप दीवाल पर उत्पन्न छाया का माप कितना होगा ? ॥ ३८½-३९½ ॥

किसी दीवाल के प्रकाश के कारण उत्पन्न होनेवाली शंकु की छाया को निकालने के लिये नियम—

शंकु की ऊँचाई द्वारा ह्रासित दीपक की ऊँचाई को शंकु की ऊँचाई द्वारा भाजित करना चाहिये। यदि इस प्रकार प्राप्त भजनफल के द्वारा दीपक और शंकु के बीच को क्षैतिज दूरी को भाजित किया जाय तो शंकु की छाया का माप उत्पन्न होता है ॥ ४०½ ॥

(३५-३७½) यह प्रश्न श्लोकों ८½ और २१ में दिये गये नियमों के विषय में है।
(३८½-३९½) यह प्रश्न श्लोक २१ में दिये गये नियमानुसार हल किया जाता है।

(४०½) बीजीय रूप से कथित नियम यह है —$छ = द \div \frac{य - श}{श}$, जहाँ 'छ' शंकु की छाया का

अत्रोद्देशकः

शङ्कुप्रदीपयोर्मध्यं षण्णवत्यङ्गुलानि हि ।
द्वादशाङ्गुलशङ्कोस्तु दीपच्छायां वदाशु मे षष्टिर्दीपशिखोत्सेधो गणितार्णवपारग ॥ ४२ ॥

दीपशङ्क्वन्तरानयनसूत्रम्—

शङ्कूनितदीपोन्नतिराप्ता शङ्कुप्रमाणेन ।
तल्लब्धहता शङ्कुच्छाया शङ्कुप्रदीपमध्यं स्यात् ॥ ४३ ॥

अत्रोद्देशकः

शङ्कुच्छायाङ्गुलान्यष्टौ षष्टिर्दीपशिखोदय. ।
शङ्कुदीपान्तरं ब्रूहि गणितार्णवपारग ॥ ४४ ॥

दीपोन्नतिसंख्यानयनसूत्रम्—

उदाहरणार्थ प्रश्न

किसी शंकु और दीपक की क्षैतिज दूरी वास्तव में ९६ अंगुल है । दीपक की लौ की ऊँचाई जमीन से ६० अंगुल है । हे गणितार्णव (गणित समुद्र) के पारगामी, मुझे शीघ्र ही १२ अंगुल ऊँचे शकु के सबध में दीपक की लौ के कारण उत्पन्न होने वाली छाया का माप बतलाओ ॥ ४१½–४२ ॥

दीपक और शकु के क्षैतिज अतर को प्राप्त करने के लिए नियम—

(जमीन से) दीपक की ऊँचाई को शकु की ऊँचाई द्वारा ह्रासित किया जाता है । परिणामी राशि को शकु की ऊँचाई द्वारा भाजित करते हैं । शकु की छाया के माप को, इस प्रकार प्राप्त भजनफल द्वारा गुणित करने पर, दीपक और शंकु का क्षैतिज अंतर प्राप्त होता है ॥ ४३ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

शकु की छाया की लंबाई ८ अगुल है । दीप शिखा (दीपक की लौ) की (जमीन से) ऊँचाई ६० अगुल है । हे गणितार्णव के पारगामी, दीपक और शकु के क्षैतिज अंतर के माप को बतलाओ ॥ ४४ ॥

दीपक की (जमीन से ऊपर की) ऊँचाई के सख्यात्मक माप को प्राप्त करने के लिये नियम—

माप है, 'अ' शकु की ऊँचाई का माप है, 'ब' दीपक की ऊँचाई का माप है, और 'स' दीपक तथा शकु के बीच का क्षैतिज अतर है ।

यह सूत्र पार्श्व में दी गई आकृति से स्पष्ट रूप से सिद्ध किया जा सकता है ।

(४३) पिछली टिप्पणी में उपयोग में लाये गये प्रतीकों को ही उपयोग में लाकर, इस नियमानुसार $स = छ \times \frac{ब - अ}{अ}$ होता है ।

(४४) अगले ४६–४७ वें श्लोकों के अनुसार शंकु की ऊँचाई का दिया गया माप १२ अगुल है ।

शङ्कुच्छायाभक्तं प्रदीपशङ्क्वन्तरं सैकम् ।
शङ्कुप्रमाणगुणितं ह्यस्यां दीपोन्नतिर्भवति ॥ ४५ ॥

अत्रोद्देशकः

शङ्कुच्छाया द्विनिघ्नैव द्विगुणं शङ्कुदीपयोः ।
अन्तरं अङ्गुलान्यत्र का दीपस्य समुन्नतिः ॥ ४६ ॥
शंकुप्रमाणमत्रापि द्वादशाङ्गुलकं गते ।
ज्ञात्वोदाहरणे सम्यग्विद्यात्सूत्रार्थपद्धतिम् ॥ ४७ ॥

पुरुषस्य पादच्छायां च तत्पादप्रमाणेन वृक्षच्छायां च ज्ञात्वा वृक्षोन्नते संख्यानयनस्य च, वृक्षोन्नतिसंख्यां च पुरुषस्य पादच्छायायाः संख्यानयनस्य च सूत्रम्—
स्वच्छायया भक्तनिजेष्टवृक्षच्छाया पुनस्सप्तभिराहता सा ।
वृक्षोन्नतिः सा द्विहता स्वपादच्छायाहृता स्याद्द्रुमभैव नूनम् ॥ ४८ ॥

दीपक और शंकु के क्षैतिज अंतर के माप को शंकु की छाया द्वारा भाजित किया जाता है। तब इस परिणामी भजनफल में एक जोड़ा जाता है। इस प्रकार प्राप्त राशि जब शंकु की ऊँचाई के माप द्वारा गुणित की जाती है, तब दीपक की (जमीन से ऊपर की) ऊँचाई का माप उत्पन्न होता है ॥ ४५ ॥

उदाहरणार्थ प्रश्न

शंकु की छाया की लंबाई उसकी ऊँचाई से दुगुनी है। दीपक और शंकु की क्षैतिज दूरी का माप २ अंगुल है। इस दशा में दीपक की जमीन से ऊँचाई कितनी है? इसी तथा अन्य प्रश्न में शंकु की ऊँचाई १२ अंगुल लेकर नियम के साधन का पथ भलीभाँति सीख लेना चाहिये ॥ ४६–४७ ॥

जब मनुष्य की (पाद प्रमाण में दी गई) छाया की लंबाई का माप तथा (उसी पाद प्रमाण में दी गई) वृक्ष की छाया की लंबाई का माप ज्ञात हो तब उस वृक्ष की ऊँचाई का संख्यात्मक माप निकालने के लिए नियम ज्ञात हो तब (उसी पाद प्रमाण में) वृक्ष की ऊँचाई का संख्यात्मक माप तथा मनुष्य की छाया की लंबाई का संख्यात्मक माप ज्ञात हो तब (उसी पाद प्रमाण में) वृक्ष की छाया की लंबाई का संख्यात्मक माप निकालने के लिये नियम—

किसी व्यक्ति द्वारा चुने गये वृक्ष की छाया की लंबाई के माप को निज पाद प्रमाण में नापी गई उसकी निज की छाया के माप द्वारा भाजित किया जाता है। इससे वृक्ष की ऊँचाई प्राप्त होती है। यह वृक्ष की ऊँचाई ७ द्वारा भाजित होकर और निज पाद प्रमाण में नापी गई निज की छाया द्वारा गुणित होकर निःसन्देह वृक्ष की छाया की दृष्ट लंबाई के माप को उत्पन्न करती है ॥ ४८ ॥

---

(४५) इसी प्रकार, $\text{व} = \left(\frac{\text{छ}}{\text{ड}} + १\right)\text{अ}$

(४८) यह नियम उपर्युक्त ११२½ वें श्लोक के उत्तरार्द्ध में दिये गये नियम की विलोम दशा है। यहाँ दिये गये नियम में मनुष्य की ऊँचाई और उसके पाद माप के बीच का संबंध उपयोग में लाया गया है।

अत्रोद्देशकः

आत्मच्छाया चतुःपादा वृक्षच्छाया शतं पदाम् ।
वृक्षोच्छ्रायः को भवेत्स्वपादमानेन तं वद ॥ ४९ ॥

वृक्षच्छायायाः संख्यानयनोदाहरणम्—

आत्मच्छाया चतुःपादा पञ्चसप्ततिभिर्युतम् ।
शतं वृक्षोन्नतिर्वृक्षच्छाया स्यात्कियती तदा ॥ ५० ॥
पुरतो योजनान्यष्टौ गत्वा शैलो दशोदयः ।
स्थितः पुरे च गत्वान्यो योजनाशीतितस्ततः ॥ ५१ ॥
तदग्रस्थाः प्रदृश्यन्ते दीपा रात्रौ पुरे स्थितैः ।
पुरमध्यस्थशैलस्यच्छाया पूर्वागमूलयुक् ।
अस्य शैलस्य वेधः को गणकाशु प्रकथ्यताम् ॥ ५२½ ॥

इति सारसंग्रहे गणितशास्त्रे महावीराचार्यस्य कृतौ छायाव्यवहारो नाम अष्टमः समाप्तः ॥

॥ समाप्तोऽयं सारसंग्रहः ॥

उदाहरणार्थ एक प्रश्न

पाद माप में निज की छाया की लम्बाई ४ है। (उसी पाद माप में) वृक्ष की छाया की लम्बाई १०० है। बतलाओ कि (उसी पाद माप में) वृक्ष की ऊँचाई क्या है ? ॥ ४९ ॥

किसी वृक्ष की छाया के संख्यात्मक माप को निकालने के संबंध में उदाहरण—

किसी समय निज की छाया की लम्बाई का माप निज के पाद से चौगुना है। किसी वृक्ष की ऊँचाई (ऐसे पाद-माप में) १७५ है। उस वृक्ष की छाया का माप क्या है ? ॥५०॥ किसी नगर के पूर्व की ओर ८ योजन (दूरी) चल चुकने के पश्चात्, १० योजन ऊँचा शैल (पर्वत) मिलता है। नगर में भी १० योजन ऊँचाई का पर्वत है। पूर्वी पर्वत से पश्चिम की ओर ८० योजन चल चुकने के पश्चात्, एक और दूसरा पर्वत मिलता है। इस अंतिम पर्वत के शिखर पर रखे हुए दीप नगर निवासियों को दिखाई देते हैं। नगर के मध्य में स्थित पर्वत की छाया पूर्वी पर्वत के मूल को स्पर्श करती है। हे गणक, इस (पश्चिमी) पर्वत की ऊँचाई क्या है ? शीघ्र बतलाओ ॥ ५१–५२½ ॥

इस प्रकार, महावीराचार्य की कृति सार संग्रहनामक गणित शास्त्र में छाया नामक अष्टम व्यवहार समाप्त हुआ।

इस प्रकार यह सारसंग्रह समाप्त हुआ।

(५१–५२½) यह उदाहरण उपर्युक्त ४५ वें श्लोक में दिये गये नियम को निदर्शित करने के लिये है।

शब्द	सामान्य अर्थ	संख्या अभिधान	उद्गम
करिन्	हाथी An elephant	८	इभ देखिए।
कर्मन्	कर्म अथवा कार्य करने का प्रभाव Action · the effect of action as its karma	८	जैन धर्म के अनुसार आठ प्रकार के कर्म (प्रकृतिबंध) होते हैं, अर्थात्, ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, मोहनीय, अन्तराय, वेदनीय, नामिक, गोत्रिक और आयुष्क।
कलाधर	चन्द्रमा The moon	१	इन्दु देखिए।
कषाय	संसारी वस्तुओं में आसक्ति Attachment to worldly objects	४	जैन धर्म के अनुसार कर्मों के आस्रव का एक भेद कषाय है, जिसके चार प्रकार हैं, अर्थात्, क्रोध, मान, माया और लोभ।
कुमारवदन	कुमार अथवा हिंदू युद्ध-देव के मुख The faces or Kumāra of the Hindu war-god	६	यह युद्धदेव छः मुखोंवाला माना जाता है। षण्मुख देखिये।
केशव	विष्णु का एक नाम A name of Viṣṇu	९	उपेन्द्र देखिए।
क्षपाकर	चन्द्रमा The moon	१	इन्दु देखिए।
ख	आकाश Sky	०	अनन्त देखिए।
खर		६	
गगन	आकाश Sky	०	अनन्त देखिए।
गज	हाथी Elephant	८	इभ देखिए।
गति	पुनर्जन्म का मार्ग Passage into rebirth	४	जैन धर्म के अनुसार ससारी जीव चार गतियों में जन्म लेते हैं, अर्थात्, देव, तिर्यञ्च, मनुष्य, नरक। पिथेगोरस का Tetractys इससे तुलनीय है।
गिरि	पर्वत Mountain	७	अचल देखिए।
गुण	गुण Quality	३	आदि पदार्थ में तीन गुण माने जाते हैं, अर्थात्, सत्त्व, रजस्, तमस्।
ग्रह	ग्रह A planet	९	हिन्दू ज्योतिष में ९ प्रकार के ग्रह माने जाते हैं, अर्थात्, मगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु, केतु, सूर्य और चन्द्रमा।
चक्षुस्	आँख The eye	२	अक्षि देखिए।

शब्द	सामान्य अर्थ	प्रतीकित संख्या	विवरण
अम्बुधि	महासागर The ocean	४	अब्धि देखिए।
अम्भोधि	महासागर The ocean	४	अब्धि देखिए।
अश्व	घोड़ा A horse	७	सूर्य के रथ में ७ घोड़े माने जाते हैं।
अश्विन्	घोड़े सहित Consisting of horse	७	अश्व देखिए।
आकाश	आकाश The sky		अनन्त देखिए।
इन	सूर्य The sun	१२	वर्ष के बारह माहों के संवादी सूर्यों की संख्या १२ होती है; अर्थात्, धातृ, मित्र, अर्यमन्, रुद्र, वरुण, सूर्य, भग, विवस्वत, पूषन्, सवितृ, त्वष्टृ और विष्णु। ये बारह आदित्य कहलाते हैं।
इन्दु	चन्द्रमा The moon	१	पृथ्वी के लिये केवल एक चन्द्रमा है।
इन्द्र	इन्द्र देवता The god Indra	१४	चौदह मन्वन्तरों में से प्रत्येक के लिये १ इन्द्र की दर से चौदह इन्द्र होते हैं।
इन्द्रिय	इन्द्रिय An organ of sense	५	इन्द्रियाँ पाँच प्रकार की होती हैं, आँख, नाक, जीभ, कान और शरीर (स्पर्शन्)।
इभ	हाथी An elephant	८	संसार की आठ दिशा विदिशाओं की रक्षा आठ हाथी करते हुए कहे जाते हैं। ये ऐरावत, पुण्डरीक, वामन, कुमुद, अञ्जन पुष्पदन्त, सार्वभौम और सुप्रतीक हैं।
इषु	धनुष An arrow	५	मन्मथ के पाँच बाण माने जाते हैं अर्थात्, अरविन्द, अशोक, चूत, नवमल्लिका और नीलोत्पल।
ईक्षण	आँख The eye	२	अक्षि देखिए।
उदधि	महासागर The ocean	४	अब्धि देखिए।
उपेन्द्र	भगवान् विष्णु God Viṣṇu	९	विष्णु के ९ अवतार माने जाते हैं।
ऋतु	ऋतु A season	६	संस्कृत साहित्य के अनुसार वर्ष में ६ ऋतुएँ होती हैं अर्थात् वसन्त, ग्रीष्म, वर्षा, शरद् हेमन्त शिशिर।
कर	हाथ The hand	२	मानव के दो हाथ होते हैं।
करणीय	जो किये जाते हैं व्रत That which has to be done; an act of devotion or austerity		जैन धर्म के अनुसार पाँच प्रकार के व्रत होते हैं, अर्थात्, अहिंसा, अनृत, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह।

शब्द	सामान्य अर्थ	संख्या अभिधान	उद्गम
करिन्	हाथी An elephant	८	इभ देखिए।
कर्मन्	कर्म अथवा कार्य करने का प्रभाव Action: the effect of action as its karma	८	जैन धर्म के अनुसार आठ प्रकार के कर्म (प्रकृतिबंध) होते हैं, अर्थात्, ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, मोहनीय, अन्तराय, वेदनीय, नामिक, गोत्रिक और आयुष्क।
कलाधर	चन्द्रमा The moon	१	इन्दु देखिए।
कषाय	संसारी वस्तुओं में आसक्ति Attachment to worldly objects	४	जैन धर्म के अनुसार कर्मों के आस्रव का एक भेद कषाय है, जिसके चार प्रकार हैं, अर्थात्, क्रोध, मान, माया और लोभ।
कुमारवदन	कुमार अथवा हिंदू युद्ध-देव के मुख The faces or Kumāra of the Hindu war-god	६	यह युद्धदेव छः मुखोंवाला माना जाता है। षण्मुख देखिये।
केशव	विष्णु का एक नाम A name of Visnu	९	उपेन्द्र देखिए।
क्षपाकर	चन्द्रमा The moon	१	इन्दु देखिए।
ख	आकाश Sky	०	अनन्त देखिए।
खर		६	
गगन	आकाश Sky	०	अनन्त देखिए।
गज	हाथी Elephant	८	इभ देखिए।
गति	पुनर्जन्म का मार्ग Passage into rebirth	४	जैन धर्म के अनुसार ससारी जीव चार गतियों में जन्म लेते हैं, अर्थात्, देव, तिर्यञ्च, मनुष्य, नरक। पिथेगोरस का Tetractys इससे तुलनीय है।
गिरि	पर्वत Mountain	७	अचल देखिए।
गुण	गुण Quality	३	आदि पदार्थ में तीन गुण माने जाते हैं, अर्थात्, सत्त्व, रजस्, तमस्।
ग्रह	ग्रह A planet	९	हिन्दू ज्योतिष में ९ प्रकार के ग्रह माने जाते हैं, अर्थात्, मगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु, केतु, सूर्य और चन्द्रमा।
चक्षुस्	आँख The eye	२	अक्षि देखिए।

शब्द	सामान्य अर्थ	संकेतित संख्या	संदर्भ
चन्द्र	चन्द्रमा The moon	१	इन्दु देखिए।
चन्द्रमस्	चन्द्रमा The moon	१	इन्दु देखिए।
जलधर पथ	आकाश Sky		अनन्त देखिए।
जलधि	महासागर Ocean	४	अब्धि देखिए।
जलनिधि	महासागर Ocean	४	अब्धि देखिए।
जिन	वह नाम जिसमें अरिहंत सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और सर्व साधुओं का नाम गर्भित रहता है। The name which implies Arhat, Siddhas, Achryas, Upadhyayas & all Saints.	२४	जिन आगम के अनुसार भरत कर्मक्षेत्र में अवसर्पिणी काल में २४ तीर्थंकर होते हैं प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव और अंतिम तीर्थंकर वर्द्धमान महावीर माने जाते हैं।
ज्वलन	आग Fire	३	अग्नि देखिए।
तत्त्व	तत्त्व Elementary Principles.	७	जैन धर्म में सात तत्त्वों की मान्यता इस प्रकार है : जीव (चेतन), अजीव (अचेतन), आस्रव (कर्मों के आने के द्वार), बंध (कर्मों का आत्मा के साथ सम्बन्ध) संवर (आस्रव का निरोध), निर्जरा (कर्मों का एक देश नाश) और मोक्ष (आत्मा का पूर्ण रूप से कर्मों से छूटना)।
तनु	काय Body	८	शिव का तनु आठ वस्तुओं से बना हुआ माना जाता है : पृथ्वी अप् , तेजस् , वायु, आकाश, सूर्य, चन्द्र, यजमान।
तर्क	Evidence	६	तर्क के छः प्रकार हैं : प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द, अर्थापत्ति और अनुपलब्धि।
तार्क्ष्यध्वज	विष्णु Visnu	९	उपेन्द्र देखिए।
तीर्थंकर	Tirthankar or Jina	२४	जिन देखिए।
दन्तिन्	हाथी An elephant	८	इभ देखिए।
दुरित	सांसारिक कर्म Worldly action	८	कर्मन् देखिए।

शब्द	सामान्य अर्थ	संख्या अभिधान	उद्गम
दुर्गा	पार्वती का अवतार Name of Manifestation of Parvati or Durga.	९	दुर्गा के ९ अवतार माने जाते हैं।
दिक्	दिशा बिन्दु Quarter or a cardinal point of the universe.	८	लोक मे आठ दिशाबिन्दु माने जाते हैं।
दिक्	दिशाएँ Directions	१०	दस दिशाओं की मान्यता इस प्रकार है कि चार दिशाएँ, चार विदिशाएँ तथा अधो और ऊर्ध्व दिशाएँ मिलकर दस दिशाएँ होती हैं।
दिक्	आकाश Sky	०	अनन्त देखिए।
दृक्	आँख The eye	२	अक्षि देखिए।
दृष्टि	" " "	"	" "
द्रव्य	द्रव्य का लक्षण सत् है और जो उत्पत्ति, विनाश और ध्रौव्यता सहित है वह सत् है। Elementary substance whose characteristic is existence implying manifestation, disappearance & permanence.	६	जिनागम के अनुसार ६ द्रव्य हैं: जीव, धर्म, अधर्म, पुद्गल, काल और आकाश।
द्विप	हाथी An Elephant	८	इभ देखिए।
द्विरद	"	"	"
द्वीप	पृथ्वी में स्थित पौराणिक द्वीप विभाग A puranic insular division of the terrestrial world.	७	इनके सात विभाग हैं जम्बू, प्लक्ष, शाल्मली, कुश, क्रौञ्च, शाक, पौष्कर।

शब्द	सामान्य अर्थ	संख्या प्रतीक-मान	उद्गम
धातु	शरीर के संरक्षक अवयव Constituent principles of the body	७	सप्त धातुएँ ये हैं—रस (Chyle), रक्त, मांस, चर्बी, अस्थि मज्जा, वीर्य।
धृति	छंद का एक विभेद का नाम Name of a kind of metre	१८	इस छन्द में श्लोक के प्रत्येक पद में १८ अक्षर रहते हैं।
नग	पर्वत Mountain	७	अचल देखिए।
नन्द	राजाओं के वंश का नाम Name of a dynasty of kings	९	कहा जाता है कि मगध में ९ नन्द राजाओं ने राज्य किया।
नभस्	आकाश Sky		अनन्त देखिये।
नय	वस्तु के एक अंश ग्रहण करने वाला ज्ञान Method of Comprehending things from particular standpoints	२	जिनागम में मुख्यतः दो नयों का निरूपण है : द्रव्यार्थिक नय और पर्यायार्थिक नय।
नयन	आँख The eye	२	अक्षि देखिए।
नाग	हाथी An elephant	८	इभ देखिए।
निधि	खजाना Treasure	९	कुबेर के पास नव प्रसिद्ध निधियाँ मानी जाती हैं : पद्म, महापद्म, शङ्ख, मकर, कच्छप, मुकुन्द, कुन्द, नील, खर्व। जिनागम में चक्रवर्ती के भी इनसे भिन्न नव-निधियों का उल्लेख है।
नेत्र	आँख The eye	२	अक्षि देखिए।
पदार्थ	वस्तुओं के विभेद Category of things	९	जिनागम में सात तत्त्व तथा पुण्य और पाप ये दो मिलकर नव पदार्थ होते हैं। तत्त्व देखिए।

शब्द	सामान्य अर्थ	संख्या	उद्गम
पन्नग	सर्प The serpent	७	हिन्दू पुराणों में कभी कभी आठ और कभी कभी सात प्रकार के सर्पों का वर्णन मिलता है।
पयोधि	समुद्र Ocean	४	अब्धि देखिए।
पयोनिधि	" "	"	" "
पावक	अग्नि Fire	३	अग्नि देखिए।
पुर	नगर City	३	हिन्दू पुराणों के अनुसार तीन असुरों के प्ररूपक तीन पुरों ने देवों के प्रति अत्याचार किया और शिव ने उन्हें विनष्ट किया। त्रिपुरान्तक से तुलना करिए।
पुष्करिन्	हाथी Elephant	८	इभ देखिए।
प्रालेयांशु	चंद्रमा The Moon	१	इन्दु देखिए।
बन्ध	कर्म बंध Karmic bondage	४	जिनागम में बंध के मुख्यतः चार भेद बतलाए गये हैं : प्रकृति बध, स्थिति बंध, अनुभाग बंध और प्रदेश बध।
बाण	बाण Arrow	५	इषु देखिए।
भ	नक्षत्र A constellation	२७	हिन्दू ज्योतिष में सूर्य पथ पर मुख्यतः २७ नक्षत्रों की गणना की गई है।
भय	डर Fear	७	
भाव	तत्व Elements	५	पाच तत्व या पच भूत ये हैं : पृथवी, अप्, तेजस्, वायु, आकाश।
भास्कर	सूर्य The Sun	१२	इन देखिए।
भुवन	लोक The World	३	ऊर्ध्वलोक, मध्यलोक, और अधोलोक, की मान्यता है।
भूत	तत्व Element	५	भाव देखिए।
भूध्र	पर्वत Mountain	७	अचल देखिए।
मद	घमण्ड Pride	८	अष्ट मद के भेद इस प्रकार है. ज्ञान, रूप, कुल, जाति, बल, ऋद्धि, तप, शरीर का मद।
महीध्र	पर्वत Mountain	७	अचल देखिए।
मातृका	देवी A goddess	७	साधारणतः सात प्रकार की देवियाँ मानी जाती हैं।
मुनि	साधु Sage	७	मुख्यत. सात प्रकार के ऋषियों का उल्लेख मिलता है : कश्यप, अत्रि, भरद्वाज, विश्वामित्र, गौतम, जमदग्नि, वसिष्ठ।
मृगाङ्क	चंद्रमा The Moon	१	इन्दु देखिए।
मृड	शिव या रुद्र का नाम A name of Śiva or Rudra	११	रुद्रों की सख्या ११ मानी गई है।

शब्द	सामान्य अर्थ	संख्या का निरूपण	उद्गम
यति	मुनि Sage	७	मुनि देखिए।
रजनीकर	चन्द्रमा The Moon	१	इन्दु देखिए।
रत्न	त्रयनिधि Trinity	३	जिनागम में मोक्ष का मार्ग सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, और सम्यक्चारित्र का एक होना बतलाया गया है, जिन्हें तीन रत्न भी निरूपित किया गया है।
रत्न	मूल्यवान पत्थर A precious gem	९	नव प्रकार के रत्न माने गये हैं : वज्र, वैडूर्य, गोमेद, पुष्पराग पद्मराग, मरकत, नील, मुक्ता, प्रवाल।
रन्ध्र	छिद्र Opening	९	मानव शरीर में नव मुख्य रन्ध्र होते हैं।
रस	स्वाद Taste	६	मुख्य रस छः हैं : मधुर, अम्ल, लवण, कटुक, तिक्त, कषाय।
रुद्र	शिव का नाम Name of a Deity	११	भव देखिए।
रूप	आकार Form or shape	१	प्रत्येक वस्तु का केवल एक रूप होता है।
लब्ध	नव शक्तियों की प्राप्ति Attainment of nine powers	९	नव लब्धियाँ निम्नलिखित हैं : अनन्त दर्शन, अनन्त ज्ञान, क्षायिक सम्यक्त्व, क्षायिक चारित्र, क्षायिक दान, क्षायिक लाभ क्षायिक भोग, क्षायिक उपभोग, क्षायिक वीर्य। ये कर्मों के क्षय से क्षायिक भाव के रूप प्राप्त होते हैं।
लब्धि	Attainment	९	लब्ध देखिए।
लेश्या		६	
लोक	World	३	भुवन देखिए।
लोचन	आँख The eye	२	अक्षि देखिए।
वर्ण		५	जिनागम में वर्ण के पाँच प्रकार हैं : कृष्ण, नील, पीत रक्त और श्वेत।
वसु	वैदिक देवताओं की एक जाति A class of Vedic deities	८	ये देवता संख्या में आठ होते हैं।
वह्नि	अग्नि Fire	३	अग्नि देखिए।
वारण	हाथी Elephant	८	इभ देखिए।
वार्धि	समुद्र Ocean	४	अब्धि देखिए।
विधु	चंद्रमा The moon	१	इन्दु देखिए।
विवधि	समुद्र Ocean	४	अब्धि देखिए।
विवनिधि	”	”	”

शब्द	सामान्य अर्थ	संख्यात्मक मूल्य	उद्गम
विषय	इंद्रियों के विषय Object of sense	५	पंचेन्द्रियों के विषय पाच हैं : गन्ध, रस, रूप, स्पर्श, शब्द ।
वियत्	आकाश Sky	०	अनन्त देखिए ।
विश्व	वैदिक देवताओं का एक समूह A group of Vedic deities	१३	इस समूह में १३ सदस्य होते हैं ।
विष्णुपाद	आकाश Sky	०	अनन्त देखिए ।
वेद	The Vedas	४	चार वेद ये हैं : ऋक्, यजुस्, साम, अथर्व ।
वैश्वानर	अग्नि Fire	३	अग्नि देखिए ।
व्यसन	बुरी आदत An unwholesome addiction	७	जिनागम में जीव का अहित करने वाले सप्त व्यसन निम्नलिखित रूप में उल्लिखित हैं : द्यूत, मांस भक्षण, मदिरापान, वेश्यागमन, परस्त्री सेवन, अस्तेय, आखेट ।
व्योम	आकाश Sky	०	अनन्त देखिए ।
व्रत	अणु व्रत या महाव्रत Partial or whole act of devotion or austerity	५	जिनागम में अणु व्रत और महाव्रत ५ हैं । हिंसा, झूठ, कुशील, परिग्रह और स्तेय (चोरी) नामक पंच पापों से एक देश विरक्त होना अणुव्रत है । हिंसादि पाच पापों का सर्वथा त्याग करना महाव्रत है । करणीय भी देखिए ।
शङ्कर	रुद्र का नाम Name of Rudra	११	मृड देखिए ।
शर	बाण Arrow	५	इषु देखिए ।
शशधर	चंद्र The Moon	१	इन्दु देखिए ।
शशलाञ्छन	" "	"	" "
शशाङ्क	" "	"	" "
शशिन्	" "	"	" "
शस्त्र	बाण Arrow	५	इषु देखिए ।
शिखिन्	अग्नि Fire	३	अग्नि देखिए ।
शिलीमुखपद	षट्पद The legs of a bee	६	मधुमक्खी या भौंरे के छः पैर माने जाते हैं ।
शैल	पर्वत Mountain	७	अचल देखिए ।
श्वेत		१	
सलिलाकर	समुद्र Ocean	४	अब्धि देखिए ।
सागर	" "	"	" "

शब्द	सामान्य अर्थ	सूचित संख्या	उद्गम
सायक	बाण Arrow	५	इषु देखिए।
सिन्धुर	हाथी Elephant	८	इभ देखिए।
सूर्य	The Sun	१२	इन देखिए।
सोम	चंद्र The moon	१	इन्दु देखिए।
स्तम्बेरम	हाथी Elephant	८	इभ देखिए।
स्वर	संगीत का स्वर A note of the musical scale	७	सात शब्द स्वर हैं षड्ज, ऋषभ, गांधार, मध्यम, पञ्चम, धैवत, निषाद। संगीत के प्रारम्भ में इन्हीं सप्त स्वरों के आदि अक्षरों को ग्रहण कर स, रि, ग, म प ध, नि का ज्ञान कराया जाता है।
हय	घोड़ा Horse	७	अश्व देखिए।
हर	रुद्र का नाम Name of Rudra	११	मृड देखिए।
हर नेत्र	Siva's eyes	३	शिव की दो आँखों के सिवाय एक और आँख मस्तक के मध्य में रहती है।
हुतवह	अग्नि Fire	३	अग्नि देखिए।
हुताशन	" "	"	" "
हिमकर	चन्द्रमा The Moon	१	इन्दु देखिए।
हिमगु	" "	"	" "
हिमांशु	" "	"	" "

परिशिष्ट २

अनुवाद में अवतरित संस्कृत शब्दों का स्पष्टीकरण

आबाधा Ābādhā	Segment of a straight line forming the base of a triangle or a quadrilateral.
आढक Ādhak	A measure of grain. परिशिष्ट–४ की सारिणी ३ देखिए।
अध्वान Adhvān	The vertical space required for presenting the long and short syllables of all the possible varieties of metre with any given number of syllables, the space required for the symbol of a short or a long syllable being one *agunla* and the intervening space between each variety being also an angula. अध्याय ६—३३३½ से ३३६½ का टिप्पण देखिए।
आदिधन Ādidhana	Each term of a series in arithmetical progression is conceived to consist of the sum of the first term and a multiple of the common difference The sum of all the first terms is called the *Ādidhan* अध्याय २—६३ और ६४ का टिप्पण देखिए।
आदिमिश्रधन Ādimiśradhana	The sum of a series in arithmetical progression combined with the first term thereof. अध्याय २—८० से ८२ का टिप्पण देखिए।
अगरु Agaru	A kind of fragrant wood, *Amyris agallocha.*
अम्ल वेतस Amla-vētasa	A kind of sorrel, *Rumex vesicarius.*
अमोघवर्ष Amōghvarsa	Name of a king, *lit* : one who showers down truly useful rain
अंश Amśa	A measure of weight in relation to metals परिशिष्ट ४ की सारिणी ६ देखिए।
अंशमूल Amśamūla	Square root of a fractional part अध्याय ४–३ का टिप्पण देखिए।

अंगुल Aṅgula	A measure of length finger measure अध्याय १–२५ से २९ तथा परिशिष्ट ४ की सारिणी १ देखिए।
अंतरावलम्बक Antarāvalambaka	Inner perpendicular the measure of a string suspended from the point of intersection of two strings streched from the top of two pillars to a point in the line passing through the bottom of both the pillars
अंत्यधन Antyadhana	The last term of a series in arithmetical or geometrical progression.
अणु Aṇu	Atom or particle अध्याय १—२५ से २० तथा परिशिष्ट ४, सारिणी १ देखिए।
अरिष्टनेमि Aristanēmi	The twenty second *Tirthankar*
अर्बुद Arbud	Name of the eleventh place in notation.
अर्जुन Arjuna	Name of a tree *Terminalia, Arjuna* W & A.
असित Asita	Name of a tree *Grislea Tomentosa.*
अशोक Aśōka	Name of a tree *Jonesia Asoka Roxb*
औंड्र-औंड्र फल Auṇḍra-Auṇḍraphala	A kind of approximate measure of the cubical contents of an excavation or of a solid This kind of approximate measure is called Auttra by Brahmagupta अध्याय ८— का टिप्पण देखिए।
आवलि Āvali	A measure of time परिशिष्ट ४, सारिणी २ देखिए।
अयन Ayana	" " "
बीज Bija	Literally seed here it is used to denote a set of two positive integers with the aid of the product and the squares whereof, as forming the measure of the sides a right angled triangle may be constructed अध्याय ७— ६ का टिप्पण देखिए।

भाग Bhāga	A measure of baser metals. परिशिष्ट ४, सारिणी ६ देखिए । A measure fraction. A variety of miscellaneous problems on fractions. अध्याय ४—३ का टिप्पण देखिए ।
भागभाग Bhāgabhāga	A complex fraction
भागाभ्यास Bhāgābhyāsa	A variety of miscellaneous problems on fractions. अध्याय ४—३ का टिप्पण देखिए ।
भागहार Bhāgahāra	Division.
भागमात्र Bhāgamātr	Fractions consisting of two or more of the varieties of *Bhāga, Prabhāga, Bhāgabhāga, Bhāgānubandha* and *Bhāgāpavāha* fractions. अध्याय ३—१३८ का टिप्पण देखिए ।
भागानुबंध Bhāgānubandha	Fractions in association. अध्याय ३—११३ का टिप्पण देखिए ।
भागापवाह Bhāgāpavāha	Dissociated fractions. अध्याय ३—१२३ का टिप्पण देखिये ।
भागसम्वर्ग Bhāgasaṁvarga	A variety of miscellaneous problems on fractions. अध्याय ४—३ का टिप्पण देखिए ।
भाज्य Bhājya	The middle one of the three places forming the cube root group, that which has to be divided अध्याय २—५३ और ५४ का टिप्पण देखिए ।
भार Bhāra	A measure of baser metals परिशिष्ट ४, सारिणी ६ देखिए ।
भिन्नदृश्य Bhinnadṛśya	A variety of miscellaneous problems on fraction अध्याय ४—३ का टिप्पण देखिए ।
भिन्नकुट्टीकार Bhinnakuṭṭī-kāra	Proportionate distribution involving fractional quantities पृष्ठ १२३ की पाद-टिप्पणी देखिए ।
चक्रिकाभञ्जन Cakrikābhañ-jana	The destroyer of the cyle of recurring rebirths, also the name of a king of the Rāṣṭrakūṭa dynasty.
चम्पक Campaka	Name of a tree bearing a yellow fragrant flower, *Michelia Champaka*
छन्द Chandas	A syllabic metre
चिति Citi	Summation of series.

चित्र-कुट्टीकार Citra-kuttikāra	Curious and interesting problems involving proportionate division.
चित्र-कुट्टीकार मिश्र Citra kuttikāra misra	Mixed problems of a curious and interesting nature involving the application of the operation of proportionate division.
दंड Danda	A measure of distance परिशिष्ट ४ की सारिणी १ देखिए।
दश Dasa	Tenth place
दशकोटि Dasa-kōti	Ten Crore
दशलक्ष Dasa Laksa	Ten Lakhs or one million
दश सहस्र Dasa-sahasra	Ten thousand
धरण Dharana	A weight measure of gold or silver; परिशिष्ट ४ की सारिणियाँ ४ और ५ देखिए।
दीनार Dināra	A weight measure of baser metals Also used as the name of a coin परिशिष्ट ४ की सारिणी ६ देखिए।
द्रक्षूण Drakṣūṇa	A weight measure of baser metals. परिशिष्ट ४ की सारिणी ६ देखिए।
द्रोण Drōṇa	A measure of capacity in relation to grain परिशिष्ट ४ की सारिणी ३ देखिए।
दुण्डुक Dunduka	Name of a tree
द्विरग्रशेषमूल Dviragrasēṣamūla	A Variety of miscellaneous problems on fractions
एक Eka	Unit place
गण्डक Gandaka	A weight measure of gold परिशिष्ट ४ की सारिणी ४ देखिए।
घन Ghana	Cubing; the first figure on the right among the three digits forming a group of figures into which a numerical quantity whose cube root is to be found out has to be divided. अध्याय २–५३ ५४ का टिप्पण देखिए।

घनमूल Ghanamūla	Cube root.
घटी Ghatī	A measure of time. परिशिष्ट ४ की सारिणी २ देखिए।
गुणकार Gunakāra	Multiplication.
गुणधन Gunadhana	The product of the common ratio taken as many times as the number of terms in a geometrically progressive series multiplied by the first term अध्याय २–९३ का टिप्पण देखिए।
गुञ्जा Gunjā	A weight measure of gold or silver. परिशिष्ट ४ की सारिणिया ४ और ५ देखिए।
हस्त Hasta	A measure of length. परिशिष्ट ४ की सारिणी १ देखिए।
